भगवान महावीर

(हिन्दी-अंग्रेजी)

जैन शब्दकोश

LORD MAHAVIR

HINDI-ENGLISH

JAIN DICTIONARY

अ

अ – *A.*
The first vowel of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का प्रथम स्वर।

अंक – *Aṁka.*
Number, Name of a *Kuta* (summit).
संख्या, सौधर्म स्वर्ग का १७ वां पटल, रुचक, मानुषोत्तर व कुण्डल पर्वतस्थ एक कूट ।

अंकगणना – *Aṁka Gaṇanā.*
Numeration, Counting of numbers.
अंकों की गणना करना ।

अंक गणित – Aṁka Gaṇita.
Arithmatic : a branch of Mathematics.
गणित की एक शाखा जो ० से ९ तक के अंकों पर आधारित है।

अंक गति – *Aṁka Gati.*
Movement of numbers.
'अंकानां वामतोगति:', अंक की गति सामान्यत: दायें से बायें होती है ।

अंकन्यास विधि – *Aṁkanyāsa Vidhi.*
A particular kind of ritual procedure of writing whole Hindi syllabary with sacred saffron paste on the various body-parts of the idol of Lord Jinendra with a golden-stick especially at the day of Kevalgyan Kalyank (day of attainment of omniscience) in Panchkalyanak Pratishtha.
पंचकल्याणक में केवलज्ञानकल्याणक के दिन प्रतिष्ठेय प्रतिमा पर विशेष मंत्र पढ़ते हुए प्रतिष्ठाचार्य द्वारा 'अ' से लेकर 'ह' तक अक्षर शरीर के विभिन्न अंगों में मंत्रित केशर द्वारा स्वर्ण शलाका से लिखा जाना ।

अंक प्रभ – *Aṁka Prabha.*
Name of a summit situated at *Kundal* mountain.
कुण्डल पर्वत पर स्थित कूट ।

अंक मय – Aṁkamaya.
With Numbers, Name of a summit situated at *Padmahrad* (a lake).
अंक सहित, पद्महद पर स्थित कूट का नाम ।

अंक मुख – Aṁkamukha.
Narrow.
कम चौड़ा ।

अंकलेश्वर – Aṁkaleśvara.
Name of a Jain place of pilgrimage near Bharuch (Gujarat).
गुजरात प्रांत का एक जैन अतिशय क्षेत्र जो भरूच के पास स्थित है, जहाँ षट्खंडागम सूत्र ग्रंथ के लेखन का इतिहास जुड़ा हुआ है।

अंक संदृष्टि – Aṁka Saṁdṛṣṭi.
Numeral symbolism.
अंक संकेत : अंक द्वारा प्रकट किये हुए संकेत को अंक संदृष्टि कहते हैं ।

अंकावती – Aṁkāvatī.
The capital city of Ramya country in eastern *Videh Kshetra* (a region).
पूर्व विदेह क्षेत्र में स्थित रम्या देश की राजधानी ।

अंकित – *Aṁkita.*
Marked.
चिन्हित ।

अंकुरारोपण – Aṁkurāropaṇa.
A sprouting, An initiating ritual procedure of worshipping.
बीज से नई उत्पन्न होने वाली कोंपल को एक स्थान से दूसरे स्थान में लगाना। वेदी प्रतिष्ठा व इन्द्रध्वज आदि विधानों के प्रारम्भ में योग्य मंत्रादि से अंकुरारोपण करने की एक विशेष विधि।

अंकुरार्पण यंत्र – *Aṁkurārpaṇa Yaṁtra.*
A metallic plate engraved with some auspicious mystic words.
धातु की एक ऐसी प्लेट जिस पर अंकुरारोपण का मंत्र लिखा होता है ।

अंकुश रचना – *Aṁkuśa Racanā.*
Creation of thoughts in the shape of Ankush or Tiryak in Adhahpravrittkaran.
करणानुयोग ग्रंथों के अनुसार सम्यग्दर्शन प्राप्ति के समय या श्रेणी में स्थित महामुनियों के अध:प्रवृत्तकरण में परिणामों की तिर्यक् या अंकुश के आकार की रचना ।

अंकुशित – *Aṁkuśita.*
A fault in the posture of meditation.
वन्दना या कायोत्सर्ग का एक दोष; अंकुश की भांति हाथ को मस्तक पर रखना अंकुशित दोष है ।

अंग – *Aṁga.*
A part of body or any otherthing, A country in *Bharat Kshetra Aryakhanda* (a region), Parts of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
किसी भी वस्तु या विषय के अलग अलग भाग, भरत क्षेत्र के आर्य खण्ड का एक देश, श्रुतज्ञान के आचारादि रूप एक - एक अवयव को अंग कहते हैं ।

अंगज – *Aṁgaja.*
A name of the 11th *Rudra.*
ग्यारहवें रुद्र का नाम ।

अंगज्ञान – *Aṁgajñāna.*
A part of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
श्रुत ज्ञान के १२ अंगों में से किसी एक अंग का ज्ञान ।

अंगद – *Aṁgada.*
The second son of Sugreev, the great warrior.
सुग्रीव का द्वितीय पुत्र ।

अंगधर – *Aṁgadhara.*
Saints who possess the knowledge of twelve *Angas* (parts).
साधु जो १२ अंगों का ज्ञान रखते हों।

अंगनिमित्त ज्ञान – *Aṁganimitta Jñāna.*
Knowledge of omen conceived by touching or seeing the organs of human and Tiryanch beings.
मनुष्य व तिर्यंचों के अंग और उपअंगों को देखकर या छूकर शुभ-अशुभ और सुख दुख को जान लेना।

अंगपण्णत्ति – *Aṁgapaṇṇatti.*
Name of a book written by *Bhattarak* Shubha Chandra.
भट्टारक शुभचन्द्र द्वारा रचित एक ग्रन्थ।

अंगप्रविष्ट – *Aṁgapraviṣṭa.*
First part of scriptural knowledge (*shrutgyan*).
श्रुतज्ञान के दो भेदों में से एक। इसके आचारांग आदि बारह भेद होते हैं।

अंगबाह्य – *Aṁgabāhya.*
Second part of scriptural knowledge (*shrutgyan*).
श्रुतज्ञान का एक प्रकार। इसके अनेक भेद होते हैं।

अंगराश्रय – *Aṁgarāśraya.*
A type of dance.
नृत्य के तीन भेदों में एक भेद।

अंगश्रुत – *Aṁgaśruta.*
A collection of eleven *Angas* (parts) of scriptural knowledge (Shrutgyan).
११ अंग सहित श्रुत को अंगश्रुत कहते हैं।

अंगांशधर – *Aṁgāṁśadhara.*
A class of Jain saints who possess the knowledge of a part of any *Anga* (an scriptural part).
एक अंग वालों की परम्परा समाप्त होने पर किसी एक अंग के अंश का ज्ञान प्राप्त करने वाले आचार्य।

अंगार – *Aṁgāra.*
Burning coal.
जलता हुआ कोयला।

अंगारक – *Aṁgāraka.*
Name of a country of *Bharat kshetra* (a region), Name of a *Vidyadhar* as described in Jain Ramayana.
भरत क्षेत्र का एक देश, जैन रामायण में वर्णित एक विद्याधर का नाम।

अंगारिणी – *Aṁgāriṇī.*
A type of super power obtained by Nami & Vinami from Goddess.
नमि, विनमि को देवियों से प्राप्त विद्या में से एक विद्या।

अंगावर्त – *Aṁgāvarta.*
Name of the city situated in the south of *Vijayardha* mountain of *Bharat kshetra* in *Jambudvip* (island).
जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में स्थित विजयार्ध पर्वत की दक्षिण श्रेणी का एक नगर।

अंगिरनाथ – *Aṁgiranātha.*
Name of the 9th Tirthankar (Jaina Lord) of past era.
९वें भूतकालीन तीर्थंकर का नाम।

अंगिरेयक – *Aṁgireyaka.*
Name of a mountain of *Bharat kshetra* (a region).
भरत क्षेत्र के एक पर्वत का नाम।

अंगीभाव – *Aṁgībhāva.*
Mutually related phase.
परस्पर संबंधित भाव।

अंगुल – *Aṁgula.*
Classification of an area unit (measure of a finger).
क्षेत्र प्रमाण का एक भेद ; एक अंगुली की चौड़ाई बराबर माप, ८ यव (जौ) की मध्यभाग की मोटाई बराबर माप।

अंगुल पृथक्त्व – *Aṁgula Pṛthaktva.*
A finger measurement (3 to 9).
तीन अंगुल से नौ अंगुल तक का मापन।

अंगुलीचालन – *Aṁgulīcālana.*
A type of fault in *Kayotsarga* (meditative relaxation).
कायोत्सर्ग का एक अतिचार (दोष); अंगुलियों को चलाते हुए कायोत्सर्ग करना।

अंगोपांग – *Aṁgopāṁga.*
Different organs of the body, gross limbs & sublimbs.
मानव शरीर में मुख्य आठ अंग तथा अन्य उप अंग कहलाते हैं।

अंजन - *Aṁjana.*
The first Patal (layer) of *Sanatkumar Mahendra Yugal* (heaven), Name of a thief, famous name in the first part of *Samyagdarshan.*
सानत्कुमार माहेन्द्र युगल (स्वर्ग) का प्रथम पटल या इन्द्रक, सम्यग्दर्शन के प्रथम अंग नि:शंकित अंग में प्रसिद्ध एक चोर।

अंजन (कूट) – *Aṁjana (Kūṭa).*
Name of a summit situated at *Ruchak* mountain.
रूचकवर पर्वत के पूर्व दिशा में स्थित एक कूट।

अंजनगिरि – *Aṁjanagiri.*
Name of mountains in *Nandishvar* island.
नंदीश्वर द्वीप की पूर्वादि दिशाओं में ढोल के आकार वाले काले रंग के चार पर्वत।

अंजनमूल – *Aṁjanamūla.*
Name of an earth.
खर भाग की चित्रा पृथ्वी के नीचे स्थित पृथ्वियों में से एक पृथ्वी का नाम।

अंजनवर – *Aṁjanavara.*
Name of the 12th sea and island from the end of Middle Universe.
मध्यलोक के अंत से १२ वां सागर व द्वीप।

अंजनशैल – *Aṁjanaśaila.*
Name of a mountain in *Videh kshetra* (a region).
विदेह क्षेत्र में स्थित भद्रशाल वन में एक दिग्गजेन्द्र पर्वत।

अंजना – *Aṁjanā.*
Name of Hanuman's mother, Name of an earth of hell, Other name of *Pankprabha* earth.
हनुमान की माता, नरक की चौथी पृथ्वी, पंकप्रभा का अपर नाम।

अंजनात्म – *Aṁjanātma.*
Name of a mountain.
जम्बूद्वीप के सोलह वक्षार पर्वतों में एक पर्वत।

अंजना पवनंजय – *Aṁjanā Pavanaṁjaya.*
Name of Hanuman's parents, Name of a book.
हनुमानजी के माता-पिता एवं उन्हीं के जीवन पर आधारित एक पुस्तक का नाम।

अंजसा – *Aṁjasā.*
Truly.
तत्व रूप से।

अंजुका – *Aṁjukā.*
Name of an *Indrani* (a female celestial deity).
एक इन्द्राणी, दक्षिण इन्द्रों की ८ ज्येष्ठ देवियों में से एक।

अंजुलि – *Aṁjuli.*
A measurement unit or a scale (hollowed hands placed together).
एक प्रकार का हथेली मापन।

अंड – *Aṁḍa.*
Egg.
जो नख की त्वचा के समान कठोर है और जिसका आवरण शुक्र और शोणित से बना है।

अंडज – *Aṁḍaja.*
Egg-born creatures.
अंडे से उत्पन्न होने वाले जीव।

अंडर – *Aṁḍara.*
Organs of bulky hellish creatures.
स्थूल निगोदिया जीवों का शरीर विशेष, सप्रतिष्ठित प्रत्येक शरीर का एक अवयव।

अंडा – *Aṁḍā.*
See - *Aṁḍa.*
देखें - अंड।

अंत:करण – *Aṁtaḥkaraṇa.*
Place of internal vibration.
जो गुण-दोष के विचार और स्मरण में समर्थ है लेकिन इन्द्रियों के समान बाह्य में दिखाई नहीं देता उसे मन या अंत: करण कहते हैं।

अंत:करण उपशम – *Aṁtaḥkaraṇa Upaśama.*
Internal subsidence (of aroused senses).
अंतरकरण पूर्वक उपशम।

अंत:कोटाकोटी – *Aṁtaḥkoṭākoṭī.*
A number lying between 10^7 to 10^{14}.
अंत:कोटाकोटी ; एक करोड़ से अधिक और इसमें एक करोड़ का गुणा करने पर प्राप्त संख्या से कम संख्या को अन्त:कोटाकोटी कहते हैं।

अंत:प्रेरणा – *Aṁtaḥpreraṇā.*
Implicit inspiration.
अंतर्मन की प्रेरणा।

अंत – *Aṁta.*
End, Nearness.
इसके कई अर्थ हैं जैसे समाप्ति, समीपता या अवयव। अनेक अंत अर्थात् धर्म, इसलिए यह धर्म वाचक भी है।

अंतकाल – *Aṁtakāla.*
Ending period of life/time of death.
जीवन का अंत समय या मरण समय।

अंतकृत केवली – *Aṁtakṛta Kevalī.*
Specific omnisicient Lord, who become liberated after 48 minutes (Antarmuhurta) of getting omniscience.
जो आठ कर्मों का अंत या विनाश करते हैं अर्थात् जिन्होंने संसार का अंत कर दिया हो ऐसे केवली ये दारुण उपसर्ग आदि सहन करके केवलज्ञानप्राप्ति के अन्तर्मुहूर्त पश्चात् ही मोक्ष प्राप्त कर लेते हैं। भगवान महावीर के तीर्थ में ऐसे १० अन्तकृत केवली हुए हैं।

अंतड़ी – *Aṁtaṛī.*
Entrails.
आंत।

अंतधन – *Aṁtadhana.*
A mathematical term.
एक प्रकार का गणितीय पद, जिसे सूत्र द्वारा ज्ञात किया जा सकता है।

अंतमति – *Aṁtamati.*
Thoughts at the time of death.
मरण समय के परिणाम।

अंतरंग – *Aṁtaraṁga.*
Internal / Interim / Soul.
इंद्रियों की तरह मन की बाहर उपलब्धि नहीं होती, इसलिए इसे अंतरंग कहते हैं।

अंतरंग परिग्रह – *Aṁtaraṁga Parigraha.*
Internal possessions.
मिथ्यात्व, क्रोधादि कषाय एवं हास्यादि नो कषायें।

अंतर – *Aṁtara.*
Difference in time in occuring the same events

again.
विरहकाल को अंतर कहते है, आशय यह है कि कोई एक कार्य विशेष हो चुकने पर जितने काल पश्चात् उसका पुन: होना संभव हो उस काल को अंतर कहते हैं।

अंतर आत्मन् – *Aṁtara Ātman.*
Inner soul, Interior self.
देखें - अंतरात्मा।

अंतरकरण – *Aṁtarakaraṇa.*
Intervalisation; making intervals in Karmic fruition with the help of spiritual efforts.
कर्मों के उदय को आध्यात्मिक साधनाओं द्वारा आगे-पीछे कर अंतर उत्पन्न करना।

अंतर कृष्टि – *Aṁtarakṛṣṭi.*
The name of the difference in intermediate *Krishties.*
एक-एक कृष्टि सम्बन्धी अवान्तर कृष्टियों के अंतर की संज्ञा।

अंतरद – *Aṁtarada.*
Name of a planet.
८८ ग्रहों में एक (८४ वां ग्रह)।

अंतरद्वीपग – *Aṁtaradvīpaga.*
Human beings, resident of internal island.
अंतरद्वीपों में रहने वाले मानव।

अंतरद्वीपिका – *Aṁtaradvīpikā.*
Women, resident of internal island.
अंतरद्वीपों में रहने वाली स्त्रियाँ।

अंतरनिवासी देव – *Aṁtaranivāsī Deva.*
A type of peripatetic deities.
एक विशेष प्रकार के व्यंतर देव।

अंतरात्मा – *Aṁtarātmā.*
Inner soul, Interior self, A type of soul.
बाह्य विषयों से जीव की दृष्टि हटकर जब निज आत्मा की ओर झुक जाती है तब वह अंतरआत्मा कहलाती है अथवा आत्मा के तीन भेदों में एक भेद।

अंतरानुयोग द्वार – *Aṁtarānuyoga Dvāra.*
Subsection of knowledge.
पदार्थों के अस्तित्व, संख्या, क्षेत्र, स्पर्श और स्थिति के ज्ञान के अंतरकाल का वर्णन अंतरानुयोग करता है।

अंतराय – *Aṁtarāya.*
Interruption, An obstacle in food of Jaina saints accidentally.
किसी भी कार्य में विघ्न होना अथवा त्यागी, व्रती साधुओं के आहार में विघ्न होना। इसके ३२ प्रकार हैं, जिनके कारण साधु-साध्वियों को आहार के मध्य ही भोजन त्याग करना पड़ता है।

अंतराय कर्म प्रकृति – *Aṁtarāya Karma Prakṛti.*
The nature of obstructive *karma.*
जिस कर्म के उदय से दान, लाभ, भोग, उपभोग और वीर्य में विघ्न उत्पन्न हो।

अंतरायाम – *Aṁtarāyāma.*
The lack of specific *Karmic* aggregate in intervalization.
अंतरकरण में जितने निषेकों का अभाव किया है वह अंतरायाम है।

अंतरिक्ष निमित्तज्ञान – *Aṁtarikṣa Nimitta Jñāna.*
The knowledge of worldly affairs obtained from he rising and setting of planets.
सूर्य, चन्द्र और ग्रहों इत्यादि के उदय व अस्त आदि को देखकर क्षीणता दुःख-सुख या जन्म-मरण को जान लेना।

अंतरिक्ष स्थिति – *Aṁtarikṣa Sthiti.*
Position of celestial space (cosmos).
अंतरिक्ष का अर्थ आकाश है, उसकी स्थिति।

अंतरित – *Aṁtarita.*
Things related to ancient era.
सुदीर्घ अतीतकालवर्ती पदार्थ।

अंतरद्वीप – *Aṁtaradvīpa.*
The landscape island situated in ocean where all Kubhogbhumij living beings are found.
समुद्र में स्थित भूखण्ड जिनमें कुभोगभूमिज मनुष्य और तिर्यंच रहते हैं।

अंतर्द्धान ऋद्धि – *Aṁtarddhāna Ṛddhi.*
A type of supernatural power, transforming one into invisibility.
जिस ऋद्धि से अदृश्यता प्राप्त होती है।

अंतर्मग्न – *Aṁtarmagna.*
To absorbe into self-consciousness.
निश्चय रत्नत्रय द्वारा स्वयं साधक रूप से परिणमित होना।

अंतर्मुखचित्प्रकाश – *Aṁtarmukhacitprakāśa.*
A type of knowledge related to enlightenment.
दर्शन अर्थात् जिसके द्वारा अंतरिक्ष ज्ञान प्रकाश देखा जाए।

अंतर्मुहूर्त – *Aṁtarmuhūrta.*
A small unit of time (less than 48 minutes).
एक मुहूर्त (४८ मिनट) से कम व आवली से अधिक।

अंतर्विचारिणी – *Aṁtarvicāriṇī.*
A type of super power related to medicine (*Ayurveda*).
नमि, विनमि को देवियों द्वारा प्राप्त विद्याओं मे से एक विद्या, जो विविध औषधियों से सम्बन्धित थी।

अंतर्व्याप्ति – *Aṁtarvyāpti.*
Internal concomitance.
अंतर्मग्न होना।

अंतरस्थिति – *Aṁtarasthiti.*
See - *Aṁtarakaraṇa.*
देखें - अंतरकरण।

अंतश्चितप्रकाश – *Aṁtaścitaprakāśa.*
See - *Aṁtarmukhacitprakāśa.*
देखें - अंतर्मुखचित्प्रकाश।

अंतस्तत्व – *Aṁtastatva.*
The highest reality.
परमात्म तत्व वस्तु के निज स्वरूप को अंतस्तत्व कहते हैं।

अंतिम गुणहानि – *Aṁtima Guṇahāni.*
A mathematical term.
एक गणितीय पद, नानागुणहानि की अंतिम गुणहानि।

अंतिमतीर्थ – *Aṁtimatīrtha.*
Era of Lord Mahavira.
भगवान महावीर का शासन या तीर्थ काल।

अंत्यद्रव्य – *Aṁtyadravya.*
Ultimate Nishek (particle) of Karma.
कर्म के अंतिम निषेक।

अंत्यसौक्ष्म्य – *Aṁtyasaukṣmya.*
Subtle body.
अत्यंत सूक्ष्म तत्व।

अंत्यस्थौल्य – *Aṁtyasthaulya.*
Grossness.
स्थूल का भाव या कर्म स्थौल्य कहलाता है।

अंध – *Aṁdha.*
Name of the fourth *Patal* (layer) of the fifth hell.
पाँचवें नरक का चौथा पटल।

अंधपाषाण – *Aṁdhapāṣāṇa.*
A type of stone from which gold can not be extraced.
पत्थर; जिसमें सुवर्ण पर्याय के प्रगट होने की योग्यता नहीं है।

अंधश्रद्धान – *Aṁdhaśraddhāna.*
Faith without verification, blind faith.
आगम की अपेक्षा किये बिना तत्वादि पर श्रद्धान करना।

अंधहस्ती न्याय – *Aṁdhahastī Nyāya.*
To make decision without having knowledge of overall aspects of anything.
जन्मांध पुरुष द्वारा हाथी के यथार्थ स्वरूप को जाने बिना उसके किसी एक अंग को पकड़ कर उसे ही हाथी मान लेना। अर्थात् संपूर्ण स्वरूप को जाने बिना आंशिक ज्ञान के आधार पर निर्णय लेना।

अंधकवृष्णि – *Aṁdhrakavṛṣṇi.*
Grandfather of Lord Neminatha.
भगवान नेमिनाथ के पितामह।

अंबरतिलक – *Aṁbaratilaka.*
Name of a place situated in the north of *Vijayardha* mountain.
विजयार्ध का उत्तर श्रेणी का एक नगर।

अंबरीष – *Aṁbarīṣa.*
A type of residential deities.
असुरकुमार भवनवासी देवों का एक भेद। जो नरक में जाकर नारकियों को आपस में लड़ाते हैं।

अंबा – *Aṁbā.*
Name of the wife of a peripatetic deity *Pratirup*, Mother's name of 'Vidur'.
व्यंतर इन्द्र 'प्रतिरूप' की महिषी (देवी), विदुर की माँ (हरिवंश पुराण के अनुसार)।

अंबालिका – *Aṁbālikā.*
The name of Pandu's mother.
पाण्डु की माँ (हरिवंश पुराण के अनुसार)।

अंबिका – *Aṁbikā.*
The name of Dhritrashtra's mother, The female demigod of Jaina-Lord Neminath.
धृतराष्ट्र की माँ (हरिवंश पुराण के अनुसार), नेमिनाथ भगवान की यक्षिणी (अपरनाम कूष्माण्डी देवी)।

अंबुवात – *Aṁbuvāta.*
Moisturised air.
भाप मिश्रित वायु।

अंश – *Aṁśa.*
Part, Portion, Degree, Section.
भाग, विधा, प्रकार तथा भेद।

अंशकल्पना – *Aṁśakalpanā.*
Partial imagination of any matter.
वस्तु स्वरूप की विविध गुणों की अपेक्षा आंशिक कल्पना करना।

अंशपना – *Aṁśapanā.*
Partial acceptance of matter.
अवयवों को भिन्न-भिन्न रूप या प्रमाणों से ग्रहण करना।

अ – *A.*
Negation, Smallness, Partial, Difference, Similarity.
नकारात्मक, लघुता, आंशिक, अंतर, समानता।

अकंप – *Akaṁpa.*
The name of a king of '*Yadu*' dynasty.
यदु (यादव) वंश का एक राजा।

अकंपन – *Akaṁpana.*
The name of a chief disciple of Lord Mahavira.
भगवान महावीर का ८ वां गणधर।

अकंपनाचार्य – *Akaṁpanācārya.*
Acharya (leader) of a group of 700 '*munis*' (Jain saints).
७०० मुनियों के संघनायक (आचार्य), रक्षाबन्धन कथा के सूत्रधार।

अकण्डूयक – *Akaṇḍūyaka.*
Rejection of itching even suffering from eczema (by saints).
शरीर में खाज उठने पर भी न खुजाने की प्रतिज्ञा लेने वाले साधु।

अकतिसंचित – *Akatisaṁcita.*
Infinite amassed; origination of infinite micro

organisms at a time.
अगणित, एकत्रित; एक समय में अनंत उत्पन्न होने वाले जीवों का समूह ।

अकथा – Akathā.
Useless gossiping, Non-spiritual conversation.
तप स्वाध्याय आदि से रहित असंबद्ध प्रलाप अकथा है ।

अकबर – *Akabara.*
A Mughal emperor.
एक मुगल सम्राट् (ई. १५५६ - १६०५) ।

अकरण – *Akaraṇa.*
Subsidence, Cessation.
निक्षेप की अपेक्षा उपशम का एक भेद, जिसे अकरणोपशम कहते हैं ।

अकरणोपशमना – *Akaraṇopaśamanā.*
A type of subsidence, cessation (related to Karmas).
प्रशस्त अप्रशस्त परिणामों के बिना जिन कर्म प्रदेशों का उदय काल प्राप्त नहीं हुआ है उनका उदयरूप परिणाम के बिना अवस्थित रहना ।

अकर्तव्य – *Akartavya.*
Unperformable duties.
न किये जाने योग्य कर्त्तव्य (कार्य)। जैसे ५ पाप, ७ व्यसन आदि।

अकर्ता – *Akartā.*
Undoer.
किसी कार्य को न करने का भाव । लोक में एक वस्तु का अन्य वस्तु के साथ सम्पूर्ण सम्बन्ध का निषेध किया है, इसलिए वस्तु स्वरूप परद्रव्य का अकर्ता ही है ।

अकर्तृत्व – *Akartṛtva.*
One of the 47 powers acquired by the soul, Attitude for not doing something.
जीव को प्राप्त ४७ शक्तियों में से २१वीं शक्ति, किसी कार्य को न करने का भाव ।

अकर्म – *Akarma.*
Non functional, Pure-meditation.
अनुदय रूप कर्म प्रकृतियों के निषेक एक समय तक स्वरूप में रहकर दूसरे समय में पर प्रकृति रूप में रहकर तीसरे समय में अकर्मभाव का प्राप्त होते हैं ।

अकर्मन् – *Akarman.*
Deprived of *karmas.*
कर्मरहित, कर्मास्रवरहित ।

अकर्मभूमि – *Akarmabhūmi.*
A land of only enjoyment.
भोगभूमि जहां असि, मषि, आदि ६ कर्म नहीं होते ।

अकर्मांश – *Akarmāṁśa.*
Liberated soul like Lord Arihant-deprived of *Karmas.*
कर्मरज रहित, घातिया कर्म रहित, केवली अरहंत ।

अकलंक प्रतिष्ठा पाठ- *Akalaṁka Pratiṣṭhā Pāṭha.*
A book written by 'Aklankdev Bhatta'.
अकलंकदेव भट्ट द्वारा रचित संस्कृत में एक रचनाजो दक्षिण भारत में प्रचलित है ।

अकलंक भट्ट – *Akalaṁka Bhaṭṭa.*
A famous Jain *Acharya* (religious leader), author of *Tatvarth Rajvartik.*
एक प्रसिद्ध आचार्य (ई. ६२० - ६८०), तत्त्वार्थ राजवार्तिक के कर्ता, जिन्होंने शास्त्रार्थ कर बौद्ध साधुओं को परास्त किया था। अकलंक देव आपका नाम है और भट्ट पूज्यतावाचक पद है। इनका नाम भट्टाकलंक देव भी है ।

अकलंक स्तोत्र – *Akalaṁka Stotra.*
A spiritual hymn, praising hymn.
आचार्य अकलंक भट्ट (ई. ६२० - ६८०) द्वारा संस्कृत में रचित जिन-स्तोत्र ।

अकलेवर – *Akalevara.*
A liberated soul.
मोक्ष प्राप्त अशरीरी आत्मा ।

अकल्पस्थापनाकल्प – *Akalpasthāpanākalpa.*
No commissioning of untrained saints.
अपरिपक्व साधुओं को अधिकृत न करना ।

अकल्पस्थित – *Akalpasthita.*
An ascetic possessing all basic restraints (following all the rules).
मूलगुणों से सहित साधु ।

अकल्पिक – *Akalpika.*
Improper, Beyond imagination.
कल्पना से रहित ।

अकल्प्य – *Akalpya.*
Unacceptable, Improper, Beyond the imagination.
अकल्पनीय ।

अकषाय – *Akaṣāya.*
Passion-free-ness.
क्रोध, मान, माया व लोभ आदि कषायों से दूर (निर्लिप्त) रहना।

अकषाय वेदनीय – *Akaṣāya Vedanīya.*
A quasi passional *karma.*
जिस कर्म के उदय से जीव नो कषाय का वेदन (अनुभव) करता है ।

अकषायी – *Akaṣāyī.*
Passion-free living beings.
कषाय रहित या तीव्र कषाय रहित जीव ।

अकस्मात् भय – *Akasmāt Bhaya.*
A fear of unexpected adversity.
७ भयों में से एक भय; अचानक किसी आपत्ति के आ जाने का भय।

अकाम निर्जरा – *Akāma Nirjarā.*
Involuntary dissociation of Karmas, Involuntary

wearing off.
कर्म निर्जरा का एक भेद-इच्छा रहित होने पर भी इन्द्रिय विषयों का त्याग करते हुए भोग-उपभोग के निरोध को सहन करने से होने वाली कर्मों की निर्जरा ।

अकाम मरण – *Akāma Maraṇa.*
Involuntary death.
अनिच्छापूर्वक मरण हो जाना ।

अकाय – *Akāya.*
Non-body form, Non-embodied.
ध्यान के योग से शुद्ध हुए और काय के बंधन से मुक्त जीव ।

अकारण दोष – *Akāraṇa Doṣa.*
Non-casual fallacy/fault.
बिना कारण कोई दोष हो जाना ।

अकारु – *Akāru.*
A division of fourth caste of Indo-Aryan society.
शूद्र जाति का एक भेद ।

अकार्य कारण शक्ति – *Akārya Kāraṇa Śakti.*
One of the 47 powers acquired by the soul.
जीव को प्राप्त ४७ शक्तियों में से एक ।

अकाल – *Akāla.*
Inauspicious or improper time.
दुर्भिक्ष, दुष्काल, असमय ।

अकाल नय – *Akāla Naya.*
Untimely standpoint/viewpoint i.e. a standpoint not based on time.
ऐसा नय जिसकी सिद्धि समय पर आधार नहीं रखती हो ।

अकाल मृत्यु – *Akāla Mṛtyu.*
Untimely death.
विषभक्षण आदि किसी बाह्य कारण वश समय से पहले आयु का क्षीण हो जाना ।

अकालाध्ययन – *Akālādhyayana.*
A type of defect in the right knowledge of soul.
सम्यग्ज्ञान का एक दोष; स्वाध्याय के लिए निषिद्ध कालों में अध्ययन करना ।

अकालुष्य – *Akāluṣya.*
Pure, Auspicious consciousness.
अशुभ कार्य से निवृत्त और शुभ कार्य में प्रवृत्त होना अर्थात् कलुषता रहित परिणाम होना ।

अकिंचन्य – *Akiṁcanya.*
Possessionlessness, state of non-attachment.
परिग्रह से रहित अवस्था ।

अकिंचित्कर – *Akiṁcitkara.*
Inert, Indirectly active.
हेत्वाभास के ४ भेदों में से एक भेद जो साध्य की सिद्धि करने में असमर्थ हो ।

अकिंचित्कर हेत्वाभास – *Akiṁcitkara Hetvābhāsa.*
Useless fallacy; inconsequential fallacy; the cause which is not helpful in achieving the goal.
जो हेतु साध्य की सिद्धी करने में असमर्थ हो ।

अकीर्ति – *Akīrti.*
Disgrace, Cause of shame or reproach.
अपयश, बदनामी, लज्जा या कलंक का कारण ।

अकुशल – *Akuśala.*
Immoral, Inauspicious, Unskilled.
अशुभ, अमंगल, जो चतुर या होशियार न हो ।

अकुशलमूला निर्जरा – *Akuśalamūlā Nirjarā.*
A type of *karmic* dissociation.
निर्जरा के दो भेदों में एक भेद ; वह निर्जरा जो अबुद्धिपूर्वक कर्म उदय आने पर स्वयमेव होती रहती है ।

अकुशलानुबन्धी – *Akuśalānubandhī.*
Fruition and destruction of *karmas* in their right time.
सविपाक निर्जरा-अपने समय से स्वयं कर्मों का उदय में आकर झड़ते रहना ।

अकृत – *Akṛta.*
Unperformed work, A fault/ fallacy in proximity.
न किया गया कार्य, अभ्यागम दोष/ हेत्वाभास ।

अकृताभ्यागम – *Akṛtābhyāgama.*
Fruitful consequences for the work done by others, a fallacy.
अभ्यागम दोष या हेत्वाभास-करे कोई और फल कोई भोगे ।

अकृति – *Akṛti.*
Non-square.
गणित संबंधी; अंक आदि जिसका वर्ग न किया हो ।

अकृतिधारा – *Akṛtidhārā.*
A mathematical non-square numeral sequence.
अंकगणितीय संबंधित १४ धाराओं में से एक धारा का नाम ।

अकृत्रिम कर्म – Akṛtrima Karma.
Natural island, ocean etc. are called Akritim Karma.
अकृत्रिम द्वीप समुद्र आदि ।

अकृतिमातृकाधारा – *Akṛtimātṛkādhārā.*
A mathematical non-square generating sequence.
अंकगणित संबंधी १४ धाराओं में से ८ वीं धारा ।

अकृति संचित – *Akṛti Saṁcita.*
Collection of non-square numbers.
वर्ग न होने वाली संख्याओं का संचय ।

अकृत्रिम गृह – *Akṛtrima Gṛha.*
Natural hermitage; staying place of saints.
वसतिका-प्राकृतिक गिरिगुफा आदि जहां रहने से मुनियों की इन्द्रियाँ विषयों की तरफ न दौड़ती हों और मन एकाग्र रहता हो, देवों के भवन ।

अकृत्रिम चैत्यालय – *Akṛtrima Caityālaya.*
Natural temple.
तीनों लोकों में अनादि काल से निर्मित शाश्वत स्वप्रतिष्ठित सदैव बने रहने वाले जिन मंदिर।

अकृत्स्नस्कंध – *Akṛtsnaskaṁdha.*
Incomplete aggregate of molecules (less than one particle in Anant i.e. infinite).
अपरिपूर्ण स्कंध; दो परमाणुओं से लेकर एक परमाणु कम अनंत परमाणुओं तक से बने हुए सर्व प्रकार के स्कंध।

अकृष्ट पच्य – *Akṛṣṭa Pacya.*
Paddy produced without sowing the seeds.
बिना बोये उत्पन्न होने वाला धान्य।

अकेवल ज्ञान – *Akevalajñāna.*
Knowledge deprived of omniscience.
विकल पारमार्थिक प्रत्यक्ष-जो रूपी (आकारमय) पदार्थ को बिना किसी भी सहायता से स्पष्ट जानता है (अवधि एवं मनःपर्यय ज्ञान)।

अक्रम – *Akrama.*
Something not in sequential order.
अनादिकाल से परिणमन करते हुए गुण आदि।

अक्रमभाव – *Akramabhāva.*
Non functional phase.
क्रियाओं से रहित भावनाएं।

अक्रमवर्ती – *Akramavartī.*
Non sequential but remaining the same like virtues, truths etc.
जो अनादिकाल मे परिणमन करते हुए भी एक रूप है जैसे, सत् व गुण।

अक्रमानेकान्त – *Akramānekānta.*
Non sequential type of manifold predication (*Anekanta*).
अनेक द्रव्यों में अथवा पर्यायों में सादृश्यता का बोध कराने वाला सदृश परिणाम।

अक्रियात्मन् – *Akriyātman.*
Inactiveness of soul.
मोक्ष होने पर जीव में क्रिया का नहीं होना।

अक्रियात्वगुण – *Akriyātvaguṇa.*
Non-activation control, Inactivity.
क्रिया से रहित-धर्म, अधर्म, आकाश, काल द्रव्यों में अक्रियात्व गुण पाया जाता है।

अक्रियावान – *Akriyāvāna.*
Motionless substances.
क्रिया से रहित धर्मादि ४ द्रव्य।

अक्रियावाद – *Akriyāvāda.*
Non activism.
एक मत, जो जीवादि पदार्थों में क्रिया का एकांतरूप से आभार मानता है।

अक्रियावादी – *Akriyāvādī.*
Non believer in moral and spiritual activities.
धार्मिक क्रिया व अनुष्ठानों को न मानने वाला।

अक्रूर – *Akrūra.*
Son of the king Vasudev of *Yadu* dynasty.
यदु (यादव) वंश के एक राजा वसुदेव का पुत्र।

अक्रोश – *Akrośa.*
Unsuitable place for saints for staying for four months of rainyseason.
साधु के चौमासा न करने योग्य स्थान जिसके एक, दो या तीनों ओर नदी, पहाड़ या हिंसक पशु हों।

अक्ष – *Akṣa.*
Axis, Soul, Name of a planet.
गणितीय पद , मन वचन व काय के कृत, कारित व अनुमोदना के क्रम से पलटने से तीन-तीन भंग होते हैं , इन ९ भंग को अक्ष कहते हैं, ८८ ग्रहों में से एक।

अक्षकर्म – *Akṣakarma.*
Any activity done by mind, speech and body.
मन-वचन-काय के द्वारा कुछ न कुछ करते रहना।

अक्षत – *Akṣata.*
Raw rice, unbroken used in worshipping Lord Arihant.
पूजन सामग्री के एक द्रव्य का नाम। इसमें धुले हुए चावल के पुंज भागवान के सामने चढ़ाकर अक्षयपद की प्राप्ति की कामना की जाती है।

अक्षपरिवर्तन (संचार) – *Akṣaparivartana (Saṁcāra).*
Change of axis (propagation).
प्रमाद के भंग निकालने की एक विधि ; एक स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान पर जाने को अक्षपरिवर्तन कहते हैं।

अक्षपाद – *Akṣapāda.*
The name of a saint who is the founder of Naiyayik philosophy.
नैयायिक दर्शन के प्रवर्तक ऋषि का नाम।

अक्षबात – *Akṣabāta.*
The 2nd *Tirthankar* (Jaina Lord) of eastern *Eravat kshetra* (region) of *Pushkarardha* island.
पुष्करार्द्ध द्वीप के पूर्वीय ऐरावत क्षेत्र की वर्तमान चौबीसी के द्वितीय तीर्थंकर।

अक्षमाला – *Akṣamālā.*
The wife of Arkkirti (son of Bharat).
भरत के पुत्र अर्ककीर्ति की पत्नी का नाम।

अक्षमृक्षण – *Akṣamṛkṣaṇa.*
The food taking activity of Jain saints like the fuel required for the running of an engine.
दिगम्बर जैन मुनियों की आहार-चर्या का एक नाम। शरीररूपी गाड़ी को चलाने के लिए साधु द्वारा गाड़ी के ओंगन के समान भोजन को ग्रहण करना।

अक्षमृक्षण वृत्ति – *Akṣamṛkṣaṇa Vṛtti.*
See - *Akṣamṛkṣaṇa.*
देखें - अक्षमृक्षण।

अक्षयनिधि व्रत – *Akṣayanidhi Vrata.*
A type of Jaina-vow.
१० वर्ष में २० उपवास, २८० एकासना करना। इसकी विशेष विधि व्रतविधान संग्रह में देखें।

अक्षयपदाधिकारी – *Akṣayapadādhikārī.*
Those who are deserving for salvation.
मुक्ति पद प्राप्त करने के अधिकारी।

अक्षयफल दशमी व्रत – *Akṣayaphala Daśamī Vrata.*
A type of Jaina- vow.
१० वर्ष तक प्रतिवर्ष श्रावण शु.१० को उपवास करना।

अक्षय राशि – *Akṣaya Rāśi.*
Inexhaustible.
अक्षय अनंतानंत; जिस राशि का कभी क्षय और अंत न हों।

अक्षयानन्त – *Akṣayānanta.*
Indestructible.
जो अनन्तकाल में भी क्षय को प्राप्त न हो।

अक्षर – *Akṣara.*
Eternal substances, Alphabets, Omniscience.
द्रव्य रूप से जिसका विनाश न हो, स्वर आदि वर्ण, केवलज्ञान।

अक्षरच्युतक – *Akṣaracyutaka.*
A type of puzzles, asked by female deities for Marudevi.
देवांगनाओं द्वारा माता मरुदेवी के मनोरंजन के लिए पूछी गई पहेलियों का एक भेद।

अक्षर ज्ञान – *Akṣarajñāna.*
A type of scriptural knowledge (*shrutgyan*).
श्रुतज्ञान का एक भेद; पर्याय समास नामक श्रुतज्ञान को अनन्तरूपों से गुणित करने पर प्राप्त ज्ञान।

अक्षरत्व – *Akṣaratva.*
Indestructibility of liberated soul.
मुक्त जीवों का अविनाशी गुण।

अक्षरमातृका – *Akṣaramātṛkā.*
Collection of syllables.
सर्व अक्षरों का समूह, अक्षरमाला, वर्णमाला, अक्षरसामान्य आदि इसके पर्यायवाची नाम हैं।

अक्षरमातृका ध्यान – *Akṣaramātṛkā Dhyāna.*
Meditation of holy chants.
पदस्थ ध्यान। जिसमें मातृका मंत्ररूप अक्षरों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

अक्षरलिपि – *Akṣaralipi.*
Script 'hand-writing', writing system.
अक्षरों की बनावट या लिखावट।

अक्षरश्रुत – *Akṣaraśruta.*
A type of scriptural knowledge (*shrutgyan*).
अक्षरों से संबंधित श्रुतज्ञान।

अक्षरसमास – *Akṣarasamāsa.*
A type of scriptural knowledge, A specific combination of words.
द्रव्य श्रुतज्ञान का एक भेद, विशेष प्रकार के अक्षरों का मेल।

अक्षरसमास ज्ञान – *Akṣarasamāsa Jñāna.*
A type of scriptural (vocable) knowledge of matters.
द्रव्य श्रुतज्ञान का एक भेद पर्यायसमास ज्ञान के ऊपर एक-एक अक्षर की वृद्धि होती है, इस वृद्धि प्राप्त ज्ञान को अक्षरसमास कहते हैं।

अक्षरात्मक – *Akṣarātmaka.*
A type of scriptural knowledge; learnt by listening.
श्रुतज्ञान का एक भेद है, अक्षरों से बने हुए शब्दों को सुनकर उसके अर्थ को समझ लेना।

अक्षर संचार – *Akṣarasaṁcāra.*
Axis propagation, Axis change (in carelessness, lust etc.).
गणित संबंधी एक प्रक्रिया, प्रमाद के एक भेद का अनेक भंग रूप क्रम से परिवर्तित होना।

अक्षवाटक – *Akṣavāṭaka.*
Arena, place of enjoyment.
रंगभूमि।

अक्षवास – *Akṣavāsa.*
See - *Akṣabāta.*
देखें - अक्षबात।

अक्षांश – *Akṣāṁśa.*
Latitude.
भूमध्य रेखा से वृत्तीय दूरी।

अक्षिप्र – *Akṣipra.*
A type of sensory-knowledge.
मतिज्ञान का एक भेद। वस्तु को शनैः शनैः जानना।

अक्षीण महानस – *Akṣīṇa Mahānas.*
A kind of supernatural power; miraculous power of never ending food of a particular kitchen (Chowka) after food-taking of a great saint in it.
ऋद्धिः जिसके प्रभाव से मुनि के आहार ग्रहण कर लेने पर रसोई का शेष भोजन अनगिनत लोगों को खिला देने पर भी समाप्त नहीं होता।

अक्षीण महालय – *Akṣīṇa Mahālaya.*
A kind of supernatural power; miraculous power of never ending sitting in limited space.
ऋद्धिः जिसके प्रभाव से मुनि के समीप अल्प स्थान में भी अनगिनत जीव सुखपूर्वक आसानी से बैठ जाते हैं।

अक्षीण परिभ्रमण – *Akṣīṇa Paribhramaṇa.*
Axial rotation.
अक्ष के चारों ओर घूमना।

अक्षेत्रवान – *Akṣetravāna.*
All matters except 'sky' which can not provide occupancy to other matters.
आकाश द्रव्य को छोड़कर बचे पाँच द्रव्य अक्षेत्रवान हैं क्यों कि उनमें अवगाहन प्रदान करने की क्षमता नहीं पायी जाती है।

अक्षेप क्रिया – *Akṣepa Kriyā.*
Activity without having any tension.
चिंता (तनाव अथवा भार) रहित कार्य क्रिया।

अक्षेम – *Akṣema.*
Extreme misery, misfortune (pain, sadness, fear).
मारी, ईति व राष्ट्रविप्लव से पूर्ण।

अक्षोभ – *Akṣobha.*
The name of a place in the north of *Vijayardha* mountain,State of non-agitation.
क्षोभ रहित अवस्था, विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर।

अखंड – *Akhaṁḍa.*
Indivisible.
अविभागी द्रव्य।

अखोभिनी – *Akhobhinī.*
A very large number.
गणित संबंधी संख्या प्रमाण, $(१०,०००,०००)^{६}$ या $(१०)^{४२}$।

अगद – *Agada.*
Healthy.
रोग रहित, निरोगी।

अगद ऋद्धि – *Agada Ṛddhi.*
The other name of *Aushadh Riddhi.*
औषध ऋद्धि का दूसरा नाम।

अगमक – *Agamaka.*
Devoid of probative force.
प्रमाण देने में असमर्थता।

अगम्य – *Agamya.*
Not apprehensive or which can not be known.
जिसको जाना न जा सके।

अगर्हा – *Agarhā.*
Non confessing of faults(before the master).
अपनी निंदा-गर्हा न करना।

अगस्त्य – *Agastya.*
A lunar which rises in autumn.
शरद् ऋतु में उदित होने वाला नक्षत्र।

अगाढ़ – *Agāṛha.*
A fault related to *Samyagdarshan*; unstability of right faith.
सम्यग्दर्शन का एक दोष; अस्थिर, चलायमान, दृढ़ता रहित।

अगार – *Agāra.*
House, Residence.
घर, गृह, मकान।

अगारी – *Agārī.*
Householder.
घर गृहस्थी के ममत्व से सहित श्रावक।

अनगार – *Anagāra.*
All possessionless Jaina saints.
महाव्रतधारी मुनि, घर गृहस्थी के ममत्व से रहित निष्परिग्रही साधु।

अगास देव – *Agāsa Deva .*
A poet who wrote a Jain scripture Chandra-prabhpuran.
एक कवि जिन्होनें चन्द्रप्रभपुराण रचा।

अगीतार्थ – *Agītārtha.*
Ignorant of the knowledge of scriptures.
शास्त्र के अर्थ या रहस्य को न समझने वाला।

अगुण – *Aguṇa.*
Subsidence, Cessation.
उपशम; आत्मा के कर्म की निजशक्ति का कारणवश प्रगट न होना।

अगुणी – *Aguṇī.*
A standpoint believing soul as an observing object.
४७ नयों में नय का एक भेद, जिसकी अपेक्षा आत्मद्रव्य साक्षी ही है।

अगुप्ती भय – *Aguptī Bhaya.*
A type of fear.
खुले स्थान पर रहने से जीव को उत्पन्न होने वाला भय।

अगुरु – *Aguru.*
A person who possesses wrong conduct, perverted faith & wrong view.
जो गुरु न हो अथवा जो मिथ्यावादी हो।

अगुरुलघु – *Agurulaghu.*
Neither heavy nor light, Non-gravity-levity.
गुरुता और लघुता रहित, न भारी न हल्का। गोत्र कर्म के नाश से सिद्धों में यह गुण प्रगट होता है।

अगुरुलघु नाम कर्म प्रकृति – *Agurulaghu Nāma Karma Prakṛti.*
A *Karmic* nature of constancy of individuality; matter free from lightness & heaviness.
जिस कर्म के उदय से ऐसा शरीर प्राप्त हो जो लोहे के गोले के समान भारी और अर्क के तूल के समान हल्का न हो।

अगुरुलघु चतुष्क – *Agurulaghu Catuṣka.*
A quartet of *Karmic* nature related to non-gravity-levity.
अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास नामकर्म की चार प्रकृतियां।

अगुरुलघु द्विक – *Agurulaghu Dvika.*
A dyad of *Karmic* nature related to non-gravity-levity.
अगुरुलघु, उपघात ये नामकर्म की दो प्रकृतियां।

अगुरुलघुत्व – *Agurulaghutva.*
Property of constancy; individuality; matter free from lightness & heaviness.
मुक्तात्माओं के ८ गुणों में से एक गुण जो गोत्र कर्म के नष्ट होने से प्रकट होता है ; जिसमें भारीपन व हल्कापन न हो।

अगृहीत ग्रहण अद्धा – *Agṛhīta Grahaṇa Addhā.*
Non admitted reception period.
ग्रहण न किया गया काल।

अगृहीत द्रव्य – *Agṛhīta Dravya.*
Quasi - matter; not adopted till now.
जिस कर्म, नोकर्म द्रव्य को जीव ने अभी तक ग्रहण नहीं किया हो।

अगृहीत मिथ्यात्व – *Agṛhīta Mithyātva.*
Intuitional perversity (wrong faith).
मिथ्यात्व कर्म के उदय से परोपदेश बिना सच्चे देवशास्त्रगुरु के प्रति अश्रद्धानरूप भाव होना।

अगृहीता – *Agṛhītā .*
Prostitute or licentious wowan.
वेश्या स्त्री या स्वच्छन्द चारित्रहीन महिला।

अग्गल – *Aggala.*
Name of a poet.
श्रुतकीर्ति जी के शिष्य एवं चन्द्रप्रभचरित के रचयिता एक कवि।

अग्नि – *Agni.*
Fire.
आग, अग्निकायिक स्थावर नाम कर्म के उदय से प्रगट होने वाली ज्वाला।

अग्निकायिक – *Agnikāyika.*
Firebodied beings.
पंच स्थावर जीवों का एक भेद, जिनका शरीर अग्नि हो।

अग्निकुंड – *Agnikuṁḍa.*
An auspicious fire - pit.
हवन के लिये अग्नि प्रज्ज्वलित करने का स्थान विशेष (गोल, त्रिकोण व चौकोर)।

अग्निकुमार – *Agnikumāra.*
A type of deities.
भवनवासी देवों का एक भेद। ये तीर्थंकर भगवान के मोक्ष कल्याणक के बाद आकर अपने मुकुट से अग्नि प्रगट कर उनका संस्कार करते हैं।

अग्निगति – *Agnigati.*
A spell of magical power.
रोहिणी आदि अनेक दिव्य विद्याओं में से एक।

अग्निगुप्त – *Agnigupta.*
One of the chief disciples of Lord Rishabhadev.
भगवान ऋषभदेव के चौरासी गणधर में १४वें गणधर का नाम।

अग्निचारण – *Agnicāraṇa.*
A type of supernatural power of walking over fire-flame without causing any violence of micro beings (fire bodied).
ऋद्धि; जिसके प्रभाव से साधु अग्निशिखा के ऊपर चलने में समर्थ होते हैं। फिर भी उनके द्वारा अग्निकायिक जीवों की हिंसा नहीं होती है।

अग्निजीव – *Agnijīva.*
A type of firebodied beings.
जो जीव अग्निकायिक में उत्पन्न होने के लिए विग्रहगति में जा रहा हो।

अग्निज्वाला – *Agnijvālā.*
Fire flame, Name of a place in northern *Vijayardha* mountain.
जलती आग, विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर।

अग्नित्रय – *Agnitraya.*
Three kinds of fire used in sacrificial fire-pit, Three kinds of fire (anger, lust, hunger).
अग्निकुमार देवों के इन्द्रमुकुट से उत्पन्न हुई तीन गार्हपत्य, आहवनीय और दक्षिणाग्नि। क्रोध, काम और उदराग्नि को भी अग्नित्रय कहते हैं।

अग्निदत्त – *Agnidatta.*
Name of a disciple of *Acharya* Bhadrabahu.
आचार्य भद्रबाहु के ४ शिष्यों में एक।

अग्निदेव – *Agnideva.*
One of the chief disciples of Lord Rishabhadev.
भगवान ऋषभदेव के चौरासी गणधर में से १३ वां गणधर।

अग्निप्रभ देव – *Agniprabha Deva.*
A stellar deity, Astral deity, Name of the 22nd *Tirthankar* (24 Jaina-Lords) of *Eravat Kshetra* (a region).
ज्योतिषी देव जिसने देशभूषण व कुलभूषण मुनि पर घोर उपसर्ग किया था, ऐरावत क्षेत्र की वर्तमान चौबीसी के २२ वें तीर्थंकर का नाम।

अग्निभूति – *Agnibhūti.*
One of the chief disciples of Lord Mahavira.
भगवान महावीर के द्वितीय गणधर का नाम।

अग्निमंडल – *Agnimaṁḍala.*
A special type of warm air while breathingout in meditation.
प्राणायाम के समय निकलता हुआ एक प्रकार का श्वास, जो अभ्यास करने वाले को वशीकरण आदि कार्य में शुभ-अशुभ का सूचक होता है।

अग्निमंडल यंत्र – *Agnimaṁḍala Yaṁtra.*
A metallic plate engraved with some auspicious mystic words.
धातु की एक प्लेट जिस पर अग्नि मंत्र रं रं रं.....इत्यादि लिखा होता है।

अग्निमित्र – *Agnimitra.*
One of the chief disciples of Lord Rishabhadev.
भगवान ऋषभदेव के ८४ गणधरों में से १५ वें गणधर का नाम।

अग्निल श्रावक – *Agnila Śrāvaka.*
Name of the householder to be born at the time of last Kalki king in the 5th era.
पंचम काल के अंतिम कल्की के समय होने वाला श्रावक।

अग्निवाहन – *Agnivāhana.*
A celestial deity.
भवनवासी अग्निकुमार देव का एक इन्द्र।

अग्निशिखा – *Agniśikhā.*
Fire flame, A type of supernatural power.
अग्निज्वाला, प्रज्वलित अग्नि का ऊपरी भाग, चारणऋद्धि के ८ भेदों में से एक।

अग्निशिखी – *Agniśikhī.*
A celestial deity.
भवनवासी अग्निकुमार देव का एक इंद्र।

अग्निहोत्री – *Agnihotrī.*
One who keeps up sacrificial fire.
गार्हपत्य, आहवनीय, दक्षिणाग्नि इन तीन महाग्नियों में मंत्रों के द्वारा जिसके घर नित्य पूजा होती रहती है वह अग्निहोत्री कहलाता है।

अग्न्याभ – *Agnyābha.*
A class of special heavenly deities (of Laukantik type).
लौकांतिक देवों का एक कुल जिसकी संख्या ७००७ होती है।

अग्र – *Agra.*
Foremost, Prominent.
प्रथम, प्रधान, मुखिया, श्रेष्ठ।

अग्रदेवी – *Agradevī.*
Chief female deities of Indras.
इन्द्र एवं देवों की प्रधान देवियों को अग्रदेवी कहते हैं।

अग्रन्थ – *Agrantha.*
An ascetic having no possession.
निर्ग्रन्थ अर्थात् अपरिग्रही साधु।

अग्रनिर्वृत्ति क्रिया – *Agranirvṛtti Kriyā.*
To get salvated through prescribed procedure.
गर्भान्वयादि ५३ क्रियाओं में अंतिम क्रिया-जिससे समस्त अघातिया कर्मों को नाश कर सिद्ध पद की प्राप्ति होती है।

अग्र पिंड – *Agra Piṁḍa.*
Mendicantal first mouthful (morsel).
भोजन का पहला ग्रास।

अग्रप्रलम्ब – *Agrapralamba.*
Vegetations having growth above the land.
जो भूमि में प्रविष्ट न हुए हों, जैसे फल, अंकुर, कोमल पत्ते इत्यादि।

अग्रबीज – *Agrabīja.*
Grafting.
अग्रभाग ही जिनका बीज हो, जैसे आर्यक व उदीची।

अग्रभाग – *Agrabhāga.*
End point, front part.
नोक, सिरा भाग।

अग्रममण्डप – *Agramamaṇḍapa.*
Entrance porch.
प्रथम मण्डप या मुख्य मंडप।

अग्रमुख – *Agramukha.*
Frontal part; obverse; acting as counter part.
सामने का भाग जिसके द्वारा जाना जाता हो।

अग्रय – *Agraya.*
A synonym of *Shrutgyan* (scriptural knowledge).
श्रुतज्ञान का एक पर्यायवाची नाम।

अग्रवया – *Agravayā.*
Ancient name of present Agra city.
वर्तमान नगर - आगरा का प्राचीन नाम।

अग्रवीज – *Agravīja.*
Grafting.
पौधों की कलम बांधना।

अग्रश्रुत स्कंध – *Agraśrutaskaṁdha.*
Group of a scripture Shatkhandagam and its commentary books.
षट्खंडागम और उनकी सर्व टीका, वृत्ति, व्याख्या आदि को अग्रश्रुतस्कंध का सिद्धांतग्रंथ कहते हैं।

अग्रस्थिति – *Agrasthiti.*
Lowest stage of final detachment.
जघन्य निवृत्ति के अंतिम निषेक की अग्रसंज्ञा है, उसकी स्थिति जघन्य अग्रस्थिति है।

अग्रहण वर्गणा – *Agrahaṇa Vargaṇā.*
A type of aggregate grouping of *karmic* molecules.
२३ प्रकार की कार्मण वर्गणा का एक भेद।

अग्रायणी – *Agrāyaṇī.*
The 2nd part of 14 *Purvas* (a type of scriptural knowledge).
द्वादशांग के अंतर्गत १२वें दृष्टिवाद अंग के १४ पूर्वों में दूसरा पूर्व।

अग्राह्य – *Agrāhya.*
Non assimilable.
जो ग्रहण न किया जा सके।

अग्राह्य वर्गणा – *Agrāhya Vargaṇā.*
A type of *karmic* molecule, non-assimilable.
ऐसी कर्म वर्गणाएं जो ग्रहण करने योग्य न हों।

अघ – *Agha.*
Sin, Name of a planet.
पाप, व्यसन, ८८ ग्रहों में से ७९ वें ग्रह का नाम।

अघनधारा – *Aghanadhārā.*
A mathematical non-cubic sequence.
लोकोत्तर गणित संबन्धी १४ धाराओं में से उस धारा का नाम जिसका हर अंग अघन हो।

अघनमातृका धारा - *Aghanamāṭṛkā Dhārā.*
A mathematical sequence.
संख्यामान सम्बन्धी १४ धाराओं में से वह धारा जिसका कोई अंक किसी अन्य अंक का घनमूल न हो।

अघाती – *Aghātī.*
Non - destructive *Karmas.*
ऐसे कर्म जिसमें जीव के अनुजीवी गुणों का विनाश करने की शक्ति नहीं पायी जाती। इनका नाश सिद्ध अवस्था में होता है।

अघोर – *Aghora.*
A type of supernatural power of pacifying the effect of natural calamities like drought etc. by the effect of continuous (pure) celibacy of a saint.
ऋद्धि जिसके कारण साधु द्वारा अखंडब्रह्मचर्य बल से दुर्भिक्षादि उपद्रवों को अपनी इच्छा मात्र से तुरन्त शांत किया जा सकता है।

अचक्षुदर्शन – *Acakṣudarśana.*
Non-visual conation, Non-ocular conation.
चक्षु के अलावा शेष चार इन्द्रियों और मन से जो सामान्य प्रतिभास होता है।

अचक्षुदर्शनावरण – *Acakṣudarśanāvaraṇa.*
Non-visual conation obscuring *Karma.*
चक्षु के अतिरिक्त अन्य किसी इन्द्रिय या मन की दर्शन शक्ति को आच्छादित करने वाला कर्म।

अचर ज्योतिषी विमान – *Acara Jyotiṣī Vimāna.*
Non- variable (Immovable) stellar celestials' space-vehicles.
गति रहित ज्योतिष देवों के विमान। ढाई द्वीपों के बाहर सभी ज्योतिषी देवों के विमान स्थिर-अचल रहते हैं।

अचल – *Acala.*
Invariant, Stable, Motionless, A mountain *Meru* situated in the western *Dhatkikhand* (a region).
स्थिर, दृढ, अटल, धातकीखंड के पश्चिम दिशा में स्थित मेरू पर्वत का नाम।

अचलयोग – *Acalayoga.*
Meditation with immovable posture on facing any calamity.
उपसर्ग परीषह आने पर सामायिक एवं ध्यान में योग से चलायमान न होना।

अचलात्म – *Acalātma.*
The largest time unit.
काल का विशालतम प्रमाण विशेष अर्थात् $(८४)^{३१}$ $(१०)^{८०}$ वर्ष।

अचलादेवी – *Acalādevī.*
A female deity of the mountain-*Vidyut Prabh Gajadant.*
विद्युत्प्रभ गजदंत की देवी।

अचलावली – *Acalāvalī.*
A time unit; invariant trail.
काल का एक प्रमाण विशेष।

अचलित – *Acalita.*
Invariant or stable.
क्रिया रहित अर्थात् चलायमान न होना।

अचाक्षुष – *Acākṣuṣa.*
Invisible beings.
सूक्ष्म परिणाम वाले स्कन्ध जो चक्षु इन्द्रिय से न देखे जा सकें।

अचार – *Acāra.*
Pickles - which are non-edible after twenty four hours according to Jain philosophy.
कच्चे आम, नींबू आदि में नमक-मसाला, तेल आदि मिलाकर बनाया गया एक स्वादिष्ट खाद्य (खटाई)। चौबीस घंटे के पश्चात् यह त्रस जीवों से संसिक्त होने के कारण अभक्ष्य हो जाता है।

अचारित्र – *Acāritra.*
Without right conduct.
सम्यक्चारित्र का न होना।

अचिंता – *Aciṁtā.*
Worriless mental state.
चिंता से रहित स्थिति।

अचित्त – *Acitta.*
Matter without life, Sterilized.
चित्त रहित अर्थात् जीव रहित, निर्जीव, प्रासुक।

अचित्तकरण – *Acittakaraṇa.*
Sterilization, In-animation.
किसी भी वस्तु को जीव रहित करना। जैसे-जल को गरम करके, वनस्पति को छिन्न-भिन्न आदि करके अचित्त किया जाता है।

अचित्त द्रव्य क्षेत्र – *Acitta Dravya Kṣetra.*
Occupying place of unconscious matters.
अचित्त द्रव्यों के रहने का स्थान।

अचित्त द्रव्य भाव – *Acitta Dravya Bhāva.*
Unconscious phase.
वह द्रव्य जिसमें उस द्रव्य का स्वामी जीवात्मा न हो।

अचित्त द्रव्य स्पर्शन – *Acitta Dravya Sparśana.*
Unconscious material touch.
जीव रहित द्रव्यों का स्पर्श करना।

अचित्त द्रव्याकृति – *Acitta Dravyākṛti.*
Unconscious material figuration.
अचित्त द्रव्यों की आकृति-आकार।

अचित्त नोकर्म द्रव्यबंध –
Acitta Nokarma Dravyabaṁdha.
An un-consciously *karmic* bondage.
लकड़ी, सूपा, चटाई इत्यादि बाँधने वालों को लगने वाला कर्म

बंध ।

अचित्त परद्रव्य – *Acitta Paradravya.*
Inanimate objects in the environment.
वातावरण में उपस्थित जीव रहित द्रव्य ।

अचित्त पाहुड़ – *Acitta Pāhuṛa.*
Un-conscious gift (gems, gold etc.).
भेंट स्वरूप दिये गये मणि, सोना, रत्नादि अचित्त पाहुड़ कहलाते हैं ।

अचित्त योनि – *Acitta Yoni.*
Inanimate objects.
गुणयोनि के ९ भेदों में एक भेद। जो योनि अचेतन हो ।

अचेतन – *Acetana.*
Inanimate.
जिसमें देखने जानने की शक्ति न हो ऐसे द्रव्य। जीव द्रव्य के अतिरिक्त शेष पाँचों द्रव्य अचेतन होते हैं ।

अचेतनत्व – *Acetanatva.*
Un-consciousness.
अचेतनपना ।

अचेलक – *Acelaka.*
Saints without clothes and with no any attachment.
वस्त्र के साथ संपूर्ण परिग्रहों का त्याग करने वाले दिगम्बर जैन साधु ।

अचेलकत्व – *Acelakatva.*
Nakedness without any attachment.
जैन साधु के २८ मूलगुणों में एक; वस्त्र के साथ सम्पूर्ण परिग्रह त्याग ।

अचेल व्रत – *Acela Vrata.*
Vow of celibacy.
रात-दिन अखण्ड ब्रह्मचर्य को धारण करना ।

अचैतन्य – *Acaitanya.*
Un - consciousness.
चैतन्य शक्ति से रहित, सापेक्ष धर्म या वस्तु के कुछ विरोधी धर्मों में एक ।

अचौर्य – *Acaurya.*
Act of non - stealing.
परायी या रखी हुई वस्तु को ग्रहण नहीं करने का भाव या कर्म ।

अचौर्याणुव्रत – *Acauryāṇuvrata.*
Vow of non - stealing.
५ अणुव्रतों का एक भेद, किसी की रखी, गिरी, भूली हुई वस्तु को बिना दिये न तो स्वयं लेना न दूसरों को देना ।

अच्छवि – *Acchavi.*
A celibate saint (at the 14th stage of spiritual development).
काययोग को रोकने वाला स्नातक साधु,१४ वें गुणस्थानवर्ती अयोगकेवली ।

अच्यवन लब्धि – *Acyavana Labdhi.*
Immortal achievement.
वह लब्धि या प्राप्ति जो एकबार प्राप्त होकर फिर कभी च्युत न हो ।

अच्युत – *Acyuta.*
Indestructive, Imperishable, Son of Lord Rishabhadev.
अजर-अमर; जिसे नष्ट न किया जा सके, ऋषभनाथ भगवान का पुत्र तथा भरत का छोटा भाई ।

अच्युत स्वर्ग – *Acyuta Svarga.*
Name of the 16th heaven.
सोलहवें स्वर्ग का नाम ।

अच्युता – *Acyutā.*
A spell of magical power.
एक विद्या ।

अच्युति – *Acyuti.*
Indestructibility.
दृढ, निर्विकार, अचल ।

अछेद – *Acheda.*
A mathematical quantity; the half of any number.
किसी भी राशि को आधा करने पर जो (गणितीय राशि) मिलें ।

अज – *Aja.*
Highest or maximum, Birth less, Paddy without fertility power, Billy goat.
अजघन्य, जन्म रहित, अंकुर उत्पन्न करने की शक्ति रहित धान, बकरा ।

अज (देवता) – *Aja (Devatā).*
Presiding deity of a lunar.
पूर्वाभाद्रपदा नक्षत्र के अधिपति देवता का नाम ।

अजघन्य – *Ajaghanya.*
Non minimal.
जो जघन्य न हो । १ जघन्य है और २,३ आदि अजघन्य हैं ।

अजघन्य पद – *Ajaghanya Pada.*
Non-minimal rank or step.
जो जघन्य पद नहीं है ।

अजघन्य विभक्ति – *Ajaghanya Vibhakti.*
Division of non- minimal.
अजघन्य का भाग ।

अजमेध – *Ajamedha.*
A violenceful sacrificial act.
महाकाल देव द्वारा चलाया गया एक हिंसामय यज्ञ ।

अजर – *Ajara.*
A virtue, not to have old age (possessed by liberated soul, deities etc.), A liberated soul.
वृद्धावस्था की रहितता जो मोक्ष को प्राप्त आत्मा या देवतादि को होती है ।

अजातशत्रु – *Ajātaśatru.*
A king of Magadh, Having no enemy.
मगध का एक राजा (ई.पू. ५५२ - ५२०) था, जिसका कोई शत्रु न जन्मा हो या जन्म से ही जिसका कोई शत्रु न हो ।

अजान फल – *Ajāna Phala.*
Unknown fruit, Not edible.
अभक्ष्य, जिसके नाम और गुण से हम अनभिज्ञ हैं ।

अजितंजय – *Ajitaṁjaya.*
Name of a Jaina saint, Son of Kalkee-I (a king).
भगवान महावीर को सिंह की पर्याय में उपदेश देने वाले चारण ऋद्धिधारी मुनि का नाम, प्रथम कल्की (राजा) का पुत्र, जो पिता की गद्दी पर बैठा और जैन धर्म का दृढ श्रद्धानी हुआ ।

अजितंधर – *Ajitaṁdhara.*
Name of the 8th *Rudra.*
११ रूद्रों में से अष्टम रूद्र का नाम ।

अजित – *Ajita.*
Name of the demigod of Jaina-Lord Pushpadantnath, Invincible, Unconquered.
पुष्पदंतनाथ भगवान का शासन यक्ष, जो किसी से जीता न जा सके ।

अजितनाथ – *Ajitanātha.*
Name of the second *Tirthankar* (Jaina-Lord).
वर्तमान काल के दूसरे तीर्थंकर का नाम। आप महाराजा जितशत्रु एवं महारानी विजया के पुत्र थे। आपका जन्म माघ शु. १० एवं मोक्ष चैत्र शु. ५ को हुआ। आपका वर्ण-क्षत्रिय, वंश-इक्ष्वाकु, देहवर्ण-तप्त स्वर्ण सदृश, चिन्ह-हाथी एवं आयु ७२ लाख पूर्व वर्ष थी । आपकी जन्मभूमि अयोध्या (उ.प्र.) है ।

अजितनाभि – *Ajitanābhi.*
Name of the 9th *Rudra.*
११ रूद्रों में नवम रूद्र का नाम ।

अजितपुराण – *Ajitapurāṇa.*
Name of a book written by a poet- Vijaysingh.
कवि विजयसिंह (ई. १४४८) द्वारा रचित अपभ्रंश रचना ।

अजितमती (आर्यिका) - *Ajitamatī* (Āryikā)
Name of an Aryika, the disciple of Acharya Shri Bahubalisagar Maharaj.
चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज से दीक्षित क्षुल्लिका, इन्होंने आचार्य श्री बाहुबलीसागर महाराज से सन् १९९१ में आर्यिका दीक्षा प्राप्त की ।

अजितवीर्य – *Ajitavīrya.*
Name of a *Tirthankar* (Jaina-Lord) in *Videh Kshetra* (a region).
विदेह क्षेत्र में स्थित २० वें अंतिम तीर्थंकर का नाम ।

अजितसागर – *Ajitasāgara.*
Name of the 4th Acharya in the tradition of Acharya Shantisagar.
बीसवीं शताब्दी के प्रथम आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की परंपरा में हुए चतुर्थ पट्टाचार्य (आचार्य काल ई. सन्१९८७-१९९०)। पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी से अध्ययन कर उनकी ही प्रेरणा से १९६१ में आचार्य शिवसागर जी महाराज से मुनि दीक्षा प्राप्त की ।

अजितसेन – *Ajitasena.*
The son of king Ajitanjaya.
राजा अजितंजय का पुत्र; जिसने एक माह उपवासी मुनि को आहार देकर अपने पूर्वभव सुन दीक्षा धारण की थी ।

अजीव – *Ajīva.*
Inanimate, non-living.
जीव रहित, निर्जीव, अचेतन, जड़ पदार्थ ।

अजीवगत हिंसा – *Ajīvagata Hiṁsā.*
Violence occuring due to inanimate objects.
अजीवाधिकरण हिंसा, अजीव पदार्थ के आधार से होने वाली हिंसा ।

अजीव भाव – *Ajīva Bhāva.*
Inanimate mode.
अजीव की पर्याय ।

अजीव विचय – *Ajīva Vicaya.*
Respecting the nature of *karmas.*
धर्म ध्यान, कर्म विपाक के बारे में विचार करना ।

अजीव स्पृष्टिका – *Ajīva Spṛṣṭikā.*
Bondage of *karmas* by touching inanimate objects with love and hatredness.
किसी अजीव पदार्थ को रागद्वेष रूप भावों से स्पर्श करने से होने वाला कर्मबंध,स्पृष्टिका क्रिया का एक भेद ।

अजीवाधिकरण – *Ajīvādhikaraṇa.*
A type of *karmic* flow on the basis of inanimate object.
अधिकरण का एक भेद; वस्त्र, पात्र आदि अजीव वस्तुओं के आधार से होने वाला आस्रव ।

अज्ञ – *Ajña.*
Ignorant one, Stupid.
अज्ञानी, अनुभव हीन, मूढ ।

अज्ञात – *Ajñāta*
Unknown, An activity without knowledge.
अनजान, बिना जाने प्रवृत्ति करना अज्ञात भाव है ।

अज्ञातोञ्छ – *Ajñātoñcha.*
Unfamiliar house.
अपरिचित ग्रह स्थान ।

अज्ञान – *Ajñāna.*
Ignorance, False cognition, Nescience.
ज्ञान का अभाव या मिथ्याज्ञान ।

अज्ञान चेतना – *Ajñāna Cetanā.*
Ignorant consciousness.
कर्म या कर्मफल चेतना ।

अज्ञानतप – *Ajñāna Tapa.*
Austerity with false knowledge.

मिथ्याज्ञान सहित आत्मज्ञान या सम्यक्त्व रहित तप ।

अज्ञान निग्रहस्थान – *Ajñāna Nigrahasthāna.*
Ignorantial flaw.
वादी के कथन का परिषद द्वारा विज्ञान किये जा चुकने पर यदि प्रतिवादी को विज्ञान नहीं हुआ है तो प्रतिवादी का अज्ञान इस नाम का निग्रहस्थान होगा ।

अज्ञान निवृत्ति – *Ajñāna Nivṛtti.*
Cessation of nescience.
स्वाध्याय का फल ; मोह, रागद्वेष रूप अज्ञान का दूर होना ।

अज्ञान परीषह – *Ajñāna Parīṣaha.*
Affliction caused due to lack of knowledge.
अज्ञान जन्य कष्ट-ज्ञान प्राप्ति के लिए अनेक उपाय करते रहने पर भी ज्ञान प्राप्त न होने का दुख। इसे शांत भाव से सह लेना अज्ञान परिषहजय है ।

अज्ञानभाव – *Ajñāna Bhāva.*
Ignorance, False cognition, Nescience.
सम्यग्ज्ञान से अतिरिक्त आत्मा का परिणाम ।

अज्ञान मिथ्यात्व – *Ajñāna Mithyātva.*
Irrationality, Indiscrimination.
मिथ्यात्व के पाँच भेदों में से एक; हित, अहित के विवेक से रहित होना अथवा अहित में प्रवृत्ति करने वाला उपदेश ।

अज्ञानवाद – *Ajñānavāda.*
Agnosticism, Ignorantism.
लोक में अज्ञान व मिथ्यात्व का उपदेश व प्रचलन होना, एक मिथ्या मत ।

अज्ञानान्धकार – *Ajñānāndhakāra.*
Darkness of ignorance, Benighted in ignorance.
अज्ञान स्वरूपी अंधकार - इससे आच्छादित व्यक्ति सम्यग्ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता ।

अज्ञानिक – *Ajñānika.*
Agnostic; persons with malicious knowledge.
कुत्सित या खोटा ज्ञान जिनमें पाया जाये वे अज्ञानिक हैं ।

अज्ञानी – Ajñānī.
Ignorant ; wrong believer ; who does not believe in the right path benefitting the soul.
मिथ्यादृष्टि; जिसे आत्मा के हित-अहित का विवेक न हो ।

अज्ञायक – *Ajñāyaka.*
Ignorant person, To be entangled in birth-death cycle.
अज्ञानी, जो आत्मा के ज्ञायक भाव से अनभिज्ञ है अर्थात् जन्म, मरण से लिप्त रहना ही अज्ञायक बने रहना है ।

अञ्जन – *Añjana.*
Collyrium, Lampblack (as applied to the eyes).
काजल, काला ।

अटट – *Aṭaṭa.*
A time unit, a period consisting of eighty four lacs of *atatamgas.*
एक बहुत बड़ा काल परिमाण, अर्थात् ८४ लाख को १८ हजार जगह रख कर परस्पर गुणा करने से जो संख्या प्राप्त होती हो उतने वर्षो का एक अटट ।

अटटांग – *Aṭaṭāṁga.*
A time unit - a period consisting of eighty four lacs of *trutitas.*
८४ लाख को १७ जगह रखकर परस्पर गुणा करने से जो संख्या प्राप्त हो उतने वर्षो का एक अटटांग ।

अट्ठाईस – *Aṭṭhāīsa.*
A number - twenty eight.
एक अंक अर्थात् २८; दिगम्बर जैन साधुओं के मूलगुण भी २८ होते हैं ।

अठारह – *Aṭhāraha.*
A number - eighteen.
एक संख्या अर्थात् १८ ।

अडड – *Aḍaḍa.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण विशेष; ८४ लाख पूर्वांग का एक अडड जिसे पूर्व भी कहते हैं ।

अडडांग – *Aḍaḍāṁga.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण विशेष ; ८४ लाख वर्ष का एक अडडांग या पूर्वांग ।

अढाईद्वीप – *Aḍhāīdvīpa.*
An island consisting universal islands - *Jambu-dvip, Dhatkikhand, Ardhapushkar.*
जम्बूद्वीप, धातकीखंड द्वीप और अर्द्धपुष्कर द्वीप मिलकर अढाईद्वीप कहलाते हैं ।

अढाईद्वीप प्रज्ञप्ति – *Aḍhāīdvīpa Prajñapti.*
A religious book written by *Acharya* Amitgati ji.
आचार्य अमितगति (ई. ९२३ - ९६३) द्वारा रचित ग्रन्थ ।

अणत्थमिय कहा – *Aṇatthamiya Kahā.*
Books written by Poet - Raidhu and Poet - Harichandra.
रात्रिभुक्ति त्याग पर कवि हरिचन्द्र (ई.श. १४) एवं कवि रइधु (ई.श. १४०० -१४७९) द्वारा रचित ग्रंथों का नाम ।

अणिमा ऋद्धि – *Aṇimā Ṛddhi.*
A type of supernatural power of making body in the shape of a particle.
विक्रिया ऋद्धि का एक भेद; अणु के बराबर शरीर को करना अणिमा ऋद्धि कहलाती है। यह स्वाभाविक रूप से देवों में तथा तपस्या के प्रभाव से मुनियों में प्रगट होती है ।

अणु – *Aṇu.*
Particle, Atom.
अत्यंत सूक्ष्म पुद्गल, जिसका आदि मध्य अंत एक ही है ।

अणुचटन – *Aṇucaṭana.*
Sparks emitted from hot iron on hammering.

तपाये हुए लोहे के गोले आदि को घन आदि से पीटने पर फुलंगे निकलते हैं वह अणुचटन कहलाता है ।

अणुछेदन – *Aṇuchedana.*
Cutting of atoms, Knowledge of the number of substances obtained by knowing some number of other substances containing atoms.
परमाणु गत एक आदि द्रव्यों की संख्या द्वारा अन्य द्रव्यों की संख्या का ज्ञान होना ।

अणु परम – *Aṇu Parama.*
Ultimate particle.
अद्वितीय अणु रूप ।

अणु ब्रह्म व्रत – *Aṇu Brahma Vrata.*
Minor vow of celibacy.
ब्रह्मचर्याणुव्रत। स्वदार संतोषव्रत रखते हुए अन्य स्त्रियों से माँ, बहिन की तरह व्यवहार करना ।

अणुवय रयण पईव – *Aṇuvaya Rayaṇa Paīva.*
Name of a book written by a poet- Lakkhan.
अणुव्रत रत्न प्रदीप विषय पर आधारित कवि लक्खण (वि. १३१३) द्वारा रचित एक अपभ्रंश ग्रन्थ ।

अणुविभंजन – *Aṇuvibhaṁjana.*
Splitting of atoms.
अणुओं का विभाग करना ।

अणुव्रत – *Aṇuvrata.*
Minor vows like to desist from killing, sex behaviour etc.
हिंसादि पांच पापों का स्थूल रूप से या एकदेश त्याग करना ।

अणुव्रतरत्नप्रदीप – *Aṇuvrataratnapradīpa.*
See - *Aṇuvaya Rayaṇa Paīva.*
देखें - अणुवय रयण पईव ।

अणुव्रती – *Aṇuvratī.*
Follower of minor vows (*Anuvrata*).
अणुव्रत को धारण करने वाला श्रावक ।

अण्डज – *Aṇḍaja.*
See - *Aṁḍaja.*
देखें - अंडज ।

अण्डर – *Aṇḍara.*
See - *Aṁḍara*
देखें - अंडर ।

अण्डा – *Aṇḍā.*
See - *Aṁḍa.*
देखें - अंड ।

अण्ण – *Aṇṇa.*
The other name of Chamundarai.
चामुण्डराय का अपर नाम ।

अतत – *Atata.*
Non-similarity in conceptions.
वस्तु के सापेक्ष धर्म तत्-अतत् जिनके भाव में परिणामों की सदृशता, विसदृशता का भेद होता है ।

अतत्व शक्ति – *Atatva Śaktī.*
Power having no knowledge of real nature of things.
तत्वस्वरूप न होने रूप तीसवीं अतत्व शक्ति है ।

अतथाज्ञान – *Atathājñāna.*
False knowledge.
मिथ्याज्ञान ।

अतद्भाव – *Atadbhāva.*
Non-identity in the appearance and quality of a matter.
स्वरूप पेशा से जो द्रव्य है वह गुण नहीं और जो गुण है वह द्रव्य नहीं, यह अतद्भाव है ।

अतदाकार स्थापना – *Atadākāra Sthāpanā.*
Dissimilar installation.
स्थापना निक्षेप का एक भेद, जिस प्रकार की वस्तु नहीं है उसमें उस आकार की स्थापना करना। जैसे-नारियल में क्षेत्रपाल की स्थापना ।

अतिअनिष्ट – *Atianiṣṭa.*
Very undesirable (evil, misfortune).
अनिष्ट की आधिक्यता ।

अतिअवर – *Atiavara.*
Extremely low.
अत्यन्त अश्रेष्ठ (बुरा) ।

अतिईर्षा – *Atiīrṣā.*
Excess jealousy.
ईर्ष्या, डाह की अधिकता ।

अतिउग्र – *Atiugra.*
Very violent, Very frightening.
बहुत तेज या क्रोधी ।

अतिउच्च – *Atiucca.*
Very high.
बहुत ऊँचा ।

अतिउज्ज्वल – *Atiujjvala.*
Very bright.
अधिक प्रकाशवान् ।

अतिउत्कर्ष – *Atiutkarṣa.*
Eminent, Superior.
अधिक ऊँचा या उठा हुआ ।

अतिउपशान्त – *Atiupaśānta.*
Very calm, Engrossed in meditation.
एकदम शान्त होना ।

अतिउष्ण – *Atiuṣṇa.*
Very hot.
बहुत गर्म ।

अतिऊर्ध्व – *Atiūrdhva.*
Very tall (high).
बहुत ऊँचा।

अतिऋजुक – *Atiṛjuka.*
Very polite, Having very simple nature.
अत्यन्त सरल।

अतिकषाय उत्कटता – *Atikaṣāya Utkaṭatā.*
Extreme intensity of passions.
तीव्र कषाय की स्थिति।

अतिकाय – *Atikāya.*
A type of peripatetic deities (*Mahorag*).
महोरग नाम की व्यंतर जातीय देवों का एक भेद।

अतिकाल – *Atikāla.*
Delay, Very late.
काल का अतिक्रमण या काल की आधिक्यता।

अतिकुटिल – *Atikuṭila.*
Cunning, Very crooked.
अतिवक्र, बेईमान।

अतिकुपित – *Atikupita.*
Very angry.
अत्यधिक क्रोधित होना।

अतिकृपण – *Atikṛpaṇa.*
Very miser, Very stingy.
अधिक कंजूस, छोटे दिल का।

अतिकोपना – *Atikopanā.*
Very irascible, Irritable, Hot tempered.
अधिक चिड़चिड़ा, क्रोधी।

अतिकोपातुर – *Atikopātura.*
Prone to great anger.
जल्दी, तीव्र क्रोध करने वाला।

अतिक्रम – *Atikrama.*
Deterioration of mental purity, Transgression, Violation of Jain principles.
मन की शुद्धि में क्षति होना अतिक्रम है, उल्लंघन, मर्यादा को लांघ जाना।

अतिक्रमण – *Atikramaṇa.*
Transgression.
अपराध, उल्लंघन, आगे बढ़ जाना।

अतिक्रमणीय – *Atikramaṇīya.*
Fit to be transgressed.
मर्यादा भंग करने के योग्य, उल्लंघनीय।

अतिक्रांत – *Atikrāṁta.*
Violation of rules conduct, A type of renunciation.
नियमों का उल्लंघन करना, सार्थक प्रत्याख्यान के १० भेदों में दूसरा भेद।

अतिक्रान्तचारिन् – *Atikrāntacārin.*
Who violates the rule of conduct.
नियमों के उल्लंघनरूप आचरण करने वाला।

अतिक्रूर – *Atikrūra.*
Very cruel.
अधिक दुष्ट स्वभाव का।

अतिक्लिष्ट – *Atikliṣṭa.*
Greatly disturbed, Very difficult.
अत्यन्त दुखी, संकटग्रस्त, अत्यन्त कठिन।

अतिक्लेश – *Atikleśa.*
Great trouble, Anguish.
संक्लेश की अधिकता या तीव्र वेदना।

अतिक्षान्तिका – *Atikṣāntikā.*
One deserving to be forgiven.
क्षमा के ही योग्य।

अतिक्ष्वर – *Atikṣvara.*
Very harsh or severe.
अधिक तीखा, पीड़ाकर।

अतिगच्छ – *Atigaccha.*
To elapse, escape.
चुपके से चला जाना।

अतिगत – *Atigata.*
To enter, To go.
प्रवेश करना या जाना।

अतिचार – *Aticāra.*
Infraction, Violation in religious rules and conduct.
किसी करने योग्य कार्य के न करने और त्याग करने योग्य पदार्थ का ग्रहण करने पर जो दोष लगता है।

अतिथि – *Atithi.*
Honourable guest.
जिसके आने की कोई तिथि न हो, मेहमान।

अतिथि पूजा – *Atithi Pūja.*
Hospitality.
अभ्यागत का सत्कार, अतिथि संविभाग व्रत का अपर नाम अतिथि पूजा है।

अतिथिसंविभाग – *Atithisaṁvibhāga.*
Hospitality.
अतिथि की शिक्षा, आहार, औषध और रहने के स्थान आदि मुख्य चार प्रकार से सेवा करना।

अतिदुःखमा काल – *Atiduḥkhamā Kāla.*
A time period of 21000 years.
अवसर्पिणी काल का छठा व उत्सर्पिणी काल का प्रथम भाग (काल)- जो २१००० वर्ष का होता है।

अतिनिरुद्ध – *Atiniruddha.*
A big shell situated in 5th land of *Dhumprabha* hell.
पांचवी धूमप्रभा नरकभूमि में स्थित एक महानरक।

अतिपात – *Atipāta.*
Killing, Violence.
हिंसा या मारधाड़ इत्यादि।

अतिपुरुष – *Atipuruṣa.*
A type of peripatetic deities (*Kimpurush*).
किंपुरुष नाम की व्यंतर जाति देवों का एक भेद।

अतिप्रसंग – *Atiprasaṁga.*
A sinful activity of undisciplined saints.
एक पाप स्थान, जो साधु बिना गुरू आज्ञा के स्वच्छंद एकाकी विहार करता है उसके आज्ञालोप, अतिप्रसंगादि ५ पाप स्थान होते हैं।

अतिप्रसाधन – *Atiprasādhana.*
Ornamentation, Decoration, To beautify.
अतिश्रृंगारित होना।

अतिबल – *Atibala.*
One of the chief disciples of Jaina Lord Rishbhadev, Very powerful.
भगवान ऋषभदेव के ७५वें गणधर का नाम।

अतिबाल विद्या – *Atibāla Vidyā.*
Knowledge gained from childhood.
बालपन से प्राप्त की जाने वाली विद्या।

अतिभंग मुद्रा – *Atibhaṁga Mudrā.*
Disturbed posture of mind.
विचलित भावभंगिमा।

अतिभारारोपण – *Atibhārāropaṇa.*
Over loading on cow etc. — an infraction of non-violence.
गायादि जीवों पर उनकी शक्ति से अधिक भार लादना यह अहिंसा अणुव्रत का एक अतिचार है।

अतिरंजित – *Atiraṁjita.*
Exaggerated.
अतिशयोक्ति पूर्ण कथन।

अतिलोलुपता – *Atilolupatā.*
Voracity, too much greediness.
लालच, लोभ की अधिकता।

अतिलौल्य – *Atilaulya.*
Too much greediness.
भोगोपभोग परिमाण व्रत का एक अतिचार; अतिगृहीता, भोगों की अतितृष्णा।

अतिविकट – *Ativikaṭa.*
Extremely difficult.
कठिन समस्या, भीषण।

अतिवीर – *Ativīra.*
Another name of *Bhagavan* Mahavira (24th Jaina-Lord).
भगवान महावीर के पाँच नामों में एक नाम; जो उज्जयिनी में तपस्या के समय रूद्र द्वारा प्रदान किया गया था।

अतिवीर्य - *Ativīrya.*
Very powerful, The son of Bharat *chakravarti* (emperor), Name of a king.
शक्तिशाली, भरत चक्रवर्ती का पुत्र, अतिवीर्य राजा जिसको लक्ष्मण ने वश में किया परन्तु वह मुनि हो गया।

अतिवेलम्ब – *Ativelamba.*
Name of a deity of *Sarvratna* summit of *Manushottar* mountain.
मानुषोत्तर पर्वतस्थ सर्वरत्न कूट का स्वामी भवनवासी वरूणकुमार देव।

अतिव्याप्त – *Ativyāpta.*
Extention of the characteristic beyond the determined object.
लक्षण के तीन दोषों में एक दोष-जो लक्ष्य से बाहर अलक्ष्य में भी चला जाए जैसे गौ का लक्षण सींग।

अतिव्रत – *Ativrata.*
To go beyond.
सीमा से बाहर।

अतिशय – *Atiśaya.*
Excellence, Miracles, The thirty four excellences of Jaina-Lord.
चमत्कार, कोई विशेष बात, तीर्थंकरों के ३४ अतिशय प्रसिद्ध हैं।

अतिशयित – *Atiśayita.*
Surpassing, Excellent.
श्रेष्ठ, प्रमुख।

अतिशायन हेतु – *Atiśāyana Hetu.*
Cause of the absence of all passions & excreting matters from body.
जिसके कारण जीव से संपूर्ण अंतरंग व बाह्य मलों का अभाव हो।

अतिशेष – *Atiśeṣa.*
Remaining.
अवशिष्ट या बचा हुआ भाग।

अतिश्रान्त – *Atiśrānta.*
Extremely tired.
शांत, अत्यधिक थका हुआ।

अतिसंग्रह – *Atisaṁgraha.*
Over accumulation.
आवश्यकता से अधिक परिग्रह इकट्ठा करना - नरक आयु के आस्रव का कारण।

अतिसंधान – *Atisaṁdhāna.*
Illusive passion.
माया कषाय।

अतिसर्ग – *Atisarga.*
To renounce.
स्वीकार न करना, कार्य भार से मुक्त करना।

अतिसुषमा काल – *Atisuṣamā Kāla.*
Extremely pleasant period of worldly cycle (the 1st of Avasarpini kal & the 6th of Utsarpini kal).
अवसर्पिणी काल का पहला एवं उत्सर्पिणी काल का छठा काल जो ४ कोड़ा कोड़ी सागर वर्ष का होता है। इस काल में उत्तम भोगभूमि होती है और मनुष्यों की आयु ३ पल्य की होती है। अपने नाम के अनुरूप इसमें संसार के समस्त सुख उपलब्ध रहते हैं।

अतिसूक्ष्म – *Atisūkṣma.*
Micro particles.
पृथ्वी आदि स्कंधों के ६ भेदों में एक - कर्म वर्गणा के अयोग्य स्कंध अतिसूक्ष्म कहे जाते हैं।

अतिस्थापन निषेक – *Atisthāpana Niṣeka.*
Specific *karmic* aggregation.
जिन निषेकों में दूसरे निषेक न मिलाये जावें।

अतिस्थापना – *Atisthāpanā.*
Encroachment.
अतिक्रमण या उल्लंघन किया जाने वाला स्थान।

अतिस्थापनावली – *Atisthāpanāvalī.*
Extreme installation trail.
वह आवली जिसमें किसी कर्म की स्थिति घटाकर उसके निषेकों को न मिलाया जाये।

अतिस्थूल – *Atisthūla.*
Very bulky like land, mountain etc.
स्कंध का एक भेद - भूमि, पर्वत आदि अतिस्थूल स्कंध कहे जाते हैं।

अतींद्रियज – *Atīṁdriyaja.*
A kind of super happiness, which is beyond all the sensual pleasures.
सुख का एक भेद, जो मुक्त जीव को प्राप्त होता है।

अतींद्रिय सुख – *Atīṁdriya Sukha.*
Ultimate happiness beyond all sensual pleasures.
वह सुख जो इन्द्रियों की सहायता बिना आत्मा के ही द्वारा प्राप्त होता हो।

अतीत – *Atīta.*
Passed time.
भूतकाल, बीता हुआ काल।

अतीत पर्याप्ति – *Atīta Paryāpti.*
State beyond the completion & incompletion of 6 Paryaptis (i.e. state of in Siddhas).
सिद्धों की अवस्था जो पर्याप्त-अपर्याप्तपने से रहित होती है।

अतीत वाक् – *Atīta Vāk.*
State beyond the verbal expression.
वचनातीत अवस्था।

अतीत समय राशि – *Atīta Samaya Rāśi.*
Past instant set.
भूतकाल की समय राशि।

अतीन्द्रिय ज्ञान – *Atīndriya Jñāna.*
Supereme knowledge without sensual intuition.
केवलज्ञान, इन्द्रियों से रहित ज्ञान।

अतुल – *Atula.*
Unrivalled, Incomparable, Immeasurable.
जिसकी तुलना न हो सके, अतुलनीय।

अत्यंताभाव – *Atyaṁtābhāva.*
Absolute non-existence, Absolute negation.
एक द्रव्य में दूसरे द्रव्य का अभाव होना, जैसे जीव का अभाव पुद्गल में व पुद्गल का अभाव जीव में होता है।

अत्यक्षर – *Atyakṣara.*
Exaggeration.
वस्तुस्थिति से अधिक कथन।

अत्यय – *Atyaya.*
Which can not be explained in words.
जो शब्द के द्वारा नहीं कहा जा सकता।

अत्याशात्य – *Atyāśātya.*
Degrade.
निम्न स्तर होना।

अत्रप – *Atrapa.*
Impolite, Crude.
निर्लज्ज, अशिष्ट, अविनीत।

अत्राणभय – *Atrāṇabhaya.*
A type of fear due to the lack of own security.
भय का एक प्रकार। आत्मरक्षा में समर्थ न होने पर सुरक्षा के अभाव में जो भय उत्पन्न होता है।

अत्रिलक्षणत्व – *Atrilakṣaṇatva.*
Absence of origination (production), destruction (consumption), continuity.
उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य रूप त्रिलक्षण का प्रतिपक्ष।

अथाख्यात – *Athākhyāta.*
Another name of Yathakhyat Charitra i.e. perfect conduct.
यथाख्यात चारित्र का अपरनाम।

अथान – *Athāna.*
Pickles, Jams.
अचार - मुरब्बा जो आम, आंवलादि का बनता है।

अथालंद – *Athālaṁda.*
A method of passionless end of life (Sallekhana).
सल्लेखना की भक्त प्रत्याख्यानादि अनेक विधियों में एक विधि।

अदंड – *Adaṁḍa.*
Exempted from punishment.
दंड से मुक्त या बरी।

अदंडत्व अधिकार – *Adaṁḍatva Adhikāra.*
See - *Adaṁḍayatā Adhikāra.*
देखें - अदंडयता अधिकार।

अदंडयता अधिकार – *Adaṁḍayatā Adhikāra.*
Right (quality), not to be punished by others.
गुण अधिकता के कारण किसी अन्य के द्वारा दण्ड नहीं पा सकना रूप द्विजों के १० मुख्य अधिकारों में ८ वां अधिकार है।

अदंतधोवन – *Adaṁtadhovana.*
Non-cleaning of teeth before food—a basic restraint of Jaina saints.
मुनिगण द्वारा गृहस्थ के समान भोजन से पूर्व दांतों को घिस घिसकर दातौन आदि से साफ नहीं करना अदंतधोवन व्रत कहलाता है यह साधु का एक मूल गुण है।

अदत्त – *Adatta.*
Unprovided, which is not given.
बिना दिया हुआ।

अदत्तग्रहण – *Adattagrahaṇa.*
Taking away any thing without giving - a kind of theft.
बिना दिया किंचित् ग्रहण कर लेना।

अदत्तादान – *Adattādāna.*
Appropriation of non-given things.
बिना दी हुई वस्तु को लेना चोरी है। यह अचौर्य व्रत का एक अतिचार है।

अदत्तादान विरति – *Adattādāna Virati.*
Abstinence from stealing.
अचौर्याणुव्रत का पालन करना अर्थात् चोरी का त्याग करना।

अदत्तादान विरमण – *Adattādāna Viramaṇa.*
See - *Adattādāna Virati.*
देखें - अदत्तादान विरति।

अद्भुत – *Adbhuta.*
Astonishing, Wonderful, Strange.
आश्चर्यजनक, चमत्कार।

अदरख – *Adarakha.*
Ginger—non-edible in its wait form but edible in dried power form (according to Jaina philosophy).
एक कंदमूल; जिसमें सप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीवों का अस्तित्व होने के कारण अभक्ष्य है। रत्नकरण्डश्रावकाचार के अनुसार गीली अदरख अभक्ष्य है, उसे सूखी सोंठ के रूप में मूलाचार ग्रन्थानुसार भक्ष्य माना है।

अदर्शन – *Adarśana.*
An affiliction of non-vision, Non-intuition.
अध्यवसान का एक भेद है। आत्मतत्त्व का श्रद्धान न होना। २२ परीषहों का एक भेद।

अदान भाव – *Adāna Bhāva.*
Not to impart knowledge in jealousy.
मात्सर्य भाव, ईर्ष्या भाव से किसी को ज्ञान दान न करना।

अदीक्षा ब्रह्मचारी – *Adīkṣā Brahmacārī.*
A house-holder who follows the vow of celibacy.
ग्रहस्थ में रहते हुए ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करने वाला।

अदृष्ट – *Adṛṣṭa.*
Invisible, Providential, Past *karmas.*
अदृश्य, दिखाई न देना।

अदृष्ट – *Adṛṣṭa.*
Unperceived; unobserved; an infraction of paying reverence to the preceptors.
गुरू की दृष्टि से ओझल होकर अथवा पिच्छी से प्रतिलेखना न करके वंदना करना अदृष्ट दोष है।

अदेव – *Adeva.*
Who is not defined as divine or deity.
जो देव नहीं है। अर्थात् जिसमें सच्चे देव का लक्षण नहीं पाया जाता है।

अदोषोद्भावन – *Adoṣodbhāvana.*
Exposure of other's qualities.
उच्च गोत्र के आस्रव का कारण, दूसरों के अच्छे गुणों को प्रगट करना।

अद्धा – *Addhā.*
A time period.
काल की एक अवधि ; यह समय का पर्यायवाची है।

अद्धा असंक्षेप – *Addhā Asaṁkṣepa.*
Least or smallest time period.
जिससे छोटा कोई काल न हो।

अद्धाच्छेद – *Addhāccheda.*
A division of life time.
अंतिम निषेक के काल को उत्कृष्ट अद्धाच्छेद कहते हैं।

अद्धानशन – *Addhānaśana.*
Definite period of vow, from 1 day to 6 months.
उपवास का नियमित काल, एक दिन से लेकर छः मास पर्यंत।

अद्धापल्य – *Addhāpalya.*
A kind of time unit.
पल्य का एक भेद जिससे कर्मों की भवस्थिति, आयुस्थिति और कायस्थिति की गणना की जा सकती है।

अद्धायु – *Addhāyu.*
Immortal substances.
आयु का एक भेद अर्थात् द्रव्य जो अनादि काल से चला आ रहा है और अनंत काल तक चलेगा।

अद्धासागर – *Addhāsāgara.*
A time unit.
१० कोड़ाकोड़ी अद्धा पल्यों का एक अद्धासागर होता है।

अद्रि – *Adri.*
Mountain.
पर्वत।

अद्वय – *Advaya.*
Unique, Lack of duality.
अद्वितीय, एकमात्र, द्वैत का अभाव।

अद्वैत – *Advaita.*
Non - duality ; monism.
एकरूपता, जैसे जगत में ब्रह्म के अतिरिक्त अन्य कुछ नहीं है।

अद्वैत दर्शन – *Advaita Darśana.*
Philosophy of a non-duality; monism.
ब्रह्माद्वैत मानने वाला मत।

अद्वैतवाद – *Advaitavāda.*
Non - dualism.
एक ही चीज को सबकुछ मान लेना - ब्रह्म, विज्ञान, आत्मद्रव्य आदि।

अद्वैतसिद्धि – *Advaitasiddhi.*
A book written by Madhusudana Sarasvati.
मधुसूदन सरस्वती द्वारा ई.श. १६ में रचित एक ग्रन्थ।

अधः – *Adhaḥ.*
The lowest.
निम्नतम, जघन्य, निकृष्ट।

अधःकरण – *Adhaḥkaraṇa.*
Low tended activity.
करण लब्धि का एक भेद, ऊपर के समयवर्ती जीवों के परिणाम नीचे के समयवर्ती जीवों के परिणामों अर्थात् संख्या और विशुद्धि की अपेक्षा समान होते हैं, इसलिये इसे अधःप्रवृत करण कहा है।

अधःकर्म – *Adhaḥkarma.*
Injurious actions, A fault of food taking of saints.
सावद्य कर्म - जिन कार्यों के करने से जीव की हिंसा होती है ; जैन साधुओं के आहार संबंधी सबसे बड़ा दोष।

अधःप्रवृत्त – *Adhaḥpravṛtta.*
Low tended activity.
नीच कर्म या नीच गति की तरफ झुका हुआ। देखें - अधःकरण।

अधःप्रवृत्त भागहार – *Adhaḥpravṛtta Bhāgahāra.*
Low tended division.
पल्य के अर्द्धच्छेद के असंख्यातवें भाग प्रमाण अधःप्रवृत्त संक्रम भागहार होता है।

अधःप्रवृत्त संक्रमण –
Adhaḥpravṛtta Saṁkramaṇa.
Low tended transition.
बंध रूप हुई प्रकृतियों के परमाणुओं का अपने बंध में संभवती प्रकृतियों में परमाणुओं का जो प्रदेश संक्रम होता है वह अधःप्रवृत्त संक्रमण है।

अधःप्रवृत्त संयत – *Adhaḥpravṛtta Saṁyata.*
Mixing of restrained transition state with low tended transition state.
जो संयत स्थान अधःस्तन संयत के स्थानों से मिल जाते हैं।

अधःप्रवृत्तिकरण – *Adhaḥpravṛttikaraṇa.*
Low tended activity.
देखें - अधःकरण।

अधः व्यतिक्रम - *Adhaḥ Vyatikrama.*
See - *Adhovyatikrama.*
देखें - अधोव्यतिक्रम।

अधम - *Adhama.*
Wretched, Vile, a base person.
पापी, नीच।

अधर्म - *Adharma.*
Irreligion, Impiety.
मिथ्याधर्म, पाप अर्थात् धर्म का विपरीत रूप।

अधर्म द्रव्य - *Adharma Dravya.*
A type of matter (medium of rest).
जो ठहरते हुए जीव और पुद्गल को ठहरने में सहकारी होता है, प्रेरणा नहीं करता, जैसे-छाया पथिक को ठहरने में कारण होती है।

अधर्मास्तिकाय - *Adharmāstikāya.*
A type of *Astikay* (magnitude body).
अधर्म द्रव्य के प्रदेशों का कायरूप से बहुप्रदेशी होना। इसका कार्य भी अधर्मद्रव्य के समान है।

अधस्तन कृष्टि - *Adhastana Kṛṣṭi.*
Lower *Krishti.*
प्रथम, द्वितीय आदि कृष्टियों को अधस्तन कृष्टि कहते हैं।

अधस्तन द्वीप - *Adhastana Dvīpa.*
An inner island.
दो तरह के द्वीपों में एक। विशेष वर्णन जम्बूद्वीपपण्णत्ति ग्रंथ में देखें।

अधस्तन राशि - *Adhastana Rāśi.*
Lower set (reg. Karma).
कर्म परमाणुओं के नीचे के निषेक या कर्म राशि।

अधस्तन विकल्प - *Adhastana Vikalpa.*
Lower abstraction.
नीचे का भेद भंग।

अधस्तन शिरः - *Adhastana Śiraḥ.*
Lower top.
सिर को सतह की ओर अर्थात् उल्टा करना।

अधस्तन शीर्ष - *Adhastana Śīrṣa.*
Substances on the top of lower *Krishties.*
पूर्व कृष्टियों में दिया गया द्रव्य अधस्तन शीर्ष है।

अधारणा - *Adhāraṇā.*
Lack of concentration.
एकाग्रता का अभाव; जानी हुई वस्तु को कालान्तर में भूल जाना।

अधिक - *Adhika.*
Excess.
ज्यादा, बहुत इत्यादि।

अधिकरण - *Adhikaraṇa.*
Locus, Substratum, The place in which the causes operate.
अधिष्ठान या आधार, जिसमें कोई वस्तु रहे।

अधिकार - *Adhikāra.*
Privilege, Domination.
अनुयोग, अधिकार, परिच्छेद, प्रकरण इत्यादि सब एकार्थवाची हैं।

अधिकारिणी क्रिया - *Adhikāriṇī Kriyā.*
To take up hurtful weapon.
हिंसा के साधनों को ग्रहण करने की क्रिया, यह आस्रव में कारणभूत २५ क्रियाओं में ८ वीं क्रिया है।

अधिगत चारित्र - *Adhigata Cāritra.*
Conduct caused due to subsidence & destruction of Karmas.
उपशम व क्षायिकचारित्र को अधिगत चारित्र कहते हैं।

अधिगत चारित्रार्य -
Adhigata Cāritrārya.
Human beings having purified and right conduct.
उपशम व क्षायिकचारित्र को प्राप्त जीव अधिगत चारित्रार्य कहलाते हैं।

अधिगम - *Adhigama.*
Acquisition of knowledge by external sources.
मौखिक उपदेशों को सुनकर या लिखित उपदेशों को पढ़कर पदार्थों के गुण दोष आदि का ज्ञान होना।

अधिगमज - *Adhigamaja.*
Right faith derived from teaching or other's preaching.
वह सम्यग्दर्शन जो परोपदेश के द्वारा होता है।

अधिरचना - *Adhiracanā.*
Superstructure.
ऊर्ध्व रचना।

अधिष्ठान - *Adhiṣṭhāna.*
Moulded basement of temple, Resting place for idol.
वेदी, पदस्थान, निवास, नियंत्रण शक्ति, आवास स्थान आदि।

अधिसहन - *Adhisahana.*
Bearing pain with calmness.
धैर्यतापूर्वक तीव्र वेदना को सहन करना।

अधीश्वर - *Adhiśvara.*
An identity of king.
राजा का एक भेद, जो ५०० राजाओं का स्वामी हो।

अधोऽधिगम - *Adhoadhigama.*
A type of substantive position.
द्रव्य निक्षेप का एक भेद।

अधोगलन - *Adhogalana.*
Lower decay.
नीच कर्म की तरफ प्रवृत्त होना।

अधोगुरुत्व - *Adhogurutva.*
Gravitational force.
गुरुत्व का एक भेद-जैसे पुद्गल अधोगुरुत्व धर्म वाले हैं, और जीव ऊर्ध्वगुरुत्व धर्म वाले।

अधोग्रैवेयक - *Adhograiveyaka.*
A high place above 16 heavens.
१६ स्वर्ग के ऊपर ९ ग्रैवेयक में नीचे के तीन ग्रैवेयक। जहां अहमिंद्र ही पैदा होते हैं।

अधोगौरव धर्म - *Adhogaurava Dharma.*
A characteristic of matter.
पुद्गल का एक गुणधर्म।

अधोधिम - *Adhodhima.*
Substances like neem, mango, blackberry etc.
नीम, आम, जामुन आदि अधोधिम क्रिया से सिद्ध हुए द्रव्य को अधोधिम कहते हैं। अधोधिम क्रिया का अर्थ सचित्त और अचित्त द्रव्यों की रोपन क्रिया है।

अधोमुख - *Adhomukha.*
Name of the 9th *Narada* (sage).
नवम नारद। अपर नाम उन्मुख।

अधोलोक - *Adholoka.*
Lower part of the universe, lower world.
लोक का निचला भाग। जहाँ ७ राजू में सातों नरक स्थित हैं।

अधोलोक सिद्ध - *Adholoka Siddha.*
Those salvated from lower world.
अधोलोक अर्थात् सम भूमि भाग के नीचे से मुक्त हुए जीव। जैसे लवण समुद्र आदि में उपसर्ग के निमित्त से गिराये गये मुनि को सिद्ध पद की प्राप्ति होने से वे अधोलोक सिद्ध कहलाते हैं।

अधोव्यतिक्रम - *Adhovyatikrama.*
Downward trangression.
दिग्व्रत का एक अतिचार; अज्ञान व प्रमाद से कुंआ, बावड़ी आदि नीचे स्थानों में जाने हेतु की गई मर्यादा का उल्लंघन करना।

अध्ययन - *Adhyayana.*
Self study, study of scripture etc.
धार्मिक अथवा लौकिक शास्त्रों को ज्ञान, विनय आदि गुण सहित पढ़ना।

अध्ययनकुशल साधु - *Adhyayanakuśala Sādhu.*
Learned Jaina-saints.
जो मुनि स्वाध्याय कर दो कोस गमन करता है और जहां आहार मिले ऐसी वसतिका मे जाकर ठहरता है।

अध्ययन क्रिया - *Adhyayana Kriyā.*
Reading of books with reverence & devotion.
समर्पण, विनय आदि सहित शास्त्र पढ़ना।

अध्यवसान - *Adhyavasāna.*
State of uncertainity of soul because of ignorance.
स्व और पर का ज्ञान न होने से जीव की निश्चिति न होना यह अध्यवसान है।

अध्यवसाय - *Adhyavasāya.*
Mental efforts, temperament, Volitions (causing

Karmic bondage).
अभिप्राय, परिणाम, भाव, कषाय सहित भाव, वे भाव जिनसे कर्मों में स्थिति व अनुभाग पड़ता है।

अध्यवसाय स्थान - *Adhyavasāya Sthāna.*
Place obtained by the result of *Karmic* bondage.
सब मूल प्रकृतियों के अपने- अपने उदय से जो परिणाम उत्पन्न होते हैं उनकी ही अपनी-अपनी स्थिति के बंध में कारण होने से स्थिति बंध अध्यवसाय स्थान है।

अध्यात्म - *Adhyātma.*
Spiritual conduct.
समस्त रागादि विकल्पों को छोड़कर अपनी निर्मल आत्मा में आचरण करना अध्यात्म है।

अध्यात्मकमलमार्तण्ड - *Adhyātmakamalamārtaṇḍa.*
A book written by *Pandit* Rajmallaji.
पं. राजमल्लजी (वि. सं.१६३२-१६५०) द्वारा रचित संस्कृत छन्द बद्ध एक आध्यात्मिक ग्रंथ।

अध्यात्मतरंगिनी - *Adhyātmataraṁginī.*
A book in Sanskrit language written by *Acharya* Somdev.
आचार्य सोमदेव द्वारा ४० श्लोक प्रमाण रचित ग्रंथ।

अध्यात्मपदटीका - *Adhyātmapadaṭīkā.*
A book written by *Bhattarak* Shubhchandra.
भट्टारक शुभचन्द्र (ई.१५१६-१५५६) द्वारा रचित एक आध्यात्मिक ग्रन्थ।

अध्यात्मपद्धति - *Adhyātmapaddhati.*
Meditation—method of knowing supreme spirit.
आत्मा के ही आश्रय का निरूपण करना।

अध्यात्मभाषा - *Adhyātmabhāṣā.*
Meditational imagination.
द्रव्यशक्तिरूप शुद्ध भाव की भावना का कथन करना।

अध्यात्मरति - *Adhyātmarati.*
One engrossed in self.
स्व आत्मा के अनुभव में रत जिसको अन्य द्रव्य की अपेक्षा नहीं लेनी पड़ती।

अध्यात्मरहस्य - *Adhyātmarahasya.*
Mystry of supreme spirit, A book written by *Pandit* Aashadharji.
आत्मिक पहचान जिस तरह हो उसे अध्यात्म रहस्य कहते हैं, पं. आशाधर कृत एक संस्कृत ग्रंथ।

अध्यात्मशास्त्र - *Adhyātmaśāstra.*
Scripture on spiritual knowledge (concept).
जिस ग्रंथ में अभेद रत्नत्रय की मुख्यता से आत्मस्वरूप का व्याख्यान किया जाता है। ऐसे समयसार, नियमसार, समाधि शतक आदि ग्रंथ।

अध्यात्मसंदोह - *Adhyātmasaṁdoha.*
A book written by *Acharya* Yogendudeva.
आचार्य योगेन्दुदेव (ई.श.९ उत्तरार्ध) द्वारा विरचित अपभ्रंश दोहा बद्ध आध्यात्मिक ग्रंथ।

अध्यात्म सवैया - *Adhyātma Savaiyā.*
A book written by *Pandit* Roopchand Pandey.
पं. रूपचन्द पाण्डे (ई.श. १६००-१६२५) द्वारा अध्यात्म पर रचित एक ग्रन्थ।

अध्यात्मसार - *Adhyātmasāra.*
A book written on spiritual matters.
अध्यात्म विषयक एक ग्रंथ (ई.श.१७)।

अध्यात्मस्थान - *Adhyātmasthāna.*
Natural meditational place-free from all illusions.
विशुद्ध आत्मतत्त्व को प्राप्त करने का स्थान।

अध्यारोप - *Adhyāropa.*
Super imposition - false imagination.
निराधार या मिथ्या कल्पना।

अध्यास - *Adhyāsa.*
Erroneous transposition of attributes.
स्वपर लक्षणों का भेदज्ञान न होना अर्थात् मिथ्यारोपण करना।

अध्रुव - *Adhruva.*
Transient nature, A type of sensory knowledge.
क्षणभंगुर, मतिज्ञान का एक भेद - बिजली, दीपक की लौ आदि अध्रुव या अस्थिर वस्तु का ज्ञान।

अध्रुव अनुप्रेक्षा - *Adhruva Anuprekṣā.*
Reflection on transientness.
अनित्य भावना : संसार के भोग्य पदार्थ नाशवान हैं, स्थिर नहीं हैं बारबार ऐसा चिंतन करना।

अध्रुव अवग्रह - *Adhruva Avagraha.*
Transient apprehension; a type of sensory knowledge.
मतिज्ञान का एक भेद ; पर्वत आदि स्थिर पदार्थों का दर्शन के अनन्तर ग्रहण होना।

अध्रुव कर्म प्रकृति - *Adhruva Karma Prakṛti.*
A type of *Karmic* nature of inconstant binding.
१४८ कर्म प्रकृतियों में ७३ कर्मप्रकृति जिनका बंध निरंतर नहीं होता।

अध्रुवग्राही - *Adhruvagrāhī.*
Transient grasping.
देखें - अध्रुव अवग्रह।

अध्रुव बन्ध - *Adhruva Bandha.*
Transient, Non-eternal bond (reg. Karma).
जो बंध निरन्तर न हो, अंतर सहित हो।

अध्वगत - *Adhvagata.*
A type of renunciation.
प्रत्याख्यान का एक भेद।

अध्वर - *Adhvara.*
Synonym of *Pooja* (worshipping).
पूजा का एक पर्यायवाची नाम।

अध्वा - *Adhvā.*
Pervasion of islands & oceans.
द्वीप सागरों की एक दिशा का विस्तार, इसे दुगुना करने पर रज्जू का प्रमाण निकलता है।

अध्वान - *Adhvāna.*
Spatial path.
आकाश, अंतरिक्ष, नक्षत्र आदि मार्ग।

अनंगक्रीडा - *Anaṁgakrīḍā.*
Un-natural sex.
काम सेवन के योग्य अंगों को छोड़कर अन्य अंगों व अन्य रीति से काम क्रीडा करना अनंगक्रीडा है।

अनंत - *Anaṁta.*
Infinite, Endless.
जिसका अंत न हो, एक प्रकार का अलौकिक माप।

अनंत कथा - *Anaṁtakathā.*
A book written by '*Acharya* Padmanandi'.
आचार्य पद्मनन्दि (ई.१२८०-१३३०) की संस्कृत छंद बद्ध रचना।

अनंतकायिक - *Anaṁtakāyika.*
General plants, A category of plants (one sensed).
मूली आदि वनस्पति जिनमें अनंत जीव निवास करते हैं और सभी की जन्म, मरण, आहार, श्वासोच्छ्वास आदि क्रियायें एक साथ होती हैं।

अनंतकाल - *Anaṁtakāla.*
Infinite time.
काल जिसका आदि और अंत न हो।

अनंतकीर्ति - *Anaṁtakīrti.*
Name of some *Acharyas.*
कुछ आचार्यों का नाम (१) प्रमाण्यभंग के कर्ता (ई. श. ८), (२) यशःकीर्ति के दादागुरु व ललितकीर्ति (ई. ११८९) के गुरू आदि।

अनंत गणनांक - *Anaṁta Gaṇanāṁka.*
Infinite cardinals.
गणना के जो अनंत अंक हैं। ये अलौकिक गणित से संबंधित है।

अनंतगुणवृद्धि - *Anaṁtaguṇavṛddhi.*
Infinite fold increase.
किसी संख्या में अनंत का गुणा करने पर जो आये उतना किसी में जोड़ देना।

अनंतज्ञान - *Anaṁtajñāna.*
Infinite spiritual knowledge.
केवल ज्ञान जो सर्व लोकालोक के पदार्थों को एक साथ जान लेता है।

अनंतचतुर्दशी व्रत - *Anaṁtacaturdaśī Vrata.*
A vow (fasting).
अनंतचतुर्दशी का व्रत जो १४ वर्ष तक भाद्रपद सुदी १४ को किया जाता है।

अनंतचतुष्टय - *Anaṁtacatuṣṭaya.*
Four-excellences of Jaina Lord (infinite conation-knowledge, bliss & power).
अनंतदर्शन, अनंतज्ञान, अनंतसुख और अनंतवीर्य ये ४ मुख्य गुण केवली अर्हंत परमात्मा के प्रकट होते हैं।

अनंतजीव - *Anaṁtajīva.*
Infinite Nigod beings are called Anantjiva.
सूक्ष्मनिगोद राशि को अनंतजीव राशि कहते हैं।

अनंत द्रव्य - *Anaṁta Dravya.*
Infinite substances found in universe.
लोकाकाश में पाये जाने वाले समस्त द्रव्य। ये कथन नानाजीव आदि की अपेक्षा संभव है।

अनंत धर्म - *Anaṁta Dharma.*
Infinite diversity or manifoldness of nature (of any matter).
जीव द्रव्य या किसी भी वस्तु में पाये जाने वाले अनंत गुण अनंत धर्म कहलाते हैं, जो वचन गोचर नहीं किंतु ज्ञानगम्य होते हैं।

अनंतधर्मत्व शक्ति - *Anaṁtadharmatva Śakti.*
Infinite power of righteousness.
परस्पर भिन्न लक्षणस्वरूप जो अनंतस्वभाव उनसे मिला हुआ जो एक भाव जिसका लक्षण है ऐसी सत्ताईसवीं अनंतधर्मत्व शक्ति है।

अनंतनाथ - *Anaṁtanātha.*
The 14th *Tirthankar* (Jaina-Lord) of present era.
वर्तमान काल के चौदहवें तीर्थंकर का नाम। आप महाराजा सिंहसेन एवं महारानी जयश्यामा के पुत्र थे। आपका जन्म ज्येष्ठ कृष्ण १२ एवं मोक्ष चैत्र कृष्ण अमावस को हुआ। आपका वर्ण-क्षत्रिय, वंश-इक्ष्वाकु, देहवर्ण-तप्त स्वर्ण सदृश, चिन्ह-सेही एवं आयु ३० लाख वर्ष थी। आपकी जन्मभूमि अयोध्या (उ.प्र.) है।

अनंतनाथपुराण - *Anaṁtanāthapurāṇa.*
A religious book written by 'Shri Jannacharya ji'.
श्री जन्नाचार्य की एक रचना। (समय- ई. स.१२०९)।

अनंतपर्यायमयत्व - *Anaṁtaparyāyamayatva.*
To involve in infinite modes.
द्रव्य का एक गुण जिसके द्वारा द्रव्य में अनंत पर्यायरूप परिणमन होता है।

अनंतबल मुनि - *Anaṁtabala Muni.*
Name of an ancient Jaina saint.
मेरू की वंदना करके लौटते समय मार्ग में जिनसे रावण ने परस्त्री त्याग का व्रत ग्रहण किया था। इन्हें अनंतवीर्य भी कहते हैं।

अनंतभाग - *Anaṁtabhāga.*
Infinite division.
किसी संख्या में अनंत का भाग देने पर जो राशि आवे वह अनंत भाग है।

अनंतमती - *Anaṁtamatī.*
Female presiding deity of Lord Dharmnath, The

name of a spinster.
भगवान धर्मनाथ की शासन देवी, एक कुंवारी कन्या जो सम्यग्दर्शन के नि:कांक्षित अंग में प्रसिद्ध हुई।

अनंतरक्षेत्रस्पर्श – *Anaṁtarakṣetrasparśa.*
The substance which touches infinite matter.
एक आकाश प्रदेश में स्थित अनंतसत् पुद्गल स्कंधों का संयोग संबंध द्वारा जो स्पर्श होता है वह क्षेत्र स्पर्श, एवं जो द्रव्य अनंतर द्रव्य के साथ स्पर्श करता है वह अनंतर क्षेत्र स्पर्श कहलाता है।

अनंतर गति सिद्ध – *Anaṁtara Gati Siddha.*
Those who got salvation through human destinity (Gati).
जो केवल मनुष्य गति से ही सिद्ध (मुक्त) होते हैं अन्य गति से नहीं।

अनंतरथ – *Anaṁtaratha.*
The son of the king Anaranya and the elder brother of Dasharatha.
राजा अनरण्य के पुत्र तथा दशरथ के बड़े भाई, दीक्षा के बाद जिनका नाम अनंतवीर्य हुआ।

अनंतर बंध – *Anaṁtara Baṁdha.*
A type of *Karmic* bondage.
कार्मण वर्गणा स्वरूप से स्थित पुद्गल स्कंधों का मिथ्यात्वादिक प्रत्ययों के द्वारा कर्म स्वरूप से परिणत होने के प्रथम समय में जो बंध होता है।

अनंतरोपनिधा – *Anaṁtaropanidhā.*
A place of examination of comparability (*Alpabahutva*).
जहां पर निरंतर अल्पबहुत्व की परीक्षा की जाती है वह अनंतरोपनिधा कही जाती है।

अनंतवर्मन – *Anaṁtavarmana.*
A king of *Gang* dynasty of Odissa.
गंगवशी राजा, जो उड़ीसा में राज्य करता था।

अनंतविजय – *Anaṁtavijaya.*
The son of '*Bhagvan* Rishabhadev' (Jaina - Lord).
भगवान ऋषभदेव के पुत्र तथा भरतचक्रवर्ती के छोटे भाई।

अनंतवीर्य – *Anaṁtavīrya.*
Name of the 8th *Tirthankar* of *Videh kshetra* (region) and the 24th *Tirthankar* of past era and the first salvated soul of present era.
विदेह क्षेत्र के ८ वें एवं भूतकालीन २४ वें तीर्थंकर एवं भगवान ऋषभदेव के पुत्र जो इस युग में सर्वप्रथम मोक्ष गये।

अनंतवीर्य – *Anaṁtavīrya.*
Infinite power of knowing omniscience.
सिद्धों का एक गुण - केवलज्ञान के विषय में अनंत पदार्थों को जानने की शक्ति।

अनंतवीर्य – *Anaṁtavirya.*
A disciple of *Pandit* Gonsen, Name of an *Acharya* of *Dravid* group.
गोणसेन पण्डित के शिष्य जिन्होंने सिद्धविनिश्चय टीका ग्रन्थ की रचना की, द्रविड़ संघी आचार्य जिन्होंने जम्बूद्वीप पण्णत्ति ग्रंथ लिखा (ई.स. ९७५-१०२५)।

अनंतव्रत कथा – *Anaṁtavrata Kathā.*
A religious book written by 'Padmanandiji'.
पद्मनन्दिजी (ई. सन् १३२८-१३९३) द्वारा रचित एक ग्रन्थ।

अनंतशक्ति – *Anaṁtaśakti.*
Infinite power existed in all substances.
प्रत्येक द्रव्य में विद्यमान अनंतवीर्य।

अनंतसुख – *Anaṁtasukha.*
Infinite bliss of omniscient.
केवलज्ञानी को प्राप्त हुआ सुख।

अनंता – *Anaṁtā.*
Name of a chief Aryika in the assembly of Lord Sumatinath.
तीर्थंकर सुमतिनाथ के समवसरण की मुख्य आर्यिकाओं में से एक।

अनंताणु वर्गणा – *Anaṁtāṇu Vargaṇā.*
A type of aggregate of *Karmic* molecules.
अभव्यों से अनंतगुणे और सिद्धों से अनंतवें भाग प्रमाण से गुणित प्रदेशों वाली वर्गणा। २३ वर्गणाओं में से एक भेद।

अनंतानंत – *Anaṁtānaṁta.*
Infinite times of Infinite.
अनंत में अनंत का गुणा करने पर प्राप्त राशि।

अनंतानंत प्रदेशी वर्गणा – *Anaṁtānaṁta Pradeśī Vargaṇā.*
A type of aggregate grouping of *Karmic* molecules.
एक परमाणु रूप वर्गणा से लेकर एक-एक परमाणु की वृद्धि करते हुए एक प्रदेशी वर्गणा से लेकर अनंतानंत क्रम पर आने वाली वर्गणा।

अनंतानुबंधी – *Anaṁtānubaṁdhī.*
A type of possessing passion leading to endless mundane existence.
अनंत संसार का कारण होने से मिथ्यादर्शन अनंत कहलाता है तथा जो कषाय उसके अनुबंधी हैं, वे अनंतानुबंधी क्रोध, मान, माया, लोभ हैं।

अनंतानुबंधी प्रकृति – *Anaṁtānubaṁdhī Prakṛti.*
Karmic nature of *Anantanubandhi.*
जिसके उदय से जीव का अनंत संसार से बन्ध होता है अथवा कषाय से अनुबंधित होना; अनंत संसार के कारण क्रोध, मान, माया, लोभ कषाय; जो सम्यग्दर्शन का घात करे।

अनंतानुबंधी चतुष्क – *Anaṁtānubaṁdhī Catuṣka.*
The four passions leading to endless mundane existence.
क्रोध, मान, माया, लोभ को अनंतानुबंधी चतुष्क कहते हैं।

अनंतावधि जिन – *Anaṁtāvadhi Jina.*
The omniscient Lord (immortal one i.e. free from birth death cycle).

अंत और अवधि से रहित केवली भगवान।

अनंतावधि ज्ञान – *Anaṁtāvadhi Jñāna.*
Knowledge of eternal substances.
ऐसे पुद्गल द्रव्य का ज्ञान जिसका अंत और अवधि नहीं होते।

अनंश – *Anaṁśa.*
Indivisible, Without having the right of heir.
अखंड, जिसका पैतृक सम्पत्ति पर कोई अधिकार न हो।

अनक्षर वचन – *Anakṣara Vacana.*
Conducting mute dialogues of gestures.
चुटकी बजाना, अंगुली आदि के इशारे से दूसरों को अपने अभिमुख करना।

अनक्षरात्मक भाषा – *Anakṣarātmaka Bhāṣā.*
Language having mute dialogues of gestures, cries of animals etc.
द्वीन्द्रिय से लेकर असंज्ञी जीवों, पंचेन्द्रिय संज्ञी, मूक जीवों एवं बालक की भाषा।

अनक्षरात्मक श्रुतज्ञान – *Anakṣarātmaka Śrutajñāna.*
Mute knowledge gained by touching etc.
जो श्रुतज्ञान अक्षरों के द्वारा न हो, जैसे शीत आदि के स्पर्श से इष्ट-अनिष्ट का ज्ञान होना।

अनगार – *Anagāra.*
Jaina - saint (homeless ascetic).
घर - ग्रहस्थी के ममत्व से रहित निष्परिग्रही साधु।

अनगार धर्म – *Anagāra Dharma.*
Conduct and discipline of Jaina - saints.
अट्ठईस मूलगुणों से युक्त मुनिचर्या।

अनघ – *Anagha.*
Sinless, pious.
पाप रहित।

अनगार धर्मामृत – *Anagāra Dharmāmṛta.*
A religious treatise written by '*Pandit* Ashadharji'.
मुनिधर्म पर पं. आशाधर (ई. स. ११७३ - १२४३) द्वारा रचित शास्त्र।

अनतिवृत्ति – *Anativṛtti.*
Non-transgression, Non-violation.
उल्लंघन से रहित (शास्त्रानुकूल) वृत्ति।

अनधिगत चारित्र – *Anadhigata Cāritra.*
Pious conduct originated by preachings.
चारित्र मोह का क्षयोपशम होने पर बाह्य उपदेश के निमित्त से विरति परिणाम को प्राप्त करना।

अनधिगत चारित्रार्य – *Anadhigata Cāritrārya.*
Those (*Aryas*) having *Anadhigata Charitra.*
जो अन्दर में चारित्रमोह का क्षयोपशम होने पर बाह्य उपदेश के निमित्त से विरति परिणाम को प्राप्त हुए हों।

अनध्यवसाय – *Anadhyavasāya.*
Non-effort, Indecision or uncertaintity.
सम्यग्दर्शन का बाधक एक दोष, निश्चय करने के लिये अनुत्साह, आलस्य का होना।

अननुगामी – *Ananugāmī.*
A type of clairvoyance.
अवधिज्ञान का एक भेद। जो अवधिज्ञान जीव के साथ अन्य क्षेत्र या अन्य भव में नहीं जाता।

अननुभाषण – *Ananubhāṣaṇa.*
A type of blame point (*nigrah sthan*).
निग्रह स्थान का नाम - वादी के तीन बार कहे और सभासद के जाने अर्थ को सुनकर प्रतिवादी कुछ न कहे तो वह अननुभाषण नामक निग्रह स्थान है।

अनन्तगुणहानि – *Anantaguṇahāni.*
Mode of infinite time decrease.
अगुरुलघु गुण की ६ हानिरूप पर्यायों में एक पर्याय।

अनन्तज्ञान – *Anantajñāna.*
Infinite knowledge (omniscience).
केवलज्ञान।

अनन्त धर्मात्मकत्व – *Ananta Dharmātmakatva.*
Matter having infinite modification.
द्रव्य; जिसमें अनेक गुण एवं पर्याय पायी जाती है।

अनन्तभाग वृद्धि – *Anantabhāga Vṛddhi.*
Mode of infinite part increase.
अगुरुलघुगुण के अविभाग प्रतिच्छेदों की ६ वृद्धि रूप प्रतिसमय परिणमन होने वाली अर्थ पर्यायों में एक पर्याय।

अनन्तभाग हानि – *Anantabhāga Hāni.*
Mode of infinite part decrease.
अगुरुलघुगुण की स्वभाव अर्थपर्यायों में छः हानिरूप पर्यायों में एक पर्याय।

अनन्तरागम – *Anantarāgama.*
Supernatural scripture; transcendental resonant speech of *Tirthankars* (Jaina-Lords).
तीर्थंकरों के मुख से निकली दिव्य ध्वनि (वाणी)।

अनन्त वर्ग – *Ananta Varga.*
Infinite multiplied by Infinite.
अनन्त का अनन्त में गुणा।

अनन्त विज्ञान – *Ananta Vijñāna.*
Supreme knowledge.
केवलज्ञान।

अनन्त वियोजक – *Ananta Viyojaka.*
Infinitely dissociative.
जो अनंतगुणा खंडित हो जाय।

अनन्त सम्यक्त्व – *Ananta Samyaktva.*
Infinite serenity (righteousness).
क्षायिक सम्यक्त्व ; नौ लब्धियों में एक लब्धि।

अनन्तानुबन्धी कषाय – *Anantānubandhī Kaṣāya.*
Intense passion causing binding with worldly affairs infinitely.

अनंतसंसार के भ्रमण का अनुबंध कराने वाली कषाय।

अनन्तानुबन्धी वियोजक – *Anantānubandhī Viyojaka.*
Separator of the passions causing to infinite births.
अनंतानुबंधी कषाय का विसंयोजन (संक्रमण) करने वाला।

अनन्य – *Ananya.*
Unique, Entire devotion.
अभिन्न - जीव का स्वभाव ज्ञान और दर्शन।

अनन्य परिणाम – *Ananya Pariṇāma.*
Inalienable modes.
अभिन्न परिणाम ; शुद्धनयसे आत्मा का ज्ञान दर्शन रूप परिणाम।

अनन्यमय – *Ananyamaya.*
Entire devotion.
जिसके कारण जीव स्वभाव में ज्ञान दर्शन है, चैतन्य है।

अनपवद्मक – *Anapavadmaka.*
Eternal.
अजर - अमर।

अनपवर्ति आयुष्क – *Anapavarti Āyuṣka.*
Those possessing prolonged life.
वे देव, नारकी, मोक्ष जाने वाले जीव आदि जिनकी आयु नहीं घटती अर्थात् अकाल मरण नहीं होता।

अनपवर्त्यायुष – *Anapavartyāyuṣa.*
See - *Anapavarti Āyuṣka.*
देखें - अनपवर्ति आयुष्क।

अनपायी – *Anapāyī.*
Unadulterous persons.
अव्यभिचारी।

अनपेक्ष – *Anapekṣa.*
Disregarding.
स्वतंत्र, दूसरे की अपेक्षा न रखने वाला, निष्पक्ष।

अनभिगत चारित्र – *Anabhigata Cāritra.*
Self conduct, not gained by others' preaching.
जो चारित्र दूसरे के उपदेश के बिना प्राप्त हो।

अनभिज्ञ – *Anabhijña.*
Unaware, Ignorant.
अव्युत्पन्न अर्थात् वस्तुस्वरूप का ज्ञान न होना।

अनभिग्रहिक – *Anabhigrahika.*
Indiscriminate.
जिसकी विवेचना न की जा सके।

अनभिग्रहीत – *Anabhigrahīta.*
Non - accepted.
दूसरे के उपदेश के बिना ही जो अश्रद्धान मिथ्यात्व कर्म के उदय से होता है।

अनभिग्रहीत मिथ्यात्व – *Anabhigrahīta Mithyātva.*
See - *Anabhigrahīta.*
देखें - अनभिग्रहीत।

अनभिलाप्य – *Anabhilāpya.*
Speechless, Unutterable, Inexpressible.
ऐसे जीवादि पदार्थ जो केवलज्ञान गम्य है, वचनगम्य नहीं है।

अनभिव्यक्त – *Anabhivyakta.*
Implicit, Inexpressed.
जो व्यक्त न हो।

अनभिव्यक्ति – *Anabhivyakti.*
Non - manifestation.
वस्तु के स्वरूप का प्रगट न करना।

अनभिसंधिज – *Anabhisaṁdhija.*
Being without bond, Involuntary.
अनुबंध रहित, अनिहितार्थ।

अनभ्यावृत्ति – *Anabhyāvṛtti.*
Lack of repetition.
पुनरुक्ति का अभाव।

अनयंकरा भाषा – *Anayaṁkarā Bhāṣā.*
Vulgar language.
शील खण्डन करनेवाली, विद्वेष करनेवाली भाषा।

अनय – *Anaya.*
Name of a planet, Misfortune, Injustice.
८८ ग्रहों में ४१ वें ग्रह का नाम, दुर्भाग्य, अन्याय।

अनरण्य – *Anaraṇya.*
A king of *Raghu* dynasty.
रघु वंश का एक राजा, दशरथ के पिता।

अनर्थक पदत्व – *Anarthaka Padatva.*
Improper representation of scriptures.
आगम में जिस प्रकार से वस्तु व्यवस्था है उसी प्रकार से प्ररूपण न होना।

अनर्थ दंड – *Anartha Daṁḍa.*
Purposeless sinful activities.
मन वचन काय से होने वाली ऐसी क्रिया जो उपकारी न होकर मात्र पाप का अर्जन कराती हों।

अनर्थसंतति – *Anarthasaṁtati.*
Lineage on the wrong path.
मिथ्यात्व, पाप को बढ़ाने वाली परंपरा (राग, द्वेष, मोह इत्यादि)।

अनर्द्धि प्राप्तार्य – *Anarddhi Prāptārya.*
Arya, without any supernatural power.
ऋद्धि रहित आर्य।

अनर्पण – *Anarpaṇa.*
Viewed from other standpoint, Devotionless.
समर्पण रहित।

अनर्पित – *Anarpita.*
Something, not having prominece from one point of view.
प्रयोजन के अभाव में जिसकी प्रधानता नहीं रहती।

अनल – *Anala.*
fire.

अग्नि।

अनलकायिक – *Analakāyika.*
Firebodied beings (one sensed).
अग्नि ही जिसका शरीर है, ऐसे अग्निकायिक जीव।

अनवधि – *Anavadhi.*
Unlimited, infinite.
अवधि रहित, असीमित (अनंत ज्ञान, अनंत सुख)।

अनवधृत – *Anavadhṛta.*
Giving up of irregularity of food.
अनियमित, अमर्यादित भोजन त्याग करना।

अनवधृत अनशन – *Anavadhṛta Anaśana.*
Austerity related to fasting of desirable things, without the wish of future enjoyments.
निराकांक्ष अनशन तप; आगामी भोगों की आकांक्षा से रहित होकर अनशन तप करना।

अनवधृत काल अनशन – *Anavadhṛta Kāla Anaśana.*
Fasting upto death time.
शरीर छूटने तक उपवास धारण करना।

अनवसर्पिणी सिद्ध – *Anavasarpiṇī Siddha.*
Those salvated from *Videh Kshetra* (a region).
विदेहक्षेत्र से सिद्ध, क्योंकि यहां अवसर्पिणी-उत्सर्पिणी आदि काल का विभाजन नहीं है।

अनवस्था – *Anavasthā.*
A fault which is always followed.
वह दोष जिसका सदैव एक-दूसरे द्वारा अनुसरण होता रहे।

अनवस्थाप्य – *Anavasthāpya.*
A type of repentance.
परिहार प्रायश्चित का एक भेद।

अनवस्थित – *Anavasthita.*
A type of clairvoyance *(Avadhigyan).*
अवधिज्ञान का एक भेद। जो सम्यग्दर्शनादि गुणों के बढ़ने व घटने से बढ़े घटे या एक सा न रहे।

अनशन – *Anaśana.*
Fasting.
उपवास-आत्मिक बल की वृद्धि के लिए भोजन आदि का त्याग करना।

अनस्तमी व्रत – *Anastamī Vrata.*
A type of vow.
प्रतिदिन सूर्योदय से ४८ मिनिट बाद तथा सूर्यास्त से ४८ मिनिट पहले भोजन करना तथा शेष समय में चारों प्रकार के आहार का त्याग।

अनाकांक्ष – *Anākāṁkṣa.*
Mortification - freeness from worldly desires.
इन्द्रियों के भोगों की इच्छा के बिना केवल मोक्ष की इच्छा से तप आदि अनुष्ठान करना।

अनाकांक्ष क्रिया - *Anākāṁkṣa Kriyā.*
To disobey the prescribed Jaina discipline.
श्रावक की २५ क्रियाओं में से एक क्रिया-आलस्य से आगम में कही हुई विधि का अनादर करना।

अनाकार - *Anākāra.*
Indeterminate, formless, A type of renunciation.
निराकार - दर्शन उपयोग, सार्थक प्रत्याख्यान के १० भेदों में से एक भेद।

अनाकार उपयोग - *Anākāra Upayoga.*
The indefinite conscious attentiveness.
दर्शन उपयोग।

अनागत - *Anāgata.*
Future time.
भविष्य काल, जो काल आने वाला है।

अनागत प्रत्याख्यान - *Anāgata Pratyākhyāna.*
Renunciation for future.
आगामी काल के लिए त्याग करना।

अनागतावीक्षण - *Anāgatāvīkṣaṇa.*
Anticipation.
भविष्य की गवेषणा।

अनागाढ - *Anāgāḍha.*
Chronic.
पुराना, दीर्घ, स्थायी, डूबा हुआ।

अनाचरणीय - *Anācaraṇīya.*
That which is prohibited or forbidden.
जो आचरण करने के योग्य न हो।

अनाचार - *Anācāra.*
Misconduct, complete violation of observing vows.
विषयों में अत्यन्त आसक्ति वश किसी व्रत को ग्रहण ही नहीं करना या किसी कारण से लिये हुए व्रतों को पूरी तरह छोड़ देना।

अनात्मता - *Anātmatā.*
Selflessness, Deprived of soul.
आत्मा से रहित।

अनात्मभूत - *Anātmabhūta.*
Non-self alienable, Non-integral.
जो लक्षण वस्तु के स्वरूप में मिला हुआ न हो अर्थात् उससे पृथक् हो।

अनात्मवाद - *Anātmavāda.*
Doctrine of not believing soul (self-deception).
आत्मवाद को न मानने वाला एक मिथ्या मत।

अनाथ - *Anātha.*
Orphan, those having no parents or guardian.
जिसके माता पिता आदि कोई संरक्षण करने वाला न हो।

अनादर - *Anādara.*
Disrespect, A peripatetic deity of *Jambudvip* (island).

आदर न करना, बेइज्जत करना, जम्बूद्वीप का अधिपति व्यंतर देव।

अनादि - *Anādi.*
Beginning - less.
जिसका आदि न हो।

अनादि काल - *Anādi Kāla.*
Beginningless period.
जिस काल का कभी प्रारम्भ ही न हुआ हो।

अनादिनय - *Anādinaya.*
A standpoint which accepts existence of beginningless things.
एक पर्यायार्थिक नय- जो अतीतकाल की सत्ता अर्थात् समस्त भरत क्षेत्र, पर्वत, सरोवर, चन्द्र, सूर्य, नरक, स्वर्ग, मोक्ष आदि को स्वीकारता हो।

अनादिनिधन - *Anādinidhana.*
Which has neither beginning nor end.
जिसकी न शुरूआत है और न ही अंत।

अनादिबंध - *Anādibaṁdha.*
Beginningless binding of *Karmas*.
जो कर्मबंध अनादि काल से चला आ रहा हो।

अनादिबंधक - *Anādibaṁdhaka.*
One with beginningless binding of *Karmas*.
अनादिकाल से जिसके बंध चला आ रहा है, कभी रूका नहीं हो।

अनादिबंधी प्रकृति - *Anādibaṁdhī Prakṛti.*
Karmic nature of beginningless bindings.
ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय, नाम, गोत्र, अन्तराय ये ६ कर्म प्रकृतियां।

अनादिमिथ्यादृष्टि - *Anādi Mithyādṛṣṭi.*
One possessing beginningless wrong faith.
जो अनादिकाल से संसार में मिथ्यात्व सहित भ्रमण कर रहा हो।

अनादि सांत - *Anādi Sāṁta.*
Beginningless but with end.
जो अनादि से चला आ रहा हो परन्तु उसका अंत हो जावे।

अनादृत - *Anādṛta.*
An infraction in paying reverence, Name of a peripatetic deity of Jambuvriksh (a tree).
वंदना के ३२ अतिचारों में एक-वंदना में तत्परता या आदर का अभाव, जम्बूवृक्ष का व्यंतर देव।

अनादेय - *Anādeya.*
A *karmic* nature causing non-impressive & lustreless body.
नामकर्म की ९३ प्रकृतियों में एक प्रकृति, जिसके उदय से प्रभारहित निस्तेज शरीर हो।

अनापन्न - *Anāpanna.*
Not guilty.
दोष रहित।

अनाभोग - *Anābhoga.*
An activity - sitting on uncleaned (unbroomed) place, To commit wrongful activities secretly.
श्रावक की २५ क्रियाओं में से एक क्रिया, बिना देखी, बिना साफ की हुई जमीन पर उठना बैठना। लज्जादि के वश में लोगों से छिपाकर दोषादि करना भी अनाभोग कहलाता है (प्रतिक्रमण ग्रन्थत्रयी से)।

अनायतन - *Anāyatana.*
Perversity, Wrong perception, Non - receptacles.
जो धर्म के स्थान न हो; कुदेव, कुगुरू, कुधर्म व इनके सेवक ये ६ अनायतन हैं।

अनारंभ - *Anāraṁbha.*
Freedom from sinful actions.
आरम्भ रहित अवस्था, शुद्धात्म द्रव्य में स्थित होने के कारण योग के व्यापार से निवृत्त हो जाना।

अनार्य - *Anārya.*
Who is not virtuous person.
जो गुणवान सज्जन न हों।

अनार्ष यज्ञ - *Anārṣa Yajña.*
Violenceful sacrificial rite.
यज्ञ का एक भेद। जो हिंसा से सहित होता है।

अनालब्ध - *Anālabdha.*
An infraction in paying reverence, to pay reverence with some expectation.
वंदना के ३२ अतिचारों में एक - उपकरणादि की आशा से वंदना करना।

अनालोच्य वचन - *Anālocya Vacana.*
A type of untrue speech (disclosing others' wrong conduct).
असत्य का एक भेद- विपरीत सत् पदार्थ का प्रतिपादन करने वाला वचन।

अनावृत - *Anāvṛta.*
A peripatetic deity of *Jambu* island.
जम्बूद्वीप का रक्षक व्यंतर देव।

अनावृष्टि - *Anāvṛṣṭi.*
Drought.
वर्षा की कमी होना।

अनासक्ति - *Anāsakti.*
Non-attachment.
आसक्ति अर्थात् अनुरक्ति से रहित होना।

अनासद - *Anāsada.*
Unobstructive.
बाधा रहित।

अनास्रव - *Anāsrava.*
Non-influx.
कर्मो का आस्रव न होना।

अनास्रव योग - *Anāsrava Yoga.*
Yoga not accompained by *karmic* flow.
कर्म आस्रव से रहित योग की क्रिया।

अनास्वाद्य - *Anāsvādya.*
Not tastable.
स्वाद रहित पदार्थ।

अनाहत चक्र - *Anāhata Cakra.*
A cycle of paradoxical 'unstruct sound' achieved in meditation.
जिसमें 'हूँ' के ध्यान से इष्ट की सिद्धि, ऋद्धि, ऐश्वर्य आदि प्राप्त होता है तथा संसार का नाश होता है।

अनाहार - *Anāhāra.*
Not having eaten, fasting.
आहार का त्याग, उपवास।

अनाहारक - *Anāhāraka.*
One who observes abandonment related to *Karmic* intake.
जीव का औदारिक, वैक्रियिक, आहारक इन तीन शरीर व आहारादि ६ पर्याप्तियों के योग्य वर्गणाओं को ग्रहण न करना।

अनिंदित - *Aniṁdita.*
Blameless one, A type of peripatetic deity (*Kinnar*).
निंदा से रहित, व्यंतर देवों में किन्नर जाति के देवों का एक भेद।

अनिंद्रिय - *Aniṁdriya.*
Internal sense (mind).
जिसके इन्द्रियां नहीं पायीं जाती, जैसे-मन।

अनिंद्रिय जीव - *Aniṁdriya Jīva.*
Salvated soul.
शरीर रहित सिद्ध, इनका ज्ञान व सुख अनिन्द्रिय अर्थात् केवल आत्मा से उत्पन्न हुआ है।

अनिःसरणात्मक तैजस शरीर - *Aniḥsaraṇātmaka Taijasa Śarīra.*
A luminous body.
औदारिक, वैक्रियिकऔर आहारक शरीर में रौनक लाने वाला।

अनिःसृत - *Aniḥsṛta.*
A type of sensory knowledge.
मतिज्ञान का एक भेद। वस्तु के एक भाग को देखकर पूरी वस्तु को जान लेना अनिःसृत ज्ञान है।

अनिकाचितकरण - *Anikācitakaraṇa.*
Karmas influenced in 4 special stages (viz. premature operation etc.).
उदीरणा, उत्कर्षण, अपकर्षण, संक्रमण चारों ही अवस्थाओं को प्राप्त कर्म।

अनिकेत - *Aniketa.*
A homeless Jain ascetic.
साधु ; गृहहीन, जिसका कोई नियत निवासस्थान न हो।

अनित्थं - *Anitthaṁ.*
Irregular configuration.
जिसके आकार के संदर्भ में कुछ कहा नहीं जा सकता हो। जैसे-मेघ आदि।

अनित्थं संस्थान - *Anitthaṁ Saṁsthāna.*
Irregular association.
संस्थान के दो भेदों में एक भेद ; अनेक प्रकार के आकार जो बनते बिगड़ते रहते हैं।

अनित्य - *Anitya.*
Impermanent, Transient.
क्षणभंगुर, विनाशीक।

अनित्य अव्यक्तव्य - *Anitya Avyaktavya.*
Transient-cum-indescribable.
क्षणिक जो कहने में न आये।

अनित्य तादात्म्य - *Anitya Tādātmya.*
Non-eternal identity.
नश्वर शरीर का आत्मा के साथ एकमेक संबंध होना।

अनित्यत्व - *Anityatva.*
Impermanence, transient existence.
क्षणभंगुरपना। जैसे-पर्याय अनित्य है।

अनित्य नय - *Anitya Naya.*
A standpoint—to know transient situation of matter.
४७ नयों में से एक नय, आत्मद्रव्य अनित्य नय से राम-रावण की भांति अनवस्थायी है।

अनित्य निगोद - *Anitya Nigoda.*
Impermanent Nigod life.
इतर निगोद उन जीवों की राशि जो चतुर्गति में परिभ्रमण करते हुये निगोद में आते जाते रहते हैं।

अनित्यवाद - *Anityavāda.*
Non-eternalism.
एक स्वतंत्र वाद; एकांत से वस्तु को क्षणभंगुर मानने वाला मत।

अनित्य समा जाति - *Anitya Samā Jāti.*
Parity as per non - eternality.
साधर्म्य मात्र से तुल्य धर्म सहितपना सिद्ध हो जाने से सभी पदार्थो में अनित्यत्व का प्रसंग उठाना अनित्य समाजाति है।

अनिदान - *Anidāna.*
Bond-free, Desire free.
आगामी भव में भोग आदि की आकांक्षा का न होना।

अनिन्द्रिय निबन्धन - *Anindriya Nibandhana.*
Mental control; controlling of sense organs.
मन पर नियंत्रण करना।

अनिह्नव - *Aninhava.*
Not to keep secret of the source of knowledge.
जिस गुरू या शास्त्र से ज्ञान प्राप्त किया है उसका नाम नहीं छिपाना।

अनिबद्ध मंगल – *Anibaddha Maṁgala.*
To pay reverence to the Lord while beginning any auspicious literary job by a writer.
ग्रन्थों को लिखते या वाचना प्रारंभ करते समय ग्रंथकर्ता के द्वारा जो देवतानमस्कार स्वयं रचा जाता है वह अनिबद्ध मंगल है।

अनियत – *Aniyata.*
Unrestricted, Indefinite movement.
जो नियत नहीं है, अर्थात् गतिशील है।

अनियत गामी – *Aniyata Gāmī.*
See - *Aniyata Cārī.*
देखें - अनियत चारी।

अनियत चारी – *Aniyata Cārī.*
Saints having no certain schedule about walking around.
जिनके रहने का कोई निश्चित स्थान न हो तथा जो सतत विहार करते रहते हैं ऐसे जैन साधु।

अनियतवास – *Aniyatavāsa.*
See - *Aniketa.*
देखें - अनिकेत।

अनियत विपाक – *Aniyata Vipāka.*
Uncertain fruition of Karmas.
कर्मों का अनिश्चित समय पर उदय में आना।

अनियतवृत्ति – *Aniyatavṛtti.*
Restrictionless activities.
प्रतिबंधन से रहित कार्य-क्रियाएं।

अनिरुद्ध – *Anirūddha.*
Unobstructed, Grandson of Shri Krishna.
बाधा रहित, श्री कृष्ण का पोता व प्रद्युम्न का पुत्र।

अनिर्वचनीय – *Anirvacanīya.*
Inexpressible in words.
अवक्तव्य, जिसका वचनों से कथन न हो सके।

अनिल – *Anila.*
Wind, A presiding deity of a lunar '*Swati*', A king of *Rakshas* dynasty.
वायु, स्वाति नक्षत्र का अधिपति देवता,राक्षसवंश का एक राजा।

अनिवर्तकनाथ – *Anivartakanātha.*
The 20th *Tirthankar* (Jaina-Lord) of future time.
भरतक्षेत्र के भविष्यकाल के २०वें तीर्थंकर।

अनिवर्तिन – *Anivartin.*
Unaccomplishment.
अनिष्पन्नता।

अनिवार्यसत्ता – *Anivāryasattā.*
Inevitable existence.
अनिवार्य शासन का होना।

अनिवृत्तिकरण – *Anivṛttikaraṇa.*
Progressive results of all beings in the 9th advance spiritual stage of development (*Gunsthan*).
९ वां गुणस्थान, जिसमें सभी जीवों के परिणाम समानरूप से वृद्धि को प्राप्त होते हैं।

अनिश्रित – *Aniśrita.*
The object partly hidden and partly seen.
पदार्थ जो आंशिक गौण व आंशिक दृश्यमान हो।

अनिष्ट – *Aniṣṭa.*
Undesirable.
अप्रिय, अवांछित, मन को संताप देने वाला।

अनिष्टकारक – *Aniṣṭakāraka.*
Harmful.
जो अनिष्ट कार्य में कारण हो, अभक्ष्य आदि।

अनिष्ट निवृत्ति – *Aniṣṭa Nivṛtti.*
Separation from undesirable (sins etc.).
पाप से निवृत्ति या पाप क्रिया का त्याग।

अनिष्टपक्षाभास – *Aniṣṭapakṣābhāsa.*
Favour - unacceptable.
जो पक्षाभास वादी को इष्ट न हो।

अनिष्ट संयोग – *Aniṣṭa Saṁyoga.*
Undesirable coincidental meeting.
आर्तध्यान का एक भेद; अप्रिय वस्तु या व्यक्ति के संयोग से निरंतर चिंतित या दुखी रहना।

अनिष्णात श्रोता – *Aniṣṇāta Śrotā.*
Undeserving listeners.
जिसका जिनवचन में प्रवेश नहीं है।

अनिष्पन्न – *Aniṣpanna.*
Non-existent, Incomplete.
जो सम्पन्न न हुआ हो अर्थात् अधूरा कार्य।

अनिसृतग्राही – *Anisratagrāhī.*
Complete apprehension with partial expression.
अनिसृत मतिज्ञान ; वस्तु के एक भाग को देखकर पूरी वस्तु को जान लेना।

अनीक (देव) – *Anīka (Deva).*
A title of deities (who become like army).
देवों की १० श्रेणियों में एक भेद, जो देव सेना के रूप में बन जाते हैं। वृषभ, रथ, तुरग (घोड़ा), मदगल (हाथी), नर्तक, गंधर्व और भृत्य वर्ग ये सौधर्म इन्द्र की सात अनीक सेनाएं हैं।

अनीकदत्त – *Anīkadatta.*
The son of Vasudeva and brother of Shri Krishna.
वसुदेव का पुत्र, श्रीकृष्ण का भाई।

अनीकपाल – *Anīkapāla.*
One - who was born with Anikadatta.
अनीकदत्त-अनीकपाल ये दोनों पुत्र देवकी ने एक साथ जन्में थे जिन्हें कंस के भय से अलका सेठानी के यहां पहुंचा दिया था।

अनीकिनी – *Anīkinī.*
A division of ancient army.
प्राचीनकालीन सेना के ९ भेदों में से एक भेद।

अनीहार – *Anīhāra.*
Peaceful death in own place.
प्रायोपगमनमरण में उपसर्ग के अभाव में स्वस्थान में ही मरण होना।

अनु – *Anu.*
Subsequently, According to.
पीछे, सादृश्य, समान, अनुकूल सहायक।

अनुकंपा – *Anukaṁpā.*
Compassion, Sympathy.
दूसरे की पीड़ा से द्रवित हो जाना।

अनुकृति – *Anukṛti.*
A type of disquisition door (*Anuyogdvar*).
जो अनुयोगद्वार प्रत्येक स्थिति के स्थितिबंधाध्यवसाय स्थानों की समानता व असमानता को बतलाता है।

अनुकृष्टि – *Anukṛṣṭi.*
Subsequent *krishti* - gradual destruction of passions.
प्रति समय परिणामों में जो खण्ड उपलब्ध होते हैं।

अनुकृष्टि गच्छ – *Anukṛṣṭi Gaccha.*
A mathematical term.
ऊर्ध्व गच्छ-संख्यात।

अनुकृष्टि चय – *Anukṛṣṭi Caya.*
A mathematical term.
विवक्षित गुणहानि का ऊर्ध्वचय - अनुकृष्टि गच्छ।

अनुक्त – *Anukta.*
A type of sensory knowledge.
मतिज्ञान का एक भेद - बिना कहे, अभिप्राय मात्र से ही जान लेना।

अनुक्रम – *Anukrama.*
Succession, Order, Sequence.
क्रम के अनुसार कथन करना।

अनुश्रेणी – *Anuśreṇī.*
Sequence, Lineage.
श्रेणीबद्ध, क्रमवार।

अनुगताकार – *Anugatākāra.*
Imitational knowledge.
सादृश्य, यह वही है ऐसा ज्ञान।

अनुगम – *Anugama.*
Confirming knowledge, Induction.
केवली, श्रुतकेवलियों की परम्परा के अनुरूप ज्ञान।

अनुगामी – *Anugāmī.*
Succeeding knowledge—a type of clairvoyance which remains occurring even in another incarnation of one.
अवधिज्ञान का एक भेद, अगले भव तक साथ-साथ जाने वाला ज्ञान।

अनुज्ञा – *Anujñā.*
To give right, Sanction.
आज्ञा, समाधि के समय क्षपक की एवं शुभाशुभ निमित्तों की परीक्षा करके आचार्य उसे अनुज्ञा देते हैं।

अनुग्रह – *Anugraha.*
Means beneficial to both giver and recipient.
अपना तथा दूसरों का उपकार।

अनुचर – *Anucara.*
Attendant.
अनुयायी, सेवक।

अनुचिंतन – *Anucinṁtana.*
Constant reflection (thinking).
बारबार चिंतन करना।

अनुजीवी गुण – *Anujīvī Guṇa.*
Internal virtues.
द्रव्यों के भावस्वरूप गुण। जैसे-सम्यक्त्व, चास्त्रि, सुख, चेतना।

अनुत् कषायी – *Anut Kaṣāyī.*
One with less passions.
अल्पकषाय से सहित जीव।

अनुत्कृष्ट – *Anutkṛṣṭa.*
Non- maximum.
जो उत्कृष्ट नहीं है। उत्कृष्ट और जघन्य के बीच की संख्या।

अनुत्कृष्ट अनुभाग बन्ध – *Anutkṛṣṭa Anubhāga Bandha.*
Non-maximal bond.
उत्कृष्ट से कम अनुभाग बंध का होना।

अनुत्कृष्ट प्रकृति बन्ध – *Anutkṛṣṭa Prakṛti Bandha.*
Non-maximal configuration bond.
उत्कृष्ट प्रकृति बंध से कम प्रकृति बंध होना।

अनुत्कृष्ट प्रदेश बन्ध – *Anutkṛṣṭa Pradeśa Bandha.*
Non- maximal bond of space point.
उत्कृष्ट प्रदेश बंध से कम बंध होना।

अनुत्कृष्ट स्थिति बन्ध – *Anutkṛṣṭa Sthiti Bandha.*
Non-minimal life time bond (reg. Karmas).
उत्कृष्ट स्थिति बंध से कम बंध होना।

अनुत्तर – *Anuttara.*
The best.
जिस श्रुत का उत्तर नहीं है अर्थात् जिससे उत्कृष्ट कोई अन्य नहीं हो।

अनुत्तर गति – *Anuttara Gati.*
State of salvation.
सर्वोत्तम गति, निश्चित स्थिर गति, सिद्ध गति।

अनुत्तर ज्ञान – *Anuttara Jñāna.*
Omniscience.
केवल ज्ञान।

अनुत्तर देव – *Anuttara Deva.*
A type of heavenly aboding deities of 5 Anuttar Viman.
पांच अनुत्तर विमानों (विजय, वैजयन्त, जयंत, अपराजित,

सर्वार्थसिद्धि) में रहने वाले देव।

अनुत्तर स्वर्ग – *Anuttara Svarga.*
The name of a heaven.
कल्पातीत विमानों का एक भेद, ये विमान पाँच होते हैं - विजय, वैजयन्त, जयंत, अपराजित, सर्वार्थसिद्धि।

अनुत्तरोपपादक – *Anuttaropapādaka.*
A type of great saints who take birth in Aunttar heaven after their holy death .
ऐसे साधु जो मरण करके पंच अनुत्तरों में उपपाद जन्म से पैदा होते हैं।

अनुत्तरोपपादक दशांग –
Anuttaropapādaka Daśāṁga.
A part of scriptural knowledge (*shrutgyan*).
अंगप्रविष्ट श्रुतज्ञान का नवमां भेद, इसमें वर्णन है कि प्रत्येक तीर्थंकर के समय में १० महामुनि उपसर्ग सहकर अनुत्तर विमानों में जन्म लेते हैं।

अनुत्पत्ति धर्म – *Anutpatti Dharma.*
Religion not initiated.
जिस धर्म की उत्पत्ति न हुई हो।

अनुत्पन्न देव – *Anutpanna Deva.*
A type of peripatetic deities.
जिस धर्म की उत्पत्ति न हुई हो।

अनुत्पादानुच्छेद – *Anutpādānucchеda.*
Lack of non - existence of something.
अनुत्पाद (असत्व) का अभाव होना।

अनुत्सर्पिणी सिद्ध – *Anutsarpiṇī Siddha.*
Soul salvated from *Videh Kshetra* (a region).
विदेह क्षेत्र से मुक्त होने वाले, क्योंकि वहां काल विभाजन नहीं है।

अनुत्सेक – *Anutseka.*
Non-arrogance, Modesty.
श्रेष्ठ होते हुए भी अहंकार रहित होना।

अनुदय – *Anudaya.*
Non-fruition of *karmas.*
कर्मो का उदय न होना।

अनुदिश देव – *Anudiśa Deva.*
A type of heavenly aboding deities of 9 Anudish Viman.
९ अनुदिश विमानों में जन्म लेने वाले देव।

अनुदिश स्वर्ग – *Anudiśa Svarga.*
The name of a heaven.
कल्पातीत विमानों का एक भेद, ये संख्या में ९ होते हैं।

अनुदीरित – *Anudīrita.*
Non - fruition of auspicious & inauspicious *karmas.*
सुख दुख देने वाले कर्मों का उदय नहीं होना।

अनुदीर्ण – *Anudīrṇa.*
Non- fruition of *karmas.*
उदीरणा का विपरीत, जो कर्म उदीरणा को प्राप्त नहीं हुआ है।

अनुदीर्णोपशामना – *Anudīrṇopaśāmanā.*
Synonym of *Akaranopshamana* (a type of subsidence of *karmas*).
अकरणोपशामना का दूसरा नाम अनुदीर्णोपशामना है।

अनुधर्म – *Anudharma.*
Observance of righteous conduct.
धर्म का अनुशरण करना।

अनुपक्रमायुष्क – *Anupakramāyuṣka.*
Timely death (having complete age).
जो आयु पूर्ण करके मरे, वे देव, नारकी, भोगभूमि के जीव व मोक्षगामी जीव अनुपक्रमायुष्क कहलाते हैं।

अनुपचरित – *Anupacarita.*
Real, Unfactitious.
उपाधि या उपचरित का अभाव।

अनुपचरित असद्भूत नय –
Anupacarita Asadbhūta Naya.
Standpoint expressing the unitariness of different substances eg. unity of body & soul.
संश्लेष सहित वस्तुओं के संबंध को विषय करने वाला नय, जैसे 'शरीर जीव का है' ऐसा कहना।

अनुपचरित नय – *Anupacarita Naya.*
Unfactitious standpoint.
जो नय उपाधि या उपचार रहित कथन करें।

अनुपचरित सद्भूत नय –
Anupacarita Sadbhūta Naya.
Standpoint expressing the differentiation between virtues & virtuous one.
शुद्ध गुण व गुणी में भेद का कथन करना, जैसे केवलज्ञान आदि जीव के गुण हैं।

अनुपम – *Anupama.*
Incomparable, The 84th chief disciple of Jaina-Lord Rishabhadev.
अतुलनीय, भगवान ऋषभदेव के चौरासीवें गणधर।

अनुपमान – *Anupamāna.*
Name of a dominion (*Chamar*) of *Chakravarti.*
चक्रवर्ती की ४९ विभूति में चमर का नाम।

अनुपरिवर्तन – *Anuparivartana.*
Rotation.
नियमित।

अनुपरिहारिक – *Anuparihārika.*
Sub attendant.
प्रतिहारी।

अनुपलब्धि (हेतु) – *Anupalabdhi(Hetu).*
Something related to non-availability.
साध्य के सिद्ध करने के लिये जिस हेतु की प्राप्ति साध्य में न मिले।

अनुपलम्भ – *Anupalambha.*
Non-observation, Lack of perception.
अप्रत्यक्ष होना, बोध का अभाव।

अनुपवास – *Anupavāsa.*
Fasting by taking only water.
जल के सिवाय सर्व आहार छोड़कर उपवास करना।

अनुपसंहारी – *Anupasaṁhārī.*
A fallacy; an apparent but unreal reason; non-exclusive.
हेत्वाभास का एक भेद जिसके अंतर्गत पक्ष संबंधी सभी ज्ञान की बातें आ जाती हैं।

अनुपस्थापन – *Anupasthāpana.*
A type of expulsive repentance.
परिहार प्रायश्चित का एक भेद।

अनुपहारक – *Anupahāraka.*
Saints who accept purificatory courses.
जिनकल्प को धारण करने में असमर्थ साधुसंघ में ४०५ साधु परिहार विशुद्धि संयम धारण करते हैं, उनमें एक आचार्य होते हैं और आचार्य के पीछे जो धारण करते हैं वे अनुपहारक।

अनुपात्त – *Anupātta.*
Unacceptable elements (by soul).
वे परमाणु जो आत्मा के द्वारा कर्म - नोकर्म रूप मे ग्रहण करने योग्य नहीं हैं।

अनुपात्त परांगना – *Anupātta Parāṁganā.*
Unacceptable other's wife.
नहीं ग्रहण करने योग्य परस्त्री।

अनुपाप – *Anupāpa.*
Subtle sins.
सूक्ष्मता अथवा चतुराई से किया गया पाप।

अनुपालना शुद्ध प्रत्याख्यान –
Anupālanā Śuddha Pratyākhyāna.
Renunciation having no interference.
रोग में, उपसर्ग में, शिक्षा प्राप्ति के अभाव में, वन में जो प्रत्याख्यान पालन क्रिया भग्न न हो।

अनुप्रवेश – *Anupraveśa.*
Interpenetration.
अनुकरण ; दूसरों की बातों को अपने अंतरंग में डालना।

अनुप्राणित – *Anuprāṇita.*
Imbue.
अपने रंग में रंगना, तर करना (प्रभाव डालना)।

अनुप्रेक्षणा – *Anuprekṣaṇā.*
A type of conscious activity (keen observation).
आगम निक्षेपों में उपयोग का एक भेद।

अनुप्रेक्षा – *Anuprekṣā.*
Meditative state, Contemplation.
किसी बात का बार-बार चिन्तवन करते रहना, ये अनित्य, अशरण आदि १२ प्रकार की होती हैं।

अनुभय असत्य – *Anubhaya Asatya.*
Which is neither true nor false.
जो न सत्य हो न असत्य हो।

अनुभय मनोयोग – *Anubhaya Manoyoga.*
Vibration in soul points through neutral (neither true nor false) mind.
चित्त या स्वभाव की स्थिरता (जो न सत्य हो न असत्य हो)।

अनुभय वचनयोग – *Anubhaya Vacanayoga.*
Vibration in soul points through neutral (neither true nor false) speech.
स्थिर अर्थात् यथार्थ वचन (जो न सत्य हो न असत्य हो)।

अनुभय स्वभाव – *Anubhaya Svabhāva.*
Equanimity (evenness of mind).
चित्त या स्वभाव की स्थिरता।

अनुभव – *Anubhava.*
Experience.
लौकिक व पारमार्थिक सुख-दुःख का वेदन।

अनुभव प्रकाश – *Anubhava Prakāśa.*
A book written by '*Pandit* Deepchand Shah'.
पं. दीपचन्द शाह (ई.१७२२) द्वारा रचित एक आध्यात्मिक ग्रन्थ।

अनुभाग – *Anubhāga.*
Intensity of *karmic* fruition.
कर्मो की फलदान शक्ति।

अनुभाग उदय – *Anubhāga Udaya.*
A type of *karmic* fruition.
कर्म उदय का एक भेद।

अनुभाग काण्डक – *Anubhāga Kāṇḍaka.*
Energy splitting (of *karmas*).
खंडन-अंतर्मुहूर्त तक जो अप्रशस्त कर्मो के अनुभाग का प्रतिसमय अनंतगुणा घटना।

अनुभाग कृष्टि – *Anubhāga Kṛṣṭi.*
Reduction of fruitional intensity of *karmas.*
कर्म की अनुभाग शक्ति का घटाना, समय समय अनंतअनुभाग शक्ति का घटाना।

अनुभाग घात – *Anubhāga Ghāta.*
Energy destruction of *karmas.*
अंतर्मुहूर्त तक जो अप्रशस्त कर्मो के अनुभाग का प्रतिसमय अनंतगुणा दूर होना।

अनुभाग बंध – *Anubhāga Baṁdha.*
Energy bond of *karmas.*
कर्म बंध में कषायों के निमित्त से तीव्र या मंद फलदान शक्ति का पड़ना।

अनुभाग रचना – *Anubhāga Racanā.*
Creation of fruitional intensity of *karmas.*
कर्मो में जो फलदान शक्ति है उसकी जितनी स्थिति है उसमें आबाधाकाल को छोड़कर सर्व कर्म वर्गणाओं का बंट जाना।

अनुभाग सत्त्व – *Anubhāga Sattva.*
State of energy bond in soul.
अनुभाग बंध का आत्मा में अवस्थित रहना।

अनुभाग स्थान – *Anubhāga Sthāna.*
State of energy (fruitful results of *karmas*).
कर्मों में फलदान शक्ति के अंशों का स्थान।

अनुभाग स्वामित्व सन्निकर्ष – *Anubhāga Svāmitva Sannikarṣa.*
Power of energy (fruitful results of *karmas*.) in sense object contact.
कर्मों की फलदान शक्ति से इन्द्रिय सम्पर्क का अधिकार होना।

अनुभाषण – *Anubhāṣāṇa.*
Right pronunciation.
शुद्ध उच्चारण।

अनुभाषण शुद्ध प्रत्याख्यान – *Anubhāṣāṇa Śuddha Pratyākhyāna.*
Pure pronunciation of the lesson of renunciation according to saints.
गुरु के कहे अनुसार अक्षर इत्यादि का शुद्ध उच्चारण करते हुए प्रत्याख्यान पाठ करना।

अनुभूति – *Anubhūti.*
Realisation, Perception.
अनुभव।

अनुभूत्यावरण कर्म – *Anubhūtyāvaraṇa Karma.*
Karmas causing obstruction in perception.
अनुभूति को आवरण करने वाला कर्म।

अनुमत – *Anumata.*
Approved of what has been done.
अनुमति प्राप्त, सम्मत, स्वीकृत।

अनुमति – *Anumati.*
Permission, Approval.
सम्मति, आज्ञा।

अनुमति त्याग प्रतिमा – *Anumati Tyāga Pratimā.*
The 10th model stage of spiritual development (refraining from household activities).
श्रावक की ११ प्रतिमाओं में १० वीं प्रतिमा जिसमें आरंभ में अथवा परिग्रह में या इन दोनों से संबंधित संबंधी कार्यों में अनुमति नहीं होती है।

अनुमन्ता – *Anumantā.*
Consentor.
सम्मति या स्वीकृति देने वाला।

अनुमान – *Anumāna.*
Inference, Anticipation.
साधन से साध्य का ज्ञान प्राप्त करना, जैसे - धुआं देखकर अग्नि का ज्ञान होना।

अनुमान बाधित – *Anumāna Bādhita.*
Refutable inference.
जिस साध्य की सिद्धि में अनुमान से बाधा आवे।

अनुमानाभास – *Anumānābhāsa.*
Inferential fallacy.
जो अनुमान ठीक न हो; जिसमें साध्य व साधन का अविनाभाव सम्बन्ध न मिले।

अनुमानित – *Anumānita.*
A defect of self criticism.
आलोचना का एक दोष - गुरु थोड़ा प्रायश्चित्त देकर अनुग्रह करेंगे ऐसा अनुमान करके माया भाव से आलोचना करना।

अनुमापक – *Anumāpaka.*
One who gives rise to an inference.
अनुमान कराने वाला, जो अनुमान करने का आधार बन सके।

अनुमिति – *Anumiti.*
Limited knowledge.
सीमित ज्ञान।

अनुमेयता – *Anumeyatā.*
Identity.
पहचान।

अनुमोदक – *Anumodaka.*
Supporter.
किये जाने वाले कार्य के प्रति जिसका समर्थन हो।

अनुमोदन – *Anumodana.*
Approval, Approbation, Sanction.
स्वीकृति, अनुज्ञा।

अनुयोग – *Anuyoga.*
Four expositions of Jaina scriptures.
जैनागम के चारों भाग चार अनुयोग कहलाते हैं। प्रथमानुयोग, करणानुयोग, चरणानुयोग तथा द्रव्यानुयोग।

अनुयोगद्वार – *Anuyogadvāra.*
Disquisition door, Gateway of disquisition.
कहे जाने वाले अर्थ को जानने के उपायभूत अधिकार।

अनुयोगद्वार समास – *Anuyogadvāra Samāsa.*
A kind of scriptural knowledge (*Shrutgyan*) i.e. inferential knowledge.
अर्थलिंगज श्रुतज्ञान के बीस भेदों में एक।

अनुयोग समास – *Anuyoga Samāsa.*
A type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
श्रुतज्ञान का एक भेद - अनुयोग ज्ञान के ऊपर जितने ज्ञान के विकल्प हैं वे सब अनुयोग समास के भेद हैं।

अनुयोगी – *Anuyogī.*
Learned in four expositions of Jaina scriptures.
चार अनुयोगों को जानने वाला यह शब्द नैयायिक व वैशेषिक दर्शनाकार आधार व आश्रय के अर्थ में प्रयुक्त होता है जैसे द्रव्य अपने गुणों का अनुयोगी है।

अनुरक्ति – *Anurakti.*
Predilection, Attachment.
आसक्ति, अनुराग।

अनुरथ – *Anuratha.*
Susidiary path or zig-zag way.
उपमार्ग, पगडंडी।

अनुराग – *Anurāga.*
Attachment, Affection, Devotion.
लगाव, समर्पण या वात्सल्य।

अनुराधा – *Anurādhā.*
The 17th lunar mansion; stars in Libra.
२८ नक्षत्रों में एक नक्षत्र का नाम। इसका आकार मोती माला के समान होता है।

अनुरूद्ध – *Anurūddha.*
A king of *Shrenik* & *Nand* dynasty.
श्रेणिक वंश एवं नंद वंश का एक राजा (ई.पू. ४६७ - ४५८)।

अनुलोम – *Anuloma.*
Natural or regular order.
सामान्य की मुख्यता तथा विशेष की गौणता करने से जो अस्तिनास्तिरूप वस्तु प्रतिपादित होती है उसको अनुलोम क्रम कहते हैं।

अनुवाद – *Anuvāda.*
Translation, Interpretation.
प्रसिद्ध अर्थ के अनुकूल कथन करना।

अनुवाद वाक्य – *Anuvāda Vākya.*
Translated sentence / utterance.
विधि का अनुवचन और विधि से जो विधान किया गया उसका अनुवचन।

अनुवीचि भाषण – *Anuvīci Bhāṣaṇa.*
Speaking in accordance with sacred scriptural injunction.
पूर्वाचार्यों की परम्परा का अनुसरण करते हुए आगम के अनुसार बोलना।

अनुवीचि याचना – *Anuvīci Yācanā.*
Polite request.
विनयपूर्वक प्रार्थना करना।

अनुवृत्ति – *Anuvṛtti.*
Conformity, Likeness, Repeating the same.
पीछे से अनुकरण करने वाली प्रतीति को अनुवृत्ति कहते हैं।

अनुवृत्तिप्रत्यय – *Anuvṛttipratyaya.*
Notion of sameness or similarity.
अनुवृत्ति अथवा समानता का भाव या कारण।

अनुवृद्धि – *Anuvṛddhi.*
Subsequent increase.
समय समय पर वृद्धि।

अनुशिष्ट – *Anuśiṣṭa.*
To speech according to scriptures.
आगम के अनुरूप उपदेश देना।

अनुशिष्टि – *Anuśiṣṭi.*
Speech given by *Acharya* to a *kshapaka* saint.
भक्तप्रत्याख्यान विधि का एक अधिकार-आचार्य द्वारा क्षपक को उपदेश देना।

अनुशीलन – *Anuśīlana.*
Deep thinking or study.
श्रमपूर्ण सतत प्रयास।

अनुशोचन – *Anuśocana.*
Continuous thinking.
बार-बार विचार करना।

अनुश्रेणी – *Anuśreṇī.*
Sequence.
श्रेणीबद्ध या क्रमवार।

अनुष्ठान – *Anuṣṭhāna.*
Ritual activity, Ritual performance.
अरहंतों में गुणानुराग रूप भक्ति करना (पूजा - विधान)।

अनुसंचित अद्धा – *Anusaṁcita Addhā.*
Accumulated period.
संचित किया गया समय।

अनुसमयापवर्तना – *Anusamyāpavartanā.*
Simultaneous destruction of infinite sections (related to *karmas*).
एक ही समय में अनंतों काण्डकों का युगपत् घात करना।

अनुसारी ऋद्धि – *Anusārī Ṛddhī.*
A type of supernatural power of perception.
एक ऋद्धि ; दूसरे से किसी एक पद के अर्थ को सुनकर उस ग्रंथ के आदि मध्य अंत का अर्थ धारण कर लेना।

अनुसूर्य तप – *Anusūrya Tapa.*
An austerity—to walk from east to west on the prickly hot day.
कायक्लेश तप का भेद - कड़ी धूप वाले दिन पूर्व से पश्चिम की ओर चलना।

अनुस्नान – Anusnāna.
Engrossed in auspicious acivities (religious chanting etc.).
विशेष पूजादि क्रियाओं में जो मंत्र स्नानादि किया जाता है : मंत्रस्नान, अमृतस्नान।

अनुस्मरण – *Anusmaraṇa.*
Recollection of memories.
पूर्व की अनुभूतियों को पुनःस्मरण करना।

अनुस्मृति – *Anusmṛti.*
Rethinking of sensual pleasures.
भोगोपभोग शिक्षाव्रत का दूसरा अतिचार : इंद्रिय विषयों के सुखों को बार बार याद करना।

अनृजु – *Anṛju.*
Wicked person.
कुटिल - जो सरल मन, वचन, काय से अर्थ के अनुरूप चिन्तवन, ज्ञापन व अभिनय न करता हो।

अनृत वचन – *Anṛta Vacana.*
Speech full of violence.
ऐसे वचन जिनसे हिंसा हो। असत्य वचन।

अनेक – *Aneka.*
Many, Several, Various, Abundant.
विविध, बहुत।

अनेक क्षेत्रस्थ – *Aneka Kṣetrastha.*
Installed/situated in many areas.
अनेक क्षेत्रों में स्थित।

अनेकचित्त – *Anekacitta.*
Manifold desires, fickle minded.
चंचलमना।

अनेकत्व – *Anekatva.*
Variety, Diversity, Abundance.
अनेक रूप अथवा विविध भावों या पर्यायों में स्थित होना।

अनेक नय – *Aneka Naya.*
Different standpoints.
वस्तु के एक-एक धर्म को आश्रय करके नय के अनेक भेद अनेक नय कहलाते हैं।

अनेक प्रदेशत्व – *Aneka Pradeśatva.*
Something with different regionalism.
एक द्रव्य में अनेक प्रदेशों का होना।

अनेक प्रदेशी – *Aneka Pradeśi.*
Matter related to different regionalism.
व्यवहार नय से अनेक प्रदेश वाला द्रव्य।

अनेकान्त – *Anekānta.*
Doctrine of manifold predications.
एक ही वस्तु में परस्पर विरोधी अनेक धर्मो की नयापेक्षया अविरोध रूप से प्रतीति। यह जैन धर्म का मूल सिद्धांत हैं।

अनेकान्त दर्शन – *Anekānta Darśana.*
Philosophy of manifold aspects.
जैन दर्शन जो सापेक्षवाद को मानता है।

अनेकान्तवाद - *Anekāntavāda.*
Relative pluralism, description of properties of a matter from different aspects.
स्याद्वाद - वस्तु के अनेक धर्मो की अपेक्षा कथन करना।

अनेकान्तसागर (मुनि) - Anekāntasāgara (Muni).
Name of a saint, the disciple of Acharya Shri Abhinandansagar Maharaj.
चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की परम्परा के वर्तमान आचार्य श्री अभिनंदनसागर महाराज के शिष्य (ई.श. २०-२१)।

अनेकान्तात्मकता – *Anekāntātmakatā.*
Property of having many aspects & modes.
द्रव्य के अनेक गुण - धर्म एवं पर्यायें।

अनेषण - *Aneṣaṇa.*
Fasting, Prohibition.
अनशन, अर्थात् जो प्राणीसंयम और इंद्रिय संयम की सिद्धि के लिए किया जाता है।

अनेकान्तिक हेत्वाभास - *Anekāntika Hetvābhāsa.*
Inconclusive fallacy.
जो हेतु पक्ष, विपक्ष व सपक्ष तीनों में रहता है।

अनोजीविका - *Anojīvikā.*
Dealings in vehicles.
गाड़ी, रथ, चक्र आदि स्वयं बनाना, दूसरे से बनवाना, गाड़ी आदि के बेचने का व्यापार करना।

अन्तःभित्ति - *Antaḥ Bhitti.*
Ending wall.
अंतिम दीवार।

अन्तःस्थ राज्य - *Antaḥstha Rājya.*
Buffer state (a small state between two large ones).
दो बड़ी रियासतों के बीच एक छोटी रियासत।

अन्तरात्मा - *Antarātmā.*
The interior self.
आत्मा की ओर अभिमुख दृष्टि वाला।

अन्तर्ग्रथित - *Antargrathita.*
Interlaced.
अंदर की ओर, आंतरिक ग्रथित।

अन्तर्ग्रथित पाश - *Antargrathita Pāśa.*
Interlocking loops.
फंदा, साँकली रूप में बंधा हुआ होना।

अन्तर्दिवस - *Antardivasa.*
Less than a day (not a complete day).
दिवस से कुछ कम को अन्तर्दिवस कहते हैं।

अन्तर्वर्ती - *Antarvartī.*
Intervening (internal), hidden.
अंदर रहने वाला।

अन्तर्वत्नी - *Antarvatnī.*
Pregnant woman.
गर्भवती स्त्री।

अन्तर्व्याप्ति - *Antarvyāpti.*
Internal inseparable connection.
आंतरिक व्याप्ति।

अन्न - *Anna.*
Cereals, Grains.
मूंग, मोठ, चना, गेहूँ आदि।

अन्नपाननिरोध - *Annapānanirodha.*
An infration of vow of non-violence; irregularity in food supplies.
अहिंसाणुव्रत का एक अतिचार, अपने आधीन पशु व मानव का खानपान रोक देना या समय पर न देना।

अन्नप्राशन क्रिया - *Annaprāśana Kriyā.*
The ceremony of giving rice boiled in milk to an infant for the first time.
जन्म के ७/८ माह पश्चात् पूजन विधिपूर्वक बालक को अन्न खिलाना।

अन्नशोधन - *Annaśodhana.*
To clean the cereals (food grains) well.
अन्न को अच्छी तरह साफ करना।

अन्य - *Anya.*
Other, Different, Another.
दूसरा, भिन्न, असमान।

अन्यतीर्थिक - *Anyatīrthika.*
Heretic, Alien creeder/viewer.
पाखंडी, नास्तिक।

अन्यत्व - *Anyatva.*
Separateness (differentiation in soul & body).
एक द्रव्य का दूसरे से भिन्न होना, बारह भावनाओं में ५ वीं भावना; शरीरादि को आत्मा से भिन्न रूप में चिंतन करना।

अन्यथाख्याति - *Anyathākhyāti.*
To get fame by wrong manifestation.
मिथ्यापन से ख्याति प्राप्त करना।

अन्यथानुपपत्ति - *Anyathānupapatti.*
Otherwise impossible, Incompatibility with mutual inconsistent.
अन्यरूप से उत्पत्ति न होना।

अन्यथायुक्तिखण्डन - *Anyathāyuktikhaṇḍana.*
Contradiction by other means.
अन्य प्रकार की युक्ति से खण्डन।

अन्यथासिद्धि - *Anyathāsiddhi.*
Wrongly attainment, Achievement with wrong condition.
मिथ्यापन से सिद्धि, जो मिथ्याढंग से प्रमाणित किया गया हो।

अन्यदेवमूढ़ता - *Anyadevamūḍhtā.*
Worshipping of false deities.
वरदान पाने की आशा से रागी-द्वेषी देवी-देवताओं को सच्चे देव मानकर पूजा अर्चना करना।

अन्यदृष्टि - *Anyadṛṣṭi.*
Wrong faith/ faithed; wrong believer.
मिथ्यादृष्टि।

अन्यदृष्टिप्रशंसा - *Anyadṛṣṭipraśaṁsā.*
Praising of others wrong views, Praising heterodoxy.
सम्यग्दर्शन का अतिचार; मिथ्यादृष्टियों के मिथ्या श्रद्धा व ज्ञान चारित्र की मन से सराहना करना।

अन्यदृष्टिसंस्तव - *Anyadṛṣṭisaṁstava.*
Praise of wrong believers.
सम्यग्दर्शन का एक अतिचार; मिथ्यादृष्टियों के ज्ञान, तप आदि की वचनों से तारीफ करना।

अन्यमती - *Anyamatī.*
Follower of wrong beliefs (faiths).
मिथ्या मत को मानने वाला।

अन्यमनस्क - *Anyamanaska.*
Fickle (inconstant) mind.
अवधानहीन, अस्थिर मन।

अन्यमुद - *Anyamuda.*
Attraction for something else.
किसी अन्य की तरफ झुकाव होना।

अन्ययोगव्यवच्छेद – *Anyayogavyavaccheda.*
A religious book written by *Acharya* Hemchandra Suri, Discriminator in expressing virtues.
श्वेताम्बराचार्य श्री हेमचन्द्र सूरी (ई.१०८८ - ११७३) द्वारा रचा गया एक न्यायविषयक ग्रन्थ, दूसरे का विच्छेद करने वाला, जैसे अर्जुन ही धनुर्धर है, अन्य नहीं।

अन्यरामारति - *Anyarāmārati.*
Adultry, Dissoluteness.
एक व्यसन ; परस्त्री सेवन।

अन्यवश - *Anyavaśa.*
One overpowered by others.
निश्चय धर्म व शुक्लध्यान को न जानने के कारण परद्रव्य में परिणत होने के कारण अन्यवश कहा है।

अन्यविवाहाकरण - *Anyavivāhākaraṇa.*
Arranging marriage of others.
ब्रम्हचर्यव्रत का एक अतिचार; दूसरों का विवाह कराना।

अन्यापोह - *Anyāpoha.*
Mutual non-existence.
एक द्रव्य की एक पर्याय का उसकी दूसरी पर्याय में जो अभाव है।

अन्योन्य - *Anyonya.*
Mutual relativity.
परस्पर, एक दूसरे पर निर्भरता।

अन्योन्यगुणकार शलाका -
Anyonyaguṇakāra Śalākā.
Mutual multiple Log.
विरलनदेय विधान से करने पर जो शलाकाएं प्राप्त होती हैं।

अन्योन्यघटन - *Anyonyaghaṭana.*
Mutual togetherness.
परस्परता।

अन्योन्यनिरपेक्ष - *Anyonyanirapekṣa.*
Independent.
परस्पर सापेक्षता से रहित।

अन्योन्यप्रवेश - *Anyonyapraveśa.*
Mutual interpenetration.
परस्पर एक दूसरे में प्रवेश।

अन्योन्यवृत्ति - *Anyonyavṛtti.*
Mutual effect of one thing on another; correlation.
वस्तु का एक दूसरे पर पारस्परिक प्रभाव।

अन्योन्याभाव - *Anyonyābhāva.*
Mutual non-existence.
पुद्गल की एक वर्तमान पर्याय में दूसरे पुद्गल की वर्तमान पर्याय का अभाव ।

अन्योन्याभ्यस्तराशि - *Anyonyābhyastarāśi.*
Mutual product set (related to maths).
नानागुणहानि प्रमाण दो लिखकर परस्पर में गुणा करने से जो राशि आये ।

अन्योन्याश्रय - *Anyonyāśraya.*
Mutual dependent.
परस्पर में धारावाही रूप से एक-दूसरे की अपेक्षा लागू रहना।

अन्वय – *Anvaya.*
Logical connection with lineage (ancestry).
अपनी जाति को न छोड़ते हुए उसी रूप में अवस्थित रहना ।

अन्वयदत्ति - *Anvayadatti.*
To hand over all assests to successors.
जब गृहस्थ ९ वीं प्रतिमा धारण करता है तब अपना समस्त परिग्रह पुत्र या अन्य को दे देता है । वह अन्वयदत्ति कहलाता है ।

अन्वयदृष्टान्त - *Anvayadṛṣṭānta.*
Affirmative illustration.
जहां साधन की मौजूदगी में साध्य की मौजूदगी दिखाई जाए ।

अन्वय दृष्टान्ताभास - *Anvaya Dṛṣṭāntābhāsa.*
Illustrative apprehension of goal.
अन्वय दृष्टांत का आभास होना ; जहां साधन की मौजूदगी में साध्य की मौजूदगी न दिखाई जाती हो ।

अन्वय द्रव्य - *Anvaya Dravya.*
Mutually related substance.
द्रव्य जो एक दूसरे से संबंधित हों ।

अन्वय द्रव्यार्थिक नय - *Anvaya Drvyārthika Naya.*
Standpoint related with substantive connection.
सर्व गुण पर्यायों में जो द्रव्य को अन्वय रूप व लगातार ग्रहण करती है वह दृष्टि ।

अन्वयव्यतिरेकी - *Anvayavyatirekī.*
Affirmation-cum-negation, Illustration of connection & negation.
जिस हेतु या साधन में अन्वय-व्यतिरेकी दोनों दृष्टांत हो ।

अन्वयव्याप्ति - *Anvayavyāpti.*
Mutual existence, presence.
साधन की मौजूदगी में साध्य की मौजूदगी बताना ।

अन्वयाभाव - *Anvayābhāva.*
Non- existence of coherence.
साहचर्य संबंध का अभाव ।

अन्वयिनिक - *Anvayinika.*
Dowry.
विवाह में लड़की एवं जमाता (दामाद) को दिया जाने वाला दहेज ।

अन्वयी - *Anvayī.*
Concomitant, continuant.
जो सर्व अवस्थाओं में साथ रहे, ऐसा गुण ।

अन्वर्थ - *Anvartha.*
Having quality according to the name.
जैसा नाम हो वैसा ही पदार्थ हो ।

अन्वीक्षा - *Anvīkṣā.*
Supposition according to scriptures and practical experience.
प्रत्यक्ष और आगम के आश्रित अनुमान ।

अन्वेषण - *Anveṣaṇa.*
Pursuance, Search.
मार्गणा, खोज, गवेषणा ।

अपकर्ष - *Apakarṣa.*
Deterioration, Declination.
घटना (कम होना), हीन होना ।

अपकर्षण – *Apakarṣaṇa.*
Decrease in earned *karmas.*
पूर्वोपार्जित कर्मों की स्थिति एवं अनुभाग का कम हो जाना ।

अपकर्षण (करण) – *Apakarṣaṇa (Karaṇa).*
Decrease in earned *karmas.*
सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र के कारण पूर्वोपार्जित कर्मों की स्थिति व अनुभाग कम हो जाना ।

अपकर्ष समा - *Apakarṣa Samā.*
Lack of religionism by illustration.
साध्य में दृष्टांत से धर्म अभाव का प्रसंग ।

अपकार - *Apakāra.*
Detriment; harm, injury.
अनुग्रह का अभाव। दूसरे का बुरा करना ।

अपक्रम - *Apakrama.*
Law of movement (walking).
गमन-आगमन का नियम ।

अपक्वकर्म - *Apakvakarma.*
Unmatured *karmas.*
नहीं पके हुए कर्म अर्थात् समय से पहले कर्मों का फल मिलना ।

अपक्वपाचन - *Apakvapācana.*
Prematured fruition of *karmas.*
उदीरणा, अपक्व कर्मों का पाचन अर्थात् समय से पहले कर्मों का फल मिलना ।

अपगतवेद - *Apagataveda.*
Subdued sex.
स्त्री वेद, पुरुष वेद और नपुंसकवेदरूप परिणामों के वेदन से उन्मुक्त होना ।

अपगम - *Apagama.*
Determination, Certainty.
अवाय, निश्चय ।

अपचय - *Apacaya.*
Damage; waste.
किसी भी अवयव का छिन्न-भिन्न हो जाना ।

अपदिन्न - *Apadinna.*
Without guile (deceit, cunning).
छल, माया आदि से रहित ।

अपदेश - *Apadeśa.*
To direct the meaning (explaining).
जिसके द्वारा अर्थ निर्देशित किये जायें ।

अपध्यान - *Apadhyāna.*
Evil thoughts.
अनर्थदंड का एक भेद-दूसरों की जय, पराजय, मारना, बांधना, अपहरण आदि कैसे किया जाय इस प्रकार चिंतवन करना ।

अपमण्डल - *Apamaṇḍala.*
A type of Yoga conception.
प्राणायाम धारणा; अमृतस्वरूप जल से सींचा हुआ चन्द्रमा के समान शुक्लवर्ण वरुणपुर ।

अपमान - *Apamāna.*
Insult, To show disrespect, Contempt.
निंदा, अनादर ।

अपमृत्यु - *Apamṛtyu.*
Untimely death.
आयु के अपवर्तन से मृत्यु प्राप्त होना, अकाल मरण (कर्मभूमिज मनुष्य व तिर्यंचों के अकाल मरण संभव है) ।

अपर – *Apara.*
Indifference, West derection.
समीपवर्ती पदार्थ, पश्चिम ।

अपरत्व – *Aparatva.*
Nearness, Proximity.
समीपवर्ती एवं छोटा या कम दिनों का ।

अपरम - *Aparama.*
Unreal, Impure, Not supreme.
जो उदय, उदीरणा, क्षय, क्षयोपशम ऐसे विविध विकारों से सहित है।

अपर विदेह - *Apara Videha.*
A region of *Sumeru* mountain,Name of summit & its protecting deity.
पश्चिम विदेह क्षेत्र; सुमेरु पर्वत के पश्चिम भाग में स्थित विदेह क्षेत्र।

अपरविद्या - *Aparavidyā.*
Emperical knowledge.
प्रतिद्वंदी या दूसरी विद्या ।

अपर व्यवहार - *Apara Vyavahāra.*
A type of pragmatic/practical standpoint.
आगम के ७ नयों में व्यवहारनय का एक भेद ।

अपर संग्रह - *Apara Saṁgraha.*
A type of synthetic standpoint.
आगम के ७ नयों में संग्रहनय का एक भेद ।

अपर संग्रहाभास - *Apara Saṁgrahābhāsa.*
A hint for synthetic standpoint.
धर्म, अधर्म आदि को केवल द्रव्य-तत्वरूप में स्वीकार करके उनके विशेषों का निषेध करना ।

अपराजित - *Aparājita.*
Invincible, Name of a demigod, A planet, A type of heavenly deities & Anuttar Viman, A summit of *Ruchak* mountain, Name of the cities in the north and south of *Vijayardha* mountain, Name of the doors of *Samavasarana* and Jambudwip.
जो पराजित न किया जा सके अथवा जिसे जीता न जा सके। एक यक्ष, एक ग्रह, कल्पातीत देवों व विमानों (अनुत्तर) का एक भेद, रूचक पर्वत का कूट, विजयार्ध की दक्षिण व उत्तर श्रेणी का नगर, समवशरण की उत्तरदिशा का द्वार, जम्बूद्वीप के चार मुख्य द्वारों में से चौथा उत्तर द्वार ।

अपराजित संघ - *Aparājita Saṁgha.*
A group of Digambar Jaina saints.
आचार्य अर्हद्बली (वी.नि.सं. ५६५-५९३) द्वारा स्थापित दिगम्बर साधु संघों में से एक संघ था ।

अपराजित (स्वर्ग) - *Aparājita (Svarga).*
One of the 5 '*Anuttar*' aboding places.
कल्पातीत स्वर्ग - पाँच अनुत्तर विमानों में चतुर्थ विमान ।

अपराजिता - *Aparājitā.*
Name of a *Vapi* (large lake) & a city.
नंदीश्वर द्वीप के पश्चिम में स्थित एक वापी, पूर्व विदेह स्थित महावत्सा देश की मुख्य नगरी ।

अपराजिता (नाम) - *Aparājitā (Nāma).*
Name of a governing female deity of Jaina - Lord Mallinath.
भगवान मल्लिनाथ की शासन देवी ।

अपराह्न - *Aparāhna.*
Early afternoon (midday about 3 p.m.).
दिन का तीसरा पहर (लगभग ३ बजे का समय) ।

अपराध - *Aparādha.*
A crime, Sin, An offence.
नियम विरुद्ध कार्य - परद्रव्य को ग्रहण करना इत्यादि ।

अपरिग्रह - *Aparigraha.*
Non - possession, Non - attachment.
अंतरंग व बाह्य दोनों रूप से लोभ, कषाय, संग्रह व ममत्व इत्यादि से दूर रहना ।

अपरिग्रहीता - *Aparigrahītā.*
A harlot without husband, Prostitute.
पतिरहित वेश्या या व्यभिचारिणी स्त्रियाँ ।

अपरिग्रहीतागमन - *Aparigrahītāgamana.*
Enjoying unauthorised woman (harlot).
ब्रम्हचर्य अणुव्रत का एक अतिचार ; जिसका कोई स्वामी नहीं है ऐसी व्यभिचारिणी स्त्रियों के यहां आना जाना ।

अपरिणामी - *Apariṇāmī.*
Immutable.
परिणमन क्रिया से रहित ।

अपरिभूत - *Aparibhūta.*
Unsurpassed, Venerable.
अतिक्रम न किया हुआ, अपमान या अनादर से रहित ।

अपरिमार्जित - *Aparimārjita.*
Unswept, Unpurified.
बिना शोधन किया हुआ, प्रोषधोपवास का एक अतिचार ; शोधन किए बिना भूमि आदि पर बैठना ।

अपरिमित ज्ञान - *Aparimita Jñāna.*
Unlimited knowledge, omniscience.
केवलज्ञान जो असीमित होता है।

अपरिवर्तमान परिणाम – *Aparivartamāna Pariṇāma.*
Volitional results with increase or decrease.
प्रतिसमय बढनेवाले या हीन होने वाले संक्लेश या विशुद्धिरूप परिणाम ।

अपरिवर्तमान माध्यम -
Aparivartamāna Mādhyama.
Unchanging medium.
परिवर्तन रहित माध्यम ।

अपरिशेष - *Apariśeṣa.*
Whole, Complete.
सम्पूर्ण, जिसमें से कुछ भी शेष न हो ।

अपरिशेष प्रत्याख्यान - *Apariśeṣa Pratyākhyāna.*
A type of renunciation.
सार्थक प्रत्याख्यान के दस भेदों में एक ।

अपरिस्पन्दात्मक पर्याय –
Aparispandātmaka Paryāya.
Immovable destinity or transit emotional modification.
भाव के दो भेद हैं-(१) परिस्पन्द जो क्रिया है तथा अन्य (२) अपरिस्पन्द जो परिणाम अर्थात् पर्याय हैं ।

अपरिस्रविता – *Aparisravitā.*
Not to express faults of defaulters.
आचार्य का एक गुण ; क्षपक के दोषों को सुनकर दूसरों के पूछने पर भी प्रगट न करना ।

अपरिस्रावित - *Aparisrāvita.*
Unwashed, Non-flowing purificational quality.
जल बहाव आदि के द्वारा शोधन न किया हुआ ।

अपरिहार - *Aparihāra.*
Not to be rejected.
जिसका परिहार या त्याग न किया जा सके ।

अपरिहारिक - *Aparihārika.*
A tainted ascetic.
परिहार या त्याग न करने वाला ।

अपरिहीन - *Aparihīna.*
Perfect.
पूर्ण, क्षीणता से रहित ।

अपरीत वर्गणा - *Aparīta Vargaṇā.*
A type of aggregate grouping of *karmic* molecules.
ऐसी वर्गणा जो अनन्त व अनंतानंत से अतिरिक्त उपलब्ध नहीं होती है ।

अपर्याप्त - *Aparyāpta.*
Insufficient, Inadequate.
पूर्ण न होना, जो पर्याप्तियों को पूर्ण न करे ।

अपर्याप्त काल - *Aparyāpta Kāla.*
A period of incomplete development.
जितने काल तक पर्याप्तियां पूर्ण न हो ।

अपर्याप्तनाम-कर्मप्रकृति -
Aparyāptanāma Karmaprakṛti.
A type of *karmic* nature causing hindrance in the completion of 6 Paryaptis of body.
आहार, शरीर, इन्द्रिय, श्वासोच्छ्वास, भाषा और मन इन ६ पर्याप्तियों को जिस नामकर्म के उदय से पूर्ण न किया जाये ।

अपर्याप्त योग - *Aparyāpta Yoga.*
Inadequate combination.
मिश्र काय योग ।

अपर्याप्ति - *Aparyāpti.*
In-completion (reg. sensual vitality etc.).
इन्द्रियादिरूप शक्ति की अपूर्णता ।

अपलाप - *Apalāpa.*
Concealment, Disguise.
सत्य विचार व भावनाओं को छिपाना ।

अपलिप्त मन - *Apalipta Mana.*
Unattached mind.
विषय कषायों से रहित मन ।

अपवर्ग - *Apavarga.*
Liberation, Salvation.
दुःखदायी जन्म से अत्यन्त विमुक्ति; मोक्ष ।

अपवर्ग निरूपण - *Apavarga Nirūpaṇa.*
Nature of emancipation.
मोक्ष का कथन ।

अपवर्तन - *Apavartana.*
Reduction, Attenuation.
घटना (कम होना) ।

अपवर्तना घात - *Apavartanā Ghāta.*
Untimely death, Age time reduction.
अकालमरण, बध्यमान आयु का घटना ।

अपवर्तनोद्वर्तन - *Apavartanodvartana.*
Disturbance of perfect conduct.
प्रथम काण्डक घात होने पर चारित्र मोह के क्षपण में संज्वलन

चतुष्क के अनुभाग का क्रोध से लोभ पर्यन्त घटना ।

अपवर्तनोद्वर्तनकरण -
Apavartanodvartanakaraṇa.
See - *Apavartanodvartana.*
देखें - अपवर्तनोद्वर्तन ।

अपवर्त्य - *Apavartya.*
Reduction in age.
विष, शस्त्र आदि बाह्य निमित्तों के मिलने पर आयु का घट जाना।

अपवाद - *Apavāda.*
Censure, Blame, Exception, Unique.
अवर्णवाद, आक्षेप, अलौकिक ।

अपवाद मार्ग - *Apavāda Mārga.*
Exceptional way.
असमर्थ जनों द्वारा शुद्ध आत्मभावना के सहकारीभूत प्रासुक आहार, ज्ञान व उपकरण आदि ग्रहण करने का आचरण करना अथवा मुनियों की उत्कृष्ट चर्यारूप उत्सर्ग मार्ग से भिन्न स्थविरकल्पी मुनियों की सराग चर्या । अपरनाम-अपवाद, व्यवहारनय, एकदेशत्याग, अपहृत संयम, सराग चारित्र, शुभोपयोग।

अपवाद लिंग - *Apavāda Liṁga.*
A soul with attachment.
परिग्रह सहित लिंग ।

अपशब्द खंडन - *Apaśabda Khaṁḍana.*
A book written by '*Acharya* Shubhchandra'.
आचार्य शुभचन्द्र द्वारा रचित न्याय विषयक एक ग्रन्थ ।

अपसरण - *Apasaraṇa.*
Regression.
घटना - विशुद्धता की वृद्धि से स्थितिबंध का क्रम से घटना स्थितिबंधापसरण है ।

अपसिद्धान्त - *Apasiddhāṁta.*
Erroneous doctrine.
किसी अर्थ के सिद्धांत को मानकर नियम-विरूद्ध कथा प्रसंग करना ।

अपस्मार - *Apasmāra.*
Epilepsy.
स्मरण शक्ति का अभाव, मूर्छारोग ।

अपहृत - *Apahṛta.*
Detachment, Abducted.
दूर कर देना, अपहरण किया हुआ ।

अपहृत संयम - *Apahṛta Saṁyama.*
A type of restraint possessed by the saints of the 6th & 7th stage of spiritual development.
सरागचारित्र का अपरनाम-यह छठे सातवें गुणस्थानवर्ती मुनि के होता है ।

अपाच्य - *Apācya.*
West direction, Indigestible.
पश्चिम दिशा, जो पच (हजम) न सके ऐसा भोजन ।

अपात्र - *Apātra.*
Worthless, Vowless.
सम्यक्त्व, शील और व्रत से रहित जीव; जो दान देने योग्य न हो।

अपादान कारक - *Apādāna Kāraka.*
Ablative case.
षट्कारकों में पंचमविभक्तिरूप कारक ।

अपादान शक्ति - *Apādāna Śakti.*
Power of self stability.
उत्पाद व्यय से आलिंगित भाव का नाश होने से हानि को प्राप्त न होने वाली ध्रुवत्वमयी अपादान शक्ति है ।

अपाप - *Apāpa.*
State of sinlessness, The 13th predestined *Tirthankara* (Jaina - Lord).
पाप रहित अवस्था, भावी तेरहवें तीर्थंकर, अपर नाम 'निष्पाप' व 'पुण्यमूर्ति' हैं ।

अपाय - *Apāya.*
Misfortune or calamity, destroying the path of liberation.
नाश-स्वर्ग व मोक्ष की क्रियाओं का विनाश करने वाली प्रवृत्ति ।

अपायविचय - *Apāyavicaya.*
Cogitational meditation on worldly troubles.
धर्मध्यान के ४ भेदों में एक; अपने व अन्य जीवों के कर्मों का नाश कैसे हो ऐसा विचार करना ।

अपार्थक - *Apārthaka.*
Want of syntactical construction, incoherent.
जहाँ अनेक पद या वाक्यों का पूर्वापर क्रम से एक दूसरे से मेल न खाता हो अर्थात् असंबंधित अर्थ वाला हो ।

अपावन - *Apāvana.*
Vitiated, Not sacred, Unholy.
अपवित्र ।

अपुनरागमन - *Apunarāgamana.*
Salvation, Liberation from the world.
जो आत्मा मोक्ष अवस्था को प्राप्त कर निराकुलतामय सुख का अनुभव कर चुकी है उसका पुनः संसार में लौटकर न आना ।

अपुनरुक्त अक्षर - *Apunarukta Akṣara.*
The words which are not repeated again.
जो अक्षर दुबारा न आवे , अक्षरात्मक श्रुतज्ञान में जितने जिनवाणी के अक्षर हैं वे 'अ' आदि अक्षर के संयोगादि करने से बनते हैं।

अपुनर्भव - *Apunarbhava.*
Free from rebirth.
दुबारा जन्म न होना ।

अपूर्वकरण - *Apūrvakaraṇa.*
The 8th spiritual stage of salvation among all 14 (a *Gunsthan*).
मोक्ष मार्ग के चौदह गुणस्थानों में आठवां गुणस्थान ।

अपूर्वकरण क्षपक - *Apūrvakaraṇa Kṣapaka.*
Saints of the 8th *Gunsthan* - an advance stage

of spiritual development.
क्षपक श्रेणी चढ़ने वाला ८ वां गुणस्थानवर्ती साधक ।

अपूर्वकृष्टि - *Apūrvakṛṣti.*
A type of *Krishties.*
प्रथम समय में की गयी कृष्टियों की अपेक्षा द्वितीय समय में की गई नवीन कृष्टियां जिनको अपूर्व अनुभाग के कारण अपूर्वकृष्टि कहते हैं ।

अपूर्वचैत्यक्रिया - *Apūrvacaityakriyā.*
A type of devotional prayer.
एक कृतिकर्म; छह माह के बाद जो चैत्य-जिनप्रतिमा का दर्शन होता है उसे अपूर्वचैत्य कहते हैं उनकी वंदना में भक्तिपाठ करना अपूर्व चैत्यक्रिया कहलाता है। जिसमें सिद्ध भक्ति, श्रुत भक्ति, चारित्र भक्ति, चैत्य भक्ति, पंचगुरु भक्ति, शांति भक्तिकी जाती है।

अपूर्व योग - *Apūrva Yoga.*
Unprecedented meditation.
जो योग पहले कभी प्राप्त न किया हो ।

अपूर्व वाद - *Apūrvavāda.*
Doctrine of merit and demerit.
गुण-अवगुण का सिद्धान्त ।

अपृथक् विक्रिया - *Apṛthak Vikriyā.*
Inseparable transformation of body.
शरीर को ही नाना रूप परिणमित कराना, शरीर से पृथक् अन्य विक्रिया का न होना ।

अपूर्व स्पर्धक - *Apūrva Spardhaka.*
Unprecedented fruitful *karmic* matters.
कर्म परमाणुओं के समूहरूप स्पर्द्धक जिनको अनिवृत्तिकरण परिणामों से अपूर्वरूप कर दिया जाये ।

अपूर्वार्थ - *Apūrvārtha.*
Previously unrecognized object, an object not known before.
जो पदार्थ पूर्व में किसी भी प्रमाण द्वारा निश्चित न हुआ हो ।

अपेक्षा - *Apekṣā.*
In regard of, Expectation, To anticipate.
विवक्षा, प्रधानता ।

अपेक्षाकृत - *Apekṣākṛta.*
Comparatively, Relatively.
विवक्षा, सापेक्ष-द्रव्य में गुण और स्वभाव अपेक्षाकृत होते हैं, विरोधी नहीं ।

अपोह - *Apoha.*
Doubt removal, Exclusion.
जिसके द्वारा संशय के कारणभूत विकल्प का निराकरण किया जाता है ।

अपोहरूपता - *Apoharūpatā.*
Doubtlessness, Exclusiveness.
एक पदार्थ के अभाव से दूसरे पदार्थ के सद्भाव को दर्शाना जैसे घट का अभाव ही पट है या द्रव्य का अभाव ही गुण है इत्यादि।

अपोहा - *Apohā.*
Speculative knowledge.
ईहाज्ञान का पर्यायवाची - जिसमें अवग्रह के द्वारा गृहीत अर्थ में नहीं जाने गये विशेष की तर्कणा करना ।

अपौरुषेय - *Apauruṣeya.*
Impersonal.
जो किसी के द्वारा बनाया न हो, वाच्य वाचक भाव से तथा पद-पंक्तियों के द्वारा प्रवाह रूप से आने के कारण आगम अपौरुषेय है।

अप् - *Ap.*
Water.
जल ।

अप्कायिक जीव - *Apkāyika Jīva.*
Water bodied beings (one sensed).
जल शरीर को धारण करने वाले जलकायिक एकेन्द्रिय जीव ।

अप्रकंप - *Aprakaṁpa.*
Vibration-less.
कंपन रहित ।

अप्रकाश - *Aprakāśa.*
Absence of light i.e. darkness.
प्रकाश का अभाव अर्थात् अंधकार ।

अप्रणतिवाक् - *Apraṇativāk.*
Inspiration of ill - manners.
जिसे सुनकर तपोनिधि या गुणी जीवों के प्रति अविनय की प्रेरणा मिले ।

अप्रतिकर्म - *Apratikarma.*
Karma causing unopposition.
परम उपेक्षा संयम के बल से देह के प्रतिकार रहित होने से अप्रतिकर्म होता है ।

अप्रतिक्रमण - *Apratikramaṇa.*
State of non - repentance.
प्रतिक्रमण से रहित अवस्था; यह दो प्रकार की है - अज्ञानी जनों के आश्रित हेय उपादेय के विवेक शून्य निरर्गल प्रवृत्ति रूप, ज्ञानी जीवों के आश्रित अभेद रत्नत्रय या त्रिगुप्ति रूप अर्थात् ध्यान रूप हैं, ज्ञानीजनों के आश्रित प्रतिक्रमण का नाम निश्चय प्रतिक्रमण भी है ।

अप्रतिघात - *Apratighāta.*
Obstruction free body, without opposition.
जिनकी किसी मूर्तिक पदार्थ से रूकावट न हो, ऐसे कार्मण व तैजस शरीर ।

अप्रतिपक्ष प्रकृति - *Apratipakṣa Prakṛti.*
Types of *Karmic* nature without having their counter Karmic nature.
जिन कर्म प्रकृतियों की प्रतिपक्ष कर्म प्रकृतियां न हों ।

अप्रतिपत्ति - *Apratipatti.*
Non - availability.
अनुपलब्धि ।

अप्रतिपातिकी - *Apratipātikī.*
Becoming deteriorate free due to restraint.
संयम परिणाम की वृद्धि होने से गिरावट का न होना अप्रतिपातिकी है ।

अप्रतिपाती - *Apratipātī.*
Undestroyable knowledge.
नष्ट न होने वाला-सर्वावधि-परमावधि नामके अवधिज्ञान एवं मन:पर्यय ज्ञान केवलज्ञान होने तक नहीं छूटते इसलिए इन्हें अप्रतिपाती कहा है ।

अप्रतिबन्ध - *Apratibandha.*
Unrestricted, Unobstructed.
निर्बाध, बंधन से रहित ।

अप्रतिबुद्ध - *Apratibuddha.*
Egotistical nature of soul.
आत्मा का कर्म - नोकर्म में अहंबुद्धि का होना ।

अप्रतिभा - *Apratibhā.*
Without brilliance, want of genius and intellect.
प्रतिभा का अभाव, किसी कारण से वादी का समय पर उत्तर न देना ।

अप्रतिभासत्व - *Apratibhāsatva.*
Non-cognizability.
आभास से रहितता ।

अप्रतियोगी - *Apratiyogī.*
Uncompetative, Unopposing, Unique.
जिसका कोई विरोधी न हो, जिस धर्म में जिस किसी धर्म का अभाव नहीं होता वह धर्म उस अभाव का अप्रतियोगी है ।

अप्रतिवीर्य - *Aprativīrya.*
Omnipotent.
अतुलशक्तिशाली ।

अप्रतिशासन - *Apratiśāsana.*
One's domination over all states.
जिसका प्रतिद्वंदी शासक न हो, एक ही व्यक्ति का राज्य हो ।

अप्रतिष्ठान - *Apratiṣṭhāna.*
Name of low esteemed place (of 7th hell).
सप्तम नरक का इन्द्रक बिल ।

अप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पति - *Apratiṣṭhita Pratyeka Vanaspati.*
Non - parasitic plants.
वह वनस्पति जिसके आश्रय से साधारण निगोदिया जीव न रहें।

अप्रतिसरण - *Apratisaraṇa.*
Non-pursuit for the good.
अनुशरण रहित या जो अनुशरण के योग्य न हो ।

अप्रत्यक्ष उपचार विनय - *Apratyakṣa Upacāra Vinaya.*
Indirect reverential greetings, devotional worshipping etc.
परोक्ष विनय ; पंच परमेष्ठी गुरू आदि के सामने न होते हुए भी भाव सहित उनको नमस्कार, स्तुति, आज्ञा पालन करना ।

अप्रत्यवेक्षित - *Apratyavekṣita.*
Not having seen.
बिना देखे हुए। बिना देखे अथवा बिना शोधे किसी वस्तु का जमीन आदि पर रख देना दोषास्पद है ।

अप्रत्याख्यान - *Apratyākhyāna.*
Partial renunication.
अपूर्ण त्याग, एक देश त्याग, थोड़ा चारित्र ।

अप्रत्याख्यानावरण - *Apratyākhyānāvaraṇa.*
Karmic nature obscurring the partial vows (Anuvrata).
चार कषायों में एक कषाय जो देश चारित्र अर्थात् अणुव्रत को नहीं होने देती है एवं यह क्रोध, मान, माया, लोभ इन चारों रूपों में रहती है ।

अप्रदेश - *Apradeśa.*
Mono spatial (related to particles).
एक प्रदेश परमाणु में उस प्रदेश को छोड़कर अंत संज्ञा को प्राप्त होने वाला दूसरा प्रदेश न होने से एक परमाणु अप्रदेश है ।

अप्रमत्त - *Apramatta.*
Non-carelessness.
प्रमादरूप परिणामों का अभाव ।

अप्रमत्तविरत - *Apramattavirata.*
The 7th *Gunsthan* - an advance stage of spiritual development, One perfect in vows.
७ वां गुणस्थान - संज्वलन, नोकषाय का मंद उदय होने से मुनि के प्रमाद रूप परिणाम का अभाव होना, ७वें गुणस्थानवर्ती मुनि को भी अप्रमत्तविरत कहते हैं ।

अप्रमत्तसंयत - *Apramattasaṁyata.*
Vigilantly restrained one.
सातवें गुणस्थान वाले साधु जो संयम को प्राप्त करके, प्रमाद का अभाव होने से अविचलित संयमी होते हैं एवं निरन्तर आत्म-ध्यान में लीन रहते हैं ।

अप्रमा - *Apramā.*
Error, False knowledge.
भ्रांत ज्ञान, अयथार्थ जानकारी ।

अप्रमाद - *Apramāda.*
Vigilance, Carefulness.
प्रमादी न होना, आत्मानुभव में लीन रहना ।

अप्रमार्जित - *Apramārjita.*
Unbroomed, uncleaned.
बिना देखी और बिना प्रमार्जित वस्तुएं, स्थान आदि ।

अप्रमेय - *Aprameya.*
Unlimited, Undefined.
अपरिमित, असीमित ।

अप्रयत - *Aprayata.*
Non - vigilance, Carelessness.
अयत्नाचार, प्रमाद, असावधानी ।

अप्रवीचार - *Apravīcāra.*
Without sexual desire.
कामसेवन का अभाव; १६ स्वर्ग से ऊपर के देव प्रवीचार रहित होते हैं।

अप्रशस्त - *Apraśasta.*
Evils, Not praised.
जिन कार्यों से प्राणियों को पीड़ा होती है।

अप्रशस्त विहायोगति - *Apraśasta Vihāyogati*
A type of *karmic* nature causing inauspicious spatial movement.
नाम कर्म की एक प्रकृति, जिसके उदय से आकाश में गमन असुहावना हो।

अप्रशस्तोपशामना - *Apraśastopaśāmanā.*
A type of subsidence, cessation (of *Karmas*).
अप्रशस्त उपशम के द्वारा जो प्रदेशाग्र उपशांत होता है उसमें उत्कर्षण, अपकर्षण तथा संक्रमण तो होता है लेकिन उदयावली के योग्य नहीं होता इसे देशकरणोपशामना भी कहते हैं।

अप्रसिद्ध - *Aprasiddha.*
Unknown, Obscure, Not famous.
जो प्रसिद्ध नहीं है, जो संदेह आदि से युक्त होने से अनिश्चित है।

अप्रादेशिक - *Aprādeśika.*
Indivisible space point of a matter.
एक प्रदेश जिसके विभाग न हों वह अप्रदेशी है।

अप्राप्यकारी इंद्रियाँ - *Aprāpyakārī Iṁdriyāṁ.*
Visionary senses, eye & mind.
जो इन्द्रियां पदार्थों को बिना स्पर्श किए दूर से जाने, चक्षु एवं मन।

अप्रायोजक - *Aprāyojaka.*
Inadmissible.
अग्राह्य, अस्वीकृत।

अप्रावृत - *Aprāv̥ta.*
Nude, Uncovered.
आवरण रहित, नग्न।

अप्रासुक - *Aprāsuka.*
Impure, Unsterilized.
सचित्त, जो एकेन्द्रिय जीव सहित हो।

अप्रिय - *Apriya.*
Unpleasant, sorrowful.
अरति, भय, खेद, शोक या मन को संताप कराने वाला।

अप्रेरक - *Apreraka.*
Uninspiring.
उदासीन, जिससे प्रेरणा न मिल सके।

अप्सरा - *Apsarā.*
Beautiful female deities.
देवी-देवांगना, नृत्यकारिणी देवी।

अबंध - *Abaṁdha.*
Not subject to bondage of Karmas.
कर्मों के बंध न होने की स्थिति।

अबद्ध - *Abaddha.*
Unbound, Unrestrained.
ज्ञानी जो कर्म करता हुआ भी नहीं बंधता।

अबद्धायुष्क - *Abaddhāyuṣka.*
One without any karmic binding of age regarding next birth.
जिन जीवों को आगामी आयु का बंध न हुआ है वे अबद्धायुष्क कहलाते हैं।

अबध्यदेश - *Abadhyadeśa.*
The city situated in *Videh Kshetra* (a region).
विदेह क्षेत्र में स्थित तीर्थंकर सुबाहु की नगरी का नाम।

अबब - *Ababa.*
A number $(10,000,000)^{11}$.
एक संख्या प्रमाण - $(१०,०००,०००)^{११}$।

अबला - *Abalā.*
Woman, Name of a female deity.
अनाथ स्त्री, स्त्री, विद्युतप्रभ गजदंत पर्वत के स्वस्तिककूट की व्यंतरदेवी।

अबाधित - *Abādhita.*
Unobstructed, Irrefutable.
जो दूसरे प्रमाण से बाधित न हो।

अबुद्धिपूर्वक - *Abuddhipūrvaka.*
With stupidity or senselessness, Desireless activities of a great saint.
विवेक रहित, वीतरागी मुनियों की इच्छा के बिना होने वाली क्रियाएं अबुद्धिपूर्वक कहलाती हैं।

अब्बहुल भाग - *Abbahula Bhāga.*
First earth of lower sub-universe, The third part of the first earth *Ratnaprabha* of hellish world.
अधोलोक की प्रथम पृथ्वी रत्नप्रभा के तीन भागों में तीसरा भाग जो ८०,००० योजन मोटा है तथा जिसमें प्रथम नरक स्थित है।

अब्बुद - *Abbuda.*
A number $(10,000,000)^{8}$.
एक संख्या प्रमाण - $(१०,०००,०००)^{८}$।

अब्रह्म - *Abrahma.*
Uncelibacy, Lustfulness.
ब्रह्मचर्य का न होना, काम विकार, मैथुन भाव।

अब्रह्मवर्जन - *Abrahmavarjana.*
Abandonment of incontinence.
कुशील का निषेध; ब्रह्म की विपरीत क्रिया का निषेध।

अबाधित विषयत्व - *Abādhita Viṣayatva.*
Irrefutable objectivity.
बाधा रहित विषय।

अबाध्य - *Abādhya.*
Incapable of being contradicted.
विरोध करने में असमर्थता।

अबोधी - *Abodhī.*
Ignorance of the truth.
समझ या बुद्धि की कमी होना।

अभक्ष्य - *Abhakṣya.*
Non - edible food.
न खाने योग्य पदार्थ।

अभयंकर - *Abhayaṁkara.*
Name of a planet.
८८ ग्रहों में से एक ग्रह।

अभय - *Abhaya.*
Courageous, Name of an *Anuttaropapadak.*
निर्भय, भगवान महावीर के तीर्थ में हुए अनुत्तरोपपादकों (अनुत्तर स्वर्ग में जन्म लेने वाले देव) में से एक।

अभयकीर्ति - *Abhayakīrti.*
A disciple of *Acharya* Ajitkirti.
ई. स. १६१६ में अजितकीर्तिजी के शिष्य जिनके द्वारा अनंतव्रत कथा नामक प्रधान कृति की रचना हुई।

अभयकुमार - *Abhayakumāra.*
The son of king Shrenik.
राजा श्रेणिक की नंदिश्री रानी से उत्पन्न हुआ पुत्र।

अभयचन्द्र - *Abhayacandra.*
An *Acharya* - the writer of Syadvada Bhushan.
आचार्य (ई. श. १३) जिन्होंने लघीयस्त्रय पर स्याद्वादभूषण नाम की तात्पर्यवृत्ति टीका की रचना की, इस नाम के कुछ और आचार्य भी हुए हैं।

अभयदान - *Abhayadāna.*
Amnesty, Making the beings fearless or giving protection to them, Providing / donating hermitage for the saint.
चार दानों में एक दान; प्राणियों के सर्वप्रकार के भय दूर करना। साधुओं के लिए वसतिका का दान करना।

अभयनन्दि - *Abhayanandi.*
An *Acharya* saint, who wrote a treatise 'Jainendra Mahavritti'.
एक दिगम्बर जैन आचार्य, जिन्होंने ई. सन्. ९३० - ९५० में जैनेन्द्र महावृत्ति नामक प्रधान कृति की रचना की।

अभयमती - *Abhayamatī.*
Name of an Aryika, the disciple of Acharya Dharmsagar and younger sister of Ganini Aryika Shri Gyanmati Mataji of household life.
पूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी की शिष्या एवं गृहस्थावस्था की लघु बहन, जिन्होंने सन् १९६४ में पूज्य माताजी से क्षुल्लिका दीक्षा ली एवं १९६९ में आचार्य धर्मसागर जी महाराज से आर्यिका दीक्षा ग्रहण की। धर्मप्रभावना के साथ इन्होंने अनेक प्रकार का साहित्य सृजन भी किया है।

अभयसेन - *Abhayasena.*
Acharya saint, who was disciple of *Acharya* Siddhasen.
आचार्य सिद्धसेन के शिष्य तथा आचार्य भीमसेन के गुरु।

अभयारण्य - *Abhayāraṇya.*
Sanctuary.
वन जहाँ पशु - पक्षी निर्भय होकर रहते हैं।

अभवस्थ - *Abhavastha.*
An emancipated or salvated soul.
जो भव (संसार) में स्थित नहीं हैं अर्थात् जो सिद्ध हैं।

अभव्य - *Abhavya.*
Those not having potential to get salvation.
जिस आत्मा में मोक्ष प्राप्त करने की योग्यता नहीं है।

अभव्यत्व - *Abhavyatva.*
Incapability for salvation.
सम्यग्दर्शनादि पर्यायों की अभिव्यक्ति की योग्यता न होना।

अभाव - *Abhāva.*
Non - existence, Negative aspect, Termination.
एक पदार्थ की दूसरे पदार्थ में गैर मौजूदगी।

अभाव भावशक्ति - *Abhāva Bhāvaśakti.*
Power of expressing non-existence (lack).
आत्मा की अप्रवर्तमान पर्याय के अभवनरूप अभाव भावशक्ति है।

अभाववाद - *Abhāvavāda.*
Views of non-existence, Views of negative aspects.
एक स्वतंत्रवाद, जो मत भावरूप वस्तु को सर्वथा स्वीकार नहीं करता।

अभाषा - *Abhāṣa.*
Unsyllabary language (speechless).
जो शब्द कोई भाषारूप न हो, बांसुरी, शंख, वीणा, मेघ आदि से उत्पन्न शब्द।

अभिकल्पना - *Abhikalpanā.*
Meaningful supposition.
सोद्देश्य कल्पना।

अभिगत - *Abhigata.*
Acquired.
प्राप्त किया हुआ (या प्राप्त करना)।

अभिगम - *Abhigama.*
Acquisition of knowledge, Attainment.
निर्णीत ज्ञान, पास जाना या आना।

अभिगमन - *Abhigamana.*
Approach, Cohabitation, Going near.
सन्मुख या समक्ष आना।

अभिगृहीत - *Abhig̥rhīta.*
Wrong belief caused due to others' preaching.
दूसरों का उपदेश सुनकर जीवादि तत्वों में अश्रद्धा होना अभिगृहीत मिथ्यात्व है।

अभिगृह - *Abhig̥rha.*
Assertion, Secret resolution.
प्रतिज्ञा (साधु द्वारा आहार के लिए जाते समय लिया जाने वाला

विशेष नियम आदि) ।

अभिघात - *Abhighāta.*
To attack, To hurt.
आघात करना, प्रहार ।

अभिघातगति - *Abhighātagati.*
Impact speed.
गेंद आदि की गति ।

अभिचन्द्र - *Abhicandra.*
The 10th ethical founder (*kulkar*).
दसवें कुलकर का नाम ।

अभिजित - *Abhijita.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र का नाम ।

अभिताप - *Abhitāpa.*
Prickly hot, Pain or trouble.
अत्यंत गर्मी, दुख या पीड़ा ।

अभिधान - *Abhidhāna.*
Something causing expression eg. formulae etc.
वाचक या प्रतिपादक - सूत्र आदि ।

अभिधान चिंतामणि कोष - *Abhidhāna Cintāmaṇi Koṣa.*
A dictionary in *Sanskrit* language.
एक संस्कृत शब्द कोश ।

अभिधेय - *Abhidheya.*
Subject matter.
वाच्य या प्रतिवाच्य अथवा कथन करने योग्य विषय ।

अभिनन्दन - *Abhinandana.*
Ceremonial greetings, Praise, Applause.
प्रशंसा, अभिवृद्धि ।

अभिनन्दननाथ - *Abhinandananātha.*
Name of the 4th Tirthankar (Jaina-Lord).
वर्तमान के चौथे तीर्थंकर का नाम । आप महाराजा स्वयंवरराज एवं महारानी सिद्धार्था के पुत्र थे। आपका जन्म माघ शु. १२ एवं मोक्ष वैशाख शु. ६ को हुआ। आपका वर्ण-क्षत्रिय, वंश-इक्ष्वाकु, देहवर्ण-तप्त स्वर्ण सदृश, चिन्ह-बंदर एवं आयु ५० लाख पूर्व वर्ष थी । आपकी जन्मभूमि अयोध्या (उ.प्र.) है ।

अभिनन्दनसागर - *Abhinandanasāgara.*
Name of the 6th Acharya in the tradition of Acharya Shantisagar Maharaj.
बीसवीं सदी के प्रथम आचार्य चारित्र चक्रवर्ती श्री शांतिसागर महाराज की परंपरा के वर्तमान छठें पट्टाचार्य ।

अभिनिबोध - *Abhinibodha.*
Deductive reasoning, Sensory knowledge.
मतिज्ञान का एक नाम, अनुमान ज्ञान, जैसे धुएं को देखकर अग्नि का ज्ञान ।

अभिनिवर्तन - *Abhinivartana.*
Get rid of.
छुटकारा पाना ।

अभिनिवेश - *Abhiniveśa.*
Attachment, Obstinacy.
कर्मजनित स्वशरीर आदि द्रव्यों में आत्मीयपने का भाव ।

अभिनिवेशिक - *Abhiniveśika.*
Irrational.
विवेक रहित, न्यायविरूद्ध ।

अभिनिषद्या - *Abhiniṣadyā.*
A place of study or sitting.
बैठने या पढने का स्थान, आसन ।

अभिन्न - *Abhinna.*
Undivided, Inseparable.
अखंड, एकमेक अवस्था ।

अभिन्नपूर्वी - *Abhinnapūrvī.*
Saints having knowledge of 10th *Purva* (a part of scripture).
विद्यानुवाद नामक दशमपूर्व पढकर के जो च्युत न हो ऐसे निर्ग्रंथ साधु ।

अभिप्राय - *Abhiprāya.*
Motive, Intention, Meaning.
आशय, उद्देश्य ।

अभिप्रेत - *Abhipreta.*
Desirable, Intended.
जो इष्ट हो ।

अभिभव - *Abhibhava.*
Subjugation, Humiliation, Insult.
पराभव, दमन, पराभूत होना, अपमान ।

अभिमन्यु - *Abhimanyu.*
The son of Arjun.
सुभद्रा रानी से उत्पन्न अर्जुन का पुत्र ।

अभिमान - *Abhimāna.*
Haughtiness, Pride, Arrogance.
घमण्ड, मान कषाय के उदय से उत्पन्न अहंकार ।

अभियोग (देव) - *Abhiyoga (Deva).*
The serving deities.
जो देव दास कर्म, वाहनादि बनने का काम करते हैं ।

अभियोगी भावना - *Abhiyogī Bhāvanā.*
Desire of performing miracles (by saints).
साधु द्वारा रसादिक ऋद्धि में आसक्त होकर तंत्र, मंत्र, भूतकर्म व हास्य से आश्चर्य उत्पन्न करने की भावना ।

अभिरम - *Abhirama.*
Engrossed in enjoyment.
रमना अर्थात् मनोरंजन होना ।

अभिलाप - *Abhilāpa.*
Affirming of expounded subject.
प्रतिपाद्य विषय का प्रतिपादन करना ।

अभिलाप्य - *Abhilāpya.*
Affirmable matter.
प्रज्ञापनीय-कथन करने योग्य पदार्थ ।

अभिलाषा - *Abhilāṣā.*
Longing, Vehement desire.
इच्छा-इन्द्रिय भोगों की इच्छा ही अभिलाषा है ।

अभिलाषी - *Abhilāṣī.*
Aspirant.
इच्छुक, इच्छा या कामना करने वाला ।

अभिलेख - *Abhilekha.*
Inscription.
लिखना, लेख ।

अभिलेखाङ्कित - *Abhilekhāṅkita.*
Inscribed.
लिखा हुआ, खुदा हुआ ।

अभिवृद्धि - *Abhivṛddhi.*
Continuous growth or increase, A presiding deity of a lunar.
उत्तरोत्तर वृद्धि, उत्तराभाद्रपद नामक नक्षत्र के अधिपति देवता का नाम ।

अभिव्यक्त - *Abhivyakta.*
Expressed, Explicit.
प्रकाशित अथवा प्रगट किया हुआ ।

अभिव्यक्ति - *Abhivyakti.*
A manifestation, An expression.
वस्तु के स्वरूप का ज्ञान होना, प्रकट होना, प्रस्तुति ।

अभिव्यापक आधार - *Abhivyāpaka Ādhāra.*
Extensive base of extraction.
आधार का एक भेद- जहां तिल में तेल की तरह व्याप्त होकर रहे वह अभिव्यापक आधार है ।

अभिषंग - *Abhiṣaṁga.*
Greediness, Deep attachment, Defeat.
लोभ, पराजय ।

अभिषव - *Abhiṣava.*
Reverential procedure of anointing the idol of Jaina Lord.
भगवान का अभिषेक ।

अभिषवाहार - *Abhiṣavāhāra.*
Aphrodisic food, taking of fatty food.
भोगोपभोग परिमाण व्रत का अतिचार; गरिष्ठ पदार्थों का सेवन करना ।

अभिषिक्त - *Abhiṣikta.*
Sprinkled, Anointed, Enthroned.
छिड़का हुआ, आर्द्र किया हुआ, जिसका अभिषेक हो चुका हो, प्रतिष्ठापित, पदस्थ ।

अभिषेक - *Abhiṣeka.*
Anointment, reverential procedure of anointing the idol of Jaina Lord.
न्हवन, जिन प्रतिमा का विधिपूर्वक स्नान व प्रक्षाल करना ।

अभिषेक पुर - *Abhiṣeka Pura.*
A place of astrological deities.
चन्द्रविमान (नगर) में एक भवन का नाम ।

अभिषेक वन्दना क्रिया - *Abhiṣeka Vandanā Kriyā.*
A devotional prayer, to be observed while anointment (*Abhishek*) of Jaina Lord by saints.
सिद्ध भक्ति, चैत्यभक्ति, पंचगुरू भक्ति, शांति भक्ति पढ़कर प्रतिदिन भगवान का अभिषेक देखते समय साधुओं को यह क्रिया करना चाहिए ।

अभिसन्धिज - *Abhisandhija.*
Voluntary.
इरादे से, अभिप्रेत अर्थ ।

अभिसारिका - *Abhisārikā.*
Woman who keeps lovers tryst.
चपला, नगर अंगना, इत्वरि-जो पर पुरूष के पास जाती है ।

अभीक्ष्णज्ञानोपयोग - *Abhīkṣṇajñānopayoga.*
Ceaseless pursuit of knowledge.
निरन्तर जीवादि पदार्थों में अर्थात् सम्यग्ज्ञान में उपयोग को जोड़े रखना ।

अभूतार्थ - *Abhūtārtha.*
Unreal, Improbable.
असत्यार्थमय व्यवहार नय, जैसे जीव अमूर्तिक है लेकिन कर्मसंयोग से मूर्तिक कहना ।

अभूतोद्भावना वचन - *Abhūtodbhāvanā Vacana.*
A lie statement, Non existent.
असत्य, जो नहीं है उसको है कहना ।

अभेद - *Abheda.*
Absence of difference, Identical.
जिसका कोई भेद न किया जा सके ।

अभेदवाद - *Abhedavāda.*
Principle of identity.
एकांत मत; अभेद को मानने वाला मत ।

अभेदस्वभाव - *Abheda Svabhāva.*
Unitary nature; identical.
गुण गुणी आदिक में एकपना होने के कारण अभेद स्वभाव है ।

अभेदोपचार - *Abhedopacāra.*
Unitary exposition of different matters.
उपचार का एक भेद-भिन्न द्रव्यों में एकत्व करके कहना अभेदोपचार है ।

अभेद्य - *Abhedya.*
Indivisible, Name of a dominion of Bharat *Chakravarti.*
जो भेदा न जा सके, चक्रवर्ती की ४९ विभूतियों में २२वीं विभूति 'कवच' का नाम ।

अभोक्ता - *Abhoktā.*
One who does not experience joy, sorrow etc.
ज्ञानी कर्म मात्र का ज्ञाता होने से कर्मों का भोक्ता नहीं है इसलिए उसे अभोक्ता कहा है ।

अभोक्तृत्व शक्ति - *Abhoktṛtva Śakti.*
Controlling power in experiencing joy & sorrow.
समस्त कर्मों से किए गये, ज्ञातृत्वमात्र भिन्न परिणामों के अनुभव का उपरिमस्वरूप ।

अभोज्य - *Abhojya.*
Prohibited food.
न खाने योग्य भोजन ।

अभ्यंगस्नान - *Abhyaṁgasnāna.*
To take bath after massage with oil, ghee etc.
घी, तैल इत्यादि से मालिश करके पुन: जल से स्नान करना ।

अभ्यंतर तप - *Abhyaṁtara Tapa.*
Internal austerity.
मन का नियमन करने वाला तप। यह तप छ: प्रकार का होता है-प्रायश्चित्त, विनय, वैय्यावृत्य, स्वाध्याय, व्युत्सर्ग, ध्यान ।

अभ्यंतरोपधि व्युत्सर्ग - *Abhyaṁtaropadhi Vyutsarga.*
Renunciation of internal belongings as anger, passion etc.
मिथ्यात्व, क्रोधादि ४ कषाय एवं नो कषाय कुल १४ प्रकार से अभ्यंतर परिग्रह का त्याग ।

अभ्यनुगत - *Abhyanugata.*
Permission granted, Consent.
स्वीकृति ।

अभ्यनुज्ञा - *Abhyanujñā.*
Admission, Permission.
स्वीकृति, आज्ञा, अनुमति ।

अभ्यन्तर शम्बूक - *Abhyantara Śambūka.*
Internally spiral like a conch.
भीतर से शंख जैसा घुमावदार होना ।

अभ्यस्त - *Abhyasta.*
Practiced.
अभ्यास पूर्ण होना ।

अभ्याख्यान - *Abhyākhyāna.*
Malign; To speak ill of, Blamming.
हिंसादि कार्य करके हिंसा से विरक्त मुनि या श्रावक पर उसका दोष लगाना ।

अभ्यागत - *Abhyāgata.*
Visitors.
मेहमान, मुनियों को अतिथि तथा इनके सिवाय अन्य सर्व पात्रों को अभ्यागत कहते हैं ।

अभ्यादान - *Abhyādāna.*
Beginning, Initial stage.
उपक्रम, प्रारम्भ, सूत्रपात करना ।

अभ्यास - *Abhyāsa.*
Practice, Study.
एक विषय के बार-बार ज्ञान होने से प्राप्त या उत्पन्न हुए संस्कार।

अभ्युत्थान - *Abhyutthāna.*
Progress, Rising (as a mark of respect.).
उन्नति, विनय पूर्वक मुनि के सम्मुख जाना ।

अभ्युदय - *Abhyudaya.*
Worldly prosperity.
लौकिक सुख ।

अभ्युदयावह - *Abhyudayāvaha.*
Name of Divyapur (an auspicious creation) of *Samavsharan* (holy assembly of Jaina - Lords).
तीर्थंकर के समवशरण की रचना में जो दिव्यपुर बनता है उसका नाम ।

अभ्युपगम सिद्धान्त - *Abhyupagama Siddhānta.*
Principle of examining the matters.
चार प्रकार के सिद्धान्तों-सर्वतंत्र, प्रतितंत्र, अधिकरण एवं अभ्युपगम में से एक; बिना परीक्षा किये किसी पदार्थ को मानकर उस पदार्थ की विशेष परीक्षा करना ।

अभ्र - *Abhra.*
The sky, The 21st celestial deity & *Patal* (layer) of *Saudharma* heaven.
आकाश, सौधर्म स्वर्ग का २१वां पटल व इन्द्रक ।

अभ्रांत - *Abhrāṁta.*
Correct; free from mistake.
भ्रांति से रहित ।

अभ्रावकाश (योग) - *Abhrāvakāśa (Yoga).*
To meditate in open sky.
खुले आकाश में योग धारण करना ।

अमनस्क - *Amanaska.*
One without *mind* (i.e. without mental power, perception or feeling).
मन से रहित असंज्ञी । एकेन्द्रिय से चार इंद्रिय तक सभी जीव अमनस्क रहते हैं ।

अमनोज्ञ - *Amanojña.*
Disagreeable, Crude, Clumsy.
अप्रिय, जो मन-इन्द्रियों को अच्छा न लगे ।

अमम - *Amama*
A time unit.
काल का एक प्रमाण, ८४ लाख अममांग का एक अमम ।

अममांग - *Amamāṁga.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण विशेष ।

अमर - *Amara.*
Immortal, Eternal, All deities are also called as Amar.
जिसका कभी मरण न हो जैसे सिद्ध भगवान। चार प्रकार के

देवताओं को भी अमर कहते हैं ।

अमरकीर्ति गणी - *Amarakīrti Gaṇī.*
A disciple of '*Acharya* Chandrakirti'.
ई. सन् ११८७-११९० में चन्द्रकीर्ति जी के शिष्य जिन्होंने णेमिणाहचरिउ प्रधान कृति की रचना की ।

अमरकोष टीका - *Amarakoṣa Ṭīkā.*
A book written by '*Pandit* Ashadhar'.
पं. आशाधर (ई. सन् ११७३-१२४३) द्वारा लिखित एक कृति ।

अमरण स्थान - *Amaraṇa Sthāna.*
The 3rd, 12th and 13th spititual stage of development (*Gunsthan*), where death could not take place.
जीव के वे गुणस्थान जिनमें मरण नहीं होता; ३रा, १२वां, १३वां गुणस्थान ।

अमरलोक - *Amaraloka.*
Auspicious super place of salvated souls.
सिद्धालय, जहां मुक्तिप्राप्त आत्माएं विराजती हैं। देवताओं का एक नाम 'अमर' है इसलिए उनके निवास स्थान स्वर्ग को भी अमरलोक कहते हैं ।

अमरसेनचरिउ - *Amarasenacariu.*
A book written by Manikyaraj .
ई. सन् १५१९ में माणिक्यराज द्वारा रचित मुनि अमरसेन के जीवन वृत्त पर रचित एक ग्रन्थ ।

अमरावती - *Amarāvatī.*
The city of '*Saudharm Indra*' (celestial deity).
सौधर्म इन्द्र के पुर का नाम ।

अमरेन्द्रकीर्ति - *Amarendrakīrti.*
Name of a *Bhattarak* of *Nandisangh* (a group).
नन्दिसंघ की नागौर गद्दी के एक भट्टारक ।

अमर्यादित भोजन - *Amaryādita Bhojana.*
The stale food (non-edible).
समय विशेष की मर्यादाओं के बाहर खाद्य पदार्थों में जीवोत्पत्ति होने से वे खाद्य पदार्थ अमर्यादित भोजन कहलाते हैं ।

अमर्षण - *Amarṣaṇa.*
Intolerance, Angerness.
धैर्यहीनता, असहनशीलता ।

अमलप्रभ - *Amalaprabha.*
The 7th Tirthankar (Jaina - Lord) of past era.
भूतकालीन सप्तम तीर्थंकर ।

अमलान - *Amalāna.*
Pure, sacred, free from all Karmas.
पवित्र, कर्ममल से रहित ।

अमात्य - *Amātya.*
A minister of the state.
देश का अधिकारी, मंत्री ।

अमारी - *Amārī.*
Killing prohibition, free from violence.
सुभिक्ष (हिंसा आदि का न होना) ।

अमावस्या - *Amāvasyā.*
The last day of the dark fort night of a lunar month.
प्रतिमाह के कृष्णपक्ष की अंतिम तिथि; राहुबिम्ब के द्वारा एक-एक कलाओं के आच्छादित हो जाने पर इस तिथि में चंद्रमा की एक ही कला दिखती है ।

अमित - *Amita.*
Immeasurable, Name of a space vehicle of some *Indras*.
जिसे मापा न जा सके,उत्तरेन्द्रों के लोकपालों के प्रधान विमानों में एक विमान ।

अमितगति - *Amitagati.*
Immeasurable speed, A disciple of '*Acharya* Devsen' of *Mathur* group.
ऐसी गति जिसको मापा न जा सके,आचार्य (ई. ९२३ - ९६३) जो देवसेन के शिष्य तथा नेमिषेण के गुरू थे,इस नाम के और भी कुछ आचार्य हुए हैं ।

अमितगति (देव) - *Amitagati (Deva).*
Name of a celestial deity.
भवनवासी देवों के दिक्कुमार जाति के पहले इन्द्र का नाम ।

अमितगति श्रावकाचार - *Amitagati Śrāvkācāra.*
A book written by '*Acharya* Amitagati'.
आचार्य अमितगति (ई. सन् ९८३ -१०२३) द्वारा संस्कृत छंदों में रचित एक ग्रंथ ।

अमितज्ञान - *Amitajñāna.*
Omniscience.
केवलज्ञान अर्थात् अनंतज्ञान ।

अमिततेज - *Amitateja.*
The son of Arkkirti.
अर्ककीर्ति का पुत्र था, अशनिघोष द्वारा बहन सुतारा के चुराये जाने पर महाज्वाला विद्या सिद्ध कर उसे हराया ।

अमितमति - *Amitamati.*
The wife of an ethical founder (*kulkar*)'Prasenjit'.
एक कुलकर 'प्रसेनजित्' की पटरानी का नाम ।

अमितवाहन - *Amitavāhana.*
Name of a celestial deity.
भवनवासी देवों की दिक्कुमार जाति के दूसरे इन्द्र का नाम ।

अमितसागर (मुनि) - *Amitasāgara* (Muni).
Name of a saint, the disciple of Acharya Shri Dharmasagar Maharaj.
चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के तृतीय पट्टाधीश आचार्य श्री धर्मसागर जी महाराज के एक प्रभावक शिष्य (ई.श. २०-२१) ।

अमितसेन - *Amitasena.*
A disciple of '*Acharya* Jaisenji'.
आचार्य जयसेन के शिष्य (ई. ७४३ - ७९३) ।

अमुक्त - *Amukta.*
Non-liberated (not salvated).
जो मोक्ष को प्राप्त नहीं हुए हैं।

अमुख्यमंगल - *Amukhya Maṁgala.*
Auspicious articles.
गौण मंगल, पीली सरसों, पूर्ण कलश, वन्दनमाला, छत्र, दर्पण, उत्तम जाति का घोड़ा, कुंवारी कन्या आदि ये अमुख्य मंगल हैं।

अमूढ़दृष्टि - *Amūṛhadṛṣṭi.*
Unblurred perception, Unblemish perception.
सम्यग्दर्शन का चौथा अंग - मूढ़ता या मूर्खता से किसी कुदेव, कुधर्म, कुशास्त्र में श्रद्धा न लाना।

अमूर्त - *Amūrta.*
Formless, without body, Intangible.
जो दृश्यमान न हो, जिसमें स्पर्श, रस, गंध, वर्ण गुण नहीं पाया जाता हो।

अमूर्तत्व - *Amūrtatva.*
Non - corporality, Intangibility, Non-materiality.
अमूर्त द्रव्यों का भाव, अमूर्त द्रव्यों का एक गुण।

अमृत - *Amṛta.*
Nectar; name of a dominion of *Chakravarti.*
चक्रवर्ती की ४९ विभूतियों में 'पेय पदार्थ' का नाम।

अमृतकल्प - *Amṛtakalpa.*
Edible food; name of a dominion of *Chakravarti.*
चक्रवर्ती की ४९ विभूतियों में 'खाद्यपदार्थ' का नाम।

अमृतकुम्भ - *Amṛtakumbha.*
Nectar pitcher, Real state of self evidence.
अमृत से भरा कलश, समयसार के अनुसार जो प्रतिक्रमण आदि के विकल्पों से रहित तीसरी भूमिका है वह स्वयं साक्षात् अमृतकुम्भ है।

अमृतचन्द्र - *Amṛtacandra.*
Name of a famous *Acharya* (saint).
पुरुषार्थसिद्ध्युपाय ग्रंथ व कुन्दकुन्द आचार्य के समयसार, प्रवचनसार, पंचास्तिकाय के संस्कृत टीकाकार एक आचार्य (ई. ९०५ - ९५५)।

अमृतधारा - *Amṛtadhārā.*
A liquid Indian medicine, Name of a place in the south of *Vijayardha* mountain.
कपूर, पीपरमेंट व सत् अजवाइन से निर्मित एक तरल औषधि, विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर।

अमृतसेन (आचार्य) - Amṛtasena (Ācārya).
Name of a saint, the disciple of Acharya Shri Subalsagar Maharaj.
आचार्य श्री सुबलसागर महाराज के शिष्य (ई.श. २०-२१)।

अमृतस्रावी ऋद्धि - *Amṛtasrāvī Ṛddhi.*
A type of supernatural power of transforming food as the nectar on putting it into the hand of a great saint. Also it is a remedial super power of turning miraculously a diseased one into healthy one just by a kind looking or auspicious utterance of a great saint.
जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु के हाथ पर रखा कैसा भी आहार अमृतमय हो जाता है अथवा जिनके वचन अमृत के समान हितकारी होते हैं। इस ऋद्धि के प्रभाव से प्रसन्न हृदय वाले महर्षि से देखा गया रोगी जीव भी निरोगी हो जाता है।

अमृताशीति - *Amṛtāśīti.*
A book written by *Acharya* 'Yogendudeva'.
आचार्य योगेन्दुदेव (ई.श.६) द्वारा रचित उपदेश मूलक विभिन्न छन्दबद्ध अपभ्रंश भाषा के ८२ पद्यों की एक रचना।

अमृषा - *Amṛṣa.*
True (truth).
सत्य।

अमेचक - *Amecaka.*
To identify uniformity of soul.
शुद्ध निश्चय नय से प्रगट ज्ञायकत्व ज्योतिमात्र से आत्मा की एक स्वरूपता या एकाकार को पहचानना।

अमेध्य - *Amedhya.*
An obstacle in food of saints (touching of impure substance).
अन्तराय ; अशुचि वस्तु से चरण लिप्त हो जाना।

अमोघ - *Amogha.*
Name of an arrow, Unfailing.
एक बाण जिसे चक्रवर्ती जिनेन्द्र पूजन के पूर्व दिग्विजय के लिए फेंकता है।

अमोघमुखी शक्ति - *Amoghamukhī Śakti.*
A jewel of *Narayan.*
नारायण के सात रत्नों में एक रत्न का नाम।

अमोघ वर्ष - *Amogha Varṣa.*
A king of *Rashtrakuta* dynasty.
राष्ट्रकूट वंश का प्रसिद्ध राजा, जिनसेनाचार्य का शिष्य, अंत में जिन दीक्षा ली।

अमोह - *Amoha.*
Absence of delusion.
मोह से रहित।

अयत साध्य - *Ayata Sādhya.*
Careless, Effortless.
प्रयत्नहीन।

अयतन - *Ayatana.*
Carelessness, Without effort or pain.
बिना किसी प्रयत्न या कष्ट के।

अयत्न साध्य - *Ayatna Sādhya.*
Effortless due to lack of *karmas.*
कर्मों के अभाव का एक प्रकार। जिन कर्मों के अभाव में प्रयत्न कार्यकारी न हो जैसे देव- नरकायु।

अयत्नाचारी - *Ayatnācārī.*
Non - vigilant, Careless.

प्रमादी, असावधानी पूर्वक क्रिया करने वाला।

अयथाकाल - *Ayathākāla.*
Shedding off of *karmas* before their fruition.
कर्मों की स्थिति पूरी होने से पहले ही तपस्या आदि से कर्मों की निर्जरा करना।

अयथार्थ - *Ayathārtha.*
Unreal.
जो यथार्थ नहीं ह।

अयन - *Ayana.*
A time unit (a period of six months),Time required for the movemet of Sun from south to north & north to south.
काल का एक प्रमाण (६ माह), दक्षिण से उत्तर एवं उत्तर से दक्षिण में होने वाली सूर्य की गति से होने वाला काल का प्रमाण।

अयशःकीर्ति - *Ayaśaḥkīrti.*
A type of *karmic* nature causing dishonour.
नामकर्म की एक प्रकृति जो अपयश का कारण है।

अयश - *Ayaśa.*
Infamy, Bad reputation.
अकीर्ति, अपयश।

अयुक्त - *Ayukta.*
Untenable, Unjustifiable, Separated, Incompatible.
अयोग्य अथवा जो मिला हुआ न हो।

अयुत - *Ayuta.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण-८४ लाख अयुतांग का एक अयुत।

अयुतसिद्ध - *Ayutasiddha.*
Interdependency of matters.
अपृथक्पना; एक दूसरे के बिना न रहने वाला, जैसे द्रव्य में गुण और पर्याय।

अयुतांग - *Ayutāṁga.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण - ८४ लाख अमम का प्रमाण काल।

अयोग - *Ayoga.*
Static (reg. *Karmic* vibration).
आत्मा के प्रदेशों का सकम्प न होना, कर्म-नोकर्म आकर्षण के लिए जीव की योग्य शक्ति का न चलना।

अयोग केवली - *Ayoga Kevalī.*
Omniscient at the 14th stage of spiritual development, free from all Karmic vibrations.
१४ वें गुणस्थानवर्ती केवली।

अयोगी - *Ayogī.*
See - *Ayogakevalī.*
देखें - अयोगकेवली।

अयोध्य - *Ayodhya.*
A dominion, army chief of *Chakravarti.*
चक्रवर्ती की ४९ विभूतियों में एक विभूति 'सेनापति' का नाम।

अयोध्या - *Ayodhyā.*
Birth place of Rishabhadev etc. five Jaina Lords (eternal birth place).
एक नगर का नाम, शाश्वत तीर्थ जहां प्रत्येक चतुर्थ काल में चौबीस तीर्थंकर जन्म लेते हैं, वर्तमान में हुंडावसर्पिणी काल के दोष से यहाँ पर मात्र पाँच तीर्थंकर -ऋषभ, अजित, अभिनंदन, सुमति एवं अनंतनाथ भगवान ने जन्म लिया। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम की जन्मभूमि। वर्तमान में यहाँ के जैन तीर्थ (रायगंज) परिसर में ३१ फुट उत्तुंग भगवान ऋषभदेव की खड्गासन प्रतिमा विराजमान है। सन् १९६५ में आचार्य श्री देशभूषण जी महाराज की प्रेरणा से यह प्रतिमा स्थापित की गई। पुनः ई. सन् १९९४ में गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से अनेक निर्माण हुए, भगवान ऋषभदेव का प्रथम बार महामस्तकाभिषेक हुआ और अयोध्या को ऋषभदेव जन्मभूमि के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त हुई। यहाँ पर जन्में पाँच तीर्थंकरों की पाँच ऐतिहासिक टोंक बनी हुई है।

अयोनिज - *Ayonija.*
Those who take birth with the power of three gems (Right perception, Right knowledge & Right conduct).
रत्नत्रय की शक्ति रूप संस्कार से जन्म धारने वाले जीव।

अर - *Ara.*
Name of the 18th present *Tirthankar* (Jaina - Lord), the 12 predestined Tirthankar, the 14th Kamdev & the 7th Chakravarti.
वर्तमान चौबीसी के १८ वें तीर्थंकर अरनाथ भविष्य के १२वें तीर्थंकर, १४ वें कामदेव तथा ७ वें चक्रवर्ती का नाम।

अरक्षा भय - *Arakṣā Bhaya.*
A type of fear.
मेरा कोई रक्षक नहीं है ऐसा भय करना।

अरण्य - *Araṇya.*
Forest.
मनुष्य संचार से शून्य, बेलों व वृक्षादि से परिपूर्ण वन।

अरति - *Arati.*
Hatred, Passion, Disliking.
द्वेष, निरुत्सुकता, उदासीनता, अप्रीति।

अरति परिषह जय - *Arati Pariṣaha Jaya.*
Getting victory over affliction from hatred, passion etc.
रागद्वेष के कारणों के उपस्थित होने पर भी किसी से रागद्वेष नहीं करना।

अरति प्रकृति - *Arati Prakṛti.*
A *karmic* nature causing hatred, passion etc.
जिसके उदय से इन्द्रियों के विषय आदि में उत्सुकता न हो।

अरति वाक् - *Arati Vāk.*
The words producing hatred, passion etc.
वह वचन जिसे सुनकर द्वेष भाव उत्पन्न हो जावें।

अरति वेदनीय - *Arati Vedanīya.*
Distress caused due to hatred, passion etc.
नोकषाय वेदनीयकर्म के उदय से अरति का वेदन (अनुभव) होना ।

अरत्युत्पादक वचन - *Aratyutpādaka Vacana.*
Preachings generating disattachment.
वह वचन जिसके सुनने से द्वेष भाव उत्पन्न हो जावे ।

अरदास - *Aradāsa.*
Petition, request, entreaty.
विनती, अर्जी ।

अरनाथ - *Aranātha.*
The 18th *Tirthankar* (Jaina-Lord) of present era.
वर्तमान चौबीसी के १८ वें तीर्थंकर। आप महाराजा सुदर्शन एवं महारानी मित्रसेना के पुत्र थे। आपका जन्म मगसिर शु. ४ एवं मोक्ष चैत्र कृ. अमावस्या को हुआ। आपका वर्ण-क्षत्रिय, वंश-कुरु, देहवर्ण-तप्त स्वर्ण सदृश, चिन्ह-मछली एवं आयु ८४ हजार वर्ष थी । आपकी जन्मभूमि हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र. है ।

अरबुद - *Arabuda.*
A large number-one hundred million.
एक संख्या, अरब (१०००००००००) ।

अरल सागर - *Arala Sāgara.*
Name of an ocean.
पश्चिम तुर्किस्तान का एक समुद्र जो प्राचीन काल में कैप्सियन से मिला हुआ था ।

अरविंद - *Aravimda.*
A lotus flower, A king of *Kuru* dynasty.
कमल फूल, कुरुवंश के एक राजा ।

अराग - *Arāga.*
Detachment.
राग का अभाव ।

अरिंजय - *Arimjaya.*
Name of cities in the south & north of *Vijayardha* mountain.
विजयार्ध की उत्तर एवं दक्षिण क्षेणी के नगरों का नाम ।

अरि - *Ari.*
An enemy, Delusion.
शत्रु, ८ कर्मों में मोह को शत्रु की संज्ञा दी गई है ।

अरिकेसरी - *Arikesarī.*
A king of *Chalukya* dynasty.
आप चालुक्यवंशी राजा थे ।

अरिमर्दन - *Arimardana.*
A king (*Vidyadhar*) of *Rakshas* dynasty.
राक्षस वंश का एक विद्याधर ।

अरिष्ट - *Arişta.*
A special type of heavenly deities (Laukantikidev), First *Patal* (layer) of *Brahma* heaven, A summit of *Ruchak* mountain, Harmful.
लौकान्तिक देवों का एक भेद, ब्रह्म स्वर्ग का प्रथम पटल,रूचक पर्वत पर स्थित एक कूट। इस शब्द का सामान्य अर्थ अनिष्टकारी भी होता है ।

अरिष्टनेमि - *Arişţanemi.*
Another name of Lord Neminath.
हरिवंश में उत्पन्न हुए एक राजा - समुद्रविजय के पुत्र भगवान नेमिनाथ का अपरनाम ।

अरिष्टय - Arişţaya.
Small insects, occurred in the body of children due to sweat etc.
बच्चों के शरीर में पसीना आदि से जो पैदा होते हैं ऐसे क्षुद्र जीव।

अरिष्टसम्भवा - *Arişţasambhavā.*
A type of paripatetic deities.
आकाशोपपन्न व्यंतर देवों का एक भेद ।

अरिष्टसेन - *Arişţasena.*
A chief disciple of Lord Dharmanath, Name of a *Chakravarti.*
धर्मनाथ तीर्थंकर के मुख्य गणधर, भरतक्षेत्र के भविष्यकालीन १२वें चक्रवर्ती ।

अरिष्टा - *Arişţā.*
Main city of *Kaccha* country of east *Videh* (region).
पूर्व विदेह क्षेत्र में स्थित कच्छ देश की मुख्य नगरी ।

अरिहंत - *Arihaṁta.*
The omniscient Lord.
पंच परमेष्ठियों में प्रथम परमेष्ठी, जिन्होंने चार घातिया कर्मो का नाश कर दिया है। इनके अपरनाम-अर्हन्त, अरूहंत, अरहंत हैं।

अरिहंत विभव - *Arihaṁta Vibhava.*
The grandeur of Lord Arihant—the Samavasharan.
अरिहंत भगवान की समवसरणरूपलक्ष्मी ।

अरुचि - *Aruci.*
Dislike, Aversion.
अनिच्छा ।

अरुण - *Aruṇa.*
The 6th *Patal* (layer) of *Saudharma* heaven, Space vehicles of special types of heavenly deities (Laukantik Dev), A protecting deity of south *Arunvar* island & ocean.
सौधर्म स्वर्ग का छठा पटल, लौकांतिक देवों के दक्षिण दिशा के विमान, दक्षिण अरूणवर द्वीप एवं समुद्र का रक्षक देव ।

अरुणमणि - *Aruṇamaṇi.*
A poet, who wrote a book 'Ajit Purana'.
एक कवि (ई. १६५९) जिन्होंने अजित पुराण ग्रंथ रचा ।

अरुणवर - *Aruṇavara.*
The 9th island and ocean of middle universe.
मध्यलोक का नवम द्वीप व सागर ।

अरुणाभास - *Aruṇābhāsa.*
The 10th island and ocean of middle universe.
मध्यलोक का दशम (दसवाँ) द्वीप व सागर ।

अरूपत्व - *Arūpatva.*
Formlessness, Non-materiality.
रूप से रहित होना ।

अरूपी - *Arūpī.*
formless, Non-material.
जिसका आकार, रूप आदि नहीं है ।

अर्क - *Arka.*
The Sun.
सूर्य ।

अर्ककीर्ति - *Arkakīrti.*
The son of Bharat *Chakravarti.*
भरत चक्रवर्ती का पुत्र जिनके नाम से सूर्यवंश प्रारम्भ हुआ ।

अर्घ - *Argha.*
Auspicious offerings (as rice etc) for Jaina - Lord.
अनर्घ पद की प्राप्ति के लिए अरहंत भगवान् के चरणों में चढाई गई अष्टद्रव्य रूप पूजन सामग्री ।

अर्चन - *Arcana.*
Worshipping, Adoration.
पूजा करना ।

अर्चि - *Arci.*
Spark, Name of a heavenly spatial place.
अग्नि का फुंगारा, प्रथम अनुदिश विमान ।

अर्चिनिका - *Arcinikā.*
Name of a chief female deity of an Indra.
दक्षिण इन्द्रों की ८ ज्येष्ठ देवियों में एक ।

अर्चिमालिनी - *Arcimālinī.*
Name of a heavenly aboding place.
९ अनुदिश विमानों में दूसरा विमान ।

अर्जुन - *Arjuna.*
The son of king Pandu, Name of a medicinal tree.
राजा पांडु का तीसरा पुत्र, एक औषधि वृक्ष का नाम ।

अर्णव - *Arṇava.*
The ocean.
समुद्र ।

अर्ति - *Arti.*
Pain.
दुःख दर्द ।

अर्थ - *Artha.*
Motive, Wealth, Meaning, Sense .
प्रयोजन, धन, शब्द का अर्थ ।

अर्थकथा - *Arthakathā.*
Money gossip.
२५ विकथाओं में दूसरी विकथा (धन से संबंधित) ।

अर्थक्रियाकारित्व - *Arthakriyākāritva.*
Practical utility, Causal efficiency.
वस्तु का लक्षण जिसमें गुणपर्यायों का अपने - अपने रूप से परिणमन होता है ।

अर्थ क्रिया सामर्थ्य - *Artha Kriyā Sāmarthya.*
Grasping capacity.
अर्थग्रहण करने की क्षमता ।

अर्थग्रहण - *Arthagrahaṇa.*
Comprehension of meaning, Gaining of wealth.
ज्ञान (अर्थ) की प्राप्ति होना अथवा धन की प्राप्ति होना ।

अर्थजन्य - *Arthajanya.*
Generated by an object (reg. knowledge).
एक दर्शन जो ज्ञान को पदार्थ से उत्पन्न मानता है ।

अर्थदर्शनार्य - *Arthadarśanārya.*
A type of *Aryas* having right perception.
वह सम्यग्दृष्टि आर्य जिसको वचनों के विस्तार को सुने बिना अर्थ के समझने से सम्यक्त्व हो ।

अर्थनिबंधन - *Arthanibaṁdhana.*
A type of composition.
नाम का एक भेद - अर्थ समवाय (संयोग) अर्थ निबंधन नाम है । यह एक जीव, अनेक जीव व अजीव से उत्पन्न संयोगी भंगों के भेद से ८ प्रकार का है (धवला के अनुसार) ।

अर्थनिमित्तक विनय - *Arthanimittaka Vinaya.*
Expressing humility for self interest.
अपने प्रयोजन या स्वार्थ के लिए विनय करना ।

अर्थपद - *Arthapada.*
A type of meaningful phrase.
पद तीन प्रकार के होते हैं - अर्थपद, प्रमाण पद, मध्यम पद । इनमें अर्थपद एक से सात अक्षर का होता है।

अर्थपरंपरा - *Arthaparaṁparā.*
Assertion of meaning.
अर्थ पद का उच्चारण करके निक्षेप नयों के द्वारा तत्त्व निर्णय करना ।

अर्थपर्याय - *Arthaparyāya.*
Indistinct mode, Deterioration of virtues.
गुणों के विकार को अर्थ पर्याय कहते हैं ।

अर्थपर्याय नैगम नय - *Arthaparyāya Naigama Naya.*
Object event figurative purport (meaning).
एक वस्तु में दो अर्थ पर्यायों को गौण मुख्य रूप से जानने के लिए नयज्ञानी का उत्पन्न अभिप्राय ।

अर्थपुनरुक्ति - *Arthapunarukti.*
Tautology.
एक शब्द से जिस अर्थ की प्रतीति हो रही हो उसी अर्थ को पुनः अन्य शब्द से कहना ।

अर्थपुरुषार्थ - *Arthapuruṣārtha.*
Monetary efforts.
धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष चार पुरुषार्थों में एक; धन को कमाने के लिए किया गया परिश्रम ।

अर्थपौरुषी - *Arthapauruṣī.*
Man involved in acquisition of wealth.
अर्थ-सिद्धि में लिप्त होना ।

अर्थप्रकाश - *Arthaprakāśa.*
Expansion (illumination) of knowledge.
ज्ञान, जो स्व प्रकाशित होते हुए पदार्थों को भी प्रकाशित करता है ।

अर्थप्रधान - *Artha Pradhāna.*
Money oriented.
धन प्रधान ।

अर्थभेद - *Arthabheda.*
Difference in the meanings.
शब्दों के अर्थ में अंतर होना ।

अर्थरुचि - *Artharuci.*
A right perception through only meanings of the words.
सम्यग्दर्शन के १० भेदों में एक भेद - वह सम्यग्दर्शन जो वचनों के विस्तार सुने बिना अर्थ के समझने से पैदा हो ।

अर्थलिंगज श्रुतज्ञान - *Arthaliṁgaja Śrutajñāna.*
A type of scriptural knowledge (*shrutgyana*), inferential knowledge.
अनुमान या धूमादिक पदार्थ रूप लिंग से उत्पन्न हुआ श्रुतज्ञान ।

अर्थवाक्य - *Arthavākya.*
Meaningful sentence.
वाक्य का एक भेद जिससे अर्थ का ज्ञान हो ।

अर्थवाद - *Arthavāda.*
A kind of meaningful sentence.
वाक्य का एक रूप, जो स्तुति, निंदा, परकृति और पुराकल्प से चार प्रकार का होता है ।

अर्थविकल्प ज्ञान - *Arthavikalpa Jñāna.*
Knowledge with alternative meanings regarding self (soul) & other (non-soul).
जिस ज्ञान में स्व-पर आकार प्रतिभासित होता है ।

अर्थव्यंजन पर्याय नैगम नय -
Arthavyaṁjana Paryāya Naigama Naya.
Figurative standpoint of distinct and indistinct modes.
एक धर्मी में अर्थ व व्यंजन दोनों पर्यायों को विषय करने वाला नय।

अर्थव्यंजन पर्याय नैगमाभास -
Arthavyaṁjana Paryāya Naigamābhāsa.
Apprehension of figurative purport (meaning) of distinct and indistinct modes.
धर्मात्मा पुरुष में सुख व जीवनपने अथवा गुण व गुणी का सर्वथा भेद मानना ।

अर्थशुद्धि - *Arthaśuddhi.*
Purification (righteousness) of the meanings - a part of right knowledge.
सम्यग्ज्ञान का दूसरा अंग-शब्दों का अर्थ शुद्ध करना ।

अर्थसंक्रान्ति - *Arthasaṁkrānti.*
Transition between Dravya & Paryaya during meditational phase.
परिवर्तन; ध्यान में द्रव्य को छोड़कर पर्याय व पर्याय को छोड़कर द्रव्य को प्राप्त होना ।

अर्थसंग्रह - *Arthasaṁgraha.*
Collection of wealth.
धन संग्रह ।

अर्थसंदृष्टि - *Arthasaṁdṛṣṭi.*
Symbolism (reg. meaning).
जहां वास्तविक दृष्टांतरूप भाव प्रगट किया जाये वह वर्णन अथवा अंक के सिवाय अन्य प्रकार से समझाना अर्थसंदृष्टि है।

अर्थसम - *Arthasama.*
A type of scriptural knowledge (*shrutagyana*).
बीज पद से उत्पन्न समस्त श्रुतज्ञान ।

अर्थसमय - *Arthasamaya.*
Scriptural knowledge.
कथन के निमित्त से ज्ञात हुए पंचास्तिकाय का ही वस्तु रूप से समवाय अर्थात् समूह ।

अर्थसम्यक्त्व - *Arthasamyaktva.*
Perception of right knowledge.
अंग बाह्य आगमों के पढ़े बिना ही उनमें प्रतिपादित किसी पदार्थ के निमित्त से जो अर्थश्रद्धान होता है ।

अर्थसम्यक्त्वार्य - *Arthasamyaktvārya.*
A type of '*Aryas*' having right perception of matters.
अर्थसम्यक्त्व को धारण करने वाले आर्य ।

अर्थसम्यग्दर्शन - *Artha Samyagdarśana.*
Right perception of scriptural knowledge.
आगम को पढ़े बिना ही उसमें प्रतिपादित अर्थ या भाव को जानकर जो सम्यग्दर्शन होता है ।

अर्थांतर - *Arthāṁtara.*
Unrelated meaning.
प्रकृत अर्थ से संपर्क न रखने वाले अर्थ को अर्थांतर कहते हैं ।

अर्थाख्यान - Arthākhyāna.
Reading of treatises related to conduct.
चरित्र पुराण ग्रंथ पढना ।

अर्थाचार - *Arthācāra.*
Absolute grasping of scriptures.
शास्त्र में कहे गये अनेकांत स्वरूप को ठीक-ठीक समझना अर्थाचार या अर्थशुद्धि है ।

अर्थाधिगम - *Arthādhigama.*
Acquisition of knowledge of matters (through Praman & Naya).
प्रमाण और नय के द्वारा पदार्थ का ज्ञान होना ।

अर्थापत्ति - *Arthāpatti.*
Inferential knowledge, supposition of the meaning.
स्थिति विशेष को देखकर किसी अर्थ का अनुमान लगाना। जैसे

बाढ़ को देखकर बारिश का अनुमान लगाना ।

अर्थापदत्व - *Arthāpadatva.*
Meaningless statement.
अनर्थकपदत्व अथवा अर्थ का अभाव होना ।

अर्थावग्रह - *Arthāvagraha.*
Clearly perceptible apprehension.
स्पष्ट पदार्थों का ग्रहण, दर्शन के बाद ऐसा स्पष्ट ग्रहण हो कि पदार्थ का निर्णय कर सके ।

अर्थोपलब्धि - *Arthopalabdhi.*
The cognition of an object, Grasping.
पदार्थ की उपलब्धि, ज्ञान की प्राप्ति होना ।

अर्थोपसम्पत् - *Arthopasampata.*
To attempt in understanding the meanings.
सूत्रों के अर्थ के लिए यत्न करना ।

अर्दन - *Ardana.*
Pain, Trouble, Distress.
अर्ति, पीड़ा, दुख ।

अर्द्धकथानक - *Arddhakathānaka.*
Self autobiography written by '*Pandit* Banarsidas'.
ई. १६४१ में पं. बनारसीदास द्वारा रचित अपनी आत्मकथा ।

अर्द्धक्रम - *Arddhakrama.*
Operation of meditation.
योग क्रिया ।

अर्द्धगोलक - *Arddhagolaka.*
Hemisphere.
अर्द्धवृत्त ।

अर्द्ध चक्रवर्तिन् - *Arddha Cakravartin.*
Semi *Chakravartin* (the ruler of all three parts of the Universe).
नारायण ; त्रिखंडाधिपति ।

अर्द्धचन्द्र - *Arddhacandra.*
Half moon; identification symbol of the 8th *Tirthankar* (Jaina Lord).
आधा चन्द्रमा, वर्तमान के ८वें तीर्थंकर चन्द्रप्रभु का चिन्ह ।

अर्द्धच्छेद - *Arddhaccheda.*
Means, remainder should be '1' (one) when a number is continuously divided by '2' (two).
जिस संख्या को आधा करते हुए अंत में एक रह जाये ।

अर्द्धच्छेदक - *Arddhacchedaka.*
Logarithm, Log to the base 2.
जिस संख्या को आधा करते हुए अंत में एक रह जए । अथवा जितनी बार २ लिखने से वह संख्या आ जाये। जैसे २ २ २ २=१६ इस तरह अर्द्धच्छेद ४ हुए ।

अर्द्धतिष्ठ - *Arddhatiṣṭha.*
Half seated.
अर्द्धसन ।

अर्द्धनाराच - *Arddhanārāca.*
An osseous structure, half interlocking and pining joints or semi-joints & bones.
नामकर्म की ९३ प्रकृतियों के अन्तर्गत छह संहननों में से एक; हाड़ों (हड्डियों) की सन्धियाँ नाराच (कीलों) से आधी बंधी हो।

अर्द्धपुद्गलपरावर्तन -
Arddhapudgala Parāvartana.
Half embodiment time cycle.
द्रव्य परावर्तन काल का आधा काल ।

अर्द्धमंडलीक - *Arddhamaṁḍalīka.*
King; chief of 2000 kings.
एक राजा; दो हजार राजाओं का स्वामी ।

अर्द्धवर्तुलाकार - *Arddhavartulākāra.*
Semi circular.
आधा गोल ।

अर्द्धविक्षिप्त - *Arddhavikṣipta.*
Bewildered, Confused, Half-mad.
व्याकुल, भ्रांत, बुद्धिहीन ।

अर्द्धवृत्ताकार - *Arddhavṛttākāra.*
Semi circular.
आधा गोल ।

अर्द्धेन्द्रा - *Arddhendrā.*
The 4th dwelling place of hellish beings (of 5th hell).
पाँचवें नरक का चौथा इन्द्रक बिल ।

अर्धकंस - *Ardhakaṁsa.*
A weighing unit.
तौल की अपेक्षा द्रव्यप्रमाण; १ तुला = १ अर्धकंस = १०० पल ।

अर्धकथानक - *Ardhakathānaka.*
See - *Arddhakathānaka.*
देखें - अर्द्धकथानक ।

अर्ध कर्ष - *Ardha Karṣa.*
Half pulled.
आधा खिचा हुआ ।

अर्धकांड - *Arddhakāṁḍa.*
A book written by Durgdev in 1032.
ई. सन् १०३२ में दुर्ग देव द्वारा रचित मंत्र-तंत्र विषयक एक ग्रंथ।

अर्धचिंता - *Ardhaciṁtā.*
Incomplete consideration.
अधूरा चिंतन ।

अर्धच्छेदराशि - *Ardhacchedarāśi.*
See - *Arddhacchedaka.*
देखें - अद्धच्छेदक ।

अर्धतुला - *Ardhatulā.*
A standard measure of weight.
तौल का एक प्रमाण ।

अर्धनाराच संहनन (नामकर्म प्रकृति) - *Ardhanārāca Saṁhanana(Nāmakarma Prakṛti).*
Karmic nature causing osseous structure, half interlocking and pining joints.
वह कर्म जिसके उदय से हाड़ों की संधि अर्धकीलित हो, पूरी कीलित न हो।

अर्धपंचम - *Ardhapaṁcama.*
A number (unit).
एक संख्या (मापन)।

अर्धपर्यंकासन - *Ardhaparyaṁkāsana.*
A meditational posture.
योग संबंधी एक मुद्रा; जहां दाहिने पैर को बाईं जांघ के ऊपर और बाएँ पैर को दाहिनी जांघ के नीचे रखा जाए, बाएं हाथ पर दाहिना हाथ रखकर नासाग्र बैठा जाये।

अर्ध पल - *Ardha Pala.*
A time unit (12 seconds).
काल का एक प्रमाण विशेष अर्थात् १२ सेकंड।

अर्धभार - *Ardhabhāra.*
A unit of standard measure.
तौल या माप का एक प्रमाण।

अर्धमंडलीक - *Ardhamaṁdalīka.*
See - *Arddhamaṁdalīka.*
देखें - अर्द्धमंडलीक।

अर्धमागधी - *Ardhamāgadhī.*
A divine excellence of Tirthankar (Jaina Lord).
तीर्थंकरों का देवकृत एक अतिशय।

अर्धमानी - *Ardhamānī.*
A unit of standard measure.
तौल का एक प्रमाण।

अर्धानशन - *Ardhānaśana.*
A type of fasting austerity ; penance.
एक अनशन तप ; एक बार भोजन या षष्ठम्, अष्टम आदि अनशन करना इसे ग्रहण और प्रतिसेवना काल में मुनि करते हैं।

अर्पण भेद - *Arpaṇa Bheda.*
Great difference in the presentation.
समर्पण भाव में भेद।

अर्पित - *Arpita.*
Offered, Prominent, Entrusted.
अर्पण किया हुआ, प्रधान या मुख्य।

अर्यमा - *Aryamā.*
Name of presiding deity of a lunar.
उत्तराफाल्गुन नाम के नक्षत्र के अधिपति देव का नाम।

अर्वाचीन पुरुष - *Arvācīna Puruṣa.*
The person of modern generation.
वर्तमान युगीन पुरुष।

अर्हंत - *Arhaṁta.*
Semi salvated soul, the omniscient Lord.
छियालीस गुण सहित और अठारह दोष रहित समवशरण में विराजमान केवली भगवान, शरीर सहित जीवन्मुक्त परमेष्ठी, ये दो प्रकार के होते हैं - सामान्य अर्हंत और तीर्थंकर अर्हंत।

अर्ह - *Arha.*
To be respectable, Venerable.
योग्य; सविचार भक्त प्रत्याख्यान सल्लेखना के लिए व्यक्ति के योग्य और अयोग्य होने का वर्णन अर्ह सूत्र से किया जाता है।

अर्हत् - *Arhat.*
Semi salvaled soul, the omniscient Lord.
जो पंचकल्याणक रूप पूजा के योग्य होता है।

अर्हत्पासा केवली - *Arhatpāsā Kevalī.*
A book written by a poet Vrindavan.
कवि वृन्दावन (ई. १७९१-१८४८) द्वारा हिन्दी भाषा में रचित, भाग्य निर्णय विषयक छोटा सा ग्रन्थ।

अर्हत्प्रवचन - *Arhatpravacana.*
A treatise written by Prabhachandra.
प्रभाचंद्र जी (ई.सन् ९५० - १०२०) द्वारा रचित तत्वार्थ विषयक एक ग्रंथ।

अर्हत्सेन - *Arhatsena.*
Disciple of *Acharya* Divakar Sen of *Sen* group.
सेन संघ की गुर्वावली के अनुसार आप दिवाकर सेन के शिष्य तथा लक्ष्मण सेन के गुरू थे (ई. ६२३-६६३)।

अर्हदत्त - *Arhadatta.*
Name of a prominent *Acharya.*
भगवान महावीर की मूल परंपरा में लोहाचार्य के पश्चात् आने वाले चार आचार्यों में एक (ई. ३८-५८)।

अर्हदत्त सेठ - *Arhadatta Setha.*
Father's name of last ominiscient.
अंतिम केवली श्री जम्बूस्वामी के पिता।

अर्हद्दास (कवि) - *Arhaddāsa (Kavi).*
A disciple of '*Pandit* Aashadhar'.
पं. आशाधर के शिष्य जिनकी प्रधान कृति पुरुदेव चम्पू है।

अर्हद्बली - *Arhadvalī.*
Name of a prominent *Acharya.*
भगवान महावीर के मोक्ष जाने के ६८३ वर्ष बाद कई आचार्य अंग पूर्व के एक भाग के ज्ञाता थे उनमें यह प्रसिद्ध हुए (ई. ३८-६६)।

अर्हन्मंडलयंत्र - *Arhanmaṁḍalayaṁtra.*
A type of metallic plate engraved with some mystical and auspicious diagram.
अर्हन् मंडल मंत्र मुद्रित एक धातु की प्लेट।

अलंकार - *Alaṁkāra.*
Ornamentation or Ornament.
आभूषण, भाषा सौन्दर्य की एक विधा।

अलंकारचिंतामणि - *Alaṁkāraciṁtāmaṇi.*
A poetic book written by *Acarya* Ajitsen.
आचार्य अजितसेन (ई. सन् १२५०-६०) द्वारा रचित काव्य

शिक्षा पर आधारित एक ग्रन्थ।

अलंकारोदय - *Alaṁkārodaya.*
A beautiful city in the core of earth.
पाताल लंका-पृथ्वी के भीतर अत्यन्त गुप्त एक सुन्दर नगरी।

अलक - *Alaka.*
Name of a planet.
एक ग्रह।

अलका - *Alakā.*
Wife of *Seth* Sudrashti, A city in northern *Vijayardha* mountain.
सेठ सुदृष्टि की स्त्री जिसने देवकी से उत्पन्न ६ पुत्रों को पाला, विजयार्द्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर।

अलकापुरी - *Alakāpurī.*
Name of a city of the 5th *Tirthankar* (Jaina-Lord) of *Videh kshetra* (a region).
विदेह क्षेत्र में स्थित पाँचवें तीर्थंकर 'संजात' की नगरी का नाम।

अलक्ष्य - *Alakṣya.*
Indefinable, Aimless.
लक्ष्य विहीन एवं लक्ष्य से रहित होना।

अलंकरण रहित - *Alaṁkaraṇa Rahita.*
Unfigurative, Without having ornaments.
अलंकार आभूषण से रहित।

अलाभ - *Alābha.*
Non - acquirement, unprofitability (it is an affliction of saint also).
एक परीषह का नाम, भोजन आदि का लाभ न मिलने पर भी सदा संतुष्ट रहना।

अलिंग ग्रहण - *Aliṁga Grahaṇa.*
Which is not absorbed by any sensual organ.
जो किसी इन्द्रिय से ग्रहण में न आवे।

अलीक वचन - *Alīka Vacana.*
False statement, Not genuine.
असत्य, अप्रिय वचन।

अलुब्धत्व - *Alubdhatva.*
A virtue of donator; to be devoid of greed.
दाता के गुणों में एक गुण; लोभ न होना।

अलूषक - *Alūṣaka.*
One, not violating the vows of asceticism.
मुनि भक्त, जो साधुओं के व्रतों का उल्लंघन न करता हो।

अलेवड - *Alevaḍa.*
Non - sticky drinkable liquids.
वह पीने की वस्तु जो हाथों में न चिपके।

अलेश्या - *Aleśyā.*
The state devoid of all 6 *Karmic* stains (aura or coloration), it is found in Ayog Kevali & Lord Siddha.
छः प्रकार की लेश्याओं से रहित स्थिति, जिनमें कृष्णादि छः लेश्याएँ या छः प्रकार के भाव नहीं पाये जाते ऐसे अयोग केवली १४वें गुणस्थानवर्ती तथा सिद्ध भगवान की यह अवस्था होती है।

अलोक - *Aloka.*
A cosmic space.
अलोकाकाश-लोक के बाहर अनंत आकाश है वह अलोक है।

अलोभी - *Alobhī.*
Absence of greed.
लोभ से रहित।

अलौकिक - *Alaukika.*
Supernatural, Extraordinary, Transcedental.
जो लौकिक-प्रचलित व्यवहार से विलक्षण, आश्चर्यकारी हो।

अल्पकालिक प्रत्याख्यान - *Alpakālika Pratyākhyāna.*
Renunciation of five sins for a short period of time.
पांच पापों का कुछ समय के लिये त्याग करना।

अल्पचेलक - *Alpacelaka.*
Saints-being few-clothed viz. *Ksullaka, Elaka* etc.
क्षुल्लक, ऐलक आदि अर्थात् कम वस्त्र धारण करने वाले साधु।

अल्पतर उदय - *Alpatara Udaya.*
Scanty fruition of *Karmas.*
कर्म का अत्यंत कम उदय में आना।

अल्पतर उदीरणा - *Alpatara Udīraṇā.*
Scanty premature rise of Karmas.
असमय में कर्मों का कम उदय में आना।

अल्पतर बंध - *Alpatara Baṁdha.*
Lesser binding of Karmas.
बंध का एक भेद - पहले बहुत कर्म प्रकृतियों को बांधे फिर कम को बांध।

अल्पतर संक्रम - *Alpatara Saṁkrama.*
Less transition of *karmas* untimely.
असमय में कर्मो का कम परिवर्तन होना।

अल्प परिग्रह - *Alpa Parigraha.*
Slight possession.
कम परिग्रह।

अल्प-पूर्ण उपचार - *Alpa-Pūrṇa Upacāra.*
Complete approach by little efforts.
अल्प कार्य में पूर्ण कार्य का उपचार - जैसे सामायिक व्रत में महाव्रतपना।

अल्पबहुत्व - *Alpabahutva.*
Comparability of qualities in matters.
पदार्थों का उनके अस्तित्व, लक्षण, संख्या, अवस्थान आदि थोड़े हैं या अधिक का निर्णय या एक दूसरे की अपेक्षा कम व अधिक कहना।

अल्पर्द्धि देव - *Alparddhi Deva.*
Deities with less supernatural power.
कम ऋद्धि वाले देव।

अल्पविद्या - *Alpavidyā.*
Minute type of knowledge.
अंगुष्ठ, प्रसेन, आदि ७०० अल्पविद्याएँ कहलाती हैं।

अल्पसावद्य - *Alpasāvadya.*
To make less sinful.
असि, मसि आदि पाप बंध के कारण सावद्य को कम करना।

अल्पसावद्य कर्मार्य - *Alpasāvadya Karmārya.*
Followers, being less sinful.
ऐसे श्रावक, श्राविकाएँ जो विरति व अविरति दोनों रूप से परिणत हों।

अल्पहिंसा - *Alpahiṁsā.*
Trifling (minute) violence.
सूक्ष्म हिंसा।

अल्पायु - *Alpāyu.*
Short life.
कम आयु।

अल्पारम्भ - *Alpārambha.*
Slight injurious activities.
थोड़ा आरम्भ; मनुष्य आयु के आस्रव का कारण।

अल्पावधिक - *Alpāvadhika.*
Of small time period.
थोड़े समय का।

अल्हु - *Alhu.*
A poet who has written a book *'Anuvekkha'.*
ई.श. १६ के एक अपभ्रंश कवि जिन्होंने अणुवेक्खा नामक कृति की रचना की।

अवंति - *Avaṁti.*
A country of *Bharat kshetra Arya khanda* (a region), A place near Ujjain city.
भरत क्षेत्र आर्य खण्ड का एक देश, वर्तमान उज्जैन का पार्श्ववर्ती देश (नगर)।

अवंति वंश - *Avaṁti Vaṁśa.*
Dynasty of king Pradyot of Malwa (a region).
अवंति या मालवा के राजा प्रद्योत का वंश।

अवकाशांतर - *Avakāśāṁtara.*
Space, gap.
अंतराल, बीच का स्थान।

अवकाशदान - *Avakāśadāna.*
To provide accommodation (space).
आकाश द्रव्य का लक्षण-छः द्रव्यों को ठहरने के लिए स्थान देना।

अवक्तव्य - *Avaktavya.*
Inexpressible, Indescribable, Inexplicable.
जिसका कथन न हो सके, जैसे एक पदार्थ में अनेक स्वभाव रहते हैं जिनका कथन एक साथ नहीं हो सकता।

अवक्तव्य गुण वृद्धि - *Avaktavya Guṇa Vṛddhi.*
Indescribable fold increase.
जो गुण वृद्धि कहने में न आये।

अवक्तव्यता - *Avaktavyatā.*
Inexpressibleness.
देखें - अवक्तव्य।

अवक्तव्यवाद - *Avaktavyavāda.*
Inexpressiblism.
एकांतमत - जो वस्तु को सर्वथा अनभिलाप्य मानते हैं।

अवक्तव्य वृद्धि - *Avaktavya Vṛddhi.*
Inexpressible (infinite) increase.
संख्यात असंख्यात भाग वृद्धि एवं संख्यात, असंख्यात गुण वृद्धि इनके मध्य में जो वृद्धि है वह अवक्तव्य वृद्धि है।

अवक्रान्त - *Avakrānta.*
A dwelling place of hellish beings (of first hell).
प्रथम नरक का बारवाँ इन्द्रक बिल।

अवगम - *Avagama.*
Knowledge, Comprehension.
धारणा, समझना, प्रत्यक्षीकरण।

अवगाढ़ - *Avagāḍha.*
A type of *Aryas* (noble persons), Occupancy, Pervasion.
ऋद्धि रहित आर्यों में दर्शनार्य का एक प्रकार,दृढ़, मजबूत।

अवगाढ़ रुचि - *Avagāḍha Ruci.*
Deep predilection.
सम्यग्दर्शन का एक भेद ; द्वादशांग के साथ अंग बाह्य का अध्ययन करके जो दृढ़ सम्यग्दर्शन होता है।

अवगाढ़ावगाढ़ - *Avagāḍhāvagāḍha.*
Deep pervasion.
सम्यग्दर्शन का एक भेद परम अवगाढ़ सम्यग्दर्शन ; केवल ज्ञान के द्वारा प्रकाशित जीवादि पदार्थ विषयक ज्ञान से जिनकी आत्मा विशुद्ध है वे परमावगाढ़ रूचि सम्यग्दृष्टि।

अवगाह - *Avagāha.*
Depth, To be learnt, Skill of immersion.
गहराई होना, सीख लेना, डुबकी लगाना।

अवगाहन - *Avagāhana.*
Occupancy.
अवकाश, स्थान देना - आकाश द्रव्य का विशेष गुण।

अवगाहन गति - *Avagāhana Gati.*
A type of motion like motion of a boat, ship etc.
गति के दस भेदों में एक भेद ; नौका आदि की गति।

अवगाहनत्व - *Avagāhanatva.*
Adequency to give space for other matters.
सभी द्रव्यों को अवकाश देने की शक्ति।

अवगाहना - *Avagāhanā.*
Measurement of living beings.
जीवों के शरीर की लम्बाई-चौड़ाई आदि को अवगाहना कहते हैं।

अवगुण - *Avaguṇa.*
Vices, Demerits.
दोष।

अवग्रह - *Avagraha.*
Apprehension, Sensational knowledge.
मतिज्ञान का एक भेद-इन्द्रिय और पदार्थ के सामान्य प्रतिभास के बाद होने वाला प्रथम ग्रहण या ज्ञान।

अवग्रहकाल - *Avagrahakāla.*
Compliance.
लिए हुए नियमों का वर्तमान में पालन करने का विचार करना।

अवग्रहतप - *Avagrahatapa.*
Wining of many hindrances (passions).
अनेक प्रकार की बाधाओं को जीतना।

अवग्रहावरणीय कर्म - *Avagrahāvaraṇīya Karma.*
A type of *karma,* hindring sensational knowledge.
वह कर्म प्रकृति जो अवग्रह मतिज्ञान को रोके।

अवचनीय - *Avacanīya.*
Inexpressible, Unfit to be taught.
जो कथन करने योग्य न हो।

अवच्छिन्न - *Avacchinna.*
Unseparated.
अभिन्नता, निज स्वरूप का बोध कराने वाले धर्म विशेष की संयुक्तता।

अवच्छेदक - *Avacchedaka.*
A prescription which explains the nature of matters.
धर्मों (द्रव्य) के स्वरूप का बोध कराने वाला धर्म विशेष।

अवतंसिका - *Avataṁsikā.*
Name of a dominion *Ratnamala* of Bharat *Chakravarti.*
भरत चक्रवर्ती की एक विभूति - रत्नमाला का नाम।

अवतर - *Avatara.*
Invocatory words.
अवतरित होना; पूजा के समय की जाने वाली आह्वान की क्रिया।

अवतार क्रिया - *Avatāra Kriyā.*
An act of consecration.
मिथ्यात्व से दूषित किसी भव्य द्वारा यथार्थ देव - शास्त्र - गुरू व धर्म के संबंध में मुनिराज आदि से उपदेश प्राप्त कर समीचीन मार्ग को ग्रहण करना।

अवदात - *Avadāta.*
Bright colour.
साफ, उज्ज्वल।

अवदान - *Avadāna.*
Apprehension, Sensational knowledge.
जिसके द्वारा अन्य पदार्थों से अलग करके विवक्षित अर्थ जाना जाता है।

अवद्य - *Avadya.*
Blameworthy.
निंद्य, निंदनीय।

अवद्यभावना - *Avadyabhāvanā.*
To escape from faults like violence etc.
हिंसादि दोषों से बचने की भावना।

अवधा - *Avadhā.*
Segment, part.
हिस्सा, भाग।

अवधारणा - *Avadhāraṇā.*
Conception, Determination.
एवकार द्वारा निश्चित अर्थ का बोध।

अवधि - *Avadhi.*
Limit, Period, Clairvoyance (a type of limited direct knowledge).
एक अंतराल विशेष, यह शब्द आत्मा, मर्यादा, ज्ञान आदि के अर्थ में प्रयोग होता है।

अवधिज्ञान - *Avadhijñāna.*
Clairvoyance-the power of seeing in the mind either future events or things that exist or are happening out of sight upto a particular limit.
जो द्रव्य क्षेत्र काल और भाव की अपेक्षा अवधि अर्थात् सीमा से युक्त अपने विषयभूत पदार्थ को जाने।

अवधिज्ञानावरण - *Avadhijñānāvaraṇa.*
Obscurring the clairvoyance.
ज्ञानावरणीय कर्म के उदय से जीव के अवधिज्ञान का आवृत होना।

अवधिज्ञानी - *Avadhijñānī.*
One who possesses clairvoyance knowledge.
अवधिज्ञान का स्वामी जो चारों गति वाले हो सकते हैं-१) भव प्रत्यय अवधिज्ञानी-नारकी, देव २) गुण प्रत्यय अवधिज्ञानी - मनुष्य, तिर्यंच।

अवधिजिन - *Avadhijina.*
Self-conqueror (saints) who is knower of clairvoyance.
रत्नत्रय सहित अवधिज्ञानी मुनि अवधिजिन हैं।

अवधिदर्शन - *Avadhidarśana.*
Perception through the facutly of clairvoyance.
अवधिज्ञान से पहले होने वाला सामान्य अवलोकन।

अवधिदर्शनावरण - *Avadhidarśanāvaraṇa.*
Obstructions in Avadhidarshana.
वह कर्म प्रकृति जो अवधिदर्शन को न होने दे।

अवधिमरण - *Avadhimaraṇa.*
Same death to be in consecutive life.
वर्तमान में प्राप्त मरण की तरह ही आगे भी समान मरण प्राप्त हो तो ऐसे मरण को अवधि मरण कहते हैं।

अवधृतकाल अनशन - *Avadhṛtakāla Anaśana.*
A type of fasting (pertaining to a particular period of time).
साकांक्ष अनशन अर्थात् नियमित काल (सीमा) को लेकर उपवास करना।

अवध्यप्रलाप वचन - *Avadhyapralāpa Vacana.*
Meaningless talk, idle talk.
जिस वचन में बकवाद हो बकवाद हो अर्थात् जो धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष पुरुषार्थ का उपदेशक वचन न हो।

अवध्या - *Avadhyā.*
A city of *Gandhamalini kshetra* of *Videha kshetra* (a region).
विदेह क्षेत्र के गन्धमालिनी क्षेत्र की एक नगरी।

अवध्याधिकार - *Avadhyādhikāra.*
A moral concept of *Brahmins.*
ब्राह्मण के विद्याअध्ययन के १० अधिकारों में एक।

अवनति - *Avanati.*
An act of bowing down.
भूमि को स्पर्श कर नमस्कार करना।

अवनमन - *Avanamana.*
To sit on the earth.
भूमि पर बैठना।

अवना - *Avanā.*
A female peripatetic divinity of *Kamlakar* summit in the middle of *Sindhu* river.
लवणा देवी ; सिन्धु नदी के मध्य कमलाकार कूट पर स्थित व्यंतर देवी।

अवनिपाल - *Avanipāla.*
The king.
राजा।

अवनिपाल कथा - *Avanipāla Kathā.*
A story related to kings.
विकथा का भेद-राजाओं से संबंध रखने वाली कथा।

अवपीड़क - *Avapīṛaka.*
Qualities of brilliancy & genuineness in *Acharyas.*
गुण; ऐसे आचार्य जो तेजस्वी, वर्चस्वी, ओजस्वी व बलवान् होते हैं।

अवबोध - *Avabodha.*
Knowledge, Conception.
ज्ञान, अवगम।

अवभासी - *Avabhāsī.*
One who knows.
जानने वाला।

अवमान - *Avamāna.*
Insult, A measurement unit of length.
तिरस्कार, गणना-प्रमाण का एक भेद जैसे - खेत मापने का डंडा आदि।

अवमौदर्य - *Avamaudarya.*
Austerity of reducing diet (less food taking than appetite).
बाह्य तप-जो स्वाभाविक आहार है उससे कम आहार ग्रहण करने की प्रतिज्ञा करना।

अवयव - *Avayava.*
Parts, Division, A type of *Gandharva* (deities).
वस्तु के हिस्से, अंग, तालगत गंधर्व देवों के २२ भेदों में एक भेद।

अवर स्थिति - *Avara Sthiti.*
The lowest state.
जघन्य स्थिति।

अवरोहक - *Avarohaka.*
Descending one.
नीचे उतरने वाला, नीचे दर्जे में आने वाला ११ वें गुणस्थानवर्ती उपशम श्रेणी वाले को अवरोहक कहते हैं।

अवरोहण - *Avarohaṇa.*
An act of descending.
उतरना।

अवर्णवाद - *Avarṇavāda.*
Wrong - speaking or blasphemy about Jaina Lords, scriptures etc.
केवली भगवान, जिनवाणी, जैन संघ, जिनधर्म व ४ प्रकार के देवों में मिथ्या दोष लगाना।

अवर्ण्यसमा - *Avarṇyasamā.*
Parity per certainty.
न्याय विषयक एक जाति, पक्ष में असंदिग्धसाध्यसहितपने का प्रसंग देना।

अवलंब - *Avalaṁba.*
Support, Shelter.
सहारा, साधन अर्थात् कारण।

अवलंबना - *Avalaṁbanā.*
An act of supporting.
सहारे की एक क्रिया, जो अपनी उत्पत्ति के लिए इन्द्रियादिक का अवलम्बन लेता है, वह अवलंबना अवग्रह का चौथा नाम है।

अवलंबनाकरण - *Avalaṁbanākaraṇa.*
Attenuation (regarding decrease in the Ayu i.e. lifespan of next-birth).
परभव संबंधी आयु की उपरिम स्थिति में द्रव्य का अपकर्षण द्वारा नीचे पतन करना।

अवव - *Avava.*
A large time unit.
काल का एक प्रमाण ; ८४ लाख अववांग का एक अवव।

अववांग - *Avavāṁga.*
A large time unit.
काल का एक प्रमाण ; ८४ लाख अटट का एक अववांग।

अवश - *Avaśa.*
Unrestricted, Unsubmissive.
जो अन्य के वश में नहीं है।

अवश्य - *Avaśya.*
Necessary, essential.
जरूरी, आवश्यक।

अवष्टम्भ - *Avaṣṭambha.*
Power of particular *karma* producing sense of vision.
बल-चक्षुदर्शन की शक्ति चक्षुदर्शनावरण, वीर्यान्तराय के क्षयोपशम से तथा अंगोपांग नामकर्म के बल से उत्पन्न होती है।

अवसन्न - *Avasanna.*
Corrupted saint, fallen.
अपसृत, मार्ग से गिरा हुआ, ज्ञान चारित्र आदि से भ्रष्ट मुनि।

अवसन्न मुनि - *Avasanna Muni.*
An excluded saint from the group.
अयोग्य सेवन के कारण जो मुनि संघ से बाहर कर दिया जावे।

अवसन्नासन्न - *Avasannāsanna.*
An area unit.
क्षेत्र प्रमाण का एक भेद; अनंतानंत परमाणुओं का समूह।

अवसर्पिणी - *Avasarpiṇī.*
The half worldly time cycle period marked with reducing height, age, power etc. of all beings.
दस कोड़ाकोड़ी सागरोपम का एक काल जिसमें जीवों की आयु, बल, ऊंचाई आदि क्रम से घटते जाते हैं।

अवसाद - *Avasāda.*
Anguish, Ultimate end.
दुख, उदासी, समाप्ति।

अवसाय - *Avasāya.*
Complete knowledge of matter.
पदार्थ के ज्ञान या निश्चय का नाम अवसाय है।

अवस्तु - *Avastu.*
Non substance, Unreal.
द्रव्यरूप न होना।

अवस्था - *Avasthā.*
State, Situation, Condition.
पर्याय, दशा, हालत।

अवस्थान - *Avasthāna.*
Stopping place, A dwelling place of hellish beings of 7th hell.
ठहरने का स्थान, सातवें नरक का इन्द्रक बिल।

अवस्था प्राप्ति - *Avasthā Prāpti.*
To get new life (stage).
उत्पाद- नवीन अवस्था की प्राप्ति।

अवस्थित - *Avasthita.*
Steady, Fixed in number.
दृढ़, स्थिर, धर्मादिक छहों द्रव्य कभी भी छह से कम ज्यादा नहीं होते, इसलिए अवस्थित कहलाते हैं।

अवस्थित अवधिज्ञान - *Avasthita Avadhijñāna.*
Steady clairvoyance knowledge.
जो अवधिज्ञान एक सा रहे, घटे बढ़े नहीं।

अवस्थित उग्र ऋद्धि - *Avasthita Ugra Ṛddhi.*
Name of a supernatural power of causing increase in the days of fasting of a saint.
ऋद्धि ; जिसके प्रभाव से मुनि उपवास की संख्या कम न करे किन्तु जीवन पर्यन्त बढ़ाते हुए विहार करता रहे।

अवस्थित बंध - *Avasthita Baṁdha.*
Steady consecutive binding (of Karmas).
पिछले समय में जितना बंध किया है अगले समय में भी उतना ही बंध करना।

अवस्थित भागाहार - *Avasthita Bhāgāhāra.*
A division of disquisition door (*Anuyogdvar*).
अनुयोगद्वार में अन्तरोपनिधा का एक भेद (धवला टीका से)।

अवस्थित वेदक - *Avasthita Vedaka.*
One with constant experience.
स्थिर वेदन करने वाला।

अवस्थित संख्या - *Avasthita Saṁkhyā.*
Steady number.
जो संख्या स्थिर या एक सी रहे।

अवहनन - *Avahanana.*
Shatter, To break into pieces.
कूटना, पीटना।

अवहरण - *Avaharaṇa.*
Stealing, Kidnapping.
चुराकर ले जाना।

अवहार - *Avahāra.*
A division of disquisition door (*Anuyogdvar*).
अनुयोग द्वार का एक प्रभेद।

अवहार काल - *Avahāra Kāla.*
A time period.
भागाहाररूप काल का प्रमाण।

अवाक शय्यासन तप - *Avāka Śayyāsana Tapa.*
An austerity; to sleep keeping face downward.
कायक्लेश ; नीचे को मुख करके सोना।

अवाक् - *Avāk.*
Taken aback, puzzled (perplexed).
चौंक जाना, व्याकुल हो जाना।

अवाच्य - *Avācya.*
Speechless, Inexpressible.
न कहने योग्य।

अवान्तरसत्ता - *Avāntarasattā.*
Power to show existence of each and every matter separately.
पृथक्-पृथक् पदार्थ का पृथक्-पृथक् स्वतंत्र अस्तित्व बताने वाली सत्ता।

अवाय - *Avāya.*
Perceptual judgement.
मतिज्ञान का भेद-विशेष निर्णय द्वारा वस्तु का जो यथार्थ ज्ञान होता है।

अविकल्प – *Avikalpa.*
Without doubt, definite.
भेद रहित, संकल्प रहित, हर्ष विषाद का न होना ।

अविकल्पक – *Avikalpaka.*
Definite intuition, Absolute.
संदेह का अभाव, निसंदेह ।

अविकारी – *Avikārī.*
Faultless i.e. passionless one.
विकार शून्य, आत्मा में कषाय आदि विकारी भावों का अभाव।

अविकृतिकरण – *Avikṛtikaraṇa.*
A type of criticism-contemplation of pure soul.
आलोचना का एक भेद-माध्यस्थ्य भावना में कर्म से भिन्न आत्मा के निर्मल गुणों का चिंतन करना ।

अविज्ञातार्थ – *Avijñātārtha.*
Unintelligible assertion.
निग्रह स्थान-ऐसा शब्द जिसका अर्थ तीन बार कहने पर भी प्रतिवादी और सभासदों को समझ में न आये (न्याय विषयक)।

अविग्रह गति – *Avigraha Gati.*
Rectilinear motion; the motion without any bend (like of salvated soul).
कुटिलता या मोड़े रहित सीधी गति, जो सिद्धों की होती है, इसमें एक समय लगता है ।

अविग्रहा – *Avigrahā.*
Without a bend, Bend less motion (of salvated soul).
मुक्तजीव की मोड़े रहित गति ।

अविचल – *Avicala.*
Steadfast.
स्थिर, दृढ़ ।

अविचल स्थिति – *Avicala Sthiti.*
Steadfast situation/position, to be steady in soul.
पाप, पुण्य से दूर होकर निज स्वरूप में रहना ।

अविचार – *Avicāra.*
Devoid of thinking, A type of holy death.
किसी भी विषय का चिन्तवन न होना, समाधिमरण-अचानक उपसर्गादि आने पर आत्मध्यान में लीन हो मरण करना ।

अविचारक – *Avicāraka.*
Irrational, Illogical.
विवेक शून्य ।

अविच्युति – *Avicyuti.*
Remaining the same, *karma* in the state of existence or being operative.
विच्युति का अभाव ; कर्म का सत्ता, उदय या बंध में बना रहना।

अवितथ – *Avitatha.*
True statement.
सत्य तथ्य ।

अविद्धकर्ण – *Aviddhakarṇa.*
प्रवास से लौटने पर युधिष्ठिर द्वारा बसाये गये नगर का नाम, यह कुरुक्षेत्र के पास है इसलिये वर्तमान देहली ही इन्द्रप्रस्थ है।

इंद्रभूति – *Iṁdrabhūti.*
Name of the first chief disciple of Lord Mahavira.
भगवान महावीर के प्रथम गणधर का नाम, जो पूर्व में गौतम गोत्रीय ब्राह्मण थे।

इंद्रसुत – *Iṁdrasuta.*
Father of *Kalki* king (Chaturmukh).
कल्की राजा चतुर्मुख के पिता।

इंद्राग्नि – *Iṁdrāgni.*
A presiding deity of a lunar '*Vishakha*'.
विशाखा नक्षत्र के अधिपति देवता।

इंद्राणी – *Iṁdrāṇī.*
Wife of *Indra*.
इन्द्र की पत्नी-शची।

इंद्राभिषेक – *Iṁdrābhiṣeka.*
An auspicious and sacred act (reverential anointment of *Indra*).
गर्भान्वियादि क्रियाओं में एक क्रिया, इन्द्र पद पर आरूढ़ करने के लिए देवों द्वारा इन्द्र का अभिषेक किया जाना।

इंद्रायुध – *Iṁdrāyudha.*
Name of a king (in the era of whom Harivansh Puran was composed by Jinsenacharya).
उत्तर भारत का एक राजा (ई. 750-783), इनके समय में ही जिनसेनाचार्य ने हरिवंश पुराण की रचना की थी।

इंद्रावतार – *Iṁdrāvatāra.*
Incarnation of *Indra* as a Tirthankar (in the womb of mother).
गर्भान्वियादि क्रियाओं में एक, इन्द्र द्वारा सिद्ध भगवान को नमस्कार कर 16 स्वप्नों द्वारा माता को अपने अवतार की सूचना देना।

इंद्रिय – *Iṁdriya.*
Organs of sense.
जो सूक्ष्म आत्मा के अस्तित्व का ज्ञान कराने में सहायक हो। इन्द्रिय के पाँच भेद हैं-स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और कर्ण।

इंद्रिय अवग्रह – *Iṁdriya Avagraha.*
Sensory apprehension.
इन्द्रियों के द्वारा पदार्थ का प्राथमिक ग्रहण होना।

इंद्रिय अवाय – *Iṁdriya Avāya.*
Sensory judgement.
इन्द्रियों के द्वारा विशेष चिन्हों को देखकर पदार्थ का निर्णय कर लेना।

इंद्रियज सुख – *Iṁdriyaja Sukha.*
Sensual pleasure.
इन्द्रियों के द्वारा उनके विषय भोगने को इन्द्रियज सुख कहते हैं।

इंद्रिय ज्ञान – *Iṁdriya Jñāna.*
Sensory knowledge.
मतिज्ञान - इन्द्रिय और मन की सहायता से उत्पन्न ज्ञान।

इंद्रियजय – *Iṁdriyajaya.*
Sensual restraint, subjugation.
पाँचों इन्द्रियों को ज्ञान, वैराग्य, उपवास आदि के द्वारा वश में रखना।

इंद्रियपर्याप्ति – *Iṁdriyaparyāpti.*
Complete development of senses.
आहारवर्गणा के परमाणुओं को इन्द्रियाकार परिणमन कराने तथा इन्द्रिय द्वारा विषय ग्रहण करने के कारणभूत जीव की शक्ति की पूर्णता।

इंद्रिय प्रत्यक्ष – *Iṁdriya Pratyakṣa.*
Emperical sense intuition based on observation and experience.
सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष, जो इन्द्रिय और मन की सहायता से पदार्थ को एकदेश स्पष्ट जानता है।

इंद्रिय प्रमाण – *Iṁdriya Pramāṇa.*
Knowledge to be proved by senses.
परोक्ष प्रमाण-मतिश्रुत ज्ञान अथवा प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, ऐतिह्य, अर्थापत्ति, संभव, अभाव ये 8 प्रमाण हैं।

इंद्रिय प्राण – *Iṁdriya Prāṇa.*
Strength of senses, Vitalities.
जिनके द्वारा आत्मा जीवन संज्ञा को प्राप्त होती है, उन्हें प्राण कहते हैं।

इंद्रिय बल – *Iṁdriya Bala.*
Sensual strength.
10 प्राणों में एक भेद, वीर्यान्तराय एवं मतिज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम से प्राप्त इन्द्रियों की शक्ति।

इंद्रिय मार्गणा – *Iṁdriya Mārgaṇā.*
Investigation of senses.
एकेन्द्रियादि जाति नामकर्म के उदय से जीव की जो एकेन्द्रिय आदि अवस्था होती है।

इंद्रिय रोध – *Iṁdriya Rodha.*
Sensual control.

इन्द्रिय संयम, इन्द्रियों को अपने आधीन रखना।

इंद्रियलोभ – *Iṁdriyalobha.*
Sensual greed.
लोभ का एक भेद।

इंद्रिय विवेक – *Iṁdriya Viveka.*
Discrimination related to sensual aversion.
इन्द्रिय विषयों से वैराग्यरूप प्रवृत्ति होना।

इंद्रिय व्याधि – *Iṁdriya Vyādhi.*
Diseases, Internal deterioration.
इन्द्रिय बीमारी, इन्द्रिय विषयों में आसक्ति, हर्ष, विषाद।

इंद्रिय संयम – *Iṁdriya Saṁyama.*
Self restraint, desistance from sensual pleasure.
पाँचों इन्द्रिय और मन को नियंत्रित कर अपने आधीन रखना।

इंद्रिय सुख – *Iṁdriya Sukha.*
Sensual pleasure.
इन्द्रियों के द्वारा उनके विषयों को भोगना इन्द्रिय सुख है।

इंद्रोपपाद – *Iṁdropapāda.*
An auspicious and sacred act (birth as an *Indra* by the effect of austerity).
गर्भान्वियादि क्रियाओं में से एक - तप के प्रभाव से वैमानिक देवों में इन्द्र रूप से उत्पाद होना।

इक्षुमती – *Ikṣumatī.*
A river of *Bharat Kshetra Aryakhanda* (region).
भरत क्षेत्र आर्यखण्ड की एक नदी।

इक्षुरस – *Ikṣurasa.*
Sugar-cane juice.
गन्ने का रस जिससे शक्कर, गुड़ आदि बनते हैं। इस युग के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने एक वर्ष उन्तालीस दिन के उपवास के पश्चात् हस्तिनापुर में राजा श्रेयांस द्वारा इक्षुरस का प्रथम आहार ग्रहण किया था।

इक्षुवर – *Ikṣuvara.*
Seventh island and ocean of middle universe.
मध्यलोक का सप्तम द्वीप व सागर (समुद्र)।

इक्ष्वाकुवंश – *Ikṣvākuvaṁśa.*
A dynasty originated from Lord Adinath.
भगवान आदिनाथ से यह वंश प्रारम्भ हुआ।

इच्छा – *Icchā.*
Desire, Will.
अभिलाषा, कामना।

इच्छाकार – *Icchākāra.*
Principle of voluntarism related to religious observances, A reverence paying word for junior Jain saints (Kshullak etc.).
सम्यग्दर्शनादि शुद्ध परिणाम व व्रतादिक शुभपरिणामों में हर्ष होना एवं अपनी इच्छा प्रवर्तना वह इच्छाकार है। ऐलक, क्षुल्लक व क्षुल्लिका तीनों की विनय के लिये 'इच्छाकार' या 'इच्छामि' शब्द का प्रयोग किया जाता है।

इच्छादेवी – *Icchādevī.*
A female deity resident of *Ruchakvar* mountain.
रूचकवर पर्वत निवासिनी दिक्कुमारी देवी।

इच्छानिरोध – *Icchānirodha.*
Controlling of desires.
इच्छाओं का दमन करना।

इच्छानिषेध – *Icchāniṣedha.*
Prohibition of desires.
इच्छाओं को रोक देना।

इच्छानुलोमनी – *Icchānulomanī.*
Desirous, To be like others.
अनुभय वचन का एक भेद, जैसे-'जैसा यह है वैसा मुझको होना चाहिये'।

इच्छानुलोमा – *Icchānulomā.*
Natural desire.
अनुभयवचन का एक भेद-मुझको भी ऐसा ही होना चाहिये, ऐसी इच्छा को प्रकट करने वाले वचन।

इच्छापरिमाण – *Icchāparimāṇa.*
Limitation of desires.
परिग्रह परिमाण-इसमें स्वर्ण, दास आदि बाह्य परिग्रह का परिमाण किया जाता है।

इच्छाराशि – *Icchārāśi.*
Assumed quantity.
त्रैराशिक गणित विधि की एक राशि-अपनी इच्छा से रखी गयी राशि।

इज्या – *Ijyā.*
Substitute word for worshipping method.
पूजा विधि का पर्यायवाची शब्द, अर्हन्त भगवान की भक्ति करना।

इतरनिगोद – *Itaranigoda.*
A type of Nigod related to 4 Gatis.
जो नित्य निगोद से निकलकर अन्य पर्याय या जन्म धारण कर फिर निगोद में जाते हैं, इसे चतुर्गति निगोद भी कहते हैं।

इतरेतराभाव – *Itaretarābhāva.*
Mutual/reciprocal state of non-existence, Respective absence.
अन्योन्याभाव-पुद्गल द्रव्य की एक वर्तमान पर्याय में दूसरे पुद्गल की वर्तमान पर्याय का अभाव होना।

इतरेतराश्रय – *Itaretarāśraya.*
Mutual dependency.
अन्योन्याश्रय-कारण का कार्य के व कार्य का उसी कारण के आश्रय होना यह एक दोष है।

इति – *Iti.*
End, Conclusion.
इति शब्द के अनेक अर्थ हैं जैसे - समाप्ति, इस प्रकार आदि।

इतिवृत्त – *Itivṛtta.*
Synonym of *Itihas* (history).
इतिहास का पर्यायवाची है।

इतिहास – *Itihāsa.*
History.
'इति इह आसीत्' यहाँ ऐसा हुआ-ऐसी अनेक भूतकालीन कथाओं का जिसमें निरूपण होता है उसे इतिहास कहते हैं। इतिवृत्त और ऐतिह्य इसके अपरनाम हैं।

इत्थं स्वरूप – *Itthaṁ Svarūpa.*
Definite/regular configuration.
इस प्रकार का स्वरूप।

इत्य – *Itya.*
Here.
यहाँ।

इत्वरिका – *Itvarikā.*
Licentious women.
व्यभिचारिणी स्त्री।

इत्वरिका अपरिगृहीतागमन – *Itvarikā Aparigṛhītāgamana.*
An infraction of vow of celibacy.
ब्रह्मचर्य अणुव्रत का एक अतिचार, बिना विवाही व्यभिचारिणी स्त्री से हास्यादि संबंध रखना।

इत्वरिकागमन – *Itvarikāgamana.*
Visiting an immoral woman.
ब्रह्मचर्य अणुव्रत का एक अतिचार, व्यभिचारिणी स्त्री के यहाँ आना जाना।

इत्वरिका परिगृहीतागमन – *Itvarikā Parigṛhītāgamana.*
Enjoying married woman.
ब्रह्मचर्य अणुव्रत का एक अतिचार, विवाहित व्यभिचारिणी स्त्री से हास्यादि संबंध रखना।

इन्द्रक निगोद – *Indraka Nigoda.*
Dwelling places of hellish beings.
नरकों के इन्द्रक बिल।

इन्द्रच्छन्द – *Indracchanda.*
A radiant garland (string of pearls) worn by *Indra*, *Chakravarti* etc.
एक दैदीप्यमान हार, इसे इन्द्र, चक्रवर्ती आदि धारण करते हैं।

इन्द्रजाल – *Indrajāla.*
Dancing of *Indra*, Illusion, Deception.
विलक्षण क्रियाओं से युक्त इन्द्र का नृत्य, मायाजाल।

इन्द्रनीलमणि – *Indranīlamaṇi.*
Blue jewel, Sapphire.
नीलम रत्न : समवशरण में धूलिसाल कोट की रचना पद्मराग और इन्द्रमणि से की जाती है।

इन्द्रविधिदान क्रिया – *Indravidhidāna Kriyā.*
An auspicious and sacred act (to handover the duties by *Indra*).
45 वीं गर्भान्वय क्रिया-इस क्रिया में इन्द्र पद को प्राप्त जीव नम्रीभूत देवों को अपने अपने पदों पर नियुक्त करता है।

इन्द्रसुखोदय क्रिया – *Indrasukhodaya Kriyā.*
An auspicious and sacred act (to empower deities with super power reg. heavenly space vehicles by *Indra*).
36 वीं गर्भान्वय क्रिया : इस क्रिया में इन्द्रपद को प्राप्त जीव देवों को अपने अपने विमानों की ऋद्धि प्रदान करता है।

इन्द्रिय निग्रह – *Indriya Nigraha.*
See - *Iṁdriya Rodha.*
देखें - इंद्रिय रोध।

इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष – *Indriyārtha Sannikarṣa.*
Sensual close contact with objects producing knowledge.
इन्द्रियों का पदार्थ के संपर्क से ज्ञान होना।

इन्द्रियावलोकन अब्रह्म – *Indriyāvalokana Abrahma.*
Attraction towards the beauty of ladies.
स्त्रियों के मनोहर अंगों को राग भाव से देखने रूप कुशील।

इभ – *Ibha.*
Elephant, one of the 14 jewels of *Chakravarti*.
हाथी, चक्रवर्ती के 14 रत्नों में एक सजीव रत्न।

इभकर्ण – *Ibhakarṇa.*
Name of a demigod.
एक वटवृक्षवासी यक्ष।

इभपुर – *Ibhapura.*
Former name of Hastinapur.
हस्तिनापुर का पूर्व नाम।

इभवाहन – *Ibhavāhana.*
Elephant as a conveyance.
हाथी रूप वाहन। सौधर्म इन्द्र ऐरावत हाथी पर बैठकर भगवान के कल्याणक में आते हैं।

इभ्या – *Ibhyā.*
Worshipping.
पूजन।

इला – *Ilā.*
Name of a summit and a female deity .
हिमवान पर्वत का कूट तथा रूचकवर पर्वत की दिक्कुमारी देवी।

इषुगति – *Iṣugati.*
Straight motion, Bow - like motion .
सरल अर्थात् धनुष से छूटे हुए बाण के समान मोड़ रहित गति।

इष्ट – *Iṣṭa.*
Desired.
जिसे वादी व प्रतिवादी सिद्ध करना चाहें।

इष्ट देवता – *Iṣṭa Devatā.*
Omniscient Lord, Desired deity .
वीतरागी, सर्वज्ञ, हितोपदेशी अर्हंत देव।

इष्ट वियोग – *Iṣṭa Viyoga.*
Separation from the desired one.

इष्ट व प्रिय चेतन-अचेतन पदार्थ का बिछुड़ जाना।

इष्ट वियोगज – *Iṣṭa Viyogaja.*
Origination of sorrow by the separation of desired one.
इष्ट पदार्थ के वियोग होने पर उत्पन्न होने वाला दुःख। उसकी प्राप्ति की सतत चिन्ता करना दूसरा आर्त्तध्यान है।

इष्टविषयसेवन अब्रह्म – *Iṣṭaviṣayasevana Abrahma.*
To be loose charactered.
मर्यादा रहित इच्छा के अनुसार कामसेवन के भाव से आना जाना, खाना, पीना, संगति करना, उठना बैठना आदि।

इष्ट संयोग – *Iṣṭa Saṁyoga.*
Coincidence with desired .
इष्ट व प्रिय चेतन-अचेतन पदार्थ का मिलना।

इष्ट साधन – *Iṣṭa Sādhana.*
Desired means.
वादी जिस साधन से साध्य को सिद्ध करना चाहे।

इष्टानिष्ट – *Iṣṭāniṣṭa.*
Auspicious & inauspicious .
शुभ व अशुभ।

इष्टोपदेश – *Iṣṭopadeśa.*
Name of a book written by Acharya Pujyapad.
आचार्य पूज्यपाद कृत 51 श्लोक प्रमाण आध्यात्मिक ग्रन्थ।

इष्वाकार – *Iṣvākāra.*
Name of four mountains (straight like an arrow).
धातकीखंड व पुष्करार्ध द्वीपों की उत्तर-दक्षिण दिशाओं में एक-एक पर्वत हैं इस प्रकार 4 इष्वाकार पर्वत उन द्वीपों को आधे-आधे भाग में विभाजित करते हैं।

इहभविक – *Ihabhavika.*
Of this world.
इस लोक का।

इहलोकाशंसा प्रयोग – *Ihalokāśaṁsā Prayoga.*
Desire to become a king etc. related to this world.
इस लोक से संबंधित आकांक्षा होना।

ई

ई – *Ī.*
The fourth vowel of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का चतुर्थ स्वर।

ईख – *Īkha.*
Sugar-cane.
गन्ना, इक्षु।

ईति-भीति – *Īti-Bhīti.*
Calamities and fears.
संकट व भय।

ईप्सित – *Īpsita.*
Desired by the heart.
मनवांछित।

ईर्या – *Īryā.*
Movement, Manner of moving.
गति, गमन, योग।

ईर्यापथ आस्रव – *Īryāpatha Āsrava.*
A type of *Karmic* flow.
जो कर्म वर्गणा मात्र योगों से आये, कषाय का उदय न हो, यह 11 वें, 12 वें व 13 वें गुणस्थान में होता है।

ईर्यापथकर्म – *Īryāpathakarma.*
Flow of non - binding *Karmas*.
योग से जिन कर्मों का आस्रव होता है पर बंध नहीं होता, अगले भव में बिना फल दिये ही झड़ जाते हैं।

ईर्यापथ क्रिया – *Īryāpatha Kriyā.*
Act of walking carefully.
सूक्ष्म जीवों आदि को जमीन आदि पर देखते हुए चलना।

ईर्यापथशुद्धि – *Īryāpathaśuddhi.*
Carefulness in walking.
जीव दया के लिये 4 हाथ आगे देखकर चलना।

ईर्यापथिक – *Īryāpathika.*
A type of repentance (*Pratikraman*).
7 प्रकार के प्रतिक्रमणों में एक भेद।

ईर्यासमिति – *Īryāsamiti.*
Carefulness in walking.
देखें - ईर्यापथशुद्धि, यह मुनियों का एक मूलगुण है, 5 समितियों में प्रथम समिति।

ईशान – *Īśāna.*
Name of a direction '*Disha*', Name of a heavenly mode.
पूर्वोत्तर कोण वाली विदिशा (एक दिशा का नाम), कल्पवासी स्वर्गों का दूसरा कल्प।

ईशान इन्द्र – *Īśāna Indra.*
A celestial deity, the 2nd one among all 12 types of Indras.

ईशान स्वर्ग के उत्तर दिशा के श्रेणीबद्ध विमान में ईशान नाम का दूसरा कल्पवासी इन्द्र रहता है।

ईशित्व ऋद्धि – *Īśitva Ṛddhi.*
A miraculous power of supremacy.
जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु को सारे जगत पर प्रभुत्व करने की शक्ति प्राप्त हो।

ईश्वर – *Īśvara.*
God, Lord.
अनंतज्ञानादि परम ऐश्वर्य को प्राप्त करने वाले अर्हन्त और सिद्ध परमात्मा।

ईश्वरकारणिक – *Īśvarakāraṇika.*
One who holds that God is the creator of universe.
ईश्वर को सृष्टि निर्माता मानने वाला।

ईश्वरवाद – *Īśvaravāda.*
Deism, Theism (related to faith in God).
एक एकांत मत जो आत्मा को ज्ञान रहित व अनाथ एवं आत्मा के सुख-दुख, स्वर्ग-नरकादि सर्व ईश्वर द्वारा किया मानता है।

ईश्वरवादी – *Īśvaravādī.*
Believer in God, Theist.
ईश्वरवाद को मानने वाला, जो ईश्वर को कर्ता व फलदाता मानते हैं।

ईश्वरसेन – *Īśvarasena.*
Name of an *Acharya*.
नंदिषेण प्रथम के शिष्य एवं नंदिषेण द्वितीय के गुरु।

ईषत् – *Īṣat.*
Faintly, A little.
किंचित्।

ईषत्प्राग्भार – *Īṣatprāgbhāra.*
Slightly bent, Slightly concave, The 8th land above Teenlok (all three worlds).
तीन लोक के ऊपर 8 वीं भूमि, 45 लाख योजन चौड़ी सिद्धशिला।

ईषत्संसार – *Īṣatsaṁsāra.*
World of non-salvated beings but free from birth-death cycle.
अर्हंतावस्था या संयोगकेवली की पुन: जन्म न होने से जीवन्मुक्त अवस्था एवं अभी मोक्ष न होने से ईषत्संसार है।

ईसवी संवत् – *Īsavī Saṁvat.*
The Christian era.
यह ईसामसीह के स्वर्गवास के बाद यूरोप में प्रचलित हुआ, इसकी स्थापना वीर निर्वाण के 527 वर्ष और विक्रम संवत् से 57 वर्ष पश्चात् हुई है।

ईहा – *Īhā.*
Keen desire, Curiosity, Speculation.
अवग्रह के द्वारा जाने गये पदार्थ के विषय में विशेष जानने की इच्छा या जिज्ञासा।

ईहावरणीय कर्म – *Īhāvaraṇīya Karma.*
An obscurring *karma* of keen desire or curiosity.
जिज्ञासा एवं इच्छाओं को रोकने वाला कर्म जिसके तीव्र क्षयोपशम से पदानुसारी बुद्धि प्राप्त होती है।

उ

उ – *U.*
The fifth vowel of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का पांचवा स्वर।

उक्त – *Ukta.*
Expressed, Mentioned, Spoken.
कहा हुआ पदार्थ।

उक्त अवग्रह – *Ukta Avagraha.*
Expressed apprehension.
मतिज्ञान का एक भेद, कहे हुए पदार्थ का ग्रहण होना।

उक्तग्राही – *Uktagrāhī.*
Expressed grasping.
देखें - उक्त अवग्रह।

उक्ति कौशल – *Ukti Kauśala.*
Art of speech.
भाषणकला।

उक्षध्वज – *Ukṣadhvaja.*
Flags of *Samavasharana* (assembly of Lord Arihant).
वृषभाकृतियों से चिन्हित समवशरण की ध्वजायें।

उग्र – *Ugra.*
Fierce, Harsh.
आतंकमय, तेज।

उग्रतप – *Ugratapa.*
A type of supernatural power.
एक ऋद्धि।

उग्रवंश – *Ugravaṁśa.*
Name of an ancient dynasty, Name of the dynasty of Lord Parshvanath.
एक पौराणिक वंश, भगवान आदिनाथ के समय में स्थापित वंश, काश्यप राजा प्रथम उग्रवंशी हुआ, पार्श्वनाथ भगवान के वंश का नाम।

उग्रसेन – *Ugrasena.*
Name of the father of Rajul - who was going to be married with Lord Neminath, A king of Mathura.
राजुल (जिनका विवाह भगवान नेमिनाथ के साथ होना निश्चित हुआ था) के पिता, मथुरा का राजा व कंस के पिता।

उग्रादित्य – *Ugrāditya.*
Name of a *Brahmin* leader.
पूर्वार्द्ध के एक ब्राह्मण आचार्य (ई.सन् 828), जिन्होंने 'कल्याणकारक' नामक एक वैद्यक ग्रंथ लिखा।

उग्रोग्रतप – *Ugrogratapa.*
A type of supernatural power (of fasting with mental control in increasing order).

उग्र तप ऋद्धि का एक भेद-जीवन पर्यंत तीन गुप्ति रक्षित होकर एक-एक दिन अधिक वृद्धि के साथ उपवास करना।

उच्च – *Ucca.*
High, Lofty.
उत्कृष्ट, ऊँचा, उन्नत।

उच्चकुल – *Uccakula.*
Noble class, Higher sect.
लोकपूजित या लोक मान्य कुल।

उच्चगोत्र – *Uccagotra.*
High status, an exogamous sub-division of caste group.
गोत्रकर्म का एक भेद।

उच्चगोत्र कर्मप्रकृति – *Uccagotra Karmaprakṛti.*
A type of *karmic* nature (reg. higher status).
वह कर्म जिसके उदय से लोक पूजित या लोक मान्य कुल में जन्म हो।

उच्चत्व – *Uccatva.*
Superiority, Excellence, High.
उत्कृष्टपना, उन्नतपना।

उच्चपद – *Uccapada.*
The supreme place i.e. place of salvation.
उच्च स्थान, मोक्ष ही उच्च पद है।

उच्चस्थान – *Uccasthāna.*
Requesting for occupying high seat to a saint for taking food (one of the Navdha Bhakti).
नवधा भक्ति में द्वितीय भक्ति, इसमें पात्र को पड़गाहन के पश्चात् उच्चस्थान पर बैठने के लिये निवेदन किया जाता है।

उच्चाटन – *Uccāṭana.*
Driving away (by magical mean), Alienating, Estranging.
एक प्रकार का जादू टोना, जादू मंत्र चलाना।

उच्चार – *Uccāra.*
Pronunciation, Excretion.
वचनों का उच्चारण, विष्टा को उच्चार कहते हैं।

उच्चारण – *Uccāraṇa.*
Pronounciation.
कथन करना, उद्घोषणा।

उच्चारण वृत्ति – *Uccāraṇa Vṛtti.*
Name of a treatise.
कषाय पाहुड के चूर्णिसूत्रों के आधार पर उच्चारणाचार्य द्वारा विस्तृत उच्चारण वृत्ति एवं आचार्य बप्पदेव द्वारा संक्षिप्त उच्चारण वृत्ति लिखी गई।

उच्चारणाचार्य – *Uccāraṇācārya.*
Name of an *Acharya*.
एक आचार्य जिन्होंने कषाय पाहुड़ के चूर्णिसूत्रों के आधार पर उच्चारण वृत्ति नामक टीका लिखी।

उच्चार प्रस्रवण समिति – *Uccāra Prasravaṇa Samiti.*
Excreting at purified place (with lacking of beings).
निर्जंतुक स्थान पर मलमूत्र विसर्जन करना।

उच्छादन – *Ucchādana.*
Concealing, Hiding.
छिपाना।

उच्छिष्टावली – *Ucchiṣṭāvalī.*
Fragmentary period of time.
कर्मों की स्थिति घटते-घटते जो आवली मात्र स्थिति शेष रह जावे उसका नाम उच्छिष्टावली है।

उच्छेद – *Uccheda.*
Annihilation, Uprooted, Removal.
उखाड़ देना, मूलोच्छेदन।

उच्छेदवाद – *Ucchedavāda.*
Nihilism, Annihilationism.
शून्यवाद, मूलोच्छेदन अथवा उखाड़ देना आदि का सिद्धान्त।

उच्छ्रेणी – *Ucchreṇī.*
Vertical line (of development).
विकास, वृद्धि रेखा।

उच्छ्वास – *Ucchvāsa.*
Pulse - beating, Respiration.
साँस लेने को उच्छ्वास कहते हैं।

उच्छ्वास नामकर्म प्रकृति – *Ucchvāsa Nāmakarma Prakṛti.*
A type of *karmic* nature causing respiration.
वह नामकर्म जिसके उदय से उच्छ्वास चलता है।

उच्छ्वास नि:श्वासप्राण – *Ucchvāsa Niḥśvāsaprāṇa.*
Respiration.
10 प्राणों में एक प्राण, शरीर नामकर्म के उदय से प्राप्त श्वासोच्छ्वास की प्रवृत्ति में कारणभूत शक्ति।

उच्छ्वास-पर्याप्ति – *Ucchvāsa-Paryāpti.*
Completion of respiratory power.
आहारवर्गणा के परमाणुओं को श्वासोच्छ्वासरूप परिणमन कराने में कारणभूत जीव की शक्ति की पूर्णता।

उछाव – *Uchāva.*
Rejoicing, festivity, ceremony.
उत्सव, धर्मप्रभावना रूप रथयात्रा इत्यादि को भी उछाव कहा जाता है।

उज्जह दोष – *Ujjaha Doṣa.*
A fault of *Samadhimarana* (holy death).
समाधिमरण कराने वाला निर्यापक साधु यदि अकेला हो और वह आहारादि को जावे तो समाधिमरण करने वाले क्षपक साधु का मन विचलित हो जावे तो धर्म का अपयश हो, ऐसा दोष उज्जह दोष है।

उज्जैनी – *Ujjainī*
Present Ujjain city. where one of the 5 special names (Ativeer) of Lord Mahavira was given by a Rudra.
प्राचीन मालवा देश की राजधानी, वर्तमान उज्जैन। यहाँ के श्मशान में ध्यानलीन भगवान महावीर के ऊपर रूद्र ने उपसर्ग किया था पुन: इन्हें अविचल देखकर चरणों में नत हो महतिमहावीर (अतिवीर) नाम प्रदान किया था। इसी प्रकार और भी अनेक ऐतिहासिक घटनाएं उज्जैन नगरी से जुड़ी हुई हैं।

उज्ज्वलित – *Ujjvalita.*
Made bright, Radiant, The 7th layer *(Patal)* of the 3rd hell.
प्रकाशवान, दीप्तिमान्, तीसरे नरक का सातवाँ पटल।

उज्झनशुद्धि – *Ujjhanaśuddhi.*
Purity of conduct, Detachment from worldly life.
दर्शन, ज्ञान व चारित्र शुद्धियों में एक शुद्धि, पुत्र, स्त्री, परिवार आदि से ममत्व का त्याग करना।

उञ्छवृत्ति – *Uñchavṛtti.*
Livlihood by collecting the remaining food-grains from the field after harvesting.
फसल कटने के बाद खेत से धान्य को बीनकर लाना एवं पकाकर खाना उञ्छवृत्ति कहलाती है। जीवंधर स्वामी की माँ रानी विजया ने१६ वर्ष तक तापसियों के आश्रम में रहकर उञ्छवृत्ति से जीवन यापन किया था, ऐसी कथा का जीवंधर चंपू में वर्णन है।

उडुपालन – *Udupālana.*
A king of *Vidyadhar* dynasty.
एक विद्याधर राजा जो पुत्र को राज्य सौंपकर दीक्षित हो गया था।

उत्कट – *Utkaṭa.*
Exceeding the actual measure, Vast, A king of *Rakshas* dynasty.
वास्तविक माप से अधिक, राक्षस वंश का एक राजा।

उत्कटुक – *Utkaṭuka.*
A sitting posture.
बैठने की एक मुद्रा।

उत्कर – *Utkara*
Wooden sawdust, Powder.
आरी से लकड़ी को चीरने पर जो बुरादा निकलता है उसका नाम उत्कर है।

उत्करण काल – *Utkaraṇa Kāla*
Destructional or reducing period of *Karmic* powers.
काण्डक-कर्मो की स्थिति, बंध, अनुभाग सत्व घटाने का काल।

उत्करिकासन तप – *Utkarikāsana Tapa*
A type of sitting austerity.
कायक्लेश तप का एक भेद - ऊपर को संकुचित होकर बैठना।

उत्कर्षण – *Utkarṣaṇa.*
Up - traction or increase in period of *karmas.*
कर्मों की स्थिति (अनुभाग) को बढाना।

उत्कल – *Utkala.*
Name of a state.
उड़ीसा देश (वर्तमान का उड़ीसा प्रदेश)।

उत्कलिका – *Utkalikā*
Present city - Belgaon & Dharvad.
भीमरथ और कृष्णमेरण (कृष्णा) नदी के बीच का प्रदेश जो अब बेलगाँव व धारवाड़ कहलाता है।

उत्कीरण काल – *Utkīraṇa Kāla.*
Destructional or reducing period of *Karmic* powers.
कुल अनुभाग के काण्डक करके उन्हें घातार्थ जिस अन्तर्मुहूर्त काल में स्थापित किया जाता है, उसे उत्कीरण काल कहते हैं।

उत्कीर्ण – *Utkīrṇa.*
Carved, Engraved.
उभारना, बाहर निकालना।

उत्कीलन – *Utkīlana.*
A divine medicinal remedy.
एक दिव्य औषधि, जिसके द्वारा कीलित व्यक्ति को उत्कीलित किया जाता था।

उत्कृष्ट – *Utkṛṣṭa.*
Eminent, Excellent.
सर्वोच्च, श्रेष्ठ, उत्तम।

उत्कृष्ट अनन्तानन्त – *Utkṛṣṭa Anantānanta.*
Maximal endlessly endless, Infinitely infinite.
अक्षय अनंत, केवलज्ञान के अविभागी प्रतिच्छेदों के प्रमाण बराबर राशि।

उत्कृष्ट असंख्यात संख्यात – *Utkṛṣṭa Asaṁkhyāta Saṁkhyāta.*
An infinitely infinite number.
जघन्य परीतानंत की संख्या से एक कम।

उत्कृष्ट आयु – *Utkṛṣṭa Āyu.*
Highest age time.
देव व नारकी की उत्कृष्ट आयु 33 सागर है तथा मनुष्य - तिर्यंचों की ३ पल्य है। कर्मभूमि में एक करोड़ पूर्व वर्ष है।

उत्कृष्ट कृष्टि – *Utkṛṣṭa Kṛṣṭi.*
Extreme & superior *Krishti* (gradual destruction of passions).
सबसे अधिक अनुभाग सहित अंतिम उत्कृष्ट कृष्टि है।

उत्कृष्ट क्षायिकलब्धि – *Utkṛṣṭa Kṣāyikalabdhi.*
Achievement of omniscience by destruction of *karmas.*
केवलज्ञान की प्राप्ति जिसमें उत्कृष्ट संख्या अविभाग प्रतिच्छेदों की होती है।

उत्कृष्ट चारित्र – *Utkṛṣṭa Cāritra.*
Exalted conduct, the highest state.
अति उच्च चारित्र।

उत्कृष्टता – *Utkṛṣṭatā*
Magnificence, superiority.

सर्वोच्चता।

उत्कृष्टपरीतानंत – *Utkṛṣṭaparītānaṁta.*
An uncountable number.
जघन्ययुक्तानंत की संख्या से एक कम।

उत्कृष्टयुक्तानंत – *Utkṛṣṭayuktānaṁta.*
An uncountable number.
जघन्य अनंतानंत की संख्या से एक कम।

उत्कृष्ट विभक्ति – *Utkṛṣṭa Vibhakti.*
Highest division.
समस्त निषेकों के प्रदेशों के काल को उत्कृष्ट स्थिति विभक्ति कहते हैं।

उत्खनक – *Utkhanaka.*
Excavator.
खोदने वाला, उकेरने वाला।

उत्खनन – *Utkhanana.*
Quarring, excavation.
खोदना।

उत्तंस – *Uttaṁsa.*
A superior diamond engraved crown.
किरीट से भी उत्तम कोटि का रत्नजड़ित मुकुट।

उत्तम – *Uttama.*
Superior, Supreme, Highest.
सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम, उच्चतम।

उत्तम क्षमा – *Uttama Kṣamā*
Supreme forbearance (forgiveness).
10 धर्मों में पहला धर्म, क्रोध की उत्पत्ति के निमित्त मिलने पर परिणामों में मलिनता न होना।

उत्तम जाति – *Uttama Jāti.*
Super cast of Indra, Chakravarti, Arihant & salvated soul.
उत्तम जाति चार हैं- दिव्या, विजयाश्रिता, परमा एवं स्वा। इन्द्र के दिव्या जाति, चक्रवर्ती की विजयाश्रिता, अर्हन्त भगवान की परमा एवं मुक्त जीवों की स्वा जाति होती है।

उत्तम श्रावक – *Uttama Śrāvaka.*
Votary possessing vow of 10th & 11th Pratima.
10 वीं व 11 वीं प्रतिमाधारी व्रती।

उत्तम संहनन – *Uttama Saṁhanana.*
Best osseous structure.
वज्रऋषभनाराच संहनन : जिसमें वज्र के समान दृढ़ नसें, कीलें व हाड़ हों।

उत्तम स्थान – *Uttama Sthāna.*
Salvation, The supreme place.
सर्वोत्तम, श्रेष्ठ स्थान, मोक्ष।

उत्तमा – *Uttamā*
Name of a female deity.
यक्ष जाति के व्यंतरों के इन्द्र पूर्णभद्र की मुख्य देवी का नाम।

उत्तमार्थ – *Uttamārtha.*
A type of repentance, recounting the unexpiated sins (reg. whole life) and repenting for them.
प्रतिक्रमण का एक भेद, जन्म से मरणपर्यंत लगे हुए दोषों की शुद्धि करना।

उत्तमार्थ प्रतिक्रमण – *Uttamārtha Pratikramaṇa.*
Recounting the unexpiated sins (reg. whole life) and repenting for them.
जन्मपर्यंत लगे हुए दोषों की शुद्धि करना, समाधि के समय किया गया प्रतिक्रमण। यह प्रतिक्रमण सल्लेखना के समय क्षपक द्वारा किया जाता है।

उत्तमार्थ मरण – *Uttamārtha Maraṇa.*
The best holy death (*Samadhi*).
उत्तम प्रयोजन जो मोक्ष है, उसकी साधना करने वाले साधक का समताभाव से आत्मध्यान करते हुए मरण होना अर्थात् समाधिमरण।

उत्तम्भक – *Uttambhaka.*
Exciting condition.
उत्तेजक स्थिति।

उत्तर – *Uttara.*
Answer, Result, Name of the protecting deity of south *Ghratvar* island, A deity of *Shatar* heaven.
दक्षिण घृतवर द्वीप का रक्षक देव, शतार स्वर्ग का एक देव।

उत्तरकल्प – *Uttarakalpa.*
Northern part of heavens.
स्वर्गो का उत्तर भाग।

उत्तरकालीन – *Uttarakālīna.*
Subsequent.
बाद या भविष्य में उत्पन्न होने वाला।

उत्तरकुमार – *Uttarakumāra.*
The son of king Virat.
राजा विराट का पुत्र, अर्जुन ने इसे सारथी मानकर कौरवों से युद्ध किया था।

उत्तरकुरु – *Uttarakuru.*
Best enjoying land in *Videh Kshetra* (a region).
विदेह क्षेत्र में स्थित एक क्षेत्र जहाँ उत्तम भोगभूमि होती है।

उत्तरगुण – *Uttaraguṇa.*
Secondary virtues of saints.
मूलगुणों के अतिरिक्त पाले जाने वाले गुण उत्तरगुण कहलाते हैं। जैसे-मुनियों के 84 लाख गुण।

उत्तरगुणनिर्वर्तना – *Uttaraguṇanivartanā.*
Substratum of the secondary attributes like painting on wooden piece etc.
अजीवाधिकरण का एक भेद, लकड़ी वगैरह पर चित्र आदि बनाना।

उत्तरचर हेतु – *Uttaracara Hetu.*
Something causing accomplishment of the past in present.
पूर्व में जो हो गया है उसकी वर्तमान में सिद्धि करने वाला हेतु।

उत्तरचूलिका – *Uttaracūlikā.*
An infraction of paying reverence (reg. criticism).
वन्दना का एक अतिचार, वन्दना को थोड़ी ही देर में समाप्त करके उसकी चूलिकारूप आलोचनादि को अधिक समय तक करना।

उत्तरदिशा – *Uttaradiśā.*
North direction.
एक दिशा का नाम।

उत्तरधन – *Uttaradhana.*
Common sum.
चयधन-एक कम पद के आधे का चय से और गच्छ से गुणा करने पर प्राप्त राशि।

उत्तरपुराण – *Uttarapurāṇa.*
Name of a treatise written by Acharya Gunbhadra.
आचार्य गुणभद्र (ई. 898) कृत संस्कृत में अजितनाथ भगवान से महावीर भगवान तक चरित्र ग्रंथ।

उत्तरप्रकृति – *Uttaraprakṛti.*
Secondary *karmic* nature, Secondary species (of *Karmas*).
मूल कर्म 8 हैं उनकी भेदरूप 184 कर्म प्रकृतियाँ।

उत्तरप्रकृति विपरिणमना – *Uttaraprakṛti Vipariṇamanā.*
Transition of secondary *karmic* nature.
सत् का अवस्थान्तर की प्राप्ति करना, जो प्रकृति देश या सर्व संक्रमण के द्वारा अन्य प्रकृति में संक्रमण को प्राप्त करायी जाये।

उत्तरप्रतिपत्ति – *Uttarapratipatti.*
Secondary treatise or exposition (except *Acharya*'s preaching).
आचार्य परम्परागत उपदेशों से बाहर की जिन श्रुतियाँ।

उत्तर प्रत्यय – *Uttara Pratyaya.*
Subsidiary conditions.
प्रत्यय आस्रव को कहते हैं, मिथ्यात्व, अविरति, कषाय, योग के उत्तर भेद ५७ को उत्तर प्रत्यय कहते हैं।

उत्तरभाद्रपदा – *Uttarabhādrapadā.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र, तीर्थंकर विमलनाथ ने इसी नक्षत्र में जन्म लिया था।

उत्तरमीमांसा – *Uttaramīmāṁsā.*
A type of *Hindu* philosophical system.
मीमांसा दर्शन का एक भेद, इसे ब्रह्म मीमांसा या वेदांत भी कहते हैं।

उत्तरमुख – *Uttaramukha.*
Turned towards north.
कायोत्सर्ग, सामायिक आदि शुभकार्य उत्तर दिशा की ओर मुख करके करना।

उत्तर वैक्रियक – *Uttara Vaikriyaka.*
Transformable protean body (variant).
मूल शरीर को छोड़कर पृथक् विक्रिया से बने शरीर।

उत्तर व्रत – *Uttara Vrata.*
Subsidiary vows (secondary).
श्रावक के मूलगुण 8 होते हैं, अहिंसादि 12 व्रत उत्तर व्रत हैं।

उत्तर हेतु – *Uttara Hetu.*
Secondary variable hypothesis.
पूर्व में जो हो गया है उसकी वर्तमान से सिद्धि।

उत्तराध्ययन – *Uttarādhyayana.*
A type scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
अंगबाह्य श्रुतज्ञान का एक भेद।

उत्तरफाल्गुनी नक्षत्र – *Uttaraphālgunī Nakṣatra.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र, भगवान महावीर का गर्भ, जन्म, तप, केवलज्ञान इसी नक्षत्र में हुआ था।

उत्तराभाद्रपद नक्षत्र – *Uttarābhādrapada Nakṣatra.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र का नाम।

उत्तराभिमुख – *Uttarābhimukha.*
See - *Uttaramukha.*
देखें - उत्तरमुख।

उत्तरार्ध (कूट) – *Uttarārdha (Kūṭa).*
Name of summits of *Vijayardha* mountain of *Bharat* & *Eravat* region.
भरत क्षेत्र के विजयार्ध पर्वत का 8वाँ एवं ऐरावत क्षेत्र के विजयार्ध पर्वत का दूसरा कूट।

उत्तरायण – *Uttarāyaṇa.*
The Sun's northward progress.
सूर्य के अंतिम वीथी में स्थिर होने से उत्तरायण, माघ माह से (मकर संक्रांति से)आषाढ़ माह तक (183 दिन) सूर्य उत्तरायन रहता है।

उत्तरायन – *Uttarāyana.*
Movements towards north side (of Sun etc.).
संचार, सूर्य का 6 माह (1 अयन) उत्तर दिशा की ओर संचार करना।

उत्तराषाढ़ नक्षत्र – *Uttarāṣāṛha Nakṣatra.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र, वृषभदेव का जन्म और दीक्षा इसी नक्षत्र में हुई थी।

उत्तरित – *Uttarita.*
An infraction of meditative relaxation (standing with head upwords).
कायोत्सर्ग का एक अतिचार, सिर को ऊपर उठाकर खड़े होना।

उत्तरेन्द्र – *Uttarendra.*
Name of *Indras.*
भवनवासी, व्यंतर देवों के दो-दो इन्द्रों में दूसरे नम्बर का इन्द्र एवं 16 स्वर्गों के 12 इन्द्रों में दूसरे नम्बर का इन्द्र।

उत्तरोत्तर कर्म प्रकृति – *Uttarottara Karma Prakṛti.*
Secondary *karmic* nature.
148 उत्तर कर्म प्रकृतियों के भी भेद-प्रभेद।

उत्तानशय्यासन तप – *Uttānaśayyāsana Tapa.*
An austerity (reg. sleeping with face upword).
कायक्लेश तप का एक भेद, ऊपर को मुख करके सोना।

उत्तिंग – Uttiṁga.
Very tender worms.
अति सुकुमार ईलि कृमि को उत्तिंग कहते हैं।

उत्तुंग – *Uttuṁga.*
Lofty tapering, Highest.
ऊँचा, उच्च।

उत्थान – *Utthāna.*
Rising up, Awakening.
ऊपर उठना, उन्नति, उद्गम।

उत्थितनिविष्ट – *Utthitaniviṣṭa.*
A type of meditative relaxation (with wrong conceptions).
कायोत्सर्ग का एक भेद, ध्यान में खड़े हुए भी आर्त्त-रौद्र (खोटे) विचारों का चिंतवन करना।

उत्थितोत्थित – *Utthitotthita.*
A type of meditative relaxation in standing posture.
कायोत्सर्ग का एक भेद, कायोत्सर्ग में खड़े होकर धर्म-शुक्ल ध्यानों का चिंतवन करना।

उत्पत्ति – *Utpatti.*
Origination, Birth.
जीवों की उत्पत्ति अर्थात् जन्म लेना।

उत्पन्न – *Utpanna.*
Produced, Born.
जन्मा अथवा पैदा हुआ।

उत्पन्न स्थान सत्त्व – *Utpanna Sthāna Sattva.*
Reforming of *Karmas* by reducing *Karmic Sthiti.*
पूर्व पर्याय में जो उद्वेलना व बिना उद्वेलना से सत्त्व हुआ है उसका उत्तर पर्याय में उत्पन्न होना। वहाँ उत्तर पर्याय में उस सत्त्व को उत्पन्न स्थान में सत्त्व कहा है।

उत्पल – *Utpala.*
A summit of *Padma Hrada* (a lake).
पद्म ह्रद में स्थित एक कूट।

उत्पलगुल्मा – *Utpalagulmā.*
Name of a *Vapi* (like large lakes) of *Nandan* forest of *Sumeru* mountain.
सुमेरू पर्वत के नंदनवन की पहली वापी।

उत्पला – *Utpalā.*
Name of a *Vapi* (like large lakes) of *Nandan* forest of *Sumeru* mountain.
सुमेरू पर्वत के नंदन वन की तीसरी वापी।

उत्पलांग – *Utpalāṁga.*
A time unit.
84 लाख अटट प्रमाण काल।

उत्पलोज्ज्वला – *Utpalojjvalā.*
Name of a Vapi (like large lake) of *Sumeru* mountain.
सुमेरू पर्वत के पूर्व-दक्षिण दिशा स्थित वापी।

उत्पाद – *Utpāda.*
Product, origination of any matter into new existence.
द्रव्य का अपनी पूर्व अवस्था को छोड़कर नवीन अवस्था को प्राप्त करना।

उत्पाद अनुच्छेद – *Utpāda Anuccheda.*
Something emphasizing the destructibility of a substance in the state of its existence.
द्रव्यार्थिक नय के आधार से जो सद्भाव की अवस्था में ही विनाश को स्वीकार करता है।

उत्पादक – *Utpādaka.*
Producer, Manufacturer, Grower.
बनाने वाला या उत्पन्न करने वाला।

उत्पाद पूर्व – *Utpāda Pūrva.*
First early canon of Jaina, a type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
श्रुत ज्ञान के 14 पूर्वों में से प्रथम पूर्व, जीव पुद्गल आदि का जहाँ जब जैसा उत्पाद होता है उस सबका वर्णन जिसमें हो।

उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य – *Utpāda-Vyaya-Dhrauvya.*
Production, destruction & permanence (these are three characteristics of matter).
उत्पत्ति, विनाश और ध्रुवत्व (स्थाईपना) जो द्रव्य के तीन लक्षण होते हैं।

उत्पीड़न – *Utpīṛana.*
Oppression, Harassment.
आघात करना, दबाना।

उत्प्रेक्षा – *Utprekṣā.*
A figure of speech, Comparison, Illustration.
एक अर्थालंकार, इसमें भेदज्ञानपूर्वक उपमेय में उपमान की प्रतीति होती है।

उत्संज्ञासंज्ञ – *Utsaṁjñāsaṁjña.*
Group of infinite molecules, an area unit.
क्षेत्र प्रमाण का एक भेद, अपर नाम - अवसन्नासन्न, अनंतानंत परमाणुओं का समूह।

उत्सन्न – *Utsanna.*
Extinct, Ruined.
नष्ट, उजड़ा हुआ, विलुप्त।

उत्सरण – *Utsaraṇa.*
Progression, Increasing.
उत्कर्षण, स्थिति बंध बढाकर एक-एक अन्तर्मुर्हूत समान बंध करना।

उत्सर्ग – *Utsarga.*
Abandoning, Sacrifice, Excretion.
त्याग, मलमूत्र त्याग।

उत्सर्गपद्धति – *Utsargapaddhati.*
A supreme dedicational system (of omniscient etc.) for getting salvation.
मोक्षमार्ग की वह पद्धति जिसमें वज्रवृषभनाराच प्रथम संहनन से ही ध्यान अथवा मोक्ष होता है।

उत्सर्गमार्ग – *Utsargamārga.*
Path of renunciation, a path of conduct of Jaina saints.
जैन मुनियों के चारित्र के दो भेदों में प्रथम भेद - जहाँ पूर्ण त्याग होकर शुद्धोपयोग रूप वीतराग संयम हो।

उत्सर्गलिंग – *Utsargaliṁga.*
Form of unclothedness (of Digambar Jaina saints).
जैन साधु का द्रव्य (दिगम्बर) लिंग।

उत्सर्पिणी – *Utsarpiṇī.*
A large period of time, progressive half cycle, ascending cycle of time.
जिस काल में जीवों की आयु, बल, ऊँचाई आदि का उत्तरोत्तर विकास होता है, इसके 6 भेद हैं।

उत्साह – *Utsāha.*
Earnestness, Enthusiasm, Name of the 15th *Tirthankar* (Jaina-Lord) of past era.
उमंग, इच्छा, भूतकालीन 15 वें तीर्थंकर (उत्साहनाथ)।

उत्सेध – *Utsedha.*
Height.
ऊँचाई ।

उत्सेधांगुल – *Utsedhāṁgula.*
A length unit.
8 जौ प्रमाण नाप, इससे जीवों के शरीर की ऊँचाई, देवों के निवास स्थान व नगरादि का प्रमाण मापा जाता है।

उदंबरफल – *Udaṁbaraphala.*
Figs, Fruits of ficus genus class.
ऊमर, कठूमर, पाकर, बड़, पीपल आदि वृक्षों के फल, ये त्रस जीवों के उत्पत्ति स्थान होने से अभक्ष्य हैं।

उदंक – *Udaṁka.*
Name of the 8th predestined *Tirthankar* (Jaina-Lord).
ये भावी चौबीसी के आठवें तीर्थंकर हैं।

उदक – *Udaka.*
Water, Name of a mountain in the southern of *Lavan* ocean, Name of a peripatetic deity of lower universe.
जल, लवण समुद्र की दक्षिण दिशा के समीप का पर्वत, पश्चिम दिशा सम्बंधी पाताल के शंबि पर्वत का व्यंतर देव।

उदकवर्ण – *Udakavarṇa.*
Name of the 24th planet.
88 ग्रहों में 24 वाँ ग्रह।

उदकावास – *Udakāvāsa.*
Name of a mountain & a protecting deity of *Mahashankh* mountain in *Lavan* ocean.
लवण समुद्र में स्थित एक पर्वत एवं महाशंख पर्वत के रक्षक देव का नाम।

उदधि – *Udadhi.*
The ocean, Name of the daughter of Duryodhan.
समुद्र, दुर्योधन की पुत्री।

उदधिकुमार – *Udadhikumāra.*
A type of *Bhavanvasi* deity.
भवनवासी देवों का एक भेद।

उदधिरक्ष – *Udadhirakṣa.*
A king of *Rakshas* dynasty.
राक्षस वंश का एक राजा।

उदय – *Udaya.*
Rising (of Sun etc.), Fruition (of Karmas), Name of the 19th planet
सूर्य का उदित होना, द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव के अनुरूप कर्मों के फल का प्राप्त होना, 88 ग्रहों में 19 वाँ ग्रह।

उदयकाल – *Udayakāla.*
Fruition period, matuarity time (of Karmas).
नियत काल : कर्म के उदय स्थान जिस समय उदय योग्य है उस ही काल में उदय होना।

उदयगुणश्रेणी आयाम – *Udayaguṇaśreṇī Āyāma.*
Rising geometric progression length (reg. specific *karmic* aggregate).
उदय रूप निषेकों में गुणकार क्रम से अपकर्षित द्रव्य दिया जाता है उन निषेकों की संख्या का प्रमाण।

उदयचन्द्र – *Udayacandra.*
Name of an *Acharya* of *Nandi* group, Name of a poet.
नन्दीसंघ (देशीयगण) की नयकीर्ति शाखा के एक गुरु, अपभ्रंश कवि - इनकी प्रधान कृति 'सुअंधदहमीकहा' है (समय ई. सन् ११५० - ११९६)।

उदय त्रिभंगी – *Udaya Tribhaṁgī.*
Rising tricombination (reg. Karmas).
उदय व्युच्छित्ति, उदय और अनुदय को उदय त्रिभंगी कहते हैं।

उदयदेव – *Udayadeva.*
Name of an *Acharya.*
वादीभसिंह की उपाधि से अलंकृत एक दिगम्बर आचार्य (ई. 770-860)।

उदय निष्पन्न – *Udaya Niṣpanna.*
Produced, Risen completely.
पूर्ण उदय।

उदयपर्वत – *Udayaparvata.*
Name of a city in the southern *Vijayardha* mountain.
विजयार्ध पर्वत की दक्षिण श्रेणी का एक नगर।

उदय व्युच्छित्ति – *Udaya Vyucchitti.*
Lack of Karmic fruition in future time.

उदय का आगे अभाव, जिस गुणस्थान में जितनी प्रकृतियों की उदय व्युच्छित्ति हो उनका उदय उसी गुणस्थान तक है, आगे नहीं।

उदयसेन – *Udayasena.*
Name of the disciple of '*Acharya* Gunsen-I'.
गुणसेन प्रथम के शिष्य तथा नरेन्द्रसेन के साधर्मी (ई. 1098)।

उदयसेन मुनि – *Udayasena Muni.*
Name of a Jaina-saint.
एक दिगम्बर मुनि, पं. आशाधर के शिष्य।

उदयस्थान – *Udayasthāna.*
Place of origination, fruition (reg. Karmas).
अपने फल के उत्पन्न करने में समर्थ कर्म अवस्था।

उदया – *Udayā.*
A king of *Shishunag* dynasty.
शिशुनाग वंश का एक राजा।

उदयादि अवस्थित गुणश्रेणी आयाम – *Udayādi Avasthita Guṇaśreṇī Āyāma.*
A kind of stable geometric progression length related to *Karmic* destruction.
परिणामों की विशुद्धि की वृद्धि से अपवर्तनाकरण के द्वारा उपरितन स्थिति से हीन करके अन्तर्मुहूर्त काल तक प्रतिसमय उत्तरोत्तर असंख्यातगुणित वृद्धि के क्रम से कर्म प्रदेशों की निर्जरा के लिये जो रचना होती है।

उदयादित्य – *Udayāditya.*
Name of a king and a Kannad poet.
भोजवंशी राजा जयसिंह के पुत्र (नरवर्मा के पिता, मालवा देश के राजा-ई. 1058-1093), उदयादित्यालंकार के रचयिता एक कन्नड कवि (ई.1150)।

उदयापन्न – *Udayāpanna.*
To be in operation (of Karmic fruition).
उदय को प्राप्त।

उदयाभाव – *Udayābhāva.*
Lack of fruition of *karma.*
कर्म उदय का अभाव।

उदयाभावी क्षय – *Udayābhāvī Kṣaya.*
Destruction of *karmas* without their fruition.
बिना फल दिये आत्मा से कर्मों का संबंध छूट जाना।

उदयावली – *Udayāvalī.*
A smallest time unit related to fruition of *Karmas.*
वर्तमान समय से लेकर आवली मात्र काल तक उदय आने योग्य कर्मों के निषेक।

उदराग्नि – *Udarāgni.*
Fire of hunger, an affiliction to be beared by Jaina saints.
क्षुधा की बाधा, क्रोध, काम, उदर इन तीन अग्नियों में तीसरी अग्नि, इसमें मुनिजन अनशन की आहुति देकर आत्मयज्ञ करते हैं।

उदराग्नि प्राशमन वृत्ति – *Udarāgni Prāśamana Vṛtti.*
Pacification of hunger.
साधु वृत्ति, उदराग्नि का निःस्वाद भोजन से प्रशमन करना (मिटाना)।

उदात्त – *Udātta.*
Noble and great one.
उच्च, उन्नत।

उदार – *Udāra.*
Munificent, Liberal, Generous.
दानशील, मुक्तहृदय।

उदासीन – *Udāsīna.*
Passive, Indifferent, Neutral.
तटस्थ, निःस्पृह, तत्त्ववेत्ता, जगत के समस्त तत्वों में मैं और मेरेपन का संकल्प न होना।

उदासीन कारण – *Udāsīna Kāraṇa.*
Reasons of passiveness and neutrality.
ऐसे कारण जो प्रेरक न हो जैसे धर्म अधर्म आदि द्रव्य जीव - पुद्गल की क्रिया में उदासीन कारण हैं।

उदासीन निमित्त – *Udāsīna Nimitta.*
Passive cause, cause having neutrality.
देखें - उदासीन कारण। निष्क्रिय कारण।

उदाहरण – *Udāharaṇa.*
Example, Illustration.
दृष्टांत सहित किसी बात को कहना।

उदाहृत – *Udāhṛta.*
Exemplified.
दृष्टांत या उदाहरण दिया हुआ।

उदितपराक्रम – *Uditaparākrama.*
New strength, A king of *Ikshvaku* descendant.
नया जोश, इक्ष्वाकु वंश का एक राजा।

उदीची – *Udīcī.*
North direction.
उत्तर दिशा।

उदीचीन – *Udīcīna.*
Northern.
उत्तर दिशा की ओर मुड़ा हुआ, उत्तर दिशा से संबंध रखने वाला।

उदीच्य – *Udīcya.*
North direction.
उत्तर दिशा।

उदीरक – *Udīraka.*
Who is involved in fruitional operations of *Karmas.*
उदीरणा करने वाला; ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय और अंतराय इन तीन कर्मों की उदीरणा करने वाले (मिथ्यादृष्टि से लेकर क्षीण कषाय पर्यंत) जीव उदीरक कहलाते हैं।

उदीरणा – *Udīraṇā.*
Premature fruition of *Karmas.*

स्थिति बिना पूरी किये ही कर्मों का फल देना ।

उदीरणा मरण – *Udīraṇā Maraṇa.*
See - *Kadalighāta (Maraṇa).*
देखें - कदलीघात (मरण) ।

उदीरणा व्युच्छित्ति – *Udīraṇā Vyucchitti.*
Lack of fruition of *karmas.*
जिन कर्मों की उदीरणा किसी गुणस्थान तक हो, आगे न हो, उदीरणा का अभाव ।

उदीर्ण – *Udīrṇa.*
That have passed from fruitional operation (regarding *Karmic* matter).
फलदान रूप से परिणत हुआ कर्म - पुद्गल स्कन्ध ।

उदुम्बरी – *Udumbarī.*
A river of *Bharat Kshetra* (a region).
भरत क्षेत्र की एक नदी ।

उद्दावण – *Uddāvaṇa.*
Causing turmoil to living beings.
जीवों को सताना, मारना आदि उपद्रव उद्दावण (उत्तापन) कहलाते हैं ।

उद्दिष्ट – *Uddiṣṭa.*
Intended, Purposeful, With motive.
जिसका विचार किया हो, उद्देश्य बंधा हो, नियत की हुई हो ।

उद्दिष्टत्याग प्रतिमा – *Uddiṣṭatyāga Pratimā.*
The 11th *Pratima* (model stage) of renunciation of specific food.
11 वीं प्रतिमा, जिसमें अपने निमित्त बनाये भोजन लेने का त्याग होता है ।

उद्देश – *Uddeśa.*
A subdivision of chapter, Enunciation.
निर्देश : विवेचनीय वस्तु के केवल नामोल्लेख करने को उद्देश कहते हैं ।

उद्देशिक – *Uddeśika.*
See - *Uddiṣṭa.*
देखें - उद्दिष्ट ।

उद्देश्य – *Uddeśya.*
Aim, Intention.
विवक्षित धर्म, लक्ष्य ।

उद्देश्यता – *Uddeśyatā.*
Aimful subject.
उद्देश्य में रहने वाला धर्म जैसे घट में घटत्व ।

उद्देश्यतावच्छेदक – *Uddeśyatāvacchedaka.*
One who divides the conceptions.
एक धर्मी को अन्य धर्मी से व्यावृत्त करने वाला 'ता' प्रत्यय युक्त धर्म विशेष ।

उद्धत – *Uddhata.*
Arrogant, Haughty, Rude.
ढीठ, घमंडी, व्यवहार हीन ।

उद्धभाषण – *Uddhabhāṣaṇa.*
True speech.
सत्यव्रत की 5 भावनाओं में एक भावना-आगमानुकूल वचन बोलना, इसे अनुवीचिभाषण भी कहते हैं ।

उद्धारक – *Uddhāraka.*
Saviour, Deliverer.
उद्धार करने वाला ।

उद्धारदेव – *Uddhāradeva.*
Name of the 10th *Tirthankar* (Jaina-Lord) of past time.
भूतकालीन चौबीसी के आठवें तीर्थंकर (उद्धरनाथ) ।

उद्धारपल्य – *Uddhārapalya.*
A time unit, A pit-measured unit.
काल का एक प्रमाण, पल्य के 3 भेदों में एक भेद, इससे द्वीप - समुद्रों का माप किया जाता है ।

उद्धार समय – *Uddhāra Samaya.*
A time period of deliverance (salvation).
मोक्ष प्राप्ति का समय काल ।

उद्धारसागर – *Uddhārasāgara.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण, 10 कोड़ाकोड़ी उद्धारपल्योपम काल का एक उद्धारसागर होता है ।

उद्दीपन – *Uddīpana.*
Provocation, Illumination, Stimulus.
उत्तेजक, प्रकाशन ।

उद्धृत – *Uddhṛta.*
Partial quantity, selected.
भाग की हुई राशि, निकाला हुआ, चयन किया हुआ ।

उद्बन्धन – *Udbandhana.*
Annihilation, Total destruction.
लोप करना, पूर्ण विनाश करना ।

उद्भज्ज – *Udbhajja.*
Sprouting plant.
अंकुरण वाली वनस्पति ।

उद्भव – *Udbhava.*
A king of *Yadu* dynasty, Origination, Evolution.
यदु (यादव) वंश का एक राजा, उत्पत्ति, रचना, स्रोत ।

उद्भवन – *Udbhavana.*
Exposure, Origination.
उद्भव होना ।

उद्भाव – *Udbhāva.*
Origination, Production, Appearance.
उत्पत्ति, सन्तति, उत्पादन ।

उद्भावन – *Udbhāvana.*
Enlightening.
प्रकाश करना ।

उद्भेदिम – *Udbhedima.*
A type of five - sensed - beings.
पंचेन्द्रिय जीवों का एक भेद, उद्भेदिम ।

उद्भ्रान्त – *Udbhrānta.*
Astray, Erring, Confused,Name of the fifth *Patal* (layer) of the first hell.
भ्रमित होना, प्रथम नरक का पाँचवा पटल ।

उद्यवन – *Udyavana.*
Devotion of soul towards true knowledge.
आत्मा की सम्यग्दर्शनादि परिणति होना ।

उद्यानगृह – *Udyānagṛha.*
Garden, Hermitage.
बगीचा ।

उद्यापन – *Udyāpana.*
Vow completing ceremony.
किसी व्रत के पूर्ण होने के पश्चात दानादि के साथ किया जाने वाला अनुष्ठान ।

उद्योत – *Udyota.*
Cold effulgence, Radiance, Lustre.
चन्द्रमा, मणि (चन्द्रकांत मणि), जुगनू आदि के निमित्त से जो प्रकाश पैदा होता है उसे उद्योत कहते हैं ।

उद्योतकर – *Udyotakara.*
One who creates light, A founder of judicial literary.
उद्योत (प्रकाश) करने वाला, नैयायिकमत के एक साहित्य प्रवर्तक ।

उद्योत नामकर्म प्रकृति – *Udyota Nāmakarma Prakṛti.*
A *karmic* nature causing effulgence (lustrous) body.
जिसके निमित्त से शरीर में उद्योत होता है ।

उद्योतन – *Udyotana.*
Fair conception (free from any doubt, desire etc.).
शंका, कांक्षा आदि दोषों को दूर करना, इसको सम्यक्त्वाराधना कहते हैं ।

उद्योत शुद्धि – *Udyota Śuddhi.*
Careful act of walking (in day light).
सूर्य के प्रकाश में जब साफ भूमि दिखने लगे तब मुनि 4 हाथ भूमि देखकर चलते हैं इसे ही उद्योतशुद्धि कहते हैं ।

उद्वर्तन – *Udvartana.*
Rising up (from lower living state).
नरकगति व भवनत्रिकदेवगति से निकलना एवं उद्धार होना ।

उद्दिष्ट त्याग प्रतिमा – *Uddiṣṭa Tyāga Pratimā.*
The 11th *Pratima* (model stage) of devotees.
श्रावकों की 11 वीं प्रतिमा, गृहत्याग करके जीवनपर्यंत उद्दिष्ट आहार का त्याग कर देना, इस प्रतिमा के धारक ऐलक-क्षुल्लक कहलाते हैं ।

उद्वेग – *Udvega.*
Anxiety, Restlessness.
इष्ट के वियोग में विह्वल भाव या घबराहट का भाव होना अर्थात् चिन्ता, खेद, विस्मय आदि का होना ।

उद्वेध – *Udvedha.*
Particular width.
पृथ्वी तल पर या बीच में चौड़ाई ।

उद्वेलन – *Udvelana.*
Perturbation, Perplexity, Something related to *Karmic* nature.
बंधी हुई प्रकृति को परिणामों की विशेषता से अन्य प्रकृति रूप परिणमन कर नष्ट कर देना ।

उद्वेलनसंक्रमण – *Udvelanasaṁkramaṇa.*
Transition of *karmic* nature.
उद्वेलन 13 प्रकृतियों में किसी एक के परमाणुओं को उद्वेलन भागहार का भाग देकर एक भाग मात्र परमाणुओं को अन्य प्रकृतिरूप परिणमन करा देना ।

उनचास – *Unacāsa.*
Forty-nine.
एक संख्या, सहनानी, रज्जूप्रतर, रज्जू², $(7)^2 = 49$। एक बार सम्मेदशिखर की वंदना करने वाला भव्य जीव अधिकतम 49 भव में नियम से मोक्ष प्राप्त करता है ।

उनोदर – *Unodara.*
Semi-fasting, Under-eating, less food taking than appetite.
भूख से कम खाना । अपरनाम अवमौदर्य ।

उन्नततर – *Unnatatara.*
Higher elevation.
उत्तुंग ।

उन्नीस – *Unnīsa.*
Nineteen.
19, देशावधि की क्रमिक वृद्धि के 19 कांडक ।

उन्मग्नजला नदी – *Unmagnajalā Nadī.*
Name of a river of *Vijayardha* mountain.
विजयार्ध पर्वत की तमिस्र गुहा में बहने वाली नदी, इसे उन्मग्न इसलिये कहते हैं कि यह अपने जल में पड़े हुए द्रव्य को डुबाती नहीं है ।

उन्मग्ना – *Unmagnā.*
See - *Unmagnajalā Nadī.*
देखें - उन्मग्नजला नदी, इसके तट पर भरतेश की सेना ने विश्राम किया था ।

उन्मज्जन – *Unmajjana.*
Swimming, floating.
जल में तैरना ।

उन्मत्त – *Unmatta.*
Insane, Intoxicated, An infraction in posture of meditation.

पागल, नशे में धुत, कायोत्सर्ग का एक अतिचार।

उन्मत्तजला – *Unmattajalā.*
A *Vibhanga* river of east *Videh* (a region).
पूर्व विदेह की एक विभंगा नदी।

उन्मादी – *Unmādī.*
Fanatic, Mad man, Insane.
पागल या विक्षिप्त व्यक्ति।

उन्मान – *Unmāna.*
Weighing instruments, Balance metric.
तगर आदि द्रव्यों को ऊपर उठाकर जिनसे तौला जाता है वे तराजू आदि उन्मान हैं।

उन्मार्ग – *Unmārga.*
Wrong path, Bad conduct.
खोटा मार्ग, कुत्सित आचरण।

उन्मार्गगामी श्रमण – *Unmārgagāmī Śramaṇa.*
Demoralized saints.
कुमार्गगामी या खोटे आचरण वाला साधु।

उन्मुंड – *Unmuṁḍa.*
A king of *Yadu* dynasty.
यदु (यादव) वंश का एक राजा, कृष्ण के भाई बलदेव का ज्येष्ठ पुत्र।

उन्मुख – *Unmukha.*
Raising the face, Looking upwards, Name of 9th *Narad* (a sage) of present era.
चेहरा उठाना, ऊपर देखना, नवम नारद - इनकी आयु कृष्ण के बराबर एक हजार वर्ष की थी।

उपकरण – *Upakaraṇa.*
Equipments, Apparatus, Instruments, Aids.
जिसके द्वारा उपकार किया जाता है उसे उपकरण कहते हैं।

उपकरण बकुश – *Upakaraṇa Bakuśa.*
A kind of saints having attachment in their articles.
बकुश मुनि का एक भेद, जिन साधुओं की आसक्ति पिच्छी-कमंडलु, शास्त्र आदि उपकरण की शोभा बढ़ाने में होती है।

उपकरण संयोगाधिकरण – *Upakaraṇa Saṁyogādhikaraṇa.*
Contrary connection (or mixing) of requisites.
ठंडे बर्तन में गर्म वस्तु डालना, गर्म में ठंडी वस्तु डालना आदि।

उपकरणार्जन – *Upakaraṇārjana.*
Acquisition of means (articles).
उपकरण को प्राप्त करना।

उपकल्कि – *Upakalki.*
Rebellious kings who act against religion.
अवसर्पिणी के पंचम काल में प्रत्येक एक हजार वर्ष के बाद एक-एक कल्की तथा प्रत्येक 500 वर्ष के बाद एक-एक उपकल्की जन्म लेता है, ये धर्मद्रोही राजा होते हैं।

उपकार – *Upakāra.*
Beneficence, favour, Kindness.
भला, उपग्रह, धर्म द्रव्य गतिरूप से तथा अधर्मद्रव्य स्थिति रूप से जीव और पुद्गल का उपकार करते हैं।

उपकारक – *Upakāraka.*
Beneficial, Helpful, Benefactor.
उपकार करने वाला द्रव्य।

उपकारी – *Upakārī.*
Beneficent, Good, Kindful.
उपकार करने वाला।

उपकार्य-उपकारक संबंध – *Upakārya-Upkāraka Saṁbaṁdha.*
Beneficial relation.
बंध का एक भेद, जिस पर उपकार हो वह उपकार्य और जो उपकार करे वह उपकारक।

उपकृति – *Upakṛti.*
Obligation.
अनुग्रह, आभार।

उपक्रम – *Upakrama.*
An initial stage, Undertaking, A type of persuance in accordance with natural matters.
किसी कार्य को प्रारम्भ करना,प्रकृत-पदार्थ को श्रोताओं की बुद्धि में बैठा देना उपक्रम है, इसका दूसरा नाम उपोद्घात भी है।

उपगूहन – *Upagūhana.*
Protection, An act of safeguarding of other's faults and increasing self virtues.
सम्यग्दर्शन के 8 अंगों में 5 वाँ अंग, अपनी आत्मा के गुणों को बढ़ाना व दूसरों के दोषों को ढ़कना।

उपग्रह – *Upagraha.*
Satellites, Assistance, Encouragement.
द्रव्य की शक्ति का आविर्भाव करने में कारण होना रूप, उपकार करना।

उपघात – *Upaghāta.*
False accusation.
प्रशंसनीय ज्ञान में दूषण लगाना।

उपघात नामकर्म प्रकृति – *Upaghāta Nāmakarma Prakṛti.*
A type of *karmic* nature (reg. harming self).
जिस कर्म के उदय से अपने अंगों से अपना घात हो।

उपचय – *Upacaya.*
Addition.
जोड़, अभिवृद्धि।

उपचरित – *Upacarita.*
Figurative usage (reg. unreal interpretation of matters).
अन्य वस्तु के धर्म को प्रयोजनवश अन्य वस्तु में आरोपित करना।

उपचरित-असद्भूतव्यवहार नय – *Upacarita - Asadbhūtavyavahāra Naya.*
A type of figurative conception/perception.

जो सर्वथा भिन्न पदार्थों को अभेदरूप करे या माने जैसे यह मेरा मकान है।

उपचरित व्यवहार – *Upacarita Vyavhāra.*
See - *Upcarita Svabhāva.*
देखें - उपचरित स्वभाव।

उपचरित सद्भूत व्यवहार नय – *Upacarita Sadbhūta Vyavahāra Naya.*
A figurative standpoint (reg. different virtues like sensory knowledge etc.).
उपाधि सहित गुण व गुणी में भेद को विषय करने वाला नय जैसे जीव के मतिज्ञान आदि गुण।

उपचरित स्वभाव – *Upacarita Svabhāva.*
Formal nature.
स्वभाव का भी अन्यत्र उपचार करना।

उपचार – *Upacāra.*
Conventional usage (reg. unreal interpretation of matters).
अन्य वस्तु के धर्म को प्रयोजनवश अन्य वस्तु में आरोपित करना।

उपचारकथन – *Upacārakathana.*
Formal statement.
व्यवहार कथन-'कर्म जीव के स्वभाव का पराभव करता है' ऐसा कहना।

उपचारछल – *Upacārachala.*
Formal deceitful behaviour, Metaphoric presentation.
उपचार अर्थ में मुख्य अर्थ का निषेध करके वक्ता के वचनों का निषेध करना।

उपचार नय – *Upacāra Naya.*
See - *Upacarita Asadbhūta Vyavahāra Naya.*
देखें - उपचरित असद्भूत व्यवहार नय।

उपचार विनय – *Upacāra Vinaya.*
Formal respect, Reverential homage.
आचार्य आदि के समक्ष आने पर खड़े हो जाना, उनके पीछे-पीछे चलना और नमस्कार आदि करना।

उपचितावयन पद – *Upacitāvayana Pada.*
Specified terms of organ diseases etc.
रोगादि के निमित्त मिलने पर किसी अवयव के बढ़ जाने से जो नाम बोले जाते हैं जैसे गलगंड, लम्बकर्ण आदि।

उपदेश – *Upadeśa.*
Spiritual instruction, Preaching.
स्वाध्याय तप का एक भेद।

उपदेशदर्शनाचार्य – *Upadeśadarśanācārya.*
A type of *Aryas* (noble persons).
अनृद्धि प्राप्त दर्शनार्य का एक भेद।

उपदेश रुचि – *Upadeśa Ruci.*
Right belief generated by a sermon, preaching.
उपदेश सम्यक्त्व - तीर्थंकर आदि महापुरुषों के जीवन चरित्र को सुनकर जो सम्यग्दर्शन होता है।

उपदेशसम्यक्त्वार्य – *Upadeśasamyaktvārya.*
A type of *Aryas* (noble persons) who get right faith by the preaching of saints.
अनृद्धि प्राप्त आर्य जिन्हें तिरेसठ शलाका पुरुषों के पुराण (वृत्तान्त) के उपदेश से तत्त्वार्थ श्रद्धान उत्पन्न हुआ हो।

उपद्रवण – *Upadravaṇa.*
Sudden disturbance, Turmoil, Trouble.
षट्काय के जीव समूह को दुःख देना, मारना आदि उपद्रव करना।

उपधातु – *Upadhātu.*
Bodily humour (phlegm, wind, bile).
औदारिक शरीर में वात, पित्त, श्लेष्म, शिरा, स्नायु, चर्म, उदराग्नि ये 7 उपधातु हैं।

उपधान – *Upadhāna.*
Religious observances.
आचाम्ल आहार, निर्विकृति आहार आदि शास्त्र में जो क्रिया कही हो उसका नियम करना।

उपधि – *Upadhi.*
Non-essential qualities of soul.
बाह्य और आभ्यंतर परिग्रह।

उपनंदन – *Upanaṁdana.*
A part of *Nandan* forest.
नंदन वन का एक खण्ड।

उपनय – *Upanaya.*
To show similarity between two objects by illustration.
पक्ष और साधन में दृष्टांत की सदृशता दिखाने को उपनय कहते हैं। जैसे - यह पर्वत भी वैसा ही धूमवान् है। अर्थात् दृष्टांत की अपेक्षा लेकर पक्ष में हेतु का दोहराना।

उपनयाभास – *Upanayābhāsa.*
Subsequent fallacy, Wrong statement.
उपनय का अयथाक्रम से कथन करना अर्थात् उपनय की जगह निगमन का व निगमन की जगह उपनय का कथन करना।

उपनिषद भाष्य – *Upaniṣada Bhāṣya.*
A book written by 'Sureshvarji'.
वेदान्त साहित्य प्रवर्तक शंकर के शिष्य सुरेश्वर (ई. 820) कृत एक ग्रंथ।

उपनीति – *Upanīti.*
An auspicious and sacred act (performing sanctifying rites as sacred threading ceremony etc.).
गर्भान्वय एवं दीक्षान्वय क्रियाओं से संबंधित एक क्रिया, इसमें देवता एवं गुरु की साक्षी पूर्वक मुंडन, व्रतबंधन आदि संस्कार किये जाते हैं।

उपनीति क्रिया – *Upanītikriyā.*
See - *Upanīti.*
देखें - उपनीति।

उपन्यास – *Upanyāsa.*
A kind of base - pertaining to immediate contact.
आधार के तीन भेदों में एक भेद।

औपाधिक – *Aupādhika.*
Something related to special title or virtues.
उपाधि या विशेष गुणों से संबंध रखने वाला।

औम तिथि – *Auma Tithi.*
Assimilation of two lunar days.
तिथि का घटना (एक ही दिन दो तिथियों का आ जाना)।

और्ध्वकालिक – *Aurdhvakālika.*
Something related with past or afterwards.
पिछले समय से सम्बद्ध या बाद का।

औषध – *Auṣadha.*
Medicines.
दवाईयाँ।

औषधवाहिनी – *Auṣadhavāhinī.*
Name of a *Vibhanga* river of *Videh* (region).
अपर विदेहस्थ विभंगा नदी।

औषधि – *Auṣadhi.*
Medicine, Medication, Herb, Drug, Name of a capital of Pushkal country of *Videh* (a region).
शारीरिक उपचार में उपयोगी सौंठ, मिर्च, पीपल आदि औषधियाँ कहलाती हैं, विदेहस्थ पुष्कल देश की राजधानी।

औषधि कल्प – *Auṣadhi Kalpa.*
Name of a book of medicines written by *Acharya* Indranandi.
आचार्य इन्द्रनन्दि (ई.श. १०-११) द्वारा रचित एक वैद्यक ग्रन्थ।

औस्तुभास – *Austubhāsa.*
Name of a mountain & its peripatetic deity in eastern *Lavan* ocean.
लवण समुद्र के पूर्व दिशा के पाताल की पश्चिम दिशा के पर्वत एवं निवासीव्यंतर देव का नाम।

क

क – *Ka.*
The first consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी लिपि का पहला व्यंजन अक्षर, इसका उच्चारण स्थान कंठ है।

कंकेलि – *Kaṁkeli.*
Name of a tree where Lord Mallinath got omnisciense (The tree *Fonisia* Ashoka).
मल्लिनाथ भगवान के केवल ज्ञान वृक्ष (अशोक वृक्ष) का नाम।

कंगूरा – *Kaṁgūrā.*
Finial, Upper ornamentation on the wall.
दीवार आदि पर नक्काशी (सजावट)।

कंचन – *Kaṁcana.*
Gold, 9th *Patal* (layer) of *Saudharma* heaven.
सोना, सौधर्म स्वर्ग का 9 वां पटल।

कंचनकामिनि – *Kaṁcanakāmini.*
Gold and an attractive woman.
सोना एवं सुन्दर स्त्री।

कंचन प्रभा – *Kaṁcana Prabhā.*
Golden lustre, Name of a loving divinity of Mahabhim *Indra.*
स्वर्ण के समान कांति, महाभीम नामक इंद्र की वल्लभिका का नाम।

कंचुकी – *Kaṁcukī.*
Attendants.
सेवक।

कंज – *Kaṁja.*
Lotus flower.
कमल।

कंजिक व्रत – *Kaṁjika Vrata.*
A vow of taking only sour gruel food.
किसी भी मास की पड़वा से प्रारंभ करके ९७ दिन तक केवल कांजी आहार (जल व भात) लेना।

कंठस्थ कमल – *Kaṁṭhastha Kamala.*
A place of meditative circuit in throat where 'A' of *Panchakshari Mantra* is installed.
शरीर में कंठ स्थान जहां पर पंचाक्षरी मंत्र के 'आ' की स्थापना की जाती है।

कंदक – *Kaṁdaka.*
Trap.
हाथी को पकड़ने के लिए जो वारिबन्ध होता है अथवा हिरण सुअर आदि को मारने के लिए बनाया गया फन्दा।

कंदबीज – *Kaṁdabīja.*
Seed - roots and tubers/bulbous seed.

जो कंद से उत्पन्न होते हैं । जो भूमि के नीचे होते हैं ।

कंदमूल – *Kaṁdamūla.*
Roots and tubers like Patato, Onion etc.
आलू , शकरकंद आदि जो जमीन के नीचे होते हैं, इनमें प्रायः अनंतकाय होते हैं ।

कंदरा – *Kaṁdarā.*
Hermitage, Cave, Cavern.
एक विविक्त वसतिका (पर्वत की कंदरा-गुफा)जो साधुओं के योग्य मानी गयी है ।

कंदर्प – *Kaṁdarpa.*
Kamdev; those having the most lustrous & attractive body.
कामदेव ।

कंदर्प – *Kaṁdarpa.*
Amorous talk.
रागभाव की तीव्रतावश हास्य मिश्रित असभ्य वचन बोलना ।

कंदर्प कथा – *Kaṁdarpa Kathā.*
Sexual gossip.
काम विकार पूर्वक हास्यमयी बातें करना ।

कंपिलाजी (तीर्थ) – Kaṁpilājī (Tīrtha).
The birth-place of Lord Vimalnath in dist. Farrukhabad (U.P.), where four auspicious events-Garbh, Janma, Tap & Gyan of Lord took place. It is also the birth-place of Draupadi. It's another name is Kampilya.
उत्तरप्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में भगवान विमलनाथ की जन्मभूमि एवं उनके ४ कल्याणकों (गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान) से पवित्र तीर्थस्थल, राजा द्रुपद की राजधानी एवं सती द्रौपदी की जन्मभूमि। इसका अपरनाम कांपिल्य है ।

कंबल – *Kaṁbala.*
Blanket, Name of a mountain of *Bharat Kshetra* (region).
ऊपर से ओढ़ने का ऊनी वस्त्र, भरतक्षेत्र के कुछ पर्वतों में एक पर्वत ।

कंस – *Kaṁsa.*
A planet, A weighing unit, Son of king Ugrasen, Name of a demon.
एक ग्रह, तोल का एक प्रमाण, इस भव में राजा उग्रसेन का पुत्र, एक राक्षस का नाम ।

कंस (आचार्य) – *Kaṁsa (Ācārya).*
Disciple of *Acharya* Dhruvasen.
आचार्य ध्रुवसेन के एक शिष्य जो ११ अंगधारी आचार्य थे । समय - ई.पूर्व ९१-५९ ।

कंसकवर्ण – *Kaṁsakavarṇa.*
Name of a planet.
एक ग्रह ।

ककुत्थ – *Kakuttha.*
A king of *Ikshvaku* dynasty.
इक्ष्वाकु वंश का एक राजा ।

ककुद् – *Kakud.*
A summit, Chief, Superior, Hump of bull.
पहाड़ का शिखर या चोटी, मुख्य, सर्वोत्तम, प्रमुख, बैल का कूबड़ ।

ककुद्मान – *Kakudmāna.*
Humped.
कूबड़ से संबंधित ।

कक्ष – *Kakṣa.*
A meeting hall, A private room, Dry grass.
सभागृह, निजी कक्ष, सूखा घास-फूस ।

कक्षासन – *Kakṣāsana.*
A seat for doing study.
एक आसन जिस पर बैठकर अध्ययन किया जाए ।

कचयव – *Kacayava.*
Name of a planet.
88 ग्रहों में छठा ग्रह ।

कच्छ – *Kaccha.*
A country of *Bharat Kshetra Aryakhanda* (region), Brother-in- law of Lord Rishabhdev.
भरत क्षेत्र आर्य खण्ड का एक देश, भगवान ऋषभदेव की पत्नी यशस्वती के भाई का नाम ।

कच्छ (कूट) – *Kaccha (Kūṭa).*
Name of a summit & a deity at *Gajdanta* mountain.
गजदन्त पर्वत का कूट व देव ।

कच्छउड – *Kacchauḍa.*
The place where infinitely infinite living beings occur. (Nigod - a place under 7 hells).
आवास; पुलवियों (निगोद) के आवास स्थान अर्थात् जिसमें अनंतानंत निगोद जीव आपूर्ण होते हैं ।

कच्छ परिंगित – *Kaccha Pariṁgita.*
An Infraction of meditative relaxation.
कायोत्सर्ग का एक अतिचार ।

कच्छवद – *Kacchavada.*
Name of a summit of *Mandar* mountain (*Vakshar*) in eastern *Videh* (a region).
पूर्व विदेह स्थित मंदार वक्षार का एक कूट ।

कच्छविजय – *Kacchavijaya.*
A summit and protecting deity of *Malyavan Gajdant.*
माल्यवान् गजदन्त पर स्थित एक कूट व उसका रक्षक देव ।

कच्छा – *Kacchā.*
Name of a country of *Videh Kshetra* (a region).
विदेह क्षेत्र के एक देश का नाम ।

कच्छावती – *Kacchāvatī.*
Name of a city of *Videh kshetra* (a region).
विदेह क्षेत्र की एक नगरी का नाम ।

कछुआ – *Kachuā.*
Tortoise; significant sign of Lord Munisuvrat.
एक जीव जो मुनिसुव्रतनाथ भगवान का चिन्ह भी है ।

कज्जलप्रभा – *Kajjalaprabhā.*
Large *Vapis* (like lakes) situated in *Nandan* forest etc. in the region of *Sumeru* mountain.
सुमेरु पर्वत के नन्दन आदि वनों में स्थित वापियां ।

कज्जली – *Kajjalī.*
Name of a planet.
एक ग्रह ।

कटक – *Kaṭaka.*
Name of a big city of Orissa, Bracelet.
उड़ीसा का एक नगर, हाथ का कड़ा (कंकण) ।

कटप्रू – *Kaṭaprū.*
Name of predestined 4th *Tirthankar* (Lord Sarvayudh) of preceding era.
भावी कालीन तीर्थंकर 'सर्वायुध' के पूर्व भव का नाम ।

कटु – *Kaṭu.*
Pungent, Bitter.
6 रस का एक भेद - कडुवा, तिक्त, चरपरा ।

कटु रस नामकर्म – *Kaṭu Rasa Nāmakarma.*
A *karmic* nature causing production of pungent flavour in the body.
जिसके उदय से शरीर में कटु रस हो ।

कटुवचन – *Kaṭuvacana.*
Pungent speech, Bitter words.
वचनों की कटुता अर्थात् अनिष्टवचन ।

कट्टर – *Kaṭṭara.*
An orthodox, A conservative, Unyielding, Strict.
अचल, अपरिवर्तनीय, अटल धार्मिक ।

कट्ठ – *Aṭṭha.*
Past name of Punjab.
पंजाब देश का पूर्व नाम ।

कठूमर – *Kaṭhūmara.*
A fruit of ficus genus class.
एक उदुम्बर फल का नाम ।

कठोर वचन – *Kaṭhora Vacana.*
See - *Kaṭuvacana.*
देखें - कटुवचन ।

कठोर स्पर्श नामकर्म – *Kaṭhora Sparśa Nāmakarma.*
Karmas causing hardness of body.
जिसकर्म के उदय से शरीर का स्पर्श कठोर हो ।

कड़छी – *Kaṛachī.*
Spoon; a domestic article.
चम्मच, पूर्तिकर्म के पांच भेदों में एक भेद ।

कथंचित् – *Kathaṁcit.*
Relativity in some respects.
स्यात्, परस्पर अपेक्षा सहित होना ।

कथन पद्धति – *Kathana Paddhati.*
Spiritual instructions, Preaching, Style of speech.
उपदेश; महात्मा पुरुष या ऋषियों द्वारा जीवों को हित रूप वचन कहना ।

कथा – *Kathā.*
Sacred legend, Religious narration or story.
जिससे धर्म का लाभ हो ऐसी कथा - वह 4 प्रकार की है - आक्षेपणी, विक्षेपणी, संवेगिनी, निर्वेदिनी ।

कथाकोष – *Kathākoṣa.*
Books containing many religious stories.
महान ग्रंथ जिनमें विभिन्न प्रकार की प्राचीन कथाओं का संग्रह होता है ।

कथान – *Kathāna.*
A number unit, $(10,000,000)^{18}$.
संख्या प्रमाण का एक भेद, अर्थात् $(10,000,000)^{18}$ ।

कथा पट्ट – *Kathā Paṭṭa.*
Place of spiritual narration (*katha*).
कथा का स्थान या कथा का पटिया ।

कथा विचार – *Kathā Vicāra.*
A book written by Bhavsen Traividya.
ई. श. 13 में भावसेन त्रैविद्य द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

कदंब – *Kadaṁba.*
A type of peripatetic deities *(Gandharva)*, Name of a tree (initiation - tree of Lord Vasupujya).
गन्धर्व नाम के व्यंतर देवों का एक भेद, वासुपूज्यनाथ भगवान के दीक्षा वृक्ष का नाम ।

कदंब वंश – *Kadaṁba Vaṁśa.*
Name of a dynasty of north Karnatak.
कर्नाटक के उत्तरीय भाग में जिसका नाम पहिले बनवास था, कदंब वंश राज्य करता था, जिसको आगे चलकर चालुक्यवंशी राजा ने नष्ट कर दिया ।

कदलिका युक्त – *Kadalikā Yukta.*
Corbelled, Building.
पत्थर, लकड़ी या लोहे से युक्त भवन ।

कदली गृह – *Kadalī Gṛha.*
A special part of the residence of deities.
भवनवासी देवों के भवनों में एक गृह (घर) ।

कदलीघात (मरण) – *Kadalīghāta (Maraṇa).*
Accidental death caused due to any of the main reasons.
विष, वेदना, भय, शस्त्रघात, संक्लेश आदि कारणों के द्वारा जो सहसा आयु का घात होता है उसे कदलीघात मरण या अकाल मृत्यु कहते हैं ।

कनक – *Kanaka.*
Gold, Protecting peripatetic deities of south *Ksaudravaradvip* (island) and *Ghratavara* ocean, Name of a planet.
स्वर्ण, दक्षिण क्षौद्रवर द्वीप तथा घृतवर समुद्र के रक्षक व्यन्तर देव, ज्योतिष के ग्रहों में तीसराग्रह ।

कनक (कूट) – *Kanaka (Kūṭa).*
Summits situated on *Ruchaka, Kundal, Saumnasa* and *Manushottara* mountains.
रूचक पर्वत, कुण्डल पर्वत, सौमनस पर्वत तथा मानुषोत्तर पर्वत पर स्थित कूट ।

कनकचित्रा – *Kanakacitrā.*
Name of a divinity residing at *Ruchak* mountain.
रूचक पर्वत के भीतरी पश्चिम स्वयंप्रभ कूट पर बसनेवाली देवी। यह तीर्थंकर के जन्म काल में माता की सेवा करती है ।

कनकध्वज – *Kanakadhvaja.*
Name of person who tried to kill *Pandvas* in greed of half kingdom, Name of an ethical founder (*kulkar*).
दुर्योधन द्वारा घोषित आधे राज्य के लालच से इसने कृत्या नामक विद्या को सिद्ध करके पाण्डवों को मारने का प्रयत्न किया, परन्तु स्वयं मारा गया था, भरत के आगामी उत्सर्पिणी काल के दूसरे काल में चौथे कुलकर का नाम ।

कनकनन्दि – *Kanakanandi.*
A disciple of Indranandi Siddhanta Chakravarti.
इन्द्रनन्दि सिद्धान्त चक्रवर्ती के शिष्य तथा नेमिचन्द्र सिद्धांत चक्रवर्ती के सहधर्मा थे (ई. 939) ।

कनकपंगत्व – *Kanakapaṁgatva.*
Name of a predestined 5 th ethical founder (*kulkar*).
भरत क्षेत्र के आगामी उत्सर्पिणी के दूसरे दुषमाकाल में 16 कुलकर होंगे उनमें पांचवे कुलकर ।

कनकपाद – *Kanakapāda.*
One who is able to possess successive mode of top caste.
जिसमें सुवर्ण पर्याय के प्रगट होने की योग्यता है ।

कनकपुंख – *Kanakapuṁkha.*
Name of a predestined ethical founder (*Kulkar*).
आगामी उत्सर्पिणी काल के एक कुलकर का नाम ।

कनकपुंजश्री – *Kanakapuṁjaśrī.*
Name of a king of *Rakshas* dynasty.
राक्षस वंश के एक विद्याधर राजा का नाम ।

कनकप्रभ – *Kanakaprabha.*
A summit of *Kundala* mountain, Predestined ethical founder (*Kulkar*), A deity of *Ghratavara* ocean.
कुण्डल पर्वत का एक कूट, आगामी उत्सर्पिणी काल के कुलकर का नाम, घृतवर सागर का देव ।

कनकमंजरी – *Kanakamaṁjarī.*
Name of a *Vidyadhar* king's daughter.
एक विद्याधर कन्या का नाम ।

कनकमाला – *Kanakamālā.*
Name of female divinities.
भवनवासी इन्द्र 'वैरोचन' की पांच अग्रदेवियों में एक देवी, वैमानिक दक्षिण इन्द्रों की प्रधान वल्लभिका ।

कनकराज – *Kanakarāja.*
Name of a predestined ethical founder (*Kulkar*).
आगामी उत्सर्पिणी काल के दूसरे काल के कुलकर का नाम ।

कनकश्री – *Kanakaśrī.*
Name of a divinity.
भवनवासी इन्द्र 'वैरोचन' की चौथी अग्रदेवी ।

कनकसंस्थान – *Kanakasaṁsthāna.*
Name of a planet.
ज्योतिष के 88 ग्रहों में चौथा ग्रह ।

कनकसेन – *Kanakasena.*
Spiritual guide of *Acharya* Baldeva.
लगभग वि. 1082 में आप आचार्य बलदेव के गुरू थे ।

कनका – *Kanakā.*
A divinity resident of *Ruchaka* mountain.
रूचक पर्वत निवासिनी एक दिक्कुमारी ।

कनकाचल – *Kanakācala.*
Another name of Sumeru mountain.
स्वर्णाचल, सुमेरू पर्वत का अपरनाम ।

कनकामर – *Kanakāmara.*
Disciple of *Acharya* Budhamangaldeva.
ई. सन् 965-1051 में आचार्य बुधमंगलदेव के शिष्य ।

कनकावली व्रत – *Kanakāvalī Vrata.*
A type of vow (fasting).
एक वर्ष तक बराबर प्रतिमास की शु. 1, 5, 10 तथा कृ. 2, 9, 12 इन 6 तिथियों में 72 उपवास करना ।

कनकोज्ज्वल – *Kanakojjavala.*
Name of Lord Mahavir of preceding (9th) birth.
महावीर भगवान् का पूर्व का नवमा भव । एक विद्याधर था ।

कन्नौज – *Kannauja.*
A city of Uttarpradesh, famous for scents (perfumes).
उत्तरप्रदेश का एक नगर, जो इत्र के लिये प्रसिद्ध है ।

कन्या अलीक – *Kanyā Alīka.*
An observer who conceals the truth in critical time (reg. a daughter).
व्रती जो अपने तथा पर की कन्या रक्षा हेतु सत्य को भी छोड़ता हुआ सत्याणुव्रत धारी कहलाता है ।

कन्यादान – *Kanyādāna.*
Giving of (ones) daughter in marriage.
योग्य कन्या को योग्य वर के साथ देव व पंचों की साक्षी पूर्वक विवाहना ।

कपट – *Kapaṭa.*
Deceit, Dissembling, Trickery.
दूसरों को धोखा देना ।

कपाट – *Kapāṭa.*
Gate, Door.
दरवाजा ।

कपाटगत केवली – *Kapāṭagata Kevalī.*
A type of omniscient.
केवली समुद्घात के 4 भेदों में एक भेद कपाट समुद्घात को प्राप्त केवली ।

कपाटसमुद्घात – *Kapāṭasamudghāta.*
A type of emanation (*Samudghat*).
शरीर प्रदेशों को दण्ड समुद्घात में बताये गये बाहल्य और आयाम के द्वारा पूर्व पश्चिम में वातवलय से रहित सम्पूर्ण क्षेत्र के व्याप्त करने का नाम ।

कपाल – *Kapāla.*
Skull, Half of a water pot etc.
खोपड़ी, मिट्टी के घड़ा आदि के टुकड़े ।

कपित्थ – *Kapittha.*
A wood-apple, a fruit which is hard & sour in taste.
कैथा, एक फल जो खट्टा होता है ।

कपिल – *Kapila.*
Name of a *Brahmin*, who ultimately got initiated.
एक ब्राह्मण था जिसने राम को अपने घर में देख बहुत क्रोध किया था, बाद में राम का अतिशय जान उनका भक्त बन गया था ।

कपिशा – *Kapiśā.*
A river named by *'Kosiya'*.
वर्तमान 'कोसिया' नामक नदी ।

कपोत लेश्या – *Kapota Leśyā.*
See - *Kāpota Leśyā.*
देखें- कापोत लेश्या ।

कफ – *Kapha.*
Phlegm, Mucus.
शरीर में कफ नामक धातु ।

कमंडलु – *Kamaṁḍalu.*
Special wooden water container with nozzle used by Digambar Jain ascetics. It is specially made by the use of African coconut.
शौच का उपकरण-दिगम्बर जैन साधुओं के पास पाया जाने वाला उपकरण जिसमें शुद्धि आदि के लिए जल होता है। यह अफ्रीका में पाये जाने वाले विशेष नारियल के उपयोग से बनाया जाता है ।

कमठ – *Kamaṭha.*
One who caused many calamities on Lord Parshvanath.
भरतक्षेत्र में पोदनपुर निवासी विश्वभूति ब्राह्मण का पुत्र था, जिसने अपने छोटे भाई मरूभूति के साथ दस भव तक एकतरफा वैर किया, पुन: जब मरूभूति भगवान पार्श्वनाथ बने तब शंबर नामक ज्योतिष देव बनकर उन पर घोर उपसर्ग किया था ।

कमनीय – *Kamanīya.*
Pleasing, Elegant, Affectionate, Beautiful.
सुन्दर ।

कमनीय रूप – *Kamanīya Rūpa.*
Pleasing, beautiful, lovely-form, Superness.
मनोहर, सुन्दर रूप ।

कमल – *Kamala.*
Lotus (a flower), Supernatural dwelling places of female deities, A time unit.
एक प्रकार का फूल, जम्बूद्वीप की रचना में हिमवान्, महाहिमवान् आदि षट्कुलाचलों पर स्थित सरोवरों में बने हुए अकृत्रिम कमल जिन पर श्री, ह्री आदि देवियां रहती हैं, काल का एक विशेष प्रमाण ।

कमलनाल – *Kamalanāla.*
Stalks of lotus.
कमल पुष्प की डंडी ।

कमलपूजा (पुष्पपूजा) – *Kamalapūjā (Puṣpapūjā).*
Flower worshipping.
पूजा का एक प्रकार, कमल के पुष्पों से पूजा करना ।

कमलभव – *Kamalabhava.*
Name of a poet who wrote Shantishvara Purana.
ई. 1235 के एक कवि, जिन्होंने शांतीश्वर (शांतिनाथ) पुराण की रचना की ।

कमलांग – *Kamalāṁga.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण, 84 लाख नलिन प्रमाण काल ।

कमला – *Kamalā.*
Name of a female divinity of a peripatatic deity 'Kal'.
व्यंतर इन्द्र 'काल' की वल्लाभिका का नाम ।

कर – *Kara.*
Rays, Hand.
किरण, हाथ ।

करकण्ड चरित्र – *Karakaṇḍa Caritra.*
Name of books written by (1) *Muni* Kanakama, (2) *Acharya* Shubhachandra.
(1) मुनि कनकाम (ई. 965-1051) द्वारा रचित एक ग्रंथ, (2) आचार्य शुभचन्द्र (ई.1554) की एक रचना ।

करण – *Karaṇa.*
Auspicious and inauspicious *Karmic* results of beings are called *Karana.*
जीव के शुभ-अशुभ आदि परिणाम, यह तीन प्रकार के हैं - अध:करण, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण ।

करणकारक – *Karaṇakāraka.*
The instrumental case (reg. grammar).
व्याकरण में प्रसिद्ध तथा नित्य बोल-चाल में प्रयोग किये जाने वाले कर्ता, कर्म आदि ६ कारकों में तृतीय कारक ।

करण चिह्न – *Karaṇa Cinha.*
Auspicious marks of Lotus, Swastika, Conch shell etc. on the body originating clairvoyance.
शरीर पर शंख, कमल, स्वस्तिक, कलश आदि चिन्ह जिनसे मनुष्य व तिर्यंचों को अवधिज्ञान उत्पन्न होता है ।

करणलब्धि – *Karaṇalabdhi.*
Attaintment of efficiency causing right perception in Antarmuhurt.
अंतर्मुहूर्त में सम्यग्दर्शन के योग्य परिणामों की प्राप्ति कराने वाली लब्धि करण लब्धि कहलाती है, यह भव्य जीवों को ही होती है, इसके अंतर्गत जीव अधःप्रवृत्त करण, अपूर्वकरण और अनिवृत्ति-करण रूप तीन करण करता है ।

करणवीर्य – *Karaṇavīrya.*
Active energy, Kinetic energy.
कार्य करने की शक्ति (ऊर्जा) ।

करण सत्व – *Karaṇa Satva.*
Operative state (active form) of *Karmas.*
दश करणों में एक; बंधे हुए कर्म पुद्गल का कर्मरूप रहना सत्व करण है ।

करणानुयोग – *Karṇānuyoga.*
One of the four departments of Jaina scriptures which deals with the structure and constitution of *Loka*, the cosmos.
जैन आगम का एक भाग (अनुयोग) जिसमें लोक अलोक के विभाग को, युगों के परिवर्तन को तथा चारों गतियों को दर्पण के समान प्रगट किया है ।

करणान्तर – *Karaṇāntara.*
Operative interval of *karmas.*
कर्मों की एक अवस्था से दूसरी अवस्था को प्राप्त करना ।

करण्ड – *Karaṇḍa.*
Basket or a box.
पिटारा ।

करतल – *Karatala.*
Palm of hand.
हथेली ।

करतल परिगृहीत – *Karatala Parigṛhīta.*
To hold hands in marriage (wedlock).
पाणिग्रहण ।

करताल – *Karatāla.*
Cymbal, Clapping.
झांझ, मंजीरा, तालियां बजाना ।

करुण स्वर – *Karuṇa Svara.*
Piteous cry.
दीनताभरी आवाज ।

करुणा – *Karuṇā.*
Compassion, Pity, Kind.
दीनों पर दया, अनुकंपा रखना ।

करुणादत्ति – *Karuṇādatti.*
Compassionate feelings (reg. donation of medicine, food etc).
दीन दुखी जीवों को दयापूर्वक यथायोग्य आहार, औषध, अभयदान आदि देना ।

करुणावृत्ति – *Karuṇāvṛtti.*
Compasssionate attitude.
अनुकंपा, दयारूप प्रवृत्ति होना ।

करोत क्रिया – *Karota Kriyā.*
Doing activity without anticipation.
करने रूप कोई भी क्रिया अर्थात् जिसमें जानने रूप क्रिया भासित नहीं होती ।

कर्कश – Karkaśa.
Harsh, Cruel.
कठोर एवं कटु वचन, स्वभाव आदि ।

कर्ण – *Karṇa.*
The ear, Hypotenuse,Name of a great warrior of *Mahabharat.*
श्रवणेन्द्रिय, त्रिभुज के समकोण के सामने की रेखा, कौरव पक्ष का एक महारथी जिसका जन्म कुन्ती से अविवाहित अवस्था में हुआ था ।

कर्ण इन्द्रिय – *Karṇa Indriya.*
A sense of hearing.
श्रोत्र इन्द्रिय जो शब्दों को अपना विषय बताती है ।

कर्णधार – *Karṇadhāra.*
Steersman, Boatman.
खेवटिया, प्रमुख ।

कर्णपार्य – *Karṇapārya.*
An *Acharya* who wrote 'Neminath Purana'.
ई.सन् 1140 के एक आचार्य (कन्नड़ कवि) जिन्होंने नेमिनाथ पुराण की रचना की ।

कर्णविधि – *Karṇavidhi.*
An ancient procedure of piercing the ears.
जब बालक 3 व 4 वर्ष का हो जावे तब मुंडन कराके उसी समय कान बींधे जाना (कर्ण छेदना) ।

कर्णश्रृंग – *Karṇaśṛṁga.*
Turret rising over the *Karna* or corner.
कोने पर बनी हुई बुर्जी ।

कर्णाग्र – *Karṇāgra.*
Ear lobes (lobate).
कान का बाहरी भाग ।

कर्णिका – *Karṇikā.*
Ear-ring, The middle finger, The pericarp of a lotus, Fruit stalk.
कानों का आभूषण, मध्य उंगली, कमल आदि फूल का मध्य भाग ।

कर्त्तव्य – *Karttavya.*
Duty, Moral obligations.
जो उचित हो या होना चाहिए- श्रावक के दान, पूजा, शील, उपवास आदि धर्म ।

कर्त्तव्य कौमुदी – *Karttavya Kaumudī.*
Name of a Hindi book.
एक नीतिपूर्ण हिन्दी ग्रंथ ।

कर्ता – *Kartā.*
Agent, Doer, Subject.
कार्य करने वाला- परद्रव्य और आत्मतत्व का कोई भी संबंध न होने से आत्मा किसी का कर्ता नहीं है ।

कर्ताकारक – *Kartākāraka.*
Nominative case.
व्याकरण में प्रसिद्ध तथा नित्य बोलचाल में प्रयोग किये जाने वाले कर्ता, कर्म, करण आदि छः कारकों में प्रथम कारक ।

कर्ताबुद्धि – *Kartābuddhi.*
Wrong perception of doer.
अज्ञानी–जो यह मानता है कि मैं परजीवों का उपकार करता हूं, जिलाता हूं, एकांत से निमित्त को प्रमुख मानने वाला ।

कर्तावाद – *Kartāvāda.*
Theism, doctrine of supremacy.
ईश्वर वाद । ईश्वर को ही जगत का कर्ता मानने वाला मत ।

कर्तृत्व – *Kartṛtva.*
Believing oneself to be benevolent or wrong doer for others.
अपने को दूसरों का उपकार, अपकार करने वाला मानना ।

कर्तृत्वनय – *Kartṛtvanaya.*
Acting - standpoint.
आत्मद्रव्य को रंगरेज की भांति रागादि परिणामों का कर्ता मानना।

कर्तृसमवायिनी क्रिया – *Kartṛsamavāyinī Kriyā.*
A kind of verb.
क्रिया का एक भेद; आस्ते गच्छति आदि क्रियाओं को कर्तृसम-वायिनी क्रिया कहते हैं ।

कर्त्रन्वयादि क्रिया – *Kartranvayādi Kriyā.*
Special achievements gained by following the right views.
यह सात प्रकार की हैं, ये वे क्रियायें हैं जो पुण्य करनेवाले लोगों को प्राप्त हो सकती हैं और जो समीचीन मार्ग की आराधना करने के फलस्वरूप प्रवृत्त होती हैं ।

कर्नाटक – *Karnāṭaka.*
Presently a south state of India.
दक्षिण भारत का एक राज्य। जहाँ की मातृभाषा कन्नड़ है ।

कर्म – *Karma.*
All omen deeds, Aggregate material substances related to soul, A religious term.
कर्म कारक, क्रिया, आत्मा के साथ बंधने वाले विशेष जाति के पुद्गल स्कंध ।

कर्म कलंक – *Karma Kalaṁka.*
Karmic stain.
ज्ञानावरणादि 8 कर्म ।

कर्मकांड – *Karmakāṁḍa.*
A book written by *Acharya* Sumatikirti, See- *Kriyākāṁḍa.*
आचार्य सुमतिकीर्ति (ई.सन् 1556-73) द्वारा रचित एक ग्रन्थ। देखें - क्रियाकांड ।

कर्मकारक – *Karmakāraka.*
Accusative case.
व्याकरण में प्रसिद्ध तथा नित्य बोल चाल में प्रयोग किये जाने वाले कर्ता, कर्म, करण आदि छः कारकों में द्वितीय कारक ।

कर्मकाल – *Karmakāla.*
Functional time.
कार्य संपादन का समय ।

कर्मक्षपणा – *Karmakṣapaṇā.*
Deterioration or destruction of *karmas.*
ज्ञान, तप आदि के द्वारा कर्मों की निर्जरा करना या होना ।

कर्मक्षयव्रत – *Karmakṣayavrata.*
A vow for destruction of *karmas.*
कर्मों के क्षय के लिए उपवास विधि जिसमें 148 उपवास तथा 148 ही पारणा होते हैं, इसे कर्मदहन व्रत के नाम से जाना जाता है ।

कर्मक्षेत्र – *Karmakṣetra.*
Functional quarter, space, area etc.
कर्मभूमि, कृत्य करने की भूमि ।

कर्मग्रंथि – *Karma Graṁthi.*
Karmic knot.
कर्म की गांठ । जो कि प्रत्येक जीव के साथ अनादिकाल से बंधी हुई है ।

कर्मचूर व्रत – *Karmacūra Vrata.*
A vow for the destruction of *karmas.*
देखें - कर्मक्षय व्रत ।

कर्मचेतना – *Karmacetanā.*
Consciousness of experience of action.
रागद्वेष सहित कार्य करने के उद्यम में तन्मय होना। जैसे रसोई बनाना आदि कार्यों में लीन होना ।

कर्मजस्वभाव – *Karmajasvabhāva.*
Intellectual or natural developed by practical experience (or *Karmas*).
कर्म से उत्पन्न होने वाला स्वभाव, जीव का मूर्तत्व रूप तथा अचेतनत्व कर्मजस्वभाव है ।

कर्मजा ऋद्धि – *Karmajā Ṛddhi.*
A type of supernatural power.

द्वादशांग श्रुत के योग्य विनय से उत्पन्न होने वाली 'वैनयिकी' और उपदेश के बिना ही विशेष तप की प्राप्ति से आविर्भूत हुई चतुर्थ 'कर्मजा' प्रज्ञाश्रमण ऋद्धि होती है।

कर्मज्ञान मैत्री – *Karmajñāna Maitrī.*
The state of accumulation of *karma* & knowledge.
जब तक ज्ञान की कर्म साम्यता भलीभाँति परिपूर्णता को प्राप्त नहीं होती तब तक कर्म और ज्ञान का एकत्रितपना कहा गया है।

कर्मतद्व्यतिरिक्त नोआगम – *Karma Tadvyatirikta Noāgama.*
The *Karmic* matter which has been assumed to be the form of *karmas*.
ज्ञानावरणादि मूलप्रकृतिरूप अथवा इनके मतिज्ञानावरणादि उत्तरप्रकृति रूप परिणमता हुआ कार्मणवर्गणारूप पुद्गल द्रव्य।

कर्मत्व – *Karmatva.*
The basic/fundamental quality of Karmas.
प्रत्येक कर्म में रहने वाला सामान्य व नित्यधर्म कर्मत्व है।

कर्मदहन यंत्र – *Karmadahana Yaṁtra.*
A metallic plate engraved with an auspicious mystical diagram (related to destruction of *karmas*).
एक मंत्र लिखित धातु की प्लेट जिसकी आराधना कर्म के दहन में सहायक होती है।

कर्मदहन विधान – *Karmadahana Vidhāna.*
A book written by *Ganini* Gyanmati Mataji regarding reverential worshipping.
गणिनी ज्ञानमती माताजी एवं अन्य लेखक द्वारा रचित एक पूजन-विधान।

कर्मनारकी – *Karmanārakī.*
Hellish *karmic* aggregate.
नरक गति के साथ आये हुए कर्मद्रव्यसमूह को कर्मनारकी कहते हैं।

कर्मनिर्जरा व्रत – *Karmanirjarā Vrata.*
A vow for destruction of *karmas*.
कर्म निर्जरा के लिये किया जाने वाला एक प्रकार का व्रत जिसमें आषाढ से आश्विन तक प्रत्येक शुक्ला चतुर्दशी के चार उपवास होते हैं। इसकी पूरी विधि देखें व्रत विधान संग्रह एवं किशनसिंह क्रियाकोश में।

कर्मपरमाणु – *Karmaparamāṇu.*
Karma particles, species of *karmas*.
जो परमाणु क्रियारूप परिणमित होता है अर्थात् पुद्गल कर्म वर्गणायें।

कर्मपरिणाम – *Karmapariṇāma.*
Karmic consequences.
उदय ; कर्म का फल।

कर्मप्रकृति – *Karmaprakṛti.*
Karmic nature (results of delusion, passion etc. bad and good deeds) attached with soul.
जो कर्मवर्गणा रूप पुद्गल के स्कंध जीव के रागद्वेषादिक परिणामों के निमित्त से जीव के साथ बंधकर ज्ञानावरणादि रूप हो जाते हैं।

कर्मप्रकृति टीका – *Karmaprakṛti Ṭīkā.*
A book written by *Acharya* Gyanabhooshana.
आचार्य ज्ञानभूषण- II (ई. सन् 1525-59) द्वारा रचित एक ग्रन्थ।

कर्मप्रकृति रहस्य – *Karmaprakṛti Rahasya.*
A book written by *Acharya* Abhayanandi.
आचार्य अभयनन्दि (ई. 930-950) कृत एक ग्रन्थ।

कर्मप्रकृति विधान – *Karmaprakṛti Vidhāna.*
A book written by *Pandit* Banarasidas.
पं. बनारसीदास (ई. 1616-1667) द्वारा रचित कर्मसिद्धान्त विषयक भाषा ग्रन्थ।

कर्मप्रत्यय – *Karma Pratyaya.*
Reason of flow of *karmas* (all 8).
8 कर्मों के आस्रव या आने के कारण ; मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय, योग।

कर्मप्रदेश – *Karmapradeśa.*
Karmic particles points.
कर्म परमाणु।

कर्मप्रवाद – *Karmapravāda.*
8th early canon (*Purva*) of scriptural knowledge.
14 पूर्वों में 8 वाँ पूर्व, जिसमें ज्ञानावरणादि कर्मों का बन्ध, उदय, उदीरणा, सत्ता आदि का कथन है। इसके एक करोड़ 80 लाख मध्यम पद हैं।

कर्मप्राभृत टीका – *Karmaprābhṛta Ṭīkā.*
A book written by *Acharya* Samantabhadra.
आचार्य समंतभद्र (ई. श. 2) कृत कर्मसिद्धान्त विषयक एक संस्कृत भाषा बद्ध ग्रन्थ।

कर्मप्रायोग्य पुद्गल – *Karmaprāyogya Pudgala.*
Matters fit to be manifested as *karmas*.
कार्मण वर्गणाएं - कर्मरूप परिणमित होने वाली पुद्गल वर्गणाएं।

कर्मफल – *Karmaphala.*
Karmic results (bliss, pain etc.).
किये गये कर्म से उत्पन्न सुख - दुख कर्मफल हैं।

कर्मफल चेतना – *Karmaphala Cetanā.*
Consciousness of *karmic* consequences (fruition).
कर्मों के फल अर्थात् सुख-दुख का अनुभव करना।

कर्मबंध – *Karmabaṁdha.*
Karmic bindings with soul.
जीव और कर्मवर्गणाओं का परस्पर एक क्षेत्रावगाह संबंध होना।

कर्मबंधक – *Karmabaṁdhaka.*
Being attached to *karmic* bondages.
कर्मों का बंध करने वाला जीव।

कर्मभाव – *Karmabhāva.*
Karmic sentiments.
जो पुद्गल द्रव्य आत्मा के रागद्वेष भावों के निमित्त से कर्मरूप परिणमन करते हैं।

कर्मभूमि – *Karmabhūmi.*
Land of action.
जहाँ के निवासी असि, मसि, कृषि, विद्या,वाणिज्य, शिल्प इन षट् कर्मों से अपनी आजीविका चलाते हैं। अथवा जहाँ मोक्ष का साधक संयम धर्म पाला जा सके।

कर्मभूमिज – *Karmabhūmija.*
Beings born in the land of action.
कर्मभूमि में जन्म लेने वाले जीव।

कर्मभूमिज म्लेच्छ – *Karmabhūmija Mleccha.*
Beings born in *Mlechchha* land of action.
5 भरत, 5 ऐरावत तथा 160 विदेहों में, 170 आर्यखंड, 850 म्लेच्छ खंड हैं। इनमें पैदा होने वाले असि, मसि आदि षट् कर्म तो करते हैं परन्तु धर्म साधन नहीं करते इसलिये म्लेच्छ कहलाते हैं।

कर्ममल विप्रमुक्त – *Karmamala Vipramukta.*
Free from the stains of *karmas* i.e. Lord *Arihant, Siddha.*
अरहंत, सिद्ध परमेष्ठी - जो कर्म कलंक (घाति-अघाति) से रहित हैं।

कर्ममाषा – *Karmamāṣā.*
A weighing unit.
एक तौल का प्रमाण।

कर्ममीमांसा – *Karmamīmāṁsā.*
Philosophy of *karmic* investigation.
षट्दर्शन में एक दर्शन।

कर्मयोग – *Karmayoga.*
Philosophy of action, *karmic* activity (vibration).
संयोग-कर्मों के उदय से ही आत्मा के प्रदेशों का कम्पन होना।

कर्मवर्गणा – *Karmavargaṇā.*
Karmic variforms (group of *karmic* molecules).
द्रव्यवर्गणा का एक भेद जिनमें आठ प्रकार के कर्म स्कन्धों के भेद कर्मवर्गणा हैं।

कर्मवाद – *Karmavāda.*
Karmic theory, Doctrine of casuality.
एक मत जो क्रिया से ही मोक्ष मानते हैं।

कर्मवादी – *Karmavādī.*
Believer in *karmic* theory.
कर्मवाद को मानने वाला।

कर्मविपाक – *Karmavipāka.*
Karmic fruition.
कर्मों के उदय को कर्मविपाक कहते हैं।

कर्मविमुख – *Karmavimukha.*
Inert, Inactive, One escaped from the duties.
कर्त्तव्य से विमुख या कर्त्तव्य के प्रति उदासीन।

कर्मविस्रसोपचय – *Karmavisrasopacaya.*
Karmic natural aggregation.
कर्म की उम्मीदवार वर्गणा।

कर्म वीज – *Karma Vīja.*
Things causing *karmic* binding.
रागद्वेष या कर्म प्रत्यय जिनसे कर्म बंध होता है।

कर्मपरिणाम – *Karmapariṇāma.*
Karmic annihilation (destruction).
कर्म प्रकृति का बंध, उदय या सत्ता से छूट जाना।

कर्मशक्ति – *Karmaśakti.*
Karmic power.
सिद्ध रूप भाव को प्राप्त करना।

कर्म शरीर – *Karma Śarīra.*
Karmic body.
कार्मण शरीर।

कर्मश्लेष – *Karmaśleṣa.*
Karmic adhesion.
चिपकना-आत्मा में क्रोधादि कषाय भी कर्मों के श्लेष का कारण है।

कर्म संवत्सर – *Karma Saṁvatsara.*
A year time for a work.
कार्य करने का वर्ष।

कर्म सन्यास – *Karma Sanyāsa.*
Renunciation from *karmas* (destruction of *karmas*).
कर्मों का क्षय।

कर्मसमवायिनी क्रिया – *Karmasamavāyinī Kriyā.*
Different activities of *karmic* assemblage.
ओदन को पकाना, घड़े को फोड़ना आदि क्रियाएँ।

कर्मस्कंध – *Karmaskaṁdha.*
Karmic aggregate.
पुद्गल कार्मण स्कंध।

कर्मस्तव – *Karmastava.*
A renowned book on *karmic* theory.
कर्म सिद्धान्त विषयक एक प्रसिद्ध ग्रन्थ।

कर्म स्थिति – *Karma Sthiti.*
Karmic duration.
कर्म बंध का एक भेद, स्थिति बंध।

कर्मस्पर्श – *Karmasparśa.*
Mutual contact of *karmas*.
कर्मों का कर्मों के साथ स्पर्श होना।

कर्मादान – *Karmādāna.*
Flow of *karmas*.
आस्रव।

कर्माधीन – *Karmādhīna.*
Dependence on *karmas*.
कर्मों के आधीन होना जैसे जीव प्रदेशों का विस्तार कर्माधीन है, स्वाभाविक नहीं।

कर्मार्य – *Karmārya.*
A type of *Aryas* (noble persons).

कर्मार्य तीन प्रकार हैं-सावद्य कर्मार्य, अल्प सावद्य कर्मार्य, असावद्य कर्मार्य।

कर्मावस्था – *Karmāvasthā.*
Stage of *karmas*.
कर्म अवस्था 3 तरह की होती हैं - बंध, उदय, सत्ता।

कर्माहार – *Karmāhāra.*
Karmic intake.
आत्मा के द्वारा द्रव्य एवं भाव कर्मों के ग्रहण करने को कर्माहार कहते हैं।

कर्मेन्द्रिय – *Karmendriya.*
Organs of *karmic* operations.
हाथ-पैर आदि शरीर के अंग।

कर्मोदय – *Karmodaya.*
Karmic fruition.
कर्मों के फल भोगने के काल को कर्मोदय कहते हैं।

कर्मोदय अवस्था – *Karmodaya Avasthā.*
Rising (fruition) state of *karmas*, Operative *karmic* matters.
उदयकरण, कर्म प्रदेशों का फल देने लगना उदयावस्था है।

कर्मोपाधिनिरपेक्ष-सापेक्ष नय –
Karmopādhinirapekṣa-Sāpekṣa Naya.
Viewpoint regarding angerness, proud etc., the state of impurity in soul.
जो जीव में अशुद्ध भावों को माने जैसे जीव को क्रोधी-मानी आदि कहना।

कर्वट – *Karvaṭa.*
Village surrounded by mountains, A group of 200 villages.
पर्वतों से घिरा हुआ ग्राम, एक कर्वट में 200 गाँव होते हैं।

कर्ष – *Karṣa.*
1/4 *Pala*, a measure, Pulling, Ploughing.
एक पल का चौथाई भाग, मापन की इकाई, घसीटना, खींचना, हल जोतना।

कर्षण – *Karṣaṇa.*
Cultivation (reg. all passions).
जोतना, खेती करना, जीव के सुख-दुखरूप धान्य को उत्पन्न करने वाले कर्म रूप खेत को क्रोध आदि के द्वारा जोतना (कर्षण करना)।

कलंकलि भाव – *Kalaṁkali Bhāva.*
Blemish sentiments, Worldly wandering.
खोटे, बुरे भाव।

कलकल पृथिवी (आठवीं) –
Kalakala Pṛthivī (Āṭhavīṁ).
The 8th earth under 7 land of hell.
7 नरक भूमि के नीचे आठवीं पृथ्वी जहाँ निगोदिया जीव हैं।

कलधौतनन्दि – *Kaladhautanandi.*
Name of an *Acharya* saint.
ई. सन् 893-923 के एक आचार्य का नाम।

कलश – *Kalaśa.*
A rounded pitcher (small)-an auspicious article.
जिनेन्द्र प्रतिमाओं के पास सुशोभित 8 मंगल द्रव्यों में एक द्रव्य।

कलश वाहक – *Kalaśa Vāhaka.*
Pitcher (a water pot) carrier.
कलश को ले जाने वाला।

कलश शुद्धि – *Kalaśa Śuddhi.*
A particular kind of ritual procedure of purifying the metallic Kalsha (pinnacle), which is to be placed on the top of the temple spire with 81 pitchers filled with pure water.
मंदिर के शिखर पर चढाये जाने वाले स्वर्ण, ताम्र अथवा पाषाण के कलश की विशेष मंत्रपूर्वक ८१ जलकलशों द्वारा की जाने वाली शुद्धि।

कलशारोहण – *Kalaśārohaṇa.*
Consecration of Kalash (rounded pinnacle with 7,9 or 11 divisions) at the summit of a newly built Jain-temple.
जिनमंदिर की पूर्णता पर विशेष धार्मिक विधिपूर्वक शिखर के ऊपर सोने, तांबे या पाषाण का कलश चढाना, यह मंदिर की पूर्णता का प्रतीक है।

कलह – *Kalaha.*
Quarrelling, Strife.
क्रोधादि के वश होकर तलवार, लाठी और असभ्य वचन आदि के द्वारा दूसरों को सन्ताप उत्पन्न करना।

कलह कथा – *Kalaha Kathā.*
Quarrelsome talk; habitually complaining.
25 विकल्पों में एक कथा; असभ्य वचन या झगड़ा बढाने वाली क्रियाओं का कथन करना।

कलहपाहुड – *Kalaha Pāhuḍa.*
Presenting quarrelsome matters.
गधा, जीर्ण वस्तु और विष आदि द्रव्य कलह के निमित्त हैं, इसलिये उपचार से इन्हें भी कलह कहते हैं। इस कलह के निमित्त भूत द्रव्य का भेजना कलह पाहुड कहलता है। यहाँ पाहुड़-प्राभृत का अर्थ भेंट है।

कला – Kalā.
72 kinds of arts, skills.
बहत्तर कलाएं या गणित विद्या।

कलिंग – *Kaliṁga.*
A country of *Bharat Kshetra Aryakhanda* (region).
भरत क्षेत्र आर्यखण्ड का एक देश।

कलि ओज राशि – *Kali Oja Rāśi.*
A quantity which is obtained by subtracting 4 with one (1) as remainder.
जिस राशि को चार से अवहृत करने पर 'एक' अंक शेष रहता है।

कलिकाल सर्वज्ञ – *Kalikāla Sarvajña.*
A title given to Kundkund *Acharya*.
यह कुन्दकुन्द आचार्य (ई. श. 127-179) की प्रशंसा में दी गई उपाधि है किन्तु कलिकाल में कोई भी चार घातिया कर्म नष्ट करने वाले सर्वज्ञ नहीं होते हैं। इन्होंने समयसार, षट्प्राभृत आदि कई ग्रंथों की रचना की।

कलिकुंड दंड यंत्र – *Kalikuṁḍa Daṁḍa Yaṁtra.*
A metallic plate engraved with some auspicious mystic words.
एक धातु की मंत्र लिखित प्लेट।

कलिचतुर्दशी व्रत – *Kalicaturdaśī Vrata.*
A type of vow (particular fasting).
आषाढ, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन - इन चार महीनों की शुक्ल चतुदर्शी तिथियों का बराबर 4 वर्ष तक उपवास करना।

कलुषता – *Kaluṣatā.*
Passion.
कषाय।

कलेवर – *Kalevara.*
Name of a planet, The dead body.
एक ग्रह, मृत शरीर।

कल्की – *Kalkī.*
Oppressive kings for Jain religion, who commits aggression on saints.
साधुजनों पर अत्याचार करने वाला धर्मद्रोही राजा; ये जैन धर्म के विरोधी होते हैं।

कल्प – *Kalpa.*
A kind of supposition for heaven.
स्वर्ग-इन्द्र, सामानिक आदि भेदों की जहाँ कल्पना की जाती है।

कल्पकाल – *Kalpakāla.*
20 x 10^{14} *Sagara* years (a long time period).
दश कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण अवसर्पिणी और उतना ही उत्सर्पिणी, ये दोनों मिलकर अर्थात् 20 कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण काल।

कल्पदशक – *Kalpadaśaka.*
Ten grades prevalent among the residential celestial beings.
वैमानिक इंद्र आदि देवताओं में दस प्रकार की कल्पना करना (श्रेणीबद्ध करना)।

कल्पद्रुम – *Kalpadruma.*
A type of worshipping (*pooja-vidhan*).
पूजा का एक प्रकार अथवा यज्ञ जो चक्रवर्तियों के द्वारा किमिच्छक दान देकर किया जाता है जिसमें जगत के सर्व जीवों की आशाएँ पूर्ण की जाती हैं।

कल्पद्रुम विधान – *Kalpadruma Vidhāna.*
Name of a book written by *Ganini Aryika* Gyanmati Mataji related to specific procedural worshipping.
गणिनीप्रमुख आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा रचित पूजा-विधान (भक्ति का महाकाव्य)। समय - ई. सन् 1987।

कल्पनापोढ – *Kalpanāpoḍha.*
Conceptual, Deep imagination.
मन की भावना संबंधी।

कल्पभूमि – *Kalpabhūmi.*
Holy assembly place (6 th land of *Samavasharan*).
समवशरण की छठी भूमि।

कल्पवासी देव – *Kalpavāsī Deva.*
A type of celestial deities.
सोलह स्वर्गों में रहने वाले वैमानिक देव।

कल्पवृक्ष – *Kalpavṛkṣa.*
Wish fulfilling trees.
ऐसे वृक्ष जो पृथिवी रूप होते हुए जीवों को उनके पुण्य कर्म का फल देते हैं, ये दस प्रकार के होते हैं। स्वर्ग एवं भोगभूमि में ये कल्पवृक्ष होते हैं।

कल्पव्यवहार – *Kalpavyavahāra.*
A type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
अंगबाह्य श्रुत-जिसमें साधुओं के योग्य आचरण का और अयोग्य आचरण होने पर प्रायश्चित विधि का वर्णन है।

कल्पशास्त्र – *Kalpaśāstra.*
A judicial book (code of conduct).
जिसमें अपराध के अनुरूप दण्ड का विधान कहा है।

कल्पस्थित – *Kalpasthita.*
Observing scriptural rules.
शास्त्रों के नियमों का पालन करना।

कल्पान्तकाल – *Kalpāntakāla.*
A time of disaster (end period of *Avasarpini kal*).
अवसर्पिणी के अंत का काल; भरत, ऐरावत में 49 दिन घोर पवनादि चलती है,आर्यखण्ड की रचना बिगड़ जाती है, फिर 49 दिन सुवृष्टि होकर पुन: रचना होती है।

कल्पाकल्प – *Kalpākalpa.*
A type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
अंगबाह्य श्रुत - इसमें द्रव्य क्षेत्र काल और भाव की अपेक्षा मुनियों के लिये योग्य अयोग्य दोनों कार्यो का वर्णन है।

कल्पातीत देव – *Kalpātīta Deva.*
Three types of Indras reside above all 16 heavens *(Kalps)*.
इन्द्र, सामानिक आदि भेदों की कल्पना से रहित अहमिंद्र देव जो नौ ग्रैवेयक, नौ अनुदिश और पाँच अनुत्तर विमान में रहते हैं।

कल्पातीत विभाग – *Kalpātīta Vibhāga.*
A classification of super world above all 16 heavens *(Kalps)*.
नौ ग्रैवेयक, नौ अनुदिश और 5 अनुत्तर विमान।

कल्पोपन्न देव – *Kalpopanna Deva.*
Deities born in *Kalpa* heavens.
जो कल्पों अर्थात् 16 स्वर्गों में उत्पन्न होते हैं।

कल्प्य – *Kalpya.*
Acceptable, Permissible.

व्यवहार में आने योग्य, उचित, योग्य, धार्मिक कर्त्तव्यों का विधि विधान, नियम।

कल्प्यव्यवहार – *Kalpyavyavahāra.*
See - *Kalpavyavahāra.*
देखें - कल्पव्यवहार।

कल्प्याकल्प्य – *Kalpyākalpya.*
See - *Kalpākalpa.*
देखें - कल्पाकल्प।

कल्मष – *Kalmaṣa.*
Sin, vice.
पाप।

कल्याण – *Kalyāṇa.*
10 th early canons (*Purva*) of scriptural knowledge (*Shrutgyan*), Name of a super saint.
श्रुतज्ञान का 10 वाँ पूर्व, एक ऋद्धिधारी साधु।

कल्याणक – *Kalyāṇaka.*
Auspicious events (related to Lord Jina's lives).
तीर्थंकर के जीवन में ५ प्रसिद्ध अवसर, जो जगत के लिये कल्याणकारी होते हैं - गर्भ कल्याणक, जन्म कल्याणक, तप कल्याणक, ज्ञान कल्याणक एवं निर्वाण कल्याणक।

कल्याणकल्पतरु स्तोत्र – *Kalyāṇakalpataru Stotra.*
Name of a book written by *Ganini Aryika* Shri Gyanmati Mataji containing 44 specific eulogical poetic rythm.
गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा रचित चौबीस तीर्थंकर स्तुति काव्य, जिसमें एकाक्षरी छन्द से लेकर अनेकानेक (144) छंद समाविष्ट हैं।

कल्याणक व्रत – *Kalyāṇaka Vrata.*
A type of special Jaina vow.
कल्याणक तिथि में उपवास तथा अगले दिन आचाम्ल भोजन (इमली व भात) खाना, इस प्रकार पंचकल्याणक की 120 तिथियों के 120 उपवास करना।

कल्याणकारक – *Kalyāṇakāraka.*
A book written by *Acharya* Ugraditya.
आचार्य उग्रादित्य (ई. 828) द्वारा रचित एक वैद्यक ग्रन्थ।

कल्याणकारी – *Kalyāṇakārī.*
Auspicious, Prosperous, Beneficial.
हितकर, मंगलप्रद, सुखकर, लाभदायक।

कल्याणकीर्ति – *Kalyāṇakīrti.*
Name of an *Acharya*, the writer of 'Gyanchandrabhyudaya'.
ई. सन् 1439 के एक आचार्य जिन्होंने ज्ञानचन्द्राभ्युदय ग्रंथ की रचना की।

कल्याणत्रैलोक्यसार यन्त्र – *Kalyāṇatrailokyasāra Yantra*
A metallic plate engraved with some auspicious mystic words.
एक मंत्र लिखित धातु की प्लेट।

कल्याणमंदिर स्तोत्र – *Kalyāṇamaṁdira Stotra.*
A religious hymn written by Kumudchandra-svami on Lord Parshvanath.
आचार्य कुमुदचंद्रस्वामी कृत संस्कृत में पार्श्वनाथ स्तुति।

कल्याणवाद पूर्व – *Kalyāṇavāda Pūrva.*
An early book of canons (*Purva*) describing all the events of the universe.
जिसमें सूर्य, चन्द्रमा, ग्रह, नक्षत्र और तारागणों के चार क्षेत्र, उपपादस्थान, गति, वक्रगति तथा उनके फलों का, पक्षी के शब्दों का और अरिहन्त अर्थात् तीर्थंकर बलदेव, वसुदेव और चक्रवर्ती आदि के गर्भावतार आदि महाकल्याणकों का वर्णन है।

कल्लोल – *Kallola.*
Water waves.
जल की लहर, तरंग।

कवक – *Kavaka.*
Fungi as Mushroom etc.
एकेन्द्रिय वनस्पति-कुकुरमुत्ता आदि।

कवच – *Kavaca.*
A kind of special preaching for asceticism (reg. holy death), Armour.
सल्लेखना, क्षपक को वैराग्योत्पादक उपदेश देना।

कवयव – *Kavayava.*
Name of a planet.
एक ग्रह का नाम।

कवल – *Kavala.*
1000 rice grains is 1 *Kavala.*
ग्रास, एक हजार चावलों के प्रमाण का एक ग्रास होता है।

कवल चन्द्रायन व्रत – *Kavala Candrāyana Vrata.*
A special type of vow (pertaining to food taking).
कवल प्रमाण भोजन का एक व्रत - अमावस्या के दिन उपवास, पश्चात् प्रतिपदा के दिन एक कवल, आगे प्रतिदिन एक-एक ग्रास की वृद्धि से चतुर्दशी के दिन चौदह ग्रास, पूर्णिमा के दिन उपवास और फिर एक-एक ग्रास प्रतिदिन कम करते हुए चतुर्दशी के दिन एक ग्रास और अमावस्या के दिन उपवास।

कवलाहार – *Kavalāhāra.*
A kind of food taking.
मुख में कवल या ग्रास लेकर भोजन करना (केवली भगवान के कवलाहार नहीं होता है)।

कवाटक – *Kavāṭaka.*
A mountain near to *Malayagiri* mountain in *Bharat Kshetra Aryakhanda* (region).
भरत क्षेत्र आर्यखण्ड में मलयगिरि पर्वत के निकट स्थित एक पर्वत।

कश्मीर – *Kaśmīra.*
A king of *Hoon* dynasty.
हून वंश का एक राजा।

कषना – *Kaṣanā.*
Passions causing troubles.
पीड़ा पहुँचाना, क्रोधादि परिणाम आत्मा को कुगति में ले जाने के लिये कषते हैं।

कषाय – *Kaṣāya.*
Passion (anger, proud, illusion, greed etc.).
आत्मा में होने वाली क्रोधादि रूप कलुषता; क्रोध, मान, माया, लोभ रूप चार कषाय हैं।

कषाय कालक – *Kaṣāya Kālaka.*
Anticipation of passions in different times.
अल्पबहुत्व - चारों गतियों में कषाय काल की तारतम्यता।

कषाय कुशील – *Kaṣāya Kuśīla.*
A passionate saint (who has not controlled passions).
कुशील साधु का एक भेद ; जिन्होंने संज्वलन कषाय के उदय को वश में नहीं किया है।

कषाय चारित्र मोहनीय कर्म – *Kaṣāya Cāritra Mohanīya Karma.*
Delusive *karmas* with passionate conduct.
मोहनीय कर्म का एक भेद; जिसके कषाय वेदनीय और नोकषाय वेदनीय दो भेद हैं।

कषाय निस्यंद – *Kaṣāya Nisyaṁda.*
Passionless.
कषाय से रहित होना।

कषायपाहुड़ – *Kaṣāyapāhuṛa.*
A book written by *Acharya* Gunadhara (reg. basic principles).
आचार्य गुणधर (ई. श. 1 पूर्वपाद) द्वारा रचित मूल सिद्धान्त ग्रन्थ।

कषाय प्रत्यय – *Kaṣāya Pratyaya.*
Passions like anger, proud, illusion, greed etc.
कर्म बंध प्रत्यय का एक भेद; क्रोध, मान, माया, लोभ, प्रमाद आदि कषाय रूप प्रत्यय।

कषायप्रवृत्ति – *Kaṣāyapravṛtti.*
Colouration; activities (related to mind-speech-body); full of passion.
लेश्या; कषाय से अनुरंजित मन-वचन-काय की प्रवृत्ति।

कषायप्राभृत – *Kaṣāyaprābhṛta.*
A book written by *Acharya* Yativrashabh.
यतिवृषभाचार्य (ई. 143-173) कृत एक सिद्धान्त ग्रन्थ।

कषाय भाव – *Kaṣāya Bhāva.*
Volition of passion.
क्रोधादि विकारी भाव।

कषाय मल – *Kaṣāya Mala.*
See - *Kaṣāya Bhāva.*
देखें - कषाय भाव।

कषाय मार्गणा – *Kaṣāya Mārgaṇā.*
Passionless investigation.
कषाय मार्गणा द्वारा जीवों का अन्वेषण।

कषाय मोहनीय – *Kaṣāya Mohanīya.*
Passion deluding *karma.*
मोहनीय कर्म का एक भेद; जिसके कषाय वेदनीय और नोकषाय वेदनीय दो भेद हैं।

कषाय रस – *Kaṣāya Rasa.*
One of the five Rasas (tastes) i.e. pungent.
पाँच रसों (मीठा, खट्टा, कडुवा, कषायला, चरपरा) में से एक रस। जैसे आँवले का स्वाद।

कषाय विग्रह – *Kaṣāya Vigraha.*
Controlling of the passions.
कषाय समूह को अत्यन्त मर्दन कर-करके अक्रम से मार डालना।

कषाय विजय – *Kaṣāya Vijaya.*
Victory over passions.
कषाय को अंतरंग से समाप्त कर देना।

कषाय विषय – *Kaṣāya Viṣaya.*
Objects causing passions.
इष्ट-अनिष्ट पदार्थ जो रागद्वेषरूप परिणाम पैदा करते हों।

कषाय वेदनीय – *Kaṣāya Vedanīya.*
Feelings of passions.
चारित्र मोह का एक भेद; इसके 16 भेद हैं।

कषाय शक्ति – *Kaṣāya Śakti.*
Power of passions.
क्रोध, मान, माया, लोभ आदि कषायों की शक्ति।

कषाय संलेखना – *Kaṣāya Saṁlekhanā.*
Suppression and destruction of passion.
कषायों को सम्यक् प्रकार से दमन या कृश करना।

कषायसमुद्घात – *Kaṣāyasamudghāta.*
Extrication or formation of passions.
बाह्य निमित्त पाकर कषाय की तीव्रता में जीव के आत्म प्रदेश शरीर से तिगुने फैल जाते हैं, यह कषाय समुद्घात है।

कषाय स्थान – *Kaṣāya Sthāna.*
Degree of passion (intensity).
कषायों के स्थान शक्ति या फल देने की सामर्थ्य की अपेक्षा 4 हैं; तीव्रतर, तीव्र, मंद, मंदतर या उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य, अजघन्य अनुभागरूप।

कषायात्मा – *Kaṣāyātmā.*
Souls involved in passions.
संसारी आत्मा जो क्रोधादि विकारों से सहित है।

कषायाध्यवसाय स्थान – *Kaṣāyādhyavasāya Sthāna.*
Perseverance place of passion.
कषाय के अंश जो कर्मों की स्थिति पड़ने में कारण हैं।

कांचन – *Kāṁcana.*
Gold, Space vehicle of the 9th *Indra* of

Saudharma heaven.
सोना, सौधर्म स्वर्ग का 9 वां इन्द्रक विमान ।

कांजी बारस व्रत – *Kāṁjī Bārasa Vrata.*
A type of vow (fasting).
प्रतिवर्ष भाद्रपद शु. 12 को व्रत करना ।

कांजीर – *Kāṁjīra.*
A bitter matter.
कटुक पदार्थ-पाप प्रकृतियों की अनुभाग शक्ति का एक उदाहरण।

कांडक – *Kāṁḍaka.*
Infinite splits, Innumerableth part of *Angul.*
सूच्यंगुल के असंख्यातवें भाग को काण्डक कहते हैं ।

कांडक आयाम – *Kāṁḍaka Āyāma.*
Parts with lack of aggregates of *karmic* molecules.
जिस कांडक में जिन स्पर्धकों का अभाव किया वह काण्डकायाम है ।

कांडक घात – *Kāṁḍaka Ghāta.*
Combination of destructible *karmic* matters and the remaining *karmic* aggregates.
नाश करने योग्य कर्म के द्रव्य को जिनकी स्थिति घटाई हो तो अंत के आवली मात्र निषेकों को छोड़कर अन्य सर्व शेष स्थिति के निषेकों में मिला देना,इसको कांडोत्करण भी कहते हैं ।

कांडक द्रव्य – *Kāṁḍaka Dravya.*
Remaining *karmic* aggregates (to be combined with others).
जितने कर्म के निषेकों की स्थिति घटाकर अन्य में मिलायी जाती है अर्थात् स्थिति कांडक के निषेकों के परमाणु ।

कांडक संक्रमण – *Kāṁḍaka Saṁkramaṇa.*
A type of transition (from one state to another).
संक्रमण का एक भेद ।

कांतिमान – *Kāṁtimāna.*
Effulgent, Radiant, Luminious, Lustrous.
तेजस्वी, प्रभावान, दीप्त ।

कांदर्पिक – Kāṁdarpika.
Uncivilised speech with deep passions.
राग के उद्रेक से हंसते हुए अशिष्ट वचन बोलना ।

कांपिल्य – *Kāṁpilya.*
The birth place of Lord Vimalnath, its another name is Kampilaji.
विमलनाथ भगवान की जन्म नगरी का नाम। जो उत्तरप्रदेश के फर्रूखाबाद जिले में है। इसका अपरनाम कंपिलाजी है ।

काकंदी – *Kākaṁdī.*
The birth place of Lord Suvidhinath (Pushpadant).
सुविधिनाथ (पुष्पदंतनाथ) भगवान की जन्मभूमि । जो उत्तरप्रदेश के गोरखपुर जिले में है ।

काकतालीय न्याय – *Kākatālīya Nyāya.*
Effortless fortunate (viz. falling of food grain into the open mouth of crow) .
बिना पुरुषार्थ के स्वत: ही इच्छित वस्तु प्राप्त हो जाना, जैसे जिस समय कौआ ने मुँह खोला उसी समय वृक्ष से फल गिरा और मुँह में आ गया ।

काकवर्ण – *Kākavarṇa.*
Name of a king of Magadh .
मगध राज्य के शिशुनाग वंश का राजा ।

काकिणी – *Kākiṇī.*
One of the 14 jewels of *Chakravarti* (emperor).
चक्रवर्ती के चौदह रत्नों में से एक ।

काकुस्थ चारित्र – *Kākustha Cāritra.*
A book written by *Acharya* Vadiraj.
आचार्य वादिराज (ई. 1000-1040) द्वारा रचित एक ग्रन्थ ।

कातन्त्ररूपमाला – *Kātantrarūpamālā.*
Name of a book written by *Acharya* Bhavsen Traividya on grammar.
आचार्य भावसेन त्रैविद्य कृत व्याकरण ग्रन्थ जिसका हिन्दी अनुवाद (कातन्त्र-व्याकरण) गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी ने किया है ।

कान्यकुब्ज – *Kānyakubja.*
Old name of present city Kannauja of Uttar-pradesh, A community of Brahmin.
उत्तरप्रदेश स्थित वर्तमान नगर कन्नौज का पूर्व नाम, ब्राह्मणों की एक जाति का नाम ।

कापथघट्टन – *Kāpathaghaṭṭana.*
To destroy all forms of falsehood, cause of pains.
दुखों के कारण मिथ्यात्व आदि को नष्ट करना ।

कापिष्ठ – *Kāpiṣṭha.*
A king of *Yadu* dynasty, Name of the 8th heaven.
यदु (यादव) वंश का एक राजा, आठवाँ कल्पस्वर्ग ।

कापिष्ठ (देव) – *Kāpiṣṭha (Deva).*
Name of a deity of *Kapistha* heaven.
कापिष्ठ स्वर्ग के देव ।

कापोत लेश्या – *Kāpota Leśyā.*
Grey aura, a wrong conception (to blame others etc.) of life.
दूसरों के ऊपर रोष करना, दूसरों की निंदा करना, दूसरों से ईर्ष्या करना, प्रशंसा किये जाने पर धन आदि देवें इत्यादि सभी कपोत लेश्या के चिन्ह हैं ।

काम – *Kāma.*
Sex, Desire, Lust.
स्त्री-पुरुष के परस्पर संयोग की अभिलाषा काम है ।

कामकथा – *Kāmakathā.*
Lustful tales.
काम, रागादि भाव से लिप्त कथा ।

कामचर – *Kāmacara.*
One of the universal deities.
लौकान्तिक देवों में एक देव जिनकी संख्या 21021 होती है ।

कामचांडाली कल्प – *Kāmacāṁḍālī Kalpa.*
A book written by *Acharya* Mallishena.
आचार्य मल्लिषेण (ई.श. 1047) द्वारा रचित एक मंत्र-तंत्र विषयक ग्रंथ ।

कामतत्व – *Kāmatatva.*
Elements of sex.
स्त्री-पुरुष के परस्पर संयोग रूप राग, मोह, रति आदि भाव ।

कामतीव्राभिनिवेश – *Kāmatīvrābhiniveśa.*
Excessive sexual passion (an infraction of vow of celibacy).
ब्रह्मचर्याणुव्रत का एक अतिचार; कामसेवन की तीव्र इच्छा रखना ।

कामद – *Kāmada.*
Name of the 5th *Rudra.*
11 रूद्रों में 5 वाँ रूद्र ।

कामदेव – *Kāmadeva.*
A great title, 24 great persons with charming body, A chief disciple of Lord Adinath.
यह महापुरुषों का एक उच्च पद है, अति सुन्दर शरीर वाले 24 कामदेव थे, जिनमें प्रथम बाहुबली भगवान थे, भगवान ऋषभदेव के 84 गणधरों में एक ।

कामना – *Kāmanā.*
Desire, Lust, Wish.
अभिलाषा, इच्छा, आकांक्षा, राग ।

कामपुरुषार्थ – *Kāmapuruṣārtha.*
Sexual vigour.
पुरुषार्थ का एक भेद जो विवाह परम्परा से प्रारंभ होता है ।

कामपुष्प – *Kāmapuṣpa.*
A city in south of *Vijayardha* mountain.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर ।

कामराज – *Kāmarāja.*
Name of a celibate, the writer of 'Jaikumar Puran'.
जयकुमार पुराण के कर्ता एक ब्रह्मचारी, समय - ई. 1498 ।

कामरूपित्व – *Kāmarūpitva.*
A type of super natural power (transforming one into many forms simultaneously).
जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु इच्छानुसार एक साथ अनेक रूप बनाने में समर्थ होते हैं ।

कामरूप्य – *Kāmarūpya.*
A country of *Bharat ksetra Aryakhanda* (a region).
भरत क्षेत्र आर्यखण्ड का एक देश ।

कामविकार – *Kāmavikāra.*
Lust, Sex emotions.
प्रेम, विषय वासना, भोग की इच्छा से कामासक्त होना ।

कामवृष्टि – *Kāmavṛṣṭi .*
Name of a supremacy (jewel) of Bharat Chakravarti (emperor).
चक्रवर्ती का 'गृहपति' रत्न ।

कामसुख – *Kāma Sukha.*
Sexual enjoyment.
संभोग, भोगेन्द्रिय से प्राप्त सुख ।

कामा – *Kāmā.*
Name of a chief beloved of *Indras.*
उत्तरेन्द्रों की वल्लभाओं की एक महत्तरिका ।

कामाग्नि – *Kāmāgni.*
Lust, An internal fire.
काम इच्छा, आत्म यज्ञ सम्पन्न करने के लिये दमन की जाने वाली तीन अग्नियों (क्रोधाग्नि, कामाग्नि, उदराग्नि) में से एक।

कामिनिका – *Kāminikā.*
Name of a chief beloved of *Indras.*
उत्तरेन्द्रों की वल्लभाओं की एक महत्तरिका ।

कामिनी – *Kāminī.*
Name of a female divinity of *Saudharma* etc. heavens.
सौधर्म आदि स्वर्ग की एक देवी का नाम ।

कामुक – *Kāmuka.*
Lustful, Erotic.
कामासक्त, कामातुर ।

कामोद्दीपक – *Kāmoddīpaka*
Erotic (kindling or producing sexual desires).
कामुक, काम की तीव्रता को बढाने वाला ।

काम्य मंत्र – *Kāmya Maṁtra.*
A *mantra* (sacred verse) for worshipping etc.
पूजाविधान आदि के लिये एक मंत्र ।

काय – *Kāya.*
Body.
शरीर । काय के छह भेद हैं-पंचस्थावर के ५ एवं१ त्रसकाय।

कायकर्म – *Kāyakarma.*
Activities performed by bodies.
संसार अवस्था में स्थित जीवों के होने वाला कर्म ।

कायक्लेश – *Kāyakleśa.*
Physical mortification, An external austerity.
शरीर को वश में रखने के लिये अनेक प्रकार के शरीर क्लेश को क्लेश न समझते हुए तप करना ।

कायक्रिया – *Kāyakriyā.*
Activities of body.
शरीर सम्बन्धी क्रिया ।

कायक्रोधविवेक – *Kāyakrodhaviveka.*
An act of controlling anger.
भौहें संकुचित करना इत्यादि शरीर की प्रवृत्ति न होना ।

कायगुप्ति – *Kāyagupti.*
Physically self controlling.
कायक्रिया से निवृत्ति होना, शरीर के हलनचलन को वश में रखना ।

कायत्व – *Kāyatva.*
Extention, Pervasion.
बहुप्रदेशीपना ।

कायदण्ड – *Kāyadaṇḍa.*
Corporal punishment.
शरीर ताड़न, सजा देना ।

कायदुष्प्रणिधान – *Kāyaduṣpraṇidhāna.*
Activities like laziness, mental unsteadiness etc. while *Samayika* (practicing equanimity).
सामायिक शिक्षाव्रत का एक अतिचार, सामायिक करते हुए शरीर का पुष्टरूप प्रवर्तन करना, आलस्य या निद्रा रूप हो जाना, स्थिर आसन न होना ।

कायनिसर्गाधिकरण – *Kāyanisargādhikaraṇa.*
Support to the natural creation (flow of *karmas*) of the body.
कर्मों के आस्रव का आधार, 11 वाँ अजीवाधिकरण शरीर का व्यवहार करना ।

कायपरावर्तन – *Kāyaparāvartana.*
Transformation from sinful activities to sacred--ness.
आवर्त्त-पाप व्यापार से काय को हटाना, अवस्थान्तर को प्राप्त करना ।

कायप्रतिमा – *Kāyapratimā.*
One having supreme radiance (lustrous body) with complete & perfect characteristics.
स्थावर प्रतिमा-केवलज्ञान होने के बाद सर्व लक्षणों से युक्त जितने समय इस लोक में विहार करते हैं उतने समय शरीर सहित प्रतिबिम्ब ।

कायप्रत्याख्यान – *Kāyapratyākhyāna.*
Bodily renunciation.
शरीर के द्वारा भविष्यत् काल में अतिचार नहीं करना ।

कायप्रवीचार – *Kāyapravīcāra.*
Copulation, Masturbation.
शरीर से मैथुन सेवन करना ।

कायप्राण – *Kāyaprāṇa.*
Presence of vitality in body.
शरीर नामकर्म के उदय से कायबल प्राण होता है। शरीर की चेष्टा उत्पन्न करने का सामर्थ्यरूप ।

कायबल – *Kāyabala.*
A type of supernatural power.
ऋद्धि - (1) जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु मास, चातुर्मास आदि रूप कायोत्सर्ग करते हुए भी परिश्रम का अनुभव नहीं करते । (2) जिसके उपयोग से मुनि तीनों लोकों को कनिष्ठ अंगुलि पर उठाकर अन्यत्र स्थापित करने में समर्थ होते हैं ।

काय भवस्थ – *Kāya Bhavastha.*
Born and reborn in the same body form.
एक ही शरीर और भव में बारबार जन्म लेना ।

कायमार्गणा – *Kāyamārgaṇā.*
Investigation of different body forms.
काय संबंधी जीव; जो छह प्रकार के हैं-पृथिवीकायिक, अप्कायिक, तेजकायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक और त्रसकायिक ।

काययोग – *Kāyayoga.*
Bodily activities.
वात्त, पित्त व कफ आदि के द्वारा उत्पन्न परिश्रम से जो जीव प्रदेशों का परिस्पन्द होता है वह काययोग कहा जाता है ।

कायवंदना – *Kāyavaṁdanā.*
To pay homage bodily.
मन, वचन, काय की शुद्धि पूर्वक प्रदक्षिणा करना, नमस्कार करना ।

कायविवेक – *Kāyaviveka.*
Toleration of afflictions or distress (like austerity).
अपने शरीर से अपने शरीर के उपद्रव को दूर न करना ।

कायशुद्धि – *Kāyaśuddhi.*
Bodily purity, cleanliness of body.
शरीर, वस्त्र आदि की शुद्धि रखना और विनयवान होना कायशुद्धि है ।

कायसमिति – *Kāyasamiti.*
Any body - activity with care (reg. protecting all micro beings etc.).
जीवों की रक्षा आदि करते हुए सम्यक् प्रकार से व्यवहारिक प्रवृत्ति करना ।

कायस्थिति – *Kāyasthiti.*
State of soul in different body forms.
एक काय का परित्याग किये बिना अनेक भवविषयक कायस्थिति होती है ।

काय स्वभाव – *Kāya Svabhāva.*
Nature of body.
अशुचि, अपवित्रता शरीर का स्वभाव है ।

कायिक – *Kāyika.*
Related to body (all types of activities etc.).
काय के द्वारा की जाने वाली शुभ-अशुभ क्रियाएँ जो आस्रव का कारण है ।

कायिकी – *Kāyikī.*
Bodily activity with bad intention.
दुष्ट भाव युक्त होकर उद्यम करना कायिकी क्रिया कहलाती है।

कायोत्सर्ग – *Kāyotsarga.*
Spiritual or meditative relaxation, (detachment with body), Reciting of 'Namokar Mantra' 9 times in 27 breathing cycles.
मुनियों का छठा आवश्यक कर्म, शरीर आदि से ममता त्याग आत्मा के सम्मुख होना, 27 श्वासोच्छ्वास में 9 बार णमोकार मंत्र का जाप्य करना ।

कारक – *Kāraka.*
Case (reg. grammar).
व्याकरण में प्रसिद्ध तथा नित्य की बोलचाल में प्रयोग किये जाने वाले कर्ता, कर्म, करण आदि छह कारक होते हैं ।

कारक कारण – *Kāraka Kāraṇa.*
Generating cause.
सम्पादन करने वाला कारण, हेतु ।

कारण – *Kāraṇa.*
Inference of effect, cause.
कार्य के प्रति नियामक हेतु को कारण कहते हैं ।

कारण कार्य भाव – *Kāraṇa Kārya Bhāva.*
Cause effect phase.
निमित्त के होने पर कार्य का होना ।

कारण कार्य संबंध – *Kāraṇa Kārya Saṁbaṁdha.*
Relation between causes and efforts.
निमित्त उपादान-कारण की सहायता से कार्यरूप परिणत हो जाना ।

कारण परमतत्व – *Kāraṇa Paramatatva.*
Supreme soul devoid of all *karmas.*
द्रव्यकर्म, भावकर्म, नोकर्म से रहित परमात्मा ।

कारण परमात्मा – *Kāraṇa Paramātmā*
Conscious element existing in all beings.
कारण परमात्मा देश कालावच्छिन्न शुद्ध चेतन सामान्य तत्त्व है, जो मुक्त संसारी तथा चींटी व मनुष्य सब में अन्वयरूप से पाया जाता है ।

कारण प्रत्यय – *Kāraṇa Pratyaya.*
Ascertainments causing right perception etc.
जिन बिम्ब दर्शन आदि सम्यग्दर्शन के कारण प्रत्यय हैं ।

कारण विपर्यास – *Kāraṇa Viparyāsa.*
Misunderstanding, Misapprehension.
कार्य के कारण को कुछ का कुछ समझना अर्थात् सही अर्थ नहीं समझ पाना ।

कारण विरूद्ध व अविरूद्ध उपलब्धि – *Kāraṇa Viruddha va Aviruddha Upalabdhi.*
Cause for favourable and unfavourable happenings.
हेतु का एक भेद अन्वय-व्यतिरेक हेतु ।

कारण शुद्ध जीव – *Kāraṇa Śuddha Jīva*
Soul with causes of purity.
शुद्ध निश्चय नय से सहजज्ञानादि परम स्वभाव गुणों का आधार होने के कारण 'कारण शुद्ध जीव' है ।

कारण शुद्ध पर्याय – *Kāraṇa Śuddha Paryāya.*
Body-forms (*Paryay*) with causes of purity.
शुद्ध निश्चय नय से सिद्ध अनंतचतुष्टय स्वरूप भाव परिणति कारण शुद्ध पर्याय है ।

कारण समयसार – *Kāraṇa Samayasāra.*
Scriptural knowledge gained through reverential causes.
उपादेयभूत तथा वाच्यवाचक रूप से भेद को प्राप्त पंच परमेष्ठी के वाचक शब्दों के आश्रित जो श्रुतज्ञान होता है ।

कारणस्वभावज्ञान – *Kāraṇasvabhāvajñāna.*
Instinctive knowledge with having supreme causes.
जो केवल इन्द्रिय रहित और असहाय है वह स्वभाव ज्ञान है और उसका जो कारण परम पारिणामिक भाव में स्थित त्रिकाल निरूपाधिक सहजज्ञान है,वह कारण स्वभाव ज्ञान है ।

कारणानुपलम्भ – *Kāraṇānupalambha.*
Non observation of the cause; absence of cause.
कारण की प्राप्ति न होना ।

कारित – *Kārita.*
Something getting done by others.
दूसरे के द्वारा कराया गया कार्य कारित कहलाता है ।

कारुण्य भावना – *Kāruṇya Bhāvanā.*
Kind emotions; compassionate feelings.
दुखी प्राणियों का दु:ख दूर हो ऐसा बारबार विचार (चिंतन) करना ।

कार्तिकेयानुप्रेक्षा – *Kārtikeyānuprekṣā.*
A book written by *Acharya* Kumar Kartikeya.
आचार्य कुमार कार्तिकेय (ई.श. 2 मध्य) द्वारा रचित वैराग्य भावनाओं का प्रतिपादक प्राकृत गाथा बद्ध ग्रन्थ ।

कार्तिकेयानुप्रेक्षा टीका – *Kārtikeyānuprekṣā Ṭīkā.*
A commentary book written by Shubhchandra *Bhattarak.*
आचार्य कार्तिकेय विरचित कार्तिकेयानुप्रेक्षा पर भट्टारक शुभचन्द्र (ई.स. 1543) की संस्कृत टीका ।

कार्तिकेयानुप्रेक्षा वचनिका – *Kārtikeyānuprekṣā Vacanikā.*
A Hindi commentary book written by *Pandit* Jaichand Chhabra.
कार्तिकेयानुप्रेक्षा पर पंडित जयचन्द छाबड़ा (ई.सन् 1806) कृत वचनिका ।

कार्मण काय – *Kārmaṇa Kāya.*
Body related to *karmic* vibrations.
कार्मण शरीर नामकर्म के उदय से होने वाली काय को कार्मण कहते हैं ।

कार्मण काययोग – *Kārmaṇa Kāyayoga.*
Karmic bodily activities.
कार्मण शरीर नामकर्म के उदय से जो कार्मण शरीर हो, इसके निमित्त से आत्मा में कर्म ग्रहण करने के लिए आत्मप्रदेशों का चंचलपना ।

कार्मण काल – *Kārmaṇa Kāla.*
Karmic time period.
कार्मण शरीर जब पाया जाता है वह कार्मण काल होता है।

कार्मण योग – *Kārmaṇa Yoga.*
Karmic activities in soul (vibration).
कर्माकर्षण शक्तियुक्त आत्मप्रदेशों का परिस्पंदन।

कार्मण वर्गणा – *Kārmaṇa Vargaṇā.*
Karmic Variform, Aggregate of *karmic* molecules.
वर्गणा का एक भेद।

कार्मण शरीर बंध – *Kārmaṇa Śarīra Baṁdha.*
Binding of *karmic* body.
5 शरीरों की वर्गणा के साथ कार्मण वर्गणा का परस्पर बंध होना या मिलना।

कार्य – *Kārya.*
Any activity or deed.
क्रिया, काम, इत्यादि।

कार्य-कारण संबंध – *Kārya Kāraṇa Saṁbaṁdha.*
Relation between effects & causes, inference.
अनुमान- कार्य को देखकर कारण का अनुमान, जैसे बाढ़ को देखकर वर्षा का अनुमान करना।

कार्य चतुष्टय – *Kārya Catuṣṭaya.*
Combination of four powers - Omniscience, Omniperception, Infinite bliss & Omnipotent.
केवलज्ञान, केवलदर्शन, अनंतसुख, अनंतशक्ति (वीर्य) युक्त फलरूप अनंत चतुष्टय का प्रगट होना।

कार्य परमाणु – *Kārya Parmāṇu.*
Particles which are indivisible.
स्कंधों से पृथक् हुए अविभागी अंश कार्य परमाणु हैं।

कार्य परमात्मा – *Kārya Parmātmā.*
Supreme Soul.
कर्म कलंक से रहित आत्मा।

कार्य विरूद्ध व अविरूद्ध हेतु –
Kārya Viruddha va Aviruddha Hetu.
Reason behind favourable & unfavourable effects.
हेतु का एक भेद।

कार्य शुद्ध जीव – *Kārya Śuddha Jīva.*
Salvated Soul, One who has got deliverance.
मुक्त आत्मा।

कार्य शुद्ध पर्याय – *Kārya Śuddha Paryāya.*
Pure results of supreme destructional volitions.
सादि अनंत परमोत्कृष्ट क्षायिक भाव की जो शुद्ध परिणति है।

कार्य समयसार – *Kārya Samayasāra.*
Supreme spiritual stage attained by reverential deeds.
ध्यान आदि कारण समयसार के द्वारा शुद्धात्मा की उपलब्धि हो जाना।

कार्य समा जाति – *Kārya Samā Jāti.*
Parity per efforts (attempts are transient in nature).
प्रयत्न से उत्पन्न होने वाला शब्द अनित्य है, जिसके अनंतर स्वरूप का लाभ है, वह न होकर होता है, जैसे घटादि कार्य अनित्य हैं और जो होकर नहीं होता है, ऐसी अवस्था रहते 'प्रयत्नकार्यानिकत्वात्' यह प्रतिषेध कहा जाता है।

कार्य साङ्कर्य – *Kārya Sāṅkarya.*
Variety of effects, mixing of activities together.
कार्य का सम्मिश्रण, मिलावट।

कार्य स्वभाव ज्ञान – *Kārya Svabhāva Jñāna.*
Sacred omniscience.
जो सकल विमल केवलज्ञान है वही कार्य स्वभाव ज्ञान है।

काल – *Kāla.*
Time period.
वर्तमान व्यवहार में सेकेण्ड, घण्टा, दिन, वर्ष, शताब्दी आदि काल कहलाते हैं परन्तु आगम में उत्सर्पिणी, अवसर्पिणी आदि कालों का प्रमाण कोड़ाकोड़ी सागर में मापा जाता है।

काल (अल्पबहुत्व) – *Kāla (Alpabahutva).*
A time period with comparability.
अपकर्ष, उपशमन, क्षपण आदि में होने वाले काल का अल्पबहुत्व।

काल (षट्काल) – *Kāla (Ṣaṭkāla).*
Six division of time period.
अवसर्पिणी तथा उत्सर्पिणी काल के छः छः भेद, सुषमसुषमा, सुषमा, सुषमदुष्षमा, दुष्षमसुषमा, दुष्षमा और अतिदुष्षमा ये षट्काल कहलाते हैं।

कालक – *Kālaka.*
Name of a planet.
एक ग्रह का नाम।

कालकूट – *Kālkūṭa.*
A country of *Bharat Kshetra Arya khand* (a region).
भरत क्षेत्र आर्य खण्ड का एक देश।

कालकेतु – *Kālaketu.*
Name of a planet.
एक ग्रह का नाम।

कालक्रम – *Kālakrama.*
Successiveness in time.
काल का क्रम।

कालतोया – *Kālatoyā.*
A river of east *Arya khand* (region).
पूर्व आर्य खण्ड स्थित एक नदी।

कालदेश – *Kāladeśa.*
Preaching according to situations.
उपदेश-काल और देश को देखकर ही उपदेश देना।

कालद्रव्य – *Kāladravya.*
Time factor.
जो सभी द्रव्यों के परिणमन में सहकारी है।

कालनय – *Kālanaya.*
A view point related to time.
जो नय समय का आश्रय लेकर कथन करे जैसे गर्मी के दिनों में पकने वाले आम।

कालनिबन्धन – *Kālanibandhana.*
Affiliation with time.
जो अर्थ जिस काल में प्रतिबद्ध है वह काल निबन्धन कहा जाता है।

कालपरिवर्तन – *Kālaparivartana.*
Change of time or timely change.
उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी काल के बीस कोड़ाकोड़ी सागर के जितने समय हैं उनमें क्रमशः उत्पन्न हुआ और क्रमशः मरण भी किया। यह सब मिलाकर एक काल परिवर्तन है।

कालपूजा – *Kālapūjā.*
Special occasional worshipping (reg. *Paryushan, Panchkalyanak* etc).
तीर्थंकरों के पंचकल्याण की तिथियां तथा अन्य दशलक्षण आदि पर्व के दिनों को निमित्त बनाकर जो पूजा की जाती है वह काल पूजा है।

कालप्रदेश – *Kālapradeśa.*
Time instant.
काल क्षेत्र अथवा काल का एक प्रदेश।

कालप्रतिक्रमण – *Kālapratikramaṇa.*
Time penitential retreat.
काल संबंधी दोषों से परिणामों की निवृत्ति होना अथवा जिस काल में प्रतिक्रमण करने को कहा है उसी काल में करना चाहिए।

कालप्रत्याख्यान – *Kālapratyākhyāna.*
Renunciation related to time.
काल का आश्रय करके किसी वस्तु का त्याग करना।

कालप्रमाण – *Kālapramāṇa.*
Limitation of time.
काल या समय मर्यादा।

काल प्ररूपणा – *Kāla Prarūpaṇā.*
Description of lowest and highest positions of matter.
जिसमें पदार्थों की जघन्य और उत्कृष्ट स्थिति का वर्णन हो।

कालमंगल – *Kālamaṁgala.*
Very auspicious time.
जिनमहिमा से सम्बंध रखने वाला काल अथवा कल्याणक की तिथियां आदि।

कालमुखी – *Kālamukhī.*
A type of knowledge or study.
एक विद्या।

कालयुति – *Kālayuti.*
Time union.
जीव आदि द्रव्यों का दिन, महीना और वर्ष आदि कालों के साथ मिलाप होना।

काललब्धि – *Kālalabdhi.*
Time of attainment or achievement.
कार्य सम्पन्न होने का समय।

कालवर्गणा – *Kālavargaṇā.*
Aggregate of *karmic* molecules related to time.
कर्म द्रव्य की अपेक्षा एक समय अधिक एक आवली से लेकर उत्कृष्ट कर्म स्थिति तक और नोकर्म द्रव्य की अपेक्षा एक समय से लेकर असंख्यात लोक प्रमाण काल तक सब काल वर्गणा कहलाती हैं।

कालवाद – *Kālavāda.*
Time theory.
काल ही सबको उत्पन्न तथा विनाश करता है अर्थात् काल को सब कुछ मान लेना।

कालवादी – *Kālavādī.*
A believer in time.
कालवाद को मानने वाला।

कालव्यभिचार – *Kālavyabhicāra.*
Time inconclusive fallacy.
भविष्यत् आदि काल के स्थान पर भूत आदि काल का प्रयोग करना।

कालशुद्धि – *Kālaśuddhi.*
A part of right knowledge using time rightly.
सम्यग्ज्ञान का अंग-स्वाध्याय के योग्य काल में ही शास्त्र पठन-पाठन आदि करना कालाचार या कालशुद्धि है।

काल श्वपाकज – *Kāla Śvapākaja.*
Name of a caste (reg. *Vidyadhars*).
एक विद्याधर जाति-श्वपाक विद्या से श्वपाकज नाम से प्रसिद्ध हुई।

कालसंयोग पद – *Kālasaṁyoga Pada.*
Terms related to time.
शरद, वसन्त इत्यादि काल संयोग पद हैं क्योंकि शरद और वसन्त ऋतु के संयोग से ये संज्ञायें व्यवहार में आती हैं।

कालसंसार – *Kālasaṁsāra.*
Worldly span of time.
परमार्थ काल के निमित्त से होने वाले परिस्पन्द और अपरिस्पन्द रूप परिणमन जिनमें व्यवहार काल का विभाग भी होता ह।

कालसामायिक – *Kālasāmāyika.*
To keep equanimity all times, seasons.
ग्रीष्म आदि किसी भी ऋतु के आने पर उसमें राग द्वेष नही करना समता भाव रखना अथवा आगमकथित तीन कालों में विधिवत् सामायिक करना।

कालस्तव – *Kālastava.*
Eulogical description of most auspicious time viz. birth of Lord etc.
भगवान् के गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान और निर्वाण कल्याणकों की प्रशस्त क्रियाओं से जो महत्ता को प्राप्त हो चुका है ऐसे काल का गुणगान करना।

कालस्पर्शन – *Kālaśparśana.*
Combination (touch) of any matter with time entity.
काल द्रव्यों का अन्य द्रव्यों के साथ संयोग होना।

कालाचार – *Kālācāra.*
A part of right knowledge (reading, study etc of scripture in right time).
सम्यग्ज्ञान का एक अंग ; स्वाध्याय के योग्य काल में ही शास्त्र का पठन-पाठन आदि करना।

कालाणु – *Kālāṇu.*
Atoms of time, time particles.
निश्चय काल ; काल द्रव्य जो रत्न राशिवत् भिन्न-भिन्न एक-एक आकाश के प्रदेशों पर स्थित है।

कालातिक्रम – *Kālātikrama.*
Offering food either too early or too late is untimely food.
अतिथिसंविभाग का अतिचार ; मुनि आदि पात्रों को दान देने के काल को उल्लंघन कर आहार दान करना।

कालातीत – *Kālātīta.*
Untimely fallacy.
हेत्वाभास के 5 भेदों में एक भेद।

कालातीत हेत्वाभास – *Kālātīta Hetvābhāsa.*
A fallacy related to past time.
हेत्वाभास का एक भेद; अतीतकाल।

कालात्ययापदिष्ट – *Kālātyayāpadiṣṭa.*
Fallacy of negation in the real characteristic of matter.
हेत्वाभास-जिस हेतु का विषय-साध्य प्रत्यक्षादि प्रमाणों से बाधित हो। जैसे 'अग्नि ठण्डी है क्योंकि वह पदार्थ है'।

कालानुगम – *Kālānugama.*
Study of time.
जिसमें समय का वर्णन हो।

कालानुयोग – *Kālānuyoga.*
A type of expositions of matters.
सत्, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन अनुयोगों के द्वारा जाने गये द्रव्यों की स्थिति का वर्णन कालानुयोग करता है।

कालावधि – *Kālāvadhi.*
Time period, Span.
समय सीमा।

कालिक – *Kālika.*
Timely done work.
समय में होने वाला कार्य।

काली – *Kālī.*
Female demigod of Lord Pushpadant, A type of knowledge or study.
भगवान पुष्पदंत की शासक यक्षिणी (महाकाली), एक विद्या।

कालीघट्टपुरी – *Kālīghaṭṭapurī.*
Present Kolkata (Calcutta).
वर्तमान कोलकाता (कलकत्ता)।

कालीदास – *Kālīdāsa.*
Name of a famous poet.
वर्तमान इतिहास में चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ई. 375-413 के प्रसिद्ध कवि थे।

कालुष्य – *Kāluṣya.*
Impure thoughts with passions.
क्रोध, मान, माया और लोभ नामक चार कषायों से क्षुब्ध हुआ चित्त।

कालोद सागर – *Kāloda Sāgara.*
Second ocean of middle universe.
मध्य लोक का द्वितीय सागर। जो धातकीखंड द्वीप को घेरकर स्थित है।

काव्यानुशासन – *Kāvyānuśāsana.*
A book written by *Acharya* Hemchadra Suri ji.
आचार्य हेमचन्द्र सूरि (ई.1088-1173) कृत एक ग्रन्थ।

काव्यालंकार टीका – *Kāvyālaṁkāra Ṭīkā.*
A book written by *Pandit* Ashadhar ji.
पं. आशाधर (ई. ११७३-१२४३) कृत काव्य शिक्षा पर एक ग्रंथ।

काश्मीर – *Kāśamīra.*
A state of north India, 'Kashmir', A country of *Bharat Kshetra Aryakhand* (a region).
वर्तमान का ही काश्मीर जिसकी राजधानी श्रीनगर है, भरत क्षेत्र पूर्व आर्यखण्ड का एक देश।

काशी – *Kāśī.*
A great regional place, the birth place of 4 *Tirthankars* (Jaina Lords) & its another name is Banaras, A country of *Bharat kshetra*-middle-*Arya khand* (a region).
उत्तरप्रदेश का एक प्रसिद्ध तीर्थ जो तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ (स्थान - भदैनी) एवं पार्श्वनाथ (स्थान - भेलूपुर) की जन्मभूमि है, इसका अपरनाम बनारस है, भरत क्षेत्र मध्य आर्य खण्ड का एक देश। इसी के निकट चन्द्रपुरी एवं सिंहपुरी(सारनाथ) तीर्थ हैं जहाँ तीर्थंकर चन्द्रप्रभ एवं श्रेयांसनाथ जन्मे थे। ये दोनों तीर्थ वर्तमान में काशी के अन्तर्गत ही माने जाते हैं।

काष्टा – *Kāṣṭā.*
A time unit.
काल प्रमाण का एक भेद।

काष्ठ – *Kāṣṭha.*
Wood, Timber.
लकड़ी।

काष्ठ कर्म – *Kāṣṭha Karma.*
A type of *karma.*
कर्म का एक भेद।

काष्ठ शिल्पी – *Kāṣṭha Śilpī.*
A wood craftsman.
लकड़ी का कार्य करने वाला कारीगर।

काष्ठा – *Kāṣṭhā.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण विशेष-15 निमेष=1 काष्ठा (2 सैकेंड)।

काष्ठा संघ – *Kāṣṭhā Saṁgha.*
A group of *Digambar* Jain saints.
दिगम्बर साधुओं का एक भेद।

काष्ठी – *Kāṣṭhī.*
Name of a planet.
एक ग्रह का नाम।

कास – *Kāsa.*
Cough.
खांसी, जुकाम, छींक आना।

किंकणी – *Kiṁkaṇī.*
A small bell.
घुंघरू या छोटी घंटियाँ।

किंकर – *Kiṁkara.*
Attendants, Name of a member of the dynasty of Changdev.
सेवक, चंगदेव के वंशज सदस्य का नाम।

किंचिदून – *Kiṁcidūna.*
Occupancy of *Siddhas* (salvated souls).
सिद्धों की अवगाहना-अंतिम शरीर के आकार से कुछ कम।

किंचिद् ग्रहण – *Kiṁcid Grahaṇa.*
A little acceptance, A type of obstacle in saint-food.
अल्प ग्रहण, अंतराय; हाथ या पाँव द्वारा भूमि से कुछ उठाना।

किंपुरुष (देव) – *Kiṁpuruṣa (Deva).*
A type of peripatetic celestials.
व्यंतर देवों का एक भेद।

किंपुरुष (यक्ष) – *Kiṁpuruṣa (Yakṣa).*
Demigod of Lord Dharmanath.
भगवान धर्मनाथ का शासन यक्ष।

किंवदन्ती – *Kiṁvadantī.*
Legedary.
लोक प्रचलित उक्ति।

किंट किटिका – *Kiṁṭa Kiṭikā.*
Rattling sound of bones.
हड्डी के चटकने की आवाज।

किन्नर – *Kinnara.*
A type of peripatetic celestials.
व्यंतर देवों का पहला भेद अथवा गान में रति करने वाले देव।

किन्नर (यक्ष) – *Kinnara (Yakṣa).*
A demigod of Lord Anantnath.
अनंतनाथ भगवान का शासक यक्ष।

किन्नर क्रांत – *Kinnara Krāṁta.*
Name of a city of peripatetic celestials.
व्यंतर देवों के एक नगर का नाम।

किन्नर गीत – *Kinnara Gīta.*
A city in south of *Vijayardha* mountain.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर।

किन्नरावर्त – *Kinnarāvarta.*
Name of a city of Kinnar deities.
किन्नर देवों का एक नगर।

किन्नरोत्तम – *Kinnarottama.*
A type of demigods.
किन्नर देवों का एक भेद।

किरण – *Kiraṇa.*
Rays of sun, moon etc.
सूर्य, चन्द्रमा आदि से बिखरित होती रश्मि।

किरणावली – *Kiraṇāvalī.*
A group of rays.
किरणों का समूह।

किरणोद्वीप्त वृत्त – *Kiraṇoddvīpta Vṛtta.*
Radiant circle.
प्रकाश की किरण का वृत्त (गोलाकार)।

किरमजी – *Kiramajī.*
A kind of dark colour, An illustration of power of greed.
अनंतानुबंधी लोभ का शक्ति दृष्टांत।

किल्विषक देव – *Kilviṣaka Deva.*
Sinful deities, Menials.
चाण्डाल की उपमा को धारण करने वाले देव।

किल्विषी भावना – *Kilviṣī Bhāvanā.*
Sinful emotions or thinking.
पाप या मायावी भावना-श्रुतज्ञान, केवली, धर्म, आचार्य, उपाध्याय, साधु में दोषारोपण करना तथा उनकी दिखावटी भक्ति करना।

किशनसिंह – *Kiśanasiṁha.*
Name of a Hindu poet.
ई. श. 1716-1728 के एक हिन्दी कवि।

किष्किंध – *Kiṣkiṁdha.*
Name of a mountain, residential place of Sugreev, A *Vidyadhar* king.
दक्षिण भारत का एक पर्वत, सुग्रीव की निवासभूमि, एक विद्याधर राजा।

किष्किंविल – *Kiṣkiṁvila.*
Name of an omniscient.
भगवान वीर के तीर्थ में एक अन्तकृत केवली का नाम।

किष्कु – *Kiṣku.*
An area unit (cubit), A residential mountain of *Vidyadharas.*

क्षेत्र का प्रमाण विशेष-अपरनाम रिक्कू या गज, विद्याधरों के निवास-पर्वत का नाम।

किष्कुपुर – *Kiṣkupura.*
Name of a city of *Vidyadharas* situated at *Kishku* mountain.
किष्कु पर्वत पर स्थित एक विद्याधर नगर।

कीचड़ – *Kīcaṛa.*
Mud, moss, an illustration of power of greed.
प्रत्याख्यान कषाय लोभ का शक्ति दृष्टांत।

कीर्तन – *Kīrtana.*
Extolling, Recitation, A way to worship the God.
जिनेन्द्र भगवान् के अनंत चतुष्टय आदि गुणों की भक्ति अथवा त्रिकाल वंदना करना।

कीर्ति – *Kīrti.*
Renown, Fame, Name of a king of *Kuru* dynasty.
यश, कुरुवंश का एक राजा।

कीर्ति (देवी) – *Kīrti (Devī).*
Name of a female deity (at *Neel* mountain).
नील पर्वत पर स्थित केसरीह्रद स्वामिनी देवी।

कीर्तिकूट – *Kīrtikūṭa.*
Name of a summit of *Neel* mountain.
नील पर्वत स्थित पांचवां कूट।

कीर्तिधर – *Kīrtidhara.*
A famous & ancient *Acharaya*, A king of family of *Ikshvaku.*
प्राचीन आचार्य, इक्ष्वाकु वंश का एक राजा।

कीर्तिमती – *Kīrtimatī.*
A female divinity resident of *Ruchak* mountain.
रूचक पर्वत निवासिनी दिक्कुमारी देवी का नाम।

कीर्तिमान – *Kīrtimāna.*
Renowned, Famous, A king of family of *Ikshvaku.*
जानामाना, प्रसिद्ध, इक्ष्वाकु वंश का एक राजा।

कीर्तिमुख – *Kīrtimukha.*
Monumental face of glory.
यश की मुद्रा या चिन्ह।

कीर्तिवर्मा – *Kīrtivarmā.*
A king of family of Chalukya.
कर्नाटक के जैन कवि, चालुक्यवंशी राजा।

कीर्तिवीर्य – *Kīrtivīrya.*
Father's name of 8th *Chakravarti* (emperor), 'Subhaum'.
सुभौम चक्रवर्ती के पिता का नाम।

कीर्तिषेण (कीर्तिसेन) – *Kīrtiṣeṇa (Kīrtisena).*
Disciple of *Acharya* Amitsen and spiritual teacher of Jinsena.
ई. 763-813 में आप अमितसेन के शिष्य व हरिवंशपुराणकार श्री जिनसेन के गुरू थे।

कीर्तिस्तंभ – *Kīrtistaṁbha.*
An auspicious stone-pillar of the glory of Jain religion.
जिनधर्म की कीर्तिपताका फहराने वाला एक स्तंभ विशेष। अनेक प्राचीन तीर्थों पर हजारों वर्ष पुराने कीर्तिस्तंभ निर्मित हैं। सन् १९७४ में भगवान महावीर २५००वाँ निर्वाणोत्सव के समय, सन् २००० में भगवान ऋषभदेव अंतर्राष्ट्रीय निर्वाण महोत्सव के मध्य तथा सन् २००१ में भगवान महावीर २६००वाँ जन्मकल्याणक महोत्सव में देश के अनेक भागों में उन-उन भगवन्तों के नाम से अनेक कीर्तिस्तंभों का निर्माण हुआ है। दिल्ली-कनाटप्लेस (शिवाजी स्टेडियम के पास) दिगम्बर जैन मंदिर प्रांगण में निर्मित एक कीर्तिस्तंभ इन सबमें एक उदाहरण है।

कीलक संहनन – *Kīlaka Saṁhanana.*
Pined/ Nailed body joint.
शरीर जिसमें हाड़ परस्पर कीलित हो।

कीलकसंहनन नामकर्म प्रकृति –
Kīlakasaṁhanana Nāma Karma Prakṛti.
A type of *Karmic* nature related to articulation constitution.
नामकर्म; जिसके उदय से ऐसी हड्डी हों जो परस्पर कीलित हों।

कुंचित – *Kuṁcita.*
An infraction in posture of meditation.
झुका या मुड़ा होना, कायोत्सर्ग का अतिचार।

कुंजरावर्त – *Kuṁjarāvarta.*
A city in south of *Vijayardha* mountain, Another name of Hastinapur.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर। हस्तिनापुर का अपर नाम।

कुंड – *Kuṁḍa.*
Pool, Pit, Pond, Tank.
हौज; जम्बूद्वीप के प्रत्येक क्षेत्र में दो-दो कुण्ड है जिनमें कि पर्वत से निकलकर नदियां पहले उन कुण्डों में गिरती हैं। फिर कुण्डों से निकलकर क्षेत्रों में बहती हैं जैसे भरत क्षेत्र में गंगा कुण्ड व सिन्धु कुण्ड हैं।

कुंडल – *Kuṁḍala.*
Ear-ring, circle, A summit of *Ruchaka* mountain.
कर्णाभूषण, मंडलाकार, रूचक पर्वत पर स्थित एक कूट।

कुंडलक – *Kuṁḍalaka.*
See - *Kuṁḍala.*
देखें - कुंडल।

कुंडलगिरि – *Kuṁḍalagiri.*
A place of pilgrimage having mountains in circular base.
11 वें द्वीप का कुण्डलाकार पर्वत, जिस पर 4 चैत्यालय हैं, 13 द्वीप के चैत्यालय में इनकी गणना है।

कुंडलपुर – *Kuṁḍalapura.*
A place of pilgrimage, the holy birth place of Lord Mahavira which is situated in the Nalanda district of Bihar State.
२६०० वर्ष प्राचीन एक जैन तीर्थ; भगवान महावीर की जन्म नगरी का नाम, जो बिहार राज्य के नालंदा जिले में स्थित है, जन्मभूमि विकास की श्रृंखला में गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से यहाँ नंद्यावर्त महल नामक तीर्थ का निर्माण किया गया है। निर्माण समय - ई.स. २००३ -२००४। कुंडलपुर के प्रचार-प्रसार हेतु सन् २००३-२००४ में 'महावीर ज्योति रथ' का प्रवर्तन देश के विविध प्रांतों में किया गया।

कुंडलपुर तीर्थ पूजा – *Kuṁḍalapura Tīrtha Pūjā.*
Name of a worshipping book written by *Aryika* Chandanamati Mataji.
एक पुस्तक, प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चन्दनामती माताजी द्वारा भगवान महावीर की जन्मभूमि पर रचित पूजा संग्रह। समय - ई.स. 2002।

कुंडलवर द्वीप सागर –
Kuṁḍalavara Dvīpa Sāgara.
11th island & ocean of middle universe.
मध्य लोक का 11 वां द्वीप-सागर।

कुंडलवर पर्वत – *Kuṁḍalavara Parvata.*
Name of a mountain.
कुंडलवर द्वीप के मध्य एक पर्वत।

कुंती – *Kuṁtī.*
Daughter of king Andhakvrashni.
राजा अन्धकवृष्णि की पुत्री, वसुदेव की बहन, राजा पाण्डु की रानी, 3 पाण्डवों की माँ।

कुंथलगिरि (तीर्थ) – Kuṁthalagiri (Tīrtha).
Name a Digambar Jaina place of pilgrimage in Usmanabad dist. of Maharashtra from where Kulbhushan & Deshbhushan Munis (saints) got salvation. In 1955 Samadhi (holy death) of Charitra Chakravarti Acharya Shri Shantisagarji Maharaj took place here.
महाराष्ट्र प्रांत के उस्मानाबाद जिले में अवस्थित एक दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र। यहाँ से कुलभूषण और देशभूषण नामक दो मुनि मुक्त हुए हैं। यहीं पर सन् १९५५ में चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज समाधिस्थ हुए थे।

कुंथु – Kuṁthu.
Three-sensed beings.
तीन इंद्रिय जीव।

कुंथुनाथ – *Kuṁthunātha.*
Name of the 17th Tirthankar (Jaina Lord), who was the 6th *Chakravarti* (emperor) & 13th *Kamdev.*
भरतक्षेत्र के १७वें वर्तमान तीर्थंकर, छठे चक्रवर्ती व १३ वें कामदेव का नाम (वृहद् जैन शब्दार्णव से)। इनका जन्म हस्तिनापुर में वैशाख शु. १ को हुआ था। पिता का नाम महाराजा सूरसेन एवं माता का नाम महारानी श्रीकांता था। गृहस्थधर्म एवं राज्य संचालन के पश्चात् जैनेश्वरी दीक्षा धारण की और तपस्या करके सम्मेदशिखर से मोक्षधाम को प्राप्त किया।

कुंथुसागर (आचार्य) – Kuṁthusāgara (Ācārya).
1) Name of a Digambar Jain Acharya, the disciple of Charitra Chakravarti Acharya Shri Shantisagar Maharaj. 2) Name of a saint, the disciple of Acharya Shri Mahavirkirti Maharaj.
१) चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के प्रमुख ७ मुनि शिष्यों में से एक विशिष्ट ज्ञानी आचार्य (ई.श. २०-२१)। इन्होंने संस्कृत भाषा में अनेक ग्रंथ रचे हैं। २) आचार्यश्री महावीरकीर्ति महाराज के एक प्रसिद्ध शिष्य (ई.श. २०-२१)।

कुंद– *Kuṁda.*
Blunt, Slow-witted, A city in north of *Vijayardha* mountain.
मन्द बुद्धि, विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर।

कुंदकुंद – *Kuṁda Kuṁda.*
Name of a chief *Acharya.*
एक प्रसिद्ध दिगम्बर जैन आचार्य (ई. श. 127-179) जिन्होंने समयसार आदि तत्वज्ञान पूर्ण कर अनेक प्राकृत ग्रंथ लिखे। इनके चार अपरनाम भी हैं - ऐलाचार्य, वक्रगीव, गृद्धपिच्छाचार्य, पद्मनन्दि।

कुंदकुंद का भक्ति राग –
Kuṁda Kuṁda Kā Bhakti Rāga.
A poetry book written by *Ganini* Gyanmati Mataji.
गणिनी आर्यिका ज्ञानमती माताजी द्वारा रचित एक कृति। जिसमें आचार्य कुंदकुंद की प्राकृत भक्तियों का हिन्दी पद्यानुवाद है।

कुंदकुंद के भक्ति प्रसून –
Kuṁda Kuṁda Ke Bhakti Prasūna.
The book written by *Ganini* Gyanmati Mataji.
गणिनी आर्यिका ज्ञानमती माताजी द्वारा रचित एक कृति।

कुंदकुंद मणिमाला – *Kuṁda Kuṁda Maṇimālā.*
The book written by *Ganini* Gyanmati Mataji.
गणिनी आर्यिका ज्ञानमती माताजी द्वारा संग्रहीत एक कृति। जिसमें आचार्य कुंदकुंद के सभी उपलब्ध ग्रंथों में से १११ गाथाएं (अतिप्रमुख) संकलित की गई हैं। यह हिन्दी पद्यानुवाद सहित प्रकाशित हुई है।

कुंभ – *Kuṁbha.*
Chief disciple of Lord Rishabhadev & Aranath, Father's name of Lord Mallinath.
भगवान ऋषभदेव तथा अरनाथ के गणधर एवं मल्लिनाथ भगवान के पिता का नाम (कुंभराज)।

कुंभकर्ण – *Kuṁbhakarṇa.*
Younger brother of Ravana.
रावण के छोटे भाई, जो बड़वानी (बावनगजा) से मोक्ष गये हैं। जैन महाभारत के अनुसार इनके छह माह तक सोते रहने का कथन नहीं है।

कुंभोज बाहुबली (तीर्थ) –
Kuṁbhoja Bāhubalī (Tīrtha).
A famous Digambar Jain place of pilgrimage of south India. On the inspiration of Charitra

Chakravarti Acharya Shri Shantisagar ji Maharaj, Muni Shri Samantbhadra Maharaj got the idol of Lord Bahubali consecrated here.
दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध तीर्थ। मुनि श्री समंतभद्र महाराज की कर्मस्थली। यहाँ चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की प्रेरणा से मुनि श्री समंतभद्र महाराज ने भगवान बाहुबली की प्रतिमा स्थापित करवायी है।

कुगुरू – *Kugurū.*
A preacher or teacher with bad conduct, follower of wrong path.
आरम्भ, परिग्रह में संलग्न साधु तथा पाखण्डी वेषधारी साधु।

कुटिल अवलोकन – *Kuṭila Avalokana.*
Mean or cruel observation or view.
वक्र दृष्टि, जो अवलोकन ज्ञानावरण व दर्शनावरण के सद्भाव का प्रतीक है।

कुटिलता – *Kuṭilatā.*
Deceitful cunningness, Cruelty, Crookedness.
वक्रता, मायाचारी, सरलता का अभाव।

कुटीचर – *Kuṭīcara.*
1) Deceitful person, 2) A kind of saint.
१) छली कपटी एवं दुष्ट, २) मठ में रहने वाले ब्राह्मण साधु।

कुट्टक – *Kuṭṭaka.*
Indetermined equation.
अज्ञात समीकरण।

कुडइ – *Kuḍai.*
Walls of temples, houses etc.
जिनगृह, घर और भवन की जो भीतें बनायी जाती हैं उसे कुडइ कहते हैं।

कुडव – *Kuḍava.*
A unit of weight.
तौल का एक प्रमाण विशेष, 3 तुला = 1 कुडव। एक 'पाव' को एक 'कुडव' कहते हैं।

कुड्याश्रित – *Kuḍyāśrita.*
An infraction in posture of meditative relaxation.
कायोत्सर्ग का अतिचार, भित्ती के आधार से रवड़े होना आदि।

कुणिक – *Kuṇika.*
A king of Magadh kingdom.
ई. पू. ५२५-५४६ में मगध का राजा तथा राजा श्रेणिक का पुत्र जिसने अपने पिता को पिंजरे में डालकर बहुत कष्ट पहुँचाया था।

कुत्ता – *Kuttā.*
Dog, A low mean person, The trigger of a gun.
एक जानवर, श्वान, नीच व्यक्ति, बंदूक का घोड़ा।

कुत्सा – *Kutsā.*
Disgust, Reproach, Contempt.
ग्लानि; अपने दोषों को ढांकना तथा दूसरे के कुल-शील आदि में दोष लगाना, भर्त्सना करना।

कुत्सित – *Kutsita.*
Vile, Contemplable, Disgusting.
घृणित, अधम, दुश्चरित्र; जो लज्जा भय आदि के वश कुत्सित धर्म, गुरू, देव आदि की वंदना करता है वह मिथ्यादृष्टि है।

कुथित – *Kuthita.*
Rotten or mouldy (grains etc.)
खराब,फूई लगा हुआ अन्न अर्थात् जिसको जन्तुओं ने स्पर्श किया हो।

कुथुमि – *Kuthumi.*
Name of an agnostic or ignorant person.
अज्ञानवादी- अज्ञानवाद मत को मानने वाले का नाम।

कुदेव – *Kudeva.*
False deities.
जो देव रागद्वेष से दूषित होकर शाप-वरदान देते हैं एवं अपने साथ स्त्री, अस्त्र-शस्त्र, वस्त्र आदि परिग्रह रखते हैं।

कुधर्म – *Kudharma.*
False religion - belief in violence etc.
जिस धर्म या धर्मग्रंथ में हिंसादि पापाचरण को धर्म माना गया हो।

कुधर्माकांक्षा – *Kudharmākāṁkṣā.*
Desire for false religion (*kudharm*).
कुधर्म आदि अन्य धर्मवालों के धर्म में अभिलाषा करना।

कुध्यान – *Kudhyāna.*
Wicked thoughts.
खोटे ध्यान- आर्त, रौद्र ध्यान जो संसार को बढ़ाने वाले हैं।

कुनाल – *Kunāla.*
King of the family of *Mauryas* of Magadha kingdom.
मगधदेश के मौर्य वंश का एक राजा।

कुपात्र – *Kupātra.*
Undeserving, Worthless, Moralless.
मिथ्यादृष्टि जीव या कुलिंगी साधु, इन्हें दान देने से कुभोग भूमि में जन्म होता है।

कुप्य – *Kupya.*
This includes silk, cotton cloth, silken garments, sandal-wood paste etc. attachments.
रेशम, कपास और कोसा के वस्त्र तथा चंदन आदि कुप्य कहलाते हैं।

कुबेर – *Kubera.*
Lord of wealth, Demigod of Lord Arahanath and *Lokpal* of *Indras.*
अरहनाथ भगवान का शासन यक्ष, इन्द्र के उत्तर दिशा का लोकपाल, देव जो सौधर्म इन्द्र की आज्ञा से तीर्थंकर के जन्म से १५ माह पूर्व रत्नवृष्टि करता है एवं केवलज्ञान हो जाने पर समवशरण की रचना करता है।

कुबेरकान्त – *Kuberakānta.*
Name of a dominion '*Bhandar Grah*' of Bharat *Chakravarti* (emperor).

भरत चक्रवर्ती की विभूति भण्डारग्रह का नाम।

कुबेरदत्त – *Kuberadatta.*
A king of the *Ikshvaku* dynasty.
इक्ष्वाकु वंश का एक राजा।

कुब्जक-संस्थान नामकर्म –
Kubjaka-Saṁsthāna Nāmakarma.
Name of a *karmic* nature causing humpback.
जिस कर्म के उदय से जीव का शरीर कुबड़ा होता है।

कुभाषा – *Kubhāṣā.*
Secondary & minor languages.
कु अर्थात् ईषत् (लघु) भाषा, यह सात सौ भेदों में विभक्त है।

कुभोग भूमि – *Kubhoga Bhūmi.*
The land of beastly people.
लवण समुद्र व कालोदधि समुद्र में ९६ अंतर्द्वीपों में पाई जाने वाली भोगभूमि।

कुमत – *Kumata.*
False view or doctrine.
खोटा मत (जैन धर्म से बहिर्भूत, जिसमें हिंसा आदि पापों की मान्यता हो)।

कुमतिज्ञान – *Kumatijñāna.*
False sensual knowledge.
मिथ्यात्व सहित मतिज्ञान।

कुमानुष – *Kumānuṣa.*
Persons having beast form.
कुभोगभूमि या अन्तर्द्वीपज मनुष्य जो पशुओं के समान मुख को धारण करते हैं।

कुमानुष द्वीप – *Kumānuṣa Dvīpa.*
Inner islands *Lavan, Kalod* oceans where beast bodied people reside.
लवणोद व कालोद स्थित अंतरद्वीप जहां कुमानुष बसते हैं।

कुमार – *Kumāra.*
Demigod of Lord Shreyansnath.
श्रेयांसनाथ भगवान का शासन यक्ष।

कुमारनन्दि – *Kumāranandi.*
Name of an *Acharya* saint.
न्याय विजय एवं भूपाल चतुर्विंशति के कर्त्ता आचार्य। इस नाम के और भी कुछ आचार्य हुए हैं।

कुमार श्रमण – *Kumāra Śramaṇa.*
Called 5 *Trithankars* (Jaina-Lord) who were celibate from their childhood.
बाल ब्रह्मचारी वासुपूज्य, मल्लिनाथ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ, महावीर स्वामी-5 तीर्थंकर।

कुमारसेन – *Kumārasena.*
The name of an *Acharya* saints.
आचार्य जिनसेन के परम्परा गुरू एवं आचार्य प्रभाचन्द्र के गुरू (ई. 696), काष्ठा संघ के संस्थापक एक आचार्य (ई. 898)।

कुमार स्वामी (कार्तिकेय) –
Kumāra Svāmī (Kārtikeya).
An *Acharya* who wrote a book 'Kartikeyanu-preksha'.
एक आचार्य-कार्तिकेयानुप्रेक्षा ग्रंथ के कर्ता।

कुमारिल भट्ट – *Kumārila Bhaṭṭa.*
Name of an *Acharya* saint, and a profounder of Hindu philosophy.
मीमांसक मत के आचार्य एवं हिन्दू धर्म का प्रभावशाली प्रचारक।

कुमारी – *Kumārī.*
A girl, unmarried.
अविवाहित कन्या।

कुमार्ग – *Kumārga.*
Wrong path.
खोटा या मिथ्यादृष्टि का मार्ग जो संसार वर्धक है।

कुमुद – *Kumuda.*
A time unit, A city in north of *Vijayardh* mountain.
श्वेतकमल, काल का एक प्रमाण विशेष-84 लाख कुमुदांग प्रमाण काल, विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर।

कुमुद (पर्वत तथा कूट) –
Kumuda (Parvata & Kūṭa).
Name of a mountain, a summit & a protecting deity of *Devkuru*, A summit of *Ruchak* mountain.
देवकुरू का दिग्गजेन्द्र पर्वत, एक कूट व उसका रक्षक देव, रूचक पर्वत पर स्थित एक कूट।

कुमुद प्रभा – *Kumuda Prabhā.*
Name of a *Vapi* (large lake) in the *Nandan* forest of *Sumeru* mountain.
सुमेरू पर्वत के नन्दनादि वनों में स्थित एक वापी।

कुमुदवती – *Kumudavatī.*
Daughter of Devakaraj, Name of the club (*Gada*) of Shrikrisna.
देवकराज की पुत्री तथा पाण्डु के भाई विदुर की पत्नी, एक गदा जिसे कुबेर ने श्री कृष्ण को प्रदान की थी।

कुमुदशैल – *Kumudaśaila.*
A mountain situated in *Bhadrashal* forest.
भद्रशाल वन में स्थित एक दिग्गजेन्द्र पर्वत।

कुमुदांग – *Kumudāṁga.*
A large time unit.
84 लाख नियुत प्रमाण काल।

कुमुदा – *Kumudā.*
See - *Kumuda Prabhā.*
सुमेरू पर्वत के नन्दन आदि वनों में स्थित एक वापी।

कुमुदेंदु – *Kumudeṁdu.*
Name of a Kannad poet, Another name of *Acharya* Kumudchandra.
एक कन्नड़ कवि (ई. 1275) जिनकी प्रधान कृति रामायण है, कुमुदचन्द्र आचार्य का अपरनाम इनका नाम सिद्धसेन दिवाकर भी

है एवं कल्याणमंदिर स्तोत्र व षट्दर्शन समुच्चय के कर्त्ता हैं।

कुरलकाव्य – *Kuralakāvya.*
Name of a book written in Tamil language.
आचार्य एलाचार्य अपरनाम कुन्दकुन्द (ई. श.2) कृत अध्यात्म नीति विषयक तमिल भाषा में रचित एक ग्रंथ।

कुरला – *Kuralā.*
Gargles, to rinse the mouth.
कुल्ला करना-क्षपक को कषायले द्रव्य से कुरले करने पर जीभ और कानों में सामर्थ्य प्राप्त होती हैं।

कुरु – *Kuru*
A country of *Bharat kshetra Arya khand*, Name of the dynasty of Lord Kunthunath & Dharmnath.
भरत क्षेत्र आर्य खण्ड का एक देश, शांतिनाथ, कुन्थुनाथ व अरहनाथ तीर्थंकरों का वंश।

कुरुक्षेत्र – *Kurukṣetra.*
An area of *Jambudvip* (island), the place where Kaurav and Pandvas fought a battle.
जम्बूद्वीप में स्थित एक क्षेत्र, देवकुरु व उत्तरकुरु, कृष्ण और जरासंध की युद्धभूमि। इसी युद्धभूमि में पाण्डव कौरवों से लड़े थे।

कुरुचन्द्र – *Kurucandra*
A king of the *Kuru* dynasty.
कुरु वंश का एक राजा।

कुरुजांगल देश – *Kurujāṁgala Deśa.*
Name of a country, the capital of which is Hastinapur.
सरस्वती नदी के बांयीं ओर एक देश जिसकी राजधानी हस्तिनापुर है।

कुरुवंश – *Kuruvaṁśa.*
Name of an ancient dynasty.
सोमप्रभ द्वारा चलाया गया वंश इसकी परम्परा में ही शांति, कुंथु और अर-ये तीन तीर्थंकर हुए।

कुर्युधर – *Kuryudhara.*
Nephew of Duryodhana.
दुर्योधन का भांजा। जिसने शंत्रुजय पर्वत पर ध्यानस्थ पांडवों को तप्त लोह आभूषण पहनाए थे।

कुल – *Kula.*
Family, Genus, Race, Lineage.
पिता का वंश, आचार्य के शिष्य समुदाय को भी कुल कहते हैं।

कुलकर – *Kulakara.*
Ethical founders.
तृतीय काल (भोग भूमि) के अंत में राजाओं की भांति मुख्य पुरुष (14) जिनमें से अंतिम नाभिराय के पुत्र भगवान ऋषभदेव हुए।

कुलकुंड पार्श्वनाथ विधान – *Kulakuṁḍa Pārśvanātha Vidhāna.*
A book written by *Acharya* Padmanandi.
आचार्य पद्मनन्दि (ई.1280-1330) कृत पूजापाठ विषयक संस्कृत ग्रंथ।

कुलक्रिया – *Kulakriyā.*
Renunciation without restraints.
यदि अष्ट मूल गुण व सप्त व्यसन त्याग आदि क्रियाएं बिना किसी नियम के हो तो उन्हें व्रत न कहकर कुल क्रिया कहते हैं।

कुलचन्द्र – *Kulacandra.*
A disciple of *Acharya* Kulbhushana.
आचार्य कुलभूषण के शिष्य तथा माघनन्दि मुनि कोल्हापुरीय के गुरू थे। समय - ई.1078-1108।

कुलचर्या क्रिया – *Kulacaryā Kriyā.*
Activities of different racial traditions (reg. ritual etc.)
अपनी कुल परंपरा के अनुसार देव पूजादि गृहस्थ के षट्कर्मों को यथाविधि नित्य पालना।

कुलटा – *Kulaṭā.*
Unchaste woman, An adulteress.
चारित्रहीन स्त्री।

कुलदेवता – *Kuladevatā.*
A family god; the principal deities worshipped in a family.
कुल परम्परा के अनुसार पूजे जाने वाले देवता।

कुलधर – *Kuladhara.*
The other name of *Kulkar* (ethical founder).
कुलकर का पर्यायवाची नाम।

कुलपर्वत – *Kulaparvata.*
Name of the mountains of *Jambudvip* (island).
जम्बूद्वीप में स्थित सात क्षेत्रों के विभाजक 6 कुलाचल।

कुलपुत्र – *Kulaputra.*
Name of the predestined 7th *Tirthankar* (Jaina Lord).
भावीकालीन 7 वें तीर्थंकर का नाम।

कुलभद्र – *Kulabhadra.*
An *Acharya* saint, the writer of 'Sarsamuchchaya' treatise.
सारसमुच्चय ग्रंथ के कर्ता एक आचार्य (ई. 937)।

कुलभूषण – *Kulabhūṣaṇa.*
The disciple of Padmanandi Aviddha and spiritual teacher of Kulachandra.
पद्मनन्दि आविद्ध के शिष्य तथा कुलचन्द्र के गुरू थे। समय - ई. 1023 - 1078।

कुलमद – *Kulamada.*
Family puff, proudness of family.
8 मदों में एक ; पिता के वंश का घमंड करना।

कुलविद्या – *Kulavidyā.*
Knowledge obtained from paternal side.
पितृपक्ष से प्राप्त हुई विद्या।

कुलाचल – *Kulācala.*
Mountain.

पर्वत। जम्बूद्वीप में हिमवान् आदि छह कुलाचल हैं।

कुलावधि – *Kulāvadhi.*
A type of knowledge or education of *Brahmins.*
ब्राह्मणों में दी जाने वाली एक विद्या अर्थात् 'कुलाचार की रक्षा करना रूप कुलावधि अधिकार है'।

कुलिंग – *Kuliṁga.*
False deities, persons etc, i.e. impious.
खोटा या मिथ्यादृष्टियों का लिंग।

कुलोत्तुंग चोल – *Kulottuṁga Cola.*
The king of Chol country.
ई. 1070-1118 में चोल देश का राजा।

कुवलयमाला – *Kuvalayamālā.*
A treatise of *Acharya* Dyotansuri.
आचार्य द्योतन सूरि (ई. 778) की रचना है।

कुविचार – *Kuvicāra.*
False thinking, Wrong decisions.
अनर्गल विचार।

कुश – *Kuśa.*
One of the sons of king Ram, A kind of grass.
रामचन्द्र जी के पुत्र, घास का एक प्रकार।

कुशपुर – *Kuśapura.*
A coutry of *Bharat kshetra* in middle *Arya khand* (a region).
भरत क्षेत्र मध्य आर्य खण्ड का एक देश।

कुशलमूला निर्जरा – *Kuśalamūlā Nirjarā.*
Destruction of *Karmas* by afflictions.
परिषह के जीतने पर जो निर्जरा होती है।

कुशलवर द्वीप सागर – *Kuśalavara Dvīpa Sāgara.*
Name of an island and ocean of middle universe.
मध्य लोक के एक द्वीप व सागर का नाम।

कुशाग्र – *Kuśāgra.*
Sharpness of mind, Intelligence.
तीक्ष्ण बुद्धि।

कुशान वंश – *Kuśāna Vaṁśa.*
Another name of *Bhritya* dynasty.
भृत्यवंश का अपरनाम।

कुशास्त्र – *Kuśāstra.*
Heterodox canons, False scriptures.
कुमार्ग बताने वाले शास्त्र।

कुशील – *Kuśīla.*
Bad character, Bad behaviour.
शील या ब्रह्मचर्य न पालना, स्वभाव में न रहना।

कुशील संगति – *Kuśīla Saṁgati.*
Evil (bad) company (with characterless persons).
खोटी अथवा राग बढ़ाने या उन्मार्ग की ओर ले जाने वालों की संगति।

कुश्रुति – *Kuśruti.*
Listening of bad tales etc.
खोटी या राग बढ़ाने वाली कथा आदि सुनना।

कुष्मांड – *Kuṣmāṁḍa.*
A type of peripatetic deities (*Pishach-* Vampire).
पिशाच जातीय व्यंतर देवों का एक भेद।

कुष्मांड गणमाता – *Kuṣmāṁḍa Gaṇamātā.*
A type of supernatural power or knowledge.
एक प्रकार की विद्या।

कुसंगति – *Kusaṁgati.*
Evil (bad) company (with characterless persons).
खोटी अथवा राग बढ़ाने या उन्मार्ग की ओर ले जाने वालों की संगति।

कुसंसर्ग – *Kusaṁsarga.*
False or invalid intercourse.
तरूण या व्यसनी का संग।

कुसुम – *Kusuma.*
A river of *Bharat kshetra* (a region), Flower.
भरत क्षेत्र के वरुण पर्वत पर स्थित एक नदी, फूल।

कुहा – *Kuhā.*
A river of *Arya khand* situated in *Bharat kshetra* (a region)
भरत क्षेत्र स्थित आर्य खण्ड की एक नदी।

कूट – *Kūṭa.*
Summit of mountain, Deception, Trick.
पर्वत पर स्थित चोटी, धोखा संबंधी योजना, छल आदि।

कूट पाश – *Kūṭa Pāśa.*
Trap (related to deception).
फंदा, पिंजड़ा, कूट यन्त्र।

कूटलेख क्रिया – *Kūṭalekha Kriyā.*
Activity of forgery (related to documents).
सत्याणुव्रत का अतिचार-ठगने के लिए असत्य लेख लिखना।

कूट शाल्मली – *Kūṭa Śālmalī.*
Thorny trees in hell.
नरक में कांटेदार झाड़-पेड़।

कूटस्थ अलीक – *Kūṭastha Alīka.*
A type of lie.
झूठ का एक भेद।

कूटस्थनित्य – *Kūṭasthanitya.*
Statically permanent.
अपरिणामी; उत्पाद व्यय ध्रौव्य से रहित (सांख्य सम्प्रदाय की मिथ्या मान्यता)।

कूटाचल – *Kūṭācala.*
A mountain situated in *Bharat kshetra* (a region).
भरत क्षेत्र में स्थित एक पर्वत।

कूर्म – *Kūrma.*
Tortoise, significant mark of Lord Munisuvrata.
कछुआ; मुनिसुव्रत भगवान का चिन्ह ।

कूर्मोन्नत योनि – *Kūrmonnata Yoni.*
Tortoise like raised female genital organ (Yoni).
योनि का एक भेद। इसी से तीर्थंकर, चक्रवर्ती आदि महान पुरुष पैदा होते हैं ।

कूष्माण्डी देवी – *Kūṣmāṇḍī Devī.*
Female demigod of Lord Neminath.
नेमिनाथ भगवान की यक्षिणी देवी का नाम, अपरनाम अम्बिका देवी ।

कृत – *Kṛta.*
Self - performed.
आत्मा द्वारा स्वतंत्र भाव से किया जाने वाला कार्य ।

कृतक – *Kṛtaka.*
Accomplisher, Doer.
जो पदार्थ अपने स्वभाव की सिद्धि में दूसरे के व्यापार की इच्छा करता है उसे कृतक कहते हैं ।

कृतकत्व – *Kṛtakatva.*
Related to production.
उत्पादक, अनुष्ठित, निर्मित ।

कृतकृत्य – *Kṛtakṛtya.*
Contented, having attained one's aim.
कृतार्थ- जिनको कुछ करना शेष नहीं रहा ऐसे सिद्ध भगवान ।

कृतकृत्य छद्मस्थ – *Kṛtakṛtya Chadmastha.*
Beings at the 12th stage of spiritual development (*Gunsthan*).
12 वां क्षीणकषाय गुणस्थानवर्ती-जो घातिया कर्म की प्रकृतियों के शेष द्रव्य का अन्तर्मुहूर्त में अभाव कर देता हैं ।

कृतकृत्यवेदक – *Kṛtakṛtyavedaka.*
One who is trying to achieve right perception.
क्षायिक सम्यग्दर्शन ग्रहण के पहले समय तक जीव निष्ठापक कहलाता है, निष्ठापक को कृत्यकृत्य वेदक सम्यग्दृष्टि कहते हैं।

कृतज्ञता – *Kṛtajñatā.*
Gratitude, Gratefulness.
आभार, उपकार को मानना ।

कृतनाश हेत्वाभास – *Kṛtanāśa Hetvābhāsa.*
A fallacy; consequences borne by somebody else who is not related with that.
करे कोई और भरे कोई अर्थात् फल कोई भोगे यह कृतनाश दोष होता है ।

कृतमाल – *Kṛtamāla.*
A deity of Tamisrakuta situated at *Vijayardha* mountain.
विजयार्ध पर्वत पर स्थित तमिस्रकूट का स्वामी देव ।

कृतमाला – *Kṛtamālā.*
A river of *Bharat kshetra* in *Aryakhand* (region)
भरत क्षेत्र आर्य खण्ड की एक नदी ।

कृतयुग्म – *Kṛtayugma.*
The number which is completely divisible by 4.
जिस राशि में 4 का भाग देने पर कुछ भी शेष न रहे । जैसे 16/4।

कृतवर्मा – *Kṛtavarmā.*
Father's name of Lord Vimalnath.
विमलनाथ भगवान के पिता का नाम ।

कृति – *Kṛti.*
Self performed work, treatise, Square of any number.
रचना, किसी राशि के वर्ग को भी कृति कहते हैं ।

कृतिकर्म – *Kṛtikarma.*
Reverential conduct with religious observance.
वंदना, सामायिक आदि क्रियाओं में की जाने वाली विशेष विधि। अंग बाह्य के 14 प्रकीर्णकों में छठा जिसमें अर्हंत, सिद्ध, आचार्य और साधु की पूजा विधि का वर्णन है ।

कृतिकार्य – *Kṛtikārya.*
Name of an *Acharya* possesing knowledge of 11 *Angas* and 14 *Purvas.*
एक आचार्य जो श्रुतकेवली भद्रबाहु के पश्चात् तृतीय 11 अंग चौदह पूर्व धारी हुए, अपरनाम क्षत्रिय था ।

कृतिधारा – *Kṛtidhārā.*
A mathematical progression or sequence.
गणित की एक श्रेणी 1, 4, 9, 16 (1^2, 2^2, 3^2, 4^2)..... $(a^{1/2})^2$ वर्गधारा - एक, चार आदि केवलज्ञान तक कृतिधारा होती है ।

कृतिमातृकधारा – *Kṛtimātṛkadhārā.*
Square generation sequence.
गणित की एक श्रेणी-1, 2, 3 {$(1^2)^{1/2}$, $(2^2)^{1/2}$, $(3^2)^{1/2}$}.. .....$a^{1/2}$ वर्ग मातृकाधारा-कृतिधारा में जितने वर्ग स्थान होंगे ।

कृतिमूल – *Kṛtimūla.*
Square root of any number.
किसी राशि के वर्गमूल को कृतिमूल कहते हैं ।

कृत् – *Kṛt.*
See - *Kṛta.*
देखें - कृत ।

कृत्तिका – *Kṛttikā.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र का नाम ।

कृत्स्न – *Kṛtsna.*
Complete, Extesive.
सम्पूर्ण, समस्त । सब के साथ व्याप्ति दिखलाने वाला एक पद 'कृत्स्न' ।

कृपा – *Kṛpā.*
Kind, Compassion, Mercy.

अनुकम्पा, रहम, करूणा, दयालुता ।

कृमि – *Kṛmi.*
Worm - two sensed beings.
लट, घाव आदि में पाये जाने वाले दो इन्द्रिय जीव ।

कृश – *Kṛśa.*
Lean and weak, slim.
दुर्बल, शक्तिहीन, क्षीण- जैसे सल्लेखना में कषाय एवं शरीर को कृश करना ।

कृशीकरण – *Kṛśīkaraṇa.*
Deterioration of health by austerity.
कायक्लेश तप के द्वारा शरीर को कृश करना ।

कृषि – *Kṛṣi.*
A type of noble persons (*Aryas*), Farming, Cultivation, Agriculture.
आर्य; अल्प सावद्य कर्मार्य का एक प्रकार, कृषि कर्म ; खेती से आजीविका करना ।

कृष्टि – *Kṛṣṭi.*
Gradual destruction of passions & *Karmic* particles.
कम करना; कर्म परमाणुओं के अनुभाग को कम करना ।

कृष्टिकरण – *Kṛṣṭikaraṇa.*
Gradual destruction of passions.
संज्वलन चतुष्क की कषायों के सूक्ष्म खण्ड करना ।

कृष्टि संग्रह सूक्ष्म – *Kṛṣṭi Saṁgraha Sūkṣma.*
Collection of infinite *Krishties*-gradual destruction of passions.
अनंत कृष्टियों के समूह का नाम संग्रह कृष्टि है ।

कृष्ण – *Kṛṣṇa.*
The son of Vasudeva, 16th predestined *Tirthankar* (Jaina - Lord).
वसुदेव और देवकी का पुत्र। भविष्यकालीन चौबीसी के १६वें तीर्थंकर (निर्मलनाथ) होंगे ।

कृष्णगंगा – *Kṛṣṇagaṁgā.*
Name of a river.
नदी; यह हरमुकुट पर्वत की प्रसिद्ध गंगाबल झील से निकलती है । इसका नाम गांगेय भी है ।

कृष्णगिरि – *Kṛṣṇagiri.*
A mountain of *Bharat kshetra* in *Arya khand* (region).
भरत क्षेत्र के आर्यखंड का एक पर्वत ।

कृष्णदास – *Kṛṣṇadāsa.*
Name of a celibate who wrote many treatises.
एक ब्रह्मचारी, जिन्होंने मुनिसुव्रत पुराण, विमल पुराण जैसी कृतियों की रचना की ।

कृष्णपंचमी व्रत – *Kṛṣṇapaṁcamī Vrata.*
A type of vow (fasting).
पाँच वर्ष तक प्रतिवर्ष ज्येष्ठ कृष्ण 5 का उपवास ।

कृष्णपक्ष – *Kṛṣṇapakṣa.*
Dark fortnight period of a month.
प्रत्येक माह के प्रारंभ में १५ दिन की अंधेरी रात (एकम से अमावस तक) को कृष्णपक्ष कहते हैं ।

कृष्णप्रभ – *Kṛṣṇaprabha.*
Name of a guard - deity of temples or auspicious place.
प्रतिष्ठा मण्डप के एक द्वारपाल का नाम ।

कृष्णमती – *Kṛṣṇamatī.*
Name of the 19th *Tirthankar* of past era.
भूतकालीन उन्नीसवें तीर्थंकर ।

कृष्णराज – *Kṛṣṇarāja.*
A king of *Rashtrakut* dynasty.
राष्ट्रकूट वंश का राजा अथवा दक्षिण लाट देश के राजा श्री वल्लभ के पिता थे ।

कृष्णलेश्या – *Kṛṣṇaleśyā.*
A type of *Leshya* i.e. *karmic* stain, Aura.
षट्लेश्याओं में प्रथम लेश्या- कृष्ण लेश्या से युक्त जीव दुराग्रही, तीव्र बैर-क्रोध, निर्दय, क्लेश एवं पाप में आसक्त होता है ।

कृष्णा – *Kṛṣṇā.*
A female deity of *Chamarendra.*
असुरकुमार (चमरेन्द्र) की पांच अग्रदेवियों में एक ।

केंद्रवर्ती वृत्त – *Kemdravartī Vṛtta.*
Initial or centralised circle; central core.
मध्य स्थित एक वृत्त ।

केंद्रित – *Kemdrita.*
Concentrated or centered at nucleus, a state of meditation.
चित्त को एक बिन्दु पर स्थिर करना, योग आदि करना ।

केकय – *Kekaya.*
A country of *Bharat kshetra Arya khand* (a region).
भरत क्षेत्र के आर्य खण्ड का एक देश ।

केकयी – *Kekayī.*
Wife of the king Dashrath.
राजा दशरथ की रानी, भरत की मां ।

केतु – *Ketu.*
Name of a planet.
एक ग्रह का नाम ।

केतुमाल – *Ketumāla.*
A city in north of *Vijayardh* mountain.
७ विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर ।

केतुमाला – *Ketumālā.*
Name of a city of *Vidyadharas.*
विद्याधरों की एक नगरी ।

केरल – *Kerala.*
A state in south India.
मध्य आर्यखण्ड (दक्षिण भारत) का एक प्रांत ।

केवल – *Kevala.*
Alone, One only.
एक, अकेला ।

केवलज्ञान – *Kevalajñāna.*
Omniscience, Absolute superme knowledge.
पूर्ण ज्ञान, सर्वज्ञपना जो एक समय में त्रिकालवर्ती सर्व पदार्थों के गुणपर्यायों को जानता है ।

केवलज्ञानातिशय – *Kevalajñānātiśaya.*
Transcedental bliss of omniscients.
केवलज्ञान के 10 अतिशय, जो तीर्थंकरों को केवलज्ञान होने पर होते हैं ।

केवलज्ञानावरण – *Kevalajñānāvaraṇa.*
Obstraction in perfect knowledge (omniscience).
वह कर्म जो केवलज्ञान को रोके ।

केवलज्ञानी – *Kevalajñānī.*
Omniscient-one who has got perfect knowledge.
सर्वज्ञ-अर्हंत, सिद्ध परमात्मा आदि जिनको केवलज्ञान प्राप्त है।

केवलदर्शन – *Kevaladarśana.*
Absolute perception.
अनंत दर्शन- सर्व पदार्थों को एक साथ देखने की शक्ति, जो केवली के दर्शनावरणीय कर्म के नाश से उत्पन्न होती है ।

केवलदर्शनावरण – *Kevaladarśanāvaraṇa.*
Obstruction in absolute perception.
वह कर्म जो केवल दर्शन को रोके ।

केवललब्धि – *Kevalalabdhi.*
Nine attainments related to omniscience.
दान, लाभ, भोग, परिभोग, वीर्य, सम्यक्त्व, दर्शन, ज्ञान और चारित्र ये 9 केवल लब्धियां कहलाती हैं । जो अर्हंत के 13 वें गुणस्थान में होती हैं ।

केवल वीर्य – *Kevala Vīrya.*
Infinite energy.
अनंत बल ।

केवलव्यतिरेकी – *Kevalavyatirekī.*
Causes with negative inference.
हेतु; जिसमें सिर्फ व्यतिरेक दृष्टांत पाया जाता है ।

केवलान्वयी – *Kevalānvayī.*
Affirmative illustration.
वह हेतु जो पक्ष और सपक्ष में रहता है तथा विपक्ष से रहित है वह केवलान्वयी है ।

केवली – *Kevalī.*
Omniscient, Liberated soul.
13 वें, 14 वें गुणस्थानवर्ती केवलज्ञान प्राप्त अर्हंत परमात्मा ।

केवली अवर्णवाद – *Kevalī Avarṇavāda.*
Derogation to omniscient, ill-speaking of omniscient (a cause of flow of delusion *karma*).
दर्शन मोहनीय कर्म के आस्रव का एक कारण; केवली को झूठा दोष लगाना ।

केवली प्रज्ञप्त धर्म – *Kevalī Prajñapta Dharma.*
Religion as propounded by the omniscient.
सर्वज्ञ के द्वारा कहा हुआ धर्म ।

केवली मरण – *Kevalī Maraṇa*
Salvation (a holy death of omniscient).
पंडित पंडित मरण; केवली को जन्म मरण से मुक्ति प्राप्त होना।

केवली समुद्घात – *Kevalī Samudghāta.*
Omniscient overflow in different stages, Emanation done by omniscient.
दण्ड, कपाट, प्रतर और लोकपूरण रूप जीव प्रदेशों की अवस्था को केवलीसमुद्घात कहते हैं ।

केश – *Keśa.*
Name of a planet, Hair (of the head), A ray.
एक ग्रह का नाम, सिर के बाल, किरण ।

केशरि – *Keśari.*
Lion.
सिंह ।

केशरियाजी (ऋषभदेव) –
Keśariyājī (*Ṛṣabhadeva*).
Name of a Digambar Jain Atishay Kshetra (a place of pilgrimage) of Lord Rishabhdev near Udaipur (Raj.). Due to the tradition of offering Keshar (saffron) it is famous by the name of Keshariyaji.
राजस्थान के उदयपुर शहर से ६४ किमी. दूर खेरवाड़ा तहसील में कोयल नामक छोटी-सी नदी के किनारे स्थित एक अतिशय तीर्थ क्षेत्र। भगवान के नाम पर गाँव का नाम भी ऋषभदेव तथा केशर चढ़ाने की प्रथा के कारण केशरिया जी प्रचलित है। यहाँ एक लघु पहाड़ी पर पूज्य ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से अयोध्या तीर्थ का निर्माण चल रहा है ।

केशलोंच – *Keśaloṁca.*
Plucking or uprooting of hair (of head, beard & moustache), a basic virtue of Jaina saints.
मूल गुण; जैन साधुओं-साध्वियों के 28 मूलगणों में एक जिसमें साधु अपने सिर, दाढ़ी व मूंछ के बालों को हाथ से उखाड़ते हैं तथा साध्वियाँ अपने सिर के केशों को हाथ से उखाड़ती हैं। केशलोंच के दिन निर्जल उपवास भी किया जाता है एवं यह क्रिया २, ३ या ४ माह में की जाती है ।

केशव – *Keśava.*
A king of *Suseema* city of *Mahavats* country in east *Videha kshetra* (region).
पूर्व विदेह में महावत्स देश की सुसीमा नगरी का राजा, सुविधि का पुत्र था। श्रीकृष्ण का अपरनाम ।

केशवचन्द्र – *Keśavacandra.*
An *Acharya* of *Nandi sangh Balatkar gana.*
नन्दीसंघ बलात्कार गण के ग्वालियर गद्दी के एक आचार्य ।

केशवराज – *Keśavarāja.*
Name of a Kannad poet.

ई. सन् 1150 के एक कन्नड़ कवि जिन्होंने शब्दमणिदर्पण नामक एक कृति की रचना की ।

केशववर्णी – *Keśavavarṇī.*
Name of a celibate who wrote a commentary book on Gommatsar in Sanskrit language.
एक ब्रह्मचारी जिसने गोम्मटसार की संस्कृत टीका रची ।

केशवसेन – *Keśavasena.*
Name of a poet who wrote Munisuvrat Puran etc. many books.
एक कवि-मुनिसुव्रत पुराण, चतुर्विंशति स्तोत्र आदि के कर्ता ।

केशवाणिज्य – *Keśavāṇijya.*
Dealing in slaves and animals.
पन्द्रह खरकर्मों में एक दासी, दास व पशुओं का व्यापार (सागार धर्मामृत के अनुसार) ।

केशवापक्रिया – *Keśavāpakriyā.*
Ceremony of hair removing from the head.
मुण्डन करना; पूजा विधि पूर्वक बालक के सिर पर उस्तरा फिरवाना, तत्पश्चात् गुरू नमस्कार कराना एवं आशीर्वाद लेना आदि कार्य ।

केशाग्र – *Keśāgra.*
A length unit.
क्षेत्र का एक प्रमाण विशेष ।

केसरिसेन – *Kesarisena.*
Name of a chief disciple (*Gandhar*) of Lord Ajitnath.
अजितनाथ भगवान के मुख्य गणधर का नाम ।

केसरी ह्रद – *Kesarī Hṛda.*
Name of a reservoir (pond) of *Neel* mountain.
नील पर्वत पर स्थित एक ह्रद (तालाब) इसमें से सीता व नरकांता नदियां निकलती हैं ।

कैकय – *Kaikaya.*
Name of a country in the northern *Bharat kshetra* (region).
भरत क्षेत्र के उत्तर का एक देश ।

कैकेयी – *Kaikeyī.*
See- *Kekayī.*
देखें - केकयी ।

कैटभ – *Kaiṭabha.*
Name of the son of king Hemnath of Ayodhya.
अयोध्या नगरी में हेमनाथ राजा का पुत्र तथा मधु का छोटा भाई ।

कैप्सियन – *Kaipsiyana.*
Name of an ocean.
एक सागर ।

कैरल – *Kairala.*
See - *Kerala.*
देखें - केरल ।

कैलाश पर्वत – *Kailāśa Parvata.*
Name of a reverential mountain from where Lord Rishabhdev got salvation. Presently it is situated in China country.
अष्टापद; जहाँ से वर्तमान चौबीसी के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव मोक्ष पधारे। वर्तमान में यह चीन देश में स्थित है। प्रथम चक्रवर्ती सम्राट भरत ने भगवान के मोक्ष पधारने के पश्चात् त्रिकाल चौबीसी के ७२ तीर्थंकरों की रत्न प्रतिमाओं से युक्त ७२ जिनालय कैलाशपर्वत पर बनवाये थे। ई. सन् २००० में पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा द्वारा ''भगवान ऋषभदेव अंतर्राष्ट्रीय निर्वाण महोत्सव'' का उद्घाटन राजधानी दिल्ली के लालकिला मैदान में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा ७२ जिनालय से युक्त कृत्रिम कैलाशपर्वत रचना के समक्ष निर्वाणलाडू चढ़ाकर किया गया था, बाद में यह कैलाशपर्वत जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर में स्थापित किया गया। पुनः महोत्सव वर्ष के समापन में ५० फुट उत्तुंग कैलाशपर्वत (७२ जिनालयों सहित) नवनिर्मित तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली-प्रयाग तीर्थ में निर्मित किया गया। इसी प्रकार अन्य स्थानों में भी कैलाशपर्वत का निर्माण किया गया है ।

कैल्विष – *Kailviṣa.*
Deities of lower category.
नीच जाति के देव ।

कोंकण – *Koṁkaṇa.*
A west Indian coastal city.
पश्चिमी समुद्र तट पर बसा एक प्रदेश ।

कोका – *Kokā.*
Another name of Mathura city.
मथुरा नगरी का दूसरा नाम ।

कोकिल – *Kokila.*
The black cuckoo, space vehicle of *Shatarendra.*
कोयल, शतारेन्द्र के यान (विमान) का स्वरूप (चिन्ह) ।

कोकिल पंचमी व्रत – *Kokila Paṁcamī Vrata.*
A type of vow (fasting).
पांच वर्ष तक प्रतिवर्ष आषाढ़ कृ.5 तक प्रत्येक कार्तिक कृ.5 तक प्रत्येक पंचमी का उपवास ।

कोट – *Koṭa.*
Boundary wall, A castle, A rampart.
गढ़, प्राचीर, परकोटा ।

कोटर – *Koṭara.*
The hollow part of a tree.
वृक्ष में पाई जाने वाली पोल अथवा सुरंगनुमा छेद ।

कोटि – *Koṭi.*
10,000,000 (One Crore).
एक करोड़ ।

कोटिप्पकोटि – *Koṭippakoṭi.*
Count of $(10,000,000)^3$
एक संख्या - $(10,000,000)^3$

कोटिशिला – *Koṭiśilā.*
An auspicious and sacred seat (*Shila*-large stone) from where crores of saints got salvation.
निर्वाणशिला-वह शिला जहां से करोड़ों मुनि सिद्ध पद को प्राप्त हुए।

कोटेश्वर – *Koṭeśvara.*
Name of a *Kannad* poet.
एक कन्नड़ कवि (ई. सन् 1500) जिनकी एक कृति 'जीवन्धर-षडपादि' है।

कोड़ा कोड़ी – *Koṛā Koṛī.*
Square of one crore, $(10,000,000)^2$.
करोड़ करोड़ अर्थात् $(10,000,000)^2$।

कोड़ासन – *Koṛāsana.*
Straw mats, A type of *Yoga* exercise.
चटाई, एक योगासन का नाम।

कोणपट्ट – *Koṇapaṭṭa.*
Scroll marking.
किनारे की शिला।

कोणीय अङ्कन – *Koṇīya Aṅkana.*
Angular creation.
कोणीय रचना।

कोत्किल – *Kotkila.*
An activist, One who performs religious observances.
एक क्रियावादी।

कोप – *Kopa.*
Wrath, Anger, Resentment.
क्रोध, गुस्सा, रोष।

कोप्पण – *Koppaṇa.*
Name of a historical and ancient place in Hyderabad region.
निजाम हैदराबाद स्टेट के रायचूर जिले का ग्राम, वर्तमान में यहां एक दुर्ग तथा चहर दीवारी है जो चालुक्य कालीन का प्रतीक है।

कोमलता – *Komalatā.*
Tenderness, Meakness, Softness.
सुकुमारता, मृदुता, नाजुकता।

कोलाहल – *Kolāhala.*
Tumult, uproar, A mountain of *Bharat kshetra* (region) .
चिल्लाहट, शोरगुल, भरत क्षेत्र का एक पर्वत।

कोश – *Kośa.*
Name of a planet, Treasure, Fund, Accumulated wealth.
ज्योतिष के 88 ग्रहों में 14 वां ग्रह, संचित धन, खजाना।

कोशल – *Kośala.*
A country of *Bharat kshetra* (region).
भरत क्षेत्र का एक देश।

कोशिनी – *Kośinī.*
Mother's name of the 7th *Narayana,* 'Datta'.
सातवें नारायण 'दत्त' की माता का नाम।

कोष्ठबुद्धि – *Koṣṭhabuddhi.*
A type of supernatural power related to intellect.
एक ऋद्धि-जिसके प्रभाव से उत्कृष्ट धारणा ज्ञान से युक्त साधु जो गुरु के उपदेश से अनेक प्रकार के ग्रंथों में से शब्द रूपी बीज-पदों को अपने बुद्धिरूपी कोष्ठ में धारण कर लेते हैं।

कोष्ठा – *Koṣṭhā.*
Absolute conception (unfrogettable).
धारणा–जानी गई वस्तु का कालान्तर में विस्मरण नहीं होना।

कोसल – *Kosala.*
See - *Kośala.*
देखें - कोशल।

कोसियारुत्व – *Kosiyārutva.*
Silk worm.
रेशम को उत्पन्न करने वाला कीड़ा।

कौंडकुण्डपुर – *Kauṁḍakuṇḍapura.*
Name of a village related to *Acharya* Padmanandi 'Kund-Kund'.
एक गाँव जिसके नाम पर आचार्य पद्मनन्दि 'कुन्द-कुन्द' नाम से ख्यात हुए।

कौत्कुच्य – *Kautkucya.*
Passionate speech with wrongful physical intention.
अनर्थदंड व्रत का अतिचार - असभ्य भंड्वचन सहित काय की कुचेष्टा करना।

कौमारदेव – *Kaumāra Deva.*
Name of an *Acharya* Padmanandi No.2.
नंन्दिसंघ देशीयगण के अनुसार पद्मनन्दि नं.2 का नाम।

कौमार सप्तमी व्रत – *Kaumāra Saptamī Vrata.*
A type of vow (fasting).
भादों सुदी सप्तमी का व्रत।

कौमुदी – *Kaumudī.*
Indian club, a mace (weapon).
बलदेव, नारायण की गदा का नाम।

कौरव – *Kaurava.*
The 100 sons of Dhritrashtra (called *Kauravas).*
धृतराष्ट्र के दुर्योधन आदि 100 पुत्र कौरव कहलाते हैं।

कौशल देश – *Kauśala Deśa.*
See -*Kośala.*
देखें - कोशल।

कौशांबी – *Kauśāmbī.*
Name of a Jaina place of pilgrimage, birth-place of *Tirthankar* (Jaina Lord) Padmaprabhu.
छठे तीर्थंकर पद्मप्रभु की जन्मभूमि, इनके गर्भ, जन्म, तप व

ज्ञान कल्याणक यहीं हुए हैं। कौशाम्बी से लगभग १० किमी. दूर पपौसा नामक तीर्थ है जहाँ पदमप्रभु के दीक्षा एवं ज्ञानकल्याणक माने जाते हैं यह उस समय कौशाम्बी का ही उद्यान रहा होगा। सती चन्दना द्वारा भगवान महावीर को ऐतिहासिक आहार कौशाम्बी में ही दिया गया था।

कौशिक – *Kauśika.*
Owl, Name of an activist, a system of knowledge, a city of *Vidyadhars* & its king.
उल्लू, क्रियावादी, विद्या निकाय, विद्याधरों की नगरी एवं राजा का नाम।

कौशिकी – *Kauśikī.*
Name of a river of eastern *Aryakhand* (region).
पूर्व आर्यखण्ड की एक नदी।

कौशेय – *Kauśeya.*
Silky cloth.
रेशमी (वस्त्र)।

कौस्तुभ – *Kaustubha.*
Name a jewel of *Narayan.*
नारायण की मणि का नाम।

कौस्तुभाभास – *Kaustubhābhāsa.*
A mountain in *Lavana* ocean.
लवण सागर में स्थित एक पर्वत।

क्रतु – *Kratu.*
Yagya, a type of religious and sacrificial activity.
यज्ञ- यह देवपूजा विधि का पर्यायवाची शब्द है।

क्रम – *Krama.*
Sequence, Chain, Order, System.
काल भेद से वृत्ति होना।

क्रमकरण – *Kramakaraṇa.*
Orderization, Classification.
अनिवृत्तिकरण काल में मोहनीय का स्थितिबंध स्तोक; ज्ञानावरण दर्शनावरण अंतराय का स्थितिबंध समान; किन्तु मोहनीय के स्थितिबंध से असंख्यात गुणा तथा नाम गोत्र का स्थिति बंध तुल्य परन्तु पूर्व से असंख्यातगुणा और वेदनीय कर्म का स्थिति बंध विशेष अधिक होता है। जब इस क्रम से स्थितिबंध होता तब इसे क्रमकरण कहते हैं।

क्रमण – *Kramaṇa.*
Name of a deity of *Manushottar* mountain.
मानुषोत्तर पर्वत के कनककूट का स्वामी भवनवासी सुपर्ण कुमार देव।

क्रम नियमित – *Krama Niyamita.*
Regular (proper) sequences.
क्रमबद्ध प्रणाली के अनुसार।

क्रमपूर्व – *Kramapūrva.*
Preceding anything in sequence.
क्रम से पूर्व।

क्रमप्रवाह – *Kramapravāha.*
Current order.
धारावाहिक।

क्रमप्रवृत्त – *Kramapravṛtta.*
Successive occurence (of *Paryay* - body forms).
पर्याय का द्रव्य में क्रमरूप से प्रवृत्त होना।

क्रमबद्ध – *Kramabaddha.*
In sequential order.
नियति, अपने-अपने समयों में क्रमपूर्वक पर्याय प्रगट होना।

क्रमभाव – *Kramabhāva.*
Successive occurrence.
अविनाभाव का एक भेद; पूर्वचर व उत्तर चरों में तथा कार्यकारणों में क्रमभावी नियम होता है जैसे-मेघ व वर्षा में।

क्रमभावी – *Kramabhāvī.*
The extrinsic aspects.
देखें- क्रमप्रवृत्त।

क्रमभू – *Kramabhū.*
See- *Kramapravṛtta.*
देखें - क्रमप्रवृत्त।

क्रमवर्तित्व – *Kramavartitva.*
Successive occurrences of *Paryay*-body forms respectively.
पर्यायों का क्रम के साथ उत्पन्न होना तथा क्रम से अन्तर नहीं पड़ना।

क्रमवर्ती – *Kramavartī.*
One which sequentially revolving or occurring.
अनादिकाल से जो क्रम से परिणमनशील है द्रव्य की पर्यायों को क्रमवर्ती माना है।

क्रमविवृद्ध – *Kramavivṛddha.*
Rising by degrees.
क्रम से बढ़ना।

क्रमविष्कंभ – *Kramaviṣkaṁbha.*
Dimensional order.
परिमाण संबंधी क्रम।

क्रमहानि – *Kramahāni.*
Decreasing series.
क्रमशः उत्तरोत्तर हानि।

क्रमार्पण – *Kramārpaṇa.*
Dedication in the feet.
क्रम-चरण, अर्पण-समर्पण अर्थात् चरणों में समर्पण।

क्रमार्पित – *Kramārpita.*
Presented consecutively.
चरणों में समर्पित।

क्राकचिक – *Krākacika.*
Measurement of sawn timber.
चीरी हुई लकड़ी का मापन।

क्रियमाण – *Kriyamāṇa.*
While presenting.
प्रस्तुत करते हुए ।

क्रियान्तर निवृत्ति – *Kriyāntara Nivṛtti.*
Abstinence from the attempts of gaining knowledge from the learned persons.
चारित्र पर्याय; ज्ञेयों के आश्रय से क्रमपूर्वक जानने की निवृत्ति से निजात्मा में परिणति ।

क्रिया – *Kriyā.*
Activities (of householders).
किया जाने वाला कार्य, आदिपुराण में क्रिया के ३ भेद भी हैं- गर्भान्वय, दीक्षान्वय, कर्त्रन्वय। मूलाचार में मुनि आर्यिकाओं के लिए १३ प्रकार की क्रियाएं मानी हैं अथवा सम्यक्त्ववर्धिनी आदि २५ क्रियाएं भी होती हैं ।

क्रियाऋद्धि – *Kriyāṛddhi.*
A type of supernatural power.
एक ऋद्धि । इसके दो भेद हैं चारण व आकाश गामित्व ।

क्रियाकर्म – *Kriyākarma.*
See - *Kṛtikarma.*
देखें - कृतिकर्म ।

क्रियाकलाप – *Kriyākalāpa.*
A book edited by Pandit Pannalal Jain Soni containing description of essential duties of saints, A book written by *Pandit* Ashadharji.
मुनियों की षडावश्यक क्रियाओं का एक ग्रंथ जिसमें देववंदना, प्रतिक्रमण पाठ आदि हैं (पं. पन्नालाल जैन सोनी द्वारा संपादित), अमरकोष पर पं. आशाधर जी (ई. 1175-1243) कृत एक टीका।

क्रियाकांड – *Kriyākāṁḍa.*
Ritual activities, Religious observances.
क्रिया के द्वारा अभिहित कर्म, शास्त्रोक्त सत्कर्म ।

क्रियाकोश – *Kriyākośa.*
A book written by *Pandit* Kishan Singh and the other book by *Pandit* Daulatram ji.
पं. किशन सिंह (ई.१७२७) कृत हिन्दी छन्दबद्ध तथा पं. दौलतराम (ई.१७३८) कृत हिन्दी छन्दबद्ध श्रावक - क्रिया प्रतिपादक ग्रंथ ।

क्रियागति – *Kriyāgati.*
An activity of motion.
गमन रूप क्रिया ।

क्रियाधिकरणी – *Kriyādhikaraṇī.*
An activity related to violence.
आस्रवकारी 25 क्रियाओं में एक क्रिया । यह हिंसा के उपकरण ग्रहण करने से होती है ।

क्रियानय – *Kriyānaya.*
A standpoint of activism related to the principles of spiritualism.
चारित्र प्रधान आत्मा के ज्ञान निधि की साध्यता की सिद्धि का बोधन कराने वाला नय ।

क्रियानिमित्तक – *Kriyānimittaka.*
Activities caused due to some particular reasons.
गायन, नर्तक आदि, क्योंकि क्रियाओं के निमित्त से ये नाम व्यवहार में आते हैं ।

क्रियानिरोध – *Kriyānirodha.*
Control of external and internal activities (right conduct).
सम्यक्चारित्र; ज्ञानी जीव के जो संसार के कारणों को नष्ट करने के लिए बाह्य अंतरंग क्रियाओं का निरोध होता है ।

क्रियान्तर निवृत्ति – *Kriyāntara Nivṛtti.*
See - *Kriyāṁtara Nivṛtti.*
देखें - क्रियांतर निवृत्ति ।

क्रियामंत्र – *Kriyāmaṁtra.*
Mantras (auspicious mystic words) for special activities.
गर्भाधान आदि क्रियाओं में सिद्धपूजन के लिए व्यवहृत सात पीठिकामंत्र ।

क्रियावती शक्ति – *Kriyāvatī Śakti.*
Power of action (related to living and non-living beings).
सक्रियता; 6 द्रव्यों में जीव और पुद्गल में यह शक्ति होती है ।

क्रियावाची – *Kriyāvācī.*
Words derivated from verbs.
शब्द; क्रिया, जाति, गुण आदि वाचक शब्द ।

क्रियावाद – *Kriyāvāda.*
Doctrine of performing religious observance regularly.
एकांत मत; जो नित्य कर्म करने से ही मोक्ष मानता है ।

क्रियावादिन् – *Kriyāvādin.*
Believer in action, Activist.
वादी, अभियोक्ता, क्रिया को मानने वाला ।

क्रियावान – *Kriyāvāna.*
Those who are active in performances.
परिस्पंदन स्वभाव वाले समस्त जीव पुद्गल द्रव्य ।

क्रियाविशाल – *Kriyāviśāla.*
13th *Purva* (part of scriptural knowledge).
14 पूर्व में से 13वां पूर्व। इसमें व्याकरण शास्त्र तथा शिल्पकला आदि अनेक गुणों का वर्णन है ।

क्रियाशक्ति – *Kriyāśakti.*
Power of performances acquired by soul.
कारक के अनुसार होने रूप भावमयी जीव की 40वीं शक्ति ।

क्रियाहीन ज्ञान – *Kriyāhīna Jñāna.*
Knowledge devoid of essential conducts.
आचरण रहित ज्ञान ।

क्रीडापर्वत – *Kriḍāparvata.*
Name of a mountain.
तुलसीस्याम नामक पर्वत जिसे श्री कृष्ण का क्रीडा पर्वत कहा जाता है ।

क्रीडाशाला – *Kriḍāśālā.*
One of the palaces of astral deities, a place of amusement.
ज्योतिष देवों के प्रासादों में एक स्थान ।

क्रूर – *Krūra.*
Cruel, Harsh, Fierce.
दुष्ट स्वभावी जीव ।

क्रोध – *Krodha.*
Anger, Rage, Resentment (a fault).
4 कषायों में प्रथम कषाय; अपने और दूसरे के घात या अहित करने रूप क्रूर परिणाम ।

क्रोध अनन्तानुबन्धी – *Krodha Anantānubandhī.*
Endless binding of anger.
पत्थर की रेखा के समान क्रोध ।

क्रोध अप्रत्याख्यान – *Krodha Apratyākhyāna.*
Anger, non-refutable.
पृथ्वी की रेखा के समान क्रोध ।

क्रोध उपशमाद्धा – *Krodha Upaśamāddhā.*
Subsidence period of anger.
क्रोध के उपशमन का काल ।

क्रोध कांडक – *Krodha Kāṁḍaka.*
Destruction of anger.
क्रोध का क्षय होना ।

क्रोध कर्मप्रकृति – *Krodha Karmaprakṛti.*
Karmic nature of anger.
क्रोधकर्म प्रकृति का सत्व, उदय, उदीरणा की अपेक्षा विशेष व्याख्यान ।

क्रोध प्रत्याख्यान – *Krodha Pratyākhyāna.*
Renunciation of anger.
क्रोध को उत्पन्न नहीं होने देना ।

क्रोधशक्ति – *Krodhaśakti.*
Cosequences of anger.
अनंतानुबंधी आदि चारों क्रोधकषाय की क्रम से शक्ति-शिला रेखा, पृथ्वी रेखा, धूलि रेखा, जल रेखा के समान है ।

क्रोध संज्वलन – *Krodha Saṁjvalana.*
Momentary angerness.
जल रेखा के समान क्रोधी, चौथी कषाय का प्रथम भेद ।

क्रोधाग्नि – *Krodhāgni.*
Intense anger (like fire).
3 अग्नि में एक-क्रोधाग्नि, जो जीव के विवेक को नष्ट कर देती है ।

क्रोधी – *Krodhī.*
Angry, hot-tempered, To be angry.
क्रोध करने वाला, क्रोधी होना ।

क्रोश – *Krośa.*
A length unit, 2 miles, 3.32 kms.
लम्बाई मापन की एक इकाई ।

क्रौंच – *Krauṁca.*
Name of a king, A wading bird.
एक राजा-जिसने स्वामी कार्तिकेय पर उपसर्ग किया था, एक पक्षी का नाम ।

क्रौंचवर द्वीप व सागर – *Krauṁcavara Dvīpa & Sāgara.*
An island & ocean of middle universe.
मध्यलोक का 16वां द्वीप व समुद्र ।

क्लान्त – *Klānta.*
Tired, Wearied.
थका हुआ, मुझाया हुआ ।

क्लिश्यमान – *Kliśyamāna.*
The afflicted - those who suffer from anguish and distress.
असातावेदनीय के उदय से जो दुःखी है ।

क्लिष्ट – *Kliṣṭa.*
Difficult, Painful, Wretched, Distressed.
कठिन, कष्ट ग्रस्त, संकट ग्रस्त, दुखी ।

क्लेश – *Kleśa.*
Tormentation, Suffering, Affliction.
असातावेदनीय कर्म के उदय से दुःखी होना, संक्लेश, मानसिक संताप ।

क्लेशवाणिज्य – *Kleśavāṇijya.*
Wrong advice of selling the slaves to earn money.
अनर्थदण्ड का एक भेद अर्थात् पापोपदेश का एक प्रकार ।

क्वाथतोय – *Kvāthatoya.*
A country in north *Aryakhand* of *Bharat Kshetra.*
भरत क्षेत्र उत्तर आर्य खण्ड का एक देश ।

क्षण – *Kṣaṇa.*
A moment, An instant of a particular event.
सबसे जघन्य काल, एक समय ।

क्षणभंगसिद्धि – *Kṣaṇabhaṁgasiddhi.*
A book written by a Bauddha judicious writer 'Archat'.
बौद्ध नैयायिक 'अर्चट' द्वारा रचित एक कृति । समय ई.श. - 7-8 ।

क्षणयोगनिद्रा – *Kṣaṇayoganidrā.*
Short sleep of a Jaina saint (a type of meditation pertaining to rest).
अल्पकाल निद्रा; साधुजन शरीरश्रम को दूर करने के लिए जो निद्रा लेते हैं वह क्षणयोगनिद्रा है (अनगार धर्मामृत) ।

क्षणलवप्रतिबुद्धता – *Kṣaṇalavapratibuddhatā.*
Momentous awakening and enlightening.

काल विशेष; प्रत्येक क्षण व लव में होने वाला प्रतिबोध ।

क्षणिक – *Kṣaṇika.*
Momentary.
क्षणभंगुर पर्याय; जो प्रतिक्षण विनष्ट होती है ।

क्षत्रिय – *Kṣatriya.*
The second *Varna* of later Indo Aryan Society i.e.warriors, Name of a saint possessing knowledge of 11 *Angas* &14 *Purvas.*
चार वर्णों के अंतर्गत दूसरा वर्ण, 11 श्रुतधर मुनियों में तीसरे मुनि जो 11 अंग और 14 पूर्व के धारी थे ।

क्षपक – *Kṣapaka.*
Saints (at the 8th, 9th, 10th & 12th Gunsthan) involved in destroying of Karmas, Those saints who are ultimately engrossed for holy death (Samadhi) are also called Kshapak.
चारित्रमोहनीय का क्षय करने में प्रयत्नशील मुनि । ये 8, 9, 10, 12 वें गुणस्थानों में रहते हैं अर्थात् क्षपक श्रेणी पर चढने वाले मुनि क्षपक कहलाते हैं। समाधिमरण में रत मुनि ।

क्षपकश्रेणी – *Kṣapakaśreṇī.*
Auspicious stages related to destruction of *karmas.*
मुक्ति सोपान; जहां चारित्रमोहनीय का नाश किया जाता है वह श्रेणी अर्थात् 8वां, 9वां, 10वां, 12वां गुणस्थान । जिस पर आरोहण कर तीन पाण्डवों ने शत्रुंजय पर्वत से मोक्ष प्राप्त किया था भी क्षपक कहलाते हैं ।

क्षपण – *Kṣapaṇa.*
The act of destruction of *karmas.*
कर्मों की निर्जरा करना, नष्ट करना ।

क्षपणकाल – *Kṣapaṇakāla.*
Period of *Karmic* eradication or annihilation.
अल्पबहुत्व; मोहनीय कर्म नाश काल की तारतम्यता ।

क्षपणसार – *Kṣapaṇasāra.*
A book written by *Acharya* Nemichandra Siddhanta Chakravarti.
आचार्य नेमिचंद्र सिद्धान्त चक्रवर्ती (ई.981) द्वारा रचित मोहनीय कर्म के क्षपण विषयक एक ग्रंथ ।

क्षपणा – *Kṣapaṇā.*
Fasting, A penance.
प्रतिक्रमण, व्रत आदि के द्वारा कर्मों का क्षय करना ।

क्षपित कर्मांशिक – *Kṣapita Karmāṁśika.*
Part of *karmas* which is to be eradicated.
क्षपणा करते हुए शेष बचा अल्प द्रव्य, जिसे शीघ्र ही क्षय कर दिया जाता है ।

क्षमण – *Kṣamaṇa.*
A request made to *Acharya* saint for forgiving.
भक्तप्रत्याख्यान विधि के 40 अधिकारों में 31वां अधिकार; आचार्य आदि से क्षमा की याचना ।

क्षमणा – *Kṣamaṇā.*
To beg for forgiveness mutually.
भक्तप्रत्याख्यान विधि के 40 अधिकारों में 13वां अधिकार; अन्योन्य क्षमा की याचना करना ।

क्षमा – *Kṣamā.*
Forgiveness.
दाता के सात गुणों में एक गुण, उत्तम क्षमादि १० धर्मों में पहला धर्म; क्रोध के साक्षात् कारण मिलने पर थोड़ा भी क्रोध न करना ।

क्षमा धर्म – *Kṣamā Dharma.*
See - *Kṣamā.*
देखें - क्षमा ।

क्षमावाणी व्रत – *Kṣamāvāṇī Vrata.*
A type of vow.
आसोज कृ.1 को सबसे क्षमा मांगकर उपवास करना ।

क्षय – *Kṣaya.*
Destruction, Annihilation (of *karmas*).
कर्मों के अत्यंत नाश को क्षय कहते हैं ।

क्षयदेश – *Kṣayadeśa.*
Last place of the destruction of *karmas.*
कर्म के क्षय होने का अंतिम स्थान; जो कर्म प्रकृति अन्य प्रकृति रूप होकर नाश होती हैं ऐसी परमुखोदयी प्रकृति के अंतिम कांडक की अंतिम फाली ।

क्षयोपशम – *Kṣayopaśama.*
Destruction-cum-subsidence (of *karmas*).
कर्मों के एकदेश का क्षय तथा एकदेश का उपशम होना ।

क्षयोपशम लब्धि – *Kṣayopaśama Labdhi.*
Attainment of right faith by the destruction and subsidence of *Karmas.*
ज्ञानावरणीय कर्म के एक देश क्षय को क्षयोपशम कहते हैं। क्षयोपशम होने पर आत्मा में जो ज्ञान उत्पन्न होता है उसे क्षयोपशम लब्धि कहते हैं ।

क्षांति – *Kṣāṁti.*
Peace, Patience, Forgiveness.
क्षमा, क्रोध को जीतना, इससे सातावेदनीय का आस्रव होता है।

क्षायिक उपभोग – *Kṣāyika Upabhoga.*
Infinite enjoyment after destruction of obsturctive *karmas.*
उपभोगान्तराय कर्म के नष्ट हो जाने से आत्मा के अनंत उपभोग होता है, सिंहासन, छत्र, चमर, आदि विभूतियां प्राप्त होना ।

क्षायिक चारित्र – *Kṣāyika Cāritra.*
An attainment related to annihilating conduct.
दर्शन मोह की 3 तथा चारित्र मोह की 25 इस तरह कुल 28 प्रकृतियों का निरवशेष विनाश होना ।

क्षायिक ज्ञान – *Kṣāyika Jñāna.*
Infinite knowledge after destruction of obstructive *karmas.*

ज्ञानावरण कर्म के क्षय से उत्पन्न होने वाला अनंत ज्ञान ।

क्षायिक दान – *Kṣāyika Dāna.*
An attainment related to annihilating donation.
नौ लब्धियों में एक लब्धि; दानान्तराय कर्म के नष्ट हो जाने से यह उत्पन्न होती है, जिसके फलस्वरूप अनंत जीवों का उपकार करने की सामर्थ्य होती है ।

क्षायिक भाव – *Kṣāyika Bhāva.*
Volition produced due to destruction of *karmas.*
कर्मों के क्षय से उत्पन्न होने वाला भाव ।

क्षायिक भोग उपभोग – *Kṣāyika Bhoga Upabhoga.*
Infinite bliss produced due to destruction of *karmas.*
भोगान्तराय एवं उपभोगान्तराय के नष्ट हो जाने से आत्मा में अनंत भोग एवं उपभोग उत्पन्न होना ।

क्षायिक लब्धि – *Kṣāyika Labdhi.*
9 special attainments due to destruction of *Karmas.*
कर्मों के क्षय से प्राप्त होने वाली लब्धियाँ, ये ९ होती हैं, ये सयोगी, अयोगी केवलियों में पाई जाती हैं ।

क्षायिक लाभ – *Kṣāyika Lābha.*
Gain after the destruction of *karmas.*
लाभान्तराय कर्म के क्षय से प्राप्त लब्धि। जिसके फलस्वरूप अर्हन्त अवस्था में अत्यंत शुभ असाधारण पुद्गल स्कंध प्राप्त होते रहते हैं ।

क्षायिक वीर्य – *Kṣāyika Vīrya.*
Vitality gained after destruction of *karmas.*
वीर्यान्तराय कर्म के अत्यन्त क्षय से क्षायिक अनंत वीर्य प्रगट होता है । जिसके फलस्वरूप केवली को चराचर अनंत पदार्थों को जानने की सामर्थ्यता प्राप्त होती है ।

क्षायिक सम्यक्त्व – *Kṣāyika Samyaktva.*
Polite (pure) reverential development after destruction of delusive *karmas.*
दर्शन मोहनीय की 7 कर्म प्रकृतियों के क्षय होने से आत्मा में जो निर्मल श्रद्धान उत्पन्न होता है ।

क्षायिक सम्यग्दृष्टि – *Kṣāyika Samyagdṛṣṭi.*
Annihilating serene vision (right perception after annihilation of *karmas*).
दर्शन मोहनीय को क्षपण करने पर प्राप्त सम्यग्दर्शन सहित मनुष्य।

क्षायिक सुख – *Kṣāyika Sukha.*
Infinite bliss after destruction of obstructive *karmas.*
वेदनीय कर्म के क्षय से उत्पन्न होने वाला अनंत सुख ।

क्षायोपशमिक भाव – *Kṣāyopaśamika Bhāva.*
Volitional gain after annihilation and subsidence of *karmas.*
कर्मों के क्षय और उपशम से उत्पन्न होने वाला भाव ।

क्षायोपशमिक सम्यक्त्व – *Kṣāyopaśamika Samyaktva.*
Right belief gained after annihilation and subsidence of *karmas.*
चार अनंतानुबंधी कषाय, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन छह प्रकृतियों के उदयाभावी क्षय और इन्हीं के सदवस्थारूप उपशम से देशघाती तथा सम्यक्त्व प्रकृति के उदय से होने वाला तत्वार्थ श्रद्धान ।

क्षार – *Kṣāra.*
Salty, Alkaline liquids.
खारा; नमक जैसा स्वाद, समुद्र का जल खारा होता है, अवसर्पिणी पंचम काल के अंत में ७ दिन तक कुवृष्टि अर्थात् खारे पानी की वर्षा होती है ।

क्षार राशि – *Kṣāra Rāśi.*
Name of a planet.
88 ग्रहों में एक ग्रह ।

क्षितिशयन – *Kṣtiśayana.*
A basic restraint of saint; sleeping on the earth.
साधु का एक मूलगुण-भूमि शयन जीवन पर्यंत प्रासुक भूमि या तृणादि से बने संस्तर पर किसी एक करवट से शयन करना ।

क्षितिसार – *Kṣitisāra.*
Name of a dominion of Bharat Chakravarti (emperor).
भरत चक्रवर्ती की एक विभूति 'खर का कोट' का नाम ।

क्षिप्त वितान – *Kṣipta Vitāna.*
A cocave, canopy.
खोखला, टेंटनुमा ।

क्षिप्रमतिज्ञान – *Kṣipramatijñāna.*
Easily attainable knowledge.
जल्दी ग्रहण होने वाला ज्ञान ।

क्षिप्रमतिज्ञानावरण – *Kṣipramatijñānāvaraṇa.*
Obscurring *karma* of *kshipramatigyan* (easily attainable knowledge).
क्षिप्र मतिज्ञान को रोकने वाला कर्म ।

क्षीण कषाय – *Kṣīṇa Kaṣāya.*
Destroyed passion, 12th *Gunsthan*-stage of spiritual development.
12वां गुणस्थान, उसमें ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अंतराय कर्म का क्षय हो जाता है ।

क्षीणमोह – *Kṣīṇamoha.*
One delusionless at the 12th stage of spiritual development.
मोहनीय कर्म का क्षय करने वाले 12 वें गुणस्थानवर्ती निर्ग्रंथ वीतराग साधु ।

क्षीर पयोधर – *Kṣīra Payodhara.*
Rainy clouds of milk and water.
उत्सर्पिणी काल सम्बन्धी अतिदुषमा काल के आरम्भ में 7 दिन तक जल और दूध की निरन्तर वर्षा करने वाले मेघ ।

क्षीरफल – *Kṣīraphala.*
A type of fig (fruit) containing a kind of milk.
साधारण वनस्पति; जिनफलों को तोड़ने पर दूध निकलता है।

क्षीररस – *Kṣīrarasa.*
Name of a planet .
88 ग्रहों में एक ग्रह ।

क्षीरवर द्वीप व सागर – *Kṣīravara Dvīpa va Sāgara.*
Name of the fifth island and ocean of middle universe.
मध्य लोक में क्षीर वर नामक पंचम द्वीप एवं समुद्र ।

क्षीरवृक्ष – *Kṣīravṛkṣa.*
Milk producing tree.
दूध जिन से निकले ऐसे गूलर आदि के वृक्ष ।

क्षीरस्रावी ऋद्धि – *Kṣīrasrāvī Ṛddhi.*
A type of supernatural power (reg. changing of food into milk).
ऋद्धि; जिससे हस्ततल पर रखे हुए रूखे आहारादिक तत्काल ही दुग्धपरिणाम को प्राप्त हो जाते हैं।

क्षीराम्बुधि – *Kṣīrāmbudhi.*
Another name for Ksheer Sagar (an ocean), the water of which is used for anoninting Tirthankars.
क्षीरसागर, जिसके जल से भगवान का जन्माभिषेक किया जाता है।

क्षीरोदधि – *Kṣīrodadhi.*
Name of an ocean.
क्षीरसागर; इसके जल से इन्द्र तीर्थंकरों का जन्माभिषेक करते हैं एवं तीर्थंकर द्वारा केशलोंच किये हुए केशों को इसी समुद्र में क्षेपण करते हैं।

क्षीरोदा – *Kṣīrodā.*
Name of a river in *upper Videh* (region).
अपर विदेह स्थित एक विभंगा नदी।

क्षुद्रध्वजा – *Kṣudradhvajā.*
Trivial flags.
भवनवासी देवों के चैत्यालयों में महाध्वजा के आश्रित लगने वाली अन्य लघु ध्वजाएँ।

क्षुद्रभव – *Kṣudrabhava.*
Mean worlds or helling world.
एक अन्तर्मुहूर्त में लब्धपर्याप्तक जीव के संभव भव।

क्षुद्र सर्वतोभद्र – *Kṣudra Sarvatobhadra.*
A type of penance.
तप का एक प्रकार।

क्षुद्रहिमवान् – *Kṣudrahimavān.*
Name of a summit at the bank of *Padmadrah* - a big pond.
पद्मद्रह के तट पर विदिशा का एक कूट।

क्षुधा – *Kṣudhā.*
Hunger, Appetite.
भूख । 22 परीषहों में एक परिषह (भूख जनित वेदना को सहना)।

क्षुल्लक – *Kṣullaka.*
Junior Jaina saint (Loin-clothed ascetic).
11वीं उद्दिष्ट त्याग प्रतिमाधारी श्रावक जो एक लंगोटी व एक चादर धारण करते हैं।

क्षुल्लक दीक्षा – *Kṣullaka Dīkṣā.*
Initiation or consecration for *Kshullak* (lion clothed ascetic) stage.
श्रावक द्वारा गृहत्याग कर क्षुल्लक रूप में दिगम्बर परम्परा की लघु दीक्षा धारण कर संत बनना।

क्षुल्लक भव – *Kṣullaka Bhava.*
The shortest period of life.
आयु बंध के होने पर जो सबसे जघन्य विश्रमण काल ह।

क्षेत्र – *Kṣetra.*
Area, Region, Quarter, Sub continent.
स्थान, वर्तमान काल सम्बन्धी निवास । किस गुणस्थान या मार्गणा स्थान वाले जीव लोक में कहां और कितने भाग में पाये जाते हैं यह जानकारी क्षेत्र के द्वारा मिलती है।

क्षेत्र ऋद्धि – *Kṣetra Ṛddhi.*
A type of supernatural power.
एक प्रकार की ऋद्धि, यह दो प्रकार की है - अक्षीण महानस, अक्षीण महालय।

क्षेत्रज्ञ – *Kṣetrajña.*
Knower of forms (of beings).
जीव के स्वरूप को क्षेत्र कहते हैं और इसके जानने वाले को क्षेत्रज्ञ कहते हैं।

क्षेत्र धर्मा – *Kṣetradharmā.*
A king of *Shishunag* dynasty of Magadh.
मगध राज्य के शिशुनाग वंश का एक राजा।

क्षेत्रनिबन्धन – *Kṣetranibandhana.*
Unification of areas (villages, cities etc.).
जोड़ना, संबंध करना; ग्राम व नगर आदि क्षेत्र निबंधन हैं, क्योंकि निश्चित क्षेत्र में उनका सम्बन्ध पाया जाता है।

क्षेत्रपरिवर्तन – *Kṣetraparivartana.*
Transmigration, Changing of space.
पंच परावर्तन का दूसरा भेद; असंख्य प्रदेशी लोकाकाश के एक एक प्रदेश में उत्पन्न होकर समस्त प्रदेशों में जीव का जन्म मरण होना।

क्षेत्रपाल – *Kṣetrapāla.*
A type of protecting deity, whose idol is usually installed in Digambar Jaina temples.
जिनशासन के रक्षक देव। ये पाँच प्रकार के होते हैं - विजयभद्र, वीरभद्र, मणिभद्र, भैरव, अपराजित । दिगम्बर जैन मंदिरों में रक्षकदेव के रूप में इनकी तदाकार एवं अतदाकार प्रतिमाएँ विराजमान करने की प्राचीन परम्परा है।

क्षेत्रपूजा – *Kṣetrapūjā.*
Worshipping of holy places.
तीर्थंकरों के गर्भ, जन्म आदि पंच कल्याणक जहां जहां हुए हैं उन स्थानों की विधिपूर्वक पूजा करना।

क्षेत्र प्रत्याख्यान – *Kṣetra Pratyākhyāna.*
Area renunciation.
अयोग्य, संयम की हानि, संक्लेश परिणामों को उत्पन्न करने वाले क्षेत्र के त्याग करने का संकल्प करना।

क्षेत्र प्रदेश – *Kṣetra Pradeśa.*
Locations, Pointing places.
विशेष स्थान।

क्षेत्रप्रमाण – *Kṣetrapramāṇa.*
Existing areas.
क्षेत्र प्रमाण दो प्रकार का है; संख्यात, असंख्यात, अनंत प्रदेश वाले पुद्गल द्रव्य को अवगाह देने की अपेक्षा अवगाह क्षेत्र, दूसरा पाद, वितस्त प्रमाणांगुल आदि की अपेक्षा विभाग निष्पन्न क्षेत्र।

क्षेत्रप्रयोग – *Kṣetraprayoga.*
Method of application of area.
क्षेत्र के उपयोग संबंधी तरीका।

क्षेत्रफल – *Kṣetraphala.*
Area.
क्षेत्र का मापन।

क्षेत्रभवाननुगामी – *Kṣetrabhavānanugāmī.*
A type of clairvoyance (*Avadhigyan*).
अननुगामी अवधिज्ञान के ३ भेदों में एक उभयाननुगामी ; जो ज्ञान जीव के साथ अन्य क्षेत्र और अन्य भव में नहीं जाता।

क्षेत्रभवानुगामी – *Kṣetrabhavānugāmī.*
A type of clairvoyance (*Avadhigyan*).
अवधिज्ञान, जो भरत ऐरावत और विदेह आदि क्षेत्रों में तथा देव, नारक, मनुष्य और तिर्यंच भव में भी साथ जाता है।

क्षेत्रमंगल – *Kṣetramaṁgala.*
Auspicious areas.
दीक्षा, केवलज्ञानोत्पत्ति क्षेत्र एवं लोकपूरणसमुद्घात द्वारा पूरित सभी लोक के प्रदेश क्षेत्र मंगल कहलाते हैं।

क्षेत्रमिति – *Kṣetramiti.*
Mensuration.
गणित का एक विभाग।

क्षेत्रयुति – *Kṣetrayuti.*
Combination of areas.
मिलना; जीवादि द्रव्यों का नरकादि क्षेत्रों के साथ मिलना।

क्षेत्रलोक – *Kṣetraloka.*
Universe (infinite area).
अनंत आकाश (अलोकाकाश); यह सप्रदेशी है एवं ऊपर से नीचे तथा तिरछे सर्वत्र फैला हुआ है इसलिए क्षेत्र लोक कहलाता है।

क्षेत्र वर्गणा – *Kṣetra Vargaṇā.*
Area variform (Karmic aggregates).
एक प्रदेशी अवगाहना से लेकर कुछ कम घनलोक तक सब वर्गणाएं।

क्षेत्रवान – *Kṣetravāna.*
One possessing character of occupancy like sky (in all 6 matters).
आकाश द्रव्य; क्योंकि उसका अवगाहन लक्षण कहां गया है शेष 5 द्रव्य क्षेत्रवान नहीं है।

क्षेत्रविपाकी कर्म – *Kṣetravipākī Karma.*
The *karma* causing the same appearance in transmigratory phase *(Vigrahgati)* also.
जिस कर्म के उदय से जीव का आकार विग्रहगति में पूर्वपर्याय जैसा बना रहता है।

क्षेत्रविपाकी कर्म प्रकृति – *Kṣetra Vipākī Karma Prakṛti.*
The *karmic* nature causing same appearance in transmigratory phase *(Vigrahgati)* also (reg. all beings).
नरक, तिर्यंच, देव, मनुष्य गत्यानुपूर्वी ये 4 प्रकृतियां इनका उदय विग्रहगति में ही होता है।

क्षेत्रवृद्धि अतिचार – *Kṣetravṛddhi Aticāra.*
Unwarranted behaviour of encroachment.
दिग्व्रत का अतिचार ; की गई क्षेत्र की मर्यादा में एक तरफ बढ़ा लेना, दूसरी तरफ घटा देना।

क्षेत्रशुद्धि – *Kṣetraśuddhi.*
Purity of area.
चारों दिशाओं में 28 धनुष प्रमाण क्षेत्र में विष्ठा, मूत्र, हड्डी, केश, नख, चमड़े आदि के अभाव को क्षेत्र शुद्धि कहते हैं।

क्षेत्रसंयोग पद – *Kṣetrasaṁyoga Pada.*
Name or title related to particular regions.
माथुर, बालभ, दाक्षिणात्य और औदीच्य इत्यादि क्षेत्रसंयोग पद नाम हैं।

क्षेत्रसंसार – *Kṣetrasaṁsāra.*
Universe of living beings.
स्वक्षेत्र व परक्षेत्र के भेद से क्षेत्रसंसार दो प्रकार का है; कर्मोदय से छोटे बड़े शरीर में आत्मा का रहना स्वक्षेत्र एवं गर्भादि नौ प्रकार की योनियों के आधीन रहना परक्षेत्र संसार हैं।

क्षेत्र सामायिक – *Kṣetra Sāmāyika.*
Equanimity - concentration of mind with non attachement of places.
सामायिक; आत्म स्वरूप को रमणीय स्थान मानकर कोई भी ग्राम, नगरादि बाह्य स्थान को मनोज्ञ या अमनोज्ञ न मानना।

क्षेत्रस्तव – *Kṣetrastava.*
Eulogical praising of reverential and holy places-birth place of *Tirthankars* (Jaina-Lords) etc.
तीर्थंकरों के गर्भ, जन्म आदि कल्याणकों के द्वारा पवित्र हुए नगर, वन, पर्वत आदि का गुणगान करने को क्षेत्र स्तव कहते हैं।

क्षेत्रस्पर्शन – *Kṣetrasparśana.*
Touching of 5 matters (*dravyas*) with sky as a

6th matter.
अन्य द्रव्यों का आकाश द्रव्य के साथ संयोग को क्षेत्रस्पर्शन कहते हैं।

क्षेत्रादिग्रंथ – *Kṣetrādigraṁtha.*
Attachments (like area, wealth etc. of 10 types).
परिग्रह; व्यवहार नय की अपेक्षा क्षेत्र, धन, धान्य आदि १० प्रकार का परिग्रह ग्रंथ है क्योंकि ये अभ्यंतर ग्रंथ के कारण है और उनका त्याग करना निर्ग्रंथता है।

क्षेत्रानुगम – *Kṣetrānugama.*
Induction of areas, Generalisation of areas.
अपनी-अपनी संख्या से गुणित अवगाहनारूप क्षेत्र।

क्षेत्रार्य – *Kṣetrārya.*
A type of noble persons (*Aryas*).
भरत, ऐरावत व विदेहों के 170 आर्यखण्ड निवासी मानव।

क्षेत्रोपसंयत – *Kṣetropasaṁyata.*
Auspicious and sacred places appropriate for saints.
मुनि का उस क्षेत्र में रहना जहां संयम व तप की वृद्धि हो।

क्षेप – *Kṣepa.*
Reverential offering of rice etc., Reproach, Blame, Passing of time.
द्रव्यादि चढ़ाना, निन्दा, बुराई, समय गुजारना।

क्षेमंकर – *Kṣemaṁkara.*
Name of the 3rd *Kulkar* (ethical founder) & city in southern *Vijayardh* (mountain) & a universal deity.
तृतीय कुलकर का नाम, विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर, लौकान्तिक देवों का एक भेद।

क्षेमंधर – *Kṣemaṁdhara.*
Name of the 4th *Kulkar* (ethical founder).
वर्तमानकालीन चतुर्थ कुलकर।

क्षेम – *Kṣema.*
Happiness or welfare state.
मारी, ईति व राष्ट्रविप्लव आदि के अभाव को क्षेम कहते हैं।

क्षेमकीर्ति – *Kṣemakīrti.*
A disciple of *Acharya* Yashah Kirti.
यशः कीर्ति के शिष्य (समय ई. 998)।

क्षेमचंद्र – *Kṣemacaṁdra.*
Name of a great *Digambar* Jain saint.
एक महान दिगम्बर जैन मुनि (ई. 1556-1601)।

क्षेमचरी – *Kṣemacarī.*
Name of a city of *Vidyadhars.*
विद्याधरों की एक नगरी का नाम।

क्षेमपुर – *Kṣemapura.*
A city in south of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर।

क्षेमपुरी – *Kṣemapurī.*
A main city of *Sukachchha* country in east *Videh* (region).
पूर्व विदेह में स्थित सुकच्छ देश की मुख्य नगरी।

क्षेमा – *Kṣemā.*
Main city of *Kachchha* country of east *Videh* (region).
पूर्व विदेह स्थित कच्छ देश की एक मुख्य नगरी।

क्षेमेन्द्रकीर्ति – *Kṣemendrakīrti.*
Name of a *Bhattarak* (learned person).
नन्दीसंघ बलात्कार गण के चित्तौड़ गद्दी के एक भट्टारक।

क्षोभ – *Kṣobha.*
Disturbance.
अस्थिरता-निर्विकार निश्चल चित्त की वृत्ति का विनाशक जो चारित्रमोह है।

क्षोम्या – *Kṣomyā.*
A divine power possessed by Ravan.
रावण को प्राप्त एक विद्या।

क्षौद्रवर द्वीप व सागर –
Kṣaudravara Dvīpa va Sāgara.
An island and ocean of middle universe.
मध्यलोक के सातवें द्वीप व सागर का नाम।

क्ष्वेलौषध ऋद्धि – *Kṣvelauṣadha Ṛddhi.*
A type of supernatural power.
जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु की लार, मल, कफ आदि भी जीवों के रोग दूर करने में सक्षम होते हैं।

ख

ख – *Kha.*
The second consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी लिपि का दूसरा व्यंजन अक्षर, इसका उच्चारण स्थान कंठ है।

खंड – *Khaṁḍa.*
Part, Division, fragment, Chapter, Section.
भाग, हिस्सा, शास्त्र आदि के भाग, मकान का हिस्सा आदि।

खंडकल्पना – *Khaṁḍakalpanā.*
Imagination of partition-region(of indivisible matters like sky etc.)
विभाग कल्पना; आकाश द्रव्य अविभागी (अखण्ड) है फिर भी उसमें (प्रदेशरूप) खण्ड कल्पना हो सकती है।

खंड कृष्टि – *Khaṁḍa Kṛṣṭi.*
Medium attenuation, a part of *krashti* (gradual destruction of passions).
कृष्टि का भाग।

खंडदेव – *Khaṁḍadeva.*
Name of a literary writer.
पूर्व मीमांसा दर्शन के एक प्रवर्तक जिन्होंने 'भाट्टदीपिका' आदि ग्रंथों की रचना की।

खंडनखंडखाद्य – *Khaṁḍanakhaṁḍakhādya.*
A book written by 'Shri Harsh'.
वेदांत साहित्य प्रवर्तक 'श्री हर्ष' द्वारा रचित एक ग्रंथ।

खंडप्रपात – *Khaṁḍaprapāta.*
Name of summit (*kuta*) & a cave of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध पर्वत पर स्थित एक कूट एवं एक गुफा।

खंडशलाका – *Khaṁḍaśalākā.*
Piece log, Section (a large piece).
किसी शिला का वृहत् भाग।

खंडिका – *Khaṁḍikā.*
A city in north of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर, दूसरे नरक का छठा इन्द्रक बिल।

खंडित – *Khaṁḍita.*
Division of any quantity, Wornout, Mutilated.
गणित की भागाहार विधि में भाज्य राशि को भागहार करना, मूर्ति आदि का कोई हिस्सा टूट जाना।

खंडोत्कीर्णकाल – *Khaṁḍotkīrṇa Kāla.*
A fragmentary period.
अंतरकरण; एक स्थिति खंडोत्कीर्णकाल में अंतर की निष्पत्ति होती है।

ख – *Kha.*
Sky, Sense organ, Infinite.
आकाश, इन्द्रिय, अनन्त या अनन्त की अपेक्षा सहनानी।

खगपति – *Khagapati.*
Vidyadhar king.
विद्याधर राजा।

खगपुर – *Khagapura.*
Name of the city of 5th *Baldev* and *Narayan.*
५ वें बलदेव सुदर्शन एवं ५ वें नारायण पुरुषसिंह के नगर का नाम।

खगेश्वर – *Khageśvara.*
Vidyadhar, those proficient in super power by birth.
विद्याधर।

खचर – *Khacara.*
Vidyadhar–those proficient in super power by birth, Sky moving beings.
विद्याधर, तिर्यंच जीवों के तीन भेदों में एक भेद; आकाश में चलने वाले नभचर जीव।

खचराचल – *Khacarācala.*
Name of *Vijayardha* mountain.
विजयार्ध पर्वत।

खटोलना गीत – *Khaṭolanā Gīta.*
Name of a book.
एक ग्रंथ का नाम, समय - ई.श.17।

खट्वाङ्ग – *Khaṭvāṅga.*
Human skull placed on a bone (symbol of a terrific divinity).
एक हड्डी पर मानव खोपड़ी का होना।

खड्ग – *Khaḍga.*
Sword, One of the 14 jewels of *Chakravarti* (emperor).
तलवार, चक्रवर्ती के चौदह रत्नों में से एक।

खड्गपुरी – *Khaḍgapurī.*
A main city of Avarta country of east *Videh* (region).
पूर्व विदेह में स्थित आवर्ता देश की मुख्य नगरी।

खड्गा – *Khaḍgā.*
A main city of *Subalgu* country of western *Videh* (region).
अपर विदेह में स्थित सुबल्गु देश की मुख्य नगरी।

खड्गासन – *Khaḍgāsana.*
A type of meditative relaxation, A posture of meditation, Salvation posture of Lord Mahavir.
कायोत्सर्ग ; दोनों हाथ लम्बे लटकाकर 4 अंगुल के अंतर से पगों को रखकर सीधा ध्यानरूप खड़ा होना। भगवान महावीर ने इसी खड्गासन मुद्रा से मोक्ष प्राप्त किया था।

खदिरसार – *Khadirasāra.*
Name of king Shrenik (in 3rd precedent birth).
एक भीलों का राजा जिसने मांस का त्याग किया था, पुनः

मरकर तीसरे भव में वही श्रेणिक राजा हुआ ।

खर कर्म – *Khara Karma.*
Injurious trades, to use animals in transportation etc.
प्राणियों को पीड़ा उत्पन्न करने वाले व्यापार । जैसे बोझा ढोना, तेल निकालना आदि ।

खरतरगच्छ – *Kharataragaccha.*
A group of *Shvetambar* Jain saints.
श्वेताम्बरों के विविध गच्छों में एक ।

खरदूषण – *Kharadūṣaṇa.*
The son of Meghprabh.
मेघप्रभ का पुत्र, रावण की बहन चंद्रनखा को हर कर उससे विवाह किया था ।

खरभाग – *Kharabhāga.*
A part of the *Ratnaprabha* earth of hell.
नरक की प्रथम पृथ्वी रत्नप्रभा के तीन भागों में प्रथम भाग । यह 16 हजार योजन मोटा एवं भवनवासी देवों का निवास स्थान है ।

खर्वट – *Kharvaṭa.*
One of the glories of *Chakravarti* (emperor), low-lying land of a mountain with having 200 villages.
चक्रवर्ती का 34 वां वैभव, पर्वत से वेष्ठित वसती, इसके अधीन दो सौ गांव होते हैं। अपरनाम कर्वट है ।

खल – Khala.
Wicked; vicious, Threshing-floor, store of unthreshed corn.
खलिहान, दुष्ट व्यक्ति ।

खलीनित – *Khalīnita.*
An infraction in the meditative relaxation.
कायोत्सर्ग का एक अतिचार; लगाम से पीड़ित घोड़ेवत् मुख को हिलाते हुए खड़े होना ।

खलूरिका – *Khalūrikā.*
Armoury, Archery learning place, Parade ground.
आयुधशाला, धनुर्विद्या सीखने का स्थान, परेड का मैदान ।

खांड – *Khāṁḍa.*
Unrefined and uncrystallized sugar.
कच्ची शक्कर, शुभ (पुण्य) कर्म प्रकृतियों के द्विस्थानीय अनुभाग का उदाहरण ।

खांसना – *Khāṁsanā.*
Coughing, To cough.
कफ आदि के कारण हवा को आवाज के साथ गले से बाहर फेंकना ।

खातफल – *Khātaphala.*
A measure unit, Volume.
क्षेत्रफल को गहराई से गुणा करने पर खात फल होता है ।

खातिका – *Khātikā.*
Name of the 2nd auspicious land of *Samavsharan* -the holy assembly of Jaina Lord.
समवशरण की द्वितीय भूमि ।

खाद्य – *Khādya.*
Edible materials, food, cereals etc.
खाने योग्य पदार्थ, लड्डू आदि ।

खारवेल – *Khāravela.*
A king of the family of *Kuru* of Kaling country (state).
कलिंग देश का कुरूवंशी राजा था ।

खारी – *Khārī.*
A measure unit.
तौल का प्रमाण विशेष ।

खुजली – *Khujalī.*
Itching, Eczema.
शरीर में सुरसुरी महसूस होना ।

खुर – *Khura.*
Hoof, A scented matter.
घोड़े के पद चिन्ह, एक प्रकार का सुगंधित द्रव्य ।

खुरपा – *Khurapā.*
A weeding or scraping instrument.
घास छीलने का एक औजार, जो संज्वलन कषाय माया की शक्ति का उदाहरण है ।

खेचर – *Khecara.*
Another name of Vidyadhars, moving through the sky.
विद्या के द्वारा आकाश में गमन करने वाले मनुष्य अर्थात् विद्याधर।

खेचर जीव – *Khecara Jīva.*
Vidyadhar—those proficient in super power by birth, Sky moving beings.
विद्याधर मनुष्य, आकाश में उड़ने वाले नभचर पक्षी आदि ।

खेचरनी – *Khecaranī.*
Another name of female Vidyadhars.
विद्याधर स्त्रियाँ ।

खेट – *Kheṭa.*
Area surrounded by mountains and rivers.
पर्वत और नदी से घिरा हुआ ग्राम, नगर ।

खेटक – *Kheṭaka.*
Villages, one of glories of *Baldev.*
गाँव, बलदेव के वैभवों में एक वैभव । 8000 खेटक बलदेव के अधीन होते हैं ।

खेद – *Kheda.*
Pain, Sorrow, Affliction.
अनिष्ट की प्राप्ति होना, दुख, शोक, अवसाद ।

खोह – *Khoha.*
The hollowness of a tree, A cave.
वृक्ष की कोटर; साधुओं के निवास या ध्यान योग्य स्थान ।

ख्याति – *Khyāti.*
Glory, Fame.
प्रसिद्धि, यश, कीर्ति, प्रतिष्ठा ।

ग

ग – *Ga.*
The third consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी लिपि का तीसरा व्यंजन अक्षर, इसका उच्चारण स्थान कंठ है ।

गंग – *Gaṁga.*
Name of an *Acharya* possessing knowledge of 10 *purvas* and 11 *angas.*
दस पूर्व और ग्यारह अंगधारी मुनियों में दसवें मुनि अपरनाम गंगदेव था, हस्तिनापुर के राजा गंगदेव का पुत्र ।

गंगकीर्ति – *Gaṁgakīrti.*
Name of a *Bhattarak* (learned person).
नंदी संघ बलात्कार गण के वारां गद्दी के एक भट्टारक ।

गंगदेव – *Gaṁgadeva.*
Name of an *Acharya* possessing knowledge of 10 *purvas* & 11 *angas.*
एक आचार्य जिनका नाम 'देव' था, भद्रबाहु प्रथम के पश्चात् दसवें, ११ अंग व पूर्वधारी हुए थे ।

गंगा – *Gaṁgā.*
The first river of Jambudvip among all 14.
जम्बूद्वीप की १४ महानदियों में प्रथम नदी, यह पद्म सरोवर के पूर्व द्वार से निकली है ।

गंगाकुंड – *Gaṁgākuṁda.*
A pool of *Bharat Kshetra* (region) from which the Ganga river originates.
भरत क्षेत्र स्थित एक कुंड जिसमें से गंगा नदी निकलती है ।

गंगाकूट – *Gaṁgākūṭa.*
A summit situated at '*Himvana*' mountain.
हिमवान् पर्वत स्थित एक कूट ।

गंगातट – *Gaṁgātaṭa.*
Bank of river, the 'Ganga'.
गंगा नदी का किनारा जहां से लक्ष्मण ने अनेक देवों एवं विद्याधर राजाओं को अपने वश में किया था ।

गंगादास – *Gaṁgādāsa.*
Disciple of Dharmachandra *Bhattarak.*
धर्मचन्द्र भट्टारक के शिष्य ई. सन् 1690-1693 सम्मेद विलास, सम्मेदशिखर पूजा, श्रुतस्कंध पूजा आदि के कर्ता ।

गंगादेवी – *Gaṁgādevī.*
A female deity of Gangakund and Gangakut.
गंगाकुण्ड तथा गंगाकूट की स्वामिनी देवी ।

गंगास्नान – *Gaṁgāsnāna.*
To take bath in the Ganga river.
गंगा नदी में जाकर स्नान करना ।

गंडविमुक्त देव – *Gaṁḍavimukta Deva.*
The disciple of Maghnandi Muni Kollapuriya.
माघनंदि मुनि कोल्हापुरीय के शिष्य तथा भानुकीर्ति व देवकीर्ति के गुरू थे । समय ई. 1133-1163 ।

गंध – *Gaṁdha.*
Smell, Odour, Scent, Fragrance.
जो सूंघा जाता है अर्थात् सुगन्ध या दुर्गंध ।

गंधअष्टमी व्रत – *Gaṁdha Aṣṭamī Vrata.*
A type of vow of long time fasting.
352 दिन तक कुल 288 उपवास तथा 64 पारणा ।

गंधकुटी – *Gaṁdhakuṭī.*
Seat of Lord in *Samavashran* - the holy assembly of Jaina Lord.
समवशरण के मध्य भगवान के बैठने का स्थान ।

गंधकूट – *Gaṁdhakūṭa.*
A summit situated at *Shikhari* mountain.
शिखरी पर्वत पर स्थित एक कूट ।

गंधदेव – *Gaṁdhadeva.*
A protector deity of *Nandishvar dvip* (island) and *Kshaudravar.*
नन्दीश्वर द्वीप तथा क्षौद्रवर का रक्षक देव ।

गंधनामकर्म – *Gaṁdhanāmakarma.*
Karma causing odourous body.
जिसके उदय से शरीर में गंध हो ।

गंधमादन (पर्वत) – *Gaṁdhamādana (Parvata).*
Name of a *Gajdant* mountain.
सुमेरु पर्वत की चारों दिशाओं में स्थित गजदन्त पर्वतों में से एक।

गंधमालिनी – *Gaṁdhamālinī.*
An area in western *Videh* (region), Name of a summit (*koot*) of *Devamal Vakshar* and its protecting deity, Name of a *Vibhanga* river of *Videh* (region).
अपर विदेह स्थित एक क्षेत्र, देवमाल वक्षार का एक कूट, देवमाल वक्षार गंधमालिनी कूट का रक्षक देव, विदेह क्षेत्र स्थित एक विभंगा नदी ।

गंधमाली – *Gaṁdhamālī.*
A deity of *Gandhmali* summit (*Koot*) of *Gandhmadan Gajdant* mountain.
गन्धमादन गजदन्त के गंधमाली कूट का स्वामी देव ।

गंधयंत्र – *Gaṁdhayaṁtra.*
A metallic plate engraved with some auspicious and mystic words.
एक मंत्र लिखित धातु की प्लेट ।

गंधर्व – *Gaṁdharva.*
Ruling demigod of Lord Kunthunath, An art of music.
कुन्थुनाथ का शासक यक्ष, संगीत विद्या ।

गंधर्वदेव – *Gaṁdharva Deva.*
A type of peripatetic deities.
व्यंतर देवों का एक प्रकार ।

गंधर्वनगर – *Gaṁdharva Nagara.*
A city of *Vidyadhars*, An illusory image of a city of clouds.
विद्याधरों की एक नगरी, मेघों से निर्मित काल्पनिक नगर।

गंधर्वपुर – *Gaṁdharvapura.*
A city in the north of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध पर्वत की उत्तर श्रेणी का एक नगर।

गंधर्वविवाह – *Gaṁdharva Vivāha.*
A kind of marriage conducted by mutual pledge.
इसमें स्त्री पुरूष स्वयं एक दूसरे को वर लेते हैं, कोई वैवाहिक विधि नहीं होती।

गंधर्व शास्त्र – *Gaṁdharva Śāstra.*
A book containing musical subject matter.
सौ से अधिक अध्यायों से युक्त गीत-वाद्य संम्बंधी तथ्यों का प्रतिपादक शास्त्र।

गंधर्वसेन – *Gaṁdharvasena.*
The father of the king Vikramaditya.
राजा विक्रमादित्य के पिता।

गंधवती – *Gaṁdhavatī.*
Name of a city & a summit (*koot*).
एक नगरी, शिखरी कुलाचल पर 9वां कूट।

गंधवान् – *Gaṁdhavān.*
Name of a mountain.
हैरण्यवत् क्षेत्र के मध्य में कूटाकार एक वैताढय पर्वत।

गंधव्यास – *Gaṁdhavyāsa.*
A summit (*koot*) of *Gajdant* mountain.
गजदन्त पर्वत का एक कूट।

गंधसमृद्ध – *Gaṁdhasamṛddha.*
A city in the south of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध पर्वत की दक्षिण श्रेणी का एक नगर।

गंधहस्ती महाभाष्य – *Gaṁdhahastī Mahābhāṣya.*
A book (Tatvarth Sutra Tika) written by *Acharya* Samant Bhadra.
आचार्य समंतभद्र (ई. श. 2) कृत तत्त्वार्थ सूत्र की एक टीका।

गंधा – *Gaṁdhā.*
An area of western *Videh* (region).
अपर विदेह स्थित एक क्षेत्र। अपरनाम वल्गु।

गंधार पन्नग – *Gaṁdhāra Pannaga.*
A type of *Nagkumar* deites.
नागकुमार भवनवासी देवों की एक जाति।

गंधारी – *Gaṁdhārī.*
A king of *Kuru* dynasty.
कुरु वंश का एक राजा।

गंधिला – *Gaṁdhilā.*
An area of western *Videh*, Name of a summit (*koot*) and protecting deity of *Devmal Vakshar.*
अपर विदेह स्थित एक क्षेत्र, देवमाल वक्षार का कूट व उसका देव।

गंधोदक – *Gaṁdhodaka.*
Sacred fragrant water (pertaining to anointment of a Jaina idol).
सुगंधित प्रासुक जल; भगवान के न्हवन (अभिषेक) से पवित्र जल।

गंधोदक वृष्टि – *Gaṁdhodaka Vṛṣṭi.*
One of the excellences of omniscient—showering of sacred fragrant water.
अर्हन्तों के केवलज्ञान के अतिशयों में एक; सुगन्धित जल वर्षा।

गंभीर – *Gaṁbhīra.*
Earnest, Sober, A type of peripatetic deities.
शांत, गहन, महोरग जाति के व्यंतर देवों की एक जाति।

गंभीर मालिनी – *Gaṁbhīra Mālinī.*
A river of western *Videh* (region).
अपर विदेह स्थित एक विभंगा नदी।

गंभीर शासन – *Gaṁbhīra Śāsana.*
Another name of Jain *Shasan.*
जैन शासन का एक नाम।

गंभीरा – *Gaṁbhīrā.*
A river of the east *Aryakhand* (region).
पूर्व आर्य खण्ड स्थित एक नदी।

गंभीरावर्त – *Gaṁbhīrāvarta.*
Name of a dominion 'conch' of *Chakravarti* (emperor).
चक्रवर्ती की विभूति 'शंख' का नाम।

गगनखंड – *Gaganakhaṁḍa.*
Part of sky.
नभ या आकाश खंड; जहां ज्योतिष देव अपनी-अपनी परिधियों में पंक्तिरूप से संचार करते हैं।

गगनचन्द्र – *Gagana Candra.*
Name of spiritual initiator of 'Bali'.
सुग्रीव के भाई बाली के दीक्षा गुरु।

गगनचरी – *Gaganacarī.*
A city in the south of *Vijayardh* mountain, Those who move in the sky.
विजयार्ध पर्वत की दक्षिण श्रेणी का एक नगर, आकाश में गमन करने वाले विद्याधर।

गगन नंदन – *Gagana Naṁdana.*
A city in the north of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध पर्वत की उत्तर श्रेणी का एक नगर।

गगनानंद – *Gaganānaṁda.*
A king of *Vanar* dynasty.
वानर वंश का एक राजा।

गच्छपद – *Gacchapada.*
Number of terms.
कई पद।

गच्छप्रतिबद्ध – *Gaccha Pratibaddha.*
An auspicious method for holy death or voluntary death.
सल्लेखना धारण विधि का एक प्रकार।

गच्छ विनिर्गति – *Gaccha Vinirgati.*
See - *Gaccha Pratibaddha.*
देखें - गच्छ प्रतिबद्ध।

गज – *Gaja.*
Elephant, 29th *Patal* (layer) and *Indrak* of *Saudharm* heaven,One of the live jewels of *Chakravarti* (emperor) in all 14, An area measurement unit.
हाथी, सौधर्म स्वर्ग का २९वां पटल व इन्द्रक, चक्रवर्ती के १४ रत्नों में से एक सजीव रत्न, क्षेत्र का प्रमाण विशेष इसे किष्कु भी कहते हैं।

गजकुमार – *Gajakumāra.*
The son of Vasudeva and younger brother of Krishna.
अन्तकृत केवली वसुदेव का पुत्र, कृष्ण का अनुज, विरक्त होने पर जिसके ससुर सोमशर्मा ने क्रोधाग्नि के कारण सिर पर जलती हुई सिगड़ी रखी थी।

गजदंत – *Gajadaṁta.*
Mountains having the shape of elephant teeth.
विदेह क्षेत्र में सुमेरू पर्वत की चारों दिशाओं में सौमनस, विद्युत्प्रभ, माल्यवान, गन्धमादन नामक चार गजदंताकार पर्वत।

गजपंथा (तीर्थ) – *Gajapaṁthā (Tīrtha).*
Name of a Digambar Jaina place of pilgrimage near Nasik city of Maharashtra. Seven Balbhadras and 8 crore Munis got salvation from here.
नासिक (महाराष्ट) के निकट एक सिद्धक्षेत्र (तीर्थ) - यहां से बलभद्र आदि ८ करोड़ मुनि मोक्ष गये हैं।

गजपुर – *Gajapura.*
A city of *Bharat Kshetra* (region, Another name of Hastinapur.
भरत क्षेत्र का एक नगर। हस्तिनापुर का अपरनाम।

गजबाण – *Gajabāṇa.*
An arrow having divine power.
विद्यामय बाण, इसे सिंहबाण से रोका जाता ह।

गजवती – *Gajavatī.*
A river of *Varun* mountain in *Bharat kshetra* (region).
भरत क्षेत्र के वरुण पर्वत पर स्थित एक नदी।

गजवाहन – *Gajavāhana.*
A king of *Kuru* dynasty.
कुरुवंश का एक राजा।

गजस्नान – *Gajasnāna.*
Elephant bath, continuity in bondage of *karmas* with their regular destruction.
हाथी का स्नान करना, कर्म निर्जरा होने पर पुनः पुन: कर्म बंध होने की स्थिति को भी गजस्नान की उपमा दी गई है। क्योंकि जैसे हाथी स्नान करके पुनः अपनी सूंड से ही धूल को अपने ऊपर डाल लेता है, उसी प्रकार गृहस्थ श्रावक भी कुछ पाप कर्मों की निर्जरा करके पुनः पुनः पापों का संचय करता है, उसकी इसी अवस्था को गजस्नान की उपमा दी गई है।

गजस्वन – *Gajasvana.*
Name of an assisting devotee of Ram (a *Vidyadhar).*
राम का सहायक एक विद्याधर। यह विद्याधरों का महारथी था।

गजांकित ध्वजा – *Gajāṁkita Dhvajā.*
A type of flag of *Samavsharan*-having the figure of elephant.
समवशरण में दस प्रकार की ध्वजाओं में एक ध्वजा। इस पर गज की आकृति चिन्हित होती है।

गजारात्यारात्राव – *Gajārātyārāva.*
Resonance/roaring of lion.
सिंहनाद; जिन (तीर्थंकर) जन्म सूचक चतुर्विध ध्वनियों में एक ध्वनि।

गण – *Gaṇa.*
Group of three (saints etc).
तीन चिरदीक्षित साधुओं का समूह, वृद्ध मुनियों का समुदाय (धवला एवं राजवार्तिक के अनुसार)।

गणग्रहण क्रिया – *Gaṇagrahaṇa Kriyā.*
An act of consecration—departing of passionful deities and installing passionless deities.
दीक्षान्वय क्रियाओं की चौथी क्रिया; नया दीक्षित जैनी अपने घर से रागी देवों को विदाकर वीतराग देव की पूजा व स्थापना करता है।

गणधर – *Gaṇadhara.*
Chief disciple (*Gandhar*) of *Teerthankar* (Jaina Lord).
तीर्थंकर के प्रमुख शिष्य, इनके अन्य नाम गणी, गणीश, गणपति, गणेश आदि भी हैं। ये समस्त श्रुत के पारगामी, सातों ऋद्धियों के धारक, मुनियों के स्वामी एवं चार ज्ञानधारी होते हैं।

गणधरकीर्ति – *Gaṇadharakīrti.*
Disciple of *Acharya* Kuvalayachandra.
ई.सन् 1132 में आचार्य कुवलयचन्द्र के शिष्य।

गणधरवलय यंत्र – *Gaṇadharavalaya Yaṁtra.*
A type of metallic plate engraved with some auspicious and mystic words.
धातु की एक मंत्र लिखित प्लेट।

गणधरवलय विधान – *Gaṇadharavalaya Vidhāna.*
Name of a worshipping composition composed by Ganini Shri Gyanmati Mataji.
'णमो जिणाणं' आदि गणधरवलय मंत्रों पर आधारित पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा लिखित एक पूजन विधान।

गणधरवलय व्रत – *Gaṇadharavalaya Vrata.*
A type of vows to be observed for particular 48 days in the reverence of particular 48 Mantras.
णमो जिणाणं आदि गणधर वलय के ४८ मंत्र हैं इनके ४८ व्रत

किये जाते हैं यही गणधरवलय व्रत कहलाते हैं।

गणनकृति – *Gaṇanakṛti.*
A type of squaring (reg. counting).
कृति का एक भेद।

गणना – *Gaṇanā.*
Counting, Calculation.
गिनती करना, हिसाब लगाना।

गणनाथ भक्ति – *Gaṇanātha Bhakti.*
Adoring of *Acharya* saints.
आचार्य भक्ति; सोलह कारण भावनाओं में एक भावना।

गणनानंत – *Gaṇanānaṁta.*
Numerical infinite counting.
अनंत गणना।

गणना प्रमाण – *Gaṇanā Pramāṇa.*
Mathematical calculation (reg. measurement).
लौकिक एवं लोकोत्तर मान, लौकिक मान 6 प्रकार का एवं लोकोत्तर मान द्रव्य क्षेत्र आदि की अपेक्षा से 4 प्रकार का है।

गणना संख्यात – *Gaṇanā Saṁkhyāta.*
Mathematical calculation (according to Jaina philosophy).
जैन दर्शन के अनुसार एक गणितीय प्रमाण।

गणपोषण काल – *Gaṇapoṣaṇa Kāla.*
Nurturing period of disciples under *Acharyas.*
दीक्षादि 6 कालों का एक भेद; आचार्य का निश्चय व्यवहार काल में स्थित होकर शिष्यगणों का पोषण करना।

गणबद्ध – *Gaṇabaddha.*
A type of peripatetic deities.
चक्रवर्ती की निधि और रत्नों की रक्षा करने वाले 16000 गणबद्ध जाति के व्यंतरदेव।

गणवर्द्धन – *Gaṇavarddhana.*
Expansion of the community members.
धर्म अनुयायियों की वृद्धि करना।

गणाधिप – *Gaṇādhipa.*
Religious preceptor.
धर्माचार्य।

गणिका – *Gaṇikā.*
Serving female deity of *Indras* with enchanting gestures.
महत्तरी (विशेष देवियाँ) - जो देवों में एक एक इन्द्र की दो-दो होती हैं।

गणिका – *Gaṇikā.*
Prostitute.
वेश्या (वेश्या को नगरवधू, लज्जिका, रूपाजीवा, विलासिनी, गणिका आदि नामों से जाना जाता है)।

गणित – *Gaṇita.*
A branch of study - Mathematics, Arithmetic.
अंक विद्या, एक लौकिक विषय जिसका उपयोग सर्वत्र आगम आदि में होता है।

गणितज्ञ – *Gaṇitajña.*
Mathematician, An astronomer.
गणित विषय का जानकार या ज्ञाता।

गणितधारा – *Gaṇitadhārā.*
Mathematical sequences.
गणित का एक भाग।

गणित परिकर्म – *Gaṇita Parikarma.*
A kind of Drishtivad Anga containing mathematical contents.
12वें दृष्टिवाद अंग का एक भेद, जिसमें गणित के करण सूत्रों का वर्णन है।

गणितशास्त्र – *Gaṇitaśāstra.*
Mathematics.
गणित।

गणितसारसंग्रह – *Gaṇitasārasaṁgraha.*
A book witten by Mahaviracharya.
महावीराचार्य (ई. 800-830) द्वारा रचित एक गणित विषयक ग्रंथ।

गणिनी – *Gaṇinī.*
Chief in Aryikas (Digambar Jain female ascetics). There are 24 Ganinis (Chief Aryikas) in all 24 holy assemblies of Tirthankars (Jaina Lords).
जैनाचार्यों के समान ही आर्यिका का एक प्रमुख पद जो शिष्याओं को शिक्षा-दीक्षा देकर आर्यिका संघ का संचालन करती हैं। मुनियों के समान आर्यिकाओं के भी २८ मूलगुण होते हैं और वे उपचार से महाव्रती कही जाती हैं। इसी प्रकार आचार्य के समान गणिनी के भी ३६ मूलगुण होते हैं। गणी शब्द गणधर या आचार्य पद के लिए प्रयुक्त होता है उसी से आर्यिका प्रमुख के लिए गणिनी शब्द बना है। तीर्थंकर के समवसरण में मुनियों में प्रमुख गणधर एवं आर्यिकाओं में प्रमुख गणिनी होती हैं। २४ तीर्थंकरों की २४ गणिनी माताओं के नाम क्रमशः - ब्राह्मी, प्रकुब्जा, धर्मार्या, मेरूषेणा, अनंतमती, रतिषेणा, मीनार्या, वरुणा, घोषार्या, धरणा, धारणा, सेनार्या, पद्मा, सर्वश्री, सुव्रता, हरिषेणा, भाविता, यक्षिला, बंधुषेणा, पुष्पदंता, मंगिनी, राजीमती (राजुलमती), सुलोचना एवं चन्दना।

गणिमान – *Gaṇimāna.*
Counting.
लौकिकमान। एक-दो-तीन आदि गणना।

गणी – *Gaṇī.*
(1) Gandhar (chief disciple of Tirthankar). (2) A knower of 11 *Angas* (parts of super knowledge). (3) Head of *Gana* or ascetic group.
१) गणधर देव, इसी के अर्थवाची अन्य शब्द गणीश, गणेश, गणपति आदि भी हैं। २) ग्यारह अंग का ज्ञाता। ३) साधु संघ का प्रमुख।

गणोपग्रहण क्रिया – *Gaṇopagrahaṇa Kriyā.*
An auspicious activity of providing spiritual knowledge, vows etc.
गर्भान्वय की 53 क्रियाओं में 28 वीं क्रिया ; इसमें आचार्य श्रुतार्थियों को श्रुताभ्यास, दीक्षार्थियों को दीक्षा और धर्मार्थियों को धर्म का ज्ञान देते हैं।

गतदेह – *Gatadeha.*
Bodiless salvated soul (Lord Siddha).
अशरीरी सिद्ध भगवान।

गतभ्रम – *Gatabhrama.*
A king of *Rakshas* dynasty.
राक्षस वंश का एक राजा।

गति – *Gati.*
Movement, motion, Destinity, body form i.e. form of the body (of beings) in which one (soul) exists.
चाल, गति नाम कर्म के उदय से जो पर्याय हो; नरक, तिर्यंच, मनुष्य व देव ये जीवों की ४ गतियां हैं।

गति-अगति (सामान्य) – *Gati-Agati (Sāmānya).*
Probability of getting any body form (Gati) by transmigration.
किस स्थान से मरकर किस गति में जीव उत्पन्न हो सकता है और किसमें नहीं।

गति-अगति (गुण प्राप्ति) – *Gati-Agati (Guṇa Prāpti).*
Possibility of virtues in different body forms (Gatis).
किस गति से किस गति में उत्पन्न जीव कौन-कौन से गुण उत्पन्न करने के योग्य हो सकता है।

गति-अगति (गुणस्थान प्राप्ति) – *Gati-Agati (Guṇa Sthāna Prāpti).*
Probability of getting any body form (Gati) after dying from one spiritual stage (*Gunsthan*).
गुणस्थान से गति सामान्य अर्थात् किस गुणस्थान से मरकर जीव किस गति में उत्पन्न हो सकता है और किसमें नहीं।

गति द्विक – *Gati Dvika.*
Dyad of Karmic nature related to Gati.
गति, गत्यानुपूर्वी (जैसे-तिर्यंच गति, तिर्यंच गत्यानुपूर्वी आदि)।

गतिनामकर्म प्रकृति – *Gatināmakarma Prakṛti.*
Karmic nature causing any Gati.
जिस कर्म के उदय से जीव मनुष्य, तिर्यंच, देव व नरक गति को प्राप्त करता है।

गति परिणाम – *Gati Pariṇāma.*
Nature to go upwards (pre-salvation stage).
जीव की ऊर्ध्वगति के स्वभाव का एक भेद।

गति परिष्पन्द – *Gati Pariṣpanda.*
Vibrational motion.
बाह्य अभ्यंतर निमित्त के वश उत्पन्न होने वाला काय का परिस्पंदन।

गति प्रायोग्य – *Gati Prāyogya.*
Experimental motion.
गति का एक भेद; बाण चक्र आदि की गति।

गति प्रायोग्यानुपूर्वी – *Gati Prāyogyānupūrvī.*
Pretransmigratory succession of one's body.
विग्रहगति में पूर्व शरीर का आकार विनाश नहीं होना।

गतिबन्धाभाव – *Gatibandhābhāva.*
Lack of binding of any Karmic nature related to any Gati for the next birth (i.e. lack of transmigration), Motion without constraint.
आगे के भव के लिए चारों गतियों के बन्ध का अभाव होना, गति का एक भेद; एरण्ड बीज आदि की गति।

गतिभ्रमण काल – *Gatibhramaṇa Kāla.*
Wandering period of five sensed beings (reg. body forms).
पंचेन्द्रियों में कुल परिभ्रमणकाल पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक 1000 सागर प्रमाण हैं।

गतिमार्गणा – *Gatimārgaṇā.*
Investigation of beings in different body forms.
चार गतियों में जीवों की खोज, इनमें सर्व संसारी जीव मिल जावेंगे।

गतिलघुत्व – *Gati Laghutva.*
Levitational motion.
गति का एक भेद; तुंबड़ी रूई आदि की (ऊपर जाने वाली) गति।

गतिहीन – *Gatihīna.*
Static, Steady.
गतिरहित; सिद्ध परमेष्ठी या धर्म-अधर्म-आकाश-काल द्रव्य।

गदा – *Gadā.*
A club, an Indian weapon.
एक तरह का भारतीय अस्त्र।

गदा विद्या – *Gadā Vidyā.*
A type of supernatural power (causing glory, victory etc.).
एक विद्या, इससे युद्ध में जय और कीर्ति मिलती है।

गद्यकथाकोष – *Gadyakathākoṣa.*
Name of a book (treatise).
एक ग्रन्थ का नाम।

गद्यचिन्तामणि – *Gadyacintāmaṇi.*
A book written by *Acharya* Vadeebh Singh.
आचार्य वादीभसिंह ओडय देव (ई. ७७०-८६०) द्वारा रचित एक ग्रंथ।

गमक – *Gamaka.*
Informer, Counsellor.
संकेतक, सुझाव देने वाला।

गमन – *Gamana.*
Migration.
एक स्थान से दूसरे स्थान जाना।

गमनहेतुत्व – *Gamanahetutva.*
Cause of migration.
एक स्थान से दूसरे स्थान जाने में कारण।

गमनागमन तप – *Gamanāgamana Tapa.*
An austerity (physical mortification) journey on foot to pilgrimage without stoppage.
कायक्लेश-तीर्थादि एक स्थान से दूसरे स्थान जाना और बिना विश्रांति के स्वस्थान लौट आना ।

गया – *Gayā.*
Name of a place in Bihar state (a place of pilgrimage).
बिहार प्रांत में एक स्थान का नाम ।

गरिमा – *Garimā.*
Excellence, A type of supernatural power of making miraculously heavy body.
ऋद्धि; जिस ऋद्धि के प्रभाव से वज्र से भी गुरूतर अर्थात् भारी शरीर बनाया जा सके ।

गरिष्ठ रस – *Gariṣṭha Rasa.*
Fatty foods (reg. edibles).
घृत आदि से बने सभी पदार्थ गरिष्ठ रस कहलाते हैं।

गरुड़ – *Garuṛa.*
Ruling demigod of Jaina Lord Shantinath, 4th *Patal* (layer) of *Sanatkumar* heaven, Eagle or a large vulture.
शांतिनाथ भगवान का शासन यक्ष। सनत्कुमार स्वर्ग का चौथा पटल। एक विशालकाय पक्षी।

गरुड़ध्वज – *Garuṛadhvaja.*
Name of a city in the south of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की दक्षिणश्रेणी का एक नगर ।

गरुडपंचमी व्रत – *Garuṛapaṁcamī Vrata.*
A type of vow to be observed in *Shravan* month.
पांच वर्ष तक प्रतिवर्ष श्रावण शु. ५ का उपवास ।

गरुड़यंत्र – *Garuṛayaṁtra.*
A space vehicle.
आकाशगामी एक वाहन।

गरुड़वाहिनी – *Garuṛavāhinī.*
A type of divine power to fly over the sky.
एक विद्या, इससे आकाश में गमन होता है ।

गरुड़व्यूह – *Garuṛavyūha.*
A kind of strategy (reg. army).
एक विशिष्ट सैन्य-व्यूह, ऐसी रचना चक्रव्यूह को भंग करने के लिए की जाती है।

गरुडेंद्र – *Garuṛeṁdra.*
A celestial deity (*Indra*).
एक इन्द्र; वंशधर पर्वत पर पूर्वभव के पुत्र देशभूषण व कुलभूषण मुनियों का राम लक्ष्मण द्वारा उपसर्ग निवारण किये जाने पर गरुडेन्द्र ने उनको संकट के समय रक्षा का वर दिया।

गर्दतोय – *Gardatoya.*
A division of special heavenly deities (Laukantik).
लौकान्तिक देवों का एक भेद ।

गर्भकल्याणक – *Garbhakalyāṇaka.*
An auspicious event (celebration of state of conception of *Tirthankar* - Jaina Lord).
भगवान के पांच कल्याणकों में एक अर्थात् भगवान् का गर्भ में आना । इस समय भगवान की माता १६ स्वप्न देखती हैं।

गर्भगृह – *Garbhagṛha.*
Confinement room, Sanctum, a sacred place or shrine cell.
मंदिर के बीच का प्रधान भाग जिसमें मुख्य भगवान की प्रतिमा रखी जाती है, भवनवासी देवों के भवनों में एक गृह ।

गर्भज – *Garbhaja.*
Those born by uterus, Uterine born.
जो तिर्यंच, मनुष्य माता के रज व पिता के वीर्य के संबंध से पैदा हों। जरायुज, अण्डज, पोत ये तीन गर्भजन्म के भेद हैं ।

गर्भाधान क्रिया – *Garbhādhāna Kriyā.*
Conception procedure, an auspicious act of householders.
गर्भान्वय की 53 क्रियाओं में पहली क्रिया। विशेष देखें- आदिपुराण।

गर्भान्वय क्रिया – *Garbhānvaya Kriyā.*
53 types of auspicious activities (conception procedure etc.)
गर्भाधान आदि 53 क्रियायें ।

गर्व – *Garva.*
Pride, Conceit, Arrogance.
घमंड, मान कषाय ।

गर्हण – *Garhaṇa.*
Blaming self, Censuring self.
निंदा; सम्यग्दृष्टि, व्रती का अपने दोषों के प्रति निंदन गर्हण करना ।

गर्हा – *Garhā.*
Confessing own faults before the spiritual teacher.
गर्हण, गुरू के समक्ष अपने दोष प्रगट करना ।

गर्हित वचन – *Garhita Vacana.*
Despised speech, Contemptible or ignoble words.
कर्कश-वचन, निष्ठुर भाषण, पैशुन्य वचन आदि ।

गलितावशेष – *Galitāvaśeṣa.*
Decaying of remainders.
गुणश्रेणी आयाम के द्वितीयादि समयों में गुणश्रेणी आयाम क्रम से एक एक निषेक की घटती होना ।

गवेषणा – *Gaveṣaṇā.*
Investigation, Search.
अन्वेषण, खोज, मार्गणा ।

गव्यूति – *Gavyūti.*
A traditional measurement unit.
एक कोस या दो मील की दूरी का माप ।

गांगेय – *Gāṁgeya.*
A king of *Kuru* dynasty.
कुरुवंश का एक राजा ।

गांधर्व विवाह – *Gāṁdharva Vivāha.*
See - *Gaṁdharva Vivāha.*
देखें - गंधर्व विवाह ।

गांधार – *Gāṁdhāra.*
A vowel, Present Afaganistan, West side of Jahalum of Punjab, A country of *Bharat kshetra* in *Arya khand* (a region).
एक स्वर, वर्तमान कंधार या अफगानिस्तान देश, पंजाब के जहलुम से पश्चिम का भाग, भरत क्षेत्र आर्य खण्ड का एक देश।

गांधार (कूट) – *Gāṁdhāra (Kūṭa).*
A summit of *Shikhari* mountain.
शिखरी पर्वत पर स्थित एक कूट ।

गांधारी – *Gāṁdhārī.*
Ruling female demigod of Lord Vasupujyanath, Name of the wife of Dhritrashtra.
भगवान वासुपूज्य की शासन यक्षिणी, धृतराष्ट्र की पत्नी।

गाय – *Gāya.*
Cow, A type of listener.
एक पशु, श्रोता का एक भेद; जैसे गाय तृण खाकर दूध देती है, वैसे ही जो श्रोतागण थोड़ा उपदेश सुनकर बहुत लाभ लिया करते हैं ।

गारव – *Gārava.*
Pride, Arrogance.
गर्व या बड़प्पन होना; यह तीन प्रकार का है-ऋद्धि गारव, रस गारव, सात गारव।

गारुड़ तत्त्व – *Gāruṛa Tattva.*
Soul as an ultimate being.
आत्मा; विद्वानों ने इसे शिव, गरुड़ व काम कहा है क्योंकि यह आत्मा ही गुणरूपी रत्नों का समूह है ।

गारुड़ी विद्या – *Gāruṛī Vidyā.*
Knowledge which removes the venomous effect by incantation.
सर्प का विष उतारने वाली विद्या ।

गारुत्मणि – *Gārutmaṇi.*
A type of gem causing the removal of the effect of snake poison.
सर्प के विष को दूर करने वाली गरुड़ मणि।

गार्ग्य – *Gārgya.*
One follower of non-activism.
एक अक्रियावादी ।

गार्हपत्य – *Gārhapatya.*
A sacred fire.
अग्निकुमार देव के मुकुट से उत्पन्न हुई तीन प्रकार की अग्नियों में से एक अग्नि; जो तीर्थंकर के निर्वाणोत्सव में तीर्थंकर के शरीर का संस्कार करके पूजा का अंग होकर पवित्र मानी जाती है ।

गार्हपत्य (कुंड) – *Gārhapatya (Kuṁḍa).*
Sacrificial pit of fire.
होम करते हुए जो तीर्थंकर की निर्वाण की अग्नि की स्थापना रूप चौकोर कुंड बनाया जाता है ।

गिरनार (तीर्थ) – *Giranāra (Tīrtha).*
Name of a place of pilgrimage, from where Lord Neminath got salvation. It is situated in Gujarat state.
गुजरात प्रांत में स्थित भगवान नेमिनाथ की निर्वाणभूमि के नाम से प्रसिद्ध एक तीर्थ। जूनागढ में राजुल को ब्याहने हेतु बारात लेकर आये नेमिनाथ को पशु बंधन देखकर वैराग्य हो गया था, अतः उन्होंने वहां से सीधे गिरनार पर्वत पर जाकर दीक्षा धारण की, पुनः केवलज्ञान प्राप्तकर वहीं से मोक्ष प्राप्त किया। नेमिनाथ को दीक्षित देखकर राजुल ने भी वहीं आर्यिका दीक्षा लेकर तप किया। आचार्य श्री कुंदकुंद स्वामी ने अपने संघ के साथ गिरनार पर्वत की वंदना की। उनके प्रभाव से पर्वत पर विराजमान पाषाण की अम्बिका देवी ने ''सत्यपंथ निर्ग्रंथ दिगम्बर'' शब्द का तीन बार उच्चारण किया था।

गिरि – *Giri.*
A mountain, Name of the kings of *Yadu & Hari* dynasties.
पर्वत, यदु (यादव) वंश एवं हरिवंश के राजाओं का नाम ।

गिरिकूट – *Girikūṭa.*
A mountain of *Bharat Kshetra* (a region) near *Eravati* river.
ऐरावती नदी के पास स्थित भरत क्षेत्र का एक पर्वत ।

गिरिकूटक – *Girikūṭaka.*
Name of a high palace of Bharat Chakravarti.
भरत चक्रवर्ती का एक बहुत ऊंचा राजमहल ।

गिरिदारिणी – *Giridāriṇī.*
A divine power possessed by 'Ravan'.
रावण को प्राप्त एक विद्या ।

गिरिपात – *Giripāta.*
Falling from a precipice (steep mountain etc.)
पर्वत से गिरना, लोकमूढ़ता; धर्म लाभ मानकर पर्वत से गिरना।

गिरिशिखर – *Giriśikhara.*
A city in the north of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध पर्वत की उत्तर दिशा का एक नगर ।

गीतरति – *Gītarati.*
A type of peripatetic deities.
गंधर्व जाति के व्यंतर देवों का एक भेद ।

गीतरस – *Gītarasa.*
See - *Gītarati.*
देखें - गीतरति ।

गीतवीतराग – *Gītavītarāga.*
Name of a book.
ऋषभदेव भगवान के 10 जन्म पर लिखित एक ग्रंथ ।

गुंजाफल – *Guṁjāphala.*
A traditional weighing unit.
तौल का एक प्रमाण, 2 धान्यमाण फल = 1 गुंजाफल ।

गुड़ – *Guṛa.*
Lump of raw sugar, an example for the fruition of meritorious Karmas.
गन्ने के रस से बना एक मीठा पदार्थ, पुण्य कर्म प्रकृतियों के अनुभाग का एक उदाहरण ।

गुण – *Guṇa.*
Virtues, Attributes, Merits.
पूरे द्रव्य में जो व्यापक हो व द्रव्य के साथ सर्व पर्यायों में पाया जावे । द्रव्य के साथ सहभावी हो ।

गुणक – *Guṇaka.*
A multiplier, A factor.
जिस राशि द्वारा किसी अन्य राशि का गुणा किया जाये ।

गुणकार – *Guṇakāra.*
Effective, Potential, Efficient.
गुणकवत् ।

गुणकीर्ति – *Guṇakīrti.*
Name of an *Acharya* saint and a poet.
श्रेणिक पुराण, पद्मपुराण आदि के रचयिता एक मराठी कवि, देशीयगण के आचार्य (ई. 990-1045)।

गुण गुणी भेद – *Guṇa Guṇī Bheda.*
Distinction between the virtues & the virtuous one.
भेद स्वभाव; गुणगुणी में संज्ञा, संख्या, लक्षण और प्रयोजन की अपेक्षा भेद ।

गुणगुरु – *Guṇaguru.*
Perfect or virtuous chief saint.
गुणों में प्रधान गुरू ।

गुणचन्द्र – *Guṇacandra.*
Name of an *Acharya* saint.
ई.सन् 1556-96 में आचार्य यशकीर्ति के शिष्य जिन्होंने मौनव्रत कथा नामक ग्रंथ की रचना की ।

गुणत्व – *Guṇatva.*
State with qualities.
सम्पूर्ण गुणों में रहने वाला ।

गुणदोष – *Guṇadoṣa.*
Virtues and vices.
सविचार भक्तप्रत्याख्यान विधि के 40 अधिकारों में 24 वां अधिकार; आलोचना के गुण दोषों का वर्णन ।

गुणधर – *Guṇadhara.*
Name of an *Acharya.*
एक आचार्य, लोहाचार्य के शिष्य (ई.श.1 पूर्वपाद), जिन्होंने कषायपाहुड़ ग्रंथ की रचना की।

गुणधरकीर्ति – *Guṇadharakīrti.*
A disciple of *Acharya* Kuvalaychandra.
आचार्य कुवलयचंद्र के शिष्य (ई.सन्1132)।

गुणनन्दि – *Guṇanandi.*
A disciple of *Acharya* Jainandi.
आचार्य जयनन्दि के शिष्य तथा वज्रनन्दि के गुरू (ई.४३६-४४२)।

गुणन – *Guṇana.*
Multiplication.
गुणा करना ।

गुणनिमित्तक ज्ञान – *Guṇanimittaka Jñāna.*
Clairvoyance originated due to the subsidence & destruction of Karmas.
गुणप्रत्यय अवधिज्ञान; जो अवधिज्ञान क्षयोपशम, व्रत, नियम आदि के कारण होता है ।

गुणनिमित्तक नाम – *Guṇanimittaka Nāma.*
The names like Krishna, Mahavira etc. which are pronounced to express virtues.
ऐसे नाम जो गुणों के निमित्त से व्यवहार में आते हैं, जैसे कृष्ण, महावीर आदि ।

गुणपरावर्तन – *Guṇaparāvartana.*
Transmission from one *Gunsthan* (spiritual stage) to another.
एक विवक्षित गुणस्थान से अविवक्षित गुणस्थान रूप परावर्तन ।

गुणपर्याय – *Guṇaparyāya.*
Categories (*Paryay*) known due to having variations in virtues.
जिन पर्यायों में गुणों के द्वारा अन्वयरुप एकत्व का ज्ञान होता है।

गुणप्रत्यासत्ति – *Guṇapratyāsatti.*
Mutual acceptance with virtues.
संयोगसंबंध; गुणों द्वारा परस्पर एक दूसरे को ग्रहण करना ।

गुणबन्धकथा – *Guṇabandhakathā.*
Defamatory gossip.
अवगुणों को कहने वाली विवेचना ।

गुणभद्र – *Guṇabhadra.*
Name of *Acharyas*, disciple of *Acharya* Jinsen (II) etc.
आचार्य जिनसेन द्वितीय के शिष्य ई. 870-910 उत्तरपुराण आदि के कर्ता इस नाम के और भी कुछ आचार्य हुए ।

गुणभद्र भट्टारक – *Guṇabhadra Bhaṭṭāraka.*
The writer of religious treatise (Dhanyakumar charit etc).
पूजा कल्प, धन्यकुमार चरित आदि के कर्ता ।

गुणभूषण – *Guṇabhūṣaṇa.*
Name of a poet, the writer of 'Shravkachar'.
कवि; भव्यजन चित्तवल्लभ, श्रावकाचार आदि के कर्ता ।

गुणयोग – *Guṇayoga.*
Virtues (conscious or unconscious) causing the formation of matters.
अचित्त या सचित्त गुण जिनसे पुद्गल आदि द्रव्यों का योग होता है ।

गुणयोनि – *Guṇayoni.*
Basic place of birth (reg. body form).
जीवों के शरीर ग्रहण का आधार रूप स्थान; ये गुणों की अपेक्षा 9 प्रकार की होती है ।

गुणरत्नाचार्य – *Guṇaratnācārya.*
Name of an *Acharya* saint.
आचार्य; षट्दर्शन समुच्चय टीका के कर्ता ।

गुणवर्म – *Guṇavarma.*
Name of a poet, the writer of 'Pushpadant Puran'.
पुष्पदंतपुराण के कर्ता, कर्नाटक के एक जैन कवि (ई.1230) ।

गुण वृद्धि – *Guṇa Vṛddhi.*
Increasing series (in properties).
गुणाकार रूप अधिक अधिक द्रव्य जिसमें पाया जाये ।

गुणव्रत – *Guṇavrata.*
Vows which increase virtues.
गुणों को बढ़ाने वाले तथा अणुव्रतों का उपकार करने वाले व्रत, दिग्व्रत, देशव्रत, अनर्थदण्डव्रत ।

गुणश्रेणी – *Guṇaśreṇī.*
Multiple progression.
गुणकार रूप जहां कर्म के निषेकों में श्रेणीरूप क्रम से कर्म द्रव्य दिया जाये ।

गुणश्रेणी आयाम – *Guṇaśreṇī Āyāma.*
Multiple progression length.
गुणश्रेणी के कर्म निषेकों का प्रमाण ।

गुणश्रेणी निक्षेपण – *Guṇaśreṇī Nikṣepaṇa.*
Multiple progression injection.
द्वितीयादि समयों में असंख्यात गुणा द्रव्य अपकर्षण कर उदयावली एवं गुण श्रेणी आयाम में निक्षेपण करना ।

गुणश्रेणी निर्जरा – *Guṇaśreṇī Nirjarā.*
Multiple progression dissociation.
जब कर्मों की निर्जरा प्रतिसमय क्रमशः असंख्यात गुणी संख्यात हो तो इसे गुणश्रेणी निर्जरा कहते हैं ।

गुणश्रेणी शीर्ष – *Guṇaśreṇī Śīrṣa.*
Multiple progression top.
सम्यक्त्व प्रकृति के अंतिम स्थितिकांडक की जब तक जघन्य स्थिति का अंतिम समय प्राप्त नहीं होता है वह स्थिति गुणश्रेणी शीर्ष कहलाती हैं ।

गुणसंक्रमण – *Guṇasaṁkramaṇa.*
Transition of *karmic* particles into different natures.
समय समय गुणकार के क्रम से कर्म परमाणु पलट कर अन्य प्रकृति रूप होना ।

गुणसमुदाय – *Guṇasamudāya.*
Accumulation of virtues (related to matters).
द्रव्य का लक्षण । गुणों का समुदाय द्रव्य होता है ।

गुणसागर (मुनि) - Guṇasāgara (Muni).
Name of a saint, the disciple of Acharya Shri Dharmasagar Maharaj.
चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के तृतीय पट्टाधीश आचार्य श्री धर्मसागर जी महाराज के एक प्रभावक शिष्य (ई.श. २०-२१) ।

गुणसेन – *Guṇasena.*
A disciple of *Acharya* Veersen Swami.
आचार्य वीरसेन स्वामी के शिष्य (ई. 1073) ।

गुणस्थान – *Guṇasthāna.*
Stage of spiritual development.
मोह और मन, वचन, काय की प्रवृत्ति के कारण जीव के परिणामों में प्रतिक्षण होने वाले उतार चढ़ाव को गुणस्थान कहते हैं ।

गुणहानि – *Guṇahāni.*
Decreasing series in virtues.
जिसमें गुणाकार रूप हीन द्रव्य पाया जाता है ।

गुणहानि आयाम – *Guṇahāni Āyāma.*
Number of instant in one *Gunahani.*
एक गुणहानि के समय के समूह को गुणहानि आयाम कहते हैं ।

गुणहानि स्पर्द्धक – *Guṇahāni Sparddhaka.*
Geometric regression super variform (aggregate of *karmic* molecules).
एक गुणहानि के स्पर्द्धकों या कर्म द्रव्य की वर्गणाओं का समूह ।

गुणा – *Guṇā.*
Multiplication.
एक गणितीय प्रक्रिया ।

गुणाकार शलाका – *Guṇākāra Śalākā.*
Multiple counting (reg. a mathematical quantity).
विरलन देय विधान से जो राशि प्राप्त हो ।

गुणाढ्य – *Guṇāḍhya.*
Rich in virtues.
गुण रूपी रत्नों का धनी ।

गुणाधिक – *Guṇādhika.*
Super virtuous personalities (reg.right knowledge etc.).
जो सम्यग्ज्ञानादि गुणों में बढ़े चढ़े हैं वे गुणाधिक हैं ।

गुणानुराग – *Guṇānurāga.*
Devotion towards virtues.
गुणों एवं गुणवानों के प्रति भक्ति होना ।

गुणारोपण – *Guṇāropaṇa.*
Imparting attributes - the ceremony of consecration of an idol.
प्रतिष्ठा विधान की विधि का एक भेद; प्रतिमा में गुणों का आरोपण करना ।

गुणार्थिक नय – *Guṇārthika Naya.*
Standpoint of accepting attributes of matter.
द्रव्य सामान्य को ग्रहण करने वाला नय ।

गुणावां (तीर्थ) – *Guṇāvāṁ (Tīrtha).*
Name of a place in Navada district of Bihar which is the salvation land of the first chief disciple (Gandhar) of Lord Mahavira.
भगवान महावीर के प्रथम गणधर श्री गौतम स्वामी की निर्वाणभूमि। बिहार प्रान्त के नवादा जिले में स्थित इस तीर्थ पर पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से नवनिर्मित मंदिर में श्री गौतम गणधर की खड्गासन प्रतिमा विराजमान है (स्थापना समय-ई. सन् २००४)।

गुणित – *Guṇita.*
Multiplied.
गुणाकार विधि में गुण्य राशि को गुणकार द्वारा गुणित कहा जाता है।

गुणिदेश – *Guṇideśa.*
The residence of a substance.
गुणी द्रव्य का देश; यह एक वस्तु के अनेक धर्मों की अभेदवृत्ति है।

गुणीनय – *Guṇīnaya.*
A standpoint by which soul is supposed to accept virtues.
आत्मद्रव्य गुणी नय से गुणग्राही है, शिक्षक के द्वारा जिसे शिक्षा दी जाती है ऐसे कुमार की भांति।

गुणोत्तर श्रेणी – *Guṇottara Śreṇī.*
Geometrical progression.
एक गणितीय श्रेणी।

गुणोपचार – *Guṇopacāra.*
Change of nature with respect to association of different virtues.
कार्यविधि, स्थान; गुणों के साहचर्य से आत्मा भी गुणसंज्ञा को प्राप्त होती है।

गुणौघ – *Guṇaugha.*
Merits, virtues, One of the 1008 names of Lord Jinendra.
गुणसमूह, भगवान जिनेन्द्र के १००८ नामों में से एक नाम।

गुण्य – *Guṇya.*
Multiplicable number.
जिस राशि को किसी अन्य राशि से गुणा किया जाये।

गुप्तफल्गु – *Guptaphalgu.*
A chief disciple of Lord Rishabhadeva.
ऋषभदेव भगवान के चौरासी गणधरों में एक।

गुप्तयज्ञ – *Guptayajña.*
See - *Guptaphalgu.*
देखे - गुप्तफल्ग।

गुप्त वंश – *Gupta Vaṁśa.*
Dynasty of *Gupt's.*
चन्द्रगुप्त से स्कंदगुप्त भानुगुप्त तक चलने वाला वंश, समय - ई. 320-507।

गुप्तसंघ – *Guptasaṁgha.*
Name of a saint group (traditional).
मूलसंघ के विघटन के पश्चात् अनेक अवान्तर संघों में से एक संघ।

गुप्तसंवत् – *Guptasaṁvat.*
An era that of Chandragupt (began in 320 Christian era).
गुप्त साम्राज्य के प्रथम सम्राट चंद्रगुप्त द्वारा ई. ३२० में स्थापित किया गया एक संवत्।

गुप्ति – *Gupti.*
Restraint, Self control (in attachments, passions etc.)
सम्यक् प्रकार से योगों का निग्रह करना अथवा मन-वचन-काय की स्वच्छंद प्रवृत्ति को रोकना।

गुप्तिऋद्धि – *Gupti Ṛddhi.*
Name of a disciple of Guptishruti.
गुप्तिश्रुति के शिष्य तथा शिवगुप्ति के गुरू थे। समय-ई. २३।

गुप्तिगुप्त – *Guptigupta.*
Another name of Acharya Arhadvali.
श्रुतावतार में कथित आचार्य अर्हद्बली का अपरनाम। समय-ई. ३८-४८।

गुप्तिवान् – *Guptivān.*
One having self control or restraints in attachments, passions etc.
योग निग्रह करने वाला अर्थात् तीन गुप्ति वाला।

गुप्तिश्रुति – *Guptiśruti.*
Name of the disciple of Vinayandhara and the teacher of Guptiriddhi.
विनयंधर के शिष्य तथा गुप्तिऋद्धि के गुरु। समय-ई. १३।

गुप्तिसागर (उपाध्याय) -
Guptisāgara (Upādhyāya).
Name of the disciple of Acharya Shri Vidyasagar Maharaj, who got Upadhyay rank from Acharya Shri Vidyanand Maharaj.
आचार्यश्री विद्यासागर महाराज से दीक्षित एक मुनि (ई.श. २०-२१), इन्होंने आचार्यश्री विद्यानंद महाराज से उपाध्याय पद प्राप्त किया।

गुफा – *Guphā.*
Cave, Hiding place, A den.
कंदरा, गुहा, छिपने का स्थान।

गुमानी राम – *Gumānī Rāma.*
The son of Pandit Todarmalji, the founder of Gumani Panth.
पं. टोडरमलजी के पुत्र जिन्होंने गुमानी पंथ की स्थापना की थी। इस पंथ में भगवान की प्रतिमा का अभिषेक नहीं करते हैं बल्कि सामने एक घड़ा या परात रखकर उसमें अभिषेक करते हैं। इस पंथ का एक मंदिर जयपुर में है।

गुम्बद – *Gumbada.*
Round vault, Cupola.
शिखर।

गुम्बदाकार – *Gumbadākāra.*
Domical.
गुम्बद के आकार का।

गुरु – *Guru.*
Teacher, spiritual teacher, saints (Acharya, Muni etc.), Heavy, Name of a day (Thursday), One of the 9 planets.
शिक्षक, सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र इन गुणों के द्वारा जो बड़े बन चुके हैं अर्थात् आचार्य, उपाध्याय व साधु तीनों परमेष्ठी सच्चे गुरु कहलाते हैं। भारी, सप्ताह का एक दिन, नवग्रह में से एक, इस ग्रह के अरिष्ट की शांति के लिए महावीर भगवान की उपासना की जाती है।

गुरु उपास्ति – *Guru Upāsti.*
Veneration for spiritual teachers.
आचार्य आदि वीतरागी गुरुओं की पूजा करना तथा उनकी सेवा में सदा तत्पर रहना।

गुरुतत्त्वविनिश्चय – *Gurutattvaviniścaya.*
A book written by Shvetambaracharya Yashovijay.
श्वेताम्बराचार्य यशोविजय (ई. १६३८-१६८८) द्वारा रचित एक ग्रंथ।

गुरुत्व – *Gurutva.*
Gravitational force, Eminence, Greatness.
भारी, जो किसी भी तरफ किसी चीज को ले जाये वह गुरुत्व है, पुद्गल अधोगुरुत्व और जीव ऊर्ध्व गुरुत्व धर्म वाले हैं, बड़प्पन, महानता।

गुरुत्वगति – *Gurutvagati.*
Gravitational motion.
गति का एक भेद; पत्थर आदि की नीचे की ओर जाने वाली गति।

गुरुदक्षिणा – *Gurudakṣiṇā.*
That which is dedicated to a spiritual preceptor.
शिक्षा समाप्ति के बाद शिष्य के द्वारा गुरु आज्ञानुसार दी जाने वाली दक्षिणा।

गुरुपरम्परा – *Guruparamparā.*
Tradition of Spiritual Teachers (Acharyas).
आचार्य परम्परा।

गुरुपूजा – *Gurupūjā.*
Paying reverence to teachers.
शुभोपयोग, धर्मानुरागपूर्वक गुरु की उपासना करना।

गुरुभक्तिमान् – *Gurubhaktimān.*
Devotion towards spiritual teacher.
गुरु का बहुमान।

गुरुमत – *Gurumata.*
Name of a doctrine established by Prabhakar Mishra.
पूर्व मीमांसा का एक सम्प्रदाय, प्रभाकर मिश्र का एक मत।

गुरुमूढ़ता – *Gurumūṛhatā.*
Belief in false preceptor of spiritual teachers.
हिंसादि पाप क्रियाओं में एवं आरम्भ परिग्रह में लिप्त रहने वाले साधुओं को गुरु मानकर उनकी भक्ति, वंदना, प्रशंसा आदि करना।

गुरुवन्दना – *Guruvandanā.*
Reverential respect to teachers (Acharyas, Munis etc.).
रत्नत्रयधारक यति, आचार्य, उपाध्याय, साधु आदि के उत्कृष्ट गुणों को जानकर श्रद्धा सहित विनय करना।

गुरुसाक्षी – *Gurusākṣī.*
Presence of teacher.
गुरु की प्रत्यक्षता।

गुरुस्थानाभ्युपगमन क्रिया –
Gurusthānābhyupagamana Kriyā.
An auspicious activity related to entrusting the responsibility of saint group to an able saint performed by the head Acharya (spiritual teacher) of the group.
गर्भान्वय की 53 क्रियाओं में एक क्रिया; प्रसन्नतापूर्वक शिष्य को योग्य समझकर गुरु अपने संघ के आधिपत्य का गुरुपद प्रदान करें, तो उसे विनयपूर्वक स्वीकार करना।

गुरु स्पर्श – *Guru Sparśa.*
Paying respect to spiritual teacher by touching feet.
आचार्य आदि वीतरागी गुरुओं के भक्ति से चरण छूना।

गुरु स्पर्श नामकर्म – *Guru Sparśa Nāmakarma.*
Karmas causing heavy body.
जिस कर्म के उदय से शरीर भारी हो।

गुल्म – *Gulma.*
A division of an army.
सेना का एक अंग जिसमें 9 रथ, 9 हाथी, 45 पैदल और 27 घोड़े रहते हैं।

गुहिलराज – *Guhilarāja.*
Acharya Shaktikumar, the writer of Jambudvip Pragyapti.
जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति के कर्ता आचार्य शक्तिकुमार।

गुह्य – *Guhya.*
Secret, Private.
रहस्य, गोपनीय।

गुह्यक – *Guhyaka.*
Ruling demigod of Lord Mahavira, A type of deities (reg. showering jewels etc.).
भगवान महावीर का शासन देव (अपरनाम-मातंग यक्ष), देवों की एक जाति; जो देव तीर्थंकरों के कल्याणकों तथा विहार के समय रत्नवृष्टि और पुष्पवृष्टि करते हैं।

गूंगा – *Gūṁgā.*
Dumb.
जिसमें बोलने की शक्ति नहीं है।

गूढ़ क्षुल्लक – *Gūṛha Kṣullaka.*
Perfect loin-clothed Jaina saints (junior in rank).
क्षुल्लक के तीन भेदों में एक भेद; जिन्होंने व्रतों को पालन करने का पूर्ण अभ्यास कर लिया है वे साहसपूर्वक व्रतों को ग्रहण कर लेते हैं ।

गूढ़दंत – *Gūṛhadaṁta.*
Name of the 4th predestined Chakravarti (emperor).
भविष्यकालीन चौथे चक्रवर्ती का नाम ।

गूढ़ब्रह्मचारी – *Gūṛhabrahmacārī.*
Imperfect celibates or saints (readopting worldly life later on).
जो कुमार अवस्था में मुनि होकर मुनियों के पास विद्याभ्यास करें, फिर असमर्थ होकर व राजा आदि की प्रेरणा से गृहस्थ में आ जावें ।

गृद्धता – *Gṛddhatā.*
Greediness.
लोभ, आसक्ति ।

गृद्धपिच्छ – *Gṛddhapiccha.*
Another names of Acharya Kund-Kund and Acharya Umaswami.
कुंदकुंद एवं उमास्वामी आचार्य का अपरनाम ।

गृद्धपृष्ठ – *Gṛddhapṛṣṭha.*
A type of suicide (due to the fear of king etc.)
दुष्काल, राजा आदि के भय से शस्त्र से मरना ।

गृद्धि – *Gṛddhi.*
Greediness, Passional longings or desires.
लोभ,पिपासा-विषयों की अति लालसा ।

गृह – *Gṛha.*
Residence, Homes, Dwelling places.
घर, समाज के विभिन्न वर्गों के आवास ।

गृहकर्म – *Gṛhakarma.*
Installation of idols in temples.
गृहस्थ द्वारा करने योग्य कर्म, स्थापना निक्षेप से कर्म का एक भेद; जिनगृहों में प्रतिमा की स्थापना करना ।

गृहकूटक – *Gṛhakūṭaka.*
Name of a dominion (Varsha Ritu Nivas) of Chakravarti (emperor).
चक्रवर्ती की एक विभूति 'वर्षा ऋतु निवास' का नाम ।

गृहक्षोभ – *Gṛhakṣobha.*
Affliction due to mundane life, A king of Rakshas dynasty.
गृहस्थी से उत्पन्न संक्लेश, राक्षस वंश का एक राजा ।

गृह त्याग क्रिया – *Gṛha Tyāga Kriyā.*
An auspicious act (abandoning of worldly life with entrusting responsibilities to successor).
गर्भान्वय की 53 एवं दीक्षान्वय की 48 क्रियाओं में एकः वैराग्यवान गृहस्थ द्वारा ज्येष्ठ पुत्र को सर्व सम्पत्ति व कुटुम्बपोषण का भार सौंपकर गृहत्याग कर दीक्षा लेना ।

गृहपति – *Gṛhapati.*
The chief person of the house, A Jewel of Chakravarti (emperor).
घर का प्रबंधक, चक्रवर्ती का एक सजीव रत्न ।

गृहस्थ – *Gṛhastha.*
House holders, members of mundane life.
स्त्री सहित रहकर धर्म, अर्थ, काम पुरुषार्थ का सेवन करने वाला।

गृहस्थ आश्रम – *Gṛhastha Āśrama.*
The life of householder leading worldly life.
चार आश्रमों में एक; इस आश्रम में विवाह के बाद गृहस्थ समाज सेवा के कार्यों में प्रवृत्त होता है ।

गृहस्थधर्म – *Gṛhastha Dharma.*
Worldly or mundane life with religious observances.
देवपूजा-गुरुपास्ति-स्वाध्याय-संयम-तप और दानरूप षट्कार्यों में प्रवृत्ति, पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत, 4 शिक्षाव्रतों का पालन करना ।

गृहस्थाचार्य – *Gṛhasthācārya.*
An ideal person of mundane life.
जो गृहस्थों में विद्या, बुद्धि, प्रभाव, चारित्र में बड़ा हो व धार्मिक क्रिया करा सकता हो ऐसा उत्तम गृहस्थ ।

गृहस्थापित दोष – *Gṛhasthāpita Doṣa.*
A fault of hermitage.
वसतिका का एक दोष; गृहस्थ द्वारा स्वयं के लिए बनवाया गृह, साधु आश्रय के नाम करना ।

गृहिमूलगुणाष्टक – *Gṛhimūlaguṇāṣṭaka.*
8 basic restraints of householders.
गृहस्थ के 8 मूलगुण; 5 अणुव्रतों का पालन, मद्य, मांस, मधु का त्याग (रत्नकरण्डश्रावकाचार के अनुसार) ।

गृहीतग्रहण – *Gṛhītagrahaṇa.*
Acquired knowledge.
ईहाज्ञान; अवग्रह से ग्रहण किये पदार्थ को विशेष जानने की ओर उन्मुखता ।

गृहीत द्रव्य – *Gṛhīta Dravya.*
Acquired matter, changed form of matter.
ग्रहण किया गया द्रव्य, द्रव्य परिवर्तन ।

गृहीतमिथ्यात्व – *Gṛhītamithyātva.*
Wrong conception (acquired by the false speech).
दूसरे के द्वारा मिथ्या उपदेश सुनकर जीवादि पदार्थों के विषय में जो मिथ्या श्रद्धान रूप भाव उत्पन्न होता है ।

गृहीता – *Gṛhītā.*
Characterless married woman, concubine.
परस्त्री, विवाहित स्त्री-जो दूसरे के अधीन रहती हो ।

गृहीशिता क्रिया – *Gṛhīśitā Kriyā.*
An auspicious act (leading worldly life ideally).
गर्भान्वय की 53 क्रियाओं का एक भेद; धार्मिक क्षेत्र में तथा ज्ञान के क्षेत्र में वृद्धि करता हुआ, अन्य गृहस्थों के द्वारा सत्कार

किये जाने योग्य गृहस्थाचार्य होना ।

गेंडा – *Geṁḍā.*
Rhinoceros—significant symbol of Lord Shreyansnath.
श्रेयांसनाथ भगवान् का चिह्न ।

गेह – *Geha.*
House, home, dwelling place, residence
घर, रहने का स्थान ।

गो अलीक – *Go Alīka.*
Telling a lie for saving the life of cow.
गाय की रक्षा के लिए झूठ बोलना, ऐसा करने पर भी व्रती श्रावक सत्याणुव्रतधारी कहलाता है ।

गोक्षीर फेन – *Gokṣīra Phena.*
A city in the northern Vijayardh mountain.
विजयार्ध पर्वत की उत्तर श्रेणी का एक नगर ।

गोचरी प्रतिक्रमण – *Gocarī Pratikramaṇa.*
Repentance for sins after food taking activity by a saint.
गोचरी से आने पर साधु द्वारा किया जाने वाला प्रतिक्रमण ।

गोचरी वृत्ति – *Gocarī Vṛtti.*
Procedure of food taking of Jaina saints.
जैनसाधु की आहारचर्या को गोचरी वृत्ति कहते हैं क्योंकि गाय की भाँति वह दातार के प्रति निस्पृह रहते हैं ।

गोणसेन – *Goṇasena.*
Name of a disciple of Siddhantdeva.
सिद्धान्त देव के शिष्य तथा अनंतवीर्य के गुरु थे। समय-ई. 960-1000 ।

गोत्र – *Gotra.*
Race, Clan, An exogamous subdivision of a caste.
संतानक्रम से चला आया आचरण जो उच्च, नीच का ज्ञान कराता है ।

गोत्र कर्म प्रकृति – *Gotra Karma Prakṛti.*
Status determining Karmas.
जिस कर्म के उदय से जीव उच्च और नीच कहा जाता है या उच्च-नीच कुल में उत्पन्न होता है ।

गोदावरी – *Godāvarī.*
A river of Bharat Kshetra in Arya Khand (region).
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड की एक नदी ।

गोदोहन आसन – *Godohana Āsana.*
A posture of sitting (like to milk).
कायक्लेश का एक भेद; गौ को दुहने की भाँति बैठना ।

गोपसेन – *Gopasena.*
A disciple of Shantisen.
शांतिसेन के शिष्य और भावसेन के गुरु। समय-ई.948 ।

गोपालक – *Gopālaka.*
Livelihood by fostering cows.
गो पालन के द्वारा आजीविका चलाने वाला ।

गोपुच्छक – *Gopucchaka.*
A group of Digambar Jain saints.
दिगम्बर साधुओं का एक जैनाभासी संघ ।

गोपुर – *Gopura.*
Houses constructed on the door of rampart.
कोटों के दरवाजों पर जो घर बने होते हैं ।

गोमती – *Gomatī.*
A river of Bharat Kshetra in east Arya Khand (region).
भरतक्षेत्र पूर्वी आर्यखण्ड की एक नदी ।

गोमूत्रिका गति – *Gomūtrikā Gati.*
Curved motion (in the style of urination of cow).
गाय के चलते समय मूत्र करना अनेक मोड़ों वाला होता है, उसी प्रकार तीन मोड़े वाले विग्रहगति ।

गोमेदक – *Gomedaka.*
Name of an earth layer in the base of Ratnaprabha earth, A precious stone.
रत्नप्रभा पृथ्वी के खरभाग के 16 पटलों में एक पटल का नाम, एक कीमती पत्थर ।

गोमेध – *Gomedha.*
Ruling demigod of Jaina Lord Naminath.
नमिनाथ भगवान् का शासन देव ।

गोम्मटसार – *Gommaṭasāra.*
A book written by Acharya Nemichandra Siddhant Chakravarti.
चामुंडराय की प्रेरणा से आचार्य नेमिचंद्र सिद्धांत चक्रवर्ती (ई.श. 11 पूर्वार्द्ध) द्वारा रचित एक सिद्धांत ग्रंथ ।

गोम्मटसार पूजा – *Gommaṭasāra Pūjā.*
The worship of 'Gommatsar Granth' written by Pandit Todarmal.
पंडित टोडरमल (ई. 1736) कृत गोम्मटसार ग्रंथ की भाषा पूजा ।

गोम्मटेश्वर – *Gommaṭeśvara.*
The statue of Lord Bahubali situated at Shravanbelgola.
दक्षिणी भारत के श्रवणबेलगोला में चामुंडराय (गोमट्ट) द्वारा स्थापित 57 फुट उत्तुंग भगवान बाहुबली की प्रतिमा का नाम।

गोरति – *Gorati.*
Name of a Vidyadhar—one proficient in super power by birth.
एक महारथी विद्याधर ।

गोरस – *Gorasa.*
Milk, curd, ghee etc.
दूध, दही, घी आदि ।

गोलाचार्य – *Golācārya.*
Name of an Acharya.
नंदिसंघ देशीयगण के एक आचार्य ।

गोवदन – *Govadana.*
Ruling demigod of Lord Rishabhadev.
भगवान् ऋषभदेव के शासन देव ।

गोवर्द्धन – *Govarddhana.*
The 4th omniscient after Lord Mahavira.
भगवान वीर के पश्चात् हुए चौथे श्रुतकेवली ।

गोशय्यासन तप – *Gośayyāsana Tapa.*
A posture of sitting like a cow, it is a type of Kayklesh Tap (a penance).
कायक्लेश तप का एक भेद; गौ के बैठने की भाँति बैठना ।

गोशाल – *Gośāla.*
Name of the founder of a false doctrine.
एक मिथ्यामत प्रवर्तक ।

गोशीर्ष – *Gośīrṣa.*
A mountain of Bharat Kshetra in Arya Khand (region).
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड का मलयगिरि के निकट स्थित एक पर्वत ।

गोष्ठ – *Goṣṭha.*
Cow pen, byre.
गोशाला; वास्तुविद्या का एक महत्वपूर्ण अंग ।

गोसर्ग काल – *Gosarga Kāla.*
A period of specific noon time.
दो घड़ी दिन चढ़ने के बाद से लेकर मध्याह्नकाल में दो घड़ी कम रहने तक का समय ।

गौड़ – *Gauṛa.*
A country of Bharat Kshetra in Arya Khand (region).
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड का एक देश ।

गौड़पाद – *Gauṛapāda.*
Spiritual teacher of 'Shankaracharya' (a celebrated Hindu ascetic).
शंकराचार्य के दादा गुरु। समय-ई. 780 ।

गौड़िया – *Gauṛiyā.*
Brahma Sampraday (a religious community) pertaining to dualism.
ब्रह्म सम्प्रदाय जो द्वैतवादी है ।

गौण – *Gauṇa.*
Secondary, Concealed.
जो मुख्य न हो, अनर्पित; विवक्षा से रहित ।

गौणसेन – *Gauṇasena.*
A disciple of Acharya Siddhantsen.
आचार्य सिद्धान्तसेन के शिष्य ।

गौण्यनामपद – *Gauṇyanāmapada.*
A type of Upakram.
उपक्रम का एक भेद ।

गौतम – *Gautama.*
A subcaste of Brahmins (the first chief disciple (Gandhar) of Lord Mahavira was of the same subcaste), One of the stars.
ब्राह्मणों का एक गोत्र (भगवान महावीर के प्रथम गणधर 'इन्द्रभूति' का गोत्र भी गौतम था, इसीलिए वे 'गौतम गणधर' के नाम से प्रसिद्ध हुए), सप्तर्षि तारामंडल में से एक ।

गौतमी पुत्र – *Gautamī Putra.*
An ancient warrior (king), beginner of Shak era.
राजा सातकर्णी (शालिवाहन) जिसने शकों के अंतिम राजा नरवाहन को वी. नि. 606 (ई. 79) में परास्त करके शक संवत् की स्थापना की ।

गौरव – *Gaurava.*
Eminence, Grandeur, Dignity.
महत्व, बड़प्पन, सम्मान, अतिचार का एक भेद, वंदना का एक अतिचार; भोजन उपकरण आदि की चाह से करना ऋद्धि गौरव दोष है ।

गौरिक – *Gaurika.*
A type of Vidyadhars—those proficient in super power by birth.
विद्याधरों की एक जाति ।

गौरी – *Gaurī.*
Ruling female demigod of Lord Vasupujya, A super knowledge, Name of a city in the north of Vijayardh mountain.
भगवान् वासुपूज्य की शासन देवी,एक विद्या, विजयार्ध पर्वत की उत्तरश्रेणी का एक देश ।

गौरीकूट – *Gaurīkūṭa.*
A city of Vidyadhars.
विद्याधरों की एक नगरी ।

गौरीविद्या – *Gaurīvidyā*
A super knowledge, initiator of Gaurik Vidyadhar dynasty.
एक विद्या; जिससे गौरिक विद्याधर वंश की उत्पत्ति हुई ।

ग्यारह – *Gyāraha.*
Eleven, regarding 11 Rudras, 11 spiritual stages of Jain householders.
एक संख्या, ग्यारह रुद्र, श्रावक की ग्यारह प्रतिमा आदि ।

ग्रंथ – *Graṁtha.*
A literary composition, treatise, A knot, Possessions (external, internal).
गणधर देव से रचा गया द्रव्यश्रुत ग्रंथ कहा जाता है। गांठ, बंध, परिग्रह; अंतरंग, बहिरंग के भेद से दो प्रकार का है ।

ग्रंथकर्ता – *Graṁthakartā.*
Basically chief disciple of Lord Arihant, Acharyas & general writers are called Granthkarta.
मुख्य रूप से गणधर स्वामी एवं सामान्य रूप से ग्रंथ का लेखन करने वाले आचार्य एवं विद्वान को ग्रंथकर्ता कहते हैं ।

ग्रंथसम – *Graṁthasama.*
A type of substantive identity of matter.
द्रव्यनिक्षेप का एक भेद ।

ग्रंथि – *Graṁthi.*
Name of a planet, A Joint, A knot.
एक ग्रह का नाम, गांठ ।

ग्रंथिम – *Graṁthima.*
See - *Graṁthasama.*
देखें - ग्रंथसम ।

ग्रह – *Graha.*
88 planets as Mercury, Venus, Mars etc.
बुध, शुक्र, मंगल इत्यादि 88 ग्रह हैं ।

ग्रहण – *Grahaṇa.*
Acceptance, Acquisition, Receiving, Eclipse.
स्वीकार करना, अवग्रह, जानना, सूर्य या चन्द्रग्रहण पड़ना ।

ग्रहणकाल – *Grahaṇakāla.*
The time-period of solar or lunar eclipse.
सूर्यग्रहण या चन्द्रग्रहण का काल ।

ग्रहण प्रायोग्य वर्गणा – *Grahaṇa Prāyogya Vargaṇā.*
A type of aggregate of Karmic molecules.
बंध के योग्य या बंधनीय पुद्गल वर्गणा ।

ग्रहण विधि – *Grahaṇa Vidhi.*
Procedure of accepting vows.
गुरु से व्रतों का उपदेश जानने के बाद उनसे व्रत ग्रहण करना।

ग्रहाङ्ग – *Grahāṇga.*
A type of wish fulfilling trees (Kalpavrikshas).
कल्पवृक्षों का एक भेद; जो आवश्यकतानुसार राजमहल, सभाग्रह आदि देते हैं ।

ग्रहावती – *Grahāvatī.*
A Vibhanga river of east Videh Kshetra (region).
पूर्व विदेह की एक विभंगा नदी ।

ग्रहीत गुणाकार – *Grahīta Guṇākāra.*
Assumed multiplier.
गुणकाररूप से ग्रहण किया गया द्रव्य ।

ग्राम – *Grāma.*
Village, Rural place.
बाड़,आवृत, उद्यान और जलाशयों से युक्त कृषकों आदि की निवास भूमि ।

ग्रामदाह – *Grāmadāha.*
An obstacle in saint food on having burning incident in a village.
जिस ग्राम में साधु आहार के लिए गए हैं यदि वहाँ अग्नि आदि का प्रकोप हो जाये तो यह ग्रामदाह नाम का अंतराय होता है ।

ग्रास – *Grāsa.*
Morsel, mouthful (reg. food).
कवल; 1000 चावलों का एक कवल ।

ग्राहवती – *Grāhavatī.*
See - *Grahāvatī.*
देखें - ग्रहावती ।

ग्राह्य – *Grāhya.*
Admissible, Acceptable.
ग्रहण करने योग्य ।

ग्राह्य-ग्राहक भाव – *Grāhya-Grāhaka Bhāva.*
Sentimentally acceptance of matters.
भावेन्द्रिय के द्वारा ग्रहण किये गये इन्द्रियों के विषयभूत पदार्थ।

ग्राह्य वर्गणा – *Grāhya Vargaṇā.*
Acceptable aggregate of Karmic molecules.
ग्रहण करने योग्य पुद्गल कर्म वर्गणा ।

ग्रीवाधोनयन – *Grīvādhonayana.*
An infraction in the posture of meditation—bending of head downward.
कायोत्सर्ग का एक अतिचार-ग्रीवा को नीचे की तरफ झुकाना ।

ग्रीवावनमन – *Grīvāvanamana.*
See - *Grīvādhonayana.*
देखें - ग्रीवाधोनयन ।

ग्रीवोन्नमन – *Grīvonnamana.*
An infraction in the posture of meditation.
कायोत्सर्ग का एक अतिचार ।

ग्रीवोर्ध्वनयन – *Grīvordhvanayana.*
An infraction in the posture of meditation, raising head upward.
कायोत्सर्ग का एक अतिचार; ग्रीवा को ऊपर उठाना ।

ग्रैवेयक देव – *Graiveyaka Deva.*
A type of deities (residents of 9 Graiveyaks).
16 स्वर्गों से आगे 9 ग्रैवेयकों में रहने वाले देव ।

ग्रैवेयक स्तूप – *Graiveyaka Stūpa.*
A special structure of Samavasharan-holy assembly of Lord.
ग्रैवेयक विमान के आकार का समवशरण का स्तूप ।

ग्रैवेयक स्वर्ग – *Graiveyaka Svarga.*
A heavenly place beyond all 16 heavens.
16 स्वर्गों के ऊपर स्थित 9 पटल, अहमिन्द्र देवों की निवास भूमि ।

ग्लान – *Glāna.*
One having diseased body (reg. saint).
रोगी साधु अथवा रोग आदि से क्रांत शरीर वाला ।

ग्लानि – *Glāni.*
Aversion, Langour.
घृणा ।

घ

घ – *Gha.*
The fourth consonant of the Devanagari syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का चतुर्थ व्यंजन, इसका उच्चारण-स्थान कण्ठ है ।

घंटा – *Ghaṁṭā*
Bell, A metallic disc struck as a bell.
ऊँची और गंभीर ध्वनि वाला एक वाद्य ।

घटमान योगी – *Ghaṭamāna Yogī.*
A meditator (the one expert in meditation and Yoga).
जिसको योग या ध्यान का अच्छा अभ्यास हो ।

घटयात्रा – *Ghaṭayātrā.*
An auspicious pitcher-procession for carrying water to perform purificatory rites. It is generally conducted by the married woman.
मंदिर शुद्धि, वेदी शुद्धि, शिखर शुद्धि हेतु तथा पंचकल्याणक आदि के प्रारंभ में सौभाग्यवती महिलाओं के द्वारा विशेष विधिपूर्वक नदी, सरोवर या कुएं से मंगल कलशों में भरकर जल लाने के लिए निकाली जाने वाली शोभायात्रा ।

घटस्थानोपयोगी यंत्र – *Ghaṭasthānopayogī Yaṁtra.*
A metallic plate engraved with some auspicious and mystic words.
एक मंत्र लिखित धातु की प्लेट ।

घटा – *Ghaṭā.*
The 7th Patal (layer) of the 4th hell.
चौथे नरक का 7वां पटल ।

घटिका – *Ghaṭikā.*
A time unit (a period of 24 minutes).
काल का एक प्रमाण-24 मिनिट की एक घटिका (एक घड़ी) ।

घटीयंत्र – *Ghaṭīyaṁtra.*
A device of irrigation.
कृषि की सिंचाई का एक यंत्र ।

घड़ी – *Ghaṛī.*
A time unit (a period of 24 minutes).
देखें - घटिका ।

घन – *Ghana.*
Cube.
किसी राशि को परस्पर तीन बार गुणा करना ।

घनधारा – *Ghanadhārā.*
A cubic sequence.
14 धाराओं में एक धारा; घन संख्या का समूह जैसे 2 का घन 8।

घनफल – *Ghana Phala.*
Volume.
आयतन ।

घनमातृक धारा – *Ghanamāṭṛka Dhārā.*
A mathematical sequence.
14 धाराओं में एक; एक को आदि लेकर केवलज्ञान के आसन्न घनमूल पर्यंत स्थान ।

घनमूल – *Ghanamūla.*
Cube root.
गणित में घनराशि का मूल अंक-जैसे 64 का घनमूल 4 है ।

घनरथ – *Ghanaratha.*
Father's name (of past birth) of Lord Kunthunath.
कुंथुनाथ भगवान् के पूर्वभव के पिता का नाम ।

घनरव – *Ghanarava.*
Father's name (of past birth) of Lord Arahnath.
अरहनाथ भगवान के पूर्वभव के पिता का नाम ।

घनलोक – *Ghanaloka.*
Volume of universe.
ब्रह्माण्ड (सर्व लोकाकाश 343 घनराजू प्रमाण) का आयतन ।

घनवात – *Ghanavāta.*
Atmosphere.
वायुमण्डल, लोक को वेष्टित करने वाले तीन वातवलयों में द्वितीय वलय ।

घनसार – *Ghanasāra.*
A type of sandal.
एक प्रकार का चंदन ।

घनांगुल – *Ghanāṁgula.*
Cubic finger.
अंगुल के घन को घनांगुल कहते हैं, जिसमें लम्बाई, चौड़ाई एवं मोटाई विवक्षित रहती हो ।

घनाकार – *Ghanākāra.*
Cubical shape (of solid matters).
ठोस त्रिविमीय आकृति ।

घनाघन धारा – *Ghanāghana Dhārā.*
A type of cubic equation.
द्विरूपवर्ग धारा में जो राशि वर्ग रूप है उस प्रत्येक राशि का घनाघन (घन का घन) इस धारा में प्राप्त होता है ।

घनोदधि – *Ghanodadhi.*
Circle of humid atmosphere.
लोक को वेष्टित करने वाले तीन वातवलयों में प्रथम वलय ।

घम्मा – *Ghammā.*
Name of the first hell.
प्रथम नरक की पृथ्वी का रूढ़िनाम ।

घर – *Ghara.*
Home, House, Residence.
गृह, निवास, आवास ।

घाट – *Ghāṭa.*
Name of the 5th Indrak or Patal (layer) of Sharkara Prabha earth, Bank of a river.
शर्कराप्रभा पृथिवी के 5वें इन्द्रक या पटल का नाम, नदी का किनारा ।

घाटा – *Ghāṭā.*
The 6th Patal (layer) of the 4th hell.
चौथे नरक का छठा पटल ।

घात – *Ghāta.*
A blow, A stroke, Indice, raising of number to the given power, The 5th Patal (layer) of the 2nd hell.
धक्का, प्रहार, चोट, गणित में गुणनफल, दूसरे नरक का 5वां पटल ।

घातकत्व निदान – *Ghātakatva Nidāna.*
An evil thought of harming someone in next birth.
घातक कषायरूप निदान; 'परलोक में मैं किसी का बुरा करूँ' आदि ।

घातकृष्टि – *Ghātakṛṣṭi.*
Destructed Krishties (gradually destructed passions).
जिन कृष्टियों का नाश किया हो, उन्हें घातकृष्टि कहते हैं ।

घातांक – *Ghātāṁka.*
Indices or Power (of a number).
किसी गणितीय संख्या की घात का अंक ।

घातायुष्क – *Ghātāyuṣka.*
A type of deities (who are born in lower heavens due to degradation).
जो अधिक आयु बांधकर बाद में संक्लेश परिणामों के कारण नीचे के स्वर्गों में उत्पन्न होते हैं ।

घातिया कर्म – *Ghātiyā Karma.*
Destructive Karmas.
जिसके उदय से जीव के ज्ञानादिक अनुजीवी गुणों का घात होता है ।

घाती – *Ghātī.*
Destructive.
प्रहार, आघात, नष्ट करने वाला ।

घाती कर्म प्रकृति – *Ghātī Karma Prakṛti.*
Nature of destructive Karmas.
26 देशघाती एवं 21 सर्वघाती कर्म प्रकृतियाँ ।

घुटुक – *Ghuṭuka.*
The son of Bhim, the Pandav.
पांडव भीम और हिडिम्बा का पुत्र। युद्ध में यह अश्वत्थामा के द्वारा मारा गया था ।

घुना अन्न – *Ghunā Anna.*
Cereals infested with worms or insects.
अनेक त्रस जीव और फूई इत्यादि लगा अन्न ।

घृतवर द्वीप सागर – *Ghṛtavara Dvīpa Sāgara.*
The 6th island and ocean of middle universe.
मध्यलोक का छठा द्वीप व सागर ।

घृणा – *Ghṛṇā.*
Hate, Aversion, Disgust.
जुगुप्सा, ग्लानि ।

घृतस्रावी – *Ghṛtasrāvī.*
A type of supernatural power (reg. turning tasteless food into delicious).
एक रस ऋद्धि; जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु के हाथ में दिया गया रूखा-सूखा आहार तत्काल घी के समान रसवाला हो जाता है ।

घोटकपाद – *Ghoṭakapāda.*
An infraction of meditative relaxation (pertaining to feet).
कायोत्सर्ग का एक अतिचार। जैसे घोड़ा अपना एक पांव अकड़ाकर या लंगड़ा करके खड़ा हो जाता है वैसे खड़ा होना ।

घोटमान – *Ghoṭamāna.*
Unstable phase with decrease & increase.
योगस्थान; हानि वृद्धि सहित अनवस्थित भाव का नाम ।

घोटमानयोगस्थान – *Ghoṭamānayogasthāna.*
Unstable dispositions.
परिणाम योगस्थान; जो आत्मा के प्रदेश एक से न रहें, घटते-बढ़ते रहें ।

घोड़ा – *Ghoṛā.*
Horse, an auspicious significant, Symbol of the 3rd Tirthankar (Jaina-Lord) Sambhavnath.
एक मंगल, तीसरे तीर्थंकर भगवान संभवनाथ का चिन्ह ।

घोर गुण – *Ghora Guṇa.*
Those (super saints) having supreme virtues.
उत्कृष्ट पराक्रम सहित हैं गुण जिनके, घोर गुण (ऋद्धिधारी मुनि) कहे जाते हैं ।

घोर तप – *Ghora Tapa.*
A supernatural power of doing hard penance even after illness.
जिस ऋद्धि के प्रभाव से ज्वर आदि से पीड़ित होने पर भी साधु अत्यंत कठिन तप करने में सक्षम होते हैं ।

घोर पराक्रम – *Ghora Parākrama.*
A type of supernatural power of having omnipotent like power of making dry to the water of an ocean etc.
जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु अनुपम तप करते हुए तीन लोक के संहार की शक्ति से सम्पन्न और सहसा समुद्र के जल को सुखा देने की सामर्थ्य से युक्त होते हैं ।

घोर ब्रह्मचर्य – *Ghora Brahmacarya.*
A supernatural power of having continuous celibacy.
ऋद्धि-जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु सर्वगुणों से सम्पन्न होकर अखण्ड ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं ।

घोरा – *Ghorā.*
A divine power possessed by 'Ravana'.
एक विद्या; यह रावण को प्राप्त थी ।

घोलमान – *Gholamāna.*
See - *Ghoṭamāna.*
देखें - घोटमान ।

घोष – *Ghoṣa.*
A habitation of herdsmen, Outcry, Roar, Name of a celestial deity.
अहीरों की बस्ती, शब्द का एक भेद, भवनवासी देवों के स्तनित कुमार जाति के प्रथम इन्द्र का नाम ।

घोषणा – *Ghoṣaṇā.*
Proclamation or declaration, a type of announcement with kettle drum.
जन-जन तक किसी निर्णय की सूचना पहुँचाना। पारिव्राज्यक्रिया के 27 सूत्रपदों में एक सूत्रपद। जो मुनि नगाड़े संगीत आदि की घोषणा का त्याग करके तपस्या करता है उसकी तपस्या सफल होने पर दुंदुभिघोष होता है ।

घोषसम – *Ghoṣasama.*
Resonance (regarding scriptural knowledge *'Shrutgyan'*).
अनुयोग श्रुतज्ञान; जो घोष अर्थात् द्रव्यानुयोग द्वार के साथ उत्पन्न होता है इस कारण घोषसम कहलाता है ।

घोषसेन – *Ghoṣasena.*
Initiation spiritual teacher of the 7th Narayan (reg. past birth).
7वें नारायण के पूर्व भव के दीक्षा गुरु का नाम ।

घोषा – *Ghoṣā.*
A type of divine musical instrument.
देवों के द्वारा विद्याधरों को दी गई एक वीणा ।

घोषार्या – *Ghoṣāryā.*
The name of chief female ascetic (Ganini Aryika) in the assembly of Lord Suvidhinath.
सुविधिनाथ (पुष्पदंतनाथ) तीर्थंकर के संघ की मुख्य आर्यिका अर्थात् गणिनी ।

घोषावती – *Ghoṣāvatī.*
A musical instrument-a supernatural lute.
चार दिव्य वीणाओं में एक वीणा; विष्णुकुमार मुनि द्वारा उपसर्ग हटाये जाने पर देवों ने यह वीणा पृथ्वी पर रहने वालों को दी थी।

घ्नत – *Ghnata.*
A process of multiplication, Killed-one.
गुणित, अभ्यस्त, घ्नत, हत सब एकार्थवाची हैं ।

घ्राण – *Ghrāṇa.*
Nose—a smelling sense.
नासिका; 5 इन्द्रियों में तीसरी इन्द्रिय ।

च

च – *Ca.*
The sixth consonant of the Devanagari syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का छठवाँ व्यंजन, इसका उच्चारण-स्थान तालु है ।

चंगदेव – *Caṁgadeva.*
An ancestor of poet Haridev.
मयणपराजय चरिउ के रचयिता कवि हरिदेव के पूर्वज ।

चंचत् (चंचु) – *Caṁcat (Caṁcu).*
Name of the 11th Patal (layer) of 'Saudharm' heaven.
सौधर्म स्वर्ग के 11वें पटल का नाम ।

चंचल – *Caṁcala.*
Unsteady, restless, fickle.
अस्थिर ।

चंड – *Caṁḍa.*
A great writer, A king of Rakshasa descendant.
ई. पू. 3 का एक प्राकृत विद्वान् जिन्होंने प्राकृत लक्षण नाम का एक प्राकृत व्याकरण लिखा, राक्षस वंश का एक राजा ।

चंडवेग – *Caṁḍavega.*
Name of a 'Vibhuti' dominion of Bharat Chakravarti (emperor)
भरत चक्रवर्ती की एक विभूति 'दण्ड रत्न' का नाम ।

चंडवेगा – *Caṁḍavegā.*
A river which flows from Varun mountain of Bharat Kshetra (a region), A miraculous power.
भरतक्षेत्र के वरुण पर्वत पर स्थित एक नदी, एक विद्या जो अर्ककीर्ति के पुत्र अमिततेज ने सिद्ध की थी ।

चंडशासन – *Caṁḍaśāsana.*
A king of Malay country.
मलय देश का एक राजा ।

चंडिका – *Caṁḍikā.*
A passionate or enraged woman, title of the goddess Durga.
एक देवी का उपनाम ।

चंद – *Caṁda.*
Some, a few, one or two, Name of a summit and its deity.
कुछ, थोड़ा, अपर विदेह में स्थित देवमाल वक्षार का एक कूट व देव ।

चंदन – *Caṁdana.*
Sandalwood, An earth situated under Chitra earth.
एक प्रकार की सुगंधित लकड़ी, चित्रा पृथिवी के नीचे स्थित 14 पृथिवियों में एक ।

चंदन कथा – *Caṁdana Kathā.*
A book written by Acharya Shubhchandra-5.
आचार्य शुभचंद्र-5 (ई. 1516-1556) द्वारा रचित एक ग्रंथ।

चंदनछट्ठी कहा – *Caṁdanachaṭṭhī Kahā.*
A book written by Pandit Lakhu.
पंडित लाखू (ई. श. 13 का पूर्वपाद) द्वारा रचित कथा ।

चंदनषष्ठी व्रत – *Caṁdanaṣaṣṭhī Vrata.*
A particular vow to be followed for 6 years.
6 वर्ष तक प्रतिवर्ष भाद्रपद कृष्णा छठ तिथि को उपवास करना ।

चंदना – *Caṁdanā.*
Daughter of the king Chetaka of Vaishali (maternal aunt of Lord Mahavira), The chief Aryika (Ganini)-Jaina female saint in the Samavasharan of Lord Mahavira.
राजा चेटक की पुत्री,जो भगवान महावीर स्वामी की एक मौसी थी और आगे चलकर उन्हीं के समवसरण में मुख्य आर्यिका (गणिनी) हुई ।

चंदनाचारित्र – *Caṁdanācāritra.*
Name of a book.
चंदना के चारित्र पर आधारित एक ग्रंथ ।

चंदनामती (आर्यिका) – *Caṁdanāmatī (Āryikā).*
The chief disciple of supreme Jaina female ascetic Aryika Shri Gyanmati Mataji and also the younger sister of the household life of Ganini Shri Gyanmati Mataji, who born at 18th May 1958 and after having studied upto 10th standard, in the small age of 13th years old only she took oath for the vow of celibacy for whole life in year 1971.Thereafter at 13th Aug. 1989 she took Jaina-initiation (for Aryika stage) from Ganini Aryika Shri Gyanmati Mataji. Because of her sharpeness, brilliancy, great poetic genius and creativity she has got popularity over the horizon of the world. In this connection she has composed hundreds of the religious hymns, worshipping compositions, treatises, commentary books etc. With hard penance and observing all duties perfectly, she has overall devoted herself for the protection and development of the Jaina culture and heritage.
गणिनी प्रमुख आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी की प्रमुख शिष्या जिन्होंने सन् 1971 में 13 वर्ष की बाल अवस्था में ही आजन्म ब्रह्मचर्य व्रत धारण कर 13 अगस्त 1989, श्रावण शुक्ला ग्यारस को हस्तिनापुर में पूज्य ज्ञानमती माताजी से आर्यिका दीक्षा प्राप्त की। आपका जन्म 18 मई 1958, ज्येष्ठ कृष्णा अमावस्या को टिकैतनगर-बाराबंकी उ.प्र. में हुआ। आप गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी की गृहस्थावस्था की लघु बहन भी हैं। दीक्षापूर्व आपका नाम माधुरी जैन था, आपने हाईस्कूल तक लौकिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद धार्मिक अध्ययन में शास्त्री एवं विद्यावाचस्पति की उपाधि प्राप्त की। आपने बाल्यकाल में ही हजारों की संख्या में गोम्मटसार जीवकाण्ड-कर्मकाण्ड आदि की संपूर्ण गाथाओं को प्राकृत, संस्कृत, हिन्दी भाषाओं में कंठस्थ कर लिया था यह आपकी तीक्ष्ण बुद्धि का परिचायक है। इसके अतिरिक्त आप सैकड़ों भजनों, विधान, चालीसा, पूजन इत्यादि सुंदर काव्य की रचयित्री हैं। आपने सतत् गुरु वैय्यावृत्ति, स्वाध्याय, चिन्तन, मनन, तपश्चरण, धर्म अध्ययन एवं प्रवचन आदि के साथ अनेक साहित्य का सृजन किया है जिनमें षट्खण्डागम ग्रंथ की हिन्दी टीका, महावीर स्तोत्र (पूज्य गणिनी ज्ञानमती माताजी कृत) की संस्कृत एवं हिन्दी टीका, जम्बूद्वीप ज्ञान ज्योति, अवध की अनमोल मणि, सचित्र ज्ञानाञ्जलि आदि प्रमुख हैं। तीर्थ संरक्षण एवं धर्म के विकास में आपकी विशेष रुचि के फलस्वरूप आपने जम्बूद्वीप (हस्तिनापुर), तपस्थली (प्रयाग), मांगीतुंगी, अयोध्या, कुण्डलपुर (नालंदा) इत्यादि नवोदित तीर्थों की रचना में सफल मार्गदर्शन प्रदान किया है। गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से संपादित होने वाले सभी कार्यों में आपकी अहं भूमिका रहती है ।

चंदप्पहचरिउ – *Caṁdappahacariu.*
A book written by Brahmadamodar.
ब्रह्मदामोदर द्वारा रचित चंद्रप्रभ चरित्र। समय-ई. श.11 मध्य ।

चंद्र – *Caṁdra.*
The moon, Name of a summit of Devmal Vakshar mountain and its protecting deity, A summit of Ruchak mountain, 2nd & 3rd Patals (layers) of Saudharma heaven, Name of Kuber's palace & a cave etc.
चंद्रमा, अपर विदेह स्थित देवमाल वक्षार का एक कूट व उसका रक्षक देव, रूचक पर्वत का एक कूट, सौधर्म स्वर्ग का दूसरा व तीसरा पटल, दक्षिण अरुणवर द्वीप का एक रक्षक व्यन्तर देव, सुमेरू पर्वत के नन्दन आदि वनों के उत्तर भाग में स्थित कुबेर का भवन व गुफा ।

चंदर्षि महत्तर – *Caṁdarṣi Mahattara.*
A Shvetambar Acharya.
श्वेताम्बर पंचसंग्रह प्राकृत तथा उसकी स्वोपज्ञ टीका के रचयिता एक प्रसिद्ध श्वेताम्बर आचार्य (ई. श. 9-10) ।

चंद्रकान्त – *Caṁdrakānta.*
A king of Yadu dynasty.
वसुदेव का पुत्र। यदुवंश का राजा ।

चंद्रकीर्ति – *Caṁdrakīrti.*
An Acharya who was the disciple of Malladharideva.
नंदीसंघ देशीय गण के एक आचार्य, मल्लधारी देव के शिष्य (ई. 1043-1073) ।

चंद्रकूट – *Caṁdrakūṭa.*
A summit of Ruchak mountain, Name of a summit of Vakshar mountain and its deity.
रूचक पर्वत का एक कूट, वक्षारगिरी के कूट व देव का नाम।

चंद्रगिरि – *Caṁdragiri.*
A mountain at Shravanbelgola.
श्रवणबेलगोला में स्थित एक पर्वत ।

चंद्रगुप्त – *Caṁdragupta.*
A king of Maurya empire.
चन्द्रगुप्त मौर्य (ई. पू. 322-298); मौर्य साम्राज्य के संस्थापक, भद्रबाहु श्रुतकेवली के शिष्य, जैनत्व दीक्षा लेने वाले अंतिम सम्राट् ।

चंद्रग्रहण – *Caṁdragrahaṇa.*
An eclipse of the moon.
राहु का चन्द्रमा को आच्छादित करना ।

चंद्रचिन्ह – *Caṁdracinha.*
A kind of Kuru descendant, The significant symbol of Lord Chandraprabha, The symbol of Lord Svayamprabha present at Videh Kshetra.
कुरुवंश के एक राजा का नाम, चन्द्रप्रभ भगवान का चिन्ह, विदेह क्षेत्र में स्थित स्वयंप्रभ भगवान का चिन्ह ।

चंद्रचूल – *Caṁdracūla.*
A chief disciple of Lord Rishabhdeva.
भगवान ऋषभदेव के 84 गणधरों में एक गणधर ।

चंद्रदेव – *Caṁdradeva.*
Son of Jarasandh, A type of stellar deities.
जरासंध का पुत्र, ज्योतिष्क देवों के 5 भेदों में से एक भेद ।

चंद्रद्रह – *Caṁdradraha.*
Name of a Drah (large pond or lake).
उत्तरकुरु के दस द्रहों में से दो का नाम चन्द्र है, तालाब; नील पर्वत से साढ़े पाँच सौ योजन दूर नदी के मध्य में स्थित है ।

चंद्रद्वीप – *Caṁdradvīpa.*
An island situated in Lavana ocean.
लवणसागर में स्थित एक द्वीप ।

चंद्रधर – *Caṁdradhara.*
Name of a super person, a Baldev.
भावी शलाका पुरुष; एक बलदेव का नाम ।

चंद्रनंदि – *Caṁdranaṁdi.*
Preceptor of Bhagvati Aradhanakar Shivarya, Preceptor of Kumarnandi.
भगवती आराधनाकार शिवार्य के दादा गुरु (ई. श. 1 का प्रारंभ), कुमारनन्दि के गुरु (ई. 716) ।

चंद्रनखा – *Caṁdranakhā.*
Daughter of Ratnashrava & sister of Ravana.
रत्नश्रवा की पुत्री और रावण की बहन जिसने रावण की मृत्यु पर दीक्षा धारण की ।

चंद्रपर्वत – *Caṁdraparvata.*
A city in the south of Vijayardh mountain.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर ।

चंद्रपुर – *Caṁdrapura.*
A city in the south of Vijayardh mountain, Birth place of Lord Chandraprabhu.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर, चन्द्रप्रभु भगवान की जन्मनगरी (चंद्रपुरी), जो वाराणसी नगरी के पास स्थित है ।

चंद्रप्रज्ञप्ति – *Caṁdraprajñapti.*
A type of scriptural knowledge (Shrutgyan), A Shvetambar book and also the name of a book written by Acharya Amitgati.
अंगश्रुत ज्ञान का एक भेद; इसमें चंद्रमा की आयु, परिवार, ऋद्धि आदि का 36 लाख 5000 पदों में वर्णन है, एक श्वेताम्बर ग्रंथ एवं आचार्य अमितगति द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

चंद्रप्रभ – *Caṁdraprabha.*
A disciple of Jaysingh Suri.
जयसिंह सूरि के शिष्य जिन्होंने प्रमेयरत्नकोष तथा दर्शनशुद्धि नामक न्यायविषयक दो ग्रंथ लिखे। समय-ई.1120 ।

चंद्रप्रभचरित – *Caṁdraprabhacarita.*
Name of books written by different Acharyas separately.
आचार्य वीरनन्दि (ई. 950-999) कृत महाकाव्य, आचार्य श्रीधर (ई.श. 14) की प्राकृत रचना, आचार्य शुभचंद्र (ई. 1516-1556) की संस्कृत रचना ।

चंद्रप्रभु – *Caṁdraprabhu.*
Name of the 8th Tirthankar (Jaina-Lord).
8वें तीर्थंकर; इनका जन्म चन्द्रपुरी के इक्ष्वाकुवंशी राजा महासेन एवं रानी लक्ष्मणा के यहाँ हुआ। इनकी 10लाख पूर्व की आयु एवं 150 धनुष (छह सौ हाथ) शरीर की ऊँचाई थी ।

चंद्रबाहु – *Caṁdrabāhu.*
A Tirthankar (Jaina-Lord) of Videh Kshetra (region).
विदेह क्षेत्र के एक तीर्थंकर ।

चंद्रभ – *Caṁdrabha.*
A Kannad poet who wrote Gommateshvar Charit.
एक कन्नड़ कवि (ई. श. 1605) जिन्होंने गोम्मटेश्वर चरित की रचना की ।

चंद्रभागा – *Caṁdrabhāgā.*
The present Chinab river of Punjab.
पंजाब की वर्तमान चिनाब नदी ।

चंद्रमा – *Caṁdramā.*
The Moon.
चन्द्र विमान ।

चंद्रमाल – *Caṁdramāla.*
Name of a mountain (Vakshargiri) in the western Videh.
पश्चिम विदेह का एक वक्षारगिरि ।

चंद्ररथ – *Caṁdraratha.*
A king of Vidyadhar dynasty.
विद्याधर वंश का एक राजा ।

चंद्रवंश – *Caṁdravaṁśa.*
The name of Som dynasty.
सोमवंश; बाहुबलि के पुत्र सोमयश ने इस वंश की स्थापना की थी ।

चंद्रवर्मा – *Caṁdravarmā.*
A king of Yadu dynasty.
यदुवंश का एक राजा, कृष्ण का एक पुत्र ।

चंद्रविमान – *Caṁdra Vimāna.*
The Moon, Space vehicles.
चन्द्रमा, 2 जंबूद्वीप के + 4 लवण समुद्र के + 12 धातकी खण्ड के + 42 कालोदधि के + 72 पुष्करार्द्ध के इस प्रकार ढाई द्वीप में कुल 132 चंद्रविमान गमनशील हैं ।

चंद्रशेखर – *Caṁdraśekhara.*
A king of Vidyadhar descendant.
विद्याधर वंश का एक राजा; विशालाक्ष विद्याधर का पुत्र ।

चन्द्रसागर (मुनि) – **Caṁdrasāgara (Muni).**
Name of a Digambar Jain saint, the disciple of Charitra Chakravarti Acharya Shri Shantisagar ji Maharaj.
चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के प्रमुख 7 मुनि शिष्यों में से एक। ये राजस्थान, इंदौर तथा मध्यप्रदेश में सिंहवृत्ति का पालन करने वाले एक कट्टर आगम परम्परा पोषक आचार्यकल्प के रूप में प्रसिद्ध हुए ।

चंद्रसेन – *Caṁdrasena.*
Spiritual teacher of Aryanandi ji.
आर्यनन्दि के गुरु (ई. 742-773) ।

चंद्रानन – *Caṁdrānana.*
A Tirthankar (Jaina-Lord) of Videh Kshetra (region).
विदेह क्षेत्र के विद्यमान 20 तीर्थंकर में एक तीर्थंकर का नाम ।

चंद्राभ – *Caṁdrābha.*
Name of the 11th Kulkar (ethical founder), A city in the south of Vijayardh mountain, A type of Laukantik deities, A king of Yadu descendant.
11वें कुलकर का नाम, विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर, लौकान्तिक देवों की एक जाति, यदु (यादव) वंश का एक राजा।

चंद्राभा – *Caṁdrābhā.*
Name of a chief female deity.
ज्योतिषी देवों में इन्द्र चन्द्र की पट्ट महादेवी ।

चंद्रावर्त – *Caṁdrāvarta.*
A king of Rakshas descendant.
राक्षसवंश का एक राजा ।

चंद्रोदय – *Caṁdrodaya.*
A book written by Acharya Prabhachandra.
आचार्य प्रभानन्द नं. 3 (ई. 797) कृत एक ग्रंथ ।

चंपक वृक्ष – *Caṁpaka Vṛkṣa.*
Name of initiation tree of Lord Munisuvratnath.
मुनिसुव्रतनाथ भगवान के दीक्षावृक्ष का नाम, जो नील वन में स्थित था ।

चंपा – *Caṁpā.*
A city in the north of Vijayardh mountain, A variety of flower.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर, एक फूल का नाम ।

चंपापुर – *Caṁpāpura.*
An ancient Digambar Jain place of pilgrimage near Bhagalpur, Bihar, where 5 auspicious events (Panchkalyanaks) of the life of Lord Vasupujyanath took place.
वासुपूज्यनाथ तीर्थंकर की पंचकल्याणक स्थली, वर्तमान बिहार प्रान्त में यह तीर्थ स्थित है। यहाँ भगवान वासुपूज्यनाथ के गर्भ एवं जन्मकल्याणक हुए हैं। इस क्षेत्र के नजदीक ही मन्दारगिरी है जहाँ इन्हीं भगवान के अन्य तीन कल्याणक हुए हैं। अतएव यह स्थली भगवान वासुपूज्यनाथ की पंचकल्याणक स्थली के रूप में मान्य है। केवल यही एक ऐसा तीर्थ है जहाँ किसी तीर्थंकर के पाँचों कल्याणक एक ही स्थान पर हुए हैं ।

चंवर – *Caṁvara*
An auspicious article which is to be kept near Tirthankars' (Jaina-Lords') idol.
प्रतिमा के पास में विद्यमान रहने वाले अष्ट मंगल द्रव्यों में एक ।

चकवा – *Cakava.*
A large orange-brown duck, the Sheldrake, the significant symbol of Lord Sumatinath.
सुमतिनाथ भगवान का चिह्न ।

चक्र – *Cakra.*
A wheel, ring, a group, a circular shape, First Patal (layer) of Sanatkumar heaven, Prime jewel of Chakravarti (emperor), See - Dharmacakra.
सनत्कुमार स्वर्ग का प्रथम पटल, चक्रवर्ती का एक प्रधान रत्न, देखें - धर्मचक्र ।

चक्रक – *Cakraka.*
A fault of coming back on the same point after having a long discussion, Name of a space vehicle.
वादी की बात करते हुए पुनः पुनः घूमकर वहीं आ जाना चक्रक दोष है, माहेन्द्र स्वर्ग का एक विमान ।

चक्रधर – *Cakradhara.*
See - *Caṁdradhara.*
देखें - चंद्रधर ।

चक्रधर्मा – *Cakradharmā.*
A king of *Vidyadhar* dynasty.
विद्याधर वंश का एक राजा ।

चक्रध्वज – *Cakradhvaja.*
A king of *Vidyadhar* dynasty, A religious flag with the mark of wheel (Chakra).
विद्याधर वंश का एक राजा, चक्र चिन्हांकित समवशरण की ध्वजा।

चक्रपुर – *Cakrapura.*
A city of *Bharat Kshetra* (region), A city in the south of *Vijayardh* mountain.
भरतक्षेत्र का एक नगर, विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर।

चक्रपुरी – *Cakrapurī.*
Name of the capital of Gandha country in Videh

(region).
अपर विदेह के गंधा नामक देश की राजधानी ।

चक्रपूजा – *Cakrapūjā.*
Worshipping of the wheel before starting world conquering by a Chakravarti (emperor).
चक्रवर्तियों द्वारा दिग्विजय के शुभारंभ में की जाने वाली चक्र की पूजा ।

चक्ररत्न – *Cakraratna.*
A divine circular weapon (Chakra) possessed by Chakravarti (emperor) etc. as a jewel.
सुदर्शनचक्र; जो चक्रवर्ती व अर्द्धचक्रवर्ती के होता है ।

चक्ररथ – *Cakraratha.*
Soul of 'Sita', a predestined Chakravarti (emperor).
सीता का जीव; यह चक्रवर्ती राजा होगा रावण-लक्ष्मण के जीव इसके पुत्र होंगे ।

चक्रलाभक्रिया – *Cakralābhakriyā.*
An auspicious act of getting precious jewels due to spiritual merits 'Punya'.
गर्भान्वय की एक क्रिया; पुण्य के प्रताप से नवनिधि व चक्ररत्न की प्राप्ति ।

चक्रवर्ती – *Cakravartī.*
Universal monarch, world conqueror, emperor.
चक्ररत्न का स्वामी। यह षट्खण्डाधिपति, दिग्विजयी, 32 हजार राजाओं का अधिराजा, 14 रत्नों, 9 निधियों का तेजस्वी अधिपति होता है ।

चक्रवाक – *Cakravāka.*
The Chakva bird; a large orange brown duck, A space vehicle of 'Shukrendra'.
एक पक्षी-चकवा, शुक्रेन्द्र का यान (विमान) ।

चक्रवान् – *Cakravān.*
A city in the south of Vijayardh mountain.
विजयार्ध पर्वत की दक्षिण श्रेणी का एक नगर ।

चक्रवाल – *Cakravāla.*
See - Cakravan.
देखें - चक्रवान् ।

चक्रवाल व्रत– *Cakravāla Vrata.*
Name of a vow to be observed with particular procedure at different Nakshatra days related to their respective lunar months. For eg. observing vow at the day of Chitra Nakshatra in the month of Chaitra.
प्रत्येक मास से संबंधित नक्षत्र में यह व्रत 3 वर्ष 3 माह तक किया जाता है जैसे-चैत्रमास में चित्रा नक्षत्र के दिन, वैशाख मास में विशाखा नक्षत्र के दिन व्रत करना। इस व्रत के एक-एक उपवास का लाख-लाख उपवास से भी अधिक फल होता है। इसकी पूरी विधि मराठी व्रत कथा संग्रह एवं आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा लिखित व्रतविधिसुमनावली पुस्तक में देखें ।

चक्रव्यूह – *Cakravyūha.*
An array of soldiers in the form of a circle.
एक विशिष्ट सैन्य रचना; इसमें राजा मध्य में रहता है और उसके चारों ओर अंगरक्षक होते हैं, इसकी चक्राकार रचना में एक हजार आरे होते हैं ।

चक्राभिषेक क्रिया – *Cakrābhiṣeka Kriyā.*
An auspicious and sacred act (reg. anointment of Chakri) after conquering the world .
गर्भान्वय की एक क्रिया; दिग्विजय पूर्ण कर नगर में प्रवेश करते समय चक्री का अभिषेक करना ।

चक्रायुध – *Cakrāyudha.*
A king of Vidyadhara descendant, First chief disciple of Lord Shantinath.
विद्याधर वंश का एक राजा, शांतिनाथ भगवान के प्रथम गणधर।

चक्री – *Cakrī.*
The Chakravarti, emperor, universal monarch.
चक्रवर्ती ।

चक्रेश – *Cakreśa.*
See - Cakravartī.
चक्ररत्न के स्वामी, देखें - चक्रवर्ती ।

चक्रेश्वरी –Cakreśvarī.
Ruling female deity of Lord Rishabhdev.
भगवान ऋषभदेव की शासन देवी ।

चक्षुःश्रवा – Cakṣuḥśravā.
A sanke having hearing sense through eyes.
सर्प, यह आँख के मार्ग से ही सुनता है ।

चक्षु – Cakṣu.
Name of a deity of Manushottar mountain.
मानुषोत्तर पर्वत का एक देव ।

चक्षु इन्द्रिय – Cakṣu Indriya.
Visual sense organ, sense of sight, ocular sense.
आँखे, जिसके द्वारा संसारी जीव पदार्थों को देखता है उसे चक्षु इन्द्रिय कहते हैं ।

चक्षुदर्शन – Cakṣudarśana.
Visionary conation, ocular perception.
चक्षु इंद्रिय के द्वारा पदार्थ का ज्ञान होने से पूर्व जो सामान्य प्रतिभास होता है वह चक्षुदर्शन है।

चक्षुदर्शनावरण – Cakṣudarśanāvaraṇa.
Obscurring Karma of visionary conation.
दर्शनावरण कर्म के 9 भेदों में एक भेद; जो कर्म चक्षु के द्वारा वस्तु का सामान्य ग्रहण न होने दे ।

चक्षुमित्र – Cakṣumitra.
A king of Shak descendant.
शक वंश का एक राजा ।

चक्षुष्मान – Cakṣuṣmāna.
Name of the 8th Kulkar (ethical founder), Name of the protecting peripatetic deity of south

Manushottar mountain and Pushkarardh island.
आठवें कुलकर का नाम, मानुषोत्तर पर्वत एवं पुष्करार्ध द्वीप का रक्षक देव ।

चतुःस्थानीय – Catuḥsthānīya.
The actual fruition of the Karmic matters having strong or mild attributes.
अनुभाग बंध; प्रशस्त कर्म प्रकृतियों का गुड़, खाण्ड, शर्करा और अमृत रूप एवं अप्रशस्त कर्म प्रकृतियों का लता, दारू, अस्थि, शैलरूप अनुभाग बंध चतुःस्थानीय कहलाता है ।

चतुरंक – Caturaṁka.
Infinite increase.
असंख्यातभाग वृद्धि की चतुरंक संज्ञा है ।

चतुरंग – Caturaṁga.
Bowing down with bending both hands and knees, Four parts of an army.
नमस्कार का एक प्रकार अर्थात् दोनों हाथ व दोनों घुटने नमाना, सेना के और 4 अंग; अश्व, गज, रथ और पैदल सैनिक ।

चतुरस्र – Caturasra.
Quadrilateral.
चर्तुभुज अर्थात् चार भुजाओं वाला ।

चतुरावश्यक – Caturāvaśyaka.
Four super necessities of the 7th stage of spiritual development.
अनंतगुणी विशुद्धि, अप्रशस्त प्रकृतियों की अनंतगुणी हानि, प्रशस्त प्रकृतियों में अनंतगुणी वृद्धि, स्थिति बंधापसरण ये 4 आवश्यक कार्य अधःप्रवृत्तकरण संयत अर्थात् सप्तम गुणस्थानवर्ती मुनि के होते हैं ।

चतुराश्रम – Caturāśrama.
The four stages of life.
ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ व सन्यास आश्रम ।

चतुरिन्द्रिय – Caturindriya.
Four - sensed beings.
स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु ये 4 इंद्रियां जिन जीवों के होती हैं वे चतुरिन्द्रिय जीव हैं। जैसे—मक्खी, मच्छर आदि ।

चतुरिन्द्रिय जाति नामकर्मप्रकृति – Caturindriya Jāti Nāmakarmaprakṛti.
A type of Karmic nature causing four sensed beings.
नामकर्म की एक प्रकृति; जिसके उदय से जीव 4 इन्द्रिय कहा जाता है ।

चतुर्गति – Caturgati.
Four body forms or destinities; Hell, Animals and Plants, Human beings and Deities.
चार गतियाँ; नरक, तिर्यंच, मनुष्य व देवगति ।

चतुर्गति-निगोद – Caturgati-Nigoda.
Falling back into the lower world from the higher form of life.
इतर निगोद; जो त्रस पर्याय पाकर फिर निगोद में उत्पन्न हुए हैं ऐसे जीव चतुर्गति निगोद कहलाते हैं ।

चतुर्ज्ञान-सिद्ध – Caturjñāna-Siddha.
Those who have got salvation because of four types of super knowledge (according to Bhutpragyapan Naya).
भूतप्रज्ञापन नय की अपेक्षा 4 ज्ञान से सिद्ध होने वाले जीव ।

चतुर्णिकाय – Caturṇikāya.
Four types of deities.
भवनवासी, व्यंतर, ज्योतिष्क, वैमानिक इन 4 निकायों के देव ।

चतुर्थकाल – Caturthakāla.
The fourth division of Avasarpini Kal (regressive half cycle of time).
अवसर्पिणी काल के 6 भेदों में दुषमा-सुषमा नामक चौथा भेद, जिसमें 24 तीर्थंकर जन्म लेते हैं ।

चतुर्थच्छेद – Caturthaccheda.
Number of times that a number can be divided by 4.
किसी संख्या को 4 से जितनी बार भाग दिया जा सके ।

चतुर्थज्ञान – Caturthajñāna.
Telepathy (Manahparyay Gyan); a type of knowledge.
मनःपर्यय ज्ञान ।

चतुर्थ-भक्त – Caturtha-Bhakta.
A kind of a particular fasting.
पहले और तीसरे दिवस दिन में दो बार भोजन लेना और बीच के दिन कुछ नहीं लेना।

चतुर्थीविद्या – Caturthīvidyā.
The 4th ethical propounded knowledge (Dandniti).
आन्वीक्षिकी, त्रयी, वार्ता, दण्डनीति इन 4 विद्याओं में चौथी दंडनीति विद्या ।

चतुर्दश – Caturdaśa.
Fourteen—14 Gunsthan, 14 Purva etc.
चौदह—चौदह पूर्व, चौदह गुणस्थान इत्यादि ।

चतुर्दश गुणस्थान – Caturdaśa Guṇasthāna.
Fourteen Gunsthan-stages of spiritual developments.
14 गुणस्थान; मिथ्यात्व, सासादन, मिश्र, अविरत सम्यग्दृष्टि, देशविरत, प्रमत्त, अप्रमत्त, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, सूक्ष्म-सांपराय, उपशांत मोह, क्षीणमोह, सयोगकेवली, अयोगकेवली।

चतुर्दश नदी – Caturdaśa Nadī.
Fourteen rivers of Jambudvip (an island).
जम्बूद्वीप की 14 महानदियाँ; गंगा, सिंधु, रोहित, रोहितास्या, हरित, हरिकांता, सीता, सीतोदा, नारी, नरकांता, सुवर्णकूला, रूप्यकूला, रक्ता, रक्तोदा ।

चतुर्दश परिग्रह – Caturdaśa Parigraha.
Fourteen types of internal attachments.
14 प्रकार के अंतरंग परिग्रह—मिथ्यात्व, हास्यादि नव नोकषाय एवं क्रोधादि चार कषाय ।

चतुर्दश पूर्व – Caturdaśa Pūrva.
Fourteen Purvas - early canons (texts).
उत्पाद पूर्व, अग्रायणीय, वीर्यप्रवाद, अस्तिनास्ति प्रवाद, ज्ञानप्रवाद, सत्यप्रवाद, आत्मप्रवाद, कर्मप्रवाद, प्रत्याख्यान, वीर्यानुवाद, कल्याणवाद, प्राणावाद, क्रियाविशाल, लोकबिन्दुसार ।

चतुर्दश पूर्वधर – Caturdaśa Pūrvadhara.
Acharyas possessing knowledge of 14 Purvas.
14 पूर्व के ज्ञाता 5 मुनि; विष्णु, नंदिमित्र, अपराजित, गोवर्धन, भद्रबाहु ।

चतुर्दश पूर्वित्व – Caturdaśa Pūrvitva.
A type of supernatural power possessed by great saints (Shrut Kevalis).
एक प्रकार की ऋद्धि। द्वादशांग श्रुतज्ञान को धारण करने वाले महर्षि अर्थात् श्रुतकेवली इस ऋद्धि के धारी होते हैं ।

चतुर्दश भूत ग्राम – Caturdaśa Bhūta Grāma.
Fourteen Jiva Samas are called Chaturdash Bhutgram.
चौदह जीव समास ही चौदह भूत ग्राम अर्थात् जीवसमूह कहलाते हैं।

चतुर्दश मनु – Caturdaśa Manu.
Fourteen Kulkars (ethical founders).
14 कुलकर ।

चतुर्दश महारत्न – Caturdaśa Mahāratna.
Fourteen jewels of Chakravarti (emperor).
चक्रवर्ती के 14 रत्न ।

चतुर्दश मार्गणा – Caturdaśa Mārgaṇā.
Fourteen ways of soul quest.
14 मार्गणा; गति, इन्द्रिय, काय, योग, वेद, कषाय, ज्ञान, संयम, दर्शन, लेश्या, भव्यत्व, सम्यक्त्व, संज्ञित्व, आहार ।

चतुर्दश राजू – Caturdaśa Rājū.
Fourteen Raju, measure of the universe.
14 राजू, लोक का प्रमाण ।

चतुर्दशी क्रिया – Caturdaśī Kriyā.
A type of devotional prayer.
कृतिकर्म; सिद्ध भक्ति, चैत्यभक्ति, श्रुतभक्ति, पंचगुरुभक्ति, शांतिभक्ति, समाधिभक्तिपूर्वक त्रिकालदेव वंदना करना ।

चतुर्दशी व्रत – Caturdaśī Vrata.
A Jaina vow (fasting for specific time).
14 वर्ष तक प्रतिमास की दोनों चतुर्दशियों को 16 प्रहर का उपवास करना ।

चतुर्दिक मुखदर्शन – Caturdika Mukhadarśana.
Four sided face—a supernatural bliss of Lord Arihant.
अर्हंत भगवान के केवलज्ञान का एक अतिशय; सबकी ओर मुख करके स्थित होना ।

चतुर्द्वीप – Caturdvīpa.
India, Seediya, Baiktriya & Sariyana all four countries are togetherly called 'Chaturdvip'.
भारत की सीमा पर स्थित देश सीदिया, बैक्ट्रिया, सरियाना एवं भारत, चारों मिलकर चतुर्द्वीप कहलाते हैं ।

चतुर्दोष – Caturdoṣa.
Particular four faults related to food.
संयोजना, अप्रमाण, अङ्गार और धूम आहार के ये 4 दोष होते हैं।

चतुर्थभुक्त – Caturthabhukta.
A type of abandonment of food (fasting).
दो उपवास; चार भोजन बेला का त्याग करना ।

चतुर्भावना – Caturbhāvanā.
Four types of emotions or sentiments.
मैत्री, प्रमोद, कारुण्य, माध्यस्थ भावना ।

चतुर्भुज – Caturbhuja.
Quadrilateral, four-armed figure.
चार भुजाओं वाला; समानान्तर भुजाओं से बना हुआ चित्र ।

चतुर्भुज समलम्ब – Caturbhuja Samalamba.
Trapezium.
चार भुजाओं वाला चित्र जिसमें आमने-सामने की कोई दो भुजाएं समानांतर होती हैं ।

चतुर्मास – Caturmāsa.
Particular four months of rainy season (staying time of Jain-saints at a place with some restrictions).
वर्षाऋतु के 4 मास, वर्षायोग, आषाढ़ सुदी 14 से कार्तिक वदी चतुर्दशी की पिछली रात्रि में (अर्थात् साढ़े तीन मास में) वर्षायोग समापन क्रिया की जाती है फिर भी व्यवहार में कार्तिक सुदी 14 तक साधु प्रायः एक स्थान पर ठहरते हैं इसलिए चातुर्मास नाम सार्थक है ।

चतुर्मासिक प्रतिक्रमण – Caturmāsika Pratikramaṇa.
A type of penitence which is to be conducted after four months' staying of a Jain rsaint in rainy season.
प्रतिक्रमण का एक भेद; चार-चार माह में किया जाने वाला प्रतिक्रमण।

चतुर्मुख – Caturmukha.
Having four faces (reg. Lord Arihant in Samavasharan), Name of a city in southern Vijayardh mountain, Name of the 7th Narad (a learned sage).
समवशरण में अर्हन्त भगवान का चारों दिशाओं में मुख दिखाई देना, विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर, सातवें नारद का नाम ।

चतुर्मुखदेव – Caturmukhadeva.
A writer who wrote 'Padupachasi' & 'Harivanshpuran'.
पदुपचासी एवं हरिवंश पुराण के कर्ता ।

चतुर्मुखमह – Caturmukhamaha.
A type of worship (performed by kings).
सर्वतोभद्र पूजा; पूजा का एक भेद जो मुकुटबद्ध राजाओं के

द्वारा की जाती है ।

चतुर्मुख यज्ञ – Caturmukha Yajña.
See - Caturmukhamaha.
देखें - चतुर्मुखमह ।

चतुर्मुखी – Caturmukhī.
A city in the south of Vijayardh mountain.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर ।

चतुर्विंशति पूजाविधान – Caturviṁśati Pūjāvidhāna.
Name of a text of worship.
चौबीसी पूजा विधान की एक किताब ।

चतुर्विंशति मंडल यंत्र – Caturviṁśati Maṁḍala Yaṁtra.
A metal-plate engraved with some auspicious and mystic words.
एक मंत्र लिखित धातु की प्लेट ।

चतुर्विंशतिसंधान काव्य – Caturviṁśatisaṁdhāna Kāvya.
A book written by Pandit Jagannath.
ई. सन् 1642 में पं. जगन्नाथ द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

चतुर्विंशतिस्तव – Caturviṁśatistava.
Eulogy of 24 Tirthankars (Jaina-Lords).
अंगबाह्य श्रुत के 14 प्रकीर्णकों में एक प्रकीर्णक, तीर्थंकरों के गुणों का कीर्तन करना ।

चतुर्विध उदय – Caturvidha Udaya.
Four kinds of fruition.
प्रकृति, स्थिति, अनुभाग, प्रदेश रूप उदय ।

चतुर्विध बंध – Caturvidha Baṁdha.
Four types of Karmic bondage.
4 प्रकार का कर्मबंध; प्रकृति, प्रदेश, अनुभाग, स्थिति बंध ।

चतुर्विध संघ – Caturvidha Saṁgha.
Group of Muni (saint), Aryika (female Jain ascetic) & Devotees (male, female).
मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका इन चारों के समुदाय को चतुर्विध संघ कहते हैं ।

चतुर्विधामर – Caturvidhāmara.
Four types of deities.
4 निकाय के देव—भवनवासी, व्यंतर, ज्योतिष्क, वैमानिक ।

चतुश्चारित्रसिद्ध – Catuścāritrasiddha.
Those who have got salvation because of four super conducts.
भूतप्रज्ञापन नय की अपेक्षा 4 चारित्र से सिद्ध होने वाले जीव।

चतुष्टय – Catuṣṭaya.
Infinite perception-knowledge-bliss and potence togetherly called Chatushtay.
अनंतदर्शन, अनंतज्ञान, अनंतसुख, अनंतवीर्य ये चार अनंतचतुष्टय कहलाते हैं ।

चतुष्टयी वृत्ति – Catuṣṭayī Vṛtti.
Four uses of money (acquisition, saving or protection, growth, expenses).
अर्थ की 4 वृत्तियां—अर्जन, रक्षण, वर्धन, व्यय ।

चतुष्पाद – Catuṣpāda.
Name of a planet, Quadruped—any animal with four legs.
एक ग्रह का नाम, चार पैर वाले जीवों को भी चतुष्पाद कहते हैं।

चत्तारिमंगल पाठ – Chttārimaṁgala Pāṭha.
A religious lesson in Jainism to be pronounced daily in the reverence of four Jain supreme identities—Arihant, Siddha, Sadhu & Kevali, for the beneficence of the life. The lesson is—
"Chattari Mangalam—Arihant Mangalam Siddha Mangalam, Sahu Mangalam, Kevalipannatto Dhammo Mangalam. Chattari Loguttama—Arihant Loguttama, Siddha Loguttama, Sahu Loguttama, Kevalipannatto Dhammo Loguttama. Chattari Saranam Pavvajjami—Arihant Saranam Pavvajjami, Siddha Saranam Pavvajjami, Sahu Saranam Pavvajjami, Kevalipannatto Dhammo Saranam Pavvajjami."
चत्तारिमंगलं—अरिहंत मंगलं, सिद्ध मंगलं, साहु मंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं। चत्तारि लोगुत्तमा—अरिहंत लोगुत्तमा, सिद्ध लोगुत्तमा, साहु लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा। चत्तारि सरणं पव्वज्जामि—अरिहंत सरणं पव्वज्जामि, सिद्ध सरणं पव्वज्जामि, साहु सरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तो धम्मो सरणं पव्वज्जामि।
अर्थ-लोक में मंगल चार हैं—अरिहंत, सिद्ध, साधु एवं केवली भगवान् द्वारा कहा गया धर्म। लोक में चार ही उत्तम हैं—अरिहंत, सिद्ध, साधु एवं केवली प्रणीत धर्म।
चार की ही मैं शरण लेता हूँ—अरिहंत की, सिद्ध की, साधु की और केवली भगवान् द्वारा प्रणीत धर्म की ।
णमोकार मंत्र के साथ नित्य ही जिनमंदिर में यह मंगल पाठ पढ़ने की भी परम्परा है जिससे जीवन मंगलमयी होता है।

चन्द्रकांतशिला – Candrakāṁtaśilā.
The cliffs of moon-stone having melting property.
चन्द्रकांत मणि से निर्मित एक शिला, ये शिलाएं रात्रि में चन्द्रमा की किरणों का स्पर्श पाकर द्रवीभूत होने लगती हैं ।

चन्द्र परिवार – Candra Parivāra.
Family of Indra 'Chandra' (an astral deity).
ज्योतिषी देवों में चन्द्र नाम का इन्द्र होता है, उसके परिवार में 1 सूर्य, 88 ग्रह, 28 नक्षत्र, 66975 कोड़ाकोड़ी तारे होते हैं।

चन्द्रप्रभ शतपदि – Candraprabha Śatapadi.
Name of a book written in Kannad language.
सन् 1578 में लिखा गया कन्नड़ भाषा में एक ग्रंथ ।

चन्द्रप्रभा – Candraprabhā.
Name of a palanquin used for Lord Mahavira, while going for initiation.

भगवान महावीर दीक्षावन के लिए इस नाम की पालकी पर बैठकर गये थे ।

चन्द्रहास – Candrahāsa.
Name of a divine sword of Ravan.
एक खड्ग; रावण ने इसे साधनपूर्वक सिद्ध किया था ।

चमत्कार – Camatkāra.
Amazement, Astonishment, Splendour, Supernatural events.
विस्मय, आश्चर्य, उत्कर्ष, लोकमूढ़ता; लौकिक चमत्कारों के प्रति आकर्षित होना सम्यग्दर्शन का एक दोष है ।

चमर – Camara.
Flywhisk, See - Camvara.
देखें-चंवर। इस नाम का इन्द्र जो तीर्थंकर के जन्मोत्सव में चमर ढोरता है ।

चमरी – Camarī.
A special cow having a tale with beautiful and soft hair.
एक विशिष्ट गाय, इसकी पूँछ के बाल सुंदर और कोमल होते हैं। जिनसे चमर बनाये जाते हैं ।

चमरेन्द्र – Camarendra.
Name of an Indra.
भवनवासी के असुरकुमार जाति के देवों का प्रथम इन्द्र ।

चमू – Camū.
A division of army.
सेना का एक अंग। इसमें 729 रथ, इतने ही घोड़े, 3645 प्यादे और इतने ही घुड़सवार सैनिक होते हैं ।

चमूपति – Camūpati.
Commander-in-chief, a live jewel of Chakravarti (emperor).
सेनापति, यह चक्रवर्ती का एक सजीव रत्न है ।

चय – Caya.
Common difference , Loss or gain, Heap, Platform.
दो गणितीय पद के बीच का अंतर, श्रेणी व्यवहार गणित में समान हानि या समान वृद्धि के परिणाम को चय कहते हैं, ढेर, ऊँचा स्थान आदि ।

चयधन – Cayadhana.
Sum of common differences.
सर्व स्थानों में जो-जो चय बढ़े उन सब चयों का जोड़ जो प्रमाण हो ।

चय प्रमाण – Caya Pramāṇa.
A mathematical result.
सर्वधन में पद के वर्ग का भाग देने पर जो लब्ध आये उसमें संख्यात का भाग देने पर चय का प्रमाण निकलता है ।

चरक – Caraka.
A type of low caste (Mlechchha) people.
म्लेच्छ जाति का उपभेद, ये वन में रहते हैं ।

चर ज्योतिष्क लोक – Cara Jyotiṣka Loka.
Universe (reg. astral), space for wandering astral deities.
मनुष्य लोक। ढाई द्वीप के ज्योतिष्क देव मेरु से 1121 योजन दूर रहकर उसके चारों ओर घूमते रहते हैं, इसके बाहर वे ज्योतिष्क देव गमन नहीं करते ।

चरण – Caraṇa.
Ascetic conduct, involving in introspection.
चारित्र; अपने में अर्थात् ज्ञानस्वभाव में ही निरंतर रमण करना।

चरणसार – Caraṇasāra.
A book written by Acharya Padmanandi.
चारित्रसार; आचार्य पद्मनंदि (ई.श. 11 उत्तरार्ध) कृत एक ग्रंथ ।

चरणानुयोग – Caraṇānuyoga.
An Anuyog (a division of particular treatises) dealing with principles of conduct prescribed for the householders as well as saints.
4 अनुयोगों में एक अनुयोग; जिसमें मुख्य रूप से गृहस्थ और मुनियों के व्रत-नियम-संयम का वर्णन किया गया हो ।

चरम – Carama.
Ultimate, final, A king of Hari descendant.
अंतिम, हरिवंश का एक राजा ।

चरमदेह – Caramadeha.
Ultimate body, through which one attains salvation in the same birth.
अंतिम शरीर, जिससे मोक्ष हो ।

चरम फालि – Carama Phāli.
The last resultant mixing of Karmic molecules.
कर्मों की स्थिति घटाकर कर्म परमाणुओं को जो अंतसमय नीचे के निषेकों में मिलाया जाता है ।

चरमफालि पतन काल – Caramaphāli Patana Kāla.
Last decaying time (reg. Karmic matter).
कर्म के द्रव्य की अंतिम फालि की नीचे के निषेकों में मिलाने का अंतिम समय ।

चरमशरीरी – Caramaśarīrī.
Beings to be salvated in the same birth.
मोक्षगामी जीव; उसी भव से मोक्ष जाने वाला ।

चरमांग – Caramāṁga.
One having ultimate body and who will get salvation in the same birth.
चरम शरीरी एवं तद्भव मोक्षगामी जीव ।

चरमावली – Caramāvalī.
Last or ultimate Avali (a time period).
अंतिम आवली ।

चरमोत्तम देह – Caramottama Deha.
Ultimate body of beings who will get salvation in the same birth.
अंतिम एवं उत्कृष्ट शरीर अर्थात् मोक्षगामी जीवों की देह ।

चरविमान – Caravimāna.
See - Cara Jyotiṣka Loka.
देखें - चर ज्योतिष्क लोक ।

चरु – Caru.
Naivedya (edible articles), an offering article of worshipping.
पूजा का एक द्रव्य, नैवेद्य ।

चर्चा – Carcā.
Discussion, Consideration, The 4th Patal (layer) of the 4th hell.
विचार-विमर्श करना, चौथे नरक का चतुर्थ पटल ।

चर्चिका – Carcikā.
A time unit.
काल का एक प्रमाण,84 लाख हस्त प्रहेलिका प्रमाण काल, यह संख्यात काल का एक भेद है ।

चर्म – Carma.
Skin, leather.
त्वचा, चमड़ा ।

चर्मज – Carmaja.
Something made of the skins of dear, elephant, lion etc.
मृग, गज, व्याघ्र, चीता आदि के चर्म से बना वस्त्र आदि ।

चर्मण्वती – Carmaṇvatī.
A river of Bharat Kshetra in Arya Khand.
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड की एक नदी ।

चर्मनिक्षिप्त – Carmanikṣipta.
Edible materials placed in leather pots are non-edible.
अभक्ष्य; चमड़े के बर्तन में रखे हुए घी, तेल आदि खाद्य पदार्थ।

चर्मरत्न – Carmaratna.
A jewel of Chakravarti (emperor) helps in walking through water without sinking.
चक्रवर्ती का एक अचेतन रत्न। जिसे जल पर बिछा देने से थलवत् गमन होता है ।

चर्या – Caryā.
Observance, Routine duties.
आचरण, चारित्र ।

चर्या परीषह – Caryā Parīṣaha.
Observance affliction, walking penance etc.
कठिन तपस्या के साथ चर्या करना। चलते समय थकान, तीक्ष्ण कांटे आदि की पीड़ा को सहन करना ।

चर्याश्रावक – Caryāśrāvaka.
Observance of a householder.
अभ्यासी श्रावक का आचरण; दर्शन प्रतिमा से अनुमति त्याग प्रतिमा तक ।

चल – Cala.
Moving, Unsteady, Restless, A fault of right perception (pertaining to passions).
जो कुछ काल तक स्थिर रहकर चलायमान हो जाता है। सम्यग्दर्शन के तीन दोषों में एक दोष; जल कल्लोल की तरह नाना विषयों में चलायमान रहना ।

चलनी – Calanī.
A type of listener who grasp meaningless thoughts.
श्रोता का एक भेद; सारभूत तत्त्व को छोड़कर जो निस्सार तत्व को ग्रहण करे ।

चलप्रदेश – Calapradeśa.
Some of the space points of soul .
जीव के 8 मध्यप्रदेशों को छोड़कर बाकी के प्रदेश ।

चलप्रभ – Calaprabha.
Space vehicle of Varundeva.
वरुण देव का यान ।

चलबिम्ब प्रतिष्ठा – Calabimba Pratiṣṭhā.
Installation ceremony of small idols.
एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जा सकने वाली प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा ।

चलशव – Calaśava.
A title for the saints having wrong conceptions or belief.
मिथ्यादृष्टि साधु की उपाधि ।

चलशील – Calaśīla.
Irrelevant or vulgar talks or speeches.
कंदर्प और कौत्कुच्य इन दो प्रकार के वचनों को पुनः पुनः प्रयोग करना चलशीलता है ।

चल संख्या – Cala Saṁkhyā.
Variable number, a mathematical term.
एक गणितीय पद, x,y,z तरह की संख्या ।

चलाचल – Calācala.
Movables and immovables (reg. all beings).
संसारी जीव के चलित, अचलित, चलिताचलित प्रदेशों में तीसरा भेद ।

चलित – Calita.
In moving state, In motion.
स्पंदन, हिलना, विचलित होना या बिगड़ जाना ।

चलितरस – Calitarasa.
Non edible liquids, fermented oil etc.
अभक्ष्य; जिन चीजों का स्वाद बिगड़ गया हो ऐसे घी, तेल आदि।

चलितस्कंध – Calitaskaṁdha.
Aggregate of movable particles.
पुद्गल द्रव्य के द्वय अणु आदि संख्यात, असंख्यात, अनंत परमाणु के स्कंध चलित हैं ।

चलुलित दोष – Calulita Doṣa.
A fault pertaining to irregular singing of prayer.
वंदना के 32 दोषों में से एक; पाठ को पंचम स्वर में गा गाकर बोलना ।

चल्लितापि –Callitāpi.
A river of Bharat Kshetra in Arya Khand (region).
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड की एक नदी ।

चांडाल –Cāṁḍāla.
The untouchables, a sinful person (used as a rebuke) pertaining to the obstacle in saint-food.
अस्पर्श शूद्र; चाण्डालादि के दिख जाने पर या उसका शब्द कान में पड़ जाने पर आहार में अंतराय हो जाता है ।

चाँदखेड़ी (तीर्थ) - Cāṁdakheṛī (Tīrtha).
Name of a Digambar Jain Atishay Kshetra in Jhalavad Dist. (Raj.) at the bank of river Rupli. The micraculous idol of Lord Rishabhdev is installed here.
राजस्थान के झालावाड़ जिले में रूपली नदी के तट पर अवस्थित एक दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र। यहाँ पर भगवान ऋषभदेव की चमत्कारिक प्रतिमा विराजमान है ।

चाँदराय – Cāṁdarāya.
A king of Manva.
माण्व के राजा (ई. 1428) ।

चाक्षुष – Cākṣuṣa.
Visible, which can be seen by eyes.
आँखों से दिखने योग्य ।

चाक्षुष स्कन्ध – Cākṣuṣa Skandha.
A type of solid aggregates (reg. molecules).
स्थूल स्कन्ध को चाक्षुष कहते हैं ।

चातुर्दीपिक भूगोल – Cāturdīpika Bhūgola.
The name of an ancient composition of geography.
एक भूगोल जो रायकृष्णदास जी के लेख के अनुसार वैदिक धर्म में मान्य सप्तद्वीपिक भूगोल से अधिक प्राचीन है ।

चातुर्मास – Cāturmāsa.
See - Caturmāsa.
देखें - चतुर्मास ।

चातुर्मासिक प्रतिक्रमण – Cāturmāsika Pratikramaṇa.
See - Caturmāsika Pratikramaṇa.
देखें - चतुर्मासिक प्रतिक्रमण ।

चान्द्रीचर्या –Cāndrīcaryā.
Procedure of food taking of a Jain saints without any partiality in devotees.
मुनि की आहारचर्या; चन्द्रमा की चांदनी के समान मुनि आहार के लिए धनिक-निर्धन सभी के घर जाते हैं ।

चाप – Cāpa.
Arc.
धनुष पृष्ठ ।

चामत्कारिक – Cāmatkārika.
Astonishing, Amazing, Surprising.
आश्चर्य या अतिशयकारी ।

चामर – Cāmara.
Name of the chief disciple of Lord Padmaprabhu.
पद्मप्रभु भगवान के मुख्य गणधर का नाम ।

चामीकर – *Cāmīkara.*
Gold (a metal).
स्वर्ण ।

चामीकर यंत्र – Cāmīkara Yaṁtra.
A type of syringe; a water pump.
जलक्रीड़ा में काम में आने वाला स्वर्णमय यंत्र (पिचकारी) ।

चामुंड – Cāmuṁḍa.
A king of Rakshasa dynasty.
राक्षस वंश का एक राजा ।

चामुंडराय – Cāmuṁḍarāya.
A prominent person, who got installed a huge idol (57 ft. high) of Lord Bahubali at Shravanbelgola.
आपका एक नाम गोमट्ट था, आपने श्रवणबेलगोला (कर्नाटक) में भगवान बाहुबली की विशालकाय प्रतिमा स्थापित करवाई थी ।

चामुंडराय पुराण – Cāmuṁḍarāya Purāṇa.
A book written by 'Chamundaray'.
ई. 978 में लिखित चामुंडराय की एक कृति ।

चारण क्षेत्र –Cāraṇa Kṣetra.
A special place for moving.
घूमने का स्थान ।

चारण – Cāraṇa.
A protecting deity of 'Nabhigiri' (mountain).
नाभिगिरी का एक रक्षक देव ।

चारण ऋद्धि – Cāraṇa *Ṛ*ddhi.
A supernatural power of moving in the sky.
एक ऋद्धि जिसके प्रभाव से आकाश में गमन किया जा सके।

चारणकूट व गुफा – Cāraṇakūṭa va Guphā.
Summit and cave of Yamdeva (deity) in south Nandan forest of Sumeru (mountain).
सुमेरु पर्वत के नन्दन आदि वनों के दक्षिण में स्थित यमदेव का कूट व गुफा ।

चारणा – Cāraṇā.
Name of the chief Aryika (Ganini) in the assembly of Lord Shreyansanath.
श्रेयांसनाथ भगवान के समवसरण की मुख्य गणिनी आर्यिका का नाम। दूसरा नाम 'धारणा' भी इंगित है ।

चारित्र – Cāritra.
Conduct, Character, Virtue.
देशव्रत या महाव्रतरूप आचरण व्यवहार चारित्र एवं आत्मस्वभाव में रमण करना निश्चय चारित्र है ।

चारित्र औपशमिक – Cāritra Aupaśamika.
Conduct causing lack of passions, lusts, desires etc.
चारित्रमोहनीय के उपशम से जो वीतराग भावरूप चारित्र हो ।

चारित्र क्षायिक – Cāritra Kṣāyika.
Conduct formed due to destruction of delusions.
चारित्रमोहनीय के नाश से जो चारित्र प्राप्त हो ।

चारित्रपंडित – Cāritrapaṁḍita.
Noble and learned person having good conduct.
सामायिक छेदोपस्थापना आदि पाँच प्रकार के चारित्र के धारक मुनि।

चारित्रपाहुड़ – Cāritrapāhuṛa.
A book written by Acharya Kundkund.
आचार्य कुन्दकुन्द (ई. 127-129) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

चारित्रबाल – Cāritrabāla.
Restraintless or vowless person.
अणुव्रत-महाव्रत आदिरूप चारित्र से रहित प्राणी ।

चारित्रभक्ति – Cāritrabhakti.
A composition written by Kundkund-Pujyapad Acharya.
श्री कुंदकुंद एवं पूज्यपाद आचार्य कृत संस्कृत-प्राकृत की 10 भक्तियों में एक भक्ति ।

चारित्रभूषण – Cāritrabhūṣaṇa.
Name of an Acharya, spiritual teacher of Acharya Vidyanandi.
इनके मुख से ही देवागम स्तोत्र का पाठ सुनकर श्री विद्यानन्दि आचार्य जिन दीक्षित हो गये थे। समय -ई. 750-815 ।

चारित्रमोहनीय कर्म – Cāritramohanīya Karma.
Conduct deluding Karmas.
चारित्र या आचरण को मोहित करने वाला कर्म; मोहनीय कर्म का एक भेद, जिसके उदय से जीव के असंयम भाव होता है।

चारित्रमोह उपशमक – Cāritramoha Upaśamaka.
One who subsides the delusion related to conduct.
चारित्र मोह का उपशम करने वाला साधक ।

चारित्रमोह क्षपक – Cāritramoha Kṣapaka.
The destroyer of conduct deluding Karmas.
चारित्रमोहनीय कर्म को नष्ट करने वाला ।

चारित्र लब्धि – Cāritra Labdhi.
Attainment of right conduct.
चारित्र की प्राप्ति ।

चारित्रलब्धिव्रत – Cāritralabdhi Vrata.
A type of vow (fasting) to be observed for different 137 days for the attainment of particular 13 kinds of right conduct (Samyakcharitra).
यह व्रत 13 प्रकार के चारित्र की लब्धि के लिए किया जाता है। अहिंसा महाव्रत के 14, सत्य के 8, अचौर्य के 8, ब्रह्मचर्य के 20, परिग्रहत्याग के 24, रात्रिभोजन तयाग का 1, ईर्यासमिति का 1, भाषा समिति के 10, एषणासमिति के 46, आदान निक्षेपण, प्रतिष्ठापन समितियों के 1-1, तीनगुप्ति के 3 ऐसे 137 व्रत किये जाते हैं। विशेष विधि, मंत्र एवं पूजा "व्रतविधि एवं पूजा" भाग 2 पुस्तक में देखें ।
समुच्चय मंत्र– ॐ ह्रीं सम्यक्चारित्रलब्धये त्रयोदशविधसम्यक्चारित्रेभ्यो नमः ।

चारित्रवाद – Cāritravāda.
Doctrine of actionism (reg. conduct).
एक एकांतवादी मत 'क्रियावाद' का नाम ।

चारित्रविनय – Cāritravinaya.
Reverential conduct, Absorption in conduct with knowledge and faith.
इन्द्रिय और कषायों के प्रणिधान या परिणाम का त्याग करना तथा गुप्ति समिति आदि चारित्र के अंगों का पालन करना ।

चारित्रवृद्ध – Cāritrav*ṛ*ddha.
Abundance in character and austerity.
चारित्र - तप आदि की अधिकता ।

चारित्रशुद्धि – Cāritraśuddhi.
Purification of conduct with different vows.
अहिंसादि प्रत्येक व्रत की पाँच-पाँच भावनाएँ हैं, पाँच व्रतों की पच्चीस भावनाएँ हैं, इनका पालन करना ।

चारित्रशुद्धि व्रत – Cāritraśuddhi Vrata.
A particular vow related to purification of conduct.
1234 अंगों के उपलक्ष में एक उपवास एक पारणा क्रम से 6 वर्ष, 10 माह, 8 दिन में 1234 उपवास करना ।

चारित्रसार – Cāritrasāra.
A book written by Chamundaray.
चामुण्डराय (ई.श. 10-11) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

चारित्राचरण – Cāritrācaraṇa.
Those who are constantly devoted in right conduct.
पंच महाव्रतों में, तीनों गुप्तियों में तथा पाँचों समितियों में अत्यन्त प्रयत्नयुक्त रहने वाले ।

चारित्राचार – Cāritrācāra.
Observance of right conduct.
5 महाव्रत, 5 समिति, 3 गुप्ति रूप सम्यक् चारित्र का पालन करना।

चारित्राराधना – Cāritrārādhanā.
A type of observance of right conduct.
4 आराधनाओं में एक भेद; सम्यक् चारित्र को यथायोग्य रीति से दृढ़तापूर्वक धारण करना ।

चारित्रार्य – Cāritrārya.
A type of noble persons, saints believing in right conduct.
चारित्र को पालने वाले मुनि, इनके अभिगत चारित्रार्य तथा अनभिगत चारित्रार्य दो भेद हैं ।

चारु – Cāru.
Elegant, Graceful, A king of Kuru dynasty.
प्रिय, शानदार, कुरुवंश का एक राजा ।

चारुकीर्ति – Cārukīrti.
An Acharya of Nandisangh.

नंदिसंघ के एक आचार्य का नाम ।

चारुकृष्ण – Cārukṛṣṇa.
A king of Yadu dynasty.
यदु वंश का एक राजा ।

चारुदत्त – Cārudatta.
A king of Yadu dynasty, Name of the chief disciple of Lord Sambhavanath.
यदु वंश का एक राजा, संभवनाथ भगवान के मुख्य गणधर का नाम जिन्हें 'चारुषेण' (चारुसेन) भी कहा जाता है ।

चारुदत्त चारित्र – Cārudatta Cāritra.
A book written by Acharya Somkirti.
आचार्य सोमकीर्ति भट्टारक (ई. 1474) कृत एक ग्रंथ ।

चारुपद्म – Cārupadma.
A king of Kuru dynasty.
कुरुवंश का एक राजा ।

चारुपाद – Cārupāda.
One who is going to be 23rd (predestined) Tirthankar (Jaina-lord).
भविष्यत्कालीन 23वें तीर्थंकर देवपाल का जीव ।

चारुरूप – Cārurūpa.
See - Cārupadma.
देखें - चारुपद्म ।

चारुसेन – Cārusena.
The chief disciple of Lord Sambhavanath.
संभवनाथ भगवान के मुख्य गणधर ।

चार्वाक – Cārvāka.
Speaking agreeably, The name of a materialistic philosophy.
सर्वजनप्रिय होने की संज्ञा, नास्तिक मत को मानने वाला एकांत दर्शन ।

चालन – Cālana.
A divine medicine.
एक दिव्य औषधि; इससे बंधे हुए व्यक्ति को चलाया जा सकता है ।

चालिसिय – Cālisiya.
A type of conduct deluding Karmas.
चारित्र मोहनीय; 40 कोटाकोटी स्थिति बंध वाले कर्म चालिसिय कहलाते हैं ।

चालुक्य वंश – Cālukya Vaṁśa.
Name of a dynasty.
एक वंश का नाम जिसमें अरिकेसरी (ई. 949-974) आदि राजा हुए ।

चिंतवन – Ciṁtavana.
Rethinking on a particular subject.
किसी विषय पर बार-बार चिंतन करना ।

चिंता – Ciṁtā.
Inductive logic, A kind of sensory knowledge.
अन्तःकरण की वृत्ति का पदार्थों में व्यापार करना, जैसे—जहाँ धुआँ होगा वहाँ अग्नि अवश्य होगी, मतिज्ञान का एक नाम।

चिंतागति – Ciṁtāgati.
Son of the king Suryaprabh of Suryaprabh city in the north of Vijayardh mountain.
विजयार्ध पर्वत की उत्तर श्रेणी में सूर्यप्रभ नगर के राजा सूर्यप्रभ का पुत्र ।

चिंताजननी – Ciṁtājananī.
Name of a jewel 'Kankini' of Chakravarti (emperor) used for lightening.
चक्रवर्ती के 14 रत्नों में 'कांकिणी' अजीव रत्न, इससे अंधकार दूर किया जाता है ।

चिंतानिरोध – Ciṁtānirodha.
Concentration, Meditation.
एकाग्रता; चित्त की वृत्ति को एक ही विषय में लगाना चिंतानिरोध अर्थात् ध्यान है ।

चिंतामणि – Ciṁtāmaṇi.
Wish-fulfilling gem, Name of an Acharya.
चिंतित वस्तु को प्रदान करने वाला एक रत्न। मूलसंघ के विभाजन के बाद वादिराज समन्तभद्र की शाखा में हुए एक आचार्य ।

चिंतामणि यंत्र – Ciṁtāmaṇi Yaṁtra.
A metallic plate engraved with some auspicious and mystic words.
मंत्र लिखित एक धातु की प्लेट ।

चिंतारक्ष – Ciṁtārakṣa.
Father's name of Lord Shantinath (reg. past birth).
शांतिनाथ भगवान के पूर्व भव के पिता का नाम ।

चितिशक्ति – Citiśakti.
Power of consciousness.
अजड़त्व अर्थात चेतनत्व स्वरूप चितिशक्ति है ।

चित्कर्म – Citkarma.
Activities causing accumulation of Punya (meritorious Karmas).
जिससे पुण्यकर्म का संचय हो वह चित्कर्म है ।

चित्त – Citta.
Consciousness of the soul.
आत्मा के चैतन्यविशेषरूप परिणाम को चित्त कहते हैं ।

चित्तनिरोध – Cittanirodha.
Concentration, Meditation.
देखें - चिंतानिरोध ।

चित्तप्रसाद – Cittaprasāda.
Auspicious observances.
शुभोपयोग : दान, पूजा, व्रत, शील आदि शुभ राग तथा चित्तप्रसाद रूप परिणाम शुभ हैं ।

चित्तविकार – Cittavikāra.
Agitation of mind.
भाव अर्थात् चित्त में विकार उत्पन्न होना ।

चित्तवृत्ति – Cittavṛtti.
State of mind, trend of thought, Inclination.

मनःस्थिति ।

चित्तरक्ष – Cittarakṣa.
Father's name of Lord Dharmanath (of past birth).
धर्मनाथ भगवान के पूर्व भव के पिता का नाम ।

चित्तेन्द्रिय निरोध – Cittendriya Nirodha.
A basic restraint of saints (controlling of senses).
मुनियों का एक मूलगुण : 5 इंद्रियों तथा मन को वश में रखना।

चित्प्रकाश – Citprakāśa.
Spiritual consciousness.
स्वसंवेदन, अन्तर्मुखचित्प्रकाश दर्शन है एवं बहिर्मुख चित्प्रकाश ज्ञान है ।

चित्र – Citra.
A picture, A painting, Sketch, Name of a Jain temple in Nandan forest of Meru mountain and an another mountain.
चित्तशक्ति या अनुभव का नाम चित्त है, वह चित्त ही जिसका त्राण या रक्षण है, उसे चित्र कहते हैं मेरु के नंदनवन में एक जिनमंदिर का नाम, सीता नदी के पूर्व तट का पर्वत ।

चित्रक – Citraka.
A painter, an artist, Name of the summit situated in the forest of Sumeru, Name of an Ayurvedic medicine.
चित्रकार, सुमेरु के वनों में स्थित कूट का नाम, एक आयुर्वेदिक औषधि ।

चित्रकर्म – Citrakarma.
Paintings or Statues of deities, human or hellish beings in dancing mood.
पट, भित्ति, काष्ठ आदि का तख्ता आदि पर नाचने आदि क्रिया में प्रवृत्त देव, नारकी, तिर्यंच एवं मनुष्यों की प्रतिमाओं को चित्रकर्म कहते हैं ।

चित्रकारपुर – Citrakārapura.
A city of Bharat Kshetra (region).
भरतक्षेत्र का एक नगर ।

चित्रकूट – Citrakūṭa.
Name of a city, A city in the south of Vijayardh mountain.
एक शहर का नाम, विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर।

चित्रगुप्त – Citragupta.
Name of the 17th predestined Tirthankar (Jaina-Lord).
भावी सत्रहवें तीर्थंकर का नाम ।

चित्रगृह – Citragṛha.
A special part of the residence of some deities.
भवनवासी देवों के भवनों में एक गृह ।

चित्रप्रभा – Citraprabhā.
A Patal (layer) of Saudharma heaven.
सौधर्म स्वर्ग का एक पटल ।

चित्रभवन – Citrabhavana.
Name of the residence and the cave of Kuber in Nandanvan (a forest) of 'Sumeru' mountain.
सुमेरु पर्वत के नंदन आदि वनों में स्थित कुबेर का भवन व गुफा।

चित्रमती – Citramatī.
Mother's name of the 8th Chakravarti (emperor) 'Subhaum'.
8वें चक्रवर्ती 'सुभौम' की माता का नाम ।

चित्ररथ – Citraratha.
A king of Kuru dynasty.
कुरुवंश का एक राजा ।

चित्रलाचरण – Citralācaraṇa
Variegated (unstable) conduct (having different types of nature).
मन को जो प्रमादस्वरूप करे वह चित्तल एवं ऐसे चित्तल आचरण वाला चित्रलाचरण होता है ।

चित्रवती – Citravatī.
A river of the east Arya Khand (region).
पूर्व आर्यखण्ड की एक नदी ।

चित्रवसु – Citravasu.
A king of Hari dynasty.
हरिवंश का एक राजा ।

चित्रवाहन – Citravāhana.
Name of the 10th Chakravarti (emperor) of future time.
भावी शलाका पुरुष; 10वें चक्रवर्ती का नाम ।

चित्रविचित्र – Citravicitra.
Variegated, A king of Kuru dynasty.
रंग-बिरंगा, कुरुवंश का एक राजा ।

चित्रांगदा – Citraṁgadā.
Name of the chief disciple of Arjun.
अर्जुन का प्रधान शिष्य ।

चित्रा – Citrā.
Name of a lunar, A female deity of Ruchak mountain.
एक नक्षत्र; पद्मप्रभु भगवान के गर्भ नक्षत्र का नाम, रुचक पर्वत निवासिनी एक दिक्कुमारी देवी ।

चित्रा पृथिवी – Citrā Pṛthivī.
Name of an earth of middle universe with 1000 Yojanas.
मध्यलोक की 1000 योजन मोटी पृथिवी का नाम, यह चित्र विचित्र अनेक धातुओं, मणियों से युक्त होती है ।

चित्सुखाचार्य – Citsukhācārya.
Name of a promoter of Vedant literature.
वेदांत साहित्य प्रवर्तक (ई. 1250) जिन्होंने 'चित्सुखी' नामक ग्रंथ रचा ।

चित्सुखी – Citsukhī.
Name of a Vedant treatise written by Chitsukhacharya.
वेदांत साहित्य प्रवर्तक चित्सुखाचार्य (ई.1250) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

चिदम्बर – *Cidambara.*
An addressing word for one at the supreme spiritual state.
चैतन्य ही है अम्बर अर्थात् वस्त्र जिनका, ऐसी अर्हन्त-सिद्ध आत्मा को चिदम्बर शब्द से सम्बोधित किया है ।

चिदानन्द – Cidānanda.
Supernatural enjoyment, bliss.
आत्म अनुभव या आत्मा का आनंद ।

चिद्रूप – *Cidrūpa.*
Consciousness of soul.
चैतन्य आत्मा का स्वरूप ।

चिद्विलास – Cidvilāsa.
Delight in thought, the illusory nature of the world, A book written by Pandit Deepchand.
संसार का मायावी स्वभाव, पं. दीपचन्द जी शाह (ई. 1722) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

चिन्मय – *Cinmaya.*
Consciousness of soul.
आत्मा का चैतन्य स्वरूप ।

चिरकाल स्थायी – Cirakāla Sthāyī.
Steady for infinite time.
अनंतकाल तक स्थायी रहने वाली जैसे, स्वभाव द्रव्य व्यंजन पर्याय ।

चिलात – Cilāta.
A country of middle Mlechchhakhand (region) in the north Bharat Kshetra (region).
उत्तर भरतक्षेत्र के मध्यम्लेच्छखण्ड का एक देश ।

चिलातपुत्र – Cilātaputra.
Name of an Anuttaropapadak in the era of Lord Mahavira.
भगवान् वीर के तीर्थ के एक अनुत्तरोपपादक साधु ।

चिन्ह – Cinha.
Emblem, Sign, Symbol.
निशान, संकेत, छाप, प्रतीक ।

चुगलखोर – Cugalakhora.
One who deals in slander, A sycophant, A backbiter.
दूसरों की शिकायत या चुगली करने वाला ।

चुलुलित – Cululita.
An infraction of meditative relaxation.
कायोत्सर्ग का एक अतिचार ।

चूड़ादेवी – Cuṛādevī.
Mother's name of the 12th Chakravarti (emperor) 'Brahmadatta'.
12वें चक्रवर्ती ब्रह्मदत्त की माता का नाम। अपरनाम-चूला ।

चूड़ामणि – Cuṛāmaṇi.
A commentary book written by Tumbulacharya, Crest jewel, A city in the north of Vijayardh mountain.
तुम्बुलाचार्य द्वारा रचित कषाय-पाहुड तथा षट्खण्डागम के आद्य 5 खंडों पर कन्नड़ भाषा में 84000 श्लोक प्रमाण एक टीका, सिर का आभूषण, भरत चक्रवर्ती का चिंतामणि रत्न, विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर ।

चूर्णसूत्र – Cūrṇasūtra.
Epithet, Aphorism, a short remark which contains a great meaning.
अल्प शब्दों में महान अर्थ का धारावाही विवेचन करने वाले पद चूर्णि सूत्र कहलाते हैं ।

चूर्णसूत्रवृत्ति – Cūrṇasūtravṛtti.
A book written by Uchcharanacharya.
उच्चारणाचार्य द्वारा यतिवृषभाचार्य (ई. 150-180) कृत कषाय प्राभृत के चूर्ण सूत्रों पर लिखित एक किताब ।

चूर्णि – Cūrṇi.
See - Cūrṇasūtra.
देखें - चूर्णसूत्र ।

चूर्णिका – Cūrṇikā.
Pounded rice or grain.
भेद का एक प्रकार; उड़द, मूंग आदि का जो खंड किया जाता है, वह चूर्णिका है ।

चूलगिरि (तीर्थ) - Cūlagiri (Tīrtha).
Name of a Jaina place of pilgrimage in Barwani (M.P.), the salvation place of a lot of Munis (saints) including Indrajeet, Kumbhkarna etc. It's another name is Bavangaja.
मध्यप्रदेश में बड़वानी नगर में स्थित एक सिद्ध क्षेत्र जहाँ से इन्द्रजीत, कुम्भकर्ण आदि अनेक मुनि मोक्ष गये हैं ।

चूलिका – Cūlikā.
Peak, Summit, A part of scriptural knowledge (Shrutgyan).
पर्वत की चोटी, श्रुतज्ञान; दृष्टिप्रवाद अंग का 5वाँ भेद ।

चूलितांग – Cūlitāṁga.
A time unit.
काल का एक प्रमाण, 84 लाख प्रयुत प्रमाण काल ।

चूलित – Cūlita.
A time unit.
84 लाख चूलितांग प्रमाण काल ।

चूली – Cūlī.
A fire place (used for cooking food).
पूतिकर्म का एक भेद, पंचसून आरंभ में एक; चूल्हा ।

चेटक – Ceṭaka.
A king of Vaishali who was maternal grand father of Lord-Mahavira, A male servant.
वैशाली नगरी के राजा व भगवान महावीवर के नाना, सेवक, दास।

चेटी – Ceṭī.
A female maid servant.
दासी, सेविका ।

चेतन – Cetana.
Sentient being, Rational, Psychical, Conscious.
अनुभवरूप भाव का नाम चेतन है अथवा जानने वाला आत्मा, जीव ।

चेतनपुद्गल धमाल – Cetanapudgala Dhamāla.
A book written by Buchiraj in 1532.
बूचिराज द्वारा ई. सन् 1532 में रचित एक ग्रंथ ।

चेतना – Cetanā.
Consciousness, Vigour, Vitality.
जिस शक्ति के सानिध्य से आत्मा ज्ञाता-दृष्टा अथवा कर्ता-भोक्ता है ।

चेदि – Cedi.
An area of 'Malwa' near to 'Chanderi', A country of Bharat Kshetra in Arya Khand (region), A city situated at Vindhyachal.
मालवा प्रांत की चन्देरी नगरी के समीपवर्ती एक प्रदेश, भरतक्षेत्र आर्यखण्ड का एक देश, विन्ध्याचल पर्वत पर स्थित एक नगर ।

चेर – Cera.
A country in middle Arya Khand (region), Past name of Kerala state.
मध्य आर्यखण्ड का एक देश, केरल का प्राचीन नाम ।

चेलना – Celanā.
Queen of the king Shrenik (Bimbsar) of Magadh.
मगध के राजा श्रेणिक (बिम्बसार) की पटरानी; पति को बौद्धमती से जैनी बनाया था ।

चेला-चेली – Celā-Celī.
A type of possession; male and female servants.
10 प्रकार के परिग्रह में एक भेद; दास-दासी ।

चेष्टा – Ceṣṭā.
Endeavour, Gesture, Activity.
किसी वस्तु के लेने व छोड़ने के लिए सक्रिय होना, प्रयत्न या प्रयास करना ।

चैतन्य – Caitanya.
Conscious soul, Rationality, perception.
चित्त स्वरूप आत्मा, जीव, ज्ञान, संवेदन ।

चैतन्यप्राणरक्षा – Caitanya Prāṇa Rakṣā.
Absolute non-violence; protection of consciousness with the lack of passionate thoughts.
निश्चय अहिंसा; रागादि का अभाव क्योंकि यह शुद्ध चैतन्य प्राण की रक्षा का कारण है ।

चैतन्यानुविधायी – Caitanyānuvidhāyī.
Result related with only consciousness.
उपयोग; चैतन्य अन्वयी अर्थात् चैतन्य को छोड़कर अन्यत्र नहीं रहता वह परिणाम ।

चैत्य – Caitya.
The idol of Jaina-Lord.
भगवान की प्रतिमा ।

चैत्यगृह – Caityagṛha.
A temple.
जिनालय ।

चैत्यचैत्यालय – Caityacaityālaya.
A Jain temple, where idols of Jaina Lord are consecrated for worshipping.
जिन प्रतिमा व उनका स्थान अर्थात् मंदिर 'चैत्य' व 'चैत्यालय' कहलाते हैं ।

चैत्यद्रुम – *Caityadruma.*
A type of divinely trees having idols of Lord Arihant in Samavasaran.
चैत्यवृक्ष, जो समवसरण एवं देवों के भवन के अकृत्रिम मंदिरों में होते हैं, इनके मूलभाग में जिनप्रतिमाएं विराजमान रहती हैं।

चैत्यप्रासाद भूमि – Caityaprāsāda Bhūmi.
The first land of Samavasharan (the holy assembly of Lord Arihant).
समवशरण की प्रथम भूमि ।

चैत्यभक्ति – Caityabhakti.
Act of adoration, Name of a composition (prayer).
सिद्ध-अरहंत प्रतिमाओं के प्रति श्रद्धान एवं गुणानुराग, पूज्यपाद एवं कुंदकुंद आचार्य कृत प्राकृत की 10 भक्तियों में से एक भक्ति।

चैत्यभूमि – Caityabhūmi.
The land for temple (related to eternal Jain idols).
भवनवासी आदि सभी देवों के जिनमंदिरों में चैत्यभूमि होती है जो अकृत्रिम जिन प्रतिमा से युक्त होती है ।

चैत्यवन्दना – Caitya Vandanā.
Reverential visits of temples with self-involvement.
आत्माधीन होकर जिनबिम्ब आदिकों की वंदना करना ।

चैत्यवासी – Caityavāsī.
A particular stream of Shvetambar saints.
श्वेताम्बर साधु परम्परा के एक गच्छ का नाम ।

चैत्यवृक्ष – Caityavṛkṣa.
Super auspicious tree-temple with having super articles including idols of Lord Jin.
तीन छत्र, घंटा, अष्ट मंगल द्रव्य और चारों दिशाओं में जिन प्रतिमाओं से युक्त वृक्ष, इन्द्रादि इनकी पूजा करते हैं ।

चैत्यालय– Caityālaya.
A type of temple without having Kalash at the top of dome.
ऐसा मंदिर जिसके शिखर पर कलश न हो ।

चैत्र – Caitra.
Name of a Hindi month.
हिन्दी माह का नाम ।

चैत्रोद्यान – Caitrodyāna.
Name of a forest, initiation place of Lord Naminath.
चैत्रवन; नमिनाथ भगवान के दीक्षा वन का नाम ।

चोरकथा – Corakathā.
A theft-gossip, stories of deception or stealing.
एक विकथा; चोरों का चौरकर्म संबंधी कथन ।

चोरी – Corī.
Theft, Robbery, Stealth, Concealment.
रखे हुए, गिरे हुए, भूले हुए अथवा धरोहर रखे हुए परद्रव्य को हरना ।

चौंसठ ऋद्धिव्रत – Cauṁsaṭha Ṛddhivrata.
A type of vow (fasting) to be observed for different 64 days related to 64 supernatural powers of great saints.
महामुनियों के चौंसठ ऋद्धियों की अपेक्षा 64 व्रत किये जाते हैं। इनके मंत्र, पूजा एवं विधि को 'व्रतविधि एवं पूजा' भाग 2 पुस्तक से देखना चाहिए ।
समुच्चय मंत्र– ॐ ह्रीं चतुःषष्टिऋद्धिभ्यो नमः ।

चौइन्द्रिय – Cauindriya.
Four sensesd beings (reg. tasting, touching, smelling, seeing).
स्पर्श, रसना, घ्राण, चक्षु इन्द्रिय वाले जीव चौइन्द्रिय कहलाते हैं। कर्णइंद्रिय, मन को छोड़कर इनके 8 प्राण होते हैं ।

चौका विधान – Caukā Vidhāna.
Procedure for purification pertaining to saint-food.
द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की शुद्धि, मन शुद्धि, वचन शुद्धि, काय शुद्धि, आहार शुद्धि ।

चौबीसी पूजा – Caubīsī Pūjā.
Name of a book containing worshipping hymns of all 24 Tirthankars (Jaina-Lords) etc.
एक ग्रंथ (किताब) जिसमें चौबीसों भगवान की पूजा आदि उल्लेखित हैं ।

चौरार्थादान – Caurārthādāna.
Acceptance of stolen materials.
अचौर्याणुव्रत का एक अतिचार; चोरी का लाया हुआ माल लेना।

चौरासी लाख योनि – Caurāsī Lākha Yoni.
84 lacs state of birth cycle of beings,
9 प्रकार गुण योनि के विशेष भेद; पृथ्वी, जल, अग्नि, वायुकाय, नित्य-इतर निगोद में प्रत्येक की 7-7 लाख योनि, प्रत्येक वनस्पति की 10 लाख, दो इन्द्रिय से चतुरिन्द्रिय तक प्रत्येक की 2-2 लाख, पंचेन्द्रिय तिर्यंच-देव-नारकी की 4-4 लाख, मनुष्य की 14 लाख कुल मिलाकर 84 लाख योनियाँ होती हैं ।

चौर्य व्यसन – Caurya Vyasana.
To be habitual in theft.
चोरी करने की बुरी आदत ।

चौर्यानंद – Cauryānaṁda.
To feel pleasure in stealing activities.
रौद्रध्यान का एक भेद; चोरी करने, कराने व उसकी अनुमति देने में आनंद मानना ।

चौल क्रिया – Caul Kriyā.
An auspicious act of mundane life, shaving of the head.
गर्भान्वय क्रिया का एक संस्कार; मुंडन कर्म ।

च्यवन – Cyavana.
To be fallen or deviated.
च्युत होना ।

च्यवन कल्प – Cyavana Kalpa.
Avoiding infractions in right perception, knowledge and conduct.
दर्शन ज्ञान चारित्र के अतिचारों का टालना च्यवन कल्प कहा जाता है ।

च्यावित शरीर – Cyāvita Śarīra.
Cast off body.
कदलीघात के द्वारा आयु के छिन्न हो जाने से छूटे हुए शरीर को च्यावित शरीर कहते हैं ।

च्युतशरीर – Cyutaśarīra.
Expired body.
कदलीघात मरण के बिना कर्म के उदय से झड़ने वाले आयुकर्म के क्षय से अपने आप पतित शरीर ।

च्युति – Cyuti.
A falling, Perishing, Transmigration of deities.
विमानवासी देवों की गति उत्तम है, इसलिए उनके मरण के लिए च्युत शब्द का प्रयोग किया है ।

छ

छ – *Cha.*
The seventh consonant of the Devanagari syllabary.
जीवविपाकी प्रकृति – Jīvavipākī Prakṛti.
The Karmas which cause fruition directly pertaining to soul.
जिनका विपाक जीव में होता है, ऐसी 78 प्रकृतियाँ। वेदनीय की 2, गोत्र की 2, घातिकर्मों की 47, विहायोगति की 2, गति की 4, जाति की 5, श्वासोच्छ्वास की 1, तीर्थंकर की 1 तथा त्रस, यशःकीर्ति, बादर, पर्याप्त, सुस्वर, आदेय और सुभग इन सात युगलों की 14 प्रकृतियाँ; इस प्रकार कुल 78 प्रकृतियाँ ।

जीवसंपात – Jīvasaṁpāta.
An obstacle in saint-food (falling of any insect between feet).
साधु संबंधी आहार अंतराय; आहार करते समय साधु के दोनों पैरों के बीच किसी जीव का गिर जाना ।

जीवसंस्थान – Jīvasaṁsthāna.
Transmigration (passing of soul into another body) of soul with the same body form as that of previous birth.
विग्रह गति में आनुपूर्वी नामकर्म के उदय से बना जीव के पूर्व शरीर का आकार (संस्थान) ।

जीवसमास – Jīvasamāsa.
Calssification of living beings, Taxonomy.
पदार्थों का संग्रह करने वाले नाना जीव व नाना प्रकार के जीवों की जातियाँ। जीवसमास 14 होते हैं ।

जीवसमुदाहार – Jīvasamudāhāra.
A type of disquisition door 'Anuyogdvar' (reg. detailed report of any matter or beings).
पदमीमांसा आदि 8 अनुयोगद्वारों में एक भेद ।

जीवसिद्धि – Jīvasiddhi.
A book written by Acharya Samantbhadra.
आचार्य समन्तभद्र (ई. श. 2) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

जीवस्थान – Jīva Sthāna.
Dwelling place of living beings.
जीवों के रहने के स्थान, इन्हें जीव समास भी कहते हैं ।

जीवा – Jīvā.
Chord of a circle.

एक गणितीय पद अथवा धनुष की डोर ।

जीवाधिकरण – Jīvādhikaraṇa.
The substratum (an underlined basis) of soul, It is of 108 kinds.
अधिकरण का एक भेद; यह संरम्भ-समारम्भ-आरम्भ, कृत-कारित-अनुमोदना एवं 4 कषायों आदि के भेद से 108 प्रकार का है ।

जीवाधिगमोपाय – Jīvādhigamopāya.
Disquisition door (Anuyogdvar) providing real knowledge about soul.
सत् संख्या आदि 8 अनुयोगद्वार जिनके द्वारा जीव तत्व का ज्ञान होता है ।

जीविका – Jīvikā.
Livelihood, means of subsistence or occupation.
धनोपार्जन का साधन; अग्नि जीविका, वनजीविका, अनोजीविका, स्फोट जीविका और भाटकजीविका ।

जीवित – Jīvita.
Alive, full of life.
जीवन से परिपूर्ण ।

जीवितपूर्व – Jīvitapūrva.
Salvated souls.
सिद्धों को जीवितपूर्व कहा जाता है ।

जीवितावधिक प्रत्याख्यान – Jīvitāvadhika Pratyākhyāna.
A type of renunciation (reg. avoiding violence).
मैं आमरण स्थूल हिंसादि पापों को नहीं करुँगा ऐसा संकल्प कर त्याग करना ।

जीविताशंसा – Jīvitāśaṁsā.
An infraction of voluntary death (Sallekhana), to have the wish of living more.
सल्लेखना का एक अतिचार; अधिक समय तक जीवित रहने की आकांक्षा होना ।

जुगुप्सा – Jugupsā.
Aversion, Reproach, Disgust.
घृणा या ग्लानि होना ।

जुगुप्सा कर्मप्रकृति – Jugupsā Karmaprakṛti.
A Karmic nature, causing to cover own faults and disclosing others.
जिसके उदय से अपने दोषों का संवरण (ढँकना) और परदोषों का अविष्करण (प्रगट करना) होता है ।

जुगुप्सा वेदनीय – Jugupsā Vedanīya.
The act of imputation on others and to keep jealousy with noble persons.
दूसरों के कुल-शील आदि में दोष लगाना एवं विशिष्ट वर्ग, कुल आदि की क्रिया में तत्पर पुरुषों से ग्लानि करना ।

जुहार – Juhāra.
A word of greeting, paying reverence to Jaina-Lord.
युग के प्रारंभ में सर्व संकटों को हरने वाले, जीवों की रक्षा करने वाले भगवान ऋषभदेव को प्रणाम हो। परस्पर नमस्कार करने के लिए जुहार शब्द का प्रयोग किया जाता है ।

जैतुगिदेव – Jaitugideva.
A king of Bhoj dynasty.
भोजवंश के एक राजा का नाम ।

जैन – Jaina.
The follower of Lord Jinendra, a member of Jain community.
जो जिनेन्द्र भगवान का उपासक हो और जिसने जैन कुल में जन्म पाया हो ।

जैनतर्कवार्तिक – Jainatarkavārtika.
A book written by 'Shantyacharya'.
शान्त्याचार्य (ई. 993-1118) द्वारा संस्कृत छन्दों में रचित न्यायविषयक ग्रंथ ।

जैनदर्शन – Jainadarśana.
Jain philosophy.
जिनेन्द्र भगवान के द्वारा प्रतिपादित दर्शन ही जैनदर्शन है ।

जैनदीक्षा – Jainadikṣā.
Jaina - consecration (initiation).
निर्ग्रन्थदीक्षा ।

जैनधर्म – Jainadharma.
Jain religion (a great religion of non-violence).
आत्मधर्म या जिनेन्द्र प्रणीत धर्म ।

जैन भारती – *Jaina Bhāratī.*
Name of a treatise containing the essence of Jainalogy written by Ganini Shri Gyanmati Mataji.
पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा सन् 1974 में लिखित एक ग्रंथ, जिसमें जैनधर्म के साररूप में सम्पूर्ण विषय वस्तु (सृष्टिव्यवस्था, चारों अनुयोग, सूतक-पातक, ध्यान आदि) निहित हैं। यह हिन्दी, अंग्रेजी, गुजराती और मराठी भाषाओं में उपलब्ध है ।

जैनशतक – Jainaśataka.
Name of a spiritual book written by the poet Bhudhardas.
कवि भूधरदास (वि. 1791) द्वारा 107 भाषा छन्दों में रचित एक अध्यात्मिक कृति ।

जैनश्रावक – Jainaśrāvaka.
A Jaina follower (Jaina householder following the prescribed conducts), member of Jain community.
विशुद्ध आचरण धारण करने वाले श्रावक (अष्ट मूलगुण, ग्यारह प्रतिमा इत्यादि का पालन करने वाला गृहस्थ) ।

जैनश्रुति – Jainaśruti.
Resonant preaching of Lord Jinendra (in the form of scripture).
जिनवाणी, इसका प्रसार आचार्य परम्परा से हुआ है ।

जैनसंघ – Jainasaṁgha.
Different groups of Jain saints.

दिगम्बर संघ के मूल संघ; सेनसंघ, नंदिसंघ, सिंहसंघ एवं देवसंघ ये 4 मूल संघ हुए हैं, श्री अर्हद्बली के समय इनका संघटन किया गया था ।

जैनाचार – Jainācāra.
Conduct followed by the members of Jaina community (Jaina-ethics).
जिनेन्द्र भगवान के द्वारा जो श्रावक और साधु के योग्य आचरण का उपदेश दिया गया है वह जैनाचार है ।

जैनाभासी संघ – Jainābhāsī Saṁgha.
Different groups of saints following Jain principles besides from Digambar Jain Moolsangh.
दिगम्बर जैन मूलसंघ से अतिरिक्त काष्ठा संघ, श्वेताम्बर, द्रविड़, यापनीय, और निशिपच्छ (माथुर संघ) ये 5 जैनाभासी संघ कहलाते हैं ।

जैनाभिमत भूगोल – Jaiābhimata Bhūgola.
Geographical theory according of Jain conception.
जैन अभिमत के अनुसार लोक (अधोलोक, ऊर्ध्वलोक, मध्यलोक) एवं तीन प्रकार के वातवलयों आदि का वर्णन। जैनमत के अनुसार जम्बूद्वीप आदि पृथिवी स्थिर हैं तथा सूर्य, चन्द्रमा, तारे आदि के विमान भ्रमणशील हैं ।

जैनेन्द्र व्याकरण – Jainendra Vyākaraṇa.
A book written by Acharya Pujyapad.
आचार्य पूज्यपाद (ई.श. 5 के मध्यपाद) कृत एक संस्कृत व्याकरण ग्रंथ। इस ग्रंथ की 'जैनेन्द्र प्रक्रिया टीका' का गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी ने हिन्दी अनुवाद किया है जो अभी अप्रकाशित है ।

जैबलि प्रवाहण – Jaibali Pravāhaṇa.
A king of Kuru dynasty.
कुरुवंश का एक राजा ।

जैमिनी – Jaiminī.
An investigator (a profounder) of Mimansadarshan (a philosophical system).
मीमांसादर्शन के आद्यप्रवर्तक। समय-ई.पू. 200 ।

जोंक – Joṁka.
A leech, A type of bad listener.
एक जीव जो शरीर में चिपककर खराब खून को पीता है। जघन्य श्रोता का एक प्रकार; जो गुण छोड़कर सिर्फ अवगुणों को ही ग्रहण करे ।

जोड़ – Joṛa.
Addition, Connection, Joint.
दो वस्तुओं या संख्याओं का मिलना ।

जोणीपाहुड़ – Joṇīpāhuṛa.
Name of a book written by Acharya Dharsen.
आचार्य धरसेन (वी.नि. 600) कृत मंत्र-तंत्र विषयक ग्रंथ ।

जोधराज गोदी – Jodharāja Godī.
Name of a book written by Acharya Dharsen.
सांगानेर निवासी, हिन्दी पद्य में धर्म सरोवर, प्रीतिंकर चरित्र आदि कृतियों के कर्ता ।

ज्योतिरंग – Jyotiraṁga.
Lustre providing Kalpavrikshas (wish fulfilling trees).
10 प्रकार के कल्पवृक्षों में एक वृक्ष का नाम; ये प्रकाशमान कांति के धारक होते हैं ।

ज्ञप्तिक्रिया – Jñaptikriyā.
Activity of knowing.
जानने रूप क्रिया ।

ज्ञप्ति-परिवर्तन – Jñapti-Parivartana.
Change in acquainted knowledge.
जानी हुई वस्तु के जानने में पुनः पुनः परिवर्तन होना ।

ज्ञात – Jñāta.
Known.
जान लेना या मालूम होना ।

ज्ञाता – Jñātā.
Knowledgeable one, one who has perfect knowledge.
सर्व पदार्थों आदि को जो जानता हो, आत्मा का ज्ञाता-दृष्टा स्वभाव होता है ।

ज्ञातृकथांग – Jñātṛkathāṁga.
A part of scriptural knowledge (Shrutgyan).
द्वादशांग श्रुतज्ञान का छठा अंग। इसमें 5 लाख 56 हजार पद हैं ।

ज्ञान – Jñāna.
Knowledge related to self and others (a virtue of soul).
जीव का एक गुण, इससे स्व और पर का बोध होता है ।

ज्ञानकल्याणक – Jñānakalyāṇaka.
A great celebration for omniscience, attained by Lord Arihant.
भगवान के पांच कल्याणकों में से चतुर्थकल्याणक; केवलज्ञान प्राप्त होने पर देवों द्वारा मनाया जाने वाला महोत्सव ।

ज्ञानकल्याणक वन्दना – Jñānakalyāṇaka Vandanā.
A type of reverential & devotional prayer.
कृतिकर्म; सिद्ध-श्रुत-चारित्र-योगि व शांतिभक्ति पूर्वक वंदना करना ।

ज्ञानकीर्ति – Jñānakīrti.
Name of an Acharya who wrote 'Yashodhar Charit'.
'यशोधर चरित' के रचयिता (ई. 1602) ।

ज्ञानक्रिया – Jñānakriyā.
An activity of gaining knowledge.
जानने रूप क्रिया ।

ज्ञानचन्द्र – Jñānacandra.
A Bhattarak who wrote 'Panchastikay Tika'.
वि.सं. 1775 (ई. 1718) के एक भट्टारक जिन्होंने पंचास्तिकाय टीका लिखी ।

ज्ञानचक्षु – Jñānacakṣu.
Omniscience.
साधु को आगम चक्षु एवं सिद्धों को ज्ञानचक्षु वाला कहा है ।

ज्ञानचेतना – Jñānacetanā.
Cognitive consciousness.
चेतना का एक भेद; केवलज्ञान रूप शुद्ध चेतना को ज्ञान चेतना कहते हैं ।

ज्ञानज्योतिटीका – Jñānajyoti Ṭīkā.
The Hindi commentary on Samaysar written by Ganini Aryika Shri Gyanmati Mataji.
समयसार ग्रंथ की संस्कृत टीका द्वय (आचार्य श्री अमृतचन्द्र सूरि एवं श्री जयसेनाचार्य कृत) पर पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा रचित हिन्दी टीका (समय-बीसवीं सदी का उत्तरार्ध)।

ज्ञानदान – Jñānadāna.
Act of giving or imparting knowledge.
दान का एक भेद; धर्म से अनभिज्ञ जीवों के लिए धर्मोपदेश देना तथा आत्मज्ञान के साधनभूत शास्त्रादि सुपात्र को देना ।

ज्ञानदीपक – Jñānadīpaka.
A book written by Acharya Brahmadev.
आचार्य ब्रह्मदेव (ई. 1292-1323) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

ज्ञाननंदि – Jñānanaṁdi.
An Acharya of Nandi group.
नन्दिसंघ के एक आचार्य का नाम ।

ज्ञाननय – Jñānanaya .
Viewpoint of acquiring religious knowledge.
अर्थ, शब्द, ज्ञान तीन भेदों में नय का एक भेद; धर्म को जानने वाला ज्ञान ।

ज्ञानपंचमी – Jñānapaṁcamī.
A book written by poet Viddhanu.
कवि विद्धणु (ई. 1366) कृत एक ग्रंथ जिसमें श्रुतपंचमी व्रत का माहात्म्य दर्शाया है ।

ज्ञानपंडित – Jñānapaṁḍita.
One who is involved in right knowledge.
मति आदि पाँच प्रकार के सम्यग्ज्ञान से जो परिणत है ।

ज्ञानपच्चीसी व्रत – Jñānapaccīsī Vrata.
A type of vow (related to 14 Purvas & 11 Angas).
श्रुतज्ञान संबंधी ग्यारह अंगों की 11 एकादशी और चौदह पूर्वों की 14 चतुर्दशी इस प्रकार 25 उपवास करना एवं उनकी पृथक्-पृथक् जाप करना ।

ज्ञानपर्याय – Jñānaparyāya.
Instinctive true knowledge.
स्वपर तत्त्व की यथावस्थित अनुभूतिरूप पर्याय ।

ज्ञानप्रवाद – Jñānapravāda.
A part of scriptural knowledge (Shrutgyan).
अंग द्रव्यश्रुतज्ञान का 5वाँ पूर्व। इसमें मति आदि 8 ज्ञान का विशेष कथन है, इसके एक कम एक करोड़ पद हैं ।

ज्ञानबाल – Jñānabāla.
Unknown to reality.
जीवादि पदार्थों का यथार्थ ज्ञान जिनको नहीं है ।

ज्ञानभूषण – Jñānabhūṣaṇa.
Name of Bhattaraks of Nandi group.
नन्दिसंघ में इस नाम से हुए भट्टारक ।

ज्ञानमती – Jñānamatī (Gaṇinī Āryikā).
Name of the supreme ranked Jaina female ascetic, who is the chief disciple of Charitra Chakravarti Acharya Shri Veersagar Maharaj in the tradition of Acharya Shri Shantisagarji Maharaj. She born at 22nd october 1934 in Takaitnagar (Barabanki) & took oath for the vow of celibacy and for renunciation of the homely affairs in the small age of 18 years only, from Acharya Shri Deshbhushan Maharaj in year 1952. Thereafter she accepted Jaina-initation (for Aryika stage) in 1956 from Acharya Veersagar Maharaj. Her childhood name was Ku. Maina Jain. She studied upto 3rd standard only but she is the most venerable, supreme knowledgeable & seniour personality among all Jain saints. She is having number of invaluable credits over the society concerning with the protection & development of the Jaina culture & heritage. She is only the first Jaina asceitc who has performed tremendous job of writing more than 250 scriptures including commentaries, inspiring novels & story books etc. in the history of last 2500 years after Mahavira. Number of substantial & worthwhile seminars and religious programmes has been conducted at national & internation level. She has got constructed on her inspiration beautiful geographical creation of Jambudvip at Hastinapur, which is the centre of attraction in the world. Moreover the construction & development of Ayodhya, Mangitungi, Tapasthali (Prayag), Kundalpur (Nalanda) etc. many reverential places has been taken palce on her valuable inspiration.
चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी की परंपरा में हुए प्रथम पट्टाचार्य श्री वीरसागर जी महाराज की एक योग्य शिष्या एवं बीसवीं शताब्दी की प्रथम बालब्रह्मचारिणी गणिनी आर्यिका, जिन्होंने 18 वर्ष की अल्प आयु में आचार्यरत्न श्री देशभूषण जी महाराज से ई. सन् 1952 में बाराबंकी में आजीवन ब्रह्मचर्यव्रत धारण कर आचार्यश्री देशभूषण महाराज से ही 1953 में चैत्र कृ. 1 को महावीर जी (राज.) में क्षुल्लिका दीक्षा धारण की एवं ई. सन् 1956 में वैशाख कृ. 2 को माधोराजपुरा (राज.) में आचार्यश्री वीरसागर जी महाराज से आर्यिका दीक्षा प्राप्त की। आपका जन्म 22 अक्टूबर 1934, शरदपूर्णिमा के दिन टिकैतनगर (बाराबंकी), उ.प्र. में हुआ, आपका बचपन का नाम कु. मैना जैन था, आपकी माता श्रीमती मोहिनीदेवी एवं पिता श्री छोटेलाल जैन थे। आप परिवार की कुल तेरह संतानों में प्रथम संतान हैं। आपने माँ को दहेज में प्राप्त

पद्मनंदिपंचविंशतिका ग्रन्थ का नियमित स्वाध्याय एवं पूर्वजन्म से प्राप्त दृढ़ वैराग्य संकल्पों के बल पर त्याग मार्ग को धारण कर जैनशासन के वर्तमान व्योम पर छिटके नक्षत्रों में देदीप्यमान सूर्य की भाँति अपनी प्रकाश-रश्मियों को प्रकीर्णित किया है। भगवान महावीर के पश्चात् जहाँ 2500 वर्ष के इतिहास में किसी भी जैन साध्वी द्वारा शास्त्र लेखन की कोई मिसाल दृष्टिगोचर नहीं होती थी वहीं ज्ञानमती माताजी ने षट्खंडागम, समयसार, नियमसार इत्यादि की हिन्दी-संस्कृत टीकाएं, जैन भारती, ज्ञानामृत, कातंत्र व्याकरण, त्रिलोक भास्कर, प्रवचन निर्देशिका आदि स्वाध्याय ग्रंथ, प्रतिज्ञा, संस्कार, भक्ति, आदिब्रह्मा, आटे का मुर्गा, जीवनदान इत्यादि मार्मिक जैन उपन्यास, द्रव्यसंग्रह-रत्नकरंडश्रावकाचार इत्यादि के हिन्दी पद्यानुवाद, इन्द्रध्वज, कल्पद्रुम, सर्वतोभद्र, तीनलोक, सिद्धचक्र, विश्वशांति महावीर विधान आदि अनेक मौलिक ग्रन्थों को मिलाकर 250 से अधिक ग्रंथों का सृजन कर इतिहास को बदला है। आपने गोम्मटसार, परीक्षामुख, न्यायदीपिका, प्रमेयकमलमार्तण्ड, अष्टसहस्री, तत्वार्थराजवर्तिक, सर्वार्थसिद्धि, अनगारधर्मामृत, मूलाचार, त्रिलोकसार जैसे अनेक ग्रंथों का अध्यापन अपने अनेक शिष्य-शिष्याओं तथा संघस्थ साधुओं को कराया जिसके फलस्वरूप कई विद्वान आचार्यों एवं आर्यिकाओं ने जन्म लिया, जिनमें आचार्य अजितसागर, आचार्य वर्द्धमानसागर, आचार्य अभिनंदनसागर, आर्यिका रत्नमती, आर्यिका जिनमती, आर्यिका चन्दनामती आदि प्रमुख हैं। पूज्य ज्ञानमती माताजी ने लौकिक शिक्षा में कक्षा तीन तक अध्ययन किया है लेकिन उनकी गहरी अकादमिक रुचि एवं दूरदृष्टिकोण के परिणाम स्वरूप उनकी प्रेरणा से सन् 1985 में 'जैन गणित एवं त्रिलोक विज्ञान' पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर में सम्पन्न हुआ। पुनः कई संगोष्ठियाँ आयोजित की गई और सन् 1998 में 'भगवान ऋषभदेव राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया, जिसके फलस्वरूप देश में पढ़ाई जाने वाली पाठ्यपुस्तकों में 'भगवान महावीर को जैनधर्म का संस्थापक' उल्लिखित करने जैसी भ्रान्तियों का निराकरण होने हेतु पर्याप्त बल मिला एवं पाठ्यपुस्तकों में भगवान ऋषभदेव को इस युग में जैनधर्म का प्रथम प्रवर्तक लिखा जाने लगा। माताजी का बहुआयामी दृष्टिकोण किसी भी क्षेत्र के विकास से अछूता नहीं रहा। जैनधर्म एवं संस्कृति के संरक्षण एवं विकास में भी माताजी ने जैन भूगोल की अद्वितीय रचना-जम्बूद्वीप का निर्माण हस्तिनापुर में कराया, जहाँ स्वर्ग से कम अनुभूति नहीं होती। इसी श्रृंखला में अयोध्या, मांगीतुंगी, प्रयाग (तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली तीर्थ), कुण्डलपुर-नालंदा (नंद्यावर्त महल तीर्थ) आदि अनेक तीर्थों का निर्माण एवं विकास भी माताजी की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से सम्पन्न हुआ। माताजी को उनकी अपार विद्वत्ता के सम्मान में अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद द्वारा डी.लिट्. की मानद उपाधि भी प्राप्त है। जंबूद्वीप ज्ञानज्योति (सन् 1982), भगवान ऋषभदेव समवसरण श्रीविहार (सन् 1998) एवं भगवान महावीर ज्योति (सन् 2003) रथों के अखिल भारतीय प्रवर्तन की सम्प्रेरिका तथा भगवान ऋषभदेव जन्मजयंती महोत्सव वर्ष (सन् 1997), प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटित भगवान ऋषभदेव अंतर्राष्ट्रीय निर्वाण महामहोत्सव वर्ष (सन् 2000) और भगवान पार्श्वनाथ जन्मकल्याणक तृतीय सहस्राब्दि महोत्सव वर्ष (सन् 2005) जैसे महान आयोजनों की भी आप प्रेरणास्रोत हैं ।

ज्ञानमद – Jñānamada.
Pride or puff of knowledge.
ज्ञान का घमंड होना ।

ज्ञानमार्गणा – Jñānamārgaṇā.
A type of knowledgeable investigation about beings.
14 मार्गणाओं में एक मार्गणा, ज्ञान के द्वारा जीवों का अन्वेषण।

ज्ञानमीमांसा – Jñānamīmāṁsā.
A part of Vedic Philosophy.
वैदिक दर्शन का एक भेद; मीमांसक ।

ज्ञानमूढ़ – Jñānamūṛha.
A title of the saint, devoid of right conduct.
सम्यक्त्वआचरण से भ्रष्ट साधु की उपाधि ।

ज्ञानयोग – Jñānayoga.
A branch of Yoga.
योग की एक शाखा जो ज्ञान से संबंधित है ।

ज्ञानविनय – Jñānavinaya.
Internal penance; paying reverence to right knowledge.
अंतरंग तप का एक भेद; सम्यग्ज्ञान को अत्यंत सम्मानपूर्वक ग्रहण करना अथवा ज्ञान, ज्ञान के उपकरण एवं ज्ञानी पुरुषों में भक्ति आदर भाव होना ।

ज्ञानवृद्ध – Jñānavṛddha.
One having abundant right knowledge.
तत्त्वज्ञान आदि गुणों की जिसमें अधिकता हो ।

ज्ञानशक्ति – Jñānaśakti.
One of the 47 powers acquired by the soul.
जीव की 47 शक्तियों में एक शक्ति; ज्ञेय पदार्थों में विशेष रूप से उपयुक्त होने वाली आत्मा की एक साकारोपयोगी शक्ति अर्थात् ज्ञान ।

ज्ञानशल्य – Jñānaśalya.
Dishonour or right knowledge.
अकाल में पढ़ना और ज्ञान का अविनयादिक करना ।

ज्ञानशुद्धि – Jñānaśuddhi.
Acquiring real knowledge (meaningful extraction) of the universe.
ज्ञानरूपी प्रकाश से सारे लोक का सार जान लेना ।

ज्ञानसंस्कार – Jñānasaṁskāra.
Paying reverence to scriptures.
विनय के साथ शास्त्र आदि को पढ़ना ।

ज्ञानसमय – Jñānasamaya.
Right time of gaining right knowledge.
मिथ्यात्व के अभाव में होने वाला आत्मज्ञान ही ज्ञानसमय है। ज्ञानसमय भावश्रुतरूप होता है (यह दिगम्बर महामुनियों में ही होता है) ।

ज्ञानसागर – Jñānasāgara.
1) Name of a disciple of Shribhushan who wrote a book 'Akshar Bavani'. 2) Name of an Acharya, the disciple of Acharya Shivsagar Maharaj. 3) Name of a saint, the disciple of Acharya Shri Sumatisagar Maharaj.
1) श्रीभूषण के शिष्य (ई. श. 17 का पूर्वपाद) जिन्होंने अक्षर बावनी नामक ग्रंथ की रचना की । 2) आचार्य शिवसागर महाराज के आचार्य-शिष्य (ई.श. 20-21), जो अनेक संस्कृत साहित्य के रचयिता हुए । 3) आचार्यश्री सुमतिसागर महाराज के उपाध्याय-शिष्य (ई.श.20-21), सराकोद्धारक मुनि के रूप में आपकी विशेष पहचान है ।

ज्ञानसार – Jñānasāra.
Two different books written by (1) Acharya Devasen (2) Muni Padyasingh.
आचार्य देवसेन (ई. 933-955) एवं मुनि पद्यसिंह (ई. 1089) कृत ज्ञानसार नामक ग्रंथ ।

ज्ञानसूर्योदय नाटक – Jñānasūryodaya Nāṭaka.
Name of a book written by Acharya Vadichandra.
आचार्य वादिचन्द्र (1580-1607) द्वारा रचित एक रूपक काव्य।

ज्ञानाकार – Jñānākāra.
Power of the soul (super consciousness).
चैतन्य शक्ति का एक भेद; स्वात्मा ।

ज्ञानाचार – Jñānācāra.
Right practice of right knowledge.
काल, विनय, उपधान, बहुमान, अनिन्हव, व्यंजन, अर्थ, तदुभय इन 8 शुद्धि से युक्त सम्यग्ज्ञान का अभ्यास करना ।

ज्ञानातिशय – Jñānātiśaya.
Ten excellences of the omniscience of Lord Arihant.
अर्हंत भगवान के केवलज्ञान के 10 अतिशय ।

ज्ञानाराधना – Jñānārādhanā.
Contemplation of right knowledge.
आराधना का एक भेद; सच्चे ज्ञान का मनन करना ।

ज्ञानार्णव – Jñānārṇava.
Name of a book written by Acharya Shubhchandra.
आचार्य शुभचन्द्र (अनुमानित समय ई. 1003-1068) द्वारा लिखित ध्यान विषयक ग्रंथ ।

ज्ञानावरण – Jñānāvaraṇa.
Obscurring Karmas of knowledge.
जीव के ज्ञान को आवृत करने वाले एक कर्म विशेष का नाम।

ज्ञानी – Jñānī
A learned person, a person possessing right knowledge.
पूर्णरूप की अपेक्षा केवलज्ञानी ही वास्तव में ज्ञानी हैं, मोक्षमार्ग में भेदविज्ञानी को ज्ञानी कहते हैं ।

ज्ञानेश्वर – Jñāneśvara.
Name of the 17th Teerthankar (Jaina Lord) of the past era.
भूतकालीन सत्रहवें तीर्थंकर ।

ज्ञानोद्योतन – Jñānodyotana.
Enlightenment of the real knowledge.
यथार्थ वस्तु का ज्ञान होने से विपरीतता का चला जाना ।

ज्ञानोपकरण – Jñānopakaraṇa.
Sources of real knowledge.
शास्त्र आदि जहाँ से ज्ञान मिलता है ।

ज्ञानोपयोग – Jñānopayoga.
Cognitive consciousness.
उपयोग का एक भेद; इसके मतिज्ञान आदि 8 भेद हैं ।

ज्ञायक – Jñāyaka.
A learned person, knower of right knowledge.
ज्ञाता, जानने वाले ।

ज्ञायक शरीर – Jñāyaka Śarīra.
Body of a learned person, who knows real nature of Karmas.
कर्मस्वरूप के जानने वाले जीव का शरीर ।

ज्ञेय – Jñeya.
Recognizable objects.
पदार्थ; जानने योग्य सर्व ही द्रव्य गुण पर्याय ।

ज्ञेय-ज्ञायक संबंध – Jñeya-Jñāyaka Saṁbaṁdha.
Relation between the object (matter) & the knower.
पदार्थ और उसके जानने वाले का संबंध ।

ज्ञेय तत्त्व – Jñeya Tattva.
Knowledgeable substances (elements).
जानने योग्य तत्त्व; सात तत्त्व ।

ज्ञेयाकार – Jñeyākāra.
Characteristic knowledge of matter.
उपयोग का एक भेद; पदार्थाकार ज्ञान का होना ।

ज्ञेयाकार परिणमन – Jñeyākāra Pariṇamana.
Involvement into the knowledge of soul.
ज्ञेयाकार रूप आत्मा में परिणमन ।

ज्ञेयार्थ – Jñeyārtha.
Recognizable matters.
ज्ञेय रूप पदार्थ ।

ज्यामिति – Jyāmiti.
A branch of mathematics, Geometry.
गणित की एक शाखा, एक गणितीय विषय ।

ज्येष्ठ – Jyeṣṭha.
A kind of peripatetic deities (Kinnars).
किन्नर जातीय व्यंतर देवों का एक भेद ।

ज्येष्ठ जिनवर अभिषेक – Jyeṣṭha Jinavara Abhiṣeka.
Daily anointment of Lord Rishabhdev in the month of Jyeshtha with reciting special prayer.
ज्येष्ठ मास में विशेष पाठ पढ़ते हुए प्रतिदिन किया जाने वाला भगवान ऋषभदेव का विशेष कलशाभिषेक ।

ज्येष्ठ जिनवर व्रत – Jyeṣṭha Jinavara Vrata.
A type of vow to be observed with special procedure in the month of Jyeshtha.
उत्तम 24 वर्ष, मध्यम 12 वर्ष व जघन्य 1 वर्ष तक, प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास में ज्येष्ठ कृ. व शु. 1 को उपवास व अन्य दिन एकाशन करना। इस व्रत में पूरे ज्येष्ठ माह तक ज्येष्ठ जिनवर अभिषेक एवं पूजा की जाती है ।

ज्येष्ठ स्थिति कल्प – Jyeṣṭha Sthiti Kalpa.
One special virtue of Jain preceptors.
पंचमहाव्रतधारी आचार्यों का एक गुण ।

ज्येष्ठा – Jyeṣṭhā.
Name of a lunar.
28 नक्षत्रों में एक नक्षत्र का नाम। इसका स्वामी इन्द्र है, आकार सींग सदृश है। तीर्थंकर संभवनाथ का जन्म इसी नक्षत्र में हुआ था ।

ज्योति – Jyoti.
Radiance, Light, Lustre, The 8th Patal (layer) of the first hell.
परम ज्योति का अपरनाम, परम ज्योति, प्रथम नरक के खर भाग का 8वाँ पटल ।

ज्योतिरस – Jyotirasa
Name of an earth in all 14 (accordig to Jaina philosophy).
चित्रा पृथिवी के नीचे स्थित 14 पृथिवियों में एक पृथिवी, जिसकी मोटाई 1000 योजन है ।

ज्योतिर्ज्ञान विधि – Jyotirjñāna Vidhi.
Name of an astrological book written by Acharya Shridhar.
आचार्य श्रीधर कृत ज्योतिष शास्त्र विषयक एक ग्रंथ। समय-ई. सन् 799 ।

ज्योतिषकरंड – Jyotiṣakaraṁḍa.
Name of great book written by a Shvetambar Acharya.
जिनभद्रगणी (वि. 650) से पूर्व किसी श्वेताम्बर आचार्य द्वारा रचित ज्योतिर्लोक तथा काल गणना विषयक सूत्रबद्ध अर्धमागधी ग्रंथ ।

ज्योतिषचारण ऋद्धि – Jyotiṣacāraṇa Ṛddhi.
A type of supernatural power related to movement.
चारण ऋद्धि का एक भेद; जिसके प्रभाव से तपस्वी नीचे ऊपर फैलने वाले ज्योतिषी देवों के विमानों की किरणों का अवलम्बन करके गमन करते हैं ।

ज्योतिष देव – Jyotiṣa Deva.
A type of deities with lustre, stellar deities.
चतुर्विध देवों में एक प्रकार के देव; ये उज्ज्वल किरणों से युक्त होते हैं, इनके चन्द्रमा, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र, तारे ये 5 भेद हैं। ये ज्योतिषी विमानों में रहते हैं ।

ज्योतिष लोक – Jyotiṣa Loka.
An upper part of universe.
पृथ्वी तल से 790 योजन की ऊँचाई से 900 योजन की ऊँचाई तक एक सौ दस योजन में स्थित लोक ।

ज्योतिष विद्या – Jyotiṣa Vidyā.
Knowledge of the past & future according to astrology.
सूर्य चन्द्र आदि ज्योतिष्क देवों की गतिविधि से भूत-भविष्यत को जानने वाला महानिमित्त ज्ञान ।

ज्योतिष्माण – Jyotiṣmāṇa.
Name of a planet (56th among 88).
ज्योतिष के 88 ग्रहों में 56वाँ ग्रह ।

ज्वलन – Jvalana.
The eldest son of Shyama, the queen of Vasudev.
वसुदेव की रानी श्यामा का ज्येष्ठ पुत्र। यह अग्निवेग का अग्रज था ।

ज्वाला – Jvālā.
The mother's name of the 15th Tirthankar (Jaina Lord) of Videh Kshetra (region).
विदेहक्षेत्रस्थ 20 तीर्थंकरों में 15वें तीर्थंकर 'ईश्वर' की माता का नाम ।

ज्वालामालिनी – Jvālāmālinī.
Name of the ruling female demigod of Lord Chandraprabhu, Name of a female deity.
तीर्थंकर चन्द्रप्रभु की यक्षिणी (शासन देवी), एक विद्या देवी का नाम ।

ज्वालामालिनी कल्प – Jvālāmālinī Kalpa.
Name of a book written by Bhattarak Indranandi.
भट्टारक इन्द्रनंदि (ई. सन् 939) कृत 372 पद्य वाला एक तांत्रिक ग्रंथ ।

ज्वालिनी कल्प – Jvālinī Kalpa.
Name of a book written by Bhattarak Mallishen.
भट्टारक मल्लिषेण (ई. 1047) कृत लघुकाय तांत्रिक (तंत्र-मंत्र) ग्रंथ।

झ

झ – *Jha.*
The nineth consonant of the Devanagari syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का नवाँ व्यंजन, इसका उच्चारण स्थान तालु है ।

झंझावात – Jhaṁjhāvāta.
Heavy rainy storm.
जलवृष्टि सहित जो वायु बहती है उसे झंझावात कहते हैं ।

झरना – Jharanā.
Waterfall.
पहाड़ों से निकलने वाली जलधारा ।

झष – Jhaṣa.
Name of the 3rd Patal (layer) of the 5th hell.
5वें नरक का तीसरा पटल ।

झषक – Jhaṣaka.
See - Jhaṣa.
देखें - झष ।

झषका – Jhaṣakā.
See - Jhaṣa.
देखें - झष ।

झांझ – Jhāṁjha.
A cymbal, to be kept near the idol of Lord Jinendra, Passion, Anger, Wickedness.
जिनेन्द्र देव की प्रतिमाओं के समीप विद्यमान रहने वाले 108 मंगल द्रव्यों में एक, चित्त का बुरा आवेग, क्रोध, दुष्टता ।

झारी – Jhārī.
A pitcher having a long neck & a spout, to be kept near the idol of Lord Jinendra.
जिनेन्द्र देव की प्रतिमाओं के समीप विद्यमान रहने वाले अष्ट मंगल द्रव्यों में से एक, इस झारी से भगवान का अभिषेक भी किया जाता है ।

ट

ट – *Ṭa.*
The eleventh consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी लिपि का ग्यारहवाँ व्यंजन अक्षर, इसका उच्चारण स्थान मूर्धा है ।

टंक – *Ṭaṁka.*
Man made water reservoirs etc, Name of a commentator of Vedic literature.
शिलामय पर्वतों में उकीरे गये वापी, कुंआ, तालाब और जिनघर आदि टंक कहलाते हैं । वेदांत साहित्य के एक टीकाकार; द्रविडाचार्य टंक ।

टंकण – *Ṭaṁkaṇa.*
A city near Girikuta mountain and Eravati river, To do typing.
ऐरावती नदी व गिरिकूट पर्वत के निकट स्थित एक नगर, टाइप करना ।

टंकण द्वीप – *Ṭaṁkaṇadvīpa.*
A country of *Bharat kshetra* (region).
भरत क्षेत्र का एक देश ।

टंकोत्कीर्ण – *Ṭaṁkotkīrṇa.*
Something engraved, An adjective word for pure soul.
टाँकी से उत्कीर्ण अक्षर, चित्र आदि। आत्मा के ज्ञायक स्वभाव को भी टंकोत्कीर्ण के समान कहा है ।

टंडाणा गीत – *Ṭaṁḍāṇā Gīta.*
Name of a book related to true philosophy of life.
संसार दुख दर्शन विषयक एक ग्रंथ ।

टिप्पणी – *Ṭippaṇī.*
Notes, Comments.
भाष्य, टीका ।

टीका – *Ṭīkā.*
Commentary, Explanation, Exposition.
व्याख्या, विशद व्याख्यान ।

टोडरमल – *Ṭoḍarmala.*
A very learned and extraordinary *Pandit* who wrote commentary on a number of Jain scriptures.
जयपुर के एक पंडित (ई.श.1740-1767) जिन्होंने गोमट्टसार, लब्धिसार,क्षपणासार, त्रिलोकसार इत्यादि कई ग्रंथों की हिन्दी टीका की ।

टीला – *Ṭīlā.*
Mound, A hillock.
पृथिवी के तल से ऊँचा भाग ।

ठ ड ढ

ठ– *Ṭha.*
The twelfth consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी लिपि का बारहवाँ व्यंजन अक्षर, इसका उच्चारण स्थान मूर्धा है ।

ठकाप्पा (कवि) – *Ṭhakāppā (Kavi).*
Name of a Marathi poet.
एक मराठी कवि जिन्होंने पाण्डव पुराण की रचना की ।

ड – *Ḍa.*
The thirteenth consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी लिपि का तेरहवाँ व्यंजन अक्षर, इसका उच्चारण स्थान मूर्धा है ।

डाँस – *Ḍāṁsa.*
A type of listeners of low category (creating disturbances).
श्रोता; जो उपदेश तो बिल्कुल ही ग्रहण न करें परन्तु सारी सभा को डाँस (मच्छर) के समान व्याकुल कर दें ।

डामर – *Ḍāmara.*
The father's name of Lord Parshvanath (of past birth), Agitation.
पार्श्वनाथ भगवान के पूर्वभव के पिता का नाम, अहंकार ।

ड्योढ गुणहानि – *Ḍyodha Guṇahāni.*
A mathematical quantity.
गुणहानि आयाम को ड्योड़ा करने पर मिले प्रमाण को ड्योढ गुणहानि कहते हैं ।

ढ – *Ḍha.*
The fourteenth consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी लिपि का चौदहवाँ व्यंजन अक्षर, इसका उच्चारण स्थान मूर्धा है ।

ढिग – *Ḍhiga.*
Nearness.
पास, समीपता ।

ढूँढिया पंथ – *Ḍhūṁḍhiyā Paṁtha.*
Non- idolater sect of *Shvetambers.*
श्वेताम्बर संप्रदाय का स्थानकवासी मत ।

ण

ण – *Ṇa.*
The fifteenth consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी लिपि का पन्द्रहवाँ व्यंजन अक्षर, इसका उच्चारण स्थान मूर्धा है ।

णमोकार धाम– *Ṇamokāra Dhāma.*
Name of a newly built place of pilgrimage situated at Sanavad (M.P.) and constructed on the inspiration of Ganini Shri Gyanmati Mataji.
इंदौर (म.प्र.) के निकट सनावद में सन् १९९६ में गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से एवं क्षुल्लक श्री मोतीसागर जी की भावनानुसार उनके ससंघ सानिध्य में इस तीर्थ का शिलान्यास हुआ। यहाँ णमोकार महामंत्र के ३५ अक्षरों को ३५ कमल पंखुड़ियों पर उत्कीर्ण कराकर पंचपरमेष्ठी की प्रतिमाएं विराजमान करने की योजना माताजी ने दी। वर्तमान में इस नवोदित तीर्थ पर भगवान ऋषभदेव की सवा सात फुट उत्तुंग पद्मासन प्रतिमा विराजमान है तथा प्राकृतिक सौन्दर्य से युक्त इस तीर्थ का दर्शन करने हेतु दूर-दूर से श्रद्धालु पधारते हैं ।

णमोकार मंत्र – *Ṇamokāra Maṁtra.*
"Namo Arihantanam, Namo Siddhanam, Namo Ayariyanam, Namo Uvajjhayanam, Namo Loe Savvasahunam." It is an omnipotent *Mantra* (an assemblage of super auspicious mystic words) of Jaina religion.
'णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोएसव्व्साहूणं' यह जैन शासन का मूलमंत्र (सर्वशक्तिमान मंत्र) है, जिसमें पंचपरमेष्ठियों अर्थात् अरहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और लोक के सर्व साधुओं को नमस्कार किया गया है । इससे ८४ लाख मंत्रों की उत्पत्ति हुई है। यह अनादिनिधन (शाश्वत), अपराजित मंत्र कहा जाता है ।

णमोकार मंत्र पूजा– *Ṇamokāra Maṁtra Pūjā.*
Name of a worshipping hymn written by Ganini Shri Gyanmati Mataji based on the eulogy of Panchparmeshthi (Arihant, Siddha, Acharya, Upaddhyay & Sadhu).
गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी (ई. श. २० उत्तरार्द्ध) द्वारा लिखित पंचपरमेष्ठियों की भक्ति पर आधारित एक पूजा, इसे प्रतिदिन एवं णमोकार व्रत में करने की परंपरा है ।

णमोकार यंत्र – *Ṇamokāra Yaṁtra.*
A metallic plate engraved with some auspicious mystic words *Ṇamokāra Maṁtra* or some numbers.
णमोकार मंत्र या अंक लिखित धातु की प्लेट ।

णमोकार विधान – *Ṇamokāra Vidhāna.*
Name of a Vidhan-procedural worshipping composition.

आर्यिका श्री अभयमती माताजी (ई. श. २० उत्तरार्द्ध) एवं अन्य लेखकों द्वारा रचित णमोकार मंत्र के ३५ अक्षरों पर आधारित एक पूजा विधान।

णायकुमारचरिउ – *Ṇāyakumāracariu.*
Name of a book.
नागकुमार चरित्र विषयक एक ग्रंथ।

णिक्खोदिम – *Ṇikkhodima.*
A process of digging downward for obtaining some matters or water etc.
क्रिया: पुष्करिणी, वापी, कूप, तड़ाग, लयन और सुरंग आदि निष्खनन क्रिया से सिद्ध हुए द्रव्य।

णेमिणाहचरिउ – *Ṇemiṇāhacariu.*
A book written by *Acharya* Amarkirti.
आचार्य अमरकीर्ति (ई.सन् ११८७) द्वारा रचित एक ग्रंथ।

त

त – *Ta.*
The sixteenth consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी लिपि का सोलहवाँ व्यंजन अक्षर, इसका उच्चारण स्थान दंतमूल है।

तंडुल – *Taṁḍula.*
See - *Taṁdula.*
देखें - तंदुल।

तंदुल – *Taṁdula.*
Rice; one among the 8 articles used for worshipping of Jaina Lord.
चावल, पूजन के अष्टद्रव्यों में से एक द्रव्य, जिसे अक्षत भी कहते हैं।

तंतुचारण ऋद्धि – *Taṁtucāraṇa Ṛddhi.*
A supernatural power for becoming so small as to walk on the spider's web.
ऋद्धि; जिसके प्रभाव से मुनिजन अति लघु होकर मकड़ी के तंतु के ऊपर चरण रखते हुए उसे बिना बाधा पहुँचाये गमन करते हैं।

तंत्र – *Taṁtra.*
A charm and enchantment, a mystical formula for the attainment of super natural powers.
जादू टोना; विद्या, मणि, मंत्र आदि की शक्ति।

तंत्ररत्न – *Taṁtraratna.*
Name of a book written by Parthsarthi Mishra.
पार्थसारथिमिश्र द्वारा रचित एक साहित्य ग्रंथ।

तंत्रवार्तिक – *Taṁtravārtika.*
Name of a commentary book written by Kumaril Bhatta.
मीमांसा दर्शन की कुमारिल भट्ट (ई.700) रचित एक टीका।

तंत्रवार्तिक टीका – *Taṁtravārtika Ṭīkā.*
Name of a book written by Someshvar Bhatta.
मीमांसा दर्शन का सोमेश्वर भट्ट द्वारा रचित एक ग्रंथ।

तंत्रसिद्धांत – *Taṁtrasiddhāṁta.*
Doctrines of mystic formula expressed in the scriptures.
सिद्धांत के भेद; जो अर्थ सर्व शास्त्रों में अविरुद्धता से माना जाये सर्वतन्त्र सिद्धान्त है एवं जो बात एक शास्त्र में सिद्ध व दूसरे में असिद्ध पायी जाये तब वह प्रतितंत्र सिद्धांत होता है।

तक्षक – *Takṣaka.*
Carver, Carpenter.
बढ़ई, लकड़ी का काम करने वाला।

तक्षशिला – *Takṣaśilā.*
Former name of the present city of Punjab 'Taiksila'.
वर्तमान टैक्सिला, उत्तर पंजाब का एक प्रसिद्ध नगर। सिंधु नदी से जेहलम तक के समस्त प्रदेश का नाम तक्षशिला था, जिस पर सिकंदर के समय राजा अम्भी राज्य करता था।

तट – *Taṭa.*
The bank of a river, A king of *Rakshas* dynasty, Name of a city of *Vijayardh* mountain region.
नदी का किनारा, राक्षस वंश का एक राजा, विजयार्ध पर्वत का एक नगर।

तडित्प्रभ – *Taḍitprabha.*
Name of some water reservoirs.
देवकुरू का ह्रद (तालाब), निषध पर्वत से उत्तर की ओर नदी के मध्य में स्थित 5 महाह्रदों में एक ह्रद।

तडिद – *Taḍida.*
Lightening, reason for the worldly detachment of Lord Chandraprabha & Mallinath.
बिजली चमकना; चन्द्रप्रभु भगवान एवं मल्लिनाथ भगवान् का वैराग्य कारण।

तडिदवक्त्र – *Taḍidavaktra.*
The king of *Vidyadhars.*
विद्याधरों का राजा; राम का पक्षधारी।

ततक – *Tataka.*
The first *Patal* (layer) of the 2nd hell.
द्वितीय नरक का प्रथम पटल।

तत् – *Tat.*
The same (pronoun), that thing, A stringed musical instrument.
सर्वनाम पद; पूर्व प्रकरण में आये हुए अर्थ का परामर्शक होता है। तार से बजाये जाने वाले वीणा आदि वाद्य।

तत्त्व – *Tattva.*
The 4th *Patal* (layer) of the 4th hell.
चौथे नरक का चौथा पटल।

तत्त्व – *Tattva.*
Nature of things, Reality, Elements, Essence, Principle.
प्रयोजन भूत वस्तु के स्वभाव को तत्त्व कहते हैं। जीव, अजीव, आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा, मोक्ष ये ७ तत्त्व जिनागम में बताये गये हैं। पुण्य व पाप को मिलाकर तत्त्व ९ हो जाते हैं, परमार्थ में एक शुद्धात्मा ही प्रयोजनभूत तत्त्व है।

तत्त्वकथा – *Tattvakathā.*
A sacred legend which inspires to move on the path of deliverance.
मोक्षमार्ग में प्रेरित करने वाली कथा, अपरनाम धर्मकथा।

तत्त्वक्रिया – *Tattvakriyā.*
A type of auspicious activity (study with silence).
गर्भान्वय की 53 क्रियाओं में 25 वीं क्रिया; मौनाध्ययन संस्कार।

तत्त्वज्ञ – *Tattvajña.*
One possessing real and true knowledge.
तत्वों का यथार्थ ज्ञाता।

तत्त्वज्ञान – *Tattavajñāna.*
The knowledge of truth or reality of any matter.
तत्त्वों को जानकर आत्मा का विशेष बोध या मनन करना।

तत्त्वज्ञानतरंगिनी – *Tattavajñānataraṁginī.*
Name of a book written by *Acharya* Gyanbhushsan.
आचार्य ज्ञानभूषण (ई.1447-1495) द्वारा रचित शुद्ध चैतन्य प्रतिपादक ग्रंथ।

तत्त्वज्ञानी – *Tattvajñānī.*
One who has the real knowledge of matter; A philosopher, A metaphysician.
तत्त्वों का जानने वाला, तत्त्वज्ञाता।

तत्त्वचिंतन – *Tattvaciṁtana.*
Act of deep thinking over 7 *tattvas* (matters).
शुभोपयोग; सात तत्त्वों का मनन करना।

तत्त्वत्रयप्रकाशिका – *Tattvatrayaprakāśikā.*
A commentary book in Sanskrit written by *Bhattarak* Shrutsagar.
भट्टारक श्रुतसागर (ई.1487-1499) कृत एक संस्कृत टीका (ज्ञानार्णव ग्रंथ के गद्य भाग पर)।

तत्त्वदीपिका – *Tattvadīpikā.*
A book written by *Acharya* Bramadeva.
आचार्य ब्रह्मदेव (वि.श. 12 पूर्व) द्वारा संस्कृत भाषा में रचित आध्यात्मिक ग्रंथ।

तत्त्वनिर्णय – *Tattvanirṇaya.*
A book written by *Acharya* Shubhchandra.
आचार्य शुभचन्द्र (ई. 1516-1556) द्वारा रचित एक न्याय विषयक ग्रंथ।

तत्त्वनिर्णिनीषु – *Tattvanirṇinīṣu.*
One who wants to determine the truth.
जो सच को ज्ञात करना चाहता है।

तत्त्वप्रकाशिका – *Tattvaprakāśikā.*
A book written by *Acharya* Yogendudeva.
आचार्य योगेन्दुदेव (ई.श.6) द्वारा रचित तत्त्वार्थ सूत्र की प्राकृत भाषाबद्ध एक टीका।

तत्त्वमाला – *Tattvamālā.*
A Hindi book on 7 tattvas, written by Brahamchari Seetalprasad.
ब्रं. शीतलप्रसाद कृत सात तत्त्वों पर हिन्दी पुस्तक।

तत्त्वरूचि – *Tattvarūci.*
Reverence with interest for tattvas.
सम्यग्दर्शन; तत्त्व श्रद्धान या तत्त्वों के प्रति रुचि होना।

तत्त्ववती धारणा – *Tattvavatī Dhāraṇā.*
Auspicious conceptual meditation with contemplation.
पिंडस्थ ध्यान की एक धारणा जिसमें 'अपनी आत्मा को अतिशय युक्त, सिंहासन पर आरूढ, कल्याण की महिमा सहित, देव दानव धरणेन्द्रादि से पूजित है,' ऐसा चिन्तन करना। तत्पश्चात् अपने

शरीर में प्राप्त आठों कर्मों से रहित निर्मल पुरुषाकार आत्मा का चिंतवन करना ।

तत्त्वविचार – *Tattvavicāra.*
Analysis of doctrines of reality (related to matters).
कर्मक्षय के निमित्त रूप पदार्थों का विचार कर वस्तु स्वरूप समझना ।

तत्त्वशक्ति – *Tattvaśakti.*
Power of nature of an element.
वस्तु के स्वभाव को तत्त्व कहते हैं वही तत्त्व शक्ति भी कहलाती है ।

तत्त्वश्रद्धान – *Tattvaśraddhāna.*
Faith on all 7 *tattvas* (real matters).
7 तत्त्वों पर श्रद्धान ।

तत्त्वसंतति – *Tattvasaṁtati.*
Tradition related to matters.
तत्त्व परम्परा ।

तत्त्वसमास – *Tattvasamāsa.*
Name of a treatise written by Maharshi Kapil.
सांख्य मत के मूल प्रणेता महर्षि कपिल की एक कृति का नाम ।

तत्त्वसमीक्षा – *Tattvasamīkṣā.*
Name of a commentary book written by Vachaspati Mishra.
वेदांत साहित्य प्रवर्तक वाचस्पति मिश्र (ई.840) की ब्रह्मसिद्धि पर लिखी समीक्षा ।

तत्त्वसार – *Tattvasāra.*
A book written by *Acharya* Devasen.
आचार्य देवसेन (ई.933-955) द्वारा रचित प्राकृत गाथाबद्ध एक ग्रंथ ।

तत्त्वानुशासन – *Tattvānuśāsana.*
A book written by *Acharya* Samantabhadra.
आचार्य समंतभद्र (ई.श.2) द्वारा रचित एक ग्रंथ, जो न्यायपूर्वक तत्त्वों का अनुशासन करता है ।

तत्त्वार्थ – *Tattvārtha.*
Things ascertained as they are.
वस्तु का यथार्थ स्वभाव, जो तत्त्व के द्वारा निश्चय किया जाये। अथवा तत्त्वरूप पदार्थ। जीव, पुद्गलकाय, धर्म, अधर्म, काल और आकाश, यह तत्त्वार्थ कहे गये हैं, जो कि विविध गुण पर्यायों से संयुक्त हैं ।

तत्त्वार्थबोध – *Tattvārthabodha.*
A book written by *Pandit* Budhjana.
पं. बुधजन (ई. 1814) द्वारा रचित तत्त्वार्थ विषयक एक ग्रंथ ।

तत्त्वार्थभावना – *Tattvārtha Bhāvanā.*
Thinking of ascertained reals.
ध्यानशुद्धि की हेतु भूत ज्ञानशुद्धि में सहायक चिंतन ।

तत्त्वार्थरत्नप्रभाकर – *Tattvārtharatnaprabhākara.*
A book written by *Acharya* Prabhachandra.
आचार्य प्रभाचन्द्र 8 (ई.सन् 1432) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

तत्त्वार्थराजवार्तिक – *Tattvārtharājavārtika.*
A book written by *Acharya* Aklanka Bhatta.
आचार्य अकलंक देव (ई. ६२०-६८०) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

तत्त्वार्थवृत्ति – *Tattvārthavṛtti.*
Name of a commentary book written on *'Tattvarthsutra'.*
तत्त्वार्थसूत्र टीका विषयक एक ग्रंथ; आचार्य श्री श्रुतसागर सूरि द्वारा लिखित ।

तत्त्वार्थश्रद्धान – *Tattvārthaśraddhāna.*
Faith on all real matters.
तत्त्व रूप पदार्थ की प्रतीति या श्रद्धा करना ।

तत्त्वार्थसार – *Tattvārthasāra.*
A book written by *Acharya* Amritchandra.
आचार्य अमृतचंद्र (ई.९०५-९५५) द्वारा रचित एक संस्कृत ग्रंथ; तत्त्वार्थ का प्ररूपक ।

तत्त्वार्थसार दीपक – *Tattvārthasāra Dīpaka.*
A book written by *Acharya* Sakalkirti.
आचार्य सकलकीर्ति (ई. 1406-1442) कृत सात तत्त्व विवेचना (संस्कृत ग्रंथ) ।

तत्त्वार्थसूत्र – *Tattvārthasūtra.*
A great treatise written by *Acharya* Umasvami.
आचार्य उमास्वामी (ई.श.2) कृत मोक्षमार्ग, तत्त्वार्थ दर्शन विषयक 10 अध्यायों में सूत्रबद्ध ग्रंथ। अपरनाम-मोक्ष शास्त्र। एक बार पाठ करने से एक उपवास के फल की प्राप्ति कराने वाला ।

तत्त्वार्थसूत्र लघु – *Tattvārthasūtra Laghu.*
A book written by a celibate Prabhachandra.
ई. सन् 700 में प्रभाचन्द्र ब्र. द्वारा रचित तत्त्वार्थ संबंधी एक ग्रंथ ।

तत्त्वार्थसूत्र टीका – *Tattvārthasūtra Ṭīkā.*
Name of a commentary book.
कन्नड़ कवि योगदेव (ई.1550) कृत एक टीका ।

तत्त्वार्थसूत्र वृत्ति – *Tattvārthasūtra Vṛtti.*
A book written by Bhaskarnandi.
ई. सन् 1296 में भास्कर नन्दि कृत एक ग्रंथ ।

तत्त्वार्थाधिगम – *Tattvārthādhigama.*
Knowledge of ascertained reals or truth.
तत्वों के अर्थ का ज्ञान ।

तत्त्वोपदेशकृत – *Tattvopadeśakṛta.*
One who reveals the real nature of things.
तत्त्वों का उपदेश करना ।

तत्त्वोपलब्धि – *Tattvopalabdhi.*
Internally self developed knowledge.
आत्मानुभव; निज तत्त्वोपलब्धि के बिना सम्यक्त्व की उपलब्धि नहीं होती ।

तत्पाक्षिक – *Tatpākṣika.*
Of similar opinion, Holding similar view.
एक ही पक्ष में होना अर्थात् एक ही विचारधारा होना ।

तत्प्रतियोगी – *Tatpratiyogī.*
knowledge of relative imagination of matters or anything else.
यह प्रदेश उस प्रदेश से दूर है इस प्रकार का ज्ञान तत्प्रतियोगी नाम का प्रत्यभिज्ञान कहलाता है ।

तत्प्रदोष – *Tatpradoṣa.*
Jealousy, Spite (a fault).
ज्ञानावरण, दर्शनावरण कर्म के आस्रव का एक कारण; तत्त्वज्ञान के उपदेश कर्ता के प्रति मुख से कुछ न कहते हुए हृदय में ईर्ष्या रखना।

तत्प्रमाण – *Tatpramāṇa.*
Evaluation of something based on its qualities.
लौकिक प्रमाण का एक भेद; अश्वादि की ऊंचाई गुण आदि के द्वारा मूल्य निर्धारण करना ।

तत्सेवी – *Tatsevī.*
A fault of criticism.
आलोचना का एक अतिचार । बड़े प्रायश्चित से बचने हेतु पार्श्वस्थ मुनि का गुरु के पास न जाकर पार्श्वस्थ मुनि के पास अपने दोष कहना ।

तथाकार – *Tathākāra.*
Assent of the instructions of Lord Arihant.
समाचार का एक भेद; जीवादि का परम्परा से चला आया उपदेश और सूत्रादि का अर्थ-इनमें जो अर्हंत ने कहा वह सत्य है, ऐसा समझना ।

तदाकार – *Tadākāra.*
Copy of the similar form (same appearance).
उसी आकार का ।

तदाकारता – *Tadākāratā.*
Structural similarity.
उसी रूप परिणत हो जाना ।

तदाकार स्थापना – *Tadākāra Sthāpanā.*
Similar representation.
निक्षेप; पाषाण आदि में जिसकी स्थापना करनी हो उसकी वैसी ही मूर्ति बनाना ।

तदाभास – *Tadābhāsa.*
To have same impression.
उस जैसा अनुभव होना (आवश्यक नहीं कि वह सत्य हो) ।

तदाहृतादान – *Tadāhṛtādāna.*
Purchasing of stolen materials.
अचौर्याणुव्रत का एक अतिचार; चोर से चोरी का माल खरीदना।

तदिंद्रियालोचन – *Tadiṁdriyālocana.*
Staring at the beauty of a woman (with some bad intention).
10 प्रकार के अब्रह्म में एक भेद; स्त्रियों के सुन्दर शरीर का अवलोकन करना ।

तदुत्पत्ति – *Tadutpatti.*
To be produced similarly.
उसके अनुसार उत्पन्न होने वाला ।

तदुभय उपक्रम – *Tadubhaya Upakrama.*
A type of materialistic persuance.
अर्थाधिकार उपक्रम का एक भेद ।

तदुभय ज्ञानाचार – *Tadubhaya Jñānācāra.*
Reading hymns, lessons etc. with proper pronunciation and understanding.
अर्थ को ठीक ठीक समझते हुए शुद्ध पाठ आदि पढना ।

तदुभय प्रत्ययिक जीव बंध – *Tadubhaya Pratyayika Jīva Baṁdha.*
Sentiments devolped through the fruition & prematured fruition of *karmas.*
जीव भाव बंध का एक भेद; कर्मों के उदय और उदीरणा से तथा उनके उपशम से जो भाव उत्पन्न होते हैं (अर्थात् जीव के क्षायोपशमिक भाव) ।

तदुभय प्रतिक्रमण – *Tadubhaya Pratikramaṇa.*
Both self criticism and repentance done simultaneously against faults.
दोषों को दूर करने के लिए आलोचना और प्रतिक्रमण दोनों एक साथ करना ।

तदुभय प्रायश्चित्त – *Tadubhaya Prāyaścitta.*
A type of repentance (related to self criticism).
प्रायश्चित्त के 10 भेदों में एक भेद; आलोचना और प्रतिक्रमण दोनों का संसर्ग होने पर दोषों का शोधन होने से तदुभय प्रायश्चित्त है ।

तदुभय वक्तव्यता – *Tadubhaya Vaktavyatā.*
A type of statement or exposition.
वक्तव्यता के 3 भेदों में एक भेद; स्वसमय, परसमय दोनों का निरूपण करके जहां पर समय को दोषमुक्त दिखलाकर स्वसमय की स्थापना की जाती है ।

तदुभयसारी ऋद्धि – *Tadubhayasārī Ṛddhi.*
A type of super natural power.
बुद्धि ऋद्धि का एक उपभेद; जो बुद्धि नियम अथवा अनियम से एक बीजशब्द को ग्रहण करके उपरिम अधस्तन ग्रंथ को एक साथ जानती है ।

तदुभयाधिकरण – *Tadubhayādhikaraṇa.*
A type of substratum (underlying basis).
अधिकरण का एक भेद जो विष, लवण, क्षार, कटुक, अग्नि आदि दस प्रकार का होता है ।

तद्भव मरण – *Tadbhava Maraṇa.*
Leaving of the present body (death).
वर्तमान शरीर का छूट जाना ।

तद्भवस्थ केवली – *Tadbhavastha Kevalī.*
An omniscient (of the same birth in which he got omniscience).
जिस पर्याय में केवलज्ञान प्राप्त हुआ उसी पर्याय में स्थित केवली।

तद्भार्य – *Tadbhārya.*
Servant.

सेवक ।

तद्भाव – *Tadbhāva.*
Intrinsic nature.
गुण का गुण में अथवा पर्याय का पर्याय में सद्भाव या तद्रूपता।

तद्भाव तदुपचार – *Tadbhāva Tadupacāra.*
Conventional usage.
उपचार का एक भेद; जैसे गाड़ी वाले पुरूष को गाड़ीवाला कहना।

तद्विलक्षण – *Tadvilakṣaṇa.*
Knowledge acquired by studying the scriptures (reg. extraordinariness).
प्रत्यभिज्ञान का एक भेद; यह उससे विलक्षण है इस प्रकार का ज्ञान होना ।

तनक – *Tanaka.*
The 2nd *Patal* (layer) of the 2nd hell.
दूसरे नरक का द्वितीय पटल ।

तनुरक्षक देव – *Tanurakṣaka Deva.*
Attendant deities of *Indras.*
इंद्र की सेवा में रहने वाले अंगरक्षक जाति के देव ।

तनुवात – *Tanuvāta.*
Thin air, Rarefied air.
हल्की वायु, तीन लोक को वेष्टित करने वाले ३ वातवलयों में से एक का नाम ।

तनुसंताप – *Tanusaṁtāpa.*
A type of external austerity or physical mortification.
बाह्य तप का एक भेद; इसे कायक्लेश भी कहते हैं ।

तन्त्रयुक्ति – *Tantrayukti.*
Administrative (Governing) policy.
नियंत्रण, प्रशासन करने की नीति ।

तन्मनोहरांगनिरीक्षण त्याग – *Tanmanoharāṁganirīkṣaṇa Tyāga.*
Renunciation of watching the beauty of women.
ब्रह्मचर्य व्रत की दूसरी भावना; स्त्रियों के मनोहर अंगों को देखने का त्याग ।

तन्मय – *Tanmaya.*
Absorbed, Engrossed.
तल्लीन, मग्न होना ।

तप – *Tapa.*
Austerity, Penance.
इच्छाओं का निरोध करना, तप के द्वारा कर्मों की निर्जरा होती है। ६ बाह्य एवं ६ अभ्यंतर मिलाकर १२ प्रकार के तपों का पालन जैनसाधु करते हैं ।

तप–उद्योतन – *Tapa-Udyotana.*
To make self enlightened and pure by penance.
तप आराधना; संयम भावना में तत्पर रहकर तपश्चरण निर्मल बनाना ।

तपऋद्धि – *Tapa Ṛddhi.*
A type of supernatural power for observing hard penance.
कई-कई उपवास करना, खुले आकाशादि के नीचे तपस्या करना, घोर ब्रह्मचर्य आदि का पालन करने की शक्ति ।

तपकर्म – *Tapakarma.*
Observances regarding austerity.
तप करना ।

तपकल्याणक – *Tapakalyāṇaka.*
The 3rd auspicious event of *Tirthankars'* (Jaina Lord) lives (related to austerity).
तीर्थंकरों के पंच कल्याणकों में तृतीय; दीक्षा कल्याणक। इस कल्याणक में विशेष रूप से लौकांतिक देव आकर भगवान के वैराग्यभाव की प्रशंसा करते हैं ।

तपकल्याणक वंदना – *Tapakalyāṇaka Vaṁdanā.*
Worshipping prayer of an auspicious event of *Tirthankar's* (Jaina-Lord) life.
कृतिकर्म ; सिद्ध-चारित्र - योगि व शांति भक्ति ।

तपगुरू – *Tapagurū.*
A prime ascetic (*guru*) having special virtue in austerity.
तप गुण में प्रधान गुरू ।

तपन – *Tapana.*
The 3rd *Patal* (layer) of the 3rd hell.
तीसरे नरक का तीसरा पटल ।

तपन (कूट) – *Tapana (Kūṭa).*
Name of a summit of *Vidyutprah Gajdant* mountain and its deity, Name of a summit of *Ruchak* mountain.
विद्युत्प्रभ गजदंत का कूट व देव, रुचक पर्वत का कूट ।

तपनतापि – *Tapanatāpi.*
A type of deities (related to sky).
आकाशोपन्न देव का एक भेद ।

तपनीय – *Tapanīya.*
The 19th *Patal* (layer) and *Indrak* of *Saudharm* heaven, A summit of *Manushottar* mountain.
सौधर्म स्वर्ग का 19 वां पटल व इन्द्रक, मानुषोत्तर पर्वत पर स्थित एक कूट ।

तपनीय – *Tapanīya.*
That which can be mortified; Reddish lustre like heated gold.
जिसे तपाया जा सके , तपाये गये सोने के समान लाल ।

तपनीयमयी – *Tapanīyamayī.*
Circumference of *Sumeru* mountain (like heated gold).
सुमेरू पर्वत की परिधि; तपाये हुए स्वर्ण के समान है ।

तप प्रायश्चित्त – *Tapa Prāyaścitta.*
Austerity for atonement.

गुरूजन द्वारा शिष्य के दोष को दूर करने के लिए दिया गया तप का आदेश ।

तप भावना – *Tapa Bhāvanā.*
To practice austerity or penance.
अनशन आदि बारह प्रकार के निर्मल तप को करना ।

तपमद – *Tapamada.*
Pride of austerity.
अपने तप के प्रति घमंड की भावना होना तथा स्वयं को दूसरों से अधिक तपस्वी मानना ।

तपविद्या – *Tapavidyā.*
Supernatural powers, sanctified by fasting related to austerity.
षष्ठ और अष्टम आदि उपवासों(बेला तेला आदि) से सिद्ध की गयी विद्याएं ।

तपविनय – *Tapavinaya.*
Paying reverence to one higher in austerity.
तप करने में अपने से जो ऊंचा है उसमें भक्ति करना ।

तपशुद्धि – *Tapaśuddhi.*
Purity through austerity.
सदा संयम, समिति, ध्यान और योगों में प्रमाद रहित होते हुए तपश्चरण तथा तेरह प्रकार के चारित्र में उद्यमी रहते हुए पापों का नाश करना ।

तपस्वी – *Tapasvī.*
One who observes austerity.
जो विषयों की आशा से रहित हों, चौबीस प्रकार के परिग्रह से रहित हों और ज्ञान-ध्यान-तप में लवलीन हों ।

तपश्चरण – *Tapaścaraṇa.*
Observance of austerity.
तप का आचरण करना ।

तपाचार – *Tapācāra.*
Observance of austerity.
बारह प्रकार के तपों का आचरण करना; अनशन, अवमौदर्य, रसपरित्याग, वृत्ति-परिसंख्यान, कायक्लेश और विविक्तशय्यासन ये ६ बाह्य तप हैं एवं प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्य, स्वाध्याय, ध्यान और व्युत्सर्ग ये ६ अंतरंग तप हैं ।

तपाराधना – *Tapārādhanā.*
Reverential prayer with austerity.
4 आराधना में एक; तप का सेवन करना ।

तपित – *Tapita.*
The 2nd *Patal* (layer) of the 3rd hell.
तीसरे नरक का द्वितीय पटल ।

तपोद्योत – *Tapodyota.*
See - *Tapa - Udyotana.*
देखें - तप-उद्योतन ।

तपोनिधिव्रत – *Taponidhivrata.*
A vow of fasting for 1057 days with particular procedure.
एक व्रत का नाम जिसमें 1057 दिन विधि पूर्वक व्रत किये जाते हैं । विशेष देखें-हरिवंशपुराण ग्रंथ में ।

तपोरूपा – *Taporūpā.*
A type of divine power or knowledge.
एक विद्या; यह रावण को सिद्ध थी ।

तपोवृद्ध – *Tapovṛddha.*
Saints more experienced or senior in austerities.
तप करने में जो बड़े अर्थात् अनुभवी हैं ।

तपोशुद्धिव्रत – *Tapośuddhi Vrata.*
A type of fasting for 78 days with particular procedure.
अंतरंग तप तथा बाह्य तप के कुल 78 उपवास विधि पूर्वक करना। विशेष देखें-हरिवंशपुराण ग्रंथ में ।

तप्त – *Tapta.*
Heated, hot.
तपा हुआ, गर्म ।

तप्त ऋद्धि – *Tapta Ṛddhi.*
A type of supernatural power of causing complete digestion i.e. freeness from the formation of urine, faecal matter etc.
जिस ऋद्धि से खाया हुआ अन्न धातुओं सहित क्षीण हो जाता है अर्थात् मल-मूत्रादि रूप परिणमन नहीं होता ।

तप्त जला – *Tapta Jalā.*
A *Vibhaga* river of the east *Videh Kshetra* (region).
पूर्व विदेह की एक विभंगा नदी ।

तमःप्रभा – *Tamaḥprabhā.*
The sixth earth of the hell, having darkness.
नरक की छठी पृथ्वी, जिसकी प्रभा अंधकार के समान है वह तमःप्रभा भूमि है ।

तम – *Tama.*
Darkness.
जिससे दृष्टि में प्रतिबंध होता है और जो प्रकाश का विरोधी है ।

तमक – *Tamaka.*
Flushing with anger.
गुस्से से चमकना ।

तमसा – *Tamasā.*
A river of *Bharat kshetra* in *Arya khand* (region).
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड की एक नदी ।

तमस् – *Tamas.*
Darkness.
अंधकार ।

तमस्विनी – *Tamasvinī.*
Night, dark night.
रात, अंधेरी रात ।

तमालपत्र – *Tamālapatra.*
A leaf of a particular tree '*Tamal*'.
तमाल वृक्ष का पत्ता ।

तमिस्र – *Tamisra.*
Darkness.
अंधकार ।

तमिस्रा – *Tamisrā.*
Dark night, a night during the wane of the moon, A cave of the *Vijayardh* mountain.
अंधेरी रात, विजयार्ध पर्वत की गुफा ।

तमो – *Tamo.*
Darkness.
अंधकार ।

तमोबाण – *Tamobāṇa.*
An arrow that disperses darkness.
अंधकार का प्रसार करने वाला बाण, इसे भास्कर बाण से प्रभावहीन किया जाता है ।

तरक – *Taraka.*
To deliberate, to discuss, To conjecture (about) or to interpret, The 1st *Patal* (layer) of the 2nd hell.
विचार करना, चर्चा करना, अनुमान लगाना। द्वितीय नरक का प्रथम पटल ।

तरु – *Taru.*
Trees.
वृक्ष ।

तरुण संसर्ग – *Taruṇa Saṁsarga.*
Union or association with youngs (which is prohibited in relation to observing celibacy).
जवान, तरूणजनों की संगति जो कि शास्त्र अनुसार निषेध है (ब्रह्मचर्य पालन के संदर्भ में) ।

तरुणसागर (मुनि) - Taruṇasāgara (Muni).
Name of a famous saint, the disciple of Acharya Shri Pushpadantsagar Maharaj.
आचार्यश्री पुष्पदंतसागर महाराज के एक प्रभावक शिष्य, २०वीं शताब्दी में सबसे छोटी उम्र में दीक्षा धारण कर अपनी ओजस्वी प्रवचनशैली से आप क्रांतिकारी संत के रूप में प्रसिद्ध हुए हैं।

तरेप्पन क्रिया व्रत – *Tareppana Kriyā Vrata.*
The vows related to 53 basic restraints of house-holders.
श्रावक की 53 क्रियाओं के व्रत-अष्टमूलगुण, बारह व्रत, बारह तप, समता भाव, ग्यारह प्रतिमाएं, चार दान, पानी छानकर पीना, रात्रि भोजन त्याग, सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यग्चारित्र के व्रत। इनकी विधि व्रत विधि ग्रंथों में देखें ।

तरेसठ शलाकापुरुष चरित्र – *Taresaṭha Śalākāpuruṣa Caritra.*
Name of a composition written by Chmundarai.
चामुण्डराय द्वारा रचित संस्कृत भाषाबद्ध एक रचना (ई.श. 10-11) ।

तर्क – *Tarka.*
Argument, Inductive reasoning, Logic.
उपलब्धि और अनुपलब्धि की सहायता से होने वाला व्याप्तिज्ञान जैसे-धुएँ को देखकर अग्नि का ज्ञान होना ।

तर्क विरुद्ध – *Tarka Viruddha.*
Opposition against absolute facts of scriptures (related to Jain philosophy).
आगम प्रामाणिकताओं में विरोध मानना ।

तर्क संगति – *Tarka Saṁgati.*
Following the absolute facts of Jaina-scriptures.
आगम प्रामाणिकताओं को अपनाना या मानना ।

तर्क संग्रह – *Tarka Saṁgraha.*
A book written by Shivaditya.
वैशेषिक साहित्य प्रवर्तक शिवादित्य का एक ग्रंथ ।

तर्कामृत – *Tarkāmṛta.*
A book written by Shivaditya.
वैशेषिक साहित्य प्रवर्तक शिवादित्य का एक ग्रंथ ।

तर्जित – *Tarjita.*
An infraction in paying reverence to *Acharyas.*
वंदना का एक अतिचार ; तर्जनी अंगुली के द्वारा अन्य साधुओं को भय दिखाते हुए अथवा आचार्य आदि से स्वयं तर्जित होकर वंदनादि करना ।

तर्पणी – *Tarpaṇī.*
Wooden pots.
लकड़ी के बर्तन ।

तस्कर – *Taskara.*
Smuggler, Robber.
चोर, लुटेरा ।

ताड़पत्र – *Tāṛapatra.*
Palm leaf, leaves of Palm tree (used for writing scriptures in ancient times).
ताड़वृक्ष के पत्ते, जो प्राचीन काल में लिखने के काम आते थे ।

तात्पर्यवृत्ति – *Tātparyavṛtti.*
Name of commetary books; written by *Acharya* Abhaynandi & Acharya Jaisen separately.
आचार्य अभयनन्दि (ई.९३०-९५०) द्वारा रचित तत्त्वार्थ सूत्र की टीका का नाम, आचार्य जयसेन (ई. श. ११-१२) कृत समयसार, प्रवचनसार, व पंचास्तिकाय की टीकाएँ ।

तादात्म्य संबंध – *Tādātmya Saṁbaṁdha.*
Complimentary relationship.
जो संबंध कभी न छूटे, जैसे अग्नि और उष्णता ।

ताप – *Tāpa.*
To have pain, distress, mental agony.
असातावेदनीय के आस्रव का कारण; अपवाद आदि के कारण खिन्न हो तीव्र संताप होना ।

तापन – *Tāpana.*
The 4th *Patal* (layer) of the 3rd hell.
तीसरे नरक का चौथा पटल ।

तापस – *Tāpasa.*
An ascetic, A country of *Bharat Kshetra* in the west *Arya khand* (region).
एक तपस्वी, भरतक्षेत्र के पश्चिम आर्यखण्ड का एक देश ।

तापी – *Tāpī.*
A river of *Bharat kshetra* in *Arya khand* (region).
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड की एक नदी ।

तामस दान – *Tāmasa Dāna.*
To donate with ignorance and error.
जिसमें पात्र अपात्र का ख्याल न किया हो, अतिथि का सत्कार न किया हो, जो निन्द्य हो, ऐसे दान को तामस दान कहते हैं।

तामिल वेद – *Tāmila Veda.*
Name of a literature.
एलाचार्य (अपरनाम कुंदकुंद) कृत कुरल काव्य का अपरनाम (तमिल देव) ।

तामिस्र गुहक – *Tāmisra Guhaka.*
A summit of the *Vijayardh* mountain of *Bharatkshetra* (region).
भरतक्षेत्र सम्बधी विजयार्ध पर्वत का एक कूट ।

ताम्रचूल – *Tāmracūla.*
Name of a peripatetic deity.
भूतरमण नामक वन का भूत जाति का एक व्यंतर ।

ताम्रपत्र – *Tāmrapatra.*
Copper plate.
तांबे की प्लेट, जिसका उपयोग यंत्र आदि बनाने में होता है ।

ताम्रा – *Tāmrā.*
A river of the east *Aryakhand* (region).
पूर्व आर्यखण्ड में स्थित एक नदी ।

तारंगा (तीर्थ) – Tāraṁgā (Tīrtha).
Name of a Digambar Jaina mountaineous place of pilgrimage in Mahasana dist. of Gujarat, from where three and a half crores of Munis (saints) got salvation.
गुजरात के महसाणा जिले में अरावली पर्वतमालाओं की एक मनोरम टेकरी पर अवस्थित एक सिद्धक्षेत्र। यहाँ के पर्वत से साढ़े तीन करोड़ मुनियों ने मोक्ष प्राप्त किया है ।

तार – *Tāra.*
The 3rd *Patal* (layer) of the 4th hell.
चतुर्थ नरक का तृतीय पटल ।

तारक – *Tāraka.*
A type of peripatetic deities, Name of the 2nd *Pratinarayan.*
पिशाच जातीय व्यंतर देवों का एक भेद, वर्तमान काल का द्वितीय प्रतिनारायण ।

तारण पंथी – *Tāraṇa Paṁthī.*
Non-idolator sect of *Digambara* Jain tradition.
दिगम्बर जैनों में मूर्ति पूजा को न मानने वाला एक नया पंथ ।

तारणस्वामी – *Tāraṇasvāmī.*
The writer of a book 'Upadesh Shuddhasar'.
तारण पंथ को प्रारंभ करने वाले, उपदेशशुद्धसार के रचयिता (लगभग ५०० वर्ष पूर्व) ।

तारा – *Tārā.*
The mother's name of 8th *Chakravarti* Subhaum (an emperor).
8 वें चक्रवर्ती सुभौम की वर्तमान माता ।

तारा – *Tārā .*
A type of stellar deities, Aboding space vehicle of stellar deities.
ज्योतिषी देवों का एक भेद । ज्योतिषी देवों के विमान ।

ताल – *Tāla.*
Pond (tank), The palm tree, Name of a musical instrument (a kind of cymbal).
तालाब, ताड़ का वृक्ष, एक घनवाद्य (मंजीरा) ।

तालाब – *Tālāba.*
Pond, the 8th dream of Bharat Chakravarti (an emperor) out of 16 dreams.
भरत चक्रवर्ती के 16 स्वप्नों में 8वां स्वप्न, जिसमें मध्य भाग में सूखा तालाब देखा ।

तिक्त रस – *Tikta Rasa.*
Pungent flavour, bitter in taste.
कडुवा रस या स्वाद ।

तिक्तरस नामकर्म – *Tiktarasa Nāmakarma.*
Karmic nature causing pungent flavour in body.
जिसके उदय से शरीर में तीखा रस हो ।

तिगिंछ – *Tigiṁcha.*
Name of a pond situated at *Nishadh* mountain.
निषध पर्वत पर स्थित एक हृद ।

तिजारा (तीर्थ) – Tijārā (Tīrtha).
Name of a Digambar Jain Atishay Kshetra (a place of pilgrimage) of Lord Chandraprabh in Alvar dist. Rajsthan.
राजस्थान के अलवर जिले में स्थित एक सुन्दर नगर जहाँ चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र अवस्थित है ।

तितिक्षा – *Titikṣā.*
Forbearance, Endurance.
सहनशक्ति, सहिष्णुता, त्याग, क्षमा ।

तित्तिणदा – *Tittiṇadā.*
A type of infraction, to become garrulous.
अतिचार का एक भेद; रस में आसक्त होना और वाचाल होना ।

तिथि – *Tithi.*
Traditional date, Date of a lunar or solar month.
भारतीय परम्परा में अनादिकाल से प्रचलित प्रत्येक माह के कृष्णपक्ष और शुक्लपक्ष की तिथियाँ; जो तिथि तीन मुहूर्त या छः घड़ी उदय में हो उसको मानना चाहिए । हर एक तिथि का प्रमाण 54 घड़ी से 65 घड़ी तक या कुछ कम 66 घड़ी का होता है ।

तिमिंगिल – *Timiṁgila.*
A colossal fish (largest whale).
एक सम्मूर्छन महामत्स्य का नाम, जिसकी अवगाहना 1000 योजन की है।

तिमिस्रगुह्य – *Timisraguhya.*
Name of a summit of *Vijayardh* mountain in Airavat Kshetra (region).
ऐरावत क्षेत्र स्थित विजयार्ध के 9 कूटों में से तीसरा कूट।

तिमिस्र (गुफा) – *Timisra (Guphā).*
Name of a cave of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध पर्वत की गुफा; जहां से गंगा नदी निकलती है।

तिमिस्र नरक – *Timisra (Naraka).*
The 5th *Patal* (layer) of the 5th hell .
5 वें नरक के 5 वें पटल का नाम।

तिरस्कारिणी – *Tiraskāriṇī.*
A type of super power.
एक विद्या। नमि, विनमि को दी हुई सोलह विद्या निकायों की विद्याओं में एक विद्या।

तिरूतक्कतेवर – *Tirutakkatevara.*
Name of the writer of 'Jivan Chintamani'.
जीवन चिन्तामणी कृति के रचयिता।

तिरोधान – *Tirodhāna.*
To create restriction, Concealment.
बाधा डालना, रोकना, छिपाना; कर्म मोक्ष के हेतु का तिरोधान करने वाला है।

तिरोभाव – *Tirobhāva.*
Concealment, Disappearance (by divine power).
दैविक शक्ति; अदृश्य हो जाना। शून्य हो जाना।

तिर्यंच – *Tiryaṁca .*
The beings other than human, celestial & infernal beings.
मनुष्य, देव और नारकी जीवों को छोड़कर शेष एकेन्द्रिय से लेकर पंचेन्द्रिय तक के जीव तिर्यंच कहलाते हैं। मन वचन काय की कुटिलता को प्राप्त, निकृष्ट अज्ञानी और जिनके अत्यधिक पाप की बहुलता पायी जाये, उनको तिर्यंच कहते हैं।

तिर्यंच आयु – *Tiryaṁca Āyu .*
Life course of subhuman beings (*Tiryanch Jiva*).
4 आयु कर्मों का एक भेद ; जिस कर्म के उदय से आत्मा तिर्यंच के शरीर में रुका रहता है।

तिर्यंचगति – *Tiryaṁcagati.*
One of the 4 body forms or destinities (Gatis) i.e. Gati of animals, the beings other than human, celestial & infernal beings.
4 गतियों में एक गति; मनुष्य, देव और नारकी जीवों को छोड़कर शेष एकेन्द्रिय से लेकर पंचेन्द्रिय जीवों की गति, जो मायाचारी, आर्त्तध्यान आदि से प्राप्त होती है।

तिर्यंचगति नामकर्म प्रकृति – *Tiryaṁca Gati Nāma Karma Prakṛti.*
A type of *karmic* nature causing *Tiryanch Gati.*
वह कर्म जिसके उदय से तिर्यंच की पर्याय में जन्म हो।

तिर्यंच जीव – *Tiryaṁca Jīva.*
Animal and plants, beings other than human, celestial & infernal beings.
मनुष्य, देव और नारकी जीवों को छोड़कर शेष एकेन्द्रिय से लेकर पंचेन्द्रिय जीव तिर्यंच जीव कहलाते हैं। मन वचन काय की कुटिलता को प्राप्त, निकृष्ट अज्ञानी और जिनके अत्यधिक पाप की बहुलता पायी जाये, उनको तिर्यंच कहते हैं।

तिर्यंच पंचेन्द्रिय – *Tiryaṁca Paṁcendriya.*
All animals (except human beings) having 5 sense-organs.
मनुष्य को छोड़कर पांच इंन्द्रियों वाले समस्त पशु पक्षी इत्यादि जीव।

तिर्यंचयोनिज – *Tiryaṁcayonija.*
Beings born in Tiryanch form.
जो तिर्यंच की योनियों से उत्पन्न हों। 84 लाख योनि में तिर्यंच की योनि 62 लाख हैं।

तिर्यंच लोक – *Tiryaṁca Loka.*
Middle universe.
मध्य लोक; यह असंख्यात वलयाकार द्वीपों और समुद्रों से शोभायमान है।

तिर्यंच लोक सिद्ध – *Tiryaṁca Loka Siddha.*
Salvated personalities (Siddha Bhagwan) of the middle universe.
मध्य लोक से होने वाले सिद्ध।

तिर्यक् – *Tiryak.*
Oblique or Tilt, Subhuman beings.
तिरछा, टेढ़ा, आड़ा, तिर्यंच गति के जीव।

तिर्यक् आयत चतुरस्र – *Tiryak Āyāta Caturasra.*
Cuboid.
घन।

तिर्यक् गच्छ – *Tiryak Gaccha..*
A mathematical quantity.
गुण हानियों का प्रमाण।

तिर्यक् गत्यानुपूर्वी – *Tiryak Gatyānupūrvī.*
Subhuman (*Tiryanch*) life course succession.
देखें - तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी।

तिर्यक्चतुष्टय – *Tiryak Catuṣṭaya.*
A quartet related to subhuman beings (*Tiryanch*).
तिर्यंच गति, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, तिर्यंचआयु, उद्योत।

तिर्यक् द्विक – *Tiryak Dvika.*
A dyad related to subhuman beings (*Tiryanch*).
तिर्यंच गति व आनुपूर्वी।

तिर्यक्प्रचय – *Tiryak Pracaya.*
Three dimensional extension.
प्रदेशों का समूह।

तिर्यक् प्रतर – *Tiryak Pratara.*
Square of *Raju* (a measurement unit).
राजू राजू।

तिर्यक् लोक – *Tiryak Loka.*
Middle universe.
मध्य लोक।

तिर्यक् सामान्य – *Tiryak Sāmānya.*
General property.
अनेक द्रव्यों में अथवा अनेक पर्यायों में जो सादृश्यता का बोध कराने वाला सदृश्य परिणाम होता है, वह तिर्यक् सामान्य है।

तिर्यक् सूर्यतप – *Tiryak Sūryatapa.*
A type of austerity (pertaining to the walking in the day time).
कायक्लेश; सूर्य को तिर्यक् (दायें-बायें) करके गमन करना।

तिर्यग्योनि – *Tiryagyoni.*
Form of Tiryanch beings i.e. the beings other than celestial, infernal and human beings.
तिर्यंचयोनि, उपपाद जन्म वाले और मनुष्यों के अलावा शेष सभी एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय तक के जीव तिर्यंचयोनि वाले कहलाते हैं।

तिर्यग्व्यतिक्रम – *Tiryagvyatikrama.*
Exceeding the limits set in the direction, namely horizontally.
दिग्व्रत का एक अतिचार; समान धरातल में की गई सीमा का उल्लंघन करना।

तिर्यगेकादश – *Tiryagekādaśa.*
Fruition of specified eleven *karmic* nature of Tiryanch beings.
11 कर्म की ऐसी प्रकृतियां जिनका उदय तिर्यंचगति में होता है; तिर्यंचगति, तिर्यंच गत्यानुपूर्वी, एकेंद्रियादि 4 जाति, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म,साधारण।

तिर्यग्गति – *Tiryaggati.*
Tiryanch form.
तिर्यंच गति।

तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी – *Tiryaggatiprāyogyānupūrvī.*
Existence of old body form before taking the new birth (reg. *Tiryanch Gati).*
वह नामकर्म जिसके उदय से तिर्यंचगति में जाते हुए विग्रहगति में पूर्व के शरीर के आकार के समान जीव (आत्मप्रदेश) का आकार बना रहे।

तिर्यग्त्रिक – *Tiryagtrika.*
A triplet related to Tiryanch beings.
तिर्यंचगति, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, तिर्यंच आयु।

तिर्यग्वणिज्या – *Tiryagvaṇijyā.*
Livelihood by selling animals.
पशुओं को बेचकर आजीविका चलाना।

तिल – *Tila.*
Name of a planet, an oilseed (sesame seed), a mole or black spot (on the face etc.).
88 ग्रहों में 28 वां ग्रह, तेल उत्पादक बीज, शरीर पर विशेष काला चिन्ह।

तिलक – *Tilaka.*
Sectarian mark made (with saffron, sandal etc.) chiefly on the forehead, A city in the north of *Vijayardh* mountain, Name of the initiation - tree of Lord Kunthunath.
केसर आदि से ललाट में जो टीका लगाया जाता है उसे तिलक कहते हैं। विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर, भगवान कुन्थुनाथ के दीक्षा वृक्ष का नाम।

तिलकदान विधि – *Tilakadāna Vidhi.*
A particular kind of ritual procedure of putting special saffrom paste at the navel-place of the idol of Lord Jinendra with a golden-stick especially at the day of Kevalgyan Kalyanak (day of attainment of omniscience) in Panchkalyanak Pratishtha.
स्वर्ण सुहागिनी महिला (पति के साथ गठबंधन करके) के द्वारा घिसे गये कल्कचूर्ण से पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में केवलज्ञान कल्याणक के दिन प्रतिष्ठाचार्य द्वारा जिनप्रतिमा की नाभि में स्वर्णशलाका से मंत्रपूर्वक की जाने वाली विशेष विधि।

तिलका – *Tilakā.*
A city in the north of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर।

तिल-तुष-भाव – *Tila Tuṣa Bhāva.*
An attitude of non-attachment.
भेदज्ञान होने पर अनासक्ति या निर्ममत्व भाव (दिगम्बर साधु तिल-तुष मात्र भी परिग्रह नहीं रखते)।

तिलपुच्छ – *Tilapuccha.*
Name of a planet (22nd out of 88).
88 ग्रहों में 22 वां ग्रह।

तिलोयपण्णत्ति – *Tiloyapaṇṇatti.*
A book written by *Acharya* Yativrishabh.
आचार्य यतिवृषभ (ई.143-173) द्वारा रचित करणानुयोग का प्राकृत गाथाबद्ध अति प्राचीन प्रामाणिक ग्रंथ, जिसमें तीन लोक का विस्तृत वर्णन है।

तीन – *Tīna.*
Three (three jewels of Jain philosophy etc.).
एक संख्या; तीन लोक, तीन चौबीसी, रत्नत्रय (तीन रत्न), तीन अज्ञान इत्यादि।

तीन-चौबीसी व्रत – *Tīna Caubīsī Vrata.*
A type of fasting to be observed for 3 years on a particular day.
लगातार तीन वर्ष तक भाद्रपद कृ. 3 को उपवास करना। अथवा तीन चौबीसी के ७२ तीर्थंकरों से संबंधित ७२ व्रत करना। व्रत

के दिन उन-उन तीर्थंकर के नाममंत्र का जाप्य करना।

तीर्णकर्ण – *Tīrṇakarṇa.*

A country of *Bharat kshetra* in the northern *Arya khand* (region).

भरतक्षेत्र के उत्तर आर्यखण्ड का एक देश।

तीर्थंकर – *Tīrthaṁkara.*

24 Lords of Jaina; propagator of eternal religion.

संसार सागर को स्वयं पार करने तथा दूसरों को पार कराने वाले महापुरूष; धर्मतीर्थ के प्रवर्तक, पंचकल्याणकों से पूजित, प्रत्येक कल्प (चतुर्थ काल)में वे २४ होते हैं। जैसे-वर्तमान काल के २४ तीर्थंकर हैं-ऋषभदेव, अजितनाथ, संभवनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ, पद्मप्रभनाथ, सुपार्श्वनाथ, चन्द्रप्रभनाथ, पुष्पदंतनाथ, शीतलनाथ, श्रेयांसनाथ, वासुपूज्यनाथ, विमलनाथ, अनंतनाथ, धर्मनाथ, शांतिनाथ, कुंथुनाथ, अरनाथ, मल्लिनाथ, मुनिसुव्रतनाथ, नमिनाथ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ एवं महावीर स्वामी। इस प्रकार त्रिकाल की अपेक्षा अनंतानंत तीर्थंकर भूतकाल में हो चुके हैं एवं भविष्य में भी होवेंगे।

तीर्थंकर जन्मभूमि – *Tīrthaṁkara Janmabhūmi.*

The 16 birth-places of 24 Tirthankars (Jaina-Lords)-(1) Ayodhya (U.P.) of Rishabhdev, Ajitnath, Abhinandannath, Sumatinath & Anantnath, (2) Shravasti (U.P.) of Sambhavanath, (3) Kaushambi (U.P.) of Padmaprabhunath, (4) Varanasi (U.P.) of Suparshvanath, Parshvanath (5) Chandrapuri (Varanasi) of Chandraprabhunath (6) Kakandi (U.P.) of Pushpadantnath (7) Bhadrikapuri (Bihar) of Sheetalnath (8) Sinhpuri (Varanasi) of Shreyansnath (9) Champapuri (Bihar) of Vasupujyanath (10) Kampilapuri (U.P.) of Vimalnath (11) Ratnapuri (U.P.) of Dharmanath (12) Hastinapur (U.P.) of Shantinath, Kunthunath & Arahnath (13) Mithilapuri of Mallinath & Naminath (14) Rajgrahi (Bihar) of Munisuvratnath (15) Shauripur (Bateshvar-U.P.) of Neminath (16) Kundalpur (Nalanda-Bihar) of Lord Mahavira.

सैद्धान्तिक नियमानुसार भरतक्षेत्र के समस्त तीर्थंकर अयोध्या में ही जन्म लेते हैं इसलिए उसे शाश्वत तीर्थ कहा जाता है किन्तु हुण्डावसर्पिणी काल दोष के निमित्त से इस युग के चौबीसों तीर्थंकर अलग-अलग स्थानों पर जन्में हैं अत: २४ भगवंतों की १६ जन्मभूमियाँ हैं। १.अयोध्या (फैजाबाद, उ.प्र.)-ऋषभदेव, अजितनाथ, अभिनंदननाथ सुमतिनाथ, अनंतनाथ, २. श्रावस्ती (बहराइच-उ.प्र.)-संभवनाथ, ३. कौशाम्बी (उ.प्र.)-पद्मप्रभुनाथ, ४. वाराणसी (उ.प्र.)-सुपार्श्वनाथ, पार्श्वनाथ, ५. चन्द्रपुरी (वाराणसी)-चन्द्रप्रभुनाथ, ६. काकन्दी (उ.प्र.)-पुष्पदंतनाथ, ७. भद्रिकापुरी (बिहार)-शीतलनाथ, ८. सिंहपुरी (वाराणसी)-श्रेयांसनाथ, ९. चम्पापुरी (भागलपुर, बिहार)-वासुपूज्यनाथ, १०.कम्पिलपुरी (फर्रूखाबाद)-विमलनाथ, ११. रत्नपुरी (फैजाबाद, उ.प्र.)-धर्मनाथ, १२. हस्तिनापुर (मेरठ, उ.प्र.)-शांतिनाथ, कुंथुनाथ, अरनाथ, १३. मिथिलापुरी-मल्लिनाथ, नमिनाथ, १४. राजगृही (नालंदा-बिहार)-मुनिसुव्रतनाथ, १५. शौरीपुर (बटेश्वर-उ.प्र.)-नेमिनाथ, १६. कुण्डलपुर (नालंदा-बिहार)-महावीर स्वामी।

तीर्थंकर जन्मभूमि विधान – *Tīrthaṁkara Janmabhūmi Vidhāna.*

A procedural worshipping composition (Vidhan) written by Aryika Shri Chandanamati Mataji on 16 birth-places of 24 Jaina-Lords.

गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणानुसार उनकी शिष्या आर्यिका श्री चंदनामती माताजी द्वारा रचित २४ तीर्थंकरों की १६ जन्मभूमियों पर आधारित एक पूजा-विधान (रचनाकाल-ई. सन् २००३)।

तीर्थंकर नामकर्म प्रकृति – *Tīrthaṁkara Nāma Karma Prakṛti.*

Auspicious *Karmic* nature causing the state of *Tirthankar* (Jaina -Lord).

नामकर्म की एक पुण्य प्रकृति, इसका बंध सोलहकारण भावना भाने से होता है। ऐसे परिणाम केवल मनुष्य भव में और वहाँ भी किसी तीर्थंकर अथवा केवली के पादमूल में ही होने संभव हैं।

तीर्थंकर बेला व्रत – *Tīrthaṁkara Belā Vrata.*

A type of fasting with particular procedure in the regard of all 24 Tirthankars (Jaina-Lord).

विधिपूर्वक २४ तीर्थंकरों के दो-दो उपवास करना।

तीर्थंकर भक्ति – *Tīrthaṁkara Bhakti.*

Name of a book written by *Acharya* Samantbhadra.

आचार्य समंतभद्र (ई.120-185) कृत स्तुति विद्या भक्ति स्तोत्र, अपरनाम जिनशतक।

तीर्थंकर व्रत – *Tīrthaṁkara Vrata.*

24 continuous fastings for 24 *Teerthankars* (Jaina-Lords).

तीर्थंकरों के नाम से 24 दिन लगातार उपवास करना।

तीर्थ – *Tīrtha.*

Place of pilgrimage, auspicious means for the path of salvation.

जो संसाररूपी सागर से तिराये अर्थात् पार करे उसे तीर्थ कहा गया है, इसका दो प्रकार से वर्णन है। १. भावतीर्थ-सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र रूप परिणत आत्मा। २. द्रव्य तीर्थ-तीर्थंकर भगवन्तों की पंचकल्याणक भूमियाँ, अन्य सिद्धक्षेत्र इत्यादि। जैसे-अयोध्या, सम्मेदशिखर, गिरनार, कुण्डलपुर आदि ।

तीर्थकाल – *Tīrthakāla.*

Governing era (discipline period) of Lord.

तीर्थंकरों का शासन काल; वर्तमान में महावीर स्वामी का तीर्थकाल चल रहा है ।

तीर्थ क्षेत्र – *Tīrtha Kṣetra.*

Place of pilgrimages, related to 5 auspicious events of the life of Jaina Lord etc.

गर्भादि पंचकल्याणक क्षेत्र व अन्य केवली के सिद्ध स्थान व

अतिशय क्षेत्र।

तीर्थ दर्शन – *Tīrtha Darśana.*

Paying reverence (in direct or indirect way) to place of pilgrimages.

संयम की विराधना न करते हुए तत्पर मन से तीर्थ वंदना करना।

तीर्थयात्रा – *Tīrthayātrā.*

Pilgrimage—a journey made by a pilgrim.

श्रावक का कर्त्तव्य; संयम के साथ तीर्थों की वंदना करना।

तीर्थराज – *Tīrtharāja.*

Greatest place of pilgrimages—Ayodhya & Sammedshikhar.

जहां तीर्थंकर जन्में अथवा मुक्त हुए ऐसे अयोध्या और सम्मेदशिखर तीर्थक्षेत्र को तीर्थराज कहते हैं।

तीर्थविहार – *Tīrthavihāra.*

Saints moving towards place of pilgrimages.

मुनि, आचार्य आदि साधुओं का तीर्थों के लिए गमन करना।

तीर्थव्युच्छेद – *Tīrthavyuccheda.*

Absence of religiousness.

धर्म का विच्छेद या अभाव होना ; तीर्थंकर पुष्पदन्त से लेकर धर्मनाथ पर्यन्त सात तीर्थों में जिनधर्म की व्युच्छित्ति हुई है शेष सोलह तीर्थंकरों के तीर्थों में धर्म की परम्परा निरन्तर रही है। भगवान महावीर के मोक्ष जाने के पश्चात् ६८३ वर्ष तक श्रुतकेवली से अंगधारी तक मुनि हुए हैं उसके बाद भी मुनि, आर्यिका आदि चतुर्विध संघ २०३१७ वर्ष तक रहेगा। ६८३+२०३१७= २१००० वर्ष तक यह तीर्थ रहेगा पुन: पंचमकाल में इस धर्मतीर्थ का नाश हो जाएगा।

तीर्थस्नान – *Tīrthasnāna.*

To take bath in a holy river or place, Ceremonial bath.

वैदिक परम्परानुसार गंगा आदि तीर्थों में स्नान करना, मिथ्यात्वादि दोषों से मलिन प्राणी ऐसे तीर्थस्नान से विशुद्ध नहीं हो पाता है। जैनशासन के अनुसार अरिहंत परमेष्ठी द्वारा प्रतिपादित ज्ञानरूपी गंगा में अवगाहन करना ही वास्तविक तीर्थस्नान है।

तीव्र – *Tīvra.*

Intense, Acute.

भाव; क्रोधादि कषायों की तीव्रता को तीव्र भाव कहते हैं।

तीव्र कायाभिनिवेश – *Tīvra Kāyābhiniveśa.*

Intense sex desire.

काम क्रिया के प्रति तीव्र इच्छा होना।

तीस चौबीसी व्रत - *Tīsa Caubīsī Vrata.*

A type of vows to be observed for particular 720 days in the reverence of 720 Tirthankars (Jaina-Lords) of past, present & future time related to five Bharat & five Eravat Kshetra.

ढाई द्वीप संबंधी पांच भरत एवं पांच ऐरावत क्षेत्र के वर्तमान, भूत, भविष्यत्काल संबंधी २४-२४ तीर्थंकरों के कुल ७२० तीर्थंकरों के ७२० व्रत।

तीसरी भूमिका – *Tīsarī Bhūmikā.*

Modified state of soul.

प्रतिक्रमण आदि के विकल्पों से रहित शुद्धात्मा की भूमिका।

तीसिय – *Tīsiya.*

State of obscurring *karmas* of right knowledge, right perception etc.

जिन कर्मों की तीस कोड़ाकोड़ी (सागर) की उत्कृष्ट स्थिति है ऐसे ज्ञानावरण, दर्शनावरण, अन्तराय, वेदनीय को तीसिय कहते हैं।

तुंगवरक – *Tuṁgavaraka.*

A mountain of *Bharat kshetra* in *Arya khand* (region).

भरतक्षेत्र आर्य खण्ड का एक पर्वत।

तुंबर – *Tuṁbara.*

A type of peripatetic deities.

गन्धर्व नामक व्यंतर जाति का एक भेद।

तुंबुरव – *Tuṁburava.*

Ruling demigod of Lord Sumatinath.

सुमतिनाथ भगवान का शासक यक्ष (तुंबुरू देव)।

तुंबूलाचार्य – *Tuṁbūlācārya.*

Name of a great *Acharya.*

एक आचार्य जिन्होंने षट्खण्ड के प्रथम पांच खण्डों पर चूड़ामणि नामक टीका की रचना ८४००० श्लोकों में की (ई. श. ३-४)। अपरनाम तुम्बुलूर आचार्य।

तुट्यंग – *Tuṭyaṁga.*

A time unit.

84 लाख कमल प्रमाणकाल।

तुटिक – *Tuṭika.*

A great mathematical quantity.

तुट्यंग में 84 लाख का गुणा करने से प्राप्त संख्या।

तुरग – *Turaga.*

Horse.

घोड़ा, अश्व।

तुरीय चारित्र – *Turīya Cāritra.*

A super conduct, to be observed in the 10th stage of spiritual development (*Gunsthan*).

चौथा सूक्ष्मसाम्पराय चारित्र, यह 10वें गुणस्थान में होता है।

तुरुष्क – *Turuṣka.*

Present Turkistan.

वर्तमान तुर्किस्तान।

तुलसीदास – *Tulasīdāsa.*

A great personality of India, who wrote Ramayana.

रामायण के रचयिता (वि. १६८०)।

तुला – *Tulā.*

A weighing unit.

तौल का प्रमाण विशेष, तराजू।

तुलिंग – *Tulimga.*
A country of *Bharat ksherta* in *Aryakhand* (region).
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड का एक देश ।

तुल्य – *Tulya.*
Equivalent, Similarity.
समान, समकक्ष ।

तुल्य बल विरोध – *Tulya Bala Virodha.*
Having opposition equally.
विरोध का एक प्रकार; ज्ञान को मान लेने पर सब पदार्थों का शून्यपना नहीं बन पाता है और सबका शून्यपना मान लेने पर स्वसंवेदन की सत्ता नहीं ठहरती है यह तुल्य बल विरोध है ।

तुषमाषभिन्नम् – *Tuṣamāṣabhinnam.*
Distinction between body and soul.
छिलके और उड़द की तरह शरीर और आत्मा भी भिन्न है ।

तुषार – *Tuṣāra.*
Frost, Ice, Dew.
बर्फ या ओस ।

तुषित – *Tuṣita.*
A type of Laukantik deities.
लौकान्तिक देवों का एक भेद ।

तूर्ण – *Tūrṇa.*
Immediate, Hasteness.
शीघ्रता ।

तूर्य – *Tūrya.*
A musical instrument.
एक सुषिर वाद्य ।

तूर्यांग – *Tūryāṁga.*
A type of wish fulfilling tree *(Kalpavriksha).*
तूर्यांग जाति का एक कल्पवृक्ष जो वाद्य प्रदान करता है।

तूष्णीक – *Tūṣṇīka.*
Devil; a type of peripatetic deities.
पिशाच जातीय व्यंतर देवों का एक भेद ।

तृणफल – *Tṛṇaphala.*
A weighing unit.
तोल का एक प्रमाण विशेष ।

तृणमय आसन – *Tṛṇamaya Āsana.*
A grass-mat.
तृण से बनी चटाई ।

तृणसंस्तर – *Tṛṇasaṁstara.*
A type of substratum made of dry & harmless grass (related to Jain saints).
4 प्रकार के संस्तरों में एक भेद; गांठ रहित तृण से बना हुआ छिद्र रहित संस्तर ।

तृण स्पर्श – *Tṛṇa Sparśa.*
Affliction in the grassy resting with troublesome materials.
22 परीषहों में एक परीषह; सूखे तिनके, कंकर, पत्थर आदि की वेदना को समतापूर्वक सहन करना ।

तृतीय काल – *Tṛtīya Kāla.*
A type of particular time period (plentitude-cum-penury).
सुषमा दुषमा काल, इसमें जघन्य भोगभूमि की व्यवस्था होती है।

तृतीय भूमिका – *Tṛtīya Bhūmikā.*
See - *Tīsarī Bhūmikā.*
देखें - तीसरी भूमिका ।

तृतीय मूल – *Tṛtīya Mūla.*
The square root of the 2nd square root.
गणित संबंधी ; द्वितीय मूल के मूल को तृतीय मूल कहते हैं ।

तृप्ति – *Tṛpti.*
Satisfaction, Gratification.
संतोष, संतुष्टि ।

तृषा – *Tṛṣā.*
Thirst (controlling thirst is an affliction).
प्यास, 22 परीषहों में एक परीषह ।

तृष्णा – *Tṛṣṇā.*
Thirst, Desire.
प्यास, इच्छा, लालसा, लोभ होना ।

तृष्णा–वशीकरण – *Tṛṣṇā Vaśīkaraṇa.*
Overpowering on all hopes and desires.
स्वयं आशाओं का दास न बनते हुए आशाओं को अपना दासी बना लेना ।

तेंदु – *Temdu.*
Name of an Indian tree, called initiation - tree of Lord Shreyansnath.
श्रेयांसनाथ भगवान के दीक्षा वृक्ष का नाम (पद्मपुराण के अनुसार); महापुराण के अनुसार यह तुम्बुरु वृक्ष है ।

तेईस – *Teīsa.*
Twenty three; type of aggregatal grouping of *karmic* molecules or variforms.
23 ; वर्गणा के भेद ।

तेईस वर्गणा – *Teīsa Vargaṇā.*
23 variforms or aggregates of *karmic* molecules.
अणु वर्गणा, संख्याताणुवर्गणा, असंख्याताणुवर्गणा आदि 23 प्रकार की वर्गणाएं होती हैं ।

तेईस सिंह – *Teīsa Simha.*
Twenty three lions-the 1st dream of Bharat Chakravarti (an emperor) out of 16 dreams.
भरत चक्रवर्ती को आए १६ स्वप्नों में प्रथम स्वप्न। इसका फल है वीर के अतिरिक्त २३ तीर्थंकरों के समय दुष्ट नयों की उत्पत्ति का अभाव होगा ।

तेज – *Teja.*
Lustre, Glitter, fire.
गर्मी, चमक, दीप्ति, प्रभा, प्रकाश, अग्नि ।

तेजकायिक – *Tejakāyika.*
Fire bodied living beings.
5 स्थावर जीवों में एक; अग्नि आदि में उत्पन्न जीव ।

तेजसेन – *Tejasena.*
A king of *Yadu* dynasty.
यदु (यादव) वंश का एक राजा ।

तेजस्वी – *Tejasvī.*
Lustrous bodied beings, A king of *Ikshvaku* dynasty, A chief disciple of Lord Adinath.
शारीरिक एवं आत्मिक प्रभा से युक्त जीव, इक्ष्वाकुवंश का एक राजा, आदिनाथ भगवान का एक गणधर ।

तेजांग – *Tejāṁga.*
A type of wish fulfilling tree (*Kalpavriksha*) pertaining to light.
एक प्रकार का कल्पवृक्ष, जो प्रकाश देते हैं ।

तेजोजराशि – *Tejojarāśi.*
A mathematical quantity, A chief disciple of Lord Rishabhdev.
जिस राशि को चार से अवहृत (भाग) करने पर शेष तीन अंक रहते हैं, भगवान ऋषभदेव का 62 वां गणधर (तेजोराशि) ।

तेजोलेश्या – *Tejoleśyā.*
Yellow aura, virtuous condition of soul.
पीत लेश्या; कर्त्तव्य को जानना, सबमें समभाव रखना, दया और दान में तत्पर रहना, मृदुभाषी और ज्ञानी होना ।

तेरह – *Teraha.*
Thirteen (13 types of faults and 13 types of conducts in Jainalogy).
त्रयोदश; पांच पाप, चार कषाय, जुगुप्सा, भय, रति, अरति ये 13 दोष हैं, एवं पांच महाव्रत, पांच समिति और तीन गुप्ति इस प्रकार चारित्र के 13 भेद रुप ।

तेरहपंथ – *Teraha Pamtha.*
A division of Jain (*Digambar*) religious community.
दिगम्बर जैन सम्प्रदाय का एक विभाग। वर्तमान में दिगम्बर परम्परा में बीसपंथ और तेरहपंथ दो परम्पराएँ प्रचलित हैं। इनमें से बीसपंथ आगम सम्मत क्रियाओं को मानने वाला प्राचीन पंथ है एवं तेरहपंथ अनुमानित ४०० वर्ष पूर्व कतिपय विद्वानों द्वारा स्थापित किया गया एक नया पंथ है ।

तेरहविध क्रियास्थान – Terahavidha Kriyāsthāna.
Particular 13 reverential duties (6 essentials, bowings to Panch-Parmeshthi, Asahi, Nisahi).
छह आवश्यक, पंच परमेष्ठी नमस्कार, असही और निसही ये तेरह क्रियाएं हैं ।

तेला व्रत – *Telā Vrata.*
Three days vow (fasting).
एक दिन एकाशन के बाद तीन दिन का उपवास करना ।

तैजस – *Taijasa.*
Luminous, Lustrous, Bright.
चमक, दीप्ति, प्रभा, कांति ।

तैजस द्रव्य वर्गणा – *Taijasa Dravya Vargaṇā.*
A type of aggregates of *karmic* molecules producing lustre in body.
23 वर्गणाओं में एक वर्गणा, जो शरीर को कांति देती है ।

तैजस शरीर – *Taijasa Śarīra.*
Luminous body.
5 प्रकार के शरीरों में एक; स्थूल शरीर में दीप्ति या तेज में कारणभूत जो सूक्ष्म शरीर होता है उसे तैजस शरीर कहते हैं ।

तैजस शरीर नामकर्म प्रकृति – *Taijasa Śarīra Nāmakarma Prakṛti.*
A type of *Karmic* nature causing lustre in body.
जिसके उदय से तैजस वर्गणाओं का आकर्षण तैजस शरीर बनने के लिए हो ।

तैजस शरीर बंध – *Taijasa Śarīra Bamdha.*
A kind of bond of lustrous molecules (reg. body).
5 प्रकार के बंधन नामकर्म के भेदों में एक भेद; गृहीत तैजस पुद्गल स्कंधों का परस्पर मिल जाना ।

तैजस संघात नामकर्म – *Taijasa Samghāta Nāmakarma.*
Karmic nature causing luminous body.
जिसके उदय से तैजस वर्गणाएं परस्पर छेद रहित एकमेक हो जाएं ।

तैजस समुद्घात – *Taijasa Samudghāta.*
Electric overflow, Phosphorescent extrication.
जीवों के अनुग्रह और विनाश में समर्थ तैजस शरीर की रचना के लिए तैजस समुद्घात होता है। यह शुभ तैजस और अशुभ तैजस दो प्रकार का है ।

तैतिल – *Taitila.*
A country situated in *Bharat kshetra* (region).
भरत क्षेत्र में स्थित एक देश ।

तैरश्चिक – *Tairaścika.*
A mountain of *Bharat kshetra* (region).
भरत क्षेत्र में स्थित एक पर्वत का नाम ।

तैलमर्दन – *Tailamardana.*
Oilrubbing or smearing.
तैल मालिश आदि करना ।

तैला – *Tailā.*
A river of *Bharat kshetra* in *Aryakhand* (region).
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड की एक नदी ।

तोता – *Totā.*
Parrot, Shap of the Viman of 'Shukra' *Indra.*
एक पक्षी, शुक्र इन्द्र के विमान का आकार जिस पर बैठकर इन्द्र नंदीश्वर द्वीप की वन्दना को जाते हैं ।

तोयंधरा – *Toyamdharā.*
Name of a female deity of *Vijaykuta.*
नन्दनवन में स्थित विजयकूट की स्वामिनी दिक्कुमारी देवी ।

तोया – *Toyā.*
A king of *Rakshasa* dynasty.
राक्षसवंश का एक राजा।

तोयस्तम्भिनी – *Toyastambhinī.*
A supernatural power of propping water.
जल का स्तम्भन करने वाली एक विद्या, रावण ने यह सिद्ध की थी।

तोरण – *Toraṇa.*
An arched gateway, a decorative and welcoming symbol.
महराबदार बनाया हुआ द्वार, सिंहद्वार, अस्थाई रूप से बनाया हुआ शोभाद्वार।

तोरणद्वार – *Toraṇadvāra.*
Doors of *Samavasharan* (an assembly of Lord Arihant).
समवशरण की आठ भूमियों के मूल में स्थित द्वार। जैसे-प्रथम धूलिशाल कोट की चारों दिशाओं में चार तोरणद्वार हैं इत्यादि।

तोरणाचार्य – *Toraṇācārya.*
A spiritual teacher of *Acharya* Pushpanandi.
आचार्य पुष्पनन्दि जी के गुरू, समय ई. 678 के लगभग।

तोरमाण – *Toramāṇa.*
A king of *Huna* dynasty.
हूण वंश का एक राजा।

तोलामुलितेवर – *Tolāmulitevara.*
Name of an *Acharya* (writer of 'Chulamani').
ई. श. 7 से पूर्व के एक आचार्य जिन्होंने चूलामणि नामक ग्रंथ की रचना की।

तौल – *Taula.*
Weighing or weight.
मापना; तौल की अपेक्षा द्रव्य प्रमाण।

त्यक्त – *Tyakta.*
Given up, Something left.
छोड़ा गया।

त्यक्त ज्ञायक शरीर – *Tyakta Jñāyaka Śarīra.*
The body left with renouncement.
नोआगम द्रव्य कर्म का एक भेद; कर्मस्वरूप के जानने वाले जीव का संन्यास रूप परिणामों से छोड़ा गया शरीर। यह तीन प्रकार का है-भक्तप्रत्याख्यान, इंगिनी व प्रायोपगमन।

त्यक्त दोष – *Tyakta Doṣa.*
A fault of food taking.
मुनियों के आहार का एक दोष; झूठा भोजन छोड़ना या खाते पीते समय भोजन को नीचे गिराना।

त्यक्त शरीर – *Tyakta Śarīra.*
Leaving the body voluntarily (auspicious death).
जो शरीर स्वयं शांतिपूर्वक समाधिमरण द्वारा त्यागा गया हो।

त्यक्तावास – *Tyaktāvāsa.*
Living in deserted place.
अचौर्य व्रत की एक भावना; दूसरों के छोड़े हुए ऊजड़ स्थान में निवास करना।

त्याग – *Tyāga.*
Renunciation (related to all passions).
छोड़ना, विरक्त होना, सारे पर द्रव्यों के मोह को छोड़कर संसार देह और भोगों से उदासीन रूप परिणाम करना।

त्यागधर्म – *Tyāgadharma.*
Doctrine of renunciation.
10 धर्मों में एक धर्म; सचेतन और अचेतन समस्त परिग्रह की निवृत्ति एवं संसार-शरीर-भोगों से उदासीनता।

त्रयदंड – Trayadaṁḍa.
Three types of punishment.
मन-वचन-काय के अशुभ क्रियारूप तीन दंड हैं।

त्रयात्मक द्रव्य – *Trayātmaka Dravya.*
Substances having three properties (origination, destruction and continuity).
द्रव्य में उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य ये तीन आत्मारूप लक्षण होते हैं इसलिए उन्हें त्रयात्मक द्रव्य कहा जाता है।

त्रयोदश द्वीप – *Trayodaśa Dvīpa.*
13 islands of middle universe.
मध्यलोक के 13 द्वीप (प्रारंभिक); जम्बूद्वीप से लगाकर रूचकवर द्वीप, यहीं तक अकृत्रिम 458 जिनमंदिर हैं। तेरहद्वीप की रचना पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर में निर्मित हो रही है।

त्रसकाय – *Trasakāya.*
Mobile beings (two sensed to five sensed beings).
स्थावर जीवों को छोड़कर दो इन्द्रिय से पंचेन्द्रिय तक के जीव।

त्रसघात – *Trasa Ghāta.*
Destruction of micro beings.
त्रस जीवों का घात होना, जो मांस, शहद आदि पदार्थों के सेवन से होता है।

त्रस चतुष्क – *Trasa Catuṣka.*
A quartet (related to mobile beings-Trasa) of some *Karmic* nature.
त्रस, बादर, प्रत्येक, पर्याप्त।

त्रसत्व – *Trasatva.*
Mobileness in the beings.
जीवों के चलन की क्रिया, त्रस पर्यायपना।

त्रसदशक – *Trasadaśaka.*
Ten types of particular *Karmic* nature (related to mobile beings-Trasa).
त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति कर्म प्रकृतियाँ।

त्रस नामकर्म प्रकृति – *Trasa Nāma Karma Prakṛti.*
Mobile physique making *karmic* nature .
जिस कर्म के उदय से त्रस काय में जन्म हो।

त्रसनाड़ी – *Trasanāṛī.*
A channel or tunnel of mobile beings.
लोक के बहु मध्य में एक राजु लम्बा और कुछ कम तेरह राजु ऊंचा त्रस जीवों का निवास क्षेत्र।

त्रसनाली – *Trasanālī.*
Channel of the mobile bios.
लोक के मध्य भाग में एक राजू लम्बी, चौड़ी और कुछ कम 13 राजू ऊंची त्रसनाली है। त्रसजीव इसके भीतर ही रहते हैं बाहर नहीं।

त्रसरेणु (त्रटरेणु) – *Trasareṇu (Traṭareṇu).*
An area unit.
क्षेत्र का प्रमाण विशेष। 8 त्रटरेणु का एक त्रसरेणु।

त्रसलोक – *Trasaloka.*
Name of a particular universe (middle universe).
सुमेरू पर्वत के मूल से एक राजू लम्बे चौड़े क्षेत्र में तिर्यक् त्रसलोक स्थित है, इसे मध्यलोक भी कहते हैं।

त्रसित – *Trasita.*
The 10th *Patal* (layer) of the1st hell.
प्रथम नरक का दसवाँ पटल।

त्रस्त – *Trasta.*
Troubled, frightened, The 2nd *Patal* (layer) of the 3rd hell.
संतापित, तृतीय नरक का दूसरा पटल।

त्रायस्त्रिंश – *Trāyastriṁśa.*
Thirty three, A type of deities (33 in number).
तैंतीस; ३३, देवों के इन्द्र, सामानिक आदि दस भेदों में से एक भेद। इनकी संख्या ३३ है।

त्रिकच्छेद – *Trikaccheda.*
Method of dividing a number by three, many times.
एक ही संख्या में कई बार तीन से भाग जाता हो।

त्रिकरण – *Trikaraṇa.*
Three types of pure attitudes of soul involved in penance.
जीव के तीन प्रकार के विशुद्ध परिणाम; अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण।

त्रिकलिंग – *Trikaliṁga.*
A country of middle *Arya Khand* (region).
मध्य आर्यखण्ड का एक देश।

त्रिकाल – *Trikāla.*
Past, Present and Future.
भूत, भविष्य, वर्तमान।

त्रिकाल चौबीसी व्रत – *Trikāla Caubīsī Vrata.*
A type of vows to be observed for particular 72 days in reverence to 72 Tirthankars of past, present & future time.
जंबूद्वीप के भरतक्षेत्र के भूतकालीन, वर्तमानकालीन एवं भविष्यकालीन ऐसे तीन चौबीसी के ७२ व्रत।

त्रिकालज्ञता – *Trikālajñatā.*
To have unlimited knowledge of present, past and future.
तीनों कालों का ज्ञान होना।

त्रिकाल वंदना – *Trikāla Vaṁdanā.*
Act of paying reverence three times a day.
पूर्वाह्न, मध्याह्न व अपराह्न में की जाने वाली वंदना।

त्रिकाल सामायिक – *Trikāla Sāmāyika.*
Practice of equanimity three times a day.
पूर्वाह्न, मध्याह्न व अपराह्न में की जाने वाली सामायिक।

त्रिकाली पर्याय – *Trikālī Paryāya.*
Infinite body forms in past, present and future times.
तीन कालों में क्रम से होने वाली अनंत पर्यायें।

त्रिकूट – *Trikūṭa.*
A mountain situated in *Bharat kshetra* (region), name of a city of *Vidyadhars*.
भरत क्षेत्र में एक पर्वत, विद्याधरों की एक नगरी।

त्रिकृति – *Trikṛti.*
To pay reverence three times a day.
कृतिकर्म; प्रदक्षिणा, नमस्कारादि क्रियाओं को तीन बार करना अथवा एक दिन में जिन देव, गुरू और ऋषियों की तीन बार वंदना करना (त्रिःकृत्वा)।

त्रिकोण रचना – *Trikoṇa Racanā.*
A particular triangular sequence of the fruition of *Karmas*.
उदयागत कर्म निषेकों की त्रिकोण रचना; एक एक घटता हुआ निषेक उदय में आना।

त्रिखंड – *Trikhaṁḍa.*
Three *Mlechchhakhand* divisions.
तीन म्लेच्छखण्डों को त्रिखण्ड कहते हैं।

त्रिखंडाधिपति – *Trikhaṁḍādhipati.*
Sovereign of three Khands (divisions) of Bharat Kshetra etc.
भरत-ऐरावत आदि क्षेत्रों के तीन खंडों के अधिपति राजा; प्रतिनारायण, नारायण, ये तीन खंडों के अधिपति होते हैं।

त्रिगर्त – *Trigarta.*
A country of *Bharat kshetra* in middle *Arya Khand* (region).
भरत क्षेत्र मध्य आर्य खण्ड का देश।

त्रिगुणसार व्रत – *Triguṇasāra Vrata.*
A vow (fasting) of 30 days with particular method.
क्रमशः १, १, २, ३, ४, ५, ४, ४, ३, २, १ इस प्रकार ३० उपवास करना तथा बीच के दस स्थान व अंत में एक-एक पारणा करना व णमोकार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करना।

त्रिगुप्ति – *Trigupti.*
Controlling the activities of mind, speech and body, Father's name of Lord Anantnath (reg. past

birth).
मन, वचन, काय की प्रवृत्ति को रोककर वश में रखना, यह संवर का एक कारण है। अनंतनाथ भगवान के पूर्व भव के पिता का नाम ।

त्रिगुप्तिगुप्त – *Triguptigupta.*
Escaping from the three worldly activities (of mind speech & body).
मन वचन काय इन तीनों योगों से गुप्त होना त्रिगुप्तिगुप्त है ।

त्रिचूड – *Tricūḍa.*
A king of *Vidyadhar* dynasty.
विद्याधर वंश का एक राजा ।

त्रिजट – *Trijaṭa.*
A king of *Rakshas* dynasty.
राक्षसवंश का एक राजा, रावण का पक्षधर एक विद्याधर ।

त्रिज्ञानसिद्ध – *Trijñānasiddha.*
A type of salvated beings (possessing three basic knowledges).
भूतप्रज्ञापननय की अपेक्षा से तीन ज्ञान से सिद्ध होने वाले जीव।

त्रिज्या – *Trijyā.*
Radius.
किसी भी वृत्त के कर्ण का आधा भाग ।

त्रिदशंजय – *Tridaśaṁjaya.*
A king of *Ikshvaku* dynasty.
इक्ष्वाकुवंश का एक राजा । अंत में पुत्र को राज्य सौंपकर दीक्षा ली थी ।

त्रिदोष – *Tridoṣa.*
Three thorns as obstacle in the path of salvation.
तीन शल्य; मिथ्या, माया, निदान जो व्रती में नहीं होना चाहिए।

त्रिधाकरण – *Tridhākaraṇa.*
Three divisions of wrong (false) *Karmas.*
मिथ्यात्व के तीन खंड करने की विधि को त्रिधाकरण कहते हैं; मिथ्यात्व, सम्यक्मिथ्यात्व, सम्यक्प्रकृति ।

त्रिनेत्र – *Trinetra.*
A name of Lord Arihant among 1008 names.
भगवान के 1008 नामों में एक नाम ।

त्रिपंचाशत – *Tripaṁcāśata.*
Fifty three,a number (53 auspicious activities of householders).
त्रेपन, ५३ (गर्भान्वय की 53 क्रियाएँ आदि) ।

त्रिपंचाशत् भाव – *Tripaṁcāśat Bhāva.*
Fifty three types of subsidential disposition.
जीवों के औपशमकादिभाव जो 53 प्रकार के हैं ।

त्रिपदधर तीर्थंकर – *Tripadadhara Tīrthaṁkara.*
Jaina Lords possessing three great titles (*Tirthankar* Shantinath, Kumthunath and Aranath).
शांतिनाथ, कुंथुनाथ, अरनाथ तीर्थंकर, ये तीनों 'कामदेव', 'चक्रवर्ती' एवं 'तीर्थंकर' तीन पदधारी थे। इनका जन्म हस्तिनापुर में हुआ था ।

त्रिपर्वा – *Triparvā.*
A type of knowledge of medicines.
एक औषधी विद्या ।

त्रिपातिनी – *Tripātinī.*
See - *Triparvā.*
देखें - त्रिपर्वा ।

त्रिपुर – *Tripura.*
A country of *Bharat kshetra Vindhyachal* (region).
भरत क्षेत्र विन्ध्यांचल (विजयार्ध) का एक देश ।

त्रिपुरारि – *Tripurāri.*
A name of Lord Arihant among 1008 names, conqueror of birth, affliction by age & death.
भगवान के 1008 नामों में एक नाम; तीन शत्रु अर्थात् द्रव्यकर्म, भावकर्म, नोकर्म को जीतने वाले, जिन्होंने जन्म, जरा, मरण इन तीन पुरों को जीत लिया है ।

त्रिपृष्ठ – *Tripṛṣṭha.*
One of the past birth of Lord Mahavir who was the first *Narayan* in the time of Lord Shreyansnath.
भगवान महावीर के पूर्व भव में से एक भव-श्रेयांसनाथ भगवान के समय में हुआ प्रथम नारायण, जो बाद में महावीर स्वामी हुए ।

त्रिप्रदक्षिणा – *Tripradakṣiṇā.*
Circumabulation, To revolve three times around a saint or temple.
तीन परिक्रमा ।

त्रिबार सामायिक – *Tribāra Sāmāyika.*
Observing equanimity three times with meditation.
पूर्वान्हि, मध्यान्ह, अपरान्ह तीनों कालों में सामायिक करना ।

त्रिभंगी – *Tribhaṁgī.*
Three types of *Karmic* nature.
कर्म प्रकृतियों के तीन भेद-बंध, उदय, सत्ता ।

त्रिभंगीसार – *Tribhaṁgīsāra.*
Name of a commentary book.
विभिन्न आचार्यों द्वारा रचित आस्रव बन्ध सत्व आदि नाम वाली 6 त्रिभंगियों का संग्रह ।

त्रिभाग – *Tribhāga.*
A third part .
एक तिहाई हिस्सा ।

त्रिभुवन – *Tribhuvana.*
The three worlds, the entire universe.
देखें - त्रिलोक ।

त्रिभुवनकीर्ति – *Tribhuvanakīrti.*
Name of an *Acharya* and a *Bhattarak.*
नन्दिसंघ बलात्कारगण शुभचन्द्र आम्नाय (वि.१४९९-१५३८)

सूरत गद्दी के एक भट्टारक, काष्ठा संघ के एक आचार्य ।

त्रिभुवनचंद्र – *Tribhuvanacaṁdra.*
An *Acharya* of *Kashtha sangh.*
काष्ठा संघ के एक आचार्य ।

त्रिभुवनचूड़ामणि – *Tribhuvana Cūṛāmaṇi.*
Two *Siddhayatana* summits of *Bhadrashal* forest.
भद्रशाल वन में स्थित दो सिद्धायतन कूट ।

त्रिभुवनस्वयंभू – *Tribhuvanasvayaṁbhū.*
Son of the poet Svayambhu.
कवि स्वयंभू के पुत्र जिसने वृहत्सर्वज्ञसिद्धि की रचना की ।

त्रि मकार – *Tri Makāra.*
Wine, meat, honey (the three inedible things).
मदिरा, मांस, मधु । तीन न खाने योग्य पदार्थ जिनका प्रारंभ 'म' शब्द से है ।

त्रिमुख – *Trimukha.*
Ruling demigod of Lord Sambhavnath.
संभवनाथ भगवान का शासन यक्ष ।

त्रिमूढ़ता – *Trimūṛhatā.*
Three faults in right faith.
सम्यग्दर्शन के 25 दोषों में 3 दोष । लोक मूढ़ता, देवमूढ़ता, गुरुमूढ़ता ।

त्रियोग – *Triyoga.*
Vibration in the spaces of soul (due to activities of mind, speech and body).
मन, वचन, काय के हलन चलन से आत्मा के प्रदेशों का सकम्प होना ।

त्रिरत्न – *Triratna.*
Three jewels of Jaina religion- Right faith, Right knowledge & Right conduct.
जैन धर्म के तीन रत्न; सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र ।

त्रिलक्षण कदर्थन – *Trilakṣaṇa Kadarthana.*
A book written by Patrakesari no.1.
पात्रकेसरी नं - 1 (ई.श. 6-7) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

त्रिलक्षणत्व – *Trilakṣaṇatva.*
Substances having three factors (origination, destruction and continuity).
द्रव्य जो उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य तीन लक्षणात्मक होते हैं ।

त्रिलोक – *Triloka.*
The three worlds - lower world, middle world and upper world.
अधोलोक, ऊर्ध्वलोक और मध्यलोक ।

त्रिलोकगुरू – *Trilokaguru.*
One who is great in all three worlds.
अनंत ज्ञानादि महान् गुणों के द्वारा जो तीन लोकों में भी महान् है ।

त्रिलोकतीज व्रत – *Trilokatīja Vrata.*
A type of fasting.
तीन वर्ष तक प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ल तीज का उपवास करना ।

त्रिलोकबिंदुसार – *Trilokabiṁdusāra.*
Name of 14th *Purva* (parts of scriptural knowledge).
चौदहवां पूर्व । इसमें तीन लोक का स्वरूप, एवं बीजगणित आदि का कथन है इसके साढे 12 करोड़ पद हैं ।

त्रिलोकमंडन – *Trilokamaṁḍana.*
Name of an elephant.
एक हाथी; रावण ने इसको मदमस्त अवस्था में पकड़कर त्रिलोकमंडन नाम रखा था ।

त्रिलोकव्याप्त – *Trilokavyāpta.*
One who is diffused in all three worlds.
जो तीनों लोकों में व्याप्त है, लोकपूरण समुद्घात; केवली भगवान के आत्मप्रदेशों का घनलोकप्रमाण सर्व लोक में फैल जाना ।

त्रिलोकसार – *Trilokasāra.*
A book of Karnanuyog written by *Acharya* Nemichandra Siddhant Chakravarti.
आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती द्वारा ई.श.11 पूर्व में रचित करणानुयोग से संबंधित लोकविभाग विषय पर प्राकृत ग्रंथ ।

त्रिलोकसार टीका – *Trilokasāra Ṭīkā.*
A commentary book written by *Acharya* Madhava Chandra.
आचार्य माधवचन्द्र त्रैविद्य कृत त्रिलोक ग्रंथ की टीका ।

त्रिलोकसार व्रत – *Trilokasāra Vrata.*
A type of fasting with particular procedure.
त्रिलोकाकार रचना के अनुसार विशेष विधि द्वारा किए जाने वाला एक व्रत जिसमें तीस उपवास एवं ११ पारणाएं होती हैं ।

त्रिलोकीय – *Trilokīya.*
Father's name of Lord Naminath reg. past era.
नमिनाथ भगवान के पूर्व भव के पिता का नाम ।

त्रिवर्गगतवाद – *Trivargagatavāda.*
A doctrine of solitariness.
एक एकांत मत ।

त्रिवर्ग महेंद्र-मातलि जल्प – *Trivarga Maheṁdra Mātali Jalpa.*
A book written by *Acharya* Somdeva.
आचार्य सोमदेव (ई. 943-968) कृत एक न्याय ग्रंथ ।

त्रिवर्ण – *Trivarṇa.*
Three caste divisions (*Kshatriya, Vaishya* and *Shudra*).
क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये तीन वर्ण ।

त्रिवर्णाचार – *Trivarṇācāra.*
A book written by Somdeva *Bhattarak.*
सोमदेव भट्टारक (ई. 1610) कृत पूजा-अभिषेक, सूतक-पातक आदि विषयक ग्रंथ ।

त्रिवलित – *Trivalita.*
A fault or religious activities.
कायोत्सर्ग का एक अतिचार , वंदना का एक अतिचार, कटि,

ग्रीवा, मस्तक आदि पर तीन बल पड़ जाना ।

त्रिवेद – *Triveda.*
The three *Vedas*, classification of three genders.
स्त्री वेद, पुरुष वेद, नपुंसक वेद ।

त्रिवेदसिद्ध – *Trivedasiddha.*
Beings salvated from all genders (in accordance with *Bhavved*).
भाववेद की अपेक्षा जो तीनों वेदों से सिद्ध होते हैं त्रिवेदसिद्ध कहलाते हैं। द्रव्य से पुरुष वेदी, भाव से स्त्री वेदी एवं नपुंसक वेदी भी सिद्ध पद को प्राप्त कर सकते हैं ।

त्रिषष्टि कर्म प्रकृति – *Triṣaṣṭi Karma Prakṛti.*
Sixty three types of *Karmic* nature (which are destroyed by Lord Arihant).
63 कर्म प्रकृतियां, जिनके नाश से अरहंत परमेष्ठी होते हैं ।

त्रिषष्टि शलाका पुरुष – *Triṣaṣṭhi Śalākā Puruṣa.*
Sixty three great personages (who attain salvation through any birth).
24 तीर्थंकर+12 चक्रवर्ती+9 नारायण+9 प्रतिनारायण+9 बलभद्र=ये ६३ महापुरूष ६३ शलाकापुरुष कहलाते हैं। प्रथमानुयोग के ग्रंथों में इनका वर्णन पाया जाता है ।

त्रिषष्टि शलाका पुरुष चरित्र –
Triṣaṣṭhi Śalākā Puruṣa Caritra.
Name of books written by Chamundraya and *Shvetamdaracharya* Hemchandra seperately.
चामुण्डराय (ई.श.10-11) एवं श्वेताम्बराचार्य हेमचन्द्र (ई. 1088-1173) द्वारा रचित ग्रंथों का नाम ।

त्रिषष्ठिस्मृतिशास्त्र – *Triṣaṣṭhismṛtiśāstra.*
A book written by *Pandit* Ashadharji.
पं. आशाधर जी (ई. 1173-1243) द्वारा रचित एक संस्कृत ग्रंथ ।

त्रिसंयोगीस्थान प्ररूपणा –
Trisaṁyogīsthāna Prarūpaṇā.
Particular representation of different *karmic* nature.
कर्म प्रकृतियों का उदय आदि की अपेक्षा विशेष निरूपण ।

त्रींद्रिय – *Trīṁdriya.*
Living beings having three sense organs.
जीव; जिनके स्पर्शन, रसना और घ्राण ये तीन इन्द्रियां होती हैं। जैसे-चींटी, खटमल आदि ।

त्रींद्रिय जाति नामकर्म प्रकृति –
Trīṁdriya Jāti Nāmakarma Prakṛti.
A *karmic* nature causing birth in *Tiryanch* destination.
जिसके उदय से स्पर्शन, रसना, घ्राण इन तीन इन्द्रियधारी तिर्यंचों में जन्म हो ।

त्रुटरेणु – *Truṭareṇu.*
An area unit.
क्षेत्र का प्रमाण विशेष, आठ संज्ञा - संज्ञाओं (सन्नासन्न) का एक त्रुटरेणु ।

त्रुटित – *Truṭita.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण, ८४ लाख त्रुटितांग प्रमाण काल ।

त्रुटितांग – *Truṭitāṁga.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण, 84 लाख कमल प्रमाण काल ।

त्रैकाल्ययोगी – *Traikālyayogī.*
The disciple of Golacharyaji.
एक आचार्य (ई. 920 - 930) जो गोलाचार्य (ई. 900 - 920) के शिष्य तथा अभयनंदि (ई. 930 - 950) के गुरु थे ।

त्रैराशिक – *Trairāśika.*
Rule related to three mathematical quantities.
गणित संबंधी तीन राशियाँ - प्रमाण, फल व इच्छाराशि ।

त्रैराशिकवाद – *Trairāśikavāda.*
Doctrine related to the conception of trio thoughts (like *Jiva, Ajiva, Jiva-ajiva* etc.).
सर्व वस्तुओं को त्रयात्मक मानना अर्थात् तीन राशियों द्वारा चरण करने का सिद्धान्त जैसे जीव, अजीव, जीवाजीव; लोक, अलोक, लोकालोक आदि ।

त्रैलोक्यजिनालयव्रत – Trailokyajinālaya Vrata.
A type of vow (fasting) to be observed for different 48 days in regard to different temples of Teenlok (three worlds).
तीन लोक में अकृत्रिम-शाश्वत जिनमंदिर ८५६, ९७, ४८१ हैं। अधोलोक के भवनवासी देवों के १० भेदों के मंदिरों की अपेक्षा १०, मध्यलोक के पंचमेरु आदि के १२, व्यंतरों के ८, ज्योतिर्वासी के ५, वैमानिक देवों की अपेक्षा १२ एवं सिद्धशिला के सिद्धों की अपेक्षा १ ऐसे १० +१२+८+५+१२+१=४८ व्रत किये जाते हैं। उत्कृष्ट विधि में उपवास, मध्यम में अल्पाहार, जघन्य में एकासन किया जाता है। इनकी विधि एवं मंत्र 'व्रतविधि एवं पूजा' पुस्तक भाग-२ से देखना चाहिए ।
समुच्चय मंत्र-ॐ ह्रीं त्रैलोक्यशाश्वतजिनालयजिनबिम्बेभ्यो नमः।

त्रैलोक्य दीपक – *Trailokya Dīpaka.*
A book written by Vamdeva.
वामदेव (ई. 13 - 14) द्वारा रचित एक ग्रन्थ ।

त्रैविद्यदेव – *Traividyadeva.*
Title for some *Acharyas* in *Nandi sangh* (group) etc.
कतिपय आचार्यों की उपाधि जैसे नन्दि संघ के देशीयगण की गुर्वावली के अनुसार पाँच आचार्यों की उपाधि, कातंत्र रुपमाला व्याकरण के भावसेन- त्रैविद्य टीकाकार आदि ।

त्रैविद्य विश्वेश्वर – *Traividya Viśveśvara.*
A learned person of *Dravid sangh* (group) etc.
द्रविड संघ के एक विद्वान का नाम ।

त्र्यंग नमस्कार – *Tryaṁga Namaskāra.*
A type of bowing, in which both hands are folded with joining them and head is bowed.
नमस्कार का एक भेद; दोनों हाथ और सिर से नमस्कार करना।

त्वक्स्पर्श – *Tvak Sparśa.*
Touch of skin.
त्वचा स्पर्श ।

त्वचा – *Tvacā.*
Skin, Bark.
वृक्ष, गच्छ या स्कन्धों की छाल, चमड़ी ।

त्वष्टा – *Tvaṣṭā.*
Name of a presiding deity of *Chitra* lunar.
चित्रा नक्षत्र के अधिपति देवता का नाम ।

त्वष्टियोग – *Tvaṣṭiyoga.*
Deeply engrossment into the supreme soul.
ब्रह्मयोग ।

थ

थ – *Tha.*
The seventeenth consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का सत्रहवाँ व्यंजन, इसका उच्चारण स्थान दंतमूल है ।

थलचर – *Thalacara.*
Animals living on Land terrestrial.
पंचेन्द्रिय तिर्यंचों के 3 भेदों में एक भेद; धरती पर चलने वाले तिर्यंच जीव ।

थानक पंथी/थानकवासी –
Thānaka Paṁthī/Thānakavāsī.
A *shvetambar* Jain sect.
श्वेताम्बर जैन पंथ; ये प्रतिमा को नहीं पूजते हैं, साधु वस्त्र एवं मुंह पर पट्टी रखते हैं ।

थावर – *Thāvara.*
Stable object, One sensed immobile beings like inanimate objects.
यह एक प्राकृतिक शब्द है-इसका सामान्य अर्थ है स्थिर अथवा स्थावर वस्तु एवं स्थावर एकेन्द्रिय जीव (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, वनस्पति कायिक जीव) को भी थावर कहते हैं ।

थावर प्रतिमा – *Thāvara Pratimā.*
Stable image of any thing.
व्यवहार से चंदन, कनक, महामणि, स्फटिक आदि से बनी प्रतिमा थावर प्रतिमा कहलाती है ।

थोस्सामिदंडक – *Thossāmidaṁḍaka.*
A lesson for the prayer of Jaina Lord .
थोस्सामिहं जिणवरे-इत्यादिरूप एक चौबीस तीर्थंकर स्तुति का प्राकृत पाठ ।

द

द – *Da*
The eighteenth consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का अठारहवाँ व्यंजन, इसका उच्चारण स्थान दंतमूल हैं ।

दंड – *Daṁḍa.*
Punishment .
सजा। मन, वचन, कायरूप तीन प्रकार का दंड होता है ।

दंड – दंडी संबंध – *Daṁḍa - Daṁḍī Saṁbaṁdha.*
Relation of infliction & inflicting one.
जो वस्तु के स्वरूप में मिला न हो। दंड के सम्बन्ध से पुरुष को दंडी कहना ।

दंडपति – *Daṁḍapati.*
Leader of an army .
समस्त सेना का नायक ।

दंड समुद्घात – *Daṁḍa Samudghāta.*
Expansion of spaces of soul in term of 14 *Rajju.*
केवली के समुद्घात करने का प्रथम चरण; केवली भगवान की आयु कर्म की स्थिति वेदनीय, नाम, गोत्र के बराबर करने के लिए आत्मा के प्रदेश वातवलय को छोड़कर दण्डरूप से 14 राजू तक फैल जाते हैं ।

दंडासन तप – *Daṁḍāsana Tapa.*
A type of posture of meditation (sitting erectly).
कायक्लेश; दण्ड के समान सीधा बैठना ।

दंतवाणिज्य – *Daṁta Vāṇijya.*
Business of ivory.
हाथी दांत का व्यापार करना ।

दंशमशक – परीषह – *Daṁśamaśaka - Parīṣaha.*
To tolerate insect-bite affliction.
22 परीषहों में एक परीषह; मच्छर, मक्खी, बिच्छू, चींटी आदि के द्वारा की गयी बाधा को बिना प्रतिकार किये सहन करना एवं मन, वचन, काय से उनको बाधा न पहुंचाना ।

दंभ – *Daṁbha.*
Proud, arrogance.
अभिमान ।

दक्ष – *Dakṣa.*
Skilled one, expert, A king of *Hari* dynasty.
कुशल, मुनिसुव्रतनाथ भगवान का पोता, हरिवंश का एक राजा ।

दक्षिण – *Dakṣiṇa.*
South direction.
एक दिशा ।

दक्षिण कल्प – *Dakṣiṇa Kalpa.*
Southern part of *Patals* (levels) of all 16 heavens.
16 स्वर्गों के पटलों का दक्षिणी भाग। जहाँ दक्षिण दिशा के इन्द्रों का निवास होता है, जैसे-सौधर्म इन्द्र, सानत्कुमार इन्द्र आदि ।

दक्षिणाग्नि – *Dakṣiṇāgni.*
A sacred fire of square fire-pit.
चौकोर कुंड की अग्नि ।

दक्षिणायन – *Dakṣiṇāyana.*
Period of the movement of the sun towards the south of equator (period between summer and winter solstices).
सूर्य का 'आदि' में पाया जाने वाला अयन दक्षिणायन एवं 'अन्त' में पाया जाने वाला अयन उत्तरायन कहलाता है ।

दक्षिणार्ध – *Dakṣiṇārdha.*
Name of a summit & a deity of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध पर्वत के एक कूट व देव का नाम ।

दण्डकारणिक – *Daṇḍakāraṇika.*
An administrator who can punish, A magistrate.
दण्ड देनेवाला अधिकारी ।

दण्डक्रीड़ा – *Daṇḍakrīṛā.*
A game which is played by stick, rod.
दण्ड से खेला जाने वाला खेल ।

दण्डधार – *Daṇḍadhāra.*
The 45th son of king Dhratrashtra.
राजा धृतराष्ट्र और रानी गांधारी का 45 वां पुत्र ।

दण्डनीति – *Daṇḍanīti.*
Harsh policy of a ruler, the ethics of a ruler.
प्रशासन विद्या; यह प्रशासन की 4 विद्याओं में एक विद्या है ।

दण्डरत्न – *Daṇḍaratna.*
One of the 14 jewels of *Chakravarti.*
14 रत्नों में एक रत्न; चक्रवर्ती का एक निर्जीव रत्न । यह सेना के आगे चलता है ।

दत्त – *Datta.*
Name of the 7th *Narayana* of *Bharat kshetra* (region).
भरतक्षेत्र के वर्तमान सातवें नारायण ।

दत्तक – *Dattaka.*
Adopted son, Name of a chief disciple of Lord Chandra Prabhu.
गोद लिया हुआ पुत्र, चन्द्रप्रभु भगवान के मुख्य गणधर का नाम ।

दत्तावधान बुद्धि – *Dattāvadhāna Buddhi.*
An intelligence which is caused in making interest about any subject.
किसी विषय में रूची या श्रद्धा होना ।

दत्ति – *Datti.*
Four types of Donation.
दान; इसके 4 भेद हैं – दयादत्ति, पात्रदत्ति, समदत्ति, अन्वय दत्ति ।

दत्ति कर्म – *Datti Karma.*
Some religious duties of householders.
गृहस्थों का कर्तव्य । चार तरह का दान देना; पात्रों को भक्ति से एवं दुखियों को दया से ।

दधिमुख – *Dadhīmukha.*
Name of particular 16 mountains in *Nandishvardvip* (island).
नंदीश्वर द्वीप की 16 वापियों के मध्य स्थित दही के समान 16 सफेद वर्ण के पर्वत ।

दन्डशूक – *Daṇḍaśūka.*
A typical weapon.
फणयुक्त एक शस्त्र, इसका गरुडास्त्र से निवारण किया जाता है।

दम – *Dama.*
Subduing of feelings, self control.
जितेन्द्रियता; इन्द्रियों को सम्यक रूप से दमन करना ।

दमित – *Damita.*
See - Dānta.
देखें – दान्त ।

दमितारि – *Damitāri.*
A *Pratinarayan* who was the son of king Kirtidhar Kevali.
एक प्रतिनारायण, यह राजा कीर्तिधर केवली का पुत्र था ।

दया – *Dayā.*
Compassion, Mercy.
अनुकंपा ।

दयादत्ति – *Dayādatti.*
To be kindful to others.
अनुग्रह करने योग्य प्राणियों के समूह पर दयापूर्वक मन, वचन, काय की शुद्धि के साथ उनके भय को दूर करना ।

दयाभाव – *Dayābhāva.*
Merciful feelings, kind nature.
कारुण्य भावना ।

दयामूर्ति – *Dayāmūrti.*
Embodiment of mercy.
सचित्त त्याग प्रतिमाधारी श्रावक को दयामूर्ति कहा गया है ।

दयार्द्र – *Dayārdra.*
Compassionate; tender hearted.
दूसरे की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझना ।

दयालु – *Dayālu.*
Compassionate, merciful, kind person.
दयाभाव रखने वाला ।

दयावती – *Dayāvatī.*
The mother's name of 12th *Teerthankar* (Jaina–Lord) of *Videh kshetra* (region).
विदेह क्षेत्र में स्थित 12 वें तीर्थंकर चन्द्रानन की माता ।

दर्दुर – *Dardura.*
Frog, cloud.
मेंढ़क, बादल, मेघ ।

दर्प – *Darpa.*
Pride, conceit, pompness, arrogance.
अहंकार, घमंड ।

दर्पण – *Darpaṇa.*
Mirror; an auspicious device which is to be kept near Lord idol.
शीशा, एक मंगल; अकृत्रिम प्रतिमाओं के समीप स्थित 108 मंगल द्रव्यों में एक मंगल द्रव्य ।

दर्पणतुल्य भूमि – *Darpaṇatulya Bhūmi.*
An excellence of Lord Arihant (Land to have like mirror).
अरहंतों के केवलज्ञान का एक अतिशय; दर्पण के समान भूमि का स्वच्छ होना ।

दर्शक – *Darśaka.*
Spectators, on lookers.
देखने वाला ।

दर्शन (उपयोग) – *Darśana (Upayoga).*
Functional consciousness of conation vision attention.
उपयोग का एक भेद; यह पदार्थ को सामान्य, अनाकार (निर्विकल्प) रूप से ग्रहण करता है, इसके 4 भेद हैं (चक्षु, अचक्षु, अवधि, केवल) ।

दर्शन (षड्) – *Darśana (Ṣaḍ).*
Six philosophies- *Jaina, Bauddha, Naiyayika, Sankhya,Vedanta* and *Vaisheshik.*
6 दर्शन; जैन, बौद्ध, नैयायिक, सांख्य, वैशेषिक, वेदांत ।

दर्शन कथा – *Darśana Kathā.*
A sacred legend .
सति मनोवती नामक एक कन्या द्वारा गजमोती चढ़ाकर जिनेन्द्र भगवान के दर्शन करने की एक प्राचीन रोमांचक कथा जिस पर गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने 'प्रतिज्ञा' नामक धार्मिक उपन्यास लिखा है ।

दर्शनक्रिया – *Darśanakriyā.*
Watching beauty with lust or passion, an activity of householder.
श्रावक की 25 क्रियाओं में एक; रागवश रागी का रमणीय रूप को देखना ।

दर्शन गुण – *Darśana Guṇa.*
Characteristics of the right faith.
प्रशम, संवेग, आस्तिक्य, अनुकंपा ये 4 सम्यग्दर्शन के गुण हैं।

दर्शन-ज्ञान-चारित्र – *Darśana Jñāna Cāritra.*
Three jewels of Jainas (Right faith, Right knowledge & Right conduct).
रत्नत्रय; सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यग्चारित्र इन तीनों गुणों को रत्नत्रय कहते हैं ।

दर्शन चेतना – *Darśana Cetanā.*
Consciousness causing apprehension of supreme soul.
जिस चेतना में महासत्ता या सामान्य का प्रतिभास हों ।

दर्शन पंडित – *Darśana Paṁḍita.*
One having destructional-cum-subsidential right perception.
क्षायिक, क्षायोपशमिक और औपशमिक सम्यग्दर्शन से जीव दर्शन पंडित होता है ।

दर्शन पाहुड – *Darśana Pāhuḍa.*
A book written by *Acharya* Kund-Kund.
आचार्य कुंदकुंद (ई.127-179) कृत सम्यग्दर्शन विषयक एक ग्रंथ ।

दर्शन प्रतिमा – *Derśana Pratimā.*
First model stage of right faith (pertaining to householders).
श्रावक की 11 प्रतिमाओं में पहली प्रतिमा; निर्मल सम्यग्दर्शन के साथ अष्टमूलगुण का पालन करना और सप्त व्यसन का त्याग करना ।

दर्शन बाल जीव – *Darśana Bāla Jīva.*
One ignorant with false belief.
तत्वार्थश्रद्धान रहित मिथ्यादृष्टि जीव ।

दर्शन मार्गणा – *Darśana Mārgaṇā.*
A type of investigation related to beings.
14 मार्गणाओं में एक मार्गणा जिसमें दर्शन उपयोग सहित जीवों को खोजा जाता है ।

दर्शन मोह – *Darśana Moha.*
Right faith deluding *Karmas*.
मोहनीय कर्म का एक भेद; जो सम्यग्दर्शन को प्रगट नहीं होने देता। इसके मिथ्यात्व, सम्यक् मिथ्यात्व, सम्यक्त्व प्रकृति ये तीन भेद हैं ।

दर्शन मोह क्षपक – *Darśana Moha Kṣapaka.*
Destroyer of right faith deluding *Karmas*.
दर्शन मोहनीय कर्म को नष्ट करने वाला क्षायिक सम्यग्दृष्टि ।

दर्शनमोहनीय कर्म – *Darśanamohanīya Karma.*
Right faith deluding *Karmas*.
जिस कर्म के उदय से देवशास्त्र गुरू एवं तत्वों के प्रति अश्रद्धान का भाव होता हो, यह सम्यग्दर्शन का घात करती है ।

दर्शनवाद – *Darśanavāda.*
Name of a philosophy (related to wrong perception).
एक एकान्त मत ।

दर्शन विनय – *Darśana Vinaya.*
Reverence to right faith.
सम्यग्दर्शन के अंगों का पालन, भक्ति पूजा आदि गुणों को धारण तथा शंका आदि दोषों के त्याग को सम्यक्त्व विनय या दर्शन विनय कहते हैं ।

दर्शनविशुद्धि – *Darśanavišuddhi.*
Purity of right faith.
16 कारण भावना में पहली भावना; सम्यग्दर्शन को अत्यन्त निर्मल व दृढ़ हो जाना। इसके होने पर ही तीर्थंकर प्रकृति का बंध संभव है ।

दर्शनविशुद्धि व्रत – *Darśanavišuddhi Vrata.*
A Jaina vow (fasting) with particular procedure.
औपशमिकादि तीनों सम्यक्त्वों के आठ अंगों की अपेक्षा 24अंग के एक उपवास एक पारणा के क्रम से 24 उपवास करना एवं णमोकार मंत्र का जाप करना ।

दर्शनशुद्धि (शास्त्र) – *Darśanaśuddhi (Śāstra).*
A book written by *Acharya* 'Chandraprabh Suri'.
आचार्य चन्द्रप्रभ सूरि (ई.1102) द्वारा रचित एक न्याय ग्रन्थ।

दर्शन श्रावक – *Darśana Śrāvaka.*
A householder follower of first model stage of right faith.
दर्शन प्रतिमा धारी जो पंच उदुम्बर सहित सातों व्यसनों का परित्याग आदि करता है ।

दर्शनसागर (आचार्य) – Darśanasāgara (Ācārya).
Name of a saint, the disciple of Acharya Shri Nirmalsagar Maharaj.
आचार्यश्री निर्मलसागर महाराज के शिष्य (ई.श. 20-21) ।

दर्शनसार – *Darśanasāra.*
A book written by *Acharya* Devasen.
आचार्य देवसेन (ई.133) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

दर्शनाचरण – *Darśanācaraṇa.*
Observance of all parts of right perception.
सम्यग्दर्शन के 8 अंगों का पालन करना ।

दर्शनाचार – *Darśanācāra.*
Observance of right perception.
5 प्रकार के आचार का एक भेद; अतिचार रहित सम्यग्दर्शन का पालन करना ।

दर्शनाराधना – *Darśanārādhanā.*
A type of devotional prayer of right faith.
4 आराधना में एक भेद; निर्दोष सम्यग्दर्शन की आराधना करना, इससे जीवादि सात तत्वों और उनके प्रतिपादक गुरु, शास्त्रों पर श्रद्धान होता है ।

दर्शनार्य – *Darśanārya.*
A kind of noble persons with right perception.
ऋद्धि प्राप्त आर्य के 5 भेदों में एक भेद; सम्यग्दृष्टि मनुष्य दर्शनआर्य होते हैं ।

दर्शनावरण – *Darśanāvaraṇa.*
Perception covering *Karma*, Faith deluding *Karma*.
8 कर्मों में एक कर्म; जिस कर्म के उदय से जीव के दर्शन गुण पर आवरण होता है ।

दर्शनावरण-चतुष्क – *Darśanāvaraṇa Catuṣka.*
A quartet (Chakshu, Achakshu, Avadhi & Keval) of conation obscurring *Karmic* nature.
दर्शनावरणीय कर्म प्रकृति का चतुष्क-चक्षु, अचक्षु, अवधि व केवलदर्शनावरण ।

दल – *Dala .*
Group, Making half mathematically.

समूह, गणितीय रूप से आधा करना ।

दश करण – *Daśa Karaṇa.*
Ten operational Karmic activities.
कर्म की 10 अवस्थाएं; बन्ध, उत्कर्षण, संक्रमण, अपकर्षण, उदीरणा, सत्व, उदय, उपशम, निधत्ति और निःकाचना ।

दशकरण चूलिका – *Daśakaraṇa Cūlikā.*
A part or lesson of 'Gommatsar-Karmakanda' treatise.
गोम्मटसार-कर्मकांड ग्रंथ का एक अध्याय, इसमें 10 करणों का स्वरूप है ।

दश द्वार – *Daśa Dvāra.*
Ten means of air–exit in the body.
प्राणायाम की वायु निकलने के सूक्ष्म छिद्र तालुरन्ध्र ।

दश धर्म – *Daśa Dharma.*
Ten right virtues of Jain religion (forgiveness etc.).
उत्तम क्षमा आदि दस लक्षण धर्म ।

दश धर्मध्यान – Daśa Darmadhyāna.
Ten types of religious observances.
अपाय विचय, उपाय विचय, विपाकविचय, विराग विचय, लोक विचय, भव विचय, जीव विचय, आज्ञा विचय, संस्थान विचय और संसार विचय ये 10 धर्मध्यान हैं (प्रतिक्रमण ग्रन्थत्रयी से) ।

दशपूर्वित्व ऋद्धि – *Daśapūrvitva Ṛddhi.*
A type of supernatural power.
बुद्धि ऋद्धि का एक भेद ।

दशपूर्वी – *Daśapūrvī.*
Great knowledge of 10 *Purvas*.
अभिन्नदशपूर्वी मुनियों की बुद्धि दशपूर्वी कहलाती है ।

दश प्राण – *Daśa Prāṇa.*
Ten types of vitalities of living beings (pertaining to senses, mind speech body etc.).
पाँच इन्द्रिय प्राण, मन, वचन, काय बलरूप तीन बल प्राण, श्वासोच्छ्वास और आयु ये दस प्राण हैं ।

दश भक्ति – *Daśa Bhakti.*
The collection of different particular devotional prayers.
प्राकृतभाषा की सिद्धभक्ति, श्रुतभक्ति, चारित्रभक्ति, योगिभक्ति, आचार्यभक्ति, पंचमहागुरुभक्ति, चतुर्विंशति तीर्थंकर भक्ति एवं निर्वाणभक्ति, वर्तमान में उपलब्ध ये आठ भक्तियाँ ही आचार्य श्री कुन्दकुन्द स्वामी द्वारा रचित "दशभक्ति" नाम से प्रसिद्ध हैं। संस्कृत की चैत्यभक्ति एवं वीरभक्ति श्री गौतमस्वामी द्वारा रचित हैं तथा आचार्य श्री पूज्यपादस्वामी द्वारा रचित सिद्ध, श्रुत, चारित्र, योगि, आचार्य, पंचगुरु, चतुर्विंशतितीर्थंकर, नंदीश्वर, निर्वाण, शांति एवं समाधिभक्ति ये 11 भक्तियाँ "दशभक्ति" नाम से प्रसिद्ध हैं। वर्तमान में पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा रचित षोडषकारण भक्ति, दशलक्षण भक्ति, जम्बूद्वीप भक्ति, पंचमेरु भक्ति, सुदर्शनमेरु भक्ति, तीर्थंकर जन्मभूमि भक्ति ये छह भक्तियाँ प्रचलित हैं जो यथायोग्य पर्व आदि के समय पढ़ी जाती हैं।

दशरथ – *Daśaratha.*
Father's name of Ram, Lakshman, Bharat & Shatrughna.
राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के पिता का नाम ।

दशलक्षण पर्व – *Daśalakṣaṇa Parva.*
A particular religious festival of Jaina to be observed for particular ten days in a year.
भादों माघ एवं चैत्र के महीने में शुक्ला पंचमी से चतुर्दशी तक आने वाला एक जैन धार्मिक पर्व जिसे दशलक्षण पर्व के नाम से जाना जाता है ।

दशलक्षण व्रत – *Daśalakṣaṇa Vrata.*
Jainas' 10 days fasting, pertaining to 10 virtues.
भादों सुदी 5 से 14 तक दशधर्म के 10 व्रत करना ।

दशवर्ष – *Daśavarṣa.*
A time unit (of 10 years).
काल का प्रमाण विशेष ।

दशवर्षसहस्र – *Daśavarṣasahasra.*
A time period of 10 thousand years.
दस हजार वर्षों का काल समय ।

दश विकार – *Daśa Vikāra.*
Ten types of lustful sensual desires of human being.
काम के वेग; चिंता, स्त्री को देखने की इच्छा, दीर्घनिःश्वास, ज्वर, शरीर का दग्ध होना, भोजन न रुचना, मूर्छा, उन्मत्त, प्राणों में संदेह, मरण ।

दश वैकालिक – *Daśa Vaikālika.*
A type of scriptural knowledge (*shrutgyan*).
अंगबाह्य श्रुत का 7 वां प्रकीर्णक; इसमें मुनियों की गोचरी आदि वृत्तियों का वर्णन किया गया है ।

दशशतसहस्र – *Daśaśatasahasra.*
10,00,000, Ten Lacs.
दस लाख ।

दशसहस्र – *Daśasahasra.*
10,000, Ten thousand.
दस हजार ।

दशस्थान – *Daśasthāna.*
Ten specific places in body to concentrate the mind.
शरीर में नेत्र युगल, दोनो कान, नासिका का अग्रभाग, ललाट, मुख, नाभि, मस्तक, हृदय, तालु, भौंहों का मध्य भाग ये दस स्थान हैं। इन स्थानों में से किसी एक पर चित्त एकाग्र करने से ध्यान की अवस्था प्राप्त होती है ।

दशस्थिति कल्प – *Daśasthiti Kalpa.*
Characteristics of 10 basic restraints of saints.
व्यवहार चारित्रधारी साधु के 10 स्थितिकल्प; अचेलकत्व, उद्दिष्ट भोजन त्याग, वसतिका बनवाने का त्याग, राजपिंड का

त्याग, कृतिकर्म, पात्र को ही व्रत देना, विनय, प्रतिक्रमण, मासैकवासता, चातुर्मास करना ।

दशांग धूप – *Daśāṁga Dhūpa*
Ten types of incenses; fragrant gum or aroma.
धूप में मिलाने वाली 10 वस्तुएं-अगर, तगर चंदन, मलयागिरि चंदन, तज, पत्रज, छारछवीला (छैल छबीला),पांडरी, खस, नागर मोथा, गढ़ीवन ।

दशांग भोग – *Daśāṁga Bhoga.*
10 types of enjoyments related to food, sleeping etc.
10 प्रकार के भोग-भाजन, भोजन, शय्या, सेना, यान, आसन, निधि, रत्न, नगर और नाट्य ।

दशा – *Daśā.*
Condition, circumstances.
स्थिति परिस्थिति-जीवन आदि की अवस्था; बाल्य, यौवन आदि ।

दशाध्यायी सूत्र – *Daśādhyāyī Sūtra.*
Another name of 'Tattvarth Sutra' written by *Acharya* Umasvami.
आचार्य उमास्वामी कृत तत्वार्थसूत्र का अपरनाम; जिसमें दश अध्याय हैं ।

दशानन – *Daśānana.*
Special name of *Pratinarayan*, Ravana, the king of *Rakshas* descendant.
8 वें प्रतिनारायण रावण का विशेष नाम जो कि राक्षस वंश का राजा था ।

दशार्ण – *Daśārṇa.*
Eastern part of Malwa, A country of *Bharat Kshetra* in *Arya Khand* (region).
मालवा का पूर्व भाग, भरतक्षेत्र आर्यखण्ड का एक देश ।

दही – *Dahī.*
Curd.
छह रसों में से एक रस ।

दांडीक – *Dāṁḍīka.*
A country of *Bharat Kshetra* in south *Arya Khand* (region).
भरत क्षेत्र के दक्षिण आर्य खण्ड का एक देश ।

दांत – *Dāṁta.*
Teeth.
दन्त ।

दाता – *Dātā.*
Donator.
दान को देने वाले ।

दातार – *Dātāra.*
Donator of food, medicines etc.
श्रद्धा, भक्ति, संतोष आदि 7 गुणों के साथ आहार आदि दान करने वाला ।

दातार दोष – *Dātāra Doṣa.*
Fault of donator, jealousy, angerness, proud etc.
ईर्ष्या, कपट, खिन्न भाव, क्रोध, अभिमान आदि दातार के दोष हैं ।

दान – *Dāna.*
Donation.
स्व-पर के उपकार के लिए आहार, औषध, ज्ञान व अभय आदि दूसरों को प्रदान करना ।

दानकथा – *Dānakathā.*
A book written by poet Bharamal ji.
कवि भारामल (ई. 1756) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

दानधर्म – *Dānadharma.*
An essential principle of donation.
आहारदान, विद्यादान, औषधि दान आदि का सिद्धान्त ।

दानवीर – *Dānavīra.*
Extremely charitable, A title, Philanthrophist.
महान दानी व्यक्तियों की एक उपाधि; भामाशाह को यह उपाधि प्राप्त थी ।

दानवीर्य – *Dānavīrya.*
The main interrogator in the assembly of Lord Suparshvanath.
सुपार्श्वनाथ भगवान के समवसरण के मुख्य श्रोता (प्रश्नकर्ता) का नाम ।

दानांतराय – *Dānāṁtarāya.*
A type of obstacle related to donation.
अंतराय के पाँच भेदों में से एक; जिसके उदय से मनुष्य दान देने की इच्छा करता हुआ भी नहीं दे पाता है ।

दानांतराय कर्म प्रकृति – *Dānāṁtarāya Karma Prakṛti.*
An obscurring *Karmic* nature in the activity of donation.
अंतराय कर्म का एक भेद; वह कर्म प्रकृति जिसके उदय से कोई दान देना चाहे, परन्तु दे न सके ।

दान्त – *Dānta.*
Sense subdued or controlled.
दमन किया हुआ, नियंत्रित। उत्तमचारित्र वाले मुनियों का एक नाम पञ्चेन्द्रिय विषयों को रोकने में लीन होने से उन्हें दान्त कहा जाता है ।

दामनंदि – *Damanaṁdi.*
Disciple of Sarvachandra and spiritual teacher of Veernandi.
ई. 943-973 में सर्वचन्द्र के शिष्य और वीरनन्दि के गुरु थे ।

दामोदर (कवि) – *Dāmodaram (Kavi).*
Name of a poet of the year 1230.
ई. सन् 1230 के एक कवि जिन्होंने णेमिणाह चरिउ की रचना की ।

दामोदर (ब्रह्म) – *Damodara (Brahma).*
Name of a disciple of Jinachandra *Bhattarak.*

जिनचन्द्र भट्टारक के शिष्य सिरिपाल चरिउ(1450-1514) एवं चंदप्पहचरिउ के रचयिता ।

दारिका – *Dārikā.*
Prostitute.
वेश्या - जो धन के लिए पुरुष का सेवन करती है ।

दारू – *Dārū.*
A typt of wine, A king of *Yadu* dynasty.
शराब, यदु (यादव) वंश का एक राजा ।

दारूवेणि – *Dārūveṇi.*
A river of *Arya Khand* (region).
आर्य खण्ड की एक नदी ।

दार्शनिक श्रावक – *Dārśanika Śravaka.*
See - *Darśana Śrāvaka.*
देखें - दर्शन श्रावक ।

दावाग्नि – *Dāvāgni.*
Forest conflagration (burning of forest).
जंगल की अग्नि ।

दासत्व – *Dāsatva.*
Servitude; being in the service of God.
सेवकपने की भावना; सम्यग्दृष्टि का वात्सल्य गुण; सिद्ध प्रतिमा, जिनबिम्ब, जिनमन्दिर, चार प्रकार के संघ में और शास्त्रों में वात्सल्य भाव भी दासत्व कहलाता है ।

दासी दास – *Dāsī Dāsa.*
Men and women servants.
10 प्रकार के बाह्य परिग्रह में एक-स्त्री और पुरुष नौकर ।

दासीदास प्रमाणातिक्रम – *Dasīdāsa Pramāṇātikrama.*
An infraction of possessional limitation of keeping servents.
परिग्रह परिमाणव्रत का एक अतिचार; दास दासी के लिए हुए प्रमाण का उल्लंघन करना ।

दिक् – *Dik.*
Directions, A mountain situated in *Lavan* ocean.
दिशाएँ, लवण समुद्र में स्थित एक पर्वत ।

दिक्पालबलि शुद्धि – *Dikpālabali Śuddhi.*
A particular kind of obstacle removing ritual activity to be observed in Panchkalyanak Pratishtha with three cirumabulation of Mandap & auspicious offerings.
दशदिक्पालों की पूजा; पंचकल्याणक प्रतिष्ठा आदि महान अनुष्ठान कार्यों में विघ्नों को दूर करने के लिए मंदिर या मण्डप की तीन प्रदक्षिणा देते हुए विशेष नैवेद्य आदि को अर्पण करते हुए यह विधि प्रतिष्ठाचार्य यजमान से सम्पन्न कराते हैं ।

दिक्कुमार देव – *Dikkumāra Deva.*
A type of deities having residence (Bhavanvasi).
भवनवासी देवों के 10 भेदों में एक भेद ।

दिक्कुमारी – *Dikkumārī.*
Eight particular female deities who come to serve the mother of Tirthankars (Jaina-Lords).
श्री, ह्री, धृति, कीर्ति, बुद्धि, लक्ष्मी, शांति और पुष्टी से आठ दिक्कुमारी देवियाँ हैं जो तीर्थंकर माता की सेवा करने के लिए आती हैं (प्रतिष्ठा तिलक के आधार से) ।

दिक् वास – *Dik Vāsa.*
A mountain situated in *Lavan* ocean.
लवण समुद्र में स्थित एक पर्वत ।

दिक्शुद्धि – *Dik Śuddhi.*
Directional purity, an activity of Jaina saints for Svadhyay.
धवला आदि सिद्धान्त ग्रंथों के स्वाध्याय हेतु की जाने वाली एक विशेष क्रिया; पिछली रात्रि में वैरात्रिक स्वाध्याय के पश्चात् चारों दिशाओं में 27-27 श्वासोच्छ्वासपूर्वक 9-9 बार णमोकार मंत्र पढ़कर पौर्वाण्हिक स्वाध्याय हेतु दिक्शुद्धि की जाती है। इसी प्रकार पौर्वाण्हिक (प्रातःकालीन) स्वाध्याय के पश्चात् अपरान्हिक स्वाध्याय हेतु 21-21 उच्छ्वासों में 7-7 बार चारों दिशाओं में णमोकार मंत्र पढ़ा जाता है और अपरान्हिक स्वाध्याय के पश्चात् पूर्व रात्रिक स्वाध्याय हेतु 15-15 उच्छ्वासों में 5-5 बार चारों दिशाओं में णमोकार मंत्र पढ़ा जाता है। ये दिक् (दिशा) शुद्धि कहलाती है ।

दिगंतरक्षित – *Digaṁtarakṣita.*
A type of deities.
लौकांतिक देवों का एक भेद इनकी संख्या 25025 है ।

दिगंतर गति – *Digaṁtara Gati.*
Unnatural movement of soul.
जीव की विभाव गति अर्थात् कर्म वश नीचे, तिरछे, और ऊपर गति करना ।

दिगंबर – *Digaṁbara.*
A Jain saint living sacrificial and passionless life with nakedness.
दिशारूपी वस्त्र को धारण करने वाले नग्न जैनमुनि अथवा जैनमुनियों की जिनमुद्रा।

दिगंबर संघ – *Digaṁbara Saṁgha.*
Group of Digambar Jain saints.
मूल दिगम्बर जैन साधु संघ ।

दिग् विरति – *Dig Virati.*
A vow of restriction pertaining to movement in particular direction.
दशों दिशाओं में गमनागमन की मर्यादा करना ।

दिगम्बर आम्नाय – *Digambara Āmnāya.*
A sect of Jaina.
जैनों में वह भेद (मत) जो साधु एवं भगवान को निर्ग्रंथ वस्त्रादि रहित दिगम्बर मानते हैं। वर्तमान में जैनधर्म में दो आम्नाय प्रचलित हैं-दिगम्बर एवं श्वेताम्बर। उनमें से अनादिकाल से चली आ रही प्राचीन दिगम्बर आम्नाय है ।

दिगम्बर प्रतिमा – *Digambara Pratimā.*
Idol of Lord Arihant and Siddha with natural appearance.
अरहंत सिद्ध की ध्यानमई नग्न मूर्ति ।

दिगम्बर मुद्रा – *Digambara Mudrā.*
Nackedness, natural image.
दिगम्बरपने को दिखाने वाली मूर्ति या मुनि का वेश ।

दिगम्बर मुनि (साधु) – *Digambara Muni (Sādhu).*
Digambar saints, free from all worldly attachments.
नग्न; वस्त्र आभूषण आदि समस्त परिग्रह रहित साधु, जो इन्द्रिय विजयी 28 मूलगुणधारी होते हैं एवं जीवदया पालन हेतु मोर पंख की पिच्छी व शरीर शुद्धि हेतु जल के लिए काष्ठ का कमंडलु रखते हैं ।

दिगवलोकन – *Digavalokana.*
An infraction of meditative relaxation (Kayotsarga) (to watch in all directions).
कायोत्सर्ग का एक अतिचार; आठों दिशाओं की तरफ देखना।

दिगाचार्य – *Digācārya.*
Acharyas having knowledge of all directions.
सर्व दिशाओं के ज्ञाता आचार्य ।

दिग्गजेंद्र – *Diggajeṁdra.*
Mountains in *Bhadrashal* forest in either side of *Sumeru* mountain in *Videh Kshetra* (region).
विदेह क्षेत्र में सुमेरू पर्वत के दोनों ओर भद्रशाल वन में सीता व सीतोदा नदी के तट पर स्थित दो-दो पर्वत ।

दिग्नाग – *Dignāga.*
Name of a Bauddhist personality
एक बौद्ध विद्वान ।

दिग्पाल – *Digpāla.*
A type of guardian deities.
दिक्कुमार जाति के देव; लोकपाल इन्हीं देवों में से होते हैं ।

दिग्वसतिका – *Digvasatikā.*
Name of a dominion (*Sabhabhumi*) of Bharat Chakravarti.
भरत चक्रवर्ती की 5वीं विभूति 'सभाभूमि' का नाम ।

दिग्वास – *Digvāsa.*
Former name of *Digambar* Jain community.
A name of Jain Lord.
दिगम्बर सम्प्रदाय को पूर्व में निर्ग्रन्थ श्रमण संघ के नाम से पुकारा जाता था। उपरांत वह दिग्वास और फिर दिगम्बर कहलाने लगा। भगवान के 1008 नामों में से एक नाम ।

दिग्वासी देव – *Digvāsī Deva.*
Peripatetic celestials (deities).
व्यंतर देव का अपर नाम ।

दिग्विजय – *Digvijaya.*
Great victory or world conquest.
महान विजय अर्थात् चक्रवर्ती द्वारा छह खंडों की विजय ।

दिग्व्रत – *Digvrata.*
A great vow of renouncement (restrictions in place wandering, business etc.).
प्रथम गुणव्रत; दिशाओं विदिशाओं में जाने का एवं व्यापारादि करने की मर्यादा का नियम कर लेना ।

दिन – *Dina.*
A day (from sunrise to sunset).
सूर्योदय से सूर्यास्त तक का समय ।

दिनकर – *Dinakara.*
The sun, Name of ruling deity of a lunar *'Hast'*.
सूर्य, 'हस्त' नक्षत्र के अधिपति देवता का नाम ।

दिनप्रतिमायोग – *Dinapratimā Yoga.*
A type of physical mortification, An external austerity.
एक प्रकार का कायक्लेश तप ।

दिनेश – *Dineśa.*
The Sun.
सूर्य ।

दिवस पृथक्त्व – *Divasa Pṛthaktva.*
A duration of three to nine days.
3 से 9 दिन के बीच के दिवस ।

दिवाकरनंदि – *Divākaranaṁdi.*
Disciple of Chandrakirti and spiritual teacher of Shubhchandra.
ई. 1068-1098 में चन्द्रकीर्ति के शिष्य तथा शुभचन्द्र के गुरु थे।

दिवा भोजन – *Divā Bhojana.*
To take food during only day time.
दिन में भोजन करना (रात्रि भोजन का त्याग करना) ।

दिवा मैथुन त्याग – *Divā Maithuna Tyāga.*
Renouncement of sensual enjoyment during day time (6th model stage of householders).
श्रावक की 11प्रतिमाओं में छठी प्रतिमा; दिन में मैथुन सम्बंधी चेष्टा का त्याग करना (कहीं इस प्रतिमा का नाम रात्रिभुक्ति त्याग भी है) ।

दिव्य – *Divya.*
Super natural, divine.
दैविक,अलौकिक ।

दिव्यतिलक – *Divyatilaka.*
A city in the north of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर ।

दिव्यध्वनि – *Divyadhvani.*
Resonant preaching of Lord Arihant, omniscient revelation in the form of *Omkar* sound.
केवलज्ञान होने के पश्चात् अर्हंत भगवान के सर्वांग से एक विलक्षण गर्जना रूप ऊँकार ध्वनि खिरना ।

दिव्यपाद – *Divyapāda.*
Name of 23rd predestined *Tirthankar* (Jaina-Lord).
जम्बूद्वीप भरतक्षेत्र में स्थित 23 वें भाविकालीन तीर्थंकर का नाम (हरिवंशपुराण के आधार पर), दूसरे ग्रंथों में इनका नाम देवपाल है ।

दिव्यपुर – *Divyapura.*
A part of *Samavasarana*, assembly of Lord Arihant.
समवसरण का एक भाग ।

दिव्यभाषा – *Divyabhāṣā.*
Resonant voice of Lord Arihant (*Divyadhvani*).
नाना भाषाओं (718) में परिणत होने के अतिशय से सम्पन्न अर्हद्वाणी (दिव्यध्वनि) ।

दिव्यभूमि – *Divyabhūmi.*
The assembly land of Lord Arihant.
स्वाभाविक भूमि से एक हाथ ऊंची समवसरण की भूमि, इसके एक हाथ ऊपर कल्पभूमि होती है। हरिवंशपुराण के आधार से यह व्यवस्था मानी है तथा तिलोयपण्णत्ति में एक हाथ ऊपर से एक-एक हाथ ऊँची बीस हजार सीढ़ियाँ मानी हैं ।

दिव्य मनुष्य – *Divya Manuṣya.*
Some Jaina great personalities.
देवपूजित शलाका पुरुष, कामदेव और विद्याधर ।

दिव्ययोजन – *Divyayojana.*
An area unit.
क्षेत्र का प्रमाण विशेष ।

दिव्य रत्न – *Divya Ratna.*
A divine gem.
चक्रवर्ती की विभूति का एक रत्न, इसकी रक्षा देव करते हैं ।

दिव्यवाद – *Divyavāda.*
See – *Divyapāda.*
देखें – दिव्यपाद ।

दिव्या – *Divyā.*
A division of *Indras* – celestial deities.
चार उत्तम जातियों में एक इन्द्र की जाति ।

दिव्याष्टगुण – *Divyāṣṭaguṇa.*
Eight virtues of salvated one.
सिद्ध परमेष्ठी के 8 गुण; अनंतज्ञान, अनंतदर्शन, अव्याबाधत्व, सम्यक्त्व, अवगाहनत्व, सूक्ष्मत्व, अगुरुलघुत्व, अनंतवीर्य ।

दिव्यौषध – *Divyauṣadha.*
A divine medicine, A city in the south of *Vijayardh* mountain.
सर्वरोगविनाशक एक दैविक औषधि, विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर ।

दिश संस्थित – *Diśa Saṁsthita.*
Name of a planet.
एक ग्रह ।

दिशांजय क्रिया – *Diśāṁjaya Kriyā.*
A type of auspicious activity (winning the universe).
गृहस्थ की गर्भान्वय आदि 53 क्रियाओं में एक क्रिया-षट् खण्ड सहित समुद्रान्त पृथिवी को जीतकर वहाँ अपनी सत्ता स्थापित करना ।

दिशा – *Diśā.*
Direction (east, west etc.), Name of a planet.
पूर्व, पश्चिम आदि दिशा, ज्योतिष के 88 ग्रहों में 50 वां ग्रह ।

दिशामंत्य – *Diśāmaṁtya.*
Another name of Sumeru mountain.
सुमेरू पर्वत का अपरनाम ।

दिशामादि – *Diśāmādi.*
See - *Diśāmaṁtya.*
देखें – दिशामंत्य ।

दिशामुत्तर – *Diśāmuttara.*
See - *Diśāmaṁtya.*
देखें – दिशामंत्य ।

दिशा-विदिशा – *Diśās-Vidiśā.*
Directions & subdirections.
पूर्व पश्चिम आदि 4 दिशा एवं ईशान आग्नेय आदि 4 विदिशा कहलाती हैं ।

दीक्षा – *Dīkṣā.*
Initiation, Consecration for a religious ceremony, an act of undertaking religious observances.
वैराग्य की उत्तम भूमिका को प्राप्त होकर अपने सब सगे संबंधियों से क्षमा मांगकर गुरू की शरण में जाकर संपूर्ण परिग्रह का त्याग कर देना ।

दीक्षाकाल – *Dīkṣākāla.*
Time period of *Diksha* (initiation or consecration).
दीक्षा ग्रहण करने का समय ।

दीक्षागुरु – *Dīkṣāguru.*
Preceptor (a spiritual teacher) granting initiation.
दीक्षा देने वाले गुरु ।

दीक्षाचार्य – *Dikṣācārya.*
Initiation – preceptor, Initiator.
दीक्षा देने वाले आचार्य ।

दीक्षाद्यक्रिया – *Dīkṣādyakriyā.*
Undertaking *Diksha* as a junior saint (Kshullak).
गर्भान्वयी आदि 53 क्रियाओं में एक क्रिया; क्षुल्लक व्रत रूप उत्कृष्ट श्रावक की दीक्षा लेना ।

दीक्षाविधि – *Dīkṣāvidhi.*
Procedure for granting *Diksha* (consecration or initiation).
कृतिकर्म; सिद्ध भक्ति, योगि भक्ति, लोंचकरण, नामकरण, नाग्न्य प्रदान, पिच्छिका प्रदान, सिद्ध भक्ति आदि विधि ।

दीक्षित – *Dīkṣita.*
Initiated one.
जिसने दीक्षा धारण की हो ।

दीतिदेवी – *Dītidevī.*
Female deity of 'Dharnendra'.
धरणेन्द्र की देवी ।

दीनता – *Dīnatā.*
Wretchedness.
दयनीय अवस्था, गरीबी, दरिद्रता ।

दीप – *Dīpa.*
A lighted lamp, An auspicious device which is to be kept near idol in the temple, A worshipping article.
मंदिरों में प्रतिमा के समीप रहने वाले 108 उपकरणों में से एक, पूजा साम्रगी का एक द्रव्य ।

दीपन – *Dīpana.*
A king of *Hari* dynasty.
हरिवंश का एक राजा ।

दीपमालिका व्रत – *Dīpamālikā Vrata.*
A vow of Deepawali festival.
कार्तिक कृ. 30 को वीरनिर्वाण के दिन उपवास करना, शाम को दीपक जलाना एवं भगवान महावीर स्वामी का मंत्र जाप्य करना ।

दीपसेन – *Dīpasena.*
Name of an *Acharya*, disciple of *Acharya* Nandisen.
आचार्य; नंदिसेन के शिष्य तथा धरसेन के गुरू (श्रुतावतार से भिन्न कथानुसार) ।

दीपांग – *Dīpāṁga.*
A type of wish fulfilling tree (*Kalpavraksha*) providing lighted lamps.
कल्पवृक्षों का एक भेद, जो दीप प्रदान करते थे ।

दीपावली – *Dīpāvalī.*
A great festival; the day when *Nirvan* (Liberation) of Lord Mahavira took place.
एक त्यौहार; महावीर भगवान का निर्वाण दिवस। इस दिन भगवान महावीर ने पावापुरी जलमंदिर से निर्वाण प्राप्त किया था तब देवों ने आकर दीपमालिका सजाई थी ।

दीप्त ऋद्धि – *Dīpta Ṛddhi.*
A type of supernatural power of increasing lustre in the body like Sun.
जिस ऋद्धि के प्रभाव से सूर्य के समान शरीर की दीप्ति बढ़ती है ।

दीप्ति – *Dīpti.*
Effulgence, Lustre, Radiance.
तेज,चमक,प्रभा। इक्ष्वाकुवंशी एक राजा का नाम ।

दीर्घ अक्षर – *Dīrgha Akṣara.*
A word with two syllables (Matra).
दो मात्रा वाला अक्षर ।

दीर्घतपस्वी – *Dīrghatapasvī.*
One deeply involved in austerity.
ऊंची (बड़ी) तपस्या करने वाला ।

दीर्घदंत – *Dīrghadaṁta.*
Name of a predestined *Chakravarti.*
भविष्यकालीन द्वितीय चक्रवर्ती ।

दीर्घदर्शी – *Dīrghadarśī.*
One foresighted, discerning or learned.
दूरदर्शी; दूर तक की बात सोचने वाला ।

दीर्घ बाहु – *Dīrgha Bāhu.*
Long arms, A king of *Hari* dynasty.
लंबी बांहें, हरिवंश का एक राजा ।

दीर्घवृत्ताकार – *Dīrghavṛttākāra.*
Elliptical figure.
अण्डवृत्ताकार ।

दुःख – *Duḥkha.*
Sorrow, Grief, Trouble, Pain.
असातावेदनीय के उदय से होने वाला खेद व आकुलतारूप परिणाम ।

दुःखदायक – *Duḥkhadāyaka.*
Pain causing activities.
दुःख देने वाली भावना, कार्य आदि जैसे हिंसादि पांच पाप इस लोक और परलोक में दुख देने वाले हैं ।

दुःख निरोध – *Duḥkha Nirodha.*
Cessation of sorrow.
दुःख का अभाव अथवा दुःख को रोक देना ।

दुःखमा काल – *Duḥkhamā Kāla.*
See – *Duṣamā Kāla.*
देखें – दुषमा काल ।

दुःखरूप – *Duḥkharūpa.*
Irksome, Troublesome, Distressing.
हिंसादि पाप दुःख के कारण होने से दुखरूप कहलाते हैं ।

दुःख वेदनीय – *Duḥkha Vedanīya.*
Pain causing *Karmas.*
असाता वेदनीय कर्म ।

दुःखसमुदय – *Duḥkhasamudaya.*
Causal chain of sorrow.
दुःख का समूह ।

दुःपक्व आहार – *Duḥpakva Āhāra.*
A fault related to food; articles not well cooked or digested.
भोगोपभोगपरिमाण शिक्षाव्रत का एक अतिचार; अधपके और अधिक पके आहार का ग्रहण करना ।

दुःप्रणिधान – *Duḥpraṇidhāna.*
Arrogant or Illusive tendency (an infraction).
सामायिक शिक्षा व्रत का एक अतिचार। सामायिक के समय मन-वचन-काय की प्रवृत्ति रागरूप या प्रमादरूप होना ।

दुःप्रमाण – *Duḥpramāṇa.*
Results of wrong conceptions.

मिथ्याप्रमाण, मिथ्यात्व से जिस समय कोई तत्वविचार करता है तब उस समय उसके लिये प्रमाण भी दुःप्रमाण हो जाता है ।

दुःशासन – *Duḥśāsana.*
The son of Dhritrashtra.
धृतराष्ट्र का पुत्र, जिसने सती द्रौपदी का अपमान किया था ।

दुःश्रुति – *Duḥśruti.*
Listening false scriptures (related to misguiding or instigating).
अनर्थदण्ड का एक भेद। चित्त को मलिन करने वाले शास्त्रों का सुनना ।

दुःस्वर नाम कर्म प्रकृति – *Duḥsvara Nāma Karma Prakṛti.*
A *Karmic* nature causing bad voice.
एक कर्म प्रकृति जिसके उदय से स्वर अच्छा न मिले ।

दुगुंछा – *Duguṁchā.*
Disgust.
ग्लानि ।

दुग्ध – *Dugdha.*
Milk.
दूध-छह रसों में एक रस ।

दुग्धरसी व्रत – *Dugdharasī Vrata.*
A vow in which only milk is to be taken.
भाद्रपद शुक्ल 12 को विधिपूर्वक 12 वर्ष तक व्रत करते हुए केवल दूध का आहार लेना ।

दुग्धवारिधि – *Dugdhavāridhi.*
Name of the ocean of milk, another name of Ksheer ocean.
मध्यलोक के पाँचवे समुद्र क्षीरसागर का अपरनाम; इसी समुद्र से तीर्थंकरों के जन्माभिषेक का जल इन्द्रों द्वारा लाया जाता है तथा इसी में तीर्थंकरों द्वारा लुंचित केशराशि का क्षेपण किया जाता है ।

दुन्दुभक (दुन्दुभि) – *Dundubhaka (Dundubhi).*
Name of a planet.
एक ग्रह का नाम ।

दुन्दुभीनाद – *Dundubhīnāda.*
An auspicious emblem of Lord (sound of kettle-drum).
भगवान के आठ प्रातिहार्यों में एक प्रातिहार्य एवं पंचाश्चर्यवृष्टि में से एक (नगाड़े की आवाज) ।

दुराग्रही श्रोता – *Durāgrahī Śrota.*
Wrong pursuer (a type of obstinate listener).
अनुचित आग्रह करने वाला हठी श्रोता ।

दुर्गंध नामकर्म – *Durgaṁdha Nāmakarma.*
The *Karma* causing bad odour in body.
वह कर्मप्रकृति जिससे शरीर में दुर्गंध हो ।

दुर्गंधा – *Durgaṁdhā.*
A girl, having bad smelling body.
दुर्गन्धित शरीर प्राप्त एक कन्या; जिसे पूर्वभव में दिगम्बर मुनिराज को कडुवी तुमड़ी का आहार देने के पाप से यह दशा प्राप्त हुई थी। पुनः सुगंधदशमी व्रत के प्रभाव से वह सुगंधा बन गई। (विशेष वर्णन सुगंधदशमी व्रत कथा में देखें) ।

दुर्गम – *Durgama.*
Inaccessible.
जहां पहुंचना कठिन हो ।

दुर्गाटवी – *Durgāṭavī.*
A hermitage on the mountain.
पर्वत के ऊपर वसती ।

दुर्जन – *Durjana.*
A villain, scoundrel, Cruel.
दुष्ट, दुराचारी व्यक्ति ।

दुर्दर – *Durdara.*
An infraction of meditative relaxation, A mountain of *Bharat Kshetra* middle *Arya Khand* (region).
कायोत्सर्ग एवं वंदना का एक अतिचार, भरतक्षेत्र मध्य आर्यखण्ड के मलयगिरि के निकट स्थित एक पर्वत ।

दुर्दर्श – *Durdarśa.*
A king of *Yadu* dynasty.
यदु (यादव) वंश का एक राजा ।

दुर्दान्त – *Durdānta.*
Rampant, Violent, of aggressive nature, uncontrolled.
जिसको वश में करना कठिन हो ।

दुर्द्धर – *Durddhara.*
Extraordinary difficult (penance etc.) A king of *Yadu* dynasty, A city in the north of *Vijayardh* mountain.
कठिन (तपस्या आदि), यदु (यादव) वंश का एक राजा, विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर ।

दुर्ध्यान – *Durdhyāna.*
Sorrowful & aggressive conception (i.e. Artta & Raudra Dhyan).
आर्त और रौद्र ध्यान, ये संसार के कारण हैं ।

दुर्नय – *Durnaya.*
False standpoint or viewpoint.
एक-दूसरे की अपेक्षा न करके एकांत से किसी विषय का प्रतिपादन करने वाला नय जैसे-जीव नित्य ही है। इसे मिथ्यानय भी कहते हैं ।

दुर्भग नामकर्म प्रकृति – *Durbhaga Nāma Karma Prakṛti.*
A *Karmic* nature pertaining to unfortune (reg. awkward body).
दुर्भाग्य से संबंधित एक कर्म प्रकृति, जिसके उदय से बेडौल, कुरूप शरीर प्राप्त होता है ।

दुर्भाषा – *Durbhāṣā.*
Rude, Violent, Merciless & husky language.
कर्कश, कटु, निष्ठुर, परकोपी, जीवों की हिंसा करने वाली

आदि भाषा ।

दुर्भिक्ष – *Durbhikṣa.*
Dearth, Famine.
अकाल ।

दुर्मुख – *Durmukha.*
Name of the 7th *'Narada'*.
सप्तम नारद, जरासंध का पुत्र ।

दुर्योधन – *Duryodhana.*
The eldest son of Dhritrashtra.
धृतराष्ट्र का पुत्र, दुःशासन आदि सौ भाइयों का अग्रज ।

दुर्विनीत – *Durvinīta.*
Uncultured.
असभ्य, अविनयी ।

दुश्चित्त – *Duścitta.*
Of evil intention or motive, wicked.
कुत्सित अभिप्राय अथवा बुरे विचारों वाला ।

दुश्शासन – *Duśśāsana.*
See - *Duḥśāsana.*
देखें – दुःशासन ।

दुश्श्रुति – *Duśśruti.*
See - *Duḥśruti.*
देखें – दुःश्रुति ।

दुषमा काल – *Duṣamā Kāla.*
A period of 21000 years is called one *Dushama Kal* or misery period (presently this period is going on).
अवसर्पिणी काल का 5 वां और उत्सर्पिणी काल का दूसरा भेद। इस काल का समय 21 हजार वर्ष का होता है (वर्तमान में यही काल चल रहा है।) ।

दुषमा दुषमा काल – *Duṣamā Duṣamā Kāla.*
A period of 21000 years, time of penury or period of decay (this period will occur after 18500 years).
अवसर्पिणी काल का छठा 21000 वर्ष का काल। इस काल में धर्म, अग्नि और राजा इन तीनों का अभाव होने से केवल अधर्मरूप क्रियाएँ होती हैं, इसमें मनुष्य पशुवत् आचरण करता है एवं वर्तमान से लगभग 18500 वर्ष बाद यह काल आयेगा। इस काल में तीर्थंकर आदि त्रेसठ शलाका महापुरुष जन्म लेते हैं ।

दुषमा सुषमा काल – *Duṣamā Suṣamā Kāla.*
Period of about one Korakori Sagar (a long period of crores of years) is called *Dushama Sushama Kala* i.e. period with misery and pleasure.
अवसर्पिणी काल का चौथा और उत्सर्पिणी काल का तीसरा भेद। यह 42 हजार वर्ष कम एक कोडाकोडी सागर का होता है ।

दुष्कृत – *Duṣkṛta.*
Bad deeds.
कुत्सित-खोटा कार्य; बुरा कार्य ।

दुष्टनिग्रह – *Duṣṭanigraha.*
To punish the corrupted, wicked or vicious persons.
दुष्टों को दंड देना (राजा या क्षत्रिय का एक कर्त्तव्य) ।

दुष्ट प्रमृष्ट निक्षेप – *Duṣṭa Pramṛṣṭa Nikṣepa.*
Placing something carelessly (a type of Ajivadhikaran).
अजीवाधिकरण का एक भेद; दुष्टता पूर्वक असावधानी से वस्तु को रखना ।

दुष्टवाक्यानुस्मरण – *Duṣṭavākyānusmaraṇa.*
Adoption of fallacious speech (remembering of cruel thoughts)
कलुषित वचनों का स्मरण करना ।

दुष्प्रकृष्ट – *Duṣprakṛṣṭa.*
With having much cruelty or wickedness.
बुराई की उत्कृष्टता ।

दुष्प्रणिधान – *Duṣpraṇidhāna.*
See - *Duḥpraṇidhāna.*
देखें – दुःप्रणिधान ।

दुष्प्रत्याख्यान – *Duṣpratyākhyāna.*
Bad renunciation.
खोटा त्याग। जैसे-दिन में भोजन त्याग करके रात में खाना ।

दुष्प्रमाण – *Duṣpramāṇa.*
See - *Duḥpramāṇa*
देखें – दुःप्रमाण ।

दुष्प्रमार्जित निक्षेप – *Duṣpramārjita Nikṣepa.*
Placing something carelessly or wrongfully.
अजीवाधिकरण के भेद निक्षेप का एक उपभेद; दुष्टतावश असावधानी से वस्तु को रखना ।

दुष्प्रयुक्त निक्षेप – *Duṣprayukta Nikṣepa.*
Involvement in wicked and vicious activities.
अजीवाधिकरण का एक भेद; मन वचन काय की दुष्टता पूर्वक प्रवृत्ति करना ।

दुस्वर नामकर्म – *Dusvara Nāmakarma.*
Karmic nature causing bad voice.
नामकर्म की एक प्रकृति; जिसके उदय से स्वर खराब हो ।

दूत – *Dūta.*
A messanger.
संदेशवाहक ।

दूध – *Dūdha.*
See - Milk.
देखें – दुग्ध ।

दूर घ्राणत्व ऋद्धि – *Dūra Ghrāṇatva Ṛddhi.*
A supernatural power of super-distantial attainment of smelling .
जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु को घ्राण-इन्द्रिय के उत्कृष्ट विषय क्षेत्र से भी संख्यात योजन दूर स्थित गंध जानने की सामर्थ्य प्राप्त होती है ।

दूर दर्शित्व ऋद्धि – *Dūra Darśitva Ṛddhi.*
A supernatural power of super-distantial attainment of vision.
जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु को चक्षु इन्द्रिय के उत्कृष्ट विषय क्षेत्र से भी संख्यात योजन दूर स्थित वस्तु को देखने की सामर्थ्य प्राप्त होती है ।

दूर प्रकृष्टि – *Dūra Prakṛṣṭi.*
Magnetic effect (as a quality), Power of attraction.
दूर से खींचना ।

दूरभव्य – *Dūrabhavya.*
False believers.
मिथ्यादृष्टि जीव, जो बहुत ज्यादा काल में मुक्त होते हैं अर्थात् जो आगे जाकर ये स्वीकार करेंगे कि केवली भगवान् का सुख सर्व सुखों में उत्कृष्ट है ।

दूरवर्ती – *Dūravartī.*
Something situated at a long distance like Sumeru mountain etc.
अपने से दूर स्थित पदार्थ जैसे-सुमेरु पर्वत आदि ।

दूर श्रवणत्व ऋद्धि – *Dūra Śravaṇatva Ṛddhi.*
A super distantial power of hearing.
बुद्धि ऋद्धि का एक प्रकार; जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु को श्रोत्र इन्द्रिय के उत्कृष्ट विषय क्षेत्र से भी संख्यात योजन दूर स्थित ध्वनि या शब्दों को सुनने की सामर्थ्य प्राप्त होती है ।

दूरस्पर्शत्व ऋद्धि – *Dūrasparśatva Ṛddhi.*
A supernatural power of remote touching.
बुद्धि ऋद्धि का एक प्रकार (स्पर्श से संबंधित); जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु को स्पर्शन इन्द्रिय के उत्कृष्ट विषय क्षेत्र से भी संख्यात योजन की दूरी पर स्थित ठंडा गर्म आदि सभी प्रकार के स्पर्श को जान लेने की सामर्थ्य प्राप्त होती है ।

दूरातिदूर भव्य – *Dūrātidūra Bhavya.*
Beings who can never get salvation due to some external reasons.
जिनके बाहरी कारण सम्यग्दर्शनादि के न मिलने पर अनंतकाल में भी मोक्ष नहीं होता है (अभव्य जीवों के समान) ।

दूरापकृष्टि – *Dūrāpakṛṣṭi.*
A type of *Krishti* (gradual destruction of passions).
कर्मों का स्थितिकाण्डकघात होते-होते जब सबसे जघन्य पल्योपम के संख्यातवें भाग प्रमाण स्थिति शेष रह जाती है वह स्थिति दूरापकृष्टि है ।

दूरार्थ – *Dūrārtha.*
Far reaching, far off (related to great personalities, places etc.).
जो पदार्थ क्षेत्र से दूर है या काल की अपेक्षा राम, रावण आदि दूरार्थ कहलाते हैं ।

दूरास्वादित्व ऋद्धि – *Dūrāsvāditva Ṛddhi.*
Super distantial attainment of taste.
जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु को रसना इन्द्रिय के उत्कृष्ट विषय क्षेत्र से भी संख्यात योजन दूर स्थित खट्टे, मीठे आदि अनेक प्रकार के रसों का स्वाद लेने की सामर्थ्य प्राप्त होती है।

दूषण – *Dūṣaṇa.*
Contaminating, Disgracing, Blaming.
आक्षेप, दोष, अवगुण, दोष लगने की क्रिया या भाव ।

दूषणाभास – *Dūṣaṇābhāsa.*
Wrong blame.
असत्य आरोप, झूठा दोष ।

दृग – *Dṛga.*
Eyes.
नेत्र, लोचन, चक्षु, आँख, नयन ।

दृढ़चर्याक्रिया – *Dṛṛhacaryākriyā.*
To have strict faith in own philosophy.
दीक्षान्वय की 48 क्रियाओं में एक; शास्त्र के अर्थ का अवधारण करके स्वमत में दृढ़ता धारण करना ।

दृढ़नेमि – *Dṛṛhanemi.*
A king of *Yadu* dynasty.
यदु (यादव) वंश का एक राजा, समुद्र विजय का पुत्र ।

दृढ़रथ – *Dṛṛharatha.*
Name of a king of *Yadu* dynasty.
यदु (यादव) वंश के एक राजा का नाम ।

दृढ़राज्य – *Dṛṛharājya.*
Father's name of Lord Sambhavnath.
संभवनाथ तीर्थंकर के पिता का नाम (दृढ़राज) ।

दृढ़व्रत – *Dṛṛhavrata.*
Irrevokable vow.
अखंड व्रत ।

दृश्यकला – *Dṛśyakalā.*
Visual art.
दिखने या दिखाने वाली कला ।

दृश्यचित्र – *Dṛśyacitra.*
Landscape painting, picturesque.
दिखलाई देने वाला चित्र ।

दृश्यमान द्रव्य – *Dṛśyamāna Dravya.*
Visible objects.
वर्तमान समय में दिखाई देने वाला द्रव्य; किसी भी स्पर्धक या कृष्टि आदि में पूर्व का द्रव्य या निषेक या वर्गणाएँ तथा नया मिलाया गया द्रव्य दोनों मिलकर दृश्यमान द्रव्य होता है ।

दृष्ट – *Dṛṣṭa.*
An infraction of meditative relaxation, Perceived, seen.
कायोत्सर्ग एवं वंदना का एक अतिचार; दिशाओं की तरफ देखना अथवा दूसरे देखें तब अधिक उत्साह से स्तुति करना ।

दृष्टांत – *Dṛṣṭāṁta.*
Illustration, Example, Instance.
हेतु की सिद्धि में साधनभूत कोई दृष्ट पदार्थ जिससे कि वादी व प्रतिवादी दोनों सम्मत हों ।

दृष्टा – *Dṛṣṭā.*
Eye witness.
देखने वाला ।

दृष्टान्ताभास – *Dṛṣṭāntābhāsa.*
False citation (a kind of imaginary perception).
असत्य दृष्टांत, जो दृष्टांत सदृश दिखते हुए भी असत्य होता है ।

दृष्टि – *Dṛṣṭi.*
View, Sight, Vision.
दर्शन, देखने की वृत्ति, अवलोकन, चक्षु प्रकाश आदि ।

दृष्टिनिर्विष ऋद्धि – *Dṛṣṭinirviṣa Ṛddhi.*
A type of supernatural power (making one cured by casting a glance of a saint).
जिस ऋद्धि के प्रभाव से प्रसन्नचित्त साधु के द्वारा देखने मात्र से रोग व विष से पीड़ित जीव स्वस्थ और निर्विष हो जाता है ।

दृष्टिप्रवाद – *Dṛṣṭipravāda.*
A part of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
द्वादशांग श्रुत का 12 वाँ अंग जिसमें 363 मिथ्यात्व मतों का निराकरण है, यह दृष्टिवाद का अपरनाम है ।

दृष्टिभेद – *Dṛṣṭibheda.*
Differences in view or vision.
विचारों में या दृष्टिकोण में भेद या अंतर होना ।

दृष्टिवाद – *Dṛṣṭivāda.*
A type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
अंगप्रविष्ट श्रुतज्ञान का बारहवाँ भेद, जिसके 5 भेद हैं–परिकर्म, सूत्र, प्रथमानुयोग, पूर्वगत, चूलिका ।

दृष्टिविष ऋद्धि – *Dṛṣṭiviṣa Ṛddhi.*
A type of supernatural power (reg. a look causing curse).
जिसके बल से रोषयुक्त हृदय वाले महर्षि के द्वारा देखा गया जीव सर्प द्वारा काटे गये के समान मर जाता है। जैनसाधु इस ऋद्धि का कभी उपयोग नहीं करते हैं ।

दृष्टिशक्ति – *Dṛṣṭiśakti.*
Power of vision.
दर्शन क्रियारूप शक्ति; जिसमें ज्ञेयरूप आकार का विशेष नहीं है ऐसे दर्शनोपयोगमयी (सत्तामात्र पदार्थ से उपयुक्त होने स्वरूप) है।

देय – *Deya.*
A mathematical quantity.
वह संख्या जो फैलाई हुई (विरलन) संख्या पर रखकर परस्पर गुणित की जाये ।

देयद्रव्य – *Deyadravya.*
Matters to be added into *Nishek* and *Krishti* (specific *Karmic* aggregate).
देने योग्य पदार्थ (व्यवहारिक अर्थ), जो द्रव्य निषेकों व कृष्टियों आदि में जोड़ा जाता है, उसे देय द्रव्य कहते हैं (सैद्धान्तिक अर्थ)।

देयवस्तु – *Deyavastu.*
Things to be donated like food, medicines, books etc.
आहार, औषधि, शास्त्र, अभयदान देने वाली वस्तुएँ । इनके दान से दाता और पात्र दोनों के गुणों में वृद्धि होती है ।

देव – *Deva.*
God, Deity, Celestials.
देव शब्द का प्रयोग अर्हंत व सिद्ध भगवन्तों के लिए तथा देवगति में जन्म लेने वाले संसारी जीवों के लिए होता है ।

देव – *Deva.*
Name of an *Acharya* possessing knowledge of 11 *Angas* and 10 *Purvas*.
भद्रबाहु प्रथम (श्रुत केवली) के पश्चात् दसवें आचार्य जो 11 अंग व 10 पूर्व के धारी हुए। समय – वी. नि. 315-329।

देव ऋद्धि – *Deva Ṛddhi.*
Eight types of supernatural powers (attainments) of deities.
देवों की 8 प्रकार की ऋद्धियाँ–अणिमा, महिमा, लघिमा, गरिमा आदि जिनके निमित्त से वे नाना प्रकार के रूप आदि बनाते हैं ।

देव ऋद्धि दर्शन – *Deva Ṛddhi Darśana.*
A cause of attainment of right faith (perception).
सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति का एक कारण; सौधर्मेन्द्रादिक देवों की महाऋद्धियों को देखकर सामान्य मिथ्यादृष्टि देवों में सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति होती है ।

देवकृत अतिशय – *Devakṛta Atiśaya.*
Fourteen excellences (extraordinary occurrences) of Lord Arihant (done by deities).
तीर्थंकरों के 34 अतिशयों में से 14 अतिशय जो देवों द्वारा किये जाते हैं, जैसे–संख्यात योजनों तक वन असमय में ही पत्र, फूल और फलों की वृद्धि से संयुक्त हो जाते हैं, कंटक और रेती आदि को दूर करती हुई सुखदायक वायु चलने लगती है इत्यादि। तिलोयपण्णत्ति के अनुसार 11 अतिशय केवलज्ञान के एवं देवकृत 13 अतिशय माने गये हैं ।

देवकी – *Devakī.*
The mother's name of Lord Krishna.
कंस की बहन जो वसुदेव को विवाही गई, कृष्ण की माता ।

देवकीर्ति – *Devakīrti.*
An *Acharya*; disciple of Anantveerya.
आचार्य; ई. 990-1040 में अनंतवीर्य के शिष्य व गुणकीर्ति के सहधर्मा थे ।

देवकुरु – *Devakuru.*
A land of enjoyment situated in *Videh Kshetra* (region).
विदेह क्षेत्र में मेरुपर्वत के दक्षिण में स्थित उत्तम भोगभूमि ।

देवकूट – *Devakūṭa.*
Name of a summit of *Chandragiri Vakshar* in western *Videh*.
अपर विदेह स्थित चन्द्रगिरि वक्षार का एक कूट ।

देवगढ़ (तीर्थ) – *Devagaṛha (Tīrtha).*
Name of an ancient place of pilgrimage famous for its artistic sculptures.

म.प्र. का एक प्राचीन तीर्थ, जहाँ की प्राचीन कलाकृतियों एवं उनसे युक्त जैन मंदिर विशेष दर्शनीय हैं ।

देवगति (देव सामान्य) –
Devagati (Deva Sāmānya.)
Celestial form, Divine life course.
संसार परिभ्रमण की 4 गतियों (देव, नारकी, मनुष्य, तिर्यंच) में से एक गति ।

देवगति नामकर्म प्रकृति –
Devagati Nāma Karma Prakṛti.
Karmic nature causing birth in the form of deities.
जिस कर्म के उदय से जीव देवगति में जन्म लेता है ।

देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी –
Devagati Prāyogyānupūrvī.
Shape of the previous body in transmigratory phase while tending to the celestial state (A karmic nature).
नामकर्म; देवगति में जा रहे जीव के आत्मप्रदेशों का आकार पूर्व शरीर आकारवत् रहना ।

देवगत्यानुपूर्वी – *Devagatyānupūrvī.*
See - Devagati Prāyogyānupūrvī.
देखें – देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी ।

देवगर्भ – *Devagarbha.*
A king of *Hari* dynasty, the son of king Bindusar.
हरिवंश का एक राजा, जो राजा बिन्दुसार का पुत्र व शतधनु नृप का पिता था ।

देवगुरु – *Devaguru.*
A *Digambar* Jain saint possessing supernatural power.
एक चारण ऋद्धिधारी मुनि; इन्होंने अंतिम समय में वानर को णमोकार मंत्र सुनाया था जिससे मरकर वह सौधर्म स्वर्ग में चित्रांगद नामक देव हुआ था ।

देवचंद्र – *Devacaṁdra.*
Name of the disciple of 'Maghnandi Kolhapuriya'.
ई. 1133-1163 में माघनन्दि कोल्हापुरीय के शिष्य ।

देवचतुष्क – *Devacatuṣka.*
Quartet of particular *Karmic* nature (reg. celestial beings).
देव गति, देवगत्यानुपूर्वी, वैक्रियिक शरीर व वैक्रियिक अंगोपांग इन 4 कर्मप्रकृतियों का समूह ।

देवच्छंद – *Devacchaṁda.*
A special place (Garbhgrah) in natural (eternal) temples.
अकृत्रिम चैत्यालयों के एक विशेष स्थान का नाम (गर्भगृह) ।

देवजी – *Devajī.*
Name of the writer (*Pandit*) of 'Sammed Shikhar Vilas' etc.
पंडित; सम्मेदशिखर विलास, परमात्म प्रकाश की भाषा टीका के कर्ता ।

देवता – *Devatā.*
Lord, Deities, Celestial beings.
अर्हंत, सिद्ध आदि भगवान अथवा स्वर्ग में रहने वाले देव ।

देवताभास – *Devatābhāsa.*
A false appearance of deities.
देव का आभास; देव न होते हुए भी देव जैसा लगना ।

देवतिलक – *Devatilaka.*
A commentator of 'Kalyanamandir Stotra' (a treatise).
कल्याणमंदिर स्तोत्र के टीकाकार ।

देवत्रिक – *Devatrika.*
Triplet of *Karmic* nature related to celestial body form .
देवगति, देवायु, देवगत्यानुपूर्वी ।

देवत्व – *Devatva.*
State of Godness.
परमात्मपना ।

देवदत्त – *Devadatta.*
A king of *Yadu* dynasty, Name of the writer of 'Jambuswami Charitra'.
यदु (यादव) वंश का एक राजा, शिखर महात्म्य, जम्बूस्वामी चरित्र, चारुदत्तचरित्र के कर्ता एक विद्वान् पंडित ।

देवदत्ता – *Devadattā.*
A reverential palanquin (pertaining to Lord Vimalnath).
एक पालकी; तीर्थंकर विमलनाथ इसी पर आरूढ़ होकर दीक्षा लेने हेतु सहेतुक वन गये थे ।

देवदर्शन – *Devadarśana.*
Paying reverence to Lord- Arihant with proper procedure.
जिनेन्द्र भगवान का विधिपूर्वक दर्शन करना, जिससे करोड़ों उपवास का फल प्राप्त होता है ।

देवदारू – *Devadārū.*
Tree-Cedar, the initiation tree of Lord Parshvanath.
पार्श्वनाथ भगवान के दीक्षा वृक्ष का नाम ।

देवदूष्य – *Devadūṣya.*
Punishable by deities.
देव के द्वारा दण्डनीय ।

देवद्रव्य (देवधन) – *Devadravya (Devadhana).*
Offering auspicious substances for worshipping Lord.
पूजा, चैत्यालय आदि के निमित्त अर्पण किया हुआ द्रव्य ।

देवद्विक – *Devadvika.*
Dyad of *Karmic* nature related to celestial destination.
देवगति व आनुपूर्वी (देवगत्यानुपूर्वी) ।

देवद्विज – *Devadvija.*
The supreme being, Lord Jinendra.
जिनेन्द्र देव, स्वयं भू आदि परमदेव सम्बन्धी रत्नत्रय की शक्ति रूप संस्कार से जन्म लेने वाले ।

देवनंदि – *Devanaṁdi.*
Disciple of Yashonandi and spiritual teacher of Jayanandi.
ई. 336-386 में यशोनन्दि के शिष्य एवं जयनन्दि के गुरू थे।

देवनंदि – *Devanaṁdi.*
1) An *Acharya* who wrote a number of books. 2) Name of a saint, the disciple of Acharya Shri Kunthusagar Maharaj. .
1) आचार्य पूज्यपाद का अपरनाम इन्होंने सर्वार्थसिद्धि, इष्टोपदेश, समाधितंत्र आदि ग्रंथों की रचना की। 2) आचार्यश्री कुंथुसागर जी महाराज के एक प्रसिद्ध शिष्य (ई.श. 20-21) ।

देवपाल – *Devapāla.*
Name of the predestined 23rd *Teerthankar* (Jaina-Lord).
भावीकालीन तेईसवें तीर्थंकर का नाम ।

देवपुत्र – *Devaputra.*
Name of the 6th predestined *Tirthankar* (Jaina-Lord).
भावीकालीन छठवें तीर्थंकर का नाम ।

देवपूजक – *Devapūjaka.*
A worshipper of Lord Arihant.
जिनेन्द्र देव की पूजा करने वाला ।

देवपूजा – *Devapūjā.*
Worshipping of Lord Arihant.
श्रावक के षट्आवश्यक कर्त्तव्यों में प्रथम कर्त्तव्य; अष्ट द्रव्यों से अरहंत, सिद्ध भगवन्तों की पूजा करना ।

देवप्रभ – *Devaprabha.*
An *Acharya* who wrote 'Pandav Purana'.
पांडव पुराण (प्राकृत) के कर्ता एक आचार्य ।

देवभक्ति – *Devabhakti.*
Devotion towards Lord Jinendra.
जिनेन्द्र देव के गुणों में विशेष अनुराग ।

देवभद्र – *Devabhadra.*
A *Bhattarak*; disciple of *Pandit* Ashadharji.
पं. आशाधरजी (ई. 1173-1243) के शिष्य; एक भट्टारक।

देव भवन – *Deva Bhavana.*
Abode of deities.
चारों निकायों के देवों के भवन (प्रत्येक भवनों में जिनमंदिर होते हैं) ।

देवभाव – *Devabhāva.*
A chief disciple of Lord Rishabhdeva.
भगवान् ऋषभदेव के चौरासी गणधरों में एक गणधर।

देवमंत्री – *Devamaṁtrī.*
Ruling deity of 6th Lunar *'Pushya'*.
छठवें नक्षत्र 'पुष्य' के अधिपति देवता का नाम ।

देवमातृक – *Devamāṯṛka.*
Countries having rain fall.
वर्षा के जल से सींचे जाने वाले देश ।

देवमाल – *Devamāla.*
A mountain situated in western *Videh Kshetra* (region).
अपर (पश्चिम) विदेह स्थित एक वक्षार पर्वत ।

देवमूढ़ता – *Devamūṯhatā.*
Believing in false deities.
मिथ्यादेवों की आराधना करना ।

देवयश – *Devayaśa.*
Name of the 19th *Teerhankar* (Jaina Lord) of *Videh kshetra* (region).
विदेह क्षेत्र में स्थित 19 वें तीर्थंकर का नाम ।

देवरमण – *Devaramaṇa.*
A part of first forest *Bhadrashal* of *Sumeru* mountain.
सुमेरू पर्वत के प्रथम वन भद्रशाल का एक भाग ।

देवरम्या – *Devaramyā.*
Name of a dominion, *'Chandani'* of Bharat Chakravarti.
भरत चक्रवती की एक विभूति 'चाँदनी' का नाम ।

देवराज – *Devarāja.*
The king of deities, Father's name of 18th *Teerthankar* (Jaina-Lord) Mahabhadra situated in *Videh Kshetra* (region).
देवताओं के राजा इन्द्र, विदेह क्षेत्र में स्थित 18 वें तीर्थंकर महाभद्र के पिता का नाम ।

देवर्षि – *Devarṣi.*
A special type of heavenly deities (Laukantik Dev).
लौकांतिक देव ।

देवल – *Devala.*
Name of a *Sankhya* philosopher.
एक साहित्य प्रवर्तक या सांख्य विचारक ।

देवलोक – *Devaloka.*
Celestial world (heaven).
देवगति या सुरलोक ।

देववंदना – *Devavaṁdanā.*
Trikal (three times a day) Samayik (act of procedural adoration to Lord Arihant).
त्रैकालिक सामायिक में विधिपूर्वक चैत्य व पंचगुरुभक्ति सहित वंदना करने को देववंदना कहते हैं। श्री वसुनंदि आचार्य की मूलाचार टीका के अनुसार, "सामाइयं णाम-सामायिकं नाम भवति। जीवितमरणलाभालाभसंयोगविप्रयोग बन्ध्वरिसुखदुःखादिषु यदेतत्समत्वं समानपरिणामः त्रिकालदेववंदनाकरणं च तत्सामायिकं व्रतं भवति।" अर्थात् "जीवन-मरण, लाभ-अलाभ, संयोग-वियोग, बंधु-शत्रु और सुख-दुःख आदि में जो समान परिणाम

का होना है और त्रिकाल में देववंदना करना है वह सामायिक व्रत है।" इस देववंदना में छह प्रकार का कृतिकर्म भी होता है। यथा- "आदाहीणं, पदाहीणं, तिम्खुत्त, तिऊणदं, चदुस्सिरं, वारसावत्तं, चेदि।" (1) वंदना करने वाले की स्वाधीनता, (2) तीन प्रदक्षिणा, (3) तीन भक्ति संबंधी तीन कायोत्सर्ग, (4) तीन निषद्या- 1. ईर्यापथ कायोत्सर्ग के अनन्तर बैठकर आलोचना करना और चैत्यभक्ति संबंधी क्रिया-विज्ञापन करना, 2. चैत्यभक्ति के अंत में बैठकर आलोचना करना और पंचमहागुरुभक्ति संबंधी क्रिया विज्ञापन करना, 3. पंचगुरुभक्ति के अंत में बैठकर आलोचना करना, (5) चार शिरोनति, (6) बारह आवर्त। यही सब सामायिक विधि में आता है। सम्पूर्ण विधि मूलाचार, आचारसार, अनगारधर्मामृत, क्रियाकलाप एवं पूज्य गणिनी ज्ञानमती माताजी द्वारा लिखित 'दिगम्बर मुनि' एवं 'मुनिचर्या' ग्रंथों से जानना चाहिए ।

देववर (द्वीप, सागर) – *Devavara (Dvīpa, Sāgara).*
The 3rd island and ocean at the end of middle universe.
मध्यलोक के अंत में तृतीय सागर व द्वीप ।

देवविमान – *Devavimāna.*
Space vehicles of deities.
देवों के विमान, तीर्थंकर की माता के 16 स्वप्नों में 13 वां स्वप्न जिसका फल यह होता है कि उत्पन्न होने वाला जीव स्वर्ग से अवतीर्ण होगा ।

देवशर्मा – *Devaśarmā.*
The 5th chief disciple of Lord Rishabhanath.
भगवान ऋषभदेव के 84 गणधरों में से 5वें गणधर का नाम।

देवसंगीत – *Devasaṁgīta.*
An aboding place of *Bramha-Bramhottar* heaven.
ब्रह्म-ब्रह्मोत्तर स्वर्गों का दूसरा इन्द्रक विमान ।

देवसुंदर – *Devasuṁdara.*
Name of a commentator of 'Bhaktamar Stotra Tika'.
भक्तामर स्तोत्र टीका के कर्त्ता ।

देवसत्य – *Devasatya.*
The 39th chief disciple of Lord Rishabhdeva.
भगवान ऋषभदेव के 39 वें गणधर का नाम ।

देवसमिति – *Devasamiti.*
A *Patal* (layer) of 3rd heaven.
तीसरे स्वर्ग युगल 'ब्रह्म-ब्रह्मोत्तर युगल' का एक पटल ।

देवसेन – *Devasena.*
An *Acharya,* disciple of Veersen (*Dhavalākar*).
आचार्य; ई. 820-870 में वीरसेन (धवलाकार) के शिष्य महाधवल सिद्धांत 40,000 श्लोक के कर्त्ता ।

देवसेन – *Devasena.*
Father's name of the 5th *Teerthankar* (Jaina-Lord) of *Videh kshetra* (region).
विदेह क्षेत्र में स्थित 5 वें तीर्थंकर के पिता का नाम ।

देवसेवा – *Devasevā.*
Eulogical worshipping of Lord Arihant.
देवपूजा, अभिषेक व 8 द्रव्य से पूजन, स्तुति करना ।

देवागंना – *Devāṁganā.*
Female deities.
देवियाँ-इनका जन्म केवल प्रथम एवं दूसरे स्वर्ग में होता है और वे 16 स्वर्गों तक अपने-अपने नियोगी देवों द्वारा ले जायी जाती हैं ।

देवागम स्तोत्र – *Devāgama Stotra.*
A religious hymn written by *Acharya* Samantbhadra.
आचार्य समन्तभद्र द्वारा रचित एक स्तोत्र। अपरनाम-आप्तमीमांसा।

देवाग्नि – *Devāgni.*
Name of the 12th chief disciple of Lord Rishabhadeva.
भगवान ऋषभदेव के 12 वें गणधर का नाम ।

देवायु कर्म – *Devāyu Karma.*
Celestial life-span *Karma*, Celestial Longevity determining *Karma.*
आयु कर्म का एक भेद; जिसके उदय से जीव निश्चित समय तक देव शरीर में रुका रहे ।

देवावर्णवाद – *Devāvarṇavāda.*
False allegations for heavenly deities.
दर्शनमोहनीय कर्म के आस्रव का एक कारण; स्वर्गलोक में रहने वाले देवी-देवता सुरापान करते हैं, मांस खाते हैं-इस प्रकार देवगति के देवों पर मिथ्या आरोप लगाना ।

देवाश्रय – *Devāśraya.*
Temple.
देवालय, मंदिर ।

देवी – *Devī.*
Female deity, female celestial.
देवांगना ।

देवीदास – *Devīdāsa.*
Name of a Hindi poet.
एक हिन्दी कवि, जो बनारसीदास के समकालीन थे इन्होंने हिन्दी छंदों में प्रवचनसार, परमानंदविलास आदि की रचना की ।

देवेंद्रकीर्ति – *Deveṁdrakīrti.*
Name of *Bhattaraks* (of *Nandisangh* etc.)
नन्दिसंघ सूरत शाखा के आद्य भट्टारक (ई. 1393-1442), कथाकोष आदि के रचयिता सांगानेर के भट्टारक (वि. 1640-1662) ।

देश – *Deśa.*
A country, a part of earth.
पृथिवी का वह भाग जिसका कोई विशिष्ट नाम हो और जिसके अंदर अनेक प्रदेश, ग्राम आदि हों, जैसे-भारत देश आदि ।

देशकथा – *Deśakathā.*
Local gossip.
25 विकथाओं में एक कथा ।

देशकाल – *Deśakāla.*
Something related to the place and time.
क्षेत्र एवं अवसर या समय के अनुसार कुछ विशेष होना ।

देशघाती प्रकृति – *Deśaghātī Prakṛti.*
Destroying configurations (i.e. *Karmic* nature).
जो जीव के स्वाभाविक (अनुजीवी) गुणों का एक देश घात करे, देशघाती कर्म प्रकृतियां 26 हैं ।

देश चारित्र – *Deśa Cāritra.*
A conduct of householder at the 5th stage of spiritual development.
विकल चारित्र; श्रावक का पांचवें गुणस्थान का आचरण ।

देशजिन – *Deśajina.*
The Jaina saints possessing high spiritual knowledge.
आचार्य, उपाध्याय, साधु देशजिन कहलाते हैं क्योंकि सकलजिनों के समान देशजिन में भी तीन रत्न पाये जाते हैं ।

देशत्याग – *Deśatyāga.*
Gradual renunciation of sins (duty of householder).
श्रावक धर्म; पापों का कुछ अंशों में त्याग करना ।

देशना – *Deśanā.*
Discourses (related to matters) by *Tirthankars* and *Acharyas*.
तीर्थंकरों व आचार्यों द्वारा छः द्रव्यों और नौ पदार्थों इत्यादि के उपदेश का नाम देशना है ।

देशनालब्धि – *Deśanālabdhi.*
Instructional attainment (of right perception) in one's life.
सम्यग्दर्शन की 5 लब्धियों में एक लब्धि; देशना देने वाले आचार्य आदि की प्राप्ति होना तथा उपदिष्ट अर्थ के ग्रहण, धारणा विचारण की सामर्थ्य प्राप्त होना ।

देशप्रत्यक्ष – *Deśapratyakṣa.*
Partial direct acquirement of knowledge.
एकदेश प्रत्यक्ष ज्ञान, जैसे अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान ।

देशप्रत्यासत्ति – *Deśapratyāsatti.*
A cause of bonding or co-relation of two matters or elements.
संयोग का एक भेद; दो द्रव्यों के अवयवों का सम्बद्ध रहना ।

देशभूषण – *Deśabhūṣaṇa.*
Name of a great *Acharya* possessing supreme knowledge (omniscience), A famous Acharya of 20th century, the spiritual preceptor (initiator) of Ganini Gyanmati Mataji.
कुंथलगिरि सिद्धक्षेत्र से मोक्ष प्राप्त करने वाले केवली, जिनका उपसर्ग श्री रामचंद्र जी ने दूर किया था, बीसवीं शताब्दी के एक प्रसिद्ध आचार्य जिनसे गणिनी ज्ञानमती माताजी ने सन् 1952-53 में आजन्म ब्रह्मचर्य व्रत एवं क्षुल्लिका दीक्षा धारण की ।

देशविरत – *Deśavirata.*
Partial vow, Partial abstinence.
पांचवां गुणस्थान, यहां श्रावक की 11 प्रतिमाओं का पालन होता है ।

देशव्रत – *Deśavrata.*
Vow of restriction on moving beyond the set limits of area.
See - *Deśāvakāśika Vrata.*
देखें - देशावकाशिक व्रत ।

देशव्रती – *Deśavratī.*
One observing the rules and regulation of a householder.
देशसंयमी - श्रावक व्रतों को पालने वाला ।

देशसंधि – *Deśasaṁdhi.*
The joining land of two countries (borders).
दो देशों की सीमा भूमि ।

देशसंयत – *Deśasaṁyata.*
See – *Deśavratī.*
देखें – देशव्रती ।

देश संयम – *Deśa Saṁyama.*
Partial control (reg. good conduct of householder).
श्रावक का चारित्र, 12 व्रत (पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत, चार शिक्षाव्रत) आदि पालन करना ।

देशसत्य – *Deśasatya.*
Different regional words having same meaning (i.e. same basic truth).
सत्य के दश भेदों में से एक; नियत समय के लिए जो वचन अलग-अलग प्रांत, नगर, ग्राम आदि में प्रचलित होता हो या विभिन्न भाषाओं में बोला जाता हो ।

देशस्पर्श – *Deśasparśa.*
Binding of two matters (or of their particles).
एक द्रव्य के देश अर्थात् अवयव का अन्य द्रव्य के देश अर्थात् उसके अवयव के साथ स्पर्श करना ।

देशांश – *Deśāṁśa.*
Part of any matter, Longitude.
अवयव का एक अंश, भूमध्य रेखा से पूर्व या पश्चिम की दूरी।

देशाख्यान – *Deśākhyāna.*
To describe a country, mountain, island, ocean etc., of a part of universe.
लोक के किसी एक भाग के देश, पर्वत, द्वीप तथा समुद्र आदि का विस्तारपूर्वक वर्णन करना ।

देशातिचार – *Deśāticāra.*
A type of infraction related to mind, speech and body.
अतिचार का एक भेद; मन, वचन, काय तथा कृत, कारित, अनुमोदना के भेद से देशातिचार अनेक प्रकार का है ।

देशात्मवाद – *Deśātmavāda.*
Doctrine of believing extrinsic pleasures.
बहिरात्मपना; जो शुद्धात्म अनुभूति से विमुख इन्द्रिय सुख में आसक्ति एवं देह को आत्मा मानता है ।

देशावकाशिक व्रत – *Deśāvakāśika Vrata.*
Vow of keeping restriction in movement, food eating, sensual pleasures etc. to a limit.
प्रथम शिक्षाव्रत-दिग्व्रत की सीमा के अन्तर्गत दैनिक गमनागमन में घर, बाजार, गली, मोहल्ला आदि की सीमा करना। निश्चित सीमा के बाहर गमन करने का त्याग, भोजन करने का त्याग, मैथुन करने का त्याग अथवा मौन धारण करना आदि ।

देशावधि – *Deśāvadhi.*
A part of clairvoyance (partial direct knowledge).
अवधिज्ञान का प्रथम भेद; यह अवधिज्ञानावरण के क्षयोपशम से होता है ।

देशी नाममाला – *Deśī Nāmamālā.*
A Sanskrit dictionary.
एक संस्कृत शब्द कोश ।

देशीय गण – *Deśīya Gaṇa.*
A branch of *Nandisangh.*
नन्दिसंघ की एक शाखा ।

देशोपशम – *Deśopaśama.*
A type of partial subsidence (related to *Karmic* theory).
उपशम का एक भेद ; सम्यक्त्व प्रकृति संबंधी देशघाती के उदय को देशोपशमना कहते हैं ।

देह – *Deha.*
Body, a type of peripatetic celestial.
शरीर, काया, पिशाच जातीय व्यंतर देवों का एक भेद ।

देहत्रय – *Dehatraya.*
Three kinds of body.
औदारिक, तैजस, कार्मण ये तीन शरीर ।

देहदेवालय – *Dehadevālaya.*
Body as a temple; Place of Lord in the inner part of one's body.
निज परमात्मा का इस नश्वर शरीर रूपी देवालय में स्थान ।

देहप्रमाणत्व शक्ति – *Dehapramāṇatva Śakti.*
Ultimate power of a body (reg. occupancy).
अतीत अनन्तर (अन्तिम) शरीरानुसार अवगाह परिणामरूप देहप्रमाणपना होना ।

देहमान – *Dehamāna.*
Investigation related to the body of beings.
जीवों की शारीरिक अवगाहना का प्रमाण ।

देहरहितता – *Deharahitatā.*
Bodilessness, the state of salvation (a virtue of *Siddha*).
सिद्ध परमेष्ठी का शरीर से रहित होने का गुण ।

देही – *Dehī.*
Embodied beings.
शरीरधारी जीव ।

दैत्य – *Daitya.*
A type of knowledge, Demon, Evil spirit.
एक प्रकार की विद्या, राक्षस ।

दैत्याकार जलचर – *Daityākāra Jalacara.*
Large aquatic beings.
बड़ा जलचर, व्हेल मछली आदि जीव ।

दैव – *Daiva.*
Accumulation of results of good and bad deeds of past life.
भाग्य-प्राणी ने पूर्व भव में जिस पाप या पुण्य कर्म का संचय किया है वह दैव कहा जाता है ।

दैववाद – *Daivavāda.*
Fatalism.
भाग्यवाद; एकांतमत जो मात्र दैव या भाग्य को ही मानते हैं, पुरुषार्थ को निरर्थक समझते हैं ।

दैवसिक – *Daivasika.*
A type of repentance (about faults of a day).
प्रतिक्रमण का एक भेद ; दिन में लगे हुए दोषों की आलोचना करना ।

दैवी मीमांसा – *Daivī Mīmāṁsā.*
A philosophy related to fate.
नियति का विशेषरूप से विचार ।

दो गुणहानि – *Do Guṇahāṇi.*
A kind of decreasing series.
गुणहानि आयाम को दो गुना करने पर जो प्रमाण प्राप्त होता है।

दोग्रंथिक पाहुड़ – *Dograṁthika Pāhuṛa.*
Supreme treatise (commandments) containing knowledge of all 12 *Angas.*
जिन भगवान् के द्वारा निर्दोष श्रेष्ठ विद्वान आचार्यों की परम्परा से भव्य जनों के लिए भेजे गये बारह अंगों के वचनों का समुदाय अथवा उनका एकदेशपरमानंद ।

दोलायित – *Dolāyita.*
An infraction of meditative relaxation (mental & bodily fluctuation).
कायोत्सर्ग का एक अतिचार; हिंडोले की भांति शरीर का अथवा मन का डोलना ।

दोष – *Doṣa.*
Faults.
त्रुटि, कमी, रागद्वेष आदि 18 दोष; अरिहंत परमात्मा इनसे रहित होते हैं ।

दोष-दर्शन – *Doṣa Darśana.*
Viewing defects of one.
अवगुणों और गलतियों को देखना ।

दोष निर्घातन विनय – *Doṣa Nirghātana Vinaya.*
Reverence causing eradication of passions.

दोष को नाश करने वाली विनय ।

दोषाधान – *Doṣādhāna.*
Acquiring faults, keeping faults.
दोष को धारण करना ।

दोहापाहुड़ – *Dohāpāhuṛa.*
A treatise written by *Acharya* Yogendudeva.
आचार्य योगेन्दु देव (ई.श.6 उत्तरार्ध) कृत एक ग्रंथ ।

दौर्भाग्य – *Daurbhāgya.*
Bad luck, Unfortune.
दुर्भग नामकर्म; रूप आदि गुणों से युक्त होकर भी अप्रीतिकर अवस्था होना ।

दौलतराम – *Daulatarāma.*
Name of *Pandits,* who wrote a number of books on Jainism.
पंडित; 1. पद्मपुराण, आदिपुराण, हरिवंशपुराण आदि की वचनिका के कर्त्ता, क्रियाकोश, अध्यात्म बारहखड़ी आदि के कर्त्ता, समय – वि. 1777-1829। 2. छहढाला, पदसंग्रह के कर्ता (समय-वि. 1855-1923) ।

द्यानतराय – *Dyānatarāya.*
A writer who wrote number of books on Jainism.
आगरा निवासी एक लेखक 'पंडित' जिन्होंने धर्मविलास, पूजापाठ व भक्ति स्तोत्र आदि अनेक ग्रंथों की रचना की । समय – ई. सन् 1676-1723 ।

द्युति – *Dyuti.*
Light, radiance, splendour.
कांति; शरीर, वस्त्र और आभूषण आदि की कांति ।

द्युतिलक – *Dyutilaka.*
A city of *Vidyadhars.*
विद्याधरों की एक नगरी ।

द्युतिश्रुति – *Dyutiśruti.*
Name of an *Agradevi* of Sun.
सूर्य की एक अग्रदेवी का नाम ।

द्यूतक्रीडा – *Dyūtakrīḍā.*
Gambling, Betting etc.
एक व्यसन – जुआ देखना, जुआ लगाना, शर्त लगाना आदि कषाय रूप परिणाम ।

द्योत्यद्योतक भाव – *Dyotyadyotaka Bhāva.*
A relation between one enlightening and enlightened one.
संबंध का एक भेद । प्रकाशित करने वाला द्योतक एवं प्रकाशित होने वाला पदार्थ द्योत कहलाता है ।

द्रमिल – *Dramila.*
A part of the south India.
दक्षिण भारत का एक भाग जो मद्रास सेरिंगपट्टम और कामोरिम तक फैला हुआ है ।

द्रविक – *Dravika.*
A liquid substance or melted substance.
पतला, तरल पदार्थ ।

द्रविड़देश – *Draviṛadeśa.*
A region of south India, associated with Acharya Kund-Kund.
दक्षिण प्रांत का एक भाग, जिसमें आचार्य कुन्दकुन्द हुए ।

द्रविड़ संघ – *Draviṛa Saṁgha.*
A group of *Digambar* Jain saints.
दिगम्बर परम्परा के अन्तर्गत एक साधु संघ ।

द्रविड़ाचार्य – *Draviṛācārya.*
Name of an *Acharya* promotor of *Vedant* literature.
वेदांत साहित्य के प्रवर्तक एक आचार्य ।

द्रव्य – *Dravya.*
Matter, Substance, Reality.
गुण और पर्याय का समूह या जो उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य से युक्त है उसे द्रव्य कहते हैं। द्रव्य 6 होते हैं – जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल ।

द्रव्य-अंतर – *Dravya Aṁtara.*
Dissimilarity in form of matters.
अंतर का एक भेद; किसी समर्थ द्रव्य की किसी निमित्त से अमुक पर्याय का अभाव होने पर निमित्तान्तर से जब तक वह पर्याय पुनः प्रकट नहीं होती ।

द्रव्य अधिकरण – *Dravya Adhikaraṇa.*
Physical stratum.
द्रव्य का आधार ।

द्रव्य अनुयोग – *Dravya Anuyoga.*
One of the 4 expositions (Anuyogs) of Jainism, dealing with substances (matters) & metaphysics.
4 अनुयोगों में एक-पदार्थों के अस्तित्व तथा उनके प्रमाण का वर्णन अथवा शुद्ध-अशुद्ध जीव आदि छः द्रव्यों का वर्णन।

द्रव्य अप्रतिक्रमण – *Dravya Apratikramaṇa.*
Reverential view for the accepted matters in the past.
अतीतकाल में जो परद्रव्यों का ग्रहण किया था, उनको वर्तमान में अच्छा जानना, उनका संस्कार रहना, उनके प्रति ममत्व भाव का होना ।

द्रव्य अप्रत्याख्यान – *Dravya Apratyākhyāna.*
Lust or desire for illusive matters.
रागादि विषयों की आकांक्षा रूप अप्रत्याख्यान के दो भेदों में एक भेद ।

द्रव्य अवसन्न – *Dravya Avasanna.*
To become immoral (reg. a saint).
किसी पथिक या साधु का मार्ग भ्रष्ट हो जाना ।

द्रव्य आचार्य – *Dravya Ācārya.*
A preceptor.
पंचाचार का पालन जो स्वयं करें एवं दूसरों को भी करावें।

द्रव्य आरोप – *Dravya Āropa.*
To characterise a matter into anothers.

एक द्रव्य में दूसरे को आरोपित या उपलक्षित करना, जैसे दर्पण में प्रतिबिम्ब को देखकर 'यह दर्पण की पर्याय है' ऐसा कहना।

द्रव्य आस्त्रव – *Dravya Āsrava.*
Physical or material influx.
जीव में मिथ्यात्व आदि कारणों से पुद्गलों का कर्म रूप से आगमन होना ।

द्रव्य इंद्रिय – *Dravya Iṁdriya.*
Physical senses (for touch, taste, smell etc.)
स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र ये 5 द्रव्य इंद्रियाँ होती हैं।

द्रव्य उदय – *Dravya Udaya.*
Physical fruition (reg. *Karmas*).
द्रव्य, क्षेत्र, काल, व भाव के निमित्त के वश से कर्मों के फल का प्राप्त होना ।

द्रव्य उपक्रम – *Dravya Upakrama.*
A type of *Upakram* – a pursuance in accordance with natural matters.
उपक्रम का एक भेद (उपक्रम-जो प्रकृत प्रदत्त पदार्थ के अर्थ को अपने समीप करता है) ।

द्रव्य उपचार – *Dravya – Upacāra.*
Conventional usage of one matter for another.
सद्भूत व्यवहार या भेदोपचार ; एक द्रव्य में अन्य द्रव्य का उपचार करना ।

द्रव्य उपशम – *Dravya Upaśama.*
A type of subsidence (reg. matters).
निक्षेपों की अपेक्षा उपशम का एक भेद ।

द्रव्य कर्म – *Dravya Karma.*
Gyanavaran etc. 8 Karmas are called Dravya Karma.
ज्ञानावरण आदि आठों कर्मों को द्रव्य कर्म कहते हैं ।

द्रव्य कषाय – *Dravya Kaṣāya.*
Physical – passions.
जीव या द्रव्य कर्म का क्रोधादि रूप होना, निक्षेप की अपेक्षा कषाय का एक भेद ।

द्रव्यगुण – *Dravya Guṇa.*
Common & specific virtues of substance or matter.
द्रव्य के गुण दो तरह के हैं ; सामान्य गुण जो छहों द्रव्यों में पाये जाते हैं, विशेषगुण जो हर एक ही में पाये जाते हैं ।

द्रव्य छेदना – *Dravya Chedanā.*
Knowledge of one matter gained by other one (by penetration).
एक द्रव्य से दूसरे द्रव्य का ज्ञान होना ।

द्रव्यत्व – *Dravyatva.*
Substantiality.
द्रव्य के 6 सामान्य गुणों में एक ; जिस शक्ति के निमित्त से द्रव्य हमेशा एकसा नहीं रहता, उसकी पर्यायें हमेशा बदलती रहती हैं।

द्रव्य तीर्थ – *Dravya Tirtha.*
Place of pilgrimages.
तीर्थंकरों की कल्याणक भूमियाँ, सिद्धक्षेत्र, अतिशयक्षेत्र आदि; जिनकी वंदना-अर्चना संसार से तिरने में सहायक होती है। जैसे-अयोध्या, सम्मेदशिखर, कुण्डलपुर आदि ।

द्रव्य दृष्टि – *Dravya Dṛṣṭi.*
Substantive standpoint.
द्रव्य नय ।

द्रव्य ध्येय – *Dravya Dhyeya.*
To concentrate mind on the virtuous matters.
अध्यात्म वेत्ताओं के अनुसार 4 प्रकार के ध्येय पदार्थों में एक; सत् या गुणपर्यायवान् पदार्थ में एकाग्र होना ।

द्रव्य नपुंसक – *Dravya Napuṁsaka.*
Hermaphrodite.
स्त्री व पुरुष दोनों प्रकार के लिंगों से रहित ।

द्रव्य नमस्कार – *Dravya Namaskāra.*
Physical reverential greeting.
वचन और काय से किया गया नमस्कार द्रव्य नमस्कार है ।

द्रव्य नय – *Dravya Naya.*
Physical standpoint.
जो दृष्टि या अपेक्षा 'द्रव्य सामान्य' को ग्रहण करे ।

द्रव्य निक्षेप – *Dravya Nikṣepa.*
Substantive installing.
द्रव्य का आगामी या पूर्व पर्याय की अपेक्षा कथन करना, जैसे राजपुत्र को राजा कहना ।

द्रव्य निबंधन – *Dravya Nibaṁdhana.*
Binding of two matters.
जो द्रव्य जिन द्रव्यों का आश्रय करके परिणमन करता है, अथवा जिस द्रव्य का स्वभाव द्रव्यान्तर से प्रतिबद्ध है ।

द्रव्य निमित्त – *Dravya Nimitta.*
Physical cause (reg. Karmic binding & furition).
द्रव्य, क्षेत्र, काल व भाव की अपेक्षा से कर्मों का बन्ध व उदय होना ।

द्रव्य निमित्तक – *Dravya Nimittaka.*
Circumstantial transformation of matters.
द्रव्य कर्म का निमित्त पाकर क्रोधादि कषायरूप परिणमन होना ।

द्रव्य निर्ग्रन्थ – *Dravya Nirgrantha.*
Physically naked, with material detachment.
जो समस्त बाह्य परिग्रहों से निर्लिप्त हैं ।

द्रव्य निर्जरा – *Dravya Nirjarā.*
Objective shedding, objective physical dissociation.
कर्मों का समय पर फल देकर या तप आदि के द्वारा झड़ जाना।

द्रव्य निर्विचिकित्सा – *Dravya Nirvicikitsā.*
Not to hate the dirty-bodied Jain saints.
दिगम्बर जैन साधुओं के मलिन शरीर को देखकर ग्लानि न करना ।

द्रव्य परमाणु – *Dravya Parmāṇu.*
Particles of matters.
बाह्य पदार्थ का अंश मात्र ।

द्रव्य परिवर्तन – *Dravya Parivartana.*
Modification of material forms.
द्रव्य की पर्याय का बदलना ।

द्रव्य पर्याय – *Dravya Paryāya.*
Different forms of matters.
द्रव्य के जितने प्रदेश रूप अंश हैं वे सभी द्रव्य पर्याय कहलाते हैं।

द्रव्य पर्याय आरोप – *Dravya Paryāya Āropa.*
Treatment of model appearance (*Paryaya*) into matter and matter into model appearance.
अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय से द्रव्य में पर्याय का और पर्याय में द्रव्य का उपचार करना ।

द्रव्य पल्य – *Dravya Palya.*
A time unit related to Jaina philosophy.
एक योजन लम्बे, चौड़े तथा गहरे गर्त को तत्काल उत्पन्न भेड़ के बालों (जिनका दूसरा खण्ड न हो सके) से भर कर 100 वर्ष में एक-एक बाल निकाला जाये और जब यह गर्त खाली हो जाये इसमें जितना समय लगता है वह समय 'पल्य' कहलाता है ।

द्रव्य पाप – *Dravya Pāpa.*
Sinful nature of *Karmas* (substantive sin).
कर्म की पाप रूप 100 प्रकृतियां ।

द्रव्य पुण्य – *Dravya Puṇya.*
The *Karmic* matter facilitating the pleasures & merits.
भाव पुण्य के निमित्त से उत्पन्न होने वाले साता वेदनीय आदि शुभ प्रकृति रूप पुद्गल परमाणुओं का पिण्ड ।

द्रव्य पुरुष – *Dravya Puruṣa.*
Male by gender.
पुरुषवेद; निर्माण व अंगोपांग नामकर्म के उदय से शरीर में पुरुष के चिन्ह बनना ।

द्रव्य पूजा – *Dravya Pūjā.*
Physical worship (with 8 reverential materials).
पंच परमेष्ठी के सम्मुख भक्ति भाव से जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप व फल रूप श्रेष्ठ अष्ट द्रव्य समर्पित करना ।

द्रव्य प्रतिक्रमण – *Dravya Pratikramaṇa.*
Reading Pratikraman Dandak etc. religious key lessons is called Dravya Pratikraman.
गौतम गणधर द्वारा रचित प्रतिक्रमण दण्डक आदि सूत्र पाठ पढ़ना द्रव्यप्रतिक्रमण है ।

द्रव्य प्रत्याख्यान – *Dravya Pratyākhyāna.*
Resolution for the renunciation of non-acceptable matters.
अयोग्य आहार, उपकरण वगैरह पदार्थों को ग्रहण नहीं करूँगा ऐसा संकल्प करना ।

द्रव्य प्रमाण – *Dravya Pramāṇa.*
Numerical measure of substances.
एक परमाणु से लेकर महास्कन्ध पर्यन्त, संख्यात, असंख्यात और अनन्त या पल, तुला, और कुडव आदि द्रव्य प्रमाण हैं।

द्रव्य प्राण – *Dravya Prāṇa.*
Physical vitalities essential to life.
10 प्राण; 5 इन्द्रियां, मन, वचन, काय, आयु तथा श्वासोच्छ्वास।

द्रव्य बंध – *Dravya Bamdha.*
Physical binding, Physical bondage.
योग और कषायों के निमित्त से कर्म वर्गणाओं का आत्मा के प्रदेशों के साथ परस्पर मिल जाना ।

द्रव्य भाव – *Dravya Bhāva.*
Nature of substance.
तत्त्व; द्रव्य का स्वरूप ।

द्रव्य भाषा – *Dravya Bhāṣā.*
Lexical speech.
शब्दात्मक भाषा ।

द्रव्य मन – *Dravya Mana.*
Objecive mind.
जो हृदय स्थान में आठ पँखुडी के कमल के आकार वाला है, तथा अंगोपांग नाम कर्म के उदय से मनोवर्गणा के स्कन्ध से जो उत्पन्न हुआ है ।

द्रव्य मल – *Dravya Mala.*
Eight *Karmas* obscurring knowledge etc.
ज्ञानावरणादि 8 कर्म ।

द्रव्य मोक्ष – *Dravya Mokṣa.*
Installation of supreme soul of Siddhashila.
8 कर्मों एवं शरीरादि से छूटकर शुद्धरूप आत्म द्रव्य का सिद्धशिला पर विराजमान हो जाना ।

द्रव्य मोह – *Dravya Moha.*
Physical delusion.
मोह का एक भेद, जीव के द्रव्यादि सम्बन्धी मूढ़भाव ।

द्रव्य युति – *Dravya Yuti.*
State of the unity of matters.
समीपता या संयोग का नाम युति है; जीवयुति, पुद्गलयुति और जीवपुद्गलयुति के भेद से द्रव्य युति तीन प्रकार की है ।

द्रव्य योग – *Dravya Yoga.*
Vibration in soul-points owing to physical activities (related to mind, speech & body).
मन वचन काय की क्रिया से जीव के प्रदेशों का चंचल या सकम्प होना ।

द्रव्य लिंग – *Dravya Limga.*
Physical sign or appearance (related to a saint).
बाहरी भेष; साधु का बाहरी चिन्ह, परिग्रह रहित व पिच्छी कमण्डलु सहित होना ।

द्रव्य लेश्या – *Dravya Leśyā.*
Physical aura, physical colouration.
वर्ण नामकर्म के उदय से उत्पन्न हुआ जो शरीर का वर्ण है उसको द्रव्य लेश्या कहते हैं ।

द्रव्य वचन – *Dravya Vacana.*
Physical speech or pronunciation.
पौद्गलिक शब्द वर्गणा जो वचन रूप से परिणमन करती हैं ।

द्रव्यवाद – *Dravyavāda.*
A doctrine of *Sankhya* philosophy.
एक सांख्यदर्शन ।

द्रव्यविचिकित्सा – *Dravyavicikitsā.*
Physical disgust (pertaining to excreta etc.)
विष्ठा आदि पदार्थों में ग्लानि का होना ।

द्रव्य विशेष – *Dravya Viśeṣa.*
Excellence of a matter.
जीव पुद्गलादि में अमूर्तिक-मूर्तिक विशेष धर्म ।

द्रव्य वेद – *Dravya Veda.*
Something related to gender formation.
निर्माण व अंगोपांग नामकर्मों के उदय से शरीर में पुरुष-स्त्री व नपुंसक के चिन्ह बनना ।

द्रव्य शक्ति – *Dravya Śakti.*
Substantial capacity.
मूल पदार्थ की शक्ति ।

द्रव्य शल्य – *Dravya Śalya.*
Physical sting, physical thorn (related to *Karmas*).
मिथ्यादर्शन, माया, निदान ऐसे तीन शल्यों की जिन से उत्पत्ति होती है ऐसे कारणभूत कर्म को द्रव्यशल्य कहते हैं।

द्रव्यशुद्धि – *Dravyaśuddhi.*
To make the body pure with water etc. means.
जल आदि से शरीर की शुद्धि करना, ज्वरकुक्षिरोग, शिरोरोग, कुत्सित स्वप्न, रूधिर, विष्ठा, मूत्र, लेप, अतिसार आदि का शरीर में न रहना ।

द्रव्य श्रमण – *Dravya Śramaṇa*
Out wordly saints, See – *Dravya Limga.*
देखें - द्रव्य लिंग ।

द्रव्यश्रुत – *Dravyaśruta.*
A type of scriptural knowledge, *Jinwani.*
आचारांग आदि बारह अंग, उत्पादपूर्व आदि चौदह पूर्व और सामायिकादि 14 प्रकीर्णकस्वरूप ज्ञान ।

द्रव्यसंग्रह – *Dravyasamgraha.*
A book written by *Acharya* Nemichand Siddhant Chakravarti.
आचार्य नेमिचन्द सिद्धांत चक्रवर्ती का तत्व व द्रव्य प्रतिपादक एक प्रसिद्ध ग्रंथ। समय - ई. सन् 900 से 1000 के मध्य इसका हिन्दी पद्यानुवाद गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा किया गया है। इसकी संस्कृत टीका श्री ब्रह्मदेवसूरी के द्वारा की गई है।

द्रव्यसंयोगपद – *Dravyasamyogapada.*
A special type of nomenclature associated with something.
इभ्य, गौथ, दण्डी, छत्री, गर्भिणी इत्यादि द्रव्यसंयोग पद नाम हैं क्योंकि धन, गूथ, दण्डा, छत्ता इत्यादि द्रव्य के संयोग से ये नाम व्यवहार में आते हैं ।

द्रव्य संवर – *Dravya Samvara.*
Stoppage of *karmic* influx.
संयम-तप आदि के द्वारा कर्मास्रव का निरोध करना ।

द्रव्य संसार – *Dravya Samsāra.*
Physical world.
जिसमें जीव पुद्गल परमाणुओं को अनंत बार शरीर और कर्मरूप से ग्रहण तथा विसर्जन करता है ।

द्रव्य सम्यग्दृष्टि – *Dravya Samyagdṛṣṭi.*
One having keen desire & eligible talent for getting right perception.
जो जीव अपने कल्याण का इच्छुक है अर्थात् जिसमें आगामी काल में सम्यक्त्व होने की योग्यता है। यह द्रव्य निक्षेप की अपेक्षा कथन है ।

द्रव्य सल्लेखना – *Dravya Sallekhanā.*
Physical holy death (by leaving off food etc.).
भोजन आदि का क्रमपूर्वक त्याग करके शरीर को कृश करना।

द्रव्य सामायिक – *Dravya Sāmāyika.*
Physically avoiding all evils.
चेतन - अचेतन द्रव्यों में इष्ट - अनिष्ट रूप विकल्प नहीं करना द्रव्य सामायिक है ।

द्रव्य स्त्री – *Dravya Strī.*
Female by gender.
अंगोपांग नामकर्म के उदय से शरीर में स्त्री के चिन्ह धारक जीव।

द्रव्यस्तव – *Dravyastava.*
Physical praising, act of eulogy.
स्तुति; शुभ लक्षणों से युक्त 24 तीर्थंकरों के शरीर की छवि का कीर्तन करना ।

द्रव्यस्पर्श – *Dravyasparśa.*
Physical touch.
एक द्रव्य का दूसरे द्रव्य से स्पर्श होना ।

द्रव्य स्वभाव – *Dravya Svabhāva.*
Nature of matters.
द्रव्य का स्वतत्त्व अर्थात् स्वस्वभाव ।

द्रव्यांश – *Dravyāmśa.*
Parts of a matter.
द्रव्य का एक भाग; उत्पाद व्यय ध्रौव्य रूप परिवर्तन पूरे द्रव्य में होता है किसी एक अंश में नहीं ।

द्रव्यात्मक – *Dravyātmaka.*
Objective.
बाह्य पदार्थ विषयक ।

द्रव्यानुयोग – *Dravyānuyoga.*
See – *Dravya Anuyoga.*
देखें - द्रव्य अनुयोग ।

द्रव्यारोप – *Dravyāropa.*
See – *Dravya Āropa.*
देखें - द्रव्य आरोप ।

द्रव्यार्थिक नय – *Dravyārthika Naya.*
A standpoint which emphasizes the attributes of a substance, substantial standpoint.
एक नय; जो पर्याय को गौण करके द्रव्य का मुख्यता से कथन

करता है ।

द्रव्याश्रय – *Dravyāśraya.*
Attributes related to matters.
गुण; जो द्रव्य के आश्रय से रहते हैं ।

द्रव्यास्तिक नय – *Dravyāstika Naya.*
Substantive standpoint.
देखें - द्रव्यार्थिक नय ।

द्रव्येंद्रिय – *Dravyeṁdriya.*
See – *Dravya Indriya.*
देखें - द्रव्य इन्द्रिय ।

द्रव्योदय – *Dravyodaya.*
See – *Dravya Udaya.*
देखें - द्रव्य उदय ।

द्रव्योपचार – *Dravyopacāra.*
See – *Dravya Upacāra.*
देखें - द्रव्य उपचार ।

द्रव्योपशम – *Dravyopaśama.*
See – *Dravya - Upaśama.*
देखें - द्रव्य उपशम ।

द्रह – *Draha.*
Pond, Large water reservoir.
ह्रद, तालाब, सरोवर ।

द्रहवती – *Drahavatī.*
A *Vibhanga* river of the east *Videh kshetra* (region).
पूर्व विदेह की एक विभंगा नदी ।

द्रुम – *Druma.*
Tree.
वृक्ष ।

द्रुमसेन – *Drumasena.*
Name of a great *Acharya* possessing knowledge of 11*Angas*.
11 अंगों के ज्ञाता पाँच आचार्यों में चौथे आचार्य ।

द्रोण – *Droṇa.*
A weighing unit, A hermitage surrounded by rivers and mountains.
तौल का एक प्रमाण (16 द्रोण = 1 खारी), नदी और पर्वत से वेष्टित वसती ।

द्रोणगिरि (तीर्थ) – Droṇagiri (Tīrtha).
Name of a place of pilgrimage situated in Bundelkhand (M.P.), it is salvation land of many Munis (saints) including Gurudatta.
बुंदेलखंड (म.प्र.) में स्थित एक रमणीय सिद्धक्षेत्र। यह गुरुदत्त आदि अनेक मुनिवरों की निर्वाणस्थली है ।

द्रोणाचार्य – *Draṇācārya.*
The teacher of 'Kauravas' and 'Pandavas' and the father of 'Ashvatthama'.
कौरवों तथा पाण्डवों के गुरु तथा अश्वत्थामा के पिता ।

द्रोणामुख – *Draṇāmukha.*
Port; docks.
बंदरगाह; जलयानों के ठहरने का स्थान ।

द्रौपदी – *Draupadī.*
Wife of Arjun (the daughter of king Drupad).
अर्जुन की पतिव्रता स्त्री, राजा द्रुपद की पुत्री। वैदिक महाभारत में द्रौपदी को पाँचों पाण्डवों की पत्नी स्वीकार किया है परन्तु जैन महाभारत (हरिवंशपुराण) में द्रौपदी को मात्र अर्जुन की पत्नी महान शीलवती नारी कहा है ।

द्वंद – *Dvaṁda.*
Conflict, quarrel, tension, Pair, couple.
कलह, लड़ाई, युग्म (जोड़ा) ।

द्वयंग नमस्कार – *Dvayaṁga Namaskāra.*
Greeting, to pay reverence with folding and bending hands.
दोनो हाथों को जोड़कर नमस्कार करना ।

द्वयणु – *Dvayaṇu.*
A molecule of two atoms.
दो अणु वाला स्कंध ।

द्वयर्धगुणहानि – *Dvayardhaguṇahāni.*
A type of decreasing series.
गुणहानि आयाम को ड्योढ़ा (द्वयर्ध) करने पर जो प्रमाण प्राप्त हो ।

द्वयाश्रय महाकाव्य – *Dvayāśraya Mahākāvya.*
A book written by *Shvetambaracharya* Hemchandra Suri.
श्वेताम्बराचार्य हेमचन्द्र सूरि (ई.1088-1173) की एक रचना।

द्वात्रिंशतिका – *Dvātriṁśatikā.*
Name of a prayer written by Amitgati *Acharya.*
आचार्य अमितगति द्वारा रचित 32 श्लोक वाला सामायिक पाठ।

द्वादशवर्षी दुर्भिक्ष – *Dvādaśavarṣī Durbhikṣa.*
Twelve years dearth or famine which caused the origination of the Shvetambar Jain sect.
वीर निर्वाण के 133 वर्ष पश्चात् अर्थात् आज से लगभग 2400 वर्ष पूर्व पंचम श्रुतकेवली 'भद्रबाहु' के काल में उज्जैन आदि उत्तरभारत के क्षेत्रों में 12 वर्षीय दुर्भिक्ष (अकाल) पड़ा, जिसकी आचार्य भद्रबाहु द्वारा भविष्यवाणी सुनकर सभी दिगम्बर मुनि दक्षिण भारत चले गये। परन्तु कुछ मुनि उत्तर में रह गये, उन्हीं से इस भीषण अकाल में श्वेताम्बर मत की उत्पत्ति हुई (देखें-भद्रबाहु चरित, भावसंग्रह आदि) ।

द्वादश व्रत – *Dvādaśa Vrata.*
12 types of vows of householders.
श्रावक के 12 व्रत; 5 अणुव्रत, 4 शिक्षाव्रत, 3 गुणव्रत ।

द्वादश संयम – *Dvādaśa Saṁyama.*
12 types of restraints.
12 प्रकार का संयम; पांच इन्द्रिय व मन को वश में रखना एवं पृथ्वी आदि छः काय के जीवों की रक्षा करना ।

द्वादशांग – *Dvādaśāṁga.*
Twelve parts of scriptural knowledge.
श्रुत के 12 अंग ; द्रव्यश्रुत रूप द्वादशांग की रचना गणधर करते हैं इसे ही जिनवाणी कहते हैं ।

द्वादशांगपूजा – *Dvādaśāṁgapūjā.*
A book written by Shribhooshana.
ई. सन् 1579-1619 में श्रीभूषण कृत एक श्रुतपूजा ।

द्वादशानुप्रेक्षा – *Dvādaśānuprekśā.*
Contemplation of twelve types of feelings cause apathy (freedom from worldly affairs).
12 भावनाओं (अनित्य, अशरण, संसार, एकत्व, अन्यत्व, अशुचि, आस्रव, संवर, निर्जरा, लोक, बोधिदुर्लभ एवं धर्म) का चिंतन, जिससे वैराग्य पैदा होता है ।

द्वादशी व्रत – *Dvādaśī Vrata.*
Twelve Jaina vows for twelve years.
12 वर्ष तक प्रति वर्ष भाद्रपद शु. 12 को उपवास करना ।

द्वापुरी – *Dvāpurī.*
Name of the birth city of the 2nd *Narayana* 'Dviprashtha'.
द्वितीय नारायण द्विपृष्ठ की जन्म नगरी का नाम ।

द्वार – *Dvāra.*
Doors (of different types).
दरवाजा, फाटक, प्रवेश द्वार, तोरण ।

द्वारवंग – *Dvāravaṁga.*
A place, present Darbhanga district.
वर्तमान दरभंगा जिला ।

द्वार स्तंभ – *Dvāra Staṁbha.*
Jamb, side beams of the entrance door.
प्रवेश द्वार के स्तंभ ।

द्वारापेक्षण – *Dvārāpekṣaṇa.*
To wait at the door to offer food to any recipient (saint etc.).
आहार दान के लिए द्वार पर पात्र की राह देखते हुए खड़े होना।

द्वारावती – *Dvārāvatī.*
Another name of Dvaraka city.
श्रीकृष्ण की महानगरी ; इसकी रचना देवों ने की थी और द्वीपायन मुनि के क्रोध से यह भस्म हुई थी ।

द्विकावली व्रत – *Dvikāvalī Vrata.*
A type of vow (fasting).
एक व्रत; इसमें 48 बेला और इतनी ही पारणाएं की जाती हैं।

द्विगु – *Dvigu.*
Numeral compound word.
तत्पुरुष समास का एक भेद ; जिसमें पूर्वपद संख्यावाचक होता है ।

द्विचरमकाल – *Dvicaramakāla.*
The time less than one Samay than the ultimate time.
अंतिम समय से एक समय पूर्व का काल द्विचरमकाल कहलाता है ।

द्विचरम देही – *Dvicarama Dehī.*
Deities having two human births (last two life-courses) before getting salvation).
जो देव अंतिम दो बार मनुष्य के भव लेकर निश्चित रूप से मोक्ष जाते हैं, वे द्विचरम देही कहलाते हैं ।

द्विचरमावली – *Dvicaramāvalī.*
A time period (last 2 *Avali*).
अंतिम दो आवली ।

द्विचारित्रसिद्ध – *Dvicāritrasiddha.*
The soul who gets salvation through two types of super conducts (in accordance with *Bhutpragyapana Naya*).
भूतप्रज्ञापन नय की अपेक्षा दो चारित्र से सिद्ध होने वाले जीव।

द्विचूड़ – *Dvicūṛa.*
A king of *Vidyadhar* dynasty.
विद्याधर वंश का एक राजा ।

द्विज – *Dvija.*
Those twice-born (first by womb and another by sacraments).
एक बार गर्भ से तत्पश्चात संस्कारों से (जिसमें तपश्चरण और शास्त्राभ्यास संस्कारित किया जाता है) जन्म लेने वाले द्विज कहलाते हैं। वर्तमान में विशेषरूप से ब्राह्मण जाति के लिए प्रचलित शब्द ।

द्विजपति – *Dvijapati.*
The best one (i.e. sacramented one), Name of a poet.
श्रेष्ठ, संस्कार युक्त चंगदेव की पीढ़ी में उत्पन्न एक कवि का नाम ।

द्विज्ञानसिद्ध – *Dvijñānasiddha.*
The soul who gets salvation by two types of super knowledges (in accordance with *Bhutpragyapan Naya*).
भूतप्रज्ञापन नय की अपेक्षा दो ज्ञान से सिद्ध होने वाले जीव ।

द्वितीयगुण – *Dvitīyaguṇa.*
Second stage of virtues.
भाग; जघन्य गुण में अविभाग प्रतिच्छेद की वृद्धि होने पर गुण की द्वितीयादि अवस्था विशेषों को द्वितीय गुण आदि संज्ञा होती है ।

द्वितीय गुणहानि – *Dvitīya Guṇahāni.*
A decreasing series.
प्रथम गुणहानि से जहां द्रव्य चय आदि का प्रमाण आधा पाया जाता है ।

द्वितीय मूल – *Dvitīya Mūla.*
Cube of the 1st cube (related to maths).
प्रथम मूल के मूल को द्वितीय मूल कहते हैं ।

द्वितीय वर्ग – *Dvitīya Varga.*
Square of first square (mathematically).
प्रथम वर्ग का पुनः वर्ग करना ।

द्वितीय शुक्लध्यान – *Dvitīya Śukladhyāna.*
Second supreme meditation; an attainment of

12th stage of spiritual development (*Gunsthan*).
एकत्ववितर्क शुक्लध्यान, यह 12 वें गुणस्थान में होता है ।

द्वितीय संग्रह कृष्टि – *Dvitīya Saṁgraha Kṛṣṭi.*
A type of *krishti*-gradual destruction of *karmas*.
4 कषायों की तीन-तीन कृष्टि होती हैं इस तरह संग्रहकृष्टि 12 होती हैं, उनमें दूसरी कृष्टि ।

द्वितीय स्थिति – *Dvitīya Sthiti.*
Second life time.
अंतरकरण या अंतर स्थिति के उपरिवर्ती सर्वस्थिति का नाम द्वितीय स्थिति है ।

द्वितीयावली – *Dvitīyāvalī.*
A specified time period (related to *Avali*).
उदयावली से ऊपर के आवली प्रमाण काल को द्वितीयावली या प्रत्यावली कहते हैं ।

द्वितीयोपशम सम्यक्त्व – *Dvitīyopaśama Samyaktva.*
Second subsidential right belief.
उपशम श्रेणी चढ़ने वाले साधु को क्षयोपशम सम्यग्दर्शन से पुनः जो उपशम सम्यक्त्व होता है उसे द्वितीयोपशम सम्यग्दर्शन कहते हैं ।

द्विदल – *Dvidala.*
Grains (pulse etc.) having two opposite faces alike are called non-edible when mixed with raw milk & curd (prepared from raw milk) etc.
दो दल वाले धान्य आदि को कच्चे दूध या कच्चे दूध से निर्मित दही-छाछ के साथ मिलाने पर वह अभक्ष्य द्विदल कहलाता है। वर्तमान में कुछ लोग गर्म प्रासुक दूध और दही में भी इन वस्तुओं को मिलाकर द्विदल जानकर अभक्ष्य कहते हैं, किन्तु 'आमगोरससम्पृक्तं' इत्यादि सागारधर्मामृत जैसे ग्रंथों के प्रमाणानुसार यह गलत है ।

द्विपद – *Dvipada.*
Having two feet.
दो पैर वाला ।

द्विपर्वा – *Dviparvā.*
A super knowledge of medicine.
एक औषध विद्या, दिति-अदिति द्वारा नमि और विनमि विद्याधरों को दी हुई 16 निकायों की विद्याओं में एक विद्या ।

द्विपृष्ठ – *Dvipṛṣṭha.*
The second *Narayana* of the present era.
वर्तमान भव में द्वितीय नारायण, जिसने कोटिशिला को अपने मस्तक तक ऊपर उठा लिया था ।

द्विरद – *Dvirada.*
An elephant; The first of the 16 dreams which was seen by the mother of *Tirthankar* (Jaina-Lord) at the time of *Garbhakalyanak*.
हाथी; तीर्थंकर की माता द्वारा गर्भावस्था में देखे गये 16 स्वप्नों में प्रथम स्वप्न ।

द्विरूप वर्ग धारा – *Dvirūpa Varga Dhārā.*
Dyadic square sequence.
14 धाराओं में एक, जिसमें दो के वर्ग से प्रारम्भ कर पूर्व-पूर्व स्थानों का वर्ग करते हुये उत्तर-उत्तर स्थान प्राप्त होते हैं ।

द्विरूप घन धारा – *Dvirūpa Ghana Dhārā.*
Dyadic cube sequence.
14 धाराओं में एक; द्विरूप वर्गधारा में जो-जो वर्ग रूप राशि है, उन वर्गरूप राशियों की जो घनरूप राशि है उनकी धारा को द्विरूप घनधारा कहते हैं। (2^3, $2^{2\times3}$, $2^{2\times2\times3}$.....) ।

द्विरूप घनाघन धारा – *Dvirūpa Ghanāghana Dhārā.*
Dyadic cube non cube sequence.
14 धाराओं में एक; 2 के घन का घन करके फिर वर्ग करना। $(2^9)^2$, $(2^9)^{2\times2}$, $(2^9)^{2\times2\times2}$.....।

द्विसंधान महाकाव्य – *Dvisaṁdhāna Mahākāvya.*
A treatise written by Dhananjaya.
पाण्डव चरित्र पर धनन्जय कवि द्वारा रचित एक ग्रंथ। जिसमें रामायण और महाभारत दोनों कथाओं से संबंधित अर्थ निकलता है ।

द्विस्थानीय – *Dvisthānīya.*
A type of actual fruition of *Karmic* matters.
अनुभाग बंध; अप्रशस्त प्रकृतियों की अपेक्षा लता दारु रूप अथवा नीमकांजीर रूप तथा प्रशस्त प्रकृतियों की अपेक्षा गुड़-खाण्ड रूप बंध ।

द्वींद्रिय जाति नामकर्म – *Dvīndriya Jāti Nāmakarma.*
A *Karmic* nature causing birth in the form of two sensed beings.
वह कर्म प्रकृति जिससे द्वींद्रिय जाति प्राप्त हो जैसे-शंख, सीप इत्यादि ।

द्वींद्रिय जीव – *Dvīndriya Jīva.*
That which has two senses.
जिन जीवों के स्पर्शन-रसना दो इन्द्रियां होती है, शंख कृमि आदि ।

द्वीप – *Dvīpa.*
Island, continent surrounded by sea.
मध्यलोक में स्थित समुद्रों से वेष्टित जम्बूद्वीपादि भूखण्डों को द्वीप कहते है। मध्यलोक में असंख्यात द्वीप हैं ।

द्वीपकुमार – *Dvīpakumāra.*
A type of deities (having abodes).
भवनवासी देवों का एक भेद ।

द्वीपसागरप्रज्ञप्ति – *Dvīpasāgaraprajñapti.*
A type of scriptural knowledge (*shrutgyan*).
अंग श्रुतज्ञान का एक भेद, दृष्टिवाद (12 वें अंग) का एक भेद; जिसमें असंख्यात द्वीप व सागरों का 52 लाख 36 हजार पदों में वर्णन है ।

द्वीपसागर सिद्ध – *Dvīpasāgara Siddha.*
The soul who gets salvation from some island,

ocean.
द्वीप-सागर से मुक्त होने वाले जीव ।

द्वीपायन – *Dvīpāyana.*
A king of *Kuru* dynasty, by whose passionate anger Dwarika was burnt when he was in *Muni* stage.
कुरूवंश के एक राजा, जो आगे चलकर एक मुनि हुए जिनके क्रोध से द्वारिका भस्म हुई। इनका अपरनाम-द्वैपायन मुनि भी है। विशेष कथा हरिवंशपुराण एवं पाण्डवपुराण में देखें ।

द्वीपार्धचक्रवाल – *Dvīpārdhacakravāla.*
Name of *Manushottar* mountain.
मानुषोत्तर पर्वत ।

द्वेष – *Dveṣa.*
Aversion, Antipathy, Hatred.
अप्रीति या वैरभाव होना। क्रोध, मान, अरति, शोक, जुगुप्सा, भय ये सभी द्वेष के ही रूप हैं ।

द्वेषकी क्रिया – *Dveṣakī Kriyā.*
A kind of activity of violence .
एक प्रकार की हिंसा क्रिया ।

द्वेषोदय – *Dveṣodaya.*
Fruition of *Karmas* related to anger, malice etc.
क्रोधादि द्वेष प्रकृतियों का उदय ।

द्वैत – *Dvaita.*
Nature of duality.
बन्ध और मोक्ष, राग और द्वेष, कर्म और आत्मा तथा शुभ और अशुभ इस प्रकार की बुद्धि द्वैत के आश्रय से होती है ।

द्वैतनय – *Dvaitanaya.*
A viewpoint that mind and matter are two different elements.
दृष्टि; जिसकी अपेक्षा ज्ञान-ज्ञेय, पर के प्रतिबिम्बों से सम्पृक्त दर्पण की तरह अनेक है ।

द्वैत पक्ष – *Dvaita Pakṣa.*
Doctrine of dualism.
वैशेषिक; द्रव्य गुण, कर्म आदि को सर्वथा भिन्न मानने वाला पक्ष (मत) ।

द्वैतवाद – *Dvaitavāda.*
Doctrine of dualism (related to spiritual matters).
आत्मा और परमात्मा को तथा पुरुष-प्रकृति को पृथक् मानना।

द्वैताद्वैत नय – *Dvaitādvaita Naya.*
Viewpoint of dualism and non-dualism.
एक दृष्टिकोण जिसके अनुसार आत्मद्रव्य ज्ञान ज्ञेय अद्वैत नय से महान् ईंधन समूहरूप परिणत अग्नि की भाँति एक है एवं द्वैतरूपनय से पर के प्रतिबिम्बों से सम्पृक्त दर्पण की भाँति अनेक है ।

द्वैताद्वैतवाद – *Dvaitādvaitavāda.*
Name of a *Vedant* philosophy *(Nimbak)*.
निम्बक वेदांत; (ई.12) में निम्बार्काचार्य ने इसकी स्थापना की, वेदांत पारिजात, सौरभ व सिद्धांतरत्न इसके प्रमुख ग्रंथ हैं।

द्वैधीभाव – *Dvaidhībhāva.*
Dual nature as a virtue of king.
राजा का एक गुण; शत्रुओं में यथावश्यक संधि और विग्रह करा देना ।

द्वैपायन – *Dvaipāyana.*
See - Dvīpāyana.
देखें - द्वीपायन ।

ध

ध – *Dha.*
The nineteenth consonant of *Devanagari* syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का उन्नीसवाँ व्यंजन, इसका उच्चारण-स्थान दन्तमूल है ।

धनंजय – *Dhanaṁjaya.*
A *Digambar* Jain poet.
दिगम्बर आम्नाय के एक कवि (धनंजय नाममाला, विषापहार स्तोत्र आदि के कर्त्ता) ।

धनंजय निघण्टु – *Dhanaṁjaya Nighaṇtu.*
A Sanskrit dictionary.
एक संस्कृत शब्दकोष ।

धन – *Dhana.*
Wealth, That which consists of wealth such as money, property, cow etc.
रुपया, पैसा, सोना, मकान आदि सम्पत्ति ।

धनकुमारचरित्र – *Dhanakumāracaritra.*
A book written by *Acharya* Gunbhadra.
आचार्य गुणभद्र (ई. 1182) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

धनद – *Dhanada.*
Lord of wealth (Dhankuber), Name of a guardian deity (Lokpal).
धन कुबेर; तीर्थंकर भगवान के पंचकल्याणकों में रत्नवृष्टि करने वाले एवं समवसरण की रचना करने वाले देव, चार दिशाओं में से उत्तर दिशा के लोकपाल का नाम ।

धनद कलश व्रत – *Dhanada Kalaśa Vrata.*
A vow of worshipping Lord Arihant with all 8 auspicious *Dravyas* (articles).
व्रत; भाद्रपद कृ. 1 से 15 तक पूरे महीने प्रतिदिन चन्दनादि मंगलद्रव्ययुक्त कलशों से जिनभगवान् का अभिषेक व पूजन करना।

धनदेव – *Dhanadeva.*
Name of the 6th chief disciple of Lord Rishabhanath, The son of Kuberdatta.
ऋषभनाथ के छठे गणधर, एक वैश्य कुबेरदत्त का पुत्र ।

धनधान्य प्रमाणातिक्रम – *Dhanadhānya Pramāṇātikrama.*
Exceeding the set limits of grains, cattle and wealth (an infraction).
परिग्रह परिमाणव्रत का एक अतिचार : धन, गाय, भैंस एवं धान्य पदार्थ संग्रह के लिए की हुई मर्यादा का उल्लंघन करना।

धनपति – *Dhanapati.*
Lord of wealth, The name of Lord Arahnath in the past birth.
धनकुबेर (देखें-धनद), अरहनाथ भगवान के पूर्व भव का नाम।

धनपाल – *Dhanapāla.*
A type of peripatetic celestials, Name of the writer of 'Bhavishyadatta Charitra'.
यक्ष जाति के व्यंतर देवों के 12 भेदों में नवां भेद, 'भविष्यदत्त चरित्र' प्राकृत के कर्ता ।

धनपालक – *Dhanapālaka.*
The 60th chief disciple of Lord Rishabhdev.
भगवान ऋषभदेव के 60 वें गणधर का नाम ।

धनप्रभ – *Dhanaprabha.*
A king of *Rakshas* dynasty.
राक्षसवंश का एक राजा ।

धनराशि – *Dhanarāśi.*
Set of positive quantity, Quantity which is to be added into the principal amount.
जिस राशि को मूल राशि से जोड़ा जाये वह धनराशि कहलाती है।

धनवाहिक – *Dhanavāhika.*
Name of a chief disciple (*Gandhar*) of Lord Rishabhdev.
भगवान वृषभदेव के एक गणधर का नाम ।

धनश्री – *Dhanaśrī.*
Name of a wealthy woman.
सेठानी; जो हिंसा पाप में प्रसिद्ध हुई है ।

धनाधीश – *Dhanādhīśa.*
Kuber, the semi-god of wealth.
कुबेर; इन्द्र की आज्ञा से जो तीर्थंकरों के कार्य के 6 माह पूर्व से रत्नवृष्टि एवं समवशरण की रचना करता है ।

धनिष्ठा – *Dhaniṣṭhā.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र का नाम ।

धनुष – *Dhanuṣa.*
A bow, an area unit.
क्षेत्र का एक प्रमाण (4 हाथ का एक धनुष) । दण्ड, युग, मूसल, नाली ये अपरनाम हैं ।

धनुषपृष्ठ – *Dhanuṣapr̥ṣṭha.*
Surface of an arc.
किसी भी धनुष इकाई की सतह ।

धन्य – *Dhanya.*
Felicitous, Name of a saint of the era of Lord Mahavira.
अभिनंदनीय ; एक मुनि भगवान महावीर के तीर्थ के अनुत्तरोपपादकों में से एक ।

धन्यकुमारचरित्र – *Dhanyakumāracaritra.*
See – *Dhanakumāracaritra.*
देखें - धनकुमारचरित्र ।

धनवन्तरि – *Dhanavantari.*
The semi god of health.
स्वास्थ्य के देवता, मेरुदत्त सेठ के आयुर्वेदिक परामर्शदाता ।

धम्मपरिक्खा – *Dhammaparikkhā.*
A book written by Harishena.
धर्मपरिक्षा; ई.सन् 987 में हरिषेण कृत एक ग्रंथ ।

धम्मरसायण – *Dhammarasāyaṇa.*
A book written by a saint, Padmanandiji.
मुनि पद्मनन्दि (ई. 977) कृत एक ग्रंथ ।

धरण – *Dharaṇa.*
A weighing unit, Father's name of Lord Padmaprabh, The son of Lakshaman, Name of an island situated in *Videh Kshetra* (region).
तौल का एक प्रमाण, तीर्थंकर पद्मप्रभ के पिता, लक्ष्मण का पुत्र, विदेहक्षेत्र पूर्व दिशा में स्थित एक द्वीप ।

धरणा – *Dharaṇā.*
Name of the *Ganini* (chief *Aryika*) in the holy assembly of Lord Sheetalnath.
शीतलनाथ भगवान के समवशरण की गणिनी (मुख्य आर्यिका) का नाम ।

धरणानंद – *Dharaṇānaṁda.*
Name of the second *Indra* of *Nagkumar* deities.
भवनवासी नागकुमार देवों का द्वितीय इन्द्र, अधोलोक में प्रथम पृथ्वी के खर भाग में इनके भवन हैं ।

धरणी – *Dharaṇī.*
The earth, Installation, A city in the north of *Vijayardh* (mountain), The name of the *Ganini* (chief *Aryika*) in the *Samavasharan* of Lord Shreyansnath.
पृथिवी, स्थापना, प्रतिष्ठा, विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर, श्रेयांसनाथ भगवान के समवशरण में गणिनी (मुख्य आर्यिका) का नाम ।

धरणीतिलक – *Dharaṇītilaka.*
A city of *Bharat Kshetra* (region), A city in the south of *Vijayardh* mountain.
भरतक्षेत्र का एक नगर, विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर ।

धरणीधर – *Dharaṇīdhara.*
A king of 'Ayodhya' of *Ikshvaku* dynasty.
इक्ष्वाकुवंश में उत्पन्न अयोध्या का एक राजा ।

धरणीमौलि – *Dharaṇīmauli.*
A great mountain which is well known by the name *Kishkindhgiri.*
एक पर्वत, जो किष्किंधगिरि के नाम से विख्यात है ।

धरणेंद्र – *Dharaṇeṁdra.*
Name of the governing demigod of Lord Parshvanath.
भगवान पार्श्वनाथ का शासन यक्ष, जिसने तपस्या करते समय उनका उपसर्ग निवारण किया था ।

धरसेन – *Dharasena.*
The spiritual teacher or preceptor of *Acharya* Pushpadant and Bhootbali.
एक आचार्य; जिन्होंने पुष्पदंत-भूतबली को जैन सिद्धांत पढ़ाया और इन दोनों आचार्यों ने धवलादि मूल ग्रंथों की रचना की।

धराधर – *Dharādhara.*
A city in the south of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर ।

धर्म – *Dharma.*
Religion, Daily observances of religious rites.
"उत्तमे सुखे धरतीति धर्मः" अर्थात् जो प्राणियों को उत्तम सुख में पहुँचा दे, उपासना करना, सत्कर्म ।

धर्म (नाम) – *Dharma (Nāma).*
Name of chief disciples (*Gandhars*) of Lord Vasupujya and Lord Shreyansnath, Name of the 3rd *Baldev*, Another Name of *Acharya* Dharmasen.
वासुपूज्य एवं श्रेयांसनाथ भगवान के प्रमुख गणधर, तीसरे बलदेव, श्रुतकेवली आचार्य धर्मसेन का अपरनाम ।

धर्म (पुरुषार्थ) – *Dharma (Puruṣārtha).*
One of the four essential duties of a householder i.e. to follow religion.
4 पुरुषार्थों (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) में प्रथम पुरुषार्थ; धर्म रूप चेष्टा जो सभी सुखों की दाता है ।

धर्म (स्वभाव) – *Dharma (Svabhāva).*
The real nature of an element.
वस्तु का स्वभाव ही धर्म है ।

धर्म अनुप्रेक्षा – *Dharma Anuprekṣā.*
Contemplation of religion.
धर्म के स्वरूप का बारबार चिंतन करना ।

धर्म अवर्णवाद – *Dharma Avarṇavāda.*
Wrong or ill speaking about right religion.
जिनेंद्र कथित अहिंसा धर्म में झूठे दोष लगाना, धर्म की निंदा करना ।

धर्म उपकार – *Dharma Upakāra.*
Beneficial acts to overcome one from the troubles of mundane life to get one into the right pleasure (bliss).
जीवों को संसार के दुःखों से निकालकर उत्तम सुख में पहुंचाना धर्म-उपकार है ।

धर्मकथा – *Dharmakathā.*
Religious story.
धर्म में दृढ़ करने वाली कथा; आक्षेपिणी, विक्षेपिणी, संवेदिनी, निर्वेदिनी के भेद से 4 प्रकार की है ।

धर्मकर्त्ता – *Dharmakartta.*
The propagators (Omniscient, Preceptors) of the religion (reg. salvation).
सर्वज्ञदेव, गणधर, आचार्य धर्म के कर्ता कहलाते हैं ।

धर्मकीर्ति – *Dharmakīrti.*
Name of a Bauddha philosopher.
एक बौद्ध गुरु ।

धर्मघोष – *Dharmaghoṣa.*
A writer of 'Chintamani Parshvanath Kalp' etc.
चिंतामणी पार्श्वनाथ कल्पादि के कर्ता ।

धर्मचक्र – *Dharmacakra.*
Reverential wheel related to *Samavasharan* – assembly of Jaina Lord .
तीर्थंकर जिनेन्द्र के समवशरण में विद्यमान देवोपनीत चक्र, हजार आरों वाले ये धर्मचक्र समवशरण की चारों दिशाओं में होते हैं ।

धर्मचक्र विधान – *Dharmacakra Vidhāna.*
A worshipping book written by Aryika Shri Abhayamati Mataji.
गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से आर्यिका श्री अभयमती माताजी (ई.श. 20 अंतपाद) द्वारा रचित एक पूजा विधान पुस्तक ।

धर्मचक्र व्रत – *Dharmacakra Vrata.*
A type of vow (fasting).
एक व्रत; धर्मचक्र के 1000 आरों की अपेक्षा से एक उपवास और एक पारणा के क्रम से हजार उपवास, आदि अंत में पृथक् रूप से बेला किया जाता है ।

धर्मचक्री – *Dharmacakrī.*
Lord Jinendra having *Dharmachakra* ahead.
जिनेन्द्र देव; इनके आगे धर्मचक्र चलता है ।

धर्मदत्तचरित्र – *Dharmadattacaritra.*
A book written by *Acharya* Dayasagar Suri.
आचार्य दयासागर सूरि (ई. 1429) कृत एक ग्रंथ ।

धर्मद्रव्य – *Dharmadravya.*
Medium of motion of Jiva & Pudgal, one of the six entities (matters).
6 द्रव्यों में एक द्रव्य; जो जीव व पुद्गल के गमन में सहायक, अचेतन एवं अरूपी है ।

धर्मंधर – *Dharmaṁdhara.*
Name of the writer of 'Nagkumar Charit' and 'Shreepal Charit'.
नागकुमार चरित्र तथा श्रीपाल चरित्र के रचयिता ।

धर्मध्यान – *Dharmadhyāna.*
Righteous (religious) meditation.
4 ध्यानों में एक; शुभध्यान इसके 4 भेद हैं–आज्ञा विचय, अपाय विचय, विपाक विचय और संस्थान विचय ।

धर्मनंदि – *Dharmanaṁdi.*
A *Bhattarak* of *Nandi* group.
नन्दिसंघ बलात्कारगण के एक भट्टारक ।

धर्मनाथ – *Dharmanātha.*
Name of the 15th *Tirathankara* (Jaina-Lord).
वर्तमानकालीन 24 तीर्थंकरों में से 15वें तीर्थंकर का नाम, जिनका जन्म रत्नपुरी (निकट अयोध्या, उ.प्र.) एवं मोक्ष सम्मेदशिखर जी से हुआ ।

धर्मपत्नी – *Dharmapatnī.*
A lawfully married woman.
अपनी ही जाति की जिस कन्या के साथ अग्नि की साक्षीपूर्वक विवाह किया जाता है एवं जो पूजा प्रतिष्ठा धर्म आदि शुभकार्यों में साथ रहती है ।

धर्मपरीक्षा – *Dharmaparīkṣā.*
A book written by *Acharya* Amitgati.
आचार्य अमितगति द्वारा वि. 1070 में रचित एक ग्रंथ या कथानक ।

धर्मपात्र – *Dharmapātra.*
Religious characters like saint, householders etc.
रत्नत्रय धर्म के साधने वाले उत्तम (मुनि), मध्यम (श्रावक) व जघन्य (अविरत सम्यक्दृष्टि) पात्र ।

धर्मपाल – *Dharmapāla.*
Name of a *Bauddha* philosopher.
नालन्दा विश्वविद्यालय के आचार्य एक बौद्ध नैयायिक थे ।

धर्मपुत्र – *Dharmaputra.*
Another name of Yudhishthir.
अपरनाम–युधिष्ठिर ।

धर्मप्रभावना – *Dharma Prabhāvanā.*
Propagation of religion.
धर्म की प्रभावना करना, समुचित रीति से अज्ञानरूपी अंधकार को हटाकर जैनधर्म की महिमा को फैलाना ।

धर्मप्रिय – *Dharmapriya.*
Zealous in religion, Name of the grandfather of Jambuswami; father's name of Arhaddas.
धर्मानुरागी, जम्बूस्वामी के पितामह; अर्हद्दास के पिता ।

धर्मफल – *Dharmaphala.*
Attainment of all virtuous things (reg. wealth, health, beauty etc.).
राज्य, संपदाएं, भोग्य, योग्य कुल में जन्म, सुरूपता, आयु, आरोग्य आदि की उपलब्धि (धर्म पालन के पुण्य से प्राप्त)।

धर्मभावना – *Dharmabhāvanā.*
See – *Dharma Anuprekṣā.*
देखें – धर्म अनुप्रेक्षा ।

धर्मभूषण (भट्टारक) –
Dharmabhūṣaṇa (Bhaṭṭāraka).
A *Bhattarak* who wrote 'Parmeshthi Puja', etc. many books.
परमेष्ठीपूजा, रत्नत्रयोद्यापन आदि के कर्ता ।

धर्मभूषण – *Dharmabhūṣaṇa.*
Name of a great *Acharya*, An *Acharya* of *Nandi* group.
एक आचार्य जिनके आदेश पर गोम्मट्टसार की कर्नाटक भाषा में वृत्ति लिखी गई थी, नन्दिसंघ के एक आचार्य–न्यायदीपिका प्रमाण विस्तार के कर्ता ।

धर्ममंत्र – *Dharmamaṁtra.*
Auspicious mystic words.
गर्भाधान आदि क्रियाओं में व्यवहृत पीठिका और जाति मंत्र ।

धर्ममित्र – *Dharmamitra.*
A king who gave first food (reg. *Parana*) to Lord Kunthunath at Hastinapur.
एक राजा; कुंथुनाथ तीर्थंकर को हस्तिनापुर में प्रथम पारणा कराने वाले ।

धर्ममित्रार्य – *Dharmamitrārya.*
A king who got salvation with Bharat *Chakravarti*.
भरत चक्रवर्ती के साथ दीक्षित तथा निर्वाण प्राप्त एक नृप ।

धर्ममूढ़ता – *Dharmamūṛhatā.*
Religious ignorance, silliness.
लोकमूढ़ता; धर्मलाभ मानकर नदी-समुद्र आदि में स्नान करना, बालु, पत्थर आदि का ढेर लगाना, पर्वत से गिरना, अग्नि में जलना आदि ।

धर्मयुगल – *Dharmayugala.*
Religious philosophy of polytheism.
अनेकांत; प्रतिपक्ष धर्म सहित सत्ता (जैसे–नित्य-अनित्य, सत्ता-असत्ता आदि) ।

धर्मरत्न – *Dharmaratna.*
A saint who was the initiator (preceptor) of Hanuman.
एक मुनि; हनुमान के दीक्षागुरू ।

धर्मरत्नाकर – *Dharmaratnākara.*
A book written by *Acharya* Jaisen.
आचार्य जयसेन (ई. 998) कृत सप्ततत्त्व निरूपक एक संस्कृत श्लोकबद्ध श्रावकाचार ।

धर्मरथ – *Dharmaratha.*
Name of a great saint.
मुनि; जिनके पास रावण ने प्रतिज्ञा ली थी कि जो परस्त्री मुझे न चाहेगी उसके साथ बलात्कार न करूंगा ।

धर्मरसिक – *Dharmarasika.*
Name of a book written on lustral anointment of Lord idols.
पंचामृत अभिषेक आदि पर रचित एक ग्रंथ ।

धर्मरुचि – *Dharmaruci.*
Devotion towards religion, Past-birth name of a *Chakravarti* 'Sanatkumar'.
धर्म के प्रति रूचि होना, चक्रवर्ती 'सनत्कुमार' के पूर्व भव का नाम ।

धर्मलक्षण – *Dharmalakṣaṇa.*
Basic characteristics of religion, Nature of a substance.
सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यग्चारित्र – ये धर्म के लक्षण हैं। वस्तु का स्वभाव भी धर्मलक्षण कहा जाता है ।

धर्मविलास – *Dharmavilāsa.*
Name of a religious book written by *Pandit* Dyanatrai.
पं. द्यानतराय (ई. 1733) द्वारा रचित एक पदसंग्रह ।

धर्मवीर्य – *Dharmavīrya.*
Name of the main listener in the assembly (Samavasharan) of Lord Padmaprabhu.
पद्मप्रभु भगवान के मुख्य श्रोता का नाम ।

धर्मशर्माभ्युदय – *Dharmaśarmābhyudaya.*
Name of two books (1) written by poet Asag (2) written by poet Harichand.
कवि असग (ई. 988) कृत धर्मनाथ तीर्थंकर चरित, कवि हरिचन्द (ई.10 का मध्य) कृत एक संस्कृत काव्य ।

धर्मश्रवण – *Dharmaśravaṇa.*
The act of listening to sacred books etc.
धर्म शास्त्र आदि को सुनना ।

धर्मश्री – *Dharmaśrī.*
Name of the chief *Aryika* (Ganini) in the assembly of Lord Sambhavnath.
संभवनाथ भगवान के समवसरण में गणिनी आर्यिका (मुख्य आर्यिका) का नाम ।

धर्मसंग्रह – *Dharmasaṁgraha.*
A book written by a poet Medhavi.
10 अधिकारों में बद्ध कवि मेधावी (वि. 1541) की एक रचना ।

धर्मसागर – *Dharmasāgara.*
A disciple of *Acharya* Veersagar.
आचार्य श्री वीरसागर महाराज के शिष्य, चारित्रचक्रवर्ती श्री शांतिसागर जी महाराज की पट्ट परम्परा के तृतीय पट्टाधीश आचार्य (ई. सन् 1969-1987 तक) ।

धर्मसागर स्वामी (सिंहसंघ) –
Dharmasāgara Svāmī (Siṁhasaṁgha).
A writer who wrote 'Jeev Vichar', Saptatatvi etc. books.
जीव विचार, सप्ततत्वी, नयचक्र, नवपदार्थी, द्रव्यचक्र आदि के कर्ता ।

धर्मसूरि – *Dharmasūri.*
A disciple of *Acharya* Mahendrasuri.
आचार्य महेन्द्रसूरि के शिष्य (ई. 1209) एवं जम्बूस्वामी सरना के कर्ता ।

धर्मसेन – *Dharmasena.*
Name of a great *Acharya* possessing knowledge of 11 *Angas* & 10 *Purvas*, Name of a *Bhattarak*.
एक आचार्य; 11 अंग 10 पूर्व के ज्ञाता 11 महामुनियों में 11 वें मुनि, भट्टारक; सप्त व्यसन चरित्र के कर्ता ।

धर्मस्थल (तीर्थ) – Dharmasthala (Tirtha).
Name of a famous Jain place of pilgrimage in Karnataka state, where a grand idol of Lord Bahubali has been consecrated by Dharmadhikari Shri Virendra Hegre.
कर्नाटक का एक प्रसिद्ध तीर्थ, जहाँ धर्माधिकारी श्री वीरेन्द्र हेगड़े

द्वारा भगवान बाहुबली की विशाल प्रतिमा की स्थापना की गई है।

धर्मस्थान – *Dharmasthāna.*
The place for performing religious rituals (pilgrimages, temples etc.)
तीर्थक्षेत्र, जिनालय आदि स्थान ।

धर्मस्वाख्यात तत्त्व – *Dharmasvākhyāta Tattva.*
Truth proclaimed by religion.
यथार्थ धर्म का निजत्वरूप ।

धर्माकर दत्त – *Dharmākara Datta.*
Another name of poet Archat.
अर्चट कवि का अपर नाम ।

धर्माचार्य – *Dharmācārya.*
Religious leader, a virtuous person.
गणाधिप (गणधर), चतुर्विध संघ के आचार्य ।

धर्मानुप्रेक्षा – *Dhrmānuprekṣā.*
See – *Dharma Anuprekṣā.*
देखें - धर्म अनुप्रेक्षा ।

धर्मानुराग – *Dharmānurāga.*
Religious zeal or devotion.
धर्म के प्रति अटूट श्रद्धा रखते हुए उसका जीवन पर्यंत पालन करना ।

धर्मामृत – *Dharmāmṛta.*
A book written by *Acharya* Nayasen.
आचार्य नयसेन (ई. 1125) कृत 14 कथाओं का एक संग्रह ।

धर्मार्या – *Dharmāryā.*
See - *Dharmaśrī.*
देखें – धर्मश्री ।

धर्मास्तिकाय – *Dharmāstikāya.*
One of the 5 entities (matters), spatially extended.
5 अस्तिकाय द्रव्यों में एक द्रव्य; जो बहुप्रदेशी और अजीव है। यह जीव एवं पुद्गल की गति में सहकारी होता है ।

धर्मी – *Dharmī.*
A religious person.
जिसमें धर्म (स्वभाव) पाया जाता है ।

धर्मोपदेश – *Dharmopadeśa.*
Religious sermon.
स्वाध्याय तप का एक भेद; धर्म का उपदेश देना ।

धर्मोपदेशपीयूषवर्षा श्रावकाचार – *Dharmopadeśapīyūṣavarṣā Śrāvakācāra.*
Name of a book.
ई. सन् 1518-28 में रचित एक ग्रंथ ।

धर्मोपदेष्टा – *Dharmopadeṣṭā.*
Preceptor, Religious teacher (saint or sage).
वक्ता; धर्म का उपदेश देने वाला, जो समस्त श्रुत को जानता है एवं जिसके मन, वचन, काय की प्रवृत्ति शुद्ध है ।

धर्म्य – *Dharmya.*
Virtuous concentration.
उत्तम क्षमादि लक्षण वाला धर्म है, जो धर्म से युक्त होता है वह धर्म्य है ।

धव – *Dhava.*
Name of the initiation-tree of Lord Parshvanath.
पद्मपुराण के अनुसार भगवान पार्श्वनाथ के दीक्षा वृक्ष का नाम, उत्तरपुराण के अनुसार दीक्षा वृक्ष देवदारु है ।

धवल (कवि) – *Dhavala (Kavi).*
A poet, the writer of 'Harivanshpuran'.
अपभ्रंश भाषाबद्ध हरिवंश पुराण के कर्त्ता ।

धवल रूधिर – *Dhavala Rudhira.*
One of the excellences of Lord Arihant, to have milky blood.
भगवान अर्हंत के जन्म के 10 अतिशयों में एक; दूध के समान धवल रूधिर ।

धवल सेठ – *Dhavala Seṭha.*
A wealthy person of Kaushambi city.
कौशाम्बी नगर का एक सेठ, श्रीपाल को समुद्र में गिराने वाला।

धवला (टीका) – *Dhavalā (Ṭīkā).*
A book written by *Acharya* Virsen.
आचार्य भूतबलि (ई. 136-156) कृत षट्खण्डागम ग्रंथ के प्रथम 5 खण्डों पर आचार्य वीरसेन स्वामी (ई.816) द्वारा लिखित विस्तृत टीका ।

धातकीखंड (द्वीप) – *Dhatakīkhaṁḍa (Dvīpa).*
An island situated in middle universe.
मध्यलोक में स्थित द्वितीय द्वीप जिसकी सब रचना जम्बूद्वीप से दूनी-दूनी है ।

धातकीखंडसिद्ध – *Dhātakīkhaṁḍasiddha.*
Beings who get salvation from *Dhatkikhand* (island).
धातकीखंड द्वीप से सिद्ध होने वाले जीव ।

धातकी वृक्ष – *Dhātakī Vṛkṣa.*
Particular tree situated in *Dhatkikhand* (island).
धातकीखंडद्वीप में पृथ्वीकायिक रत्नों से निर्मित आंवले का वृक्ष, जिससे धातकीखण्ड द्वीप का नाम सार्थक होता है। इसके परिवारवृक्ष 2 लाख 80 हजार 238 हैं ।

धातु – *Dhātu.*
Metal (like gold, silver, brass etc.) particular 7 elements in the body like blood, bone, flesh etc.
पीतल, सोना, चाँदी इत्यादि धातु कहलाती हैं और शरीर में पाये जाने वाले 7 द्रव्य (धातु)-खून, अस्थि, मज्जा आदि को धातु कहते हैं ।

धातु चतुष्क – *Dhātu Catuṣka.*
Earth, water, fire, air are called *Dhatu Chatushka.*
पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु ।

धान्य – *Dhānya.*
Corn, grain such as rice, wheat etc. (cereals).
बाह्य परिग्रह का एक भेद; जौ, गेहूं, चना आदि ।

धान्य मान प्रमाण – *Dhānya Māna Pramāṇa.*
Measuring unit for cereals.
धान्य मापने का एक मान ।

धान्यमाष फल – *Dhānyamāṣa Phala.*
अनंत के 11 भेदों में एक भेद; कारण के बिना ही जीव अजीव और मिश्र द्रव्य की अनंत संज्ञा करना ।

नाम अंतर – *Nāma Aṁtara.*
To have dissimilarity in any object.
निक्षेप की अपेक्षा अंतर का एक भेद ।

नाम उपक्रम – *Nāma Upakrama.*
A type of *Upakrama* (a type of pursuance in accordance with natural matters).
उपक्रम के 5 भेदों में एक भेद ।

नाम उपशम – *Nāma Upaśama.*
A type of subsidence or cessation (related to *Karmic* theory).
निक्षेपों की अपेक्षा उपशम का एक भेद, इसके गौण्य नाम एवं नोगौण्य नाम दो भेद हैं ।

नाम कर्म – *Nāma Karma.*
Physique making *Karma*.
8 कर्मों में एक कर्म; जिस कर्म के उदय से जीव देव-मनुष्यादि कहलाता है अथवा जो नाना प्रकार के शरीर की रचना करता है ।

नाम कर्म क्रिया – *Nāma Karma Kriyā.*
To give name to the born child at the 12th day after its birth.
गर्भान्वय क्रिया का 7 वां संस्कार, जन्म के 12 वें दिन पूजा व द्विज आदि के सत्कार पूर्वक बालक का कोई योग्य नाम रखना ।

नाम कषाय – *Nāma Kaṣāya.*
A type of passion (in accordance with *Nikshep*).
निक्षेप की अपेक्षा कषाय के 8 भेदों में एक भेद ।

नाम काल – *Nāma Kāla.*
Word denoting to time.
'काल' इस प्रकार का शब्द नामकाल कहलाता है ।

नाम छेदना – *Nāma Chedanā.*
That which gives the knowledge of differentiation in the substances.
छेदना का एक भेद; सचित्त और अचित्त द्रव्यों को अन्य द्रव्यों से पृथक् करके जो संज्ञा का ज्ञान कराती है ।

नाम ध्येय – *Nāma Dhyeya.*
Meditation or contemplation on some particular *Mantras* (mystic words) or name.
वाच्य का जो वाचक शब्द वह नामरूप ध्येय है। नामरूप ध्येय अर्थात् अनेक प्रकार के मंत्रों व स्वर व्यंजन आदि का ध्यान ।

नामनय – *Nāmanaya.*
Exposition of any matter by using some words.
पदार्थ को शब्द द्वारा कहा जाना नाम नय है ।

नामनिक्षेप – *Nāmanikṣepa.*
Representing one with the name, opposing its virtues.
नाम के अनुरूप गुण न होने पर भी लोक व्यवहार में जो नामकरण किया जाता हो ।

नाम निबंधन – *Nāma Nibaṁdhana.*
Pronouncing Something according to its qualities.
जिस नाम की वाचकरूप से प्रवृत्ति में जो अर्थ अवलम्बन होता है, वह नाम निबन्धन है, क्योंकि उसके बिना नाम की प्रवृत्ति संभव नहीं है ।

नाम पद – *Nāma Pada.*
A designated name, A type of *Upakrama* (A type of pursuance in accordance with the natural matter).
नाम उपक्रम का एक भेद ।

नाम परिपाटी – *Nāma Paripāṭī.*
Order (lineage) pertaining to name, Nomenclature.
नाम परम्परा ।

नाम पूजा – *Nāma Pūjā.*
Worshipping with pronouncing the name of Lord Arhant.
अरहंत भगवान का नाम उच्चारण करते हुए पूजा करना ।

नाम प्रतिक्रमण – *Nāma Pratikramaṇa.*
Repentance due to pronouncing bad or demeritorius names.
लिए गये अयोग्य नाम के दोष को दूर करने के लिए प्रतिक्रमण सूत्रों का उच्चारण अथवा किसी का नाम 'प्रतिक्रमण' रख देना ।

नाम प्रत्यय – *Nāma Pratyaya.*
Identified name for something specific.
विशेष नाम के द्वारा पहचाना जाने वाला ।

नाम प्रत्याख्यान – *Nāma Pratyākhyāna.*
Resolution for not to pronounce bad (unmeritorious) names.
'अयोग्य नाम का मैं उच्चारण नहीं करूँगा' ऐसा संकल्प ।

नाम मंगल – *Nāma Maṁgala.*
Auspicious names-Lord Arhant, Siddha, & Acharyas' names etc.
वीतराग भगवान् के अर्हन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु इन नामों को नाम मंगल कहते हैं ।

नाम सत्य – *Nāma Satya.*
A type of truth, to name conscious, unconscious matters even in the absence of them.
10 प्रकार के सत्य में एक भेद, पदार्थों के न होने पर भी सचेतन और अचेतन द्रव्य की संज्ञा करना ।

नाम सम – *Nāma Sama.*
A part of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
श्रुतज्ञान का एक भेद, द्रव्यश्रुत के साथ रहने अर्थात् उत्पन्न होने के कारण शेष आचार्यों में स्थित श्रुतज्ञान 'नामसम' कहलाता है ।

नाम सामायिक – *Nāma Sāmāyika.*
State of equanimity (pertaining to liked or disliked names about any matter).
प्रिय-अप्रिय नाम आदि सुनकर हर्ष या विषाद नहीं करना ।

नाम स्तव – *Nāma Stava.*
Eulogical praising of 1008 names of Lord Arihant.
चौबीस तीर्थंकरों के गुणों के अनुसरण द्वारा उनके 1008 नामों से स्तुति करना ।

नारक – *Nāraka.*
Hellish beings.
नरक के जीव ।

नारकी – *Nārakī.*
Denizens (beings) of hell.
नरक वासी जीव; ये हुण्डक संस्थान, नपुंसक, पंचेन्द्रिय, कृष्ण, रौद्र ध्यान, अशुभ लेश्या वाले ही होते हैं ।

नारत – *Nārata.*
See – *Nāraka.*
देखें - नारक ।

नारद – *Nārada.*
Particular superbeings.
देखें - नवनारद ।

नाराचसंहनन कर्मप्रकृति –
Nārācasaṁhanana Karmaprakṛti.
Karmic nature causing formation of strong skeleton.
6 संहनन में तीसरा संहनन जिस कर्म के उदय से शरीर में हड्डियों की संधियां परस्पर नाराच अर्थात् कील से जुड़ी होती हैं ।

नारायण – *Nārāyaṇa.*
See - *Nava Nārāyaṇa*, The chief listener in the assembly of Lord Kunthunath, the son of Lord Shantinath.
देखें – नवनारायण, तीर्थंकर कुंथुनाथ के मुख्य श्रोता, तीर्थंकर शांतिनाथ का पुत्र ।

नारी – *Nārī.*
A woman, Name of a river of *Ramyak Kshetra* (region).
स्त्री, रम्यक क्षेत्र की नदी जो महापुण्डरीक पर्वत से निकलती है ।

नारीकूट – *Nārīkūṭa.*
Name of a summit of *Rukmi* mountain.
रुक्मि पर्वत का एक कूट ।

नालिका – *Nālikā.*
A river of the east *Arya Khand* (region), A time unit.
पूर्वी आर्यखण्ड की एक नदी, काल का एक प्रमाण ।

नाली – *Nālī.*
A unit of area and time measurement.
क्षेत्र व काल का प्रमाण विशेष, 24 मिनिट=1 नाली (घड़ी) ।

नाश – *Nāśa.*
Destruction, Annihilation.
व्यय; नष्ट होना ।

नासाग्र – *Nāsāgra.*
To concentrate the eyes on the tip of the nose at the time of meditation.
नासा का अग्र भाग; ध्यान मुद्रा में नासा के अग्रभाग पर दृष्टि स्थिर की जाती है ।

नासारिक – *Nāsārika.*
A country in west *Arya Khand* of *Bharat Kshetra* (region).
भरत क्षेत्र पश्चिमी आर्यखण्ड का एक देश ।

नास्ति अवक्तव्य – *Nāsti Avaktavya.*
Negation–cum–indescribable.
7 भंगों में एक भंग; पर द्रव्य क्षेत्र काल भाव के कथन से द्रव्यनास्ति एवं युगपत् अभेद विवक्षा से वस्तु अवक्तव्य है ।

नास्ति भंग – *Nāsti Bhaṁga.*
A type of seven fold prediction, *Saptbhangi.*
सप्तभंगी का द्वितीय भंग (भेद); धर्मान्तर का निषेध बताने वाला बोधजनक वाक्य। जैसे-पुस्तक 'पुस्तक' रूप से अस्ति है और 'चौकी' रूप से नास्ति है ।

नास्तिक – *Nāstika.*
Atheist.
एक एकान्त मत जो आत्मा व पुण्य-पाप आदि का अस्तित्व न मानने वाला है ।

नास्तिक्यवाद – *Nāstikyavāda.*
Doctrine of atheism.

चार्वाक मत इत्यादि ।

नास्तित्व – *Nāstitva.*
Non-existence, negation.
जिसका कोई अस्तित्व नहीं है, द्रव्यों का एक सामान्य स्वभाव; द्रव्य का परस्वरूप नहीं होना ।

निष्कल – *Niṣkala.*
A type of meditation, Supreme soul salvated one, devoid of all attachments.
ध्यान का एक प्रकार, परमात्मा; शरीर रहित सिद्ध परमात्मा ।

निःकषाय – *Niḥkaṣāya.*
Devoid of passion, Predestined 14th *Tirthankar's* (Jaina-Lord's) name.
कषाय से रहित होना, भावीकालीन 14वें तीर्थंकर। अपरनाम विमलप्रभ ।

निःकांक्षित – *Niḥkāṁkṣita.*
To have no desire for worldly comforts.
सम्यग्दर्शन के 8 अंगों में दूसरा अंग; लोक परलोक संबंधी भोगों की आकांक्षा नहीं करना ।

निःकाचित् – *Niḥkācit.*
A state of *Karma* which is to be faced compulsorily.
कर्म की एक अवस्था; जिस कर्म का फल नियम से भोगना ही पड़ता हो जिसमें अपकर्षण, उत्कर्षण, संक्रमण न हो ।

निःकृतिवाक्य – *Niḥkṛtivākya.*
Deceitful or misguiding language.
सत्यप्रवाद नामक छठे पूर्व में वर्णित 12 प्रकार की भाषा का 8 वां भेद; ऐसी भाषा जिससे दूसरों को प्रवंचित किया जाता है।

निःक्राम – *Niḥkrāma.*
A type of *Talgat Gandharva* (deities).
तालगत गन्धर्व के 22 भेदों में एक भेद ।

निःशंकित् – *Niḥśaṁkit.*
To be completely doubtless about the preachings of Jain Lord, Free from all type of fears.
सम्यग्दर्शन का एक अंग; आप्त के कहे वचनों में संशय नहीं करना, सप्त भयों से रहित रहने वाला ।

निःशल्य – *Niḥśalya.*
The virtue of vowees, free from worldly stings (passions etc).
व्रती का लक्षण; जो मिथ्या, माया, निदान शल्य से रहित हो ।

निःशल्य अष्टमी व्रत – *Niḥśalya Aṣṭamī Vrata.*
A particular type of vow.
16 वर्ष पर्यंत प्रति भाद्रपद शुक्ल 8 को उपवास करना ।

निःश्रेयस – *Niḥśreyasa.*
Spiritual enjoyment, supreme bliss.
जन्म जरा मरण रोग व शोक के दुःखों से और सप्त भयों से रहित अविनाशी तथा कल्याणमय शुद्ध सुख अर्थात् मोक्ष का अविनश्वर अतीन्द्रिय सुख ।

निःश्वास – *Niḥśvāsa.*
Out breath, Exhalation, A time unit.
सांस बाहर निकालना, काल का एक प्रमाण ।

निःसंगत्व – *Niḥsaṁgatva.*
Non- attachment.
परिग्रह से रहितपना ।

निःसंगत्व भावना क्रिया –
Niḥsaṁgatva Bhāvanā Kriyā.
An auspicious & sacred act; an activity of non-attachment (related to purity of conduct).
गर्भान्वय की 53 क्रियाओं में एक; एकल विहारी होकर अधिकाधिक चारित्र में विशुद्धि करना ।

निःसरणात्मक तैजस शरीर –
Niḥsaraṇātmaka Taijasa Śarīra.
Beneficient or magnificient electric body coming out from a great saint causing intense auspicious or inauspicious results respectively.
निःसरणात्मक तैजस शरीर के दो भेद होते हैं-शुभ और अशुभ। (1) अकाल, महामारी आदि प्राकृतिक आपदाओं से द्रवित होकर महातपस्वी मुनि के दायें कंधे से निकलने वाला तैजस शरीर शुभ होता है, जो 12 योजन तक समस्त आपदाओं का विनाश कर पुनः महामुनि के शरीर में प्रवेश कर जाता है। (2) उग्र चारित्र वाले मुनि के अति क्रोधित अवस्था में उनके बायें कंधे से जलती हुई अग्नि के समान निकलने वाला तैजस शरीर अशुभ होता है जो 12 योजन तक सब कुछ भस्मसात करके पुनः उन मुनि को भी भस्म कर देता है ।

निःसृत – *Niḥsṛta.*
Taken out (matter etc).
बाहर प्रगट पदार्थ या निकला हुआ पदार्थ ।

निःसृत ज्ञान – *Niḥsṛta Jñāna.*
A type of sensory knowledge, knowing something completely.
मतिज्ञान का एक भेद। अवग्रहादि ज्ञानों का एक विषय; विद्यमान पूरी वस्तु को जानना निःसृत ज्ञान है ।

निंदन – *Niṁdana.*
Condemn, Reproach, Blaming.
निन्दा अथवा दोषारोपण ।

निंदा – *Niṁdā.*
Condemnation, Blame or blaming.
छिद्रान्वेषण करना, दोष देना, बुरा-भला कहना ।

निंब – *Niṁba.*
The Neem (tree), Example of fruition of sinful *karmic* nature.
नीम (वृक्ष), पाप प्रकृतियों के अनुभाग उदय का उदाहरण ।

निकटावती – *Nikatāvatī.*
A mountain of *Jambudvip* (island).
जम्बूद्वीप के 'हरि' क्षेत्र में स्थित एक पर्वत ।

निकल – *Nikala.*
See - *Niḥkala.*
देखें – निःकल ।

निकाचित – *Nikācita.*
See - *Niḥkācit.*
देखें – निःकाचित् ।

निकाय – *Nikāya.*
Group, Class, Corpus, System, Organization.
समूह, भवनवासी, व्यंतर, ज्योतिष्क और वैमानिक-देवों के ये चार निकाय हैं ।

निकृति – *Nikṛti.*
A type of illusion or deceit.
वंचना माया का एक भेद – बेईमानी, अधमपना, धोखा ।

निकेत – *Niketa.*
Aboding place, house, Temple.
भवन, गृह, मंदिर ।

निकोत – *Nikota.*
Lowest form of life, Originating place of one-sensed beings.
निगोद; नास्तिक, दुराचारी, विषयासक्त, तीव्र मिथ्यात्वी यहां उत्पन्न होते हैं एवं एक श्वांस में 18 बार जन्म मरण के महादुख सहते हैं ।

निक्षेप – *Nikṣepa.*
Installation, Differentiation of things by different names etc.
रखना, नामादि के द्वारा वस्तु में भेद करने के उपाय को न्यास या निक्षेप कहते हैं ।

निक्षेपण – *Nikṣepaṇa.*
Mixing, Installing something.
डालना, किसी वस्तु को रखना ।

निक्षेपादानसमिति – *Nikṣepādānasamiti.*
Carefulness in handling the things avoiding anytype of violence (a virtue of saint).
मुनि की 5 समितियों में चौथी समिति; वस्तुओं को देखकर रखना और उठाना ।

निक्षेपाधिकरण – *Nikṣepādhikaraṇa.*
Cleaning, Act of wiping away.
अजीवाधिकरण आस्रव का एक भेद; इसके 4 भेद हैं ।

निक्षेपार्थ – *Nikṣepārtha.*
Knowing about the matters by *Nikshep Vidhi* (installation method).
निक्षेप विधि से पदार्थों के स्वरूप को जानना ।

निक्षेपिणी – *Nikṣepiṇī.*
A religious story pertaining to presentation of self favour, A type of knowledge.
4 धर्म कथाओं में एक कथा; इसमें अपने पक्ष का प्रतिपादन किया जाता है, एक विद्या ।

निखंडित – *Nikhaṁḍita.*
A type of renunciation.
सार्थक प्रत्याख्यान के 10 भेदों में एक भेद ।

निगड़ – *Nigaṛa.*
Fetters; an important article used by soldiers or police.
बेड़ी; सैन्य साम्रगी का एक अंग ।

निगमन – *Nigamana.*
Right Deduction, A logical conclusion.
साधन को दुहराते हुए साध्य के निश्चयरूप वचन को निगमन कहते हैं। जैसे-धूमवाला होने से यह अग्निवाला ही है ।

निगमनाभास – *Nigamanābhāsa.*
A fallacy of logical conclusion.
निगमन की जगह उपनय का कथन करना ।

निगूढ़तर्क – *Nigūṛhatarka.*
Abstract reasoning.
सारभूत तर्क ।

निगोत – *Nigota.*
Lowest form of life, Originating place of one-sensed beings.
एकेन्द्रिय जीवों का जन्मस्थान-निगोद ।

निगोद – *Nigoda.*
Lowest forms of life, Originating place of one-sensed beings.
एकेन्द्रिय जीवों का उत्पत्ति स्थान; नित्य निगोद, इतर निगोद इसके दो भेद हैं। नास्तिक,दुराचारी, विषयासक्त तीव्र मिथ्यात्वी यहाँ उत्पन्न होते हैं एवं एक श्वांस में 18 बार जन्म-मरण के महादुख सहते हैं। 7वें नरक के नीचे निगोद स्थान है तथा तीन लोक में अन्यत्र भी निगोदिया जीव पाये जाते हैं, जैसे-काई इत्यादि ।

निगोद बादर – *Nigoda Bādara.*
A type of *Nigod* beings.
निगोदिया जीव जिनका शरीर किसी आधार से हो ।

निग्रह – *Nigraha.*
Act of controlling, Censure, Restriction.
स्वच्छन्द प्रवृत्ति को रोकना अर्थात् नियंत्रित करना, वश में करना, दमन करना ।

निग्रह स्थान – *Nigraha Sthāna.*
Not to give any argument when the other party puts unreasonable blames.
दण्डस्थान, प्रतिवादी द्वारा अपने पर दिये गये दोषों का निराकरण न करना ।

निघंटु – *Nighaṁṭu.*
Name of a mythological book, Name of books written (1) by *Shvetambaracharya* Hemchandrasuri and (2) by *Acharya* Padmanandi.
एक पौराणिक ग्रंथ, श्वेताम्बराचार्य श्री हेमचन्द्रसूरि (ई. 1088-1143) एवं आचार्य पद्मनन्दि (ई. 1280-1330) कृत ग्रंथों का नाम ।

निचली कृष्टि – *Nicalī Kṛṣṭi.*
Lower attenuation (gradual destruction of passions).
प्रथम, द्वितीय आदि कृष्टि को निचली कृष्टि कहते हैं ।

निछाबर – *Nichābara.*
Propitiatory offerings (related to charity).
भेंट करना, उड़ेल देना, लुटाना ।

निज – *Nija.*
Personal, Private.
स्वयं का, अपना, स्वकीय, आत्मीय ।

निजगणानुपस्थापना – *Nijagaṇānupasthāpanā.*
A type of repentance or atonement.
परिहार प्रायश्चित का एक भेद ।

निजात्मज्ञान विमुखता – *Nijātmajñāna Vimukhatā.*
Aversion from own true knowledge.
मिथ्या ज्ञान; निजात्मा के परिज्ञान से विमुख होना ।

निजात्माष्टक – *Nijātmāṣṭaka.*
Spiritual composition composed by *Acharya* Yogendudev.
आचार्य योगेन्दु देव (ई.श.6) द्वारा रचित सिद्ध स्वरूपानुवाद विषयक आठ अपभ्रंश दोहे । अपरनाम-निजाष्टक ।

निजानंदसागर (उपाध्याय) – Nijānaṁdasāgara (Upādhyāya).
Name of a saint, the disciple of Muni Shri Dayasagar Maharaj.
चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की परम्परा के एक मुनि श्री दयासागर महाराज के शिष्य (ई.श. 20-21)। हिन्दी, कन्नड़ भाषा के साथ-साथ अंग्रेजी में धारावाहिक प्रवचन के द्वारा आप जैनधर्म की विशेष प्रभावना में तत्पर हैं।

नित्य – *Nitya.*
Permanent, Constant, Eternal.
द्रव्य के 11 सामान्य स्वभावों में एक; अनेक पर्यायों में यह वही है इस प्रकार द्रव्य का सदैव पाया जाना ।

नित्यक्रिया – *Nityakriyā.*
Essential duties for saints, householders etc.
षट् आवश्यक, मुनि - श्रावक के नित्य करने योग्य देववंदना आदि आवश्यक क्रियाएँ ।

नित्यता विपाक – *Nityatā Vipāka.*
Unfailing fruition of *Karmas.*
कर्मों का नित्य उदय ।

नित्यत्व – *Nityatva.*
Permanence, Eternity.
द्रव्य का नित्यता का गुण ।

नित्यनय – *Nityanaya.*
Standpoint of eternity.
47 नयों का एक भेद; आत्मद्रव्य को नट की भाँति अवस्थायी जानना ।

नित्यनिगोद – *Nityanigoda.*
Eternal lowest life or permanent lowest life.
निगोद का एक भेद; जो जीव अनादिकाल से निगोद पर्याय में है और जिन्होंने अभी तक अन्य पर्याय नहीं पायी है ।

नित्यमह – *Nityamaha.*
To worship Lord Jinendra daily with 8 auspicious articles.
नित्य पूजा; प्रतिदिन घर से गन्ध, पुष्प, अक्षत आदि ले जाकर जिनालय में श्री जिनेन्द्रदेव की पूजा करना। इसका अपर नाम सदार्चन है ।

नित्यमहोद्योत – *Nityamahodyota.*
A book written by *Pandit* Ashadharji.
पं. आशाधर (ई. 1173-1243) की एक कृति ।

नित्यरसी व्रत – *Nityarasī Vrata.*
A particular type of vow (fasting).
ज्येष्ठ कृ. 1 से ज्येष्ठ पूर्णिमा तक कृ. 1 को उपवास तथा 2-15 तक एकासना करना। पुनः शु. 1 को उपवास और 2-15 तक एकासन करना ।

नित्यवाद – *Nityavāda.*
Eternalism.
नित्यता को मानने वाला एक एकान्त मत ।

नित्यवाहिनी – *Nityavāhinī.*
A city in the south of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर ।

नित्यसमाजाति – *Nityasamājāti.*
Parity per eternity, Permanance, eternalism.
अनित्य में भी नित्यत्व का प्रसंग उठाना नित्य समाजाति है ।

नित्यानंद – *Nityānaṁda.*
Eternal bliss, Another name for *Mokshamarg*, the path of salvation.
नित्य बना रहने वाला अर्थात् अविनश्वर सुख (मोक्षसुख), निश्चय मोक्षमार्ग का एक अपरनाम ।

नित्यानित्य – *Nityānitya.*
Permanent-cum-impermanent.
द्रव्य द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा नित्य एवं पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा अनित्य है ।

नित्यालोक – *Nityāloka.*
A summit situated at *Ruchak* mountain.
रूचक पर्वत पर स्थित एक कूट ।

नित्योद्योत – *Nityodyota.*
A city in the south of *Vijayardh* mountain, A summit of *Ruchak* mountain.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर, रूचक पर्वत पर स्थित एक कूट ।

नित्योद्योतिनी – *Nityodyotinī.*
A city in the south of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर ।

निदर्शन – *Nidarśana.*
Illustration, Example.
दृष्टान्त ।

निदान – *Nidāna.*
Prime cause, To desire for enjoyment in the next birth.
कारण। आर्तध्यान का भेद, जिसका अर्थ है भोगों की आकांक्षा। सल्लेखना का एक अतिचार; आगामी काल में भोगों की इच्छा। तीन शल्यों में से एक।

निदान आर्तध्यान – *Nidāna Ārtadhyāna.*
To observe conduct of austerity for getting all sensory pleasures in the next birth.
तीव्र कामादि वासना से प्रेरित होकर त्याग-तपस्या के फलस्वरूप परलोक में इन्द्रिय सुख प्राप्त करने की निरन्तर आकांक्षा करना।

निदान प्रत्यय – *Nidāna Pratyaya.*
Pain due to not getting desirable matter.
अनुपलब्ध इष्ट पदार्थ के चिंतन से हुआ आर्तध्यान ।

निदान शल्य – *Nidāna Śalya.*
Constant vehement desires for worldly pleasures.
देखे, सुने, अनुभव में आये हुए भोगों में निरंतर चित्त को लगाए रखना ।

निद्रा – *Nidrā.*
Sleep, Slumber.
मद, खेद और परिश्रमजन्य थकावट को दूर करने के लिए शयन या विश्राम करना ।

निद्रा कर्म प्रकृति – *Nidrā Karma Prakṛti.*
Karmic nature causing sleep.
वह कर्म प्रकृति जिससे निद्रा का उदय होता है ।

निद्राद्विक – *Nidrādvika.*
Dyad of *Karmic* nature related to sleep.
निद्रा एवं प्रचला ये दो कर्म प्रकृतियां ।

निद्रा निद्रा – *Nidrā Nidrā.*
Deep sleep.
निद्रा की पुनः पुनः प्रवृत्ति होना ।

निद्रा निद्रा कर्म प्रकृति – *Nidrā Nidrā Karma Prakṛti.*
Karmic nature causing deep sleep.
दर्शनावरणीय कर्म-जिसके उदय से गाढ़ निद्रा आये, कठिनता से जागें ।

निद्रापंचक – *Nidrāpaṁcaka.*
Group of five *Karmic* nature (conation obscurring) causing deep sleep.
दर्शनावरणीय कर्म-निद्रा, निद्रा निद्रा, प्रचला, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, ये पाँच निद्रापंचक कहलाते हैं ।

निधत्त – *Nidhatta.*
A type of *Karmic* state.
जिन बंधे हुए कर्मों का उत्कर्षण या अपकर्षण तो संभव हो, पर संक्रमण होना संभव नहीं हो ।

निधान – *Nidhāna.*
Treasure.
खजाना, अर्हन्त भगवान गुणों के निधान अर्थात् खजाना होते हैं।

निधि – *Nidhi.*
Treasure, Jewels (nine according to Jaina philosophy).
समवशरण के गोपुरों के बाहर विद्यमान शंख आदि 9 निधियां, देखें-नवनिधि ।

निधुरा – *Nidhurā.*
A river of the east *Arya Khand* of *Bharat Kshetra* (region).
भरतक्षेत्र पूर्वी आर्यखण्ड की एक नदी ।

निन्नहुत – *Ninnahuta.*
A large mathematical quantity $(10,000,000)^5$.
एक विशाल गणितीय संख्या $(10,000,000)^5$ ।

निन्हव – *Ninhava.*
Concealment in exposition of knowledge.
ज्ञानावरण-दर्शनावरण कर्म के आस्रव का कारण - ज्ञान को छिपाना, पूछने पर 'मैं नहीं जानता' ऐसा कह देना ।

निबंध – *Nibaṁdha.*
Binding, fastening, to compose treatise.
बांधना, कसना, रचना करना, अवरोध ।

निबंधन – *Nibaṁdhana.*
Binding, Fastening, Restraining, A part of scriptural knowledge (*Shrutgyan- Purva*).
जो द्रव्य जिसमें सम्बद्ध है उसे निबंधन कहा जाता है, अग्रायणीपूर्व की पंचम वस्तु की बीस प्राभृतों में कर्म प्रकृति नामक चतुर्थ प्राभृत के 24 योगद्वारों में 7 वां योगद्वार ।

निबद्धमंगल – *Nibaddhamaṁgala.*
An auspicious deed; paying reverence to Lord Arihant in eulogical form.
ग्रंथकार के द्वारा जो स्तुतिपरक श्लोक के रूप में भगवान को नमस्कार किया जाता है यह निबद्ध मंगल कहलाता है ।

निमंत्रण – *Nimaṁtraṇa.*
Invitation.
बुलावा, आह्वान, न्यौता, आमंत्रण ।

निमग्ना – *Nimagnā.*
A river in the west of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की पश्चिमी दिशा की एक नदी ।

निमज्जन – *Nimajjana.*
To sink into the water.
जल में डूबना ।

निमित्त – *Nimitta.*
Purpose, Motive.
कारण, हेतु, साधन आदि ।

निमित्तक उत्पाद – *Nimittaka Utpāda.*
Origination with some cause.

परप्रत्यय से होने वाला उत्पाद ।

निमित्त कारण – *Nimitta Kāraṇa.*
External cause, efficient cause.
जो पदार्थ स्वयं कार्य रूप न हो किन्तु कार्य के होने में सहयोगी हो ।

निमित्त ज्ञान – *Nimitta Jñāna.*
Science of omens, Prognostics.
अंतरिक्ष, भौम, अंग, स्वर, व्यंजन, लक्षण, चिन्ह (छिन्न), स्वप्न इन 8 निमित्तों से भूत - भावी शुभाशुभ बात का ज्ञान होना ।

निमित्त-नैमित्तिक संबंध – *Nimitta-Naimittika Saṁbaṁdha.*
Cause and effect relationship.
जो एक दूसरे के कार्य रूप परिणाम में एक दूसरे को परस्पर सहायक हैं ।

निमित्तवाद – *Nimittavāda.*
Doctrine of cause and effect.
एक परतंत्रवाद, निमित्तवाद को मानने वाला एक एकांतमत ।

निमित्तशास्त्र – *Nimittaśāstra.*
A book written by Rishiputra.
ई.श. 6 में ऋषिपुत्र कृत एक ग्रंथ ।

निमित्तशास्त्र – *Nimittaśāstra.*
A composition showing results of different causes.
निमित्तों का फल बताने वाला शास्त्र ।

निमिष – *Nimiṣa.*
A city in the north of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर ।

निमेष – *Nimeṣa.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण, चक्षु टिमकार, असंख्यात समय ।

निम्ब – *Nimba.*
Neem (known for its bitter taste & medicinal uses).
नीम ।

निम्बसदृश अनुभाग – *Nimbasadṛśa Anubhāga.*
Fruitional intensity of *Karmas* as bitter as neem.
कड़वे नीम के समान पाप प्रकृतियों की फलदानरूप शक्ति ।

नियतकाल अनशन – *Niyatakāla Anaśana.*
Fasting for some particular or fixed time period.
निश्चित समय का उपवास करना ।

नियतकाल सामायिक – *Niyatakāla Sāmāyika.*
Spiritual meditation, Contemplation about Lord Arihant.
सामायिक व्रत का एक भेद; निश्चित समय में कृतिकर्म पूर्वक आसन आदि लगाकर पंच परमेष्ठी आदि के स्वरूप या निजात्मा का चिंतवन करना। यह सामायिक चारित्र का भी एक भेद है ।

नियत प्रदेशत्व – *Niyata Pradeśatva.*
Fixed pointedness.
जो अनादि संसार से लेकर संकोच विस्तार से लक्षित है और जो चरम शरीर के परिमाण से कुछ न्यून परिमाणों में अवस्थित होता है, ऐसा लोकाकाश प्रमाण आत्म अवयवत्व जिसका लक्षण है जीव द्रव्य की ऐसी शक्ति नियत प्रदेशत्व कहलाती है ।

नियत विपाक – *Niyata Vipāka.*
Ascertained fruition (related to *Karmas*).
ध्रुव उदय कर्म प्रकृतियां ।

नियत वृत्ति – *Niyata Vṛtti.*
Fixed stratum, Fixed abiding.
संकर व्यतिकर रहित अपने स्वरूप में अवस्थित रहना वस्तु की नियतवृत्ति है। जैसे-अग्नि नियत उष्ण स्वभावी है ।

नियति – *Niyati.*
Fate, destiny; fortune.
द्रव्य, क्षेत्र, काल व भावरूप चतुष्टय से समुदित नियत कार्यव्यवस्था को नियति कहते हैं ।

नियतिनय – *Niyatinaya.*
A standpoint related to fate.
47 नयों में एक नय, जिसकी उष्णता नियमित होती है ऐसी अग्नि की भाँति आत्मद्रव्य नियतस्वभाव रूप भासित होता है ऐसा जानना ।

नियतिवाद – *Niyativāda.*
Fatalism, Determinism, Principle of destiny.
भाग्यवाद-यह मिथ्या एवं सम्यक् के भेद से 2 प्रकार का होता है। एकांत से भाग्य पर ही अवलम्बित रहना मिथ्या नियतिवाद है और अनेकांत से भाग्य और पुरुषार्थ दोनों को गौण-मुख्य विवक्षा से स्वीकार करना सम्यक् नियतिवाद है ।

नियतिवादी – *Niyativāda.*
Believer of fatalism.
नियतिवाद का पक्षधर - एकांतमती ।

नियन्ता – *Niyantā.*
Regulator (reg. something).
नियमानुसार संचालन करने वाला ।

नियन्तृ – *Niyantṛ.*
Controller.
नियंत्रण करने वाला; सारथि, चालक, दण्ड देने वाला ।

नियम – *Niyama.*
Restraint, Vow, Restriction.
देव शास्त्र गुरु की साक्षी में अभिप्रायपूर्वक किया गया कोई भी त्याग नियम कहलाता है। जैसे-उपवास, रसपरित्याग आदि ।

नियमसार – *Niyamasāra.*
Name of a treatise written by *Acharya* Kund-Kund.
आचार्य कुंदकुंद (ई. 127-179) कृत प्राकृत भाषा में एक ग्रंथ ।

नियमसार टीका – *Niyamasāra Ṭīkā.*
A book written by *Acharya* Kund-Kund.
मुनि पद्मप्रभ मल्लधारी देव (ई. 1140-1185) कृत नियमसार ग्रंथ पर टीका। इसका हिन्दी अनुवाद गणिनी ज्ञानमती माताजी

द्वारा किया गया है जो जम्बूद्वीप हस्तिनापुर से प्रकाशित है। इसमें मुनियों के व्यवहार एवं निश्चय रत्नत्रय का सुन्दर वर्णन है। इस ग्रंथ की प्राकृत गाथाओं का हिन्दी अनुवाद पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा किया गया है, जो 'नियमसार पद्यावली' के नाम से प्रकाशित हुआ है ।

नियमसार प्राभृत – *Niyamasāra Prābhṛta.*
A commentary treatise in Sanskrit-Hindi written by Pujya Ganini Shri Gyanmati Mataji on *Niyamsar Grantha.*
नियमसार की प्राकृत गाथाओं पर पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा ई. सन् 1984-85 में रचित "स्याद्वाद चंद्रिका" नामक संस्कृत एवं हिन्दी टीका से समन्वित एक ग्रंथ। इस ग्रंथ पर पं. शिवचरनलाल जैन-मैनपुरी (उ.प्र.) द्वारा वृहत्काय शोध प्रबंध लिखा गया है ।

नियमित सान्द्र – *Niyamita Sāndra.*
Regular solid.
एक प्रकार की ठोस आकृति से संबंधित ।

नियुत – *Niyuta.*
A time unit.
काल का प्रमाण विशेष, 84 लाख नियुतांग प्रमाण काल ।

नियुतांग – *Niyutāṁga.*
A time unit.
84 लाख पूर्व प्रमाण काल ।

नियोग – *Niyoga.*
Injunction.
अनुयोग के 5 पर्यायवाची नामों में एक नाम ।

निरंजन – *Niraṁjana.*
Untainted (pure), Another name of *Mokshmarga* (path of salvation) .
परमशुद्ध, निश्चय मोक्ष मार्ग का एक अपरनाम ।

निरंतर – *Niraṁtara.*
Continuous, Constant.
नित्य, लगातार होने वाला, सतत, अविच्छिन्न, सदा बना रहने वाला ।

निरंतरबंधी प्रकृति – *Niraṁtarabaṁdhī Prakṛti.*
Constant *Karmic* nature (reg. binding).
जो प्रकृतियां अन्तर्मुहूर्त आदि काल तक निरंतर रूप से बंधती हैं ।

निरंतर सिद्ध – *Niraṁtara Siddha.*
Continually salvating beings.
अंतर की अपेक्षा निरंतर सिद्ध होने वाले जीव, 8 समय अंतर एवं सात से दो समय अंतर से सिद्ध होने वाले जीव ।

निरंश – *Niraṁśa.*
Non-divisible particles.
अवयव रहित; अखंड परमाणु, द्रव्यार्थिक नय से परमाणु में निरंशपना होता है ।

निरतगति – *Niratagati.*
Destination of hell, hellish life course or destinity.
नरकगति ।

निरतिचार – *Niraticāra.*
Non-transgression, Non-violation.
दोष न लगाना; अतिचार रहित ।

निरतिशय – *Niratiśaya.*
Ordinary, without any wonder or transcendent.
अतिशय रहित, साधारण ।

निरतिचारता – *Niraticāratā.*
State of faultlessness, state of non-transgression, Non-violation.
निरतिचार या निर्दोषता का भाव निरतिचारता है ।

निरनुबंधा – *Niranubaṁdhā.*
Discontinuity in the binding of new *Karmas.*
नवीन कर्मबंध रहित अवस्था, अविपाक निर्जरा का एक भेद, सम्यग्दृष्टियों की अविपाक निर्जरा इच्छा निरोध होने के कारण निरनुबंधा है ।

निरनुबन्ध योग – *Niranubandha Yoga.*
Activities (reg.mind, speech & body) without binding of new Karmas.
बंध रहित योग ।

निरन्वय – *Niranvaya.*
Inapplicability, Discrete, Irrelevance.
संगतिरहित, सम्बंधरहित, असंबद्ध ।

निरपराध – *Niraparādha.*
Innocent, Blameless, Guiltless.
निर्दोष, कलंकरहित, निरीह ।

निरपेक्ष – *Nirapekṣa.*
Without expectation, Independent.
स्वतंत्र; किसी दूसरे की अपेक्षा न रखने वाला, जैसे-केवलज्ञान।

निरपेक्ष नय – *Nirapekṣa Naya.*
View point of one sidedness or being prejudiced.
एकांत नय (मिथ्यानय); जो दूसरे पक्ष की अपेक्षा न करते हुए एक पक्ष का ही कथन करता है ।

निरब्बुद – *Nirabbuda.*
A large mathematical quantity i.e. $(10,000,000)^9$.
एक विशाल गणितीय संख्या ।

निरर्थक – *Nirarthaka.*
Useless, Meaningless.
अर्थहीन, जिसका कोई अर्थ नहीं है ।

निरर्थखण्डन – *Nirarthakhaṇḍana.*
Rejoinder or refutation on the ground of meaninglessness.
अर्थ-प्रयोजन रहित खंडन ।

निरवद्यक्रिया – *Niravadyakriyā.*
Sinless, faultless activities (i.e. pure).
पाप रहित क्रिया ।

निरवयव – *Niravayava.*
Indivisible.

जिसके अवयव न किये जा सकें ।

निराकरण – *Nirākaraṇa.*
Refutation.
खण्डन, उत्तर ।

निराकांक्ष – *Nirākāṁkṣa.*
Free from all desires.
इच्छा से रहित ।

निराकांक्ष अनशन – *Nirākāṁkṣa Anaśana.*
Fasting without any worldly desire.
बिना किसी लौकिक आकांक्षा के अनशन करना ।

निराकार उपयोग – *Nirākāra Upayoga.*
Apprehension of shapelessness.
दर्शनोपयोग; जिसमें आकार रहित पदार्थ का सामान्य आभास होता है। अर्थात् निश्चय रहित ज्ञान का नाम निराकार उपयोग है।

निराकार स्थापना निक्षेप – *Nirākāra Sthāpanā Nikṣepa.*
Unmatching installation of two different images.
किसी वस्तु में किसी की स्थापना जिसमें उसका आकार वैसा न हो ।

निराकुलता – *Nirākulatā.*
Calmness, Peace of mind, Unperturbedness.
सुख अर्थात् आकुलता से रहित होना ।

निराकृत – *Nirākṛta.*
Refuted.
खंडित या अलग किया हुआ ।

निरागार – *Nirāgāra.*
Renouncer of household (mundane) life.
परिग्रह एवं घर-गृहस्थी से रहित अर्थात् साधु, इसका अपरनाम अनगार है ।

निराभरण – *Nirābharaṇa.*
Completely freeness from all ornament (a characteristic of Jina-Lord idol).
आभूषण से रहितता जिनप्रतिमाओं का एक लक्षण, जो राग अभाव का एक सूचक है ।

निरायुध – *Nirāyudha.*
Weaponlessness-absolute freeness from all types of worldly passions (a characteristic of Jaina-Lord idol)).
आयुध से रहितता-जिन प्रतिमाओं का एक लक्षण जो भय, हिंसा, कषाय आदि के अभाव का सूचक है ।

निरालंब ध्यान – *Nirālaṁba Dhyāna.*
Supreme meditation.
आलम्बन रहित शुक्ल ध्यान, जहां पर ध्यान, ध्येय एवं ध्याता का कोई विकल्प नहीं होता है ।

निरावरण – *Nirāvaraṇa.*
Unveiling, Uncovered.
आवरण से रहित (केवलज्ञान), मुनियों के द्वारा बिना आवरण के शयन करना कायक्लेश तप का एक लक्षण है ।

निराशा – *Nirāśā.*
Hopelessness, Disappointment, Dispondency, Despair.
आशा रहितता ।

निरास्त्रव – *Nirāsrava.*
Devoid of attachments, ill-feelings etc.
सम्यग्दृष्टि जीव अर्थात् राग, द्वेष और मोह से रहित होना निरास्त्रव कहलाता है ।

निराहारता – *Nirāhārata.*
To be foodlessness- an excellence of Lord Arihant (free from hunger).
भोजन का अभाव; अर्हंत भगवान के केवलज्ञान का एक अतिशय ।

निरीति – *Nirīti.*
Lack of different calamities.
ईतियों का अभाव; अतिवृष्टि, अनावृष्टि, मूषण, शलभ, शुक और निकटवर्ती शत्रु-ये 6 ईतियां हैं ।

निरीह – *Nirīha.*
Desireless, Submissive.
इच्छा रहित होना, उदासीन ।

निरुक्ति – *Nirukti.*
Commentary, Explanation, Etymological interpretation of words.
व्युत्पत्ति, शब्दों की व्युत्पित्ति (व्याकरण) सहित व्याख्या ।

निरुद्ध अविचार भक्त प्रत्याख्यान – *Niruddha Avicāra Bhakta Pratyākhyāna.*
Slow renunciation of food for ritualistic death.
सल्लेखना की एक विधि-रोग से पीड़ित हो जाने के कारण जिसका जंघाबल क्षीण हो गया हो, ऐसे मुनि इस विधिपूर्वक समाधि ग्रहण करते हैं ।

निरुपक्रम आयुष्क – *Nirupakrama Āyuṣka.*
Beings having non reducible age or to have timely death (according to Jaina philosophy).
अनपवर्तित आयुष्क देव, नारकी, भोगभूमिज तिर्यंच व मनुष्य जिनका अकालमरण नहीं होता ।

निरुपभोग – *Nirupabhoga.*
Devoid of worldly enjoyments.
उपभोग रहित होना-तैजस और कार्माण शरीर की भाँति ।

निरुपम – *Nirupama.*
Incomparable, Excellent.
उपमा रहित, अनुपम ।

निरुपलेप – *Nirupalepa.*
Blameless, Stainless, Uncontaminated.
कलंक, दाग अथवा धब्बा रहित होना ।

निरूपणा – *Nirūpaṇā.*
Act of defining, exposition or investigation.
नाम, जाति आदि की दृष्टि से कथन या अन्वेषण करना ।

निरोध – *Nirodha.*
Restraining, Controlling.
रोकना, नियंत्रित करना – गमन, भोजन, शयन और अध्ययन आदि विविध क्रियाओं में भटकने वाली चित्तवृत्ति को रोक देना ।

निर्गमन – *Nirgamana.*
To go out.
चले जाना, किसी गति से निकलकर किसी अन्य गति व गुणस्थान आदि में जन्म लेना ।

निर्ग्रंथ – *Nirgraṁtha.*
Unattached & possessionless saint, who is just going to be omniscient.
निर्ग्रन्थ साधु का एक भेद; वे साधु जिनके मोह का नाश हो गया है एवं अन्तर्मुहूर्त के बाद ही केवलज्ञान होने वाला है (बारहवें गुणस्थानवर्ती) ।

निर्ग्रन्थलिङ्ग – *Nirgranthaliṅga.*
Possessionless & passionless sign, state of *Digambar* saint.
दिगम्बर मुनि; जिनमुद्रा अर्थात् अर्हन्त मुद्रा, निष्परिग्रह लिंग (चिन्ह) ।

निर्जर पंचमी व्रत – *Nirjara Paṁcamī Vrata.*
A particular type of vow (fasting).
प्रतिवर्ष आषाढ़ शुक्ल 5 से लेकर कार्तिक शुक्ल 5 तक की कुल 9 पंचमियों के उपवास 5 वर्ष पर्यन्त करना ।

निर्जरा – *Nirjarā.*
Dissociation or destruction of *Karmas.*
पूर्वबद्ध कर्मों का एकदेश झड़ना ।

निर्जरा अनुप्रेक्षा – *Nirjarā Anuprekṣā.*
Contemplation on dissociation of *Karmas.*
निर्जरा में निमित्त ऐसे अनशन आदि 12 प्रकार के तप का विचार करना ।

निर्जल व्रत – *Nirjala Vrata.*
A vow (fasting) even without taking water.
उपवास; जल का भी त्याग कर उपवास रखना। हर व्रत को करने में उत्कृष्ट विधि निर्जल व्रत (उपवास) की होती है ।

निर्णय – *Nirṇaya.*
Decision, Doubtlessness.
निश्चय; संशय का न होना ।

निर्दंड – *Nirdaṁḍa.*
Freedom of soul from all types of faults (reg. mind, speech or body).
मनदण्ड या मनोयोग, वचनदण्ड और कायदण्ड के योग्य द्रव्यकर्मों तथा भावकर्मों का अभाव होने से आत्मा निर्दण्ड (निर्दोष) होती है ।

निर्दुःख – *Nirduḥkha.*
Sorrowlessness, Name of a planet.
दुःख रहित अवस्था, एक ग्रह; 88 ग्रहों में 60 वां ग्रह ।

निर्देश – *Nirdeśa.*
Instruction, Direction.
आदेशपूर्वक किसी बात को कहना, विवक्षित वस्तु के स्वरूप का कथन करना ।

निर्देश आदेश ओघ – *Nirdeśa Ādeśa Ogha.*
Detailed instruction related to spiritual investigation & stage of spiritual development.
मार्गणा और गुणस्थान के स्वरूप का कथन ।

निर्दोष – *Nirdoṣa.*
Innocent, Blameless.
दोष रहित; समस्त पापमल कलंकरूपी कीचड़ से रहित अर्थात् पवित्र ।

निर्दोष सप्तमी व्रत – *Nirdoṣa Saptamī Vrata.*
A particular type of vow (fasting).
भादों सुदी सप्तमी को दोष रहित प्रोषधोपवास करना एवं सात वर्ष करके उद्यापन करना ।

निर्द्वंद – *Nirdvaṁda.*
Unopposed, without dispute, Devoid of duality.
संकल्प-विकल्प से रहित होना, कलह से रहित होना ।

निर्धन – *Nirdhana.*
Pauper, poor, needy.
गरीब, धनहीन व्यक्ति ।

निर्धूतमोह – *Nirdhūtamoha.*
Destroyer of delusion.
मोह को जिन्होंने नष्ट कर दिया है ।

निर्धूम अग्नि – *Nirdhūma Agni.*
Smokeless fire-one of the 16 dreams of the mother of *Tirthankar* (Jaina-Lord).
तीर्थंकर की माता के 16 स्वप्नों में एक स्वप्न; जिसका फल कर्मरूपी ईंधन को जलाने वाला पुत्र होगा ।

निर्नामिक – *Nirnāmika.*
The son of king Gangdev who took birth later as the 9th *Narayana* 'Krishna'.
राजा गंगदेव का पुत्र था जिसने मुनि बन तपस्या की और अगले भव में 'कृष्ण' नामक नवां नारायण हुआ ।

निर्निमेष दृष्टि – *Nirnimeṣa Dr̥ṣṭi.*
Unwinking eyes; an excellence of Lord Arihant.
पलक झपकने का अभाव; अर्हंत भगवान के केवलज्ञान के 11 अतिशयों में एक ।

निर्बाध – *Nirbādha.*
Uncontradicted, Unrestricted.
बाधा रहित ।

निर्भरानंद – *Nirbharānaṁda.*
Full of bliss.
आत्म आनंद से भरपूर ।

निर्मंत्र – *Nirmaṁtra.*
Destruction of Mantra-power, Name of the 56th planet.
किसी की मंत्र शक्ति को निर्मूल कर देना, 88 ग्रहों में 56 वें ग्रह का नाम ।

निर्मल आकाश – *Nirmala Ākāśa.*
Absolute pure sky, immaculateness of sky (an excellence of Lord – Arihant).
14 देवकृत अतिशयों में एक अतिशय; आकाश का धुआँ, उल्कापातादि से रहित होकर निर्मल हो जाना ।

निर्मल जल – *Nirmala Jala.*
Pure & holy water of river etc. (an excellence of Lord-Arihant).
देवकृत 14 अतिशयों में एक अतिशय; तालाब आदि का जल निर्मल हो जाना ।

निर्मलनाथ– *Nirmalanātha.*
Name of the 16th predestined *Tirthankar.*
भावीकालीन 16वें तीर्थंकर का नाम (श्रीकृष्ण का जीव) ।

निर्मल शरीर – *Nirmala Śarīra.*
Serene body of Lord Arihant (an excellence of birth).
पवित्र (मल रहित) शरीर; तीर्थंकर भगवान के जन्म का एक अतिशय ।

निर्मलसागर (आचार्य) – Nirmalasāgara (Ācārya).
Name of a saint, the disciple of Acharya Shri Vimalsagar Maharaj.
आचार्यश्री विमलसागर महाराज (भिण्ड) के शिष्य (ई.श. 20-21), इनकी प्रेरणा से गिरनार सिद्धक्षेत्र का विकास हुआ है ।

निर्माण नाम कर्म प्रकृति – *Nirmāṇa Nāma Karma Prakr̥ti.*
Physique making *Karma* (related to body formation).
वह कर्म जिसके निमित्त से शरीर के अंगोपांगों की रचना होती है।

निर्माणरज – *Nirmāṇaraja.*
A heavenly deity (*Laukantik Deva*) .
एक लौकान्तिक देव ।

निर्माणरजस् – *Nirmāṇarajas.*
A havenly deity (*Laukantik Deva*).
एक लौकान्तिक देव ।

निर्माणस्थल – *Nirmāṇasthala.*
A place under construction.
निर्माणाधीन स्थान ।

निर्माल्य द्रव्य – *Nirmālya Dravya.*
The worshipping articles made offered to the Lord.
जो अष्टद्रव्य सामग्री मंत्र बोलकर जिनेन्द्रादि की पूजा में चढ़ा दी जाये ।

निर्मूढ़ – *Nirmūrha.*
One rational, who is capable of knowing the super soul of self.
मूढ़ता रहित; निजपरमतत्त्व को जानने में समर्थ होना ।

निर्मोह – *Nirmoha.*
Attachmentless, a characteristic of a saint.
साधु का एक लक्षण; मोह से रहित होना ।

निर्यान– *Niryāna.*
To get free from worldly transmigration.
संसार पर्यटन से निकल जाना निर्यान कहलाता है ।

निर्यानपथ – Niryānapatha.
The path of getting free from the worldly cycle.
संसार पर्यटन से निकलने का मार्ग ।

निर्यापक – *Niryāpaka.*
A main preceptor who gets the holy procedure of voluntary death (*Samadhi*) of an another saint accomplished.
समाधि मरण करने वाले क्षपक की वैयावृत्ति करने में उद्यमी साधु ।

निर्यापकाचार्य – *Niryāpakācārya.*
A preceptor or spiritual leader of other saints.
निर्यापक मुनियों को नियत करने वाले आचार्य ।

निर्लेपन – *Nirlepana.*
State of absolute completion (reg. food, body, senses etc.).
आहार, शरीर, इन्द्रिय और श्वासोच्छ्वास अपर्याप्तियों की निवृत्ति (धवला पु. 14) ।

निर्लोभ – *Nirlobha.*
Greedless.
शौच धर्म; चारों प्रकार के लोभ से रहित होना ।

निर्वर्ग – *Nirvarga.*
That which is unseen or invisible forever.
जो सर्वथा असदृश हो ।

निर्वज्ञशांवला – *Nirvajñaśāṁvalā.*
A spiritual knowledge or study regarding *Vidyadhars.*
एक विद्याधर विद्या ।

निर्वर्तना – *Nirvartanā.*
Accomplishment.
निष्पादन या रचना ।

निर्वस्त्र – *Nirvastra.*
See – *Naganatva.*
देखें – नगनत्व ।

निर्वर्त्यकर्म – *Nirvartyakarma.*
New research by a performer, to produce something new.
कर्ता के द्वारा जो पहिले न हो ऐसा नवीन कुछ उत्पन्न किया जाना।

निर्वहण – *Nirvahaṇa.*
Acquiring right faith and other virtues with calmness (free from anxiety).
सम्यग्दर्शन आदि गुणों को निराकुलता से धारण करना – परीषहादिक आने पर व्याकुल चित्त न होकर सम्यग्दर्शन आदि रत्नत्रय में तत्पर रहना ।

निर्वाण – *Nirvāṇa.*
Liberation, Salvation, Emancipation.
मोक्ष; जन्म-मरण से मुक्ति प्राप्त कर शिव पद को धारण करना।

निर्वाणकल्याणक – *Nirvāṇakalyāṇaka.*
Holy event of salvation of Lord-Arihant.
पंचकल्याणकों में एक कल्याणक; तीर्थंकरों के निर्वाण के अवसर पर देवों द्वारा मनाया जाने वाला उत्सव ।

निर्वाणकल्याणक वन्दना – *Nirvāṇakalyāṇaka Vandanā.*
A devotional prayer related to the holy event of salvation of Lord Arihant.
कृतिकर्म; सिद्ध - श्रुत - चारित्र - योगि-निर्वाण व शांति भक्ति करना ।

निर्वाणपथ – Nirvāṇa Patha.
Path of salvation.
संसार से उपरत करने का अथवा परम सुख को प्राप्त करने का मार्ग।

निर्वाणभक्ति – *Nirvāṇabhakti.*
A devotional prayer for salvation of one, A composition composed by *Acharya* Kund-Kund & Acharya Pujyapad.
10 भक्तियों में एक भक्ति-आचार्य कुंद-कुंद द्वारा प्राकृत में रचित एवं आचार्य पूज्यपाद द्वारा संस्कृत में रचित ।

निर्वाण भूमि – *Nirvāṇa Bhūmi.*
Holy place of salvation.
सिद्धक्षेत्र; जहां से तीर्थंकर व सामान्य केवली मोक्ष गए हों। जैसे - कैलाशपर्वत, सम्मेदशिखर जी, चम्पापुर, गिरनार, पावापुरी इत्यादि।

निर्वाणसंपत्ति यंत्र – *Nirvāṇasaṁpatti Yaṁtra.*
A metallic plate engraved with auspicious mystic words.
मंत्र लिखित धातु की एक प्लेट ।

निर्वाण संवत् – *Nirvāṇa Saṁvat.*
The era of salvation of Lord.
भगवान के निर्वाण का समय-काल अर्थात् वर्ष । वर्तमान में भगवान महावीर के निर्वाण के समय से प्रारंभ 'वीर निर्वाण संवत्' सर्वाधिक प्राचीन संवत् के रूप में प्रचलित है। वर्तमान सन् 2003-2004 में वी.नि.सं. 2530 चल रहा है ।

निर्विंध्या – *Nirviṁdhyā.*
A river of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region).
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड की एक नदी ।

निर्विकल्प – *Nirvikalpa.*
Free from all confusions, fixed, settled.
विकल्पों से रहित ।

निर्विकल्पता – *Nirvikalpatā.*
State of unconfusedness, without perplexity.
विकल्पों से रहित रहना ।

निर्विकल्प ध्यान – *Nirvikalpa Dhyāna.*
Absolute meditation.
निश्चय मोक्षमार्ग का एक अपरनाम ।

निर्विकल्प समाधि – *Nirvikalpa Samādhi.*
Absolute meditation, the state of indeterminate ecstasy.
समस्त विकल्पों से रहित परम समाधि को प्राप्त होना ।

निर्विकल्प सुख – *Nirvikalpa Sukha.*
Indeterminate enjoyment, Supreme bliss.
समस्त विकल्पों से रहित मोक्ष सुख ।

निर्विकार – *Nirvikāra.*
Pure, without any defect.
विकार रहित ।

निर्विकृति – *Nirvikṛti.*
Tasteless substance like buttermilk etc.
जिस आहार को परस्पर मिलाने से विशेष स्वाद उत्पन्न होता है उसे विकृति कहते हैं, विकृति से रहित छाछ आदि को निर्विकृति कहते हैं ।

निर्विकृति आहार – *Nirvikṛti Āhāra.*
Tasteless food.
व्यंजन रस आदि विशेष स्वादपूर्ण पदार्थों से रहित आहार ।

निर्विचिकित्सा – *Nirvicikitsā.*
To have reverential belief with free from any disgust on viewing excreta of saints.
घृणा नहीं करना, सम्यग्दर्शन के 8 अंगों में तीसरा अंग; रत्नत्रय से पवित्र साधुओं के मलिन शरीर, मलमूत्रादि से घृणा न करते हुए वस्तुस्वरूप का विचार करना। परोपकार के निमित्त भी इस गुण का पालन करना चाहिए ।

निर्विण्ण – *Nirviṇṇa.*
One with disregard for worldly things.
विरक्त - संसार,शरीर, भोगों से उदासीन साधु ।

निर्वृत्ति – *Nirvṛtti.*
Formative sense, Subtype of physical sense.
नामकर्म के द्वारा होने वाली रचना विशेष (इन्द्रिय) को निर्वृत्ति कहते हैं। जैसे-आँख की पुतली आदि ।

निर्वृत्ति अक्षर – *Nirvṛtti Akṣara.*
Words pronounced by the living beings.
जीवों के मुख से निकले शब्द, यह व्यक्त और अव्यक्त ऐसे दो प्रकार से होते हैं ।

निर्वृत्ति इंद्रिय – *Nirvṛtti Iṁdriya.*
Formative sense (reg. organic structure of any matter).
द्रव्येन्द्रिय; इन्द्रियों के आकाररूप शुद्ध आत्म प्रदेशों का होना आभ्यन्तर एवं पुदगलों का इन्द्रियों के आकार रूप होना बाह्य निवृत्ति है ।

निर्वृत्ति भक्ति – *Nirvṛtti Bhakti.*
A devotional prayer for salvation of one.
श्रावक अथवा श्रमण द्वारा सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यग्चारित्र की भक्ति करना। निर्वृत्तिभक्ति (निर्वाणभक्ति) है (नियमसार से) ।

निर्वृत्ति मार्ग – *Nirvṛtti Mārga.*
Path of salvation.
त्याग मार्ग, मुनि व त्यागी होने की तरफ चलना (महाव्रतों को धारण करना) ।

निर्वेगिनी कथा – *Nirveginī Kathā.*
Story which produces feelings of asceticism or detachment.
4 धर्मकथाओं में एक कथा - संसार, शरीर और भोगों में वैराग्य को उत्पन्न करने वाली कथा । अपरनाम-निर्वेजनी कथा।

निर्वेद – *Nirveda.*
Detachment, Aversion from the worldly affairs.
सब अभिलाषाओं का त्याग निर्वेद कहलाता है - संसार, शरीर, भोगों से वैराग्य भाव ।

निर्वेदिनी कथा – *Nirvedinī Kathā.*
See – *Nirveginī Kathā.*
देखें - निर्वेगिनी कथा ।

निर्वैर – *Nirvaira.*
Peaceable, enmitiless feelings.
संपूर्ण प्राणियों से मैत्रीभाव होना अर्थात् किसी से वैर न होना।

निर्व्याकुल चित्त – *Nirvyākula Citta.*
Mind free from all agitations.
सुख; शांत मन अर्थात् व्याकुलताओं से रहित मन ।

निर्व्याघात – *Nirvyāghāta.*
Lack of forceful impact or splitting.
स्थितिकाण्डकघात का अभाव निर्व्याघात कहलाता है ।

निर्हेतुक – *Nirhetuka.*
Destitute of a cause.
हेतु रहित या कारण रहित ।

निर्हेतुकत्व – *Nirhetukatva.*
Causelessness.
हेतुरहितपना ।

निलय – *Nilaya.*
Name of the 40th planet, An aboding place.
88 ग्रहों में 40 वें ग्रह का नाम, रहने के स्थान; भवन, भवनपुर, आवास, के भेद से निलय तीन प्रकार के हैं ।

निवास – *Nivāsa.*
Residence, Abode.
रहने का स्थान या घर ।

निवृत्ति – *Nivṛtti.*
Devoid of all desires, Detachment from worldly life, Abstinence.
समस्त अभिलाषाओं का त्याग करना ।

निर्वृत्त्यपर्याप्त – *Nirvṛttyaparyāpta.*
Period of completion of eligible state (i.e. 6 *Paryaptis*) for body making in (*Antarmuhurta*).
पर्याप्ति नामकर्म के उदय से युक्त जीव के जब तक शरीर पर्याप्ति पूर्ण न हो उतने काल तक उसे निर्वृत्ति अपर्याप्त कहते हैं (अर्थात् एक समय कम शरीर-पर्याप्ति संबंधी अन्तर्मुहूर्त पर्यन्त काल)। इस अवस्था को सर्वज्ञ ही जानते हैं ।

निवेशन – *Niveśana.*
Entrance, Investment, Act of establishing.
स्थापना, प्रवेश, ठहरना ।

निशिभोजन कथा – *Niśibhojana Kathā.*
Name of a book written by poet Bharamal.
कवि भारामल (ई. 1756) द्वारा हिन्दी भाषा में रचित कथा ।

निशुंभ – *Niśuṁbha.*
The 5th *Pratinarayana* of the present era.
वर्तमान के 9 प्रतिनारायणों में पाँचवाँ प्रतिनारायण ।

निश्चय – *Niścaya.*
Absolute conception or belief, determination.
परमार्थ की विशेष रूप से तथा संशयादि से रहित अवधारणा निश्चय कहलाती है, दृढ़ विश्वास, असंदिग्ध अवधारणा ।

निश्चय अनशन – *Niścaya Anaśana.*
Absolute fasting with conquering the worldly desires.
मुनि अवस्था में विषय सुख की अपेक्षा न करते हुए अर्थात् मन व इंद्रियों को जीतते हुए आत्मसुख में ही निवास करना ।

निश्चय अनुप्रेक्षा – *Niścaya Anuprekṣā.*
Reflection about absolutism (knowledge of soul is supreme).
मुनि अवस्था में शुद्ध निश्चय नय से आत्मा का स्वरूप देवादि पर्यायों से रहित ज्ञानस्वरूप मात्र है इस तरह का चिंतन करना।

निश्चय अमूढ़दृष्टि – *Niścaya Amūṛhadṛṣṭi.*
One absolutely undeluded or absolute undeluded view (reg. faith on realism).
यथार्थ दृष्टि वाला; मिथ्यात्व, रागादि, शुभाशुभ संकल्प-विकल्पों में इष्ट बुद्धि को छोड़कर त्रिगुप्तिरूप विशुद्ध ज्ञान दर्शन स्वभाव में निश्चल अवस्थान करने वाला मुनि ।

निश्चय अहिंसा – *Niścaya Ahiṁsā.*
Absolute non-violence.
मुनि अवस्था में प्रमाद व राग आदि का उत्पन्न न होना ।

निश्चय आचार – *Niścaya Ācāra.*
See - *Niścayācāra.*
देखें - निश्चयाचार ।

निश्चय आराधना – *Niścaya - Ārādhanā.*
Absolute spiritual prayer or meditation, Synonym word for *Mokshamarga*, the path of salvation.
निश्चय मोक्षमार्ग का एक अपरनाम। मुनि अवस्था में सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र व तप इन चारों की आराधना व्यवहार आराधना है,इस व्यवहार आराधना के द्वारा आत्मा में एकाग्र परिणति रूप ध्यान निश्चय आराधना है ।

निश्चय आलोचना – *Niścaya Ālocanā.*
Absolute introspection.
जीव द्वारा परिणामों को समभाव में स्थापित कर निज आत्मा में तन्मय होना निश्चय आलोचना है। यह मुनि अवस्था में घटित होती है ।

निश्चय उपगूहन – *Niścaya Upagūhana.*
Absolutely free from all passions.
मुनि अवस्था में सिद्धों की अर्थात् शुद्धात्मा की भक्ति से युक्त होना और रागादि भावों से युक्त नहीं होना अर्थात् अपने निरंजन-निर्दोष आत्मा को दूषित करने वाले मिथ्यात्व रागादि विभावधर्मों का विनाश करना ।

निश्चय कर्ताकर्म – *Niścaya Kartākarma.*
A viewpoint of taking self as the doer of own pure volitions.
आत्मा वास्तव में अपने शुद्ध भावों का कर्ता है एवं पुद्गलद्रव्य के निमित्त से होने वाले भावों का कर्ता नहीं है ।

निश्चयकाल – *Niścaya Kāla.*
Time factor causing transformation of any entity.
काल जो परिणमन करने में कारण होता है अर्थात् जो सर्वद्रव्यों के परिणमन में उदासीन निमित्त कारण है। इसी के आधार पर व्यवहार काल जाना जाता है ।

निश्चयक्षमा – *Niścayakṣamā.*
Absolute liberal conduct, free from agitation on others' misconduct.
साधुओं आदि को दुष्टजन द्वारा गाली-गलौज, उपहास, तिरस्कार आदि करने पर भी उनके मन में कलुषता का उत्पन्न न होना व्यवहार क्षमा है तथा क्रोध के अभाव में आत्मा में तन्मयता का होना निश्चय क्षमा है ।

निश्चयगुप्ति – *Niścayagupti.*
Absolute purity of soul (with mind, speech & body).
मुनि अवस्था में सहज शुद्ध आत्म-भावनारूप गुप्त स्थान में संसार के कारणभूत रागादि के भय से अपने को छिपाना अर्थात् मन वचन काय की रागादि प्रवृत्तियों से निवृत्त होना ।

निश्चयगुरु – *Niścayaguru.*
One having absolute perception of knowing himself.
निश्चय से आत्मा ही आत्मा का गुरु है क्योंकि मोक्ष सुख का ज्ञान कर स्वयं ही उसे परम हितकर जान उसकी प्राप्ति में अपने को लगाता है ।

निश्चयज्ञान – *Niścayajñāna.*
Absolute or right knowledge of self.
सम्यक् व निर्विकल्प अपने स्वरूप का वेदन करना निश्चय ज्ञान है। यह मुनि अवस्था में ही होता है ।

निश्चयचारित्र – *Niścayacāritra.*
Absolute right conduct, absolute meditation.
साधु जीवन में व्यवहार चारित्र के बल से अंतरंग-बहिरंग विकल्पों को त्याग कर आत्म स्वरूप में तन्मय होना ।

निश्चय तप – *Niścaya Tapa.*
Absolute austerity (completely engrossed into oneself).
मुनि अवस्था में निज स्वरूप में परिणमन होना अर्थात् समस्त परद्रव्य की इच्छा को रोकना निश्चय तपश्चरण है ।

निश्चय दर्शन – *Niścaya Darśana.*
View of absolute perception (soul is supreme).
परम चैतन्य की विलास रूप लक्षण वाली प्रतीति अर्थात् शुद्धात्म तत्व ही उपादेय है ऐसी दृढ़ प्रतीति। इसका निश्चय चारित्र के साथ अविनाभावी संबंध है ।

निश्चय धर्म – *Niścaya Dharma.*
Being engrossed in oneself.
मुनि अवस्था में रागद्वेष को छोड़कर निजात्मा में वास करना ।

निश्चय ध्यान – *Niścaya Dhyāna.*
Absolute meditation or complete engrossment.
मुनि अवस्था में सकल विकल्पों को छोड़कर और आत्मस्वरूप में मन को रोककर आत्मा के आनन्द में निमग्न हो जाना ।

निश्चय नय – *Niścaya Naya.*
Absolute standpoint.
जो नय वस्तु के असली स्वभाव या अभेद रूप को ग्रहण करता है ।

निश्चय निर्विचिकित्सा – *Niścaya Nirvicikitsā.*
Tending towards knowing oneself or soul perfectly.
मुनि अवस्था में समस्त राग-द्वेष आदि विकल्प रूप तरंगों का त्याग करके निर्मल आत्मानुभव लक्षण की निज शुद्धात्मा में स्थिति करना ।

निश्चय पंचाशत – *Niścaya Pañcāśata.*
Name of a treatise.
शुद्धात्मस्वरूप विषयक एक ग्रंथ-पद्मनंदिपंचविंशतिका का एक अध्याय ।

निश्चय पूजा – *Niścaya Pūjā.*
To achieve the super knowledge of self.
मुनि अवस्था में "जो परमात्मा है वह ही मैं हूँ तथा जो स्वानुभवगम्य मैं हूँ वही परमात्मा है, इसलिए मैं ही मेरे द्वारा उपासना के योग्य हूँ" ऐसा विचार करना। अर्थात् आत्मा के ध्यान में एकाग्र हो जाना ।

निश्चय प्रतिक्रमण – *Niścaya Pratikramaṇa.*
Absolute penitential retreat for good & bad *Karmas.*
पूर्वकृत जो अनेक प्रकार के विस्तार वाले शुभ व अशुभ कर्म हैं, उनको आत्मा से पृथक् करके आत्मलीन होना। यह मुनि अवस्था में ही घटित होता है ।

निश्चय प्रत्याख्यान – *Niścaya Pratyākhyāna.*
Absolute renunciation (to have real knowledge).
मुनि अवस्था में अपने से भिन्न पदार्थों को पर जान उन्हें उसी समय छोड़ देना । अतः वास्तव में ज्ञान ही प्रत्याख्यान है ऐसा निश्चय कर आत्मा में स्थिर हो जाना ।

निश्चय प्रभावना – *Niścaya Prabhāvanā.*
Enlightening the soul by the influence of right belief-knowledge & conduct.
मुनि अवस्था में सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र रूप रत्नत्रय के प्रभाव से आत्मा को प्रकाशमान करना ।

निश्चय प्राण – *Niścaya Prāṇa.*
Absolute consciousness.
शुद्ध ज्ञान व दर्शन निश्चय प्राण हैं।

निश्चय प्रोषधोपवास – *Niścaya Proṣadhopavāsa.*
Engrossment into self with renouncing all kinds of food taking.
मुनि अवस्था में चतुर्विध आहार छोड़कर आत्मा के ध्यान में निमग्न होना ।

निश्चय ब्रह्मचर्य – *Niścaya Brahmacarya.*
Absolute engrossment into own soul.
ब्रह्म शब्द का अर्थ निर्मल ज्ञान स्वरूप आत्मा है, मुनि अवस्था में उस आत्मा में लीन होना निश्चय - ब्रह्मचर्य है ।

निश्चय भक्ति – *Niścaya Bhakti.*
Engrossment into self.
मुनि अवस्था में आत्मगुणों में तन्मयता निश्चयभक्ति है ।

निश्चय भोक्ता भोग्यभाव – *Niścaya Bhoktā Bhogyabhāva.*
Absolute consumption of self (self engrossment).
शुद्धात्मा ही भोग्य अर्थात् अनुभव करने योग्य है तथा शुद्धात्मा ही भोक्ता अर्थात् अनुभव करने वाला है, ऐसा निश्चय कर आत्मा में स्थिर हो जाना। यह मुनि अवस्था में ही घटित होता है ।

निश्चय मोक्षमार्ग – *Niścaya Mokṣamārga.*
Absolute path of salvation.
मुनियों में होने वाली निश्चय सम्यग्दर्शन, ज्ञान एवं चारित्ररूपी त्रिरत्न की एकता अर्थात् शुक्लध्यान की अवस्था ।

निश्चय रक्षा – *Niścaya Rakṣā.*
Absolutely devoid of lust, passion etc.
वीतराग मुनियों के रागादि का अभाव होना जिसे निश्चय नय से अहिंसा भी कहते हैं ।

निश्चय रत्नत्रय – *Niścaya Ratnatraya.*
To be engrossed completely into the soul with right faith, knowledge & conduct.
आत्मा का श्रद्धान, आत्मा का ज्ञान और आत्मा में ही लीन होना।

निश्चय वंदना – *Niścaya Vaṁdanā.*
To pay reverence absolutely to soul with right perception, knowledge & conduct.
मुनियों द्वारा दर्शन, ज्ञान व चारित्र स्वरूप उत्तम आत्मा की वंदना करना ।

निश्चय वात्सल्य – *Niścaya Vātsalya.*
To keep real affection for soul.
मुनियों द्वारा रागादि विकल्पों से रहित आनंदरूप सुखमय आत्मा के प्रति प्रीति करना ।

निश्चय विनय – *Niścaya Vinaya.*
Reverence with supreme purity of soul.
शुद्धात्मा के प्रति विनम्रता, लीनता एवं शुद्धि निश्चय विनय है।

निश्चय वीर्य – *Niścaya Vīrya.*
Super power of soul.
शुद्ध आत्म स्वरूप की शक्ति ।

निश्चय व्रत – *Niścaya Vrata.*
Self realisation, the super character of one.
शील अर्थात् अपनी आत्मा से अपनी आत्मा में प्रवृत्ति करना।

निश्चय श्रुतकेवली – *Niścaya Śrutakevalī.*
Great saints, absolutely well-versed in scriptural knowledge.
सर्व श्रुत को जानने वाले वीतरागीमुनि ।

निश्चय षडावश्यक – *Niścaya Ṣaḍāvaśyaka.*
Synonym word for *Mokshamarg,* path of salvation.
निश्चय मोक्षमार्ग का एक अपरनाम ।

निश्चय संयम – *Niścaya Saṁyama.*
Absolute restraint.
सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र में परिणत आत्मा में आत्मनिष्ठता होना।

निश्चय संवर – *Niścaya Saṁvara.*
Complete stoppage of sensual pleasures with absolute engrossment into self.
5 इन्द्रियों के विषयों से निवृत्त हो शुद्धात्मतत्व रूप परिणति ।

निश्चय समिति – *Niścaya Samiti.*
Absolute behaviour.
अपने स्वरूप में सम्यक् प्रकार से गमन अथवा परिणमन करना ।

निश्चय सम्यग्दर्शन – *Niścaya Samyagdarśana.*
Absolute perception or belief.
पर द्रव्यों से भिन्न आत्मा में रूचि - श्रद्धान होना ।

निश्चय साधु – *Niścaya Sādhu.*
चक्रवर्ती की नवनिधियों में से एक। काल का एक प्रमाण। 8वाँ बलदेव (राम)। 9वाँ बलदेव (बल)। वर्तमान भव के 9 वें चक्रवर्ती का नाम। 11वाँ भावि कुलकर। यदु (यादव) वंश व रघुवंश के राजाओं का नाम। चन्द्रप्रभु एवं पुष्पदंतनाथ भगवान के पूर्व भव नं. 2 का नाम। अपर विदेह स्थित एक क्षेत्र। कुण्डलवर, रूचकवर आदि पर्वतों के कूट का नाम। कुण्डलवर कूट, नाभिगिरी, पुष्करार्ध द्वीप के देव। हिमवान पर्वत पर स्थित एक द्रह। प्राणत इन्द्र का यान (वाहन) ।

पद्मक – *Padmaka.*
A king of *Yadu* dynasty, A city of *Bharat Kshetra* (region) and a country of the west *Videh* (region).
यदु (यादव) वंश के एक राजा। भरतक्षेत्र का एक नगर एवं पश्चिम विदेह का एक देश ।

पद्मकावती – *Padmakāvatī.*
Name of a country at the south bank of Sitoda river in Videh Kshetra (region).
विदेह क्षेत्र में सीतोदा नदी के दक्षिण तट पर एक देश ।

पद्मकीर्ति – *Padmakīrti.*
Name of a *Bhattarak* of *Sen* group.
पासणाहचरिउ के रचयिता एक सेनसंघी भट्टारक ।

पद्मगंधा – *Padmagaṁdhā.*
Name of the chief female divinity of *Saudharma* etc. *Indras*.
सौधर्मादि इंद्रों की एक महत्तर देवी का नाम ।

पद्मगुल्म – *Padmagulma.*
Past-birth name of Lord Sheetalnath.
शीतलनाथ भगवान के पूर्व भव का नाम ।

पद्मगुल्मा – *Padmagulmā.*
Name of a garden in the forest of *Sumeru* mountain.
सुमेरू पर्वत के वनों की एक पुष्करिणी ।

पद्मदल – *Padmadala.*
A cluster of Lotus flowers, Lotus petals.
कमलों का समूह ।

पद्मध्वज – *Padmadhvaja.*
Auspicious flags in the *Samavasharan*–assembly of Lord, Name of predestined *Kulkar* (ethical founder).
समवशरण से संबंधित कमलांकित ध्वजाएं, भविष्य कालीन 14 वें कुलकर ।

पद्मनंदि – *Padmanaṁdi.*
Name of the disciple of Acharya Shri Kunthusagar Maharaj and many other *Digambar* Jain *Acharyas*.
आचार्यश्री कुंथुसागर जी महाराज के एक प्रसिद्ध शिष्य (ई.श. 20-21)। इस नाम से दिगम्बर जैन आम्नाय में अनेकों आचार्य हुए हैं। आचार्य कुंदकुंद स्वामी को भी पद्मनंदि नाम से जाना जाता है।

पद्मनंदि पंचविंशतिका –
Padmanaṁdi Paṁcaviṁśatikā.
A book written by *Acharya* Padmanandi.
आचार्य पद्मनन्दि (ई. 11 का उत्तरार्ध) द्वारा संस्कृत छंदों में रचित गृहस्थ धर्म प्ररूपक एक ग्रंथ। इस ग्रंथ के स्वाध्याय से गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी को गृहस्थावस्था में अल्पआयु में ही वैराग्य हो गया था ।

पद्मनंदि सैद्धांतिक – *Padmanaṁdi Saiddhāṁtika.*
An *Acharya* of *Nandisaṁgh Deshiyagan Golacharya* Branch.
नंदिसंघ देशीयगण गोलाचार्य शाखा के एक आचार्य (ई.श. 993-1043) का नाम ।

पद्मनाभ (कवि) – *Padmanābha (Kavi).*
Disciple of *Bhattarak* Gunkirti.
भट्टारक गुणकीर्ति के शिष्य। समय - ई. 1405 - 1425।

पद्मनाभचरित्र – *Padmanābhacaritra.*
A book written by *Acharya* Shubhchandra.
आचार्य शुभचन्द्र (ई.1516-1556) कृत एक ग्रंथ ।

पद्मनाभ – *Padmanābha.*
Past-birth name of Lord Chandraprabhu, Father's name of *Chakravarti*, Harishen, Another name of Ramchandraji.
पूर्व धातकीखंड में मंगलावती देश के रत्नसंचय नामक नगर के राजा कनकप्रभ का पुत्र, जो कि समाधिपूर्वक वैजयन्त विमान में अहमिन्द्र हुआ यह चन्द्रप्रभु भगवान के पूर्व का दूसरा भव है जिसमें उन्होंने तीर्थंकर प्रकृति का बंध किया था, चक्रवर्ती हरिषेण के पिता, रामचन्द्र जी का अपरनाम ।

पद्मनिभ – *Padmanibha.*
A king of *Vidyadhara* dynasty.
विद्याधर वंश का एक राजा ।

पद्मपुंख – *Padmapuṁkha.*
Name of the 15th predestined *Kulkar* (ethical founder).
भविष्यकालीन 15 वें कुलकर का नाम ।

पद्मपुंगव – *Padmapuṁgava.*
See - *Padmapuṁkha.*
देखें - पद्मपुंख ।

पद्मपुरा (तीर्थ) - Padmapurā (Tīrtha).
Name of a Digambar Jain Atishay Kshetra (a place of pilgrimage) near Jaipur (Raj.). The miraculous idol of Lord Padmaprabhu is installed here.
राजस्थान में जयपुर के नजदीक स्थित एक दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र। जहाँ भगवान पद्मप्रभु की चमत्कारिक प्रतिमा विराजमान है ।

पद्मपुराण – *Padmapurāṇa.*
Title of many books written by many *Acharyas*.
आचार्य रविषेण (ई. 677) द्वारा राम-रावण कथा पर रचित संस्कृत पद्यबद्ध एक ग्रंथ, और भी कई आचार्यों द्वारा इस नाम के ग्रंथ रचे गये हैं ।

पद्मप्रभ – *Padmaprabha.*
Name of the 12th predestined *Kulkar* (ethical founder).
भावि 12 वें कुलकर का नाम ।

पद्मप्रभनाथ – *Padmaprabhanātha.*
Name of the 6th *Tirthankar* (Jaina–Lord).
वर्तमान छठे तीर्थंकर का नाम । आप महाराजा धरणराज एवं महारानी सुसीमा के पुत्र थे। आपका जन्म कार्तिक कृ. 13 एवं मोक्ष फाल्गुन कृ. 4 को हुआ। आपका वर्ण-क्षत्रिय, वंश-इक्ष्वाकु, देहवर्ण-पद्मरागमणि सदृश, चिन्ह-लाल कमल एवं आयु-तीस लाख पूर्व वर्ष थी। आपकी जन्मभूमि-कौशाम्बी (उ.प्र.) है ।

पद्मप्रभ मलधारी देव –
Padmaprabha Maladhārī Deva.
Disciple of Veernandi, the commentator of Niyamsar and writer of 'Parshvanath stotra, etc.
वीरनन्दि के शिष्य (ई.श.1140-1185), नियमसार टीका व पार्श्वनाथ स्तोत्र के रचयिता। उनकी नियमसार टीका का हिन्दी अनुवाद गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी ने किया है ।

पद्ममाल – *Padmamāla.*
Name of the 23rd *Patal* (layer) and its *Indrak* of *Saudharma* heaven, A king of *Kuru* dynasty.
सौधर्म स्वर्ग के 23 वाँ पटल व उसका इन्द्रक, कुरु वंश का एक राजा ।

पद्ममालिनी – *Padmamālinī.*
Name of a chief female divinity of peripatetic *Indras*.
व्यंतर इन्द्र की प्रधान देवी का नाम ।

पद्ममाली – *Padmamālī.*
A king of *Vidyadhara* dynasty.
विद्याधर वंश का एक राजा ।

पद्मरथ – *Padmaratha.*
Past-birth name of Lord Anantnath, Name of a king of Hastinapur.
धातकीखण्ड में अरिष्ट नगरी का राजा था, अंत में सल्लेखना पूर्वक मरणकर अच्युत स्वर्ग में इंद्रपद प्राप्त किया, यह अनन्तनाथ भगवान का दूसरा पूर्वभव है इसी भव में उन्होंने तीर्थंकर प्रकृति का बंध किया था। मुनि विष्णुकुमार के बड़े भाई हस्तिनापुर के राजा जिसने बलि आदि मंत्रियों को इच्छित वर के रूप में 7 दिन का राज्य दिया, राज्य पाकर जिन्होंने अकम्पनाचार्य आदि 700 मुनियों पर घोर उपसर्ग किया ।

पद्मरागमयी – *Padmarāgamayī.*
One of the six circumferences of *Sumeru* mountain.
सुमेरू पर्वत की 6 परिधियों में एक परिधि ।

पद्मराज – *Padmarāja.*
Name of the 13th pre-destined *Kulkar* (ethical founder).

भावि 13 वें कुलकर का नाम ।

पद्मलेश्या – *Padmaleśyā.*

One of the six Leshyas; characteristics of virtuous persons.

जो त्यागी हो, भद्र हो, उत्तम काम करने वाला हो, बहुत भी अपराध होने पर क्षमा कर दे, साधुजनों के गुणों के पूजन में निरत हो, ये सब पद्मलेश्या के लक्षण हैं ।

पद्मवत् – *Padmavat.*

Name of an area of *Videh Kshetra* (region), Name of summit and deity of *Vakshargiri.*

विदेह स्थित एक क्षेत्र एवं वक्षारगिरि का कूट व देव का नाम।

पद्म वल्लरी – *Padma Vallarī.*

Lotus scrolls.

कमल की लता (बेल) ।

पद्मवान् – *Padmavān.*

Name of a region of western *Videh* (region), A summit of *Vikritvan Vakshar, Nabhigiri* mountain of *Ramyak Kshetra* (region).

अपर विदेह स्थित एक क्षेत्र, विकृतवान् वक्षार का एक कूट, रम्यक क्षेत्र का नाभिगिरी ।

पद्मश्री – *Padmaśrī.*

Name of the female divinity of *Chamarendra*, Name of a special honour which is presented by Indian Government to great citizens.

चमर इन्द्र की अग्रदेवी, भारत सरकार के द्वारा विशिष्ट लोगों को प्रदान की जाने वाली एक उपाधि ।

पद्मसिंह – *Padmasiṁha.*

A saint who wrote the book 'Gyansara'.

ध्यानविषयक ज्ञानसार ग्रन्थ के रचयिता एक मुनि (ई. 1029)।

पद्मसुन्दर – *Padmasundara.*

A disciple of *Pandit* Padmameru who wrote a book 'Bhavishyadattacharit'.

पंडित पद्ममेरू के शिष्य एवं भविष्यदत्त चरित के रचयिता।

पद्मसेन – *Padmasena.*

Past-birth name of Lord Vimalnath, Name of a great *Acharya.*

विमलनाथ भगवान के पूर्वभव का नाम, भगवान महावीर निर्वाण के पश्चात् हुए आचार्यों में एक आचार्य ।

पद्महृद – *Padmahṛda.*

A lake situated at *Himvan* mountain.

हिमवान् पर्वत स्थित हृद (तालाब) ।

पद्मांग – *Padmāṁga.*

A time unit.

काल का एक प्रमाण विशेष, 84 लाख कुमुद वर्ष का समय।

पद्मा – *Padmā.*

Name of different female divinities, A garden in the forest of *Sumeru* mountain, Name of a large well in *Samavasharan,* a country in *Videh Kshetra* (region).

रुचक पर्वत निवासिनी दिक्कुमारी देवी, चमर इन्द्र की अग्रदेवी का नाम, वैमानिक इंद्रों की ज्येष्ठा देवी, वैमानिक एवं व्यंतर इंद्रों की वल्लभिका, सुमेरु के वनों की पुष्करिणी, समवशरण के चंपक वन की एक वापी, विदेह क्षेत्र का एक देश ।

पद्माल – *Padmāla.*

A city in the north of *Vijayardh* (mountain).

विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर ।

पद्मावत – *Padmāvata.*

A summit situated at *Vidyutprabh Gajadant.*

विद्युत्प्रभ गजदन्तस्थ एक कूट ।

पद्मावती – *Padmāvatī.*

Name of the governing female demigod of Lord Parshvanath, She is worshipped by most of the devotees for fulfilling their wishes.

भगवान पार्श्वनाथ की शासन यक्षिणी। दिगम्बर जैन समाज में प्राचीन काल से सांसारिक अभ्युदयों की प्राप्ति हेतु इनकी पूजा-अर्चना करने की परम्परा प्रचलित है, इसीलिए प्रायः सभी जिनमंदिरों में इनकी मूर्तियाँ विराजमान की जाती हैं ।

पद्मावती – *Padmāvatī.*

A main city of *Ramyak Kshetra* (region) of eastern *Videh* (region), Mother's name of Lord Munisuvrata, A female deity of *Ruchak* (mountain).

पूर्व विदेह स्थित रम्यका क्षेत्र की मुख्य नगरी, मुनिसुव्रतनाथ भगवान की माता का नाम (अपरनाम महारानी सोमा), रूचकवर पर्वत की दिक्कुमारी देवी ।

पद्मावती (आर्यिका) – *Padmāvatī (Āryikā).*

A disciple Aryika of Ganini Aryika Shri Gyanmati Mataji.

गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की एक आर्यिका शिष्या। जिन्होंने अपनी त्याग की कठोर साधना के साथ-साथ जीवन में दो बार (ई. सन् 1970 एवं 1971 में) भादों के महीने में सोलहकारण के 31-31 उपवास किये ।

पद्मावती कल्प – *Padmāvatī Kalpa.*

A book written by Mallishen *Bhattarak.*

मल्लिषेण भट्टारक (ई.श. 11) कृत तान्त्रिक ग्रंथ ।

पद्मासन – *Padmāsana.*

A posture of meditation, Specific sitting posture related to *Yoga.*

ध्यान का आसन; सीधे बैठकर बायां पैर दाहिनी जांघ पर व दाहिना पैर बांई जांघ पर रखकर बाएं हाथ की हथेली पर दाहिने हाथ की हथेली रखना ।

पद्मोत्तर – *Padmottara.*

A *Diggajendra* mountain situated in *Bhadrashal* forest, A ruler 'Nagendradev' of *Rajatprabh* summit of *Kundal* mountain, A deity resident of *Nandyavart* summit of *Ruchak* mountain.

भद्रशाल वन में स्थित एक दिग्गजेन्द्र पर्वत, कुण्डल पर्वत स्थित रजतप्रभ कूट का स्वामी नागेन्द्रदेव, रुचक पर्वत के

नन्द्यावर्त 'कूट' पर रहने वाला देव।

पद्मोत्तर (नाम) – *Padmottara (Nāma).*

Past-birth name of Lord *Shreyansnath.*

तीर्थंकर श्रेयांसनाथ के पूर्वजन्म का नाम ।

पद्य – *Padya.*

Verse, Four months stay of saints at a particular place during rainy season.

काव्य, साधु का एक स्थितिकल्प; वर्षाकाल के चार मास पर्यंत एक स्थान पर ही रहना ।

पनस – *Panasa.*

Indian bread - fruit tree or Jack - tree.

कटहल ।

पनसा – *Panasā.*

A river of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region).

भरत क्षेत्र स्थित आर्यखण्ड की एक नदी ।

पन्नग – *Pannaga.*

A type of super knowledge, A type of deities of *Nagkumar* kind.

एक प्रकार की विद्या, नागकुमार जाति के देव ।

पन्नालाल – *Pannālāla.*

A *Pandit* who wrote number of books.

एक पंडित (ई. 1770-1840), उत्तरपुराण व राजवार्तिक की भाषा वचनिकाओं तथा विद्वद्जन बोधक आदि के कर्ता ।

पब्भार – *Pabbhāra.*

An educational institution.

शिक्षागृह ।

पभोसा (तीर्थ) - Pabhosā (Tīrtha).

Name of a place of pilgrimage which is the initiation & omniscience place of the 6th Tirthankar (Jaina Lord) Padmaprabh situated near Kaushambi (U.P.).

उत्तर प्रदेश में कौशाम्बी के निकट बसा एक तीर्थ। छठे तीर्थंकर भगवान पद्मप्रभ की दीक्षा एवं केवलज्ञान कल्याणक भूमि। पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से यहाँ भगवान पद्मप्रभ की बड़ी पद्मासन प्रतिमा एवं आहार मुद्रा में भगवान महावीर की प्रतिमा (चंदनबाला से आहार ग्रहण करते हुए) विराजमान की गई हैं (समय-ई. सन् 2001) ।

पयसार – *Payasāra.*

Clotted cream of milk.

मलाई ।

परंपरा – *Paraṁparā.*

Tradition, Custom, Sequence.

एक के बाद दूसरा, अविछिन्न, शृंखला ।

परंपरा आगत – *Paraṁparā Āgata.*

Authenticity of scriptures, approved by spiritual leaders (*Acharyas*).

आगम की प्रमाणिकता; जो आचार्य परम्परा से आगत होने के कारण जानी जाती है ।

परंपरा आगम – *Paraṁparā Āgama.*

Scriptures as stated by *Gandhar* (chief disciple of Lord) etc.

गणधरादि द्वारा कथित आगम ।

परंपरा गुरु – *Paraṁparā Guru.*

Acharyas of *Moolsangh* in the tradition of Gautam Swami.

गौतम स्वामी की परम्परा में मूलसंघ के आचार्यगण ।

परंपरा बंध – *Paraṁparā Baṁdha.*

Continuity of binding of *Karmas.*

बंध की निरन्तरता का नाम बंध परम्परा है ।

परंपरा मुक्ति – *Paraṁparā Mukti.*

Salvation after one or two births.

एक दो आदि भवों के अनंतर मुक्ति होना ।

परंपरा लब्धि – *Paraṁparā Labdhi.*

Synonym of *Shrutgyan* (scriptural knowledge).

श्रुतज्ञान का एक पर्यायवाची नाम ।

परंपराहेतु – *Paraṁparāhetu.*

Traditional worshipping.

प्रत्यक्ष हेतु का एक भेद; शिष्य - प्रशिष्य आदि के द्वारा निरन्तर की जाने वाली अनेक प्रकार की पूजा आदि साधन ।

परंपरोपनिधा – *Paraṁparopanidhā.*

A sequence related to gradation.

श्रेणी प्ररूपणा—जहाँ पर दुगुणत्व और चतुर्गुणत्व आदि की परीक्षा की जाती है ।

पर – *Para.*

Another.

दूसरा ।

पर अहिंसा – *Para Ahiṁsā.*

To protect others i.e. to follow non-violence.

दूसरों की रक्षा आदि करना ।

पर उपकार – *Para Upakāra.*

Beneficence for others.

हमारे द्वारा किया गया ऐसा कार्य जिसका फल दूसरे को प्राप्त हो।

पर कृति – *Para Kṛti.*

Sentence showing mutual contradiction.

जो वाक्य मनुष्यों के कर्मों में परस्पर विरोध दिखावे उसे 'परकृति' कहते हैं ।

परक्रम – Parakrama.

Observing austerity sequentially as expounded in the scriptures.

आगम में प्रतिपादित क्रम से तप करना, जैसे पहले मूलगुणों का पालन कर उत्तरगुणों को पालना ।

पर क्षेत्र – *Para Kṣetra.*

Alien space points (reg. matters).

द्रव्य विशेष के प्रदेश की अपेक्षा अन्य द्रव्यों के प्रदेश उसके परक्षेत्र कहलाते हैं ।

परगण चर्या – *Paragaṇa Caryā.*
To join other group of saints by a saint after leaving own group.
साधु आदि द्वारा अपना संघ छोड़कर अन्य संघ में जाना ।

परगणानुपस्थापन – *Paragaṇānupasthāpana.*
A type of punishment; procedural expulsion of a faulty saint without giving repentance.
परिहार प्रायश्चित्त; आचार्य द्वारा अपने संघ के किसी दोषी साधु को बिना प्रायश्चित्त दिये अन्य संघ के आचार्य के समीप भेजना ।

परघात नामकर्म प्रकृति – *Paraghāta Nāmakarma Prakṛti .*
A *Karmic* nature which causes formation of destructive means like poision etc. in the body.
पर जीवों के घात को परघात कहते हैं। जिस कर्म के उदय से शरीर में पर को घात करने के कारणभूत पुद्गल निष्पन्न होते हैं, वह परघात नामकर्म प्रकृति है ।

पर चतुष्टय – *Para Catuṣṭaya.*
A quartet of alien (other) substance, location, time and mode called *Para Chatushtaya.*
परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल एवं परभाव ।

परजुगुप्सा कथा – *Parajugupsā Kathā.*
Contemptuous talk.
दूसरों के प्रति ग्लानि व अरुचि उत्पन्न कराने वाली कथा ।

परतंत्रता – *Paratantratā.*
Dependency on others.
दूसरों के आधीन होना ।

परतंत्रवाद – *Paratantravāda.*
Doctrine of dependency on others.
दूसरों पर निर्भर रहने का सिद्धांत, आत्मा का दुख सुख भोगने में काल, स्वभाव, नियति आदि पर निर्भर रहना ।

परतत्त्व – *Paratattva.*
What is other than itself.
स्व से भिन्न अन्य तत्त्व ।

परत्वापरत्व – *Paratvāparatva.*
Relativity of time placed with different matters.
छोटे-बड़े के व्यवहार को परत्वापरत्व कहते हैं। ये काल द्रव्य का उपकार माना गया है। जैसे-25 वर्ष के मनुष्य को बड़ा एवं उसकी अपेक्षा 20 वर्ष के मनुष्य को छोटा कहते हैं ।

परदातृव्यपदेश – *Paradātṛvyapadeśa.*
An infraction of vow of hospitality to donate indirectly and deceitfully.
अतिथिसंविभाग व्रत का एक अतिचार; पात्र को स्वयं दान न कर दूसरे से कहकर दिलवाना या दूसरे की वस्तु लाकर देना ।

परदेशिकत्व – *Paradeśikatva.*
Competence to inspire others for following the right path.
दूसरे को सच्चा मार्ग बताने की क्षमता ।

परद्रव्य – *Paradravya.*
Alien substance-any substance other than self.
आत्म द्रव्य से अन्य समस्त सचित्त एवं अचित्त द्रव्य ।

परद्रव्य ग्राहक नय – *Paradravya Grāhaka Naya.*
A type of standpoint related to the non existent nature of matters in view of *Parchatushtaya.*
ऐसा नय जिसकी अपेक्षा से परचतुष्टय की अपेक्षा द्रव्य का नास्तित्व स्वभाव है ।

परद्रव्य रत – *Paradravya Rata.*
False belief of having possession of all destroyable matters including own body.
जगत् में दर्शनमोहनीय कर्म के उदय से सम्पूर्ण पर पदार्थों, शरीर आदि को निज मानना ।

पर निंदा – *Para Nimdā.*
Defamation of others; slander, Censuring others.
नीच गोत्र के आस्रव का कारण, दूसरों की बुराई करना ।

पर निमित्तक उत्पाद – *Para Nimittaka Utpāda.*
A kind of origination.
उत्पाद के दो भेदों में एक भेद; परप्रत्यय उत्पाद ।

पर निरपेक्ष – *Para Nirapekṣa.*
Independent or Indifferent nature.
दूसरे पदार्थ की अपेक्षा न रखने वाला स्वभाव ।

परपक्ष दूषक – *Parapakṣa Dūṣaka.*
Blaming the opponent end.
विपरीत पक्ष की अवमानना करने वाला हेतु स्वपक्ष का साधक और परपक्ष का दूषक होना चाहिए ।

परपरिवाद कथा – *Paraparivāda Kathā.*
Condemnatory talk.
25 विकथाओं में एक कथा; दूसरे की निंदा आदि करना ।

पर पर्याय – *Para Paryāya.*
Different body forms.
क्षयोपशम के द्वारा व ज्ञेयों के द्वारा चित्र-विचित्र पर्यायें 'परपर्याय' कहलाती है जबकि केवलज्ञान के द्वारा निष्पन्न अन्तर्द्युति या अन्तर्तेज 'निजपर्याय' है ।

परपाखण्ड कथा – *Parapākhaṇḍa Kaṭhā.*
Tale pertaining to hypocrisy.
पाखण्ड से संबंधित कथा ।

परपीड़ा कथा – *Parapīṛā Kathā.*
Talk, painful to others.
पर को पीड़ा पहुँचाने वाली कथा ।

पर प्रकाशक – *Para Prakāśaka.*
One enlightening others.
पर को प्रकाशित करने वाला ।

पर प्रत्यय उत्पाद – *Para Pratyaya Utpāda.*
See – *Para Nimittaka Utpāda.*
देखें - पर निमित्तक उत्पाद ।

पर प्रशंसा – *Para Praśaṁsa.*
Appreciation of others.
उच्च गोत्र के आस्रव का एक कारण; दूसरों की प्रशंसा करना।

पर भाव – *Para Bhāva.*
Passionate feelings contrary to the real nature of soul .
परचतुष्टय में एक; अनंत ज्ञानदर्शनादि आत्मभावों के अतिरिक्त अन्य सभी राग-द्वेषादि विभाव परभाव हैं ।

परम – *Parama.*
Supreme.
उत्कृष्ट, सर्वोच्च ।

परम अद्वैत – *Parama Advaita.*
Another name of *Mokshmarga* - path of salvation, Ultimate state of bliss.
निर्विकल्प समाधि अथवा निश्चय मोक्ष मार्ग का अपर नाम ।

परम आगम – *Parama Āgama.*
Highest scripture.
परमागम; अध्यात्म संबंधी ग्रंथ ।

परम एकत्व – *Parama Ekatva.*
See – *Parama Advaita.*
देखें - परम अद्वैत ।

परमऋषि – *Paramaṛṣi.*
Lord Arihant, the supreme authority.
केवलज्ञानी अर्हंत भगवान परमऋषि कहलाते हैं ।

परम औदारिक शरीर – *Parama Audārika Śarīra.*
Supremely pure gross body.
केवली का शरीर जो निगोदिया जीवों से रहित होता है ।

परमगुरु – *Parama Guru.*
See - *Paramaṛṣi.*
देखें - परमऋषि ।

परमज्ञान – *Paramajñāna.*
Supreme knowledge, See – *Parama Advaita.*
केवलज्ञान, देखें - परम अद्वैत ।

परम ज्योति – *Parama Jyoti.*
Supreme splendour, See – *Parama Advaita.*
ज्ञानरूपी प्रकाश, देखें - परम अद्वैत ।

परम तत्त्व – *Parama Tattva.*
Supreme reality, See – *Parama Advaita.*
शुद्धात्म तत्त्व, देखें - परम अद्वैत ।

परम तत्त्वज्ञान – *Parama Tattvajñāna,*

परम धर्मध्यान – *Parama Dharmadhyāna,*

परम ध्यान – *Parama Dhyāna,*

परम निजस्वरूप – *Parama Nijasvarūpa.*
For all words see – *Parama Advaita.*
सभी शब्दों के लिए देखें - परम अद्वैत ।

परमात्म तत्त्व – *Paramātma Tattva.*
The supreme spiritual element.
आत्म तत्त्व ।

परमात्मदर्शन – *Paramātmadarśana.*
See – *Parama Advaita.*
देखें - परम अद्वैत ।

परमात्मप्रकाश – *Paramātmaprakāśa.*
A book written by *Acharya* Yogendudev.
ई.श. 6 के उत्तरार्ध में आचार्य योगेन्दुदेव द्वारा रचित एक ग्रंथ।

परमात्म भावना – *Paramātma Bhāvanā.*
See – *Parama Advaita.*
देखें - परम अद्वैत ।

परमात्मराजस्तोत्र – *Paramātmarājastotra.*
A book written on devotional prayer.
एक भक्ति विषयक रचना ।

परमात्मस्वरूप – *Paramātmasvarūpa.*
See – *Parama Advaita.*
देखें - परम अद्वैत ।

परमात्मा – *Paramātmā.*
Supreme soul, Lord Arihant & Siddha.
उत्कृष्ट आत्मा, अर्हंत एवं सिद्ध भगवान ।

परमाध्यात्मतरंगिनी – *Paramādhyātmataraṁginī.*
A book written by *Acharya* Shubhchandra *Bhattarak.*
आचार्य शुभचन्द्र भट्टारक (ई.1516) कृत एक संस्कृत टीका।

परमानंद – *Paramānaṁda.*
Ecstasy, Ultimate bliss, Another name of *Mokshmarga* - path of salvation.
उत्कृष्टतम आनंद, निश्चय मोक्षमार्ग का अपरनाम ।

परमानंदविलास – *Paramānaṁdavilāsa.*
A book written by *Pandit* Devidas.
पं. देवीदास (ई. 1755-1767) कृत एक ग्रंथ ।

परमानंद सूरि – *Paramānaṁda Sūri.*
Name of an *Acharya.*
एक आचार्य का नाम । समय - ई.स. 1142-1173 ।

परमार्थ – *Paramārtha.*
Highest truth or merit, Release from rebirth, ultimate or transcendental reality.
उत्कृष्ट अर्थ; धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष लक्षण वाले परमार्थों में जो परम उत्कृष्ट है, ऐसा मोक्ष लक्षण वाला अर्थ परमार्थ कहलाता है ।

परमार्थ गीत – *Paramārtha Gīta.*
Name of a book.
अध्यात्म विषयक एक रचना ।

परमार्थ तत्त्व – *Paramārtha Tattva.*
Another name of *'Shuddhopayog'*(supreme element).
शुद्धोपयोग का अपरनाम ।

परमार्थ दोहा शतक – *Paramārtha Dohā Śataka.*
See – *Paramārtha Gīta.*
देखें - परमार्थ गीत ।

परमार्थ प्रत्यक्ष – *Paramārtha Pratyakṣa.*
Direct non-sensory perception, direct intuition.
प्रत्यक्ष प्रमाण का एक भेद; जो बिना किसी की सहायता से पदार्थ को स्पष्ट जानता है ।

परमार्थ बाह्य – *Paramārtha Bāhya.*
Saint, who does not have the quality of differentiating self (soul) & other.
साधु जो भेदज्ञान न होने के कारण परमार्थ बाह्य कहलाते हैं ।

परमार्थ सत्य – *Paramārtha Satya.*
Ultimate truth, Transcendental realm of truth.
अंतिम सत्य, परम सत्य ।

परमावगाढ़रुचि दर्शनार्य –
Paramāvagāṛharuci Darśanārya.
A type of *Aryas* – noble persons.
अनुद्धि प्राप्त आर्य का एक भेद। परमावधि या केवलज्ञान दर्शन से प्रकाशित जीवादि पदार्थ विषयक प्रकाश से जिनकी आत्मा विशुद्ध है ।

परमावगाढ़ सम्यक्त्वार्य –
Paramāvagāṛha Samyaktvārya.
See – *Paramāvagāṛha Darśanārya.*
देखें - परमावगाढ़ दर्शनार्य ।

परमावगाढ़ सम्यग्दर्शन –
Paramāvagāṛha Samyagdarśana.
Right perception with deep predilection.
केवलज्ञानी परमात्मा के जो निर्मल क्षायिक सम्यक्त्व होता है अथवा केवलज्ञान के द्वारा देखे गये पदार्थों के विषय में जो उत्कृष्ट रुचि होती है ।

परमावधि – *Paramāvadhi.*
Supreme clairvoyance.
अवधिज्ञान के 3 भेदों में एक भेद; यह उसी भव से मोक्ष जाने वाले (चरमशरीरी) साधु को होता है, केवल ज्ञान होने तक यह नहीं छूटता ।

परमावस्था – *Paramāvasthā.*
State of salvation.
निश्चय मोक्षमार्ग का अपरनाम। सिद्धावस्था ।

परमुख उदय – *Paramukha Udaya.*
Annihilation of *Karmic* nature (in transformed form).
जो कर्म प्रकृति अन्य प्रकृति रूप होकर उदय में आती है। जैसे—नरकगति, देवगति, वैक्रियिक शरीर आदि कर्म प्रकृतियाँ।

परमेश्वर – *Parameśvara.*
Name of the 16th *Tirthankar* (Jaina – Lord) of past era, Supreme soul - Lord Arihant & Siddha.
भूतकालीन 16 वें तीर्थंकर, परमात्मा; अर्हंत व सिद्ध भगवान।

परमेष्ठी – *Parameṣṭhī.*
The supreme soul (as Lord Arihant, Siddha, Acharya, Upadhyaya & Sadhu).
जो इन्द्र, चन्द्र, धरणेन्द्र के द्वारा वन्दित ऐसे परमपद में तिष्ठते हैं ऐसे अरहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु परमेष्ठी कहलाते हैं ।

परमेष्ठी (कवि) – *Parameṣṭhī (Kavi).*
A poet who wrote the book 'Vagarthasangraha'.
वागर्थसंग्रह पुराण की रचना करने वाले एक कवि ।

परमेष्ठीगुण व्रत – *Parameṣṭhīguṇa Vrata.*
A type of vow (related to virtues of *Parmeshthis*).
पंच परमेष्ठी के कुल 143 गुणों के विशेष तिथियों में उपवास एवं नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करना ।

परमेष्ठी प्रकाशसार – *Parameṣṭhī Prakāśasāra.*
Name of a book.
एक ग्रंथ का नाम ।

परमेष्ठीसहाय – *Parameṣṭhīsahāya.*
A book written by a Hindi poet.
ई.श. 19 के मध्यपाद में एक हिन्दी कवि कृत ग्रंथ ।

परमोपेक्षा संयम – *Paramopekṣā Saṁyama.*
Absolute right conduct related to perfect restraint.
निश्चय चारित्र या शुद्धोपयोग ।

परमौदारिक शरीर – *Paramaudārika Śarīra.*
Body of Lord Arihant with absolute purity.
अर्हंत परमात्मा का शरीर जिसमें निगोदिया जीव नहीं रहते, धातु उपधातु सब शुद्ध हो जाती हैं ।

पर रक्षा – *Para Rakṣā.*
See – *Para Ahiṁsā.*
देखें - पर अहिंसा ।

पर रूप – *Para Rūpa.*
Alien nature.
अपने स्वभाव को छोड़कर विभाव रूप परिणमन होना ।

परलोक – *Paraloka.*
Alien world - heaven, supreme place of salvation.
उत्कृष्ट चिदानंद शुद्ध स्वभावी आत्मा का लोक। व्यवहारनय से स्वर्ग मोक्ष को परलोक कहते हैं ।

परवर्ती – *Paravartī.*
Successive, Subsequent.
क्रम, वंश अथवा शाखा में होने वाले आचार्य आदि ।

परलोक भय – *Paraloka Bhaya.*
A kind of insecurity (fear) related to the future birth.
सप्त भयों में एक भय; परभव में न मालूम क्या होगा ऐसा भय होना ।

परवश अतिचार – *Paravaśa Aticāra.*
A type of infraction, acceptance of abandoned material due to some external fear.
अतिचार का एक भेद; उन्माद, पित्त, पिशाच आदि अथवा अन्य लोगों के वश होकर त्याग किये हुए पदार्थों का ग्रहण करना ।

पर वात्सल्य – *Para Vātsalya.*
Affection for others.
वात्सल्य का एक भेद; दूसरों के प्रति प्रेम, करुणा का भाव रखना।

परवाद – *Paravāda.*
Dispute, Reproach, Synonym word for *Shrutgyan* (scriptural knowledge).
विवाद, अपवाद, दूसरे की निंदा, श्रुतज्ञान का एक पर्यायवाची नाम ।

परविवाहकरण – *Paravivāhakaraṇa.*
An infraction of vow of celibacy.
ब्रह्मचर्याणुव्रत का एक अतिचार; अपने कुटुम्ब के सिवाय अन्यों का विवाह करना, कराना ।

पर व्यपदेश – *Para Vyapadeśa.*
A kind of infraction of the vow of hospitality-indirect donation.
अतिथि संविभाग व्रत का एक अतिचार; दाता पात्र को स्वयं दान न देकर दूसरे से कहकर चला जावे ।

परशुराम – *Paraśurāma.*
Son of Jamdagni Tapas.
जमदग्नि तापस का पुत्र, जिसने एक क्षत्रिय के द्वारा अपने पिता के वध का बदला लेने के लिए 21 बार पृथ्वी को क्षत्रियविहीन किया था। अंत में यह सुभौम चक्रवर्ती के चक्र से मारा गया ।

पर संग्रह नय – *Para Saṁgraha Naya.*
A standpoint of knowing supreme authority only.
संग्रहनय का एक भेद; जो महासत्ता मात्र को ग्रहण करता है ।

पर संग्रहाभास – *Para Saṁgrahābhāsa.*
False, conception related to the existence of supreme spirit only.
'केवल सत् है,' अन्य कुछ नहीं ऐसा कहना ।

पर समय – *Para Samaya.*
False belief of involvement in materialism (i.e. other than soul).
जीव का परद्रव्यरत रहना, आत्मा को छोड़कर पर द्रव्य को निज रूप मानना। जैनधर्म से बहिर्भूत सभी शास्त्र आदि परसमय कहलाते हैं ।

पर समय उपक्रम – *Para Samaya Upakrama.*
A type of *Upakrama* - a pursuance in accordance with natural matters.
उपक्रम का एक भेद ।

पर सामान्य – *Para Sāmānya.*
A type of universal entities.
सामान्य का एक भेद, इसे सत्ता, भाव और महासामान्य भी कहते हैं ।

पर स्त्री – *Para Strī.*
Woman rather than one's own wife.
धर्मपत्नी के सिवाय अन्य स्त्री ।

परस्त्री त्याग – *Parastrī Tyāga.*
Abstention from adultery.
स्वदार संतोष व्रत; परस्त्री सेवन का त्याग करना ।

परस्त्री व्यसन त्याग – *Parastrī Vyasana Tyāga.*
Renunciation of prostitution.
परस्त्री सेवन (7 व्यसनों में एक व्यसन) का त्याग ।

परस्थान गोपुच्छा – *Parasthāna Gopucchā.*
Particular decreasing sequence of *Krishti.*
निचली विवक्षित संग्रह कृष्टि की अन्त कृष्टि के ऊपर की अन्य संग्रहकृष्टि की आदि कृष्टि का विशेष घटता क्रम ।

परस्थान संक्रमण – *Parasthāna Saṁkramaṇa.*
Particular transition to other place (reg. other *Sangrah Krishti*).
संक्रमण का एक भेद। दूसरी अन्य संग्रह कृष्टियों में या पर रूप परिणमन करना ।

परस्थान सन्निकर्ष – *Parasthāna Sannikarṣa.*
A type of *Sannikarsh*-close contact (related to all 8 *Karmas*).
सन्निकर्ष का एक भेद; आठों कर्मों विषयक सन्निकर्ष ।

परस्पर परिहार विरोध –
Paraspara Parihāra Virodha.
Mutual repelling of virtues for knowing their existence.
गुणों का एक दूसरे के साथ परिहार करके उनका अस्तित्व मानना।

परस्परानुविद्ध – *Parasparānuviddha.*
The integrated or the unseparable.
आपस में मिला हुआ या छिदा हुआ ।

परस्पराभाव – *Parasparābhāva.*
Mutual non-existence of matters.
एक द्रव्य में दूसरे द्रव्य का अभाव होना ।

परस्पराश्रयत्व – *Parasparāśrayatva.*
Mutual dependence.
एक दूसरे के आश्रित होकर रहना ।

परस्पराश्रय हेत्वाभास –
Parasparāśraya Hetvābhāsa.
Mutually dependent hypothetic fallacy.
एक प्रकार का हेत्वाभास (मिथ्या हेतु)। जो हेतु दूसरे हेतु पर आश्रित हो ।

परस्परोपग्रह – *Parasparopagraha.*
Mutual help, rendering help to one another.
जीव द्रव्य का उपकार; आपस में एक दूसरे की सहायता करना। जैसे-गुरु ज्ञान आदि देकर शिष्य का उपकार करते हैं तथा शिष्य गुरु की सेवा, आज्ञापालन आदि करके गुरु का उपकार करता है ।

परहिंसा – *Parahiṁsā.*
To cause troubles to others by mind, speech & body.
मन, वचन अथवा काय से दूसरे जीवों को कष्ट पहुँचाना ।

परहित – *Parahita.*
Beneficence to others, well - being of others.
दूसरों का हित करना व चाहना ।

परांभोधि – *Parāṁbhodhi.*
Past-birth initiator of Lakshaman (a *Narayan*) .
नारायण लक्ष्मण के पूर्वभव के दीक्षागुरु ।

परा – *Parā.*
Supreme, Highest state which is originated after the destruction of all *Karmas*.
उत्कृष्ट, समस्त कर्मों का नाश होने पर अपने स्वभाव से जो उत्पन्न होता है उसे परा कहते हैं ।

पराख्य – *Parākhya.*
A chief disciple (*Gandhar*) of Lord Rishabhdev.
ऋषभदेव भगवान के 84 गणधरों में 34 वां गणधर ।

पराजय – *Parājaya.*
To be defeated, to lose.
हारना ।

परात्मा – *Parātmā.*
Supreme soul.
संसारी जीवों में से जो उत्कृष्ट आत्मा बन जाती है उसे परात्मा कहते हैं ।

पराधीन – *Parādhīna.*
Dependent on others.
दूसरों पर निर्भर रहने वाला ।

पराभूत – *Parābhūta.*
Assailed, Defeated, disgraced.
असफल, हारा हुआ ।

परामर्श – *Parāmarśa.*
Consideration, Advice.
विचार-विमर्श, चिंतन करना ।

परामर्श अनुमान – *Parāmarśa Anumāna.*
Syllogistic inference.
न्यायसंगत अनुमान ।

परायत्त – *Parayatta.*
Dependent.
पराधीन, परवश ।

परार्थ – *Parārtha.*
Subservient to another.
दूसरों का भला सोचना ।

परार्थनियत – *Parārthaniyata.*
Intent of well being of others.
दूसरों के प्रति शुभ विचार ।

परार्थप्रमाण – *Parārthapramāṇa.*
Verbal verification with authenticity & impartiality.
वचनात्मक प्रमाण परार्थप्रमाण कहलाता है ।

परार्थश्रुत – *Parārthaśruta.*
Knowledge benefitting the other's soul.
ज्ञान जो दूसरों के प्रयोजन की सिद्धि का हेतु हो ।

परार्थाधिगम – *Parārthādhigama.*
Verbally gained knowledge.
शब्दात्मक अर्थात् वचन रूप अधिगम को परार्थाधिगम कहते हैं ।

परार्थानुमान – *Parārthānumāna.*
Syllogistic inference based on other's speech, or supposition by the words.
परोपदेश के द्वारा जो साधन से साध्य का ज्ञान होता है वह परार्थानुमान है अर्थात् वचनों से जाना हुआ अनुमान ज्ञान ।

परावर्त – *Parāvarta.*
One of the inauspicious physique making *Karmic* nature.
अशुभ नामकर्म की 29 प्रकृति में एक ।

परावर्तन – *Parāvartana.*
State of involvement into the mundane life.
जीव का संसार में भ्रमण; यह भ्रमण द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव, भाव के भेद से 5 प्रकार का होता है (पंचपरावर्तन) ।

पराशर – *Parāśara.*
A king of *kuru* dynasty.
कुरुवंश का एक राजा - राजा शान्तनु का पुत्र तथा गांगेय (भीष्म) का पिता ।

परिंजा – *Pariṁjā.*
A country of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region).
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड का एक देश ।

परिकर – *Parikara.*
Family persons, Attendants, dependants.
परिवारजन या अनुचर वर्ग ।

परिकर्म – *Parikarma.*
A type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*) with mathematical contents.
श्रुतज्ञान; दृष्टिवाद अंग का प्रथम भेद। इसमें गणित विषयक करण सूत्र उपलब्ध होते हैं ।

परिकर्म (शास्त्र) – *Parikarma (Śāstra).*
A commentary book written by *Acharya* Kund-Kund.
आचार्य कुन्दकुन्द (ई. 127-179) द्वारा षट्खण्डागम के प्रथम तीन खंडों पर लिखित एक प्राकृत टीका। जो कि वर्तमान में उपलब्ध नहीं है ।

परिकर्म भेद-गुणकार –
Parikarma Bheda-Guṇakāra.
A type of mathematical operation–Multiplication.

परिकर्माष्टक का एक भेद; किसी प्रमाण राशि का किसी अन्य प्रमाण राशि में गुणा करना ।

परिकर्म भेद-घन – *Parikarma Bheda-Ghana.*
A type of mathematical operation – Cube.
परिकर्माष्टक का एक भेद; किसी प्रमाण राशि का उसी राशि में दो बार गुणा करने पर प्राप्त परिणाम उस राशि का घन कहलाता है। जैसे—3 का घन 27 (3×3×3=27)।

परिकर्म भेद-घनमूल –
Parikarma Bheda-Ghanamūla.
A type of mathematical operation – Cuberoot.
परिकर्माष्टक का एक भेद; किसी घन की मूल राशि प्राप्त करना।

परिकर्म भेद-भागहार –
Parikarma Bheda-Bhāgahāra.
A type of mathematical operation – division.
परिकर्माष्टक का एक भेद; किसी प्रमाण राशि में किसी प्रमाण राशि का भाग देना ।

परिकर्म भेद-वर्ग – *Parikarma Bheda-Varga.*
A type of mathematical operation – Square.
परिकर्माष्टक का एक भेद; किसी प्रमाण राशि का उसी राशि में एक बार गुणा करने पर प्राप्त परिणाम उस राशि का वर्ग कहलाता है। जैसे—2 का वर्ग 4 (2×2=4)।

परिकर्म भेद-वर्गमूल –
Parikarma Bheda-Vargamūla.
A type of mathematical operation – Square root.
परिकर्माष्टक का एक भेद; किसी वर्ग की मूल राशि प्राप्त करना।

परिकर्म भेद-व्यवकलन –
Parikarma Bheda-Vyavakalava.
A type of mathematical operation–Substraction.
परिकर्माष्टक का एक भेद; किसी प्रमाण राशि का किसी अन्य प्रमाण राशि से अंतर करना अर्थात् घटाना ।

परिकर्मभेद-सङ्कलन –
Parikarmabheda-Saṅkalana.
A type of mathematical operation – Addition.
परिकर्माष्टक का एक भेद; किसी प्रमाण राशि को किसी अन्य प्रमाण राशि में जोड़ना ।

परिकर्माष्टक – *Parikarmāṣṭaka.*
Eight special types of mathematical operations (square, square root, cube etc.).
गणित विषयक-संकलन, व्यवकलन, गुणकार, भागहार, वर्ग, वर्गमूल, घन और घनमूल ये 8 विषय परिकर्माष्टक कहलाते हैं ।

परिकल्पित – *Parikalpita.*
Imagined; presumed; hypothetical.
कल्पना में किया हुआ ।

परिगणित – *Pariganita.*
Counted, Innumerated, Reckoned.
गिना हुआ ।

परिगृहीता – *Parigṛhītā.*
A married woman.
जिसका कोई एक पुरुष भर्ता है वह परिगृहीता कहलाती है। विवाहित स्त्री ।

परिग्रह – *Parigraha.*
Accumulation, Possessions, Attachment to belongings.
लोभ कषाय के उदय से विषयों के संग को परिग्रह कहते हैं। चेतन-अचेतन आदि पदार्थों में ममत्व भाव ।

परिग्रह त्याग – *Parigraha Tyāga.*
Renunciation of possessions.
परिग्रह का त्याग करना। श्रावक की 11 प्रतिमाओं में 9 वीं प्रतिमा ।

परिग्रह त्याग अणुव्रत –
Parigraha Tyāga Aṇuvrata.
Limitation in ten special kinds of possessions.
धन-धान्यादि दश प्रकार के परिग्रह को मर्यादित करना ।

परिग्रह त्याग प्रतिमा –
Parigraha Tyāga Pratimā.
Model stage of renunciation of possessions (except useful articles).
श्रावक की 11 प्रतिमाओं में 9वीं प्रतिमा - दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं और पूजा के उपकरणों को छोड़कर शेष समस्त परिग्रह का जीवन पर्यंत के लिए त्याग कर देना ।

परिग्रह त्याग भावना –
Parigraha Tyāga Bhāvanā.
Sentiments free from attachments.
इष्ट-अनिष्ट पांचों इन्द्रियों के विषयों में रागद्वेष न करना ।

परिग्रह त्याग महाव्रत –
Parigraha Tyāga Mahāvrata.
Renunciation of all worldly materials.
पिच्छी, कमंडल व शास्त्र उपकरण के अलावा मन, वचन, काय, कृत, कारित, अनुमोदना से सर्व परिग्रहों का त्याग करना ।

परिग्रह त्याग व्रत – *Parigraha Tyāga Vrata.*
See - *Parigraha Tyāga Mahāvrata.*
देखें - परिग्रह त्याग महाव्रत ।

परिग्रहपरिमाण – *Parigrahaparimāṇa.*
To fix the limits of acquisitions.
पांचवां अणुव्रत; 10 प्रकार के बाह्य परिग्रह की सीमा कर लेना।

परिग्रह भाव – *Parigraha Bhāva.*
Emotional attachments.
राग, मूर्छा भाव ।

परिग्रह संज्ञा – *Parigraha Saṁjñā.*
Desire for the accumulation of wealth.
धन-धान्यादि के अर्जन करने की इच्छा होना ।

परिग्रहानंदी रौद्रध्यान –
Parigrahānaṁdī Raudradhyāna.
Deep involvement in the lust of wealth.

तीव्र लोभ के वशीभूत होकर धन-धान्यादि परिग्रह के अर्जन और संरक्षण में दिन रात लगे रहना और इसी में आनंद मानना ।

परिग्रहिकी क्रिया – *Parigrahikī Kriyā.*
Activity of deep involvement in attachment.
साम्परायिक आस्रव की 25 क्रियाओं में एक क्रिया; परिग्रह की रक्षा में लगे रहना ।

परिचय चिन्ह – *Paricaya Cinha.*
Cognizance.
पहचान चिन्ह। जैसे चौबीस तीर्थंकरों की पहचान क्रमशः बैल, हाथी आदि चिन्हों से की जाती है ।

परिचारक – *Paricāraka.*
Attendants, Saints involved in religious performance.
सेवा करने वाले, मूलाचार के अनुसार सल्लेखना करने वाले क्षपक की परिचर्या कराने वाले साधु ।

परिचित – *Paricita.*
Acquainted, known one.
जाना-पहचाना ।

परिच्छिन्न – *Paricchinna.*
Divided, Detached.
विभक्त या विभाजित ।

परिच्छेद – *Pariccheda.*
Division, Part, Chapter.
अधिकार, अध्याय ।

परिज्ञा – *Parijñā.*
Deep knowledge or right knowledge of something.
सूक्ष्म ज्ञान, किसी वस्तु का सम्यक् ज्ञान ।

परिणत – *Pariṇata.*
Transformed, Modified.
रूपान्तरित या परिवर्तित ।

परिणति – *Pariṇati.*
Modification, Transformation.
परिवर्तन, परिपाक, पक्वता ।

परिणमन – *Pariṇamana .*
One's transformation as in the meritorious, demeritorious & pure way.
जीव का शुभ, अशुभ एवं शुद्ध उपयोग रूप परिवर्तन होना ।

परिणाम-परिणामक शक्ति – *Pariṇāma Pariṇāmaka Śakti.*
One of the power acquired by the soul.
आत्मा की 47 शक्तियों में 15 वीं शक्ति ।

परिणाम भाव – *Pariṇāma Bhāva.*
All types of auspicious & inauspicious feelings of one.
द्रव्य के स्वभाव को अथवा जीव के शुभाशुभ भावों को परिणाम कहते हैं ।

परिणाम शक्ति – *Pariṇāma Śakti.*
Volitional energy.
द्रव्यों में ध्रौव्य-व्यय-उत्पादों से स्पर्शित जो समान रूप व असमान रूप परिणाम हैं उन स्वरूप एक अस्तित्वमात्र शक्ति ।

परिणाम - शुद्धि – *Pariṇāma Śuddhi.*
Volitional purity of soul.
कर्मोदय के अभाव होने पर जीव के परिणामों (भावों) में यथायोग्य शुद्धि का होना ।

परिणामी – *Pariṇāmī.*
Of consequential or resultant nature.
परिणमन स्वभाव वाले; अर्थ पर्याय की अपेक्षा छहों द्रव्य परिणामी हैं ।

परिताप – *Paritāpa.*
Affliction, Sorrow.
अति-संताप (कष्ट) ।

परितापन – *Paritāpana.*
Distress or mental suffering.
जीवों की मानसिक व अंतरंग पीड़ा को परितापन कहते हैं ।

परितापन कर्म – *Paritāpana Karma.*
A type of fault related to saint - food.
आहार-संबंधी अधःकर्म दोष का एक भेद ।

परितापनकी – Paritāpanakī.
Activity of causing pain to others.
पर को कष्ट देने की क्रिया परितापनकी क्रिया है ।

परिदावन – *Paridāvana.*
Creating troubles.
सन्ताप उत्पन्न करना ।

परिदेवन – *Paridevana.*
Pathetic mourning which causes the lamentation of others also.
असाता वेदनीय कर्म के आस्रव का एक कारण; ऐसा विलाप करना जिसे सुनकर श्रोता भी रोने लग जाये ।

परिद्राविणी – Paridrāviṇī.
Pain causing activities.
दुःखोत्पादक क्रिया परिद्राविणी क्रिया है ।

परिधान – *Paridhāna.*
Apparel, vest, clothing, dress.
वस्त्र, कपड़ा ।

परिधि – *Paridhi.*
Circumference.
घेरने वाला वृत्त या वलय ।

परिनिवृत्ति क्रिया – *Parinivṛtti Kriyā.*
To achieve state of salvation.
कर्त्रन्वयादि क्रियाओं में एक; अंत में सर्वकर्म विमुक्त सिद्ध पद की प्राप्ति ।

परिनिष्क्रमण – *Pariniṣkramaṇa.*
An auspicious event of initiation (related to the

initiation ceremony of Lord).
दीक्षा कल्याणक ।

परिपाटी – *Paripāṭī.*
Trend, Tradition.
परम्परा क्रम ।

परिपीड़ित – *Paripīṛita.*
A faulty conduct (touching thighs) while meditative relaxation or paying reverence to Lord.
कायोत्सर्ग अथवा वंदना करते समय जंघाओं का स्पर्श करना परिपीड़ित नाम का दोष कहलाता है ।

परिपुष्ट – *Paripuṣṭa.*
Stout, strong well-nourished.
पुष्ट, दृढ़, स्थूल शरीर वाला ।

परिपूर्णेंद्रिय – *Paripūrṇeṁdriya.*
One with perfectly and fully developed sense organs.
जिनके पाँचों इन्द्रियाँ पूर्ण हो चुकी हैं ऐसे पंचेन्द्रिय मनुष्य, देव आदि जीव ।

परिभोग – *Paribhoga.*
Consumable articles to be used repeatedly.
आसन आदि वस्तुएं जिनका बार-बार उपयोग किया जाता है।

परिभ्रमण – *Paribhramaṇa*
To walk around, Transmigration, Birth-cycle.
भ्रमण करना, संसार की चतुर्गति में भ्रमण करना ।

परिमण्डल – *Parimaṇḍala.*
Globe.
गोलाकार, वर्तुलाकार ।

परिमर्शन – Parimarśana.
Touching the whole parts of the body.
सर्व शरीर का स्पर्श करना परिमर्शन है ।

परिमल – *Parimala.*
A poet; the writer of Shreyans Rasa.
कवि; श्रेयांस रास के कर्ता ।

परिमल्ल (कवि) – *Parimalla (Kavi).*
Name of a writer of 'Shripal Charitra'.
ई. सन् 1594 में श्रीपाल चरित्र नामक ग्रंथ के रचयिता ।

परिमाण – *Parimāṇa.*
Magnitude (related to measure), Quantitative.
मर्यादा या प्रमाण कर लेना ।

परिमाणगत प्रत्यय – *Parimāṇagata Pratyaya.*
A type of renunciation.
प्रत्याख्यान का एक भेद ।

परिमाणहीन – *Parimāṇahīna.*
Dimensionless.
विमारहित, मर्यादा या प्रमाण से रहित ।

परिमित – *Parimita.*
Finite, Limited, restricted.
सीमित ।

परिरक्षक – *Parirakṣaka .*
Protector, Guardian.
रक्षा करने वाला, अभिभावक ।

परिवंदन – *Parivaṁdana.*
Praise, reverential praising, act of adoration.
अतिशयी वंदना या प्रशंसा करना ।

परिवर्त – *Parivarta.*
A fault of food and hermitage, related to Jaina saints.
साधु संबंधी आहार एवं वसतिका का एक दोष ।

परिवर्तन – *Parivartana.*
Change, Cycle of wandering, Vicissitude.
बदलना, संसरण (जन्म-मरण) करने को संसार कहते हैं, जिसका अर्थ 'परिवर्तन' है। द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भावरूप से यह पाँच प्रकार का होता है (पंच परिवर्तन रूप संसार) ।

परिवर्तना – *Parivartanā.*
Rethinking of something accepted.
ग्रहण किया हुआ अर्थ विस्मृत न हो जावे, एतदर्थ बार-बार उसका परिशीलन करना ।

परिवर्द्धित – *Parivarddhita.*
Elaborated.
बढ़ा हुआ, समृद्ध ।

परिवाद – *Parivāda.*
Reproach, Slander.
लोकापवाद, अपकीर्ति ।

परिवार देवी – *Parivāra Devī.*
Female deities of *Indras*.
इंद्र आदि की देवियाँ ।

परिवार मंडप – *Parivāra Maṁḍapa.*
An auspicious place in *Samavsharan* (assembly of Lord).
समवशरण के महोदय मंडप में उससे आधे विस्तार वाले 4 परिवार मंडप होते हैं, जिनमें कथा कहने वाले पुरुष आक्षेपिणी आदि कथा कहते हैं ।

परिव्राजक – *Parivrājaka.*
A sect founded by Marichi Kumar.
एक मत जिसे मरीचि कुमार ने चलाया था, इस मत के साधु गहरे गेरुए रंग के वस्त्र पहनते हैं ।

परिशातन कृति – *Pariśātana Kṛti.*
Dissociation of *Karmas* without accumulation of mattergic aggregate (related to intended body).
विवक्षित शरीर के पुद्गल स्कन्धों की संचय के बिना जो निर्जरा होती है वह परिशातन कृति कहलाती है ।

परिशुद्ध प्रतिपत्ति – *Pariśuddha Pratipatti.*
Clear conviction, real knowledge.
यथार्थ ज्ञान ।

परिशेष न्याय – *Pariśeṣa Nyāya.*
An ultimate judgement.

एक न्याय; यह भी नहीं यह भी नहीं तो शेष यह ही रहा ।

परिषद् – *Pariṣad.*
The council of *Indras.*
इन्द्र की सभा, यह अंतःपरिषद्, मध्यम परिषद् और बाह्य परिषद् के भेद से 3 प्रकार की है। अंतःपरिषद में 125 देव, मध्यम परिषद में 250 देव और बाह्य परिषद में 500 देव होते हैं ।

परिषह – *Pariṣaha.*
Afflictions-there are 22 types of afflictions to be borne by Jaina saints.
मार्ग से च्युत न होने के लिए और कर्मों की निर्जरा के लिए जो सहन करने योग्य बाधाएं, ये 22 प्रकार की होती हैं—क्षुधा, पिपासा (तृषा), शीत, उष्ण, दंश-मशक, नाग्न्य, अरति, स्त्री, चर्या, शय्या, निषद्या, आक्रोश, वध, याचना, अलाभ, अदर्शन, रोग, तृणस्पर्श, प्रज्ञा, अज्ञान, मल और सत्कार-पुरस्कार ।

परिषह जय – *Pariṣaha Jaya.*
Victory over afflictions.
भूख, प्यास आदि 22 परिषह रूप वेदना के होने पर कर्मों की निर्जरा के लिये समतापूर्वक सहन कर लेना ।

परिष्कृत – *Pariṣkṛta.*
Refined, Purified, Cleansed, Adorned.
शोधन किया हुआ, अलंकृत ।

परिसर्प – *Parisarpa.*
Animals, reptiles.
पंचेन्द्रिय तिर्यंच का एक भेद - गोह, नकुल आदि तिर्यंच जीव ।

परिस्रव – *Parisrava.*
Inflow of *Karma.*
कर्मों का बहाव होना ।

परिस्पंद – *Parispaṁda.*
Vibration (activity).
हलन-चलन रूप क्रिया ।

परिस्पंदन – *Parispaṁdana.*
Vibration.
हलन-चलन रूप क्रिया होना ।

परिहार प्रायश्चित्त – *Parihāra Prāyaścitta.*
A type of repentance - sending away a faulty saint from the group temporarily).
प्रायश्चित्त के नौ भेदों में आठवाँ भेद; दोषी मुनि को निश्चित समय के लिए संघ से दूर कर देना ।

परिहारविशुद्धि – *Parihāraviśuddhi.*
Violence refraining conduct.
5 प्रकार के चारित्र में एक चारित्र; जिस चारित्र में प्राणी हिंसा की पूर्ण निवृत्ति होने से विशिष्ट विशुद्धि पायी जाती है ।

परिहार विशुद्धि संयम –
Parihāra Viśuddhi Saṁyama.
A kind of pure conduct (devoid of violence).
चारित्र के 5 भेदों में एक भेद; जिसमें प्राणी हिंसा की पूर्ण निवृत्ति होने से विशिष्ट विशुद्धि पायी जाती है ।

परिहास – *Parihāsa.*
Merriment, jollity, fun, joke.
विनोद, हंसी, मजाक, दिल्लगी ।

परीक्षा – *Parīkṣā.*
Examination, enquiry, investigation.
ऊहा पोह, जांच पड़ताल करना ।

परीक्षामुख – *Parīkṣāmukha.*
A book written by *Acharya* Manikyanandi.
आचार्य माणिक्यनन्दि (ई. 1003) द्वारा रचित एक न्याय विषयक ग्रंथ, जिस पर प्रमेयरत्नमाला, प्रमेयकमलमार्तण्ड टीका ग्रंथ रचे गये हैं ।

परीक्षित – *Parīkṣita.*
A king of *Kuru* dynasty who was the ruler of *Panchal Desh* (country).
कुरुवंशीय राजा जो पांचाल देश में राज्य करता था ।

परीत – *Parīta.*
Surrounded, Encircled.
परिवेष्टित, घिरा हुआ ।

परीतानंत – *Parītānaṁta.*
A type of infinite counting.
संख्यामान के 21 भेदों में एक भेद ।

परीतासंख्यात – *Parītāsaṁkhyāta.*
A type of infinite counting.
संख्यामान संख्यात का एक भेद ।

परीलेखा – *Parīlekhā.*
Observation of the place (pertaining to omen).
आराधना की निर्विघ्न सिद्धि के लिए राज्य, देश, गाँव, नगर शुभ होगा या अशुभ होगा इसका अवलोकन करना ।

परुषवचन – *Paruṣavacana.*
Abusive words, harsh speech.
कठोर वचन ।

परोक्षज्ञान – *Parokṣajñāna.*
Sensory cognition, indirect knowledge.
जो ज्ञान इन्द्रिय, मन एवं प्रकाश आदि की सहायता से होता है।

परोक्ष प्रमाण – *Parokṣa Pramāṇa.*
Indirect knowledge.
प्रमाण का भेद; मति और श्रुतज्ञान परोक्ष प्रमाण कहलाते हैं ।

परोक्षविनय – *Parokṣavinaya.*
Indirect paying respect to *Acharyas.*
आचार्य आदि के परोक्ष में भी उनको मन, वचन और काय से नमस्कार करना ।

परोक्षाभास – *Parokṣābhāsa.*
False conception of indirect knowledge.
मिथ्या परोक्ष ज्ञान (कुमति-कुश्रुत ज्ञान) ।

परोदय – *Parodaya.*
Fruition of one *Karmic* nature into another form.
किसी प्रकृति का अन्य प्रकृतिरूप उदय में आना ।

परोदयबंधी प्रकृति – *Parodayabaṁdhī Prakṛti.*
A type of *Karmic* nature, matured & bound into the form of another.
कर्म की 11 प्रकृतियां; इनका पर प्रकृति के उदय में बंध होता है।

परोपकार – *Paropakāra.*
See - *Para Upakāra.*
देखें - पर उपकार ।

परोपघात – *Paropaghāta.*
To cause fatal harm to others.
दूसरे प्राणी का घात करना ।

परोपदेशनिमित्तक मिथ्यादर्शन –
Paropadeśanimittaka Mithyādarśana.
To have want of reverence caused by others speech.
दूसरे का उपदेश सुनकर तत्वों के प्रति अश्रद्धान होना ।

परोपरोधाकरण – *Paroparodhākaraṇa.*
Not to interrupt or obstruct in the entrance of others.
अचौर्यव्रत की एक भावना; दूसरे के आने में रुकावट न डालना।

पर्णलघ्वी – *Parṇalaghvī.*
A type of super knowledge—making body as light as leaves.
एक विद्या; इससे पत्तों के समान शरीर हल्का और छोटा बनाया जाता है। यह विद्या आकाश से नीचे इच्छित स्थान पर उतरने में सहायक होती है ।

पर्णावली – *Parṇāvalī.*
Foliage, cluster of leaves.
पत्तों के गुच्छे ।

पर्यंकासन – *Paryaṁkāsana.*
Cross legged posture (of meditation).
दोनों जंघाओं को आपस में मिलाकर ऊपर नीचे रखने से पर्यंकासन कहते हैं,पद्मासन ।

पर्यंकासन तप – *Paryaṁkāsana Tapa.*
A type of physical mortification.
कायक्लेश का एक भेद। पर्यंकासन लगा कर योगधारण करना।

पर्यत्यायु – *Paryatyāyu.*
See – *Kadalīghāta Maraṇa.*
देखें - कदलीघात मरण ।

पर्यनुयोज्योपेक्षण निग्रहस्थान –
Paryanuyojyopekṣṇa Nigrahasthāna.
Not to punish one present in the blamed point.
निग्रह स्थान में प्राप्त हुए का निग्रह न करना ।

पर्यवसन्न – *Paryavasanna.*
Ascertainment, Determination.
निश्चय ।

पर्या – *Paryā.*
Rainy seasonal staying of Jaina saints (for 4 months).
चौमासा करना, वर्षा काल में एक स्थान पर रहना ।

पर्याप्त (जीव) – *Paryāpta (Jīva).*
Those who have got completion of 6 *Paryaptis* in *Antarmuhurta.*
जो जीव पर्याप्ति नामकर्म के उदय से आहार, शरीर आदि पर्याप्तियों को अन्तर्मुहूर्त में पूर्ण कर लेते हैं ।

पर्याप्ति – *Paryāpti.*
The gaining by the soul of the capacity to develop fully the characteristics of the body into which it incarnates.
योनि स्थान में जीव के प्रवेश होने के पश्चात् अन्तर्मुहूर्त में आहार, शरीर, इन्द्रिय, श्वासोच्छ्वास, भाषा एवं मन, इन 6 पर्याप्तियों की पूर्णता होना जो पूर्ण शारीरिक विकास के लिए आधारभूत हैं ।

पर्याप्ति काल – *Paryāpti Kāla.*
Time period (Antarmuhurta) required for the completion of 6 *Paryaptis.*
सभी पर्याप्ति पूर्ण होने में एक अन्तर्मुहूर्त लगता है ।

पर्याप्ति नाम कर्म प्रकृति –
Paryāpti Nāma Karma Prakṛti.
A type of physique making *Karma* causing complete development of body.
जिस कर्म के उदय से जीवों के आहार, शरीर, इन्द्रिय, श्वासोच्छ्वास, भाषा व मन इन छह पर्याप्तियों की पूर्णता होती है ।

पर्याय – *Paryāya.*
Body form, Constant variations in the attributes of any matter are called *Paryaya* .
जो स्वभाव विभाव रूप से गमन करती है, परिणमन करती है वह पर्याय है। अथवा द्रव्य में प्रतिसमय होने वाला गुणों का परिणमन 'पर्याय' कहलाती है ।

पर्याय ज्ञान – *Paryāya Jñāna.*
A type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
श्रुतज्ञान के 20 भेदों में प्रथम भेद। यह ज्ञान सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीवों के होता है। यह श्रुतज्ञानावरण के आवरण से रहित होता है ।

पर्याय ज्ञान निरावरण –
Paryāya Jñāna Nirāvaraṇa.
Knowledge (related to *Paryay*) without any obstacle.
जघन्य पर्याय ज्ञान जिस पर ज्ञानावरणीय कर्म का आवरण नहीं रहता ।

पर्याय दृष्टि – *Paryāya Dṛṣṭi.*
Viewpoint of wrong believer.
मिथ्यादृष्टि की दृष्टि ।

पर्याय नय – *Paryāya Naya.*
A view point pertaining to know the soul in subtle form.
47 नयों में एक नय जो आत्मद्रव्य को तन्तुमात्र की भाँति

दर्शनज्ञानादि मात्र जानता है ।

पर्यायवाची शब्द – *Paryāyavācī Śabda.*
Synonym words.
एक अर्थ वाले दो शब्द। एकार्थवाची शब्द ।

पर्यायवान् – *Paryāyavān.*
Matter with particular form or mode.
द्रव्य का लक्षण; अर्थ - व्यंजन पर्याय वाला द्रव्य होता है ।

पर्याय व्यंजन – *Paryāya Vyaṁjana.*
Explicit (gross) mode.
व्यंजन पर्याय जो स्थूल एवं वचन गोचर होती है ।

पर्याय समास – *Paryāya Samāsa.*
A part of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
श्रुतज्ञान का एक भेद ।

पर्यायसमास ज्ञान – *Paryāyasamāsa Jñāna.*
A type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*) pertaining to word knowledge.
पर्यायज्ञान के ऊपर संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि और अनन्तगुणवृद्धि के क्रम से वृद्धि होते-होते जब अक्षरज्ञान की पूर्णता होती है तब पर्याय समासज्ञान कहलाता है ।

पर्यायांश – *Paryāyāṁśa.*
Origination & destruction of modes of substance.
द्रव्य की पर्यायों में होने से उत्पाद और व्यय पर्यायांश हैं ।

पर्यायार्थिक चक्षु – *Paryāyārthika Cakṣu.*
A type of perception related to the nature of matters.
वस्तु स्वरूप को देखने की एक दृष्टि ।

पर्यायार्थिक नय – *Paryāyārthika Naya.*
A type of standpoint describing the particular mode (*Paryaya*) of any substance, modal standpoint.
नय का एक भेद; पर्याय विशेष का कथन करने वाला नय ।

पर्यायोपचार – *Paryāyopacāra.*
To expose properties of substance in the form of *Paryaya.*
उपचार; द्रव्य गुण को पर्याय रूप से लक्षित करना ।

पर्यालोचन – *Paryālocana.*
Contemplation, meditation.
चिंतन, ध्यान आदि की क्रिया ।

पर्युदास अभाव – *Paryudāsa Abhāva.*
Perceiving something in the relative absence of the other.
किसी एक वस्तु के अभाव में दूसरी वस्तु का सद्भाव ग्रहण करना। जैसे-प्रकाश का अभाव ही अंधकार है ।

पर्युपासना – *Paryupāsanā.*
Service, devotion.
समर्पण व सेवा का भाव होना ।

पर्व – *Parva.*
Festival, Celebration of some particular day, A chapter, A large time unit.
विशेष तिथि, अष्टमी चतुर्दशी आदि, अध्याय, पर्वांग प्रमाणकाल में 84 लाख का गुणा से प्राप्त संख्या प्रमाण काल ।

पर्वत (नाम) – *Parvata (Nāma).*
Past-birth name of the 2nd *Narayan* 'Dviprishth', Son of a *Brahmin* Kshirakadamb.
द्वितीय नारायण 'द्विपृष्ठ' के द्वितीय पूर्व भव का नाम, क्षीरकदम्ब ब्राह्मण का पुत्र, जिसने अज का अर्थ बकरा बताया एवं अगले भव में हिंसापूर्ण यज्ञों का प्रचार किया ।

पर्वत – *Parvata.*
Mountain.
गिरि, उच्चतम ।

पर्वत गुफा – *Parvata Guphā.*
Mountain - caves; hermitage for saints.
वसतिका; साधुओं के ठहरने योग्य स्थान ।

पर्वबीज – *Parvabīja.*
A type of plants.
वनस्पति; पर्व ही है बीज जिनका वे पर्वबीज हैं। जैसे-ईख, बेंत आदि ।

पर्वोपवास – *Parvopavāsa.*
Vows on different festivals.
पर्व के दिनों में उपवास करना ।

पल – *Pala.*
A time unit; 1 *Pal*=24 seconds.
काल का प्रमाण विशेष; 1 पल = 24 सेकंड ।

पलाय मरण – *Palāya Maraṇa.*
Death of a saint, who escapes from religious duties.
सर्व कृतिकर्म, व्रत, समिति आदि धर्मध्यान व नमस्कार आदि से दूर भागने वाले मुनि का मरण, अपरनाम - बलाकमरण ।

पलाश – *Palāśa.*
A type of flower.
टेसू का फूल, जो केसरिया-लालरंग का होता है ।

पलाशगिरि – *Palāśagiri.*
A *Diggajendra* mountain in *Bhadrashal* forest.
भद्रशाल वन में स्थित एक दिग्गजेन्द्र पर्वत ।

पलिकुंचन – *Palikuṁcana.*
A type of infraction - to give false statement about fault.
सामान्य अतिचार का एक भेद; द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के आश्रय से जो अतिचार हुए हों उनका अन्यथा कथन करना, जैसे-सचित्त पदार्थ का सेवन करके अचित्त का सेवन किया ऐसा कहना आदि ।

पल्यंकासन – *Palyaṁkāsana.*
See - *Paryaṁkāsana.*
देखें - पर्यंकासन ।

पल्यंकासन तप – *Palyaṁkāsana Tapa.*
See - *Paryaṁkāsana Tapa.*
देखें - पर्यंकासन तप ।

पल्य – *Palya.*
A measure of time.
समय के मापन की इकाई। एक योजन लम्बे चौड़े और गहरे गर्त को भोगभूमि में जन्में नवजात शिशु-भेड़ के बालों के अग्रभाग से ठोक-ठोक कर भरने के उपरांत सौ-सौ वर्ष के बाद एक-एक रोमखण्ड निकालते हुए रिक्त करने में जितना समय लगे वह पल्य है। इतने काल को असंख्यात वर्ष भी कहते हैं।

पल्योपम – *Palyopama.*
An innumerable quantity of years.
उपमा प्रमाण काल या असंख्यात वर्ष ।

पल्लव विधान व्रत – *Pallava Vidhāna Vrata.*
A type of vows (fasting) with particular procedure.
विधि पूर्वक 25 उपवास (लघु विधि) अथवा 4 तेला, 7 बेला व 48 उपवास (बृहत् विधि) करना ।

पल्ली – *Pallī.*
Small villages in south are called *Palli.*
एक छोटा गांव, दक्षिण में छोटे-छोटे गांवों को पल्ली कहते हैं।

पवनंजय – *Pavanaṁjaya.*
Father's name of Hanumana.
हनुमान के पिता का नाम ।

पवन – *Pavana.*
A king of *Rakshas* dynasty, Air.
राक्षस वंश का एक राजा, वायु ।

पवाइज्जमाण – *Pavāijjamāṇa.*
Authentic & traditional doctrines (preachings) approved by *Acharyas.*
जो उपदेश आचार्य सम्मत होता है और चिरकाल से अविच्छिन्न संप्रदाय के क्रम से शिष्य परम्परा द्वारा लाया जाता है ।

पशु – *Paśu.*
Animals, Cattle.
जानवर ।

पशुक्रंदन – *Paśukraṁdana.*
Weeping or screaming in pain by animals, the reason of renunciation from worldly life of Lord Neminath.
पशुओं के रोने-चीखने की आवाज़, जिसे सुन भगवान नेमिनाथ को वैराग्य हुआ था ।

पश्चात् आनुपूर्वी – *Paścāt Ānupūrvī.*
Exposition of something in reverse order.
किसी वस्तु का विवेचन अन्त से लेकर आदि तक (प्रतिलोम पद्धति से) करना ।

पश्चात् स्तुति दोष – *Paścāt Stuti Doṣa.*
A fault of food and hermitage pertaining to a saint.
आहार एवं वसतिका का एक दोष। दान ग्रहण करने के पश्चात् साधु द्वारा ग्रहस्थ की प्रशंसा करना ।

पश्चात्ताप – *Paścāttāpa.*
Atonement, Repentance, Penitence.
खेद, ग्लानि, पछताना, मुनि आदि द्वारा नियमों का उल्लंघन होने पर प्रायश्चित्त करना ।

पश्चिमा – *Paścimā.*
A city situated in the south of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध के दक्षिण में स्थित एक नगरी ।

पश्यंती – *Paśyaṁtī.*
A type of language.
शब्दाद्वैतवादी द्वारा मान्य 4 प्रकार की वाणी में से एक। जैनमत के अनुसार इसे उपयोगात्मक भाव वचन कहते हैं ।

पाँच – *Pāṁca.*
Five; five infractions, five sins etc.
5 (5 अतिचार, 5 पाप, 5 अस्तिकाय आदि) ।

पाँच अस्तिकाय – *Pāṁca Astikāya.*
Five universal entities (substances).
जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म और आकाश ये पाँच द्रव्य पाँच अस्तिकाय कहलाते हैं ।

पाँचजन्य शंख – *Pāṁcajanya Śaṁkha.*
A conch shell with 5 opening (mouths); a jewel of *Narayan.*
पंचमुखी शंख; नारायण के 7 रत्नों में एक रत्न, मेघ के समान इसकी गर्जना होती है ।

पांचाल – *Pāṁcāla.*
A country of *Bharat Kshetra* in middle *Aryakhand* (region).
भरतक्षेत्र मध्य आर्यखण्ड का एक देश ।

पांडव – *Pāṁḍava.*
Sons of king Pandu; they were five brothers (warriors) – Yudhishthir, Bheem, Arjun, Nakul & Sahadev.
युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल व सहदेव - ये पाँचों 'राजा पाण्डु' के पुत्र होने से पांडव कहलाते हैं ।

पांडवपुराण – *Pāṁḍavapurāṇa.*
Name of a great book (*Puran*) written by *Acharya* Shubhchandra and other books written by Yashakirti & by Vadichandra *Acharyas.*
आचार्य शुभचन्द्र (ई. 1551) द्वारा संस्कृत भाषा में लिखा गया पुराण। यशःकीर्ति (वि. 1535-1613), वादिचन्द्र (ई. 1601) आदि आचार्यों द्वारा इस नाम के ग्रंथ रचे गये ।

पांडु – *Pāṁḍu.*
A dominion of *Chakravarti* (emperor), Father's name of *5 Pandavas* (the great warriors), Name of an *Acharya* having knowledge of 11 *Angas.*
चक्रवर्ती की नवनिधियों में से एक, पांच पाण्डवों के पिता का नाम, 11 अंग के ज्ञाता 5 आचार्यों में तीसरे आचार्य ।

पांडुकंबला शिला – *Pāṁḍukaṁbalā Śilā.*
Name of a *Shila* (very auspicious large stone at *Sumeru* mountain), pertaining to the lustral bath of Jaina Lord of western *Videh Kshetra* (region).
सुमेरु पर्वत पर एक शिला, जिस पर पश्चिम विदेह के तीर्थंकरों का जन्म कल्याणक संबंधी अभिषेक किया जाता है ।

पांडुक – *Pāṁḍuka.*
A city situated in the north of *Vijayardha* mountain, Name of a deity of *Kundal* mountain.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर, कुण्डल पर्वत स्थित माहेन्द्र कूट का स्वामी नागेन्द्र देव ।

पांडुकनिधि – *Pāṁḍukanidhi.*
One of the 9 treasures of *Chakravarti* (emperor).
चक्रवर्ती की 9 निधियों में एक निधि, धान्य को देने वाली ।

पांडुकवन – *Pāṁḍukavana.*
The fourth forest of *Sumeru* mountain.
सुमेरु पर्वत का चतुर्थ वन। इसमें 4 चैत्यालय हैं ।

पांडुकशिला – *Pāṁḍukaśilā.*
A very auspicious large stone (*Shila*) in the *Panduk* forest of Sumeru mountain pertaining to the lustral bath of Jaina Lord of *Bharat Kshetra* (region).
सुमेरुपर्वत के पांडुक वन में स्थित 4 शिलाओं में एक सुवर्णमयी शिला, इस पर जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र के तीर्थंकरों का जन्माभिषेक किया जाता है ।

पांडुकेय – *Pāṁḍukeya.*
A king of *Vidyadhara* dynasty.
विद्याधर वंश का एक राजा ।

पांडुर – *Pāṁdura.*
Protecting deity of the south *Ksheervardvip* (island), A deity of *Kundal* mountain.
दक्षिण क्षीरवर द्वीप का रक्षक देव, कुण्डल पर्वत स्थित हिमवतकूट का स्वामी नागेन्द्र देव ।

पांडुशिला – *Pāṁḍuśilā.*
See - *Pāṁḍukaśilā.*
देखें - पांडुकशिला ।

पांड्य – *Pāṁḍya.*
A country situated in the middle *Aryakhand* (region).
मध्य आर्यखण्ड में स्थित एक देश ।

पांड्यवाटक – *Pāṁḍyavāṭaka.*
Name of a mountain in the middle part of *Malayagiri.*
मलयगिरि के मध्यभाग में एक पर्वत ।

पांशुतापि – *Pāṁśutāpi.*
A type of deities.
आकाशोपपन्न देव ।

पांशुमूल – *Pāṁśumūla.*
A city situated in the south of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर ।

पांशुमूलिक – *Pāṁśumūlika.*
Name of a caste related to *Vidyadhars.*
एक विद्याधर वंशीय जाति का नाम ।

पांशुमूलिक विद्या – *Pāṁśumūlika Vidyā.*
A type of knowledge of *Vidyadhars.*
विद्याधर वंश की एक विद्या का नाम ।

पाकर फल – *Pākara Phala.*
A type of figs, non–edible according to Jainism.
अभक्ष्य; पांच उदुम्बर फलों में एक फल ।

पाकशाला – *Pākaśālā.*
Kitchen.
भोजन शाला ।

पाक सत्त्व – *Pāka Sattva.*
Wild animal like lion etc.
सिंह आदि दुष्ट जन्तु ।

पाक्षिक – *Pākṣika.*
Fortnightly, A type of Jaina householder *(Shravak).*
माह के पंद्रह दिवसीय पक्ष, श्रावक के 3 भेदों में एक भेद; जो व्रती तो नहीं है लेकिन धर्म का पक्ष लेता है ।

पाक्षिक आलोचना – *Pākṣika Ālocanā.*
A type of criticism, to say own faults before the spiritual teacher (pertaining to 15 days).
आलोचना का एक भेद, गुरु के समीप पाक्षिक अपराधों को कहना ।

पाक्षिक प्रतिक्रमण – *Pākṣika Pratikramaṇa.*
A type of repentance for the faults of 15 days.
प्रतिक्रमण का एक भेद; पाक्षिक अर्थात् 15 दिन में लगे हुए दोषों को दूर करना। जैन साधु प्रत्येक चतुर्दशी को पाक्षिक प्रतिक्रमण करते हैं ।

पाखंडी – *Pākhaṁḍī.*
Dissembling, Hypocritical.
संसार चक्र में भ्रमण करने वाले झूठे साधु या तपस्वी ।

पाखण्डीलिङ्ग – *Pākhaṇḍīliṅga.*
False one.
खोटा लिंग ।

पाटला – *Pāṭalā.*
Name of the initiation tree of Lord Vasupujyanath.
पद्मपुराण के अनुसार वासुपूज्यनाथ भगवान के दीक्षा वृक्ष का नाम (इसका नाम 'महापुराण' के अनुसार कदम्ब है) ।

पाटलिका – *Pāṭalikā.*
Name of an auspicious article kept near the idol of Lord.
जिन प्रतिमा के पास विद्यमान रहने वाले 108 उपकरणों में से एक ।

पाटलीपुत्र – *Pāṭaliputra.*
Former name of Patna, the capital of Bihar.
बिहार प्रान्त की राजधानी वर्तमान पटना ।

पाणिपात्र – *Pāṇipātra.*
Hand bowl (hallowed open hands joined together) used in food taking by Digambar Jaina saints.
दोनों हाथों को मिलाकर बनी अंजुलि को पाणिपात्र (करपात्र) कहते हैं। दिगम्बर जैनसाधु पाणिपात्र में आहार ग्रहण करते हैं।

पाणितः पिंडपतन – *Pāṇitaḥ Piṁḍapatana.*
An obstacle pertaining to saint food.
आहार अंतराय का एक प्रकार; पाणिपात्र से ग्रास आदि का गिर जाना ।

पाणिमुक्ता गति – *Pāṇimuktā Gati.*
Curved motion, a type of transmigratory motion.
विग्रहगति का एक भेद; संसारी जीवों की एक मोड़ेवाली गति।

पाण्डित्य – *Pāṇḍitya.*
Intellectual talent, Erudition.
विद्वत्ता—संसार का उद्धार करने वाला ज्ञान ।

पातक – *Pātaka.*
Sin, offence, Impurity caused due to the death of someone having blood relation.
पाप, संबंधी के मरण का अशौच या अपवित्रता। यह वंश परम्परा की पीढ़ियों के अनुसार 6 माह, 12 दिन, 10 दिन इत्यादि का माना जाता है। पातक के समय भगवान का अभिषेक-पूजन, शास्त्र स्वाध्याय, गुरुओं को आहारदान इत्यादि धार्मिक क्रियाएँ वर्जित होती हैं। ऐसे समय गंधोदक का भी स्पर्श नहीं करना चाहिए। (विवेश विवरण देखें-जैन भारती ग्रंथ) ।

पाताल – *Pātāla.*
Name of the ruling demigod of Lord Vimalnath, Lower region of universe.
विमलनाथ भगवान का शासक यक्ष, लवण समुद्र की तली में स्थित बड़े-बड़े खड्ड, पृथ्वी का अधोभाग ।

पात्र – *Pātra.*
Worthy donees (spiritually pure one), Utensils.
दान के लिए पात्र (मोक्षमार्ग के पथिक) जो उत्तम, मध्यम, जघन्य के भेद से तीन प्रकार के होते हैं। बरतन ।

पात्र अपात्र – *Pātra Apātra.*
Worthy & non - worthy donees .
सम्यक्त्व, शील और व्रत से सहित जीव पात्र एवं इनसे रहित जीव अपात्र कहलाते हैं ।

पात्र केसरी – *Pātrakesarī.*
Name of an *Acharya* who wrote Patrakesari Stotra etc, A reverential title of Acharya Vidyanandi (775-840 A.D.).
एक आचार्य (ई.श.6-7) जिन्होंने पात्रकेसरी स्तोत्र (जिनेन्द्रगुण स्तुति) आदि ग्रंथों की रचना की। वार्तिककार आचार्य विद्यानंदि (ई. 775-840) की उपाधि ।

पात्रकेसरी स्तोत्र – *Pātrakesarī Stotra.*
Name of a philosophical hymn written by *Acharya* Patrakesari.
50 श्लोकों का आचार्य पात्रकेसरी रचित संस्कृत जिन स्तोत्र ।

पात्रदत्ति – *Pātradatti.*
To offer food to Jaina saints with reverential and prescribed procedure.
महातपस्वी मुनियों, आर्यिकाओं आदि सुपात्रों के लिए सत्कार पूर्वक पड़गाहन कर जो आहार आदि दिया जाता है उसे पात्रदत्ति कहते हैं। इससे स्वर्ग एवं भोगभूमि आदि के सुख मिलते हैं ।

पात्रदान – *Pātradāna.*
Offering food etc. to worthy persons (ascetics etc.).
तपस्वी आदि सुपात्रों को आहारादि दान देना ।

पात्रदोष – *Pātradoṣa.*
A fault to have jealousy with worthy donees.
पात्र के प्रति ईर्ष्या आदि का होना ।

पात्री – *Pātrī.*
Name of an auspicious article kept near the idol of Lord Arihant.
जिन प्रतिमा के पास विद्यमान रहने वाले 108 उपकरणों में से एक ।

पाथड़ा – *Pāthaṛā.*
Patal (layer or level).
पटल, खन, तह। स्वर्ग व नरक में पटल ।

पाद – *Pāda.*
A unit of area, 25 yrs = 1 *Pada*, Another name of *Vargamul* (squar-root), A quater of a stanza.
क्षेत्र का प्रमाण विशेष - छः अंगुल प्रमाण विस्तार, 25 वर्ष का एक पाद (एक शताब्दी में 4 पाद होते हैं), वर्गमूल का अपरनाम, श्लोक के चतुर्थांश को पाद कहते हैं ।

पादतप – *Pādatapa.*
Particular austerity like to stand on single foot etc.
कायक्लेश; एक पैर से खड़े होना आदि तप करना ।

पादपीठ – *Pādapīṭha.*
Throne.
पैर रखने की चौकी या सिंहासन ।

पाद मुण्ड – *Pāda Muṇḍa.*
Controlling of feet-activities by Jain saints (in Samayik etc.).
जैन मुनियों के दस प्रकार के मुण्डन में से एक; सामायिक इत्यादि के समय स्वच्छंदतापूर्वक पगों का संकोच व विस्तार न करना, पगों की क्रियाओं को वश में रखना ।

पादानुसारी ऋद्धि – *Pādānusārī Ṛddhi.*
A type of supernatural power causing knowledge of whole scriptures by studying only fraction of it.
समस्त श्रुत के अक्षर पदों को जानने वाली बुद्धि रूप ऋद्धि है।

यह ईहावरणीय कर्म के तीव्र क्षयोपशम से होती है ।

पादाब्ज – *Pādābja.*
Lotus feet.
चरण कमल ।

पादोपगमन – *Pādopagamana.*
A type of holy & voluntary death, by leaving own group of saints himself.
सल्लेखना का एक प्रकार अपने पाँव के द्वारा संघ से निकलकर और योग्य प्रदेश में जाकर मरण किया जाना (अपरनाम-प्रायोपगमन) ।

पाद्यस्थितिकल्प – *Pādyasthitikalpa.*
To stay at one place only for 4 months in rainy season (reg. saint).
वर्षा काल में चार मास तक एक ही स्थान पर रहना अर्थात् भ्रमण का त्याग करना, यह 'पाद्य' नाम का 10 वां स्थितिकल्प है ।

पान – *Pāna.*
Drinkable materials (liquids).
पीना, आहार के 4 भेदों में एक भेद; जल, दूध आदि पेय पदार्थ।

पानक – *Pānaka.*
Liquid edible materials.
आहार का एक भेद - स्वच्छ (गर्म जल), बहल (इमली का पानी), लेवड, अलेवड, ससिक्थ, असिक्थ ये 6 पानक कहलाते हैं ।

पानकाहार – *Pānakāhāra.*
See – *Pānaka.*
देखें - पानक, यह आहार सल्लेखना के समय दिया जाता है।

पानदशमी व्रत – *Pānadaśamī Vrata.*
Taking food after offering food to other 10 persons.
एक व्रत; दस श्रावकों को भोजन करा कर फिर स्वयं भोजन करना ।

पानभोजन – *Pānabhojana.*
To take pure meals in daylight.
अहिंसाणु व्रत की एक भावना; सूर्यप्रकाश में देख शोधकर भोजन पान करना ।

पानी छानना – *Pānī Chānanā.*
Filtration of water with cloth.
जलगालन । जैन विधि के अनुसार, जब कपड़े का मोटा छन्ना दोहरा करके उससे पानी छाना जाता है, तब वह जीवरहित शुद्ध जल होता है तथा छन्ने की जीवानी करने की भी विशेष विधि होती है ।

पाप – *Pāpa.*
Sinful activities, Moral guilt, Demerit.
आत्मा को मलिन करने वाली अशुभ क्रिया; इसके 5 भेद है - हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रह ।

पाप आस्त्रव – *Pāpa Āsrava.*
Influx of sinful *Karmas.*
पाप कर्मों के आने के कारणभाव - कलुषता, विषयों के प्रति लोलुपता, पर को परिताप करना आदि ।

पापकर्मैकसर्गता – *Pāpakarmaikasargatā.*
Absence of the sense of right knowledge - an infraction of mditative relaxation.
कायोत्सर्ग का एक अतिचार; कर्तव्य अकर्तव्य के विवेक से शून्य होना, मूढ़ता और कायोत्सर्ग के समय हिंसादि के परिणामों का उत्कर्ष होना ।

पापक्रिया निरोध – *Pāpakriyā Nirodha.*
To control sinful activities.
पाप क्रियाओं को रोकना ।

पापजीव – *Pāpajīva.*
Wrong believers, wicked persons.
मिथ्यादृष्टि और सासादन गुणस्थानवर्ती जीव पापजीव कहलाते हैं।

पापप्रकृति – *Pāpaprakṛti.*
Demeritorious *Karmic* nature (obscurring *karmic* nature of knowledge etc.), which are 82 in number.
ज्ञानावरण की 5, अन्तराय की 5, दर्शनावरण की 9, मोहनीय की 26 आदि कुल 82 प्रकृतियां पापप्रकृतियां कहलाती हैं ।

पापभीरु – *Pāpabhīru.*
One who is having fear from sinful activities.
पापों से डरने वाला ।

पापभीरुता – *Pāpabhīrutā.*
Fearfulness from sins.
पाप से भयभीतपना ।

पापमोचन– *Pāpamocana.*
Liberation from sins.
पापों से मुक्ति ।

पापमोहितमति – *Pāpamohitamati.*
A title for the wrong believer naked saint .
द्रव्यलिंगी नग्न साधु (मिथ्यादृष्टि) की उपाधि ।

पाप श्रमण – *Pāpa Śramaṇa.*
A title for the secluded saint, moving alone.
एकल विहारी साधु की उपाधि ।

पापसंवर – *Pāpasaṁvara.*
To become free from sins, cessation of sins.
व्रतादि के द्वारा पाप से निवृत्ति प्राप्त करना ।

पापहर – *Pāpahara.*
Destroyer of sins.
पापों का नाश करने वाला ।

पापानुबंधी पुण्य – *Pāpānubaṁdhī Puṇya.*
Converting good results into bad by following wicked activities.
पुण्य के उदय से प्राप्त बुद्धि, कौशल, निरोग शरीर आदि क्षमताओं को पापार्जन में लगा देना ।

पापाचरण – *Pāpācaraṇa.*
Sinful conduct.
पापपूर्ण आचरण ।

पापास्त्रव – *Pāpāsrava.*
Influx of sinful *Karmas.*
देखें - पाप आस्त्रव ।

पापिष्ठ – *Pāpiṣṭha.*
Most sinful.
अत्यधिक पापों में लिप्त ।

पापी – *Pāpī.*
Demeritorious soul.
पाप करने वाला ।

पापोपदेश – *Pāpopadeśa.*
Sinful advice, to instigate for sinful activities.
अनर्थदंड का एक भेद; आरम्भ हिंसा आदि पापपूर्ण वचनों का उपदेश देना ।

पामर – *Pāmara.*
A vile person.
निम्न जाति व निम्नकर्म करने वाले जीव ।

पामिच्छ – *Pāmiccha.*
A fault of hermitage.
वसतिका का एक दोष; अल्प ऋण लेकर और उसका सूद देकर अथवा न देकर संयतों के लिए वसतिका लेना ।

पायस – *Pāyasa.*
Rice boiled in milk with sugar (*Kheer*), an Indian sweet-dish.
खीर। भगवान ऋषभदेव के अतिरिक्त शेष 23 तीर्थंकरों को दीक्षा के बाद प्रथम पारणा के रूप में 'खीर' का आहार दिया गया था ।

पायसागर (आचार्य) – Pāyasāgara (Ācārya).
Name of a Digambar Jain Acharya, the disciple of Charitra Chakravarti Acharya Shri Shantisagar Maharaj.
चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के प्रमुख 7 मुनि शिष्यों में से एक प्रभावक आचार्य ।

पारंगत – *Pāraṁgata.*
Well versed, expert.
निपुण, कुशल। द्वादशांग के पारंगत मुनि को श्रुतकेवली कहते हैं।

पारंचिक परिहार प्रायश्चित्त – *Pāraṁcika Parihāra Prāyaścitta.*
Repentance for the saints, criticiser of religion or other good religious matters.
संघ, शास्त्र, देव आदि की निंदा करने वाले एवं धर्म में झूठे दोष लगाने वाले मुनियों को दिया जाने वाला प्रायश्चित्त ।

पारंपरिक – *Pāraṁparika.*
Traditional.
परम्परा के अनुसार ।

पार – *Para.*
End, limit.
किनारा - जिनेन्द्र भगवान की भक्ति भव सागर से पार लगाती है।

पारणा – *Pāraṇā.*
To take food after the fast.
उपवास के बाद दूसरे दिन किया जाने वाला भोजन ।

पारमार्थिक – *Pāramārthika.*
Having to do with supreme truth or spiritual reality.
सर्वोपरि सत्य अथवा उत्कृष्ट अर्थ की सिद्धि कराने वाला ।

पारमार्थिक ध्यान – *Pāramārthika Dhyāna.*
Meditation for the knowledge of own soul.
स्वआत्मा को पहचानने के लिए किया जाने वाला ध्यान ।

पारमार्थिक प्रत्यक्ष – *Pāramārthika Pratyakṣa.*
Direct & supreme perception, transcendental knowledge.
जो ज्ञान बिना किसी की सहायता से पदार्थ को स्पष्ट जानता है। सकल ज्ञान अर्थात् केवलज्ञान एवं विकलज्ञान अर्थात् अवधिज्ञान व मनःपर्यय ज्ञान पारमार्थिक प्रत्यक्ष हैं ।

पारमार्थिक सुख – *Pārmārthika Sukha.*
Supreme enjoyment, spiritual bliss,
परम, सर्वोत्कृष्ट एवं यथार्थ आत्मिक सुख ।

पारलौकिक भय – *Pārlaukika Bhaya.*
Fear regarding the next birth (fear of next world).
7 भयों में एक भय; मेरा दुर्गति में जन्म न हो इत्यादि प्रकार से हृदय का आकुलित होना ।

पारा – *Pārā.*
Mercury, A river of *Bharat Kshetra* in *Arya Khand* (region).
एक धातु, भरत क्षेत्र आर्यखण्ड की एक नदी ।

पारावार – *Pārāvāra.*
Unbounded, infinite.
अपार ।

पारिग्राहिकी क्रिया – *Pārigrāhikī Kriyā.*
Activity causing constant attachment to worldly objects.
साम्परायिक आस्त्रव की 25 क्रियाओं में एक क्रिया; यह परिग्रह में प्रवृत्ति कराने वाली होती है ।

पारिजात सिद्धार्थ वृक्ष – *Pārijāta Siddhārtha Vṛkṣa.*
Name of a tree with the idols of Lord Siddha found in the 6th land of Samavasaran-holy assembly of Jaina-Lord.
तीर्थंकरों के समवसरण की छठी भूमि के चार सिद्धार्थ वृक्षों-नमेरु, मंदार, संतानक एवं पारिजात में से एक, जिसके मूलभाग में सिद्धों की प्रतिमाएं विराजमान रहती हैं। जिला-बाराबंकी (उ.प्र.) में त्रिलोकपुर के पास बरौलिया नामक ग्रंथ में पारिजात का एक अत्यन्त प्राचीन वृक्ष है, जिसके बारे में किवन्दन्ती है कि पाण्डवों ने इसे यहाँ आरोपित किया था। आज भी इस पर विशेष मौसम (जनवरी से अप्रैल तक) में लाल फूल आते हैं तथा इस प्राचीन वृक्ष को देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुँचते हैं। पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से ई. सन् 1995 में त्रिलोकपुर (जि.-बाराबंकी, उ.प्र.) अतिशय क्षेत्र में नेमिनाथ जिनालय में धातु

से निर्मित पारिजात सिद्धार्थवृक्ष स्थापित किया गया है, जिसमें सिद्ध भगवन्तों की 4 प्रतिमाएँ विराजमान हैं ।

पारिणामिक गति – *Pāriṇāmika Gati.*
Resultant motion of air, fire etc.
स्वभाव गति; वायु, अग्नि, परमाणु, मुक्तजीव, ज्योतिर्देव आदि की गति ।

पारिणामिक परमाणु – *Pāriṇāmika Paramāṇu.*
Resultant atoms with the property of absorbing other atoms.
संख्यात, असंख्यात स्निग्ध या रूक्ष गुण के अंशों से युक्त अपने रूप में परिणमन कराने वाला परमाणु ।

पारिणामिक भाव – *Pāriṇāmika Bhāva.*
A type of instinct of nature of living beings.
जीव के निज 5 भावों में एक भाव । इसके तीन भेद होते हैं- जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व ।

पारिणामिक ऋद्धि – *Pāriṇāmika Ṛddhi.*
A type of supernatural power.
बुद्धिऋद्धि के 18 भेदों में 15वें भेद अष्टांग महानिमित्त के तीन भेदों में तीसरा भेद-जिसके प्रभाव से निज-निज जाति विशेषों में बुद्धि उत्पन्न होती है (धवला पुस्तक 9 से) ।

पारितापिकी क्रिया – *Pāritāpikī Kriyā.*
Activity causing pain to self & others.
साम्परायिक आस्रव की 25 क्रियाओं में एक क्रिया; जो क्रिया स्वयं व दूसरे को दुख उत्पन्न करावे ।

पारियात्र – *Pāriyātra.*
Northern part *Vindhya* country, Name of a mountain.
विन्ध्य देश का उत्तरीय भाग, एक पर्वत ।

पारिव्राज्य क्रिया – *Pārivrājya Kriyā.*
Abandoning of worldly life after completing household duties.
कर्त्रन्वयी 7 क्रियाओं में एक क्रिया; गृहस्थ धर्म का पालन करने के पश्चात् मुनि दीक्षा ग्रहण करना ।

पारिषददेव – *Pāriṣadadeva.*
Friendly deities of a council.
इन्द्र सभा के सदस्य देव, जो सभा में मित्रवत् होते हैं ।

पार्थिवी धारणा – *Pārthivī Dhāraṇā.*
A specified contemplation (of *Pindastha Dhyana*) visualising the scenes of earthen elements.
पिण्डस्थ ध्यान की 5 धारणाओं में प्रथम धारणा; पिण्डस्थ ध्यान करने वाला योगी पहले शांत और सफेद समुद्र का ध्यान करे, फिर उसके मध्य में स्वर्ण कमल का चिंतन करे, तत्पश्चात् उस कमल के मध्य स्थित कर्णिका में श्वेत रंग के सिंहासन का चिंतन कर उस सिंहासन पर सर्व कर्मों का क्षय करने में समर्थ निज आत्मा का चिंतवन करे ।

पार्वतेय – *Pārvateya.*
A type of *Vidyadhars* of *Matang* caste.
मातंङ्ग जाति विद्याधरों का एक भेद; हरे रंग के वस्त्रों से तथा नाना प्रकार की माला व मुकुटों से युक्त ।

पार्श्वकृष्टि – *Pārśvakṛṣṭi.*
A type of *Krishtics* (gradual destruction of passions).
पहले समय में की गई कृष्टि के समान ही अनुभाग लिये जो नवीन कृष्टि द्वितीयादि समयों में की जाती है, पूर्व कृष्टि के पार्श्व में ही उनका स्थान होने से वह पार्श्व कृष्टि कहलाती हैं।

पार्श्वदेव – *Pārśvadeva.*
Disciple of Yashdevacharya and who wrote Sangitsamaysar.
संगीतसमयसार के रचयिता एवं यशदेवाचार्य के शिष्य ।

पार्श्वनाथ – *Pārsvanātha.*
Name of the 23rd *Tirthankar* (Jaina – Lord) of present era.
वर्तमान चौबीसी के 23वें तीर्थंकर का नाम। वाराणसी के उग्रवंशी राजा अश्वसेन एवं वामादेवी के पुत्र, इनकी ऊंचाई 9 हाथ, आयु 100 वर्ष थी। तीर्थंकर नेमिनाथ के पश्चात् 83750 वर्ष बीत जाने पर इनका जन्म हुआ, इनसे महावीर स्वामी में 250 वर्ष का अंतर है ।

पार्श्वनाथ प्रतिमा – *Pārśvanātha Pratimā.*
Symbolic idol of Lord Parshvanath (with expanded snake - hood).
सर्प के फण से युक्त पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा होती है ।

पार्श्वनाथ काव्य पंजिका – *Pārśvanātha Kāvya Paṁjikā.*
A book written by *Acharya* Shubhchandra.
आचार्य शुभचन्द्र (ई. 1516-1556) द्वारा रचित एक संस्कृत काव्य ग्रन्थ ।

पार्श्वनाथचरित्र – *Pārśvanāthacaritra.*
A book written by Acharya Vadiraj - 2.
आचार्य वादिराज द्वितीय (ई. सन् 1025) कृत एक ग्रंथ ।

पार्श्वनाथ पुराण – *Pārśvanātha Purāṇa.*
Name of book written by Kannad poet 'Parshva Pandit'.
कन्नड़ कवि पार्श्व पंडित (1205 ई. सन्) कृत ग्रंथ ।

पार्श्वनाथ विधान – *Pārśvanātha Vidhāna.*
A worshipping book written by Ganini Gyanmati Mataji.
पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा रचित 108 अर्घ्यों से समन्वित एक पूजा ग्रंथ ।

पार्श्वनाथ स्तोत्र – *Pārśvanātha Stotra.*
A philosophical hymn written by the poet Padmaprabh.
कवि पद्मप्रभ (ई. श. 12 का मध्यपाद) द्वारा रचित एक स्तोत्र।

पार्श्वपुराण – *Pārśvapurāṇa.*
Name of books written by different *Acharyas.*
पद्मकीर्ति (ई. 942), वादिराज (ई.1025) आदि कई आचार्यों द्वारा रचित इस नामक ग्रंथ हैं ।

पार्श्वभाग – *Pārśvabhāga.*
Lateral face.
निकटवर्ती या बगल का भाग ।

पार्श्वशय्यासन तप – *Pārśvaśayyāsana Tapa.*
A type of austerity, to sleep in single posture.
कायक्लेश का एक भेद; किसी एक करवट से सोना ।

पार्श्वस्थ (साधु) – *Pārśvastha (Sādhu).*
Saints not observing the duties of a saint life.
इंद्रिय, कषाय और विषयों से पराजित होकर चारित्र को तृण के समान समझने वाले मुनि ।

पार्श्वाभ्युदय – *Pārśvābhyudaya.*
A book written by *Acharya* Jinsen-2.
आचार्य जिनसेन द्वितीय (ई. 818-878) कृत एक काव्य ग्रंथ।

पालंब – *Pālaṁba.*
Name of a great omniscient in the *Tirtha* of Lord Mahavira.
भगवान वीर के तीर्थ में हुए 10 अंतकृतकेवलियों में एक केवली।

पालकी – *Pālakī.*
Palanquin.
एक प्रकार की विशेष सवारी । जिसे मनुष्य लोग कंधे पर रखकर पैदल चलाते हैं। तीर्थंकर भगवान देवों द्वारा लाई गई पालकी में बैठकर दीक्षावन की ओर गमन करते हैं ।

पालना– *Pālanā.*
A cradle.
नवजात शिशु का झूला; तीर्थंकर-शिशु रत्नों के पालने में झूलते हैं ।

पालिकुंचन – *Pālikuṁcana.*
A type of infraction concerning to matter, area, time etc. (reg. wrong statement).
भगवती आराधना में वर्णित अतिचार के अनेक भेदों में एक भेद; द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के आश्रय से हुए अतिचार का अन्यथा कथन करना। जैसे, सचित्त पदार्थ का सेवन करके अचित्त का सेवन किया ऐसा कहना इत्यादि ।

पाल्यकीर्ति – *Pālyakīrti.*
Name of an *Acharya* who wrote a book 'Shabdanushasan'.
शब्दानुशासन ग्रंथ के रचयिता एक आचार्य ।

पावागढ़ (तीर्थ) – Pāvāgaṛha (Tīrtha).
Name of a Digambar Jain place of pilgrimage in Gujarat, from where sons of Lord Ram 'Lav & Kush' got salvation.
गुजरात में स्थित एक सिद्धक्षेत्र। यहाँ से भगवान रामचन्द्र के दो पुत्रों-अनंगलवण (लव) और मदनांकुश (कुश) ने घोर तप कर मोक्ष प्राप्त किया ।

पावागिरि (तीर्थ) – Pāvāgiri (Tīrtha).
Name of a Jain place of pilgrimage near Una (dist. Khargon, M.P.) . It is the salvation-place of Svarnabhadra etc. 4 Munis (saints).
मध्यप्रदेश के जिला खरगौन में ऊन नामक स्थान से दो फर्लांग दूर स्थित एक सिद्धक्षेत्र। यहाँ से स्वर्णभद्र आदि चार मुनि निर्वाण को प्राप्त हुए हैं। इसका अपरनाम ऊन है ।

पावापुरी – *Pāvāpurī.*
Name of a holy place of pilgrimage from where Lord Mahavira got liberation.
बिहार प्रान्त के नालंदा जिले में स्थित भगवान महावीर की निर्वाणभूमि जहाँ के जल मंदिर से महावीर स्वामी ने कार्तिक कृ. अमावस को मोक्ष प्राप्त किया था। तब देवताओं ने आकर उनका निर्वाण महोत्सव मनाया था उस समय से ही दीपावली पर्व प्रारंभ हुआ है। पावापुरी स्थित पांडुक शिला परिसर में पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से भगवान महावीर की अवगाहना प्रमाण खड्गासन प्रतिमा दिसम्बर सन् 2003 में विराजमान की गयी है ।

पाश – *Pāśa.*
A net, a network, a mesh.
जाल ।

पाषाण – *Pāṣāṇa.*
The 16th earth (part) of the *Khar* division of Ratnaprabha earth of the lower hellish world, A type of listener-dull minded.
अधोलोक में प्रथम रत्नप्रभा पृथ्वी के तीन भागों में से प्रथम खरभाग की सोलहवीं पृथ्वी। श्रोता का एक प्रकार; समझाये जाने पर भी जिनके हृदय में जिनवाणी का प्रवेश नहीं हो पाता।

पासणाहचरिउ – *Pāsaṇāhacariu.*
A book written by *Bhattarak* Padmakirti.
भट्टारक पद्मकीर्ति (ई. सन् 1077) कृत एक ग्रंथ ।

पासपुराण – *Pāsapurāṇa.*
A book written by poet Tejpal.
कवि तेजपाल (ई. सन् 1458) द्वारा रचित एक ग्रन्थ ।

पाहुड – *Pāhuḍa.*
Treatise.
जो पदों के द्वारा व्यक्त है वह पाहुड कहलाता है ।

पाहुडदोहा – *Pāhuḍadohā.*
A book written by Mahanandi.
ई.श. 15 के अंतिम पाद में महनन्दि द्वारा रचित एक कृति ।

पिंगल – *Piṁgala.*
One of the 9 treasures of *Chakravarti* (emperor), A king of *Yadu* dynasty.
चक्रवर्ती की नव निधियों में दिव्याभरण उत्पन्न करने वाली एक निधि, यदु (यादव) वंश का एक राजा ।

पिंगल (शास्त्र) – *Piṁgala (Śāstra).*
A treatise (prosody or metrics).
एक छन्द शास्त्र ।

पिंड – *Piṁḍa.*
A body-human body etc., Food.
शरीर, भोजन ।

पिंड प्रकृति – *Piṁḍa Prakṛti.*
Group of *Karmic* nature having many subkinds.

बहुत सारी प्रकृतियों का समुदाय। जिन प्रकृतियों के एक से अधिक भेद होते हैं, जैसे गति, जाति आदि ।

पिंडशुद्धि – *Piṁḍaśuddhi.*
Super purity of food, Human body with pescribed racial purity.
आहार शुद्धि; मुनि 46 दोष, 32 अंतराय, 14 मल दोष रहित भोजन ग्रहण करते हैं। शरीर शुद्धि; जाति व कुल शुद्धि से युक्त मानव शरीर ।

पिंडस्थ ध्यान – *Piṁḍastha Dhyāna.*
Procedural meditation on soul with different concepts.
पार्थिवी आदि अनेक प्रकार की धारणाओं द्वारा अपने शरीर में स्थित आत्मा का एकाग्रचित्त होकर ध्यान करना ।

पिच्छिका – *Picchikā.*
An auspicious article made with pecock-feathers which are turned down naturally while dancing of a pecock. It is used by Digambar Jaina saints.
दिगम्बर साधु-साध्वियों की पहचान का बाह्य चिन्ह, यह मयूर के द्वारा स्वतः छोड़े गये पंखों से बनायी जाती है एवं जीवदया पालन हेतु संयम का उपकरण है। अपरनाम-संयमोपकरण ।

पिटारे – *Piṭāre.*
A type of heavenly baskets (containing ornaments & jewels for *Tirthankars*) related to the *Manstambha* of *Saudharma* heaven.
सौधर्म स्वर्ग के मानस्तंभों में रत्नों की सांकल में लटके पिटारे कहलाते हैं जिनमें से देवगण तीर्थंकरों के लिए भोजन, वस्त्र, आभूषण आदि लाते हैं ।

पिता – *Pitā.*
Father, Name of a presiding deity of a lunar 'Magha'.
जनक, मघा नामक नक्षत्र के अधिपति देवता का नाम ।

पितृकायिक – *Piṭṛkāyika.*
A type of deities.
आकाशोपपन्न देवों के 12 भेदों में एक भेद ।

पित्त – *Pitta.*
Bile (a bitter fluid secreted by the liver).
औदारिक शरीर में यकृत द्वारा स्रावित पित्त नामक धातु ।

पिपासा – *Pipāsā.*
Thirst, Desire, Craving.
प्यास, तृष्णा, लालच ।

पिपासा परीषह – *Pipāsā Pariśaha.*
Affliction of thirst.
22 परीषहों में एक परीषह; साधुओं का खेद रहित होकर प्यास की बाधा को सहना ।

पिपीलिका – *Pipīlikā.*
The ant (3 sensed beings).
चींटी। इनके तीन इंद्रिय—स्पर्शन, रसना, घ्राण होती हैं ।

पिलखन फल – *Pilakhana Phala.*
A non-edible fruit.
एक अभक्ष्य फल ।

पिशाच देव – *Piśāca Deva.*
A type of peripatetic deities.
व्यंतर देवों के दस भेदों में से एक भेद ।

पिष्टपेषण – *Piṣṭapeṣaṇa.*
The act of grinding what has already been ground, useless repetition.
किये हुए अर्थ या कार्य को निरर्थक रूप से दुबारा करना ।

पिष्टाक – *Piṣṭāka.*
Name of the 28th *Indrak* or *Patal* (layer) of *Saudharma Ishan Yugal* heaven.
सौधर्म ईशान युगल के 28 वें इन्द्रक या पटल का नाम ।

पिसनहारी मढ़िया – *Pisanahārī Maṛhiyā.*
A Jain temple at Jabalpur city (M.P.).
जबलपुर नगर (म.प्र.) का एक जैन मंदिर, जिसे एक महिला ने आटा पीस-पीसकर उपार्जित धन से बनवाया था ।

पिहितास्रव – *Pihitāsrava.*
Name of the father of *Tirthankar* (Jaina – Lord) Padmaprabh – Suparshvanath in past birth, Name of a *Digambar Acharya.*
तीर्थंकर पद्मप्रभ, सुपार्श्वनाथ के पूर्व भव के पिता, एक दिगम्बराचार्य।

पीछी – *Pīchī.*
See - *Picchikā.*
देखें - पिच्छिका ।

पीठ – *Pīṭha.*
Back of the body, Throne, a seat, Name of the 10th *Rudra.*
हिन्दी भाषा में शरीर के पृष्ठ भाग व संस्कृत भाषा में आसन, सिंहासन को पीठ कहते हैं। दसवें रूद्र का नाम ।

पीठिका – *Pīṭhikā.*
Preface, introductory part.
भूमिका, प्रस्तावना ।

पीतलेश्या – *Pītaleśyā.*
Yellow aura (related to noble qualities).
इसके दो भेद हैं-द्रव्यलेश्या, भावलेश्या - द्रव्य की अपेक्षा शरीर की स्वर्णिम आभा एवं भाव की अपेक्षा शुभ परिणाम सहित-पक्षपात रहित, हित अहित में विचार रूप व्यवहार, सत्कार्यों में निपुणता व उदारता ।

पीपल – *Pīpala.*
Name of a initiation tree of Lord Anantnath, A type of figs, non-edible according to Jainology.
अनन्तनाथ भगवान के दीक्षा वृक्ष का नाम, 5 उदम्बर फलों में एक फल का नाम ।

पुंगव – *Puṁgava.*
The best.

श्रेष्ठ ।

पुंगीफल – *Puṁgīphala.*
The betel nut.
सुपारी ।

पुंज – *Puṁja.*
Accumulation, Offering of fistful rice before the Jaina Lord.
समूह, भगवान के सामने बंधी मुट्ठी से चावल चढ़ाना पुँज कहलाता है ।

पुंडरीक – *Puṁḍarīka.*
Name of the 6th *'Narayan'* & the 6th *Rudra,* A type of scriptural knowledge, Name of protecting peripatetic deity of *Pushkarvardvip* & *Manushottar* mountain, A city situated in the south of *Vijayardh* mountain.
छठें रूद्र व नारायण का नाम, श्रुतज्ञान का 12 वाँ अंगबाह्य, पुष्करवर द्वीप एवं मानुषोत्तर पर्वत के रक्षक व्यन्तर का नाम, विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर ।

पुंडरीकिणी (देवी तथा वापी) – *Puṁḍarīkiṇī (Devī & Vāpī).*
Name of a female deity of *Ruchakvardvip* (island) & mountain, A *Vapi* (large lake with down steps) of *Nandishvardvip* (island).
रुचकवर द्वीप व पर्वत की दिक्कुमारी देवी एवं नंदीश्वर द्वीप की वापी का नाम ।

पुंडरीकिणी नगरी – *Puṁḍarīkiṇī Nagarī.*
Name of a main city of *Pushkalavati* of the east *Videh Kshetra* (region).
पूर्व विदेह स्थित पुष्कलावर्त की मुख्य नगरी । अपरनाम-पुष्कलावती ।

पुंड्र – *Puṁḍra.*
A type of sugarcane, Northern part of Bengal, A country of *Bharat Kshetra* in the east *Aryakhand* (region).
एक प्रकार का गन्ना, वर्तमान बंगाल का उत्तर भाग, भरत क्षेत्र पूर्व आर्यखण्ड का एक देश ।

पुंवेद – *Puṁveda.*
Masculine gender (Male body), Influx of which causes noble conduct is called *Pumved.* It is an ideal condition.
पुरूषवेद, जिसके आस्रव से मन्दक्रोध, कुटिलता न होना, अभिमान न होना, निर्लोभ भाव, अल्परागं, स्वदार सन्तोष, ईर्ष्या-रहित भाव (अर्थात् पुरुष संबंधी भाव) आदि होते हैं। यह पुंवेद का उत्कृष्ट लक्षण है ।

पुण्य (तत्त्व) – *Puṇya (Tattva).*
Merits, Pious qualities or elements.
जीव के दया, दानादि रूप शुभ परिणाम जिससे आत्मा विशुद्ध हो पुण्य कहलाते हैं ।

पुण्य आस्रव – *Puṇya Āsrava.*
Influx of meritorious & auspicious *Karmic* results.
पुण्यकर्म आने योग्य भाव; मन वचन काय की शुभ क्रिया ।

पुण्यकर्म – *Puṇyakarma.*
Auspicious consequences of *Karmas.*
वह कर्म जिससे इष्ट पदार्थों की प्राप्ति होती है ।

पुण्यजीव – *Puṇyajīva.*
Beings having auspicious & noble results of *Karmas.*
सम्यक्त्व, श्रुतज्ञान, व्रतरूप परिणाम तथा कषाय निग्रहरूप गुणों से परिणत आत्मा ।

पुण्यतिथि – *Puṇyatithi.*
Death anniversary.
मृत्यु दिवस अथवा समाधि दिवस ।

पुण्यप्रकृति – *Puṇyaprakṛti.*
Meritorious *Karmic* nature (are 68 in Jaina philosophy).
कर्मों की 68 प्रकृतियाँ पुण्यरूप हैं, साता वेदनीय, नरकायु के बिना तीन आयु, उच्चगोत्र, मनुष्यद्विक, देवद्विक, पाँच शरीर आदि ।

पुण्यप्रभ – *Puṇyaprabha.*
Protecting deity of *Kshaudravaradvip* (island).
क्षौद्रवर द्वीप का रक्षक देव ।

पुण्यफल – *Puṇyaphala.*
The fruit of meritorious actions.
पुण्यकार्यों से प्राप्त होने वाला शुभ फल। अर्हन्त अवस्था को पुण्य का उत्कृष्ट फल जानना चाहिए ।

पुण्यमूर्ति – *Puṇyamūrti.*
Name of the 13th predestined *Teerthankar* (Jaina-Lord).
हरिवंशपुराण के अनुसार 13 वें भाविकालीन तीर्थंकर का नाम। त्रिलोकसार के अनुसार इनका नाम 'निष्पापनाथ' है ।

पुण्ययज्ञ क्रिया – *Puṇyayajña Kriyā.*
A meritorious act .
दीक्षान्वय की 48 क्रियाओं में से एक क्रिया-साधर्मी पुरुषों के साथ पुण्यवृद्धि के कारणभूत 14 पूर्व विद्याओं का सुनना ।

पुण्यहीन – *Puṇyahīna.*
Inauspicious, Unvirtuous.
भाग्यहीन ।

पुण्यानुबंधी पुण्य – *Puṇyānubaṁdhī Puṇya.*
Right use of possessed right virtues & qualities.
पुण्य के उदय से प्राप्त बुद्धि, कौशल आदि क्षमताओं को पुण्यार्जन में लगा देना ।

पुण्यास्रवकथाकोष – *Puṇyāsravakathākoṣa.*
A book written by Pandit Ramchandra.
ई.श. 13 के मध्यपाद में पं. रामचंद्र द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

पुण्यास्रव व्रत – *Puṇyāsrava Vrata.*
A type of vows to be observed for particular 108 days for the earning of merits in the life.
समरंभ, समारंभ, आरंभ को मन-वचन-काय से गुणा करने से प्राप्त 9 और फिर इस 9 में कृत, कारित, अनुमोदना से गुणा करने से प्राप्त 27 और 27 में क्रोध, मान, माया और लोभ इन चार कषाय से गुणा करने से 108 भेद होते हैं, इनसे पापों का आस्रव होता है, उस पापास्रव के निवारण हेतु किये जाने वाले पुण्यास्रव के 108 व्रत ।

पुद्गल – *Pudgala.*
Matter or substance with the property of touch, taste, smell & colour etc.
जो पूरण-गलन स्वभाव सहित है तथा जिसमें स्पर्श, रस, गंध और वर्ण ये चारों गुण पाये जाते हैं ।

पुद्गल अनुभाग – *Pudgala Anubhāga.*
Fruitional power of *Karmas (Pudgal)*.
ज्वर आदि रोगों के उत्पन्न करने और विनाश करने का नाम पुद्गलानुभाग है, अर्थात् पुद्गलकर्मों के शुभाशुभ फल देने की शक्ति ।

पुद्गल अस्तिकाय – *Pudgala Astikāya.*
One of the five Astikayas.
पाँच अस्तिकायों में एक; इसमें एक प्रदेश वाले अणु को भी प्रदेश प्रचय की शक्तिरूप स्वभाव के कारण अस्तिकाय कहा है ।

पुद्गलक्षेप – *Pudgalakṣepa.*
An infraction of *Deshvrat* - to throw stone etc. intentionally out of the restricted area of one to solve own purpose.
देशव्रत का एक अतिचार; प्रमाण किये हुए स्थान से बाहर कंकड़ आदि फेंकवाकर अपना प्रयोजन सिद्ध करना ।

पुद्गल द्रव्य पर्याय – *Pudgala Dravya Paryāya.*
Different states (forms) of matters.
पुद्गल द्रव्य की सूक्ष्म, स्कंध आदि अवस्थायें ।

पुद्गल द्रव्य विशेष गुण – *Pudgala Dravya Viśeṣa Guṇa.*
Particular properties of the matter (*Pudgal*).
स्पर्श, रस, गंध, वर्ण, मूर्तत्व, अचेतनत्व ये 6 गुण पुद्गल द्रव्य के विशेष गुण हैं ।

पुद्गल परमाणु – *Pudgala Paramāṇu.*
Indivisible particle of the matter (*Pudgal*).
एक प्रदेशी पुद्गल जिसका दूसरा हिस्सा नहीं हो सकता तथापि यह उत्पाद व्यय गुण सहित होता है ।

पुद्गल बंध – *Pudgala Bamdha.*
Assemblage of two or more matters.
दो, तीन आदि पुद्गलों का समवाय संबंध। स्कंध; स्निग्ध-रुक्ष आदि गुणों के कारण पुद्गलों का जो बंध होता है ।

पुद्गल बन्धादिदश – *Pudgala Bandhādidaśa.*
Ten particular states of *Karmic* binding with any matter.
कर्म बंध की 10 अवस्थायें ।

पुद्गलमोक्ष – *Pudgalamokṣa.*
A salvation (separation of *Karmas* from soul).
मोक्ष का एक भेद। द्रव्य मोक्ष; सम्पूर्ण कर्मों का आत्मा से अलग हो जाना ।

पुद्गलयुति – *Pudgalayuti.*
Assemblage of matters.
द्रव्ययुति का एक भेद; एक स्थान पर पुद्गलों का मिलना ।

पुद्गलराशि – *Pudgalarāśi.*
An infinitely infinite quantity.
द्रव्य गणना की अपेक्षा एक सहनानी; 16ख. (सम्पूर्ण जीव राशि का अनंतगुणा) ।

पुद्गल विपाकी कर्म प्रकृति – *Pudgala Vipākī Karma Prakṛti.*
A type of *Karmic* nature, result of which is related to the body of one (these are 62 in number).
जिस कर्म का फल पुद्गल (शरीर) में होता है ऐसी 62 कर्म प्रकृतियाँ पुद्गल विपाकी हैं ।

पुद्गल विभाव – *Pudgala Vibhāva.*
Impure (aggregate) form of a matter.
पुद्गल द्रव्य का अशुद्ध (स्कंध) रूप होना ।

पुद्गलसंघात – *Pudgalasaṁghāta.*
Densely aggregation of matters.
पुद्गलों का सघन रूप से मिलना ।

पुद्गल स्कन्ध – *Pudgala Skandha.*
Aggregate of molecules (a bind form).
जिन परमाणुओं ने परस्पर बंध कर लिया है वे स्कन्ध कहलाते हैं।

पुद्गल स्वभाव – *Pudgala Svabhāva.*
Pure (particle) forms of the matter.
पुद्गल द्रव्य का शुद्ध (परमाणु) रूप होना ।

पुद्गलाणु – *Pudgalāṇu.*
Indivisible particles of the matter.
पुद्गल द्रव्य के दो भेदों में एक भेद; अविभागी एक प्रदेशी पुद्गल द्रव्य को अणु कहते हैं ।

पुद्गलानुभाग – *Pudgalānubhāga.*
See - *Pudgala Anubhāga.*
देखें - पुद्गल अनुभाग ।

पुद्गलावर्त – *Pudgalāvarta.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण ।

पुनरलङ्कृत – *Punaralaṁkṛta.*
Re-embellished.
पुनः सुशोभित किया हुआ या सजाया हुआ ।

पुनरुक्त निग्रहस्थान – *Punarukta Nigrahasthāna.*
Repetition of the words having the same meaning (a fault).
एक दोष; एक शब्द से जिस अर्थ की प्रतीति हो रही है उसी शब्द या अर्थ को पुनः कहना ।

पुनरुज्जीवन – *Punarujjīvana.*
Resurrection, resurgence.
पुनर्जीवन ।

पुनरुत्थान – *Punarutthāna.*
Revival, Renaissance; resurrection.
पुनर्जीवन, जीर्णोद्धार करना ।

पुनर्जन्म – *Punarjanma.*
Reincarnation, rebirth.
पुनः या दुबारा जन्म होना ।

पुनर्वसु – *Punarvasu.*
Name of a lunar.
27 नक्षत्रों में एक नक्षत्र, अभिनन्दननाथ भगवान के गर्भ एवं जन्म नक्षत्र का नाम ।

पुनर्विवाह – *Punarvivāha.*
Remarriage.
एक बार विवाह करने के बाद पुनः दूसरा विवाह करना। प्राचीन भारतीय संस्कृति के अनुसार स्त्रियों का पुनर्विवाह वर्जित है ।

पुन्नाट संघ – *Punnāṭa Saṁgha.*
A group of *Acharyas* formed by *Acharya* Arhadvali.
आचार्य अर्हद्बलि द्वारा स्थापित मुनियों के एक संघ का नाम ।

पुमान – *Pumāna.*
A meritorious name for Lord Arihant, A title for living being.
जिनेन्द्र भगवान के 1008 नामों में एक नाम, जीव को भी पुमान कहने की विवक्षा है ।

पुरंदर – *Puraṁdara.*
A title for *Indra,* celestial or heavenly deity.
इन्द्र का पर्यायवाची नाम ।

पुराकल्प – *Purākalpa.*
Old time pertaining to traditional theory.
ऐतिह्य सहचरित विधि को पुराकल्प कहते हैं ।

पुराण – *Purāṇa.*
A class of voluminous work in Sanskrit dealing with the lives of 63 ancient great personalities.
63 शलाका पुरुषों के जीवन-चरित्र पर आधारित शास्त्रों को पुराण कहते हैं। जैसे-आदिपुराण, पद्मपुराण आदि ।

पुराणसंग्रह – *Purāṇasaṁgraha.*
Name of books pertaining to the life history of Jaina – Lords.
आचार्य दामनन्दि, श्रीचन्द्र आदि आचार्यों द्वारा 24 तीर्थंकरों के जीवन चरित्र के आधार पर रचित इस नाम के कई ग्रंथ हैं।

पुराणसार – *Purāṇasāra.*
A book written by *Acharya* Shrichandra.
आचार्य श्रीचन्द्र (ई. 1498-1518) द्वारा रचित ग्रंथ ।

पुराणसारसंग्रह – *Purāṇasārasaṁgraha.*
A book written by *Acharya* Shreechanda.
आचार्य श्रीचन्द (ई. सन् 1066) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

पुरातत्त्व – *Purātattva.*
Archaeology.
पुरातन, प्राचीन अवशेष ।

पुरालिपि – *Purālipi.*
Palaeography, ancient writing.
पुरानी लिपि जैसे - ब्राह्मी लिपि आदि ।

पुरालेख – *Purālekha.*
Epigraphy; an archive, the study of inscriptions.
शिलालेख विद्या ।

पुरिमताल – *Purimatāla.*
Name of the place where Lord Rishabhnath got omniscience.
एक नगर; ऋषभनाथ भगवान के केवलज्ञान प्राप्ति स्थान का नाम। वर्तमान में यह प्रयाग (इलाहाबाद) में माना जाता है ।

पुरु – *Puru.*
The best, A city situated in the north of *Vijayardh* mountain.
श्रेष्ठ, विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर ।

पुरुदेव – *Purudeva.*
Another name of Lord Adinath, A type of *Kimpurusha* peripatetic deities.
आदिनाथ भगवान का अपरनाम, किंपुरुष व्यंतर देव का एक भेद।

पुरुदेवचंपू – *Purudevacaṁpū.*
Name of a book written by Arhaddas.
अर्हद्दास (उत्तरार्ध ई.श. 13) द्वारा रचित ऋषभचरित्र विषयक एक ग्रंथ ।

पुरुरवा – *Pururavā.*
Name of a tribal person who was the soul of Lord Mahavira in the past 34th birth.
एक भील जो कि महावीर भगवान का दूरवर्ती-34वाँ पूर्वभव है, जब उसने एक दिगम्बर मुनिराज से मद्य, माँस, मधु त्याग का नियम ग्रहण किया था ।

पुरुष – *Puruṣa.*
Male, Masculine gender.
जो उत्कृष्ट गुणों में और उत्कृष्ट भोगों में प्रवृत्ति करता है एवं अच्छे भोगों में प्रवृत्त रहता है। नामकर्म के उदय से पुरुष शरीर की संरचना और पुरुषवेद कर्म के उदय से तज्जन्य भाव वाला जीव पुरुष कहलाता है ।

पुरुषत्त्व – *Puruṣattva.*
Man hood, Manliness, Virility.
पुरुषता-पुरुषपने के समस्त गुणों से युक्त ।

पुरुषदत्ता – *Puruṣadattā.*
Ruling female demigod of Lord Sumatinath.
भगवान सुमतिनाथ की शासन देवी (यक्षिणी) ।

पुरुषपुंडरीक – *Puruṣapuṁḍarīka.*
Name of the main listener in the *Samavsharan* of Lord Anantnath, Name of the 6th *Narayan.*
भगवान अनन्तनाथ के समवसरण में मुख्य श्रोता का नाम, छठे

नारायण का नाम ।

पुरुषप्रभ – *Puruṣaprabha.*
A type of *Kimpurusha* peripatetic deities.
किंपुरुष व्यंतर देवों का एक भेद ।

पुरुषवेदकर्मप्रकृति – *Puruṣavedakarmaprakṛti.*
Name of the *Karmic* nature of male causing lust for female.
जिस वेदकर्म के उदय से स्त्री में रमण करने की चाह हो ।

पुरुषवेद सिद्ध – *Puruṣaveda Siddha.*
Beings who get salvation through the form of *Purushved.*
पुरुषवेद (द्रव्य एवं भाव) से सिद्ध होने वाले जीव ।

पुरुषाकार – *Puruṣākāra.*
A particular standing posture of male (shape of *Teen Lok*).
तीन लोक का आकार पुरुषाकार कहलाता है (दोनों पैर फैलाकर दोनों हाथों को कमर पर रखकर खड़े पुरुष का आकार) ।

पुरुषाद्वैत – *Puruṣādvaita.*
Monotheist.
एक ही महात्मा है वह सर्व व्यापक है वह सब ब्रम्ह का स्वरूप है ऐसा मानने वाले ।

पुरुषार्थ – *Puruṣārtha.*
Fundamental duties of life.
जीवन के कर्त्तव्य या परिश्रम, ये चार होते हैं - धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष ।

पुरुषार्थवाद – *Puruṣārthavāda.*
Doctrine believing in effortful tendency with fundamental duties of life.
पुरुषार्थ से कार्य की सिद्धि में विश्वास रखने वाला सिद्धांत ।

पुरुषार्थसिद्धयुपाय – *Puruṣārthasiddhayupāya.*
A book written by *Acharya* Amritchandra.
आचार्य अमृतचन्द्र (ई. 905-955) द्वारा रचित एक श्रावकाचार एवं अहिंसा की विशेष व्याख्या करने वाला संस्कृत ग्रंथ, यह श्रावक एवं साधुओं द्वारा अवश्य पठनीय है ।

पुरुषोत्तम – *Puruṣottama.*
Supreme being, A type of *Kimurush* peripatetic deity, Name of the chief listener of Lord Vimalnath & the 4th *Narayan.*
अतिउत्तम पुरुष, किंपुरुष व्यंतर देव का एक भेद, चौथे नारायण एवं तीर्थंकर विमलनाथ के मुख्य श्रोता का नाम ।

पुरोहित – *Purohita.*
Family priest, One of the 14 jewels of *Chakravarti* (emperor).
पूजा-पाठ कराने वाला, चक्रवर्ती के चौदह रत्नों में से एक रत्न।

पुलाक – *Pulāka.*
Saints not following the prescribed procedure completely.
निर्ग्रन्थ साधु का एक भेद; जिनके मूलगुणों में कदाचित् दोष लग जाते हैं एवं उत्तरगुणों की भावना से रहित होते हैं तथापि ये भावलिंगी मुनि होते हैं ।

पुष्कर – *Puṣkara.*
Name of a *Viman* (heavenly abode) of *Achyut* heaven.
अच्युत स्वर्ग का एक विमान ।

पुष्करद्वीप – *Puṣkaradvīpa.*
Name of the 3rd island of middle universe.
मध्यलोक का तृतीय द्वीप-जो कि कालोदधि समुद्र को घेरकर 16,00000 योजन के विस्तार से युक्त है। अपरनाम-पुष्करवरद्वीप। इसके मध्य में चूड़ी के आकार का मानुषोत्तर पर्वत होने से यह दो भागों में विभक्त है, जिन्हें पुष्करार्द्ध कहते हैं ।

पुष्करद्वीप सिद्ध – *Puṣkaradvīpa Siddha.*
Beings getting salvation from *Pushkarardhadvip* (island).
पुष्करार्ध द्वीप से सिद्ध होने वाले जीव (संख्यात) ।

पुष्करवृक्ष – *Puṣkaravṛkṣa.*
Earth bodied tree existing in *Pushkarardhdvip* (island).
पुष्करार्धद्वीप में स्थित पृथ्वीकायिक वृक्ष, जिसके नाम से 'पुष्कर द्वीप' का नाम सार्थक है। इसके परिवार वृक्ष 5,60,476 हैं।

पुष्करवर सागर – *Puṣkaravara Sāgara.*
An ocean surrounding *Pushkarvardvip* (island).
पुष्करवरद्वीप को घेरे हुए एक समुद्र ।

पुष्करावती – *Puṣkarāvatī.*
Name of a palace of Bharat Chakravarti.
भरत चक्रवर्ती का एक महल ।

पुष्करिणी – *Puṣkariṇī.*
Lotus pool.
सरोवर, कमलसरोवर ।

पुष्कल – *Puṣkala.*
An area of the eastern *Videh* (region), Name of a summit & its protecting deity of *Ekashail Vakshar* situated in the eastern *Videh* (region).
पूर्व विदेह का एक क्षेत्र, पूर्व विदेह स्थित एकशैल वक्षार का एक कूट एवं उसका रक्षक देव ।

पुष्कलावती – *Puṣkalāvatī.*
Main city of *Pushkalavarta* area of the east *Videh* (region).
पूर्व विदेह के पुष्कलावर्त क्षेत्र की मुख्य नगरी। अपरनाम पुण्डरीकिणी ।

पुष्प – *Puṣpa.*
Flowers, an article for worshipping Lord Arihant.
फूल—चंपा, चमेली, गुलाब आदि। भगवान की पूजन में प्रयुक्त अष्ट द्रव्यों में एक द्रव्य ।

पुष्पक – *Puṣpaka.*
Name of the 3rd *Indrak* & *Patal* (layer) of *Anata Pranat* heaven, Name of the forest where

Tirthankar (Jaina-Lord) Pushpadantnath got initiation as well as omniscience.
आनत प्राणत स्वर्ग का तृतीय पटल व इन्द्रक, तीर्थंकर पुष्पदंतनाथ के दीक्षा एवं केवलज्ञान वन का नाम ।

पुष्पक विमान – *Puṣpaka Vimāna.*
A type of space vehicle of deities.
विशेष देवों के एक विमान का नाम, आकाशगामी विमान; रावण ने सीता का हरण इसी विमान से किया था ।

पुष्पगंधी – *Puṣpagaṁdhī.*
Name of the chief female divinity of peripatetic *Indra* Atikay.
महोरग जाति के व्यंतरों के इन्द्र अतिकाय की वल्लभिका देवी।

पुष्पगिरी – *Puṣpagirī.*
A mountain situated in *Bharat Kshetra* in *Arya Khand* (region).
एक पर्वत, भरत क्षेत्र आर्यखण्ड में स्थित एक पर्वत ।

पुष्पचारण ऋद्धि – *Puṣpacāraṇa Ṛddhi.*
A type of supernatural power, moving over the flower-life without harming them.
एक ऋद्धि; इस ऋद्धि से पुष्पों और उनमें रहने वाले जीवों को क्षति पहुंचाये बिना पुष्पों पर गमन कर सकते हैं ।

पुष्पचूड़ – *Puṣpacūṛa.*
A city in northern *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर ।

पुष्पदंत (आचार्य) – *Puṣpadaṁta (Ācārya).*
Name of an *Acharya* of *Moolsangh*, who wrote Shatkhandagam (a great Jaina treatise).
मूलसंघ के एक आचार्य; धरसेनाचार्य के पादमूल में ज्ञान प्राप्त करके षट्खंडागम की रचना की, ये अंगांशधारी थे। इस नाम से और भी आचार्य हुए ।

पुष्पदंत (कवि) – *Puṣpadaṁta (Kavi).*
A poet who wrote Yashodhar Charitra & Nagkumar Charitra etc. books.
एक कवि जिन्होंने यशोधर चरित्र व नागकुमार चरित्र आदि ग्रंथों की रचना की ।

पुष्पदंतनाथ – *Puṣpadaṁtanātha.*
Name of the 9th Tirthankar (Jaina-Lord).
वर्तमान नवमें तीर्थंकर का नाम । आप महाराजा सुग्रीव एवं महारानी जयरामा के पुत्र थे। आपका जन्म मगसिर शु. 1 एवं मोक्ष भाद्रपद शु. 8 को हुआ। आपका वर्ण-क्षत्रिय, वंश-इक्ष्वाकु, देहवर्ण-कुन्दपुष्पसम श्वेत, चिन्ह-मगर एवं आयु-दो लाख पूर्व वर्ष थी। आपकी जन्मभूमि-काकन्दी (उ.प्र.) है ।

पुष्पदंत पुराण – *Puṣpadaṁta Purāṇa.*
A book written by *Acharya* Gunvarma.
आचार्य गुणवर्म (ई. 1230) कृत एक ग्रंथ ।

पुष्पदंतसागर – Puśpadaṁtasāgara.
Name of a saint, the disciple of Acharya Shri Vimalsagar Maharaj.
आचार्यश्री विमलसागर महाराज के एक प्रसिद्ध आचार्य-शिष्य (ई.श. 20-21), जिनकी प्रेरणा से सोनकच्छ (म.प्र.) के नजदीक पुष्पगिरि तीर्थ का निर्माण हुआ है ।

पुष्पदंता – *Puṣpadaṁtā.*
Name of the main *Aryika (Ganini).*
मुनिसुव्रतनाथ भगवान के समवशरण में मुख्य आर्यिका अर्थात् गणिनी का नाम ।

पुष्पदत्त – *Puṣpadatta.*
Name of the 7th *Narayan.*
7 वें नारायण का नाम ।

पुष्पनंदि – *Puṣpanaṁdi.*
A disciple of Toranacharya & the preceptor of Prabhachandra.
आप तोरणाचार्य के शिष्य और प्रभाचन्द्र के गुरु (ई. 703) थे।

पुष्पप्रकीर्णक विमान – *Puṣpaprakīrṇaka Vimāna.*
A type of heavenly abodes (scattered).
विमान का एक भेद; श्रेणीबद्ध विमानों के अन्तराल में बिखरे हुए पुष्पों की भाँति पंक्ति रहित इधर उधर बिखरे हुए देव विमान ।

पुष्पमाल – *Puṣpamāla.*
See - *Puṣpacūṛa.*
देखें - पुष्पचूड़ ।

पुष्पमाला – *Puṣpamālā.*
Name of a ruling female deity of a summit (Sagar) in *Nandan* forest, Wreath; garland.
नन्दन वन में स्थित सागर कूट की स्वामिनी दिक्कुमारी देवी, फूलों का हार ।

पुष्पवती – *Puṣpavatī.*
Name of a chief female divinity of an *Indra* of *Kinnar* type.
किन्नर जाति के व्यंतरों के इन्द्र 'महापुरुष' की वल्लभिकादेवी ।

पुष्पवती स्त्री – *Puṣpavatī Strī.*
Mensturous woman.
मासिक धर्म वाली स्त्री अर्थात् रजस्वला स्त्री। तीन दिन के अशौच काल में महिलाओं को किसी का भी स्पर्श करना वर्जित है, चतुर्थ दिवस स्नान के बाद घर के काम आदि के लिए शुद्ध होती हैं लेकिन पूर्ण शुद्धि के पश्चात् ही पूजन-आहारदान का अधिकार होता है ।

पुष्पवृष्टि – *Puṣpavṛṣṭi.*
Showering of flowers.
फूलों की बरसात होना; 8 प्रातिहार्यों में एक प्रातिहार्य एवं पांच आश्चर्यों (पंचाश्चर्य वृष्टि) में एक आश्चर्य ।

पुष्पसेन – *Puṣpasena.*
Name of a *Digambar Acharya*, the preceptor of Vadeebh Singh, Name of a poet.
एक दिगम्बर आचार्य (ई. 720-780) एवं छत्रचूड़ामणि के कर्ता वादीभ सिंह के गुरु, कवि; द्विसंधान, सप्तसंधान काव्य टीका के कर्ता ।

पुष्पहार – *Puṣpahāra.*
Wreath, Garland.
फूलों का हार ।

पुष्पांजली – *Puṣpāṁjalī.*
Offering of flowers.
पूजन इत्यादि में पुष्प क्षेपण करना, अष्टद्रव्य पूजन में अष्टद्रव्य के पश्चात् अर्घ्य, शांतिधारा एवं पुष्पांजलि की जाती है, अतः यह 11 प्रकार की पूजा में एक भेद है ।

पुष्पांजली व्रत – *Puṣpāṁjalī Vrata.*
A vow (fasting) to be observed in the particular period of time.
भादों सुदी पंचमी से नवमी तक किया जाने वाला व्रत। इसे 'पंचमेरु व्रत' भी कहते हैं ।

पुष्य – *Puṣya.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र का नाम ।

पूजन – *Pūjana.*
Worshipping of Lord Arihant with particular 8 types of auspicious articles.
अष्ट द्रव्य से देव - शास्त्र-गुरु की भक्ति 'पूजा' करना। श्रावक के 6 आवश्यक कर्त्तव्यों में एक आवश्यक; इसके नित्यमह, आष्टान्हिक, इन्द्रध्वज, सर्वतोभद्र, कल्पद्रुम ये 5 भेद हैं ।

पूजनकार – *Pūjanakāra.*
Hymnist, a worshipper.
पूजा करने वाला ।

पूजा – *Pūjā.*
See – *Pūjana.*
देखें - पूजन ।

पूजाकल्प – *Pūjākalpa.*
Name of a book written by *Acharya* Abhayanandi.
आचार्य अभयनन्दि (ई. 930-950) द्वारा रचित एक कृति ।

पूजातिशय – *Pūjātiśaya.*
Excellence of worshipping.
पूजा का अतिशय या चमत्कार ।

पूजा मद – *Pūjā Mada.*
A type of proud related to respect, prominence etc. (arrogant feeling).
8 मदों में एक मद; सम्मान, प्रतिष्ठा आदि का अहंकार ।

पूजाराध्य क्रिया – *Pūjārādhya Kriyā.*
A type of auspicious & sacred act of householders.
दीक्षान्वय की 5 वीं क्रिया; जैन धर्म के श्रावक संस्कारों को प्राप्त कराने वाली क्रिया ।

पूजार्ह – *Pūjārha.*
Adorable, worshippable.
पूजा के योग्य ।

पूज्यपाद – *Pūjyapāda.*
A great Jain *Acharya* 'Devanandi', a grammarian.
व्याकरण के पारगामी 'देवनंदी' अपरनाम से प्रसिद्ध आचार्य, जैनेन्द्र व्याकरण, सर्वार्थसिद्धि,पंचामृत अभिषेक, समाधि शतक आदि ग्रंथों के कर्ता ।

पूरक – *Pūraka.*
A type of meditation (reg. retention of breath).
प्राणायाम का एक प्रकार; पवन को तालुरन्ध्र से खींचकर प्राण को धारण कर शरीर में पूर्णतया थामना ।

पूरणगलन – *Pūraṇagalana.*
Characteristic of any matter (creativity & destructibility).
पुद्गल का लक्षण; बनना, नष्ट होना ।

पूर्ण – *Pūrṇa.*
Completed, Name of protecting peripatetic deities *of Kshaudravar* ocean and *Ikshuvaradvip* (island), And an *Indra.*
पूरा, क्षौद्रवर समुद्र एवं इक्षुवर द्वीप के रक्षक देव एवं भवनवासी देवों के इन्द्र का नाम ।

पूर्ण कलश (मंगल) – *Pūrṇa Kalaśa (Maṁgala).*
Auspicious pitcher filled with water etc.
एक लौकिक मंगल; अरहंत भगवान् सम्पूर्ण मनोरथों से तथा केवलज्ञान से पूर्ण हैं, इसलिए लोक में पूर्ण कलश को मंगल माना जाता है। किसी भी शुभ कार्य में मंगल के प्रतीक में मंगल कलश की स्थापना करते हैं ।

पूर्ण प्रभ – *Pūrṇa Prabha.*
Name of protecting deities of the north *Kshaudravara* ocean and *Ikshuvardvip* (island).
इक्षुवर द्वीप एवं क्षौद्रवर समुद्र के रक्षक व्यंतर देव का नाम ।

पूर्णभद्र (कूट) – *Pūrṇabhadra (Kūṭa).*
Name of summits situated at *Vijayardh* & *Malyavan* Gajdant mountains.
ऐरावत क्षेत्र के विजयार्ध पर्वत एवं माल्यवान गजदंत पर्वत का एक कूट ।

पूर्णभद्र (देव) – *Pūrṇabhadra (Deva).*
A type of peripatetic deity of *'Yaksha Jati* (caste)', Name of ruling deity and protecting deity of *Purnabhadra* summit of *Vijayardha* and *Malyavan* Gajdant mountains respectively.
यक्ष जाति के व्यन्तर देवों (5 क्षेत्रपालों में एक) का एक भेद। विजयार्ध एवं माल्यवान गजदंत पर्वत स्थित क्रमशः पूर्णभद्र कूट के स्वामी देव एवं पूर्णभद्र कूट के रक्षक देव का नाम।

पूर्णांक – *Pūrṇāṁka.*
Integer, a whole or undivided number.
पूर्ण संख्या, पूर्ण स्वरूप वाले अंक ।

पूर्णाहुति– *Purṇāhuti.*
Complete oblation, the burnt offering which concludes auspicious ceremony.

हवन यज्ञ; धार्मिक अनुष्ठानों, पूजा-विधानों के पश्चात् हवन कुण्ड बनाकर धूप आदि सामग्री के द्वारा अग्नि में हवन करना।

पूर्णिमा – *Pūrṇimā.*
The night or day of full moon.
वह दिन जब चन्द्रमा पूर्ण हो जाता है। प्रत्येक भारतीय मास के शुक्लपक्ष की अंतिम तिथि ।

पूर्व – *Pūrva.*
A particular time unit, 14 particular parts of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
(1) काल का एक प्रमाण विशेष; 84 लाख पूर्वाङ्ग प्रमाण काल, (2) श्रुतज्ञान का एक भेद-जिसमें उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य आदि की प्ररूपणा की जाती है उसे पूर्व कहते हैं। इसके 14 भेद हैं ।

पूर्वगत – *Pūrvagata.*
A part (the 5th) of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
श्रुतज्ञान के 12 वें दृष्टिवाद अंग का 5वां भेद ।

पूर्व जिनचैत्य क्रिया – *Pūrva Jinacaitya Kriyā.*
A type of religious activity pertaining to reviewing of the same idol of Lord in particular period of 6 months.
विहार करते करते छः महीने से पहले उसी प्रतिमा के पुनः दर्शन हो तो उसे पूर्व जिनचैत्य कहते हैं एवं पूर्व जिनचैत्य का दर्शन करते समय पाक्षिकी क्रिया करना पूर्व जिनचैत्य क्रिया कहलाती है ।

पूर्व तालका – *Pūrva Tālakā.*
Place of getting omniscience by Lord Rishabhdev. See - Purimatāla.
ऋषभदेव भगवान के केवलस्थान का नाम । देखें-पुरिमताल।

पूर्वदिशा – *Pūrvadiśā.*
East - direction (for conducting religious observances etc. all auspicious deeds).
एक शुभ दिशा, सूर्योदय वाली दिशा, पूर्व दिशा में मुख करके कृतिकर्म सामायिक आदि करना चाहिए ।

पूर्वधर – *Pūrvadhara.*
Saints possessing knowledge of *Purvas* (parts of scriptural knowledge - *Shrutgyan*).
14 पूर्व के ज्ञाता मुनि। वृषभदेव के समवसरण में 4750 पूर्वधर मुनि थे ।

पूर्व पक्ष – *Pūrva Pakṣa.*
Prima facie view.
वाद-विवाद के दौरान वादी के द्वारा प्रस्तुत किया गया प्रथम पक्ष।

पूर्व पर्याय त्याग – *Pūrva Paryāya Tyāga.*
Transforming into new form by leaving past form.
व्यय; पूर्व अवस्था का त्याग ।

पूर्व प्रज्ञापन नय – *Pūrva Prajñāpana Naya.*
A type of standpoint narrating in relation to past Paryay.
पूर्व भाव या पर्याय की अपेक्षा कथन करना ।

पूर्वभाव प्रज्ञापन नय – *Pūrvabhāva Prajñāpana Naya.*
See - *Pūrva Prajñāpana Naya.*
देखें - पूर्व प्रज्ञापन नय ।

पूर्वमुख – *Pūrvamukha.*
Posture with east directional face.
पूर्व दिशा की तरफ मुख करके ध्यान आदि क्रिया करना ।

पूर्वरतानुस्मरणत्याग – *Pūrvaratānusmaraṇatyāga.*
Giving up of rememberings of the former sensual pleasures.
पूर्व में भोगे हुए इन्द्रिय सुखों के स्मरण का त्याग करना ।

पूर्ववत् अनुमान – *Pūrvavat Anumāna.*
Predetermination of any result according to the previous experience, the senseful inference.
स्वार्थानुमान के तीन भेदों में से एक भेद; जिसने अग्नि से निकलते धूम को पहले देखा है, उस व्यक्ति के द्वारा पुनः धूम को देखकर यहाँ अग्नि है ऐसा अनुमान कर लेना पूर्ववत् अनुमान है ।

पूर्ववर्ती – *Pūrvavartī.*
Foregoing, preceding, predecessor.
पहले पाया जाने वाला ।

पूर्वविद् – *Pūrvavid.*
One omniscient, having scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
श्रुतकेवली ।

पूर्वविदेह – *Pūrvavideha.*
The region in the east of Sumeru mountain (the eastern part of *Videh Kshetra* region).
सुमेरू पर्वत की पूर्व दिशा में स्थित कच्छादि 16 क्षेत्रों को पूर्व विदेह कहते हैं ।

पूर्व समास – *Pūrva Samāsa.*
A type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
श्रुतज्ञान का अंतिम 20 वां भेद ।

पूर्व स्थिति – *Pūrva Sthiti.*
First state of *Karmas.*
कर्मों की पहली स्थिति; अंतःकरण के द्वारा निषेकों की पंक्ति दो भागों में विभाजित हो जाती है पूर्व स्थिति और उपरितन स्थिति।

पूर्व स्पर्धक – *Pūrva Spardhaka.*
Group of variform with variated fruitional intensity of *Karmic* nature in worldly state.
संसार अवस्था में देशघाति व सर्वघाति प्रकृतियों का जघन्य से उत्कृष्ट पर्यन्त जो अनुभाग रहता है, उससे युक्त स्पर्द्धक पूर्वस्पर्धक कहलाते हैं ।

पूर्वांग – *Pūrvāṁga.*
A particular long time period.
काल का एक प्रमाण विशेष। 84 लाख वर्ष प्रमाण काल ।

पूर्वातिपूर्व – *Pūrvātipūrva.*
Synonym of *Shrutgyan* (scriptural knowledge).

श्रुतज्ञान का एक पर्यायवाची नाम ।

पूर्वानुपूर्वी – *Pūrvānupūrvī.*
Exposition of something with fundamental (root) method.
आनुपूर्वी का एक भेद; जो वस्तु का विवेचन मूल परिपाटी द्वारा किया जाता है उसे पूर्वानुपूर्वी कहते हैं ।

पूर्वापर – *Pūrvāpara.*
Antecedent and consequent.
पहले और बाद का ।

पूर्वापर अविरोध – *Pūrvāpara Avirodha.*
State devoid of mutual contradiction.
परस्पर विरोध से रहित होना ।

पूर्वापर विरोध – *Pūrvāpara Virodha.*
State of mutual contradiction.
पूर्व और उत्तर समय अर्थात् परस्पर में विरोध होना ।

पूर्वापर संबंध – *Pūrvāpara Saṁbaṁdha.*
Mutual relationship.
संबंध का एक भेद; परस्पर में संबंध या तालमेल होना ।

पूर्वाफाल्गुनी – *Pūrvāphālgunī.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र का नाम ।

पूर्वाभाद्रपद – *Pūrvābhādrapada.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र का नाम ।

पूर्वाभिमुख – *Pūrvābhimukha.*
See – *Pūrvamukha.*
देखें - पूर्वमुख ।

पूर्वाषाढ़ – *Pūrvāṣāṛha.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र का नाम ।

पूषा – *Pūṣā.*
Name of a governing deity of a lunar 'Revati'.
एक नक्षत्र 'रेवती' के अधिपति देवता का नाम ।

पृच्छना – *Pr̥cchanā.*
Questioning.
स्वाध्याय के 5 भेदों में एक भेद; किसी विषय में संशय होने पर उसे दूर करने हेतु प्रश्न पूछना ।

पृच्छा – *Pr̥cchā.*
Questioning, Asking, One of the 40 rights for the planning of uncertain holy death by a healthy saint.
पूछना, सविचार भक्तप्रत्याख्यान विधि के 40 अधिकारों में 21 वाँ अधिकार; संग्रह से अनुग्रह की अनुज्ञा प्राप्त करना ।

पृच्छा विधि – *Pr̥cchā Vidhi.*
Method of asking or questioning, Synonym word for *Shrutgyan* (scriptural knowledge).
पूछा गया अर्थ पृच्छा है, और वह जिसमें विहित की जाती है अर्थात् कही जाती है वह पृच्छाविधि कहलाती है, श्रुतज्ञान का एक पर्यायवाची नाम ।

पृतना – *Pr̥tanā.*
A part of army including number of chariots, elephants etc.
अक्षौहिणी सेना का एक अंग। इसमें 243 रथ, 243 हाथी, 1215 प्यादे और 1215 घुड़सवार होते हैं ।

पृथक्त्व – *Pr̥thaktva.*
Number between 3 to 9 (days, years etc.), Differentiation, separateness.
तीन से ऊपर और नौ से नीचे की संख्या जैसे—दिवस पृथक्त्व या वर्ष पृथक्त्व कहने पर क्रमशः 4 से 8 दिन या वर्ष जानना चाहिए ।

पृथक्त्व विक्रिया – *Pr̥thaktva Vikriyā.*
Miraculous activity of making different forms of body at different places at a time while original body remaining at original place.
अपने मूल शरीर से भिन्न भिन्न अनेक शरीर बनाकर उनमें अपने आत्मा के प्रदेशों को फैलाना। जैसे-सौधर्म इन्द्र अपने मूल शरीर को सौधर्म स्वर्ग में छोड़कर विक्रिया के शरीर से भगवान के पंचकल्याणक मनाने भरतक्षेत्र इत्यादि में जाते हैं।

पृथक्त्व वितर्क – *Pr̥thaktva Vitarka.*
First *Shukla Dhyan* (Absolute Meditation).
पहला शुक्लध्यान—यह आठवें से बारहवें गुणस्थान के कुछ भाग तक होता है ।

पृथक्त्व व्यवहार – *Pr̥thaktva Vyavahāra.*
Nature of unity in diversity.
व्यवहार का एक भेद; जहाँ पर भिन्न द्रव्यों में एकता का संबंध दिखाया जाता है उसे पृथक्त्व व्यवहार कहते हैं ।

पृथिवी – *Pr̥thivī.*
Earth.
धरती, पृथ्वी के चार भेद हैं-पृथ्वी, पृथ्वीकाय, पृथ्वीकायिक, पृथ्वीजीव ।

पृथिवी – *Pr̥thivī.*
Sand, pebbles & stone, dust etc. inanimates are called as *Prithivi.*
मार्ग में पड़ी धूलि, रत्न, पत्थर, कंकड़ आदि पृथिवी कहलाते हैं, जो अचेतन होते हैं ।

पृथिवी (नरक) – *Pr̥thivī (Naraka).*
Earths of 7 Hells.
सात नरकों की सात पृथिवियाँ ।

पृथिवीकाय – *Pr̥thivīkāya.*
Earth body (earthen), it is an inanimate form.
पृथिवीकायिक जीव के द्वारा छोड़े गये शरीर को पृथिवीकाय कहते हैं। जैसे-ईंट आदि। जो अचेतन होते हैं ।

पृथिवीकायिक जीव – *Pr̥thivīkāyika Jīva.*
Earth bodied creature; soul which lives in an earth body.
जिस जीव के पृथिवी रूप काय विद्यमान है उसे पृथिवीकायिक जीव कहते हैं। जैसे-पत्थर आदि की खान ।

पृथिवीकायिक वृक्ष – *Pr̥thivīkāyika Vr̥kṣa.*
A type of earth bodied trees related to existing imaginary life.
जम्बू, शाल्मली आदि अकृत्रिम वृक्ष एवं पीपल, सप्तवर्ण, जामुन आदि समस्त चैत्यवृक्ष पृथिवीकायिक वृक्ष कहलाते हैं।

पृथिवी जीव – *Pr̥thivī Jīva.*
One transmigrating into the form of earth bodied being.
जो जीव पृथिवीकायिक में उत्पन्न होने के लिए विग्रहगति में जा रहा है, उसे पृथिवी जीव कहते हैं ।

पृथिवीपाल – *Pr̥thivīpāla.*
Name of the writer of 'Shrut Panchami Rasa', Name of a *Pandit.*
पानीपत का निवासी था, वि. 1692 में श्रुत पंचमी रास की रचना की, एक पंडित; व्रत कथाकोष छंद के कर्ता ।

पृथिवीषेणा – *Pr̥thivīṣeṇā.*
The mother's name of Jaina Lord Suparshvanath.
सुपार्श्वनाथ भगवान की माता का नाम ।

पृथु – *Pr̥thu.*
The 15th son of Krishna's brother (Baldev), Name of kings of *Kuru* & *Yadu* dynasties, Broad, spacious.
कृष्ण के भाई बलदेव का 15वाँ पुत्र। कुरुवंशी एवं यदु (यादव) वंशी राजाओं का नाम, चौड़ा, विस्तृत ।

पृष्ठ – *Pr̥ṣṭha.*
The back, the rear, the hind part of anything, Page.
पिछला हिस्सा, कॉपी या किताब का पन्ना ।

पृष्ठक – *Pr̥ṣṭhaka.*
Name of the 28th *Patal* (layer) & *Indrak* of *Saudharma* heaven.
सौधर्म स्वर्ग के 28 वें पटल व इन्द्रक का नाम ।

पेय – *Peya.*
Drinkable substances liquids.
पीने योग्य दूध, पानी आदि पतले द्रव्य ।

पेशी – *Peśī.*
Muscles.
औदारिक शरीर में पाई जाने वाली माँसपेशियाँ ।

पैशून्य – *Paiśūnya.*
Back-biting.
पीठ पीछे निंदा करना ।

पोत – *Pota.*
A type of foetus birth.
गर्भ जन्म का एक भेद; जो गर्भ से बाहर निकलते ही चलने फिरने में समर्थ होता है उसे पोत कहते हैं, जैसे-हिरण, शेर, चीता आदि ।

पोत्तकर्म – *Potta Karma.*
Idols or images made up of cloths.
पोत्त का अर्थ वस्त्र, उससे निर्मित की गयी प्रतिमाओं का नाम पोत्तकर्म है ।

पोतज – *Potaja.*
See - Pota.
देखें - पोत ।

पोदनपुर – *Podanapura.*
Name of a city, capital of the kingdom of Lord Bahubali, Name of a Digambar Jaina place of pilgrimage situated in Borivali, Mumbai. It is constructed on the inspiration of Shri Nemisagar Ji Maharaj & idols of Lord Adinath-Bharat & Bahubali are consecrated here.
प्राचीन इतिहास के अनुसार, भगवान ऋषभदेव के पुत्र बाहुबली की राजधानी, महाराष्ट्र के मुंबई शहर के बोरीवली नामक क्षेत्र में अवस्थित आदिनाथ भरत बाहुबली दिगम्बर जैन मंदिर। इस तीर्थक्षेत्र का निर्माण 20वीं शताब्दी में चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के शिष्य श्री नेमिसागर जी महाराज की प्रेरणा से हुआ है ।

पोन्न – *Ponna.*
A Kannad poet who wrote 'Shanti Purana Jinakshara Male'.
शांति पुराण जिनाक्षर माले के रचयिता एक कन्नड़ कवि (ई. 972) ।

पौर – *Paura.*
Former name of a city 'Paurbandar' in Saurashtra.
सौराष्ट्र (गुजरात) प्रांत में वर्तमान पोरबन्दर ग्राम ।

पौराणिक – *Paurāṇika.*
Mythological, Mythical, Fabulous (pertaining to events etc.).
इतिहास प्रसिद्ध या पुराणों से संबद्ध घटनाएं आदि ।

पौराणिक राजवंश – *Paurāṇika Rajavaṁśa.*
Ancient dynasties like *Ikshvaku, Ugra, Kuru* etc.
इक्ष्वाकु वंश, उग्रवंश, सूर्यवंश, कुरुवंश, नाथवंश इत्यादि समस्त पौराणिक वंश कहलाते हैं ।

पौरुषवाद – *Pauruṣavāda.*
A doctrine believing in the principle of 'work is worship'.
एक सांख्यमत। जो दैव, कर्मोदय को न मानकर मात्र पुरुषार्थ से ही कार्य की सिद्धि मानते हैं ।

पौरुषेय – *Pauruṣeya.*
Man-made, Human-efforted, Manly.
मनुष्य कृत, मनुष्य का काम ।

पौष्टिक आहार – *Pauṣṭika Āhāra.*
Nourishing food or Invigorating food.
पोषक, बलवर्धक आहार ।

प्रकरण – *Prakaraṇa.*
Topic, Section, Part.
विषय, प्रसंग, किसी कृति का छोटा भाग ।

प्रकर्षिणी – *Prakarṣiṇī.*
A type of super knowledge.
विद्याधरों की एक विद्या ।

प्रकांड – *Prakāṁḍa.*
A great & learned person, a man of vast learning.
उत्कृष्ट विद्वान ।

प्रकाम – *Prakāma.*
Name of the 4th pre-destined *Rudra.*
भविष्यत् कालीन चौथे रूद्र का नाम ।

प्रकार – *Prakāra.*
Type, Kind, Mode.
भेद, भंग, भाग, पर्याय आदि ।

प्रकाश – *Prakāśa.*
Illumination, Light, Brilliance, Lustre.
उजाला—सूर्य, चन्द्रमा, विद्युत, ज्ञान इत्यादि का प्रकाश ।

प्रकाशन – *Prakāśana.*
Publication, Making known.
पुस्तक आदि को छापना, किसी विषय को प्रकाश में लाना, विभिन्न माध्यमों से धर्म की प्रभावना करना ।

प्रकाशवृत्ति – *Prakāśavṛtti.*
Tendency towards enlightenment of knowledge.
ज्ञान प्राप्ति के लिए जो आत्मा की प्रवृत्ति होती है, उसे प्रकाश वृत्ति कहते हैं ।

प्रकाश शक्ति – *Prakāśa Śakti.*
One's brilliance, one of the 47 powers acquired by the soul.
आत्मा की 47 शक्तियों में एक शक्ति; स्वयं प्रकाशमान ।

प्रकाश स्वभाव – *Prakāśa Svabhāva.*
Luminous nature.
तेजस्व प्रकृति ।

प्रकाश्य – *Prakāśya.*
Liable to be revealed.
प्रगट करने योग्य ।

प्रकाश्य-प्रकाशक भाव – *Prakāśya-Prakāśaka Bhāva.*
Relation of illuminating objects & means of illumination.
कार्य-कारण संबंध; प्रकाश्य पदार्थ है और, प्रदीप, सूर्य, चन्द्र आदि प्रकाशक हैं ।

प्रकीर्णक – *Prakīrṇaka.*
Another name of *Angabahyashrut*, part of *Shrutgyan* (scriptural knowledge), Scattered heavenly abodes and dwelling places of hell are called *Prakirnak.*
अंगबाह्यश्रुत का अपरनाम - इसके 14 भेद हैं, स्वर्ग में बिखरे हुए विमान एवं नरकों में बिखरे हुए बिल ।

प्रकीर्णक तारे – *Prakīrṇaka Tāre.*
Scattered stars.
ज्योतिषी देवों का एक भेद, ये आकाश में बिखरे हुए रहते हैं और यह चर और अचर के भेद से दो प्रकार के होते हैं ।

प्रकीर्णक देव – *Prakīrṇaka Deva.*
A type of deities (as common citizens).
देवों के दश भेदों में से एक; जो देव प्रजा के समान होते हैं।

प्रकुब्जा – *Prakubjā.*
Name of the chief *Aryika* in the assembly of Lord Ajitanath.
अजितनाथ भगवान के समवसरण की प्रधान आर्यिका अर्थात् गणिनी का नाम ।

प्रकुर्वी – *Prakurvī.*
Great *Acharya* having great patience in serving *Kshapaks* (saints at the stage of mortification i.e.*Samadhi*).
क्षपक की सर्व प्रकार शुश्रूषा करते हुए अधिक परिश्रम पड़ने पर भी जो आचार्य खिन्न नहीं होते हैं, ऐसे आचार्य ।

प्रकृति – *Prakṛti.*
Nature, Physical existence, Characteristic, Property.
नैसर्गिक स्थिति, लक्षण, विशेष धर्म, रूप, गुण, स्वभाव आदि ।

प्रकृति (ध्रुव-अध्रुव) – *Prakṛti (Dhruva-Adhruva).*
Karmic nature with continuous & non-continuous binding.
ध्रुव-अध्रुव प्रकृति; बंध व्युच्छित्ति पर्यंत जिनका बंध होता रहे वह ध्रुव बंधी तथा जिनका बंध होकर रुक जाता है वह अध्रुव बंधी प्रकृतियां हैं ।

प्रकृति अघाति – *Prakṛti Aghāti.*
A type of *Karmic* nature.
कर्म प्रकृति का एक भेद; जो प्रतिजीवी गुणों का घात करती हैं वह अघाति कर्म प्रकृतियां कहलाती हैं ।

प्रकृति उदय – *Prakṛti Udaya.*
Fruition of *Karmic* nature.
द्रव्य, क्षेत्र, काल व भाव के निमित्तवश कर्मों के फल का प्राप्त होना ।

प्रकृति घाति – *Prakṛti Ghāti.*
A type of *Karmic* nature causing destruction of internal virtues.
कर्म प्रकृति का एक भेद; जो अनुजीवी गुणों का घात करती हैं वह घाती कर्म प्रकृतियां हैं ।

प्रकृति निरन्तर – *Prakṛti Nirantara.*
Karmic nature with continuous binding.
कर्म प्रकृतियां जो अन्तर्मुहूर्त काल तक निरंतररूप से बंधती हैं वह निरन्तर बंधी प्रकृतियां कहलाती हैं ।

प्रकृति परोदय – *Prakṛti Parodaya.*
Karmic nature which binds in the fruition of other

Karmic nature.
ऐसी कर्म प्रकृतियां (11) जिनका पर के उदय में बंध होता है।

प्रकृति बंध – *Prakṛti Baṁdha.*
Regular binding of different types of *Karmic* natures.
राग, द्वेषादि के निमित्त से जीव के साथ ज्ञानावरणादि कर्मों का निरन्तर बन्ध होना अर्थात् जीव के भावों की विचित्रता के अनुसार विभिन्न प्रकार की फलदान शक्ति वाले कर्मों का बंध होना ।

प्रकृति बन्धापसरण – *Prakṛti Bandhāpasaraṇa.*
Sequential reduction in *Karmic* bindings.
प्रकृतिबंध का क्रम से घटना ।

प्रकृतिवाद – *Prakṛtivāda.*
A *Sankhya* philosophy of naturalism.
एक सांख्य दर्शन ।

प्रकृति विभाग (मूल/उत्तर) – *Prakṛti Vibhāga (Mūla/Uttara).*
Division of *Karmic* natures (primary / secondary).
कर्म प्रकृतियों के भेद; मूल कर्म प्रकृतियां 8 एवं उत्तर कर्म प्रकृतियां 148 हैं ।

प्रकृति संक्रमण – *Prakṛti Saṁkramaṇa.*
Transition of *Karmic* species.
कर्म की 10 अवस्थाओं में एक अवस्था; बंधरूप प्रकृति का अन्यरूप परिणमन होना ।

प्रकृति संक्रम योग्य – *Prakṛti Saṁkrama Yogya.*
Karmic natures capable of transition.
संक्रमण होने योग्य कर्म प्रकृतियां ।

प्रकृति सत्त्व – *Prakṛti Sattva.*
Attachment of *Karmas* with soul.
अपनी स्थिति के अनुसार कर्म प्रकृति के कर्म प्रदेशों का आत्म प्रदेशों के साथ संलग्न रहना ।

प्रकृति सत्त्व योग्य – *Prakṛti Sattva Yogya.*
Karmic nature capable of remaining in existence.
सत्ता योग्य कर्म प्रकृतियां जो 146 हैं ।

प्रकृति सप्रतिपक्षी – *Prakṛti Sapratipakṣī.*
Karmic natures having mutual contradictions.
62 कर्म प्रकृतियां आपस में विरोधीपना होने से सप्रतिपक्षी कही जाती हैं ।

प्रकृति सान्तर – *Prakṛti Sāntara.*
Karmic nature with momentary binding.
जिन कर्म प्रकृतियों का एक समय बंध होकर द्वितीय समय में जिनका बंध विश्रांत हो जाता है वे सांतर बंधी प्रकृतियां कहलाती हैं ।

प्रकृति स्वोदय – *Prakṛti Svodaya.*
Karmic natures which bind in their own period of fruition.
27 कर्म प्रकृतियां स्वोदय बंधी है अर्थात् इनका बंध अपने उदय के समय में ही होता है ।

प्रकृष्ट – *Prakṛṣṭa.*
Ultimate, supreme, excellent.
सर्वोत्तम, श्रेष्ठ, गौरवशाली ।

प्रकृष्टार्थ – *Prakṛṣṭārtha.*
Supreme sense, Ultimate meaning.
उत्कृष्ट अर्थ ।

प्रक्रम – *Prakrama.*
Sequence, A type of *Karmic* matter, a type of *Anuyogdvar.*
क्रमबद्ध, कार्माण पुद्गल प्रचय को प्रक्रम कहते हैं, अग्रायणीयपूर्व की कर्मप्रकृति वस्तु का 8 वां अनुयोगद्वार ।

प्रक्रिया – *Prakriyā.*
Process, Operation, Method, System.
रीति, प्रणाली, पद्धति ।

प्रक्षाल – *Prakṣāla.*
Anointement of Lord's idol and wiping it with dry cloth.
जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमा का अभिषेक करना एवं कपड़े से पोछना प्रक्षाल कहलाता है ।

प्रक्षिप्त – *Prakṣita.*
Thrown, flung.
फेंका हुआ ।

प्रक्षेपक – *Prakṣepaka.*
Projector; one who throws, A quantity related with Jainology.
फेंकने या उछालने वाला, जघन्य पर्याय में जीवराशि अनंत का भाग देने पर जो राशि आये वह प्रक्षेपक है ।

प्रख्यात – *Prakhyāta.*
Famous, Prominent.
प्रसिद्ध, ख्यातिप्राप्त ।

प्रगणना – *Praganānā.*
A disquisition door, Mathematical measure study.
एक अनुयोगद्वार; यह स्थिति बंध के कारणभूत स्थिति बंधाध्यवसाय स्थानों के प्रमाण की प्ररूपणा करता है ।

प्रचण्ड – *Pracaṇḍa.*
Great force, Impetous, Violence, Vehemence.
तीक्ष्ण, उग्र, उत्कट, भीषण ।

प्रचुरसंख्यक – *Pracura Saṁkhyaka.*
Abundant in numbers.
अधिक संख्या में ।

प्रज्ञप्ति – *Prajñapti.*
Name of ruling female demigod of Lord Sambhavanath, A type of super power.
सम्भवनाथ भगवान की शासन देवी का नाम, विद्याधरों की एक विद्या ।

प्रज्ञा – *Prajñā.*
Great wisdom, Intellect.
मेधा, विशिष्ट बुद्धि, विवेक ।

प्रज्ञान – *Prajñāna.*
Great perception or cognizance.
उत्कृष्ट ज्ञान ।

प्रज्ञापन – *Prajñāpana.*
Injuction, Presentation.
प्ररूपणा, निरूपणा, प्रज्ञापना ये एकार्थवाची हैं ।

प्रज्ञापनी – *Prajñāpanī.*
Most convenient informatory language (easy preaching).
एक भाषा; धर्मोपदेश करना। यह भाषा अनेक लोगों को उद्देश्य कर कही जाती है ।

प्रज्ञापनीय पर्याय – *Prajñāpanīya Paryāya.*
One that can be expressed in vocal form.
जो पदार्थ वचनों से कहा जा सके ।

प्रज्ञापरिषहजय – *Prajñāpariṣahajaya.*
Proudlessness of knowledge or intellect (sagacity with proudlessness).
अनेक शास्त्रों में निपुण होते हुए भी जो साधु अपने ज्ञान का अभिमान नहीं करता, समता रखता है ।

प्रज्ञाभाव छेदना – *Prajñābhāva Chedanā.*
Sagacious knowledge related to 6 entities (dravyas).
मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञान के द्वारा छह द्रव्यों का ज्ञान होना ।

प्रज्ञाश्रमण ऋद्धि – *Prajñāśramaṇa Ṛddhi.*
A type of supernatural power related to sagacity.
जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु विशेष अध्ययन के बिना भी समस्त शास्त्रों को सूक्ष्मता से जानने में समर्थ होता है ।

प्रचय – *Pracaya.*
Accumulation, collection, Togetherness.
समूह, संग्रह, संचय, साधारण मेलजोल ।

प्रचला – *Pracalā.*
Drowsiness (*Karmic* nature causing drowsiness).
दर्शनावरण कर्म का एक भेद; जिसके उदय से प्राणी नींद में भी कुछ जागता है और कुछ सोता है ।

प्रचला प्रचला – *Pracalā Pracalā.*
Deep drowsiness (*Karmic* nature causing deep drowsiness).
दर्शनावरण कर्म का एक भेद; जिसके उदय से सोते हुए मुख से लार बहती है और अंगोपांग भी चलते हैं ।

प्रच्छन्न – *Pracchanna.*
Hidden, Concealed, An infraction of self-criticism—asking for the repentance of own fault indirectly.
आच्छादित, छिपा हुआ, आलोचना का एक दोष; प्रच्छन्न रूप से किये गये पाप के प्रायश्चित्त का उपाय पूछना ।

प्रच्युति – *Pracyuti.*
Annihilation of past state.
व्यय; पूर्व अवस्था का नष्ट होना ।

प्रजापति – *Prajāpati.*
A king, Another name of Lord Rishabhdev & the name of His 57th chief disciple, Father's name of the 1st *Narayan* 'Triprashtha' and the 1st *Baldeva* 'Vijay' and preceding deity of *Rohini* lunar.
राजा, भगवान ऋषभदेव का दूसरा नाम एवं उनके 57वें गणधर का नाम, प्रथम नारायण 'त्रिपृष्ठ' तथा प्रथम बलदेव 'विजय' के पिता का नाम, रोहिणी नक्षत्र के अधिपति देवता का नाम ।

प्रजावती – *Prajāvatī.*
Mother's name of Lord Mallinath.
मल्लिनाथ भगवान की माता का नाम ।

प्रज्वलित – *Prajvalita.*
Blazing fire, The 6th *Patal* (layer) of the 3rd hell.
प्रकृष्ट रूप से जलती हुई अग्नि, तीसरे नरक का छठा पटल ।

प्रणय – *Praṇaya.*
Love, loving entreaty.
बाह्य पदार्थों में ममत्वरूप भाव का होना। प्रेम, स्नेह, घनिष्ठता।

प्रणव (मंत्र) – *Praṇava (Maṁtra).*
The mystical & sacred syllable, the holy monosyllable 'Om'.
पवित्र अक्षर 'ओम्' (ॐ) प्रणवमंत्र कहलाता है ।

प्रणाम – *Praṇāma.*
Bow; respectful greeting.
नमस्कार ।

प्रणाली – *Praṇālī.*
Particular method, System, Water channel, Drain.
पद्धति, जलमार्ग, नाली ।

प्रणिधान – *Praṇidhāna.*
Concentrating the mind on particular object.
स्मरण की इच्छा से मन को एक स्थान में लगाने का 'नाम' प्रणिधान है। परिणाम, प्रयोग व प्रणिधान ये एकार्थवाची शब्द हैं।

प्रणिधि – *Praṇidhi.*
A type of deceit or illusion.
माया का एक भेद। व्यापार आदि में हीनाधिक कीमत की सदृश वस्तुओं को मिलाना (जैसे-सोने में ताँबा आदि), वस्तुओं को तोलने में हेराफेरी करना आदि रूप मायाचार ।

प्रणिपात– *Praṇipāta.*
Falling down, bowing for worshipping or reverence.
झुकना ।

प्रणियोग – *Praṇiyoga.*
Vibration in soul points caused due to the activities of mind, speech & body.
मन, वचन और काय से युक्त जीव के प्रदेशों का परिस्पन्दनरूप योग ।

प्रणीत – *Praṇīta.*
Accomplished, made, composed.
प्रतिपादित ।

प्रणेता– *Praṇetā.*
Founder, Maker, Composer.
संस्थापक, रचनाकार ।

प्रतर – *Pratara.*
Area or (particular unit)^2.
एक-एक आकाश प्रदेशात्मक पंक्ति के वर्ग को प्रतर कहते हैं।

प्रतरसमुद्घात – *Pratarasamudghāta.*
A type of area extrication (*Samudghat*).
समुद्घात का एक भेद; केवली भगवान् के जीवप्रदेशों का वातवलय से रूके हुए क्षेत्र को छोड़कर सम्पूर्ण लोक में व्याप्त होने का नाम प्रतरसमुद्घात है ।

प्रतरांगुल – *Pratarāṁgula.*
A unit of area measurement.
सूच्यंगुल के वर्ग को प्रतरांगुल कहते हैं ।

प्रतराकाश – *Pratarākāśa.*
Extensive area of space (*Akash*).
सर्व आकाश के लम्बे चौड़े प्रदेशों के माप मात्र आकाश, जो 7×7=49 राजू है ।

प्रतरावली – *Pratarāvalī.*
Square of *Āvalī* (a time unit).
आवली का वर्ग ।

प्रताड़ना – *Pratāṛanā.*
Harrasment, scolding, chiding.
पीड़ित करना, सताना ।

प्रताप – *Pratāpa.*
Lustre, radiance, Grandeur.
तेज, महिमा ।

प्रतिकुंचन – *Pratikuṁcana.*
A type of deceit or illusion, concealment of own faults.
माया का एक भेद; आलोचना करते समय अपने दोष छिपाना।

प्रतिकेशव – *Pratikeśava.*
Pratinarayana (noble persons).
प्रतिनारायण ।

प्रतिक्रमण – *Pratikramaṇa.*
Penitential retreat, Expiatory recitals.
प्रमाद के द्वारा किये दोषों का निराकरण करना अर्थात् लगे हुए दोषों की विशुद्धि जिसके द्वारा होती है वह प्रतिक्रमण है ।

प्रतिक्षण परिणाम – *Pratikṣaṇa Pariṇāma.*
Momentary modification.
द्रव्यों में प्रतिसमय परिणमन होना ।

प्रतिक्षण विनाशीभाव – *Pratikṣaṇa Vināśibhāva.*
Perishing momentarily (reg.*Paryay*).
पर्याय, जो प्रतिक्षण नष्ट होती रहती है ।

प्रतिच्छंद – *Praticchaṁda.*
Representative.
प्रतिनिधि ।

प्रतिज्ञा – *Pratijñā.*
Provable proposition, Solemn declaration, Resolution.
अनुमान के 5 अंगों में एक अंग; पक्ष और साध्य का कहना।

प्रतिग्रह – *Pratigraha.*
Acceptance, Receiving saints with respectful procedure for food offering.
दिगम्बर जैन साधु-साध्वियों को आहार दान हेतु की जाने वाली नवधाभक्ति में से प्रथम भक्ति, जिसमें वर्तमान समय में "हे स्वामिन! 'अत्र तिष्ठ, आहार जल शुद्ध है," ऐसा कहकर साधु को आहार हेतु अपने घर में पधारने के लिए आह्वान किया जाता है ।

प्रतिघकर्म – *Pratighakarma.*
Removing obstruction or resistance.
अनुयोग की निरुक्ति में प्रयुक्त 5 दृष्टान्तों में एक-जैसे लकड़ी से किसी वस्तु को तैयार करने के लिए उसके निरुपयोगी भाग को छाँटकर निकाल देना (अपरनाम-प्रतिघात कर्म) ।

प्रतिघात – *Pratighāta.*
Counterblow, Reaction, Obstruction.
एक मूर्तिक पदार्थ का दूसरे मूर्तिक पदार्थ के द्वारा व्याघात होना। प्रतिकार, प्रतिषेध, बाधित होना ।

प्रतिघात कर्म – *Pratighāta Karma.*
See – *Pratighakarma.*
देखें - प्रतिघकर्म ।

प्रतिघाती – *Pratighātī.*
Repulsing, Opposing & Adversary.
व्याघात करने वाला ।

प्रतिचंद्र – *Praticaṁdra.*
A king of *Vanara* dynasty.
वानरवंश का एक राजा । अंत में दीक्षा लेकर मोक्ष गये ।

प्रतिच्छन्न – *Praticchanna.*
A type of peripatetic deities.
व्यन्तर देवों की भूत जाति का एक भेद ।

प्रतिजीवी गुण – *Pratijīvī Guṇa.*
Opposite attributes (lacking qualities).
वस्तु के अभाव स्वरूप धर्म को प्रतिजीवी गुण कहते हैं। जैसे-आत्मा (जीव द्रव्य) में अचेतनत्व और मूर्तत्व नहीं होता हैं एवं पुद्गल द्रव्य में चेतनत्व और अमूर्तत्व नहीं होता है ।

प्रतितंत्र – *Pratitaṁtra.*
Ambiguous meaning (indistinct).
एक शास्त्र में सिद्ध और दूसरे शास्त्र में असिद्ध अर्थ प्रतितन्त्र कहलाता है ।

प्रतिनारायण – *Pratināŕāyaṇa.*
A type of great personages (*Shalaka Purush*), *9 Pratinarayan.*
नारायण के शत्रु—ऊर्ध्व लोक से आकर जन्म लेने वाले शलाका पुरुष जो नरकगामी होते हैं। ये संख्या में 9 होते हैं।

प्रतिनीत – *Pratinīta.*
An infraction of paying reverence disobedience.
वंदना का एक अतिचार; गुरु की आज्ञा से प्रतिकूल आचरण करना ।

प्रतिपक्ष – *Pratipakṣa.*
Rival party, Rival view, opponent.
विरोधी धर्म अथवा पक्ष ।

प्रतिपत्ति – *Pratipatti.*
A type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*), confirmed knowledge (inference).
अर्थलिंगज श्रुतज्ञान का एक भेद, धारणा ।

प्रतिपत्तिसमास – *Pratipattisamāsa.*
A type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
श्रुतज्ञान के 20 भेदों में एक भेद ।

प्रतिपात – *Pratipāta.*
Fall, Counter – fall.
गिरने का नाम प्रतिपात है ।

प्रतिपातस्थान – *Pratipātasthāna.*
Falling stage pertaining to abstinence.
जिस स्थान पर जीव मिथ्यात्व, असंयम, सम्यक्त्व अथवा संयमासंयम को प्राप्त होता है वह प्रतिपातस्थान है ।

प्रतिपाती – *Pratipātī.*
One falling from the stage of right conduct.
सम्यक्चारित्र से भ्रष्ट होकर असंयम में आने वाला ।

प्रतिपाती मनःपर्यय – *Pratipātī Manaḥparyaya.*
Counter falling Manah Paryaya Gyan (telepathic knowledge).
ऋजुमति मनःपर्ययज्ञान; यह होकर छूट भी जाता है इसलिए प्रतिपाती कहा गया है ।

प्रतिपादन – *Pratipādana.*
Affirming, Representing, Expounding, Proving.
व्याख्यान, विस्तृत रूप से प्रस्तुत करना ।

प्रतिपाद्य – *Pratipādya.*
Expounded, Established.
प्रतिपादित, प्रस्तुत, प्रदर्शित ।

प्रतिपृच्छा – *Pratipṛcchā.*
Re-questioning, Reasking (accepting something after asking for it).
समाचार का एक भेद; साधर्मी अथवा गुरु आदि से पहले दिये हुए उपकरणों को पुनः पुनः पूछकर ग्रहण करना ।

प्रतिफलन – *Pratiphalana.*
Results, Consequences.
पारिश्रमिक या प्रतिदान ।

प्रतिबंध – *Pratibaṁdha.*
Prohibition, Restriction, Limitation, Hindrance.
निषेध होना। अवरोध, विरोध ।

प्रतिबंधक – *Pratibaṁdhaka.*
Restrictive, One who makes an obstruction, an opposer.
रोकने वाला या विरोधी कारण ।

प्रतिबंध्य – *Pratibaṁdhya.*
Restricted, Prohibited.
प्रतिबंधन अथवा बंधन के योग्य ।

प्रतिबद्ध – *Pratibaddha.*
Tied, Bound, Restricted.
बंधा हुआ, जोड़ा गया ।

प्रतिबिंब – *Pratibiṁba.*
Image, Idol of Lord.
परछाई, भगवान की प्रतिमा - मूर्ति ।

प्रतिबिम्बन् – *Pratibimban.*
Reflection.
परछाई पड़ना ।

प्रतिबिंबवत् – *Pratibiṁbavat.*
As similar to an image.
प्रतिबिंब के समान ।

प्रतिबुद्धता – *Pratibuddhatā.*
Discriminative knowledge.
प्रत्येक क्षण व लव में होने वाले प्रतिबोध (ज्ञान) ।

प्रतिबोध – *Pratibodha.*
Awaking knowledge; discernment, vigil.
जागरण, जानकारी या ज्ञान, सम्यग्दर्शन - ज्ञान, व्रत और शील गुणों को उज्ज्वल करने, मल को धोने अथवा जलाने का नाम प्रतिबोध है ।

प्रतिबोध चिंतामणि – *Pratibodha Ciṁtāmaṇi.*
Name of a book related to the story of *Mulsangh.*
एक ग्रंथ जिसमें मूलसंघ की उत्पत्ति की कथा उल्लेखित है ।

प्रतिबोधिनी – *Pratibodhinī.*
A type of super power which breaks the sleep.
एक विद्या, यह निद्रा को भंग करती है ।

प्रतिभा – *Pratibhā.*
Talent, genius, brilliancy.
प्रज्ञा, मेधा ।

प्रतिभाग – *Pratibhāga.*
Division, portion.
प्रत्येक भाग, हिस्सा ।

प्रतिभा संस्कारारोपण पूजा – *Pratibhā Saṁskārāropaṇa Pūjā.*
A worshipping hymn composed by *Acharya* Indranandi.
आचार्य इन्द्रनन्दि द्वारा रचित एक पूजा ।

प्रतिभासित – *Pratibhāsita.*
Envisaged.
झलकना ।

प्रतिभूत – *Pratibhūta.*
A type of peripatetic deities.
भूत जाति के व्यन्तर देवों का एक भेद ।

प्रतिमा – *Pratimā.*
Idol of Lord, Eleven stages of renunciation of a house holder (*Shravak*).
मूर्ति रूप प्रतिमा, श्रावक की 11 प्रतिमाएँ ।

प्रतिमान – *Pratimāna.*
Similitude, Illustration, Example, A type of standard measure.
प्रतिबिंब, समरूपता, उपमा, दृष्टांत, गणना प्रमाण का एक भेद—पूर्व की अपेक्षा आगे के मानों की व्यवस्था प्रतिमान कहलाती है ।

प्रतिमा योग – *Pratimā Yoga.*
A posture of meditation (standing erect).
कायोत्सर्ग मुद्रा; इसमें प्रतिमा के समान खड़े होकर ध्यान किया जाता है ।

प्रतिमा विज्ञान – *Pratimā Vijñāna.*
Iconography.
प्रतिमा (मूर्ति) के नाप तौल आदि की जानकारी ।

प्रतिमायोगी मुनिक्रिया – *Pratimāyogī Munikriyā.*
A type of procedural devotional prayer to be observed by saints involved in deep meditation.
कृतिकर्म; सिद्धभक्ति, योग भक्ति, शान्ति भक्तिपूर्वक प्रतिमायोग में रत मुनियों की वंदना करना ।

प्रतिमा स्थान – *Pratimā Sthāna.*
Different kinds of austerities related to particular places.
कायक्लेश तप; आतापनयोग, वृक्ष मूल में निवास, निरावरण शयन आदि नाना प्रकार के कायक्लेश ।

प्रतियोगी – *Pratiyogī.*
Counter part, Competitor, An opponent.
विरोधी, साथी, बराबर वाला ।

प्रतिरूप – *Pratirūpa.*
See – *Pratibūta.*
देखें - प्रतिभूत ।

प्रतिरूपक – *Pratirūpaka.*
Imitation, the counter part of a thing.
बनावटी (नकली) वस्तु ।

प्रतिरूपक व्यवहार – *Pratirūpaka Vyavahāra.*
Trade with adulteration.
अचौर्याणुव्रत का एक अतिचार; असली वस्तु में नकली वस्तु मिलाकर बेचना, जैसे-सोने में ताँबा मिलाकर बेचना ।

प्रतिरूपण – *Pratirūpaṇa.*
Modelling, counter image.
अनुरूप बनाना, नमूने के अनुसार बनाना ।

प्रतिलेखन – *Pratilekhana.*
Purifying the place, article etc. with *Pichchhika* by Jaina-saints for non-violence.
जैन साधु-साध्वियों द्वारा उठते-बैठते आदि समय पिच्छिका से स्थान, वस्तु आदि का जीवरक्षा हेतु परिमार्जन करना ।

प्रतिलोम क्रम – *Pratiloma Krama.*
Inverse order.
विपरीत क्रम, विशेष की मुख्यता और सामान्य की गौणता करने से जो अस्ति-नास्ति रूप वस्तु प्रतिपादित होती है उसे प्रतिलोम क्रम कहते हैं ।

प्रतिवादी – *Prativādī.*
Respondent, defendant.
प्रतिपक्षी, विपक्षी ।

प्रतिवासुदेव – *Prativāsudeva.*
Another name of *Pratinarayan.*
प्रतिनारायण का अपरनाम ।

प्रतिविपलांश – *Prativipalāṁśa.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण विशेष ।

प्रतिविपला – *Prativipalā.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण विशेष। 60 प्रतिविपलांश = 1 प्रतिविपला।

प्रतिव्यूढ़ – *Prativyūṛha.*
Dismiss, Suspension.
विदा करना, भेजना, च्युत कर देना ।

प्रतिशलाका – *Pratiśalākā.*
A unit (a pit) for a numeral measure.
संख्या प्रमाण के भेद जानने के लिए किये गये एक गड्ढे का नाम ।

प्रतिशलाका कुंड – *Pratiśalākā Kuṁḍa.*
A very deep & broad pit.
1 लाख योजन लम्बे चौड़े और एक योजन गहरे कुंड का नाम।

प्रतिशिष्ट – *Pratiśiṣṭa.*
See - *Praticchaṁda.*
देखें - प्रतिच्छंद ।

प्रतिश्रवण – *Pratiśravaṇa.*
Counter listening (a fault of saint food taking-acceptance of food with counter listening of preparation of food for self purpose).
जैन साधु के आहार से संबंधित अनुमति दोष के 3 भेदों में से एक भेद; 'यह आहार आपके निमित्त बनाया गया है' आहार से पहिले या पीछे इस प्रकार के वचन दाता के मुख से सुन लेने पर आहार कर लेना ।

प्रतिश्रुति – *Pratiśruti.*
Name of the1st *Kulkar* (ethical founder).
भरतक्षेत्र के प्रथम कुलकर थे, सूर्य चंद्रमा को देखकर भयभीत हुए लोगों के भय को इन्होंने दूर किया था ।

प्रतिषेध – *Pratiṣedha.*
Repudiation, Negation.
निषेध ।

प्रतिषेधरूप हेतु – *Pratiṣedharūpa Hetu.*
A cause pertaining to negative sense.
हेतु का एक भेद; इस स्थान पर शीत नहीं है क्योंकि उष्णता मौजूद है, इस प्राणी में सुख नहीं है क्योंकि सुख से विरुद्ध दुःख मौजूद है, इत्यादि ।

प्रतिष्ठा – *Pratiṣṭhā.*
Reputation, Consecratory installation of Lord idols, Consecration festival.
मान-सम्मान होना, प्रतिष्ठाशास्त्रों में कथित विधि के अनुसार प्रतिमाओं की स्थापना ।

प्रतिष्ठाचार्य – *Pratiṣṭhācārya.*
The chief one, the installator in the consecration celebration of idol installation.
जिनबिम्बादिक की पंचकल्याणक प्रतिष्ठा कराने वाला जिनधर्म का दृढ़ श्रद्धानी, सदाचारी, शास्त्रज्ञ, निश्चय व्यवहार का ज्ञाता, देश कुल जाति से शुद्ध त्यागी या गृहस्थ श्रावक ।

प्रतिष्ठातिलक – *Pratiṣṭhātilaka.*
A worshipping treatise written by Shri Nemichandra (related to consecratory installation of Lord idols) .
नेमिचन्द्र विरचित प्रतिष्ठा की सम्पूर्ण विधि से समन्वित एक प्रतिष्ठा ग्रंथ ।

प्रतिष्ठापन समिति – *Pratiṣṭhāpana Samiti.*
Carefulness in excretion of faeces etc. body wastes (waste disposal).
5 समितियों में एक समिति; निर्जंतु भूमि पर मल मूत्रादि का विसर्जन करना ।

प्रतिष्ठापना शुद्धि – *Pratiṣṭhāpanā Śuddhi.*
Careful act of excretion.
देश व काल को जानकर नख, रोम, नाक, थूक, वीर्य, मल, मूत्र या देह परित्याग में जन्तु बाधा का परिहार करके प्रवृत्ति करना ।

प्रतिष्ठा पाठ – *Pratiṣṭhā Paṭha.*
Name of ritual treatises written by *Acharyas* (1) Indranandi (2) Vasunandi & *Pandit* Ashadhar.
आचार्य इन्द्रनन्दि (ई.श. 10 मध्य), आचार्य वसुनन्दि (ई.1068-1118) एवं पं. आशाधर (ई. 1173-1243) द्वारा रचित प्रतिष्ठा पाठ संबंधी ग्रन्थ ।

प्रतिष्ठा विधान – *Pratiṣṭhā Vidhāna.*
Reverential procedure for consecrational celebration.
प्रतिष्ठा संबंधी विधि - विधान ।

प्रतिष्ठासार संग्रह – *Pratiṣṭhāsāra Saṁgraha.*
Name of a ritual treatise.
एक प्रतिष्ठा सम्बन्धी ग्रंथ का नाम ।

प्रतिष्ठित – *Pratiṣṭhita.*
Renowned one, Honourable personality.
माननीय व्यक्तित्व ।

प्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पति – *Pratiṣṭhita Pratyeka Vanaspati.*
General plant life (one sensed beings).
जिस वनस्पति का आश्रय निगोद या साधारण वनस्पति रहे ।

प्रतिसरण – *Pratisaraṇa.*
Induction (related to right virtues).
सम्यक्त्वादि गुणों की प्रेरणा करना ।

प्रतिसारी ऋद्धि – *Pratisārī Ṛddhi.*
A type of supernatural power (reg. cognition of knowledge).
ऋद्धि; जिसके प्रभाव से गुरु के उपदेश से आदि, मध्य अथवा अन्त में एक बीजपद को ग्रहण करके अथस्तन ग्रन्थ को जानना।

प्रतिसेवना काल – *Pratisevanā Kāla.*
Period for the repentance of faults.
व्रतादिकों में अतिचार लगने पर प्रायश्चित्त से शुद्धि करने के लिए कुछ दिन अनशनादि तप करना ।

प्रतिसेवना कुशील – *Pratisevanā Kuśila.*
Saints with slight lapse in secondary virtues..
निर्ग्रंथ साधु का एक भेद; जो मूल व उत्तरगुणों को पालते हैं लेकिन कभी-कभी उत्तरगुणों में दोष लगाते हैं ।

प्रतिसूर्य – *Pratisūrya.*
Maternal uncle of Hanuman.
हनुमान का मामा था, जो हनुमान और हनुमान की माता अञ्जना को जंगल से अपने घर लाया था ।

प्रतिहरण – *Pratiharaṇa.*
Providing remedy for the fault.
मिथ्यात्व रागादि दोषों का निवारण करना ।

प्रतींद्र – *Pratīndra.*
Title for the secondary Indras.
मुख्य इन्द्र के पश्चात् द्वितीय श्रेणी के इन्द्र ।

प्रतीक – *Pratīka.*
Symbol.
चिन्ह ।

प्रतीकार – *Pratīkāra.*
Retaliation, Retribution; revenge, counter action.
प्रतिरोध या विरोध करना ।

प्रतीघात – *Pratīghāta.*
Obstruction, hinderance.
प्रतिबन्ध या बाधा ।

प्रतीघातरहित – *Pratīghātarahita.*
Without impediment or hinderance.
प्रतिबन्ध या बाधा रहित ।

प्रतीच्य – *Pratīcya.*
Western direction.
पश्चिम दिशा ।

प्रतीति – *Pratīti.*
Experience, Conviction, belief.
दृष्टि, श्रद्धा, रूचि ।

प्रतीत्य सत्य – *Pratītya Satya.*
Truth related to conviction.
अन्य की अपेक्षा से जो कहा जाय सो वह प्रतीत्य सत्य है ।

प्रत्यक् – *Pratyak.*
See – *Pratīcya.*
देखें - प्रतीच्य ।

प्रत्यक्ष – *Pratyakṣa.*
Direct knowledge, perceptible, visible.
विशद ज्ञान को प्रत्यक्ष कहते हैं। वह सांव्यवहारिक और पारमार्थिक दो प्रकार का होता है ।

प्रत्यक्षज्ञान – *Pratyakṣajñāna.*
Direct knowledge gained by the soul itself, without any external help.
इन्द्रिय और मन की सहायता के बिना जो ज्ञान पदार्थ को स्पष्ट जाने, इसके दो भेद हैं—देश प्रत्यक्ष (अवधि एवं मनःपर्ययज्ञान) एवं सकल प्रत्यक्ष (केवलज्ञान) ।

प्रत्यक्षज्ञानी – *Pratyakṣajñānī.*
Those having either partial perfect knowledge or complete perfect knowledge.
अवधि एवं मनःपर्ययज्ञानी को देश प्रत्यक्षज्ञानी कहते हैं एवं केवलज्ञानी को सकल प्रत्यक्षज्ञानी कहते हैं ।

प्रत्यक्ष प्रमाण – *Pratyakṣa Pramāṇa.*
That which causes direct perception either with the help of sensual organs or by own self i.e. without any help.
जो पदार्थ को स्पष्ट जाने। इसके दो भेद हैं—एक सांव्यवहारिक, दूसरा पारमार्थिक प्रत्यक्ष। सांव्यवहारिक वह है जो इन्द्रिय और मन की सहायता से पदार्थ को जाने, इसे सिद्धांत में परोक्ष भी कहते हैं। पारमार्थिक वह है जो बिना किसी की सहायता से पदार्थ को स्पष्ट जाने ।

प्रत्यक्षबाधित – *Pratyakṣabādhita.*
Refutable perception.
जिस साध्य की सिद्धि में प्रत्यक्ष से बाधा आये, जैसे अग्नि ठंडी है ।

प्रत्यक्ष विनय – *Pratyakṣa Vinaya.*
Paying reverence completely to honourables.
मन, वचन व काय से गुरु आदि का विनय करना ।

प्रत्यक्ष हेतु – *Pratyakṣa Hetu.*
Direct cause related to origination of knowledge.
उपदिष्ट हेतु का एक भेद; अज्ञानादि का विनाश, ज्ञान की उत्पत्ति।

प्रत्यक्षाभास – *Pratyakṣābhāsa.*
Fallacious direct perception.
प्रत्यक्ष ज्ञान को अविशद स्वीकार करना ।

प्रत्यनीक – *Pratyanīka.*
Tendency of disrespect (related to spirituality).
श्रुत व श्रुतधारकों में अविनय रूप प्रवृत्ति या उनके प्रतिकूल होना ।

प्रत्यभिज्ञान – *Pratyabhijñāna.*
Recognition.
'वह यही है' इस प्रकार के स्मरण को प्रत्यभिज्ञान कहते हैं ।

प्रत्यय – *Pratyaya.*
Knowledge, Cause, Inter relation causal.
ज्ञान, श्रद्धा, निमित्त, कारण, हेतु। जैनागम में प्रत्यय अर्थात् आस्रव कर्मों के आने के द्वार के लिए मुख्यतः प्रयुक्त होता है।

प्रत्यय स्थान – *Pratyaya Sthāna.*
Situations causing for the *Karmic* influx or inflow.
आस्रव संबंधी प्रत्ययों के उदय आदि स्थान ।

प्रत्यवेक्षण – *Pratyavekṣaṇa.*
To confirm or ascertain about the presence of any being.
जीव हैं या नहीं इस तरह आँख से देखना ।

प्रत्याख्यान – *Pratyākhyāna.*
Resolution or determination (for not committing fault).
आगामी काल में दोष न करने की प्रतिज्ञा करना ।

प्रत्याख्यान कषाय – *Pratyākhyāna Kaṣāya.*
Obscurring passion in observing abstinent vows.
पूर्ण व्रत या संयम के पालन में बाधक कषाय, इसकी अवधि 15 दिन की होती है ।

प्रत्याख्यान चतुष्क – *Pratyākhyāna Catuṣka.*
A quartet related to passions (4 types of passions).
क्रोध, मान, माया, लोभ ।

प्रत्याख्यान धारण – *Pratyākhyāna Dhāraṇa.*
A reverential activity of Jain saints as after foodtaking etc.
कृतिकर्म; भोजन आदि का प्रत्याख्यान लेते समय सिद्ध व योग भक्ति पढ़ना ।

प्रत्याख्यान प्रवाद – *Pratyākhyāna Pravāda.*
A part of scriptural knowledge (9th *Purva*) pertaining to code of renunciation.
14 पूर्वों में 9 वां पूर्व; इसमें 84 लाख पद हैं एवं द्रव्य क्षेत्र आदि की अपेक्षा यम - नियमरूप त्याग का कथन है ।

प्रत्याख्यानावरण कर्मप्रकृति – *Pratyākhyānāvaraṇa Karma Prakṛti.*
Karmic nature obscurring positive resolution.
चारित्र मोहनीय कर्म का एक भेद। संयम को रोकने वाली कषाय, जिसके उदय से संयम नामवाली परिपूर्ण विरति को यह जीव करने में समर्थ नहीं होता है ।

प्रत्याख्यानावरण कषाय – *Pratyākhyānāvaraṇa Kaṣāya.*
Passions obscurring or causing destruction of complete right conduct.

जो कषाय सकल चारित्र का घात करे, इसके क्रोध आदि 4 भेद हैं ।

प्रत्याख्यानी भाषा – *Pratyākhyānī Bhāṣā.*
Pronunciation of renunciation with instructions, language of determination.
किसी वस्तु का परित्याग करने की सूचक भाषा-जैसे 'मैं अनछना पानी छोड़ता हूँ' आदि बोलना ।

प्रत्यावर्तित – *Pratyāvartita.*
Reverted, returned.
प्रतिवर्तित, लौटा हुआ ।

प्रत्यावली – *Pratyāvalī.*
A time unit (reg. *avali*).
आवली के ऊपर की जो दूसरी आवली है वह प्रत्यावली है ।

प्रत्यास – *Pratyāsa.*
The nearest place.
जहां समीप में रहा जाता है वह प्रत्यास कहा जाता है ।

प्रत्यासत्ति – *Pratyāsatti.*
Nearness, closeness.
घनिष्ठ संपर्क, सादृश्य, निकटता का नाम प्रत्यासत्ति है। वह द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव के भेद से चार प्रकार की होती है ।

प्रत्याहार – *Pratyāhāra.*
Mental satisfaction.
मन की प्रवृत्ति का संकोच कर लेने पर मानसिक सन्तोष होता है उसे प्रत्याहार कहते हैं ।

प्रत्युपकार – *Pratyupakāra.*
Related to returning of a favour or support.
उपकार का बदला चुकाना ।

प्रत्युपेक्षक – *Pratyupekṣaka.*
Inspection party, inspector, surveyor.
जांच करने वाला ।

प्रत्युपेक्षण – *Pratyupekṣaṇa.*
Survey, inspection, testing.
निरीक्षण करना, जांचना आदि ।

प्रत्यूषकाल – *Pratyūṣakāla.*
Daybreak, dawn period.
प्रातः का संधि काल ।

प्रत्येक पद – *Pratyeka Pada.*
Feelings simultaneously existing of one in a particular time period.
जो भाव एक जीव के एक काल में युगपत संभव हो ऐसे भाव प्रत्येक पद कहलाते हैं ।

प्रत्येक बुद्ध – *Pratyeka Buddha.*
One who is self enlightened or self attained.
स्वयं बुद्ध; वैराग्य का कारण देखकर स्वयं वैराग्य धारण करने वाले मुनि ।

प्रत्येक बुद्ध वचन – *Pratyeka Buddha Vacana.*
Preaching given by one self - enlightened saint.
प्रत्येक बुद्ध ऋषियों के द्वारा कहे गये आगम ।

प्रत्येक बुद्धि ऋद्धि – *Pratyeka Buddhi Ṛddhi.*
A type of supernatural power related to self enlightenment.
ऋद्धि; जिसके द्वारा गुरु उपदेश के बिना ही कर्मों के उपशम से सम्यग्ज्ञान और तप के विषय में प्रगति होती है ।

प्रत्येक बोधित – *Pratyeka Bodhita.*
See – *Pratyeka Buddha.*
देखें - प्रत्येक बुद्ध ।

प्रत्येक भंग – *Pratyeka Bhaṁga.*
Each part, different feelings.
जहां अलग-अलग भाव हो वह प्रत्येक भंग है ।

प्रत्येक वनस्पति काय – *Pratyeka Vanaspati Kāya.*
Beings pertaining to plant life.
प्रत्येक वनस्पति कायिक जीव द्वारा छोड़ा गया शरीर अथवा पृथक् - पृथक् वनस्पति जीव जैसे; खैर आदि वनस्पति ।

प्रत्येक शरीर नाम कर्म प्रकृति – *Pratyeka Śarīra Nāma Karma Prakṛti.*
Physique making *Karma* of individual or body.
जिसके उदय से एक शरीर में एक ही जीव जीवित रहता है।

प्रत्येक शरीर वर्गणा – *Pratyeka Śarīra Vargaṇā.*
A type of aggregates of *Karmic* molecules.
23 वर्गणाओं में एक वर्गणा; एक-एक जीव के एक-एक शरीर में उपचित (संचित) हुए कर्म-नोकर्मस्कंधरूप वर्गणा ।

प्रथमकोट – *Prathamakoṭa.*
A creation in the *Samavsharan*–assembly of Lord.
समवशरण में स्थित धूलिशाल नामक प्रथमकोट ।

प्रथम क्षण भावी – *Prathama Kṣaṇa Bhāvī.*
Rising at the first moment.
प्रथमतः उत्पन्न होने वाला ।

प्रथम सम्यक्त्व – *Prathama Samyaktva.*
First subsidential righteousness i.e. origination of the right belief for the first time.
प्रथमोपशम सम्यक्त्व ।

प्रथमानुयोग – *Prathamānuyoga.*
Biographical exposition related to Jaina-Lord & great personalities of Jaina context.
श्रुतस्कंध के 4 अनुयोगों में प्रथम अनुयोग, इसमें तीर्थंकर आदि त्रेसठ शलाकापुरुषों के चरित्र का वर्णन होता है ।

प्रथमोपशम सम्यक्त्व – *Prathamopaśama Samyaktva.*
First subsidential right belief.
अनादि मिथ्यादृष्टि जीव के मिथ्यात्व से छूटकर जो सर्वप्रथम उपशम सम्यक्त्व होता है वह प्रथमोपशम सम्यक्त्व है ।

प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन – *Prathamopaśama Samyagdarśana.*
See - *Prathamopaśama Samyaktva.*
देखें - प्रथमोपशम सम्यक्त्व ।

प्रदक्षिणा – *Pradakṣiṇā.*
Circumambulation, Salutary circling.
वन्दना करते समय गुरु, जिन और जिनग्रह की परिक्रमा करना।

प्रदक्षिणा पथ – *Pradakṣiṇā Patha.*
Circumambulatory passage.
परिक्रमा करने की वीथी या गली ।

प्रदक्षिणा वर्त – *Pradakṣiṇā Varta.*
Taking round or circumambulation.
बांई ओर से दांई ओर घूमना, श्रद्धापूर्ण अभिवादन जो इस प्रकार प्रदक्षिणा द्वारा किया जाये ।

प्रदीप्त – *Pradīpta.*
Shining, bright, glowing.
सुलगाया हुआ, प्रज्वलित, प्रकाशमान ।

प्रदेश – *Pradeśa.*
Space point, location, point as decimal place.
आकाश के एक अविभागी अंश का नाम प्रदेश है अथवा आकाश का वह अंश जिसको एक अविभागी पुद्गल परमाणु रोके ।

प्रदेश उदय – *Pradeśa Udaya.*
Manifestation of *Karmic* space points.
प्रकृति, स्थिति आदि की अपेक्षा उदय का एक भेद; कर्म प्रदेशों का उदय में आना ।

प्रदेशघात – *Pradeśaghāta.*
Destruction of *Karmas*.
कर्मों का अपकर्षण या नष्ट होना ।

प्रदेश छेदना – *Predeśa Chedanā.*
Separation of matters.
छेदना का एक भेद। ऊर्ध्व, अधः आदि प्रदेशों के द्वारा द्रव्यों का पृथक् होना ।

प्रदेशत्व – *Pradeśatva.*
Characteristic of occupancy in any matter.
द्रव्य का एक सामान्य गुण; जिस शक्ति से द्रव्य का कोई न कोई आकार बना रहता है ।

प्रदेश निर्जरा – *Pradeśa Nirjarā.*
Separation of *Karmic* molecules from soul.
कर्म परमाणुओं का आत्मा से अलग होना ।

प्रदेश परिस्पंद – *Pradeśa Parispaṁda.*
Vibration in soul spaces.
आत्म प्रदेशों में योगों के माध्यम से हलन चलन होना ।

प्रदेश बंध – *Pradeśa Baṁdha.*
The number of *Karmic* molecules or, *Karma Varganas* which attach to the soul.
बंधने वाले कर्मों की संख्या ।

प्रदेशापचय – *Pradeśāpacaya.*
Deterioration of space points.
प्रदेशों की न्यूनता या ह्रास ।

प्रदेशीपना – *Pradeśīpanā.*
Characteristic of occupancy.
प्रदेशमय होना ।

प्रदोष – *Pradoṣa.*
Illusive or maliceful mentality.
ज्ञानावरण दर्शनावरण के आस्रव का कारण एक भाव; मन में द्वेष भाव एवं ईर्ष्या भाव का होना ।

प्रद्युम्न – *Pradyumna.*
Son of Lord Krishna (who got salvation from Girnar mountain).
कृष्ण के पुत्र का नाम जो गिरनार पर्वत से मोक्ष पधारे ।

प्रद्युम्नचरित्र – *Pradyumnacaritra.*
Name of books written by (1) *Acharya* Somkirti. (2) *Acharya* Shubhachandra.
आचार्य सोमकीर्ति (ई. 1474) एवं आचार्य शुभचन्द्र (ई. 1516-1556) द्वारा रचित ग्रंथ ।

प्रद्योत – *Pradyota.*
Light, illumination.
प्रकाश ।

प्रध्वंसाभाव – *Pradhvaṁsābhāva.*
A type of lacking, absence of present into future.
4 अभावों के भेदों में एक भेद; आगामी पर्याय में वर्तमान पर्याय का अभाव प्रध्वंसाभाव है। जैसे-दही का घी में अभाव।

प्रबंधनकाल – *Prabaṁdhanakāla.*
Period of organisation (organising).
बंधते अर्थात् एकत्व को प्राप्त होते हैं जिसमें उसे प्रबन्धन कहते हैं तथा प्रबन्धन रूप जो काल है वह प्रबन्धनकाल कहलाता है।

प्रबुद्ध – *Prabuddha.*
Learned, enlightened, wise.
बुद्धिमान, विद्वान, जानकार ।

प्रबोध – *Prabodha.*
Enlightenment; pursuance, Understanding.
विशिष्ट ज्ञान ।

प्रभंकर – *Prabhaṁkara.*
Name of the 27th *Patal* (layer) or *Indrak* of *Saudharma* heaven.
सौधर्म स्वर्ग का 27 वाँ पटल व इन्द्रक ।

प्रभंकरा – *Prabhaṁkarā.*
Name of a female divinity (of *Chandra – Surya*), a large *Vapi*-like large lake (of *Nandishvardvip* - island) and a main city of *Videh Kshetra* (region).
चन्द्र-सूर्य की एक पट्टदेवी का नाम, नन्दीश्वर द्वीप की वापी एवं विदेह के वत्सकावती देश की राजधानी ।

प्रभंजन – *Prabhaṁjana.*
Name of a summit of *Manushottar* mountain and its ruling deity.
मानुषोत्तर पर्वत का एक कूट व उसका स्वामी एवं भवनवासी वायुकुमार देवों का इन्द्र ।

प्रभ – *Prabha.*
Name of the 21st *Patal* (layer) & *Indrak* of *Saudharma* heaven.
सौधर्म स्वर्ग का 21 वाँ पटल व इन्द्रक का नाम ।

प्रभा – *Prabhā.*
Lustre, Radiance, Splendour, A *Patal* (layer) of *Saudharma* heaven.
आभा; द्रव्यों का अपना विशेष सलोनापन या तेज, सौधर्म स्वर्ग का एक पटल ।

प्रभाकर भट्ट – *Prabhākara Bhaṭṭa.*
A *Digambar* Jain saint, disciple of Yogendudeva *Acharya.*
आचार्य योगेन्दुदेव के शिष्य एक दिगम्बर साधु, जिनको सम्बोधित करते हुए इन्होंने 'परमात्म प्रकाश' ग्रंथ की रचना की है ।

प्रभाचंद्र – *Prabhācaṁdra.*
Name of many *Acharyas.*
इस नाम के अनेकों आचार्य हुए हैं ।

प्रभामंडल – *Prabhāmaṁḍala.*
An auspicious emblem of God (ring of light : halo).
भगवान के आठ प्रातिहार्यों में 7वां प्रातिहार्य ।

प्रभाव – *Prabhāva.*
Efficacy, Effect.
शाप और अनुग्रह रूप शक्ति को प्रभाव कहते हैं ।

प्रभावती – *Prabhāvatī.*
Name of a city of *Vatskavati Kshetra* (region) of the east *Videha* (region), Name of the wife of Lord Munisuvratnath.
पूर्व विदेह स्थित वत्सकावती देश की मुख्य नगरी, तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ की रानी ।

प्रभावना – *Prabhāvanā.*
Glorification, Promotion (influencing pertaining to religion).
सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र रूप रत्नत्रय के प्रभाव से आत्मा को प्रकाशमान करना। ज्ञान, ध्यान, तप, दया, दान, जिन पूजा आदि के द्वारा जिनधर्म की महिमा को प्रकाशित करना ।

प्रभावना अंग – *Prabhāvanā Aṁga.*
The 8th qualitative part of Samyakdarshan (right belief).
सम्यग्दर्शन का आठवाँ अंग ।

प्रभास (स्वर्ग) – *Prabhāsa (Svarga).*
Name of a heavenly abode.
अनुदिश स्वर्ग के श्रेणीबद्ध 4 विमानों में उत्तर दिशा का विमान।

प्रभासदेव – *Prabhāsadeva.*
Name of deities (related to *Dhatki Khand* (region), *Nabhigiri* (mountain) *& Sindhu* river.
धातकी खण्ड का रक्षक व्यन्तर देव, नाभिगिरी के एक देव का नाम, सिंधु नदी के द्वार के निकटवर्ती समुद्र में स्थित देव ।

प्रभासद्वीप – *Prabhāsadvīpa.*
An island situated in *Lavanod* and *Kalod* oceans.
लवणोद व कालोद सागर में स्थित द्वीप ।

प्रभास्वर – *Prabhāsvara.*
Luminous, A name of Lord Rishabhdev given by *Saudharma Indra.*
उज्ज्वल, चमकीला, सौधर्मेन्द्र द्वारा स्तुत वृषभदेव का एक नाम ।

प्रभु – *Prabhu.*
Almighty God.
घाति कर्मों के क्षय से जिसने केवलज्ञान के द्वारा परमार्थ को जान लिया है, सफल तत्त्वों का जिसने उपदेश दिया है वह प्रभु होता है अर्थात् अरिहंत भगवान ।

प्रमत्त – *Pramatta.*
One with having passional vibrations, Lustful.
हिंसक, प्रमादी, संज्वलन कषाय के तीव्र उदय से होने वाले प्रमाद से सहित ।

प्रमत्तयोग – *Pramattayoga.*
Vibration due to passions, which agitate mind, body or speech.
कषाय सहित मन वचन काय की प्रवृत्ति ।

प्रमत्त विरत – *Pramatta Virata.*
The 6th stage of spiritual development where saints having perfect vows with passion.
छठा गुणस्थान, प्रत्याख्यानावरण कषाय के क्षयोपशम से सकल संयम रूप मुनिव्रत होने के पश्चात् संज्वलन कषाय और नोकषाय के उदय से संयम में मल उत्पन्न करने वाले प्रमाद से सहित दिगम्बर मुनियों के प्रमत्तविरत गुणस्थान होता है ।

प्रमत्त संयत – *Pramatta Saṁyata.*
One restrained with some carelessness in the sixth stage of spiritual development.
छठे गुणस्थानवर्ती मुनि; जो पुरुष सकल मूल-गुणों से और शील अर्थात् उत्तर गुणों से सहित हैं, अतएव महाव्रती होते हैं तथा व्यक्त और अव्यक्त प्रमाद से सहित होने के कारण प्रमत्त संयत कहलाते हैं ।

प्रमद – *Pramada.*
Name of the first predestined *Rudra.*
भविष्यकालीन प्रथम रूद्र ।

प्रमदा – *Pramadā.*
Lustful women, Name of a stage of drama in *Samavasharan* – assembly of Lord.
प्रमाद की बहुलता से स्त्रियों को प्रमदा कहते हैं, समवशरण की नाट्यशाला ।

प्रमाण – *Pramāṇa.*
Right knowledge.
जिसके द्वारा पदार्थ जाना जाता है। सम्यग्ज्ञान; इसके मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय, केवलज्ञान 5 भेद हैं ।

प्रमाण (अनुयोग) – *Pramāṇa (Anuyoga).*
A part of scriptural knowledge (*Purva*).
अग्रायणी पूर्व के 5 भेदों में एक भेद ।

प्रमाण (आगम) – *Pramāṇa (Āgama).*
Whole Jaina literature (preaching of *Acharyas*). शास्त्र आदि में लिखे हुए जिनवचन। सर्वज्ञ-आर्ष प्रणीत वचन या आचार्य परम्परा से प्राप्त उपदेश ही आगम प्रमाण हैं ।

प्रमाण (ज्ञान) – *Pramāṇa (Jñāna).*
Right knowledge.
सम्यग्ज्ञान ।

प्रमाण (द्रव्य, क्षेत्र, काल) – *Pramāṇa (Dravya, Kṣetra, Kāla).*
Measure related to matter, region & time.
द्रव्य क्षेत्र काल की मर्यादा ।

प्रमाणक देव – *Pramāṇaka Deva.*
A type of peripatetic deities.
एक प्रकार के व्यन्तरजातीय देव। इनकी उत्कृष्ट आयु 70,000 वर्ष है ।

प्रमाण गणना (लौकिक, लोकोत्तर) – *Pramāṇa Gaṇanā (Laukika, Lokottara).*
Mathematical measure (universal, post universal).
लौकिक और अलौकिक मान; अलौकिक गणित के मुख्य दो भेद हैं-संख्यामान और उपमामान ।

प्रमाण निर्णय – *Pramāṇa Nirṇaya.*
Name of a book.
न्याय विषयक एक ग्रंथ का नाम ।

प्रमाणनिर्माण – *Pramāṇa Nirmāṇa.*
A type of physique making *Karma* causing properly propotionate body.
नामकर्म की प्रकृति; जिसके उदय से शरीर के अंगों की रचना यथास्थान तथा यथाप्रमाण हो ।

प्रमाण परार्थ – *Pramāṇa Parārtha.*
Knowledge caused by other means.
परोपपदेश से प्राप्त ज्ञान ।

प्रमाण परीक्षा – *Pramāṇa Parīkṣā.*
A book written by *Acharya* Vidyanandi.
आचार्य विद्यानन्दि सं. 1 (ई. 775-840) कृत एक ग्रंथ ।

प्रमाण प्रमेयकलिका – *Pramāṇa Prameyakalikā.*
A book written by Narendrasen.
नरेन्द्रसेन (ई. 1730-33) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

प्रमाणमीमांसा – *Pramāṇamīmāṁsā.*
See - *Pramāṇa Parīkṣā.*
देखें - प्रमाण परीक्षा ।

प्रमाण योजन – *Pramāṇa Yojana.*
An area unit.
क्षेत्र का प्रमाण विशेष ।

प्रमाण राशि – *Pramāṇa Rāśi.*
Resulting or final quantity.
गणित में विवक्षित प्रमाण का जो फल या उत्तर प्राप्त होवें ।

प्रमाण विस्तार – *Pramāṇa Vistāra.*
A book written by *Acharya* Dharmabhushan.
आचार्य धर्मभूषण (ई.श. 14) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

प्रमाण संग्रह – *Pramāṇa Saṁgraha.*
A book written by *Acharya* Akalanka Bhatta.
आचार्य अकलंक भट्ट (ई. 620-680) कृत एक ग्रंथ ।

प्रमाणसंग्रहालंकार – *Pramāṇasaṁgrahālaṁkāra.*
Name of a commentary book.
प्रमाण संग्रह टीका विषयक एक ग्रंथ ।

प्रमाण सप्तभङ्गी – *Pramāṇa Saptabhaṅgī.*
Measure pertaining to seven combinations (*Saptbhangi*).
प्रमाण में प्रत्येक धर्म की अपेक्षा सप्तभंगी होती है; स्यात् अस्ति, स्यात् नास्ति, स्यात् अस्ति नास्ति स्यात् अवक्तव्य, स्यात् अस्ति अवक्तव्य, स्यात् नास्ति अवक्तव्य, स्यात् अस्ति नास्ति अवक्तव्य ये सप्तभंगी कहलाते हैं ।

प्रमाण स्वार्थ – *Pramāṇa Svārtha.*
Knowledge gained by self.
अनुमान प्रमाण के भेद; परोपदेश के बिना जो ज्ञान होता है, वह स्वार्थ प्रमाण है ।

प्रमाणांगुल – *Pramāṇāṁgula.*
A broad measuring unit, A measure.
उत्सेधांगुल से 500 गुना बड़ा अंगुल। इससे पर्वत, द्वीप, समुद्र आदि का माप होता है ।

प्रमाणातिरेक दोष – *Pramāṇātireka Doṣa.*
A fault of hermitage (using of excess space).
वसतिका का एक दोष। अल्पभूमि में शय्या व आसन होने पर भी अधिक भूमि का ग्रहण करना ।

प्रमाणाभास – *Pramāṇābhāsa.*
Pseudo - organ of knowledge.
मिथ्याज्ञान; इसके संशय, विपरीत, अनध्यवसाय तीन भेद हैं।

प्रमाता – *Pramātā.*
Knower or learned one in subject matters.
प्रमाणों द्वारा प्रमेय के ज्ञान को प्राप्त करने वाला चेतन पुरुष।

प्रमाद – *Pramāda.*
Laziness, Carelessness, Negligence, 15 types of certain activities leading to passionful involvement.
आलस्य, कषाय सहित अवस्था को प्रमाद कहते हैं। कषाय के तीव्र उदय से अच्छे कार्यों के करने में आदर भाव का न होना। चार विकथा, चार कषाय, पाँच इन्द्रियाँ, एक स्नेह और एक निद्रा ये 15 प्रमाद हैं ।

प्रमादचरित – *Pramādacarita.*
Causing useless activities (purposeless).
अनर्थदण्ड; बिना प्रयोजन पृथिवी, जल, अग्नि और पवन

के आरम्भ करना, वनस्पति छेदना, पर्यटन करना और दूसरों को कराना ।

प्रमाद चर्या – *Pramāda Caryā.*
Conduct with carelessness.
अनर्थदंड का एक भेद। प्रमाद पूर्वक व्यवहार आचरण करना।

प्रमाद प्रत्यय – *Pramāda Pratyaya.*
Carelessness in auspicious activities.
कर्म बंध के 5 कारणों में एक कारण; शुभ कार्यों में आलस्य करना ।

प्रमादयोग – *Pramādayoga.*
Tendency of performing careless (violenceful) activities.
हिंसा का लक्षण; कषाय सहित योगों की प्रवृत्ति ।

प्रमादाचारित्र – *Pramādācāritra.*
Conduct of negligence, work done with lust.
प्रमाद सहित आचरण, असावधानी का काम ।

प्रमादाबहुला – *Pramādābahulā.*
Lustful.
प्रमाद से भरा हुआ ।

प्रमा प्रमेय – *Pramā Prameya.*
Name of book related to judicial matters.
न्याय विषयक एक ग्रंथ ।

प्रमार्जन – *Pramārjana.*
Careful act of purification.
पिच्छी आदि कोमल उपकरणों से शरीर-भूमि आदि को जीवों के रक्षार्थ मार्जन कर लेना या झाड़ लेना ।

प्रमार्जित – *Pramārjita.*
Carefully purified place, body etc.
पिच्छी आदि कोमल उपकरण से साफ की हुई भूमि आदि ।

प्रमिति – *Pramiti.*
Authentic knowledge.
किसी प्रमाण से प्राप्त जानकारी या निश्चित ज्ञान ।

प्रमृशा – *Pramṛśā.*
A river of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region).
भरत क्षेत्र आर्यखण्ड की एक नदी ।

प्रमेय – *Prameya.*
Object to be known completely.
द्रव्य पर्याय रूप वस्तु ही प्रमेय है। प्रमाण (ज्ञान) से जो जाना जाये ।

प्रमेय उपक्रम – *Prameya Upakrama.*
A type of *Upakram* (a type of pursuance or introduction).
उपक्रम के अर्थाधिकार का एक भेद ।

प्रमेयकमलमार्तंड – *Prameyakamalamārtaṁḍa.*
A book written by *Acharya* Prabhachand.
आचार्य माणिक्यनन्दि (ई. 925-1023) कृत परीक्षामुख पर आचार्य प्रभाचन्द (ई. 950-1020) कृत एक टीका। इसकी हिन्दी टीका गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से उनकी शिष्या आर्यिका श्री जिनमती माताजी ने की है। (समय-बीसवीं सदी का उत्तरार्द्ध) ।

प्रमेयत्व – *Prameyatva.*
Something related to the knowledge of subject matter.
प्रमेय के भाव को प्रमेयत्व कहते हैं ।

प्रमेयरत्नाकर – *Prameyaratnākara.*
A book written by *Pandit* Ashadharji.
पं. आशाधर (ई. 1173-1243) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

प्रमेयरत्नालंकार – *Prameyaratnālaṁkāra.*
A book written by *Acharya* Charukirti.
आचार्य चारुकीर्ति (ई. 1544) कृत एक ग्रंथ ।

प्रमोक्षमार्ग – Pramokṣamārga.
Path leading to the bodiless state of salvation (as Lord Siddha).
अर्हंत, सिद्ध अवस्था की प्राप्ति का मार्ग है। मोक्ष-अर्हंत अवस्था और प्रमोक्ष-सिद्ध अवस्था है ।

प्रमोद – *Pramoda.*
Joy, pleasure, delight.
मुख की प्रसन्नता आदि के द्वारा भीतर की भक्ति और अनुराग का व्यक्त होना। यतियों के गुणों का विचार करके उनके गुणों में हर्ष मानना यह प्रमोद भावना का लक्षण है ।

प्रयाग – *Prayāga.*
Name of the initiation & omniscience place of Lord Rishabhdev. Its present name is Allahabad. A new place of pilgrimage 'Tirthankar Rishabhdev Tapasthali' has also constructed here on the inspiration of Ganini Shri Gyanmati Mataji.
भगवान ऋषभदेव की दीक्षा एवं केवलज्ञानकल्याणक भूमि (जहाँ भगवान ने प्रकृष्ट रूप से त्याग किया), वर्तमान इलाहाबाद (उ.प्र.)। युग के प्रथम केशलोंच, प्रथम जैनेश्वरी दीक्षा, प्रथम केवलज्ञान, प्रथम समवसरण एवं प्रथम आर्यिकादीक्षा की भूमि। पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से ई. सन् 2001 में इस भूमि पर (इलाहाबाद-बनारस हाइवे पर) 'तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली' तीर्थ का निर्माण किया गया, जिसमें धातु के वटवृक्ष के नीचे दीक्षा मुद्रा में भगवान ऋषभदेव की प्रतिमा, भगवान ऋषभदेव समवसरण, 72 जिनालय युक्त 50 फुट ऊँचा कैलाशपर्वत, भगवान ऋषभदेव कीर्तिस्तंभ, अतिथिगृह आदि रचनाएँ निर्मित की गई हैं। कैलाशपर्वत के शिखर पर 14 फुट उत्तुंग भगवान ऋषभदेव की विशाल पद्मासन प्रतिमा विराजमान है। पूज्य माताजी की प्रेरणा से तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा राजधानी दिल्ली से ई. सन् 1998 में उद्घाटित 'भगवान ऋषभदेव समवसरण श्रीविहार' 3 वर्ष तक सम्पूर्ण भारत में धर्मप्रभावना के पश्चात् तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली-प्रयाग के समवसरण मंदिर में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश द्वारा स्थापित किया गया ।

प्रयुत – *Prayuta.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण। 84 लाख प्रयुतांग प्रमाण काल ।

प्रयुतांग – *Prayutāṁga.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण विशेष ।

प्रयोक्ता – *Prayoktā.*
Agent users.
उपयोग करने वाला ।

प्रयोग – *Prayoga.*
Application (use), Effort, Experiment.
मन वचन एवं काय रूप योगों को प्रयोग शब्द से ग्रहण किया जाता है ।

प्रयोगकर्म – *Prayogakarma.*
A type of *Karma.*
कर्म का एक भेद; यह मन, वचन, काय प्रयोग कर्म के भेद से 3 प्रकार का होता है ।

प्रयोगगति – *Prayoga Gati.*
Speed of arrow, wheel etc.
एक प्रकार की गति; पुरुष के प्रयोग से होने वाली बाण, चक्र आदि की गति ।

प्रयोगज परिणाम – *Prayogaja Pariṇāma.*
Results of practical experiments (like knowledge gained from preaching etc.).
आदिमान परिणाम का एक भेद; जो परिणाम बाह्य निमित्त पर आश्रित हों। जैसे- ज्ञान, शील, भावना आदि का गुरु उपदेश के निमित्त से होना, अचेतन मिट्टी आदि का कुम्हार आदि के प्रयोग से घटरूप परिणमन आदि ।

प्रयोजन – *Prayojana.*
Purpose, object, motive, occasion.
ध्येय, लक्ष्य, उद्देश्य, अभिप्राय। किसी अर्थ को पाने या छोड़ने योग्य निश्चित करके उसके पाने या छोड़ने का उपाय करना ।

प्रयोज्यता – *Prayojyatā.*
Applicability, aptness.
प्रयोजन के वश, उपयोग में आने की योग्यता ।

प्ररूपणा – *Prarūpaṇā.*
Representation, Enunciation (related to living beings).
निरुपण; सत्, संख्या, बंध, उदय आदि की अपेक्षा जीवों का विशेष कथन ।

प्ररोहण – *Prarohaṇa.*
Ascent, growth.
आरोह, चढ़ाव ।

प्रलंब – *Pralaṁba.*
Name of a planet, All esculent tuber roots bulbous roots.
एक ग्रह का नाम, भूमि में प्रविष्ट कन्दमूल, अंकुर 'मूल प्रलम्ब' तथा अंकुर, कोमल पत्ते, फल और कठोर पत्ते' 'अग्र प्रलम्ब' कहलाते हैं ।

प्रलय – *Pralaya.*
Dissolution of the world, disaster, catastrophe.
विनाश, सृष्टि विनाश। अवसर्पिणी काल में छठे-दुखमा दुखमा काल के उनचास दिन कम इक्कीस हजार वर्षों के बीत जाने पर जंतुओं को भयदायक घोर प्रलयकाल प्रवृत्त होता है ।

प्रवचन – *Pravacana.*
Sermons, preachings, exposition, A type of peripatetic deities.
श्रुतज्ञान का अपरनाम, जिनवाणी, प्रकृष्ट वचन, पिशाच व्यंतरों का 14 वां भेद ।

प्रवचन प्रभावना – *Pravacana Prabhāvanā.*
Glorification of scriptures or sermons.
आगम के अर्थ का कीर्ति विस्तार या वृद्धि करना ।

प्रवचन भक्ति – *Pravacana Bhakti.*
Scriptural devotion.
प्रवचन में कहे हुए अर्थ का अनुष्ठान करना। 16 कारण भावनाओं में एक भावना; द्वादशांग में अनुराग रखना ।

प्रवचन मातृका – *Pravacana Mātṛkā.*
Conduct with carefulness and self control.
5 समिति और 3 गुप्ति को प्रवचन मातृका कहते हैं ।

प्रवचन वात्सल्य – *Pravacana Vātsalya.*
Affection towards co-religionists, to keep love with one another.
16 कारण भावना की एक भावना; साधर्मीजनों को देखकर स्नेह से ओतप्रोत हो जाना ।

प्रवचन सन्निकर्ष – *Pravacana Sannikarṣa.*
Shrutgyan, scriptural knowledge (with all 12 parts).
द्वादशांग श्रुतज्ञान; जिसमें प्रकर्ष रूप से वचन सन्निकृष्ट होते हैं।

प्रवचनसार – *Pravacanasāra.*
A *Prakrit* treatise written by *Acharya* Kundkund.
आचार्य कुन्दकुन्द (ई. 127-179) कृत ज्ञान, ज्ञेय व चारित्र विषयक एक प्राकृत ग्रंथ ।

प्रवचनसार टीका – *Pravacanasāra Ṭīkā.*
A commentary book on 'Pravachanasar' written by *Acharya* Amritchandra.
प्रवचनसार ग्रंथ पर 1. आचार्य अमृतचन्द्र (ई. 905-955) कृत एक संस्कृत टीका 'तत्त्वप्रदीपिका', 2. आचार्य जयसेन (ई.श. 11-12 अथवा 12-13) कृत 'तात्पर्यवृत्ति' संस्कृत टीका ।

प्रवचनार्थ – *Pravacanārtha.*
Another name of *Shrutgyan*, scriptural knowledge.
श्रुतज्ञान का पर्यायवाची नाम, जिस आगम में वचन और अर्थ ये दोनों प्रकृष्ट अर्थात् निर्दोष हैं उस आगम की प्रवचनार्थ संज्ञा है ।

प्रवचनी – *Pravacanī.*
Another name of *Shrutgyan*, scriptural knowledge.
श्रुतज्ञान का पर्यायवाची नाम, जिसमें प्रकृष्ट वचन होते हैं वह प्रवचनी है ।

प्रवचनीय – *Pravacanīya.*
Scriptural knowledge which can be preached.
प्रबन्ध पूर्वक जो वचनीय अर्थात् व्याख्येय या प्रतिपादनीय होता है ।

प्रवर्तक (साधु) – *Pravartaka (Sādhu).*
A type of Digambar Jain saints.
जो ज्ञान से अल्प है परन्तु सर्व संघ की मर्यादा योग्य आचरण का जिसको ज्ञान है उसको प्रवर्तक साधु कहते हैं ।

प्रवाद – *Pravāda.*
Discourse, Right exposition.
जिसके द्वारा इष्ट अर्थ को उत्तमता से प्रतिपादित किया जाय, उसे प्रवाद कहते हैं ।

प्रवाल – *Pravāla.*
Coral, Name of a summit situated at *Manushottar* mountain.
मूँगा, मानुषोत्तर पर्वत पर स्थित एक कूट ।

प्रवाह क्रम – *Pravāha Krama.*
Sequential flow.
धारावाहिक; प्रतिसमय होने वाले द्रव्यों के उत्पाद व्यय ।

प्रवाहमय – *Pravāhamaya.*
Flowing; fluent.
धारावाहिक, निरंतर ।

प्रविचार – *Pravicāra.*
Sexual enjoyment.
मैथुन के उपसेवन को प्रविचार कहते हैं ।

प्रविष्ट – *Praviṣṭa.*
An infraction of paying reverence, to be very near to the idol of Lord Arihant, *Acharyas* etc.
वंदना का एक अतिचार। अर्हंतादि परमेष्ठियों के अत्यंत निकट होकर वंदना करना ।

प्रवृत्त चक्र – *Pravṛtta Cakra.*
To be always engaged in Yogic activities.
योग आदि क्रियाओं में रात - दिन लगे रहना ।

प्रवृत्ति – *Pravṛtti.*
Activity, Trend, Tendency.
प्रमाण से किसी वस्तु को जानकर उसे पाने या छोड़ने की इच्छा सहित चेष्टा करना ।

प्रवृत्ति मार्ग – *Pravṛtti Mārga.*
Householders' tendency related to religious conduct.
भक्ति प्रधान धर्म; जहां व्यवहार धर्म की तरफ अधिक झुकाव हो अर्थात् गृहस्थ धर्म ।

प्रवेश – *Praveśa.*
Penetration, Entrance.
भेदन, भीतर जाना, पहुंच ।

प्रवेश द्वार – *Praveśa Dvāra.*
Approach door, vestibule.
भीतर जाने का मुख्य दरवाजा ।

प्रवेश मण्डप – *Praveśa Maṇḍapa.*
Entrance, Vestibules porch.
प्रवेश द्वार ।

प्रव्रज्या – *Pravrajyā.*
Renunciation of worldly affairs for Jaina-initiation.
सप्त परम स्थान में से एक; सम्पूर्ण परिग्रह त्याग कर 'जिनदीक्षा' ग्रहण करना ।

प्रशंसा – *Praśaṁsā.*
Commendation, Admiration.
गुणों को प्रकट करने का भाव प्रशंसा है ।

प्रशम – *Praśama.*
Spiritual calmness.
क्रोधादि कषाय की मंदता; यह सम्यग्दृष्टि का एक बाहरी चिन्ह (गुण) है ।

प्रशमाभास – *Praśamābhāsa.*
False pride of spiritual calmness.
प्रशम भाव का झूठा अहंकार करने वाले मिथ्यादृष्टि के सम्यक्त्व का सद्भाव न होने से प्रशमाभास होता है ।

प्रशस्त – *Praśasta.*
Auspicious, excellent, Commended, One having capacity to destroy *Karmas.*
शुभ, प्रशंसनीय, हितकारी, जो कर्मों को निर्दहन करने की सामर्थ्य से युक्त है वह प्रशस्त है ।

प्रशस्त गति – *Praśasta Gati.*
Meritorious destinities-Human & celestial destinities (Gatis).
उत्तमगति—मनुष्य गति एवं देवगति ।

प्रशस्त ध्यान – *Praśasta Dhyāna.*
Commendable meditation.
प्रशंसनीय ध्यान। धर्मध्यान, शुक्लध्यान जो मोक्ष के कारण हैं।

प्रशस्त निदान – *Praśasta Nidāna.*
Keen desire for liberation.
कर्मनाश व मुक्ति प्राप्ति की इच्छा ।

प्रशस्त राग – *Praśasta Rāga.*
Devotion in the prayer of Lord, Guru etc.
देव शास्त्र गुरु के प्रति भक्तिरूपी राग प्रशस्त राग है ।

प्रशस्त विहायोगति नाम कर्म प्रकृति – *Praśasta Vihāyogati Nāma Karma Prakṛti*
Physique making *Karmas* causing graceful walking style.
सुंदर चाल जिस कर्म के उदय से हो, जैसे—हंस, हाथी की चाल।

प्रशांतता क्रिया – *Praśāṁtatā Kriyā.*
An act of consecration, to have feelings of fasting etc.
दीक्षान्वय की एक क्रिया; नाना प्रकार के उपवास आदि की भावनाओं को प्राप्त होना ।

प्रशांति – *Praśāṁti.*
Tranquility, calm, A king of *Kuru* dynasty.
उत्कृष्ट शांति, तीर्थंकर शांतिनाथ के पश्चात् दो राजाओं के बाद हुआ कुरुवंशी राजा ।

प्रशांति क्रिया – *Praśāṁti Kriyā.*
An auspicious & sacred act of entrusting homely responsibilities to the son for engaging in religious observances.
गर्भान्वय की एक क्रिया; अपने पुत्र को गृहस्थ का भार सौंपकर विरक्त चित्त हो धर्म का पालन करते हुए शांत वृत्ति से रहना।

प्रश्न – *Praśna.*
Question, Desire to know something.
पदार्थ को जानने की इच्छा होना ।

प्रश्नभाषा – *Praśnabhāṣā.*
Language of questioning, Interrogation.
भाषा का एक भेद; प्रश्न पूछना ।

प्रश्नव्याकरण – *Praśnavyākaraṇa.*
A type of scriptural knowledge pertaining to answering the questions.
द्वादशांग श्रुतज्ञान का दसवां अंग; जिसमें युक्ति और नयों के द्वारा अनेक प्रश्नों का उत्तर दिया गया है ।

प्रश्नोत्तर श्रावकाचार – *Praśnottara Śrāvakācāra*
A book written by *Acharya* Sakalkirti.
आचार्य सकलकीर्ति (ई. 1406-1442) द्वारा रचित एक ग्रंथ।

प्रष्ठक – *Praṣṭhaka.*
Name of a *Patal* (layer) of *Saudharma* heaven.
सौधर्म स्वर्ग का एक पटल ।

प्रसंग – *Prasaṁga.*
Occasion, Chance, Reference.
अवसर, समय, विषय ।

प्रसाद – *Prasāda.*
Propitiatory offering or gift, boon, blessing, sacred material.
मन में निर्मल भाव लाने वाली वस्तु, अनुग्रह, कृपा, पवित्र द्रव्य।

प्रसारितबाहु तप – *Prasāritabāhu Tapa.*
A type of physical mortification, an external austerity.
कायक्लेश तप; दोनो बाहों को ऊपर करके खड़े होना ।

प्रसुप्त दशा – *Prasupta Daśā*
Dormant state, State of sound sleep.
सोया हुआ, प्रगाढ़ निद्रा की अवस्था ।

प्रसेनजित् – *Prasenajit.*
Name of the 13th *Kulkar* (ethical founder), the 16th son of Shri Krishna.
13 वें कुलकर का नाम, श्री कृष्ण का 16 वाँ पुत्र ।

प्रस्तर – *Prastara.*
Stratum, Sequential & scattered heavenly abodes, A kind of super power of producing a heavy stone for covering something.
स्वर्ग लोक के श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक विमान प्रस्तर कहलाते हैं, एक विद्या; इससे शिला उत्पन्न करके उससे किसी को ढका या दबाया जा सकता है ।

प्रस्तार – *Prastāra.*
Something related to mathematical calculation.
प्रमाद के भंग निकालने की 5 विधियों में एक विधि; संख्या निकालने के क्रम को प्रस्तार कहते हैं ।

प्रस्तार शय्या – *Prastāra Śayyā.*
Stone bed.
शयन करने के शिलापट्ट आदि ।

प्रस्ताव – *Prastāva.*
Proposal, Suggestion.
अभिमत, प्रमाण के फलरूप से जिसका ग्रहण किया जाता है ऐसा हेयोपादेय तत्त्व का निर्णय प्रस्ताव है ।

प्रस्थ – *Prastha.*
A measure for weighing.
तोल का एक प्रमाण विशेष; जिससे धान्य आदि मापे जाते हैं।

प्रहरण – *Praharaṇa*
Name of the 7th *Pratinarayana.*
7 वें प्रतिनारायण का नाम ।

प्रहरा – *Praharā.*
Name of a river of *Bharat Kshetra - Arya Khand* (region).
भरत क्षेत्र स्थित आर्यखण्ड की एक नदी ।

प्रहारसंक्रामिणी विद्या – *Prahārasaṁkrāmiṇī Vidyā.*
A type of magical power of mystic words.
एक मन्त्र विद्या। धरणेन्द्र द्वारा नमि और विनमि को प्रदत्त लोकहितकारिणी एक विद्या ।

प्रह्लाद – *Prahlāda.*
One who committed tyranny on all 700 saints (Akampanacharya etc.) with Bali.
हस्तिनापुर के राजा पद्म के बलि आदि 4 मंत्रियों में एक मंत्री इसी के साथ बलि ने अकम्पनाचार्य आदि 700 मुनियों पर उपसर्ग किया था ।

प्राक् – *Prāk.*
East direction.
पूर्व दिशा ।

प्राकाम्य ऋद्धि – *Prākāmya Ṛddhi.*
A type of supernatural power (related to special walking on the surface of earth & water).
जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु जल के समान पृथ्वी पर और पृथ्वी के समान जल पर गमन करने में समर्थ होते हैं ।

प्राकार – *Prākāra.*
Enclosing wall, Boundary.
जिनगृह आदि की रक्षा के लिए पार्श्व में बनायी गई भीतों (दीवालों) को प्राकार कहते हैं ।

प्राकृत संख्या – *Prākṛta Saṁkhyā.*
Natural numbers.
गणित की सभी पूर्ण धनात्मक संख्याएं (1,2,3, ...) ।

प्रागभाव – *Prāgabhāva.*
Prior non - existence of something.
पूर्व पर्याय में वर्तमान पर्याय का जो अभाव है उसे प्रागभाव कहते हैं। जैसे–आटे में रोटी का अभाव ।

प्राङ्गण – *Prāṅgaṇa.*
Courtyard.
आंगन, मैदान ।

प्राचीर – *Prācīra.*
Enclosure, Rampart, a parapet, the walls erected around a city or fort.
दीवार, घेरा ।

प्राच्य – *Prācya.*
East direction (to have importance).
पूर्व दिशा। प्रत्येक शुभ कार्य में प्राची दिशा की प्रधानता होती है।

प्राण – *Prāṇa.*
Bio - energy, Vitality.
जिसके द्वारा प्रत्येक जीव जीता है, ये द्रव्य और भाव प्राण के भेद से दो रूप हैं ।

प्राण असंयम – *Prāṇa Asaṁyama.*
Violence of living beings.
षट्काय जीवों की विराधना से उत्पन्न असंयम प्राण असंयम है।

प्राणघात – *Prāṇaghāta*
Killing of beings.
हिंसा; प्रमाद से युक्त होकर जीवों का घात करना ।

प्राणघातिकी हिंसा – *Prāṇaghātikī Himsā*
A type of violence, Killing.
प्रमाद योग से किसी जीव के प्राणों का घात करना ।

प्राणत – *Prāṇata.*
The 14th heaven.
कल्प स्वर्गों में 14 वां कल्प (स्वर्ग) ।

प्राणत (देव) – *Prāṇata (Deva).*
A type of heavenly deities.
कल्पवासी देवों का एक भेद ।

प्राणपीड़न – *Prāṇapīṭana.*
Violenceful activities.
हिंसा, प्रमाद योग से किसी जीव के प्राणों को पीड़ा देना ।

प्राणरक्षा – *Prāṇarakṣā.*
Life saving activities, non – violence.
अहिंसा; जीवों के प्राणों की रक्षा करना ।

प्राणवाद – *Prāṇavāda.*
11th *Purva* (part) of scriptural knowledge.
द्वादशांग श्रुतज्ञान का 11 वाँ पूर्व ।

प्राणव्यपरोपण – *Prāṇavyaparopaṇa.*
Violenceful activities.
हिंसा; जीवों के प्राणों का घात करना ।

प्राणि संयम – *Prāṇi Saṁyama.*
Vitality control, life saving of all beings.
षट् काय के जीवों की रक्षा करना ।

प्राणातिपात – *Prāṇātipāta.*
Killing, violenceful activities.
प्राणों से प्राणियों का वियोग करना। अथवा मन, वचन, काय की हिंसापूर्ण प्रवृत्ति ।

प्राणातिपात विरमणव्रत – *Prāṇātipāta Viramaṇavrata.*
A vow of non - violence.
अहिंसाव्रत; जीवों के प्राणों की रक्षा करना ।

प्राणातिपातिकी क्रिया – *Prāṇātipātikī Kriyā.*
Damaging any of the senses or vitalities of beings.
जीवों की इन्द्रिय आदि प्राणों का या एक दो आदि प्राणों का घात करना प्राणातिपातिकी क्रिया है ।

प्राणापान पर्याप्ति – *Prāṇāpāna Paryāpti.*
Breathing vitality.
छह पर्याप्तियों में एक पर्याप्ति इसे श्वासोच्छ्वास भी कहते हैं।

प्राणायाम – *Prāṇāyāma.*
Yogik respiratory control, meditation.
श्वास को अंदर खींचना कुम्भक, रोक कर रखना पूरक एवं धीरे-धीरे बाहर छोड़ना रेचक है, यें तीनों मिलकर प्राणायाम कहलाते हैं ।

प्राणावाय पूर्व – *Prāṇāvāya Pūrva.*
A part (*Purva*) of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
14 पूर्वों में से बारहवाँ पूर्व, जिसमें शरीर चिकित्सा आदि अष्टांग आयुर्वेद, भूतिकर्म, जांगुलिक कर्म (विष विद्या) और प्राणायाम के भेद प्रभेदों का वर्णन होता है ।

प्राणी – *Prāṇī.*
Living beings possessing different types of vitalities.
जीव जिसमें इन्द्रिय, बल, आयु और श्वासोच्छ्वास आदि प्राण विद्यमान रहते हैं ।

प्राणु – *Prāṇu.*
A time unit.
काल का एक प्रमाण विशेष ।

प्रातर – *Prātara.*
A country of middle *Arya Khand* (region).
मध्य आर्यखण्ड का एक देश ।

प्रातिक देव – *Prātika Deva.*
A type of peripatetic deities.
एक प्रकार का व्यंतरजातीय देव ।

प्रातिहार्य – *Prātihārya.*
Eight auspicious emblems of Lord Arhant.
अशोक वृक्ष, तीन छत्र, रत्नमय सिंहासन, दिव्यध्वनि, दुन्दुभि नाद, पुष्पवृष्टि, प्रभामण्डल, चौंसठ चमरयुक्तता ये अरिहंत भगवान के 8 प्रातिहार्य कहलाते हैं ।

प्रात्ययिकी क्रिया – *Prātyayikī Kriyā.*
Collection of household articles.
आस्रव की 25 क्रियाओं में एक क्रिया; इंद्रिय योग्य नई-नई सामग्री जुटाना ।

प्राथमिक – *Prathamika.*
Elementary; primary.
प्रारम्भिक, जो पहले उत्पन्न हुआ है ।

प्रादुर्भाव – *Prādurbhāva.*
Origination, evolution.
नई पर्याय का उत्पाद होना ।

प्रादूषिक क्रिया – *Prādūṣika Kriyā.*
Malicial activity.
राग, द्वेष, ईर्ष्या आदि से युक्त कार्य ।

प्रादोषिक काल – *Prādoṣika Kāla.*
The period of dawn & dusk.
जिसमें रात का भाग है वह प्रदोष काल है अर्थात् रात के पूर्वभाग के समीप दिन का पश्चिम भाग, वह सुबह-शाम दोनों कालों में प्रदोषकाल कहलाता है ।

प्रादोषिकी क्रिया – *Prādoṣikī Kriyā.*
Enraging activity; faulty conduct of mind, speech & body.
आस्रव की एक क्रिया; क्रोध के आवेश से अथवा दुष्ट मन-वचन-काय से होने वाली क्रिया ।

प्राधान्य पद – *Prādhānya Pada.*
A type of *Upakrama* (a type of pursuasion), Dominant name or thing.
उपक्रम का एक भेद; बहुत से पदार्थों के होने पर भी किसी एक पदार्थ की बहुलता आदि द्वारा प्राप्त हुई प्रधानता से बोले जाने वाला नाम। जैसे–आम्रवन, निम्बवन इत्यादि ।

प्राप्य कर्म – *Prāpya Karma.*
Easily attainment of object.
कर्त्ता के द्वारा बिना किसी विकार आदि के पदार्थ की प्राप्ति करना।

प्राप्यकारी इन्द्रियाँ– *Prāpyakārī Indriyaṁ.*
Senses causing cognizance with actual experience concerning the particular subject.
जो इन्द्रियां पदार्थ को स्पृष्ट और बद्ध होकर जानती हैं वह प्राप्यकारी कहलाती हैं। जैसे-स्पर्शन, रसना, घ्राण एवं श्रोत्र इन्द्रियाँ। मात्र चक्षु इन्द्रिय अप्राप्यकारी होती है ।

प्राभृत – *Prābhṛta.*
A type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
जो प्रकृष्ट अर्थात् तीर्थंकर के द्वारा आभृत अर्थात् प्रस्थापित किया गया है वह प्राभृत है। समय प्राभृत या षट् प्राभृत आदि नाम के ग्रंथ। श्रुतज्ञान के 20 भेदों में 15वाँ भेद; यह ज्ञान प्राभृत-प्राभृत समास में एक अक्षररूप श्रुतज्ञान की वृद्धि होने से होता है ।

प्राभृतप्राभृत – *Prābhṛta Prābhṛta.*
A type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
श्रुतज्ञान के 20 भेदों में 13 वां भेद, यह ज्ञान अनुयोग समास ज्ञान में एक अक्षररूप श्रुतज्ञान की वृद्धि होने से होता है ।

प्राभृतप्राभृत समास – *Prābhṛta Prābhṛta Samāsa.*
A type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
श्रुतज्ञान के 20 भेदों में 14 वां भेद, यह ज्ञान प्राभृत-प्राभृत श्रुतज्ञान में एक अक्षर के बढ़ने से होता है ।

प्राभृत समास – *Prābhṛta Samāsa.*
A type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
श्रुतज्ञान के 20 भेदों में 16 वां भेद, प्राभृत श्रुतज्ञान में एक अक्षर के बढ़ने से यह ज्ञान होता है ।

प्रामाण्य – *Prāmāṇya.*
Authenticity, authority.
प्रामाणिकता; प्रमाण का कर्म प्रामाण्य कहलाता है वह पदार्थ के निश्चय करने रूप लक्षण वाला होता है ।

प्रामाण्य भंग – *Prāmāṇya Bhaṁga.*
A book written by *Acharya* Anantkriti.
आचार्य अनन्तकीर्ति (ई.श. 8 मध्यपाद) द्वारा रचित एक ग्रंथ।

प्रायश्चित्त – *Prāyaścitta.*
Expiation, Repentance, Atonement, Penitence.
प्रतिसमय लगने वाले अंतरंग व बाह्य दोषों की निवृत्ति करके अंतर्शोधन करने के लिए गुरु के समक्ष किया गया पश्चात्ताप।

प्रायश्चित्त विधान – *Prāyaścitta Vidhāna.*
Name of a book written by *Acharya* Indranandi.
आचार्य इन्द्रनंदि कृत ग्रंथ ।

प्रायोगिकी क्रिया – *Prāyogikī Kriyā.*
Human efforted activity.
क्रिया का एक भेद; गाड़ी आदि की पुरुष प्रयत्न से होने वाली क्रिया ।

प्रायोग्य लब्धि – *Prāyogya Labdhi.*
A type of attainment (*Labdhi*) before getting *Samyakdarshan,* experimental competency or attainment.
सम्यग्दर्शन की प्राप्ति में आधारभूत 5 लब्धियों में से चतुर्थ लब्धि, सर्व कर्मों की उत्कृष्ट स्थिति और उत्कृष्ट अनुभाग को घात करके अंतःकोड़ाकोड़ी स्थिति में और द्विस्थानीय अनुभाग में स्थित कर देना ।

प्रायोग्यानुपूर्वी – *Prāyogyānupūrvī.*
Existence of soul in transmigratory motion in the same shape as in the previous left body.
आनुपूर्वी; विग्रहगति में आत्म प्रदेशों का पूर्वशरीराकार बने रहना।

प्रायोपगमन मरण – *Prāyopagamana Maraṇa.*
Faultless voluntary great & holy death.

समाधिमरण का उत्कृष्ट रूप; ऐसा समाधिमरण करना जिसमें न तो आप अपना इलाज करें न दूसरे से करावें प्रत्युत् ध्यान में लीन रहें ।

प्रारंभ क्रिया – *Prāraṁbha Kriyā.*
Continuous involvement in different activities.
आस्रव की 25 क्रियाओं में एक क्रिया; छेदन-भेदन आदि क्रियाओं में तत्पर रहना ।

प्रारब्ध – *Prārabdha.*
Fate or destiny.
भाग्य, नियति ।

प्रारब्ध देश संयमी – *Prārabdha Deśā Saṁyamī.*
Layman votary with abstinence.
जिसने श्रावक के व्रतों का अभ्यास प्रारम्भ किया है ।

प्रारब्ध योगी – *Prārabdha Yogī.*
One engrossed in meditation inabsolutely.
शुद्धात्म भावना के प्रारम्भक और सूक्ष्म सविकल्प अवस्था में स्थित पुरुष ।

प्रावचन – *Prāvacana.*
Another name of *Shrutgyan* (scriptural knowledge).
श्रुतज्ञान का अपरनाम। प्रवचन अर्थात् प्रकृष्ट शब्द समूह द्वारा होने वाला ज्ञान या द्रव्यश्रुत प्रावचन कहलाता है ।

प्रासाद – *Prāsāda.*
Palace, a palatial building.
महल, ईंटों और पत्थरों के बने हुए आवासों को प्रासाद कहते हैं।

प्रासुक – *Prāsuka.*
Sterilised, Boiled water, milk etc.
जिसमें से एकेन्द्रिय स्थावर जीव निकल गये हैं वह प्रासुक द्रव्य कहलाता है ।

प्रासुक परित्याग – *Prāsuka Parityāga.*
Preaching of right faith, right knowledge & right conduct by Jaina saints.
दया बुद्धि से साधुओं के द्वारा किये जाने वाले ज्ञान, दर्शन, चारित्र के दान का नाम प्रासुक परित्याग है ।

प्रासुक विहारी – *Prāsuka Vihārī.*
A well conducting saint (reg. prescribed rule of staying and movement).
जो साधु ग्राम में एक रात और नगर में पाँच दिन तक रहते हैं वे प्रासुक विहारी कहलाते हैं ।

प्रास्थाल – *Prāsthāla.*
A country of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region).
भरत क्षेत्र उत्तर आर्यखण्ड का एक देश ।

प्रियंगु – *Priyaṁgu.*
Name of the initiation tree of Lord Sumatinath & Lord Padmaprabha.
सुमतिनाथ एवं पद्मप्रभ भगवान के दीक्षा वृक्ष का नाम ।

प्रिय – *Priya.*
Favourite thing, Dear one, A protecting deity of *Uttardhatkikhanddvip* (island).
जो वस्तु अपने को पसंद हो, रमणीय, अनुकूल, उत्तरधातकी-खण्डद्वीप का रक्षक देव ।

प्रियकारिणी – *Priyakāriṇī.*
Mother's name of Lord Mahavira.
भगवान् महावीर की माता जो वैशाली के महाराजा चेटक की सात पुत्रियों में से सबसे बड़ी पुत्री थीं। अपरनाम—त्रिशला ।

प्रियदर्शन – *Priyadarśana.*
A type of peripatetic deities, Other name of *Sumeru* mountain, Protecting deity of *Uttardhatkikhand dvip* (island).
महोरग नामा जाति व्यन्तर देवों का एक भेद, सुमेरु पर्वत का अपरनाम, उत्तरधातकीखण्ड द्वीप का रक्षक देव ।

प्रियदर्शा – *Priyadarśā.*
A type of peripatetic deities.
महोरग जाति के व्यंतरों का 10 वां भेद ।

प्रियोद्भव क्रिया – *Priyodbhava Kriyā.*
To organise an auspicious & reverential celebration *(Pujan-Vidhan)* on the birth of a child (a duty of householder).
गृहस्थ की 53 क्रियाओं में एक क्रिया; प्रसूति होने पर जातकर्मरूप मन्त्र व पूजन आदि का बड़ा पूजन-विधान आदि करना ।

प्रीतिंकर – *Prītiṁkara.*
A king of *Kuru* dynasty, A heavenly abode of *Urdhva Graiveyak.*
कुरुवंश का एक राजा, ऊर्ध्व ग्रैवेयक का विमान ।

प्रीति – *Prīti.*
Love, affection.
वात्सल्य, प्रेम ।

प्रीति क्रिया – *Prīti Kriyā.*
An auspicious act of religious observances (to be done in 3rd month of pregnancy).
गर्भान्वय की 53 क्रियाओं में एक क्रिया; इसमें गर्भाधान के तीसरे मास में जिनेन्द्र देव की पूजा की जाती है ।

प्रेक्षण मण्डप – *Prekṣaṇa Maṇḍapa.*
Front portion of natural temples.
अकृत्रिम चैत्यालयों में मुख मंडप के आगे का मंडप ।

प्रेक्षागृह मण्डप – *Prekṣāgṛha Maṇḍapa.*
Assembly hall.
सभागृह ।

प्रेक्षा ध्यान – *Prekṣā Dhyāna.*
Perceptional meditation.
ध्यान का एक भेद; श्वास आदि को देखते हुए ध्यान करना ।

प्रेत्य भाव – *Pretya Bhāva.*
Taking rebirth.
मरकर फिर किसी शरीर में जन्म लेना ।

प्रेम – *Prema.*
Love, affection.

राग, वात्सल्य, प्यार ।

प्रेष्य प्रयोग – *Preṣya Prayoga.*
A type of violation, to do something out of limit.
देशव्रत का एक अतिचार; मर्यादा के बाहर सेवक को भेजकर काम कराना ।

प्रोक्षण विधि – *Prokṣaṇa Vidhi.*
A prescribed ritual procedure for the installation of Lord idol.
प्रतिमा की प्रतिष्ठा के समय की जाने वाली एक विधि; पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में सौभाग्यवती स्त्रियों द्वारा आकार शुद्धि की क्रिया में भगवान की प्रतिमा में मंत्रपूर्वक जो चंदन लेपन कराया जाता है, उसका नाम प्रोक्षण विधि है, इसे सम्प्रोक्षण विधि भी कहते हैं ।

प्रोषध – *Proṣadha.*
Fasting or one time eating.
अष्टमी, चतुर्दशी आदि पर्व के दिन उपवास अथवा एक बार भोजन करना ।

प्रोषध प्रतिमा – *Proṣadha Pratimā.*
Fourth model stage (among 11) of a householder, Fasting for the *Ashtami, Chaturdashi* etc. (8th & 14th day of a lunar month).
श्रावक की 11 प्रतिमा में चौथी प्रतिमा; अष्टमी, चतुर्दशी के दिन शक्ति के अनुसार प्रोषधोपवास करना। उत्कृष्ट प्रोषध प्रतिमा में सप्तमी और नवमी को एक बार भोजन और अष्टमी को उपवास होता है। मध्यम में तीनों दिन एकाशन किया जाता है तथा जघन्य में अष्टमी को एक बार भोजन होता है ।

प्रोषधोपवास – *Proṣadhopavāsa.*
Fasting (on 8th & 14th day etc. of each fortnight).
पर्व (अष्टमी, चतुर्दशी आदि) के दिनों में चारों प्रकार के आहार का त्याग करके धर्म ध्यान में दिन व्यतीत करना ।

प्रोषधोपवास प्रतिमा – *Proṣadhopavāsa Pratimā.*
See - *Proṣadha Pratimā.*
देखें - प्रोषध प्रतिमा ।

प्रोष्ठिल – *Proṣṭhila.*
Name of the 9th pre-destined *Teerthankar* (Jaina-Lord).
9वें भावि कालीन तीर्थंकर का नाम। भगवान महावीर के पूर्वभव का जीव ।

प्लक्ष – *Plakṣa.*
Name of the initiation tree of Lord Sheetalnath.
पद्मपुराण के अनुसार शीतलनाथ भगवान् के दीक्षा वृक्ष का नाम। महापुराण के अनुसार, यह वृक्ष 'बेल' का है ।

प्लक्षणकूला – *Plakṣaṇakūlā.*
Name of a summit and a female deity of *Shikhari* mountain.
शिखरी पर्वत के एक कूट तथा देवी का नाम ।

प्लुत – *Pluta.*
Words with 3 Matras (intra-syllabic vowel symbols).
तीन मात्रा वाले वर्ण प्लुत कहलाते हैं ।

फ

फ – *Pha.*
The 22nd consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का बाईसवाँ व्यंजन, इसका उच्चारण स्थान ओष्ठ है ।

फण – *Phaṇa.*
Expanded snake hood.
नाग का फैला हुआ फण; वर्तमान में पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा को मस्तक पर फैले नाग के फण से पहचाना जाता है। भगवान महावीर ने बाल्यावस्था में नाग के फण पर निर्भयतापूर्वक क्रीड़ा करने से संगमदेव द्वारा 'महावीर' नाम प्राप्त किया था।

फल – *Phala.*
Fruits, Results of *Karmas.*
खाने योग्य फल, कर्म आदि के परिणाम ।

फलकहार – *Phalakahāra.*
A kind of necklace.
एक हार : यह अर्धमाणवहार के मध्य में मणि लगाकर तैयार किया जाता है ।

फलचारण ऋद्धि – *Phalacāraṇa Ṛddhi.*
A type of super natural power of walking over the fruits without harming its insects.
जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु फलों में रहने वाले जीवों को पीड़ा पहुंचाए बिना उनके ऊपर से चलने में समर्थ होते हैं ।

फलत्याग – *Phalatyāga.*
Abandonment of some particular fruits for some particular time.
समस्त अथवा कुछ फलों का नियत समय के लिए त्याग करना।

फलदान – *Phaladāna.*
State of *Karma* causing fruition.
अपने फल के उत्पन्न करने में समर्थ कर्म अवस्था ।

फलरस – *Phalarasa.*
Fruit juice, Fruitional power of *Karmas.*
अंगूर, आम आदि के रस । कर्मों की फल देने की शक्ति ।

फलराशि – *Phalarāśi.*
Resultant quantity.
त्रैराशिक विधान में जो उत्तर या फल के रूप में राशि प्राप्त होती है ।

फलाकांक्षा – *Phalākāṁkṣā.*
Desire for getting worldly results.
अनशन आदि में इहलौकिक फल की इच्छा रखना ।

फलेच्छा – *Phalecchā.*
See - *Phalākāṁkṣā.*
देखें - फलाकांक्षा ।

फल्गुसेना – *Phalgusenā.*
Name of the last female Jaina follower of

Dushmakal.
दुषमाकाल की अंतिम श्राविका। इनका नाम 'पंगुश्री' भी उल्लिखित है ।

फालि – *Phāli.*
Accumulated matters in some particular time.
एक समय में उठाये गये समस्त द्रव्य को एक फालि कहते हैं।

फालि द्रव्य – *Phāli Dravya.*
A part of *Karmic* aggregates.
समुदाय रूप कर्म निषेकों का खण्ड ।

फालिसंक्रमण – *Phālisaṁkramaṇa.*
A type of transition.
संक्रमण का एक भेद ।

फाहियान – *Phāhiyāna.*
Name of a Chinese tourist who came to India and reside for the period of 402-405 AD.
एक चीनी यात्री जो ई. 402 में भारत आया एवं 405 तक भारत में रहा ।

फिलिप्स – *Philipsa.*
Father's name of the great king, 'Sikandar'.
यूनान देश का राजा तथा सम्राट् सिकन्दर का पिता ।

फूई – *Phūi.*
Mould, Fungus.
फफूंद (फूई या फफूंद वाला अन्न अभक्ष्य है) ।

फेनमालिनी – *Phenamālinī.*
A *Vibhanga* river situated in western *Videh* (region).
अपर विदेह स्थित एक विभंगा नदी ।

ब

ब – *Ba.*
The 23rd consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का तेईसवाँ व्यंजन, इसका उच्चारण दोनों ओठों को मिलाकर किया जाता है ।

बंग – *Baṁga.*
A country of *Bharat Kshetra* east *Arya Khand* (region), Present Bengal.
भरतक्षेत्र पूर्व आर्यखण्ड का एक देश, वर्तमान बंगाल ।

बंगाल – *Baṁgāla.*
A state of west India.
पश्चिम भारत में स्थित एक राज्य ।

बंदर – *Baṁdara.*
Monkey; significant mark of Lord Abhinandannath.
अभिनन्दननाथ भगवान का चिन्ह ।

बंदी – *Baṁdī.*
Serving deities or beings.
उत्साहवर्द्धक मंगल पाठ करने वाले चारण अथवा देव। ये तीर्थंकर माता को जगाने व प्रस्थान के समय उच्च स्वर से मंगल पाठ करते हैं ।

बंध – *Baṁdha.*
Bondage, Tying up, Union, Bond (reg. *Karmic* theory).
अहिंसा अणुव्रत का एक अतिचार (जानवरों इत्यादि को बंधन में रखना), आत्मा और कर्मों का एक क्षेत्रावगाह संबंध होना ।

बंध (कर्मबंध) – *Baṁdha (Karmabaṁdha).*
Karmic bond.
कर्मों का बँधना बन्ध है, यह 4 प्रकार का होता है; प्रकृति, स्थिति, अनुभाग, प्रदेश ।

बंध अपसरण – *Baṁdha Apasaraṇa.*
Bond reduction.
अपकर्षण; बंध का क्रम से घटना बंधापसरण है ।

बंध उत्सरण – *Baṁdha Utsaraṇa.*
Bond progression.
बंध का उत्कर्षण (बढ़ना) होना ।

बंधक – *Baṁdhaka.*
One related to the binding of *Karmas*, A surity or guarantee.
कर्मों का बंध करने वाला, ऋण के बदले में रखी जाने वाली वस्तु ।

बंधच्छेद – *Baṁdhaccheda.*
Bondage dissociation, Bond extermination.
बंध का नाश ।

बंध द्रव्य – *Baṁdha Dravya.*
Aggregates of *Karmic* molecules.
कर्म परमाणुओं की संख्या जो बंधरूप हो ।

बंधन नामकर्म प्रकृति – *Baṁdhana Nāmakarma Prakṛti.*
Physique making *Karmic* nature related to bonding.
शरीर नामकर्म के उदय से प्राप्त हुए पुद्गलों का अन्योन्य प्रदेश संश्लेष जिसके निमित्त से होता है। इसके अभाव से शरीर लकड़ियों के ढेर जैसा हो जाता है ।

बंधन बद्धत्व – *Baṁdhana Baddhatva.*
Binding of soul with *Karmas.*
अनादिकाल से जीव का कर्म बंधन से बद्ध होना ।

बंधनीय – *Baṁdhanīya.*
Karmas causing for binding.
बन्धयोग्य कर्म और नोकर्म स्कन्ध बन्धनीय कहलाते हैं ।

बंधपरिणाम – *Baṁdhapariṇāma.*
Passions etc.—causes of binding of *Karmas.*
जीव के बंध योग्य कषाय आदि परिणाम ।

बंध योग्य प्रकृति – *Baṁdha Yogya Prakṛti.*
Karmic nature causing binding.
8 कर्मों की 120 कर्म प्रकृतियां बंध योग्य कहलाती हैं ।

बंध विधान – *Baṁdha Vidhāna.*
Constitution of *Karmic* binding.
प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश के भेद से भेद को प्राप्त हुए बन्ध के भेदों को बंध विधान कहते हैं ।

बंध वेदना – *Baṁdha Vedanā.*
Pain or trouble caused due to *Karmic* binding.
कर्मों के बंध से उत्पन्न वेदना या दुःख ।

बंध समुत्पत्तिक – *Baṁdha Samutpattika.*
Meritorious places caused due to binding of *Karmas.*
जिन सत्कर्म स्थानों की उत्पत्ति बन्ध से होती है, उन्हें बन्ध समुत्पत्तिक कहते हैं ।

बंध स्थान – *Baṁdha Sthāna.*
The place caused by binding of *Karmas.*
बंध से जो स्थान निर्मित होता है बन्ध स्थान कहलाता है ।

बंधस्पर्श – *Baṁdhasparśa.*
Body formation caused due to *Karmic* binding.
निक्षेप रूप स्पर्श का एक भेद; औदारिक, वैक्रियक, आहारक, तैजस और कार्मण शरीर बंध स्पर्श है ।

बंधस्वामित्व – *Baṁdhasvāmitva.*
Name of a book.
कर्म सिद्धान्त विषयक एक ग्रंथ ।

बंधहेतु – *Baṁdhahetu.*
Causes (different types of nature) of binding of *Karmas.*
मिथ्यादर्शन, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग ये समस्त बन्ध हेतु अर्थात् बन्ध के कारण हैं ।

बंधापसरण – *Baṁdhāpasaraṇa.*
See - *Baṁdha Apasaraṇa.*
देखें - बंध अपसरण ।

बंधाभाव गति – *Baṁdhābhāva Gati.*
A type of motion.
एरण्डबीज आदि की बंध के अभाव से होने वाली गति ।

बंधावली – *Baṁdhāvalī.*
Non fruitional period of *Karmas* after their binding.
कर्म बंध होने के बाद आवली मात्र काल-उदय, उदीरणादि रूप न होना, यही आवलीकाल बंधावली है। इसे आबाधावली—अचलावली भी कहते हैं ।

बंधु – *Baṁdhu.*
Relative or attached one.
भाई इत्यादि; सांसारिक बंधनों के निमित्तभूत व्यक्ति, ये सुख-दुख दोनों के कारण होते हैं ।

बंधोत्सरण – *Baṁdhotsaraṇa.*
Bond progression.
उत्कर्षण; स्थिति बंध को बढ़ाकर एक एक अन्तर्मुहूर्त तक समान बंध करना ।

बकरा – *Bakarā.*
Billy Goat, the significant symbol of Lord Kunthunath & a dream-mark of Bharat Chakravarti (an emperor).
कुंथुनाथ भगवान का चिन्ह, भरत चक्रवर्ती के 16 स्वप्नों में एक स्वप्न; शुष्क पत्ते खाने वाले बकरों का समूह (जिसका फल आगामी काल में दुराचारी मनुष्यों की उत्पत्ति था) ।

बकुल – *Bakula.*
Name of the initiation & ommiscience tree of Lord Naminath.
नमिनाथ भगवान के दीक्षा एवं केवलज्ञान वृक्ष का नाम (मौलसिरी)।

बगुला – *Bagulā.*
A heron, A type of listener (reg. deceptive nature).
एक पक्षी, श्रोता का एक भेद; बगुला के समान बाहर से भद्र एवं अंतरंग से दुष्ट होना ।

बघेरवाल – *Bagheravāla.*
Name of a Jaina caste.
जैनों की 84 जातियों में से एक जाति का नाम ।

बड़ – *Baṛa.*
The banyan tree.
एक पेड़ का नाम जिसके फल अभक्ष्य कहे गये हैं ।

बड़वानल – *Baṛavānala.*
The ocean-fire.
समुद्र में लगी आग ।

बदला – *Badalā.*
Revenge or returning of a favour.

अपकार या उपकार करने वाले के प्रति की जाने वाली प्रतिक्रिया।

बद्ध – *Baddha.*
Embodied, Restricted, bounded.
बंधा हुआ, मोहनीय कर्म से आवृत जीव को बद्ध कहते हैं ।

बद्धायुष्क – *Baddhāyuṣka.*
One who has bound the age for the next birth.
जिसको परलोक संबंधी आयु बंध गई हो ।

बद्ध्यमान आयु – *Baddhyamāna Āyu.*
Age that has been bound for the next birth.
आगामी जिस आयु का बन्ध किया हो वह बद्ध्यमान आयु कहलाती है ।

बध – *Badha.*
Act of killing.
किसी प्राणी के प्राणों का घात करना बध (वध) कहलाता है।

बध्य घातक भाव विरोध – *Badhya Ghātaka Bhāva Virodha.*
Ruinous controversial relation like fire-water, strong-weak etc.
विरोध का एक भेद, यह सांप - नेवला या अग्नि - जल आदि में होता है। दो विद्यमान पदार्थों के संयोग होने पर बलवान द्वारा निर्बल को बाधित करना। अग्नि से असंयुक्त (भिन्न) जल अग्नि को नहीं बुझा सकता है ।

बध्यमान कर्म – *Badhyamāna Karma.*
A *Karmic* aggregate bound with delusions.
मिथ्यात्वादि प्रत्ययों द्वारा कर्म रूप प्राप्त होने वाला कार्मण स्कंध बध्यमान कहलाता है ।

बनारस – *Banārasa.*
A city; the birth place of Lord Suparshvanath & Parshvanath.
7वें तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ एवं 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ की जन्म नगरी का नाम। यहाँ उनके क्रमशः 4 व 3 कल्याणक हुए हैं।

बनारसीदास – *Banārasīdāsa.*
Name of a great *Pandit*, who wrote 'Natak` Samaysar' etc.
एक महान पण्डित जिन्होंने 'नाटक समयसार', 'नाममाला', 'कर्म प्रकृति विधान', 'बनारसीविलास' आदि कई ग्रंथों की रचना की। समय- ई. 1587- 1644 ।

बन्दनवार – *Bandanavāra.*
Auspicious hangings (of wreath etc.) hung at the entrance door of temple.
तोरण, वन्दनमाला जो मंदिर के द्वार पर लटकायी जाती है ।

बन्ध – *Bandha.*
Binding of *Karmic* aggregates with soul.
आत्मा के साथ कार्माण वर्गणाओं का एकमेक होना बंध कहलाता है। इसके 4 भेद हैं-प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश ।

बन्ध (पुण्य-पाप) – *Bandha (Puṇya – Pāpa).*
Binding of *Karmas* – meritorious & demeritorious.
पुण्य एवं पाप कर्मों का बंध होना ।

बन्ध व्युच्छित्ति – *Bandha Vyucchitti.*
Bond extermination.
कर्म बंध का नाश होना ।

बन्ध सान्त – *Bandha Sānta.*
Binding of *Karmas* with end.
जिन कर्म प्रकृतियों का बंधना आगे के लिए रुक गया है ।

बप्पदेव – *Bappadeva.*
An *Acharya* who wrote many famous commentary books.
आचार्य शुभनन्दि व रविनन्दि के शिष्य जिन्होंने षट्खण्डागम के प्रथम पाँच खण्डों पर 'व्याख्या प्रज्ञप्ति' तथा कषाय पाहुड़ पर 'उच्चारणा' नामक टीका लिखी। इस टीका के दर्शन करके श्री वीरसेन आचार्य ने 'धवला' नामक टीका रची। समय-ई.श.1।

बप्रिला – *Baprilā.*
Mother's name of Lord Naminath.
नमिनाथ भगवान की माता का नाम। अपरनाम-वप्पिला या वर्मिला ।

बर्हिध्वज – *Barhidhvaja.*
A kind of flags having mark of peacock.
मयूराकृतियों से चिन्हित ध्वजाएं ।

बल – *Bala.*
Strength (related to mind, speech & body), Name of chief disciples of Lord Rishabhdeva & Lord Suparshvanath, Name of the 9th *Baldeva.*
मन, वचन, काय की शक्ति, ऋषभदेव भगवान एवं सुपार्श्वनाथ भगवान के गणधरों का नाम, 9वें बलदेव का नाम ।

बलऋद्धि – *Balaṛddhi.*
A type of supernatural power related to strength.
एक ऋद्धि जो मन, वचन व काय के भेद से तीन प्रकार की होती है। परीषहों के सहने में बलप्रदायिनी ऋद्धि। बाहुबली भगवान ने यह ऋद्धि अपने तपोबल से प्राप्त की थी ।

बलदत्त – *Baladatta.*
Name of the chief disciple of Lord Suparshvanath.
सुपार्श्वनाथ भगवान के मुख्य गणधर का नाम (अपरनाम-बल, बलिदत्त, बलि) ।

बलदेव – *Baladeva.*
A type of great personages.
बलभद्र; नारायण के बड़े भाई, ये संख्या में 9 होते हैं एवं स्वर्ग या मोक्ष जाते हैं ।

बल प्राण – *Bala Prāṇa.*
Life vitalities.
10 प्राणों में 3 प्राण - मनबल, वचनबल, कायबल ।

बलभद्र – *Balabhadra.*
Name of a main summit and its ruling deity situated in *Nandan* forest of *Sumeru* mountain, Name of the 6th *Patal* (layer) & *Indrak* of *Sanatkumar* heaven, Another name of Manibhadra, The elder brother of *Narayana* is called *Balbhadra.*
सुमेरू संबंधी नन्दन वन में स्थित एक प्रधान कूट व उसका स्वामी देव, सनत्कुमार स्वर्ग का 6ठां पटल व इन्द्रक,नारायण के बड़े भाई को बलभद्र कहते हैं ।

बलमद – *Balamada.*
Pride of possessing strength.
8 मदों में एक मद; मैं सहस्रभट, लक्षभट, कोटिभट हूँ इस तरह का अहंकार होना ।

बलरिपु – *Balaripu.*
Indra (celestial deity).
इन्द्र का अपरनाम ।

बलवत्ता – *Balavattā.*
Strength, power, potency.
बलवानपना; कर्म की प्रबलता आदि ।

बलवान् – *Balavān*
Powerful, strong.
शक्तिशाली, सामर्थ्यवान; कर्म को भी बलवान् संज्ञा है ।

बलहद्दचरिउ – *Balahaddacariu.*
Name of a book.
बलभद्र चरित्र विषयक एक ग्रंथ ।

बला (देवी) – *Balā (Devī).*
Name of female deities of *Gajadant* summit, of *Padma* lake & of spatial *Indras.*
गजदंत कूट, पद्मह्रद एवं वैमानिक इन्द्रों की देवी का नाम ।

बलाकामरण – *Balākāmaraṇa.*
Death of a saint escaping from religious observances.
मरण का एक प्रकार; कृतिकर्म, व्रत, धर्मध्यान, विनय आदि कार्यों से दूर भागने वाले मुनि का मरण इसे पलायमरण भी कहते हैं ।

बलात्कार गण – *Balātkāra Gaṇa.*
A branch of Jain *Acharyas* .
जैनाचार्यों की शाखा; कुंदकुंद आचार्य के समय से प्रचलित। जैसा कि प्रशस्ति आदि में लिखित रहता है-कुन्दकुन्दाम्नाये सरस्वती गच्छे बलात्कार गणे.....।

बलाधानहेतु – *Balādhānahetu.*
Karmas causing bliss & pain.
शक्ति सम्पन्न कारण; सुख-दुख की उत्पत्ति में कर्म बलाधान हेतु हैं ।

बलिदत्त – *Balidatta.*
Name of the chief disciple of Lord Suparshvanath.
सुपार्श्वनाथ भगवान के मुख्य गणधर का नाम । (अपरनाम-बल, बलि, बलदत्त) ।

बहिरंग धर्मध्यान – *Bahiraṁga Dharmadhyāna.*
Euological devotion for the Lord Arihant.
पंच परमेष्ठी की भक्ति आदि तथा उनके अनुकूल शुभानुष्ठान अर्थात् पूजा, दान, विनय आदि करना ।

बहिरंग शुद्धि – *Bahiraṁga Śuddhi.*
External purity (reg. body & speech).
शरीर और वचनों से दोष मुक्त होना ।

बहिरात्मा – *Bahirātmā.*
Follower of materialism or worldly enjoyments.
मिथ्यादर्शन से मोहित जीव जो आत्मा के ज्ञान, ध्यान से विमुख रहकर इन्द्रियों के सुख को भोगता है ।

बहिर्चित्प्रकाश – *Bahircitprakāśa.*
External knowledge.
बाह्य अर्थ का ज्ञान होना ।

बहिर्मुखी – *Bahirmukhī.*
Extroverted one.
आत्मा से हटकर बाह्य पदार्थों की ओर जिसकी दृष्टि हो ।

बहिर्यान क्रिया – *Bahiryāna Kriyā.*
A type of auspicious activity, presenting some articles on the birth celebration of a newly born child.
गर्भान्वय की एक क्रिया; जन्म के 3/4 महीने पश्चात् बालक को प्रसूतिगृह से बाहर लाना एवं यथाशक्ति कुछ भेंट आदि देना।

बहिस्तत्त्व – *Bahistattva.*
The external element.
तत्त्व का एक भेद; तत्त्व बहिस्तत्त्व और अन्तस्तत्त्वरूप परमात्म तत्त्व ऐसे भेदों वाले होते हैं ।

बहु – *Bahu.*
A type of sensory knowledge (knowing many things at a time).
मतिज्ञान का एक भेद। बहुत सी वस्तुओं को एक साथ जान लेना ।

बहु आरम्भ – *Bahu Ārambha.*
Unlimited household activities.
नरक आयु के आस्रव का कारण; मर्यादा से अधिक अन्यायपूर्वक व्यापारादि करना ।

बहुजन आलोचना – *Bahujana Ālocanā.*
Criticism of faults in a group by saints.
पाक्षिक, चातुर्मासिक एवं वार्षिक दोषों की सब यति समुदाय द्वारा मिलकर आलोचना करना ।

बहुजन पृच्छा आलोचना – *Bahujana Pṛcchā Ālocanā.*
Disbelieving on the repentance given by an *Acharya* (a fault).
आलोचना का एक दोष; आचार्य महाराज द्वारा दिये गये प्रायश्चित्त में अश्रद्धान करके वह योग्य है या अयोग्य ऐसा अन्य किसी से पूछना ।

बहुप्रदेशी – *Bahupradeśī.*
Something multi space pointed.
काय; जो बहुप्रदेशी होता है अर्थात् 6 द्रव्यों में 5 द्रव्य (जीव,

पुद्गल, धर्म, अधर्म और आकाश) बहुप्रदेशी होने से अस्तिकाय हैं ।

बहुफणी – *Bahuphaṇī.*
Multi-headed.
बहुत सारे फण सहित। जैसे-शत या सहस्रफण वाले पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमाएं ।

बहुमान – *Bahumāna.*
Paying much respect or reverence (to scriptural study etc.).
सम्मान, सम्यग्ज्ञान के 8 अंगों में एक अंग, विनय; पवित्रता से हाथ जोड़कर, मन को एकाग्र करके बड़े आदर से धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करना ।

बहुरूपिणी – *Bahurūpiṇī.*
Name of the female demigod of Lord Naminath, Super power of transforming into multiforms.
तिलोयपण्णत्ति के अनुसार भगवान् नमिनाथ की यक्षिणी का नाम (इनका नाम 'चामुण्डी देवी' भी मिलता है), अनेक रूप बनाने की एक शक्तिशाली विद्या जो रावण को प्राप्त थी ।

बहुल – *Bahula.*
Name of an earth.
अधोलोक की प्रथम रत्नप्रभा पृथ्वी के प्रथम 'खरभाग' की 14वीं पृथ्वी (अपरनाम-बकुल) ।

बहुविध – *Bahuvidha.*
A type of sensory knowledge pertaining to many objects.
मतिज्ञान का एक भेद; बहुत प्रकार के अलग-अलग पदार्थों का ज्ञान होना ।

बहुविध मतिज्ञानावरण – *Bahuvidha Matijñānāvaraṇa.*
An obscurring *Karma* of sensory knowledge.
बहुविध मतिज्ञान पर आवरण करने वाला कर्म ।

बहुविविधता – *Bahuvividhatā.*
Multitude.
अनेक प्रकार का ।

बहुशिलापटल – *Bahuśilāpaṭala.*
Name of a *Patal* (layer) of *Ratnaprabha* earth.
रत्नप्रभा पृथिवी के खरभाग का अंतिम पटल ।

बहुश्रुत – *Bahuśruta.*
Scripture - proficient, Preceptor.
जो मुनि बारह अंगों के पारगामी होते हैं ।

बहुश्रुत भक्ति – *Bahuśruta Bhakti.*
Devotion for the scripture-proficients.
16 कारण भावना में एक भावना; उपाध्याय परमेष्ठी की भक्ति करना ।

बांस – *Bāṁsa.*
Bamboo tree; name of the initiation & omniscient tree of Lord Neminath.
नेमिनाथ भगवान के दीक्षा एवं केवलज्ञान वृक्ष का नाम ।

बाण – *Bāṇa.*
Arrow, Depth of an arch, Name of a *Vidydhar* of the *Vijayardha* mountain.
तीर, चाप की गहराई - जिसे निकालने की विधि { (धनुष पृष्ठ^2- जीवा^{2}) +6) }$^{1/2}$ है, विजयार्ध पर्वत की उत्तर श्रेणी का एक विद्याधर ।

बाणा – *Bāṇā.*
A river of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region).
भरतक्षेत्र में स्थित आर्यखण्ड की एक नदी ।

बादर – *Bādara.*
Gross, A type of *Karma.*
स्थूल, स्कन्ध, एक प्रकार का नाम कर्म ।

बादर आलोचना – *Bādara Ālocanā.*
Gross criticism with hiding small faults.
आलोचना के 10 अतिचारों में एक; व्रतों के स्थूल अतिचारों की आलोचना करके सूक्ष्म अतिचारों को छिपा लेना ।

बादर कषाय – *Bādara Kaṣāya.*
Gross passion.
स्थूल कषायधारी छठवें से नवमें गुणस्थान तक के साधु ।

बादर कायिक जीव – *Bādara Kāyika Jīva.*
Gross-bodied beings.
एकेन्द्रिय जीवों का एक भेद; जो स्वयं दूसरों से रुकता है तथा दूसरों को रोकता है ।

बादरकृष्टि – *Bādarakṛṣṭi.*
Gradual destruction of gross passion.
9वें गुणस्थान में संज्वलन क्रोध, मान, माया, लोभ का अनुभाग घटाकर स्थूल खण्ड करना ।

बादर क्षेत्रफल – *Bādara Kṣetraphala.*
Gross area.
बादर परिधि × (व्यास ÷4) अर्थात् πr^2 ।

बादर दोष – *Bādara Doṣa.*
A fault of food related to Jaina saint.
साधु संबंधी आहार के एक दोष 'प्राभृत' का उपभेद; दिन, महीना आदि को बदलकर आहार दान देना ।

बादर नामकर्म प्रकृति – *Bādara Nāma Karma Prakṛti.*
A physique making *Karma* causing gross body.
जिस कर्म के उदय से जीव बादर काय में उत्पन्न होता है ।

बादर निगोद – *Bādara Nigoda.*
A type of *Nigod*-beings (one sensed).
एकेन्द्रिय निगोदिया जीव जिनका शरीर किसी आधार से हो ।

बादर - बादर – *Bādara - Bādara.*
Solid, Gross - substances, A type of inadhesive materials.
स्कंधों के 6 भेदों में एक भेद; स्थूल स्थूल; वे पुद्गल स्कंध जो दो टुकड़े किये जाने पर स्वयं न मिलें जैसे—कागज, काष्ठ आदि ।

बादर युग्मराशि – *Bādara Yugmarāśi.*
Such a quantity, on dividing to which by 4, 2 will be remainder.
वह राशि जिसको चार से अवहृत (भाग) करने पर दो रूप शेष रहता है ।

बादर वनस्पति – *Bādara Vanaspati.*
Needful plants for micro *Nigod* - beings.
सूक्ष्म निगोदिया जीवों के लिए आधारभूत वनस्पति ।

बादर सांपराय – *Bādara Sāṁparāya.*
Gross passions.
स्थूल कषायों को बादर सांपराय कहते हैं। अनिवृत्तिकरण गुणस्थान का अपरनाम ।

बादर सांपरायिक बंधक – *Bādara Sāṁparāyika Baṁdhaka.*
A type of Karmic binder.
निक्षेप की अपेक्षा बंधक का एक भेद ।

बादर सूक्ष्म – *Bādara Sūkṣma.*
Gross fine bodies like shadow, sunlight etc. which can be seen but can not be caught.
स्कंध के 6 भेदों में एक भेद; जो स्कंध आँखों से तो देखे जाते हैं किंतु जिनका ग्रहण शक्य नहीं है। जैसे-छाया, धूप, चाँदनी आदि ।

बादरायण – *Bādarāyaṇa.*
A follower of the philosophy of ignorance.
एक अज्ञानवादी थे। ई.-400 में ये वेदान्त के सर्व प्रधान ब्रह्मसूत्रों के कर्ता हुए हैं ।

बादाल – *Bādāla.*
A large mathematical quantity (4294967296).
(पणट्ठी)^2 अर्थात् (65536)^2 = 4294967296 ।

बाधक – *Bādhaka.*
Obstructive, hindering, restrictive.
जो रुकावट का कारण हो जैसे, मिथ्यात्व कर्म सम्यक्त्व का बाधक है ।

बाधा – *Bādhā.*
Obstacle, Restriction, Difficulty.
इष्ट पदार्थों की उपलब्धि में अंतराय ।

बाधारहित – *Bādhārahita.*
Obstacle free, free from hinderances.
सुख; दुःख तकलीफ आदि का न होना। रुकावट से रहित होना।

बाधित – *Bādhita.*
Restricted, obstructed.
बाधा से सहित होना, एक हेत्वाभास; जिस हेतु के साध्य में दूसरे प्रमाण प्रत्यक्षादि से बाधा आवे ।

बानर – *Bānara.*
A monkey, an ape (an illustration of one of the 16 dreams of Bharat Chakravarti).
भरत चक्रवर्ती के 16 स्वप्नों में एक स्वप्न; हाथी के ऊपर बैठे बानर जिसका फल है क्षत्रिय वंश नष्ट हो जायेगा और शूद्र लोग राज्य करेंगे ।

बारस अणुवेक्खा – *Bārasa Aṇuvekkhā.*
A book written by *Acharya* Kund-Kund.
आचार्य कुन्दकुन्द (ई. 127-179) कृत वैराग्य विषयक एक ग्रंथ ।

बारह – *Bāraha.*
Twelve (12 part of scriptural knowledge etc.)
12; 12 अंग रूप श्रुतज्ञान, 12 अनुप्रेक्षा आदि ।

बारह तप व्रत – *Bāraha Tapa Vrata.*
A particular type of vow (fasting).
शुक्ल पक्ष में विशेष विधि के साथ किया जाने वाला उपवास। ये 144 दिन में पूर्ण किया जाता है। इसकी विशेष विधि व्रत विधान संग्रह के पृ. 115 पर एवं किशनसिंह क्रियाकोश में देखें ।

बाल – *Bāla.*
Child, Immatured, Ignorant one (wrong believer).
मिथ्या दृष्टि आदि को अज्ञानी अथवा बाल कहते हैं ।

बालकन्या – *Bālakanyā.*
An innocent or immatured girl.
एक सचित्त लौकिक मंगल; रागद्वेष रहित सरल चित्त बालिका।

बालक्रिया – *Bālakriyā.*
Activities done by wrong believers.
मिथ्यादृष्टि अज्ञानी जीवों द्वारा की जाने वाली आत्मशून्य क्रिया।

बालचंद्र – *Bālacaṁdra .*
Name of some Jaina saints.
मुनि; समयसार, प्रवचनसार, पंचास्तिकाय, तत्त्वार्थसूत्र व परमात्म-प्रकाश के कन्नड़ टीकाकार। समय—ई. श. 13 पूर्व। इस नाम से भावत्रिभंगी तथा द्रव्य संग्रह की टीका के कर्ता (ई. 1273-1311) आदि अन्य दिगम्बर मुनि भी हुए हैं ।

बालचरण – *Bālacaraṇa.*
A title for one having wrong conduct.
मिथ्यादृष्टि का चारित्र; आत्म स्वभाव से विपरीत बहुत प्रकार के चारित्र का पालन करना बालचरण है ।

बालचारित्र – *Bālacāritra.*
Conduct of a wrong believer..
आत्म स्वभाव से विपरीत बहुत प्रकार के चारित्र को आचरना ।

बालतप – *Bālatapa.*
Childish austerity or penance practiced by a wrong believer.
मिथ्यादृष्टि अज्ञानी जीव के द्वारा किया जाने वाला आत्मज्ञान शून्य तप ।

बालपंडितमरण – *Bālapaṁḍitamaraṇa.*
Death of a well conducting householder.
सम्यग्दृष्टि देशव्रती श्रावक का मरण ।

बाल बाल मरण – *Bāla Bāla Maraṇa.*
Death of a wrong believer one.
मिथ्यादृष्टि अज्ञानी जीव का मरण ।

बाल ब्रह्मचारी – *Bāla Brahmacārī.*
A celibate from childhood.
बालपने से ही ब्रह्मचर्य व्रत को पालने वाला ।

बालमरण – *Bālamaraṇa.*
Death of partialy abstained right faithed one.
अविरत सम्यग्दृष्टि जीव का मरण ।

बालयति – *Bālayati.*
A celibate saint from childhood.
अविवाहित रहकर जो कुमार अवस्था में ही दीक्षा धारण कर लेते हैं, ऐसे मुनि। चौबीस तीर्थंकरों में से पाँच तीर्थंकर (वासुपूज्य, मल्लिनाथ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ व महावीर स्वामी) बालयति हुए हैं ।

बालश्रुत – *Bālaśruta.*
Reading of wrong scriptures.
आत्म स्वभाव से विपरीत बहुत प्रकार के शास्त्रों का पढ़ना ।

बालाग्र – *Bālāgra.*
An area unit.
क्षेत्र का प्रमाण विशेष। अपरनाम केशाग्र ।

बालाचार्य – *Bālācārya.*
A designation of a Jaina saint (to whom the responsibility of saint group is entrusted).
संघाधिपति आचार्य ने जिस शिष्य को अपना पद सौंपा हो और आचार्य के समान जिसका गुणसमुदाय हो, वे संघाधिपति आचार्य की समाधि होने से पूर्व तक बालाचार्य कहलाते हैं ।

बालिश्त – *Bāliśta.*
An area unit.
क्षेत्र का प्रमाण विशेष। अपरनाम वितस्ति ।

बाली – *Bālī.*
Name of a warrior ultimately who got salvation.
किष्किन्धपुर के राजा सूर्यरज का पुत्र, जिसने राम व रावण युद्ध से विरक्त हो दीक्षा धारण की एवं अन्त में निर्वाण प्राप्त किया ।

बालुक – *Bāluka.*
Name of heavenly space vehicle of *Saudharma Indra.*
सौधर्म इन्द्र के यान विमान का नाम ।

बालुकाप्रभा – *Bālukāprabhā.*
Name of the 3rd hellish land.
तृतीय नरक भूमि, अपरनाम मेघा है यह 28000 योजन मोटी है ।

बासी भोजन – *Bāsī Bhojana.*
Stale food.
एक दिन पहले का बना हुआ भोजन ।

बाहु – *Bāhu.*
Name of the 3rd *Tirthankar* situated in *Videh Kshetra* (region).
विदेह क्षेत्र में स्थित तीसरे तीर्थंकर का नाम ।

बाहुतप – *Bāhutapa.*
See - *Prasārita Bāhu Tapa.*
देखें - प्रसारित बाहु तप ।

बाहुबलिचरिउ – *Bāhubalicariu.*
A book written by poet Dhanpala.
कवि धनपाल (ई. सन् 1397) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

बाहुबली – *Bāhubalī.*
The son of the 1st Jaina Lord Rishabhdev, whose idol was installed by Chamundrai in the year 981 in Shravanbelgol (Karnatak) .
भगवान ऋषभदेव-सुनंदा के पुत्र, सुंदरी के भाई जो सुंदरता में इस युग के प्रथम 'कामदेव' थे। कठिन तपश्चरण कर कैलाशपर्वत से मोक्ष गये। इनकी ऊँचाई सवा पाँच सौ धनुष (2100 हाथ) की थी। इनकी 57 फीट ऊँची प्रतिमा श्रवणबेलगोल (कर्नाटक) में विराजमान है जिसकी स्थापना सन् 981 में महामात्य चामुण्डराय के द्वारा की गई थी ।

बाहुबली (कवि) – *Bāhubalī (Kavi).*
A Kannad poet, the writer of 'Nagkumar Charitra'.
नागकुमार चरित्र के रचयिता एक कन्नड़ कवि (ई. सन् 1500)।

बाहुबली चरित्र – *Bāhubalī Caritra.*
A poetic composition composed by Ganini Shri Gyanmati Mataji on the life of Lord Bahubali.
सन् 1965 में गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा श्रवणबेलगोला में भगवान बाहुबली के चरण सानिध्य में रचित 101 पद्य में एक अलंकारिक हिन्दी काव्य रचना ।

बाहुबलीसागर – Bāhubalīsāgara.
Name of a saint, the disciple of Acharya Shri Deshbhushan Maharaj.
आचार्यश्री देशभूषण महाराज के एक प्रसिद्ध शिष्य (ई.श. 20-21) । इनकी प्रेरणा से हरियाणा प्रांत में सिद्धांत तीर्थ का निर्माण हुआ है ।

बाहुयुद्ध – *Bāhuyuddha.*
Combat, a non-violenceful fighting with the strength of arms between two person.
दो व्यक्तियों के बीच भुजाओं से होने वाला युद्ध । यह अहिंसक युद्ध युग की आदि में सबसे पहले भगवान ऋषभदेव के पुत्र भरत-बाहुबली के बीच में हुआ था ।

बाहुल्य – *Bāhulya.*
Domination, Abundance.
आधिक्य, अधिकता ।

बाह्य – *Bāhya.*
External, Extrinsic.
बाहरी ।

बाह्य अंचल – *Bāhya Aṁcala.*
Out skirts.
बाहरी क्षेत्र ।

बाह्य अनर्थदंड – *Bāhya Anarthadaṁḍa.*
To abandon huntings etc.
शिकार खेलना आदि का त्याग करना ।

बाह्य उपधि – *Bāhya Upadhi.*
Alien - belonging (material articles).
बाह्य परिग्रह; आत्मा से एकत्व को नहीं प्राप्त हुए ऐसे क्षेत्र, वास्तु, धन, धान्य आदि बाह्य उपधि हैं ।

बाह्य कक्ष – *Bāhya Kakṣa.*
Exterior cells.
आंगन, बरामदा आदि ।

बाह्य करण – *Bāhya Karaṇa.*
External cause causing certainty for the completion of any work.
कार्य सिद्धि में साधकतम बाह्य निमित्त जिसके होने पर कार्य की सिद्धि निश्चित होती है ।

बाह्य कारण – *Bāhya Kāraṇa.*
External cause.
कार्य सिद्धि में निमित्तभूत बाहरी कारण जिसके होने पर कार्य की सिद्धि अवश्यंभावी नहीं है ।

बाह्य चिह्न – *Bāhya Cinha.*
External symbolic significances (reg. laugh, love, peace etc.).
वस्तु की पहचान कराने वाले बाहरी चिन्ह जैसे—प्रसन्नचित्त रहना, धर्म से प्रेम करना, शुभ उपयोग रखना आदि धर्मध्यान के बाह्य चिह्न कहलाते हैं ।

बाह्य तपः कर्म – *Bāhya Tapaḥ Karma.*
A type of penance or austerity (external).
तपः कर्म का एक उपभेद ।

बाह्य तप – *Bāhya Tapa.*
Austerity related to external things or activities.
तप का एक भेद; अनशन, अवमौदर्य, वृत्तिपरिसंख्यान, रसपरित्याग, विविक्तशय्यासन और कायक्लेश छह प्रकार का है ।

बाह्य त्याग – *Bāhya Tyāga.*
To renounce all attachments (external materials).
समस्त बाह्य परिग्रहों (धन धान्यादि) का त्याग करना ।

बाह्य द्रव्यमल – *Bāhya Dravyamala.*
Excreting materials of the body.
स्वेद, मल, रेणु, कर्दम इत्यादि बाह्य द्रव्यमल कहलाते हैं ।

बाह्य धर्मध्यान – *Bāhya Dharmadhyāna.*
Religious observances.
धर्मध्यान का एक लक्षण; आत्मा को शील, व्रत, उपवास आदि बाह्य क्रियाओं से युक्त करना ।

बाह्य नास्तिक्य – *Bāhya Nāstikya.*
Those who believe in the philosophy of atheism.
नास्तिक्य का एक भेद; दृष्ट, घट आदि ही सत् हैं इनसे अतिरिक्त जीव, अजीवादि तत्त्व कुछ नहीं हैं ऐसी एकान्त मान्यता मानने वाले ।

बाह्य परिग्रह – *Bāhya Parigraha.*
External material .
क्षेत्र, वास्तु, धन, धान्य आदि समस्त बाह्य परिग्रह हैं ।

बाह्य पारिषद – *Bāhya Pāriṣada.*
A type of deities in the council of *Indras.*
देवों का एक प्रकार; जो अत्यंत स्थूल, निष्ठुर, क्रोधी और शस्त्रों से सहित रहते हैं। वे इन्द्र की सभा में अयोग्य लोगों को 'दूर हटो' इस तरह बोलकर अपना दायित्व निभाते हैं ।

बाह्य प्रत्यय – *Bāhya Pratyaya.*
External causes for passions.
क्रोधादि रूप भाव कषाय की उत्पत्ति के कारण भूत जो जीव और अजीव रूप बाह्य द्रव्य हैं वह बाह्य प्रत्यय हैं ।

बाह्य प्रमेय – *Bāhya Prameya.*
External materials (non-spiritual).
बाह्य पदार्थ, जो प्रमाण से जाने जाये ।

बाह्य प्राण – *Bāhya Prāṇa.*
All valuable articles to be very dear to a person.
लोक में स्वर्ण, धन आदि जितने भी पदार्थ हैं वे सब प्राणियों को अत्यंत प्रिय होने के कारण बाह्य प्राण कहलाते हैं ।

बाह्य लिंग – *Bāhya Liṁga.*
External emblem or marks.
बाहरी चिन्ह, दिगम्बरत्व ।

बाह्य वर्गणा – *Bāhya Vargaṇā.*
A type of aggregates of *Karmic* molecules.
तेईस वर्गणाओं में से पाँच शरीर पृथग्भूत हैं इसलिए इन्हें बाह्य वर्गणा कहते हैं ।

बाह्य शास्त्र – *Bāhya Śāstra.*
All the external branches of knowledge like economics, astrology etc. non-spiritual branches..
ज्योतिर्ज्ञान, छन्दशास्त्र, अर्थशास्त्र, वैद्यक शास्त्र, लौकिक शास्त्र, मन्त्रवाद आदि शास्त्रों को बाह्यशास्त्र कहते हैं ।

बाह्य शुक्लध्यान – *Bāhya Śukladhyāna.*
Meditational activity of controlling movements of body organs.
आत्मा की वीतरागी अवस्था की बाहरी पहचान; शरीर और नेत्रों को स्पन्द रहित रखना, जँभाई, उद्गार आदि नहीं होना, प्राणापान का प्रचार व्यक्त न होना आदि बाह्य शुक्लध्यान हैं ।

बाह्य संरचना – *Bāhya Saṁracanā*
Exterior structure of body.
बाह्य निर्वृत्ति; पुद्गलों की इन्द्रियों के आकाररूप रचना होना ।

बाह्य सल्लेखना – *Bāhya Sallekhanā*
Auspicious destruction of the body.
शरीर को कृश करना ।

बाह्य हेतु – *Bāhya Hetu.*
External causes.
बाहरी निमित्त या कारण। जैसे - अन्य द्रव्यों के (बाह्यहेतुरूप) संयोग से आत्मा का रागादिरूप परिणमन होना ।

बाह्योपधि व्युत्सर्ग – *Bāhyopadhi Vyutsarga.*
Renouncement of external means, attachments etc.
बाह्य परिग्रह; क्षेत्र, वास्तु आदि का त्याग करना अर्थात् अपरिग्रह

महाव्रत का पालन करना ।

बिंदु – *Biṁdu.*
A large number $(10,000,000)^7$.
एक संख्या प्रमाण ।

बिंदुसार – *Biṁdusāra.*
Father's name of the Magadha emperor, Ashok.
मगध सम्राट् अशोक के पिता का नाम। समय- जैन के अनुसार ई.पू. 302-277; लोक इतिहास के अनुसार ई.पू. 298-273 ।

बिंब – *Biṁba.*
Image or Idol (of Lord etc.).
प्रतिमा, मूर्ति ।

बिंबसार – *Biṁbasāra.*
Another name of Magadharaj Shrenik, who will be the first Tirthankar (Jaina-Lord) of future time.
मगधराज श्रेणिक का अपर नाम। समय ई. पू. 604-552 । ये भगवान महावीर के समवसरण में प्रमुख श्रोता थे, जिनके द्वारा 60,000 प्रश्न पूछे गये। ये भविष्यकाल के प्रथम तीर्थंकर 'महापद्म' होंगे ।

बिल – *Bila.*
Dwelling place of hellish beings.
नारकियों के जन्म व रहने का स्थान ।

बीज – *Bīja.*
Mystical letter of *Mantra* or incantation, Seeds.
मंत्रों का मूल अक्षर या शब्द। जिसमें वनस्पति आदि रूप अंकुरण करने की क्षमता हो ।

बीज गणित – *Bīja Gaṇita.*
Algebra, a branch of mathematics.
गणित का वह भेद जिसमें अक्षरों को संख्या का द्योतक मानकर अज्ञात संख्याएं आदि जानी जाती हैं ।

बीजचारण ऋद्धि – *Bijacāraṇa Ṛddhi.*
A type of supernatural power of non-violently walking over the seeds, sprout etc.
ऋद्धि; बीज, अंकुर आदि में रहने वाले जीवों को पीड़ा न पहुंचाकर उनके ऊपर से गमन करना ।

बीजदर्शनार्य – *Bījadarśanārya.*
A type of noble persons (Aryas).
अनृद्धि प्राप्तार्य में दर्शनार्य का एक भेद ।

बीजना – *Bījanā.*
Hand-fan, one of the 8 auspicious symbols, which is always kept near the idol of Lord Jinendra.
हाथ का पंखा, जिन-प्रतिमाओं के पास विद्यमान रहने वाले अष्ट मंगल द्रव्य में एक द्रव्य ।

बीजपद – *Bīja Pada.*
Essenceful group of words used for infinite knowledge.
संक्षिप्त शब्द रचना से सहित अनन्त अर्थों के ज्ञान का हेतु- भूत अनेक चिन्हों से संयुक्त बीजपद कहलाता है ।

बीजबुद्धि ऋद्धि – *Bīja Buddhi Ṛddhi.*
A type of supernatural power pertaining to knowing the whole Dvadashang by a single *Bijapad.*
ऋद्धि; जिसके प्रभाव से साधु एक ही बीजपद के आश्रय से सम्पूर्ण द्वादशांग को जानने और विचार करने में समर्थ होते हैं।

बीजमान – *Bījamāna.*
Measuring means for cereals or grains.
धान्य मापने के कुडव आदि बीजमान कहलाते हैं ।

बीजरुचि – *Bījaruci.*
A type of noble persons who get right faith by knowing Bijapadas.
दर्शनार्य का एक भेद; बीजपदों के ग्रहणपूर्वक सूक्ष्मार्थ तत्त्वार्थ श्रद्धान को प्राप्त करने वाले बीजरुचि कहलाते हैं ।

बीजरूह – *Bīja Rūha.*
Vegetation produced by seeds (like rice, wheat etc.).
वनस्पति; जो बीज से ही उत्पन्न होती है। जैसे - चावल, गेहूँ आदि ।

बीजसम्यक्त्वार्य – *Bījasamyaktvārya.*
See - *Bījadarśanārya.*
देखें - बीजदर्शनार्य ।

बीज सम्यग्दर्शन – *Bīja Samyagdarśana.*
Right perception perceptible by *Bijapad.*
बीजपदों के द्वारा ज्ञान प्राप्त करने वाले भव्यजीव के जो दर्शनमोहनीय के असाधारण उपशम वश तत्त्वश्रद्धान होता है उसे बीज सम्यग्दर्शन कहते हैं ।

बीजा – *Bījā.*
A river of *Arya Khand* (region).
आर्य खण्ड की एक नदी ।

बीजाक्षर – *Bījākṣara.*
Essenceful mystic & chanting words.
संक्षिप्त शब्द रचना से सहित व अनंत अर्थों के ज्ञान के कारण अनेक चिन्हों से सहित अक्षर । जैसे, ॐ, ह्रीं, अर्हं इत्यादि।

बीथी – *Bīthī.*
Tract, Orbit.
गली, मार्ग ।

बीधा अन्न – *Bīdhā Anna.*
Non-edible cereals or grains infected by insects.
घुना हुआ अन्न जो अभक्ष्य माना गया है ।

बीसपंथ – *Bīsapaṁtha.*
Name of an ancient Digambar Jaina sect having tradition of worshipping the Lord with offering flowers, fruits, food articles etc.
दिगम्बर जैनधर्म में प्रचलित अभिषेक पूजा की प्राचीन पद्धति, इस पंथ को मानने वाले अनुयायी प्राचीन आगम परम्परानुसार भगवान का पंचामृत अभिषेक करते हैं, पूजन में फूल-फल-नैवेद्य आदि चढ़ाते हैं तथा कुमारी कन्या व स्त्रियाँ भी भगवान

का अभिषेक करती हैं। लगभग 350 वर्ष पूर्व उपरोक्त चर्या के विपरीत तेरह पंथ की उत्पत्ति होने पर यह आगम पंथ 'बीसपंथ' नाम से जाना जाने लगा ।

बुद्ध – *Buddha.*
Buddha, the founder of Bauddha religion, Another name of enlightened or awakened soul.
1) बौद्ध धर्म के संस्थापक महात्मा बुद्ध, 2) शुद्ध आत्मा का अपरनाम ।

बुद्धवीर्य – *Buddhavīrya.*
Name of the questioner of Lord Pushpadant.
तीर्थंकर पुष्पदंत के समवसरण में मुख्य प्रश्नकर्ता ।

बुद्धि – *Buddhi.*
Wisdom, Intelligence.
ज्ञान, जिसके द्वारा समस्त पदार्थ के बारे में जाना जाता है ।

बुद्धि ऋद्धि – *Buddhi Ṛddhi.*
Supernatural power of intellect.
एक प्रकार की ऋद्धि जिसके 18 भेद हैं ।

बुद्धिकूट – *Buddhikūṭa.*
Name of a summit on *Rukmi* mountain.
रुक्मि पर्वत स्थित एक कूट ।

बुद्धिदेवी – *Buddhidevī.*
Name of a ruling female deity of *Mahapundarik* Hrid (like lake) and *Buddhikuta* (summit).
बुद्धिकूट की स्वामिनी देवी; महापुण्डरीक ह्रद की दिक्कुमारी देवी जो तीर्थंकर की माता की सेवा के लिए आती हैं ।

बुद्धिल – *Buddhila.*
Name of great *Acharya* possessing knowledge of 11 *Angas* & 10 *Purvas.*
वीर निर्वाण के पश्चात् हुए 10 पूर्व एवं 11 अंग धारी 11 मुनियों में 9 वें मुनि, अपरनाम बुद्धिलिंग था ।

बुद्धिसागर – *Buddhisāgara.*
A title given to the 12th jewel of *Chakravarti* (emperor).
चक्रवर्ती के 12वें रत्न (पुरोहित) को दी गई संज्ञा ।

बुद्धेशभवनव्याख्यान – *Buddheśabhavanavyākhyāna.*
Name of a treatise written by *Acharya* Vidyanandi.
आचार्य विद्यानन्दि (ई. 775-840) कृत एक ग्रंथ ।

बुध – *Budha.*
Name of a planet, The great learned one.
एक ग्रह, यथावस्थित वस्तु तत्त्व को सार व असार के विषय विभाग की विचारणा के द्वारा जो जानते हैं वे बुध हैं ।

बुधजन – *Budhajana.*
Name of a *Pandit* who wrote Tattvarth Bodh, Panchastikaya Bhasha etc many books.
तत्त्वार्थ बोध, पञ्चास्तिकाय भाषा, बुधजन विलास, बुधजन सतसई आदि के कर्त्ता जयपुर निवासी एक पण्डित का नाम ।

बुभुक्षा काल – *Bubhukṣā Kāla.*
Period of hunger.
भिक्षा योग्य एक काल; भूख की तीव्रता, मन्दता एवं स्वास्थ्य आदि का विचार करना ।

बृहत्कथाकोष – *Bṛhatkathākoṣa.*
Name of a religions story written by *Acharya* Harishen.
आचार्य हरिषेण (ई. सन् 931) कृत मूल संस्कृत ग्रंथ इसमें 157 विभिन्न कथाएं हैं ।

बृहत्कथासरितसागर – *Bṛhatkathāsaritasāgara.*
A book written by *Acharya* Somdeva.
आचार्य सोमदेव (ई.श.19मध्य) द्वारा रचित एक कथाकोष ।

बृहस्पति – *Bṛhaspati.*
Name of a planet, A day of a week, The preceptor of deities.
एक ग्रह का नाम । सप्ताह के एक दिन (वार) का नाम, काव्य में कवियों ने बृहस्पति को देवों का गुरु कहा है जैसे-'कस्ते क्षमः सुरगुरुप्रतिमोपि बुद्धया', जबकि तिलोयपण्णत्ति आदि शास्त्रों में ऐसा कोई विवरण नहीं मिलता है ।

बेलंधर – *Belaṁdhara.*
Name of a ruling deity of *Kaustubh* & *Kaustubhabhas* mountains situated in *Lavan* ocean.
लवण समुद्र स्थित कौस्तुभ व कौस्तुभाभास पर्वत के स्वामी देव ।

बेल – *Bela.*
Name of the initiation tree of Lord Shitalnath, The wood- apple tree and its fruit.
शीतलनाथ भगवान के दीक्षा वृक्ष का नाम। एक प्रकार का गूदे वाला मीठा फल (बिल्वफल) ।

बेलन – *Belana.*
Cylindrical substance, a roller.
रोटी, पूरी बेलने का उपकरण ।

बेलाव्रत – *Belā Vrata.*
A type of particular vow (fasting of two days).
प्रथम दिन एकाशन, पुनः विवक्षित दो दिन उपवास तथा अगले दिन दोपहर को एकाशन करना ।

बैल – *Baila.*
Bullock; significant mark of Lord Rishabhdeva, also of Lord Simandhar and Suriprabh situated in *Videhkshetra* (region), one of the 16 dream-marks of *Tirthankar's* (Jaina Lord's) mother.
ऋषभदेव भगवान का चिन्ह, विदेहक्षेत्र में स्थित तीर्थंकर सीमंधर एवं सूरिप्रभ का चिन्ह, तीर्थंकर की माता के 16 स्वप्न में एक, जिसका फल है कि उनका पुत्र समस्त लोक में ज्येष्ठ होगा ।

बोध – *Bodha.*
Comprehension.
ज्ञान।

बोधचतुष्क – *Bodhacatuṣka.*
A quartet of knowledges i.e. sensory, scriptural, clairvoyance, & telepathic.
मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्ययज्ञान ये 4 ज्ञान ।

बोध पाहुड – *Bodha Pāhuḍa.*
A book written by *Acharya* Kund - Kund.
आचार्य कुन्दकुन्द (ई. 127-179) कृत एक ग्रंथ ।

बोधायन – *Bodhāyana.*
Name of a commentator of *Vedant* literature.
बादरायण के ब्रम्हसूत्र पर टीका लिखने वाले एक वेदांत साहित्य प्रवर्तक ।

बोधि – *Bodhi.*
Gain of perfect knowledge or wisdom (reg. right faith, knowledge and conduct).
सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र, की प्राप्ति होना बोधि है ।

बोधितबुद्ध – *Bodhitabuddha.*
One enlightened with knowledge gained through others.
जिनको परोपदेश पूर्वक ज्ञान की प्राप्ति होती है वे बोधित बुद्ध कहलाते हैं ।

बोधिदुर्लभ – *Bodhidurlabha.*
One of the twelve particular reflections, involvement in the means of internal enlightenment.
12 भावनाओं में एक; जिस उपाय से सम्यग्ज्ञान की उत्पत्ति हो, उस उपाय का चिंतवन करने को बोधि दुर्लभ भावना कहते हैं ।

ब्रह्म – *Brahma.*
A ruling demigod of Lord Pushpdant, The all pervading spirit of the universe, The supreme soul.
तिलोयपण्णत्ति के अनुसार पुष्पदंत भगवान का शासक यक्ष, कहीं इनका नाम अजितदेव भी आता है। शब्द; समस्त वस्तुओं को प्रकाश करने वाला और स्यात् पद से चिह्नित शब्द ब्रह्म है, परमात्मा ।

ब्रह्म (देव) – *Brahma (Deva).*
A type of *Kalpavasi* deities.
कल्पवासी देवों का एक भेद, 5वें स्वर्ग के देव ।

ब्रह्म (स्वर्ग) – *Brahma (Svarga).*
Name of the 3rd *Patal* (layer) of *Brahmayugal* and the fifth particular place of heaven.
ब्रह्मयुगल का तृतीय पटल, कल्पवासी स्वर्गों का पाँचवा कल्प।

ब्रह्मचर्य – *Brahmacarya.*
Celibacy, a vow.
मन, वचन व काय से स्त्री सेवन आदि अब्रह्म का त्याग करना, 5 महाव्रतों में एक व्रत, श्रावक की 7वीं प्रतिमा, 10 लक्षण धर्म का 10वां धर्म; मैथुन या कामसेवन का त्याग करना एवं आत्मा में लीन होना ब्रह्मचर्य है ।

ब्रह्मचर्य आश्रम – *Brahmacarya Āśrama.*
Life span of celibacy.
चार आश्रमों में एक आश्रम; बाल्यावस्था से युवा होने तक ब्रह्मचर्य पालते हुए विद्या का अभ्यास करना ।

ब्रह्मचर्य तप ऋद्धि – *Brahmacarya Tapa Ṛddhi.*
A type of supernatural power (pertaining to celibacy).
एक ऋद्धि; इस ऋद्धिधारी मुनिश्वरों के प्रभाव से ईति, भीति, युद्ध, दुर्भिक्षादि शांत हो जाते हैं ।

ब्रह्मचर्य प्रतिमा – *Brahmacarya Pratimā.*
Seventh model stage of celibacy of Jaina lay-follower.
श्रावक की सातवीं प्रतिमा; इसमें श्रावक स्त्रीमात्र का त्यागी होकर पूर्ण ब्रह्मचर्य से रहता है। इसका धारक श्रावक अपने पुत्र-पुत्रियों के विवाह के अतिरिक्त अन्य किसी के विवाह की अनुमोदना नहीं करता है ।

ब्रह्मचर्याणुव्रत – *Brahmacaryāṇuvrata.*
Vow of partial celibacy, to limit the desires with own wife only.
5 अणुव्रतों में एक व्रत; एक देश ब्रम्हचर्य पालना अथवा स्वदारसंतोष रखना ।

ब्रह्मचारी – *Brahmacārī.*
A celibate.
ब्रह्मचर्य व्रत को परिपूर्ण रूप से पालन करने वाला ।

ब्रह्मदत्त – *Brahmadatta.*
Name of the 12th *Chakravarti* .
12वें चक्रवर्ती का नाम, जो मरकर 7वें नरक गये ।

ब्रह्मदेव – *Brahmadeva.*
Name of an *Acharya*, the writer of Dravya Samgrah Tika, Parmatma Prakash Tika etc.
द्रव्यसंग्रह एवं परमात्म प्रकाश टीका आदि के कर्त्ता एक आचार्य ।

ब्रह्मर्षि – *Brahmarṣi.*
Saints having supernatural knowledge (pertaining to wisdom and medicines), Another name of Laukantik deities.
बुद्धि और औषधि ऋद्धियुक्त साधु ब्रह्मर्षि कहलाते हैं, लौकांतिक देवों को भी ब्रह्मर्षि कहते हैं ।

ब्रह्मलोक – *Brahmaloka.*
An upper world (the 5th heaven).
5वां स्वर्ग, लौकांतिक देवों की निवास भूमि ।

ब्रह्मवाद – *Brahmavāda.*
Name of a doctrine (related to non-dualism).
एक अद्वैतवाद ।

ब्रह्मविद्या – *Brahmavidyā.*
A book written by *Acharya* Mallishen.
आचार्य मल्लिषेण (ई. 1128) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

ब्रह्मविलास – *Brahmavilāsa.*
A book written by *Pandit* Bhagvati Das.
पं. भगवती दास (ई. 1624-1643) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

ब्रह्मशिरस् – *Brahmaśiras.*
Name of a weapon which can make ineffective the another weapon named as *Ashvagriv.*
अश्वग्रीव नामक शस्त्र को रोकने में समर्थ शस्त्र ।

ब्रह्म संप्रदाय – *Brahma Saṁpradāya.*
A religious community following the doctrine of dualism.
वैष्णव दर्शन के 4 भेदों में एक भेद; द्वैतवादी इन्हें मध्य या गौड़िया भी कहते हैं ।

ब्रह्मसेन – *Brahmasena.*
Name of the preceptor of *Acharya* Veersen.
आचार्य वीरसेन के गुरु तथा जयसेन जी के शिष्य (ई.1013) का नाम ।

ब्रह्मा – *Brahmā.*
Name of a presiding deity of a lunar-Abhijit, Name of a king who gave food first to Lord Ajitnath.
अभिजित् नक्षत्र के अधिपति देवता का नाम, एक राजा जिन्होंने तीर्थंकर अजितनाथ को प्रथम आहार दिया था ।

ब्रह्माद्वैत – *Brahmādvaita.*
Name of a doctrine (related to monotheism).
एक अद्वैतवाद मत। ब्रम्ह को ही पारमार्थिक सत् मानने वाला।

ब्रह्मेश्वर – *Brahmeśvara.*
Name of the ruling demigod of Lord Shitalnath.
शीतलनाथ भगवान का शासक यक्ष ।

ब्रह्मोत्तर (देव) – *Brahmottara (Deva).*
A type of deities resident of the 6th heaven.
कल्पवासी देवों का एक भेद। छठे स्वर्ग के निवासी देव ।

ब्रह्मोत्तर (पटल) – *Brahmottara (Paṭala).*
Name of the 4th *Patal* (layer) and *Indrak* Viman of *Brahma.*
ब्रह्म स्वर्ग का चौथा पटल व इन्द्रक विमान ।

ब्रह्मोत्तर (स्वर्ग) – *Brahmottara (Svarga).*
The sixth heaven.
छठा स्वर्ग; इस कल्प में एक लाख 4 हजार विमान हैं ।

ब्रात – *Brāta.*
A king of *Kuru* dynasty.
कुरुवंश की प्रथम वंशावली का एक राजा ।

ब्राह्मण – *Brāhmaṇa.*
A Hindu- caste, Known by virtues and good activities.
जैन धर्म के अनुसार भरत चक्रवर्ती द्वारा स्थापित वर्ण। ये ब्रह्मसूत्र (यज्ञोपवीत) को धारण करते थे तथा अहिंसा आदि सदाचार को पालते थे ।

ब्राह्मी – *Brahmī.*
Name of the daughter of Lord Rishabhadeva.
इस युग की प्रथम आर्यिका साध्वी; भगवान ऋषभदेव की पुत्री, सर्वप्रथम पिता से लिपि विद्या सीखी एवं प्रयाग नगरी में उन्हीं से दीक्षित होकर समवसरण की प्रथम गणिनी बनी ।

भ

भ – *Bha.*
The 24th consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनगरी वर्णमाला का चौबीसवाँ व्यंजन, इसका उच्चारण स्थान ओष्ठ के साथ जिह्वा के स्पर्श से होता है ।

भंग – *Bhaṁga.*
Division, Alternation, A system of alternative exposition.
खण्ड, अंश; भेद। एक संख्या रूप प्रकृतियों में प्रकृतियों का बदलना। स्याद्वाद शैली के अनुसार प्रत्येक पदार्थ विरोधी अनेक धर्मयुगलों का पिंड भंग है। प्रत्येक धर्म का वर्णन उसके प्रतिपक्षी धर्म की अपेक्षा से अस्ति (विधि) नास्ति (निषेध) और अवक्तव्य रूप से किया जाता है, जिसे सप्तभंगी विवेचना कहते हैं ।

भंग विचय – *Bhaṁga Vicaya.*
A type of disquisition door.
एक अनुयोगद्वार; जो मार्गणाओं के विच्छेद और विच्छेद के अस्तित्व का प्ररूपक है ।

भंगविधि – *Bhaṁgavidhi.*
A particular method for obtaining knowledge of something, synonym word for *Shrutgyan* (scriptural knowledge).
अहिंसा, सत्य, अस्तेय, शील आदि भंग का जिसके द्वारा विधान किया जाता है उसे भंगविधि अर्थात् श्रुतज्ञान कहते हैं ।

भक्त – *Bhakta.*
A devout, a devotee, a pious person, Something divided or separated.
धार्मिक, धर्म या धर्मगुरु के प्रति समर्पित व्यक्ति, गणित की भागाहार विधि में भाज्य राशि को भागहार द्वारा भक्त किया गया कहते हैं ।

भक्तकथा – *Bhaktakathā.*
Conversation describing about delicious food.
विकथा का एक भेद-भोजन कथा; अनेक प्रकार के अशन पान (भोजन) संबंधी गुणदोषों की वार्ता में लिप्त रहना ।

भक्तपान संयोजना – *Bhaktapāna Saṁyojanā.*
Mixing of edibles (reg. green veg. & sterilised material).
अजीवाधिकरण का एक भेद; सचित्त और अचित्त खानपान को एक दूसरे में मिलाना ।

भक्त प्रतिज्ञा – *Bhakta Pratijñā.*
Gradual food renunciation (as a vow).
समाधिमरण; अनुक्रम के अनुसार भोजन आदि त्याग की प्रतिज्ञा करना ।

भक्तप्रत्याख्यान – *Bhaktapratyākhyāna.*
Abandonment of food gradually for an auspicious & holy death.

समाधिमरण; जिसमें शास्त्रोक्त विधि से क्रमशः आहार का त्याग किया जाता है इसका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त एवं उत्कृष्टकाल 12 वर्ष है ।

भक्तामर कथा – *Bhaktāmara Kathā.*
Name of tales written by *Pandit* Raymallaji and Jaichand Chhabda.
पं. रायमल्ल (ई.1610) एवं पं. जयचन्द छाबड़ा (ई.1813) द्वारा रचित कथा ।

भक्तामर विधान– *Bhaktāmara Vidhāna.*
A worshipping book of Bhaktamar Stotra.
एक पूजा विशेष जिसमें भक्तामर स्तोत्र के 48 काव्य पढ़कर 48 अर्घ्य चढ़ाते हुए भगवान आदिनाथ की पूजा की जाती है। इसकी रचना गणिनी ज्ञानमती माताजी की शिष्या आर्यिका श्री चंदनामती माताजी के द्वारा की गई है। अन्य लेखकों द्वारा रचित भी इस विधान की पुस्तकें उपलब्ध होती हैं ।

भक्तामर स्तोत्र – *Bhaktāmara Stotra.*
A great spiritual hymn written by *Acharya* Mantung on Lord Adinath.
आचार्य मानतुंग (ई.श. 7 पूर्व) द्वारा संस्कृत में रचित आदिनाथ भगवान का स्तोत्र। इसमें 48 काव्य हैं। इस स्तोत्र के प्रभाव से उनकी बेड़ियाँ स्वयं टूट गई थीं ।

भक्ति – *Bhakti.*
Eulogical devotion for Lord.
अर्हंत आदि के गुणों में अनुराग रखना भक्ति है अथवा निज परमात्म तत्त्व के सम्यक् श्रद्धान-अवबोध-आचरण स्वरूप शुद्ध रत्नत्रय परिणामों में अनुरक्त रहना ।

भक्ति (नवधा) – *Bhakti (Navadhā).*
A procedural food offering to Jaina saints (see- Navadhā Bhakti), A virtue of food-doner.
विधि से अर्थात् दाता के सात गुण सहित क्रिया के द्वारा नवधा भक्तिपूर्वक दिगम्बर जैन साधुओं को आहार देना (देखें-नवधा भक्ति)। आहारदाता के 7 गुणों में एक गुण; पात्र के प्रति समर्पण भाव होना ।

भक्ष्याभक्ष्य – *Bhakṣyābhakṣya.*
Different types of edible (vegitable) and non-edible (non-vegitable) items.
दाल, दूध, दही, फल आदि भक्ष्य अर्थात् खाने योग्य एवं मद्य, मांस, मधु, उदुम्बर फल आदि अभक्ष्य अर्थात् 'नहीं खाने योग्य' पदार्थ ।

भग – *Bhaga.*
Super merits, Name of a presiding deity of a lunar (Purvafalguni).
पुण्य, संपूर्ण पुण्य से समन्वित आत्मा भगवान कहलाती हैं। पूर्वफाल्गुनी नक्षत्र का अधिपति देवता ।

भगदत्त – *Bhagadatta.*
Name of a chief disciple of Lord Rishabhdev.
भगवान ऋषभदेव के एक गणधर का नाम ।

भगदेव – *Bhagadeva,*

भगफल्गु – *Bhagaphalgu.*
For both words see - *Bhagadatta.*
दोनों शब्दों के लिए देखें - भगदत्त ।

भगवती – *Bhagavatī.*
A type of super power, Other name of Jaina-initiation.
बहुरूपविधायिनी एक विद्या । जिन दीक्षा को भी भगवती दीक्षा कहते हैं ।

भगवती आराधना – *Bhagavatī Ārādhanā.*
Name of a book written by *Acharya* Shivakoti.
आचार्य शिवकोटि (ई.श. 1) कृत एक ग्रंथ। इसमें जैन साधुओं की चर्या एवं सल्लेखना विधि का विस्तार से वर्णन है ।

भगवती आराधना टीका – *Bhagavatī Ārādhanā Ṭīkā.*
A commentary book on 'Bhagavati Aradhana' written by *Pandit* Ashadharji.
पं. आशाधर (ई.1173-1243) द्वारा रचित एक टीका ।

भगवान् – *Bhagavān.*
Supreme one, Lord, one with omnipotence & omniscience.
जो सर्वशक्तिमान एवं केवल ज्ञान से सहित है वह भगवान है।

भगीरथ – *Bhagīratha.*
The son of the king Sagar, a *Chakravarti* (emperor).
सगर चक्रवर्ती का पुत्र जिसने अपना पूर्वभव सुनकर दीक्षा ली एवं मोक्ष प्राप्त किया ।

भग्न – *Bhagna.*
Dilapidated, broken, Disappointed, defeated.
ध्वस्त या टूटा हुआ अथवा जिसका उत्साह भंग हो गया हो ।

भग्नघट श्रोता – *Bhgnaghaṭa Śrotā.*
A type of false listener.
अपात्र श्रोता का एक भेद; फूटे घड़े की तरह होना जिसमें उपदेश नहीं ठहरता ।

भग्नावशेष – *Bhagnāvaśeṣa.*
Ruins, broken remains.
टूटे हुए अवशेष ।

भङ्गिमा – *Bhaṅgimā.*
Facial expression, gestures.
हाव भाव ।

भट्ट अकलंक – *Bhaṭṭa Akalaṁka.*
A famous & great Jainacharya.
एक प्रसिद्ध जैनाचार्य । जिन्होंने बौद्ध साधुओं को वाद-विवाद में परास्त किया। इनके द्वारा लिखे गये मुख्य ग्रंथ-तत्त्वार्थ राजवार्तिक, अष्टशती आदि हैं ।

भट्टाकलंक – *Bhaṭṭākalaṁka.*
See - *Bhaṭṭa Akalaṁka.*
देखें - भट्ट अकलंक ।

भट्टारक – *Bhaṭṭāraka.*
The super souls, A title for super soul & spiritual personalities according to ancient Jaina scriptures.
धवला आदि प्राचीन ग्रंथों में अर्हन्त, सिद्ध, साधु को परमपूज्यता के प्रतीक में भट्टारक शब्द से संबोधित किया गया है ।

भण्डार – *Bhaṇḍāra.*
Place of storage, store.
वस्तु संग्रह का स्थान ।

भदंत – *Bhadaṁta.*
Respectful word for addressing great ascetics.
जो सब कल्याणों को प्राप्त हों वह भदन्त हैं, साधु का अपरनाम।

भदेय – *Bhadeya.*
Name of a mountain of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region).
भरतक्षेत्र आर्य खण्ड का एक पर्वत ।

भद्र – *Bhadra.*
Worthy, gentle person, A protecting deity of *Nandishwar* ocean.
सरल परिणामी, नंदीश्वर समुद्र का एक रक्षक देव ।

भद्रक – *Bhadraka.*
A type of peripatetic deities, Worthy or gentle person.
यक्ष जाति के व्यन्तर देवों का एक भेद, चतुर्थ काल के कोमल परिणामी पुरुष ।

भद्रकलश – *Bhadrakalaśa.*
Name of the treasurer of 'Ram'.
8वें बलदेव श्रीराम के कोषाध्यक्ष ।

भद्रकाली – *Bhadrakālī.*
A type of super power.
16 निकाय विद्याओं में विद्याधर की एक विद्या ।

भद्र प्रकृति – *Bhadra Prakṛti.*
Gentle disposition.
भला या सज्जन स्वभाव होना। सरल स्वभावी ।

भद्रबल – *Bhadrabala.*
Name of a chief disciple of Lord Adinath.
आदिनाथ भगवान् के 19वें गणधर का नाम ।

भद्रबाहु – *Bhadrabāhu.*
The 5th Shrutkevali (one of the great Acharyas having complete scriptural knowledge).
अंतिम केवली जम्बूस्वामी के बाद हुए 5 श्रुत केवलियों में अंतिम श्रुतकेवली। इनके काल में ही बारह वर्षीय दुर्भिक्ष के दौरान श्वेताम्बर मत की उत्पत्ति हुई थी ।

भद्रबाहुचरित – *Bhadrabāhucarita.*
A book written by *Acharya* Ratnakirti.
आचार्य रत्नकीर्ति (ई. 1515) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

भद्रमित्र – *Bhadramitra.*
Name of the counsellor of the king of Sinhpur, another name is Satyaghosh.
सिंहपुर के राजा का मंत्री, अपरनाम सत्यघोष। आगे चौथे भव में मोक्ष प्राप्त किया ।

भद्रमुख – *Bhadramukha.*
Name of a jewel (a great architecture) of *Chakravarti* 'Bharatesh'.
भरतेश का 'स्थपति' रत्न, यह वास्तुकला का ज्ञाता था ।

भद्रवती – *Bhadravatī.*
Mother's name of the 3rd *Chakravarti* (emperor).
तृतीय चक्रवर्ती मघवा की माता का नाम ।

भद्रशाल वन – *Bhadraśāla Vana.*
The first forest of *Sumeru* mountain.
सुमेरू पर्वत के 4 वनों में प्रथम वन। जिसकी चारों दिशाओं में चार अकृत्रिम जिनमंदिर हैं ।

भद्रा – *Bhadrā.*
Name of a great lake in the assembly of Lord, Name of a female deity of *Ruchak* mountain, See- *Bhadravati*, Daughter's name of king Vinami, Name of a female divinity of peripatetic deity, Manibhadra.
समवशरण की एक वापी इसमें जीवों को अपने 7 भव दिखते हैं, रुचक पर्वत निवासिनी एक दिक्कुमारी देवी का नाम, देखें- भद्रवती, राजा विनमि की पुत्री का नाम, व्यंतर इन्द्र मणिभद्र की एक देवी का नाम ।

भद्रावलि – *Bhadrāvali.*
The 76th chief disciple of Lord Rishabhadev.
तीर्थंकर वृषभदेव के 76वें गणधर का नाम ।

भद्राश्वपुर – *Bhadrāśvapura.*
Name of a city in the north of *Vijayardha* mountain.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर ।

भद्रासन – *Bhadrāsana.*
A specific reverential place at *Pandukshila.*
पाण्डुकशिला पर स्थित एक आसन ।

भद्रिका – *Bhadrikā.*
Name of a female deity of *Bhadrakut* of *Ruchakvargiri.*
रुचकवरगिरि के भद्रकूट पर रहने वाली एक देवी ।

भद्रिकापुरी – *Bhadrikāpurī.*
Name of the birth place of Lord Shitalnath.
दसवें तीर्थंकर शीतलनाथ भगवान् की जन्म नगरी का नाम । इसको भद्दलपुर, भद्रपुरी, भद्रलपुर एवं भद्रिलपुर भी कहते हैं।

भम्भा – *Bhambhā.*
Name of an auspicious musical instrument.
राम के समय का एक मंगल वाद्य ।

भय – *Bhaya.*
Fear, terror.
भीति, डर—यह 7 प्रकार का होता है, इहलोक, परलोक, अरक्षा, अगुप्ति, मरण, वेदना, आकस्मिक ।

भयत्याग – *Bhayatyāga.*
A type of reflection, to be fearless.
सत्यव्रत की 5 भावनाओं में एक भावना; भीति त्याग ।

भय दोष – *Bhaya Doṣa.*
A fault; paying reverence with fear.
व्युत्सर्ग का एक अतिचार; सत्यभय आदि से युक्त होकर वन्दनादि करना ।

भयद्विक् – *Bhayadvik.*
Dyad of *Karmic* nature related to fear.
भय, जुगुप्सा (कर्म प्रकृतियों से संबंधित) ।

भय विनय – *Bhaya Vinaya.*
Reverence due to fear.
भय के कारण विनय करना ।

भय संज्ञा – *Bhaya Saṁjñā.*
Fear instinct.
4 संज्ञाओं में एक संज्ञा; जिससे बचने की व छिपने की इच्छा होती है ।

भयसंभूति – *Bhayasaṁbhūti.*
A type of super power possessed by king Ravan and Dashrath.
राजा रावण एवं दशरथ को प्राप्त एक विद्या ।

भयानक वन – *Bhayānaya Vana.*
Terrible (dense) forest.
जीव, जंतुओं से व्याप्त जंगल ।

भरक्षम – *Bharakṣama.*
A peaceful country (region) in Lanka island.
लंका द्वीप में स्थित एक देश, यहां देव भी उपद्रव नहीं कर सकते हैं ।

भरणी – *Bharaṇī.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र का नाम ।

भरतक्षेत्र – *Bharatakṣetra.*
Name of a great region.
जम्बूद्वीप के 7 क्षेत्रों में प्रथम क्षेत्र, इसके 5 म्लेच्छ, 1 आर्य ऐसे 6 खंड हैं ।

भरतकूट – *Bharatakūṭa.*
Name of summits of *Vijayardh & Himvan* mountains.
विजयार्ध पर्वत की उत्तर व दक्षिण श्रेणियों पर स्थित कूट एवं हिमवान् पर्वत पर स्थित एक कूट ।

भरत चक्रवर्ती – *Bharata Cakravartī.*
Name of the son of Lord Adinath, the first Chakravarti of this age, our country is called Bharat on his name.
भगवान ऋषभदेव के पुत्र प्रथम चक्रवर्ती, जिनके नाम पर इस देश का नाम भारत पड़ा इनके साम्राज्य में सर्वप्रथम स्वयंवर प्रथा शुरु हुई ।

भरतसागर (आचार्य) – *Bharatasāgara (Ācārya).*
1) Name of the chief disciple of Acharya Vimalsagar. 2) Name of a saint, the disciple of Acharya Shri Sumatisagar Maharaj.
1) आचार्य श्री विमलसागर महाराज के पट्टाचार्य। इनकी प्रेरणा से अनेक ग्रंथों का प्रकाशन हुआ है। (समय-ई. श. 20) । 2) आचार्यश्री सुमतिसागर महाराज के एक प्रसिद्ध आचार्य-शिष्य (ई.श. 20-21)। जिनकी प्रेरणा से धार (म.प्र) के निकट मानतुंगगिरि तीर्थ का निर्माण हुआ है ।

भरतेशवैभव – *Bharateśavaibhava.*
Name of a book written by a poet Ratnakar.
कवि रत्नाकर (ई. 1551) कृत एक ग्रंथ ।

भरतेश्वराभ्युदय – *Bharateśvarābhyudaya.*
A book written by *Pandit* Ashadhara.
पं. आशाधर जी (ई. 1173-1243) कृत एक ग्रंथ ।

भर्तृहरि – *Bharṭṛhari.*
The elder brother of king Vikramaditya, Name of the younger brother of *Acharya* Shubhachandra.
राजा विक्रमादित्य के बड़े भाई, आचार्य शुभचन्द्र के छोटे भाई, जिन्होंने तापस होकर 12 वर्ष तपश्चरण कर स्वर्ण बनाने की सिद्धि प्राप्त की बाद में शुभचन्द्राचार्य से संबोधित होकर दिगम्बर दीक्षा धारण की ।

भव – *Bhava.*
World, Body form, Name of the predestined 6th *Rudra.*
आयुनामकर्म के उदय से जीव की जो मनुष्यादि पर्याय होती है उसे भव कहते हैं, भविष्यकालीन छठे रुद्र का नाम ।

भवनंजय – *Bhavanaṁjaya.*
A city in the north of *Vijayardha* (mountain).
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर ।

भवन – *Bhavana.*
Residential places (of human being, deities etc.)
भवनवासी देवों के रहने के स्थान एवं मनुष्यों के आवास भवन कहलाते हैं ।

भवन (देव विमान) – *Bhavana (Deva Vimāna).*
Palace - a signifying figure seen by mother of Jaina Lord among 16 dreams.
तीर्थंकरों के गर्भ में आने पर माता द्वारा देखे गये 16 स्वप्नों में 14 वें स्वप्न का चिन्ह ।

भवनत्रिक देव – *Bhavanatrika Deva.*
Three types of deities (*Vyantar, Jyotishka, Bhavanvasi*).
व्यंतर, ज्योतिष्क, भवनवासी 3 निकायों के देव को भवनत्रिक कहते हैं ।

भवनपुर – *Bhavanapura.*
A type of residential places of deities.
द्वीप व समुद्रों के ऊपर स्थित भवनवासी देवों के निवास स्थान ।

भवनभूमि – *Bhavanabhūmi.*
An auspicious land in the assembly of Lord Arihant.
समवशरण की भूमि जहाँ ध्वजा-पताकायुक्त अनेकों भवन हैं।

भवनवासी देव – *Bhavanavāsī Deva.*
Residential celestial beings.
चतुर्निकाय के देवों में प्रथम निकाय के देव, ये 10 प्रकार के होते हैं ।

भवनालय – *Bhavanālaya.*
Residence of deities.
भवनवासी देवों के भवन ।

भवनिमित्तक – *Bhavanimittaka.*
Maturity of *Karmas* (caused by any life course), A type of a Avadhigyan(clairvoyance).
भव का निमित्त पाकर कर्मों का उदय में आना, भवप्रत्यय अवधिज्ञान भी भवनिमित्तक होता है ।

भवपरिवर्तन – *Bhavaparivartana.*
Transmigration, Rebirth cycle.
पंचपरावर्तन में एक परिवर्तन; देवलोक के 9 अनुदिश, 5 अनुत्तर इन 14 विमानों को छोड़कर शेष चारों गतियों में गमनागमन भव परिवर्तन कहलाता है ।

भवप्रत्ययिक – *Bhavapratyayika.*
Inherent clairvoyance—a type of clairvoyance (*Avadhigyan*).
अवधिज्ञान के दो भेदों में प्रथम भेद; इसके होने में मुख्य रूप से भव निमित्त होता है, देव-नारकी जीवों को यह ज्ञान जन्म से ही होता है ।

भवभिद्य – *Bhavabhidya.*
One destroyer of worldy transmigration, An epithet for the devotional prayer of Lord Arihant.
संसार का भेदन करने वाली जिनभक्ति का विशेषण ।

भवविचय – *Bhavavicaya.*
Right meditation on materialistic world or cycle of birth.
सातवाँ धर्मध्यान; 'भव-संसार सदैव दुःख रूप ही है' ऐसा चिंतन करना ।

भवविपाकी प्रकृति – *Bhavavipākī Prakṛti.*
Maturity of *Karmic* nature causing different kinds of life courses (body forms).
जिन कर्मों का फल मनुष्य आदि भव के रूप में होता है वे भव विपाकी प्रकृति कहलाती हैं। चारों आयु भव विपाकी हैं ।

भववृक्ष – *Bhavavṛkṣa.*
The symbolic disposition of the mortal world in the form of a tree.
संसार वृक्ष; जहाँ प्राणी मधुबिन्दु के समान पञ्चेन्द्रिय विषयों के क्षणिक सुख में डूबकर अनन्त संसार का बंध करता है। ध्यानरूपी कुठार के द्वारा भाव श्रमण ही इस भव वृक्ष का छेदन करते हैं ।

भवसंसार – *Bhavasaṁsāra.*
Cycle of transmigration in different body forms.
पाँच प्रकार के संसार में एक भेद; भव के निमित्त से 32 प्रकार की पर्यायों में जन्म-मरण करने का नाम भवसंसार है ।

भव सागर – *Bhava Sāgara.*
Worldly life.
संसार सागर ।

भवसिद्ध – *Bhavasiddha.*
Most virtuous and worthy being, who can attain salvation.
भव्य; जो जीव सिद्ध पद की प्राप्ति के योग्य हैं उन्हें भवसिद्ध कहते हैं ।

भवसेतु – *Bhavasetu.*
Spiritual bridge to cross the worldly transmigration.
संसार को पार करने के लिए जो पुल के समान हैं, ऐसे जिनेन्द्र भगवान या उनकी भक्ति ।

भवस्थिति – *Bhavasthiti.*
A life duration.
एक भव की स्थिति ।

भवाद्धा – *Bhavāddhā.*
A measure related to a life course.
भव सम्बंधी काल के प्रमाण को भवाद्धा कहते हैं ।

भवाननुगामी – *Bhavānanugāmī.*
A type of clairvoyance (not remains with one in next birth).
अननुगामी अवधिज्ञान का एक भेद; जो भवान्तर के साथ नहीं जाता, क्षेत्रान्तर में ही साथ जाता है ।

भवानुगामी – *Bhavānugāmī.*
A type of clairvoyance (remains with one after transmigration).
अनुगामी अवधिज्ञान का एक भेद; जो अवधिज्ञान उत्पन्न होकर उस जीव के साथ अन्य भव में जाता है ।

भवान्तर – *Bhavāntara.*
Change of life (destinity), Transmigration.
जीव का अन्य भव या जन्म में जाना ।

भविक – *Bhavika.*
Liberatable human beings.
भव्यजन ।

भवितव्य – *Bhavitavya.*
Fated, Destined.
जो होने योग्य हो ।

भविष्यकाल – *Bhaviṣyakāla.*
Future time.
काल का एक भेद; अनागत काल, यह सर्व जीव राशि व सर्व पुद्गलराशि से अनंतगुणा है ।

भविष्यग्राही ज्ञान – *Bhaviṣyagrāhī Jñāna.*
Clairvoyance; to have knowledge of telepathic

prediction; knowledge pertaining to whole future events.
अवधिज्ञान, जिसके द्वारा भावी असंख्यातपर्याय-विशिष्ट वस्तु का ज्ञान देखा जाता है ।

भविष्यत् ज्ञायक शरीर – *Bhaviṣyat Jñāyaka Śarīra.*
A predestined prophet, one having the knowledge of future events.
जो तत्वज्ञान को जानने वाला आगे होगा वह भविष्यत् ज्ञायक शरीर है ।

भविष्यवाणी – *Bhaviṣyavāṇī.*
Predictions, prophesy.
भविष्य में होने वाली शुभ-अशुभ आदि घटनाओं का वर्तमान में उल्लेख करना ।

भविष्याभाव संबंध – *Bhaviṣyābhāva Saṁbaṁdha.*
A type of relation pertaining to future.
संबंध के अनेक भेदों में एक भेद ।

भव्य – *Bhavya.*
Splendid, Magnificent, one who is supposed to get salvation.
जिसमें सम्यग्दर्शन आदि भाव प्रकट होने की योग्यता है वह जीव ।

भव्य अलङ्करण – *Bhavya Alaṁkaraṇa.*
Great ornamentation.
भव्यता के साथ सुशोभित करना ।

भव्यकुमुदचन्द्रिका – *Bhavyakumudacandrikā.*
Name of a treatise written by *Pandit* Ashadhar.
पं. आशाधर (ई. 1173-1243) कृत एक ग्रंथ ।

भव्यकूट – *Bhavyakūṭa.*
A type of stoop with high radiant summits (in *Samavasharan*–assembly of Lord Arihant).
समवशरण में दैदीप्यमान शिखरों से युक्त एक स्तूप जिसे भव्य जीव ही देख पाते हैं। इसे अभव्य जीव नहीं देख पाते हैं, क्योंकि स्तूप के प्रभाव से उनके नेत्र अंधे हो जाते हैं ।

भव्यज्ञायक शरीर – *Bhavyajñāyaka Śarīra.*
One who is going to be learned one in future.
नो आगम द्रव्य का एक भेद; जो कर्म के स्वरूप को कहने वाले शास्त्र का जानने वाला आगे होगा वह भव्यज्ञायक शरीर कहलाता है ।

भव्यत्व – *Bhavyatva.*
Worthiness for salvation.
जीव का वह स्वभाव जिससे सम्यक्त्व प्रकट होता है ।

भव्यत्व भाव – *Bhvyatva Bhāva.*
Worthy feelings for salvation.
जीव के पारिणामिक भाव का एक भेद। देखें - भव्यत्व ।

भव्यत्वाभिव्यक्ति – *Bhavyatvābhivyakti.*
Exposition of the worthiness (for salvation) of one.
जीव का वह स्वभाव जिससे सम्यक्त्व की अभिव्यक्ति होती है।

भव्यसिद्ध – *Bhavyasiddha.*
The soul worthy of getting bodiless salvation.
जो जीव सिद्ध पद की प्राप्ति के योग्य हैं ।

भाग – *Bhāga.*
Division, a fraction, a section.
अंश, पर्याय, भेद, विद्या, भाग सब एकार्थवाची हैं ।

भागचंद – *Bhāgacaṁda.*
Name of a *Pandit* who wrote Mahavirashtak Stotra and many other books.
महावीराष्टक स्तोत्र, अमितगति श्रावकाचार वचनिका आदि ग्रंथों के कर्त्ता एक पंडित ।

भागदत्त – *Bhāgadatta.*
Name of the 53rd chief disciple of Lord Rishabhdev.
तीर्थंकर वृषभदेव के 84 गणधरों में 53वें गणधर ।

भागफल्गु – *Bhāgaphalgu.*
Name of the 54th chief disciple of Lord Rishabhdev.
तीर्थंकर वृषभदेव के 54 वें गणधर ।

भागहार – *Bhāgahāra.*
Divisor (the number by which another is divided).
जिस संख्या का भाग दिया जाये वह संख्या भागहार, हार, भाजक इत्यादि कहलाती है ।

भागाभाग – *Bhāgābhāga.*
Divided divisions.
कुल द्रव्यों का भाग करने पर, कितना भाग किसके हिस्से में आता है, इसे भागाभाग कहते हैं ।

भागाहार संक्रमण – *Bhāgāhāra Saṁkramaṇa.*
Transitional change in omen *Karmas* of beings.
जिनके द्वारा संसारी जीवों के शुभ-अशुभ कर्म परिणामों के निमित्त पाकर बदल जाये-अन्य प्रकृति रूप हो जावे, इसके 5 भेद हैं ।

भागीरथी – *Bhāgīrathī.*
The name of a great river of *Bharat Kshetra* (a region).
भरतक्षेत्र की गंगा नदी ।

भाग्य – *Bhāgya.*
Fate, destiny, fortune.
नियति ।

भाजक – *Bhājaka.*
Divisor.
देखें - भागहार ।

भाजनांग जातीय कल्पवृक्ष – *Bhājanāṁga Jātīya Kalpavṛkṣa.*
A type of wish fulfilling trees (providing utensils).
भोगभूमि में पाये जाने वाले 10 कल्पवृक्षों में एक; यह कल्पवृक्ष सुवर्ण एवं बहुत से रत्नों से निर्मित धवल झारी, कलश, गागर आदि बर्तन प्रदान करने वाला होता है ।

भाजित – *Bhājita.*
Divided, Dividation.
भाग देना, भागहार विधि में भाज्य राशि को भागहार द्वारा भाजित किया गया कहते हैं ।

भाज्य – *Bhājya.*
Divisible, Portion, Dividend.
वह संख्या जो भाजक द्वारा भाग दी जाती है ।

भाद्रवन-सिंह-निष्क्रीडित व्रत – *Bhādravana-Siṁha-Niṣkrīḍita Vrata.*
A vow (fasting) to be performed with particular procedure.
एक विशेष विधि एवं क्रम से किया जाने वाला व्रत । व्रतविधान संग्रह से इसकी विधि देखें ।

भानु – *Bhānu.*
The Sun, The son of Krishna.
सूर्य, कृष्ण और सत्यभामा का पुत्र। जिसने अंत में मुनिदीक्षा धारण की ।

भानुकण – *Bhānukaṇa.*
A king of *Rakshas* dynasty.
राक्षस वंश का एक विद्याधर राजा। रावण का भाई, अपरनाम-कुंभकर्ण, इन्होंने दीक्षा धारण कर बड़वानी (बावनगजा, म.प्र.) से मोक्ष प्राप्त किया ।

भानुनंदि – *Bhānunaṁdi.*
Name of the disciple of Nemichandra-1 & preceptor of Sinhnandi-1.
नेमिचन्द्र नं.1 के शिष्य और सिंहनन्दि नं.1 के गुरु (ई. 565-586) का नाम ।

भानुमालिनी – *Bhānumālinī.*
Name of a super power possessed by Ravana.
रावण को प्राप्त एक विद्या ।

भामंडल – *Bhāmaṁḍala.*
Name of Seeta's brother, An auspicious emblem of Lord Arihant.
सीता का भाई, अष्ट प्रातिहार्यों में एक प्रातिहार्य ।

भारद्वाज – *Bhāradvāja.*
Past - birth name of Lord Mahavira, A country of *Bharat Kshetra* north *Arya Khand* (region).
तीर्थंकर महावीर के पूर्वभव का जीव, भरत क्षेत्र उत्तर आर्य खण्ड का एक देश ।

भाव – *Bhāva.*
Volition, feeling, thought-activity, Nature of sentient and non-sentient matters.
जीव के परिणाम, चेतन व अचेतन द्रव्यों के अनेकों स्वभाव ।

भाव (सचित्त, अचित्त, मिश्र) – *Bhāva (Sacitta, Acitta, Mishra).*
Reflections.
जीव द्रव्य सचित्त भाव है, पुद्गल आदि 5 द्रव्य अचित्त भाव हैं एवं पुद्गल और जीव द्रव्यों का संयोग मिश्र भाव है ।

भाव अंतर – *Bhāva Aṁtara.*
Variation in thought-activity.
जीवों के औपशमिक आदि भावों में अंतर को भाव अंतर कहते हैं।

भाव अनंत – *Bhāva Anaṁta.*
To have knowledge of scriptures and involvement in it.
अनन्त विषयक शास्त्र को जानना एवं वर्तमान में उसके उपयोग से उपयुक्त होना अथवा त्रिकाल जात अनंत पर्यायों से परिणत होना।

भाव अनुयोगद्वार – *Bhāva Anuyogadvāra.*
A kind of disquisition door (*Anuyogadvar*).
अनुयोगद्वार का एक भेद या भाव प्ररुपणा ।

भाव अप्रतिक्रमण – *Bhāva Apratikramaṇa.*
To have attachment with the past passionate volitions.
अतीत काल में हुए रागादि भाव को वर्तमान में अच्छा जानना, उनका संस्कार एवं उनके प्रति ममत्व भाव रहना ।

भाव अभावशक्ति – *Bhāva Abhāvaśakti.*
A kind of power acquired by the soul.
जीव की एक शक्ति; विद्यमान पर्याय का नाश करने से जीव को भावाभाव कर्तृत्व कहा गया है ।

भाव अशुद्ध आहार – *Bhāva Aśuddha Āhāra.*
A fault related to saint - food.
16 उद्गम दोषों से युक्त आहार। साधु यदि आहार संबंधी 16 उद्गम दोषों में किसी प्रकार का विकल्प करता है तो वह भाव से उद्दिष्ट आहार है ।

भाव अस्तित्व – *Bhāva Astitva.*
A property of matter related to its eternal existence.
द्रव्यों के 6 सामान्य गुणों में एक गुण, जिसके निमित्त से द्रव्य का कभी नाश नहीं होता ।

भाव आस्त्रव – *Bhāva Āsrava.*
Emotions with passion etc. which cause flow of *Karmas*- are called *Bhava Asrava.*
आत्मा के रागादि भाव जिनसे कर्म आते हैं ।

भाव इंद्रिय – *Bhāva Iṁdriya.*
Psychical sense.
लब्धि और उपयोग रूप भावेन्द्रिय हैं ।

भावकरण – *Bhāvakaraṇa.*
Another name for Karan Labdhi (efficiency attainment).
करणलब्धि का दूसरा नाम। यह पाँचवीं लब्धि है ।

भावकर्म – *Bhāvakarma.*
Passionful nature of one, psychical *Karma.*
जीव के रागद्वेषादि अशुद्ध परिणाम ।

भाव कषाय – *Bhāva Kaṣāya.*
Psychical passion.

मन में कषाय होना ।

भावकाय – *Bhāva Kāya.*
Renouncement of bodily attachment.
गुप्ति; कायगत ममता रूप परिणाम का त्याग करना भावकाय गुप्ति है ।

भावक्रोध – *Bhāvakrodha.*
Passionate, spiteful or hostile nature.
दूसरों का पराभव करना आदि द्वेषपूर्ण विचार मन में लाना ।

भावग्रंथ – *Bhāvagraṁtha.*
Internal attachment.
अंतरंग परिग्रह; मिथ्यात्व आदि इसके 14 भेद हैं ।

भावग्रह – *Bhāvagraha.*
Name of a planet.
88 ग्रहों में 83 वां ग्रह ।

भावतीर्थ – *Bhāvatīrtha.*
The soul with right perception, knowledge & conduct.
तीर्थ का एक भेद; सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र युक्त आत्मा भाव तीर्थ है ।

भाव त्रिभंगी – *Bhāva Tribhaṁgī.*
Name of a book.
औपशमिकादि भाव विषयक एक ग्रंथ ।

भाव नपुंसक – *Bhāva Napuṁsaka.*
Psychologically neutral (sexually) one.
जो भाव से न स्त्री रूप है न पुरुष रूप है ।

भाव नमस्कार – *Bhāva Namaskāra.*
Psychical reverence or adoration for Lord Arihant.
मन के द्वारा पंचपरमेष्ठी के गुणों का स्मरण करना ।

भावन लोक – *Bhāvana Loka.*
Place of residence of deities.
जहां असुरकुमार आदि भवनवासी देवों के भवन हैं अर्थात् खरभाग- पंकभाग ।

भावना – *Bhāvanā.*
Stream of contemplation or rethinking, emotions, sentiments.
अनुप्रेक्षा अर्थात् बारबार चिंतन करना, जाने हुए अर्थ को पुनः पुनः चिन्तन करना ।

भावना पच्चीसी व्रत – *Bhāvanā Paccīsī Vrata.*
A specific type of vow (fasting), to be observed for 25 days.
एक व्रत जिसमें विधिपूर्वक 25 उपवास किये जाते हैं ।

भावना पद्धति – *Bhāvanā Paddhati.*
Name of a treatise written by *Bhattarak* Padmanandi.
भट्टारक पद्मनन्दि (ई. 1328-1398) कृत एक ग्रंथ ।

भावना लीनता – *Bhāvanā Līnatā.*
Deep engrossment in meditation for supreme bliss.
अपने अंतरंग में लीन रहना जिससे परम सुख की प्राप्ति होती है।

भाव निक्षेप – *Bhāva Nikṣepa.*
Appropriate establishment of meaning for something.
निक्षेप का एक भेद; वर्तमान पर्याय से युक्त द्रव्य । जैसे- सेवा करने वाले को सेवक कहना ।

भाव – निर्जरा – *Bhāva Nirjarā.*
Attributing Nirjara, volitional shedding off or volitional dissociation of *Karmas.*
कर्मशक्ति के निर्मूलन में समर्थ जीव के परिणाम भाव निर्जरा है। अर्थात् जिन भावों से कर्म झड़ें ।

भावनिर्विचकित्सा – *Bhāvanirvicikitsā.*
Volitions free from anguishment or any affliction, volition of non-disgust.
क्षुधादि 12 परीषहों में संक्लेश परिणाम न करना ।

भाव परिवर्तन – *Bhāva Parivartana.*
Volitional changes causing the transmigration of soul continuously.
पंचपरिवर्तन में एक परिवर्तन; मिथ्यात्व के वश में पड़कर प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश बंध के कारणभूत परिणामों या भावों का अनुभवन ।

भाव पाप – *Bhāva Pāpa.*
Subjective vices or sins.
मन से होने वाले 5 पाप या पाप रूप परिणाम ।

भाव पाहुड – *Bhāva Pāhuḍa.*
A book written by *Acharya* Kund-Kund.
आचार्य कुन्दकुन्द (ई. 127-179) कृत एक ग्रंथ ।

भावपुण्य – *Bhāva Puṇya.*
Auspicious thought-activity of soul.
दान, पूजा षडावश्यकादि रूप जीव के शुभ परिणाम भावपुण्य हैं ।

भावपुरुष – *Bhāvapuruṣa.*
Psychologically male one.
पुरुष वेद के उदय से पुरुष की अभिलाषा रूप मैथुन संज्ञा का धारक जीव ।

भावपूजा – *Bhāvapūjā.*
Subjective worshipping, Psychical worshipping.
अर्हन्तादि के गुणों का चिन्तन करना ।

भावप्रतिक्रमण – *Bhāvapratikramaṇa.*
Internal atonement, internal penitence.
आर्त, रौद्र इत्यादिक अशुभ परिणाम व पुण्यास्रव के कारणभूत शुभ परिणाम का त्याग करना । यह प्रतिक्रमण वीतरागी मुनियों के होता है ।

भाव प्रत्याख्यान – *Bhāva Pratyākhyāna.*
Internally renunciation of inauspicious deeds.
अशुभ परिणामों का मैं त्याग करूंगा ऐसा संकल्प करना भाव प्रत्याख्यान है ।

भाव प्रमाण – *Bhāva Pramāṇa.*
Internally standard evaluation of something.
भाव प्रमाण अर्थात् ज्ञान-दर्शन उपयोग। वह जघन्य सूक्ष्म निगोदिया के, उत्कृष्ट केवली के और मध्यम अन्य जीवों के होता है ।

भाव प्ररूपणा – *Bhāva Prarūpaṇā.*
Representation of sentiments through disquisition doors.
भावों का अनुयोगद्वार से विशेष कथन ।

भाव प्राण – *Bhāva Prāṇa.*
Psychical vitalities.
सम्यग्दर्शन, ज्ञान व चारित्र को भाव प्राण कहा है। अथवा आत्मा की जिस शक्ति से इन्द्रिय आदि अपने कार्य में प्रवर्तन करें ।

भाव प्राधान्य – *Bhāva Prādhānya.*
Presidence of sentiments.
आत्मभावों के प्रकरण में भाव लेश्या की प्रधानता होना ।

भाव प्रासुक आहार – *Bhāva Prāsuka Āhāra.*
A kind of thinking related to ownness of food.
ऐसा आहार, 'यह भोजन मेरे लिए है,' ऐसा चिन्तन न किया जाये (जिसमें से एकेन्द्रिय जीव निकल गये हैं वह द्रव्य-प्रासु-आहार कहलाता है)।

भावबंध – *Bhāvabaṁdha.*
Psychical bondage of Karmas.
जिस चेतन परिणाम से कर्म बंधता है वह भाव-बंध है। जैसे- क्रोधादि परिणाम भाव बंध कहलाते हैं अर्थात् आत्मा के शुद्ध-अशुद्ध परिणामों से जो कर्म का बंध होता है ।

भावभावक भाव – *Bhāvabhāvaka Bhāva.*
A relation between soul & result oriented *Karmas.*
संबंध; आत्मा एवं फल देने की सामर्थ्य से युक्त कर्म एवं आत्मा, दोनों में भाव-भावक भाव है ।

भाव मंगल – *Bhāva Maṁgala.*
Pure and sacred one.
वर्तमान में मंगलरूप पर्यायों से परिणत शुद्ध जीव ।

भावमन – *Bhāvamana.*
Psychical mind.
मन। ज्ञानावरण व वीर्यान्तराय के क्षयोपशम से द्रव्य मन द्वारा जानने की शक्ति तथा उस रूप ज्ञान का उपयोग होना ।

भावमल – *Bhāvamala.*
Inauspicious results of one.
अज्ञान, अदर्शन इत्यादिक जीव के परिणाम ।

भाव-मान-कषाय विवेक – *Bhāva-Māna-Kaṣāya Viveka.*
Psychical wisdom.
मन के द्वारा अभिमान को छोड़ना ।

भाव मार्गणा – *Bhāva Mārgaṇā.*
Psychical investigation.
जिन भावों के द्वारा जीवों का अन्वेषण किया जाता है ।

भाव मोक्ष – *Bhāva Mokṣa.*
Psychical salvation.
आत्मा का वह शुद्ध भाव जिससे सर्व कर्म झड़ जायें व आत्मा कर्म बंधन रहित अर्थात् मुक्त हो जावे ।

भावयुति – *Bhāvayuti.*
Psychically worldly attachments.
क्रोध, मान, माया और लोभादिक के साथ जीवादि द्रव्यों का मिलाप होना ।

भावयोग – *Bhāvayoga.*
Subjective (psychical) vibration.
मन वचन काय से संयुक्त संसारी जीव के अंगोपांग व शरीर नाम कर्म के उदय से जीव की वह शक्ति जो कर्म व नोकर्म को ग्रहण करती है ।

भावलिंग (वेद) – *Bhāvaliṁga (Veda).*
Thoughts due to partial passion.
जिसकी स्थिति नोकषाय के उदय से प्राप्त होती है ।

भावलिंग (साधु) – *Bhāvaliṁga (Sādhu).*
An absolute saint with perfect conduct.
साधु का जैसा बाहर चारित्र है वैसा ही भाव होना। प्रमत्त-अप्रमत्त गुणस्थान सम्बन्धी भाव होना ही भावलिंग है ।

भावलिंगीमुनि – *Bhāvaliṁgīmuni.*
A saint with real nature & attributes.
अपने मुनिरूप बाहरी चारित्र के अनुसार भावों को रखनेवाला मुनि ।

भाव लेश्या – *Bhāva Leśyā.*
Volitional aura.
कषाय से अनुरंजित योग की प्रवृत्ति होना ।

भाव लोकोत्तर मान – *Bhāva Lokottara Māna.*
Extent of knowledge (Nigod to Supreme state).
जघन्य से उत्कृष्ट अवस्था तक का ज्ञान जिससे मापा जाय अर्थात् लब्ध्य-पर्याप्तक सूक्ष्म निगोदिया जीव के जघन्य पर्याय श्रुतज्ञान से लेकर अर्हंतों के उत्कृष्ट केवलज्ञान तक का प्रमाण।

भाव लोभ विवेक – *Bhāva Lobha Viveka.*
Wisdom of abstinence from delusion or greed.
'यह मेरा है' इस तरह की मोहजन्य परिणति को न होने देना ।

भाववचन – *Bhāvavacana.*
Volitional speech.
वचन; जो वीर्यान्तराय और मतिज्ञानावरण तथा श्रुतज्ञानावरण कर्मों के क्षयोपशम और अंगोपांग नामकर्म के निमित्त से होता है। यह पौद्गलिक होता है ।

भाववती शक्ति – *Bhāvavati Śakti.*
Volitional strength of something.
द्रव्य की एक शक्ति; प्रदेशत्व गुणों के अतिरिक्त शेष गुणों के परिणाम की भाव रूप शक्ति ।

भाववान् – *Bhāvavān.*
Something having volitional quality.
परिणाम मात्र; परिणामी होने से सभी द्रव्य भाववान हैं ।

भाव विचय – *Bhāva Vicaya.*
Religious contemplation or meditation.
धर्म ध्यान; चेतन-अचेतन पदार्थों के स्वभाव का विचार करना।

भाव विवेक – *Bhāva Viveka.*
Wisdom for the disattachment in worldly affairs.
विवेक का एक भेद; समस्त पर पदार्थों से ममत्व का त्याग करना ।

भाव विह्वल पूर्ण – *Bhāva Vivhala Pūrṇa.*
One with full of emotions.
भावुकता पूर्ण ।

भावविशुद्धि – *Bhāvaviśuddhi.*
Volitional purity.
प्रत्याख्यान; राग द्वेष आदि अशुभ परिणाम का त्याग करना।

भाववेद – *Bhāvaveda.*
Psychic libido.
वेद नोकषाय के उदय से मैथुन भाव होना, इसके 3 भेद हैं।

भावशक्ति – *Bhāvaśakti.*
Power of thinking.
जीव की एक शक्ति; वर्तमान अवस्था (पर्याय) सहितरूप भाव शक्ति है ।

भावशल्य – *Bhāvaśalya.*
Internal thorn (falsehood etc.).
जिस कर्म के उदय से जीव के माया, मिथ्या व निदान रूप परिणाम होते हैं ।

भावशुद्धि – *Bhāvaśuddhi.*
Mental purity, passionlessness.
राग, द्वेष, अहंकार, आर्त व रौद्र ध्यान आदि समस्त अशुभ परिणाम से रहित होना ।

भावश्रुत – *Bhāvaśruta.*
Acquisition of scriptural knowledge by listening of Dvadshang.
द्वादशांग (जिनवाणी) के सुनने से जो स्वसंवेदन रूप ज्ञान होता है वह भावश्रुत है ।

भाव संग्रह – *Bhāva Saṁgraha.*
A book written by *Acharya* Devasen.
आचार्य देवसेन (वि. 1005) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

भाव संयोगपद – *Bhāva Saṁyogapada.*
Compound words showing passions.
पद का एक भेद; क्रोधी, मानी, मायावी और लोभी इत्यादि नाम जो भावों के निमित्त से व्यवहार में आते हैं ।

भाव संवर – *Bhāva Saṁvara.*
Psychic stoppage of Karmic flow.
संसार की निमित्त भूत क्रिया की निवृत्ति होना ।

भाव सत्य – *Bhāva Satya.*
True statements, A type of truth.
10 प्रकार के सत्य का एक भेद; जो पदार्थ इन्द्रियगोचर न हो उसमें सिद्धांत के अनुसार वचन कहना ।

भाव सम्यग्दृष्टि – *Bhāva Samyagdṛṣṭi.*
One possessing right knowledge or perception.
भेद ज्ञान पूर्वक परद्रव्य, परभाव, परपर्याय से भिन्न आत्मा का अनुभव करने वाला ।

भाव सल्लेखना – *Bhāva Sallekhanā.*
Auspicious and holy death with destruction of passions.
राग, द्वेष और मोह से रहित होकर मृत्यु को प्राप्त करना ।

भाव सामायिक – *Bhāva Sāmāyika.*
Equanimity in pain & pleasure.
सुख-दुख में साम्यभाव धारण कर मैत्रीभाव के साथ सम्पूर्ण सावद्य से निवृत्त हूं, इन भावों के साथ सामायिक करना ।

भावसूत्र – *Bhāvasūtra.*
Ideal formula (of right faith, right knowledge & right conduct) for right path.
सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र इन तीन गुणों से निर्मित्त उपासक का वैचारिक सूत्र ।

भावसेन त्रैविद्य – *Bhāvasena Traividya.*
Name of a famous *Acharya*, who wrote number of books.
मूलसंघ सेनगण के नैयायिक विद्वान आचार्य (ई.श.13 का मध्य) सिद्धान्तसार, प्रमाप्रमेय, कातंत्र रूपमाला आदि अनेक ग्रंथ रचे ।

भावस्तवन – *Bhāvastavana.*
Eulogical praising of Lord Jinendra.
जिनेन्द्र भगवान के गुणों का स्मरण करना ।

भाव स्त्री – *Bhāva Strī.*
Psychical female one.
स्त्री वेद के उदय से पुरुष की अभिलाषा रूप मैथुन संज्ञा का धारक जीव ।

भाव स्थिति – *Bhāva Sthiti.*
Constant nature.
जिसका जो स्वभाव है उससे च्युत न होना ।

भाव स्पर्श – *Bhāva Sparśa.*
Sensible touch for any knowledgeable matter.
निक्षेप रूप एक भेद; जो स्पर्श प्राभृत का ज्ञाता उसमें उपयुक्त है वह सब भाव स्पर्श है ।

भावस्वाध्याय – *Bhāvasvādhyāya.*
Rethinking of spiritual contents.
स्वाध्याय के द्वारा शुद्ध आत्मा को अनुभव में लाना ।

भावागार – *Bhāvāgāra.*
Psychical attachment of something.
चारित्र मोहनीय का उदय होने पर जो परिणाम घर से निवृत्त नहीं है वह भावागार कहा जाता है ।

भावानंत – *Bhāvānaṁta.*
A kind of infinity.
अनंत का एक भेद; यह आगम और नोआगम की अपेक्षा दो प्रकार का है ।

भावानुराग – *Bhāvānurāga.*
Emotional attachment with reality.
अनुराग के 4 भेदों में एक भेद; तत्व श्रद्धान होना ।

भावाभाव – *Bhāvābhāva.*
Absence of something in future.
वर्तमान स्थूल अवस्था का आगामी में अभाव करना ।

भावाभाव शक्ति – *Bhāvābhāva Śakti.*
One of the powers acquired by soul.
जीव की एक शक्ति; सत् देवादि पर्याय का नाश करता है, इसलिए उसे भावभाव का (सत् के विनाश का) कर्तृत्व कहा गया है। वर्तमान में होने वाली पर्याय के व्यय होने रूप शक्ति।

भावाभिनन्दी – *Bhāvābhinandī.*
The welcomer of the worldly existence.
सांसारिक अस्तित्व का अभिनन्दन करने वाला ।

भावार्थ – *Bhāvārtha.*
Meaning, explanation, purport.
आगम का अर्थ निकालने की विधि; भावों का अर्थ करना ।

भावार्थ दीपिका – *Bhāvārtha Dīpikā.*
A commentary book written by *Pandit* Shivjit.
पं. शिवजित (वि. 1818) कृत भगवती आराधना की भाषा टीका ।

भावासन्न – *Bhāvāsanna.*
Impure saint.
जो साधु चारित्र से भ्रष्ट होकर सिद्ध मार्ग की अनुयायी क्रियाएं करता है तथा असंयत जनों की सेवा करता है ।

भावास्रव – *Bhāvāsrava.*
Flowing of *Karmas.*
आत्मा के जिस परिणाम से पुद्गल द्रव्य कर्म बनकर आत्मा में आता है उस परिणाम को भावास्रव कहते हैं ।

भाविज्ञायिक शरीर – *Bhāvijñāyika Śarīra.*
One who is going to be learned one in future.
नोआगम द्रव्य कर्म के 3 भेदों में एक; कर्म स्वरूप को जानने वाला शरीर जिसको आगामीकाल में धारण करेगा ।

भाविता – *Bhāvitā.*
Name of a Ganini *Aryika* in the assembly of Lord Kunthunath.
कुन्थुनाथ भगवान के समवशरण की मुख्य आर्यिका (गणिनी) का नाम ।

भावि नैगमनय – *Bhāvi Naigamanaya.*
Wrong implication of something in present which is going to occure in future.
एक नय; जो पदार्थ अभी अनिष्पन्न है, और भावि काल में निष्पन्न होने वाला है, उसे निष्पन्नवत् कहना अर्थात् जो बात आगे होगी उसको वर्तमान में कहना, जैसे अर्हंत को सिद्ध कहना ।

भावि नोआगम द्रव्य – *Bhāvi Noāgama Dravya.*
One having knowledge of his predestined body form.
जो आत्मा भविष्यत् में आने वाली पर्यायों के अभिमुख है, उन पर्यायों से आक्रान्त हो रही वह आत्मा भाविनोआगम द्रव्य है ।

भावि भूत उपचार – *Bhāvi Bhūta Upacāra.*
Wrong implication of something in past time which is going to occure in future.
भविष्य में होने वाले कार्य का भूत में आरोप करना ।

भावेंद्रिय – *Bhāvendriya.*
See - *Bhāva Indriya.*
देखें - भाव इंद्रिय ।

भाषा – *Bhāṣā.*
Language, speech.
साधारण बोलचाल को भाषा कहते हैं। यह अक्षरी, अनक्षरी के भेद से दो प्रकार की होती है ।

भाषा द्रव्य वर्गणा – *Bhāṣā Dravya Vargaṇā.*
One of the aggregates of *karmic* molecules; causing formation of speech.
13 पुद्गल स्कंध वर्गणाओं में एक; इसी से वचन बनते हैं, एक-एक वर्गणा में अनंत परमाणु होते हैं ।

भाषा परिच्छेद – *Bhāṣā Paricccheda.*
Name of a book written by Vishvanath.
विश्वनाथ कृत वैशेषिक दर्शन का एक ग्रंथ ।

भाषा पर्याप्ति – *Bhāṣā Paryāpti.*
Power of vocal or verbal completion (caused by some *karmic* nature).
स्वर नामकर्म के उदय से भाषा वर्गणा रूप पुद्गल स्कन्धों को सत्य, असत्य, उभय, अनुभय भाषारूप परिणमावने की शक्ति की निष्पत्ति होना ।

भाषा पर्याप्ति काल – *Bhāṣā Paryāptikāla.*
Period of vocal completion.
भाषा पर्याप्ति पूर्ण होने पर जितने समय तक मन पर्याप्ति पूर्ण न हो तब तक भाषा पर्याप्ति काल कहलाता है ।

भाषा बल – *Bhāṣā Bala.*
Power of speech.
10 प्राणों में एक प्राण, वचन बल ।

भाषा वर्गणा – *Bhāṣā Vargaṇā.*
See - *Bhāṣā Dravya Vargaṇā.*
देखें - भाषा द्रव्य वर्गणा ।

भाषा वैखरी – *Bhāṣā Vaikharī.*
Language audible.
शब्दाद्वैतवादी द्वारा माने गये वाणी के चार भेदों में एक भेद; कर्ण इन्द्रिय ग्राह्य पर्याय स्वरूप द्रव्य वचन ।

भाषा समिति – *Bhāṣā Samiti.*
Virtue of a saint; using polite language.
5 समिति में एक; हित-मित-प्रिय वचन बोलना, यह साधुओं का एक मूलगुण है ।

भाष्य – *Bhāṣya.*
Commentary, Exposition.
व्याख्या, वृत्ति, टीका ।

भाष्य सूक्ति – *Bhāṣya Sūkti.*
Name of a treatise written by Jagadish Bhattacharya.
वैशेषिक दर्शन सूत्र पर लिखी जगदीश भट्टाचार्य कृत एक वृत्ति का नाम ।

भासुर – *Bhāsura.*
Name of a planet.
88 ग्रहों में एक ग्रह का नाम ।

भास्कर – *Bhāskara.*
Radiant, shining, The Sun, Name of a literary person.
दैदीप्यवान, प्रकाशवान, सूर्य, एक मीमांसा दर्शन के साहित्य प्रवर्तक जिन्होंने जैमिनी सूत्र पर अर्थसंग्रह नामक टीका लिखी।

भास्कर (कवि) – *Bhāskara (Kavi).*
Name of a poet who wrote Jivandhar Charitra.
जीवन्धर चरित्र के रचयिता एक कन्नड़ कवि ।

भास्करनंदि – *Bhāskaranaṁdi.*
Name of a saint who wrote 'Dhyanstava' and other treatises.
मुनि; तत्त्वार्थसूत्र की सुखबोधिनी वृत्ति तथा ध्यानस्तव के रचयिता । समय - ई.श. 14 ।

भास्कर वेदांत – *Bhāskara Vedāṁta.*
A particular philosophy ("Everyone gets engrossed into *Brahma* after death").
द्वैताद्वैत; संसार में जीव अनेक हैं किन्तु मुक्त होने पर सब ब्रम्ह में लीन हो जाते हैं ऐसा मानना ।

भास्करश्रवण – *Bhāskaraśravaṇa.*
The other name of Kumbhkarana.
कुंभकर्ण का दूसरा नाम ।

भास्कराभ – *Bhāskarābha.*
Name of a king of *Rakshas* dynasty.
राक्षस वंश का एक राजा ।

भास्करास्त्र – *Bhāskarāstra.*
Name of a weapon.
एक अस्त्र, तामसास्त्र को इसी से नष्ट किया जाता है ।

भास्करी – *Bhāskarī.*
A type of super power.
रावण को प्राप्त एक विद्या ।

भास्वती – *Bhāsvatī.*
A *Vapi* (like large lake) in *Amra* forest of *Samavsharana,* assembly of Jaina Lord.
समवसरण के आम्र वन की एक वापी ।

भिक्षु प्रतिमा – *Bhikṣu Pratimā.*
Particular 12 stages of renunciation for holy death of Jaina saints.
सल्लेखना की साधना हेतु जैन साधुओं के लिए आहार त्याग आदि से संबंधित 12 प्रतिमाएं होती हैं, इनका विशेष वर्णन भगवती आराधना में देखें ।

भिण्डिमाल – *Bhiṇḍimāla.*
Name of a weapon of the era of Ram.
राम के समय का एक शस्त्र ।

भित्ति – *Bhitti.*
Wall.
दीवार ।

भित्तिकर्म – *Bhittikarma.*
Sculpted work, engravement on wall etc.
घर की दीवारों में उनसे अभिन्न रची गई प्रतिमाओं का नाम भित्तिकर्म है ।

भित्ति कला – *Bhitti Kalā.*
Mural art (art related to wall-painting).
दीवार पर बनने वाली चित्रकला ।

भित्ति चित्र – *Bhitti Citra.*
Stucco embelishment (decorative wall work).
चित्रकला का एक भेद; इसमें दीवार पर विभिन्न रंगों से आकृतियां चित्रित की जाती हैं ।

भिन्न – *Bhinna.*
Fraction, Separate, Distinct, Different.
पृथक्, विभक्त, इतर ।

भिन्न कर्त्ता कर्म – *Bhinna Karttā Karma.*
A relation between doer and done work.
व्यावहारिक दृष्टि से कर्ता-कर्म भिन्न हैं किन्तु निश्चय से वस्तु विचार करने पर कर्ता-कर्म अभिन्न हैं ।

भिन्न दश पूर्वी – *Bhinna Daśa Pūrvī.*
One who gets involved in acquiring great knowledge.
दशमपूर्व विद्यानुवाद के समाप्त होने पर 700 क्षुद्र एवं 500 महाविद्याओं के लाभ को जो प्राप्त होता है ।

भिन्न परिकर्माष्टक – *Bhinna Parikarmāṣṭaka.*
Different types of mathematical operations applied over a fraction.
अंश व हर का संकलन, व्यवकलन, गुणकार, भागहार, वर्ग, वर्गमूल, घन और घनमूल करना ।

भिन्नपूर्वित्व ऋद्धि – *Bhinnapūrvitva Ṛddhi.*
A type of super natural power.
एक प्रकार की ऋद्धि। बुद्धि ऋद्धि के दशपूर्वित्व के दो भेदों में एक भेद ।

भिन्न मुहूर्त – *Bhinna Muhūrta.*
A particular time unit.
काल का प्रमाण विशेष। अंतर्मुहूर्त; 48 मिनट का एक मुहूर्त होता है, उनमें 1 समय कम को उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त व एक समय अधिक 1 आवली को जघन्य अन्तर्मुहूर्त कहते हैं ।

भीति – *Bhīti.*
Fear, A super power possessed by Ravana, creating fear to enemy.
भय, रावण को प्राप्त एक विद्या। इस विद्या से शत्रु पक्ष में भय उत्पन्न किया जाता है ।

भीम – *Bhīma.*
Name of the first *Narad*, a peripatetic deity and the son of Krishna.
प्रथम नारद, व्यंतर देवों का इन्द्र, कृष्ण का पुत्र ।

भीमबल – *Bhīmabala.*
The son of Dhratrashtra Gandhari.
धृतराष्ट्र - गांधारी के दो पुत्रों में एक का नाम ।

भीमबाहु – *Bhīmabāhu.*
The son of Dhratrashtra Gandhari.
धृतराष्ट्र - गांधारी के दो पुत्रों में एक का नाम ।

भीमरथी – *Bhīmarathī.*
A river of *Bharat kshetra Arya Khand.*
भरत क्षेत्र आर्य खण्ड की एक नदी ।

भीमसेन – *Bhīmasena.*
Name of an *Acharya*, one of the 5 Pandvas.
आचार्य अभयसेन के शिष्य जिनसेन के गुरु एक आचार्य, 5 पांडवों में एक पांडव । इन्हें भीम भी कहते हैं, इनके शरीर में बहुत बल था ।

भीमारण्य – *Bhīmāraṇya.*
A terribly dense forest of *Videh Kshetra* (region).
विदेहक्षेत्र के मनोहर नगर का समीपवर्ती एक भयंकर वन ।

भीमावलि – *Bhīmāvali.*
Name of the first *Rudra.*
प्रथम रुद्र, यह भगवान वृषभदेव के तीर्थ में हुआ था ।

भीष्म पितामह– *Bhīṣma Pitāmaha.*
A great warrior of Mahabharat.
धृतराज के भाई, महाभारत के प्रमुख पात्र, अपरनाम-गांगेय ।

भुजंगदेव – *Bhujaṁgadeva.*
A type of peripatetic deities living at some upper distance from the earth.
महोरग जाति के व्यंतरों का एक भेद, लवण समुद्र के ऊपर आकाश में स्थित भुजंग नामक देवों की 28 हजार नगरियाँ हैं।

भुजंगम – *Bhujaṁgama.*
Name of the 14th *Teerthankar* (Jaina - Lord) in *Videh Kshetra* (region).
विदेह क्षेत्र में स्थित 14 वें तीर्थंकर का नाम ।

भुजंगशाली – *Bhujaṁgaśālī.*
A type of peripatetic deities.
महोरग जातीय व्यंतर देवों का एक भेद ।

भुजंगिनी – *Bhujaṁginī.*
One of the super power possessed by Ravan.
रावण को प्राप्त अनेक विद्याओं में एक विद्या ।

भुजग – *Bhujaga.*
See - *Bhujaṁgaśālī.*
देखें - भुजंगशाली ।

भुजगप्रिया – *Bhujagapriyā.*
Name of a female beloved deity of a peripatetic deity 'Atikay'.
अतिकाय नामक व्यंतर इन्द्र की देवी का नाम ।

भुजगा – *Bhujagā.*
Name of a female beloved deity of a peripatetic deity 'Mahakay'.
महाकाय नामक व्यंतर इन्द्र की देवी का नाम ।

भुजगार बंध – *Bhujagāra Baṁdha.*
Binding of *Karma* increasingly.
जहां पहले थोड़ी कर्म प्रकृति का बंध होता था फिर अधिक-अधिक बंध हो वह भुजगार बंध है ।

भुजगार स्थिति बंध – *Bhujagāra Sthiti Baṁdha.*
Binding of durational bondage of *Karma* increasingly.
जहां पहले कम स्थिति बंध होता था, आगे वृद्धि के साथ स्थिति बंध होना ।

भुजबलिचरित – *Bhujabalicarita.*
A book written by *Doddayya.*
'दोड्डय्य' द्वारा रचित एक ग्रंथ। इसमें भगवान बाहुबली का जीवन चरित्र है ।

भुजवर द्वीप-सागर – *Bhujavara Dvīpa-Sāgara.*
Name of an island and ocean of middle universe.
मध्यलोक में स्थित एक द्वीप व समुद्र का नाम ।

भुज्यमान आयु – *Bhujyamāna Āyu.*
Present age.
वर्तमान में जिस आयु को भोगा जा रहा है वह भुज्यमान आयु है ।

भुवनकीर्ति – *Bhuvanakīrti.*
Disciple of *Acharya* Sakalkirti and preceptor of Gyanbhushan.
नन्दिसंघ बलात्कार गण में आचार्य सकलकीर्ति के शिष्य व ज्ञानभूषण के गुरु (ई.1442-1468) ।

भुवनाम्बिका – *Bhuvanāmbikā.*
An addressing word for Marudevi- mother of Lord Rishabhadev.
मरुदेवी जिन्हें वृषभदेव भगवान की जननी होने से भुवनाम्बिका (अर्थात् जगत माता) नाम से सम्बोधित किया गया था ।

भुशुण्डी – *Bhuśuṇḍī.*
A weapon used in the time of Ravana.
एक शस्त्र, इसका उपयोग रावण के काल में हुआ है ।

भूगोल – *Bhūgola.*
Geography.
जैनाभिमत में मध्यलोक-जंबूद्वीप आदि ब्रह्मांड का वर्णन विषय भूगोल में है ।

भूत – *Bhūta.*
Demons, peripatetic deities.
जो व्यंतर देव कर्मोदय के कारण विविध गतियों में घूमते रहते हैं (व्यंतरों के 8 भेदों में एक भेद; इनके 7 भेद हैं) ।

भूतकांता – *Bhūtakāṁtā.*
Name of a female beloved divinity of peripatetic deity 'Svarup.'
व्यंतर इन्द्र 'स्वरूप' की देवी का नाम ।

भूतकाल – *Bhūtakāla.*
Past time.
बीता हुआ समय ।

भूतग्राही ज्ञान – *Bhūtagrāhī Jñāna.*
Omniscience, great knowledge of the whole past.
भूतकाल को जानने वाले श्रुत, अवधि, मनःपर्यय एवं केवल ज्ञान ।

भूतग्राही नय – *Bhūtagrāhī Naya.*
Standpoint showing knowledge of past.
नय; जिसके अनुसार जन्म से 15 कर्मभूमियों में और संहरण की अपेक्षा सर्व मनुष्य क्षेत्र से सिद्धि होती है। अर्थात् भूतकाल को ग्रहण करके कथन करने वाला नय ।

भूतज्ञायक शरीर – *Bhūtajñāyaka Śarīra.*
Left body of most learned one (after death).
कर्मस्वरूप को जानने वाला जिस शरीर को छोड़ आया है वह भूतज्ञायक शरीर है इसके च्युत, च्यावित, त्यक्त 3 भेद हैं ।

भूत नैगमनय – *Bhūta Naigama Naya.*
Implication of something in present time which happened in the past (like today is birth anniversary of Lord Mahavira'.).
अतीत कार्य में 'आज हुआ है' ऐसा वर्तमान का आरोप या उपचार करना। अथवा भूतकाल की बात में वर्तमान की मान्यता की जाये, जैसे आज महावीर जयंती है ।

भूतपूर्व नय – *Bhūtapūrva Naya.*
A standpoint related to the past events.
अतीत कालीन पर्यायों की अपेक्षा कथन करने वाला नय ।

भूतपूर्व न्याय – *Bhūtapūrva Nyāya.*
A type of justice related to the past.
जिसके द्वारा उपशान्त कषाय आदिक गुणस्थानों में लेश्या कही जाती है ।

भूतपूर्व प्रज्ञापन नय – *Bhūtapūrva Prajñāpana Naya.*
See - *Bhūtapūrva Naya.*
देखें - भूतपूर्व नय ।

भूत प्रज्ञापन नय – *Bhūta Prajñāpana Naya.*
See - *Bhūtapūrva Naya.*
देखें - भूतपूर्व नय ।

भूत भावी उपचार – *Bhūta Bhāvī Upacāra.*
Causative implication related to the past & future.
भूत एवं भविष्य से संबंधित कारण में कार्य का उपचार करना।

भूतबली – *Bhūtabalī.*
Name of a great *Acharya*, the disciple of *Acharya* Arhadvali.
एक आचार्य (ई.66-156) जिनके दीक्षा गुरु आचार्य अर्हद्बलि और शिक्षा गुरु धरसेन थे। इन्होंने षट्खंडागम के सूत्रों की रचना की है ।

भूतमुख – *Bhūtamukha.*
Name of a dominion 'Shield' of *Chakravarti* (emperor) Bharat & Lord Aranath.
चक्रवर्ती भरत तथा भगवान अरनाथ का अस्त्र (ढाल) यह भूतों की मुखाकृतियों से चिन्हित होता था ।

भूतरक्ता – *Bhūtaraktā.*
Name of a female beloved divinity of a peripatetic deity 'Pratirup'.
एक व्यंतर इन्द्र 'प्रतिरूप' की देवी का नाम ।

भूतरमण – *Bhūtaramaṇa.*
Name of a garden of *Bhadrashal* forest.
भद्रशाल वन के 5 उपवनों में एक उपवन का नाम ।

भूतरव – *Bhūtarava.*
Name of a country won by Lavkush (Ram's sons).
एक देश, इसे लवकुश ने जीता था ।

भूतवन – *Bhūtavana.*
Name of a forest where Shreepal announced himself to be *Chakravarti* (emperor).
एक वन, जहां श्रीपाल ने 7 शिलाखण्डों को एक के ऊपर एक रखकर स्वयं चक्रवर्ती होने की सूचना दी थी ।

भूतवर – *Bhūtavara.*
Name of an island and an ocean of middle universe.
मध्यलोक के एक सागर व द्वीप का नाम ।

भूतवाद – *Bhūtavāda.*
A standpoint related to origination & destruction of the consciousness.
पृथिवी, जल, वायु, अग्नि के संयोग से चैतन्य की उत्पत्ति तथा वियोग से उसके विनाश की मान्यता वाला एक मत ।

भूत विगम – *Bhūta Vigama.*
To be detached from the elements.
तत्वों से विमुख होना ।

भूतविषय नय – *Bhūtaviṣaya Naya.*
See - *Bhūtagrāhī Naya.*
देखें - भूतग्राही नय ।

भूत शरीर – *Bhūta Śarīra.*
See - *Bhūta Jñāyaka Śarīra.*
देखें - भूत ज्ञायक शरीर ।

भूता – *Bhūtā.*
Name of a female beloved divinity of a peripatetic deity 'Mahabhim'.
महाभीम नामक व्यंतर देव की एक देवी का नाम ।

भूतानंद – *Bhūtānaṁda.*
A type of *Nagkumar Indras* (celestial deities).

नागकुमार भवनवासी देवों का एक इन्द्र ।

भूतारण्यक वन – *Bhūtāraṇyaka Vana.*
Name of a forest situated in western *Videh* (region).
विदेह के पश्चिम और लवण समुद्र के निकट एक वन ।

भूतार्थ – *Bhūtārtha.*
Another name of *Makshmarga* 'Path of salvation'.
निश्चय नय, मोक्षमार्ग का अपरनाम ।

भूति – *Bhūti.*
Name of the 24th chief disciple of Lord Rishabhadev.
भगवान वृषभदेव के 84 गणधरों में 24 वें गणधर का नाम ।

भूतेश – *Bhūteśa.*
Name of an *Indra* (celestial being).
भवनवासी देवों के 20 इन्द्रों में तीसरा इन्द्र ।

भूतोत्तम – *Bhūtottama.*
A type of peripatetic deities.
भूत जाति के व्यन्तर देवों के सात भेदों में एक भेद ।

भूधर – *Bhūdhara.*
Name of a warrior of Ram.
राम का एक योद्धा, धरणेन्द्र ।

भूधरदास – *Bhūdharadāsa.*
Name of a writer who wrote Parshvanath Puran, Pada Sangrah (poetic compositions) etc. many great books.
पार्श्वनाथपुराण; जैन शतक, पद संग्रह आदि के कर्त्ता ।

भूपाल – *Bhūpāla.*
Name of a king of *Bharat Kshetra* (region).
सुभौम चक्रवर्ती के तीसरे पूर्वभव का जीव जिसने युद्ध में मानभंग होने से दीक्षा लेकर चक्रवर्ती पद का निदान किया था।

भूपाल चतुर्विंशतिका – *Bhūpāla Caturviṁśatikā.*
Name of a treatise written by *Pandit* Ashadhar.
पं. आशाधर (ई.1173-1243) कृत एक ग्रंथ का नाम ।

भूपाल चतुर्विंशतिका टीका – *Bhūpāla Caturviṁśatikā Ṭīkā.*
Name a commentary book written by *Pandit* Ashadhar.
पं. आशाधर (ई. 1173-1243) कृत संस्कृत टीका ।

भूभृत – *Bhūbhṛta.*
Mountain.
पर्वत ।

भूमि – *Bhūmi.*
Land.
जीवों की निवास भूमियां - कर्मभूमि, भोगभूमि, नरकों की 7 भूमियां ।

भूमिकल्प – *Bhūmikalpa.*
A book written by *Acharya* Indranandi.
आचार्य इन्द्रनन्दि (ई.श.10) कृत एक तान्त्रिक ग्रंथ ।

भूमिका – *Bhūmikā.*
Preamble, introduction, See - *Guṇasthāna.*
प्रस्तावना, देखें - गुणस्थान ।

भूमिकुंडल – *Bhūmikuṁḍala.*
A city in the south of *Vijayardha* mountain.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर ।

भूमितिलक – *Bhūmitilaka.*
A city in the north of *Vijayardha* mountain.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर ।

भूमितुंड – *Bhūmituṁḍa.*
A type of super power of Vidyadhars.
विद्याधरों की एक विद्या ।

भूमिधन – *Bhūmidhana.*
A type of mathematical quantity.
अंतधन, एक कम पद का चय से गुणा करके उसमें प्रथम समय का प्रमाण जोड़ देने पर यह निकलता है ।

भूमिनाश – *Bhūmināśa.*
Destruction of whole earth (before 49 days at the end of *Pancham Kal.*
पंचम काल के अंत में 49 दिन तक कुवृष्टियां होने से भूमि जलकर नष्ट हो जाती है इसे भूमिनाश कहते हैं ।

भूमिपाल – *Bhūmipāla.*
Father's name of the 17th *Teerthankar* (Jaina-Lord) situated in *Videh Kshetra* (region).
विदेह क्षेत्र में स्थित 17 वें तीर्थंकर 'वीरसेन' के पिता का नाम।

भूमिमंडल – *Bhūmimaṁḍala.*
See - *Bhūmikuṁḍala.*
देखें - भूमिकुंडल ।

भूमिमित्र – *Bhūmimitra.*
Name of a king of Shrenik dynasty of Magadh state.
मगध राज्य के श्रेणिक वंश का एक राजा ।

भूमिशय्याव्रत – *Bhūmiśayyāvrata.*
A basic restraint of Jaina saints, to sleep on the earth.
साधु के 28 मूलगुणों में एक मूलगुण; पृथिवी पर शयन करना।

भूमिशुद्धि – *Bhūmiśuddhi.*
Act of purification of Land with religious observances.
पूजा-विधान-मंत्र आदि से भूमि शुद्ध करना ।

भूमिसंस्तर – *Bhūmisaṁstara.*
A suitable land base related to the Samadhi of a Jaina saint.
संस्तर के 4 भेदों में एक भेद; जो जमीन मृदु नहीं है, जो छिद्र रहित, प्राणी रहित, प्रकाश युक्त हो एवं क्षपक के देहप्रमाण और गुप्त हो ।

भूमिस्पर्श – *Bhūmisparśa.*
A type of fault related to saint food (touching the land by hands).
साधु का आहार संबंधी एक अंतराय; हाथ से भूमि को छूना ।

भूषणगृह – *Bhūṣaṇagṛha.*
A palace of astral deities.
ज्योतिष देवों के प्रासादों में एक गृह ।

भूषणशाला – *Bhūṣaṇaśālā.*
Name of a aboding or dwelling place of deities.
भवनवासी देवों के भवनों में एक गृह का नाम ।

भूषणांग जाति कल्पवृक्ष –
Bhūṣaṇāṁga Jāti Kalpavṛkṣa.
A type of wish fulfilling tree (related to providing ornaments).
10 प्रकार के कल्पवृक्षों में एक वृक्ष का नाम; जो आभूषण प्रदान करते हैं ।

भूषांग – *Bhūṣāṁga.*
See - *Bhūṣaṇāṁga Jāti Kalpavṛkṣa.*
देखें - भूषणांग जाति कल्पवृक्ष ।

भृंग – *Bhṛṁga.*
A pitcher having a long neck and a spout.
कलश, झारी ।

भृंगनिभा – *Bhṛṁganibhā.*
Name of a Vapi (like large lake) of *Sumeru* mountain.
सुमेरु के नन्दनादि वनों में स्थित एक वापी (बावड़ी) ।

भृंगा – *Bhṛṁgā.*
See - *Bhṛṁganibhā.*
देखें - भृंगनिभा ।

भृंगार – *Bhṛṁgāra.*
An auspicious emblem—a pitcher having long neck and a spout.
टोंटीदार कलश (झारी)—जिन प्रतिमा के समीप रहने वाले अष्टमंगल द्रव्यों में से एक ।

भृकुटी – *Bhṛkuṭī.*
Scowl, a frowning look.
तनी भौंह, क्रोध पूर्ण मुखाकृति। जिन प्रतिमाओं की भृकुटी रहित मुखाकृति क्रोध के अभाव का सूचक होती है ।

भेद – *Bheda.*
Difference, Type, Division, Separation, Discrimination, Disjunction.
विरूद्ध धर्मों एवं भिन्न-भिन्न कारणों का होना यही भेद है ।

भेद कल्पना-निरपेक्ष-शुद्ध-द्रव्यार्थिक नय –
Bheda Kalpanā-Nirapekṣa-Śuddha-Dravyārthika Naya.
A viewpoint explaining the solitariness in properties (virtues) and its possessor (matter).
नय; जिसकी अपेक्षा द्रव्य निज गुण पर्यायों के स्वभाव से अभिन्न है तथा एक स्वभावी है ।

भेद कल्पना-सापेक्ष-अशुद्ध-द्रव्यार्थिक नय –
Bheda Kalpanā-Sāpekṣa-Aśuddha-Dravyārthika Naya.
A kind of viewpoint which differentiate the relation of properties (virtues) and its possessor (matter).
नय; जो द्रव्य में गुण-गुणी का भेद करके उनमें सम्बन्ध स्थापित करता है, जैसे द्रव्य गुण व पर्याय वाला है अथवा जीव ज्ञानवान् है ।

भेदज्ञान – *Bhedajñāna.*
Discriminating science (knowledge).
जीवादि सातों तत्त्वों में सुखादि की अर्थात् स्वतत्त्व की स्वसंवेदनगम्य पृथक् प्रतीति होना। अथवा स्व पर पदार्थों का यथार्थ ज्ञान होना।

भेदग्रहण – *Bhedagrahaṇa.*
Comprehension of something with its different dimensions.
ज्ञान में वस्तु को भेद या विकल्प सहित ग्रहण करना ।

भेद पक्ष – *Bheda Pakṣa.*
Acceptance of something with alternative viewpoints.
द्रव्य को गुण व पर्याय की अपेक्षा ग्रहण करना ।

भेदपद – *Bhedapada.*
Different kinds of typical literary words with their antonyms.
उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट, जघन्य-अजघन्य, सादि-अनादि, ध्रुव-अध्रुव आदि समस्त भेद पद कहलाते हैं ।

भेदप्रवृत्ति – *Bhedapravṛtti.*
Differential attitude or attitude of differentiation.
अभेद रूप से गृहीत वस्तुओं का परमाणु पर्यंत भेद करना ।

भेदरत्नत्रय – *Bhedaratnatraya.*
Synonym word for *Mokshmarga*-the path of salvation.
मोक्षमार्ग का पर्यायवाची नाम ।

भेदवाद – *Bhedavāda.*
Principle of analysing something with its different properties.
वस्तु को गुण, पर्याय, लक्षण आदि की अपेक्षा ग्रहण करना ।

भेद विज्ञान – *Bheda Vijñāna.*
Science of differentiation (between self-own soul & other).
सम्यग्ज्ञान; गुरुपदेश से अथवा शास्त्राभ्यास से या स्वात्मानुभव से स्व व पर के भेद को जानना ।

भेदसंघात – *Bhedasaṁghāta.*
Association-cum-dissociation related to *Karmic* molecules.
भेद अर्थात् स्कंधों का टूटना एवं संघात होना अर्थात् भिन्न-भिन्न परमाणुओं या स्कंधों से मिलकर स्कंधों की उत्पत्ति होना ।

भेद स्वभाव – *Bheda Svabhāva.*
Differentiation in nature, discriminative nature of matters.
द्रव्यों के 11 सामान्य स्वभावों में एक स्वभाव; गुण-गुणी आदि में संज्ञा, लक्षण, प्रयोजन की अपेक्षा भेद होने से भेद स्वभाव होता है ।

भेदातीत – *Bhedātīta.*
Similar, without any difference.
भेद रहित ।

भेदाभेद विपर्यास – *Bhedābheda Viparyāsa.*
A kind of reversal knowledge.
कारण-कार्य व भेद-अभेद का उल्टा ज्ञान ।

भेदोपचार – *Bhedopacāra.*
Statement of something on the basis of its nature.
उपचार का भेद; गुण, गुणी में भेद करके कहना भेदोपचार है। इसे सद्भूत व्यवहार भी कहते हैं क्योंकि गुण, गुणी का तादात्म्य संबंध पारमार्थिक है ।

भेरी – *Bherī.*
A musical instrument used at the beginning of war.
युद्ध के लिए प्रस्थान करते समय बजाया जाने वाला वाद्य ।

भेरीताड़न विधि – *Bherītāḍana Vidhi.*
A type of auspicious act of singing musical instruments and raising the flags of different colours in all 10 directions before beginning of Panchkalyanak Pratishtha (celebration for the installation of Jain idols in temples).
इस विधि में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा से एक-दो आदि दिन पूर्व प्रतिष्ठाचार्य मंत्रोच्चारपूर्वक यजमान द्वारा विविध प्रकार के वाद्य बजवाते हैं एवं मण्डप की दशों दिशाओं में विभिन्न वर्ण की ध्वजाएं स्थापित कराते हैं ।

भेरुण्ड – *Bheruṇḍa.*
Name of a bird.
एक पक्षी का नाम ।

भेषजदान – *Bheṣajadāna.*
Donation of medicines.
प्रासुक औषधिदान ।

भैंससम – *Bhaiṁsasama.*
A type of listener who grasps less.
श्रोता का एक प्रकार; जैसे भैंसा थोड़ा सा पानी पीकर बाकी सारा पानी गंदा कर देता है उसी तरह अल्प ग्रहण करने वाले श्रोता ।

भैंसा – *Bhaiṁsā.*
Buffalo bull, the significant mark of Lord Vasupujya.
एक पशु; वासुपूज्य भगवान का चिन्ह ।

भैक्ष्यशुद्धि – *Bhaikṣyaśuddhi.*
Purity in procedural food taking.
अचौर्यव्रत की एक भावना; शास्त्रोक्त विधि से शुद्ध भोजन ग्रहण करना ।

भैरव पद्मावती कल्प –
Bhairava Padmāvatī Kalpa.
Name of a book related to mystical formulae.
मन्त्र-तन्त्र विषयक एक ग्रंथ ।

भोक्ता – *Bhoktā.*
One who experiences joy & sorrow both.
सुख-दुख परिणामों को भोगने वाला ।

भोक्ता भोग्य भाव – *Bhoktā Bhogya Bhāva.*
Instinction related to enjoyer & enjoyables.
मैं भोगने वाला हूं और यह भोगने योग्य है ऐसा भाव ।

भोक्तृत्व – *Bhoktṛtva.*
Power of experiencing joy & sorrow. .
जीव की सुख-दुख भोगने की शक्ति ।

भोक्तृत्व नय – *Bhoktṛtva Naya.*
A viewpoint believing that soul is the enjoyer of joy & sorrow.
नय; जिसकी अपेक्षा से आत्मद्रव्य सुख-दुखादि का भोक्ता है ।

भोक्तृत्व भोग्य भाव – *Bhiktṛtva Bhogya Bhāva.*
See - *Bhoktā Bhogya Bhāva.*
देखें - भोक्ता भोग्य भाव ।

भोगंकरा – *Bhogaṁkarā.*
A female deity of *Gajdant* summit.
गजदन्त कूट की एक देवी का नाम ।

भोगंकृति – *Bhogaṁkṛti.*
See - *Bhogaṁkarā.*
देखें - भोगंकरा ।

भोगंधरी – *Bhogaṁdharī.*
See - *Bhogaṁkarā.*
देखें - भोगंकरा ।

भोग – *Bhoga.*
Worldly or sensual enjoyments.
भोजन वस्त्रादि पंचेन्द्रिय संबंधी विषय भोग पदार्थ कहलाते हैं।

भोगधरा– *Bhogadharā.*
Land of worldly enjoyments.
भोगभूमि ।

भोग निदान – *Bhoga Nidāna.*
Longing for all luxurious worldly pleasures.
परलोक में भोग विलास की उत्तम सामग्री मिले ऐसी आकांक्षा करना ।

भोगभूमि – *Bhogabhūmi.*
Land of worldly enjoyments.
जहां कृषि आदि षट् कार्यों के बिना 10 प्रकार के कल्प वृक्षों से प्राप्त भोग-उपभोग की सामग्री के द्वारा मनुष्य - तिर्यंच अपना जीवन सुख पूर्वक बिताते हैं ।

भोगमालिनी – *Bhogamālinī.*
Name of a female deity of *Rajat* summit situated at *Malyavan Gajadant* mountain.
माल्यवान् गजदन्त स्थित रजत कूट की स्वामिनी देवी ।

भोगरति – *Bhogarati.*
Involvement in all sensual pleasures constantly.
नित्य भोग विलास का सेवन करना ।

भोगलक्ष्मी – *Bhogalakṣmī.*
Assests, Consumables, Luxuries.
भोग सम्पदा ।

भोगवती – *Bhogavatī.*
Name of female deities of summit of *Gandhamadan* & *Gajdant* mountains.
गन्धमादन पर्वत के लोहिताक्ष कूट की स्वामिनी दिक्कुमारीदेवी, माल्यवान् गजदन्त स्थित सागर कूट की स्वामिनी देवी ।

भोगवर्धन – *Bhogavardhana.*
Name of a country situated in *Bharat Kshetra Arya Khand*, the birth place of a *Pratinarayan* 'Tarak'.
भरत क्षेत्र का एक नगर, जहां 'तारक' प्रतिनारायण का जन्म हुआ था ।

भोगांतराय कर्म – *Bhogāṁtarāya Karma.*
Obstructive *Karma* in the way of worldly enjoyments.
अंतराय कर्म का एक भेद; जिस कर्म के उदय से जीव भोगने की इच्छा करता हुआ भी नहीं भोग पाता ।

भोगा – *Bhogā.*
Name of a female beloved deity of a peripatetic celestial (Mahakaya).
महाकाय नामक व्यंतर इन्द्र की वल्लभिका का नाम ।

भोगाकांक्षा – *Bhogākāṁkṣā.*
Longing for enjoyment.
भोग करने की इच्छा होना ।

भोगानर्थक्य – *Bhogānarthakya.*
An infraction-excess of consumables, hoarding.
अनर्थदण्डव्रत का एक अतिचार; आवश्यकता से अधिक उपभोग परिभोग की वस्तुओं को एकत्रित करना।

भोगोपभोग – *Bhogopabhoga.*
Enjoyment of worldly pleasures.
जो वस्तु एक बार भोगने में आये वह भोग (भोजन इत्यादि) एवं जो बारबार भोगने में आये वह उपभोग (शय्या इत्यादि) कहलाती है ।

भोगोपभोग परिमाण व्रत –
Bhogopabhoga Parimāṇa Vrata.
Vow of restricting worldly sensual enjoyments.
शिक्षाव्रत का एक भेद; इसमें भोग उपभोग सम्बन्धी पदार्थों का परिमाण किया जाता है ।

भोगोपभोगसंख्यान – *Bhogopabhogasaṁkhyāna.*
Vow of limiting use of consumables.
एक गुणव्रतः इसमें भोग और उपभोग की वस्तुओं की मर्यादा की जाती है ।

भोज – *Bhoja.*
A king of Malaw region.
मालव देश के एक राजा का नाम ।

भोज वंश – *Bhoja Vaṁśa.*
Name of a dynasty.
वृषभदेव भगवान के समय का एक वंश; इस देश के राजा न्याय पूर्वक प्रजा का पालन करने से भोज कहलाते थे ।

भोजकवृष्णि – *Bhojakavṛṣṇi.*
Name of a king.
मथुरा के स्वामी सुवीर के पुत्र तथा उग्रसेन के पिता ।

भोजन – *Bhojana.*
Food items.
क्षुधा निवृत्ति के लिए खाने योग्य पदार्थ ।

भोजनकथा – *Bhojanakathā.*
Food gossip, tales pertaining to food items.
विकथा का एक भेद। भोजन संबंधी कथा करना ।

भोजनदान – *Bhojanadāna.*
Food - donation.
साधु आदि को भोजन का दान करना, निर्धन को अन्न आदि दान करना ।

भोजनपान – *Bhojanapāna.*
Taking of particular prescribed food.
प्रासुक भोजन ग्रहण करना ।

भोजन संपात – *Bhojana Saṁpāta.*
A type of obstacle in food donation to saints.
आहारांतराय का एक भेद; साधु को आहार देते समय दाता के हाथ से आहार सामग्री का नीचे गिर जाना ।

भोजनांग जातीय कल्पवृक्ष –
Bhojanāṁga Jātīya Kalpavṛkṣa.
A type of wish fulfilling trees.
कल्पवृक्षों की एक जाति; ये भोग भूमि के मनुष्यों के लिए इच्छित छः प्रकार के रसों से युक्त स्वादिष्ट भोजन सामग्री प्रदान करते हैं ।

भोज्यशूद्र – *Bhojyaśūdra.*
A lower division of people of society.
कारू शूद्र का एक भेद ।

भौम – *Bhauma.*
A peripatetic deity, A kind of earthen bodied beings, A type of knowledge.
व्यंतर देव, पृथिवीकायिक जीव, अष्टांग निमित्तज्ञान का एक अंग ।

भौमनिमित्तज्ञान – *Bhaumanimittajñāna.*
A type of super natural knowledge pertaining to the earthly treasures.

अष्टांग निमित्तज्ञान का एक अंग; इससे पृथिवी के स्थान आदि के भेद से हानि, वृद्धि तथा पृथ्वी के भीतर रखे हुए रत्न आदि का पता लगाया जाता है ।

भ्रमण – *Bhramaṇa.*
Transmigration, Wandering, Mobility .
अनंत जीव प्रदेशों में घूमना, चक्कर लगाना ।

भ्रमणकाल – *Bhramaṇakāla.*
The infinite time period of mobility (transmigration) of soul.
संसार परिभ्रमण का काल जो अनंत है ।

भ्रमराहार – *Bhramarāhāra.*
Accepting food-donation by saints without causing any difficulty to the donor.
दाताओं को किसी भी प्रकार की बाधा पहुँचाये बिना मुनि द्वारा कुशलता से आहार लिया जाना। इसे भ्रामरी वृत्ति भी कहते हैं।

भ्रष्ट मुनि – *Bhraṣṭa Muni.*
Deviated saints.
इन्द्रिय और कषायों के आधीन रहने वाले साधु ।

भ्रांत – *Bhrāṁta.*
Invalid, Incorrect, Name of the 4th *Patal* (layer) of the 1st earth.
भूला हुआ, कुपथगामी, भूल, प्रथम पृथिवी का चतुर्थ पटल ।

भ्रान्ति – *Bhrānti.*
Illusion, Deception.
भ्रम, व्यामोह, मिथ्याभाव ।

भ्रामरीवृत्ति – *Bhrāmarīvṛtti.*
See - *Bhramarāhāra.*
देखें - भ्रमराहार ।

भ्रूक्षेपण – *Bhrūkṣepaṇa.*
An infraction of meditative relaxation (frowning).
कायोत्सर्ग का एक अतिचार; भौंह टेढ़ी करना या नचाना ।

म

म – *Ma.*
The 25th consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का पच्चीसवाँ व्यंजन इसका उच्चारण स्थान ओष्ठ और नासिका है ।

मंखलि – *Maṁkhali.*
A prapogator of falsehood.
अपरनाम-मस्करी या पूरनकश्यप। भावसंग्रह ग्रंथ के अनुसार ये पहले दिगम्बर मुनि थे पुन: भगवान महावीर के समवशरण से बाहर निकलकर इन्होंने अज्ञानमत का प्रचार किया ।

मंगरस – *Maṁgarasa.*
A Kannad poet who wrote 'Nemi Jineshwar Sangati' etc. books.
नेमि जिनेश्वर संगति और सम्यक्त्व कौमुदी के रचयिता एक कन्नड़ कवि ।

मंगराज – *Maṁgarāja.*
A Kannad poet who wrote a book 'Khagendramanidarpan'.
खगेन्द्रमणिदर्पण (चिकित्साशास्त्र) के रचयिता एक कन्नड़ कवि।

मंगल – *Maṁgala.*
State of auspiciousness, Name of a planet (Mars), Name of a deity of *Saumnas Gajdant* mountain and its summit.
जो पाप रूपी मल को गलाता है अथवा जो सुख या पुण्य को लाने वाला है वह मंगल है (पंचनमस्काररूप णमोकार मंत्र समस्त मंगलों में प्रथम मंगल कहा जाता है), एक ग्रह का नाम, सौमनस गजदंत पर्वत के एक कूट व देव का नाम ।

मंगल (ज्योतिषलोक) – *Maṁgala (Jyotiṣaloka).*
Name of a space vehicle, Name of the 83rd planet.
मध्यलोक से ८९७ योजन ऊपर जाकर ज्योतिषलोक में स्थित एक विमान, ज्योतिष के ८८ ग्रहों में ८३वां ग्रह ।

मंगल गोचर – *Maṁgala Gocara.*
An auspicious observance of taking food by a Jaina saint at the previous day of the beginning & the end day of Chaturmas.
जैन साधुओं द्वारा वर्षायोग स्थापना एवं समापन से पूर्व आषाढ़ शु. त्रयोदशी वं कार्तिक कृ. त्रयोदशी के दिन एक वन्दना क्रिया (सिद्ध भक्ति, चैत्य भक्ति, पंचगुरु भक्ति, शान्ति भक्ति) करके जो आहार ग्रहण किया जाता है उसका नाम मंगल गोचर है ।

मंगल गोचर प्रत्याख्यान –
Maṁgala Gocara Pratyākhyāna.
An activity of auspicious exposition (performed by a saint after taking food).
जैन साधुओं द्वारा की जाने वाली एक क्रिया; मंगल गोचर के पश्चात् अगले दिन अर्थात् चतुर्दशी (वर्षायोग स्थापना एवं

निष्ठापन दिवस) के लिए एक विशेष भक्तिपाठपूर्वक गुरु से उपवास ग्रहण करना।

मंगल द्रव्य – *Maṁgala Dravya.*
Auspicious articles like fly-whisk, pitcher, parasol etc.
जिन प्रतिमा के समीप रहने वाले अष्ट मंगल द्रव्य-पंखा, छत्र, चमर, ध्वजा, दर्पण, सुप्रतिष्ठ , भृङ्गार, कलश ये ८ मुख्यरूप से मंगल द्रव्य हैं।

मंगला – *Maṁgalā.*
A type of super power with auspicious verses or texts, Mother's name of Lord Sumatinath.
कल्याणक मंत्रों से परिष्कृत एक विद्या, तीर्थंकर सुमतिनाथ की माता (अपरनाम-सुमंगला)।

मंगलाचरण – *Maṁgalācaraṇa.*
Auspicious beginning for the success of any work.
कार्य के प्रारंभ में मंगल के लिए स्तुतिरूप श्लोक व छंद पढ़ना।

मंगलावती – *Maṁgalāvatī.*
Name of an area of eastern *Videh Kshetra* (a region) and name of a deity.
पूर्व विदेह का एक क्षेत्र एवं आत्मांजन वक्षार का एक कूट व उसका रक्षक देव।

मंगलावर्त – *Maṁgalāvarta.*
Name of a summit of *Saumnasa* mountain and its protecting deity .
सौमनस पर्वत का एक कूट व उसका रक्षक देव।

मंगिनी – *Maṁginī.*
Name of a chief *Aryika* (Ganini) in the *Samavasharan* (assembly) of Lord Naminath.
नमिनाथ भगवान के समवसरण की मुख्य आर्यिका का नाम।

मंजूषा – *Maṁjūṣā.*
Main city of *Manglavart* country of east *Videh* region, Box.
पूर्व विदेह के मंगलावर्त देश की प्रधान नगरी, पेटी।

मंझार – *Maṁjhāra.*
The middle.
मध्य में।

मंडप – *Maṁḍapa.*
The last (8th) land of Samavasharan having 12 divisions for the sitting of different types of listeners. Generic term for hall in Lord's assembly which may be open or closed.
समवशरण की अंतिम आठवीं श्रीमंडप भूमि जिसमें १६ दीवारें व उनके बीच १२ कोठे हैं। पूर्व दिशा को आदि करके इन बारह कोठों में क्रम से गणधर आदि मुनिजन, कल्पवासी देवियाँ, आर्यिकाएं व श्राविकाएं, ज्योतिषी देवियाँ, व्यंतर देवियाँ, भवनवासी देवियाँ, भवनवासी देव, व्यंतर देव, ज्योतिषी देव, कल्पवासी देव, मनुष्य व तिर्यंच बैठते हैं।

मंडल – *Maṁḍala.*
Sphere, zone, region.
प्राणायाम सम्बन्धी अग्निमण्डल, आकाश मण्डल, जनपद आदि।

मंडलीक – *Maṁḍalīka.*
A high rank of kings, an emperor ruling over 4000 kings.
४००० मुकुटबद्ध राजाओं का स्वामी मण्डलीक कहलाता है।

मंडित – *Maṁḍita.*
Including, A city situated in the south of *Vijayardh* mountain.
सहित, समन्वित, विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर।

मंत्र – *Maṁtra.*
Mystic verses or texts.
जो गुप्त रूप से बोले जाते हैं उन्हें मंत्र कहते हैं। 'मत्रि' धातु से गुप्त भाषण के अर्थ में मंत्र शब्द बना है जो एक अक्षर से लेकर अनेकों अक्षरों तक होते हैं, जैसे-'ॐ', 'अर्हं', असिआउसा आदि।

मंत्र दोष – *Maṁtra Doṣa.*
A type of saint's fault related to obtaining food by giving temptation of some mystic word.
दाता को मंत्र की महिमा बताकर और मंत्र देने की आशा दिलाकर यदि साधु आहार प्राप्त करे तो वह 'मंत्र दोष' कहलाता है एवं आहार देने वाले के द्वारा व्यन्तरादि देवों को विद्या तथा मन्त्र से बुलाकर साधना करना 'विद्या मन्त्र दोष' है।

मंत्र महोदधि – *Maṁtra Mahodadhi.*
Name of a book related to mystical knowledge (sorcery).
मन्त्र तन्त्र विषयक एक किताब।

मंत्रशाला – *Maṁtraśalā.*
A part of the palaces of astrological deities.
ज्योतिष देवों के प्रासादों में एक कक्ष अथवा जिसमें राजा अपने मंत्रियों के साथ मंत्रणा करते हैं वह कक्ष।

मंत्रसामर्थ्य – *Maṁtrasāmarthya.*
Power of mystical words or verses.
मंत्र की शक्ति।

मंदकषाय – *Maṁdakaṣāya.*
Virtuous nature of one, less passionate.
सभी से प्रिय वचन बोलना, खोटे वचन बोलने पर दुर्जनों को भी क्षमा करना, सभी के गुणों को ग्रहण करना आदि अर्थात् शुभ लेश्यारूप परिणामों का होना मंद कषाय है।

मंद परिणाम – *Maṁda Pariṇāma.*
Slight consequences of passionful nature.
कषायों के अनुदीर्ण प्रत्यय (उदय) से होने वाले परिणाम मंद होते हैं।

मंदप्रबोधिनी – *Maṁdaprabodhinī.*
A commentary book written by *Acharya* Abhaychandra on Gommatsara Granth.
आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती कृत गोमट्टसार ग्रन्थ पर आचार्य अभयचन्द्र (ई.श. १३ अन्त) कृत टीका।

मंदभाव – *Maṁdabhāva.*
Slight consequences passions.
कषायों की उदीरणा के अभाव में होने वाले मंद कषाय रूप परिणाम।

मंदर (कूट) – *Maṁdara (Kūṭa).*
Name of summits situated at *Kundalvar, Ruchakvar* & *Sumeru* mountains.
कुण्डलवर, रूचकवर व सुमेरु पर्वत पर स्थित कूटों का नाम।

मंदर (नाम) – *Maṁdara.*
Name of kings of *Kuru* & *Vanar* dynasties, A city situated in the north of *Vijayardha* mountain, The other name of *Sumeru* mountain, The mountain situated in the east Pushkararddh island, Name of the chief disciple of Lord Vimalnath.
कुरुवंश, वानरवंश के राजाओं का नाम, विजयार्ध की उत्तरश्रेणी का एक नगर, सुमेरु पर्वत का अपर नाम(मंदराचल), ढाई द्वीप के पाँच मेरूओं में से चतुर्थ मेरु जो कि पूर्व पुष्करार्ध द्वीप में स्थित है, विमलनाथ भगवान के मुख्य गणधर का नाम।

मंदरपुर – *Maṁdarapura.*
Name of the birth city of 7th *Pratinarayan* 'Prahran'.
७वें प्रतिनारायण 'प्रहरण' की जन्म नगरी।

मंदरार्य – *Maṁdarārya.*
Name of the disciple of *Acharya* Arhadbali.
आचार्य अर्हद्बलि के शिष्य तथा मित्रवीर के गुरु का नाम।

मंदारगिरि (तीर्थ) – Maṁdāragiri (Tīrtha).
Name of a Digambar Jain pilgrimage near Bhagalpur, Bihar. Three auspicious events (Diksha, Gyan & Moksh Kalyanaks) of Lord Vasupujya occurred here.
बिहार प्रदेश में भागलपुर के नजदीक स्थित एक तीर्थ क्षेत्र। यह चम्पापुरी तीर्थ क्षेत्र के ही अंतर्गत आता है, यहाँ से भगवान वासुपूज्य के दीक्षा, ज्ञान और मोक्ष कल्याणक हुए हैं।

मंदार सिद्धार्थ वृक्ष – *Maṁdāra Siddhārtha Vṛkṣa.*
Name of a tree with the idols of Lord Siddha found in the 6th land of Samavasaran-holy assembly of Jaina-Lord.
तीर्थंकरों के समवसरण की छठी भूमि के चार सिद्धार्थ वृक्षों-नमेरु, मंदार, संतानक एवं पारिजात में से एक, जिसके मूलभाग में सिद्धों की प्रतिमाएँ विराजमान रहती हैं। पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से शांतिवीर नगर, महावीर जी में ई. सन् १९९८ में धातु से मंदार सिद्धार्थ वृक्ष निर्माण किया गया है, जिसमें सिद्धों की ४ प्रतिमाएं विराजमान हैं।

मंदिर – *Maṁdira.*
Temple, Name of a city in the north of *Vijayardh* mountain, Name of a chief disciple of Lord Vasupujya, Name of a summit situated at *Ruchak* mountain.
जिनालय, विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर, वासुपूज्य भगवान के मुख्य गणधर का नाम, रुचक पर्वत पर स्थित एक कूट का नाम।

मंदिर निर्माण कर्म – *Maṁdira Nirmāṇa Karma.*
A duty of householders to construct the temples.
श्रावकों का एक कर्म; मंदिर का निर्माण कर पंचकल्याणक आदि विधि से जिनेन्द्र प्रभु को विराजमान करना।

मंदोदरी – *Maṁdodarī.*
Name of the wife of Ravan.
रावण की पटरानी, जिसने रावण की मृत्यु तथा पुत्रों आदि के वियोग से दुःखी होकर दीक्षा ले ली।

मकरध्वज – *Makaradhvaja.*
Another name for Kamdev.
कामदेव।

मक्खन – *Makkhana.*
Butter.
नवनीत; २२ अभक्ष्यों में एक अभक्ष्य (दूध या दही से मक्खन निकलने के एक मुहूर्त पश्चात् त्रस जीवों की उत्पत्ति होने के कारण अभक्ष्य कहलाता है)।

मक्सी पार्श्वनाथ (तीर्थ) – Maksī Pārśvanātha (Tīrtha).
Name of a Jaina place of pilgrimage, an Atishay Kshetra of Lord Parshvanath in M.P.
मध्यप्रदेश में सेन्ट्रल रेलवे की भोपाल-उज्जैन शाखा पर अवस्थित एक अतिशय क्षेत्र। यह क्षेत्र भगवान् पार्श्वनाथ की प्रतिमा के अतिशयों के कारण अतिशय क्षेत्र कहलाता है।

मख – *Makha.*
A sacrificial activity.
याग, यज्ञ, पूजा आदि करना, पूजा विधि का पर्यायवाची शब्द।

मगध – *Magadha.*
Name of a country of *Bharat Kshetra* eastern *Arya Khand* (region).
भरतक्षेत्र के आर्य खण्ड का एक देश।

मगधसारनलक – *Magadhasāranalaka.*
Name of a city situated in the south of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर।

मगर – *Magara.*
A crocodile; significant sign of Lord Pushpadant.
एक जलचर तिर्यंच, पुष्पदंत भगवान का चिन्ह।

मघवा – *Maghavā.*
Name of the 6th earth of hell.
नरक की छठी पृथिवी, जिसका अपरनाम तमःप्रभा है।

मघवान् – *Maghavān.*
Name of the 3rd *Chakravarti* (emperor), Name of a chief disciple of Lord Rishabhdev.
वर्तमान भव में तृतीय चक्रवर्ती, भगवान ऋषभदेव के एक गणधर का नाम।

मघवी – *Maghavī.*
Name of an earth of hell.
नरक में स्थित एक पृथिवी का नाम।

मघा – *Maghā.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र। तीर्थंकर सुमतिनाथ का जन्म इसी नक्षत्र में हुआ था।

मच्छरसम श्रोता – *Maccharasama Śrotā.*
A type of bad listener.
अधम श्रोता का एक प्रकार।

मजीरा – *Majīrā.*
Cymbals; an auspicious article kept near the idol of Lord Jinendra.
जिनेन्द्र भगवान के पास सुशोभित दिव्य १०८ उपकरणों में एक-झांझ, मंजीरा।

मज्जा – *Majjā.*
Marrow (of a bone); pith; sap.
औदारिक शरीर में पायी जाने वाली एक धातु जो हड्डी से पैदा होती है।

मज्जानुराग – *Majjānurāga.*
Extreme family attachment.
अनुराग के ४ भेदों में एक भेद; जन्म से ही परिवार के प्रति आपस में अतिशय स्नेह होना।

मटम्ब – *Maṭamba.*
A main village among 500 surrounding villages.
जो ५०० ग्रामों में प्रधानभूत होता है, उसका नाम मटंब है।

मट्टिय – Maṭṭiya.
Living beings like centipede having number of legs.
बहुत पैर जिसके रहते हैं ऐसा जो 'कनखजूरा'' जैसा प्राणी है, उसे मट्टिय कहते हैं।

मणि – *Maṇi.*
Gems, One of the jewels of *Chakravarti* (emperor) among 14 jewels.
अनेक प्रकार के रत्न, चक्रवर्ती के १४ रत्नों में एक रत्न।

मणि (कूट) – *Maṇi (Kuṭa).*
Name of the summits of *Kundal* & *Ruchak* mountains, Name of a summit and protecting deity of *Shikhari* mountain.
कुण्डल व रुचक पर्वत पर स्थित एक कूट का नाम, शिखरी पर्वत पर स्थित एक कूट व रक्षक देव का नाम।

मणिकांचन – *Maṇikāṁcana.*
Name of a city situated in the north of *Vijayardh* mountain, Name of summits of *Rukmi* and *Shikhari* mountains and its protecting deities.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर, शिखरी व रुक्मि पर्वत का एक कूट व उसके रक्षक देवका नाम।

मणिकांचन योग – *Maṇikāṁcana Yoga.*
Mutual glorificatory association.
जिस प्रकार मणियुक्त स्वर्ण अंगूठी में मणि से स्वर्ण की शोभा बढ़ती है एवं स्वर्ण से मणि की शोभा बढ़ती है उसी प्रकार परस्पर में एक-दूसरे की शोभा के वृद्धिंगत होने से मणिकांचन योग कहलाता है।

मणिकुंडल – *Maṇikuṁḍala.*
Name of a deity of *Eshan* heaven, An ornament, earing set with jewels.
ऐशान स्वर्ग में हुए एक देव का नाम, मणियों से निर्मित कर्णाभूषण।

मणिकेतु – *Maṇiketu.*
The name of a very small comet & of a deity.
एक बहुत छोटा पुच्छल तारा, एक देव जिसने स्वर्ग में की गई प्रतिज्ञानुसार युक्तिपूर्वक सगर चक्रवर्ती के पास जाकर उन्हें वैराग्य धारण कराया था।

मणिपुर चक्र – *Maṇipura Cakra.*
Circular position of navel to be used for the installation of Mantras in meditation.
नाभिचक्र; इसके ऊपर मंत्रों को स्थापित कर ध्यान किया जाता है।

मणिप्रभ – *Maṇiprabha.*
Name of a city situated in the south of *Vijayardh* mountain, Name of the summits situated at *Ruchak* & *Kundal* mountains.
विजयार्ध के दक्षिण में स्थित एक नगर, रुचक व कुण्डल पर्वत का एक-एक कूट।

मणिभद्र (देव) – *Maṇibhadra (Deva).*
A deity of *Yaksha* lineage.
पांच क्षेत्रपालों में एक, यक्ष जाति के व्यन्तर देवों का एक भेद।

मण्डप प्रतिष्ठा – *Maṇḍapa Pratiṣṭhā.*
A particular kind of ritual procedure to be observed for the purity of Mandal (on which the idol of Lord Jinendra is installed and offerings are made during Vidhan & Pratishtha) before worshipping of the Lord.
पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं इन्द्रध्वज आदि विधानों में मण्डल के ऊपर विशेष विधिपूर्वक की जाने वाली मण्डल की शुद्धि। इसमें १० दिक्पाल एवं ४ द्वारपालों आदि की स्थापना भी की जाती है।

मतंग – *Mataṁga.*
Name of an omniscient, who got salvation within Antarmuhurt (a very short span of time).
भगवान् वीर के तीर्थ के १० अन्तकृत्केवली में एक केवली।

मत – *Mata.*
Sect, System of opinions, doctrine, religious persuasion.
विचार, पंथ, भिन्न दृष्टि।

मतार्थ – *Matārtha.*
A method of the exposition of right scriptures (Agam) by refuting the contradictory principles.
आगम का अर्थ करने की ५ विधियों में एक विधि; अन्य मत का निराकरण करते हुए अर्थ निकालना।

मति – *Mati.*
Instinct, Intellect, sensual understanding, perceptive knowledge.
बुद्धि, इन्द्रिय और मन के द्वारा यथायोग्य पदार्थ जिसके द्वारा मनन किये जाते हैं, यह मननमात्र ही मति कहलाता है।

मतिज्ञान – *Matijñāna.*
Sensory knowledge, perceptual cognition.
५ ज्ञानों में एक ज्ञान; मन और इन्द्रिय की सहायता से उत्पन्न होने वाला ज्ञान।

मतिज्ञान सिद्ध – *Matijñāna Siddha.*
Beings salvated by sensory knowledge (according to *Bhutpragyapan Naya).*
भूतप्रज्ञापन नय की अपेक्षा मतिज्ञान से सिद्ध होने वाले जीव।

मतिज्ञानावरण – *Matijñānāvaraṇa.*
Obstructive *Karmas* of sensory knowledge.
मतिज्ञान को रोकने वाला कर्म।

मत्तजला – *Mattajalā.*
A *Vibhanga* river of the east *Videh* region.
पूर्व विदेह की एक विभंगा नदी।

मत्यज्ञान – *Matyajñāna.*
Wrong sensory knowledge.
कुमतिज्ञान, मिथ्यादृष्टि जीव के कुमतिज्ञान होता है।

मत्सर – *Matsara.*
Jealousy, Envy.
ईर्ष्या, ज्ञानावरण व दर्शनावरण का कारण।

मत्स्य – *Matsya.*
A fish, Name of a country of middle *Arya khand* of *Bharat kshetra* (region).
मछली, भरत क्षेत्र में मध्य आर्यखण्ड का एक देश।

मत्स्ययुगल – *Matsyayugala.*
A pair of fish - a dream seen by mother of *Tirthankar* (Jaina-Lord).
तीर्थंकर की माता के १६ स्वप्नों में एक स्वप्न; मछलियों का एक जोड़।

मत्स्योद्वर्त – *Matsyodvarta.*
An infraction of the meditative relaxation.
कायोत्सर्ग का एक अतिचार। मछली की भांति कटिभाग को ऊपर निकालना।

मथमितिकी – *Mathamitikī.*
Mathematics - as a subject.
गणित विषय।

मथुरा – *Mathurā.*
A famous city in the north state of Bharat (India), The salvation place of last omniscient Jambuswami.
भरत क्षेत्र का एक नगर। भारत के वर्तमान उत्तर प्रदेश का एक प्रसिद्ध नगर, पांडवों द्वारा बसायी गयी भरत क्षेत्र की एक नगरी। अंतिम केवली जम्बूस्वामी की निर्वाणभूमि।

मद – *Mada.*
Proud, Pride, Arrogance, Hautiness.
घमण्ड; यह ज्ञान, कुल, रूप आदि ८ भेद वाला होता है।

मदनकीर्ति – *Madanakīrti.*
Name of a disciple of *Pandit* Ashadharji.
पं. आशाधरजी के एक शिष्य का नाम।

मदना – *Madanā.*
Name of a river of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region).
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड की एक नदी।

मदिरा – *Madirā.*
Intoxicating liquor; wine; alcohol.
शराब, एक मादक पेय जिसका सेवन करना सप्तव्यसनों में एक व्यसन है।

मद्य – *Madya.*
See - *Madirā.*
देखें - मदिरा।

मद्यमयी – *Madyamayī.*
A part of circumference of *Sumeru* mountain.
सुमेरू पर्वत की परिधि के सात भागों में एक भाग।

मद्यांग जातीय कल्पवृक्ष – *Madyāṁga Jātīya Kalpavṛkṣa.*
A type of wish fulfilling tree (providing exhilarating liquids).
कल्पवृक्ष; फैलती हुई सुगन्धी से युक्त तथा अमृत के समान मीठे मधु-मैरेय, सीधु, अरिष्ट और आसव आदि अनेक प्रकार के रसों को प्रदान करने वाले कल्पवृक्ष। उपचार से इन वृक्षों को मद्यांग कहा है परन्तु इनके द्वारा प्रदत्त रस नशा उत्पन्न नहीं करते।

मद्री – *Madrī.*
The daughter of King Andhakvrishni & younger sister of Kunti.
राजा अन्धकवृष्णि की पुत्री तथा कुंती की छोटी बहन। अपरनाम माद्री था।

मधु – *Madhu.*
Honey (non-edible according to Jaina philosophy), Name of the 3rd *Pratinarayan.*
शहद (२२ अभक्ष्यों में एक अभक्ष्य), तीसरे प्रतिनारायण का नाम (अपरनाम-मेरक)।

मधुकैटभ – *Madhukaiṭabha.*
Name of the 4th *Pratinarayan.*
चतुर्थ प्रतिनारायण का नाम।

मधुक्रीड – *Madhukrīḍa.*
Name of the 5th *Pratinarayan.*
५वें प्रतिनारायण का नाम (अपरनाम-निशुम्भ)।

मधुपिंगल – *Madhupiṁgala.*
Name of a king who initiated violenceful sacrificial activity in his next birth.
राजा तृणपिंगल एवं रानी सर्वयशा का पुत्र जो निदान बंध से

मरकर महाकाल असुर हुआ तथा जिसने यज्ञ में पशुओं की बलि प्रथा प्रारंभ की।

मधुमास – *Madhumāsa.*
Spring season.
बसन्त ऋतु (चैत्र एवं वैशाख ये दो मास बसन्त ऋतु के कहलाते हैं)।

मधुर (कवि) – *Madhura (Kavi).*
Name of a Kannad poet who wrote 'Dharmanath Puran'.
धर्मनाथ पुराण के रचयिता एक कन्नड़ कवि।

मधुर भाषण – *Madhura Bhāṣaṇa.*
Polite speech, Soft & sweet speaking.
मीठे या प्रिय वचन कहना।

मधुरा – *Madhurā.*
Another name of city Madura.
दक्षिण द्रविड़ देश में वर्तमान मदुरा नगर।

मधुरालाप – *Madhurālāpa.*
Name of a female deity of a peripatetic *Indra.*
एक व्यंतर इन्द्र किंपुरुष की महत्तरिका देवी का नाम।

मधुसूदन – *Madhusūdana.*
See - *Madhukaiṭabha,* Another name of Krishna.
देखें - मधुकैटभ। कृष्ण का अपर नाम।

मधुसेना – *Madhusenā.*
Name of the chief *Aryika* (Ganini)in the *Samavasharan* (assembly) of Lord Mallinath.
मल्लिनाथ भगवान् के समवसरण की गणिनी आर्यिका का नाम (अपरनाम-बंधुषेणा)।

मधुसावी ऋद्धि – *Madhusrāvī Ṛddhi.*
A type of super-natural power causing freeness from all affliction of beings by the hearing of a saint's speech also it causes turning of tasteless food into sweet food.
ऋद्धि; जिसके प्रभाव से ऋषि-मुनि के वचनों के श्रवणमात्र से मनुष्य तिर्यंच के दुःखादिक नष्ट हो जाते हैं। अथवा एक रस ऋद्धि; इससे भोजन मीठा न होने पर भी मीठा हो जाता है।

मध्यंकृश भाषा – Madhyaṁkṛśa Bhāśā.
Heart pinching language.
हड्डी में भी छेद कर दे ऐसी भाषा मध्यंकृश भाषा है।

मध्य – *Madhya.*
Name of a protecting deity of south & north *Varunivar* ocean, A country of *Bharat Kshetra Aryakhand* (region).
दक्षिण व उत्तर वारूणीवर समुद्र का रक्षक देव, भरत क्षेत्र आर्यखण्ड का एक देश।

मध्य ग्रैवेयक – *Madhya Graiveyaka.*
Three particular heavenly abodes among 9 Graiveyaks.
९ ग्रैवेयक विमानों में बीच के ३ विमान; यशोधर, सुभद्र, सुविशाल।

मध्य प्रदेश – *Madhya Pradeśa.*
Name of a state of Bharat (India), Immobile eight central space-point of soul.
भारत देश का एक राज्य, जीव के मध्यवर्ती ८ अचल प्रदेश।

मध्यम अनन्त – *Madhyama Ananta.*
A mathematical term.
एक गणितीय पद। संख्यामान के २१ भेदों में एक भेद।

मध्यम अन्तरात्मा – *Madhyama Antarātmā.*
Those on the path of spiritual development (from the 7th Pratima of householder to 6th Gunsthan of saints).
अन्तरात्मा के ३ भेदों में एक भेद; सप्तम प्रतिमाधारी गृहस्थ से प्रमत्त गुणस्थानवर्ती मुनि मध्यम अन्तरात्मा कहलाते हैं।

मध्यम अवगाहना – *Madhyama Avagāhanā.*
A kind of occupancy.
अवगाहना के तीन भेदों में एक भेद।

मध्यम असंख्यात – *Madhyama Asaṁkhyāta.*
A mathematical term.
एक गणितीय पद। देखें - मध्यम अनंत।

मध्यम आराधना – *Madhyama Ārādhanā.*
A type of adoration related to the spiritual development of soul at the path of salvation.
भक्त प्रत्याख्यान की वह आराधना जिसका पालन कर शरीर का त्याग करने वाले मुनिराज विशुद्ध लेश्या को धारण कर अनुत्तरवासी देवों में उत्पन्न होते हैं।

मध्यम ग्रैवेयक – *Madhyama Graiveyaka.*
See - *Madhya Graiveyaka.*
देखें - मध्य ग्रैवेयक।

मध्यम नक्षत्र – *Madhyama Nakṣatra.*
Particular group of lunars.
३० मुहूर्त के नक्षत्रों को मध्यम नक्षत्र कहते हैं।

मध्यम धर्मध्यान – *Madhyama Dharmadhyāna.*
A kind of right religious observances.
धर्मध्यान के ३ भेदों में एक भेद। गृहस्थ धर्म का संचालन करते हुए धर्म के प्रति भी मध्यम प्रवृत्ति करते रहना।

मध्यम पद – *Madhyama Pada.*
A large syllaberic term.
१६३४८३०७८८८ अक्षर के पद को मध्यम पद कहते हैं। अंगों तथा पूर्वों के पदों की संख्या इसी पद से परिगणित होती है।

मध्यम पात्र – *Madhyama Pātra.*
Medium graded spiritual persons who follow righteous observances.
पात्र के तीन भेदों में एक भेद; आर्यिका, सप्तम प्रतिमाधारी से उत्कृष्ट श्रावक (ऐलक-क्षुल्लक) मध्यम पात्र कहलाते हैं अथवा सम्यग्दृष्टि देशव्रती श्रावक मध्यम पात्र कहलाते हैं। इसी प्रकार दिगम्बर महामुनि उत्तम पात्र होते हैं एवं अविरत सम्यग्दृष्टिजघन्य पात्र कहलाते हैं।

मध्यम पारिषद् – *Madhyama Pāriṣad.*
A type of council of deities.
देवों की परिषद् (सभा) के तीन भेदों में एक भेद; इसे चंदा नाम से जाना जाता है, इसमें बहुधा अन्तःपुर के महत्तर होते हैं जो बेंतरूपी लता को हाथ में ग्रहण करके कंचुकी की पोषाक पहने हुए होते हैं।

मध्यम प्रोषधोपवास – *Madhyama Proṣadhopavāsa.*
A type of fasting - renunciation of all kinds of food except water to be observed on Ashtami, Chaturdashi.
अष्टमी, चतुर्दशी के दिन जल को छोड़कर शेष आहार का त्याग करना।

मध्यम व्यास – *Madhyama Vyāsa.*
Middle diameter, a mathematical term.
एक गणितीय पद।

मध्यम संख्यात – *Madhyama Saṁkhyāta.*
A mathematical term.
एक गणितीय पद। तीन, चार, पाँच आदि एक कम उत्कृष्ट संख्यातपर्यंत मध्यम संख्यात के भेद हैं।

मध्यम सूची – *Madhyama Sūcī.*
See - *Madhyama Vyāsa.*
देखें - मध्यम व्यास।

मध्यम स्वर – *Madhyama Svara.*
The middle vocal tone.
स्वर जो हृदय देश में स्थित होता है। गायन संबंधी त्रिविध लयों में दूसरी लय।

मध्यमा – *Madhyamā.*
A particular type of language (word - grouping) related to Jaina philosophy.
भाषा; शब्दवर्गणारूप द्रव्य वचन। शब्दाद्वैतवादी द्वारा माने गये वाणी के ४ भेदों में एक भेद; जो श्वासोच्छ्वास का उल्लंघन कर अनुक्रम से प्रवर्ते, इसे जैनियों ने शब्द वर्गणारूप द्रव्य वचन कहा है।

मध्यलोक – *Madhyaloka.*
Middle universe.
तीन लोक का दूसरा (मध्य) भाग, इसमें असंख्यात द्वीप समुद्र हैं। थाली के समान आकार वाला गोल प्रथम जंबूद्वीप है जिसके मध्य में सुमेरु पर्वत स्थित है। जंबूद्वीप को वेष्टित करते हुए प्रथम लवण समुद्र है। असंख्यातों द्वीप समुद्रों के पश्चात् अंतिम स्वयंभूरमणद्वीप एवं समुद्र है। वर्तमान विश्व जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र के आर्यखण्ड में स्थित है। इसका दूसरा नाम तिर्यग्लोक है।

मध्यलोकजिनालयव्रत – Madhyalokajinālaya Vrata.
A type of vow (fasting) to be observed for different 458 days related to the 458 natural temples of Madhya Lok (middle universe).
इसमें मध्यलोक के ४५८ अकृत्रिम जिनमंदिरों के ४५८ व्रत करना होता है। इनके मंत्र, पूजा एवं विधि को ''व्रतविधि एवं पूजा'' भाग २ पुस्तक से लेना चाहिए।
समुच्चय मंत्र-ॐ ह्रीं ह्रीं ह्रूँ ह्रौं ह्रः असि आ उसा मध्यलोकसंबंधि चतुःशताष्टपंचाशज्जिन चैत्यालयेभ्यो नमः।

मध्यलोक सिद्ध – *Madhyaloka Siddha.*
Those who are salvated from the middle universe.
तिर्यग्लोक से सिद्ध होने वाले जीव। ये अल्पबहुत्व की अपेक्षा संख्यातगुणे हैं।

मध्यस्थ भाव – *Madhyastha Bhāva.*
View of equality or harmony.
समता भाव। तटस्थ भाव।

मध्याह्न – *Madhyānha.*
Midday time.
ठीक दोपहर का संधिकाल।

मनःपर्ययज्ञान – *Manaḥparyayajñāna.*
Telepathy, Mental knowledge.
सम्यग्ज्ञान के पाँच भेदों में से एक भेद; बिना पूछे किसी के मन की बात को प्रत्यक्ष रूप में जानना।

मनःपर्ययज्ञान सिद्ध – *Manaḥparyayajñāna Siddha.*
Those who get salvated by the telepathic knowledge (according to *Bhutpragyapan Naya).*
भूतप्रज्ञापन नय की अपेक्षा मनःपर्ययज्ञान से सिद्ध होने वाले जीव ये अल्पबहुत्व की अपेक्षा संख्यात गुणे हैं।

मनःपर्ययज्ञानावरण – *Manaḥparyayajñānāvaraṇa.*
Karmas obscurring the telepathic knowledge.
ज्ञानावणीय कर्म के ५ भेदों में एक भेद, जो कर्म मनःपर्ययज्ञान पर आवरण करे।

मनःपर्ययज्ञानी – *Manaḥparyayajñānī.*
Those possessing telepathic knowledge.
मनःपर्ययज्ञान को धारण करने वाला।

मनःपर्याप्ति – *Manaḥparyāpti.*
Complete development of mind or complete mental development.
अनुभूत अर्थ के स्मरण रूप शक्ति के निमित्त भूत मनोवर्गणा के स्कन्धों से निष्पन्न पुद्गल प्रचय को मनःपर्याप्ति कहते हैं। अथवा द्रव्य मन के आलंबन से अनुभूत अर्थ के स्मरण रूप शक्ति को मनःपर्याप्ति कहते हैं।

मनः परावर्तन – *Manaḥ Parāvartana.*
Diversion of mind towards meritorious deeds.
आवर्त; सामायिक, स्तव आदि के आदि-अंत में मन को पाप व्यापार-विकल्पों से हटाकर अवस्थान्तर को प्राप्त कराना।

मनः प्रतिक्रमण – *Manaḥ Pratikramaṇa.*
Mental repentence for sins.
किये हुए अतिचारों का मन से त्याग करना।

मनः प्रत्याख्यान – *Manaḥ Pratyākhyāna.*
Renunciation of all infractions mentally.
मन से मैं अतिचारों को भविष्यत् काल में नहीं करूँगा, ऐसा विचार करना।

मनः शिल – *Manaḥ Śila.*
Name of an island and ocean of middle universe.
मध्यलोक का एक द्वीप व सागर।

मनःशुद्धि – *Manaḥśuddhi.*
Mental purity.
छल कपट आदि समस्त बुरे भावों से विरक्त होना।

मन – *Mana.*
Mind, Consciousness.
अन्तःकरण । नोइन्द्रिय; जिसके द्वारा शिक्षा ग्रहण हो, तर्क-वितर्क हो, संकेत समझा जावे।

मनन – *Manana.*
Deep thinking, Contemplation.
चिन्तन करना।

मनरंगलाल – *Manaraṁgalāla.*
Name of a writer who wrote *Namichandraka*, specially 24, worshipping compositions of 24 Jaina Lords and many other books.
पंडित; नमिचन्द्रका, सप्तव्यसनचरित्र आदि के रचयिता। इनके द्वारा रचित २४ तीर्थंकरों की २४ पूजाएं अत्यंत प्रसिद्ध हैं।

मनसिज – *Manasija.*
Kamdev - those having the most lustrous & attractive body.
कामदेव।

मनु – *Manu.*
A city situated in the north of *Vijayardh* mountain, Another name of *Kulkar.*
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर, कुलकर का अपरनाम।

मनुज – *Manuja.*
Man, a human being.
मनुष्य।

मनुपुत्रक – *Manuputraka.*
A kind of *Vidyadhar* dynasty.
आर्य विद्याधरों की ८ उत्तर जातियों में एक जाति, जो मानस्तम्भ के निकट बैठते हैं, लाल वस्त्रों एवं मणियों के आभूषणों से युक्त होते हैं।

मनुष्य – *Manuṣya.*
Human beings.
मनुष्य गति में उत्पन्न हित अहित विवेक को धारण करने वाला, व्याकरण की व्युत्पत्ति 'मनोरपत्यं मानवाः' के अनुसार मनु की सन्तान।

मनुष्य क्षेत्र – *Manuṣya Kṣetra.*
The human world.
ढाई द्वीप; इससे बाहर मनुष्य का जन्म नहीं होता ।इसका विस्तार ४५ लाख योजन है। अपरनाम-नरलोक, मनुष्य लोक, मर्त्यलोक।

मनुष्य गति – *Manuṣya Gati.*
Human destinity; world of human beings.
४ गतियों में एक गति, मानव जीवन।

मनुष्यगति नामकर्म प्रकृति – *Manuṣya Gati Nāmakarma Prakṛti.*
Physique making *Karma* of human being.
वह कर्म प्रकृति जिसके उदय से मनुष्य के समान आकार आदि अवस्था बने।

मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी – *Manuṣya Gati Prāyogyānupūrvī.*
Transmigratory state of soul as in previous shape while going towards human birth.
जिस कर्म के उदय से मनुष्य गति में जाते हुए जीव के पूर्व शरीर के समान आत्मा के प्रदेशों का आकार बना रहे।

मनुष्यचतुष्क – *Manuṣyacatuṣka.*
Quartet related to the human beings.
मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, औदारिक शरीर व औदारिक अंगोपांग।

मनुष्यत्रिक – *Manuṣyatrika.*
Triplet related to human beings.
मनुष्यगति, मनुष्यागत्यानुपूर्वी, मनुष्य आयु।

मनुष्यणी – *Manuṣyaṇī.*
Woman, female sex.
मनुष्यिनी या स्त्री।

मनुष्यणीसिद्ध – *Manuṣyaṇīsiddha.*
Those salvated from Bhav Strived (according to *Bhutpragyapan Naya).*
भाव स्त्रीवेद से सिद्ध होने वाले जीव ये अल्पबहुत्व की अपेक्षा स्तोक हैं।

मनुष्यद्विक – *Manuṣyadvika.*
A dyad related to human being.
मनुष्यगति व आनुपूर्वी।

मनुष्य लोक – *Manuṣya Loka.*
Human universe.
देखें - मनुष्य क्षेत्र।

मनुष्यसिद्ध – *Manuṣyasiddha.*
Those salvated from human destinity.
मनुष्य गति से सिद्ध होने वाले जीव अल्पबहुत्व की अपेक्षा ये संख्यात गुणे हैं।

मनुष्यायु कर्म प्रकृति – *Manuṣyāyu Karma Prakṛti.*
Karmic nature causing human body.
जिस कर्म के उदय से जीव मनुष्य देह में रहे।

मनोगुप्ति – *Manogupti.*
Controlling of passions and bad thoughts.
कलुषता, मोह, राग, द्वेष आदि अशुभ भावों का परिहार। मन

को अपने अधीन रखना।

मनोजय – *Manojaya.*
Conquerring the impulses of mind.
मन को वश में करना अर्थात् मन पर विजय पाना।

मनोज्ञ – *Manojña.*
Delightful, lovely, charming.
प्रिय वस्तु होना।

मनोज्ञ साधु – *Manojña Sādhu.*
Saint of high reputation.
लोकसम्मत प्रसिद्ध साधु को मनोज्ञ साधु कहते हैं।

मनोज्ञान – *Manojñāna.*
Wisdom, mental knowledge, intelligence, Telephatic knowledge.
मन के निमित्त से उत्पन्न होने वाला ज्ञान। मनःपर्ययज्ञान।

मनोत्पन्न सुख – *Manotpanna Sukha.*
Mental pleasure or bliss.
मन के द्वारा उत्पन्न सुख, जैसे हवा आदि का स्पर्श होना।

मनोदुष्ट – *Manoduṣṭa.*
An infraction of the meditative relaxation; unstability of mind.
कायोत्सर्ग का एक अतिचार; मन को चलायमान करना।

मनोद्रव्यवर्गणा – *Manodravyavarganā.*
A type of aggregate of *Karmic* molecules related to forming mental faculty.
२३ वर्गणाओं में एक वर्गणा; एक जाति के पुद्गल के सूक्ष्म स्कंध जिनसे द्रव्य मन बनता है।

मनोबल – *Manobala.*
A type of super-natural power related to having complete knowledge of whole Shrut in Antarmuhurta, Mental strength.
ऋद्धि; श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तराय प्रकृतियों के उत्कृष्ट क्षयोपशम होने पर अन्तर्मुहूर्त काल में सम्पूर्ण श्रुत को जानना, १० प्राणों में एक; जीव की सोचने-विचारने रूप शक्ति की अभिव्यक्ति।

मनोमर्कट विजेता – *Manomarkaṭa Vijetā.*
One who has got victory over all passions.
मनरूपी बंदर को वश में करने वाले वीतरागी परमात्मा।

मनोयोग – *Manoyoga.*
Mental concentration, Vibration in soul-points due to mental activity.
मन के निमित्त से आत्म प्रदेशों में उत्पन्न परिस्पंदन क्रिया।

मनोरम – *Manorama.*
A type of peripatetic deities, Another name of *Sumeru* mountain.
किन्नर नामक व्यन्तर जाति का एक भेद, सुमेरु पर्वत का अपर नाम।

मनोरमा – *Manoramā.*
Something attractive or beautiful, Name of the daughters of king Pawanveg and Chakravarti Abhayaghosh.
विजयार्ध पर्वत पर मेघपुर नगर के राजा पवनवेग की पुत्री, चक्रवर्ती अभयघोष की पुत्री का नाम।

मनोरम्य – *Manoramya.*
Name of a King of *Rakshas* dynasty.
राक्षसवंशी एक राजा, राजा महाबाहु के पश्चात् लंका का स्वामित्व इसे ही प्राप्त हुआ था।

मनोवंदना – *Manovaṁdanā.*
Eulogical contemplation of the virtues of spiritual teachers.
वन्दना करने योग्य गुरुओं आदि के गुणों का स्मरण करना।

मनोवर्गणा – *Manovargaṇā.*
See - *Manodravyavargaṇā.*
देखें - मनोद्रव्यवर्गणा।

मनोवेग – *Manovega.*
Name of a weapon of Bharat Chakravarti (an emperor), A King of *Rakshas* dynasty, Mental impulses.
भरत चक्रवर्ती का अस्त्र, राक्षस वंश के संस्थापक राजा राक्षस का पिता, मन के उद्वेग।

मनोवेगा – *Manovegā.*
Name of ruling female demigod of Lord Chandraprabhu.
तिलोयपण्णत्ति के अनुसार भगवान चन्द्रप्रभु की शासन यक्षिणी देवी। इनका प्रसिद्ध नाम ज्वालामालिनी देवी है।

मनोहर – *Manohara.*
Beautiful, alluring, pleasing, A type of peripatetic deities, Name of initiation-forests of Lord Padmaprabh, Shreyansnath and Vasupujya.
मन को मोहित करने वाला, महोरग जाति का एक व्यन्तर देव, एक वन जहां तीर्थकर पद्मप्रभ, श्रेयांसनाथ, वासुपूज्य ने दीक्षा ली थी।

मनोह्लाद – *Manohlāda.*
Name of a king of *Rakshas* dyansty.
राक्षसवंश का एक राजा।

ममकार – *Mamakāra.*
My-ness, A feeling of mine with worldly objects.
आत्मा से भिन्न पर पदार्थों में मेरेपन का भाव ममकार है।

ममत्व – *Mamatva.*
See - *Mamakāra.*
देखें - ममकार।

मय – *Maya.*
Father's name of Mandodari, A king of *Yadav* dynasty.
मंदोदरी के पिता का नाम, यदु (यादव) वंश का एक राजा ।

मयूर – *Mayūra.*
Peacock; space vehicle of *Achyut Indra.*

मोर; अच्युत इन्द्र का यान जिसमें बैठकर वे नंदीश्वरद्वीप आदि अकृत्रिम चैत्यालयों की वन्दना करने जाते हैं।

मयूरपिच्छ – *Mayūrapiccha.*
Pichchhika, an auspicious article kept by *Digambar* Jaina saints made by soft peacock feathers.
मुनि जनों के पास सदैव विद्यमान रहने वाला जीव दया का एक उपकरण।

मरण – *Maraṇa.*
Death.
मृत्यु; प्राणों का वियोग होना मरण कहलाता है यह अनेक प्रकार का होता है।

मरणकंडिका – *Maraṇakaṁḍikā.*
Name of a book related to holy death of Jain saints.
समाधिमरण सम्बन्धी एक ग्रंथ।

मरणसूतक – *Maraṇasūtaka.*
State of ritual impurity in a house after a death.
मृत्युपरांत संबंधी लोगों द्वारा मंदिर, गुरु आदि के समक्ष न जाकर धार्मिक क्रियाओं में भाग न लेना। यह अपवित्रता सामान्यत: १२ दिन की होती है। पुन: पीढ़ी आदि के क्रम से इसमें हीनाधिकता जानना चाहिए। लोकव्यवहार में इसे पातक नाम से जाना जाता है।

मरणावली – *Maraṇāvalī.*
A time unit of death.
जिस आवली में मरण पाया जाये उसे मरणावली कहते हैं।

मरणाशौच – *Maraṇāśauca.*
See - *Maraṇasūtaka.*
देखें - मरणसूतक।

मरणासन्न – *Maraṇāsanna.*
Last moments of death.
मृत्यु स्थिति । मृत्यु के निकट होना।

मरीचि – *Marīci.*
Past-birth name of Lord Mahavira (son of Chakravarti Bharat).
भगवान महावीर का दूरवर्ती पूर्वभव जो चक्रवर्ती भरत का पुत्र था, परिव्राजक बन ३६३ मतों को चलाया था।

मरुत – *Maruta.*
Air, wind.
हवा।

मरुतचारण ऋद्धि – *Marutacāraṇa Ṛddhi.*
A type of super-natural power (related to movement in the air).
जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु अनेक प्रकार की गतिवाली वायु की प्रदेश पंक्ति पर पैर रखते हुए निर्बाध रूप से गमन करने में समर्थ होते हैं।

मरुदेव – *Marudeva.*
Name of the 12th ethical founder (*Kulkar*), The chief of the chariot-army of peripatetic Indras.
१२वें कुलकर, व्यंतर इन्द्रों के रथों की सेना का प्रधान।

मरुदेवी – *Marudevī.*
Mother's name of Lord Rishabhdev.
भगवान ऋषभदेव की माता का नाम।

मरुभूति – *Marubhūti.*
Past-birth soul of Lord Parshvanath.
तीर्थंकर पार्श्वनाथ के पूर्वभव का जीव, कमठ इसका बड़ा भाई था।

मर्दल – *Mardala.*
A kind of musical instrument.
एक प्रकार का वाद्य यंत्र।

मर्मस्थान – *Marmasthāna.*
Vital spots of the body.
औदारिक शरीर में १०७ मर्मस्थान हैं।

मर्यादा – *Maryādā.*
Limitations.
सीमा, परिणाम।

मल – *Mala.*
Defect, Excretion, *Karmic* dust / filth.
मैल, अशुद्ध सामग्री, अपवित्रता, कर्म मल।

मलदोष – *Maladoṣa.*
A fault related to the food of saint (reg. obstacles like bone, hair etc.).
आहार का एक अंतराय; हड्डी, बाल आदि के भेद से १४ प्रकार के मल द्वारा आहार अंतराय होना।

मल परिषह – *Mala Pariṣaha.*
Affliction from body-dirt of saints.
परिषह के २२ भेदों में एक भेद; स्नान न करने से साधु के शरीर में संचित मैल से उत्पन्न होने वाली बाधा। इसको समता भाव से सहन करना मल परिषह-जय कहलाता है।

मलिन – *Malina.*
Something to be dirty, sinful, foul.
गंदा, दोष सहित होना।

मलौषध ऋद्धि – *Malauṣadha Ṛddhi.*
A type of super natural power (related to the body-filth beneficial to others).
ऋद्धि; जिसके प्रभाव से जिह्वा, ओठ, दाँत, नासिका और श्रोत्र आदि का मल भी जीवों के रोगों को दूर करने वाला होता है।

मल्लि – *Malli.*
Name of the chief disciple of Lord Munisuvratnath.
मुनिसुव्रतनाथ भगवान के प्रमुख गणधर का नाम।

मल्लिनाथ – *Mallināth.*
Name of the 19th *Teerthankar* (Jaina-Lord).
१९वें तीर्थंकर का नाम; इक्ष्वाकु वंशी राजा कुंभ एवं रानी प्रजावती के पुत्र, आयु ५५ हजार वर्ष एवं शरीर २५ धनुष ऊंचा था।

इनकी जन्मभूमि मिथिलानगरी है एवं इनका चिन्ह 'कलश' है।

मल्लिनाथ चरित्र – *Mallināth Caritra.*
Name of a book written by *Acharya* Sakalkirti.
आचार्य सकलकीर्ति (ई. १४०६-१४४२) कृत एक ग्रंथ।

मशकसम श्रोता – *Maśakasama Śrotā.*
Mosquito type listeners (not on the right path).
मच्छर के समान श्रोता।

मसिकर्मार्य – *Masikarmārya.*
A type of noble persons.
अनृद्धि प्राप्त अल्प सावद्य कर्मार्य का एक भेद।

मस्करी – *Maskarī.*
Name of a doctrine (philosophy of ignorance).
अज्ञानवादी एक एकान्तमत।

मस्तक – *Mastaka.*
The forehead.
सिर।

मस्तककमल – *Mastakakamala.*
The forehead related to the conception of Lotus form.
पंचाक्षरी मंत्र के 'सि' को मस्तक कमल में स्थापित कर ध्यान करना।

मस्तिष्क – *Mastiṣka.*
Brain - a part of body (Cerebrum).
शरीर का सबसे महत्वपूर्ण भाग जिसके द्वारा हिताहित की जानकारी होती है।

मह – *Maha.*
Auspicious offerings, Ceremonial festival.
याग, यज्ञ, पूजा आदि।

महत्तर – *Mahattara.*
Better, the important one.
प्रधान, मुख्य।

महत्तरदेवी – *Mahattaradevī.*
The chief female deity.
पटरानी या पट्ट महिषी देवी।

महत्ता – *Mahattā.*
Magnitude, greatness, nobility, importance.
महत्व होना।

महर्द्धिक – *Maharddhika.*
Name of a city in the south of *Vijayardh* mountain, Name of a great saint.
विजयार्द्ध पर्वत की दक्षिण श्रेणी का एक नगर (दूसरा नाम बहुकेतु), महा ऋद्धिधारी उत्तम देव।

महर्षि पर्युपासक – *Maharṣi Paryupāsaka.*
Worshipping of all great adorable personalities.
तीर्थंकरों के गणधरों से लेकर महान ऋषियों तक की पूजा।

महा अडड – *Mahā Aḍaḍa.*
A large time unit.
८४ लाख महाअडडांग प्रमाण काल।

महा अडडांग – *Mahā Aḍaḍāṁga.*
A large time unit.
८४ लाख अडड प्रमाण काल।

महा-अधिक तृणफल – *Mahā-Adhika Tṛṇaphala.*
A large weighing unit.
तौल का एक प्रमाण। ४ महा अधिक तृण फल = १ श्वेत सर्षप फल।

महा-ऊह – *Mahā-Ūha.*
A large time unit.
८४ लाख महाऊहांग प्रमाण काल का एक महाऊह।

महा-ऊहांग – *Mahā-Ūhāṁga.*
A large time unit.
८४ लाख ऊह प्रमाण काल का एक महाऊहांग।

महा ऋद्धि – *Mahā Ṛddhi.*
A type of supernatural power (related to great knowledge of Universe).
तप ऋद्धि; मति, श्रुत, अवधि, मन:पर्यय ज्ञानों से तीनों लोकों को जानना।

महाकच्छ – *Mahākaccha.*
An area of eastern *Videh* (region), Name of a king who became *Gandhar* (chief disciple) of Lord Rishabhadev later on.
पूर्व विदेह का एक क्षेत्र, एक राजा; यशस्वती और सुनंदा (भगवान ऋषभदेव की गृहस्थावस्था की पत्नियाँ) के भाई जो दीक्षा लेकर ऋषभदेव के ७३वें गणधर बने।

महाकच्छा – *Mahākacchā.*
Name of a summit of *Padmakut Vakshar* and its protecting deity.
पूर्व विदेह स्थित पद्मकूट वक्षार का एक कूट व उसका रक्षक देव।

महाकथानक – *Mahākathānaka.*
A unit of large number i.e., $(10,000,000)^{19}$.
एक संख्या प्रमाण, $(१०,०००,०००)^{१९}$।

महाकमल – *Mahākamala.*
A large time unit.
८४ लाख महाकमलांग प्रमाण काल।

महाकमलांग – *Mahākamalāṁga.*
A large time unit.
८४ लाख कमल प्रमाण काल।

महाकल्प – *Mahākalpa.*
A part of *Shrutgyan* - scriptural knowledge (reg. the eleventh part of Angbahya).
अंगबाह्य प्रकीर्णक (श्रुतज्ञान) के १४ भेदों में ११वां भेद।

महाकल्प्य – *Mahākalpya.*
A part of *Shrutgyan* - scriptural knowledge (having description related to the repentance on

moral & immoral conduct of saints).
श्रुतज्ञान अंगबाह्य का एक भेद। इसमें साधुओं के योग्य-अयोग्य आचरण के होने पर प्रायश्चित्त विधि का वर्णन है।

महाकल्याण – *Mahākalyāṇa.*
Divine food - the splendour of *Chakravarti* (emperor) Bharat.
शारीरिक तुष्टि पुष्टि का हेतु भरतेश का एक दिव्य भोजन।

महाकाय – *Mahākāya.*
Name of a peripatetic deity, The mammoth, huge body.
किन्नर जाति के व्यंतर देवों का छठा इन्द्र, बड़ा शरीर।

महाकाल – *Mahākāla.*
Name of a peripatetic deity, a planet, one of the 9 splendours of *Chakravarti* (emperor), a *Narad*, universal destroyer.
पिशाच जातीय एक व्यन्तर देव, एक ग्रह का नाम, चक्रवर्ती की नवनिधियों में से एक निधि, एक नारद का नाम, संसार को नाश करने वाला।

महाकाली – *Mahākālī.*
Name of the female ruling demigod of Lord Shreyansnath, Name of a super power.
तिलोयपण्णत्ति के अनुसार भगवान् श्रेयांसनाथ की शासन देवी, इनका नाम गौरी देवी भी मिलता है। नमि विनमि को दी गई एक विद्या।

महाकुमुद – *Mahākumuda,*

महाकुमुदांग – *Mahākumudāṁga.*
The large time units.
काल के प्रमाण विशेष। ८४ लाख महाकुमुदांग प्रमाण काल का एक महाकुमुद एवं ८४ लाख कुमुद प्रमाण काल का एक महाकुमुदांग होता है।

महाकौशल – *Mahākauśala.*
Old name of Madhya Pradesh, a state of India.
मध्यप्रदेश का पूर्व नाम। अपरनाम सुकौशल।

महाक्षेत्र – *Mahākṣetra.*
Areas like Bharat etc.
भरत आदि क्षेत्र।

महाखर – *Mahākhara.*
Name of a residential celestial deity.
असुरकुमार जातीय एक भवनवासी देव।

महागंध – *Mahāgaṁdha.*
Name of protecting deity of northern *Nandishvardvip* (island) & *Kshaudravardvip - Sagar* (island & ocean).
उत्तर नन्दीश्वर द्वीप का एवं क्षौद्रवर द्वीप सागर का रक्षक देव।

महाग्रह – *Mahāgraha.*
Name of a planet.
८८ ग्रहों में ४७वां ग्रह।

महाघोष – *Mahāghoṣa.*
Name of the Indra of Vidyutkumar residential celestial deities.
भवनवासी विद्युतकुमारों के इन्द्र का नाम।

महाचंद्र – *Mahācaṁdra.*
Name of a Digambar saint who wrote Shantinath Charitra, Name of the predestined 2nd *Balbhadra.*
शांतिनाथ चरित्र के रचयिता एक दिगम्बर साधु, आगामी दूसरा बलभद्र।

महाज्वाल – *Mahājvāla.*
Name of a city in the north of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर।

महातनु – *Mahātanu.*
Name of a peripatetic deity related to *Mahorag* type.
महोरग जातीय व्यंतर देव के १० भेदों में एक भेद।

महातमः प्रभा – *Mahātamaḥ Prabhā.*
Name of the 7th hell (having dark lustre).
७वीं नरक पृथिवी; जिसकी प्रभा गाढ़ अन्धकार के समान है।

महात्मा – *Mahātmā.*
High spiritual saints.
मोक्ष लक्षण वाले महाप्रयोजन को साधने के कारण श्रमण को महात्मा कहते हैं।

महात्रुटित – *Mahātruṭita,*

महात्रुटितांग – *Mahātruṭitāṁga.*
The large time units.
काल के प्रमाण विशेष। ८४ लाख महात्रुटितांग का एक महात्रुटित एवं ८४ लाख त्रुटित का एक महात्रुटितांग।

महादेवी – *Mahādevī.*
Mother's name of Lord Naminath, The chief wife of kings.
महापुराण के अनुसार नमिनाथ भगवान् की माता का नाम (विशेष नाम-वप्रा, वप्रिला), राजाओं की प्रधान रानी-पटरानी।

महादेह – *Mahādeha.*
Name of a peripatetic deity of *Pishach* type.
व्यंतरों में पिशाच जाति का १२वां भेद।

महाध्वजा – *Mahādhvajā.*
10 special kinds of flags with specific symbols raised in Samavasaran and Natural temples.
समवसरण की ध्वजाभूमि एवं अकृत्रिम चैत्यालयों में सिंह, माला आदि दस विशेष चिन्हों से चिन्हित दस प्रकार की महाध्वजाएं होती हैं।

महानलिन – *Mahānalina,*

महानलिनांग – *Mahānalināṁga.*
The large time units.

काल के प्रमाण विशेष। ८४ लाख महानलिनांग = १ महानलिन, ८४ लाख नलिन= १ महानलिनांग।

महानिमित्तज्ञान – *Mahānimittajñāna.*
A type of super-natural power.
एक प्रकार की ऋद्धि-नभ, भौम, अंग, स्वर आदि ८ महानिमित्तों में कुशलता।

महान् – *Mahān.*
Great.
बड़ा, विस्तृत, विशाल।

महापद्म – *Mahāpadma.*
Name of an area of western *Videh* region, A time unit, A protecting deity of a summit of *Kundalvar* mountain, Name of a king of *Kuru* dynasty, Name of the first pre-destined *Tirthankar* & the 16th predestined *Kulkar.*
अपर विदेह का एक क्षेत्र, काल का एक प्रमाण विशेष, कुण्डलवर पर्वत के सुप्रभ कूट का रक्षक एक नागेन्द्र देव, कुरुवंश के एक राजा का नाम, भावि काल के प्रथम तीर्थंकर का नाम (राजा श्रेणिक का जीव), भावि शलाका पुरुष; १६वें कुलकर का नाम।

महापद्म (ह्रद) – *Mahāpadma (Hrada).*
A large pond of *Mahahimvan* mountain.
महाहिमवान पर्वत का ह्रद (सरोवर)।

महापद्मा – *Mahāpadmā.*
Name of a female deity of the residential *Indra,* a country of the eastern *Videh* (region).
भवनवासी इन्द्र की एक अग्रदेवी का नाम, पूर्व विदेह क्षेत्र का एक देश।

महापवन – *Mahāpavana.*
A type of air.
वायु का एक भेद।

महापुंडरीक – *Mahāpuṁḍarīka.*
A part of scriptural knowledge, Name of a large pond situated at *Rukmi* mountain.
द्वादशांग श्रुत के अंगबाह्य का १३वां प्रकीर्णक, रुक्मि पर्वत स्थित ह्रद (सरोवर)।

महापुर – *Mahāpura.*
Name of a city of *Bharat Kshetra* (region), A city in the north of *Vijayardh* mountain.
भरत क्षेत्र एवं विजयार्ध की उत्तरश्रेणी का एक नगर।

महापुराण(आदिपुराण) – *Mahāpurāṇa (Ādipurāṇa).*
Name of a great treatise containing great biography of Lord Rishabhdev and Ikshvaku dynasty.
आचार्य जिनसेन (ई. ८१८-८७८) द्वारा रचित पुराण, इसमें भगवान ऋषभदेव, भरत, बाहुबली आदि भगवान ऋषभदेव के १०१ मोक्षगामी पुत्रों के जीवन चरित्र का वर्णन है। वर्तमान में यह आदिपुराण के भाग १ व २ के रूप में प्रकाशित हो रहा है। इन्हीं की परम्परा का अनुसरण करते हुए आचार्य गुणभद्र जी ने महापुराण का उत्तरवर्ती खण्ड लिखा जिसे उत्तरपुराण नाम से जाना जाता है। इसमें भगवान अजितनाथ से भगवान महावीर तक के २३ तीर्थंकरों के जीवन चरित्र का वर्णन है।

महापुराण टिप्पणी – *Mahāpurāṇa Tippaṇī.*
Name of a treatise containing description about first Anuyog.
प्रथमानुयोग विषयक एक ग्रंथ का नाम।

महापुरी – *Mahāpurī.*
Name of the main city of *Mahapadma* area in western *Videh* (region).
अपर विदेह के महापद्म क्षेत्र की प्रधान नगरी।

महापुरुष – *Mahāpuruṣa.*
A great person, A type of peripatetic deity (of *Kimpurush* type).
महान आदर्श को उपस्थित करने वाले पुरुष, किंपुरुष जातीय व्यन्तर देवों का एक भेद।

महाप्रभ – *Mahāprabha.*
A protecting deity of the *Ghritvar* island & ocean, A summit of *Kundalvar* mountain.
घृतवर द्वीप व समुद्र का रक्षक देव एवं कुण्डलगिरि के एक कूट का नाम।

महाप्रातिहार्य – *Mahāprātihārya.*
The auspicious articles to be kept near the idol of Lort Arihant.
छत्र, चमर आदि विशेष शोभनीय ८ वस्तुएं जो अकृत्रिम मणिमय प्रतिमाओं के आश्रित होती हैं।

महाबंध – *Mahābaṁdha.*
The last part of the great scripture Shatkhandagam.
३०,००० श्लोक प्रमाण। आचार्य भूतबली द्वारा रचित षट्खंडागम का अंतिम खण्ड।

महाबल – *Mahābala.*
Name of a peripatetic deity, Name of many kings, Name of the writer of Neminath Puran, Past-birth soul of Lord Rishabhdev, Name of a chief disciple of Lord Munisuvrat, Name of the 6th predestined *Pratinarayan.*
एक व्यंतर देव, इक्ष्वाकु आदि वंश व कई देश के राजाओं का नाम, नेमिनाथ पुराण के रचयिता एक जैन कवि, तीर्थंकर ऋषभदेव के १०वें पूर्वभव का जीव, भगवान मुनिसुव्रत के एक गणधर का नाम, आगमी छठे प्रतिनारायण का नाम।

महाबाल – *Mahābāla.*
Name of a chief disciple of Lord Rishabhdev.
भगवान ऋषभदेव के एक गणधर का नाम।

महाबाहू – *Mahābāhū.*
Name of a deity of a summit of *Kundalvar* mountain, A king of *Rakshas* dynasty.
कुंडलवर पर्वत के एक कूट का देव, राक्षस वंशी एक विद्याधर।

महाभद्र – *Mahābhadra.*
Name of the 18th *Tirthankar* situated in *Videh*

Kshetra (region).
विदेह क्षेत्र में स्थित १८वें तीर्थंकर का नाम।

महाभारत – *Mahābhārata.*
A great war faught between Kauravas and Pandwas (Kings.)
कौरवों और पांडवों के बीच लड़ा गया एक महायुद्ध। जैन महाभारत के अनुसार (हरिवंशपुराण, पांडव पुराण) इस महाभारत युद्ध की दो बातें विशेष स्मरणीय हैं। १. दोनो पक्षों में दिनभर युद्ध करने के बाद शाम को संधि हो जाती थी। २. इस युद्धकाल में सर्वाधिक अकाल मृत्यु हुई हैं।

महाभाषा – *Mahābhāṣā.*
Particular 18 great languages used at the time of resonant speech of Lord in *Samavasharan* (assembly of Lord Arihant).
ॐकार रूप दिव्यध्वनि जो एक रूप होते हुए ७१८ भाषा रूप परिणत मानी गयी है, जिसमें १८ महाभाषा होती हैं तथा ७०० लघु भाषा होती हैं।

महाभिषेक – *Mahābhiṣeka.*
A commentary book written by *Acharya* Shrutsagar, A great reverential bath ceremony (anointment) of Lord.
आचार्य श्रुतसागर (ई. १४८१-१४९९) कृत एक टीका ग्रंथ, तीर्थंकरों का जन्माभिषेक, १००८ कलशों से किया जाने वाला भगवान का विशेष अभिषेक भी महाभिषेक कहलाता है।

महाभीम – *Mahābhīma.*
A type of peripatetic deity of *Rakshas* dynasty, Name of the 2nd *Narad.*
राक्षस जातीय व्यंतरों का एक भेद, ९ नारदों में दूसरा नारद।

महामंडलीक – *Mahāmaṁḍalīka.*
A great king administrating over 8000 kings.
आठ हजार राजाओं का स्वामी एक राजा, जो १८ श्रेणी दल का स्वामी होता है।

महामति – *Mahāmati.*
Name of a minister of Mahabal. (Mahabal-who became Lord Rishabhdev in his next 10th birth).
भगवान ऋषभदेव के १०वें पूर्व भव की पर्याय महाबल के ४ मंत्रियों में एक मंत्री, जो चार्वाक मत को मानने वाला था।

महामत्स्य – *Mahāmatsya.*
A fish type creature being biggest in size.
उत्कृष्ट जीव की अवगाहना धारक मत्स्य जो मध्यलोक के स्वयंभूरमण नामक अंतिम समुद्र में पाया जाता है।

महामात्य – *Mahāmātya.*
The chief minister of a state.
सर्व राज्य का कार्यकारी अधिकारी।

महामानसी – *Mahāmānasī.*
Name of female ruling demigod of Lord Kunthnath, A type of super knowledge.
तिलोयपण्णत्ति के अनुसार भगवान् कुन्थनाथ की शासन देवी, इनका नाम जयादेवी भी मिलता है, नमि-विनमि को प्राप्त एक विद्या।

महामेरु – *Mahāmeru.*
Another name of *Sumeru* mountain.
जम्बूद्वीप के मध्य स्थित सुमेरू पर्वत का अपर नाम।

महायक्ष – *Mahāyakṣa.*
Name of the ruling demigod of Lord Ajitnath.
भगवान अजितनाथ के शासन देव का नाम।

महायोजन – *Mahāyojana.*
A large area unit of 2000 Kosh.
५०० मानव योजन (लघु योजन) = १ महायोजन अर्थात् ४ कोश का एक लघुयोजन और ४ ५००=२००० कोश का एक महायोजन।

महारत्न – *Mahāratna.*
The four great splendours of *Balbhadra* Ram (noble person).
बलभद्र राम के हलायुध, बाण, गदा, माला ये ४ महारत्न थे।

महारथ – *Mahāratha.*
Name of a chief disciple of Lord Rishabhdev.
भगवान ऋषभदेव के एक गणधर का नाम।

महारस – *Mahārasa.*
Name of a chief disciple of Lord Rishabhadev.
भगवान् ऋषभदेव के एक गणधर का नाम।

महाराज – *Mahārāja.*
A great king ruling over 1000 kings.
एक हजार राजाओं का स्वामी।

महाराजा – *Mahārājā.*
See - *Mahārāja.*
देखें - महाराज।

महाराष्ट्र – *Mahārāṣṭra.*
Maharashtra; a state of India, Area from Krishna river to Narmada river.
भारत का एक राज्य। कृष्णा नदी से नर्मदा नदी तक का क्षेत्र।

महारुद्र – *Mahārudra.*
Name of a planet, Name of the 4th *Narad* among 9 *Narads.*
८८ ग्रहों में एक ग्रह का नाम, ९ नारदों में चौथा नारद।

महालता – *Mahālatā,*

महालतांग – *Mahālatāṁga.*
The large time units.
काल के प्रमाण विशेष। ८४ लाख महालतांग=१ महालता, ८४ लाख लतांग=१ महालतांग।

महावत्सा – *Mahāvatsā.*
An area of the eastern *Videh* (region), Name of a summit of *Vaishravan Vakshar* & its protecting deity .
पूर्व विदेह का एक देश, वैश्रवण वक्षार का एक कूट व उसका रक्षक देव।

महावप्र – *Mahāvapra.*
An area of western *Videh* (region), Name of a summit of *Suryagiri Vakshar* & its protecting deity.
अपर विदेह का एक देश, सूर्यगिरि वक्षार का एक कूट व उसका रक्षक देव।

महाविकृति – *Mahāvikṛti.*
The great impairments (defects).
नवनीत, मद्य, मांस, मधु ये ४ महाविकृतियां हैं क्योंकि ये काम, मद व हिंसा को उत्पन्न करती हैं।

महाविद्या – *Mahāvidyā.*
Super powers of Vidyadhars, A dwelling place in the 2nd hell.
विद्याधरों को इच्छानुसार फल देने वाली विद्याएं, दूसरे नरक के ततक इंद्रक का एक बिल।

महावीरकीर्ति (आचार्य) – *Mahāvīrakīrti (Ācārya).*
Name of a famous Digambar Acharya of 20th centuary, the chief disciple of Acharya Adisagar Maharaj belonging to Anklikar tradition.
आचार्य श्री आदिसागर महाराज अंकलीकर के शिष्य एवं एक प्रमुख आचार्य। इन्होंने आचार्य श्री वीरसागर महाराज (चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के प्रथम पट्टाचार्य) से क्षुल्लक दीक्षा ग्रहण की तथा आचार्य श्री आदिसागर महाराज से मुनिदीक्षा ग्रहणकर आचार्यपद प्राप्त किया था। समय -ई. श. २०।

महावीरजी (तीर्थ) – Mahāvīrajī (Tīrtha).
The most famous Digambar Jain Atishay Kshetra, a place of pilgrimage of Rajsthan where miraculous idol of Lord Mahavira is installed.
राजस्थान का एक सर्वप्रसिद्ध दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र। इस क्षेत्र में स्थापित भगवान महावीर की मूर्ति अत्यंत अतिशयकारी है इसे एक ऐसे टीले से निकाला गया था जहाँ एक ग्वाले की गाय के थन से दूध अपने आप झर जाता था। यह चाँदनपुर गाँव के अतिनिकट है।

महावीर ज्योति टीका – *Mahāvīra Jyoti Ṭīkā.*
A commentary book composed by Aryika Shri Chandanamati Mataji on 'Mahavir Stotra' written by Ganini Shri Gyanmati Mataji.
गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा संस्कृत के ३६ श्लोकों में रचित महावीर स्तोत्र पर उनकी शिष्या पूज्य प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चंदनामती माताजी द्वारा ई. सन् १९९३ में रचित संस्कृत एवं हिन्दी टीका।

महावीरतीर्थ – *Mahāvīratīrtha.*
The era of Lord Mahavira.
भगवान महावीर का शासन काल।

महावीर निर्वाण संवत् –
Mahāvīra Nirvāṇa Saṁvat.
The era of the salvation of Lord Mahavira.
महावीर भगवान् के निर्वाण दिवस से प्रारंभ होने वाला संवत् अर्थात् ई.श. से ५२७ वर्ष पूर्व प्रारंभ होने वाला संवत्। सन् २००३-२००४ में २५३० वी.नि. संवत् चल रहा है।

महावीर पंडित – *Mahāvīra Paṁḍita.*
Name of a great *Pandit.*
जिनसे पं. आशाधरजी ने व्याकरण का ज्ञान प्राप्त किया।

महावीर पुराण – *Mahāvīra Purāṇa.*
Name of the treatises written by *Acharya* Shubhachandra & Sakal Kirtiji individually.
आचार्य शुभचन्द्र (ई. १५१६-१५५६) एवं आचार्य सकलकीर्ति द्वारा रचित भगवान महावीर के जीवन पर आधारित पुराण।

महावीर भगवान् – *Mahāvīra Bhagavān.*
The 24th *Tirthankar* of Jain religion.
जैन धर्म के अन्तिम व २४वें तीर्थंकर का नाम, इनकी आयु ७२ वर्ष, शरीर की ऊंचाई ७ हाथ थी। देह वर्ण तप्तस्वर्ण सदृश था, इनकी जन्मनगरी कुण्डलपुर (नालंदा-बिहार) है। इनके पाँच नाम प्रसिद्ध हैं-वीर, वर्द्धमान, सन्मति, महावीर एवं अतिवीर। दिगम्बर जैन परम्परानुसार भगवान महावीर बाल ब्रह्मचारी थे तथा दीक्षा लेने के बाद केवल एक बार उज्जयिनी नगरी के श्मशान में तपस्या करते समय स्थाणु रुद्र द्वारा उनके उपर उपसर्ग किया गया था। ३० वर्ष की उम्र में दीक्षा धारण करके १२ वर्ष की तपस्या करके केवलज्ञान प्राप्त किया पुन: ३० वर्ष तक केवली अवस्था में रहे और ७२ वर्ष की उम्र में पावापुरी जलमंदिर (बिहार) से समस्त कर्मों का नाश कर मोक्ष प्राप्त किया।

महावीराचार्य – *Mahāvīrācārya.*
Name of a great *Acharya.*
गणित सार संग्रह, ज्योतिष पटल आदि के कर्ता एक जैनाचार्य।

महावीराष्टक – *Mahāvīrāṣṭaka.*
A spiritual hymn written by *Pandit* Bhagchand.
पं. भागचन्द रचित एक स्तोत्र।

महावीर्य – *Mahāvīrya.*
One of the 1008 names of Lord Rishabhdev.
ऋषभदेव भगवान के १००८ नामों में एक नाम।

महाव्रत – *Mahāvrata.*
5 major vows of Jain religion like non-violence, truth, non-stealing, celibacy & non-possession.
अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह। जैन धर्म में ये पांच महाव्रत कहलाते हैं। जैन साधु इनका पालन करते हैं।

महाव्रती – *Mahāvratī.*
Great saints possessing 28 basic restraints.
महाव्रतों को पालने वाले २८ मूलगुणधारी साधु।

महाशंख – *Mahāśaṁkha.*
Name of a mountain situated in *Lavan* ocean.
लवण समुद्र में स्थित एक पर्वत।

महाशलाका – *Mahāśalākā.*
A very deep and large pitch.
संख्या प्रमाण के लिए बुद्धि द्वारा जम्बूद्वीप में एक लाख योजन विस्तार वाला व हजार योजन गहरे एक कुण्ड का नाम।

महाशलाका कुंड – *Mahāśalākā Kuṁḍa.*
See - *Mahāśalākā.*
देखें - महाशलाका ।

महाशिरा – *Mahāśirā.*
A protecting deity of *'Kanak'* summit of *Kundal* mountain.
कुण्डल पर्वत के कनक कूट का रक्षक देव ।

महाशुक्र – *Mahāśukra.*
Name of the 10th heaven, The son of Jarasangh.
१०वां स्वर्ग, एक विमान, जरासंघ का एक पुत्र ।

महाशुक्र (देव) – *Mahāśukra (Deva).*
Name of a deity.
महाशुक्र विमान में उत्पन्न देव ।

महाश्वेता – *Mahāśvetā.*
A type of super power.
नमि विनमि को प्राप्त एक विद्या ।

महासत्ता – *Mahāsattā.*
Universal strength or power.
सर्व पदार्थ समूह में व्याप्त होने वाली सादृश्य अस्तित्व को सूचित करने वाली सत्ता ।

महासर्वतोभद्र – *Mahāsarvatobhadra.*
A vow including 196 fasts & 49 fast-breakings.
एक व्रत। इसमें कुल १९६ उपवास और ४९ पारणाएं की जाती हैं। विस्तृत विधि व्रतविधान संग्रह में देखें ।

महासाधु – *Mahāsādhu.*
Name of the 3rd *Tirthankar* of past era.
तृतीय भूतकालीन तीर्थंकर का नाम ।

महा-सामान्य – *Mahā-Sāmānya.*
Greater than general (of something).
सामान्य का एक भेद। जो द्रव्यत्व आदि अपरसामान्य की अपेक्षा से महान विषय वाला होता है ।

महासेन – *Mahāsena.*
Father's name of Lord Chandraprabhu, The son of Bhojak Vrishni, The 10th son of Krishna of Yadu dynasty, Name of a Digambar Acharya who wrote Sulochana Charitra.
चन्द्रप्रभु भगवान के पिता का नाम, भोजक वृष्णि का पुत्र, उग्रसेन का भाई, यदु (यादव) वंशी कृष्ण का दसवाँ पुत्र, सुलोचनाचरित्र के रचयिता एक दिगम्बराचार्य ।

महास्कन्ध – *Mahāskandha.*
The largest aggregate of infinite molecules.
अनंतानंत परमाणुओं का समूह ।

महास्कन्ध स्थान – *Mahāskandha Sthāna.*
The largest aggregate places.
आठ पृथिवियाँ, टंक, कूट, भवन, विमान, विमानेन्द्रक, विमान प्रस्तर, नरक, नरक प्रस्तर, नरकेन्द्रक, गच्छ, गुल्म, वल्ली, लता और तृण वनस्पति आदि महास्कंध स्थान हैं ।

महास्वर – *Mahāsvara.*
A peripatetic deity of Gandharva type.
गन्धर्व जातीय व्यंतरों का एक भेद ।

महाहिमवान् (कूट) – *Mahāhimvān (Kūṭa).*
Name of a summit of Mahahimvan mountain.
महाहिमवान पर्वत के ८ कूटों में दूसरा कूट ।

महाहिमवान् (पर्वत) – *Mahāhimvān (Parvata).*
Name of a mountain of Haimvat area.
जम्बूद्वीप के छः कुलाचलों में दूसरा कुलाचल-हैमवत क्षेत्र के उत्तर दिशा में स्थित पूर्व पर लम्बायमान वर्षधर पर्वत। अपरनाम-पंचशिखरी ।

महाह्रदय – *Mahāhṛdaya.*
Name of a deity of a summit of Kundalvar mountain.
कुंडलवर पर्वत के कूट का देव ।

महिमा – *Mahimā.*
Greatness, Grandeur, Power, High rank.
प्रताप, एक ऐश्वर्य, भरतेश को प्राप्त आठ असाधारण गुणों में दूसरा गुण ।

महिमा ऋद्धि – *Mahimā Ṛddhi.*
A type of super-natural power.
एक विक्रिया ऋद्धि ।

महिमा नगरी – *Mahimā Nagarī.*
Name of a city where *Acharya* Arhadvali conducted a conference.
एक नगरी जहाँ अर्हद्बलि आचार्य ने यति सम्मेलन किया था ।

महिला – *Mahilā.*
A woman, female sex.
स्त्री का पर्यायवाची नाम ।

महिष – *Mahiṣa.*
Buffalo bull.
भैंसा ।

महिषसम श्रोता – *Mahiṣasama Śrota.*
A type of listener (faulty).
श्रोता का एक प्रकार ।

मही – *Mahī.*
The earth.
पृथ्वी ।

महीजय – *Mahījaya.*
A king of *Yadu* dynasty.
यदु (यादव) वंश का एक राजा। राजा समुद्रविजय का एक पुत्र ।

महीधर – *Mahīdhara.*
Name of a chief disciple of Lord Adinath.
भगवान आदिनाथ के एक गणधर का नाम ।

महीपाल – *Mahīpāla.*
Name of maternal grand father of Lord Parshvanath.

भगवान् पार्श्वनाथ के नाना का नाम। जिनके द्वारा पंचाग्नि तप करते हुए कुमार पार्श्वनाथ के कहने पर जलती हुई लकड़ी से घायल नाग-नागिन निकले थे तथा पार्श्वनाथ द्वारा संबोधन से मरकर धरणेन्द्र पद्मावती बने। नाना महीपाल का जीव कमठ का जीव था जो शल्य सहित मरकर शंबर नामक ज्योतिष देव बना, जिसने तप करते हुए भगवान पार्श्वनाथ पर घोर उपसर्ग किया।

महेंद्र – *Maheṁdra.*
Father's name of Anjana (Mother of Hanuman), Name of a chief disciple of Lord Adinath, A king of Yadu dynasty, Name of a city in the north of *Vijayardha* mountain, Name of a summit of *Kundalvar* mountain.
महेन्द्र गिरि के राजा तथा हनुमान की माता अंजना के पिता, आदिनाथ भगवान् के एक गणधर का नाम, यदु (यादव) वंश का एक राजा, विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर, कुंडलवर पर्वत के एक कूट का नाम ।

महेंद्रकीर्ति – *Maheṁdrakīrti.*
Name of a Bhattarak .
दिल्ली गद्दी के एक भट्टारक (सं. १७९२), सर्वदोष प्रायश्चित ग्रंथ के कर्ता ।

महेंद्रदत्त – *Maheṁdradatta.*
Name of a chief disciple of Lord Rishabhadev.
भगवान वृषभदेव के एक गणधर का नाम ।

महेंद्रदेव – *Maheṁdradeva.*
Name of a preceptor of *Acharya* Nagsen.
तत्त्वानुशासन के रचयिता आचार्य नागसेन (ई. १०४७) के शिक्षागुरु ।

महेश्वर – *Maheśvara.*
The other name of Lord Rishabhadev, A type of peripatetic deities of Mahorag type.
भरतेश एवं सौधर्मेन्द्र द्वारा स्तुत वृषभदेव का एक नाम, महोरग जाति के व्यंतरों का एक भेद ।

महेश्वरमुनि – *Maheśvaramuni.*
Name of a great saint possessing knowledge of part of *Angas* (scriptures).
मूलसंघ विभाजन के पश्चात् अंगांशधारियों की परम्परा में हुए एक मुनि ।

महोदय – *Mahodaya.*
An errected shed (great canopy) in the holy assembly (*Samavasharan*) of Lord Arihant.
समवशरण में १००० खम्भों पर खड़ा हुआ एक मण्डप का नाम, जिसमें मूर्तिमती श्रुतदेवी विद्यमान रहती हैं ।

महोरग – *Mahoraga.*
A type of peripatetic deity.
व्यंतर देवों के ८ भेदों में एक भेद, इनका वर्ण श्याम, भेद १० एवं इन्हें सर्पाकार रूप से विक्रिया करना प्रिय होता है ।

मांगीतुंगी (तीर्थ) – Maṁgītuṁgī (Tīrtha).
Name of a Digambar Jaina place of pilgrimage in Nasik dist. (Maharashtra) from where Ram, Hanuman, Sugreev etc. 99 crore Munis (saints) got salvation.
महाराष्ट्र के नासिक जिले में स्थित एक परम पावन दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र, जहाँ से राम, हनुमान, सुग्रीव, गवय, गवाक्ष, नील, महानील आदि ९९ करोड़ मुनियों को निर्वाण प्राप्त हुआ है ।

मांछपिक – *Māṁchapika.*
A type of activists.
क्रियावादियों के १८० भेदों में एक भेद ।

मांडल गढ़ – *Māṁḍala Gaṛha.*
Birth place of *Pandit* Ashadharji.
पं. आशाधर जी का जन्म स्थान। जो नागौर (राज.) के पास है ।

मांडलिक – *Māṁḍalika.*
Feudatory type of air.
वायु के दो भेदों में एक भेद; जो वर्तुलाकार भ्रमण करती है उसे माण्डलिक वायु कहते हैं ।

मांडव्य – *Māṁḍavya.*
Name of the 6th chief disciple of Lord Mahavira.
भगवान् महावीर के छठे गणधर का नाम ।

मांस – *Māṁsa.*
Meat, non-edible.
बकरा आदि जीव का मांस जो कि अभक्ष्य है। मांस त्याग जैन श्रावक का मूलगुण है ।

मांसपेशी – *Māṁsapeśī.*
The muscles of the body.
औदारिक शरीर में ५०० मांसपेशियाँ हैं ।

मा – *Mā.*
A kind of punishment in the form of warning.
हा-मा-धिक् इन ३ प्रकार के दंडों में दूसरा दण्ड-''खेद है जो तुमने अपराध किया है आगे नहीं करना''। छठे से दसवें कुलकरों के समय तक अपराधी को यही दण्ड दिया जाता था ।

मागधदेव – *Māgadhadeva.*
A type of deities.
देव; जिसे चक्रवर्ती 'अमोघ' नामक बाण फेंक कर अपने अधीन कर लेता है ।

मागध द्वीप – *Māgadha Dvīpa.*
An island of *Lavan Sagar* (ocean).
लवण समुद्र में स्थित एक द्वीप ।

माघ – *Māgha.*
The eleventh month of the Hindu lunar calender, Name of writer of the book 'Shishupal Vadh'.
एक हिन्दी माह का नाम, कवि; 'शिशुपाल वध' के रचयिता ।

माघनंदि – *Māghanaṁdi.*
Name of an *Acharya* who was the disciple of *Acharya* Arhadvali.
आचार्य अर्हद्बलि के शिष्य एवं धरसेनस्वामी के समकालीन एक आचार्य। इनके अलावा इस नाम से और भी आचार्य हुए हैं ।

माघवी – *Māghavī.*
The other name of the 7th hell.
सातवें नरक की पृथ्वी महातमः प्रभा का अपरनाम।

माणव – *Māṇava.*
Name of a country of *Bharat Kshetra Aryakhanda* (region), One of the splendours of *Chakravarti* (emperor), Name of an ornament - a necklace.
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड के एक देश का नाम, चक्रवर्ती की ९ निधियों में एक निधि, कण्ठ का आभूषण-बीस लड़ियों वाला हार।

माणिक्यनंदि – *Māṇikyanaṁdi.*
Name of the disciple of Ratnanandi and preceptor of Meghchandra, and the disciple of *Acharya* Ramnandi.
नंदिसंघ बलात्कारगण में रत्ननन्दि के शिष्य तथा मेघचंद्र के गुरु (ई.स. ६६३-६७९), आचार्य रामनंदि के शिष्य परीक्षामुख सूत्र के कर्ता आचार्य (ई. स. १००३-१०२८)।

माणिक्यराज – *Māṇikyarāja.*
Name of an *Apbhransh* poet & writer of Nagkumar Chariu.
नागकुमार चरिउ के रचयिता एक अपभ्रंश कवि।

मातंग – *Mātaṁga.*
Name of the demigod of Lord Mahavira, Son of king Nami, A type of *Vidyadhars*, A system of super power.
भगवान महावीर के शासन यक्ष, विद्याधर नमि का पुत्र, विद्याधरों की एक जाति, नमि-विनमि को दिए गये ८ विद्या-निकायों में प्रथम विद्या-निकाय।

मातंगी विद्या – *Mātaṁgī Vidyā.*
Name of a super power.
मातंग विद्याधरों की विद्या का नाम। अर्ककीर्ति के पुत्र अमिततेज को सिद्ध विद्याओं में एक विद्या।

मातलिजल्प – *Mātalijalpa.*
Name of a book.
न्याय विषयक एक ग्रंथ का नाम।

मातृका – *Mātṛkā.*
The alphabets .
अकारादि १६ स्वर और ककारादि ३३ व्यंजन पूर्ण मातृका हैं। अथवा वर्णमाला की बारह खड़ी।

मातृका यंत्र – *Mātṛkā Yaṁtra.*
A type of metallic plate engraved with auspicious mystic diagram & words.
४८ यंत्रों में एक यंत्र, जिसको अक्षर, शब्द, मंत्रों की रचना कोष्ठक आदि बनाकर चित्रित किया गया है।

मात्सर्य – *Mātsarya.*
Lack of earnest-ness in charity, Envy with another donator.
दान करते हुए भी आदर का न होना, अतिथिसंविभाग व्रत का एक अतिचार; अन्य दाता के गुणों को सहन नहीं करना।

मात्स्य न्याय – *Mātsya Nyāya.*
Exploitation of others.
सबल पुरुषों द्वारा निर्बल पुरुषों का शोषण। राजा के अभाव में प्रजा इसी न्याय का आश्रय लेती है।

माद्री – *Mādrī.*
The wife of king Pandu and the mother of Nakul-Sahdev.
नकुल-सहदेव की मां, राजा पाण्डु की पत्नी।

माधव – *Mādhava.*
Name of a commentator, The spring season.
मीमांसा दर्शन के एक टीकाकार, कृष्ण का अपरनाम, वैशाख मास, वसंत ऋतु।

माधवचंद्र त्रैविद्य – *Mādhavacaṁdra Traividya.*
Name of the disciple of *Acharya* Nemichandra Siddhant Chakravarti.
आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती के शिष्य तथा त्रिलोकसार, क्षपणासार की संस्कृत टीका के कर्ता। (समय - ई. ९८१)।

माधवानंद – *Mādhavānaṁda.*
Name of a commentary writer of Dvisandhan Kavya.
द्विसंधान काव्य टीका के कर्ता।

माधवी – *Mādhavī.*
Mother's name of the 2nd *Narayan* Dviprishtha.
द्वितीय नारायण द्विपृष्ठ की माता का नाम।

माधुकरी भिक्षावृत्ति – *Mādhukarī Bhikṣāvṛtti.*
Food accepting by saints without causing any trouble to others.
भ्रामरी वृत्ति; भौंरे जिस तरह पुष्पों को कष्ट दिए बिना रस लेते हैं, वैसे साधु आहार लेते हुए दाता को कष्ट नहीं देते हैं। इसलिए इनकी आहार चर्या माधुकरी भिक्षावृत्ति कहलाती है।

माधोराजपुरा – *Mādhorājapurā*
The initiation-place of Ganini Shri Gyanmati Mataji (for Aryika Diksha).
राजस्थान में पद्मपुरा अतिशय क्षेत्र के निकट एक नगर, जहाँ चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के प्रथम पट्टशिष्य आचार्य श्री वीरसागर महाराज ने बीसवीं शताब्दी की प्रथम बालब्रह्मचारिणी क्षुल्लिका वीरमती को सन् १९५६ में वैशाख कृ. २ को आर्यिका दीक्षा देकर 'ज्ञानमती' नाम से अलंकृत किया जिन्होंने वर्तमान में अपने नाम के अनुसार गणिनीप्रमुख ज्ञानमती के रूप में कीर्तिमान स्थापित किया है।

माध्यदिन – *Mādhyadina.*
A type of the doctrine of ignorance.
अज्ञानवाद के ६७ भेदों में एक भेद।

माध्यस्थ – *Mādhyastha.*
Impartiality, Neutrality.
राग-द्वेष पूर्वक पक्षपात न करना।

माध्यस्थता – *Mādhyasthatā.*
See - *Mādhyastha.*

देखें - माध्यस्थ। समता, उपेक्षा, वैराग्य, साम्य, माध्यस्थ आदि शब्द एकार्थवाची हैं।

माध्व वेदांत – *Mādhva Vedāṁta.*
A philosophy of dualism.
द्वैतवाद; अनेक तत्व मानने से भेदवादी कहलाता है, ई.श. १२-१३ में माध्व देव द्वारा इस मत का जन्म हुआ, न्याय सुधा व पदार्थ संग्रह इसके मुख्य ग्रंथ हैं।

मान – *Māna.*
Pride, Self respect, honour, A measure scale.
गौरव, स्वसम्मान, स्वाभिमान, प्रमाण या माप, इसके ४ भेद हैं- मेय, देश, तुला, काल।

मान (कषाय) – *Māna (Kaṣāya).*
Pride arrogance (as a passion).
४ कषायों में दूसरी कषाय; अभिमान, घमंड। अथवा जाति आदि आठ मदों से दूसरे के प्रति नमने की वृत्ति न होना।

मानतुंग – *Mānatuṁga.*
A famous *Acharya* who wrote Bhaktamar Stotra-a great spiritual hymn.
भक्तामर स्तोत्र के रचयिता एक प्रसिद्ध आचार्य। (समय - ई.स. ६१८)।

मानदंड – *Mānadaṁḍa.*
The other name of *Sumeru* mountain, A measuring unit.
सुमेरु पर्वत का दूसरा नाम, मापक या जिससे नापा जाये।

मानपद – *Mānapada.*
The measuring instruments.
प्रस्थादि मापने के बर्तन, इसे मेयमान भी कहते हैं।

मान (कर्म प्रकृति) – *Māna (Karma Prakṛti).*
A kind of *Karmic* nature related to right conduct delusion.
चारित्र मोहनीय कर्म की २१ कर्म प्रकृतियों में एक प्रकृति।

मानव – *Mānava.*
Human being, Name of a planet, Name of a city in the north of Vijayardh mountain.
मनुष्य, एक ग्रह, विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर।

मानवक – *Mānavaka.*
Name of a planet.
८८ ग्रहों में एक ग्रह।

मानवपुत्रक – *Mānavaputraka.*
A type of Vidyadhar dynasty.
विद्याधरों की एक जाति; ये विद्याधर नाना वर्णों से युक्त एवं पीत वस्त्र पहनते हैं।

मानवी – *Mānavī.*
A type of super power.
एक विद्या का नाम।

मानस – *Mānasa.*
Mental thought, A synonym of mind or thought.
मन में उत्पन्न हुए चिन्ह को मानस कहते हैं। मन का अपर नाम। मन से संबंध रखने वाला, मानसिक।

मानस आस्रव – *Mānasa Āsrava.*
Mental influx due to auspicious & inauspicious tendencies.
मन की शुभ-अशुभ रूप प्रवृत्ति से होने वाला आस्रव।

मानस आहार – *Mānasa Āhāra.*
A type of super food enjoyed by deities.
आहार का एक प्रकार। देवों को आहार की इच्छा होते ही कण्ठ में अमृत झरने लगता है। यह मानस आहार कहलाता है।

मानस कायोत्सर्ग – *Mānasa Kāyotsarga.*
Mental selflessness.
मन से शरीर में ममकार बुद्धि की निवृत्ति मानस कायोत्सर्ग है।

मानस जप – *Mānasa Japa.*
Chanting of mantras (mystic words or holy verses) internally in the state of meditaiton.
प्राणवायु के द्वारा णमोकार मंत्र का ध्यान या जाप्य करना।

मानस जाप – *Mānasa Jāpa.*
See - *Mānasa Japa.*
देखें - मानस जप।

मानस दुःख – *Mānasa Duḥkha.*
Mental sorrow (arising due to some unfavourable causes).
दुःख के ४ भेदों में से एक भेद; इष्ट वस्तु के वियोग एवं अनिष्ट वस्तु के संयोग से उत्पन्न होने वाला दुख।

मानसरोवर – *Mānasarovara.*
Name of a river of *Bharat Kshetra* middle *Arya Khand* (region).
भरत क्षेत्र मध्य आर्य खण्ड की एक नदी।

मानस विनय – *Mānasa Vinaya.*
Eulogical devotion for religion & its lay persons.
धर्म-कार्य में मन लगाना तथा पाप कर्म के विचार से मन को बचाना अथवा पूज्य पुरुषों के प्रति आदर-भाव रखना।

मानसी – *Mānasī.*
Name of female demigod of Lord Shantinath, Name of a super power.
भगवान शान्तिनाथ की यक्षिणी (महामानसी) , एक विद्या का नाम।

मानस्तम्भ – *Mānastambha.*
Free standing pillar or sacred monument pillar crowned with idols of Lord Jinendra.
तीर्थंकरों के समवशरण में प्रवेश करने से पहले चारों दिशाओं में तीर्थंकर के शरीर की ऊंचाई से १२ गुणे ऊंचे जिनप्रतिमाओं से समन्वित स्वर्णिम स्तंभ के आकार की रचना। दूर से ही इनके दर्शन मात्र से मिथ्यादृष्टि जीव अभिमान रहित हो जाते हैं अतः इसका मानस्तंभ नाम सार्थक है।

मानस्तम्भ भूमि – *Mānastambha Bhūmi.*
Land of *Manastambha* (sacred monumental pillar).

चैत्यप्रासाद भूमि के बहुमध्य भाग में चारों वीथियों के बीचों बीच गोल भूमि ।

मानी – *Mānī.*
Proudy person, Name of a Jaina temple in east of *Nandan* forest of *Meru* mountain.
मान रखने या करने वाला जीव, मेरू पर्वत के नंदनवन में पूर्व दिशा के जिन मंदिर का नाम ।

मानुष – *Mānuṣa.*
Human beings, Name of a residential protecting deity of Rajat summit of Manushottar mountain.
मनुष्य, मानुषोत्तर पर्वत के रजतकूट का रक्षक एक भवनवासी देव ।

मानुष क्षेत्र – *Mānuṣa Kṣetra.*
World of human beings, The human world.
४५ लाख योजन प्रमाण ढाई द्वीप की भूमि जो मनुष्यों के गमनागमन के योग्य होती है ।

मानुषोत्तर – *Mānuṣottara.*
Name of a circular mountain situated in the middle of Pushkar island of middle universe.
मध्यलोक में पुष्कर द्वीप के मध्य स्थित एक वलयाकार पर्वत। इस पर्वत के उत्तर (पार) में मनुष्यों का गमन नहीं होता ।

मान्धाता – *Māndhātā.*
A king of *Ikshvaku* dynasty.
इक्ष्वाकुवंश का एक राजा ।

मान्यखेट – *Mānyakheṭa.*
Former name of a village in Hyderabad *'Malkhera Gram'.*
निजाम हैदराबाद राज्य के अन्तर्गत शोलापुर से ९० मील दक्षिण पूर्व में स्थित वर्तमान का मलखेड़ ग्राम ।

माप – *Māpa.*
Measurement, measure, survey.
मापना; तराजू, प्रस्थ, पाई आदि द्वारा किसी की लंबाई चौड़ाई आदि का मापन ।

माया – *Māyā.*
Deceit, Illusion, Diplomacy.
दूसरे को ठगने के लिए कुटिलता या छल आदि किये जाना ।

माया कषाय – *Māyā Kaṣāya.*
Deceit, one of the four passions.
क्रोधादि ४ कषायों में एक कषाय; मन वचन काय की वक्रता होना ।

माया क्रिया – *Māyā Kriyā.*
Deceitful practice with regard to knowledge, faith etc.
साम्परायिक आस्रव की ५ क्रियाओं में एक क्रिया; ज्ञान-दर्शन आदि के विषय में छल करना ।

मायाक्षर – *Māyākṣara.*
An auspicious super word causing prosperous life by meditation.
हीं, इस अक्षर के ध्यान से ऐश्वर्य आदि की प्राप्ति के साथ लोकाग्र स्थान भी प्राप्त होता है ।

मायागता चूलिका – *Māyāgatā Cūlikā.*
A kind of scriptural knowledge (describing incantation & hymns).
श्रुतज्ञान; दृष्टिवाद के ५वें भेद रूप ५ चूलिकाओं में एक; जो इन्द्रजाल आदि के कारणभूत मन्त्र और तपश्चरण का वर्णन करती है ।

माया निद्रा – *Māyā Nidrā.*
To cause unconscious sleep.
मायामय नींद; तीर्थंकर के जन्म के समय शची इन्द्राणी तीर्थंकर माता को इसी नींद में सुलाकर प्रसूति गृह से जिनशिशु को बाहर लाकर अभिषेक हेतु इन्द्र को देती है ।

मायाप्रायस्थिति – *Māyāprāyasthiti.*
An infraction meditative relaxation (an astonishing standing posture).
कायोत्सर्ग का एक अतिचार; आश्चर्योत्पादक ढंग से खड़े होना।

माया शक्ति – *Māyā Śakti.*
Power of illusion, a passion.
कषाय की अनुभाग शक्ति की अपेक्षा प्रगटता, जो बांस की जड़, मेढ़े के सींग, गोमूत्र, खुरपा के समान, उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, अजघन्य, जघन्य रूप है ।

माया शल्य – *Māyā Śalya.*
Deceitful behaviour - painful like a sting.
बाहर से अच्छा प्रदर्शित करते हुए मन में छल, कपट आदि रखना ।

मारण – *Māraṇa.*
A type of incantation, Name of king of *Rakshas* dynasty, Name of a famous arrow.
एक प्रकार का मन्त्र, राक्षस वंशी एक विद्याधर राजा, ५ फणों वाला बाण- नागराज ने यह प्रद्युम्न को दिया था ।

मारणांत सल्लेखना – *Māraṇāṁta Sallekhanā.*
Fasting upto death to be performed by a saint.
मरणकाल आने पर शास्त्रोक्त विधि से समाधिमरण करना ।

मारणांतिक कषाय – *Māraṇāṁtika Kaṣāya.*
Passionful thoughts at the time of death.
मरण के समय उत्पन्न होने वाली कषाय या परिणामों की कलुषता।

मारणांतिक वेदना – *Māraṇāṁtika Vedanā.*
Anguish or pain felt at the death-time.
मरण के समय असाता कर्म के उदय से प्राप्त होने वाली वेदना या कष्ट ।

मारणांतिक समुद्घात – *Māraṇāṁtika Samudghāta.*
The extrication of soul-points to the next birth state just before the death (related to the trans-migratory state).
मरण के समय अपने वर्तमान शरीर को न छोड़कर आगे जहां

उत्पन्न होना है उस क्षेत्र तक आत्मा के प्रदेशों का फैलकर अन्तर्मुहूर्त तक रहना ।

मारहर – *Mārahara.*
An epithet for Lord Arihant, who defeats the Kamdev.
कामदेव को पराजित करने वाले अर्हन्त भगवान ।

मारीच – *Mārīca.*
Name of a minister of Ravan.
रावण का मंत्री, भगवान महावीर के पूर्व भव का नाम (भगवान ऋषभदेव के पौत्र के रूप में) ।

मारुतचारण ऋद्धि – *Mārutacāraṇa Ṛddhi.*
A type of super-natural power (air-walking).
ऋद्धि; जिसके प्रभाव से मुनि नाना प्रकार की गति से युक्त वायु के प्रदेशों की पंक्ति पर से अस्खलित होकर पदविक्षेप करते हैं।

मारुति धारणा – *Māruti Dhāraṇā.*
A particular meditational conception about the power of air.
एक विशेष प्रकार की धारणा। आग्नेयी धारणा के उपरान्त योगी द्वारा आकाश में पूर्ण होकर विचरण करते हुए महावेगवान वायुमंडल का चिंतन करना तथा इस प्रबल वायुमंडल ने अग्नि में जले शरीर आदि की भस्म को उड़ा दिया है और फिर वायु शांत हो गई - ऐसा चिंतवन करना ।

मार्कंडेय – *Mārkaṁḍeya.*
Name of a king of *Hari* dynasty.
हरिवंश के एक राजा का नाम। मूलतः इनका नाम सिंहकेतु था।

मार्ग – *Mārga.*
Way, channel, method, doctrine, path of salvation, A type of peripatetic deities.
जिसके द्वारा मार्गण किया जाता है वह मार्ग अर्थात् पथ कहलाता है। पथ, उपाय, मोक्षमार्ग, रत्नत्रय धर्म, तालगत गांधर्व का एक भेद ।

मार्गणा – *Mārgaṇā.*
Investigation (of beings), Category of disquisition doors.
अन्वेषण या खोज करना, जीव जिन भावों या पर्यायों में खोजे जाते हैं उसे मार्गणा कहते हैं। ये १४ होती हैं ।

मार्गणास्थान – *Māragaṇāsthāna.*
Subject of investigation (reg. beings).
जीवों के अन्वेषण के स्थान, ये १४ हैं; गति, इन्द्रिय, काय, योग, वेद, कषाय, ज्ञान, संयम, दर्शन, लेश्या, भव्यत्व, सम्यक्त्व, संज्ञित्व, आहार ।

मार्ग दर्शनार्य – *Mārga Draśanārya.*
A type of noble persons.
अनृद्धि प्राप्त दर्शनार्य का एक भेद। ये १० प्रकार के होते हैं ।

मार्ग प्रभावना – *Mārga Prabhāvanā.*
Glorification of the preaching of Lord Jinendra.
सोलहकारण भावनाओं में एक भावना; ज्ञान, ध्यान, तप, जिनेन्द्र पूजा आदि के द्वारा धर्म का प्रकाश फैलाना ।

मार्ग प्रासुक – *Mārga Prāsuka.*
The way already used by other beings.
बैलगाड़ी, हाथी की अंबारी, डोली, रथ, घोड़ा, ऊँट, गाय, स्त्री, पुरुष आदि जिस मार्ग से गमन करते हैं वह मार्ग प्रासुक है।

मार्ग फल – *Mārga Phala.*
Achievement of salvation.
मोक्ष प्राप्ति, शुद्धता का लाभ ।

मार्ग रुचि – *Mārga Ruci.*
A type of noble persons, who get right perception by listening about the path of salvation.
दर्शनार्य का एक भेद-वीतराग मोक्षमार्ग के सुनने मात्र से जो जीव सम्यग्दर्शन को प्राप्त करते हैं ।

मार्ग शुद्धि – *Mārga Śuddhi.*
Carefulness in walking, Path purity.
साधु उसी मार्ग पर ईर्यापथ शुद्धि पूर्वक चलते हैं जिस पर त्रस-स्थावर जंतु न हों अथवा अन्य मानव व पशु उस पर पहले चले गये हों ।

मार्ग सम्यग्दर्शन – *Mārga Samyagdarśana.*
Right attitude towards path of salvation.
दर्शन मोह का उपशम होने से ग्रन्थश्रवण के बिना कल्याणकारी मोक्षमार्ग का श्रद्धान होना ।

मार्ग सम्यक्त्वार्य – *Mārga Samyaktvārya.*
A kind of noble persons who get right perception only by listening about salvation.
अनृद्धि प्राप्त दर्शनार्य का एक भेद। वीतरागी मोक्षमार्ग के सुनने मात्र से सम्यग्दर्शन को प्राप्त हुए जीव ।

मार्गिणी – *Mārgiṇī.*
Name of the chief 'Aryika' (Ganini) in the assembly of Lord Naminath.
नमिनाथ भगवान् के समवशरण की मुख्य आर्यिका (गणिनी) का नाम। दूसरा नाम मंगिनी है ।

मार्गोपसंयत – *Mārgopasaṁyata.*
Mutual enquiry by saints for the well-beings of other saints.
अपने संघ से आये मुनि, तथा अपने स्थान में रहने वाले मुनियों से आपस में आने-जाने के विषय में कुशल का पूछना ।

मार्जारसम – *Mārjārasama.*
A type of bad listeners (to be unaffected).
श्रोता के १४ भेदों में एक भेद; जो श्रोता बहुत प्रकार से समझाने पर भी बिलाव की तरह अपनी क्रूरता को न छोड़े ।

मार्दव – *Mārdava.*
Humility, softness, modesty, To be prideless.
घमण्ड रहित होना अर्थात् विनम्र होना ।

मार्दव धर्म – *Mārdava Dharma.*
Pridelessness, modesty or humility.
१० धर्मों में दूसरा धर्म; मन वचन काय की कोमलता, मान के कारण मिलने पर भी अहंकार न होना ।

मालपूप – *Mālapūpa.*
A special Indian sweet dish, made up of wheat flour, ghee & sugar.
मालपुआ, एक प्रकार का मिष्ठान (नैवेद्य)।

मालवा – *Mālavā.*
A part of *Bharat Kshetra* south *Arya Khand* (region).
भरतक्षेत्र दक्षिण आर्यखण्ड का एक देश। अवन्ती, उज्जैन, इन्दौर आदि इसकी प्रसिद्ध नगरी हैं।

माला – *Mālā.*
Garland, wreath, string of beads.
हार, गजरा, जाप्य माला।

माला निमित्तज्ञान – *Mālā Nimittajñāna.*
A type of super natural power.
ऋद्धि का एक भेद।

मालारोहण – *Mālārohaṇa.*
An obstacle in food and hermitage of a saint (reg. use of wood ladder).
आहार एवं वसतिका का एक दोष। लकड़ी की बनी हुई सीढ़ी से ऊपर चढ़कर वहां रखी हुई सामग्री लाकर साधु को आहार में देना।

माला स्वप्न – *Mālā Svapna.*
One of the dreams seen by Tirthankar's mother.
तीर्थंकर की माता को दिखे १६ स्वप्नों में एक स्वप्न; जिसका फल है पुत्र समीचीन धर्म का प्रवर्तक होगा।

मालिकोद्वहन – *Mālikodvahana.*
An infraction of meditative relaxation (taking help of something in standing).
कायोत्सर्ग का एक अतिचार; मस्तक ऊपर करके किसी पदार्थ का आश्रय लेकर खड़ा होना।

मालिनी – *Mālinī.*
Name of a female divinity of Manibhadra deity.
मणिभद्र नामक व्यंतर इंद्र की एक देवी का नाम।

माली – *Mālī.*
A king of Rakshas dynasty.
राक्षसवंश का एक राजा।

माल्य – *Mālya.*
A city in the north of Vijayardh moutain, A country of Bharat Kshetra western Arya Khand (region).
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर, भरतक्षेत्र पश्चिम आर्य खण्ड का एक देश।

माल्यवान् – *Mālyavān.*
A Gajdant mountain, Name of a summit of Malyvan Gajdant and its protecting deity, One of the 10 large ponds of northern *Kuru.*
एक गजदन्त पर्वत, माल्यवान् गजदन्त का एक कूट व उसका रक्षक देव, उत्तर कुरू के १० द्रहों में से एक।

माष – *Māṣa.*
A small weighing measure of gold.
उड़द, सोने की एक विशेष तौल-माशा।

मास – *Māsa.*
Month; a time unit.
दो पक्ष का व्यवहार काल या मास होता है।

मासिक धर्म – *Māsika Dharma.*
Menstruation (monthly impurity period of a woman).
महीने से संबंध रखने वाली या प्रतिमास होने वाली स्त्रियों की प्राकृतिक अशुद्धि, जिसके कारण उसे पुष्पवती या रजस्वला कहते हैं। विशेष देखें-पुष्पवती स्त्री।

मासैकवासिता – *Māsaikavāsitā.*
Monthly seasonal staying & moving of Jaina saints.
स्थिति कल्प का ९वां भेद; छहों ऋतुओं में से एकेक ऋतु में एक मास तक एक स्थान में मुनि निवास करते हैं, और एक मास विहार करते हैं। उसे मासैकवासिता कहते हैं।

माहेंद्र – *Māhemdra.*
Name of a city in the northern Vijayardh mountain, Name of the 4th heaven, A chief disciple of Lord Rishabhdev, A magical weapon.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर, चौथा स्वर्ग, भगवान वृषभदेव का एक गणधर, एक विद्यास्त्र।

माहेंद्र (देव) – *Māhemdra (Deva).*
The deities residing in the 4th heaven.
चौथे स्वर्ग में रहने वाले देव जिनकी ऊंचाई ६ हाथ एवं आयु ७ सागर की होती है।

मिट्टीसम श्रोता – *Miṭṭīsama Śrota.*
A type of listener like wet soil.
१४ प्रकार के श्रोताओं का एक भेद; मिट्टी के समान जो श्रोता शास्त्र सुनते समय कोमल परिणामी रहते हैं पर बाद में कठोर हो जाते हैं।

मित संभाषण – *Mita Saṁbhāṣaṇa.*
Worthful speech, substantial speech.
अनर्थक बहुप्रलाप रहित वचन मित हैं। अर्थात् सीमित, सारगर्भित वचन बोलना।

मित्र – *Mitra.*
A friend, The 30th Patal (layer) of Saudharma heaven, The 42nd chief disciple of Lord Rishabhdev, Name of a presiding deity of a lunar Anuradha.
दोस्त, जो निःस्वार्थ भाव से हित करे अथवा पाप से बचाए, सौधर्म स्वर्ग का ३०वाँ पटल, भगवान वृषभदेव का ४२वां गणधर, अनुराधा नक्षत्र का अधिपति देवता।

मित्रता – *Mitratā.*
Friendship, Friendliness.
दोस्ती। परस्पर स्नेहशीलता।

मित्रनंदि – *Mitranaṁdi.*
Name of the preceptor of Acharya Shivkoti, the writer of 'Bhagvati Aradhana'.
भगवती आराधना के कर्ता शिवकोटि आचार्य के गुरु।

मित्रफल्गु – *Mitraphalgu.*
Name of the 56th chief disciple of Lord Adinath.
भगवान् आदिनाथ के ५६वें गणधर का नाम।

मित्रभाव – *Mitrabhāva.*
Name of the main listener in the Samavshran of Lord Abhinandannath.
अभिनन्दन नाथ भगवान् के समवशरण में मुख्य श्रोता का नाम।

मित्रयज्ञ – *Mitrayajña.*
Name of the 50th chief disciple of Lord Adinath.
भगवान् आदिनाथ के ५०वें गणधर का नाम।

मित्रवीर्य – *Mitravīrya.*
Name of main listener of Lord Sumatinath.
सुमतिनाथ भगवान् के मुख्य श्रोता का नाम।

मित्रसेना – *Mitrasenā.*
Mother's name of Lord Aranath.
अरनाथ भगवान् की माता का नाम। अपरनाम मित्रा है।

मित्राग्नि – *Mitrāgni.*
Name of the 15th chief disciple of Lord Adinath.
भगवान् आदिनाथ के १५वें गणधर का नाम।

मित्रानुराग – *Mitrānurāga.*
To remember the attachment of the past time, an infraction of the period of holy death.
सल्लेखना का एक अतिचार; समाधि के समय मित्रों से किये गये अथवा उनके दिये गये प्रेम की स्मृति करना।

मिथिलापुरी – *Mithilāpurī.*
The birth place of Lord Mallinath & Naminath.
भगवान मल्लिनाथ एवं नमिनाथ का जन्म स्थान। इसे राजा जनक की राजधानी भी माना गया है।

मिथ्या अनेकांत – *Mithyā Anekāṁta.*
False polyviewism.
सत् व असत् स्वभाववस्तु से शून्य केवल वचन विलास रूप परिकल्पित अनेक धर्मात्मक कथन मिथ्या अनेकांत हैं।

मिथ्या अवधिज्ञान – *Mithyā Avadhijñāna.*
False clairvoyance.
कुअवधि या विभंग ज्ञान; जो ज्ञान मिथ्यात्व से सहित होने के कारण विपरीत स्वरूप है।

मिथ्या अहंकार – *Mithyā Ahaṁkāra.*
False pride.
झूठा अभिमान; ''मैं दूसरों का उपकार या अपकार करता हूँ'' ऐसा मानना।

मिथ्या उपदेश – *Mithyā Upadeśa.*
False instruction to misguide others.
अभ्युदय और मोक्ष की कारण भूत क्रियाओं में किसी दूसरे को विपरीत मार्ग से लगा देना या मिथ्या वचनों द्वारा दूसरों को ठगना।

मिथ्या एकांत – *Mithyā Ekāṁta.*
False viewism, partial exposition.
अनेक धर्मात्मक वस्तु के किसी एक ही धर्म का कथन करके शेष सभी धर्मों का निषेध करना।

मिथ्या कर्ता-कर्म – *Mithyā Kartā-Karma.*
A false belief, believing one as doer of physical *Karmas.*
जीव को पुद्गल कर्मों का कर्ता या परिणमन कराने वाला मानना।

मिथ्याकार – *Mithyākāra.*
A type of repentance for wrong deeds.
औघिक समाचार के १० भेदों में एक भेद; अतिचार होने रूप अशुभ परिणामों में मिथ्या शब्द कहना।

मिथ्याज्ञान – *Mithyājñāna.*
Wrong knowledge.
मिथ्यादर्शन के उदय से उत्पन्न होने वाले तीन प्रकार का अज्ञान। (कुमति, कुश्रुत, कुअवधि)।

मिथ्याचारित्र – *Mithyācāritra.*
Wrong conduct.
निज आत्मा के अनुष्ठान के रूप में विमुखता होना अर्थात् मोक्षमार्ग से विपरीत मार्ग पर चलना।

मिथ्या तप – *Mithyā Tapa.*
False austerity.
संसार का कारणभूत तप या आत्मज्ञान शून्य तप।

मिथ्या तापस – *Mithyā Tāpasa.*
Wrong ascetic.
सम्यक्त्व से रहित पंचाग्नि आदि मिथ्या तप करने वाला।

मिथ्यात्व – *Mithyātva.*
Perversity, wrong faith, contrary reverence.
अज्ञानता। जीवादि पदार्थों के विषय में विपरीत श्रद्धान।

मिथ्यात्व क्रिया – *Mithyātva Kriyā.*
Misbelief, Perverse attitude, False faith.
आस्रव की २५ क्रियाओं में दूसरी क्रिया; मिथ्या देव शास्त्र गुरु की पूजा, स्तुति, भक्ति करना।

मिथ्यात्व प्रकृति (कर्म) – *Mithyātva Prakṛti (Karma).*
Karmic nature causing false faith.
अतत्व श्रद्धान उत्पन्न कराने वाला कर्म, यह दर्शन मोहनीय कर्म की एक प्रकृति है।

मिथ्यात्व प्रत्यय – *Mithyātva Pratyaya.*
False motive or reason of Karmic bindings.
कर्म बंध के ५ हेतुओं में एक हेतु या निमित्त।

मिथ्यात्वादिक – *Mithyātvādika.*
Reasons or causes of Karmic bindings.
कर्मबंध के हेतु; मिथ्या, अविरति, प्रमाद, कषाय, योग।

मिथ्यादर्शन – *Mithyādarśana.*
Perverted faith, Wrong faith.
अर्हन्त भगवान के द्वारा बताए गये मार्ग से विपरीत मार्ग में श्रद्धान होना ।

मिथ्यादर्शन क्रिया – *Mithyādarśana Kriyā.*
The approval of the activities of a wrong doer.
आस्रव की २५ क्रियाओं में २४वीं क्रिया; मिथ्यादर्शन के साधनों से युक्त पुरुष की प्रशंसा आदि करके उसे मिथ्यात्व में दृढ़ करना ।

मिथ्यादर्शन वाक् – *Mithyādarśana Vāk.*
The speech which leads to the false way or path.
सत्यप्रवाद पूर्व में कथित १२ प्रकार की भाषाओं में १२वीं भाषा; मिथ्यामार्ग का उपदेश करने वाली भाषा ।

मिथ्यादृष्टि – *Mithyādṛṣṭi.*
Wrong believer, Wrong faithed.
जिनउपदिष्ट प्रवचन का श्रद्धान नहीं करने वाला। अर्थात् प्रथम गुणस्थानवर्ती जीव, जो मिथ्यादर्शन सहित है ।

मिथ्या नय – *Mithyā Naya.*
False viewism, false standpoint.
निरपेक्ष या मिथ्या एकांत का कथन करने वाले नय ।

मिथ्यान्धकार – *Mithyāndhakāra.*
Darkness of ignorance.
अज्ञान-अंधकार ।

मिथ्या मत – *Mithyā Mata.*
Wrong persuasions or doctrines.
एकांत पक्ष रूप अभिप्राय, मिथ्यामत ३६३ हैं, क्रियावादियों के १८०, अक्रियावादियों के ८४, अज्ञानवादियों के ६७ और वैनयिक वादियों के ३२ भेद ।

मिथ्या शल्य – *Mithyā Śalya.*
False concept of religious devotion.
'अपना निरंजन दोष रहित परमात्मा ही उपादेय है' ऐसी रूचि रूप सम्यक्त्व से विलक्षण मिथ्याशल्य कहलाती है। अर्थात् मिथ्यात्व में रूचि रखते हुए व्रतों का पालन करना ।

मिथ्या श्रुतज्ञान – *Mithyā Śrutjñāna.*
False scriptural knowledge.
मिथ्यादर्शन के उदय के साथ श्रुतज्ञान मिथ्या श्रुतज्ञान कहलाता है ।

मिथ्याहंकार – *Mithyāhaṁkāra.*
See - *Mithyā Ahaṁkāra.*
देखें - मिथ्या अहंकार ।

मिथ्योपदेश – *Mithyopadeśa.*
See - *Mithyā Upadeśa.*
देखें - मिथ्या उपदेश ।

मिनट – *Minaṭa.*
Minute; a time unit.
काल का एक प्रमाण। ६० सैकेंड =१ मिनट ।

मिश्र – *Miśra.*
Name of the 3rd Gunsthan, A fault of food and hermitage of saint, Mixed or associated one.
तीसरे गुणस्थान का नाम, आहार एवं वसतिका का एक दोष, मिला हुआ, संयुक्त, मिलाया हुआ ।

मिश्र असद्भूत व्यवहार नय – *Miśra Asadbūta Vyavahāra Naya.*
A standpoint related to inappropriate mixing of matters.
स्वजाति-विजाति द्रव्य-गुण-पर्याय का एक-दूसरे में जिस नय से आरोपण किया जाये ।

मिश्र आहारक काययोग – *Miśra Āhāraka Kāyayoga.*
See - *Āhāraka Miśra Kāyayoga.*
देखें-आहारक मिश्र काययोग ।

मिश्र उपचरित असद्भूत व्यवहार नय – *Miśra Upacarita Asadbhūta Vyavahāra Naya.*
A type of standpoint related to considering ownness in different objects as town, state, country etc.
राज्य, दुर्ग, नगर आदि जो बिल्कुल भिन्न मिश्र जीवाजीव पदार्थ हैं उनको जिस नय से अपना माना जाये ।

मिश्र औदारिक काययोग – *Miśra Audārika Kāyayoga.*
See - *Audārika Miśra Kāyayoga.*
देखें - औदारिक मिश्र काययोग।

मिश्र काययोग – *Miśra Kāyayoga.*
Bodily activities taking place upto complete formation of body.
जब तक शरीर पर्याप्ति पूर्ण नहीं होती तब तक होने वाले काययोग को मिश्रकाययोग कहते हैं ।

मिश्र काल – *Miśra Kāla.*
The time period up to the completion of body.
जब तक शरीर पर्याप्ति पूर्ण न हो तब तक का काल ।

मिश्रकेशी – *Miśrakeśī.*
A female deity residing on *Ruchak* mountain who serves the mother of Jaina Lord.
रुचक पर्वत निवासिनी दिक्कुमारी देवी। यह चमर लेकर जिनमाता की सेवा करती है ।

मिश्र गुणस्थान – *Miśra Guṇasthāna.*
Third model spiritual stage—a mixed stage of different contradictory virtues.
तीसरा गुणस्थान; अपर नाम सम्यग्मिथ्यात्व है, इसमें जीव के परिणाम सम्यक्त्व और मिथ्यात्व से मिश्रित होते हैं ।

मिश्र दोष – *Miśra Doṣa.*
A fault of food-donation to Jain saints.
आहार के १६ उद्गम दोषों में एक दोष; प्रासुक तैयार हुआ आहार अन्य वेषधारियों तथा गृहस्थों के साथ-साथ संयमी साधुओं को भी देने का संकल्प करना मिश्र दोष है ।

मिश्र द्रव्य – *Miśra Dravya.*
Mixed material.
गृहीत-अगृहीत पुद्गल द्रव्य ।

मिश्र पाहुड – *Miśra Pāhuḍa.*
Gift with animate and inanimate object.
प्राभृत; स्वर्ण के साथ हाथी और घोड़े का उपहार रूप से भेजना।

मिश्र पूजा – *Miśra Pūjā.*
To worship Lord 'Jina', preceptors and 'Books' (scriptures).
द्रव्यपूजा का एक भेद; प्रत्यक्ष उपस्थित जिनेन्द्र भगवान् और गुरु एवं कागज आदि पर लिपिबद्ध शास्त्र की पूजा करना ।

मिश्र प्रकृति – *Miśra Prakṛti.*
Karmic nature causing both right & wrong devotion.
सम्यक्-मिथ्यात्व रूप श्रद्धान या भाव उत्पन्न कराने वाला कर्म ।

मिश्र भाव – *Miśra Bhāva.*
A kind of reflection related to both destruction & subsidence of *Karmas.*
क्षायोपशमिक भाव, जिसमें कर्मों का क्षय और उपशम दोनों होते हैं ।

मिश्र मोहनीय – *Miśra Mohanīya.*
See - *Miśra Prakṛti.*
देखें - मिश्र प्रकृति ।

मिश्र योग – *Miśra Yoga.*
Vibrations caused by the aggregates of *Karmic* molecules.
मिश्र वर्गणाओं के द्वारा होने वाला परिस्पंदन ।

मिश्र योनि – *Miśra Yoni.*
Generating place with mixed forms.
सचित्ताचित्त योनि। शीत-उष्ण, सचित्त-अचित्त या संवृत-विवृत मिली हुई गुण योनि ।

मिश्र वैक्रियिक काययोग – *Miśra Vaikriyika Kāyayoga.*
A kind of *Karmic* body form.
उत्पत्ति समय से लेकर अन्तर्मुहूर्त पर्यंत कार्मण शरीर की सहायता से वैक्रियिक शरीर की वर्गणाओं द्वारा जो योग होता है ।

मिश्र शरीर काल – *Miśra Śarīra Kāla.*
Duration of growth time period of complete body formation.
आहार ग्रहण से शरीर पर्याप्ति तक का काल ।

मिश्र शल्य – *Miśra Śalya.*
A type of internal sting.
द्रव्य शल्य के तीन भेदों में एक भेद; सचित्त एवं अचित्त दोनों प्रकार के द्रव्यों में ममत्व भाव ।

मिश्रश्रद्धा – *Miśraśraddhā.*
To have right & wrong reverence or devotion.
एक ही समय में तत्त्व और अतत्त्व दोनों पदार्थों की श्रद्धा होना। अर्थात् सम्यक् मिथ्यात्व रूप मिला हुआ श्रद्धान ।

मिश्रानुकंपा – *Miśrānukaṁpā.*
A type of compassion.
अनुकम्पा के तीन भेदों में एक भेद; अणुव्रती अर्थात् गृहस्थों पर जो दया की जाती है ।

मिश्रानुभव – *Miśrānubhava.*
A type of mixed dispositions (virtuous & vicious).
शुद्धोपयोग एवं शुभोपयोग मिश्रित या शुभ-अशुभोपयोग रूप मिश्रित संवेदन ।

मिश्रोपयोग – *Miśropayoga.*
Involvement in delusive & non-delusive (pure) nature. knowledge.
राग व वीतरागता रूप परिणत उपयोग की प्रवृत्ति ।

मीन – *Mīna.*
Fish, a dream-mark of Lord's mother, significant symbol of the 18th Lord Arahanath.
जलचर प्राणी मछली, तीर्थंकर के गर्भावतरण के पूर्व माता को दिखने वाले १६ स्वप्नों में ८वां स्वप्न, इस स्वप्न में माता को मछलियों का जोड़ा दिखता है, जिसका फल है पुत्र सुखी होगा, १८ वें तीर्थंकर अरहनाथ भगवान का चिन्ह ।

मीनकेतु – *Mīnaketu.*
Another name for Kamdev-those having most lustrous & attractive body.
कामदेव ।

मीना – *Mīnā.*
Name of the chief Aryika (Ganini) in the assembly of Lord Suparshvanath.
तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ के समवशरण में विद्यमान ३ लाख तीस हजार आर्यिकाओं में मुख्य आर्यिका (गणिनी) ।

मीनार्या – *Mīnāryā.*
See - *Mīnā.*
देखें - मीना ।

मीमांसा – *Mīmāṁsā.*
Philosophical investigation or examination, Disquisition.
अवग्रह के द्वारा ग्रहण किया अर्थ विशेष रूप से जिसके द्वारा मीमांसित किया जाता है अर्थात् विचारा जाता है वह मीमांसा है ।

मीमांसा दर्शन – *Mīmāṁsā Darśana.*
Philosophical systems of investigation.
षट्दर्शन में एक दर्शन ।

मील – *Mīla.*
Mile; a measurement unit of area.
क्षेत्र का एक प्रमाण विशेष ।

मुंड – *Muṁḍa.*
Controlling of sensual organs for following non-

violence.
५ इंद्रियों को वश में करना, ५ इन्द्रिय, वचन, हस्त, पाद, मन और शरीर बिना प्रयोजन काम में न लेना, यह मुंडन कहलाता है। इससे अहिंसा का पालन होता है।

मुंडन – Muṁḍana.
The first ceremonial shaving of a child's head, Restraining over senses, mind etc.
बच्चों के सिर मुंडाना आदि क्षौर कर्म अथवा मुंडन का अर्थ निरोध करना है। पाँच इंद्रियों का मुण्डन, वचन मुंडन, हाथ, पैर और शरीर का मुंडन तथा मन का मुंडन ये दश मुंडन हैं।

मुकुटबद्ध राजा – *Mukuṭabaddha Rājā.*
A crowned king.
मुकुटधारी राजा।

मुकुटसप्तमी व्रत – *Mukuṭasaptamī Vrata.*
A particular type of vow or fasting.
श्रावण सुदी सप्तमी का ७ वर्ष तक उपवास करना। इस दिन भगवान पार्श्वनाथ को मोक्ष प्राप्त हुआ था।

मुकुंद – *Mukuṁda.*
Name of a mountain of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region).
भरत क्षेत्र के आर्य खण्ड का एक पर्वत।

मुक्त जीव – *Mukta Jīva.*
Liberated soul.
मोक्ष को प्राप्त जीव।

मुक्त जीवराशि – *Mukta Jīvarāśi.*
An infinite number of salvated beings.
अनंतानंत, द्रव्य गणना की अपेक्षा जिसकी सहनानी '३' है।

मुक्तदंत – *Muktadaṁta.*
Name of the 3rd predestined *Chakravarti* (emperor).
भावि शलाका पुरुष; तीसरे चक्रवर्ती का नाम।

मुक्तागिरि (तीर्थ) – *Muktāgiri (Tīrtha).*
Name of a Digambar Jaina place of pilgrimage in Baitul dist. of Madhya Pradesh from where three and a half crore Munis (saints) got salvation. It's another name is Medhagiri.
मध्यप्रदेश में स्थित सिद्धक्षेत्र; यहाँ से साढ़े तीन करोड़ मुनि 'मोक्ष' पधारे हैं, इसे मेढ़ागिरि भी कहते हैं।

मुक्तादाम – *Muktādāma.*
A type of wreath of pearls.
मोतियों से निर्मित मालाएं, इन्हें विमानों में लटकाकर उनकी शोभावृद्धि की जाती है।

मुक्तावली व्रत – *Muktāvalī Vrata.*
A particular kind of vow or fasting.
एक व्रत, इसमें १, २, ३, ४, ५, ४, ३, २, १ के क्रम से २५ उपवास और उपवासों के बाद पारणा की जाती हैं। इस प्रकार यह व्रत ३४ दिनों में पूर्ण होता है।

मुक्ताशुक्ति मुद्रा – *Muktāśukti Mudrā.*
A posture with joined hands placed together and raised to pay reverence.
वन्दनामुद्रावत् ही खड़े होकर, दोनों कुहनियों को पेट के ऊपर रखकर, दोनों हाथों की अंगुलियों को आकार विशेष के द्वारा आपस में संलग्न करके मुकुलित बनाना।

मुक्ताहर – *Muktāhara,*

मुक्ताहार – *Muktāhāra.*
Cities in the north of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध पर्वत की उत्तर श्रेणी के नगरों के नाम।

मुक्ति – *Mukti.*
State of salvation or liberation.
मोक्ष। समस्त कर्मों से रहित आत्मा की परम विशुद्ध अवस्था।

मुक्तिकंत – *Muktikaṁta.*
Salvated one.
सिद्ध भगवान, जो उपमा अलंकार के अनुसार मुक्तिरूपी कन्या के पति होते हैं।

मुक्तिपथ – Muktipatha.
Path of salvation.
परिग्रह का त्याग मुक्तिमार्ग है।

मुक्तिशिला – *Muktiśilā.*
Place of salvation.
सिद्ध शिला; ईषत् प्राग्भार अष्टम पृथ्वी के मध्य छत्र के आकार ढाई द्वीप प्रमाण गोल ४५ लाख योजन व्यास की शिला। यहीं सिद्ध भगवान विराजते हैं।

मुख – *Mukha.*
The fore-part, entrance, front, mouth, face.
अग्रभाग, प्रवेश द्वार, प्रधान-मुख्य, धवला के अनुसार जीव प्रदेशों के विशिष्ट संस्थानों को मुख कहते हैं।

मुखधन – *Mukhadhana.*
Something principal.
आदि स्थान में जो प्रमाण या संख्या है वह मुखधन कहलाती है।

मुखनिर्विष ऋद्धि – *Mukhanirviṣa Ṛddhi.*
A type of super natural power of making poisonless.
जिस ऋद्धि के प्रभाव से उग्र विष से मिला हुआ आहार भी जिनके मुख में जाकर निर्विष हो जाता है अथवा जिनके मुख से निकले हुए वचन के सुनने मात्र से महाविष व्याप्त भी कोई व्यक्ति निर्विष हो जाता है।

मुख मण्डप – *Mukha Maṇḍapa.*
Canopy type space in front of situated-idol of Jaina Lord.
अकृत्रिम जिनमंदिरों में गर्भ गृह जहां प्रतिमा विराजमान रहती हैं उसके आगे का मण्डप।

मुखमाण्ड – *Mukhamāṇḍa.*
Rein used to control the horses.
घोड़ों की लगाम, इसे घोड़ों के मुख में रखकर उन्हें नियंत्रण में

रखा जाता है।

मुखवस्त्रिका – *Mukhavastrikā.*
Mouth mask used by some of the Shvetambar Jain saints.
श्वेताम्बर मत के कुछ साधु-साध्वियों द्वारा उपयोग की जाने वाली श्वेत मुख पट्टी।

मुखशुद्धि मुक्तकरण विधि –
Mukhaśuddhi Muktakaraṇa Vidhi.
The process of abandoning the cleaning of mouth & teeth before taking food for a newly initiated Digambar Jain ascetic.
भोजन से पूर्व की जाने वाली मुखशुद्धि (मंजन आदि से) का दीक्षा के पश्चात् सदैव के लिए त्याग करने की एक विशेष विधि; दीक्षा वाले दिन दीक्षार्थी का पूर्ण उपवास (अन्न जल आदि समस्त आहार का त्याग) होता है, पुनः अगले दिन दिगम्बर जैन साधु की आहारचर्यानुसार नवधाभक्तिपूर्वक आहार ग्रहण करने हेतु नवदीक्षित साधु अपने गुरु के साथ आहारचर्या को निकलते हैं। इस आहारचर्या से पूर्व गुरु द्वारा उन्हें काष्ठासन पर बिठाकर मुखशुद्धि मुक्तकरण नाम की विधि कराई जाती है। इस विधि के अनुसार तीन, पाँच अथवा तेरह कटोरियों में लवंग, इलायची आदि से प्रासुक जल को सामने रखकर सिद्धभक्ति, योगिभक्ति, आचार्यभक्ति, शांतिभक्ति पढ़कर नवदीक्षित को गुरु उस जल के द्वारा मुखशुद्धि अर्थात् कुल्ला कराते हैं, पुनः हमेशा के लिए भोजन से पूर्व की जाने वाली मुखशुद्धि का त्याग करा देते हैं। यद्यपि यह विधि वर्तमान में प्रचलित नहीं है, लेकिन शास्त्रों में दीक्षाविधि के अन्तर्गत यह विधि वर्णित है। जैसे-'त्रयोदशसु पंचसु त्रिषु वा कच्चोलिकासु लवंग एला पूगिफलादिकम् निक्षिप्य.....।

मुखस्थ कमल – *Mukhastha Kamala.*
A type of meditaion, to establish 'Saa' (a mystic word) into the mouth.
पदस्थ ध्यान की प्रक्रिया के अंतर्गत एक क्रिया, मुख स्थित कमल जहां पंचाक्षरी मन्त्र (असिआउसा) के 'सा' को स्थापित किया जाता है।

मुख्य – *Mukhya.*
Main, Prime.
प्रधान, प्रासंगिक।

मुख्यकाल – *Mukhyakāla.*
A type of prime period of time.
वर्तना लक्षण काल का प्रथम भेद; गौण काल की प्रवृत्ति इसी काल के कारण होती है।

मुख्य गणधर – *Mukhya Gaṇadhara.*
Head of the chief disciples of Lord.
तीर्थंकर के प्रधान शिष्य, जो दिव्यध्वनि का सार द्वादशांग श्रुत के रूप में जगत को प्रदान करते हैं।

मुख्य गौण व्यवस्था –
Mukhya Gauṇa Vyavasthā.
Something intended and non-intended.
स्याद्वाद शैली अथवा प्रक्रिया; दो धर्मों में जो प्रधान होता है वह मुख्य कहलाता है और जो अप्रधान होता है वह गौण कहलाता है।

मुख्य धर्मध्यान – *Mukhya Dharmadhyāna.*
A type of righteous meditation; mental metaphysical involvement.
धर्मध्यान के दो भेदों (मुख्य और उपचार) में एक भेद; आध्यात्मिकता की ओर मन को एकाग्र करना। इसे निश्चय ध्यान भी कह सकते हैं।

मुख्य मंगल – *Mukhya Maṁgala.*
Eulogical hymn of Lord Jinendra for auspiciousness.
ज्ञानियों द्वारा शास्त्र के आदि, मध्य व अन्त में विघ्न निवारण के लिए किया जाने वाला जिनेन्द्र देव का गुणस्तवन।

मुण्डन क्रिया – *Muṇḍana Kriyā.*
A type of auspicious and sacred activity, head shaving.
१२वीं गर्भान्वय क्रिया; चौल कर्म-केशवाय कर्म। शिशु के मंत्रों आदि की विधि द्वारा सिर मुण्डन कराना।

मुद्ग – *Mudga.*
Moong, a variety of pulse.
मूँग, एक प्रकार का अन्न।

मुद्रा – *Mudrā.*
Posture of meditation for performing religious observances.
वंदना या ध्यान सामायिक आदि करते समय मुख व शरीर की जो निश्चल आकृति की जाती है उसे मुद्रा कहते हैं। यह जिनमुद्रा, योगमुद्रा, वंदनामुद्रा, मुक्ताशुक्ति मुद्रा इस प्रकार चार भेद वाली है।

मुद्राकर्म – *Mudrākarma.*
An illustration to explain some religious thought, pre-marking of something.
अनुयोग के निरूक्ति अर्थ के ५ दृष्टांतों में एक दृष्टांत; लकड़ी से कोई वस्तु तैयार करने के पहले लकड़ी के ऊपर जो रंग भरी डोरी से चिन्ह कर दिया जाता है।

मुनि – *Muni.*
The Jaina saint—one having Jaineshvari Diksha (Jaina-initiation).
सामान्य रूप से निर्ग्रन्थ साधुओं को भी मुनि कहा जाता है। चारित्रसार ग्रंथ में ऋषि, मुनि, यति आदि भेदों के द्वारा मनःपर्ययज्ञानी व केवलज्ञानी को भी मुनि कहा है।

मुनिगुप्त – *Munigupta,*

मुनिदत्त – *Munidatta,*

मुनिदेव – *Munideva.*
The chief disciples of Lord Adinath.
भगवान आदिनाथ के गणधरों के नाम।

मुनिधर्म – *Munidharma.*
Prescribed basic observances for Jaina saints.
दिगम्बर जैन मुनियों द्वारा २८ मूलगुणों को धारण करना।

मुनि प्रायश्चित्त (शास्त्र) –
Muni Prāyaścitta (Śāstra).
Name of a treatise written by *Acharya* Indranandi.
आचार्य इन्द्रनन्दि (ई.श. १०-११) की एक रचना; जिसमें साधुओं के दोषों व शक्ति के अनुसार प्रायश्चित्त देने की विधि का वर्णन है।

मुनिभद्र – *Munibhadra.*
Name of an *Acharya.*
एक आचार्य (ई. सन् १३५०-१३९०) जिनके शिष्य ने परमात्मप्रकाश ग्रंथ पर कन्नड़ टीका लिखी है।

मुनि भेद – *Muni Bheda.*
Classification of saints.
५ भेद; पुलाक, बकुश, कुशील, निर्ग्रंथ, स्नातक।

मुनिमार्ग – *Munimārga.*
The prescribed auspicious path for saints.
इसके दो भेद हैं; उत्सर्ग-शुद्धोपयोग रूप परम वीतराग संयम हो, अपवाद-जहां शुद्धोपयोग के बाहरी साधनों का व्यवहार हो या शुभोपयोग रूप सराग संयम हो।

मुनियज्ञ – *Muniyajña.*
See - *Munigupta.*
देखें - मुनिगुप्त।

मुनि लिंग – *Muni Liṁga.*
A nude saint (having abandoned all worldly attachments).
शास्त्र कथित जिनेन्द्र भगवान जैसा मुनि रूप।

मुनिसुव्रतनाथ – *Munisuvratanātha.*
Name of the 20th Jaina-Lord.
जैनधर्म के २०वें तीर्थंकर, राजा सुमित्र माता सोमा के पुत्र, आयु ३० हजार वर्ष शरीर की ऊंचाई बीस धनुष, रंग मयूरकंठ के समान नीला, इनकी जन्मनगरी राजगृही (नालंदा-बिहार) है यहीं इनके चार कल्याणक (गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान) हुए तथा सम्मेदशिखर से मोक्ष गये हैं।

मुनिसुव्रत पुराण – *Munisuvrata Purāṇa.*
Name of a treatise written by Brahmachari Krishnadas.
ब्र. कृष्णदास (ई. १६२४) कृत ३०२५ श्लोक प्रमाण संस्कृत काव्य।

मुमुक्षु – *Mumukṣu.*
Those desirous of salvation or liberation.
मोक्ष की इच्छा करने वाले भव्य जीव। समयसार में निर्ग्रन्थ दिगम्बर मुनियों को मुमुक्षु कहा है।

मुरजमध्य व्रत – *Murajamadhya Vrata.*
A particular type of vow or fasting.
क्रमशः ५, ४, ३, २, २, ३, ४, ५ इस प्रकार २८ उपवास करना बीच के सभी खाली स्थानों में एक-एक करके ८ पारणाएं करना।

मुरब्बा – *Murabbā.*
Jam; preserved fruit (not-edible according to Jaina philosophy).
संधान (अचार आदि) जो त्रस जीवों से संसिक्त होने से अभक्ष्य अर्थात् खाने योग्य नहीं है।

मुरुडवंश – *Muruḍavaṁśa.*
Name of a dynasty (Maurya) initiated by Chandragupt Maurya.
मौर्य या मुरुडवंश जिसकी स्थापना चन्द्रगुप्त मौर्य ने की थी।

मुष्टिविधान व्रत – *Muṣṭividhāna Vrata.*
A particular kind of vow of worshiping the Lord Arihant.
प्रतिवर्ष भादों, माघ व चैत्र मास में अर्थात् तीनों सोलहकारण पर्वों में कृ.१ से शु. १५ तक पूरे-पूरे महीने प्रतिदिन १ मुष्टि प्रमाण शुभ द्रव्य भगवान् के चरणों में चढ़ाकर अभिषेक व चतुर्विंशति जिन पूजन करना। साथ ही 'ॐ ह्रीं वृषभादिवीरान्तेभ्यो नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करना।

मुहूर्त – *Muhūrta.*
48 minutes, a time unit, Auspicious time.
शुभ समय, दो घड़ी, ४८ मिनिट या ७० लव प्रमाण काल।

मू – *Mū.*
Symbol for 'Mula' (original).
मूल की सहनानी।

मूक – *Mūka.*
To be dumb, mute, silent.
गूंगा, मौन, वाक्शून्यता।

मूककेवली – *Mūkakevalī.*
Silent omniscient (having without resonant sound).
कोई-कोई केवली उपदेश नहीं देते अर्थात् दिव्यध्वनि नहीं खिरती उन्हें एककेवली कहते हैं।

मूक दोष – *Mūka Doṣa.*
A fault committed while paying reverence to Lord.
वंदना के ३२ दोषों में एक दोष; मन-मन में पढ़ना ताकि दूसरा न सुने अथवा वन्दना करते करते बीच-बीच में इशारे करना।

मूक संज्ञा – *Mūka Saṁjñā.*
An infraction of meditative relaxation or posture of meditation.
कायोत्सर्ग का एक अतिचार। गूंगे की भांति हुंकार करते हुए खड़े होना, अंगुली से किसी वस्तु की ओर संकेत करते हुए खड़े होना।

मूडबिद्री – *Mūdabidrī.*
Name of a great Jaina pilgrimage situated in Karnatak state.
दक्षिण के कर्नाटक देश में स्थित एक तीर्थ, यहां रत्नबिम्ब व धवलादि ग्रंथ कनडी लिपि में हैं।

मूढ़ – *Mūṛha.*
Ignorant, a stupid person.
अज्ञानी, देह को आत्मा मानने वाला, द्रव्य गुण पर्यायों से तत्त्व की अप्रतिपत्ति होना, मोहित, सूझबूझ से हीन।

मूढ़ता – *Mūṛhatā.*
Ignorance, Stupidity.
अज्ञानता, तत्त्वों के यथार्थ ज्ञान में बाधक कुदृष्टि। इसके तीन भेद हैं- देवमूढ़ता, गुरुमूढ़ता, लोकमूढ़ता।

मूढ़शिष्य – *Mūṛhaśiṣya.*
An ignorant disciple.
अज्ञानी, अविवेकी शिष्य जिसे उपदेश देना व्यर्थ होता है।

मूढ़ श्रोता – *Mūṛha Śrotā.*
A foolish or ignorant listener.
अयोग्य मूर्ख श्रोता, जिसे सन्मार्ग का उपदेश कोप का कारण बनता है।

मूत्र – *Mūtra.*
Urine, the waste liquid collected in urinary bladder.
लघुशंका, पेशाब।

मूर्ख श्रोता – *Mūrkha Śrota.*
Stupid listener, See - *Mūṛha Śrota.*
श्रोता का एक प्रकार। देखें-मूढ़ श्रोता।

मूर्च्छन – *Mūrcchana.*
A type of birth by spontaneous generation.
तीनों लोकों के ऊपर, नीचे और तिरछे देह का चारों ओर से ग्रहण होना अर्थात् चारों ओर से पुद्गलों का ग्रहण करके अवयवों की रचना होना, इसी को संमूर्च्छन जन्म कहते हैं।

मूर्च्छा – *Mūrcchā.*
Unconsciousness, Delusion, Attachment, Worldly involvement.
बेहोशी, मोह, जैनागमानुसार 'मूर्च्छा' परिग्रह या ममत्व भाव है।

मूर्छित – *Mūrchita.*
Unconscious one, Beings with delusion & passions.
बेहोश, मोही, मिथ्यादृष्टि जीव, जो देह कुटुम्बादि को अपना माने।

मूर्त – *Mūrta.*
Sensually acceptable matters, Corporeal, tangible.
जो पदार्थ जीवों के इन्द्रियग्राह्य विषय हैं वे मूर्त हैं अथवा रूप, रस आदि गुणों का पिण्ड मूर्त है।

मूर्तत्त्व – *Mūrtattva.*
Corporeality, Materiality, Tangibility.
मूर्तित्वपना; स्पर्श, रस, गंधादिपना होना।

मूर्ति – *Mūrti.*
Lord idol, An image.
स्थापना निक्षेप से किसी का स्वरूप समझने के लिये उसकी तदाकार मूर्ति बनाना।

मूर्तिक पदार्थ – *Mūrtika Padārtha.*
Tangible matters, which can be touched, tasted & felt etc.
रूपी पदार्थ जिसमें स्पर्श, रस, गंध, वर्ण गुण पाये जाते हैं।

मूल – *Mūla.*
Name of a lunar, Original, Real, basic.
एक नक्षत्र, मुख्य, जड़, वास्तविक।

मूलक – *Mūlaka.*
Name of a country of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region).
भरतक्षेत्र आर्य खण्ड का एक देश।

मूल क्रिया – *Mūla Kriyā.*
Fundamental operations or activities.
प्रधान आवश्यक कर्म।

मूलगुण – *Mūlaguṇa.*
Basic restraints or virtues of devotees, saints etc.
श्रावक, साधु आदि के मूलभूत नियम एवं मुख्य गुणों को मूलगुण कहते हैं। श्रावक के ८ (देखें-अष्टमूलगुण) एवं साधुओं के २८ मूलगुण (५ महाव्रत, ५ समिति, ५ इन्द्रियनिरोध, ६ आवश्यक, ७ विशेष-आचेलक्य, केशलोंच, भूमिशयन, अस्नान, अदंतधावन, खड़े होकर भोजन करना, एक बार भोजन करना) होते हैं।

मूलगुण निर्वर्तना – *Mūlaguṇa Nirvartanā.*
Formation of complete body.
अधिकरण का एक भेद; शरीर, वचन, मन, श्वासोछ्वास बनना।

मूल प्रलंब – *Mūla Pralaṁba.*
Bulbs, Roots and tuber.
प्रलंब के दो भेदों में एक भेद; कन्दमूल और अंकुर जो भूमि में प्रविष्ट हुए हैं उनको मूलप्रलम्ब कहते हैं। प्रलंब शब्द का अर्थ वनस्पति से संबंधित ग्रहण करना चाहिए।

मूल प्रायश्चित्त – *Mūla Prāyaścitta.*
A special punishment for a saint—Re-initiation.
किसी दोष विशेष से युक्त साधु को पुनः दीक्षा देना मूल प्रायश्चित्त कहलाता है।

मूल बीज – *Mūla Bīja.*
Root - seeds.
वनस्पति; जिनका मूल अर्थात् जड़ ही बीज हो (जो जड़ के बोने से उत्पन्न होती हैं) वे मूल बीज कही जाती हैं।

मूलराशि – *Mūlarāśi.*
Principal amount.
जिस राशि में अन्य राशि को जोड़ा या घटाया जाये।

मूलवर्ण – *Mūlavarṇa.*
The basic 64 syllables.
मूल ६४ अक्षर जो अनादि से जिनागम में प्रसिद्ध हैं।

मूलसंघ – *Mūlasaṁgha.*
An ancient group of *Digambar* Jain saints (associated after the salvation of Lord Mahavira).
दिगम्बर जैन साधुओं का प्राचीन संघ; जिनके आचार्यों की पट्टावली में प्रथम श्री कुंदकुंद आचार्य का नाम लिया जाता है।

मूलस्थान – *Mūlasthāna.*
A fault of a saint (using article without purifying it), Past name of present city Multan in Punjab.
दोष; आहार, पिच्छी, कमंडलु और वसतिका आदि को शोधन किये बिना ही साधु द्वारा इनका प्रयोग करना, पंजाब का वर्तमान मुलतान नगर।

मूलस्थान प्रायश्चित्त – *Mūlasthāna Prāyaścitta.*
A repentance of a saint caused due to indisciplined activities.
अपरिमित दोष या स्वछंद होकर कुमार्ग में प्रवृत्ति करने वाले साधु को दिया जाने वाला प्रायश्चित्त।

मूलाचार – *Mūlācāra.*
Name of a treatise written by Acharya Kund Kund containing the code of conduct of Digambar Jain saints.
आचार्य श्री कुंद-कुंद (अपरनाम-वट्टकेर) द्वारा प्राकृत गाथाओं में निबद्ध दिगम्बर जैन साधु-साध्वियों की आचार-संहिता का वर्णन करने वाला ग्रंथ। श्री वसुनंदि आचार्य (ई.श. ११-१२) द्वारा इसकी संस्कृत टीका लिखी गयी है। गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने मूलाचार की गाथा एवं टीका पर हिन्दी टीका ई. सन् १९७५-७६ में लिखी। इस हिन्दी टीका से समन्वित मूलाचार ग्रंथ (दो भागों में) का प्रकाशन भारतीय ज्ञानपीठ नामक संस्था से हुआ है।

मूलाचार प्रदीप – *Mūlācāra Pradīpa.*
Name of a book written by *Acharya* Sakalkirti.
आचार्य सकलकीर्ति (ई. १४२४) कृत मुनियों के चारित्र सम्बन्धी एक ग्रंथ।

मूलाराधना – *Mūlārādhanā.*
The other name of the treatise 'Bhagvati Aradhana'.
भगवती आराधना ग्रंथ का अपरनाम।

मूलाराधनादर्पण – *Mūlārādhanādarpaṇa.*
Name of a commentary book written by *Pandit* Ashadharji on 'Bhagvati Aradhana'.
भगवती आराधना नामक ग्रंथ पर पं. आशाधरजी द्वारा रचित एक टीका।

मूलोत्तर प्रकृति – *Mūlottara Prakṛti.*
Basic sub-*karmic* nature which are 148 in number.
कर्मों की ज्ञानावरणादि ८ मूलप्रकृति एवं इनके उत्तरभेद १४८ मूलोत्तर प्रकृति कहलाती हैं।

मूसल – *Mūsala.*
A measurement unit of area, A club.
क्षेत्र का एक प्रमाण विशेष। अपरनाम धनुष, नाली, दंड, धान कूटने का मोटा डंडा, एक अस्त्र।

मृक्षित दोष – *Mṛkṣita Doṣa.*
An obstacle related to the food of saints (offering food with oily hands or spoon etc.).
आहार का एक दोष; घी-तेल आदि चिकने पदार्थ से लिप्त हाथ या चम्मच आदि के द्वारा साधु को आहार देना।

मृग – *Mṛga.*
A deer, the significant symbol of Lord Shantinath.
हिरण; सोलहवें तीर्थंकर शांतिनाथ भगवान का चिन्ह।

मृगचारित – *Mṛgacārita.*
Unrestrained saints (who take decisions by themselves).
जो साधु अकेले ही स्वच्छंद रीति से विहार आदि करते हैं।

मृगशिरा – *Mṛgaśirā.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र; इसका अधिपति देवता सोम एवं आकार हिरण के सिर के समान है। भगवान संभवनाथ का जन्म इसी नक्षत्र में हुआ था।

मृगशीर्ष – *Mṛgaśīrṣa.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र का नाम।

मृगारिदमन – *Mṛgāridamana.*
A king of *Rakshas* dynasty.
राक्षसवंश का एक विद्याधर राजा।

मृगावती – *Mṛgāvatī.*
Mother's name of 1st *Narayan* Triprashth.
प्रथम नारायण 'त्रिपृष्ठ' की माता का नाम। वैशाली के राजा चेटक की ७ पुत्रियों में से एक भगवान महावीर की मौसी।

मृत शरीर – *Mṛta Śarīra.*
Dead body.
शव।

मृतसंजीवनी – *Mṛtasaṁjīvanī.*
A type of super knowledge of mystic words.
एक मन्त्र विद्या।

मृत्तिका नयन यंत्र – *Mṛttikā Nayana Yaṁtra.*
A type of metallic plate engraved with some auspicious mystic words.
४८ यंत्रों में एक; जिसमें मृत्तिका नयन मंत्र के अक्षर, शब्द मंत्रों की रचना कोष्ठक आदि बनाकर चित्रित की जाती है।

मृत्तिकाभक्षण दण्ड – *Mṛttikābhakṣaṇa Daṇḍa.*
A type of punishment to cause the wrong doer to eat soil.
दंड व्यवस्था का एक भेद; अपराधी को दंड स्वरूप मिट्टी का भक्षण कराया जाना।

मृत्तिका सम श्रोता – *Mṛttikā Sama Śrotā.*
See - *Miṭṭī Sama Śrotā.*
देखें - मिट्टी सम श्रोता।

मृत्युंजय यंत्र – *Mṛtyuṁjaya Yaṁtra.*
A type of metallic plate engraved with some auspicious mystic words.
४८ यंत्रों में एक यंत्र; जिसमें मृत्युंजय मंत्र के अक्षर, शब्द, मंत्रों

की रचना कोष्ठक आदि बनाकर चित्रित की गई है।

मृत्यु – *Mṛtyu.*
Death.
मरण; जीवों के प्राणों का विसर्जन या जीव का निष्प्राण हो जाना।

मृत्यु आशंका – *Mṛtyu Āśaṁkā.*
To wish for early death due to severe pain (an infraction of holy death of a saint).
मरणाशंसा - यह सल्लेखनाव्रत का दूसरा अतिचार है। पीड़ा से व्याकुल होकर शीघ्र मरने की इच्छा करना।

मृत्युभय – *Mṛtyubhaya.*
The fear of death.
सात भयों में एक भय; मरने से डरना।

मृदंग – *Mṛdaṁga.*
A drum, a double drum.
एक मांगलिक वाद्य; इसका खोल मिट्टी से निर्मित होने के कारण इसे मृदंग कहते हैं।

मृदंगमध्य व्रत – *Mṛdaṁgamadhya Vrata.*
A particular type of fasting.
एक व्रत जिसमें क्रमशः २, ३, ४,५ ४, ३, २ उपवास एवं बीच के खाली दिनों में पारणा की जाती है। इसमें २३ उपवास ७ पारणाएँ की जाती हैं।

मृदंगाकार – *Mṛdaṁgākāra.*
Truncated biconical shape, Drum-shaped.
मृदंग के आकार का; ऊर्ध्वलोक का आकार मृदंग के समान है।

मृदु भाषण – *Mṛdu Bhāṣaṇa.*
Soft and sweet speech.
मधुर एवं विनम्र वचन या उपदेश, भाषा समिति; प्रिय, मधुर या हितकारी वचनों का प्रयोग करना।

मृषानंद – *Mṛṣānaṁda.*
Falsity, enjoying with resolution of cheating others.
रौद्र ध्यान का एक भेद; दूसरों को ठगने के लिए झूठ बोलने के संकल्प का बार-बार चिंतवन करना।

मृषापाप – *Mṛṣāpāpa.*
To speak a lie, a sin.
५ पापों में दूसरा पाप-असत्य भाषण या झूठ बोलना।

मृषा योग – *Mṛṣā Yoga.*
False state of mental or vocal activities.
असत्य मनोयोग एवं वचनयोग।

मृषावाद – *Mṛṣāvāda.*
False word or utterance, Untruism, A false theory.
असत्य कहना।

मेखलापुर – *Mekhalāpura.*
A city in the southern *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर।

मेघंकरा – *Meghaṁkarā.*
A female divinity of the summit of *Sumeru* mountain.
सुमेरु पर्वत के कूट की दिक्कुमारी देवी।

मेघंकरी – *Meghaṁkarī.*
The female divinity of *Nandankut* (a summit) of *Nandan* forest.
नन्दनवन के नन्दनकूट की स्वामिनी एक दिक्कुमारी देवी।

मेघ – *Megha.*
Name of the 20th *Patal* (layer) of *Saudharma* heaven, Clouds, Name of kings of *Yadu* and *Rakshas* dynasties.
सौधर्म स्वर्ग का २०वाँ पटल, बादल; जो संभवनाथ भगवान, विमलनाथ भगवान व अभिनंदननाथ भगवान के वैराग्य का कारण है, यदु (यादव) वंश एवं राक्षसवंश के राजाओं का नाम।

मेघकूट – *Meghakūṭa.*
See - *Mekhalāpura.*
देखें - मेखलापुर।

मेघचंद्र – *Meghacaṁdra.*
Name of many Jain *Acharyas.*
कई जैनाचार्यों के नाम। नंदिसंघ बलात्कार गण में माणिक्य नंदि के शिष्य तथा शांति कीर्ति के गुरु (समय-शक ६०१-६२७), नंदीसंघ देशीयगण में सकलचन्द्र के शिष्य वीरनंदि तथा शुभचंद्र के गुरु (समय - ई. १०२०-१११०)।

मेघचंद्र त्रैविद्य – *Meghacaṁdra Traividya.*
Name of *Acharyas* of *Nandi* group.
नन्दिसंघ देशीयगण के आचार्यों का नाम। ज्वालामालिनी सारसमुच्चय के रचयिता आचार्य (समय-ई. ९३५-९९९)।

मेघचारण ऋद्धि – *Meghacāraṇa Ṛddhi.*
A type of super natural power (moving on clouds).
चारण ऋद्धि का एक भेद; जिसके प्रभाव से मुनि अप्कायिक जीवों को पीड़ा न पहुँचाकर मेघों पर से गमन करते हैं।

मेघनाद – *Meghanāda.*
Son of the king 'Meghvahan' of Gaganvallabh city, Past birth name of the 1st chief disciple of Lord Shantinath, A son of Ravan.
गगनवल्लभ नगर के राजा मेघवाहन का पुत्र, शांतिनाथ भगवान के प्रथम गणधर के छठे पूर्वभव का जीव, रावण का पुत्र (अपरनाम-इन्द्रजीत)।

मेघमाल – *Meghamāla.*
Name of a city in northern *Vijayardha* mountain, Name of a *Vakshar* mountain situated in western *Videh* (a region).
विजयार्ध की उत्तरश्रेणी का नगर, अपर विदेह स्थित एक वक्षार पर्वत।

मेघमाला व्रत – *Meghamālā Vrata.*
A particular type of vow or fasting.

एक व्रत जो भादों कृ. १ से आश्विन कृ. १ तक किया जाता है। इसकी विशेष विधि व्रत विधान संग्रह में देखें।

मेघमालिनी – *Meghamālinī.*
A ruling female divinity of *Himkut* (a summit) of *Nandan* forest.
नन्दनवन के हिमकूट की स्वामिनी दिक्कुमारी देवी।

मेघरथ – *Megharatha.*
Past birth name of Lord Shantinath.
पुष्कलावती देश में पुण्डरीकिणी नगरी के राजा घनरथ का पुत्र जो शांतिनाथ भगवान् के पूर्व का दूसरा भव है।

मेचक – *Mecaka.*
Soul with different stages.
अनेक अवस्था रूप होना जैसे आत्मा कथंचित् मेचक है।

मेढासम श्रोता – *Meḍhāsama Śrota.*
See - *Meṣasama Śrotā.*
देखें - मेषसम श्रोता।

मेद – *Meda.*
Fats.
औदारिक शरीर की धातु विशेष। चर्बी।

मेदार्य – *Medārya.*
Name of the 10th chief disciple of Lord Mahavira.
तीर्थंकर महावीर के १०वें गणधर का नाम।

मेधा – *Medhā.*
Mental power, intelligence, judgement power.
बुद्धि, धारणा शक्ति, जिसके द्वारा पदार्थ जाना जाता है उस अवग्रह का नाम मेधा है।

मेधावी – *Medhāvī.*
Wise, intelligent, Name of a disciple of Jinchandra *Bhattarak* who wrote a treatise 'Dharma Sangrah Shravakachara.
बुद्धिमान, भट्टारक जिनचन्द्र के शिष्य एवं धर्म संग्रहश्रावकाचार के कर्त्ता (ई. सन् १४६२-१४८४)।

मेमंदर पुराण – *Memaṁdara Purāṇa.*
Name of a treatise written by Vaman Muni.
ई.श. १२-१३ में हुए तमिल कवि 'वामन मुनि' द्वारा रचित ग्रंथ।

मेय – *Meya.*
Measurable substances.
मेय, देश, तुला, काल चतुर्विध मानों में एक भेद; प्रस्थ आदि के द्वारा मापने योग्य वस्तु मेय कहलाती है।

मेरक – *Meraka.*
Name of the 3rd *Pratinarayan.*
तीसरा प्रतिनारायण, मेरूक और मधु इसके अपरनाम थे।

मेरु – *Meru.*
Name of the chief disciples of Lord Adinath & Lord Vimalnath, Name of a king of *Vanar* dynasty.
भगवान् आदिनाथ एवं विमलनाथ भगवान् के गणधरों का नाम, वानर देश के एक राजा का नाम।

मेरुधन – *Merudhana.*
Name of a chief disciple of Lord Adinath.
भगवान् आदिनाथ के एक गणधर का नाम।

मेरुपंक्ति व्रत – *Merupaṁkti Vrata.*
A particular type of fasting.
५ मेरु संबंधी ८० चैत्यालयों के व्रत इसमें ८० उपवास और २० वन संबंधी २० बेला किए जाते हैं।

मेरुषेणा – *Meruṣeṇā.*
Name of main Aryika (Ganini) in the assembly of Lord Abhinandan-nath.
तीर्थंकर अभिनन्दननाथ के संघ की ३ लाख ३० हजार ६ सौ आर्यिकाओं में प्रधान (गणिनी) आर्यिका।

मेषसम श्रोता – *Meṣasama Śrotā.*
A type of silly listener.
श्रोता का एक प्रकार, जो मेढे के समान टकटकी लगाकर देखते हुए सुनता है किन्तु अज्ञानतावश कुछ ग्रहण नहीं कर पाता।

मेहेसरचरिउ – *Mehesaracariu.*
Name of a book.
सुलोचना चारित्र विषयक अपभ्रंश भाषा का एक ग्रंथ।

मैत्रीभाव – *Maitribhāva.*
Friendly or amicable nature.
मैत्री, प्रमोद, कारूण्य, माध्यस्थ इन ४ भावनाओं में प्रथम भावना, प्राणीमात्र के प्रति मैत्रीभाव रखना।

मैथिलीकल्याणम् – *Maithilīkalyāṇam.*
Name of a book related to Ram & Sita.
सीता-राम प्रेम नाटक विषयक एक ग्रंथ।

मैथुन – *Maithuna.*
Copulation, Sexual intercourse.
स्त्री और पुरुष के मन, वचन व कायस्वरूप विषय व्यापार को मैथुन कहते हैं।

मैथुनशाला – *Maithunaśālā.*
Name of a palace of some deities.
ज्योतिष देवों के प्रासादों में एक प्रासाद, भवनवासी देवों के भवनों में एक गृह।

मैथुन संज्ञा – *Maithuna Saṁjñā.*
Sex instinct.
४ संज्ञाओं में एक संज्ञा; मैथुनरूप क्रियाओं में होने वाली इच्छा।

मैनासुंदरी – *Maināsuṁdarī.*
Name of a great pious lady in the Jaina history.
राजा पहुपाल की पुत्री, जिसे क्रोध के वश पिता ने श्रीपाल कुष्टी के साथ विवाह दी। गंधोदक द्वारा पति का कुष्ट दूर किया और अंत में दीक्षा ली।

मोक्ष – *Mokṣa.*
State of salvation or liberation.
समस्त कर्मों से रहित आत्मा की परम शुद्ध अवस्था।

मोक्षपाहुड – *Makṣapāhuḍa.*
Name of a treatise written by *Acharya* Kund-Kund.
आचार्य कुन्दकुन्द (ई. १२७-१७९) कृत एक ग्रंथ।

मोक्ष पुरुषार्थ – *Mokṣa Puruṣārtha.*
Reverential austerities for getting salvation.
मोक्ष प्राप्ति के लिए किया जाने वाला तप आदि जो कि साक्षात् कल्याणप्रद है।

मोक्षमार्ग – *Mokṣamārga.*
Path of salvation (having right faith, right knowledge & right conduct).
सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान व सम्यग्चारित्र इन तीनों की एकता मोक्षमार्ग है।

मोक्षमार्ग प्रकाशक – *Mokṣamārga Prakāśaka.*
Name of a book written by *Pandit* Todarmalji.
पं. टोडरमल जी द्वारा रचित एक ग्रंथ।

मोक्षशास्त्र – *Mokṣaśāstra.*
Name of a treatise written by *Acharya* Umasvami.
आचार्य उमास्वामी (ई.स. १७९-२४३) कृत एक ग्रंथ का नाम। यह जैनधर्म का सारभूत ग्रंथ है और इस पर अनेक आचार्यों द्वारा अनेक टीकाएं लिखी गई।

मोक्षसप्तमी व्रत – *Mokṣasaptamī Vrata.*
A famous fasting of Jainas to be observed for 7 years.
७ वर्ष पर्यन्त प्रतिवर्ष श्रावण शु. ७ (पार्श्वनाथ भगवान का मोक्षकल्याणक दिवस) को उपवास करना।

मोड़ेवाली गति – *Moṛevālī Gati.*
Transmigratory motion of soul.
विग्रहगति; पाणिमुक्ता, लांगलिका, गोमूत्रिका ये तीनों मोड़े वाली गति हैं।

मोतीसागर (क्षुल्लक)– *Motīsāgara (Kṣullaka).*
Name of a devoted disciple of Ganini Shri Gyanmati Mataji, who is as the founder of Jambudvip construction at Hastinapur and till today he is providing his valuable guidance & direction in the protection as well as development of the Jaina heritage as the Peethadhish of Jambudvip-Hastinapur.
गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के एक प्रमुख शिष्य; सन् १९६७ में ब्र. मोतीचंद के रूप में पूज्य माताजी के शिष्य बने, जंबूद्वीप रचना (हस्तिनापुर) के निर्माण में प्रमुख स्तंभ के रूप में इनकी भूमिका रही, जम्बूद्वीप ज्ञानज्योति रथ का भारत भ्रमण कराया तथा सन् १९८७ में क्षुल्लक दीक्षा ग्रहण की। २ अगस्त सन् १९८७ (श्रावण शु. ७) को गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी ने इन्हें दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान, जंबूद्वीप-हस्तिनापुर की धर्मपीठ के पीठाधीशपद पर आसीन किया। इन्हें 'क्षुल्लकरत्न' की उपाधि प्राप्त है। ये अपनी क्षुल्लक चर्या को निर्दोष पालते हुए, पैसा और चाबी न रखते हुए भी संस्था की समस्त गतिविधियों में अपना कुशल निर्देशन प्रदान करते हैं। जंबूद्वीप के साथ-साथ समस्त तीर्थक्षेत्रों-तपस्थली (प्रयाग), कुण्डलपुर (नालंदा-बिहार), मांगीतुंगी (महाराष्ट्र), अयोध्या आदि के विकास में आपका सफल निर्देशन सदैव प्राप्त हुआ है एवं पूज्य माताजी की प्रेरणा से सम्पन्न होने वाले प्रत्येक कार्य में आपकी अहम् भूमिका रहती है।

मोद क्रिया – *Moda Kriyā.*
An auspicious activity related to the birth of a child.
गर्भाधान के नवमें महीने में गर्भ की पुष्टि के लिए पुनः पूर्वोक्त विधान करके, स्त्री को गात्रिका-बन्ध, मन्त्रपूर्वक बीजाक्षर लेखन व मंगलाभूषण पहनाना।

मोष – *Moṣa.*
Stealing.
चोरी।

मोषवचन – *Moṣavacana.*
Speech causing stealing.
असत्य वचन; चोरी में प्रवृत्ति कराने वाले वचन।

मोह – *Moha.*
Delusion, Attachment.
सांसारिक वस्तुओं में ममत्व या मूर्छा भाव।

मोहज भाव – *Mohaja Bhāva.*
Disposition caused by delusion.
मोह से उत्पन्न होने वाले औदयिक भाव।

मोहन – *Mohana.*
A king of *Rakshas* dynasty, A power attracting others, Charm.
राक्षस वंशी एक विद्याधर राजा, एक विद्याशास्त्र-जो व्यक्ति को मुग्ध करता है, आकर्षण।

मोहनीय कर्म प्रकृति – *Mohanīya Karma Prakṛti.*
Karmic nature of delusion.
८ कर्मों में चौथा कर्म; जिस कर्म के उदय से जीव हित-अहित के विवेक से रहित होता है।

मोह विवेक युद्ध – *Moha Viveka Yuddha.*
Name of a book.
एक ग्रंथ का नाम।

मौक्तिक प्रशस्त निदान – *Mauktika Praśasta Nidāna.*
To desire for the state of ommiscience.
कर्म नाश, संसार के दुःखों की हानि व केवलज्ञान का इच्छा रूप निदान।

मौक्तिकहारावलि – *Mauktikahārāvali.*
Wreath of pearls.
गोल और आकार में बड़े मोतियों से गूथा गया एक लड़ी का हार।

मौखर्य – *Maukharya.*
Talkativeness, Useless talk, garrulity.
अनर्थदण्ड विरति व्रत का एक अतिचार; वृथा बहुत बकवास करना।

मौद्गलायन – *Maudgalāyana.*
Name of a great Jain *Acharya* in the stream of Lord Parshavanath, A type of inactivist.
भगवान् पार्श्वनाथ की शिष्य परम्परा में हुए एक बड़े जैनाचार्य, अक्रियावादी के ८४ भेदों में एक भेद।

मौन – *Mauna.*
To keep silent or mum, externally & internally.
मूकभाव अर्थात् बाह्य की वचन प्रवृत्ति को छोड़कर अंतरंग की वचन प्रवृत्ति को भी पूर्ण रूप से छोड़ देना।

मौनवृत्ति – *Maunavṛtti.*
A vow to keep silence.
मौन व्रत धारण कर लेना।

मौन व्रत – *Mauna Vrata.*
A vow to keep silence.
कुछ समय-सीमा विशेष के लिए मौन रहना।

मौनाध्ययन वृत्ति – *Maunādhyayana Vṛtti.*
To study silently.
शास्त्र समाप्ति पर्यंत गुरु के पास मौनपूर्वक अध्ययन करना।

मौर्यपुत्र – *Mauryaputra.*
Name of a chief disciple of Lord Mahavira.
भगवान् महावीर के एक गणधर का नाम।

मौर्य-मौण्डेय – *Maurya-Mauṇḍeya.*
The 5th & 6th chief disciples of Lord Mahavira.
तीर्थंकर महावीर के ५वें एवं छठे गणधर का नाम।

मौर्यवंश – *Mauryavaṁśa.*
Name of a dynasty initiated by a king, Chandragupt Maurya.
राजा चंद्रगुप्त मौर्य द्वारा स्थापित एक वंश। अपर नाम मुरुड है।

मौलि – *Mauli.*
Crown with great lustre possessed by celestial beings.
दैदीप्यमान मुकुट, इसे स्वर्ग के देव धारण करते हैं।

म्लेच्छ – *Mleccha.*
Particular parts of earth according to Jaina philosophy, Non Aryan or uncivilised persons, uncultured.
विजयार्ध पर्वत व गंगा, सिंधु नदियों के कारण भरतक्षेत्र के छह खण्ड हो गये, इनमें से दक्षिण वाला मध्यखण्ड आर्यखण्ड है एवं अन्य पाँच म्लेच्छ खण्ड कहलाते हैं, मनुष्य जाति का एक भेद; जो सदाचार, धर्म कर्म क्रियाओं से हीन होते हैं। अन्तर्दीपज और कर्मभूमिज इसके दो भेद हैं।

म्लेच्छ खंड – *Mleccha Khaṁḍa.*
Particular parts of earth according to Jaina philosophy where *Mlechchha* people live.
म्लेच्छ मनुष्यों की आवास भूमि।

य

य – *Ya.*
The twenty sixth consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का छब्बीसवाँ व्यंजन अक्षर इसका उच्चारण स्थान तालु है।

यंत्र – *Yaṁtra.*
Auspicious mystical diagrams or verses, Machine.
कुछ विशिष्ट प्रकार के अक्षर, शब्द या मंत्र जो विभिन्न रेखाकृतियां बनाकर उसमें चित्रित किये जाते हैं। पूजा, प्रतिष्ठा, विधान आदि में इनका प्रयोग किया जाता है।

यंत्रपीड़न जीविका – *Yaṁtrapīḍana Jīvikā.*
Livelihood by milling or crushing oil seeds.
तेल निकालने के लिए कोल्हू चलाना या सरसों तिल आदि को कोल्हू में पिलवाना, तिल वगैरह देकर बदले में तैल लेना आदि इस तरह की आजीविका।

यंत्रशाला – *Yaṁtraśālā.*
Name of a part of the palace of residential deities.
भवनवासी देवों के भवनों में एक गृह।

यंत्रेशयंत्र – *Yaṁtreśa Yaṁtra.*
A metallic plate engraved with some auspicious mystic diagrams & words.
एक विशेष यंत्र; यंत्रेश मंत्र की विभिन्न रेखाकृतियों में चित्रित रचना।

यक्ष – *Yakṣa.*
A type of peripatetic deities, Demigod.
व्यंतर देवों के ८ भेदों में एक भेद; समवसरण में एवं अकृत्रिम जिन प्रतिमा को यक्ष देव ६४ चमर ढोरते हैं। २४ वर्तमान तीर्थंकर भगवंतों के २४ शासन यक्ष क्रमशः इस प्रकार हैं-१. गोमुख देव २. महायक्ष देव ३. त्रिमुख देव ४. यक्षेश्वर देव ५. तुम्बुरू देव ६. कुसुम देव ७. वरनन्दि देव ८. विजय देव ९. अजित देव १०. ब्रह्मेश्वर देव ११. कुमार देव १२. षणमुख देव १३. पाताल देव १४. किन्नर देव १५. किंपुरूष देव १६. गरूड़ देव १७. गंधर्व देव १८. महेन्द्र देव १९. कुबेर देव २०. वरूण देव २१. विद्युत्प्रभ देव २२. सर्वाण्ह देव २३. धरणेन्द्र देव २४. मातंग देव। ये २४ यक्ष चौबीस तीर्थंकर भगवन्तों के शासन देव कहलाते हैं।

यक्षवर (सागर द्वीप) – *Yakṣavara (Sāgara Dvīpa).*
Name of an island and ocean of middle universe.
मध्यलोक के अंतिम सोलह द्वीपों में तेरहवां द्वीप व समुद्र।

यक्षसम्मोह – *Yakṣasammoha.*
A kind of peripatetic deities.
पिशाच व्यंतरों का एक प्रकार।

यक्षिणी – *Yakṣiṇī.*
Female demigod.
२४ वर्तमान तीर्थंकर भगवंतों की शासन यक्षिणी क्रमशः इस प्रकार हैं-१. चक्रेश्वरी देवी २. रोहिणी देवी ३. प्रज्ञप्ति देवी ४. वज्रश्रृंखला देवी ५. पुरूषदत्ता देवी ६. मनोवेगा देवी ७. काली देवी ८. ज्वालामालिनी देवी ९. महाकाली देवी १०. मानवी देवी ११. गौरी देवी १२. गांधारी देवी १३. वैरोटी देवी १४. अनंतमती देवी १५. मानसी देवी १६. महामानसी देवी १७. जया देवी १८. विजया देवी १९. अपराजिता देवी २०. बहुरुपिणी देवी २१. चामुण्डी देवी २२. कूष्माण्डी देवी २३. पद्मावती देवी २४. सिद्धायनी देवी। इन्हें जिनशासन देवी भी कहते हैं।

यक्षिला – *Yakṣilā.*
Name of the chief *Aryika* (Ganini) in the assembly of Lord Aranath.
तीर्थंकर अरनाथ के संघ की ६० हजार आर्यिकाओं में गणिनी आर्यिका।

यक्षेश्वर – *Yakṣeśvara.*
Name of the ruling deity of Lord Abhinandannath.
अभिनन्दननाथ भगवान के शासन देवता का नाम।

यक्षोत्तम – *Yakṣottama.*
A type of peripatetic deities.
यक्ष जाति के व्यंतर देवों का एक भेद।

यजन – *Yajana.*
Worshipping, eulogy.
पूजन।

यजुर्वेद – *Yajurveda.*
One of the four great & sacred Vedic scriptures.
वैदिक परम्परा के ४ वेदों में एक वेद का नाम।

यज्ञ – *Yajña.*
A sacred ritual activity, Sacrificial rite or fire.
विशेष विधि सहित की जाने वाली एक धार्मिक क्रिया; देव और ऋषियों की पूजा करना। हवन, पूजा, सपर्या, इज्या, अध्वर, मह आदि इसके अपरनाम हैं।

यज्ञगुप्त – *Yajñagupta.*
Name of the 49th chief disciple of Lord Rishabhdev.
तीर्थंकर ऋषभदेव के ४९वें गणधर का नाम।

यज्ञ दीक्षा – *Yajña Dīkṣā.*
Consecrational-initiation; giving particular vows to worshippers for a particular time period of Panch-Kalyanak, Vidhan etc. to become Indras by the Pratishthacharya.
पंचकल्याणक प्रतिष्ठा, इन्द्रध्वज विधान आदि में इन्द्रों (यजमान) के लिए कराई जाने वाली एक विशेष विधि; जिसमें हाथ में कंकण बांधकर पूजा पर्यन्त ब्रह्मचर्य व्रत, एकासन आदि का नियम कराया जाता है, इस विधि के पश्चात् उन्हें सूतक-पातक नहीं लगता।

यज्ञमित्र – *Yajñamitra.*
Name of the 50th chief disciple of Lord Rishabhadev.
तीर्थंकर वृषभदेव के ५०वें गणधर का नाम।

यज्ञदीक्षा विधान – *Yajñadīkṣā Vidhāna.*
Putting on ornaments with chanting the sacred *Mantras* for worshipping.
अनुष्ठान पर्यन्त नियम विशेष का पालन करने एवं मंत्र सहित आभूषणादि पहनने की विधि, जो पूजा-प्रतिष्ठा के समय की जाती है।

यज्ञदेव – *Yajñadeva,*

यज्ञदत्त – *Yajñadatta.*
Name of the 48th & the 51th chief disciples of Lord Rishabhadev.
तीर्थंकर वृषभदेव के क्रमशः ४८वें एवं ५१वें गणधरों के नाम।

यज्ञोपवीत – *Yajñopavīta.*
Sacred thread (used for sanctifying or purificatory rites).
एक संस्कार; चक्रवर्ती भरत ने ११ प्रतिमाओं के विभाग से व्रतों के चिन्ह स्वरूप एक से लेकर ११ तार के सूत्र व्रतियों को दिये थे, जनेऊ; रत्नत्रय एवं सात परम स्थानों का सूचक ३ व ७ तारों का सूत्र। सभी पूजन-दान आदि क्रियाओं में यज्ञोपवीत धारण करना अनिवार्य है।

यति – *Yati.*
Saints at the stage of higher austerity.
जो इन्द्रिय जय के द्वारा अपने शुद्धात्म स्वरूप में प्रयत्नशील होता है।

यतिधर्म – *Yatidharma.*
Observances of ascetic life.
मुनिधर्म; आरम्भ परिग्रह का त्यागकर ५ महाव्रत ५ समिति ३ गुप्तियों का पालन करना।

यतिपूजा – *Yatipūjā.*
Eulogical devotion for saints.
शुभ परिणामों से गुरु की पूजन करना।

यतिवर वृषभ – *Yativara Vṛṣabha.*
Those having supreme attributes of Lord Arihant.
जो गणधर देव आदि में भी श्रेष्ठ होते हैं अर्थात् अर्हंत।

यतिवृषभ – *Yativṛṣabha.*
An astrological planet.
ज्योतिष के ९ मुख्य ग्रहों में ८वाँ ग्रह। जन्मकुंडली में राहू ग्रह से अरिष्ट होने पर उसके निवारण हेतु भगवान नेमिनाथ की उपासना की जाती है।

रिक्कु – *Rikku.*
A measurement unit of area.
क्षेत्र का प्रमाण विशेष। अपरनाम किष्कु या गज । २ हस्त=१ किष्कु।

रिट्ठणेमिचरिउ – *Riṭṭhaṇemicariu.*
Name of a religious book written by a poet Svayambhu.
कवि स्वयंभू (ई. ७३४-८४०) कृत नेमिनाथ भगवान का जीवन वृत्त। १८००० श्लोक प्रमाण अपभ्रंश काव्य।

रिष्टसमुच्चय – *Riṣṭasamuccaya.*
Name of a book related to mystical theme.
आचार्य दुर्गदेव कृत मन्त्र तन्त्र विषयक एक संस्कृत ग्रंथ का नाम। समय - ११वीं शताब्दी।

रुक्मि (कूट) – *Rukmi (Kūṭa).*
Name of a summit of Rukmi mountain.
रुक्मि पर्वत के ८ कूटों में एक कूट।

रुक्मि पर्वत – *Rukmi Parvata.*
Name of the fifth Kulachal (mountain) among all six.
जम्बूद्वीप के छह कुलाचल पर्वतों में ५वां कुलाचल (पर्वत), यह चांदी के समान है, इस पर महापुण्डरीक ह्रद है जिसमें बुद्धिदेवी रहती है।

रुक्मिणी – *Rukmiṇī.*
The daughter of king Bhishma, the chief wife of Krishna.
भीष्म राजा की पुत्री, कृष्ण की पटरानी, प्रद्युम्न की मां। अंत में सभी पटरानियों और पुत्र वधुओं के साथ दीक्षित हुई।

रुक्मिणी व्रत – *Rukmiṇī Vrata.*
A specified procedural fasting.
श्रीकृष्ण की पटरानी रुक्मणी ने लक्ष्मीमती के भवन में जो व्रत लिया था। भादों सुदी ८, १०, १२, १४ को उपवास ७, ९, ११, १३, १५ को पारणा इस तरह ८ वर्ष तक करना (व्रत विधान संग्रह से उद्धृत)।

रुक्ष – *Rukṣa.*
Dry, Rough.
रूखा, नीरस।

रुक्षस्पर्श नामकर्म – *Rukṣasparśa Nāmakarma.*
A type of *Karma* causing dry skin in body.
जिस कर्म के उदय से शरीर रूखा हो।

रुचक – *Rucaka.*
Name of the 15th *Patal* (layer) & *Indrak* of *Saudharma* heaven, Name of summits of different mountains.
सौधर्म स्वर्ग का १५वाँ पटल व इन्द्रक, मध्यलोक का १३वां द्वीप व समुद्र, निषध पर्वत एवं कुंडलवर पर्वत का एक-एक कूट।

रुचकाभ – *Rucakābha.*
Name of a summit of *Kundalvar* mountain.
कुंडलवर पर्वत का एक कूट।

रुचकप्रदेश – *Rucakapradeśa.*
Specified 8 regions of beings.
जीव व लोकाकाश के आठ मध्यप्रदेश, जो अचल रूप से अवस्थित रहते हैं।

रुचकवर – *Rucakavara.*
The 13th island and ocean of middle universe.
मध्य लोक का तेरहवां द्वीप व सागर।

रुचकवर पर्वत – *Rucakavara Parvata.*
Name of a ring shaped mountain of the 13th island of middle universe.
मध्यलोक के १३वें द्वीप का कुण्डलाकार पर्वत। इस पर कुल ४४ कूट हैं, पूर्वादि प्रत्येक दिशा में ८-८ कूट हैं जिन पर दिक्कुमारी देवियां रहती हैं जो भगवान की माता की सेवा में जन्म कल्याणक के समय आती हैं। अभ्यंतर भाग में ४ सिद्धकूट हैं।

रुचकवर सागर – *Rucakavara Sāgara.*
Name of an ocean surrounding *Ruchakvardvip* (island) with having sweet water.
रुचकवर द्वीप को घेरे हुए एक समुद्र इसके जल का स्वाद मीठा है। विस्तार १६७८२३३६ लाख योजन है।

रुचकोत्तम – *Rucakottama.*
Name of a summit of *Ruchak* mountain.
रुचक पर्वत के कूट का नाम। यहां रुचकप्रभा नाम की प्रधान दिक्कुमारी देवी रहती है।

रुचि – *Ruci.*
Interest, Devotion, spiritual attachment.
अभिरुचि, प्रेम, तत्त्वार्थ के विषय में तन्मयपना।

रुचिर – *Rucira.*
Name of a summit of *Ruchak* mountain, Name of the 16th *Patal* (layer) and *Indrak* of *Eshan* heaven.
रुचक पर्वत पर स्थित एक कूट, सौधर्म ऐशान स्वर्ग का १६वाँ पटल व इन्द्रक।

रुज – *Ruja.*
Disease, illness.
रोग।

रुजा – *Rujā.*
Illness, Infraction, Pain, Trouble.
वेदना, रोग, पीड़ा, संताप।

रुद्र – *Rudra.*
Name of a planet, Name of the third Narad & Rudra. (Rudra-saints tainted from their real path; they are 11 in number).
८८ ग्रहों में एक ग्रह, तीसरे रुद्र एवं तीसरे नारद का नाम, जिनदीक्षा लेने के उपरांत संयम भ्रष्ट होकर जो रौद्र कार्य करने लगते हैं। ये दसवें विद्यानुवाद पूर्व का अध्ययन करते समय विषयासक्त होकर तप से भ्रष्ट हो जाते हैं और नरकगामी होते हैं। रुद्र ११ होते हैं।

रुद्रकोण – *Rudrakoṇa.*
The north-east direction.
ईशान दिशा।

रुद्रदत्त – *Rudradatta.*
Name of a *Brahmin* in the era of Lord Rishabhdev who went into 7th hell because of gambling, Name of an uncle of Charudatta having bad adiction.
भगवान् ऋषभदेव के तीर्थ में एक ब्राह्मण जो पूजा के लिए प्राप्त द्रव्य से जुआ खेलने के फलस्वरूप सातवें नरक में गया, चारुदत्त का व्यसनी चाचा। चारुदत्त को व्यसनी इसी ने बनाया था।

रुद्ररुद्र – *Rudrarudra.*
Name of a Rudra in the era of Lord Pushpadant.
पुष्पदंत भगवान् के तीर्थकाल में हुए रुद्र का नाम।

रुद्रवसंत व्रत – *Rudravasaṁta Vrata.*
A specified procedural vow (fasting).
क्रमशः २,३,४,५,६,६,४,३,२ इस प्रकार ३५ उपवास करना। बीच के स्थानों में पारणा व नमस्कार मंत्र की त्रिकाल जाप करना।

रुधिर – *Rudhira.*
Blood, Name of the 10th Patal (layer) & Indrak of Saudharma heaven.
खून, सौधर्म स्वर्ग का दसवाँ पटल व इन्द्रक।

रुधिर अंतराय – *Rudhira Aṁtarāya.*
A type of obstacle (bleeding) related to saint-food.
आहार संबंधी एक अंतराय; आहार करते समय साधु को अपने अथवा दूसरे के शरीर से रक्त बहता दिख जाना।

रुक्षत्वस्कंध – *Rukṣatvaskaṁdha.*
A matter with dryness or dried matter.
रूखेपने से सहित अथवा चिकनाहट से रहित पुद्गल स्कंध।

रुक्षपुद्गल – *Rukṣapudgala.*
Matters or molecules with separateness.
रुक्ष (रूखे) गुण से सहित पुद्गल परमाणु। जिनका आपस में बंध नहीं होता।

रुक्षाणु – *Rukṣāṇu.*
Particles with having property of roughness.
रुक्ष गुण वाला अणु। इसका दो अधिक गुणवाले विपरीत अणुओं के साथ बंध होता है।

रूढ़ संख्या – *Rūṛha Saṁkhyā.*
Prime number (number which can be divide only by 1 or itself).
संख्या जो स्वयं से अथवा एक से भाजित हो।

रूढ़ि – *Rūṛhi.*
Old usage, tradition, convention.
परम्परागत, सर्वमान्य अर्थ या लोकप्रसिद्ध।

रूप – *Rūpa.*
Appearance, Features, Mode, Form.
आकार, मूर्तिक।

रूपगताचूलिका – *Rūpagatācūlikā.*
A type of scriptural knowledge (*Shrutgyan*) containing description of mystical theory.
द्वादशांग श्रुतज्ञान के दृष्टिवाद अंग के ५ भेदों में चूलिका का एक उपभेद। जिसमें सिंह आदि आकृति धारण करने के मंत्र तंत्र का वर्णन है।

रूपपरावर्तन विद्या – *Rūpaparāvartana Vidyā.*
A type of supernatural power of changing body appearance.
रूप परिवर्तन करने में समर्थ विद्या।

रूपमद – *Rūpamada.*
Pride of beauty-puff.
आठ मदों में एक मद। अपनी सुन्दरता का घमंड होना।

रूपरेखा – *Rūparekhā.*
General outline.
प्रारूप; कार्य या क्रिया विधि बनाना।

रूपसत्य – *Rūpasatya.*
Description of something by general outline.
१० प्रकार के सत्यभाषण में एक; इसमें पदार्थ के न होने पर रूप मात्र की अपेक्षा उसका कथन करना। जैसे - चित्र में बने पुरुष को पुरुष कहना।

रूपस्थ ध्यान – *Rūpastha Dhyāna.*
Deeply engrossment in the form of Lord Arihant.
समवशरण में स्थित अरहंत भगवान् का ध्यान करना।

रूपाचल – *Rūpācala.*
Another name of Vijayardh mountain.
विजयार्द्ध पर्वत।

रूपातीत ध्यान – *Rupātīta Dhyāna.*
A type of meditation deep engrossment in the form of Siddha Bhagvan.
सिद्ध परमेष्ठी का ध्यान करना।

रूपानुपात – *Rūpānupāta.*
Making signs for persons beyond the limit; as the morse code with flags etc. (an infraction of Deshvrat).
देशव्रत का एक अतिचार; मर्यादा के बाहर काम करने वालों को निजरूप दिखाकर अपना प्रयोजन बता देना।

रूपिणी – *Rūpiṇī.*
A magical power of transforming body form.
इच्छानुसार अपना रूप परिवर्तन करने में सक्षम एक विद्या।

रूपी – *Rūpī.*
Something having characteristic of some shape and senses.
स्पर्श, रस, गंध, वर्ण गुणों से सहित पदार्थ।

रूप्य – *Rūpya.*
Name of the 6th summit of *Rukmi* mountain and its deity.
रुक्मि पर्वत के छठे कूट व देव का नाम।

रूप्यकूला – *Rūpyakūlā.*
Name of a great river which flows in Hairanyavat region of Jambudvip (island).
जम्बूद्वीप व हैरण्यवत क्षेत्र में प्रवाहित एक महानदी। यह रुक्मि पर्वत के महापुण्डरीक द्रह से निकलती है।

रूप्यमाषफल – *Rūpyamāṣaphala.*
A weighing unit.
तौल का प्रमाण विशेष। २ गुंजाफल = १ रूप्यमाष फल।

रूप्यवर – *Rūpyavara.*
Name of an island & an ocean of middle universe.
मध्यलोक के अंतिम १६ द्वीपों में दशवां द्वीप व समुद्र।

रूप्याद्रि – *Rūpyādri.*
Another name of Vijayardh mountain.
विजयार्ध पर्वत का अपरनाम।

रेखा – *Rekhā.*
A straight line.
सरल लकीर।

रेचक – *Recaka.*
Breathing out, a process of meditation.
प्राणायाम का एक स्वरूप-श्वास को बाहर निकालना, केवली समुद्घात में होने वाली आत्मप्रदेशों की अंतिम उपसंहार की अवस्था।

रेणुका – *Reṇukā.*
Mother's name of the 13th *Tirthankar* (Jaina-Lord) of *Videh Kshetra* (region).
विदेह क्षेत्र में स्थित १३वें तीर्थंकर चन्द्रबाहु की माता का नाम।

रेवती – *Revatī.*
Name of a lunar, Name of a queen (on the right path of religion).
एक नक्षत्र, रानी; जो सम्यग्दर्शन के अमूढ़दृष्टि अंग में प्रसिद्ध हुई।

रेवानदी – *Revā Nadī.*
Name of a holy river of Madhya Pradesh near Siddhvarkut, a place of pilgrimage.
मध्यप्रदेश की एक प्रसिद्ध नदी, इसके किनारे सिद्धवरकूट सिद्धक्षेत्र है, जहां से दो चक्री और १० कामकुमार आदिक साढ़े तीन करोड़ मुनि मोक्ष गये हैं।

रेशन्दीगिरि (तीर्थ) – Reśandīgiri (Tīrtha).
Name of a place of pilgrimage (Siddhakshetra) of M.P. It's another name is Nainagiri.
मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में अवस्थित एक सिद्धक्षेत्र, जहाँ से वरदत्त आदि मुनि मोक्ष पधारे। इस क्षेत्र का दूसरा नाम नैनागिरी भी है।

रेशमी वस्त्र – *Reśamī Vastra.*
Silky cloth.
रेशम से बने वस्त्र।

रैन मंजूषा – *Raina Maṁjūṣā.*
The daughter of king Kanakaketu of Hansdvip (island).
हंसद्वीप के राजा कनककेतु की पुत्री का नाम। सहस्रकूट चैत्यालय के कपाट खोलने से श्रीपाल से विवाही गई थी।

रैवतक पर्वत – *Raivataka Paravata.*
Girnar mountain in Saurashtra (Junagarh), the salvation land of Lord Neminath.
सौराष्ट्र देश में जूनागढ़ राज्य का गिरनार पर्वत, तीर्थंकर नेमिनाथ की निर्वाण भूमि।

रोग – *Roga.*
Disease
रुजा, बीमारी, व्याधि। रोगों की कुल संख्या पाँच करोड़ अड़सठ लाख निन्यानवे हजार पाँच सौ चौरासी (५६८९९५८४) है ये रोग नारकियों के एक साथ होते हैं।

रोगपरिषहजय – *Rogapariṣaha Jaya.*
To bear afflictions of diseases.
२२ परिषहों में एक परिषह; असाध्य पीड़ा को उसके प्रतिकार की कामना रहित होकर साधु द्वारा समतापूर्वक सहन करना। रोग परिषह जय कहलाता है।

रोगराहित्य – *Rogarāhitya.*
Devoid of diseases, an excellence of Lord Arihant.
रोगरूपी बाधा का अभाव होना। अर्हंत भगवान के देवकृत अतिशयों में एक अतिशय; समवसरण में सम्पूर्ण जीवों को रोग आदि की बाधाएँ नहीं होना।

रोचक शैल – *Rocaka Śaila.*
Name of a mountain in *Bhadrashal* forest.
भद्रशाल वन में स्थित एक दिग्गजेन्द्र पर्वत।

रोचन – *Rocana.*
A *Diggagendra* mountain of the north *Kuru.*
उत्तर कुरु का दिग्गजेन्द्र पर्वत।

रोटतीज व्रत – *Roṭatīja Vrata.*
A type of vow or fasting.
त्रिलोक तीजव्रत; भादों सुदी तीज के दिन विशेष विधि से किया जाने वाला व्रत जिसमें रोट बनाकर भगवान के सम्मुख चढ़ाया जाता है।

रोध – *Rodha.*
A type of obstacle in saint-food (prohibition of food taking).
साधु के आहार संबंधी ३२ अंतरायों में एक अंतराय; आहारचर्या के लिए निकले साधु को बीच में ही किसी के द्वारा रोक दिया जाना कि आप रुक जाओ आगे नहीं जा सकते इत्यादि।

रोम – *Roma.*
Small hair in the pores of body .
शरीर के समस्त छिद्रों में स्थित सूक्ष्म बाल। औदारिक शरीर में रोमों का प्रमाण ८०,०००,०० करोड़ है।

रोमज (वस्त्र) – *Romaja (Vastra).*
Woolen clothes.
वस्त्र के ५ प्रकारों अंडज, वोंडज, रोमज, वक्कज, चर्मज में एक प्रकार; ऊन से बने वस्त्र।

रोम समानता – *Roma Samānatā.*
A transcendental excellence of Lord Arihant, not increasing of nails & hair.
अर्हंत भगवान् का एक अतिशय-सजीव होते हुए भी नख, रोम और केशों का समान रहना अर्थात् नहीं बढ़ना।

रोष – *Roṣa.*
Anger, rage; indignation.
क्रोधी पुरुष का तीव्र परिणाम, कोप।

रोहिणी – *Rohiṇī.*
Female governing deity of Lord Ajitnath, A type of super power, Name of a lunar.
भगवान अजितनाथ की शासन देवी का नाम, एक विद्या, एक नक्षत्र का नाम।

रोहिणी व्रत – *Rohiṇī Vrata.*
A vow or fasting to be observed on *Rohini Nakshatra* (a lunar).
जिस दिन रोहिणी नक्षत्र हो उस दिन उपवास करना। इस दिन भगवान वासुपूज्यनाथ की पूजन तथा उन्हीं के नाम की जाप की जाती है। इस व्रत के प्रभाव से हस्तिनापुर के राजा अशोक की रानी रोहिणी को रोना किसे कहते हैं यह भी नहीं ज्ञात था अर्थात् उसके जीवन में शोक कभी आया ही नहीं था।

रोहित कुंड – *Rohita Kuṁḍa.*
Name of a large pool of *Haimvat Kshetra* (region).
हैमवत क्षेत्र में स्थित एक कुण्ड जिसमें से रोहित नदी निकलती है।

रोहित नदी – *Rohita Nadī.*
Name of a great river (one of the 14).
१४ महानदियों में तीसरी नदी; यह महाहिमवान पर्वत के महापद्म सरोवर से निकल कर हैमवत क्षेत्र में बहकर पूर्व समुद्र में गई है। इसका अपरनाम रोह्या है।

रोहितास्या नदी – *Rohitāsyā Nadī.*
Name of the 4th great river amoung 14.
१४ महानदियों में चौथी नदी, यह हिमवान पर्वत के पद्म सरोवर से निकलकर हैमवत क्षेत्र में बहकर पश्चिम समुद्र में गई है।

रौद्र – *Raudra.*
Violent, passion, fearsome, A literary sentimental form of poem.
हिंसा व क्रूरता का कर्म अथवा इसमें होने वाला भाव, काव्य के ९ रसों में एक रस।

रौद्र ध्यान – *Raudra Dhyāna.*
Involvement in cruel thoughts or Cruel concentration.
हिंसा, असत्य, चोरी और विषय संरक्षण के लिए सतत चिन्तन करना। अथवा क्रूर या दुष्ट आशय से होने वाला ध्यान। इसके हिंसानंद, मृषानंद, चौर्यानंद, परिग्रहानंद ये ४ भेद हैं। यह ध्यान नरकगति का कारण है।

रौद्रास्त्र – *Raudrāstra.*
A super powerful weapon.
हजारों अस्त्रों से युक्त एक दिव्य अस्त्र।

रौप्य – *Raupya.*
Silver.
चांदी।

रौप्याद्रि – *Raupyādri.*
Name of the *Vijayardh* mountain having silvery form.
चांदी जैसे वर्ण वाला विजयार्ध पर्वत। इसका अपरनाम रौप्य शैल है।

रौरव – *Raurava.*
The 3rd Patal (layer) of the first hell.
पहले नरक का तीसरा पटल।

ह्रीं – *Rhaṁ.*
A spiritual and mystical word of meditation.
एक मंत्र; यह जिनेन्द्र भगवान का वाचक है।

ल

ल– *La.*
The 28th consonant of the Devanagari syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का अट्ठाईसवाँ व्यंजन इसका उच्चारण स्थान दंत है।

लंका – *Laṁkā.*
Name of a city in the Rakshas island of Lavan ocean.
१. जम्बूद्वीप के लवण समुद्र के अन्दर स्थित राक्षस द्वीप की नगरी, यहां का राजा रावण था। २. वर्तमान में लंका नगरी, जो भारत के दक्षिण में स्थित है। जिसे श्रीलंका देश के नाम से जाना जाता है। रावण की लंका यह नहीं है क्योंकि वह लवण समुद्र में थी।

लंघन – *Laṁghana.*
Food renunciation.
किसी कारणवश भोजन का त्याग कर देना लंघन है तथा विषय, कषाय और आरम्भ का जहां संकल्पपूर्वक त्याग किया जाता है वह उपवास है।

लंबित – *Laṁbita.*
An infraction of meditative relaxation; standing with bowing head.
कायोत्सर्ग का एक अतिचार; सिर को नीचा करके खड़े होना।

ल – *La.*
A symbol for one hundred thousand.
लक्ष (एक लाख) की सहनानी।

ल.को. – *La. Ko.*
A symbolic expression for a large number (one lac crore).
लक्षकोटि की सहनानी। एक लाख करोड़।

लक्ष – *Lakṣa.*
Lac—a number.
लाख की संख्या।

लक्षण – *Lakṣaṇa.*
Symptoms, indication, Characteristic or distinguishing feature.
किसी वस्तु की पहचान बताने वाला स्वरूप, हेतु या चिन्ह को लक्षण कहते हैं।

लक्षण निमित्तज्ञान – *Lakṣaṇa Nimittajñāna.*
A type of knowledge gained through different marks of the body.
अष्टांग निमित्त ज्ञान का छठा अंग, शारीरिक चिन्ह देखकर मनुष्य के ऐश्वर्य एवं दरिद्री आदि का ज्ञान होना।

लक्षणपंक्ति व्रत – *Lakṣaṇapaṁkti Vrata.*
A particular type of vow (fasting) observed with proper procedure.
किसी भी दिन से प्रारंभ करके एक उपवास एक पारणा क्रम से २०४ उपवास करना एवं णमोकार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करना। अपरनाम दिव्य लक्षणपंक्ति व्रत है।

लक्षणाभास – *Lakṣaṇābhāsa.*
Faulty characteristics (a fallacy).
मिथ्या अर्थात् सदोष लक्षण।

लक्षपर्वा – *Lakṣaparvā.*
A medicinal knowledge.
एक औषधि विद्या।

लक्ष्मण – *Lakṣamaṇa.*
The younger brother of Lord Ramchandra.
राजा दशरथ के पुत्र, राम के भाई, आठवें नारायण, इन्होंने कोटिशिला उठायी थी। लक्ष्मण का राम के प्रति भ्रात प्रेम संसार में प्रचलित है।

लक्ष्मणपुरी – *Lakṣmaṇapurī.*
The old name of the present Lucknow.
वर्तमान लखनऊ।

लक्ष्मणा – *Lakṣmaṇā.*
Mother's name of Lord Chandraphrabh.
राजा महासेन की रानी जो कि तीर्थंकर चन्द्रप्रभ की माता थी।

लक्ष्मी – *Lakṣmī.*
Name of a female divinity of large pond situated at Shikhari mountain.
शिखरी पर्वतस्थ पुण्डरीक ह्रद की स्वामिनी दिक्कुमारी देवी, ये गर्भावस्था में जिनमाता की सेवा करती है।

लक्ष्मीकूट – *Lakṣmīkūṭa.*
The 6th summit of Shikhari Kulachal (mountain).
शिखरी कुलाचल का छठा कूट।

लक्ष्मीदेवी – *Lakṣmīdevī.*
A female divinity of Pundarik lake.
शिखरी पर्वत के पुण्डरीक ह्रद की देवी। केवलज्ञान रूपी महालक्ष्मी के प्रतीक में निर्मित मूर्ति। जिनके मस्तक पर अरिहंत भगवान की मूर्ति होती है।

लक्ष्मीमती – *Lakṣmīmatī.*
Name of a presiding female divinity of *Ruchak* mountain, The queen of the king Somprabh of Hastinapur, Another name of mother of Jaina-Lord Chandraprabh.
रुचक पर्वत निवासिनी दिक्कुमारी देवी, हस्तिनापुर के राजा सोमप्रभ की रानी जयकुमार की माता, तीर्थंकर चन्द्रप्रभ की माता लक्ष्मणा का अपरनाम।

लक्ष्य – *Lakṣya.*
Aim, Goal, Purpose.
उद्देश्य, निशाना, संकल्प।

लक्ष्य लक्षण संबंध – *lakṣya Lakṣaṇa Saṁbaṁdha.*
A relative factor.
संबंध का एक भेद। धर्म धर्मी में संबंध।

लगड शय्यासन तप – *Lagaḍa Śayyāsana Tapa.*
A kind of austerity, sleeping with shrunk limbs.
कायक्लेश तप का एक भेद, शरीर को संकुचित करके सोना।

लघिमा ऋद्धि – *Laghimā Ṛddhi.*
A type of super-natural power pertaining to turning body lighter than air.
विक्रिया ऋद्धि का एक भेद, जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु अपने शरीर को वायु से भी हल्का बनाने में समर्थ होते हैं।

लघीयस्त्रय – *Laghīyastraya.*
Name of a commentry book written by *Aharya* Akalanka Dev.
आचार्य अकलंक देव (ई. ६२०-६८०) कृत न्याय विषयक ७८ कारिका प्रमाण संस्कृत ग्रंथ।

लघीयस्त्रयवृत्ति – *Laghīyastrayavṛtti.*
Name of a commentary book written by *Acharya* Abhayachandra.
आचार्य अभयचन्द्र (ई.श. १३) की लघीयस्त्रय ग्रंथ पर स्याद्वादभूषण नाम की तात्पर्य वृत्ति।

लघु – *Laghu.*
Short, Small, Light.
हल्का, अल्प।

लघुत्व गति – *Laghutva Gati.*
Motion (speed) of cotton (pertaining to going up-side in the atmosphere).
तुंबड़ी, रूई आदि की (ऊपर जाने वाली) गति।

लघुभाषा – *Laghubhāṣā.*
Regional language or dialect (about 700 in numbers).
७०० क्षुद्र भाषा। अरिहंत भगवान की दिव्यध्वनि ७१८ भाषाओं में खिरती है जिनमें से १८ महाभाषाएं एवं ७०० लघु भाषाएं होती हैं।

लघुमासिक प्रायश्चित्त – *Laghumāsika Prāyaścitta.*
A kind of repentance.
एक प्रकार की प्रायश्चित्त विधि।

लघुरिक्थ – *Laghuriktha.*
Logarithm to the base 2.
२ के आधार वाला लघुगुणक।

लघुशंका – *Laghuśaṁkā.*
Urination.
मूत्रोत्सर्ग, लघु व दीर्घ शंका जाने के बाद प्रायश्चित्त रूप में २५ उच्छ्वास का कायोत्सर्ग किया जाता है।

लघुसर्वज्ञ सिद्धि – *Laghusarvajña Siddhi.*
Name of a book written by *Acharya* Anantakirti.
आचार्य अनंतकीर्ति (ई.श. ९ उत्तरार्ध) कृत संस्कृत भाषा का एक न्याय विषयक ग्रंथ।

लज्जा – *Lajjā.*
Sense of decency or modesty, Shame.
शर्म,अंतःकरण की वह भावना जिसके कारण दूसरे के सामने वृत्तियाँ संकुचित हो जाती हैं।

लतांग – *Latāṁga.*
A large unit of time.
८४ लाख हूहू प्रमाण काल।

लता – *Latā.*
A large unit of time.
८४ लाख लतांग प्रमाण काल, घातिया कर्म की अनुभाग शक्ति का एक उदाहरण।

लतागृह – *Latāgṛha.*
A part of the palace of residential deities.
भवनवासी देवों के भवनों में बना एक गृह।

लताभूमि – *Latābhūmi.*
One of the 11 lands in the *Samavasharan* (assembly of Lord) containing greenery & creepers.
समवशरण की ११ भूमियों में तीसरी लतावनभूमि, इसमें नाना प्रकार की लताएं सुशोभित होती हैं। लताभूमि में लता मण्डप बने होते हैं, जिसमें सुर (देवता) क्रीड़ारत रहते हैं।

लतावक्र – *Latāvakra.*
An infraction of meditative relaxation (shaking of the body).
कायोत्सर्ग का एक अतिचार, लता की भांति इधर-उधर हिलना।

लब्ध – *Labdha.*
Quotient, Attained something.
हासिल या प्राप्त किया गया।

लब्ध राशि – *Labdha Rāśi.*
Gained amount or quantity of something.
प्राप्त की गई राशि।

लब्धि – *Labdhi.*
Attainment, different types of gain for getting salvation.
प्राप्ति, सम्यक्त्व प्राप्ति की पूर्व सामग्री, क्षयोपशम, विशुद्धि, प्रायोग्य, देशना, करण ५ लब्धियां-जीव में संयम या संयमासंयम आदि को धारण करने की योग्यताएं। अंतराय के क्षयोपशम से प्राप्त शक्ति, दान, लाभ, भोग, उपभोग, वीर्य, क्षायिक भाव आदि ९ लब्धियां।

लब्धि अक्षर – *Labdhi Akṣara.*
Destructional cum subsidential state of *Karmas* of all beings.
अक्षर के ३ भेदों में एक भेद; सूक्ष्म निगोद लब्ध्यपर्याप्तक से लेकर श्रुतकेवली तक जीवों के जितने क्षयोपशम होते हैं उन सबकी लब्ध्यक्षर संज्ञा है।

लब्धिप्राप्त – *Labdhiprāpta.*
A type of super body obtained through high austerity.
विशेष तप आदि करने पर प्राप्त वैक्रियिक शरीर।

लब्धिविधान व्रत – *Labdhividhāna Vrata.*
A particular type of fasting or vow.

तीन वर्ष तक हर भादों, माघ व चैत्र मास में कृ. अमावस को एकासन १ से ३ को तेला तथा ४ को एकासन करना एवं शीलव्रत पालते हुए 'ॐ ह्रीं महावीराय नमः' की त्रिकाल जाप करना।

लब्धिसम्पन्न ऋषि – *Labdhisampanna Ṛśi.*
Super saints, visiting of whom is a cause of right faith.
सम्यग्दर्शन प्राप्ति का एक निमित्त; लब्धिसम्पन्न ऋषियों का दर्शन।

लब्धिसंवेग सम्पन्नता – *Labdhisaṁvega Sampannatā.*
A kind of super enjoyment pertaining to *Tirthankar* (Jaina-Lord).
तीर्थंकर कर्मबंध का छठा कारण, रत्नत्रय जनित हर्ष का नाम लब्धिसंवेग है।

लब्धिसार – *Labdhisāra.*
Name of a great Jaina scripture written by *Acharya* Nemichandra Siddhant Chakravarti.
आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धांत चक्रवर्ती (ई.श. ११ का पूर्वार्धि) द्वारा रचित मोहनीय कर्म के उपशम विषयक ३९१ गाथा प्रमाण प्राकृत गाथाबद्ध ग्रंथ।

लब्धिसार टीका – *Labdhisāra Ṭīkā.*
Name of a commentary book written by *Acharya* Nemichandra and by *Pandit* Todarmal.
आचार्य नेमिचन्द्र कृत संस्कृत संजीवनी टीका तथा पं. टोडरमल (ई. १७३६) कृत भाषा टीका।

लब्धिस्थान – *Labdhisthāna.*
Attainment - station, States of super attainments.
देश व सकल संयम प्राप्ति योग्य संयम स्थान।

लब्ध्यक्षर ज्ञान – *Labdhyakṣara Jñāna.*
The lowest level of knowledge.
पर्याय ज्ञान या सबसे जघन्य श्रुतज्ञान। इसे निरावरण ज्ञान भी कहते हैं यह सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तिक जीव के उत्पन्न होने के पहले समय में होता है।

लब्ध्यपर्याप्तक – *Labdhyaparyāptaka.*
Absolutely non-developable beings (having very short life).
अपर्याप्तिक नाम कर्म के उदय से जो जीव अपने योग्य पर्याप्तियों को पूर्ण किए बिना ही श्वांस के १८वें भाग में मरण को प्राप्त हो जाता है अर्थात् जिसके एक भी पर्याप्ति पूर्ण नहीं होती उसे लब्ध्यपर्याप्तिक कहते हैं।

लब्ध्यक्षर – *Labdhyakṣara.*
See - *Labdhi Akṣara.*
देखें - लब्धि अक्षर।

लय – *Laya.*
Absolute engrossment.
लीनता, तन्मयता, जो मुनि कल्पना के जाल को दूर करके अपने चैतन्य आनंदमय स्वरूप में लय को प्राप्त होता है, वही निश्चयरत्नत्रय का स्थान होता है।

लयन कर्म – *Layana Karma.*
Sculpture, to carve out Lord idol in the mountain.
कर्म का एक भेद, लयन अर्थात् पर्वत, उसमें निर्मित प्रतिमाओं का नाम लयन कर्म है।

ललाम – *Lalāma.*
Supreme, Excellent.
श्रेष्ठ, तिलक।

ललितकीर्ति – *Lalitakīrti.*
Name of saints—(1) Spiritual teacher of Ratnanandi - II. (2) The disciple of Jagatkirti of *Kashtha* group.
यशकीर्ति नं. ३ के गुरु और रत्ननंदि द्वि. के शिक्षा गुरु। समय ई.-१२१४, काष्ठासंघी जगतकीर्ति के शिष्य एक मंत्रवादी। कृति-महापुराण टीका, नंदीश्वर व्रत आदि१३ कथायें।

ललितांग देव – *Lalitāṁga Deva.*
Name of a heavenly deity, the pre-birth soul of Lord Rishabhdev.
सल्लेखना के प्रभाव से उत्पन्न ऐशान स्वर्ग का देव, यह ऋषभदेव भगवान के पूर्व का ९वां भव है।

लव – *Lava.*
A unit of time, The son of Lord Ram & Sita.
किंचित्; सात स्तोक प्रमाण काल, परित्यक्त सीता के गर्भ से पुण्डरीक के राजा वज्रजंघ के घर उत्पन्न रामचन्द्र के जुड़वां पुत्रों-लवणांकुश व मदनांकुश में से एक। सामान्यतः लवणांकुश को लव एवं मदनांकुश को कुश के नाम से जाना जाता है।

लवणसागर – *Lavaṇasāgara.*
The first ocean of middle universe, containing salty water.
मध्यलोक का प्रथम सागर, खारे जल वाला होने से इसका नाम लवणोदधि है।

लवणोदसिद्ध – *Lavaṇodasiddha.*
Salvated beings from the *Lavan* ocean.
क्षेत्र की अपेक्षा से लवण समुद्र से सिद्ध होने वाले जीव जो स्तोक (थोड़े) हैं।

लवपुर – *Lavapura.*
The past name of present Lahore city.
वर्तमान लाहौर।

लहू – *Lahū.*
Blood, an obstacle (bleeding) in the food-taking of saints.
रक्त, साधु के आहार संबंधी ३२ अंतराय में एक अंतराय, अपने या दूसरे के लहू-रुधिर निकलता देखकर भोजन छोड़ देना।

लवणांकुश – *Lavaṇāṁkuśa.*
The son of Lord Ramchandra, who got salvation from the 'Pavagarh', a Jaina pilgrimage.
रामचन्द्रजी के पुत्र जो पावागढ़ (गुजरात) से मोक्ष गये।

लांगल – *Lāṁgala.*
The 5th *Patal* (layer) of *Sanat Kumar* heaven, Name of a plough-a jewel of Lord Ram.
सनत्कुमार स्वर्ग का ५वां पटल या इन्द्रक विमान, बलभद्र राम का एक रत्न-हल।

लांगलखातिका – *Lāṁgalakhātikā.*
Name of a river of *Bharat Kshetra Aryakhand* (region).
भरतक्षेत्र के आर्यखण्ड की एक नदी।

लांगल चित्र – *Lāṁgala Citra.*
A plough like figure.
परिणाम संख्या की हल के आकार की रचना को लांगल चित्र कहते हैं।

लांगलावर्त – *Lāṁgalāvarta.*
Name of a region of eastern *Videh* (region), Name of a summit and a protecting deity of *Nalin Vakshar* (mountain) of eastern *Videh* (region).
पूर्व विदेह का एक क्षेत्र, पूर्व विदेहस्थ नलिन वक्षार का एक कूट एवं रक्षक देव।

लांगलावर्ता – *Lāṁgalāvartā.*
Name of a country of western *Videh* (region), having the capital city Manjusha .
पश्चिम विदेहक्षेत्र के ८ देशों में एक देश। मंजूषा नगरी इसकी राजधानी है।

लांगलिका गति – *Lāṁgalikā Gati.*
A kind of transmigratory motion.
विग्रहगति का एक भेद, दो मोड़े वाली गति जो तीन समय वाली होती है।

लांतव देव – *Lāṁtava Deva.*
The deities of the 7th heaven.
सातवें स्वर्ग के निवासी देव।

लांतव स्वर्ग – *Lāṁtava Svarga.*
The 7th heaven.
सातवां स्वर्ग।

लाक्षा वाणिज्य कर्म – *Lākṣā Vāṇijya Karma.*
Trade of sealing vax or shellac.
लाख, चपड़ा आदि पदार्थों का व्यापार करना।

लाघव – *Lāghava.*
Lightness, minuteness.
लघुता, हल्कापन, शरीर का भारीपन नष्ट होना, तपश्चरण से देह में यह गुण प्राप्त होता है जिसे लघिमा ऋद्धि कहते हैं।

लाट – *Lāṭa.*
South & middle part of Gujrat state (of ancient time).
गुजरात के प्राचीन काल में तीन भाग थे। उनमें से गुजरात का मध्य व दक्षिण भाग लाट कहलाता था।

लाटी संहिता – *Lāṭī Saṁhitā.*
Name of a treatise written by *Pandit* Rajmalla.
श्रावकाचार विषयक पंडित राजमल्ल (ई. १५८४) कृत ग्रंथ इसमें ७ सर्ग एवं १४०० श्लोक हैं।

लाड़बागड़ संघ – *Lāṛabāgaṛa Saṁgha.*
One of the four former parts of *Kashtha* group of saints.
जैन मूल संघ से निकले काष्ठासंघ के चार भेदों में अंतिम भेद, एक जैनाभासी संघ।

लाभ – *Lābha.*
Profit, Gain, Desirable attainment.
इच्छित अर्थ की प्राप्ति का नाम लाभ है।

लाभांतराय – *Lābhāṁtarāya.*
Obstruction in getting desirable attainments.
जिस कर्म के उदय से जीव किसी वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा करता हुआ भी प्राप्त नहीं कर पाता।

लालसा – *Lālasā.*
Keen desire, Longing.
प्रबल इच्छा, अभिलाषा, निदान शल्य, भोगों की लालसा रखना।

लिंग – *Liṁga.*
Sex - gender.
चिन्ह, वेद (स्त्री, पुरुष, नपुंसक रूप द्रव्यलिंग)।

लिंगज श्रुतज्ञान – *Liṁgaja Śrutajñāna.*
A kind of symbolic knowledge pertaining to *Shrutgyan* (scriptural knowledge), Unsyllabic knowledge.
अनक्षरात्मक श्रुतज्ञान, चिन्ह से उत्पन्न होने वाला श्रुतज्ञान।

लिंगपाहुड़ – *Liṁgapāhuṛa.*
Name of a treatise written by *Acharya* Kundkund.
आचार्य कुन्दकुन्द (ई. १२७-१७९) कृत साधु के द्रव्य व भाव लिंग विषयक २२ गाथा निबद्ध ग्रंथ।

लिंग व्यभिचार – *Liṁga Vyabhicāra.*
Wrong interpretation of genders (i.e. masculine for faminine or vice versa).
स्त्रीलिंग के स्थान पर पुल्लिंग का कथन करना और पुल्लिंग के स्थान पर स्त्रीलिंग का कथन करना।

लिंगशुद्धि – *Liṁgaśuddhi.*
Absolute purity of the mind of a saint.
कर्मों को निर्मूल करना एवं जिनदेव कथित धर्म में परमार्थभूत भक्ति प्रेम रखना। ऐसा करने वाले मुनियों में लिंग शुद्धि होती है।

लिंगसावरण – *Liṁgasāvaraṇa.*
The female ascetics.
स्त्रियों (आर्यिका) का लिंग सावरण कहा गया है।

लिपिबद्ध – *Lipibaddha.*
Something put in writing form.
लिखा हुआ, द्रव्यश्रुत जो ६४ अक्षरों एवं पदों के द्वारा लिखा जाता है।

लिपि संख्यान क्रिया – *Lipi Saṁkhyāna Kriyā.*
A kind of auspicious activity observed on the age of 5 yrs. of a child (starting of syllabic knowledge).
इसमें ५वें वर्ष में शिशु के अक्षर ज्ञान का आरम्भ विधिपूर्वक किया जाता है।

लिप्त – *Lipta.*
A kind of impurity of hands etc. while food offering to the saints.
आहार से संबंधित दातार का एक दोष; गेरू, हरताल, खड़िया, चावल आदि का चून, कच्चा शाक इसमें लिप्त हाथ तथा पात्र अथवा अप्रासुक जल से भीगे हाथ या बर्तन से साधु को आहार देना।

लीख – *Līkha.*
A lice or a nit, A unit of area measurement.
एक जीव जो सिर में पाया जाता है, क्षेत्र का प्रमाण, ८ कर्मभूमिज का बालाग्र=१ लिक्षा (लीख)।

लीन – *Līna.*
Deeply engrossed or immersed (in).
रत, स्थिर या तन्मय होना।

लुंका – *Luṁkā.*
One who started *Lunka* philosophy.
गुजरात (अणहिल नगर) में कुलुम्बी वंशीय एक महामानी लुंका जिसने लुंकामत (ढूंढिया मत) चलाया। अपरनाम स्थानकवासी-एक श्वेताम्बर मत। समय - वि. सं. १५२७।

लेख क्रिया – *Lekha Kriyā.*
Writing activity, Deceitful or fraudulent writing.
लेखन कार्य, सत्याणुव्रत का एक अतिचार ; छल से लेख लिखना इसे कूट लेख क्रिया कहते हैं।

लेखन – *Lekhana.*
Writing work.
लेख, ग्रंथ आदि लिखना।

लेप – *Lepa.*
Smearing.
तेल मर्दन, उबटन लगाना आदि।

लेपाहार – *Lepāhāra.*
Natural grasping of nutrition for the development of body (i.e. air, natural light, water - taking by plants).
आहार का एक भेद-एकेन्द्रिय वनस्पति आदि जीवों के द्वारा मिट्टी, पानी, हवा, प्रकाश के रूप में जो आहार ग्रहण किया जाता है वह लेपाहार है।

लेप्यकर्म – *Lepyakarma.*
Preparing statues by soil, sand, grass etc.
तृण, बालू, मिट्टी आदि से प्रतिमायें निर्मित करना लेप्यकर्म कहा जाता है।

लेबड़ – *Lebaṛa.*
Sticky edibles liquids or any matter.
आहार का एक भेद, जो हाथ में चिपकता है ऐसा पतला पदार्थ दही, लप्सी आदि।

लेश्या – *Leśyā.*
Karmic stain, Aura, colouration.
कषाय से अनुरंजित जीव की मन वचन काय की प्रवृत्ति या जो आत्मा को शुभाशुभ कर्मों से लिप्त करे। कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म, शुक्ल इसके ये ६ भेद हैं।

लेश्या मार्गणा – *Leśyā Mārgaṇā.*
Investigation of attitudes of beings.
१४ मार्गणाओं में एक मार्गणा जिससे जीव के भावों का अन्वेषण किया जाता है।

लेह्य – *Lehya.*
Relishing food by licking.
४ प्रकार के आहार का भेद; जो पदार्थ चाटकर खाये जाते हैं।

लोंच – *Loṁca.*
Plucking of hair by own hands (a basic restrain of Jaina saints).
बाल उखाड़ना। दिगम्बर जैन साधु-साध्वियों के २८ मूलगुणों में से एक मूलगुण ४, ३, या २ महीने में अपने सिर के एवं दाढी, मूछ के बालों को हाथ से उखाड़ना।

लो – *Lo.*
A symbolic expression of the volume of universe.
घनलोक की सहनानी।

लोक – *Loka.*
Universe (divided into three parts lower, middle & upper).
आकाश का वह भाग जहां जीव आदि पांचों द्रव्य विद्यमान हैं। ३४३ घनराजू प्रमाण लोकाकाश। यह तीन भागों में विभक्त है-अधोलोक, मध्यलोक व ऊर्ध्वलोक।

लोक अनुप्रेक्षा – *Loka Anuprekṣā.*
One of the 12 reflections (continuous contemplation for pain & pleasure).
१२ भावनाओं में एक भावना; लोक की स्थिति, विस्तार, जीवों के सुख-दुख आदि का बारबार चिंतन करना।

लोकनाभि – *Lokanābhi.*
The another name of *Sumeru* mountain which is situated in centre of all three Loks as the navel.
सुमेरू पर्वत का एक अपरनाम। क्योंकि यह नाभि के समान तीन लोक के बीच (मध्यलोक) में स्थित है।

लोकपंक्ति क्रिया – *Lokapaṁkti Kriyā.*
Silly tradition of entertaining activities.
अंतरात्मा के मलिन होने से मूर्ख लोग जो लोक को रंजायमान करने के लिए क्रिया करते हैं उसे लोकपंक्ति कहते हैं।

लोकपाल – *Lokapāla.*
The protecting deities.
चतुर्निकाय के देवों के दस भेदों में एक प्रकार-इन्द्र द्वारा नियुक्त लोक रक्षक देव जो कोतवाल के समान होते हैं। ये चार हैं-सोम, यम, वरूण और कुबेर।

लोकपूरण समुद्घात – *Lokapūraṇa Samudghāta.*
Universally pervasion of the soul-points of omniscient one (*Kevali Bhagvan*).
केवलि समुद्घात का चौथा चरण; केवली भगवान के आत्मप्रदेशों को सर्वलोक में फैलाना या व्याप्त करना।

लो.प्र. – *Lo. Pra.*
A symbolic expression for a large imaginary mathematical measurement (according to Jaina-philosophy).
लोकप्रतर की सहनानी।

लोकप्रतर – *Lokapratara.*
A very large imaginary mathematical quantity.
जगत श्रेणी के वर्ग को जगत्प्रतर कहते हैं अर्थात् $(७)^२=४९$।

लोकप्रमाण – *Lokapramāṇa.*
A large area measurement of universe (343 *Ghanraju*).
३४३ घन राजू प्रमाण।

लोकबाधित – *Lokabādhita.*
A fallacy of universal obstruction.
बाधित हेत्वाभास का एक भेद; जिस हेतु के साध्य में लोक से बाधा आती है।

लोकबिंदुसार – *Lokabiṁdusāra.*
The 14th *Purva* (a part of *Shrutgyan* - scriptural knowledge) containing mathematical knowledge).
१४वां पूर्व, इसमें बारह करोड़ ५० लाख पद हैं। इन पदों में अंकराशि, ८ प्रकार के व्यवहार की विधि तथा राशि परिकर्म आदि गणित तथा समस्त श्रुत संपदा का वर्णन है।

लोकमध्य – *Lokamadhya.*
See - *Lokanābhi.*
देखें - लोकनाभि।

लोकमूढ़ता – *Lokamūṛhatā.*
False tradition or false ritualistic belief (superstition).
लोक में धर्म के नाम से मानी हुई मूढ़ता या अंधविश्वास। जैसे नदी या समुद्र में स्नान करना, पर्वत से गिरना, बालू-पत्थरों का ढेर लगाना, अग्नि में जलना आदि को धर्म समझकर करना।

लोकवाद – *Lokavāda.*
Name of a doctrine believing worldly traditions as religion.
एक एकांत मत; एकवाद। लोक में जो प्रवृत्ति हो उसे ही एकांत से धर्म मानने वाले।

लोक विचय – *Loka Vicaya.*
Contemplation about the shape of Teen Lok (Three worlds), Madhya Lok (middle world) etc.
तीन लोक के आकार का, मध्यलोक के आकारादि का चिंतन लोक विचय धर्मध्यान कहलाता है।

लोकविनिश्चय – *Lokaviniścaya.*
Name of a *Prakrit* treatise.
एक प्राकृत भाषा का ग्रंथ, इसके लेखक का नाम व समय अज्ञात है।

लोकविभाग – *Lokavibhāga.*
Name of a treatise written by saint Sarvanandi.
सर्वनंदि कृत एक ग्रंथ, जिसमें लोक के स्वरूप का वर्णन है। समय-ई. ४५८।

लोकव्यवहार – *Lokavyavahāra.*
Worldly dealings.
सामाजिक शिष्टाचारयुक्त व्यवहार।

लोकश्रेणी – *Lokaśreṇī.*
Seven *Rajus*, a mathematical measurement (according to Jainism) See-*Jagatśreṇī.*
७ राजू। देखें-जगत्श्रेणी।

लोकसंस्थान – *Lokasaṁsthāna.*
A kind of religious observance (contemplation over the size of universe with prescribed procedure).
धर्म ध्यान का एक भेद-संस्थान विचय। मुनि चित्त की एकाग्रता के साथ लोक के आकार का चिंतन आगम के अनुसार करते हैं।

लोकसेन – *Lokasena.*
Name of the disciple of *Acharya* Gunbhadra.
पंचस्तूप संघ की गुर्वावली के अनुसार आचार्य गुणभद्र के प्रमुख शिष्य। आचार्य गुणभद्र रचित अधूरे उत्तरपुराण को पूर्ण किया। समय - ई. ८९७-९३०।

लोकांतिक – *Lokāṁtika.*
See - *Laukāṁtika Deva.*
देखें - लौकांतिक देव।

लोकाकाश – *Lokākāśa.*
A part of sky (Akash) where all the 5 matters (entities) are present.
आकाश द्रव्य का वह भाग जिसमें जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म और काल ये पाँच द्रव्य पाये जाते हैं।

लोकाग्र – *Lokāgra.*
The supreme place of salvation (Siddha Shila).
मोक्ष, सिद्धालय या लोक का शिखर।

लोकादित्य – *Lokāditya.*
Name of a king contemporary to Akalvarsh.
उत्तरपुराण की प्रशस्ति अनुसार अकालवर्ष के समकालीन एक राजा, आचार्य लोकसेन ने इनके समय में ही उत्तरपुराण को पूर्ण किया। समय - ई. ८९८।

लोकानुप्रेक्षा – *Lokānuprekṣā.*
See - *Loka Anuprekṣā.*
देखें - लोक अनुप्रेक्षा।

लोकानुवृत्ति – *Lokānuvṛtti.*
A kind of modesty.

सामान्य विनय का एक भेद; किसी पुरुष के अनुकूल बोलना तथा देश व काल योग्य अपना द्रव्य देना लोकानुवृत्ति विनय है।

लोकायत – *Lokāyata.*
The philosophy of materialism or atheism.
चार्वाकमत; सामान्य लोगों के आचरण में आने के कारण इसे लोकायत कहते हैं। आत्मा व पुण्य-पाप आदि का अस्तित्व मानने के कारण यह मत नास्तिक कहलाता है।

लोकालोक विभाग – *Lokāloka Vibhāga.*
The universal & non-universal spaces.
आकाश द्रव्य के लोक और अलोक का विभाग अर्थात् लोकाकाश और अलोकाकाश।

लोकालोक व्यापी – *Lokāloka Vyāpī.*
Supremely pervaded knowledge-omniscience.
केवलज्ञान जो समस्त लोकालोक को जानता है अर्थात् सर्वगत है।

लोकेषणा – *Lokeṣaṇā.*
Longing for worldly fame.
लौकिक सुख की इच्छा। लोकप्रसिद्धि की भावना।

लोकोत्तर गणना – *Lokottara Gaṇanā.*
The universal calculations, super calculations.
गणना प्रमाण के दो भेदों में एक भेद; द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव इसके ४ भेद हैं।

लोकोत्तर चेतना – *Lokottara Cetanā.*
Right consciousness (of one).
ज्ञान या परमार्थ चेतना।

लोकोत्तर मंगल – *Lokottara Maṁgala.*
Artificial & natural temples, Lord Arihant etc. are called Lokottar Mangal .
अर्हंत भगवान, कृत्रिम-अकृत्रिम चैत्यालय आदि ये समस्त संसार के लिए मंगल स्वरूप होते हैं।

लोकोत्तर शरण – *Lokottara Śaraṇa.*
The supreme resorts, the shelter of Panch Parmeshthis.
पंच परमेष्ठी आदि लोकोत्तर शरण हैं। जिनकी शरण लेकर लोक अर्थात् संसार को पार किया जाता है।

लोकोत्तरवाद – *Lokottaravāda.*
The doctrine pertaining to the theory of Alok (beyond Lok).
जिसके द्वारा अलोक का कथन किया जाता है वह सिद्धांत।

लोकोत्तर शुचित्व – *Lokottara Śucitva.*
Absolute purity of the soul.
कर्ममल-कलंक को छोड़कर आत्मा का आत्मा में ही अवस्थान लोकोत्तर शुचित्व है।

लोकोत्तरीयवाद – *Lokottarīyavāda.*
The synonym for *Shrutgyan* (scriptural knowledge).
श्रुतज्ञान का एक पर्यायवाची नाम।

लोभ (कषाय) – *Lobha (Kaṣāya).*
Passion for prosperity (greed).
चौथी कषाय; इसमें धन सम्पत्ति पाने की तीव्र लालसा या गृद्धि-इच्छा बनी रहती है।

लोभ दोष – *Lobha Doṣa.*
A fault related to saint-food-taking (showing greed by the saints).
यदि साधु लोभ प्रगट करके आहार प्राप्त करे तो यह लोभ नाम का दोष है।

लोभ प्रत्याख्यान – *Lobha Pratyākhyāna.*
Renunciation of greed.
सत्यव्रत की रक्षार्थ एक भावना; लोभ के त्याग की भावना।

लोभाकुलता – *Lobhākulatā.*
A fault of meditative relaxation (greedful uneasiness in meditation).
कायोत्सर्ग का एक दोष; लोभ वश चित्त में विक्षेप होना।

लोभाणु – *Lobhāṇu.*
Subtle form of greed.
सूक्ष्म साम्पराय गुणस्थान जहां लोभाणु अर्थात् सूक्ष्म लोभ रहता है।

लोभी – *Lobhī.*
Greedy person.
लालची व्यक्ति।

लोलुप – *Lolupa.*
Lustful, greedy.
लालची।

लोहागल – *Lohāgala.*
The 11th city of the southern *Vijayardha* mountain.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का ११वां नगर।

लोहाचार्य – *Lohācārya.*
Name of a great Acharya in the era of Lord Mahavira.
महावीर भगवान के निर्वाण के ५६५ वर्ष बाद हुए आचारांगधारी चार आचार्यों में चौथे आचार्य।

लोहार्गल – *Lohārgala.*
Iron fetters.
लोहे की बेड़ी।

लोहार्य – *Lohārya.*
See - *Lohācārya.*
देखें - लोहाचार्य।

लोहिताक्ष – *Lohitākṣa.*
Name of the summits situated at - Gandhamadan Vijayardh, Manushottar & Ruchak mountains, The 24th Patal (layer) of Saudharma - Eshan heavens.
गंधमादन विजयार्ध पर्वतस्थ एक कूट, मानुषोत्तर पर्वत का एक कूट, रूचक पर्वतस्थ एक कूट, सौधर्म-ऐशान स्वर्गों का २४वां पटल।

लौकांतिक देव – *Laukāṁtika Deva.*
A special type of heavenly deities who are supposed to get salvation definitely after crossing one birth or *Bhav.*
पांचवे ब्रह्म स्वर्ग के अंत में रहने वाले लौकांतिक देव; जिनके संसार या लोक का अंत निकट है वे लौकांतिक हैं। ये देव दीक्षा कल्याणक के समय तीर्थंकर भगवान की दीक्षा की भावना की अनुमोदना करने आते हैं। ये अखंड बाल ब्रह्मचारी होते हैं तथा सदैव तत्त्व चर्चा में निमग्न रहते हैं। ये एक भव धारण करके नियम से मोक्ष जाते हैं। ये देवर्षि भी कहलाते हैं।

लौकिक – *Laukika.*
Worldly behaviour, knowledge etc.
व्यवहारिक (व्यवहार में प्रयुक्त होने वाला ज्ञान क्रिया आदि)।

लौकिक क्रिया – *Laukika Kriyā.*
Worldly activities or involvement.
संसार में की जाने वाली व्यवहारिक क्रियाएं।

लौकिक गणना – *Laukika Gaṇanā.*
A type of worldly mathematical calculations.
गणना प्रमाण के दो भेदों में एक भेद।

लौकिक मंगल – *Laukika Maṁgala.*
All auspicious significant articles - filled pitcher, white mustard, mirror etc.
श्वेत सरसों, भरा हुआ कलश, वन्दनमाला, छत्र, दर्पण आदि।

लौकिक मूढ़ता – *Laukika Mūṛhatā.*
See - *Loka Mūṛhatā.*
देखें - लोक मूढ़ता।

लौकिकवाद – *Laukikavāda.*
A doctrine of customary and worldly truth, A synonym of Shrutgyan (scriptural knowledge).
जिसके द्वारा लोक का कथन किया जाता है वह सिद्धांत, श्रुतज्ञान का एक पर्यायवाची नाम।

लौकिक शरण – *Laukika Śaraṇa.*
The worldly shelter of powerful one (i.e. God, ruler etc.).
राजा, देवता आदि की शरण। जीव, अजीव, मिश्र इसके तीन भेद हैं।

लौकिक शास्त्र – *Laukika Śāstra.*
Compositions providing worldly knowledge.
व्याकरण, गणित आदि लौकिक शास्त्र हैं।

लौकिक शुचि – *Laukika Śuci.*
Eight particular means of worldly purities.
लोक व्यवहार शुद्धि-काल, अग्नि, भस्म, मृत्तिका, गोबर, पानी, ज्ञान और निर्विचिकित्सा-ग्लानिरहितपना ये ८ प्रकार की वस्तुओं से व्यवहार में शुद्धि की जाती है। जैसे मिट्टी से हाथ धोना, गोबर से जमीन लीप कर शुद्ध करना आदि।

लौकिक संगति – *Laukika Saṁgati.*
Worldly relationship.
लौकिक जनों का संसर्ग या सांसारिक असंयमी जनों की संगति। संयमीजनों के लिए असंयमीजनों की संगति निषिद्ध मानी गई है।

लौकिक सुख – *Laukika Sukha.*
Worldly enjoyments or pleasures.
संसारिक विषय भोगों से प्राप्त होने वाला क्षणिक सुख।

व

व – *Va.*
The 29th consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का उन्तीसवाँ व्यंजन, इसका उच्चारण स्थान दंत्य अथवा दंत्यौष्ठ माना जाता है।

वंग – *Vaṁga.*
Name of a country of eastern *Bharat Kshetra* (region).
भरतक्षेत्र की पूर्व दिशा का एक देश। दिग्विजय के समय यहाँ के राजा ने हाथी भेंट में देकर भरतेश को नमस्कार किया था।

वंगा – *Vaṁgā.*
Name of a river of middle *Arya Khand* (region).
मध्य आर्यखण्ड की एक नदी।

वंचन – *Vaṁcana.*
Name of a *Patal* (layer) of *Saudharma Ishan* heaven.
सौधर्म ईशान स्वर्ग के ३१ स्वर्ण पटलों में ११वां पटल इसका अपर नाम चंचत् और चंचल भी है।

वंचना – *Vaṁcanā.*
Deceit, deceiving, deception, cheating.
ठगना, माया, आत्मा का कुटिल भाव; इसका ही दूसरा नाम निकृति या वंचना है।

वंदन – *Vaṁdana.*
Reverential greeting.
नमस्कार।

वंदनमाला – *Vaṁdanamālā.*
An auspicious article, garland of flowers (to be hung at a door).
लौकिक मंगलों में एक मंगल : २४ तीर्थंकर वंदनीय होते हैं, इसलिए भरत चक्रवर्ती ने २४ कलियों वाली वंदनमाला मुख्य दरवाजे पर लगवाई थी। वर्तमान में भी मंदिरों के दरवाजों पर वंदनमाला लगाने की परंपरा है।

वंदना – *Vaṁdanā.*
A type of scriptural knowledge related to description of prayer of Lord Arihant, Reverential greeting (bowing) or eulogical prayer.
श्रुतज्ञान अंगबाह्य का एक भेद; इसमें एक तीर्थंकर संबंधी और उन तीर्थंकर के अवलम्बन से जिनालय संबंधी वंदना का वर्णन है, साधुओं के ६ आवश्यक में एक आवश्यक (कृतिकर्म), तीर्थंकर की स्तुति करना वंदना कहलाती है।

वंदना मुद्रा – *Vaṁdanā Mudrā.*
Standing posture of paying reverence by raised & folded hands with joined palms.
मुद्रा के ४ भेदों में एक भेद; खड़े होकर दोनों कुहनियों को पेट के ऊपर रखना और दोनों हाथों को मुकुलित कमल के आकार में बनाना।

वंदनीय – *Vaṁdanīya.*
Praiseworthy, Worthy of honour, Adorable.
विनय, नमस्कार के योग्य।

वंद्य – *Vaṁdya.*
Praiseworthy, worthy of honour, Adorable.
पूज्य।

वंश – *Vaṁśa.*
A dynasty, a lineage, a family line.
ऐतिहासिक-पौराणिक कुल परम्परा।

वंशपत्र (योनि) – *Vaṁśapatra (Yoni).*
A type of female genital organ.
योनि के ३ भेदों में एक भेद; बांस के पत्ते के समान लम्बी योनि इस योनि से साधारण मनुष्य ही उत्पन्न होते हैं।

वंशा – *Vaṁśā.*
The other name of Sharkaraprabha, the 2nd land of hell.
शर्कराप्रभा नामक दूसरी नरकभूमि का रूढ़ नाम।

वंशाल – *Vaṁśāla.*
Name of a city of the northern Vijayardh mountain, Name of a system of super power.
विजयार्ध पर्वत के उत्तर श्रेणी का एक नगर, नमि विनमि विद्याधरों को प्राप्त आठ विद्या निकायों में छठा विद्या-निकाय।

व – *Va.*
A symbol for *Jaghanya Vargana.*
सहनानी; जघन्य वर्गणा की सहनानी।

वकुश (साधु) – *Vakuśa (Sādhu).*
A type of Jaina saints having attachment with articles they are possessing.
निर्ग्रन्थ साधु के ५ भेदों में से एक भेद; जिनके मूलगुण निर्दोष हों किन्तु शरीर, पिच्छी आदि उपकरणों से जिन्हें मोह हो।

वकुश – *Vakuśa.*
Jaina saints with attachments.
चितकबरा; जैसे सफेद पर काले धब्बे होते हैं वैसे ही मुनिगण जिनके निर्मल आचार (चारित्र) में शरीर आदि का मोह धब्बे की तरह होता है।

वक्कज – *Vakkaja.*
A kind of cloths made by bark etc.
वस्त्र के ५ भेदों में एक भेद; वृक्ष या बेल आदि की छाल से उत्पन्न वस्त्र।

वक्तृत्व – *Vaktṛtva.*
Eloquence, Art of fluent speech.
वक्तापन, भाषण।

वक्तव्य – *Vaktavya.*
Speech, utterance, communique.
कहे जाने या बोले जाने के योग्य। प्रकथन योग्य।

वक्ता – *Vaktā.*
Orator, Speaker, Instructor, One well-Versed in scriptures.
शास्त्रों का व्याख्याता; सर्वज्ञ तीर्थंकर केवली, श्रुतकेवली और आरातीय आचार्य वक्ता के तीन भेद हैं। सामान्यरूप से किसी भी भाषण करने वाले को भी वक्ता कहते हैं।

वक्रग्रीव – *Vakragrīva.*
The other name of *Acharya* Kund-Kund, Name of another great *Acharya* also.
आचार्य कुन्दकुन्द का अपरनाम, अंगांशधारियों की परम्परा में एक आचार्य (ई.श. १२)।

वक्रांत – *Vakrāṁta.*
Name of a dwelling place of a hellish earth (*Ratnaprabha*).
रत्नप्रभा पृथिवी के ११वें प्रस्तर का इन्द्रक बिल।

वक्षार – *Vakṣāra.*
Particular 16 mountains in *Videh Kshetra* (region).
विदेह के ३२ क्षेत्रों को विभाजित करने वाले अनादिनिधन १६ पर्वत।

वचन – *Vacana.*
Speech, language, words.
बोलना, भाषा; वचन सत्य, असत्य, उभय, अनुभय के भेद से ४ प्रकार के हैं। अभ्याख्यान, कलह, पैशून्य, प्रलाप आदि के भेद से १२ भेद भी हैं।

वचन (अनृत) – *Vacana (Anṛta).*
False speech or words.
असत्य वचन; मर्मच्छेदी, कलहकारी, हास्य, भय, लोभ, क्रोध, द्वेष आदि को उत्पन्न करने वाले वचन।

वचन (अनालोच्य) – *Vacana (Anālocya).*
False interpretation of something.
असत्य वचन के ४ भेदों में एक भेद; विपरीत सत् पदार्थ का प्रतिपादन करना। जैसे-बैल है उसका विचार न कर यहां घोड़ा है ऐसा कहना।

वचन (अभूतोद्भावन) – *Vacana (Abhūtodbhāvana).*
A type of false speech (to say existence of non-existent things).
असत्य वचन के ४ भेदों में दूसरा भेद; जो नहीं है उसको है कहना। जैसे-देवों की अकाल मृत्यु नहीं है फिर भी उनकी अकाल मृत्यु बताना।

वचन (असूनृत) – *Vacana (Asūnṛta).*
Coarse or Vulgar language.
असत्य वचन के ४ भेदों में अंतिम भेद; निंद्य, अप्रिय, पापयुक्त वचन बोलना।

वचन (ऋत) – *Vacana (Ṛta).*
True speech or words.
ऋत अर्थात् सत्य वचन।

वचन (सत्प्रतिषेध) – *Vacana (Satpratiṣedha).*
Speech with negation of truth.
असत्य वचन के ४ भेदों में प्रथम भेद; अस्तित्वरूप पदार्थ का निषेध करना। जैसे-मनुष्यों की अकाल में मृत्यु नहीं है ऐसा कहना।

वचनगुप्ति – *Vacanagupti.*
Controlling of the speech.
गुप्ति के ३ भेदों में एक भेद; वचनों को वश में करना।

वचन गोचरातीत – *Vacana Gocarātīta.*
That which can not be expressed in words.
जिसका वचन के द्वारा कथन न किया जा सके। जैसे अरिहंत भगवान के अनंत गुणों का वचनों के द्वारा वर्णन करना अशक्य है।

वचननिर्विष ऋद्धि – *Vacananirviṣa Ṛddhi.*
A type of supernatural power causing something poisonous into poisonless.
ऋद्धि का एक भेद; जिसके प्रभाव से रोग और विष से युक्त जीव या भोजन भी ऋषि-वचन द्वारा निर्विष हो जाते हैं।

वचन पथ – *Vacana Patha.*
Theory of different viewpoints.
वचनमार्ग; कहने के जितने मार्ग हैं उतने ही नयवाद अर्थात् नय के भेद हैं।

वचन (परुष) – *Vacana (Paruṣa).*
Cruel or harsh language.
असत्य वचन; अहितकारी,कठोर, मर्मच्छेदी वचन।

वचन प्रत्याख्यान – *Vacana Pratyākhyāna.*
Utterance for not repeating something wrong.
प्रत्याख्यान (त्याग) का एक भेद; मैं भविष्य में अपने व्रतों में अतिचार नहीं लगाऊँगा ऐसा बोलना।

वचन प्रयोग कर्म – *Vacana Prayoga Karma.*
A type of Prayog Karma (pertaining to speech).
प्रयोग कर्म के तीन भेदों में एक-जो संसार अवस्था में स्थित जीवों के और सयोग केवलियों के होता है।

वचनप्रवृत्ति – *Vacana Pravṛtti.*
Speaking activities.
जीव की बोलने हेतु प्रयत्न रूप क्रिया या प्रवृत्ति।

वचनप्राण – *Vacanaprāṇa.*
Power of speech.
जीव के १० प्राणों में से एक प्राण; जीव की वचन व्यापार में कारणभूत योग्यता या शक्ति।

वचनबल – *Vacanabala.*
See - *Vacanaprāṇa.*
देखें - वचनप्राण।

वचनबल ऋद्धि – *Vacanabala Ṛddhi.*
A type of supernatural power of speech.
बल ऋद्धि का एक भेद; जिसके प्रभाव से साधु श्रमरहित होता हुआ एक मुहूर्त काल में द्वादशांग को जानता व उसका उच्चारण करता है।

वचनयोग – *Vacanayoga.*
Vibration in soul-points because of speech.
योग के तीन भेदों में एक भेद; वचन के निमित्त से आत्मप्रदेशों में होने वाला परिस्पंदन ।

वचनवंदना – *Vacana Vaṁdanā.*
Expressing reverential greetings by speech.
साधुओं का एक कृतिकर्म; पंच परमेष्ठी के गुणों का वचनों के द्वारा महत्व प्रगट करना ।

वचन विवेक – *Vacana Viveka.*
Wiseful speaking, Conscious speech.
विवेक का एक भेद; क्रोधादि कषाय उत्पन्न होने पर मैं मारूंगा इत्यादि वचन का प्रयोग न करना ।

वचनशुद्धि – *Vacana Śuddhi.*
Polite & wise speech.
पीड़ादायक, कठोर या असभ्य वचन नहीं बोलना तथा हित मित मधुर वचन बोलना ।

वचनातीत – *Vacanātīta.*
See - *Vacanagocarātīta.*
देखें - वचनगोचरातीत ।

वचनालाप – *Vacanālāpa.*
Uttering or speaking .
बोलना ।

वज्र – *Vajra.*
Name of the 1st & 68th chief disciples of Lord Abhinandannath & Lord Adinath respectively, A thunderbolt, stroke of lightening.
तीर्थंकर अभिनंदननाथ के प्रथम एवं भगवान आदिनाथ के ६८वें गणधर का नाम, एक अस्त्र-इसकी मार से पर्वत भी चूर-चूर हो जाता है ।

वज्रकांड – *Vajrakāṁḍa.*
Name of the bow of Bharat Chakravarti (an emperor).
भरत चक्रवर्ती के धनुष का नाम ।

वज्रघोष – *Vajraghoṣa.*
One who was soul of Lord Parshvanath & became an elephant after killed by Kamath.
तीर्थंकर पार्श्वनाथ का जीव जो कमठ द्वारा मारा जाने पर सल्लकी वन में वज्रघोष हाथी हुआ ।

वज्रचमर – *Vajracamara.*
Name of the first chief disciple of Lord Padmaprabhu.
तीर्थंकर पद्मप्रभु के प्रथम गणधर, अपरनाम वज्रचामर था ।

वज्रजंघ – *Vajrajaṁgha.*
Past-birth (8th) name of Lord Rishabhdev, Name of a king in whose palace Lav & Kush were born, Name of a descendant of *Vidyadhar* Nami.
१. तीर्थंकर वृषभदेव के आठवें पूर्वभव का जीव, जबकि उन्होंने अपनी रानी श्रीमती के साथ जंगल में युगलिया मुनियों को आहार दिया था। इस आहारदान के प्रभाव से वज्रजंघ का जीव भोगभूमि में उत्पन्न हुआ और अंत में तीर्थंकर ऋषभदेव की पर्याय में रानी श्रीमती का जीव जो कि राजा श्रेयांस हुआ था, उससे प्रथम आहार (इक्षु रस) प्राप्त किया। २. पुण्डरीकपुर के राजा जिसके घर पर परित्यक्त अवस्था में सीता ने लव और कुश को जन्म दिया था। ३. विद्याधर नमि का वंशज ।

वज्रतुंडा – *Vajratuṁḍā.*
A super power possessed by Bharat Chakravarti (an emperor) & by Lord Arahnath.
चक्रवर्ती भरत की एक शक्ति, यह शक्ति तीर्थंकर अरनाथ के पास भी थी ।

वज्रदंड– *Vajradaṁḍa.*
The symbol of Lord Dharmanath.
भगवान धर्मनाथ का चिन्ह ।

वज्रदंत – *Vajradaṁta.*
Past-birth father of Lord Vasupujya, Father-in-law of Vajrasangh, the *Chakravarti* (emperor) of *Pundrikini* city.
तीर्थंकर वासुपूज्य के पूर्वभव के पिता, पुण्डरीकिणी नगर के चक्रवर्ती वज्रसंघ का श्वसुर ।

वज्रधर – *Vajradhara.*
Name of the 11th *Tirthankar* (Jaina-Lord) of *Videh* region.
विदेह क्षेत्र में स्थित २० तीर्थंकरों में ११वें तीर्थंकर। चिन्ह शंख, पिता पद्मरथ एवं माता का नाम सरस्वती है ।

वज्रनंदि – *Vajranaṁdi.*
Name of a disciple of Gunnandi of *Nandi* group and a disciple of *Acharya* Pujyapad who established *Dravid* group.
नंदिसंघ बलात्कारगण के अनुसार गुणनंदि के शिष्य तथा कुमारनंदि के गुरु। समय-ई. ४४२-४६४, आचार्य पूज्यपाद के शिष्य। गुरु से बिगड़कर द्रविड़संघ की स्थापना की। कृतियां-नवस्तोत्र, प्रमाण ग्रंथ ।

वज्रनाभि – *Vajranābhi.*
Past-birth soul of Lord Rishabhdev & Lord Parshvanath, Past-birth name of Lord Vimalnath's father, Name of a chief disciple of Lord Abhinandannath.
भगवान ऋषभदेव के तीसरे तथा भगवान पार्श्वनाथ के चौथे पूर्वभव का जीव, तीर्थंकर विमलनाथ के पूर्वभव के पिता, भगवान अभिनंदननाथ के एक गणधर का नाम ।

वज्रनाराचसंहनन – *Vajranārācasaṁhanana.*
An osseous structure.
६ सहननों में दूसरा संहनन, जिसमें वज्रमय हड्डियां दोनों ओर वज्रमय नाराच अर्थात् कील से जुड़ी होती हैं। यह नामकर्म की एक प्रकृति है ।

वज्रपंजरविधान – *Vajrapaṁjaravidhāna.*
Name of a treatise related to mystical theory.
मंत्र-तंत्र विषयक संस्कृत भाषा का एक ग्रंथ ।

वज्रपंजरस्तोत्र – *Vajrapaṁjara Stotra.*
A protecting spiritual hymn.
पंचपरमेष्ठी की स्तुति रूप एक रक्षा स्तोत्र ।

वज्रबाहु – *Vajrabhāhu.*
The son of *Vidyadhar* Vinami, A king of the stream of king Vasu.
विद्याधर विनमि का पुत्र, इसकी बहिन सुभद्रा चक्रवर्ती भरत के १४ रत्नों में एक स्त्री रत्न थी, राजा वसु की परम्परा में राजा दीर्घबाहु का पुत्र ।

वज्रमध्य व्रत – *Vajramadhya Vrata.*
A specified & procedural fasting.
एक व्रत; इसमें कुल २९ उपवास और ९ पारणाएं की जाती हैं। विशेष विधि व्रत विधान संग्रह में देखें ।

वज्रमूल – *Vajramūla.*
The other name of *Sumeru* mountain.
सुमेरु पर्वत का एक अपर नाम।

वज्र-ऋषभनाराच संहनन –
Vajra-Ṛsabhanārāca Saṁhanana.
An osseous structure, a type of bone joints (*Karmas* making body very strong).
६ संहननों में प्रथम संहनन, जिस कर्म के उदय से शरीर में वज्र के समान नसों का जाल, कीलें व हड्डियां होती हैं। तीर्थंकर आदि तद्भव मोक्षगामी जीवों के यह संहनन होता हैं ।

वज्रवर – *Vajravara.*
Name of the 9th island & ocean of middle universe.
मध्यलोक का द्वीप व समुद्र ।

वज्रश्रृंखला – *Vajraśraṁkhalā.*
Name of the female demigod of Lord Abhinandannath, Name of a super power.
भगवान् अभिनंदन की शासन देवी, एक विद्या ।

वज्रसार – *Vajrasāra.*
Name of the 69th chief disciple of Lord Rishabhadev.
भगवान् ऋषभदेव के ८४ गणधरों में ६९वें गणधर ।

वज्रांकुशा – *Vajrāṁkuśā.*
Name of a super power.
एक विद्या ।

वज्रा पृथिवी – *Vajrā Pṛthivī.*
An earth of middle universe.
मध्यलोक की एक पृथिवी ।

वज्रार्गल – *Vajrārgala.*
Name of the 13th city of southern *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की दक्षिणश्रेणी का १३वां नगर ।

वट वृक्ष – *Vaṭa Vṛkṣa.*
The Banyan tree under which Lord Rishabhdev got initiated and obtained omniscience.
बरगद का पेड़, तीर्थंकर वृषभदेव का दीक्षा एवं केवलज्ञान वृक्ष। युग के आदि में भगवान ऋषभदेव ने प्रयाग (इलाहाबाद) में वटवृक्ष के नीचे जैनेश्वरी दीक्षा ली थी। आज भी प्रयाग के मिलिट्री क्षेत्र में स्थित अक्षयवटवृक्ष भगवान के दीक्षा एवं केवलज्ञान वृक्ष के रुप में मान्य है ।

वट्टकेर – *Vaṭṭakera.*
Another name of Kund-Kund *Acharya,* who wrote Moolachar Granth (a treatise).
आचार्य कुंदकुंद का अपरनाम जिन्होंने मूलाचार ग्रंथ की रचना की। समय - ई. स.१२७-१७९ ।

वड्ढमाणचरिउ – *Vaḍḍhamāṇacariu.*
Name of a treatise written by poet Shridhar.
कवि श्रीधर (ई.श. १२ का उत्तरार्ध) कृत १० संधियों वाला अपभ्रंश काव्य ग्रंथ ।

वणिक् कर्म – *Vaṇik Karma.*
Business activities.
मन, वचन, काय तीनों के व्यापार में प्रवृत्ति होना ।

वत्स – *Vatsa.*
Dear child, A country of Bharat Kshetra middle Arya Khand (region), The former country where Kaushambi, the birth place of Lord Padmaprabh was situated, Name of a country of eastern *Videh Kshetra* (region).
बालक के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला एक प्रिय उद्बोधन, भरतक्षेत्र मध्य आर्यखण्ड का एक देश, भगवान् पद्मप्रभ की जन्म नगरी कौशाम्बी जिस देश में स्थित थी उसका विशेष नाम, पूर्व विदेह क्षेत्र का एक देश ।

वत्सा – *Vatsā.*
Name of a country of *Videh Kshetra* (region).
जम्बूद्वीप के विदेहक्षेत्र में सीता नदी और निषध पर्वत के मध्य स्थित आठ देशों में प्रथम देश ।

वत्सावती – *Vatsāvatī.*
A region of eastern Videh Kshetra (region), Name of a summit of Vaishravan Vakshar (mountain) in eastern Videh Kshetra (region) & its female divinity.
पूर्व विदेह का एक क्षेत्र, पूर्व विदेह के वैश्रवण वक्षार का एक कूट व उसकी स्वामिनी देवी ।

वदन – *Vadana.*
First term in Arithmatical series.
मुख (अंक गणितीय श्रेणी का प्रथम पद) ।

वध – *Vadha.*
Killing, Beating violently.
मारना-हिंसा करना (आयु, इन्द्रिय, श्वासोच्छ्वास का जुदा कर देना), अहिंसाणुव्रत का एक अतिचार; दण्ड आदि से मारना पीटना। यहां वध का अर्थ प्राणों का वियोग करना नहीं लिया है ।

वध परिषहजय – *Vadha Pariṣahajaya.*
To forbear the violent behaviour of other with equanimity (an affliction).

तीक्ष्ण अस्त्र-शस्त्र आदि के द्वारा घात किये जाने पर मारने वाले के प्रति साधु द्वारा आक्रोश न कर समता भाव से सहन करते रहना ।

वध्यघातक – *Vadhyaghātaka.*
Contradictory relation pertaining to destruction.
विरोध के तीन भेदों में प्रथम भेद; वध्यघातक भाव विरोध जो सर्प-नेवले, अग्नि-जल आदि में होता है। संबंध के अनेक भेदों में एक भेद ।

वनखंड – *Vanakhaṁḍa.*
Forest.
जंगल अथवा भद्रशाल आदि वनों को भी वनखंड संज्ञा है जो कि बहुत सुंदर बगीचे हैं ।

वनजीविका – *Vanajīvikā.*
Livelyhood by forest products.
सावद्य, खरकर्म के १५ भेदों में एक भेद; स्वयं टूटे हुए अथवा तोड़कर वृक्ष आदि वनस्पति को बेचना आदि ।

वनभूमि – *Vanabhūmi.*
A land of natural temples with temple-trees (Chaitya Vriksh).
अकृत्रिम चैत्यालयों की एक भूमि जिसमें चैत्यवृक्ष होते हैं ।

वनस्पति (काय) – *Vanaspati (Kāya).*
Vegetation (one-sensed beings), Vegetable bodied.
वनस्पति एकेन्द्रिय जीव के द्वारा छोड़ा गया शरीर ।

वनिता – *Vanitā.*
A wowan, lady.
स्त्री, नारी, महिला ।

वपुः स्पर्श – *Vapuḥ Sparśa.*
Touching the body organs (a fault of meditative relaxation).
व्युत्सर्ग (कायोत्सर्ग) का एक दोष; शरीर को इधर-उधर स्पर्श करते हुए कायोत्सर्ग करना ।

वप्पिला – *Vappilā.*
Mother's name of Lord Naminath.
तीर्थंकर नमिनाथ की माता का नाम। अपरनाम वर्मिला ।

वप्र – *Vapra.*
A country of western *Videh Kshetra* (region), Name of a summit of *Chandragiri Vakshar* (mountain) & its deity.
पश्चिम विदेह का एक देश, चन्द्रगिरि वक्षार का एक कूट व उसका स्वामीदेव ।

वप्रकावती – *Vaprakāvatī.*
A country of western *Videh Kshetra* (region), Name of a summit of *Vakshargiri* (mountain) & its female divinity.
पश्चिम विदेहक्षेत्र स्थित एक देश, वक्षारगिरि का कूट तथा स्वामिनी देवी ।

वप्रा – *Vaprā.*
Name of a country of western Videh Kshetra (region).
पश्चिम विदेहक्षेत्र का एक देश। विजया नगरी यहां की राजधानी है ।

वमन – *Vamana.*
Vomiting, a kind of obstacle in the food-taking of saints.
आहार संबंधी एक अंतराय; आहार करते समय साधु को वमन हो जाना यह छर्दि नाम का अंतराय है ।

वय – *Vaya.*
Age, life duration.
उम्र, अवस्था ।

वयोपेक्षा विवर्जन – *Vayopekṣā Vivarjana.*
Disruption of meditative relaxation due to old age (a fault).
व्युत्सर्ग का एक दोष; वृद्धावस्था के कारण कायोत्सर्ग को छोड़ देना ।

वयोवृद्ध – *Vayovṛddha.*
Old persons, Aged or senior.
उम्र में बड़े; वृद्ध लोगों की संगति सेवा से अनुभव चारित्र आदि में वृद्धि होती है, मन निर्लेप होता है ।

वरचंद्र – *Varacaṁdra.*
Name of the 6th predestined *Balbhadra,* Name of the son of Lord Chandraprabh in His worldly life.
आगामी छठा बलभद्र, तीर्थंकर चन्द्रप्रभ का पुत्र, इसे राज्य सौंपकर ही वह दीक्षित हुए थे ।

वरतनु (द्वीप) – *Vartanu (Dvīpa).*
Name of an island of *Lavan* & *Kalod* oceans.
लवण तथा कालोदसागर का अन्तर्दीप ।

वरदत्त – *Varadatta.*
Name of the first chief disciple of Lord Neminath.
तीर्थंकर नेमिनाथ के प्रथम गणधर ।

वरधर्म – *Varadharma.*
Past-birth-father of Lord Mallinath, Name of a saint possessing super power.
तीर्थंकर मल्लिनाथ के पूर्वभव के पिता का नाम, एक चारणऋद्धिधारी मुनि; जीवंधर ने इन्हीं से व्रत लिए थे ।

वरसेना – *Varasenā.*
Name of the chief Aryika (Ganini) in the holy assembly of Lord Vasupujya.
भगवान् वासुपूज्य के समवशरण में मुख्य आर्यिका (गणिनी)। अपरनाम, सेनार्या, सेना ।

वरांगचरिउ – *Varāṁgacariu.*
Name of an *Apbhransh* (an ancient language) treatise.
कवि तेजपाल कृत अपभ्रंश ग्रंथ। समय - ई.स.-१४५० ।

वरांग चरित्र – *Varāṁga Caritra.*
Name of the books written by *Acharya* Jatasinhnandi & by *Bhattarak* Varddhaman.
आचार्य जटासिंहनंदी कृत एक काव्य, वर्द्धमान भट्टारक कृत संस्कृत ग्रंथ ।

वराटक – *Varāṭaka.*
A small shell, a cowrie (used as coin).
कौड़ी-दो इन्द्रिय (स्पर्शन, रसना) जीव ।

वराटक कर्म – *Varāṭaka Karma.*
A religious act of name installation (related to a small shell or cowrie).
कौड़ियों (कपर्दिका) में स्थापना निक्षेप करना ।

वराह – *Varāha.*
Rhinoceros, significant symbol of Lord Shreyansnath, Name of a city in the north of *Vijayardh* mountain.
गैंडा, भगवान् श्रेयांसनाथ का चिन्ह, विजयार्ध की उत्तरश्रेणी का एक नगर ।

वरुण – *Varuṇa.*
Name of the 7th chief disciple of Lord Rishabhdev, Name of the protecting deity of Varunivardvip (an island), A weapon used against a particular fire weapon, A kind of Lokpal deities.
भगवान् वृषभदेव के सातवें गणधर, वारुणीवर द्वीप का रक्षक देव, एक अस्त्र जिससे आग्नेय अस्त्र का निवारण किया जाता है, लोकपाल देवों का एक भेद ।

वरुणकायिक – *Varuṇakāyika.*
A type of deities.
आकाशोपपन्न देवों के १२ भेदों में एक भेद ।

वरुना – *Varunā.*
Name of the chief *Aryika* (Ganini)in the assembly of Lord Chandraprabha.
भगवान चन्द्रप्रभ के समवशरण में मुख्य आर्यिका (गणिनी) । अपरनाम-वरुणा ।

वर्ग – *Varga.*
Square of some number (a mathematical operation; mutual multiplication of a number), Aggregate of indivisible space points (Pradesh).
किसी संख्या को उसी संख्या से परस्पर गुणा करना। जैसे २x२=४ इसे कृति भी कहते हैं, सबसे जघन्य गुण वाले प्रदेश के अविभागी प्रतिच्छेदों के समूह को वर्ग कहते हैं ।

वर्गण संवर्गण – *Vargaṇa Saṁvargaṇa.*
A type of particular mutual multiplication (a mathematical operation).
गणित; देय-विरलन संख्याओं को परस्पर गुणा करने से प्राप्त राशि ।

वर्गणा – *Vargaṇā.*
An aggregate of same molecules of some matter.
वर्गों के समूह को वर्गणा कहते हैं अथवा समान गुण वाले परमाणु पिण्ड को वर्गणा कहते हैं ।

वर्गणाशलाका – *Vargaṇāśalākā.*
Counting of variforms in the group of variforms. Variform *(Vargana)* means aggregate grouping of *Karmic* molecules.
एक स्पर्धक की जो वर्गणाओं का प्रमाण है वह वर्गणा शलाका है ।

वर्गधारा – *Vargadhārā.*
A type of mathematical series.
श्रेणी व्यवहार गणित की सर्वधारा आदि १४ धाराओं में एक; १, ४, ९, १६ ($१^२$, $२^२$, $३^२$, $४^२$) ....

वर्गमूल – *Vargamūla.*
Square root of any number (a mathematical operation).
गणित संबंधी; किसी वर्गफल के दो बराबर गुणनखंडकरना ।

वर्गशलाका – *Vargaśalākā.*
A mathematical operation.
दो की संख्या का वर्ग जितनी बार हो उस राशि का नाम। जैसे-१६ की वर्ग शलाका २ है, क्योंकि २ का वर्ग ४, ४ का वर्ग १६।

वर्गशलाका राशि – *Vargaśalākā Rāśi.*
Desired resultant quantity of Log_2 Log_2 (a mathematical operation).
दो के वर्ग से लेकर जितनी बार की राशि विवक्षित हो उतनी वर्गशलाका राशि जानना ।

वर्ग समीकरण – *Varga Samīkaraṇa.*
Quadratic equation.
$ax^2 + bx + c = 0$, इस तरह का एक गणितीय संबंध ।

वर्गित संवर्गित – *Vargita Saṁvargita.*
Raising a number to its own power.
विरलन-देय से प्राप्त संख्याओं को परस्पर गुणा कर देने से उस संख्या का वर्गित संवर्गित प्राप्त होता है ।

वर्ण – *Varṇa.*
Colour, Sect or caste, Word.
रंग, जाति, अक्षर ।

वर्णचतुष्क – *Varṇacatuṣka.*
A quartet of physical *Karmic* nature.
नामकर्म की कर्म प्रकृतियां : वर्ण, रस, गंध, स्पर्श ।

वर्णमातृका – *Varṇamātṛkā.*
A type of meditation related to the installation of syllables in the body.
पदस्थ ध्यान; एक प्रक्रिया जिसमें शरीर में यथायोग्य स्थानों पर स्वर-व्यंजन अक्षरों को स्थापित करके ध्यान किया जाता है ।

वर्णलाभ क्रिया – *Varṇalābha Kriyā.*
A social tradition of separation from the family with the permission of parents after marriage of one, An auspicious activity of pursuasion of one's righteousness.

गर्भान्वय की १८वीं क्रिया; इसमें विवाह के बाद पिता की आज्ञा से धन-धान्य आदि सम्पदा प्राप्त करके पृथक् मकान में रहने की व्यवस्था करनी होती है, दीक्षान्वय की एक क्रिया-इसमें अपने सम्यक्त्वी होने का श्रावकों को विश्वास कराया जाता है।

वर्णविभाग – *Varṇavibhāga.*
Four classes into which Indo-Aryan society was early divided.
वर्णव्यवस्था या वर्णभेद; क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, ब्राह्मण ।

वर्तना – *Vartanā.*
Continuous inperceptible minute changes in any matter.
द्रव्य के प्रति समय होने वाले परिवर्तन अर्थात् प्रत्येक द्रव्य प्रत्येक पर्याय में प्रति समय जो स्वसत्ता की अनुभूति करता है।

वर्तमान काल – *Vartamāna Kāla.*
Period of present time.
चल रहा समय, विवक्षित पर्याय के प्रारम्भ से अन्त होने तक का काल। यह दो प्रकार है-सूक्ष्म-एक समयमात्र, स्थूल- अन्तर्मुहूर्त से लेकर संख्यात वर्ष तक ।

वर्तमान ग्राही नय – *Vartamāna Grāhī Naya.*
A standpoint believing the present mode (*Paryay*).
ऋजुसूत्र नय, जो भूत भावि पर्यायों को छोड़कर वर्तमान पर्याय को ही ग्रहण करता है ।

वर्तमान नैगम नय – *Vartamāna Naigama Naya.*
A standpoint describing completeness for an uncompleted work, to say complete for an uncompleted work.
जो कार्य हो रहा हो, पूर्ण न हुआ हो तब भी कहना पूर्ण हो गया।

वर्द्धमान – *Varddhamāna.*
Another name of Lord Mahavira given by *Indras*, Name of a summit in the north of *Ruchakvar* mountain.
कीर्ति तथा गुणों से वृद्धिंगत होने के कारण इन्द्र द्वारा प्रदत्त भगवान महावीर का अपरनाम, रूचकवर पर्वत की उत्तर दिशा का एक कूट ।

वर्द्धमानचरित्र – *Varddhamānacaritra.*
Name of a treatise related to the biography of Lord Mahavira.
तीर्थंकर महावीर के जीवनचरित से संबंधित एक संस्कृत ग्रंथ ।

वर्द्धमानचारित्र – *Varddhamānacāritra.*
Name of a great treatise (epic) written by a great poet Asag.
शक सं. ९१० के महाकवि असग द्वारा लिखित १८ सर्ग प्रमाण हिन्दी महाकाव्य ।

वर्द्धमान महावीर – *Varddhamāna Mahāvīra.*
Name of the 24th *Tirthankar* (Jaina-Lord).
वर्तमान चौबीसी के अंतिम २४वें तीर्थंकर। कुण्डलपुर के राजा सिद्धार्थ एवं महारानी त्रिशला के पुत्र। इनकी आयु ७२ वर्ष थी एवं इनके ११ गणधर थे ।

वर्द्धमान यंत्र – *Varddhamāna Yaṁtra.*
A metallic plate engraved with some auspicious mystic words (*Mantras*).
विभिन्न रेखाकृतियों में विशिष्ट अक्षर-मंत्रों द्वारा चित्रित किया गया एक यंत्र ।

वर्द्धमानसागर (मुनि) – Varddhamānasāgara (Muni).
Name of a Digambar Jain saint, the disciple of Charitra Chakravarti Acharya Shri Shantisagar ji Maharaj and the elder brother of his household life .
चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के गृहस्थावस्था के बड़े भाई, जिन्हें अत्यन्त पुरुषार्थपूर्वक आचार्यश्री ने घर से निकालकर मुनिदीक्षा प्रदान कर मोक्षमार्ग में लगाया। ये अत्यन्त निस्पृह वृत्ति के साधु हुए हैं। समय-ई. श. २० ।

वर्धमानसागर (आचार्य) – *Vardhamānasāgara (Ācārya).*
Name of a Digambar Jain Acharya, the disciple of Acharya Dharmasagar Maharaj in the tradition of Charitra Chakravarti Acharya Shri Shantisagar ji Maharaj.
चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर महाराज की परम्परा के एक वर्तमान आचार्य। इन्होंने सन् १९६७ में पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से गृहत्याग कर उनसे धार्मिक ग्रंथों का गहन अध्ययन किया एवं उनकी ही प्रेरणा से आचार्य श्री धर्मसागर महाराज से मुनिदीक्षा ग्रहण की। सन् १९९० में आचार्य श्री अजितसागर महाराज की समाधि के पश्चात् चतुर्विध संघ ने १० जून १९९० को परम्परा के वयोवृद्ध मुनि आचार्यकल्प श्री श्रेयांससागर महाराज को परम्परा के पंचम पट्टाचार्य पद पर अभिषिक्त किया, पुनः कतिपय साधु एवं श्रेष्ठियों ने २४ जून १९९० को मुनि वर्धमान सागर को द्वितीय पंचम पट्टाचार्य बना दिया, यहीं से इस अखण्ड आचार्य परम्परा में दो भेद हुए हैं ।

वर्धमानक – *Vardhamānaka.*
Name of the dancing hall of *Chakravarti* (emperor) Bharatesh.
चक्रवर्ती भरतेश की नृत्यशाला ।

वर्मिला – *Varmilā.*
Another name of mother of Lord Parshvanath.
भगवान् पार्श्वनाथ की माता वामा देवी का अपरनाम। इनका एक नाम ब्राह्मी भी आता है ।

वर्ष – *Varṣa.*
A period of 12 months, Area.
१२ मास अर्थात् दो अयन प्रमाण काल (अपरनाम संवत्सर), वर्ष का अर्थ 'क्षेत्र' भी होता है ।

वर्ष दशक – *Varṣa Daśaka.*
A time period of 10 years.
काल का एक प्रमाण विशेष। दस वर्ष का समय ।

वर्षधर – *Varṣadhara.*
Mountains like *Himvan* etc. are called *Varshdhar* because they cause in the division of areas.
हिमवान आदि पर्वतों के कारण क्षेत्रों का विभाग होने से इन पर्वतों को वर्षधर कहते हैं ।

वर्षलक्ष – *Varṣalakṣa.*
A time period of 1 lac years.
काल का प्रमाण; वर्षशतसहस्र (एक लाख वर्ष) ।

वर्षा ऋतु – *Varṣā Ṛtu.*
Rainy season.
६ ऋतुओं में एक ऋतु; बरसात का समय इसमें साधु वर्षायोग या चार्तुमास धारण करते हैं ।

वर्षायोग – *Varṣāyoga.*
Four months' rainy seasonal staying of Jaina saints at some particular place with particular restrictions.
चातुर्मास; जैन साधु-साध्वियों का वर्षाकाल (आषाढ शुक्ला चतुर्दशी से कार्तिक कृष्णा अमावस तक) में मुख्यत: जीव विराधना से बचने हेतु एक स्थान पर रहना। वर्षायोग संबंधी प्रतिष्ठापना व निष्ठापन की विशेष विधि होती है। (विशेष देखें-चतुर्मास) ।

वलय – *Valaya.*
Ring, circumference, circle.
परिधि, वृत्त ।

वलीक – *Valīka*
One of the omniscients in the assembly of Lord Mahavira.
भगवान् वीर के तीर्थ के १० अन्तकृत केवली में एक ।

वल्कल – *Valkala.*
Bark, skin of trees, A kind of believers in ignorantism.
वृक्षों की छाल, अज्ञानवादी के ६७ भेदों में एक भेद।

वल्गुप्रभ – *Valguprabha.*
Name of a heavenly abode of Kuber, Lokpal, a protecting deity.
कुबेर लोकपाल का विमान ।

वल्लभा – *Vallabhā.*
Beloved woman (famale divinity).
प्रिय स्त्री (देवों की मुख्य देवी) ।

वल्लभिका – *Vallabhikā.*
Beloved female divinities of *Indras* causing love.
इन्द्रों को प्रीति उत्पन्न करने वाली, अपनी विक्रिया, प्रभाव, रूप, स्पर्श से उन्हें रमाने वाली देवियां ।

वल्लरि छेदना – *Vallari Chedanā.*
Cutting of trees, Piercing the trees.
छेदना के १० भेदों में एक भेद; कुठार आदि द्वारा जंगल के वृक्ष आदि का खण्ड करना ।

वल्लिभूमि – *Vallibhūmi.*
The third land of *Samavasharan* (assembly of Lord).
समवशरण की तीसरी भूमि; अपरनाम लताभूमि, यह अनेकों क्रीड़ा पर्वतों व वापिकाओं आदि से शोभित है ।

वशवर्तिता – *Vaśavartitā.*
An example of power of Karmas, fruition of *Karmas* causing developments of sense organs.
कर्म की बलवत्ता का एक उदाहरण; नाम कर्मोदय की वशवर्तिता से इन्द्रियां उत्पन्न होती हैं ।

वशार्तमरण – *Vaśārtamaraṇa.*
A kind of death of one under all worldly panic desires.
आर्त्त रौद्र ध्यान सहित मरण। यह ४ प्रकार का हैं - इन्द्रियवशार्त, वेदनावशार्त, कषायवशार्त और नोकषायवशार्त ।

वशित्व ऋद्धि – *Vaśitva Ṛddhi.*
A kind of superpower (pertaining to the transformation of body form of beings).
जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु जीवसमूह को वश में करके उनका मनचाहा आकार आदि बनाने में सक्षम होते हैं ।

वशीकरण – *Vaśīkaraṇa.*
Empowerment, Enchantment, A mystical power.
एक मंत्र, एक विद्या ।

वश्य यंत्र – *Vaśya Yaṁtra.*
A special metallic plate engraved with mystic words & diagrams (pertaining to enchantment).
विशिष्ट अक्षर, मंत्र शब्दों एवं विभिन्न रेखाकृतियों से चित्रित किया गया एक यंत्र ।

वसंत – *Vasaṁta.*
Another name of *Sumeru* mountain.
सुमेरूपर्वत का अपरनाम ।

वसंतभद्र व्रत – *Vasaṁtabhadra Vrata.*
A specified and procedural fasting.
एक व्रत। इसमें क्रमशः ५, ६, ७, ८, ९ इस प्रकार २५ उपवास और बीच के स्थानों में एक-एक पारणा की जाती है ।

वसतिका – *Vasatikā.*
Hermitage, staying place of saints.
साधुओं के ठहरने का स्थान। ध्यान-अध्ययन के योग्य निर्दोष शून्य स्थान ही उसके लिये उपयुक्त है ।

वसा – *Vasā.*
Fat, Marrow, Grease.
मेद, चरबी, मज्जा। औदरिक शरीर की एक धातु। यह ३ अंजुलि प्रमाण रहती है ।

वसुंधरा – *Vasuṁdharā.*
Another name of earth, Name of a female divinity of *Ruchak* mountain.
पृथिवी का अपरनाम, रुचक पर्वत की एक दिक्कुमारी देवी ।

वसु – *Vasu.*
A type of heavenly deities (Laukantik), Name of a king who went to hell because of telling lie.

Eight in number.
लौकांतिक देवों का एक भेद, एक राजा का नाम जो झूठ बोलने के कारण नरक में गया, आठ की संख्या।

वसुदेव – *Vasudeva.*
Name of the 20th chief disciple of Lord Rishabhdev, Father of Lord Krishna.
भगवान वृषभदेव के २०वें गणधर, अंधकवृष्णि का पुत्र समुद्रविजय का भाई कृष्ण के पिता।

वसुधा – *Vasudhā.*
The earth.
पृथिवी। वसु अर्थात् द्रव्यों को धारण करने वाली पृथिवी वसुधा कहलाती है।

वसुधारक – *Vasudhāraka.*
Grainary or store house, one of the dominions of *Chakravarti* (emperor) Bharatesh.
चक्रवर्ती भरतेश की विभूति कोठार का नाम।

वसुनंदि – *Vasunaṁdi.*
Name of different *Acharyas* of *Nandi* group.
नंदिसंघ देशीयगण के एक आचार्य, जिनका अपरनाम जयसेन था। श्रावकाचार, प्रतिष्ठासार संग्रह, मूलाचार वृत्ति, आप्तमीमांसा वृत्ति, जिनशतक, वस्तु विद्या आदि के रचयिता। समय-ई.स. १०६८-१११८। इस नाम के और भी कई आचार्य हुए हैं।

वसुनंदि श्रावकाचार – *Vasunaṁdi Śrāvakācāra.*
Name of a treatise written by *Acharya* Vasunandi.
आचार्य वसुनंदि (ई. १०६८-१११८) कृत प्राकृत गाथाबद्ध ग्रंथ।

वसुपाल – *Vasupāla.*
Name of a great Jaina king of Magadh, who got many temples built at Abu mountains.
मगध का एक प्रसिद्ध जैन राजा जिसने आबू पर्वत पर ऐतिहासिक आश्चर्यकारी जिनमंदिरों का निर्माण कराया। समय-ई. ११९७।

वसुपूज्य – *Vasupūjya.*
Father's name of Lord Vasupujya.
तीर्थंकर वासुपूज्य के पिता। चम्पानगरी के राजा, जयावती इनकी रानी थी।

वसुमती – *Vasumatī.*
Another name of earth, Name of a river of Bharat Kshetra (region) & a city in the north of Vijayardh mountain.
पृथिवी का अपरनाम, भरतक्षेत्र आर्यखण्ड की एक नदी, विजयार्ध की उत्तरश्रेणी का एक नगर।

वसुमित्र – *Vasumitra.*
Name of the 36th chief disciple of Lord Rishabhdev, Name of the chieftain of *Shak* dynasty.
तीर्थंकर वृषभदेव के ३६वें गणधर। मगधदेश की राज्य वंशावली अनुसार यह शक जाति का सरदार था, अपरनाम बलमित्र अग्निमित्र का समकालीन था, समय-वी.नि. २८५-३४५।

वस्तु – *Vastu.*
A type of scriptural knowledge (Shrutgyan), Substance, Matter, Object.
श्रुतज्ञान के बीस भेदों में १७वां भेद। सत्ता, सत्व, द्रव्य, वस्तु आदि एकार्थवाची हैं।

वस्तुग्राही नय – *Vastugrāhī Naya.*
A standpoint-accepting of partial knowledge of something.
नय; अनेकांतात्मक वस्तु के अंश को ग्रहण करना।

वस्तुत्व – *Vastutva.*
Nature or reality of any matter or substance.
वस्तु के भाव को वस्तुत्व कहते हैं (वस्तु सामान्य विशेषात्मकपना)।

वस्तुविद्या – *Vastuvidyā.*
Name of a treatise written by *Acharya* Vasunandi
आचार्य वसुनंदि कृत एक ग्रंथ। समय - ई.श. ११।

वस्तुसमास – *Vastusamāsa.*
Name of the 18th part of scriptural knowledge (*Shrutgyan*).
श्रुतज्ञान के २० भेदों में १८वां भेद।

वस्तून ग्रह – *Vastūna Graha.*
One of the 88 planets.
ज्योतिष के ८८ ग्रहों में एक ग्रह।

वस्त्र – *Vastra.*
Clothes, Dress, Garments.
सिले हुए कपड़े, परिधान। ये ५ प्रकार के होते हैं-अंडज, वोंडज, रोमज, वक्कज, चर्मज।

वस्त्ररहित – *Vastrarahita.*
Unclothed, Nacked, Natural form of one.
अचेलकत्व; वस्त्ररहित होना यह दिगम्बर जैन साधुओं के २८ मूलगुणों में से एक मूलगुण हैं।

वस्त्रांग – *Vastrāṁga.*
A type of wishfulfilling trees providing desired clothes.
१० प्रकार के कल्पवृक्षों में एक प्रकार के वृक्ष जो इच्छित वस्त्र देते हैं।

वन्हि – *Vanhi.*
Fire, A special type of heavenly deities (Laukantik).
अग्नि, ब्रह्मलोक निवासी लौकांतिक देवों का भेद।

वांछा – *Vāṁchā.*
Desire, Longing, a type of passion.
इच्छा, अभिलाषा। इसे ही परिग्रह कहा गया है।

वाइम – *Vāima.*
A type of knitted material (as clothes, filter articles etc.)
द्रव्य निक्षेप का एक भेद। बुनने रूप क्रिया से सिद्ध हुए सूप, चालनी, कंबल, वस्त्र आदि द्रव्य।

वाक् (वचन) – *Vāk (Vacana).*
Different types of speech .
शुभ-अशुभ रूप बोलने अथवा उच्चारण करने की क्रिया।

वाक्छल – *Vākchala.*
A kind of deception (wrong opposition of speaker).
छल के तीन भेदों में एक भेद; वक्ता के विवक्षित अर्थ की जान-बूझकर उपेक्षा कर अर्थांतर की कल्पना करके वक्ता के वचन का निषेध करना।

वाक्शुद्धि – *Vākśuddhi.*
Renunciation of cruel speech or language controlling.
कठोर कर्कश वचनों का त्याग कर सावधानी पूर्वक बोलना। देखें-वचन शुद्धि।

वाक्य – *Vākya.*
Sentence (group of meaningful words).
पदों का समूह।

वाक्यप्रतिक्रमण – *Vākyapratikramaṇa.*
A kind of repentance (pronouncing for the committed faults).
किए हुए अतिचारों एवं सूत्रों का उच्चारण करना।

वागर्थसंग्रह – *Vāgarthasaṁgraha.*
Name of a treatise composed by the poet Parmeshthi containing the life sketch of 63 great personalities.
कवि परमेष्ठी कृत एक संस्कृत ग्रंथ। इसमें ६३ शलाका पुरूषों का वर्णन है।

वागभट्ट – *Vāgabhaṭṭa.*
Name of different poets.
कवि-१. नेमि निर्वाण काव्य (ई. स. १०७५-११२५), २. छन्दानुशासन, काव्यानुशासन के रचयिता (वि.श. १४ मध्यपाद)।

वाग्भट्ट संहिता – *Vāgbhaṭṭa Saṁhitā.*
Name of a treatise written by *Pandit* Ashadhar.
पं. आशाधर कृत न्याय का संस्कृत ग्रंथ। समय - वि. १२३०-१३००।

वाङ्मय – *Vāṁmaya.*
Combination of overall grammer, metre & figures of speech.
व्याकरण शास्त्र, छंद शास्त्र और अलंकार शास्त्र इन तीनों के समूह को वाङ्मय कहते हैं। भगवान ऋषभदेव ने अपनी पुत्रियों-ब्राह्मी, सुन्दरी को इस वाङ्मय का अध्ययन कराया था।

वाचक – *Vācaka.*
One well versed in 12 *Angas* (*Shrutgyan* - scriptural knowledge), Speaker, Important words.
१२ अंग का ज्ञाता वाचक कहलाता है, बोलने वाला (वक्ता) अथवा महत्त्वपूर्ण शब्द।

वाचक-वाच्य संबंध – *Vācaka-Vācya Saṁbaṁdha.*
Relation between words & their meanings.
शब्द और अर्थ का संबंध। अर्थात् शब्द वाचक एवं उसका अर्थ वाच्य कहलाता है।

वाचक शब्द – *Vācaka Śabda.*
Words showing or explaining the meaning.
पदार्थ के अर्थ को कहने वाला शब्द या शब्दनय; शब्द के अनुसार ही अर्थ निकालना।

वाचना – *Vācanā.*
Studying, reading & explaining of religious books.
स्वाध्याय के ५ भेदों में एक भेद; निर्दोष ग्रंथ पढ़ना, सुनना या योग्य पात्र को सुनाना।

वाचनिक – *Vācanika.*
Which can be expressed in words.
वचनों के द्वारा किया जाने वाला या शब्दों में अभिव्यक्त।

वाचनिक आस्रव – *Vācanika Āsrava.*
Karmic influx caused due to auspicious & inauspicious speeches.
शुभ-अशुभ वचनों से होने वाला शुभाशुभ कर्मास्रव।

वाचनिक व्युत्सर्ग – *Vācanika Vyutsarga.*
Auspicious reverential utterances in meditation.
शब्दों के द्वारा अभिव्यक्त जाप या कायोत्सर्ग।

वाचा उपकरण विवेक – *Vācā Upakaraṇa Viveka.*
Discrimination related to right speech.
विवेक का एक भेद, मैंने इन ज्ञानोपकरणादि का त्याग किया ऐसा वचन बोलना।

वाचा माया विवेक – *Vācā Māyā Viveka.*
A deceitless discretion (not to speak deceitfully).
विवेक का एक भेद; कपट का उपदेश न करना।

वाचा लोभ विवेक – *Vācā Lobha Viveka.*
Discrimination related to greed (not to make false statement or to speak lie).
विवेक का एक भेद; इस वस्तु या ग्राम आदि का मैं स्वामी हूँ ऐसे वचन उच्चारण न करना।

वाचा वसति संस्तर विवेक – *Vācā Vasati Saṁstara Viveka.*
Discrimination related to hermitage or place (abandonment of hermitage & resting means)
विवेक का एक भेद; मैं इस वसति व संस्तर का त्याग करता हूं, ऐसे वचन बोलना।

वाचा वैयावृत्त्य विवेक – *Vācā Vaiyāvṛttya Viveka.*
Not to allow others to serve oneself (a kind of discrimination).
विवेक का एक भेद; तुम मेरी वैयावृत्य मत करो ऐसे वचन बोलना।

वाचा शरीर विवेक – *Vācā Śarīra Viveka.*
Not to say others for the protection of one-self

(a kind of wisdom).
विवेक का एक भेद; शरीर को तुम पीड़ित मत करो अथवा मेरा रक्षण करो इस प्रकार के वचन न कहना।

वाचिक – *Vācika.*
To pay reverence eulogically (directly or indirectly).
उपचार विनय के तीन भेदों में एक भेद; वचनों अर्थात् गुणानुवाद द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष विनय करना।

वाचिक विनय – *Vācika Vinaya.*
To pay reverence to saints by eulogical speech.
उपचार विनय का एक भेद; उपशांत, सावद्य क्रियारहित, अभिमान रहित वचन गुरुओं-साधुओं के सामने बोलना।

वाचिक व्युत्सर्ग – *Vācika Vyutsarga.*
See - *Vācanika Vyutsarga.*
देखें - वाचनिक व्युत्सर्ग।

वाच्य – *Vācya.*
Expressible in words.
कहने योग्य।

वाटग्राम – *Vāṭagrāma.*
Past name of Baroda.
डॉ. आल्टे के अनुसार वर्तमान बड़ौदा, क्योंकि बड़ौदा का प्राचीन नाम वटपद है और वह गुजरात में है।

वाणप्रस्थ – *Vāṇaprastha.*
The third progressive spiritual stage of mundane life.
वानप्रस्थ आश्रम; सप्तम प्रतिमाधारी से लेकर ११वीं उद्दिष्ट प्रतिमाधारी तक उत्कृष्ट वाणप्रस्थ खण्ड वस्त्रधारी क्षुल्लक व ऐलक हैं।

वाणिज्य – *Vāṇijya.*
Trade, Commerce, Business, an important activity of livelihood.
भगवान् आदिनाथ द्वारा उपदेशित षट्कर्मों में एक कर्म; व्यापार द्वारा आजीविका करना।

वाणिज्य कर्मार्य – *Vāṇijya Karmārya.*
Those having livelihood by trade of grains, gold etc.
सावद्य कर्मार्य के ६ भेदों में एक भेद; जो अन्न, वस्त्र, सोना, चांदी आदि के द्वारा आजीविका करते हैं।

वाणी – *Vāṇī.*
Vocal speech, Voice, Language.
ध्वनि, बोलने की शक्ति।

वात – *Vāta.*
Air, Wind, Breeze.
वायु। औदारिक शरीर में रहने वाली ७ उपधातु में एक धातु।

वातवलय – *Vātavalaya.*
Three types of air covers surrounding the universe.
वृक्ष की त्वचा के समान लोक को घेरे हुए वायु के तीन वलय घनोदधि, घनवान और तनुवात।

वात्सल्य – *Vātsalya.*
Affection, Tender feeling (an auspicious quality).
साधर्मी के प्रति निःस्वार्थ प्रेमभाव रखना (सम्यग्दर्शन का एक अंग एवं सोलहकरण भावना की एक भावना)।

वाद – *Vāda.*
Debate, Competitive discussion.
हार-जीत के अभिप्राय से की गई किसी विषय संबंधी चर्चा।

वाद-न्याय – *Vāda-Nyāya.*
Name of a treatise written by *Acharya* Kumarnandi.
आचार्य कुमारनंदि (ई.-७७६) कृत संस्कृत भाषा में न्याय विषयक ग्रंथ।

वाद-विवाद – *Vāda-Vivāda.*
Debate, Mutual discussion, Argumentation.
अपने पक्ष का प्रमाण से स्थापन करना वाद एवं दूसरे के मत को खण्डन करने वाले वचन कहना विवाद है।

वादित्व ऋद्धि – *Vāditva Ṛddhi.*
A supernatural power of argumentation possessed by saints.
जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु, इन्द्र के समान ज्ञानवान एवं वाद-विवाद करने में निपुण वादी को भी युक्तियुक्त समाधान के द्वारा निरुत्तर करने में समर्थ होते हैं।

वादिराज – *Vādirāja.*
Name of a great Acharya , the writer of 'Ekibhava Stotra'.
एक आचार्य जिन्होंने एकीभाव स्तोत्र की रचना कर अपने कुष्ठ रोग को दूर किया। इनकी अन्य रचनाएं पार्श्वनाथ चरित्र, यशोधर चरित्र, न्याय विनिश्चय विवरण आदि हैं (समय-ई.स. १०१०-१०६५)।

वादी – *Vādī.*
Expert in spiritual argument, Preceptor possessing knowledge of main principle of Jainism, The plaintiff, a complainant.
शास्त्रार्थ में विजय प्राप्त करने में कुशल, मुनियों का एक भेद-सिद्धांतों के प्रतिष्ठापक मुनि, तीर्थंकरों की समवशरण सभा में ऐसे मुनियों का समूह रहता है।

वादीभसिंह (अजितसेन) – *Vādībhasiṁha (Ajitasena).*
Name of the disciple of Vadiraj-2.
वादिराज-२ के शिष्य, यादवराज ऐरेयंग शांतराज तेलगु (ई.-११०३) के गुरु। स्याद्वाद सिद्धि के रचयिता।

वादीभसिंह (ओडयदेव) – *Vādībhasiṁha (Odayadeva).*
Name of the disciple of Pushpasen.
अकलंक देव के गुरु भाई पुष्पसेन के शिष्य (ई. ६२०-६८०)-छत्र चूडामणि, गद्य चिंतामणि के रचयिता।

वानप्रस्थ आश्रम – *Vānaprastha Āśrama.*
The third progressive spiritual stage of mundane life.
धर्म क्रियाओं के भेद से ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यास इन चार आश्रमों में तीसरा भेद। देखें-वाणप्रस्थ।

वानरद्वीप – *Vānaradvīpa.*
Name of an island of Lanka.
लंका का रमणीय एवं सुरक्षित द्वीप, राक्षस वंशी राजा कीर्तिध्वज ने यह द्वीप अपने साले श्रीकंठ को दिया था। श्रीकंठ ने इसी द्वीप के किष्कु पर्वत पर किष्कुपुर नगर बसाया था।

वानरवंश – *Vānaravaṁśa.*
Name of a dynasty of *Vidyadhar* kings.
वानर चिन्हांकित ध्वजाओं को धारण करने वाले विद्याधर राजाओं का वंश, इसका आरम्भ किष्कुपुर के विद्याधर राजा अमरप्रभ से हुआ था। जैसे हनुमान, सुग्रीव, बाली आदि वानरवंशीय थे, उनके शरीर का आकार आदि वानर के जैसा नहीं था।

वापी – *Vāpī.*
Something like a large lake with down steps towards water.
बावड़ी।

वामदेव – *Vāmadeva.*
Name of a *Bhattarak* of Moolsangh of saints after Lord Mahavira.
मूलसंघी भट्टारक, प्रतिष्ठा आदि विधानों के ज्ञाता। कृतियां - भावसंग्रह, त्रैलोक्यप्रदीप, त्रिलोकसार पूजा, तत्त्वार्थसार आदि। समय-वि.श. १४-१५।

वामन – *Vāmana.*
Name of a guardian deity of an auspicious canopy.
प्रतिष्ठा मण्डप के १० द्वारपालों में एक द्वारपाल देव।

वामन मुनि – *Vāmana Muni.*
Name of a writer of 'Memandar Puran' (a treatise).
मेमंदर पुराण के रचयिता।

वामन संस्थान – *Vāmana Saṁsthāna.*
A *Karmic* nature causing pigmy or short heightened body.
नामकर्म की एक प्रकृति; जिस कर्म के उदय से जीव का बौना शरीर होता है।

वामा – *Vāmā.*
Mother's name of Lord Parshvanath.
भगवान पार्श्वनाथ की माता। अपरनाम ब्राह्मी, वर्मिला।

वायव्य – *Vāyavya.*
Name of a direction (of west-north angle).
पश्चिम-उत्तर कोण वाली विदिशा।

वायु – *Vāyu.*
Air, Wind, Breeze.
हवा, पवन। वायु भी सचित्त, अचित्त अनेक प्रकार की होती है। प्राणायाम-ध्यान आदि में भी वायुमण्डल, वायवी धारणाओं का प्रयोग किया जाता है।

वायुकायिक – *Vāyukāyika.*
Air-bodied beings (one sensed).
स्थावर जीवों का एक भेद, वायु ही जिसका शरीर है उसे वायुकायिक जीव कहते हैं।

वायुकुमार देव – *Vāyukumāra Deva.*
A type of residential deities.
भवनवासी देवों का १०वां भेद। इनके मुकुटों में घोड़े का आकार है एवं इनके ९६ लाख भवन हैं।

वायुचारणऋद्धि – *Vāyucāraṇa Ṛddhi.*
A supernatural power related to the walking over air.
चारण ऋद्धि का एक भेद; जिसके प्रभाव से मुनि अनेक प्रकार की गति से युक्त होकर प्रदेशों की पंक्ति पर अस्खलित होकर पद विक्षेप करते हैं।

वायुधारणा – *Vāyudhāraṇā.*
Specified activity of deep meditation.
पिण्डस्थ ध्यान की पाँच धारणाओं में से यह ध्यानरूप धारणा है।

वायुनिरोध – *Vāyunirodha.*
The process of resisting breath (a meditational activity) in which exhaling is performed through the palate.
प्राणायाम; श्वासोच्छ्वासरूप पवन नासिका के छिद्रों को छोड़कर स्वयमेव तालुका के अति सूक्ष्म छिद्र (१०वें द्वार) से होकर बाहर निकलती है।

वायुभूति – *Vāyubhūti.*
Name of a chief disciple of Lord Mahavira.
इन्द्रभूति गौतम के भाई एवं भगवान महावीर के एक गणधर।

वायुमंडल – *Vāyumaṁḍala.*
Atmosphere, Environment.
वायु का घेरा या मार्ग।

वायुशर्मा – *Vāyuśarmā.*
Name of the 10th chief disciple of Lord Rishabhadev.
भगवान वृषभदेव के १०वें गणधर।

वारना – *Vāranā.*
Wavering of lamp in repeated series of circles in reverence i.e. to perform the ceremony of Arti.
दीपक से अवतरणविधिपूर्वक आरती उतारना।

वाराणसी – *Vārāṇasī.*
The birth place of Lord Suparshvanath & Lord Parshvanath.
तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ तथा पार्श्वनाथ की जन्मभूमि। वाराणसी में भदैनी क्षेत्र भगवान सुपार्श्वनाथ की जन्मभूमि एवं भेलूपुर भगवान पार्श्वनाथ की जन्मभूमि के रूप में मान्य है।

वारिज – *Vārija.*
Lotus flower.
कमल ।

वारिषेण – *Vāriṣeṇa.*
The son of king Shrenik who ultimately became deity in the heaven, Name of an Anuttaropapadak in the era of Lord Mahavira.
राजा श्रेणिक का पुत्र, मुनि हो स्वर्ग में देव हुआ, भगवान् महावीर के तीर्थ के एक अनुत्तरोपपादक ।

वारुणी – *Vāruṇī.*
Name of a super power, Name of a city in the north of Vijayardh mountain.
एक विद्या, विजयार्ध पर्वत के उत्तरश्रेणी की एक नगरी ।

वारुणी धारणा – *Vāruṇī Dhāraṇā.*
A specified super conception of deep meditation.
पिण्डस्थ ध्यान की एक धारणा; इन्द्रधनुष, बिजली, गर्जनादि चमत्कार सहित मेघों के समूह से भरे आकाश का ध्यान करना फिर उन मेघों की बड़ी-बड़ी बूंदों को निरन्तर बरसते हुए चिंतन करना। इस बरसते हुए जल से जो आग्नेयी-धारणा में शरीर के जलने से भस्म उत्पन्न हुई थी उस भस्म का प्रक्षालन करता हुआ चिन्तन करना यह वारुणी-धारणा है ।

वारुणीवर – *Vāruṇīvara.*
Name of the 4th island & ocean of middle universe.
मध्यलोक का चतुर्थ द्वीप व सागर ।

वार्ता – *Vārtā.*
Conversation, dialogue, Livelihood with pure conduct observing right duties of life.
बातचीत, चर्चा, विशुद्ध आचरणपूर्वक खेती आदि षट्कार्य करके आजीविका चलाना ।

वार्तिक – *Vārtika.*
Exposition or commentary of any matter.
सूत्रों के अर्थ को विशेष रूप से समझाने हेतु जो टीका की जाती है उसे वार्तिक कहते हैं ।

वार्तिकाकर्म – *Vārtikākarma.*
Polishing or Varnishing.
वस्तु तैयार करके उस पर पॉलिश आदि कर दी जाती है यही वार्तिका कर्म है ।

वार्षिक प्रतिक्रमण – *Vārṣika Pratikramaṇa.*
A type of repentance carried on annually by Jaina saints.
प्रतिक्रमण के ७ भेदों में एक भेद, सांवत्सरिक प्रतिक्रमण जो एक वर्ष में किया जाता है। आषाढ शु. चतुर्दशी या पूर्णिमा को यह प्रतिक्रमण किया जाता है इसमें गुरू समस्त शिष्यों को एक वर्ष का प्रायश्चित्त प्रदान करते हैं ।

वासना – *Vāsanā.*
Passion, Passionate feelings.
संस्कार, अविद्या, अज्ञान, कषाय आदि की पुनः पुनः प्रवृत्ति रूप अभ्यास से उत्पन्न संस्कार वासना कहलाते हैं ।

वासनाकाल – *Vāsanākāla.*
Period of passionful thoughts.
किसी विशेष कषाय भाव का संस्कार बना रहना। जैसे अनंतानुबंधी कषाय का वासनाकाल ६ महीने के उपर अनंत भवों तक भी रह सकता है एवं संज्वलन कषाय अंतर्मुहूर्त में ही समाप्त हो जाती है ।

वासुदेव – *Vāsudeva.*
Another name of Shri Krishna.
श्री कृष्ण का अपरनाम ।

वासुपूज्यनाथ – *Vāsupūjyanātha.*
Name of the 12th *Tirthankar* (Jaina-Lord).
१२वें तीर्थंकर का नाम। राजा वसुपूज्य एवं रानी जयावती के पुत्र, आयु ७२ लाख वर्ष, ऊंचाई ७० धनुष (२८० हाथ), शरीर वर्ण लाल, चम्पापुर एवं निकटवर्ती मन्दारगिरि तीर्थ में इनके पांचों कल्याणक हुए ।

वास्तुविधान – *Vāstuvidhāna.*
A special kind of worshipping to be observed specially on the completion of the construction of temple or home for its auspiciousness.
मंदिर, मकान आदि की पूर्णता पर उसमें किया जाने वाला एक विशेष पूजा अनुष्ठान, इसमें वास्तु-भवन के रक्षक देवताओं को आह्वान करके उन्हें संतुष्ट किया जाता है ताकि भवन में रहने वाले तथा मंदिर में पूजा-पाठ करने वाले सभी का सदैव मंगल हो ।

वाह – *Vāha.*
An exclaimative word, A kind of former weighing unit.
आश्चर्यरूप अभिव्यक्ति का एक शब्द जैसे-'अरे वाह'। तौल का एक प्रमाण; २० खारी=१ वाह ।

वाहिनी – *Vāhinī.*
A part of an army containing 81 chariots, 81 elephants 405 horses, 405 *Pyade* (foot-soldier).
सेना का एक अंग, तीन गुल्म सेना का एक दल। इसमें ८१ रथ, ८१ हाथी, ४०५ प्यादे तथा ४०५ घोड़े रहते हैं ।

विंदफल – *Viṁdaphala.*
Volume, space occupied.
आयतन, घनफल, विस्तार ।

विंध्य पर्वत – *Viṁdhya Parvata.*
Name of a mountain, one of the mountains at Shravanbelagola (a place of pilgrimage).
श्रवणबेलगोल (कर्नाटक) के दो पर्वत में दूसरा पर्वत विन्ध्यगिरि। जहाँ भगवान बाहुबली की ५७ फुट उँची उत्तुंग प्रतिमा विराजमान है ।

विंध्याचल – *Viṁdhyācala.*
Name of a mountain of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region).
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड का एक पर्वत ।

विंशति – *Viṁśati.*
Twenty.
२०; कषाय व लेश्या की अपेक्षा आयुबंध के २० स्थान, २० प्ररूपणा, विदेह क्षेत्र में विद्यमान २० तीर्थंकर आदि ।

वि – *Vi.*
Symbolic expression for *'Vikalendriya'* (Deficient-sensed).
विकलेन्द्रिय की सहनानी ।

विकथा – *Vikathā*
Non-religious tales (esp. related to woman, food, state & theft).
धर्मकथा से रहित अर्थ और काम संबंधी कथाएं। स्त्री, भोजन, राष्ट्र, चोर ये ४ कथा जो धर्म विरोधी एवं पाप आस्रव का कारण हैं ।

विकल – *Vikala.*
Deficient, Inadequate, Deprived of a part.
अधूरा या किसी भाग अथवा अंश से वंचित, सदोष ।

विकलचारित्र – *Vikalacāritra.*
Conduct of householders as Anuvrat.
एक देश चारित्र; अणुव्रत रूप श्रावक का चारित्र ।

विकलन – *Vikalana.*
Distribution, Dividing.
बांटना, बिखेरना, विभाजन करना ।

विकलप्रत्यक्ष – *Vikalapratyakṣa.*
Self revealed knowledge (without the aid of sense organs) like clairvoyance, telepathy.
जो ज्ञान रूपी पदार्थ को बिना किसी की सहायता से स्पष्ट जानता है। अवधिज्ञान व मनःपर्ययज्ञान विकल प्रत्यक्ष ज्ञान हैं ।

विकलादेश – *Vikalādeśa.*
Expounding something with steps or sequence.
जब वस्तु के अस्तित्व आदि अनेक धर्मों के प्रतिपादन की शक्ति न होने से क्रम से प्रतिपादन होता है इसे विकलादेश कहते हैं ।

विकलादेशी – *Vikalādeśī.*
Viewpoints related to partial apprehension.
विकलादेश नय का विषय है इसलिए नय को विकलादेशी कहते हैं ।

विकलेन्द्रिय – *Vikalendriya.*
Two-sensed, three-sensed or four-sensed beings (deficient-sensed).
दो इन्द्रिय, तीन इन्द्रिय और चार इन्द्रिय जीवों को विकलेन्द्रिय या विकलत्रय कहते हैं ।

विकल्प – *Vikalpa.*
Alternative, option, uncertainity, ambiguity, doubt.
पदार्थ का प्रतिभास या योग के परिवर्तन को विकल्प कहते हैं; मैं सुखी हूं या दुखी हूं इस प्रकार अंतरंग में हर्ष विषाद रूप भाव ।

विकल्पनय – *Vikalpanaya.*
One of the standpoints considering soul as man (child, young or old aged).
४७ नयों में एक नय; जो आत्मद्रव्य को बालक, कुमार, वृद्ध ऐसे एक पुरुष की भांति सविकल्प मानता है ।

विकस – *Vikasa.*
One of the 88 planets (71th).
ज्योतिष के ८८ ग्रहों में ७१वां ग्रह ।

विकार – *Vikāra.*
Change for the worse, Agitation of mind, Distortion in nature (a defect), To conduct against nature.
स्वभाव से विपरीत परिणमन करना या परिणामान्तर रूप से संक्रांति करना विकार है ।

विकाल – *Vikāla.*
Name of the 10th planet among 88.
८८ ग्रहों में १० वां ग्रह ।

विकिरंत – *Vikiraṁta.*
Dispersing the yellow rice grains while worshipping.
पुष्पांजलि बिखेरना ।

विकृत गति – *Vikṛta Gati.*
Unnatural or Uncommon form.
विभाव गति; जीवों में विकृतगति प्रयोग से या कर्मों के प्रतिघात से होती हैं ।

विकृति – *Vikṛti.*
Agitation of mind, Distortion, Change.
उत्तेजना, उद्वेग, अस्वाभाविक ।

विक्रम – *Vikrama.*
Name of a poet, the writer of 'Nemicharit Granth' (a treatise).
एक जैन कवि, नेमिचरित ग्रंथ के रचयिता ।

विक्रमप्रबंध टीका – *Vikramaprabaṁdha Ṭīkā.*
Name of a commentary book written by *Acharya* Shrutsagar.
आचार्य श्रुतसागर द्वारा रचित ग्रंथ। समय - ई. सन् १४७३-१५३३ ।

विक्रम संवत् – *Vikrama Saṁvat.*
An era established after 470 years of the salvation of Lord Mahavira.
वीर निर्वाण के ४७० वर्ष पश्चात् राजा विक्रमादित्य के नाम पर शुरू हुआ संवत् ।

विक्रमादित्य – *Vikramāditya.*
Name of a king of Ujjain who is supposed as founder of *Vikram* era.
मालवा के राजा, इनके नाम पर इनकी मृत्यु के पश्चात् विक्रम संवत् प्रचलित हुआ था ।

विक्रांत – *Vikrāṁta.*
Courageous, victorious.
साहसी, विजेता ।

विक्रांतकौरव – *Vikrāṁtakaurava.*
Name of a treatise written in Sanskrit on a drama i.e. 'Sulochana'.
संस्कृत में सुलोचना नाटक पर लिखा गया एक ग्रंथ।

विक्रिया – *Vikriyā.*
Super power of transforming body into different shapes (tiny, big, light or heavy).
छोटा, बड़ा, हल्का, भारी आदि अनेक प्रकार का शरीर बना लेना। पृथक्-अपृथक् विक्रिया इसके दो भेद हैं। देव और नारकियों में यह स्वभाव से ही होती है।

विक्रिया ऋद्धि – *Vikriyā Ṛddhi.*
A kind of supernatural power of transforming body shape.
एक प्रकार की ऋद्धि; जो तपस्या से प्राप्त होती है इसके ८ भेद हैं - अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व, वशित्व।

विक्रिया ऋद्धिधारी – *Vikriyā Ṛddhidhārī.*
Saints possessing a supernatural power of transforming body form.
विक्रिया ऋद्धि वाले मुनि या इस ऋद्धि वाले मुनियों का संघ जो तीर्थंकर की धर्मसभा में होता है।

विक्षेपिणी कथा – *Vikṣepiṇī Kathā.*
Right religious speech which emphasizes on right principles.
४ धर्मकथाओं में एक धर्मकथा; ऐसी कथाओं से मिथ्यामतों का खण्डन किया जाता है।

विज्ञप्ति – *Vijñapti.*
Announcement, Communique, Synonym for '*Avay Matigyan*', a sensory knowledge.
सूचना, अवाय मतिज्ञान का पर्यायवाची नाम।

विज्ञान – *Vijñāna.*
Science, the study of the structure & behaviour of the physical & natural world,Supreme knowledge.
जानने योग्य पदार्थ का ज्ञान, भेद ज्ञान, यथार्थ ज्ञान, पूर्ण ज्ञान।

विग्रह – *Vigraha.*
Quarrel, Separation.
कलह, विच्छेद।

विग्रह – *Vigraha.*
Getting the body through transmigration.
देह; नामकर्म के उदय से शरीरों के योग्य पुद्गलों का ग्रहण विग्रह कहलाता है।

विग्रहगति – *Vigrahagati.*
Transmigratory motion of a soul.
एक शरीर को छोड़कर नवीन शरीर ग्रहण करने को जीव जो गमन करता है वह विग्रहगति है। यह दो प्रकार की होती है (१) मोड़े रहित (२) मोड़े सहित अर्थात् कुटिल।

विघ्न – *Vighna.*
Obstruction, hinderance, obstacle.
अंतराय; किसी भी कार्य में बाधा आना।

विचय – *Vicaya.*
Thinking, Exploration, Investigation.
मीमांसा, विचार, विवेक, विचारणा, विचय ये एकार्थवाची हैं।

विचार – *Vicāra.*
Consideration, opinion, thoughts, Reflection.
किसी पदार्थ या विषय का चिन्तवन करना विचार कहलाता है।

विचारणा – *Vicāraṇā.*
Investigation, Consideration, Exploration.
ईहा, ऊहा-पोह, मीमांसा, परीक्षण या सोच विचार।

विचिकित्सा – *Vicikitsā.*
Aversion, disgust, antipathy, hatred (a fault of right perception).
ग्लानि, घृणा। साधुओं को मलिन देखकर उनसे घृणा करना। यह सम्यग्दर्शन का एक दोष है।

विच्छेद – *Viccheda.*
Destruction, separation, discontinuity.
वियोग, अंतराल। श्रुत तीर्थ धर्म प्रवर्तन का कारण है यह काल दोष से २०३१७ वर्षों में व्युच्छेद को प्राप्त हो जाएगा।

विजय – *Vijaya.*
Victory, Name of the governing demigod of Lord Suparshvanath, Name of the first Balbhadra, Name of an Anuttar heavenly abode.
जीत, भगवान चन्द्रप्रभु का शासन देव, प्रथम बलभद्र, एक अनुत्तर विमान।

विजय कवि – *Vijaya Kavi.*
Name of a poet of 'Ajit Puran' in *Apabhransh* language.
अपभ्रंश में अजित पुराण के रचयिता। समय - ई. सन् १४४८।

विजयकीर्ति – *Vijayakīrti.*
Name of a spiritual teacher of *Nandi* group (the disciple of Gyanbhushan).
नंदिसंघ बलात्कारगण ईडर गद्दी में ज्ञानभूषण के शिष्य तथा शुभचन्द्र के गुरु। समय- वि. १५५२-१५७०।

विजयगुप्त – *Vijayagupta.*
Name of the 31st chief disciple of Lord Rishabhadev.
तीर्थंकर वृषभदेव के ३१वें गणधर।

विजयदेव – *Vijayadeva.*
Name of a peripatetic deity resident of Vijaydvar of Jambudvip (island) in east direction.
जंबूद्वीप के पूर्व दिशा के मुख्य द्वार (विजयद्वार) का निवासी व्यंतर देव।

विजयद्वार – *Vijayadvāra.*
The east door of the rampart of *Jambudvip* (island).

जम्बूद्वीप की जगती (कोट) का पूर्व द्वार।

विजयनंदि – *Vijayanaṁdi.*
Name of an *Acharya* of *Nandi* group.
नंदिसंघ देशीयगण गोलाचार्य शाखा के एक आचार्य। पद्मनंदि (सैद्धांतिक)- जम्बूदीवपण्णत्ति के कर्ता के शिक्षा गुरु। समय - ई.श. ११ पूर्व।

विजयमती (आर्यिका) – *Vijayamatī (Āryikā).*
Name of a female Jaina ascetic, the disciple of Acharya Vimalsagar Maharaj and belonging to Ankalikar tradition.
आचार्य श्री विमलसागर महाराज की शिष्या एवं अंकलीकर परम्परा की गणिनी आर्यिका (समय-ई. २० वीं शताब्दी)।

विजयमित्र – *Vijayamitra.*
Name of the 32nd chief disciple of Lord Rishabhdev.
तीर्थंकर वृषभदेव के ३२वें गणधर।

विजयसेन – *Vijayasena.*
Name of an Acharya possessing knowledge of 11 Angas & 10 Purvas (part of scriptural knowledge).
भद्रबाहु श्रुतकेवली के पश्चात् हुए ८वें ११ अंग व १० पूर्वधारी आचार्य। समय - वी.नि २८२-२९५।

विजया – *Vijayā.*
Mother's name of *Tirthankar* (Jaina-Lord) Ajitnath, Name of the female demigod of Jaina-Lord Aranath.
तीर्थंकर अजितनाथ की माता राजा जितशत्रु की रानी, भगवान अरनाथ की शासन देवी।

विजयाचार्य – *Vijayācārya.*
An *Acharya,* the disciple of Baldevsuri.
अपरनाम अपराजित, बलदेवसूरि के शिष्य एक आचार्य, इन्होंने भगवती आराधना पर विस्तृत संस्कृत टीका लिखी है। समय - शक सं. ६५८।

विजयार्ध – *Vijayārdha.*
Name of a great mountain (in Jaina philosophy).
भरत और ऐरावत क्षेत्र के मध्य स्थित एक पर्वत, चक्रवर्ती के विजय-क्षेत्र की आधी सीमा इसी पर्वत से निर्धारित होती है, इसीलिए इसे विजयार्ध कहते हैं। इस पर विद्याधरों का निवास है।

विजयार्ध गिरि – *Vijayārdha Giri.*
A great & beautiful silvery mountain in the middle of *Bharat Kshetra* (region).
भरतक्षेत्र के मध्य स्थित एक रमणीक पर्वत, यह २५ योजन ऊंचा, ५० योजन चौड़ा और सवा छः योजन गहरा चांदी के समान है। जम्बूद्वीप में विदेह क्षेत्र संबंधी ३२ तथा भरत-ऐरावत क्षेत्र का एक-एक ऐसे ३४ विजयार्ध हैं।

विजयिल – *Vijayila.*
Name of the 33rd chief disciple of Lord Rishabhdev.
भगवान वृषभदेव के ३३वें गणधर।

विजयोदया टीका – *Vijayodayā Ṭīkā.*
Name of a commentary book of 'Bhagvati Aradhana Granth' written by *Acharya* Aparajit.
आचार्य अपराजित (ई.श. ७) द्वारा रचित भगवती आराधना ग्रंथ की विस्तृत संस्कृत टीका।

विजाति – *Vijāti.*
Unsimilar or different caste.
भिन्न प्रकार या असमान जाति।

विजिगीषु कथा – *Vijigīṣu Kathā.*
Interpretation between two parties with agruments in the form of debate.
शास्त्रार्थ, वाद, वादी और प्रतिवादी में अपने पक्ष को स्थापित करने के लिए जीत-हार होने तक जो परस्पर में वचन प्रवृत्ति या चर्चा होती है वह विजिगीषु कथा है।

विजिष्णु – *Vijiṣṇu.*
One of the 88 planets (71th).
ज्योतिष के ८८ ग्रहों में ७१वां ग्रह।

विडौषधि ऋद्धि – *Viḍauṣadhi Ṛddhi.*
A supernatural power–curing the diseases of beings with excreta of saints.
जिसके प्रभाव से साधु का मल-मूत्र भी जीवों के रोगों को नष्ट करने में समर्थ होता है।

वितंडा – *Vitaṁḍā.*
Refuting the argument of opponent without establishing own truth, Perverse argumentation.
सदोष आक्षेप। अपने किसी भी पक्ष की स्थापना किये बिना केवल पर पक्ष का खण्डन करना वितंडा है।

वितत – *Vitata.*
Expanded or extended tone (of musical instrument etc.).
एक प्रकार का प्रायोगिक शब्द, सितार आदि के शब्द को वितत कहते हैं।

वितथ – *Vitatha.*
Untrue, False, Meaningless.
असत्य, मिथ्या, निरर्थक।

वितर्क – *Vitarka.*
Argument or to make arguments.
श्रुत। विशेषरूप से ऊहा या तर्कणा करना।

वितस्ति – *Vitasti.*
A type of palm measurement.
एक बालिश्त। १२ अंगुल की लम्बाई का माप या हाथ को पूरा फैलाकर अंगूठे से कनिष्का तक की दूरी।

वित्तसार – *Vittasāra.*
Name of a treatise written in *Apabhransh* language.
श्रावक एवं मुनि धर्म संबंधी अपभ्रंश भाषा का ग्रंथ (ई.श. १५)।

विदर्भ – *Vidarbha.*
A part of Maharashtra state, Name of the chief disciple of Lord Pushpadant.
महाराष्ट्र प्रांत का एक भाग, तीर्थंकर पुष्पदंत के मुख्य गणधर।

विदल – *Vidala.*
Pulses (having two parts) mixed with raw milk or curd, it is not edible according to Jaina philosophy.
द्विदल; कच्चे दूध-दही-मट्ठा के साथ द्विदल (दो दल वाले दलहन) पदार्थों के साथ मुख की लार का संबंध होने से असंख्य सम्मूर्छन जीव राशि पैदा होती है अतः यह अभक्ष्य है।

विदारण क्रिया – *Vidāraṇa Kriyā.*
Exposing others' sinful activities.
साम्परायिक आस्रव की १८वीं क्रिया। दूसरे ने जो सावद्य कार्य किया हो उसे प्रकाशित करना।

विदिशा – *Vidiśā.*
Subdirections, quarter parts of the four directions.
चारों दिशाओं के अतिरिक्त प्रत्येक दो दिशाओं के मध्य स्थित दिशाएं- ईशान, आग्नेय, नैऋत्य, वायव्य, ये ४ विदिशाएं कहलाती हैं।

विदुर – *Vidura.*
The younger brother of Dhritrashtra-Pandu of *Kaurav* dynasty.
कौरववंशी धृतराष्ट्र-पाण्डु का छोटा भाई। पाण्डवों के परम हितैषी, अंत में मुनि विश्वकीर्ति से मुनि दीक्षा ली। लाक्षा गृह में विदुर द्वारा बनवाई गई सुरंग से ही निकलकर पांडवों की प्राण रक्षा हुई।

विदेह – *Videha.*
Salvated souls, free from birth & death cycle.
देह रहित सिद्ध भगवान विदेह कहलाते हैं। अथवा देह में रहते हुए भी जो जन्म-मरण से रहित हैं ऐसे अर्हंत भगवान विदेह हैं।

विदेहक्षेत्र – *Videhakṣetra.*
Specified 5 regions of middle universe comprising 1 in Jambudvip, 2 in Dhatkikhand & 2 in Pushkarardh where Dushma-Sushma Kal (unhappy-cum-happy period) is prevailing there all the time.
जम्बूद्वीप का चौथा क्षेत्र, जो सुमेरु पर्वत द्वारा पूर्व व पश्चिम दो भागों में विभक्त है-जम्बूद्वीप में एक, धातकीखण्ड में दो और पुष्करार्ध में दो ऐसे ५ विदेह क्षेत्र हैं। यहां मनुष्यों की ऊंचाई ५०० धनुष, आयु एक कोटि वर्ष पूर्व होती है एवं यहाँ शाश्वत कर्मभूमि और चतुर्थकाल अर्थात् दुषमा-सुषमा काल ही रहता है। ५ मेरू संबंधी विदेह क्षेत्र की १६० कर्मभूमियां होती हैं।

विद्दावण – *Viddāvaṇa.*
Rending or splitting the body organs of beings for trade.
प्राणियों के छेदन आदि का व्यापार विद्दावण कहलाता है।

विद्धणू (कवि) – *Viddhaṇū (Kavi).*
Name of a poet.
ज्ञानपंचमी अर्थात् श्रुत पंचमीव्रत माहात्म्य नामक भाषा छंद रचना के कर्ता एक कवि। समय-वि.सं. १४२३।

विद्यमान बीस तीर्थंकर –
Vidyamāna Bīsa Tīrthaṁkara.
The 20 Tirthankaras (Jaina-Lords) situated in Videh Kshetra (region).
५ मेरू संबंधी ५ विदेह क्षेत्रों में बीस तीर्थंकर सतत् विद्यमान रहते हैं, उनके नाम-सीमन्धर, युगमन्धर, बाहु, सुबाहु, संजात, स्वयंप्रभ, ऋषभानन, अनंतवीर्य, सूरिप्रभ, विशालप्रभ, वज्रधर, चन्द्रानन, चन्द्रबाहु, भुजंगम, ईश्वर, नेमिप्रभ, वीरसेन, महाभद्र, देवयश, अजितवीर्य।

विद्या – *Vidyā.*
Knowledge, the power of exploring realities of some matter.
शिक्षा या यथावस्थित वस्तु के स्वरूप का अवलोकन करने की शक्ति।

विद्या कर्मार्य – *Vidyā Karmārya.*
Noble persons having profession of teaching for their livelihood.
गणित शास्त्र, आलेख्य, पठन, पाठन आदि ७२ कलाओं द्वारा आजीविका करने वाले आर्य पुरुष।

विद्याधर – *Vidyādhara.*
Human beings who reside on *Vijayardh* mountain and keep themselves busy in all auspicious activities.
विजयार्ध पर्वत पर निवास करने वाले मनुष्य। ये जाति, कुल और तप इन तीन प्रकार की विद्याओं एवं देवपूजा आदि षट् आवश्यक कर्मों में रत रहते हैं।

विद्याधर लोक – *Vidyādhara Loka.*
World of Vidyadhars (on Vijayardh mountain where 4th period of universal time cycle exists all the time).
विजयार्ध की उत्तर-दक्षिण दिशा की श्रेणी पर विद्याधर नगरियां बनी हुई हैं जिसे विद्याधर लोक कहते हैं। यहाँ सदैव चौथा काल ही रहता है।

विद्याधर वंश – *Vidyādhara Vaṁśa.*
One of the ancient mythological dynasties of which the first king was Nami.
पौराणिक ४ महावंशों में तीसरा वंश, विद्याधर नमि इस वंश का प्रथम राजा था। (धरणेन्द्र द्वारा प्राप्त विद्याओं के कारण यह विद्याधर कहलाये)।

विद्यानंद (आचार्य) – *Vidyānaṁda (Ācārya).*
1) Name of a great *Acharya,* the writer of great treatises (Ashtasahasri etc.). 2) Name of a saint, the disciple of Acharya Shri Deshbhushan Maharaj.
१) अष्टसहस्री, आप्त परीक्षा, श्लोकवार्तिक, प्रमाण मीमांसा

आदि अनेक ग्रंथों के कर्ता एक आचार्य। समय - ई.स. ७७५-८४०। २) आचार्यश्री देशभूषण महाराज के एक प्रभावक शिष्य (ई.श. २०-२१), इनकी प्रेरणा से दिल्ली में कुन्दकुन्द भारती नामक शैक्षणिक संस्थान का निर्माण हुआ है।

विद्यानुवाद (पूर्व) – *Vidyānuvāda (Pūrva).*
One of the (10th) great 14 parts of scriptures containing the description of a number of supernatural powers.
१४ पूर्वों में १०वां पूर्व, इसमें ७०० लघु विद्याएं और रोहिणी आदि ५०० महाविद्याओं का वर्णन है।

विद्याभूषण भट्टारक – *Vidyābhūṣaṇa Bhaṭṭāraka.*
Name of a Bhattarak of *Nandi* group.
नंदिसंघ बलात्कारगण नागौर गद्दी के एक भट्टारक। त्रिचतुर्विंशति विधान के कर्ता।

विद्याश्रमण – *Vidyāśramaṇa.*
Learned Jaina saints at the learning stage of 10th Purva (scriptural knowledge).
जो मुनि दसवें पूर्व को पढ़ते समय रोहिणी आदि लौकिक विद्याओं के प्रलोभन में न पड़कर दशपूर्व के पाठी होते हैं।

विद्यासागर – *Vidyāsāgara.*
Name of a great Digambar Jain Acharya of 20th century.
चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के द्वितीय पट्टाधीश आचार्य श्री शिवसागर महाराज के शिष्य मुनि श्री ज्ञानसागर महाराज (जो बाद में समाज द्वारा आचार्य बनाये गये) द्वारा दीक्षित बीसवीं सदी के एक प्रभावक आचार्य।

विद्युज्जिव्ह – *Vidyujjivha.*
One of the (the 34th) 88 planets.
ज्योतिष्क के ८८ ग्रहों में ३४वां ग्रह।

विद्युत – *Vidyuta.*
Electricity, light.
बिजली, प्रकाश।

विद्युत्कुमार – *Vidyutkumāra.*
A type of residential deities.
भवनवासी के १० भेदों में एक भेद। यह रत्नप्रभा पृथिवी के खरभाग में रहते हैं।

विद्युत्प्रभ – *Vidyutprabha.*
One of the 4 Gajadant mountains, A city of Vijayardh mountain.
४ गजदंत पर्वतों में एक गजदंत पर्वत, विजयार्ध पर्वत का एक नगर।

विद्युद्दंष्ट – *Vidyuddaṁṣṭra.*
Name of a *Vidyadhar* king.
एक विद्याधर, ध्यानस्थ मुनि संजयन्त पर घोर उपसर्ग किया। धरणेन्द्र ने क्रुद्ध होकर समस्त विद्याएं हर ली मारने को तैयार हुआ पर आदित्यप्रभ देव ने उसे आकर बचा लिया। अपरनाम-विद्युद्दृढ।

विद्यैशता – *Vidyaiśatā.*
Supernatural power with supreme authority; an excellence of omniscience.
केवलज्ञान का एक अतिशय; विद्याओं की ईशता या सभी विद्याओं का ईश्वरपना।

विद्योपजीवन – *Vidyopajīvana.*
A fault of food and hermitage related to saint (to attract donor with mystical knowledge).
आहार एवं वसतिका का एक दोष; दातार को मंत्र तंत्रादि बताकर आहार एवं वसतिका प्राप्त करना साधु का विद्योपजीवी नामक दोष है।

विद्वेषण मंत्र – *Vidveṣaṇa Maṁtra.*
Mystical verses for the use of causing mutual contradiction.
वशीकरण, मारण, उच्चाटन आदि मंत्रों में से परस्पर में विद्वेष कराने वाला एक मंत्र।

विध – *Vidha.*
Type, Part, Manner, Pierce.
प्रकार, भेद, छेद, अंश, पर्याय, भाग, भंग आदि शब्द एकार्थवाची हैं।

विधाता – *Vidhātā.*
Karma as a creator (according to Jain philosophy).
कर्म का पर्यायवाची नाम।

विधान – *Vidhāna.*
Arrangement, Particular procedural worshipping in Jainism, Ruling.
किसी कार्य का आयोजन, अनुष्ठान, पूजा, कानून।

विधि – *Vidhi.*
Manner, Method, Law, Procedure, See - *Vidhātā.*
सत्ता, सत्त्व,सामान्य, द्रव्य, अन्वय, वस्तु, विधि, अविशेष ये एकार्थवाची शब्द हैं, नयों के विषय के अस्तित्व का विधायक होने से श्रुत की विधि संज्ञा हैं। देखें-विधाता।

विधिदान क्रिया – *Vidhidāna Kriyā.*
A spiritual activity, appointment of deities by *Indra* to do their respective duties.
गर्भान्वय की ५३ क्रियाओं में एक क्रिया। इसमें इन्द्र नम्रीभूत उत्तम देवों को अपने-अपने पद पर नियुक्त करता है।

विधिवाक्य – *Vidhivākya.*
Statement reg. ordinance or order.
आज्ञा या आदेश करने वाले वाक्य विधि वाक्य हैं।

विधिसाधक हेतु – *Vidhisādhaka Hetu.*
Cause proving the existence or reality.
जो हेतु किसी बात के अस्तित्व को सिद्ध करे।

विधु – *Vidhu.*
A theoretical name of '1'.
'एक' का सैद्धांतिक नाम (विधु=१)।

विध्यात संक्रमण – *Vidhyāta Saṁkramaṇa.*
A type of transition (reg. soul with low purity).
संक्रमण के ५ भेदों में एक भेद; मंद विशुद्धता वाले जीव की स्थिति-अनुभाग को घटाने रूप भूतकालीन स्थितिकाण्डक-

अनुभागकाण्डक तथा गुणश्रेणी आदि परिणामों में प्रवृत्ति होना।

विनमि – *Vinami.*
Name of the 78th chief disciple of Lord Rishabhdev.
भगवान वृषभदेव के ७८वें गणधर। महाकच्छ के पुत्र।

विनयंधर – *Vinayaṁdhara.*
Name of a great Acharya possessing some knowledge of Anga & Purva (part of scriptural knowledge).
लोहाचार्य के बाद हुए अंग और पूर्वों के एक देश के ज्ञाता ४ मुनियों में प्रथम मुनि।

विनय – *Vinaya.*
Paying reverence, respect, humbleness, humility, courtesy.
पूज्य पुरुषों का आदर करना अथवा रत्नत्रय को धारण करने वाले पुरुषों के प्रति नम्रता धारण करना।

विनयकर्म – *Vinayakarma.*
Serving activity, to attend on, to look after.
एक कृतिकर्म; सुश्रूषा करना।

विनय तप – *Vinaya Tapa.*
To pay reverence to spiritual personalities with full purity.
आभ्यंतर तप के ६ भेदों में एक भेद; मन, वचन और काय की शुद्धिपूर्वक दर्शन, ज्ञान, चारित्र, तप और वीर्य तथा इनके धारी योगियों के प्रति विनय करना। विनय ४ प्रकार का है-दर्शन, ज्ञान, चारित्र और उपचार विनय।

विनयदत्त – *Vinayadatta.*
Name of an *Acharya* possessing knowledge of *Purvas* (part of scriptural knowledge - *Shrutgyan*).
मूलसंघ पट्टावली के अनुसार लोहाचार्य के पश्चात् हुए पूर्वधारी आचार्य। समय-वी.नि. ५६५-५८५।

विनयभद्र – *Vinayabhadra.*
One of the disciples of *Pandit* Ashadhar.
पं. आशाधरजी के अनेक शिष्यों में से एक शिष्य।

विनय मिथ्यात्व – *Vinaya Mithyātva.*
Wrong belief - paying reverence to all deities of all religions.
मिथ्यात्व के ५ भेदों में एक भेद; मन वचन काय से सभी देवों को नमन करना, सभी पदार्थों को मोक्ष का उपाय मानना। अर्थात् सर्व धर्मों व सर्व देवों को समान जानकर मानना।

विनयलालस – *Vinayalālasa.*
Name of a saint among particular group of 7 saints.
सप्त ऋषियों में से एक, विनयलालस।

विनयवादी – *Vinayavādī.*
Particular follower of the *Vinayvad* (policy of humility).
एकांतमती; विनयवादियों के ३२ भेद हैं।

विनयशुद्धि – *Vinayaśuddhi.*
Reverential purity.
कीर्ति, आदर आदि लौकिक फलों की इच्छा छोड़कर साधर्मी जन, गुरुजन इत्यादिकों का विनय करना विनय शुद्धि है।

विनय संपन्नता – *Vinaya Saṁpannatā.*
Reverence with respect (humble reverence).
षोडशकारण भावना का एक भेद; ज्ञान आदि गुणों और उनके साधक गुरुजनों का यथायोग्य रीति से आदर सत्कार करना।

विनयसेन – *Vinayasena.*
Name of an *Acharya*, the disciple of *Acharya* Virasen.
पंचस्तूप गुर्वावली के अनुसार धवलाकार आचार्य वीरसेन स्वामी के शिष्य तथा काष्ठासंघ संस्थापक कुमारसेन के गुरु (ई. ८२०-८७०)।

विनयोपसंयत – *Vinayopasaṁyata.*
Reverential & respectful welcome (of saints etc.).
अन्य संघ से आये हुए मुनियों को आसनदान, प्रियवचन, पुस्तक आदि दान करके आदर करना।

विनायक यंत्र – *Vināyaka Yaṁtra.*
An emancipated auspicious mystical metallic plate.
एक यंत्र जिसमें 'चत्तारि मंगलं' आदि मंत्रों की रचना विशेष है। यह विघ्न विनाशक यंत्र कहलाता है।

विनाश – *Vināśa.*
Destruction, Deterioration.
व्यय; पर्याय की सामान्य निवृत्ति का नाम विनाश है।

विनिमय – *Vinimaya.*
Barter system, Exchange in commodities.
अदला-बदली। वस्तु के बदले वस्तु का लेन-देन।

विनीत – *Vinīta.*
Name of the 44th chief disciple of Lord Rishabhdev.
तीर्थंकर वृषभदेव के ४४वें गणधर।

विनीता – *Vinītā.*
Another name of Ayodhya, the birth place of Lord Rishabhdev and of many great personalities.
अयोध्या; तीर्थंकर वृषभदेव, अजितनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ, अनंतनाथ, चक्रवर्ती भरत, ८वें बलभद्र राम नारायण लक्ष्मण की जन्मभूमि।

विनोदीलाल – *Vinodīlāla.*
Name of a great Jaina poet, the writer of 'Bhaktamar Katha' etc. many books.
एक जैन कवि, भक्तामर कथा (वि. १७४७), सम्यक्त्व कौमुदी (वि. १७४९) ग्रंथ के कर्ता।

विपक्ष – *Vipakṣa.*
The opponent part.

पक्ष के विपरीत।

विपरिणाम – *Vipariṇāma.*
Changed results.
सत् के द्वारा अवस्थान्तर की प्राप्ति करना विपरिणाम है।

विपरिणामना – *Vipariṇāmanā.*
Change or modification in state.
सत् के द्वारा अवस्थान्तर की प्राप्ति होना। यह प्रकृति विपरिणामना, स्थितिविपरिणामना, अनुभाग-विपरिणामना, प्रदेशविपरिणामना ४ प्रकार की होती हैं।

विपरीत मत – *Viparīta Mata.*
Name of a doctrine established by king Vasu in the period of Lord Munisuvratnath.
भगवान मुनिसुव्रत नाथ के समय में क्षीरकदम्ब उपाध्याय के शिष्य राजा वसु के द्वारा चलाया गया मत।

विपरीत मिथ्यात्व – *Viparīta Mithyātva.*
Belief in wrong theory or wrong religious conception.
मिथ्यात्व के ५ भेदों में एक भेद; विपरीत धर्म को यथार्थ मानना। जैसे-पशु यज्ञ से स्वर्ग मिलेगा, परिग्रह सहित भी निर्ग्रंथ होता है इत्यादि।

विपरीत श्रद्धानी – *Viparīta Śraddhānī.*
One who believes in wrong theory or wrong religious conceptions.
विपरीत मिथ्यादृष्टि।

विपरीताभिनिवेश – *Viparītābhiniveśa.*
Wrong faith due to wrong conception.
मिथ्यात्व के उदय से उत्पन्न विपरीत ज्ञान या श्रद्धान।

विपर्यय – *Viparyaya.*
Wrong faith.
मिथ्या।

विपर्यय ज्ञान – *Viparyaya Jñāna.*
Wrong knowledge or faith.
एक पक्ष का निश्चय करने वाले विपरीत ज्ञान को विपर्यय कहते हैं। जैसे - सीप में 'यह चांदी है' इस प्रकार का ज्ञान होना।

विपर्यय मिथ्यात्व – *Viparyaya Mithyātva.*
Wrong belief, wrong religious conceptions.
सग्रंथ को निर्ग्रन्थ मानना, केवली को कवलाहारी मानना और स्त्री को मोक्ष होता है इत्यादि मानना विपर्यय मिथ्यात्व है।

विपल – *Vipala.*
A type of time unit.
काल का एक प्रमाण। ६० प्रतिविपल=१ विपल।

विपलांश – *Vipalāṁśa.*
A kind of time unit.
काल का एक प्रमाण, ५४०००० प्रतिविपलांश=विपलांश।

विपाक – *Vipāka.*
Fruition of *Karmas.*
कर्मों का फल देना अथवा द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव, भाव इन ५ निमित्तों के द्वारा कर्मों का अनेक प्रकार से पाक होना अथवा फल देना।

विपाकजा निर्जरा – *Vipākajā Nirjarā.*
Destruction of *Karmas* at their appropriate time.
सविपाक निर्जरा; क्रम से उदय काल आने पर कर्म का अपना फल देकर झड़ जाना।

विपाक विचय – *Vipāka Vicaya.*
Contemplation over worldly pecularities due to the fruition of *Karmas.*
धर्मध्यान के ४ भेदों में चौथा भेद; इसमें कर्मों के विपाक से उत्पन्न सांसारिक विचित्रता का चिंतन किया जाता है।

विपाक सूत्र – *Vipāka Sūtra.*
The 11th *Anga* (part) of *Shrutgyan*-scriptural knowledge (containing description of all 8 *Karmas* in Jainism).
द्वादशांगश्रुत का ११वां अंग। इसमें ज्ञानावरण आदि ८ कर्मों के विपाक का एक करोड़ ८४ लाख पदों में वर्णन किया गया है।

विपुल – *Vipula.*
Name of the 15th predestined *Tirthankar* (Jaina-Lord), and the 9th *Kulkar* and a planet.
भाविकालीन १५वें तीर्थंकर (अपरनाम बहुलप्रभ), एक ग्रह का नाम, ९वें कुलकर का नाम (अपरनाम यशस्वान्)।

विपुलमति – *Vipulamati.*
A type of telepathic knowledge (Manah Paryay Gyan).
मनःपर्यय ज्ञान के दो भेदों में दूसरा भेद; जो ज्ञान दूसरे के मन में स्थित सरल और कुटिल सब बातों को जान लेता है। अर्थात् चिन्तित, अचिन्तित और अर्ध-चिन्तित को भी जान लेता है।

विपुलाचल – *Vipulācala.*
Name of the first hill among five hills of Rajgrih Nagar.
राजगृह नगर (नालंदा, बिहार) की पंच पहाड़ियों में प्रथम पहाड़ी। इन्द्र ने भगवान महावीर के (केवलज्ञान होने के ६६ दिन पश्चात्) प्रथम धर्मोपदेश के लिये यहां समवशरण रचा था।

विप्रतिपत्ति – *Vipratipatti.*
Mutual controversial principles.
एक वस्तु में परस्पर विरोधी दो वादों का नाम विप्रतिपत्ति है अथवा विपरीत निश्चय का नाम विप्रतिपत्ति है।

विप्राणस मरण – *Viprāṇasa Maraṇa.*
A kind of holy death (with abandoning meals in the obstructing period of religious observances).
१७ प्रकार के मरण के भेदों में एक भेद; यह मरण उसके होता है जो अपने व्रत क्रिया चारित्र में उपसर्ग आने पर सह भी नहीं सकता और भ्रष्ट होने के भय से अशक्त होकर अन्न-पान का त्याग कर देता है।

विप्लुत – *Vipluta.*
Images of moon etc. in water.
जिसका तरंगादि में अनेक प्रकार से डूबना या तैरना हो रहा है,

ऐसे जल में पड़े हुए चन्द्र प्रतिबिम्ब आदि विप्लुत हैं।

विभंग ज्ञान – *Vibhaṁga Jñāna.*
False clairvoyance.
मिथ्या अवधिज्ञान।

विभंग ज्ञानी – *Vibhaṁga Jñānī.*
One having false perception or knowledge.
कुअवधिज्ञानी, मिथ्यादृष्टि।

विभंगदर्शन – *Vibhaṁgadarśana.*
Apprehension of something with false clairvoyance.
विभंगज्ञान के साथ होने वाला दर्शन।

विभंगा – *Vibhaṁgā.*
A particular classification of 12 rivers in the east & west *Videh Kshetras* (regions).
पूर्व व अपर विदेहों में स्थित १२ नदियां।

विभक्ति – *Vibhakti.*
Division, classification.
विभाग करने को विभक्ति कहते हैं। विभक्ति, भेद, पृथग्भाव एकार्थवाची शब्द हैं।

विभक्तिकरण – *Vibhaktikaraṇa.*
Classification, division, separation.
पृथग्भाव, पृथक्करण, विभाजन, विभक्तिकरण इत्यादि पर्यायवाची शब्द हैं।

विभाव – *Vibhāva.*
Passionate feelings (i.e feelings contrary to real nature) due to the fruition of *Karmas*.
कर्मों के उदय से होने वाले जीव के रागादि भावों को विभाव कहते हैं।

विभाव अर्थपर्याय – *Vibhāva Arthaparyāya.*
Delusive feelings in one caused due to some other matters (destruction of qualities of one).
पर द्रव्य के निमित्त से जो द्रव्य के गुणों में विकार हो। जैसे, जीव के राग द्वेष।

विभाव क्रिया – *Vibhāva Kriyā.*
Contrary activity.
जीव-पुद्गल द्रव्य की स्वभाव से विपरीत क्रिया।

विभाव गति – *Vibhāva Gati.*
Contrary movement.
जीव-पुद्गल की स्वभाव से विपरीत गति।

विभाव गुण – *Vibhāva Guṇa.*
Extrinsic qualities, contrary to real nature.
जीव के मतिज्ञान आदि ४ ज्ञान एवं पुद्गल के परमाणु द्रव्य के वर्णादि गुण को छोड़कर द्वयअणु आदि स्कंधों के विभाव गुण हैं।

विभाव गुण पर्याय – *Vibhāva Guṇa Paryāya.*
See - *Vibhāva Artha Paryāya.*
देखें - विभाव अर्थ पर्याय।

विभाव गुण व्यंजन पर्याय –
Vibhāva Guṇa Vyaṁjana Paryāya.
Sensory knowledge, scriptural knowledge etc. are called as Vibhav Gun Vyanjan Paryay of Jivas (souls).
मतिज्ञान, श्रुतज्ञान आदि जीव की विभाव गुण व्यंजन पर्यायें हैं।

विभाव द्रव्य पर्याय – *Vibhāva Dravya Paryāya.*
Physical existence contrary to real nature.
पर द्रव्य के निमित्त से जो प्रदेशत्व गुणों में विकार हो। जैसे - जीव की नर-नारकादि पर्याय तथा स्कंध रूप पर्याय, पुद्गल द्रव्य की विभाव द्रव्य पर्याय है।

विभाव पुद्गल – *Vibhāva Pudgala.*
Assimilated particles of any Pudgal (matter).
पुद्गल द्रव्य के दो भेदों में एक भेद; परमाणु 'स्वभाव पुद्गल' और स्कंध 'विभाव पुद्गल' हैं।

विभाव शक्ति – *Vibhāva Śakti.*
The power causing karmic binding with soul.
जीव और कर्मों में परस्पर बंध को कराने वाली चुम्बक द्वारा खिंचने वाली लोहे की सुई के समान विभाव नाम की शक्ति। वह जीव के ज्ञानादिक भावों के विकार का कारण होती है।

विभाव-स्वभाव – *Vibhāva-Svabhāva.*
Nature contrary to the real nature.
कर्मबंध के प्रकरण में रागादि परिणाम भी अशुद्ध निश्चयनय से जीव के स्वभाव कहे जाते हैं।

विभाषा – *Vibhāṣā.*
Describing of something in different ways (like by presentation, exposition, description etc.).
विविध प्रकार के भाषण अर्थात् कथन करने को विभाषा कहते हैं। विभाषा, प्ररूपणा, निरूपण, व्याख्यान ये सब एकार्थवाची नाम हैं।

विभीषण – *Vibhīṣaṇa.*
The younger brother of Ravan, who ultimately initiated with Ram Chandra and became a heavenly deity.
रावण का छोटा भाई व रत्नश्रवा का पुत्र। अंत में राम के साथ दीक्षित हुआ और अनुदिश विमान में देव हुआ।

विभुत्व शक्ति – *Vibhutva Śakti.*
The supreme thought which is pervaded every where.
सर्व भावों में व्यापक ऐसी एक भाव रूप शक्ति। जैसे - ज्ञानरूपी एक भाव सर्व भावों में व्याप्त होता है।

विभूति – *Vibhūti.*
Dominion, Prosperity, Grandeur, The 49 prominent luxuries of *Chakravarti* (emperor).
वैभव, समृद्धि, प्रतिष्ठा, चक्रवर्ती की ४९ प्रकार की भोग सामग्री।

विभ्य – *Vibhya.*
An infraction of paying reverence (reverence due to influence of *Acharya* etc.).

वंदना का एक अतिचार; आचार्य आदि के भय से वंदना करना।

विभ्रम – *Vibhrama.*
Confusion, Agitation.
वस्तुस्वरूप का अज्ञानपना या अजानपना ही विभ्रम है।

विमर्श – *Vimarśa.*
Consideration, Discussion, Consultation.
सोच-विचार, विचार विनिमय करना।

विमलदेव – *Vimaladeva.*
The writer of 'Nayachakra', spiritual teacher of Shridevsen.
नयचक्र के रचयिता श्रीदेवसेन के गुरु (वि. ९६५, ई. ९०९)।

विमलनाथ – *Vimalanātha.*
Name of the 13th *Tirthankar* (Jaina-Lord).
१३वें तीर्थंकर। काम्पिल्य नगर के राजा कृतवर्मा रानी जयश्यामा के पुत्र। इनकी आयु ६० लाख वर्ष, शरीर ६० धनुष ऊंचा (२४० हाथ), वर्ण तप्त स्वर्ण के समान कांतिमान था। मेघ विघटन देखकर वैराग्य को प्राप्त हुए।

विमल पुराण – *Vimala Purāṇa.*
Name of a treatise written by *Brahmachari* Krishndas (a celibate).
ब्र. कृष्णदास (ई. १६१७) द्वारा रचित संस्कृत छंद बद्ध एक ग्रंथ। इसमें १० सर्ग हैं।

विमलप्रभ – *Vimalaprabha.*
Name of the 4th Jaina-Lord of the past era and name of a protecting peripatetic deity of *Kshirvar* ocean.
भूतकालीन चौथे तीर्थंकर, क्षीरवरसमुद्र का एक रक्षक व्यंतर देव।

विमलवाहन – *Vimalavāhana.*
Name of the 7th *Kulkar* and the 11th predestined *Chakravarti* (emperor).
सातवें कुलकर - मनु, इन्होंने जनता को हाथी-घोड़े आदि की सवारी का उपदेश दिया। आगामी ११वें चक्रवर्ती।

विमलसागर (आचार्य) – *Vimalasāgara (Ācārya).*
Name of a famous Digambar Acharya of 20th century, the chief disciple of Acharya Mahavirkirti.
आचार्य श्री महावीरकीर्ति महाराज के प्रमुख शिष्य एवं एक प्रभावक आचार्य। इनकी प्रेरणा से सम्मेदशिखर में समवसरण मंदिर, तीस चौबीसी मंदिर आदि निर्माण हुए तथा अनेक तीर्थों पर नवनिर्माण के साथ अनेक प्रतिमाएं विराजमान हुई हैं (समय-ई. २०वीं शताब्दी)।

विमलेश्वर – *Vimaleśvara.*
Name of the 18th *Tirthankar* of past era.
भूतकालीन १८वें तीर्थंकर।

विमा – *Vimā.*
Dimension.
दिशा।

विमान – *Vimāna.*
Heavenly space vehicle or palaces of deities, A mark (*Viman*) seen by Lord's mother in the 13th dream out of 16.
देवों के प्रासाद, इनके ३ भेद हैं - इन्द्रक, श्रेणीबद्ध, प्रकीर्णक विमान। आकाशगामी वाहन-इनका उपयोग देव और विद्याधर करते हैं। तीर्थंकर के गर्भावतरण के समय माता द्वारा देखे गये १६ स्वप्नों में १३वां स्वप्न।

विमानपंक्ति व्रत – *Vimānapaṁkti Vrata.*
A particular vow (fasting) pertaining to the temples in the 63 *Patal* (layers) of heavens.
स्वर्गों में कुल ६३ पटल हैं। प्रत्येक पटल में एक-एक इन्द्रक और उसके चारों दिशाओं में अनेक श्रेणीबद्ध विमान हैं। प्रत्येक विमान में जिन चैत्यालय हैं। उनके दर्शन की भावना के लिये किया गया व्रत। विशेष देखें व्रत विधान संग्रह।

विमानवासी देव – *Vimānavāsī Deva.*
Celestial beings who live in Vimans of 16 heavens.
वैमानिक देव, जो विमानों में रहते हैं और अपने को पुण्यशाली समझते हैं।

विमुख – *Vimukha.*
Indifferent knowledge, contrary to known subjects.
ज्ञेय विषयों से विभिन्न रूप वाले ज्ञान को विमुखज्ञान कहते हैं।

विमोचितावास – *Vimocitāvāsa.*
A reflection of vow of non-stealing (staying of a saint in a deserted place).
अचौर्यव्रत की एक भावना; दूसरों के द्वारा छोड़े हुए स्थानों में साधु का ठहरना।

विमोह – *Vimoha.*
Confusion, bewilderment.
परस्पर सापेक्ष द्रव्यार्थिक, पर्यायार्थिक नयों के अनुसार द्रव्य, गुण, पर्यायों आदि को नहीं जान पाना विमोह कहलाता है। अथवा शाक्य-बुद्ध आदि द्वारा कथित वस्तु में निश्चय करना।

विरक्त – *Virakta.*
One with aversion from the worldly life (attachments), indifferent, A recluse.
उदासीन, सांसारिक राग या लालसा से मुक्त, जो इन्द्रिय विषयों से विरक्त होता है।

विरजा – *Virajā.*
Name of the prime city in *Nalin Kshetra* (region) of west *Videh* (region), Name of a *Vapi* (like large lake) situated in southern *Nandishvardvip* (island).
अपर विदेह के नलिन क्षेत्र की प्रधान नगरी, नंदीश्वर द्वीप की दक्षिण दिशा में स्थित वापी।

विरत – *Virata.*
Free from worldly attachment, Indifferent, The 6th & 7th stages of spiritual development.

संयत। गुणस्थान-छठा, सातवां।

विरताविरत – *Viratāvirata.*
Those who have abandoned five particular sins partially (pertaining to partially restrained Jain followers).
देशसंयत या संयतासंयत। हिंसा आदि ५ पापों का स्थूल रूप से त्याग करने वाले पंचम गुणस्थानवर्ती अणुव्रती श्रावक।

विरति – *Virati.*
To be free from worldly attachments or sins i.e. desirelessness.
विरक्त होना, हिंसादि पापों से छूटना, उदासीनता।

विरलन – *Viralana.*
Distribution or spreading of numbers in the form of 1.
किसी संख्या को एक-एक करके फैलाना।

विरलन राशि – *Viralana Rāśi.*
Spreaded numbers in the form of 1.
जिस संख्या को एक-एक करके फैला दिया जाये। जैसे ४ का विरलन होगा १, १, १, १।

विरलन देय प्रक्रिया – *Viralana Deya Prakriyā.*
Spreading numbers (in the form of 1) and then distributing desired numbers at the place of 1.
फैलाना और देना। किसी संख्या के विरलन का अर्थ फैलाना अर्थात् उस संख्या को एक-एक में अलग-अलग करना। देय का अर्थ है फैलाये गये अंकों में प्रत्येक स्थान पर एक की जगह विवक्षित संख्या को रख देना।

विरहकाल – *Virahakāla.*
Period of separation, desertion period (pertaining to the gap between two similar particular stages or forms).
अंतर काल अर्थात् जितने काल तक अवस्था विशेष से जुदा होकर पुनः उसकी प्राप्ति नहीं होती उस काल को विरह या अंतर काल कहते हैं।

विराग – *Virāga.*
Aversion from the worldly attachments, Indifferent.
विरक्त होने का नाम विराग है। सांसारिक वासनाओं के प्रति उदासीनता, राग से मुक्ति।

विराग विचय– *Virāga Vicaya.*
Wishing for the renouncement from the world with the contemplation about the nature of world, body & enjoyments.
संसार, शरीर एवं भोगों के स्वरूप का चिंतन करते हुए वैराग्य की भावना करना विराग विचय है।

विराट – *Virāṭa.*
Name of a country, the old name of Barar.
एक देश, राजा विराट यहां के राजा थे वनवासी पाण्डवों ने छद्मवेश में इसी का आश्रय लिया था(बरार देश का पूर्व नाम)।

विराधना – *Virādhanā.*
Pain, Affliction, Unreverential, Dishonourable.
जो परिणाम राध अर्थात् आराधना रहित है, वह विराधना है। एकेन्द्रिय आदि जीवों को मारना या कष्ट पहुँचाना जीव विराधना या आसादना कहा जाता है।

विरुद्ध हेतु – *Viruddha Hetu.*
Contrary cause.
जो हेतु साधन का खण्डन करे।

विरुद्धराज्यातिक्रम – *Viruddha Rājyātikrama.*
The third infraction of the vow of non-stealing (unlawful trade).
अचौर्याणुव्रत का तीसरा अतिचार; अपने राज्य की आज्ञा को न मानकर राज्य विरुद्ध क्रय-विक्रय करना।

विरोध – *Virodha.*
Opposition, Contradiction, Objection.
अनुपलम्भ अर्थात् अभाव के साध्य को विरोध कहते हैं। असंगति, परस्पर विरूद्धता, असंबद्धता।

विरोधी धर्म – *Virodhī Dharma.*
Antagonism, Objective, Opposite nature (like cool-hot etc.).
जीवादि पदार्थों में ठंडा-गर्म, नित्य-अनित्य, एक-अनेक, भेद-अभेद आदि अनेक विरोधी गुण।

विरोधी हिंसा – *Virodhī Hiṁsā.*
Violence for self defence.
हिंसा के ४ भेदों में एक भेद; शत्रु से अपना बचाव करने के लिए जो हिंसा होती है, वह विरोधी हिंसा है। जैसे-राम ने रावण से युद्ध करने में विरोधी हिंसा की।

विलसित – *Vilasita.*
Lustrous, Glamorous, Name of a deity of *Asurkumar* kind.
जगमगाता हुआ, असुरकुमार जाति का एक भवनवासी देव।

विलास – *Vilāsa.*
Flirting, Merriment, enjoyment.
आनंद, मनोरंजन।

विलेपन – *Vilepana.*
Smearing, To apply scenty material on body.
शरीर पर चंदन व कुंकुम आदि सुगंधित पदार्थ का लेपन करना।

विवक्षा – *Vivakṣā.*
Desire of orator or speaker.
वक्ता की इच्छा को विवक्षा कहते हैं। प्रश्नकर्ता के प्रश्न से ही प्रतिपादन करने वाले की विवक्षा होती है।

विवर – *Vivara.*
The opening, cracks, holes, The big holes in the bottom of *Lavan* ocean called as *Patal* (Lower World).
दरार, छिद्र, अंतराल, स्थान, अवकाश, लवण समुद्र की तली में स्थित बड़े-बड़े खड्ड, जिन्हें पाताल भी कहते हैं।

विवर्त – *Vivarta.*
Movement, Cyclone, Wandering.
भंवर, चारों ओर घूमना, परिवर्तन। परिणाम या परिणमन को विवर्त कहते हैं।

विवाद – *Vivāda.*
A doctrinal debate, Dispute, Quarrel, Controversy.
शास्त्रार्थ, संघर्ष, विचार-विमर्श, कलह। दूसरे के मत को खण्डन करने वाले वचन का कहना विवाद है।

विवाह – *Vivāha.*
Marriage or wedding with religious rites.
एक संस्कार-वर, वधु का परिणय विवाह कहलाता है।

विवाह क्रिया – *Vivāha Kriyā.*
An auspicious activity - marriage according to tradition.
गर्भान्वय की ५३ क्रियाओं में १७वीं क्रिया; सिद्ध पूजन व तीन अग्नियों की विधिपूर्वक पूजन करते हुए, अग्नि प्रदक्षिणा देते हुए परिवार व समाज की साक्षी में सजाति कुलीन कन्या का पाणिग्रहण करना।

विवाह पटल – *Vivāha Paṭala.*
Name of a treatise written by *Acharya* Brahmadev.
आचार्य ब्रह्मदेव (ई. १२९२-१३२३) द्वारा रचित एक ग्रंथ।

विवाहिता स्त्री – *Vivāhitā Strī.*
Married woman, accepted ritually.
देवशास्त्रगुरु को नमस्कार कर तथा अपने भाई-बंधुओं की साक्षीपूर्वक जिस कन्या के साथ विवाह किया जाता है वह विवाहिता स्त्री कहलाती है।

विविक्त – *Vivikta.*
Isolated, Solitary, Lonely, Separated.
अकेला, एकाकी, निर्दोष।

विविक्त वसतिका – *Vivikta Vasatikā.*
Lonely or isolated place (hermitage).
एकांत, ध्यान आदि के योग्य पवित्र-निर्दोष, साधु के रहने का स्थान।

विविक्त शय्यासन – *Vivikta Śayyāsana.*
Isolated place for sleeping or rest.
पांचवां बाह्य तप-व्रत की शुद्धि के लिए पशु, स्त्री आदि से रहित एकांत प्रासुक स्थान में साधु के द्वारा ध्यान-अध्ययन के लिए शय्या व आसन ग्रहण करना।

विवृत योनि – *Vivṛta Yoni.*
Opened female genital organ.
योनि के ९ भेदों में एक भेद; खुला हुआ उत्पत्तिस्थान।

विवेक – *Viveka.*
Prudence, Conscience, Judgement, Discretion.
जिसमें राग हो ऐसे अन्न-पान आदि का त्याग करना दोषोत्पादक द्रव्यादिकों का मन से अनादर करना, भले-बुरे का ज्ञान।

विवेचन – *Vivecana.*
Thorough investigation, Meaningful description or exposition of treatise.
कथन, व्याख्यान, वर्णन, शास्त्रों के कथन करने की पद्धति का कथन करना।

विशद – *Viśada.*
Clear, Clean, Spotless, Pure.
निर्मल, पवित्र, स्पष्ट। जो प्रतिभास बिना किसी दूसरे ज्ञान की सहायता से स्वतंत्र व स्पष्ट हो।

विशद प्रतिभास – *Viśada Pratibhāsa.*
Right conception of soul.
ज्ञानावरण कर्म के क्षय से अथवा क्षयोपशम से उत्पन्न होने वाली और शब्द तथा अनुमानादि (परोक्ष) प्रमाणों से नहीं हो सकने वाली जो अनुभव सिद्ध निर्मलता है वही विशद प्रतिभास है।

विशदावग्रह – *Viśadāvagraha.*
Decisive right apprehension.
जो अवग्रह निर्णयरूप होता है उसे विशद अवग्रह कहते हैं।

विशल्या – *Viśalyā.*
Name of a great woman with having super power of causing anyone free from diseases.
राजा द्रोणमेघ की पुत्री, जिसके पूर्व भव के कठिन तप के प्रभाव से उसके स्नान जल में सर्वरोग शान्त करने की शक्ति थी, लक्ष्मण की अमोघशक्ति इसी के प्रभाव से निकली थी तथा जैनरामायण के अनुसार इसका विवाह लक्ष्मण के साथ हुआ था।

विशाख – *Viśākha.*
Name of the prime chief disciple of Lord Mallinath.
तीर्थंकर मल्लिनाथ के प्रथम गणधर।

विशाखदत्त – *Viśākhadatta.*
The first *Acharya* possessing knowledge of 11 *Angas* & 10 *Purvas* (parts of *Shrutgyan*-scriptural knowledge).
११ अंग १० पूर्व के ज्ञाता ११ मुनियों में प्रथम आचार्य। अपरनाम विशाखाचार्य।

विशाखभूति – *Viśākhabhūti.*
The younger brother of king Vishvabhuti who became ultimately a heavenly deity.
राजगृह नगरी के राजा विश्वभूति का छोटा भाई, पिता के दीक्षा लेने पर स्वयं ने भी दीक्षा ली और मरकर स्वर्ग में देव हुआ, स्वर्ग से आकर विजय नामक बलभद्र हुआ।

विशाखा – *Viśākhā.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र। तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ और पार्श्वनाथ का जन्म इसी नक्षत्र में हुआ था।

विशालकीर्ति – *Viśālakīrti.*
Name of a Bhattarak of Nandi group, A disciple of Pandit Ashadhar.
नंदिसंघ बलात्कारगण नागौर गद्दी के एक भट्टारक, समय -

वि.सं. १६०१, पं. आशाधरजी के प्रधान शिष्य में एक शिष्य।

विशालनयन – *Viśālanayana.*
Name of the 4th Rudra among all 11.
११ रुद्रों में चौथा रुद्र अपरनाम वैश्वानर। इसकी ऊंचाई ९० धनुष एवं आयु एक लाख पूर्व की थी।

विशालप्रभ – *Viśālaprabha.*
Name of the 10th Jaina-Lord of *Videh Kshetra* (region).
विदेह क्षेत्र के १०वें तीर्थंकर का नाम।

विशालाक्ष – *Viśālākṣa.*
Name of the 63rd son of king Dhritrashtra, Name of the *Nagendra* deity of *Sphaticprabh* summit of *Kundal* mountain, Name of the 65th cheif disciple of Lord Rishabhdev.
राजा धृतराष्ट्र व रानी गांधारी का ६३वां पुत्र, कुण्डल पर्वत के स्फटिक प्रभ कूट का स्वामी नागेन्द्र देव, भगवान वृषभदेव के ६५वें गणधर का नाम।

विशिष्ट पद – *Viśiṣṭa Pada.*
A kind of disquisition door.
पदमीमांसा आदि अनुयोगद्वार के उत्कृष्टादि भेद पदों के १३ भेदों में से एक भेद।

विशुद्ध – *Viśuddha.*
Pure, Genuine, Unadulterated, True.
पवित्र, निर्दोष। विशुद्धकर्म का कार्य होने से आहारक शरीर को विशुद्ध कहा है।

विशुद्धता – *Viśuddhatā.*
Genuineness, Purity, Sacredness.
पवित्रता, निष्कलंकता।

विशुद्ध परिणाम – *Viśuddha Pariṇāma.*
Passionfree pure results.
निर्मल, पवित्र जीवन के परिणाम अर्थात् कषाय या संक्लेश परिणामों या भावों की मंदता।

विशुद्धमती (आर्यिका) – *Viśuddhamatī (Āryikā).*
1. Name of an Aryika, the disciple of Acharya shri Shivsagar Maharaj of the tradition of Charitra Chakravarti Shri Shantisagar ji Maharaj. 2. Name of a Ganini Aryika, the disciple of Acharya Nirmalsagar (Chhani).
१. चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की परम्परा के द्वितीय पट्टाचार्य श्री शिवसागर महाराज की शिष्या जिन्होंने त्रिलोकसार, सिद्धांतसार दीपक आदि ग्रंथों का हिन्दी अनुवाद किया तथा बारह वर्षीय सल्लेखना पूर्ण कर जनवरी २००२ में समाधिस्थ हुईं। २. आचार्य श्री निर्मलसागर (छाणी परम्परा) की शिष्या गणिनी आर्यिका जो आर्यिका संघ का संचालन करते हुए साहित्य सृजन में निरत हैं (समय-ई. श. २०)।

विशुद्धि – *Viśuddhi.*
A state of lack of passions.
संक्लेश परिणामों की हीनता अथवा साता वेदनीय कर्म के बन्ध में कारणभूत विशुद्ध परिणाम।

विशुद्धि लब्धि – *Viśuddhi Labdhi.*
Attainment of passionfreeness causing right perception.
सम्यक्त्व प्राप्त कराने वाली ५ लब्धियों में एक लब्धि, साता वेदनीय आदि शुभकर्मों के बंध योग्य परिणाम का नाम विशुद्धि है उसकी प्राप्ति होना विशुद्धि-लब्धि है।

विशेष – *Viśeṣa.*
Special, Peculiar, Particular, Distinctive.
समान भाव को सामान्य और उससे अन्य अर्थात् विसमान भाव को विशेष कहते हैं। व्यावृत्ति अर्थात् भेद की बुद्धि उत्पन्न करने वाला विशेष है।

विशेष उपयोग – *Viśeṣa Upayoga.*
Special consciousness.
ज्ञानोपयोग या साकारोपयोग, जो सामान्य - विशेषात्मक पदार्थों के आकार को ग्रहण करे अर्थात् ज्ञान पदार्थों को विशेष करके जानता है।

विशेष काल – *Viśeṣa Kāla.*
A type of peculiar time.
विधि रूप वर्तन सामान्य काल है और निषेध स्वरूप विशेष काल है।

विशेष क्षेत्र – *Viśeṣa Kśetra.*
A type of particular spacious region.
केवल प्रदेश सामान्य क्षेत्र तथा यह वस्तु का प्रदेश रूप अंशमयी अर्थात् अमुक द्रव्य इतने प्रदेश वाला है, इत्यादि विशेष क्षेत्र कहलाता है।

विशेष गुण – *Viśeṣa Guṇa.*
Special characteristics recognizable properties of matter.
जिस गुण से द्रव्यों में भेद जाना जाता है अर्थात् विशेष गुणों के द्वारा द्रव्य विशेष सिद्ध किया जाता है। सर्वद्रव्यों में विशेष गुण १६ हैं।

विशेषण – *Viśeṣaṇa.*
Adjective - a qualifying word.
गुणवाचक शब्द, गुण, विशेषता। वह शब्द जो किसी दूसरे शब्द की विशेषता प्रकट करता है।

विशेषनय– *Viśeṣa Naya.*
A particular standpoint believing that the soul is non-extricated .
अव्यापकता रूप कथन करने वाला नय। जैसे - आत्मद्रव्य एक मोती की भांति अव्यापक है, सदा से रहने वाले नर-नारकादि जीव का बोधन करना विशेष नय है।

विशेष विधि – *Viśeṣa Vidhi.*
Particular method of explaining something.
अर्थ समझने या समझाने की दो विधियों में एक विधि; प्रसिद्ध परम्परा।

विशेष संग्रह नय – *Viśeṣa Saṁgraha Naya.*
A word or phrase used for expressing a collective form of something like herd of elephants etc.

दृष्टांतों के द्वारा प्रत्येक जाति के समूह को नियम से एक वचन के द्वारा स्वीकार करके कथन करने वाला नय। जैसे - हाथियों का झुण्ड, घोड़ों का झुण्ड इत्यादि।

विशेष स्वभाव – *Viśeṣa Svabhāva.*
A particular nature of matters (like consciousness & unconsciousness etc.).
स्वभाव के दो भेदों में एक भेद; चेतन, अचेतन, मूर्त, अमूर्त आदि १० स्वभाव द्रव्यों के विशेष स्वभाव हैं।

विशेषालोचना – *Viśeṣālocanā.*
Acceptance of own faults before an *Acharya* by a mortifier (Kshapak).
सल्लेखना के समय क्षपक के द्वारा आचार्य के सामने की जाने वाली विशेष आलोचना।

विश्लेषण – *Viśleṣaṇa.*
Analysis, Disintegration.
व्याख्यान या विवेचन करना।

विश्व – *Viśva.*
World.
संसार; ६ महाद्वीपों में उपलब्ध संसार।

विश्वनंदि – *Viśvanaṁdi.*
Name of a *Bhattarak* of *Nandi* group, Past-birth name of the 2nd *Narayan,* Triprishtha who became Lord Mahavira after some next births..
नंदिसंघ बलात्कारगण उज्जयिनी गद्दी के एक भट्टारक। अपरनाम विष्णुनंदि। समय- वि.सं.-७०४। नारायण त्रिपृष्ठ के दूसरे पूर्व भव का नाम। यही आगे चलकर तीर्थंकर महावीर हुए।

विश्वभूषण – *Viśvabhūṣaṇa.*
Name of a *Digambar* saint, the composer of 'Bhaktamar Charit' & 'Indradhvaj Vidhan' in Sanskrit.
भक्तामर चरित एवं संस्कृत इन्द्रध्वज विधान के रचयिता एक दिगम्बर साधु।

विश्वलोचन कोष – *Viśvalocana Koṣa.*
A Sanskrit Synonym Dictionary compiled by Dharsen *Acharya.*
धरसेन आचार्य कृत संस्कृत भाषा का नानार्थक कोष।

विश्वसेन – *Viśvasena.*
Father's name of Lord Parshvanath & Lord Shantinath.
भगवान पार्श्वनाथ एवं शांतिनाथ के पिता का नाम। पार्श्वनाथ भगवान के पिता का नाम अश्वसेन भी है।

विषंग – *Viṣaṁga.*
A kind of delusive relation (family attachments).
स्त्री आदि सब मेरे हैं, इस प्रकार का सम्बन्ध विषंग कहलाता है।

विष – *Viṣa.*
Poison, intense fruition of inauspicious Karmas is also called as poison.
जहर, अशुभ कर्म के तीव्र उदय रूप फल को भी विष की संज्ञा प्रदान की गई है।

विष वाणिज्य – *Viṣa Vāṇijya.*
Trade of poison, destructive for all beings.
जीवों को घात करने वाले विष का व्यापार।

विषम – *Viṣama.*
Odd, not similar, uneven.
जो सम या समान न हो, असमान। (स्निग्ध पुद्गल का रूक्ष पुद्गल के साथ जघन्य गुण के सिवाय विषम अथवा सम गुण के रहने पर बंध होता है)।

विषम दृष्टांत – *Viṣama Dṛṣṭāṁta.*
An odd example of an event.
जो दार्ष्टान्तिक के सदृश न हो उसे विषम दृष्टांत कहते हैं।

विषमधारा – *Viṣamadhārā.*
Sequence of odd numbers.
१४ धाराओं में एक धारा; १ से लगाकर केवलज्ञान के अंशों तक विषम संख्या की पंक्ति। जैसे - १, ३, ५, ७ आदि।

विषमोचिका – *Viṣamocikā.*
The wood-soled sandal of *Chakravarti* (emperor) Bharatesh.
चक्रवर्ती भरतेश की पादुकाएं या खड़ाऊं का नाम।

विषयत्याग – *Viṣayatyāga.*
Renunciation of sensual enjoyments.
भोगाकांक्षा का त्याग करना उसमें रागादि भाव नहीं करना।

विषयरुचि – *Viṣayaruci.*
Attachment with sensual enjoyment, A lust.
इन्द्रिय विषयों के प्रति कामना, इच्छा।

विषय विराग – *Viṣaya Virāga.*
Renunciation of sensual enjoyments.
पांचों इन्द्रियों के सब सुख की अभिलाषा का त्याग विषय विराग है।

विषयसंरक्षणानंद – *Viṣayasaṁrakṣaṇānaṁda.*
Intense passionate attachment.
एक प्रकार का रौद्र ध्यान, परिग्रह व इन्द्रिय भोग के पदार्थों की रक्षा में तीव्र मोह करते रहना चौथा रौद्रध्यान है।

विषयातीत – *Viṣayātīta.*
Supreme bliss.
विषयों की निवृत्ति से उत्पन्न होने वाला सुख अर्थात् संसार के विषयों से अतीत स्वाधीन अव्याबाध सुख।

विषयाधीन – *Viṣayādhīna.*
Worldly sensual pleasures, ultimately causing trouble.
लौकिक सुख; इन्द्रिय विषयक या इन्द्रियों से उत्पन्न होने वाला सुख जो सुखाभास है तथा जिसका परिणाम दुखरूप होता है।

विषयाभिलाष – *Viṣayābhilāṣa.*
Intense lust for passions.
तृष्णा; सांसारिक सुखदायक पदार्थ कभी भी मेरे से अलग न होवें ऐसी तीव्र अभिलाषा।

विषयासक्ति – *Viṣayāsakti.*
Engrossment in worldly pleasures.
अशुभोपयोग; विषयों के प्रति उपयोग की मग्नता या अवगाढ़ता।

विषापहार स्तोत्र – *Viṣāpahāra Stotra.*
A praising hymn written by Dhananjay (poet).
धनञ्जय कवि द्वारा रचित संस्कृत भाषाबद्ध एक स्तोत्र, रचना करते समय जिसके पाठ से उनके पुत्र का सर्प विष उतर गया था।

विष्कंभ – *Viṣkaṁbha.*
Diameter, Expansion.
वृत्त का व्यास, विस्तार, लम्बाई।

विष्टा – *Viṣṭā.*
Diameter, Excreta.
मल, पाखाना। औदारिक शरीर में विष्ठा का प्रमाण ६ प्रस्थ है।

विष्णु – *Viṣṇu.*
Another name of *Narayan,* One of the great *Acharya* after salvation of Lord Mahavira.
त्रिखंडाधिपति नारायण को विष्णु कहते हैं, त्रिपृष्ठ, द्विपृष्ठ, स्वयंभू, पुरुषोत्तम, पुरुषसिंह, पुण्डरीक, दत्त, लक्ष्मण और कृष्ण ये ९ विष्णु (नारायण) हैं। महावीर निर्वाण के ६२ वर्ष बाद हुए ५ आचार्यों में प्रथम आचार्य, ये श्रुतकेवली थे।

विष्णुकुमार – *Viṣṇukumāra.*
A great saint; the son of *Chakravarti* (emperor) 'Mahapadma', ultimately who got salvation.
महापद्म चक्रवर्ती के पुत्र एक महामुनि। अकम्पनाचार्य के ७०० मुनियों के संघ पर बलि कृत उपसर्ग को अपनी विक्रिया ऋद्धि द्वारा दूर किया, अंत में तप कर मोक्ष गये।

विष्णुनंदि – *Viṣṇunaṁdi.*
Name of an omniscient after Lord Mahavira.
भगवान महावीर के बाद हुए पंचम श्रुतकेवली, समय - ई.पू. ४६५-४५१, अपरनाम नंदि था।

विसंयोजन – *Visaṁyojana.*
Transition of higher passions into lower passionate form.
संक्रमण, अनंतानुबंधी कषाय के द्रव्य को अप्रत्याख्यानादि अन्य कषाय रूप परिणमा देना।

विसंवाद – *Visaṁvāda.*
Misleading or deceptive speech.
वचन विरोध, धोखा। अशुभ नामकर्म के आस्रव का एक कारण; अन्यथा प्रवृत्ति या प्रतिपादन करना अथवा दूसरे को धोखा देना विसंवाद है।

विसदृश – *Visadṛśa.*
Dissimilar, Recognition with dis-similarity (reg. any different matters).
समानता का अभाव। प्रत्यभिज्ञान का एक भेद, स्मृति और प्रत्यक्ष के विषयभूत पदार्थों में विसदृशता दिखाते हुये जोड़रूप ज्ञान को विसदृश प्रत्यभिज्ञान कहते हैं। जैसे - गाय को लेकर भैंसा में रहने वाली विसदृशता दिखाना।

विसर्जन – *Visarjana.*
Completion, Sending deities back with respect.
समापन, पूजा के ५ अंगों में एक अंग, जो पूजा की समाप्ति पर किया जाता है। इसमें आगन्तुक देवों को आदरपूर्वक अपने-अपने स्थानों पर जाने के लिए प्रार्थना की जाती है।

विसर्पण – *Visarpaṇa.*
Expansion, Crawling, Slight expansion of soul-points.
फैलाव, प्रसारण, विस्तार, रेंगना, सरकना, दीपक के प्रकाश के समान जीव के प्रदेशों का संकोच-विस्तार (विसर्पण) होता है।

विसृष्टांग तप – *Visṛṣṭāṁga Tapa.*
An austerity or meditation, keep the body exactly loose.
कायक्लेश तप का एक भेद; जिस तप में सम्पूर्ण शरीर ढीला छोड़ दिया जाये उसे विसृष्टांग तप कहते हैं।

विस्तर सत्त्व त्रिभंगी – *Vistara Sattva Tribhaṁgī.*
Name of a treatise written by *Acharya* Kanaknandi.
आचार्य कनकनंदि कृत कर्म सिद्धांत विषयक प्राकृत भाषा का एक ग्रंथ। समय - ई. सन् ९३९।

विस्तार दर्शनार्य – *Vistāra Darśanārya.*
A type of noble persons.
दर्शनार्य १० प्रकार के होते हैं उनमें से विस्ताररूचि वाले सम्यग्दृष्टि को विस्तार दर्शनार्य कहते हैं।

विस्तार रूचि – *Vistāra Ruci.*
Those having interest of thorough study.
शिष्यों के तीन भेदों में एक भेद, विस्तार से समझने की रूचि रखने वाले शिष्य।

विस्तार सम्यग्दर्शन – *Vistāra Samyagdarśana.*
Right faith after thorough learning of scriptures.
सम्यक्त्व के १० भेदों में सातवां भेद, जीव आदि तत्त्वों को विस्तार रूप से सुनकर जो श्रद्धान हो वह विस्तार सम्यग्दर्शन है।

विस्मय – *Vismaya.*
Sentiments of astonishment, Amazement.
आश्चर्य या अचम्भे की भावना; १८ दोषों में से एक जो कि अरिहंत भगवान के नहीं होता।

विस्रसोपचय – *Visrasopacaya.*
Natural Karmic attendants; natural aggregation of Karmic molecules capable of binding with soul.
वे कर्म व नोकर्म के परमाणु जो जीव के प्रदेशों में एक क्षेत्रावगाही हैं। परन्तु जीव के साथ बंध को प्राप्त नहीं हैं अर्थात् ये कर्म नोकर्म रूप होने के योग्य हैं, वर्तमान में पुद्गल रूप हैं।

विहायोगति (नामकर्म) – *Vihāyogati (Nāmakarma).*
A type of *Karmic* nature causing spatial movement.
नामकर्म की एक प्रकृति, जिसके उदय से जीव का आकाश में

शुभ व अशुभ गमन हो।

विहायोद्विक – *Vihāyodvika.*
A type of dyad pertaining to the praised & non-praised spatial movement.
प्रशस्त और अप्रशस्त विहायोगति।

विहार – *Vihāra.*
Movement of Jaina saints on foot from one place to another.
गमन, एक स्थान पर रहने से राग बढ़ता है इसलिए जैन साधु विहार करते हैं। वर्षायोग के अतिरिक्त अधिक काल एक स्थान पर नहीं ठहरते।

विहारक्रिया संस्कार – *Vihārakriyā Saṁskāra.*
Auspicious activity pertaining to the spatial movement of *Tirthankar* (Jaina-Lord) from one place to another.
गर्भान्वयी की एक क्रिया, धर्मचक्र को आगे करके तीर्थकरों का आकाशमार्ग से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना विहारक्रिया है।

विचार – *Vicāra.*
Consideration, Contemplation.
विषय के प्रथम ज्ञान को वितर्क कहते हैं। उसी का बारबार चिंतवन विचार कहलाता है।

वीची – *Vīcī.*
A wave, a wave of pleasure.
वीची वाग्लहरी को कहते हैं, लहर, प्रसन्नता।

वीजना – *Vījanā.*
Fan.
पंखा।

वीतराग – *Vītarāga.*
One free from all passions and attachments, or passionless one.
जहां मोह का उदय न रहा हो। आत्म साधना के द्वारा जिन्होंने राग-द्वेष को नष्ट कर दिया है उन्हें वीतराग कहते हैं। अरिहंत भगवान पूर्ण वीतरागी होते हैं।

वीतराग कथा – *Vītarāga Kathā.*
Impartial wise discussion, a witty dialogue or discussion between learned persons.
गुरु और शिष्य के बीच या रागद्वेष से विमुख विद्वानों के बीच तत्त्व निर्णय के लिए जो चर्चा चलती है उसे वीतराग कथा कहते हैं।

वीतरागचारित्र – *Vītarāgacāritra.*
Deep engrossment in meditation by great Jaina saints.
रागादि विकल्पों से रहित होकर आत्मा में रमणता या लीनता। शुक्लध्यान, शुद्धोपयोग, उपेक्षा संयम, निश्चय चारित्र, वीतरागचारित्र ये एकार्थवाची हैं। ये सम्यग्दृष्टि जीवों के होता है।

वीतराग छद्मस्थ – *Vītarāga Chadmastha.*
Souls at the 11th - 12th stage of spiritual development.
११वें व१२वें गुणस्थान वाले वीतराग छद्मस्थ हैं।

वीतरागता – *Vītarāgatā.*
State of passionlessness, Freeness from worldly attachment.
सच्चे आप्त (भगवान) के तीन मुख्य गुणों सर्वज्ञता, वीतरागता तथा हितोपदेशिता में से एक गुण। जिसमें राग, द्वेष एवं मोह का अभाव होता है।

वीतराग धर्मध्यान – *Vītarāga Dharmadhyāna.*
Supreme stage of religious meditation (Dharmadyan) to the knowledge of supreme soul.
धर्मध्यान की उत्कृष्ट स्थिति-सातवें से दसवें गुणस्थान में होने वाली ध्यान अवस्था।

वीतराग वचन – *Vītarāga Vacana.*
Super speech of Lord Arihant, Contents of scriptures.
आगम; आप्त के वचन, जिन्होंने जन्म जरा आदि १८ दोषों को नष्ट कर दिया है।

वीतराग श्रमण – *Vītarāga Śramaṇa.*
One free from all passionate delusions, a saint.
शुभ और अशुभ दोनों प्रकार के राग से मुक्त साधु वीतराग श्रमण है।

वीतराग सम्यग्दर्शन – *Vītarāga Samyagdarśana.*
Right faith without any attachment.
निश्चय सम्यग्दर्शन, वीतराग चारित्र के साथ अविनाभावी, जिस सम्यक्त्व भाव में आत्मा की विशुद्धि, तन्मयता हो। यह सातवें से दसवें गुणस्थान तक होता है।

वीतराग सम्यग्दृष्टि – *Vītarāga Samyagdṛṣṭi.*
One having right spiritual knowledge.
निश्चय सम्यग्दृष्टि, जो वीतराग सम्यग्दर्शन से सहित होते हैं।

वीतराग सुख – *Vītarāga Sukha.*
Supreme bliss.
अनंत सुख। शुद्धात्मा के दर्शन से प्राप्त जिनेश्वरों का सुख।

वीतराग स्तोत्र – *Vītarāga Stotra.*
Name of a Sanskrit spiritual hymn.
एक आध्यात्मिक संस्कृत स्तोत्र। शिवं शुद्ध बुद्धं.....चिदानंद रूपं णमो वीतरागं।

वीतशोक – *Vītaśoka.*
Sorrowless state, Name of the 68th planet, the 26th city of northern *Vijayardh* mountain.
शोक रहित अवस्था, ८८ ग्रहों में ६८वां ग्रह, विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का २६वां नगर।

वीतशोका – *Vītaśokā.*
Name of a capital city of *Sarit* country of west *Videh* (region), Name of the 25th city of northern *Vijayardh* mountain. A large lake of southern Nandishvardvip (island).
पश्चिम विदेह के सरित देश की राजधानी, विजयार्ध की उत्तरश्रेणी

का २५वां नगर, नंदीश्वर द्वीप की दक्षिण की एक बावड़ी।

वीथी – *Vīthī.*

Way, road, streets or lanes (pertaining to the *Samavsharan* - assembly of Jaina-Lord).
मार्ग, सड़क, समवशरणभूमि के मार्ग, चन्द्र सूर्य के भ्रमण की गलियां।

वीर – *Vīra.*

Warrior, Brave, One of the 5 names of Lord Mahavira.
पराक्रमी, वीरता प्रकट करना, भगवान महावीर के ५ नामों में एक नाम।

वीर कवि – *Vīra Kavi.*

Name of a great writer of 'Jambusami Chariu'.
जम्बूसामि चरिउ, अपभ्रंश भाषा बद्ध ग्रंथ के कर्ता। समय - ई. १०१९।

वीरचर्या – *Vīrcaryā.*

Strict and pure conduct of Jaina saints.
निर्ग्रन्थ मुनि की निर्दोष चर्या अर्थात् कठोर आचरण।

वीर ज्ञानोदय ग्रंथमाला – *Vīra Jñānodaya Granthamālā.*

Name of a large Jain Granthmala (publishing centre) established in the year 1972 on the inspiration of Ganini Shri Gyanmati Mataji at Jambudvip-Hastinapur (Meerut), U.P. It is managed by 'Digambar Jain Trilok Shodh Sansthan' and a number of Jain treatises have been published and are being published from here. See the list of its all publications in the last of the dictionary.
गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से सन् १९७२ में स्थापित एवं दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान, जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र. द्वारा संचालित एक ग्रंथमाला जिसके द्वारा सैकड़ों ग्रंथ लाखों की संख्या में प्रकाशित हुए हैं। जिनकी लिस्ट इस शब्दकोष के अंत में उपलब्ध है।

वीरनंदि – *Vīranandi.*

Name of an Acharya of *Nandi* group.
नंदिसंघ देशीयगण के एक आचार्य, आचारसार आदि ग्रंथों के कर्ता।

वीर निर्वाण क्रिया – *Vīra Nirvāṇa Kriyā.*

A kind of devotional prayer.
कृतिकर्म; सिद्धभक्ति, निर्वाण भक्ति, पंचगुरु भक्ति, शांति भक्ति पढ़ना।

वीर निर्वाण संवत् – *Vīra Nirvāṇa Saṁvat.*

Era beginning with the salvation of Lord Mahavira.
वीर निर्वाण से प्रारम्भ होने वाला संवत्। जो वर्तमान में सबसे प्राचीन संवत् के रूप में मान्य है। वर्तमान ई. सन् २००३-२००४ में वी.नि.सं. २५३० चल रहा है। तिलोयपण्णत्ति (अधिकार ४, गाथा नं. १४९९) के अनुसार वीर निर्वाण के ६०५ वर्ष ५ माह बीत जाने पर शक राजा उत्पन्न हुआ तदनुसार वर्तमान शक संवत् १९२५ मे ६०५ वर्ष जोड़ देने पर वीर निर्वाण संवत् २५३० प्राप्त होता है।

वीरमातंडी – *Vīramātaṁḍī.*

Name of a Kannad commentary book written by Chamundarai.
चामुंडराय (ई.श. १०-११) द्वारा रचित गोमट्टसार की कन्नड़ वृत्ति।

वीरवित् – *Vīravit.*

Name of the disciple of Sinhbal and spiritual teacher of Padmasen.
पुन्नाटसंघ की गुर्वावली के अनुसार सिंहबल के शिष्य तथा पद्मसेन के गुरु। समय - ई.श. ७ अंतपाद।

वीरशासन जयंती व्रत – *Vīraśāsana Jayaṁtī Vrata.*

A vow (fasting) on Shravan Krishna-1, the first auspicious day on which the resonant preaching (Divya Dhvani)of Lord Mahavira was delivered.
भगवान महावीर की दिव्यध्वनि की प्रथम तिथि श्रावण कृ.१ को उपवास करना। 'ॐ' ह्रीं श्री महावीराय नमः' इस मंत्र का जाप्य करना।

वीर संघ – *Vīra Saṁgha.*

Name of a group of saints after division of *Moolsangh* (original group).
मूल संघ के विघटन के पश्चात् बना जैन साधुओं का एक संघ।

वीरसागर (आचार्य) – *Vīrasāgara (Ācārya).*

Name of the first disciple of Charitra Chakravarti Acharya Shri Shantisagarji Maharaj in his Acharya tradition.
चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर महाराज के प्रथम शिष्य एवं उनकी परम्परा में प्रथम पट्टाधीश आचार्य। जन्म-सन १८७६ में आषाढ शुक्ला १५ (गुरु पूर्णिमा) एवं समाधि-सन् १९५७ आश्विन कृ. अमावस। सन् १९५५ में इन्हें गुरु ने अपना आचार्यपट्ट प्रदान किया। गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के दीक्षागुरु।

वीरसेन – *Vīrasena.*

Name of a great Jain *Acharya,* the writer of commentary on great treatises (Shatkhandagam and Kashaypahud).
पंचस्तूप संघ के आर्यनंदि के शिष्य और जिनसेन के गुरु। आपने षट्खण्डागम तथा कषायपाहुड़ सिद्धांत ग्रंथों पर धवला व जयधवला नाम की विस्तृत टीकायें लिखीं।

वीरसेन – *Vīrasena.*

Name of the disciple of Ramsen, Name of the disciple of Brahmasen.
माथुरसंघ के अनुसार रामसेन के शिष्य और आचार्य देवसेन के गुरु। समय - ई. ८८३-९२३। लाड़बागड़ गच्छ के अनुसार ब्रम्हसेन के शिष्य और गुणसेन के गुरु थे। समय - ई. १०४८।

वीरसेना – *Vīrasenā.*

Mother's name of the 7th Jaina-Lord of *Susima* city of *Videh* (region).
विदेहक्षेत्रस्थ सुसीमा नगरी के ७वें तीर्थंकर ऋषभानन की माता।

वीरांगज मुनि – *Vīrāṁgaja Muni.*

Name of the last Jaina saint of *Pancham Kal* (the 5th time-cycle of universe).
पंचम काल के अंत में होने वाले अंतिम दिगम्बर जैन साधु। जो पंचमकाल के अंत में राजा द्वारा आहार का प्रथम ग्रास शुल्क के रूप में मांगे जाने पर अंतराय मानकर समाधिमरण करके स्वर्ग जायेंगे।

वीरासन – *Vīrāsana.*

A posture of meditation.
ध्यान या कायोत्सर्ग के योग्य एक आसन। दक्षिण जंघा के ऊपर वाम पैर और वाम जंघा के ऊपर दक्षिण पैर रखना। अपरनाम-पद्मासन।

वीर्य – *Vīrya.*

Vitality, Potency, Spiritual power.
शक्ति, गुण, आत्मा का बल जिसको वीर्यांतराय कर्म ढकता है।

वीर्य चर्या – *Vīrya Caryā.*

See - *Vīra Caryā.*
देखें - वीर चर्या।

वीर्य प्रवाद – *Vīrya Pravāda.*

A part of *Shrutgyan* (scriptural knowledge) containing the description of the power of soul.
दृष्टिवाद-१२वें अंग का तीसरा पूर्व, जिसमें आत्मा-अनात्मा की शक्ति का कथन है। इसके ७० लाख मध्यम पद हैं।

वीर्य लब्धि – *Vīrya Labdhi.*

A type of attainment pertaining to the vitality of beings.
५ लब्धियों में एक लब्धि। शक्ति की प्राप्ति जो वीर्यान्तराय कर्म के क्षयोपशम से होती है।

वीर्यान्तराय कर्म – *Vīryāṁtarāya Karma.*

An obstructive *Karma* obscurring the vitality of beings or soul.
जिस कर्म के उदय से आत्म वीर्य की रूकावट हो या जीव किसी कार्य के प्रति उत्साहित होने की इच्छा होते हुए भी उत्साहित नहीं हो पाता एवं असमर्थता का अनुभव करता है।

वीर्याचरण – *Vīryācaraṇa.*

Conduct according to the capability.
सामर्थ्य के अनुसार आचार का पालन करना।

वीर्याचार – *Vīryācāra.*

One of the 5 conducts - conduct with spiritual strength.
५ आचारों में एक आचार, अपनी शक्ति को न छिपाकर उत्साहपूर्वक आत्मबल के साथ चारित्र पालना।

वृंदावन – *Vṛṁdāvana.*

Name of the poet, the writer of 'Vrindavan Vilas' etc. many books.
तीस चौबीसी पूजन, वृंदावन विलास, प्रवचनसार टीका, अर्हत्पासाकेवली आदि ग्रंथों के रचयिता एक कवि। समय - ई. १८०३-१८४८।

वृक्ष – *Vṛkṣa.*

Trees (myth. wish fulfilling trees, specific super trees).
कल्पवृक्ष; भोग भूमि में मनुष्यों की आवश्यकताओं को चिन्ता मात्र से पूरी करते हैं। चैत्यवृक्ष; प्रतिमाओं के आश्रयभूत, जो पृथिवीकायिक होते हैं, वनस्पतिकायिक नहीं।

वृक्षमूल – *Vṛkṣamūla.*

Root of trees, A type of meditation to be observed under the tree.
वृक्ष की जड़, एक प्रकार का योग, वर्षाकाल में वृक्ष के नीचे ध्यान लगाना वृक्षमूल योग कहलाता है।

वृक्षमूलावास – *Vṛkṣamūlāvāsa.*

A type of austerity, staying in the root-hollow of trees.
कायक्लेश तप का एक भेद, वृक्षमूल में निवास करना।

वृत्त – *Vṛtta.*

Circle, A type of religious conduct.
वर्तुलाकार,गोल, पापारम्भ के कार्यों से विरक्त होने में सहायक कर्म। ये देव-पूजा आदि ६ होते हैं इनका आचारण करना वृत्त कहलाता है।

वृत्त विष्कंभ – *Vṛtta Viṣkaṁbha.*

Diameter, width of a ring.
वृत्त का व्यास।

वृत्ति – *Vṛtti.*

Conduct, Behaviour, Natural tendency.
वर्तन या समवाय। गुण गुणी की अभिन्नता, गोचरी आदि ५ भिक्षा वृत्ति।

वृत्तिपरिसंख्यान – *Vṛttiparisaṁkhyāna.*

Resolution of certain vow of Jaina saint (while going to take food to taking).
बाह्य तप का एक भेद-आहार को जाते समय अनेक प्रकार की प्रतिज्ञा या आकड़ी लेना।

वृत्तिलाभ क्रिया – *Vṛttilābha Kriyā.*

An act of consecration, to observe the vows taken before the spiritual teacher.
दीक्षान्वय की ४८ क्रियाओं में एक क्रिया, गुरु के द्वारा प्रदत्त व्रतों को धारण करना।

वृत्तिसूत्र – *Vṛttisūtra.*

Briefing of some principle etc.
जिसमें संक्षिप्त शब्दों में या सूत्र के समस्त अर्थ को संग्रहीत कर लिया जाता है।

वृत्त्यंश – *Vṛttyaṁśa.*

Momentariness of any matter.
पर्याय; पर्यायों का क्षणिकत्व होना या द्रव्य में जो अंश कल्पना की जाती है वह पर्याय है।

वृद्धि – *Vṛddhi.*
Growth, Increase, Development.
विकास, बढ़ोत्तरी, पूर्व स्वभाव को कायम रखते हुए भावान्तररूप से अधिकता हो जाना वृद्धि है।

वृद्धि-हानि – *Vṛddhi-Hāni.*
Increasing & decreasing (pertaining to clairvoyance and 6 particular virtues etc.).
षट्गुण हानि वृद्धि; अविभाग प्रतिच्छेदों में वृद्धि हानि का नाम ही षट्गुण हानि वृद्धि है, क्षयोपशम अवधिज्ञान के भेद, वर्धमान और हीयमान। जो विशुद्ध परिणामों से बढता है वह वर्धमान एवं जो संक्लेश परिणामों से घटता जाता है वह हीयमान अवधिज्ञान है।

वृद्धि-ह्रास – *Vṛddhi-Hrāsa.*
Universal changes pertaining to the growth & destruction.
भरत और ऐरावत क्षेत्रों में षट्काल का वृद्धि - ह्रास रूप परिवर्तन जिसे उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी काल के नाम से जाना जाता है।

वृष – *Vṛṣa.*
Religion.
धर्म।

वृषध्वज – *Vṛṣadhvaja.*
One of the 1008 titles of Lord Jinendra.
जिनेन्द्र भगवान के १००८ नामों में एक नाम, धर्मध्वजा को फहराने वाले।

वृषभ – *Vṛṣabha.*
Another name of Lord Rishabhdev, A bull; a significant mark of Lord Rishabhadev.
भगवान ऋषभदेव का एक नाम, बैल, जो भगवान ऋषभदेव का चिन्ह है।

वृषभगिरि – *Vṛṣabhagiri.*
Name of a particular mountain of Jambudvip where all Chakravartis write their name after getting great victory over Shatkhand (all 6 divisions of Bharat Kshetra).
वृषभाचल; जहाँ सभी चक्रवर्ती षट्खंड विजय के पश्चात् काकिणी रत्न से अपना नाम लिखते हैं।

वृषभदेव – *Vṛṣabhadeva.*
Name of the 1st *Tirthankar* (Jaina-Lord), the son of king Nabhirai & queen Marudevi.
भरतक्षेत्र वर्तमान चौबीसी के प्रथम तीर्थंकर कुलकर नाभिराय रानी मरुदेवी के पुत्र। जिनके ऋषभदेव, पुरुदेव, आदिनाथ आदि नाम प्रसिद्ध हैं।

वृषभसेन – *Vṛṣabhasena.*
The younger brother of Bharat Chakravarti, who became first chief disciple of Lord Rishabhdev, Name of a king of Rajgrahi city.
भरत चक्रवर्ती के छोटे भाई, जो कि पुरिमतालपुर के राजा थे, ये भगवान ऋषभदेव के प्रथम गणधर बने, राजगृही के एक राजा का नाम जिन्होंने तीर्थंकर मुनिसुव्रत को आहार देकर पंचाश्चर्य प्राप्त किये थे।

वृष्य – *Vṛṣya.*
Intoxicating food or passion stirring liquids.
अभिषव या कामोद्दीपक रस।

वृष्यरस सेवा – *Vṛṣyarasa Sevā.*
Taking nutritious spicy food causing excitement.
अब्रम्ह के १० भेदों में एक भेद; पौष्टिक आहार का ग्रहण करना, जिससे बल व वीर्य की वृद्धि हो।

वृहतपल्य व्रत– *Vṛhatapalya Vrata.*
A particular kind of vow to be observed with particular procedure.
प्रत्येक माह में ये कई व्रत आते हैं, यह एक वर्ष तक किया जाता है। एक वर्ष में इसके ७२ व्रत होते हैं। इसमें एक-एक उपवास का पल्य-पल्य उपवास बराबर फल होता है।

वेंत – *Veṁta.*
Cane, A stick.
वेत्र, लाठी। संज्वलन मान कषाय का दृष्टान्त।

वेगवती – *Vegavatī.*
Name of a river of Bharat Kshetra (region).
भरतक्षेत्र की एक नदी।

वेणा – *Veṇā.*
Name of a river of Bharat Kshetra Aryakhand (region).
भरतक्षेत्र के आर्यखण्ड की एक नदी।

वेणु – *Veṇu.*
Name of a deity of Ratnakut (summit) of Manushottar mountain, A protecting deity of Shalmali tree, A celestial deity (Indra) of Suparnakumar, A city of northern Vijayardh mountain.
मानुषोत्तर पर्वत के रत्नकूट का एक देव, शाल्मली वृक्ष का रक्षक देव, सुपर्णकुमार भवनवासी देवों का इन्द्र, विजयार्ध की उत्तरश्रेणी का नगर।

वेणुमूल – *Veṇumūla.*
Root of bamboo tree.
बांस की जड़। अनंतानुबंधी माया कषाय का दृष्टांत।

वेतरणी – *Vetaraṇī.*
Name of a river of hell.
नरक लोक की नदी। जो खून, पीप से भरी हुई है और उसमें प्रवेश करने वाले को दाह उत्पन्न कराती है।

वेतस – *Vetasa.*
Cane, a type of wood used in the Pichchhi of Jaina saints & other furniture too.
बेंत, एक प्रकार की लकड़ी, जो जैनसाधुओं की पिच्छी में पकड़ने वाली डंडी के रूप में प्रयुक्त की जाती है। वर्तमान में विशेष फर्नीचर निर्माण में भी इसका प्रयोग होता है।

वेत्ता – *Vettā.*
A knower or expert.

जानने वाला।

वेत्र – *Vetra.*
See - *Veṁta.*
देखें - वेंत।

वेत्रासन – *Vetrāsana.*
Shape of lower world (like drum with narrow middle part).
मूढे के समान अधोलोक का आकार।

वेद – *Veda.*
Gender.
लिंग। स्त्री लिंग, पुरुष लिंग, नपुंसक लिंग।

वेद कषाय – *Veda Kaṣāya.*
Passion of lust.
नोकषाय, चारित्र मोहनीय के उदय से आत्मा में कामसेवन या स्त्रीत्व, पुरुषत्व, नपुंसकत्व के भाव।

वेद (शास्त्र) – *Veda (Śāstra).*
Four expositions of Jaina scriptures & the four great mythological sacred scriptures of Hindus.
जैनधर्म के चार अनुयोगों (प्रथमानुयोग, करणानुयोग, चरणानुयोग, द्रव्यानुयोग) को वेद संज्ञा दी गई है, हिन्दुओं में भी चार वेदों- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद की मान्यता है।

वेदक – *Vedaka.*
Sufferer of *Karmic* results or one who experiences results of *Karmas.*
कर्मफल का भोक्ता या अनुभव करने वाला।

वेदक सम्यक्त्व – *Vedaka Samyaktva.*
Destructive subsidential right belief.
क्षयोपशम सम्यग्दर्शन। दर्शन मोहनीय कर्म की सम्यक्त्व प्रकृति के उदय से जो तत्त्वार्थ श्रद्धान होता है।

वेदक सम्यग्दृष्टि – *Vedaka Samyagdṛṣṭi.*
One with destructive subsidential right faith.
क्षयोपशम सम्यक्त्व वाला जीव।

वेदत्रय – *Vedatraya.*
Triplet of gender (male, female & impotent).
स्त्री, पुरुष, नपुंसक वेद।

वेदन – *Vedana.*
Experience, Knowledge.
अनुभव, ज्ञान।

वेदना – *Vedanā.*
Experiencing pain or trouble.
दुख अथवा कष्ट की अनुभूति या अनुभव का नाम वेदना है।

वेदना भय – *Vedanā Bhaya.*
One of the seven fears (of bodily painful suffering).
सप्त भयों में एक भय, शरीर में रोग होने का भय रहना।

वेदनाभिभव – *Vedanābhibhava.*
A reason of right perception (by experiencing about the painful results of some wrong doings).
सम्यग्दर्शन होने का एक कारण, यह वेदना अमुक मिथ्यात्व व असंयम का फल है इस प्रकार का चिंतन।

वेदना समुद्घात – *Vedanā Samudghāta.*
Extrication of soul-points due to intense pain.
रोग आदि की तीव्र वेदना से आत्मा के प्रदेशों का शरीर से बाहर निकलना वेदना समुद्घात है।

वेदनीय – *Vedanīya.*
Karmas causing the experience of pain & pleasure.
८ कर्मों में एक कर्म, जिसके उदय से जीव सुख व दुख का वेदन अर्थात् अनुभव करता है।

वेद सिद्ध – *Veda Siddha.*
Salvated beings from all three genders - male, female & impotent (according to *Bhutpragyapan Naya*).
भूतप्रज्ञापन नय की अपेक्षा नपुंसक वेद से सिद्ध होने वाले जीव थोड़े एवं स्त्री-पुरुष वेद से सिद्ध होने वाले जीव संख्यात गुणे हैं। इन सभी का द्रव्य वेद पुरुष वेद ही रहता है।

वेदिका – *Vedikā.*
Altar, A wall surrounding the mountain, river, island etc.
वेदी जिस पर मंदिरों में जिनप्रतिमा विराजमान की जाती है। पर्वत-नदी-द्वीप आदि को घेरे रहने वाली दीवार को भी वेदिका कहते हैं।

वेदिकाबद्ध – *Vedikābaddha.*
An infraction of a particular sitting posture of meditative relaxation.
कायोत्सर्ग का एक दोष; दोनों भुजाओं से दोनों घुटने बांधकर बैठना।

वेदी – *Vedī.*
Altar-the installation place of Lord's idols in Jaina temples.
जिन मंदिरों में जहाँ जिनप्रतिमा विराजमान की जाती है वह उच्चस्थान।

वेदी शुद्धि – *Vedī Śuddhi.*
A particular kind of ritual procedure of purifying the altar of a temple with the chanting of particular Mantras and 81 auspicious water pitchers.
मंदिर में भगवान को विराजमान करने वाली वेदी की सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा घटयात्रा के पश्चात् विशेष मंत्रपूर्वक ८१ कलशों से की जाने वाली शुद्धि।

वेलंब – *Velaṁba.*
Name of a summit of *Manushottar* mountain & its protecting deity.
मानुषोत्तर पर्वत का एक कूट व उसका रक्षक एक भवनवासी देव।

वेश्म – *Veśma.*
Palace, house, Temple.
भवन, घर, मंदिर।

वेश्या – *Veśyā.*
Prostitute, Immoral woman.
गणिका, बाजारू या व्यभिचारिणी स्त्री।

वेश्यागमन – *Veśyāgamana.*
Frequenting prostitutes, adulterous conduct.
सप्तव्यसनों में एक व्यसन, व्यभिचारिणी स्त्रियों के यहां आना-जाना, उनसे बातचीत, लेन-देन आदि करना। सद्गृहस्थ के लिए यह सर्वथा त्याज्य है।

वैक्रियिक – *Vaikriyika.*
Transformable body (reg. big & small, heavy & light body).
शरीर का एक प्रकार; देव और नारकियों के शरीर विशेष को वैक्रियिक कहते हैं। यह छोटे-बड़े, हल्के-भारी अनेक प्रकार के रूपों में परिवर्तित किया जा सकता है।

वैक्रियिक काययोग – *Vaikriyika Kāyayoga.*
Vibration in the soul points of transformable body of deities & hellish beings.
वैक्रियिक शरीर में या उसके द्वारा जो आत्मा के प्रदेशों में परिस्पंदन होता है उसको वैक्रियिक काययोग कहते हैं।

वैक्रियिक चतुष्क – *Vaikriyika Catuṣka.*
A type of quartet pertaining to the transformable body (of deities & hellish beings).
देवगति, देवगत्यानुपूर्वी, नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी।

वैक्रियिक द्विक् – *Vaikriyika Dvik.*
A type of dyad pertaining to the transformable body (of deities & hellish beings).
वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक अंगोपांग।

वैक्रियिक शरीर – *Vaikriyika Śarīra.*
Transformable body (of deities, hellish beings & great saints).
औदारिक आदि ५ शरीरों में दूसरा शरीर, विक्रिया ही जिस शरीर का प्रयोजन है वह वैक्रियिक शरीर कहलाता है वैक्रियिक शरीर उपपाद जन्म से देव, नारकियों को व ऋद्धि से महामुनियों को प्राप्त होता है।

वैक्रियिक शरीर अंगोपांग – *Vaikriyika Śarīra Aṁgopāṁga.*
A *Karmic* nature causing formation of the organs of transformable body of deities & hellish beings.
नामकर्म का एक भेद, जिसके उदय से देव-नारकी के शरीर के अंग व उपअंग बनते हैं।

वैक्रियिक शरीर नामकर्म प्रकृति – *Vaikriyika Śarīra Nāmakarma Prakṛti.*
A physique making *Karmic* nature of the formation of transformable body of deities & hellish beings.
नामकर्म, जिसके उदय से विकार करने योग्य या बदलने योग्य देव या नारकियों का शरीर प्राप्त हो।

वैक्रियिक षट्क – *Vaikriyika Śaṭka.*
A type of hexa pertaining to transformable body (of deities & hellish beings).
वैक्रियिक शरीर व वैक्रियिक अंगोपांग, नरक गति व नरक गत्यानुपूर्वी, देवगति व देवगत्यानुपूर्वी।

वैक्रियिक बंधन – *Vaikriyika Baṁdhana.*
A *Karmic* nature related to the binding of *Karmic* molecules, of transformable body.
नामकर्म, जिसके उदय से वैक्रियिक शरीर योग्य वर्गणाओं का परस्पर बंध हो।

वैक्रियिक समुद्घात – *Vaikriyika Samudghāta.*
Overflowing of soul points from the body for transforming the own shape.
विक्रिया करने के लिए अर्थात् शरीर को छोटा, बड़ा या अन्य शरीर रूप करने के लिए आत्मा के प्रदेश शरीर से बाहर निकलते हैं वह वैक्रियिक समुद्घात है।

वैखरी – *Vaikharī.*
A language, the power of speech.
एक भाषा, जिसमें वक्ता का श्वासोच्छ्वास कारण होता है ऐसे अक्षर रूप वचन अर्थात् कर्णेन्द्रिय ग्राह्य पर्याय स्वरूप द्रव्य वचन।

वैचित्र्य – *Vaicitrya.*
Diversity, Difference, Wonder.
विविधता, विभिन्नता, आश्चर्य।

वैजयंत – *Vaijayaṁta.*
Name of the 66th planet, Name of the cities in the north & south of *Vijayardh* mountain, The southern door of the surrounding wall of Jambudvip, Name of a door of Samavasaran land.
ज्योतिष के ८८ ग्रहों में ६६वां ग्रह, विजयार्ध की उत्तर व दक्षिण श्रेणी के दो नगर, जंबूद्वीप की वेदिका का दक्षिण द्वार, समवशरण भूमि के तीसरे कोट के दक्षिण द्वार का प्रथम नाम।

वैजयंत स्वर्ग – *Vaijayaṁta Svarga.*
The forth heavenly abode of among 5 *Anuttars* (heavens).
५ अनुत्तरों में चौथा उत्तर दिशा का विमान।

वैजयंता – *Vaijayaṁtā.*
Name of a main city of *Suvapra* region of *Videh Kshetra* (region).
विदेह क्षेत्रस्थ सुवप्रा क्षेत्र की प्रधान नगरी।

वैजयंती – *Vaijayaṁti.*
Name of the main city of *Suprabh* region of western *Videh* (region), Name of a *Vapi* (like large lake) in the western *Nandishvardvip* (island), Name of female divinities of *Ruchak* mountain, Name of the palanquin of Lord Arahanath.
पश्चिम विदेह के सुप्रभ क्षेत्र की प्रधान नगरी, नंदीश्वर द्वीप की

पश्चिम दिशा में स्थित एक वापी, रूचक पर्वत निवासिनी दिक्कुमारी देवी व महत्तरिका, एक शिविका-तीर्थंकर अरहनाथ इसी में बैठकर सहेतुक वन गये थे।

वैडूर्य – *Vaiḍūrya.*
Name of an island & ocean of middle universe, Name of a summit of *Mahahimvan* mountain and its protecting deity, The summits of *Manushottar* and *Ruchak* mountains, Name of the14th *Patal* (layer) of *Saudharma* heaven.
मध्यलोक का एक सागर व द्वीप, महाहिमवान पर्वत का एक कूट व उसका रक्षक देव, मानुषोत्तर पर्वत व रूचक पर्वत का एक-एक कूट, सौधर्म स्वर्ग का १४वां पटल।

वैडूर्यमणि – *Vaiḍūryamaṇi.*
The sapphire-a coloured gem, Body colour of Lord Munisuvratnath & Neminath was like sapphire.
नीलम, नील वर्ण वाली मणि-तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ एवं तीर्थंकर नेमिनाथ का वर्ण वैडूर्यमणि सदृश था। सुमेरू पर्वत की चूलिका वैडूर्यमणिमयी है।

वैडूर्यसागर द्वीप – *Vaiḍūryasāgara Dvīpa.*
Name of an island and an ocean of middle universe.
मध्यलोक के सागर और द्वीप का नाम।

वैतरणी – *Vaitaraṇī.*
See - *Vetaranī.*
देखें-वेतरणी।

वैताढ्य – *Vaitāḍhya.*
Another name of Vijayardh mountain, Range of some particular mountains in the middle of *Haimvat Kshetra* (region) etc.
विजयार्ध पर्वत का अपरनाम, हैमवत आदि अन्य क्षेत्रों के मध्य शब्दवान आदि कूटाकार पर्वत भी वैताढ्य कहलाते हैं।

वैतृष्ण्य – *Vaitṛṣṇya.*
Synonym word for *'Samata'* - equanimity or harmony.
समता का पर्यायवाची।

वैदर्भ – *Vaidarbha.*
A country of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region), Name of the prime chief disciple of Lord Chandraprabh & Lord Pushpadantnath.
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड का एक देश, तीर्थंकर पुष्पदंतनाथ के प्रथम गणधर का नाम (अपरनाम-विदर्भ)।

वैदिश – *Vaidiśa.*
Old name of the present Vidisha (a city) in Madhya Pradesh.
वर्तमान भेलसा या विदिशा।

वैद्यसार – *Vaidyasāra.*
Name of an *Ayurvedic* book written by *Acharya* Pujyapad.
आचार्य पूज्यपाद (ई.श. ५) कृत आयुर्वेद विषयक एक संस्कृत ग्रंथ।

वैनयिक – *Vainayika.*
A part of *Shrutgyan* (scriptural knowledge), containing description of politeness.
अंगबाह्य श्रुतज्ञान का पांचवां अंग, इसमें ५ प्रकार के विनयों का कथन है।

वैनयिक मिथ्यात्व – *Vainayika Mithyātva.*
A type of wrong faith pertaining to pay equal reverence to all deities & all religions.
सब देवता और सब मतों को एक समान मानना।

वैनयिकी ऋद्धि – *Vainayikī Ṛddhi.*
A type of supernatural power obtained through supreme reverence for scriptures.
प्रज्ञाश्रमण ऋद्धि के ४ भेदों में एक भेद, द्वादशांग श्रुत की योग्य विनय करने से उत्पन्न होने वाली ऋद्धि।

वैभाविक भाव – *Vaibhāvika Bhāva.*
Passionate feelings contrary to real nature of the soul.
रागादि से उत्पन्न होने वाले विकारी भाव।

वैभाविक क्रिया – *Vaibhāvika Kriyā.*
Passionate activities contrary to the real nature of the soul.
आत्मा के मूल स्वभाव को छोड़कर रागद्वेष आदि परिणामों से परिणत होना वैभाविक क्रिया है।

वैभाविकी शक्ति – *Vaibhāvikī Śakti.*
Power causing passionate feelings contrary to the real nature.
जीव-पुद्गल की स्वभाव से रूपान्तर ग्रहण करने की शक्ति अर्थात् राग आदि विकारी भाव ग्रहण करने वाली जीव पुद्गल की शक्ति।

वैमानिक देव – *Vaimānika Deva.*
Heavenly or celestial deities.
सोलह स्वर्ग के निवासी देव। जो विमानों में उत्पन्न होते हैं वे वैमानिक कहलाते हैं। कल्पवासी और कल्पातीत इनके २ भेद हैं।

वैयावृत्ति – *Vaiyāvṛtti.*
Pious service to the saints.
साधुसुश्रूषा, सेवा, उपचार, गुरू के अनुकूल प्रवृत्ति करना।

वैयावृत्य – *Vaiyāvṛttya.*
Pious respectful service to the saints.
१६ कारण भावना की चौथी भावना; गुणों में अनुरागपूर्वक संयमी जनों का खेद कष्ट आदि निर्दोष विधि से दूर करना।

वैयावृत्य तप – *Vaiyāvṛttya Tapa.*
Pious service of 10 types of saints by another saints, a kind of internal austerity.
तीसरा अंतरंग तप, १० प्रकार के साधुओं की यथायोग्य सेवा करना।

वैर – *Vaira.*
Hostility, Enmity, Name of a heavenly abode, Name of the 69th chief disciple of Lord Rishabhadev.
विरोध, शत्रुता, ९ अनुदिश विमानों में तीसरा पश्चिम का श्रेणीबद्ध विमान, भगवान वृषभदेव के ६९वें गणधर।

वैरत्याग – *Vairatyāga.*
Renunciation of mutual hostility (absence of hostility among beings is an excellence of Lord Arihant).
अरहंत भगवान का देवकृत एक अतिशय, जीव पूर्व वैर को छोड़कर आपस में मैत्री भाव से रहने लगते हैं।

वैरागसार – *Vairāggasāra.*
Name of a treatise written by Subhadracharya.
सुभद्राचार्य द्वारा रचित (ई. श. ११-१२) अपभ्रंश भाषा का एक ग्रंथ।

वैराग्य – *Vairāgya.*
Aversion from worldly life, to be free from all worldly attachments.
संसार शरीर तथा भोगों से विरक्त भाव अथवा उदासीन या शांतभाव।

वैराग्य भावना – *Vairāgya Bhāvanā.*
Emotions of the aversion from worldly life.
वैराग्य की कारणभूत भावनाएं। जगत, शरीर, भोग के स्वरूप का बारबार चिंतन करना।

वैरात्रिक – *Vairātrika.*
A particular time period after midnight.
पिछली रात्रि, अपररात्री, आधी रात के बाद दो घड़ी बीत जाने पर वहां से लेकर दो घड़ी रात रहे तब तक के काल को वैरात्रिक कहते हैं। साधु जन कृतिकर्मपूर्वक वैरात्रिक स्वाध्याय करते हैं।

वैरोचन – *Vairocana.*
Name of a heavenly abode among 9 *Anudish*-heavenly abodes, Name of a celestial being.
९ अनुदिश विमानों में एक विमान, असुरकुमार भवनवासी देवों का इन्द्र।

वैरोटी – *Vairoṭī.*
Name of a female demigod of Lord Vimalnath, A super power.
भगवान विमलनाथ की शासन देवी, एक विद्या।

वैशद्य – *Vaiśadya.*
Extraordinary, Astonishing.
विशद, विलक्षण।

वैशाख – *Vaiśākha.*
A Hindi lunar month, The son of king Vishakh, ultimately who got salvation.
१२ महीनों में से एक हिन्दी महीने का नाम, राजा विशाख का पुत्र। सात दिन की नव विवाहित पत्नी को छोड़कर मित्र मुनिदत्त मुनि को आहार दान दे दीक्षा ले ली। अंत में मोक्ष पधारे।

वैशाली – *Vaiśālī.*
Name of the maternal place of Lord Mahavira, the capital city of Sindhu country, ruled over by king Chetak, the maternal grandfather of Lord Mahavir.
भगवान महावीर की ननिहाल। दिगम्बर जैन ग्रंथों (उत्तरपुराण, वीरजिणिन्दचरिउ, महावीर पुराण आदि) के अनुसार वैशाली नगरी सिंधु देश में थी, वहाँ के राजा चेटक (सोमवंशी) की सात पुत्रियों में से प्रथम प्रियकारिणी-त्रिशला का विवाह विदेह देश की राजधानी कुण्डलपुर के राजा सिद्धार्थ के साथ हुआ था। जिनसे चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर ने जन्म लिया था। वर्तमान में बिहार प्रान्त में बसाढ़ नामक ग्राम को वैशाली के रूप में स्थापित किया गया है जो दिगम्बर जैन आगमानुसार सही नहीं है।

वैशेषिक दर्शन – *Vaiśeṣika Darśana.*
Name of a philosophy.
एक दर्शन जिसमें प्रत्यक्ष व अनुमान दो ही प्रमाण स्वीकार किये जाते हैं, इसके अनुयायी शिव के उपासक होते हैं।

वैश्य – *Vaiśya.*
The third classification of Indo-Aryan society, a trader or an agriculturist etc.
४ वर्णों में एक वर्ण; जो कृषि, व्यापार तथा पशुपालन आदि के द्वारा आजीविका करते हैं वे वैश्य कहलाते हैं।

वैश्रवण – *Vaiśravaṇa.*
A name for Kuber, Name of a city of southern *Vijayardh* mountain, Name of a mountain at the southern bank of river, *Sita.*
कुबेर का एक नाम, विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर, सीता नदी के दक्षिण तट पर वक्षार पर्वत।

वैश्वानर – *Vaiśvānara.*
Name of the 4th Rudra, Name of a king of *Kuru* dynasty, A type of *Vidyadhar* dynasty.
चौथा रूद्र अपरनाम विशालनयन था, कुरुवंशी एक राजा, विद्याधरों की एक जाति।

वैस्रसिक परिणाम – *Vaisrasika Pariṇāma.*
Natural changes.
स्वाभाविक परिवर्तन, जिसमें पुरुष प्रयत्न की आवश्यकता नहीं होती।

वैस्रसिक बंध – *Vaisrasika Baṁdha.*
Natural binding.
स्वाभाविक अर्थात् पुरुष प्रयोग से निरपेक्ष वैस्रसिक बंध है।

वैस्रसिक शब्द – *Vaisrasika Śabda.*
Natural sounds (reg. thundering etc.).
अभाषात्मक शब्द के दो भेदों में एक भेद, मेघ आदि के निमित्त से जो शब्द उत्पन्न होते हैं वे वैस्रसिक शब्द हैं।

वैस्रसिकी क्रिया – *Vaisrasikī Kriyā.*
Natural activities or changes i.e. cloud thundering etc.
मेघ आदि की स्वाभाविक क्रिया वैस्रसिकी क्रिया है।

वोंडज – *Voṁḍaja.*
Cotton cloths.
वस्त्र के ५ भेदों में एक भेद, कपास से उत्पन्न वस्त्र वोंडज है।

व्यंजन – *Vyaṁjana.*
Consonant (33), Delicious food items, symbolic marks on the body or any matter.
अव्यक्त शब्दादि (आधी मात्रा वाले अक्षर) के समूह या वचन को व्यंजन कहते हैं, क्, ख्, ग् आदि अक्षर। इन व्यंजनों को स्वर के साथ संयुक्त करने पर ही इनका उच्चारण होता है। जैसे-क, ख, ग आदि। प्रचलन में 'क' से लेकर 'ह' तक ३३ अक्षरों की व्यंजन संज्ञा है। मिष्ठान्न आदि स्वादिष्ट भोज्य पदार्थ भी व्यंजन कहलाते हैं। द्रव्य के लक्षण या चिन्ह को भी व्यंजन कहते हैं।

व्यंजन निमित्तज्ञान – *Vyaṁjana Nimittajñāna.*
A science of omen (a type of indicating knowlege reg. mole etc.special mark on the body).
अष्टांग निमित्तज्ञान का एक भेद; सिर, मुख आदि में रहने वाले तिल आदि व्यंजन कहलाते हैं। इनसे लाभ-अलाभ आदि को जान लेना व्यंजन निमित्त ज्ञान है।

व्यंजन पर्याय – *Vyaṁjana Paryāya.*
Physical form of beings.
जो स्थूल है, शब्द के द्वारा कही जा सकती है और चिरस्थायी है उसे व्यंजन पर्याय कहते हैं। जैसे-जीव की सिद्ध या मनुष्य आदि पर्याय।

व्यंजन शुद्धि – *Vyaṁjana Śuddhi.*
Right & exact pronunciation of religious hymns, mystic syllables (*mantras*) etc.
सूत्रों को दोष रहित पढ़ना व्यंजन शुद्धि है।

व्यंजन संक्रांति – *Vyaṁjana Saṁkrāṁti.*
Word shifting or change in the verbal expression (reg. change in pure meditation).
प्रथम शुक्ल ध्यान में एक श्रुत वचन को छोड़कर दूसरे वचन का आलम्बन लेना।

व्यंजनावग्रह – *Vyaṁjanāvagraha.*
Knowing of ambiguous or indistinct matters.
अवग्रह के दो भेदों में एक भेद, अस्पष्ट पदार्थ-शब्दादि को जानना, जिससे निश्चय न हो सके क्या था।

व्यंतर – *Vyaṁtara.*
Peripatetic deities (i.e. *Bhoot, Pishach* etc.).
चार प्रकार के देवों में एक भेद; इनके भवन अधोलोक में तथा भवनपुर और आवास मध्यलोक के द्वीप, सागरों में हैं।

व्यंतरदेव – *Vyaṁtaradeva.*
Peripatetic deities (*Bhoot, Pishach* etc.).
किन्नर, किम्पुरुष, महोरग, गंधर्व, यक्ष, राक्षस, भूत और पिशाच ये ८ प्रकार के व्यंतर देव कहलाते हैं। ये वैक्रियिक शरीर के धारी होते हैं एवं इनके असंख्य भवनों में जिनमंदिर होते हैं।

व्यंतर लोक – *Vyaṁtara Loka.*
The world of peripatetic deities.
चित्रा और वज्रा पृथिवी की मध्यसंधि से लगाकर मेरू पर्वत की ऊंचाई तक तथा तिर्यक् लोक के विस्तार प्रमाण लम्बे-चौड़े क्षेत्र को व्यंतर लोक कहते हैं जहाँ व्यंतरदेवों के भवन, भवनपुर और आवास होते हैं।

व्यकलन – *Vyakalana.*
Subtraction, Deduction.
घटाना।

व्यक्त – *Vyakta.*
Expressed, Exposed, Revealed, Manifested.
प्रगट।

व्यक्तनिर्वृत्त्यक्षर – *Vyaktanirvṛttyakṣara.*
Power of pronouncing words possessed by five sensed beings.
निर्वृत्त्यक्षर के दो भेदों में एक भेद; यह संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक तक के होता है।

व्यक्तराग – *Vyaktarāga.*
Expressible attachment.
जो राग प्रगट रूप में रहता है।

व्यक्ति – *Vyakti.*
Person, One that can be described or expressed.
मनुष्य, जो व्यक्त होता है उसे व्यक्ति कहते हैं (अपरनाम-अभिव्यक्ति)।

व्यग्रता विनिवृत्ति – *Vyagratā Vinivṛtti.*
To engross into deep meditation (to give up the agitated state of the mind).
ध्यान; चित्त की व्याकुलता का त्याग करना।

व्यजन – *Vyajana.*
Fan.
पंखा।

व्यतिक्रम – *Vyatikrama.*
Transgression, Crossing the barriers of vows with passional longings.
उल्लंघन, अतिक्रमण। शील व्रतों का उल्लंघन या विषयों की अभिलाषा करना व्यतिक्रम कहलाता है।

व्यतिरेक – *Vyatireka.*
Distinction, Reaching beyond, a type separateness.
भेद, अंतर, वैषम्य या असमानता।

व्यतिरेक दृष्टांत – *Vyatireka Dṛṣṭāṁta.*
An illustration pertaining to absence of goal showing absence of means (i.e. absence of fire shows absence of smoke).
दृष्टांत के दो भेदों में एक भेद; जहां साध्य के अभाव में साधन का अभाव बताया जाता है। जैसे-जहां धूम नहीं है वहां अग्नि नहीं है, जैसे तालाब।

व्यभिचार – *Vyabhicāra.*
Immoral character, adultry, Transgression, Violation.
कुशील पाप से संबंधित चरित्रहीनता, अतिक्रमण, असंगति,

अतत् को तत् रूप से ग्रहण करना व्यभिचार है।

व्यय – *Vyaya.*
Destruction, Expenditure.
द्रव्य की पूर्व पर्याय का नाश, धन खर्च करना।

व्यर्थ संभाषण – *Vyartha Saṁbhāṣaṇa.*
Garrulity, Gossipping, Idle talk, Chattering.
निरर्थक निष्प्रयोजन बोलना।

व्यवच्छेद – *Vyavaccheda.*
Analysis, Solution.
निराकरण या निवृत्ति करना व्यवच्छेद है।

व्यवस्था – *Vyavasthā.*
Arrangement, Organization, Certainity.
स्थिरता, निश्चितता, किसी विषय में स्थिति को व्यवस्था कहते हैं।

व्यवहार अनशन – *Vyavahāra Anaśana.*
Renunciation of paticular four kinds of food.
चार प्रकार के आहारों का त्याग करना।

व्यवहार अनुप्रेक्षा – *Vyavahāra Anuprekṣā.*
Reflection pertaining to worldly affairs.
संसार, शरीर, भोग के बारे में बार-बार चिंतन करना।

व्यवहार अमूढ़दृष्टि – *Vyavahāra Amūṛhadṛṣṭi.*
One with common sense & right faith.
कुदृष्टियों के द्वारा बनाये हुए विस्मय उत्पन्न करने वाले रसायनादिक शास्त्रों को देखकर या सुनकर जो मूढ़भाव से धर्मबुद्धि करके उसमें प्रीति तथा भक्ति नहीं करता है उसको व्यवहार अमूढ़दृष्टि कहते हैं।

व्यवहार अहिंसा – *Vyavahāra Ahiṁsā.*
Working with carefulness.
द्रव्य अहिंसा, सावधानीपूर्वक क्रिया करना।

व्यवहार आलोचना – *Vyavahāra Ālocanā.*
Accepting own faults before saints.
गुरु के समक्ष १० दोषों को टालकर अपने प्रमाद का निवेदन करना व्यवहार आलोचना है।

व्यवहार उपगूहन – *Vyavahāra Upagūhana.*
Rectifying one's fault in disguised manner.
अज्ञानी तथा असमर्थजनों के द्वारा उत्पन्न दोषों को गुप्त रखकर दूर करना।

व्यवहार उपयोग – *Vyavahāra Upayoga.*
Meritorious volitions causing auspiciousness.
शुभोपयोग-जीव के शुभ परिणाम जो पुण्यास्रव के कारण हैं।

व्यवहार कर्ताकर्म – *Vyavahāra Kartākarma.*
Behavioural relationship between doer and the done.
एक को दूसरे का कर्ता कहना या निमित्त नैमित्तिक संबंध।

व्यवहार कारण – *Vyavahāra Kāraṇa.*
Any causing or associating factor.
निमित्त या सहकारी कारण।

व्यवहार काल – *Vyavahāra Kāla.*
Universal time units.
निश्चय काल द्रव्य की पर्यायें; समय, पल, घड़ी, घंटा, मिनिट आदि।

व्यवहार क्षमा – *Vyavahāra Kṣamā.*
Absolute calmness or tranquillity in behaviour.
क्रोध के उत्पन्न होने के साक्षात् बाहरी कारण मिलने पर भी जो थोड़ा भी क्रोध नहीं करता है उसकी वह व्यवहार क्षमा है।

व्यवहार गणित – *Vyavahāra Gaṇita.*
Name of a mathematical composition written by a mathematician, Rajaditya.
कन्नड़ गणितज्ञ राजादित्य (ई. ११२०) द्वारा रचित एक ग्रंथ।

व्यवहार गुप्ति – *Vyavahāra Gupti.*
To restrict ownself from all sinful activities (pertaining to mind, speech & body).
मन, वचन व काय को सावद्य क्रियाओं से रोकना।

व्यवहार ज्ञान – *Vyavahāra Jñāna.*
Practical knowledge.
विकल्परूप ज्ञान।

व्यवहार ज्ञानाचार – *Vyavahāra Jñānācāra.*
Behavioural acquisition of complete right knowledge.
सम्यग्ज्ञान के ८ अंगों सहित ज्ञान की आराधना करना।

व्यवहार चारित्र – *Vyavahāra Cāritra.*
Behavioural observance of right conduct.
जैन साधु-साध्वियों द्वारा ५ महाव्रत, ५ समिति, ३ गुप्ति का पालन करना व्यवहार चारित्र (अपरनाम-सराग चारित्र) है। श्रावकों द्वारा ११ प्रतिमाओं का पालन करना एकदेश व्यवहार चारित्र है।

व्यवहार तप – *Vyavahāra Tapa.*
Conventional austerity by physical mortification.
शांतिपूर्वक दुख सहन करना या शक्ति को न छिपाकर मोक्षमार्ग के अनुकूल शरीर को क्लेश देना (अर्थात् १२ प्रकार का तपश्चरणरूप परिणमन करना)।

व्यवहारत्व (गुण) – *Vyavahāratva (Guṇa).*
A virtue of *Acharya,* knowing about all 5 kinds of penitences thoroughly.
आचार्यों का एक गुण; पाँच प्रकार के प्रायश्चित्तों को उनके स्वरूप सहित सविस्तार जानना। जिन्होंने अन्य आचार्यों को प्रायश्चित्त देते हुए देखा है और स्वयं भी जिन्होंने दिया है ऐसे आचार्य को व्यवहारवान् आचार्य कहते हैं।

व्यवहार दर्शनाचार – *Vyavahāra Darśanācāra.*
Behavioural acquisition of complete right perception.
सम्यक्त्व के ८ गुणों सहित सम्यग्दर्शन की आराधना करना।

व्यवहार धर्म – *Vyavahāra Dharma.*
Auspicious behavioural conducts (worship, charity etc.)
शुभोपयोग; अशुभ कार्य से निवृत्त होना और दान, पूजा आदि

शुभ कार्यों में प्रवृत्ति करना।

व्यवहार धर्मध्यान – *Vyavahāra Dharmadhyāna.*
A type of religious observances (cogitational meditation on worldly troubles etc.).
धर्मध्यान का एक भेद; धर्मध्यान के आज्ञा विचय, अपाय विचय आदि सब भेद व्यवहार धर्मध्यान हैं।

व्यवहार नय – *Vyavahāra Naya.*
A viewpoint pertaining to the distinction of different matters.
संग्रह नय के द्वारा ग्रहण किये गये पदार्थों का विधिपूर्वक भेद करना।

व्यवहार पंडितमरण – *Vyavahāra Paṁḍitamaraṇa.*
An auspicious death of a learned one.
पंडित मरण के ४ भेदों में एक भेद; जो लोक, वेद, समय इनके व्यवहार में निपुण हैं उनका मरण।

व्यवहार पल्य – *Vyavahāra Palya.*
A term used in Jainalogy for a very large ditch.
व्यवहारपल्योपम काल का परिमाण बताने के लिए बनाया गया एक योजन प्रमाण लम्बा और इतना ही चौड़ा तथा गहरा गर्त। इसमें एक से ७ दिन तक के जन्में भेड़ के ऐसे बाल जिनका दूसरा टुकड़ा न हो सके, कूट-कूट के भर दिये जाते हैं।

व्यवहार पल्योपम – *Vyavahāra Palyopama.*
A term used in Jainalogy for a very large mathematical calculation reg. time.
४५ अंक प्रमाण रोमों से भरे कुण्ड में से १०० वर्ष बाद एक-एक रोम निकालने पर जितने काल में वे सब रोम समाप्त हो जाये उतने काल को व्यवहार पल्य का काल कहते हैं।

व्यवहार प्रत्याख्यान – *Vyavahāra Pratyākhyāna.*
A particular type of renunciation reg. act of food taking of saints.
मुनि आहार करके फिर योग्य काल पर्यंत अन्न, पान, खाद्य और लेह्य ४ प्रकार के आहार का त्याग करते हैं यह व्यवहार प्रत्याख्यान है।

व्यवहार प्रभावना – *Vyavahāra Prabhāvanā.*
Spreading the Jaina preachings universally.
अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करके जिनशासन के प्रभाव को प्रगट करना।

व्यवहार प्राण – *Vyavahāra Prāṇa.*
Particular 10 vitalities (mind, speech, body, 5 senses, age & breathing power).
५ इन्द्रिय, मन-वचन-काय बल, आयु व श्वासोच्छ्वास ये १० व्यवहार प्राण हैं। जो यथायोग्य एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय तक जीवों में पाये जाते हैं।

व्यवहार प्रायश्चित्त – *Vyavahāra Prāyaścitta.*
A type of penitential retreat related to the faults (carelessness, vanity, proud etc.)
गुरु की साक्षीपूर्वक प्रमाद जन्य दोषों की शुद्धि करना।

व्यवहार प्रोषधोपवास – *Vyavahāra Proṣadhopavāsa.*
Fasting at special occasion.
पर्व के दिन में जो उपवास किया जाता है अर्थात् चतुर्विध आहार का त्याग करना।

व्यवहार बालमरण – *Vyavahāra Bālamaraṇa.*
Death of ignorant one not having right knowledge.
लोक व्यवहार, वेद का ज्ञान, शास्त्रज्ञान जिसको नहीं है उसका मरण।

व्यवहार ब्रम्हचर्य – *Vyavahāra Bramhacarya.*
No fascination or lust towards the beauty of woman.
स्त्रियों के सुंदर अंगों को देखकर उनमें रागरूप परिणाम नहीं करना।

व्यवहार भक्ति – *Vyavahāra Bhakti.*
Devotional right worshipping.
सराग सम्यग्दृष्टि के पंचपरमेष्ठी की आराधनारूप सम्यक् भक्ति।

व्यवहार भोक्ता-भोग्यभाव – *Vyavahāra Bhoktā-Bhogyabhāva.*
Enjoyment of different objects caused by the results of auspicious & inauspicious *Karmas.*
शुभाशुभ कर्मों से उत्पन्न इष्टानिष्ट विषयों का भोक्तापना होना।

व्यवहार मोक्षमार्ग – *Vyavahāra Mokṣamārga.*
Pursuance of the path of salvation.
भेद रत्नत्रय; सप्त तत्व, नव पदार्थों, षट् द्रव्यों का श्रद्धान करना, आगमज्ञान और २८ मूलगुण आदि रूप चारित्र पालन करना, यह व्यवहार रत्नत्रय है।

व्यवहार रत्नत्रय – *Vyavahāra Ratnatraya.*
See - *Vyavahāra Mokṣamārga.*
भेद रत्नत्रय या शुभोपयोग। देखें - व्यवहार मोक्षमार्ग।

व्यवहार वात्सल्य – *Vyavahāra Vātsalya.*
Affection towards virtuous persons.
साधर्मी एवं गुणी जनों पर गाय-बछड़े के समान प्रीति करना।

व्यवहार विनय – *Vyavahāra Vinaya.*
Politeness towards the great persons (saints etc.).
रत्नत्रय को धारण करने वाले पुरुषों के प्रति नम्रवृत्ति या भक्ति के परिणाम रखना।

व्यवहार वीर्याचार – *Vyavahāra Vīryācāra.*
Observing the conduct of saints by showing own bearance power.
अपनी शक्ति प्रकट कर मुनिव्रत का आचरण करना व्यवहार वीर्याचार है।

व्यवहार श्रुतकेवली – *Vyavahāra Śrutakevalī.*
The saints possessing complete scriptural knowledge (Dvadashang Shrutgyan).
द्वादशांग श्रुतज्ञान को धारण करने वाले महर्षि या द्वादशांग श्रुतज्ञान

के द्वारा जो सम्पूर्ण पदार्थों को जानता है।

व्यवहार संयम – *Vyavahāra Saṁyama.*
Observing restrainable conducts.
द्रव्य संयम, व्रत, समिति, गुप्ति आदि का पालन करना। अथवा १३ प्रकार के चारित्र में प्रयत्न करना।

व्यवहार सत्य – *Vyavahāra Satya.*
A type of truth with incomplete meaning.
नैगम आदि नय की अपेक्षा से कहा हुआ वचन। जैसे - भात की तैयारी हो रही है तो भी कहना कि भात बन रहा है।

व्यवहार समिति – *Vyavahāra Samiti.*
Observing of the routine activities according to the prescribed instructions in scriptures.
गमन आदि कार्यों में जैसी प्रवृत्ति आगम में कही है वैसी प्रवृत्ति करना।

व्यवहार सम्यग्दर्शन – *Vyavahāra Samyagdarśana.*
Devotional reverence for the Lord, scriptures and *Acharyas* (spiritual teachers).
जीवादि सात तत्त्वों का या सच्चे देव शास्त्र गुरु का श्रद्धान।

व्यवहार सागर – *Vyavahāra Sāgara.*
A very large unit of time measurement.
१० कोड़ाकोड़ी व्यवहार पल्य का काल।

व्यवहार साधु – *Vyavahāra Sādhu.*
Saints possessing all basic restraints.
सराग श्रमण, दर्शन विशुद्धि से विशुद्ध तथा मूलगुणों से संयुक्त साधु।

व्यवहार सुख – *Vyavahāra Sukha.*
Sensuous pleasures.
लौकिक या इन्द्रियों से उत्पन्न सुख।

व्यवहार स्तवन – *Vyavahāra Stavana.*
Paying eulogical reverence to Lord Arihant.
अरिहंत या जिनों को नमस्कार हो आदि द्रव्य नमस्कार अथवा गुणों का कथन करना।

व्यवहार स्थितिकरण – *Vyavahāra Sthitikaraṇa.*
Reestablishing the one on the right path of salvation.
सम्यग्दर्शन वा चारित्र से डिगते हुए जीव को उसी में स्थिर कर देना।

व्यवहार स्वाध्याय – *Vyavahāra Svādhyāya.*
Devotional study of all great religious books (Jaina scriptures).
चारों अनुयोग के शास्त्रों को पढ़ना, पढ़ाना, स्मरण करना।

व्यवहार हिंसा – *Vyavahāra Hiṁsā.*
Violenceful activities.
द्रव्य हिंसा, प्राणों का व्यपरोपण अर्थात् घात करना।

व्यवहारावलंबी – *Vyavahārāvalaṁbī.*
Saints with their right conducts.
जो सात तत्त्वों का भेद रूप से श्रद्धान, ज्ञान, आचरण करता है अर्थात् विकल्पात्मक भेद रत्नत्रय की साधना करता है वह साधु व्यवहारावलम्बी है।

व्यसन – *Vyasana.*
Wrong or bad addictions.
असत्यप्रवृत्तियाँ या बुरी आदत को व्यसन कहते हैं। ये सात होते हैं-जुआं खेलना, मांस खाना, मद्य पीना, वेश्यागमन, शिकार, चोरी और परस्त्रीरमण।

व्याकरण – *Vyākaraṇa.*
Grammar.
वह शास्त्र जिसमें किसी भाषा के शब्दों, वाक्यों आदि के शुद्ध प्रयोग के नियमों का विवेचन रहता है।

व्याकरण क्रियाकलाप – *Vyākaraṇa Kriyākalāpa.*
Name of a grammar book written by *Pandit* Ashadhar.
पं. आशाधरजी कृत (अमर कोश टीका - व्याकरण) संस्कृत व्याकरण।

व्याकरण जैनेन्द्र – *Vyākaraṇa Jainendra.*
Name of a Sanskrit grammar book written by *Acharya* Pujyapad Devanandi.
आचार्य पूज्यपाद देवनन्दि (ई.श. ५) द्वारा रचित ३००० सूत्र प्रमाण संस्कृत व्याकरण ग्रंथ।

व्याकरण प्राकृत – *Vyākaraṇa Prākṛta.*
Name of the grammar books written by *Acharya* Shrutsagar and by *Acharya* Shubhchandra.
आचार्य श्रुतसागर (ई. १४८१-१४९९) एवं शुभचन्द्र (ई. १५१६-१५५६) कृत व्याकरण।

व्याकरण शास्त्र – *Vyākaraṇa Śāstra.*
Books having the description of grammatical rules.
व्याकरण के अर्थात् शब्द विग्रह-विश्लेषण संबंधी शास्त्र।

व्याख्या – *Vyākhyā.*
Exposition, Commentary, Interpretation, Explanation.
वर्णन, टीका, भाष्य, स्पष्टीकरण।

व्याख्यान – *Vyākhyāna.*
Speech, Exposition, Lecture.
भाषण, वर्णन, स्पष्टीकरण, उपदेश।

व्याख्यानाचार्य – *Vyākhyānācārya.*
Acharyas who deliver lecture, speech or write commentary on treatises.
टीका, भाष्य या व्याख्यान करने वाले आचार्य।

व्याख्यानाभास – *Vyākhyānābhāsa.*
Speech against right formulae (a fallacy).
सूत्र के प्रतिकूल व्याख्यान।

व्याख्याप्रज्ञप्ति – *Vyākhyāprajñapati.*
A part of *shrutgyan* (scriptural knowledge) containing spiritual super questions & answers.
द्वादशांग श्रुत का ५वां अंग, इसमें दो लाख २८ हजार पदों में

मुनियों के द्वारा विनयपूर्वक पूछे गये प्रश्न और केवली द्वारा दिये गये उत्तरों का विस्तृत वर्णन है।

व्याख्या प्रज्ञप्ति – *Vyākhyā Prajñapti.*
Name of the books written by *Acharya* Amitgati and by *Acharya* Bappadev.
आचार्य अमितगति (ई. ९८३-१०२३) द्वारा रचित एक संस्कृत ग्रंथ, आचार्य बप्पदेव (वि.श. ७) कृत ६०,००० श्लोक प्रमाण कर्म विषयक प्राकृत ग्रंथ।

व्याख्यालंकार टीका – *Vyākhyālaṁkāra Ṭīkā.*
Name of a commentary (book) written by *Pandit* Ashadhar.
पंडित आशाधर जी कृत एक टीका।

व्याघात – *Vyāghāta.*
Obstacle, Hindrance, Impediment, Destruction.
विघ्न, रुकावट, जहां स्थिति काण्डकघात होता है उसे व्याघात कहते हैं।

व्याज – *Vyāja.*
Deceit, Interest (on money).
धोखा, कपट, छल, सूद।

व्यापक – *Vyāpaka.*
Pervaded, Pervasive, extensive, Broad.
सर्वत्र फैला हुआ। आकाश, गगन, अवगाहन लक्षण, आधेय, व्यापक, आधार और भूमि ये सब नो आगम द्रव्य क्षेत्र के एकार्थ वाचक नाम हैं।

व्यापकानुपलब्धि अनुमान – *Vyāpakānupalabdhi Anumāna.*
An inference pertaining to knowledge & any matter - complement of each other.
अनुमान का एक भेद; जो जिसके साथ नियम से उपलब्ध होता है, वह उससे भिन्न नहीं होता। इस अनुमान से ज्ञान और पदार्थ का अभेद सिद्ध होता है।

व्यापार – *Vyāpāra.*
Business, occupation, any activity for money.
प्रयोग, कार्यपद्धति, प्रयत्न, व्यवसाय, अर्थ (धन) प्राप्त करने की समर्थ क्रिया प्रयोग को व्यापार कहते हैं या दृष्टाभाव से प्रतिपक्षभूत आरम्भ का नाम व्यापार है।

व्याप्ति – *Vyāpti.*
Intimate relationship between the object & its means, Pervasion, Spread through, Diffusion.
साध्य और साधन के अविनाभाव संबंध को व्याप्ति कहते हैं। जैसे - जहां धूम है वहां अग्नि है।

व्याप्तिज्ञान – *Vyāptijñāna.*
Broad knowledge, pervaded knowledge.
तर्क; व्याप्ति के ज्ञान को तर्क कहते हैं।

व्याप्य – *Vyāpya.*
Pervaded, Diffused, Spread.
व्यापक, सर्वत्र फैला या भरा हुआ।

व्यामोह – *Vyāmoha.*
Confusion, embarrassment, State of unmindful happiness.
मोह, प्रणयोन्माद, बेचैनी-व्याकुलता,अज्ञान।

व्यावृत्ति – *Vyāvṛtti.*
Negation; absence of one into the other.
पर्याय, विशेष, अपवाद, व्यावृत्ति एकार्थवाची हैं। अथवा विवक्षित पदार्थ में दूसरे पदार्थ के निषेध को व्यावृत्ति कहते हैं।

व्यास – *Vyāsa.*
Diameter, A type of followers of *Vinayvad.*
किसी वृत्त को समान भागों में विभाजित करने वाली रेखा, वितरण, विभाजन, चौड़ाई, विनयवादियों के ३२ भेदों में से एक।

व्युच्छित्ति – *Vyucchitti.*
Annihilation.
अभाव, नाश। बंध व्युच्छित्ति-आगे कर्म बंध का अभाव, उदय व्युच्छित्ति-आगे कर्म के उदय का अभाव, सत्ताव्युच्छित्ति-आगे कर्म की सत्ता का अभाव।

व्युच्छेद – *Vyuccheda.*
Lack, Non-existence.
अभाव; तीर्थ व्युच्छेद अर्थात् तीर्थ या धर्म का अभाव।

व्युत्सर्ग – *Vyutsarga.*
Renunciation of body attachment or affection.
काय से ममत्व का त्याग करना एवं श्वासोच्छ्वास पूर्वक ९ बार णमोकार मंत्र का जाप्य करना।

व्युत्सर्ग तप – *Vyutsarga Tapa.*
Renunciation of internal & external attachment—an austerity.
बाह्य एवं अंतरंग परिग्रह का त्याग एवं नियत या अनियत काल के लिये शरीर से ममत्व का त्याग व्युत्सर्ग तप या व्युत्सर्ग प्रायश्चित्त है।

व्युत्सर्ग प्रायश्चित्त – *Vyutsarga Prāyaścitta.*
See - *Vyutsarga Tapa.*
देखें - व्युत्सर्ग तप। नियत-अनियत काल के लिए शरीर से ममत्व त्याग कर कायोत्सर्ग करना।

व्युपरत क्रिया निवृत्ति – *Vyuparata Kriyā Nivṛtti.*
A kind of supreme meditation.
चौथा शुक्लध्यान; केवली भगवान के द्वारा जब श्वासोच्छ्वास रूप क्रिया का तथा मन वचन काय की क्रिया का निरोध किया जाता है। यह १४वें गुणस्थान में अयोग केवली को होता है। इसका दूसरा नाम समुच्छिन्न क्रिया निवृत्ति भी है।

व्युष्टि क्रिया – *Vyuṣṭi Kriyā.*
An 'auspicious activity to be performed after the one year of the birth of a child.
गर्भान्वय की ५३ क्रियाओं में ११वीं क्रिया, यह बालक के जन्म से एक वर्ष बाद की जाती है। इसका दूसरा नाम वर्षवर्धन है।

व्योमचर – *Vyomacara.*
A system of super power (related to sky mov-

ing).
आकाश गमन संबंधी विद्या निकाय ।

व्योमशेखर – *Vyomaśekhara.*
Name of a promoter of *Vaisheshik* philosophy.
एक वैशेषिक साहित्य प्रवर्तक ।

व्रणमुख – *Vraṇamukha.*
Nine main outlets of the body.
औदारिक शरीर के ९ मल द्वार ।

व्रत – *Vrata.*
Vow, Resolution·, Aversion from all five sins (i.e. violence, stealing, to lie etc.)
हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रह इन ५ पापों से विरक्त होना अथवा संकल्पपूर्वक जो नियम लिया जाता है उसे व्रत कहते हैं। इसके दो भेद हैं-अणुव्रत और महाव्रत ।

व्रत कथाकोष – *Vrata Kathākoṣa.*
Name of a book written by *Acharya* Shrutsagar.
आचार्य श्रुतसागर (ई. १४८७-१४९९) कृत कथाकोश, इसके आधार पर ब्र. नेमिदत्त (ई. १५१८) ने आराधना कथा कोश की रचना की थी ।

व्रतखंडन – *Vrata Khaṁḍana.*
Breaking of a vow, Infringement or violation of a vow.
व्रत का भंग होना ।

व्रतचर्या क्रिया – *Vratacaryā Kriyā.*
A type of auspicious activity (reg. vow of celibacy), an act of consecration (reg. study of religious formulae).
गर्भान्वय की १५वीं क्रिया, इसमें ब्रम्हचर्य व्रत के योग्य कमर, जांघ, वक्षस्थल और सिर के चिन्ह धारण किये जाते हैं, दीक्षान्वय की १०वीं क्रिया, इसमें यज्ञोपवीत से युक्त होकर शब्द एवं अर्थ दोनों प्रकार से उपासकाध्ययन के सूत्रों का भली प्रकार अभ्यास किया जाता है ।

व्रतप्रतिमा – *Vratapratimā.*
The 2nd model stage of householders out of 11, following 12 particular vows without any sting.
श्रावक की ११ प्रतिमाओं में दूसरी प्रतिमा, शल्य रहित होकर १२ व्रत (५ अणुव्रत, ३ गुणव्रत और ४ शिक्षा व्रत) धारण करना।

व्रतभंग – *Vratabhaṁga.*
See - Vrata Khaṁḍana.
देखें - व्रतखंडन ।

व्रतशुद्धि – *Vrataśuddhi.*
Purity of vows.
आश्रय रहित, आशा रहित, संतोषी, चारित्र में तत्पर ऐसे मुनि अपने शरीर में ममत्व नहीं करते। यह उनकी व्रत शुद्धि है ।

व्रताचार – *Vratācāra.*
A customary tradition of carrying a newly born baby to the temple for the first time (after 45 days of birth) along with the acceptance of repentance by the mother for the breaking of religious duities like daily visiting temple etc. during the child birth impurity period.
प्रसूति के ४५ दिन पश्चात् माँ को मंदिर में ले जाकर ४५ दिन की अवधि में छूटे देवदर्शन, पूजन, स्वाध्याय आदि धार्मिक क्रियाओं हेतु प्रायश्चित्त दिया जाता है तथा नवजात बालक को णमोकार मंत्र सुनाकर आजन्म मद्य, मांस, मधु एवं पाँच उदम्बर फलों के त्यागरूप अष्टमूलगुण ग्रहण कराये जाते हैं। अवध प्रांत में यह प्रथा विशेष प्रचलित है ।

व्रतावतरण क्रिया – *Vratāvataraṇa Kriyā.*
An auspicious act, reentering into the worldly routine life after getting complete knowledge from teacher.
दीक्षान्वय की ११वीं क्रिया, इसमें विद्याभ्यास के पश्चात् शिष्य गुरु के समीप विधिपूर्वक पुनः आभूषण आदि ग्रहण करता है, गर्भान्वय की १६वीं क्रिया, विद्या प्राप्त कर शिष्य माता-पिता के पास जाता है, पहले लिये नियमों को छोड़कर गृहस्थ में रहता है ।

व्रतारोपण – *Vratāropaṇa.*
An auspicious ritual act of procedural Jaina-initiation of one to be performed after one month of initiation.
मुनिदीक्षा लेने के पश्चात् एक पक्ष या एक माह के अंदर शुभ मुहूर्त में गुरु के द्वारा यह व्रतारोपण क्रिया नवदीक्षित पर की जाती है। जिसमें एक विशेष प्रतिक्रमण पाठ पढ़ा जाता है तथा पूरी दीक्षा विधि के अनुसार ही महाव्रतों के संस्कार होते हैं। दीक्षाविधि के अनुसार व्रतारोपण क्रिया के पश्चात् नवदीक्षित द्वारा एक व्रत भी ग्रहण करने का विधान है। इस विधि के पश्चात् संघ में अन्य साधुओं के साथ नमोस्तु-प्रतिनमोस्तु करना प्रारंभ हो जाता है ।

व्रती – *Vratī.*
One engaged in observing vows.
जो ५ अहिंसादि व्रतों से युक्त है। व्रती के अगारी और अनगारी दो भेद हैं ।

व्रीहि – *Vrīhi.*
Seeds for cultivation.
वर्षा के आरम्भ में बोया जाने वाला अनाज, धान्य ।

श

श – *Śa.*
The 30th consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का तीसवाँ व्यंजन अक्षर, इसका उच्चारण स्थान तालु है ।

शं – *Śaṁ.*
Bliss, Benediction, Equanimity.
सुख, कल्याण, समता ।

शंकर – *Śaṁkara.*
Supreme one causing bliss, One of the 1008 names of 'Lord Rishabhdev', It is also the name of 'Mahadev' in Vedic tradition.
सुख को करने वाले शंकर कहलाते हैं। भगवान ऋषभदेव के 1008 नामों में से एक नाम एवं वैदिक परम्परा में महादेव को भी शंकर कहा गया है ।

शंका – *Śaṁkā.*
Doubt, suspicion, An infraction of right perception.
संदेह, सम्यग्दर्शन का एक अतिचार; सर्वज्ञ प्रणीत तत्वों में शंका या संदेह करना ।

शंका राहित्य – *Śaṁkā Rāhitya.*
Freeness from all doubts, Trustworthy state.
निःशंकता; आप्त, जो शंका अर्थात् सकल मोह राग द्वेषादिक से रहित है ।

शंख – *Śaṁkha.*
Conch, Name of a mountain in *Lavan* ocean, One of the dominions of *Chakravarti* (emperor), Name of a summit of *Ashivish Vakshar* (mountain) and its protecting deity.
दो इन्द्रिय (स्पर्शन, रसना) समुद्रीय जीव, लवण समुद्र में स्थित एक पर्वत, चक्रवर्ती की एक निधि, आशीविष वक्षार का एक कूट व उसका रक्षक देव ।

शंख परिणाम – *Śaṁkha Pariṇāma.*
One of the 88 planets (the 17th).
ज्योतिष के 88 ग्रहों में 17 वां ग्रह ।

शंख रत्न – *Śaṁkha Ratna.*
Name of a summit situated at *Ruchak* mountain.
रुचक पर्वतस्थ एक कूट ।

शंखवर – *Śaṁkhavara.*
The 12th island and ocean of middle universe.
मध्यलोक में स्थित 12 वां द्वीप व समुद्र ।

शंखवर्ण – *Śaṁkhavarṇa.*
One of the 88 planets (the 58th).
ज्योतिष के 88 ग्रहों में 58 वां ग्रह ।

शंखा – *Śaṁkhā.*
One of the 32 countries of *Videh kshetra* (region) situated at the southern bank of *Sita* river.
विदेह के 32 देशों में सीता नदी के दक्षिण तट का 5 वां देश।

शंखाकार आकृति – *Śaṁkhākāra Ākṛti.*
Conch like figure.
शंख के समान आकृति ।

शंखावर्त योनि – *Śaṁkhāvarta Yoni.*
Vagina having the conch like circles in it.
योनि के 3 भेदों में पहला भेद। जिसके भीतर शंख के समान चक्कर पड़े हों, इस योनि में नियम से गर्भ नहीं रहता ।

शंबरदेव – *Śaṁbaradeva.*
Name of the brother of Lord Parshvanath of past-birth.
भगवान पार्श्वनाथ का पूर्व भव का भाई (कमठ) एक ज्योतिष देव; भगवान पार्श्वनाथ के तपस्या काल में शंबर देव द्वारा 7 दिन तक घनघोर उपसर्ग किया गया। अंत में भगवान ने केवलज्ञान प्राप्त किया और शंबर देव ने भी 10 भवों से चले आये वैर परिणामों का त्याग करके सम्यक्त्व धारण किया ।

शक – *Śaka.*
Doubt, suspicion, Name of an ancient dynasty, Name of the era of Shak or Shalivahan (began after A.D. 78).
संदेह, एक प्राचीन जाति जिसने ईसा से 200 वर्ष पूर्व भारत पर आक्रमण किया था, शालिवाहन राजा का चलाया हुआ संवत् जो ई. स. से 78 वर्ष बाद आरंभ हुआ था ।

शकट – *Śakaṭa.*
A cart, a bullock cart.
भार ढ़ोने वाली गाड़ी (बैलगाड़ी), जिनकी धुर गाड़ी की नाभि और महाचक्र लोहे से बंधे होते हैं ।

शक संवत् – *Śaka Saṁvat.*
Name of an era begun after 605 years of *Vir Nirvan.*
वीर निर्वाण के 605 वर्ष एवं विक्रम संवत के 135 वर्ष पश्चात् भृत्यवंशी गौतमी पुत्र राजा सातकर्णी शालिवाहन (वी.नि. 605) ने इसे प्रचलित किया था ।

शक्कर – *Śakkara.*
Sugar made from sugarcane.
6 रसों में एक रस; चीनी, खांड शुभ प्रकृतियों की अनुभाग शक्ति के 4 दृष्टांत गुड़, खांड, शक्कर और अमृत तुल्य में एक उदाहरण ।

शक्ति – *Śakti.*
Vitality, Power, Potency, A virtue of donor.
बल, योग्यता, ऊर्जा, सामर्थ्य, एक दैविक विद्या, दाता का एक विशेष गुण अर्थात् दान देने में प्रमाद नहीं करना ।

शक्तितः अनशन – *Śaktitaḥ Anaśana.*
Fasting according to physical strength.
शक्ति के अनुसार अनशन अर्थात् उपवास करना ।

शक्तितस्तप – *Śaktitastapa.*
One of the 16 spiritual reflections related to austerity (the 7th reflection).

16 कारण भावना की 7वीं भावना—विचारक साधुओं को आरोग्य और आत्मस्वरूप में अवस्थान के लिए द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, बल और वीर्य इन छः बातों का अच्छी तरह पर्यालोचन करके तप आदि करना ।

शक्तितस्त्याग – *Śaktitastyāga.*
Charity according to capability (the 6th spiritual reflection out of 16).
अपनी शक्ति के अनुरूप दान देना शक्तितस्त्याग भावना है। यह 16 कारण भावना की छठी भावना है ।

शक्ति स्थिति – *Śakti Sthiti.*
Overall situation of *Karmic* aggregates.
प्रथम आदि निषेकों की सर्व स्थिति शक्तिस्थिति कहलाती है ।

शक्य पक्ष – *Śakya Pakṣa.*
The purpose which can easily be proved.
साध्य, जो प्रत्यक्षादि प्रमाणों से बाधित न होने से सिद्ध किया जा सकता है ।

शक्य प्राप्ति – *Śakya Prāpti.*
Attainment of truth with proofs.
प्रमेयों को जानने के लिए जो प्रमाता के प्रमाण हैं, उसी को शक्यप्राप्ति कहते हैं ।

शक्र – *Śakra.*
Indra (celestial being).
इन्द्र ।

शक्रपुरी – *Śakrapurī.*
Name of a city in the south of *Vijayardh* mountain, Heavenly city of *Indras* .
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर, इन्द्रपुरी—इन्द्रों की नगरी (स्वर्ग) ।

शची – *Śacī.*
Chief wife of *Indra.*
इन्द्र की पटरानी अर्थात् मुख्य इन्द्राणी, यह तीर्थंकर बालक के जन्म लेते ही सर्वप्रथम माता के प्रसूति गृह में जाकर जिन बालक का मुखावलोकन कर उसे जन्माभिषेक हेतु सौधर्म इन्द्र को प्रदान करती है ।

शत – *Śata.*
One hundred.
संख्या प्रमाण - 100 ।

शत इन्द्र – *Śata Indra.*
One hundred *Indras.*
100 इन्द्र, भवनवासी देवों के 40, व्यंतर देवों के 32, कल्पवासी देवों के 24 इन्द्र, ज्योतिष देवों के चन्द्र-सूर्य ये 2 इन्द्र, मनुष्यों का इन्द्र चक्रवर्ती तथा तिर्यंचों का इन्द्र सिंह ।

शतक – *Śataka.*
A centuary, Collection of a hundred items , Name of a treatise written on *Karmic* theory.
शताब्दी, एक ही प्रकार की सौ वस्तुओं का संग्रह, एक कर्म सिद्धांत विषयक प्राकृत भाषा की कृति ।

शतधनु – *Śatadhanu.*
The 4th chief disciple of Lord Rishabhdev, The son of Baldev.
भगवान ऋषभदेव के चौथे गणधर, बलदेव का एक पुत्र ।

शतपदा – *Śatapadā.*
Name of a female deity of *Ruchak* mountain.
रूचक पर्वत निवासिनी दिक्कुमारी देवी ।

शतपर्वा – *Śataparvā.*
Name of a super power.
एक विद्या। धरणेंद्र ने यह विद्या नमि-विनमि विद्याधरों को दी थी।

शतभिषा – *Śatabhiṣā.*
Name of a lunar.
एक नक्षत्र। तीर्थंकर वासुपूज्य का जन्म इसी नक्षत्र में हुआ था।

शतमख – *Śatamakha.*
The other name of *Indra.*
इन्द्र का अपरनाम ।

शतमुख – *Śatamukha.*
Name of a demigod of Lord Vasupujya.
भगवान वासुपूज्य का शासन यक्ष । अपरनाम-षण्मुख ।

शतसहस्र – *Śatasahasra.*
One lac (a number unit).
संख्या प्रमाण - 1,00,000 (एक लाख) ।

शतार (देव) – *Śatāra (Deva).*
The deities of the 11th heaven.
कल्पवासी देवों का एक भेद, 11 वें स्वर्ग के देव ।

शत्रुंजय (तीर्थ) – *Śatruṁjaya (Tīrtha).*
Name of a Digambar Jaina place of pilgrimage near Bhavnagar, Gujarat, from where three Pandvas-Udhishthir, Bhim & Arjun and 8 crores of Munis (Dravid Kings) got salvation.
गुजरात प्रांत में स्थित भावनगर से 57 किमी. दूर स्थित एक सिद्धक्षेत्र; कुर्युधर ने पांचों पाण्डवों पर अग्नि उपसर्ग इसी पर्वत पर किया था, इस पर्वत से युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन ये तीन पाण्डव तथा आठ करोड़ द्रविड़ राजा अष्टकर्मों का नाश कर मोक्ष पधारे एवं नकुल सहदेव सर्वार्थसिद्धि विमान में उत्पन्न हुए ।

शत्रु – *Śatru.*
An enemy, an opponent, delusive passions.
बैरी; आत्महितकारी तप, दीक्षा, व्रत आदि ग्रहण करने में बाधक मोहकर्म की भी शत्रु संज्ञा है ।

शत्रुघ्न – *Śatrughna.*
The youngest brother of Ram – the son of Dashrath (king).
दशरथ का पुत्र राम का छोटा भाई। राजा मधु को हराकर मथुरा का राज्य प्राप्त किया, अंत में दीक्षा ग्रहण की ।

शनि – *Śani.*
Saturday, Name of a planet (Saturn), A type of deities of *Jyotirlok.*
एक वार (दिन), एक ग्रह-शनि ग्रह अरिष्ट की शांति हेतु

भगवान मुनिसुव्रतनाथ की उपासना की जाती है। ज्योतिर्लोक के देव, ये आधा पल्य जीते हैं। इनके विमान तप्त स्वर्ण वर्ण के होते हैं ।

शब्द – *Śabda.*
A word having its meaning.
जो अर्थ को कहता है अर्थात् जिसके द्वारा अर्थ कहा जाता है वह शब्द है ।

शब्द कोष – *Śabda Koṣa.*
A dictionary.
जिसमें शब्दों का भंडारण किया जाता है, आचार्य पूज्यपाद (ई.श.5) कृत शब्दावतार, श्वे. हेमचन्द्रसूरि (ई.1088-1173) कृत सिद्धहेम शब्दानुशासन, अभिधान चिंतामणी कोश, आचार्य अकलंक द्वि. (ई. 1604) कृत शब्दानुशासन इत्यादि अनेक कोश ।

शब्द गारव – *Śabda Gārava.*
Pride related to clear pronunciation.
गारव के तीन भेदों में एक भेद; वर्ण के उच्चारण का गर्व करना शब्द गारव है ।

शब्द चिंतामणि – *Śabda Cintāmaṇi.*
Name of a Sanskrit dictionary written by *Achary* Shubhchandra.
आचार्य शुभचन्द्र (ई.1516-1556) द्वारा रचित संस्कृत शब्दकोष।

शब्दनय – *Śabdanaya.*
A viewpoint related to grammatical uses of words.
7 नयों में एक नय। यह नय लिंग, कारक, वचन, काल, उपसर्ग आदि के दोषों को दूर करता है। यह व्याकरण के नियमों के आधीन होता है ।

शब्द प्रमाण – *Śabda Pramāṇa.*
Truthness of the scriptures.
आप्त के उपदेश को शब्द प्रमाण कहते हैं। अपरनाम-आगम प्रमाण ।

शब्द ब्रम्ह – *Śabda Brahma.*
Supreme words revealing the truthness of all objects.
समस्त वस्तुओं को प्रकाश करने वाला और स्यात् पद से चिन्हित शब्द ब्रम्ह है ।

शब्दभेद – *Śabdabheda.*
Differentiation between words.
व्याकरण के अनुसार शब्दों के प्रकार, शब्दों का भेद होना। जैसे-इन्द्र, शक्र, पुरन्दर ।

शब्दरत्नप्रदीप – *Śabdaratnapradīpa.*
Name of a Sanskrit dictionary compiled by *Acharya* Somsen.
आचार्य सोमसेन (ई. 1599-1610) कृत संस्कृत शब्दकोष।

शब्दलिंगज – *Śabdaliṁgaja.*
A type of *Shrutgyan* (verbal scriptural knowledge).
शब्दजन्य श्रुतज्ञान, अक्षरात्मक श्रुतज्ञान। जो श्रुतज्ञान शब्दों को सुनकर हो ।

शब्दवान् – *Śabdavān.*
Name of a mountain of *Haimvat Kshetra* (region).
हैमवत क्षेत्र के बहुमध्य भाग में स्थित कूट के आकार वाला नाभिगिरि पर्वत ।

शब्दसंक्रमण – *Śabdasaṁkramaṇa.*
Verbal transition which occurs in purest meditation.
पृथक्त्व वितर्क वीचार नामक प्रथम शुक्लध्यान के अंतर्गत होने वाला संक्रमण जिसके कारण यह ध्यान सविचार कहा जाता है ।

शब्द समय – *Śabda Samaya.*
The system of philosophy or scripture.
शब्दागम अर्थात् द्रव्यश्रुत शब्दसमय कहलाता है।

शब्दांभोज भास्कर – *Śabdāṁbhoja Bhāskara.*
A Sanskrit dictionary with grammatical rules.
व्याकरण संस्कृत शब्दकोश ।

शब्दाद्वैत – *Śabdādvaita.*
A doctrine of monism (non-duality).
एक एकांतमत अद्वैतवाद। वैदान्त दर्शन के अनुयायी वेदान्ती मानते हैं कि इस संसार में शब्द रूप ब्रह्म की ही सत्ता है, यह सब वाच्य-वाचक तत्व शब्द ब्रह्म का ही विपर्यय (पर्याय) है ।

शब्दानुपात – *Śabdānupāta.*
An infraction-sending one's voice out beyond set limits for any self purpose.
देशव्रत का एक अतिचार; खाँसी आदि शब्द के द्वारा निश्चित की गई मर्यादा से बाहर वाले व्यक्ति को अपना अभिप्राय समझा देना ।

शब्दानुशासन – *Śabdānuśāsana.*
Name of the Sanskrit dictionary compiled by *Shvetambar Acharya* Hemchandrasuri & another one by a saint Battakalank.
श्वे. हेमचन्द्रसूरि (ई. 1088-1173) कृत संस्कृत शब्दकोश, भट्टाकलंक द्वारा (ई.1604) रचित संस्कृत शब्दकोश ।

शब्दार्थ – *Śabdārtha.*
Meaning of the word.
शब्द का शाब्दिक या वाच्य अर्थ ।

शब्दावतार – *Śabdāvatāra.*
A Sanskrit dictionary.
एक संस्कृत शब्दकोश ।

शम – *Śama.*
Peace of mind, restraint (of the senses), absence of passions.
शांति, अंतःकरण अथवा बाह्य इंद्रियों का निग्रह, कामक्रोधादि से उत्पन्न संसार-दुख की दाह को विनाश करने वाला होने से धर्म ही शम है। जैन शासन को शम-दम शासन कहा है ।

शयन – *Śayana.*
Sleeping, resting.
सोना या शयन करना ।

शयन तप – *Śayana Tapa.*
A kind of austerity (related to sleeping posture).
कायक्लेश तप का एक भेद, इसके भी लगड़शय्या, उत्तानशय्या, अवाक्शय्या, शवशय्या, एकपार्श्वशय्या, अभ्रावकाशशय्या ये 6 भेद हैं ।

शय्या – *Śayyā.*
Suitable resting place of saints.
भक्तप्रत्याख्यान सल्लेखना के 40 अधिकारों में 25 वां अधिकार, आराधक योग्य वसतिका ।

शय्या परिषह – *Śayyā Pariṣaha.*
A kind of affliction related to sleeping with hardness.
22 परिषहों में एक परिषह; ध्यान अध्ययन अथवा मार्ग के श्रम से थककर साधु द्वारा कठोर भूमि पर एक करवट बिना कुछ ओढ़े अल्प निद्रा लेना और बाधा को समतापूर्वक सहन करना ।

शर – *Śara.*
An arrow, Name of a king of *Kuru* dynasty.
बाण, तीर, कुरुवंश का एक राजा ।

शरण – *Śaraṇa.*
Shelter, Refuge, Protection.
सहारा, आश्रय, रक्षा। शरण के दो भेद हैं-लौकिक अर्थात् राजा आदि की शरण एवं लोकोत्तर अर्थात् 5 परमेष्ठी या धर्म की शरण ।

शरावती – *Śarāvatī.*
The ancient name of present Shravasti (the birth place of Lord sambhavnath) near district Baharaich (U.P.).
भगवान संभवनाथ की जन्मभूमि श्रावस्ती का अपरनाम, यह उत्तरप्रदेश के बहराइच जिले में है ।

शरीर – *Śarīra.*
Body, it is of five kinds-*Audarik, Vaikriyik, Aharak, Taijas* & *Karman.*
सप्तधातु से निर्मित देह, यह 5 प्रकार का होता है—औदारिक, वैक्रियिक, आहारक, तैजस और कार्माण ।

शरीर कृशीकरण – *Śarīra Kṛśīkaraṇa.*
An austerity related to mortification of body.
कायक्लेश तप; आचाम्ल, निर्विकृति, उपवास आदि के द्वारा शरीर को कृश करना ।

शरीरत्याग – *Śarīratyāga.*
Renouncement related to the attachment of body.
व्युत्सर्ग तप या व्युत्सर्ग प्रायश्चित्त (कायोत्सर्ग), नियत व अनियत काल के लिए शरीर से ममत्व बुद्धि छोड़ना ।

शरीरत्रिक – *Śarīratrika.*
A triplet related to body.
औदारिक, वैक्रियिक, आहारक शरीर ।

शरीर नामकर्म – *Śarīra Nāmakarma.*
Physique making *Karmic* nature causing formation of complete body.
जिसके उदय से औदारिक आदि शरीर की रचना हो ।

शरीर निर्मलता – *Śarīra Nirmalatā.*
An excellence of the birth of Jaina—Lord (purity of the body).
जिनेन्द्र भगवान के शरीर की अतिशयी निर्मलता—भगवान अरहंत के जन्म के 10 अतिशयों में एक अतिशय ।

शरीर निर्माण क्रम – *Śarīra Nirmāṇa Krama.*
Sequential development of complete body formation.
माता के गर्भ में जीव के अंग-उपांग के संपूर्ण विकास का क्रम, यह प्रायः 9 माह में पूर्ण होता है ।

शरीर पर्याप्ति – *Śarīra Paryāpti.*
Formation of essential elements of body.
पर्याप्ति के छः भेदों में दूसरा भेद, जिन परमाणुओं को खलरूप परिणमाया था उनको हाड़, रस, रुधिर आदि रूप परिणमावने की कारणभूत जीव की शक्ति की पूर्णता को शरीर पर्याप्ति कहते हैं ।

शरीर पर्याप्ति काल – *Śarīra Paryāpti Kāla.*
Period of the formation of respiratory vitality in the body.
शरीर पर्याप्ति पूर्ण होने पर जब तक श्वासोच्छ्वास पर्याप्ति पूर्ण न हो तब तक का काल ।

शरीर प्रमाण जीव – *Śarīra Pramāṇa Jīva.*
Occupancy of soul-points according to the shape of the body .
जीव का संकोच विस्तार स्वभाव वाला होने के कारण कर्म के निमित्त से मिले छोटे-बड़े शरीर की अवगाहना का होकर रहना अर्थात् स्वदेहप्रमाण होना ।

शरीर बंध – *Śarīra Baṁdha.*
Molecular bondage (formation) of 5 types of body.
औदारिक, वैक्रियक, आहारक, तैजस और कार्माण शरीर बंध का होना शरीर बन्ध है ।

शरीर बकुश – *Śarīra Bakuśa.*
A type of saints possessing some faults related to decoration of the body.
बकुश साधु के दो भेदों में एक भेद; शरीर को साफ सुथरा रखने में जिनका विशेष उपयोग रहता है ।

शरीर वर्गणा – *Śarīra Vargaṇā.*
A type of *Karmic* aggregate.
23 प्रकार की वर्गणाओं में एक वर्गणा ।

शरीर सल्लेखना – *Śarīra Sallekhanā.*
Holy destruction of the body by reducing food taking etc. (an austerity).

बाह्य सल्लेखना या कायक्लेश रूप अनुष्ठान करना अर्थात् भोजन आदि त्याग करके शरीर को कृश करना ।

शरीर संघात – *Śarīra Saṁghāta.*
Karmic association of body.
उदय को प्राप्त जिन कर्म स्कंधों का छिद्र रहित संश्लेष किया जाता है उन पुद्गल स्कंधों की 'शरीरसंघात' यह संज्ञा है ।

शरीरसंघात नामकर्म –
Śarīra Saṁghāta Nāmakarma.
Physique making *Karmas* causing association of body.
जिसके उदय से औदारिक आदि शरीरों की छिद्र रहित होकर परस्पर प्रदेशों में एकरूपता आती है। यदि शरीर संघात नामकर्म संज्ञा न हो तो तिल के मोदक के समान शरीर अपुष्ट रहेगा ।

शरीर संस्कार – *Śarīra Saṁskāra.*
Decoration of body by using cosmetics etc.
मुख नेत्र और दांतों का धोना, उबटन करना, अंगमर्दन आदि शरीर के संस्कार हैं ।

शरीरी – *Śarīrī.*
Having to do with the body, A living creature.
जीव संसारावस्था में शरीर सहित होने से शरीरी कहलाता है ।

शर्कराप्रभा – *Śarkarāprabhā.*
The 2nd land of hell.
नरक की दूसरी पृथिवी, अपरनाम वंशा है। इसकी प्रभा शर्करा के समान है ।

शर्मदा – *Śarmadā.*
Bliss providing one, Benevolent.
सुख को देने वाले ।

शलाका कुण्ड – *Śalākā Kuṇḍa.*
A large pit for the large mathematical measurement.
उत्कृष्ट संख्यात प्रमाण जानने के लिए जम्बूद्वीप के समान 1 लाख योजन लम्बे-चौड़े और एक योजन गहरे शलाका, प्रतिशलाका, महाशलाका, अनवस्थित इन 4 कुंडों में एक कुण्ड ।

शलाका पुरुष – *Śalākā Puruṣa.*
Particular 63 great personages like *Tirthankar* (Jaina- Lord), *Chakravarti* (emperor) etc. in Jaina realm.
तीर्थंकर, चक्रवर्ती आदि प्रसिद्ध पुरुषों को शलाका पुरुष कहते हैं। प्रत्येक कल्पकाल में ये 63 होते हैं। 24 तीर्थंकर, 12 चक्रवर्ती, 9 नारायण, 9 प्रतिनारायण, 9 बलभद्र ।

शल्य – *Śalya.*
Sting; thorn; something that causes pain to body or mind; anger, pride, illusion, greediness, love, lust, longings for next birth (Nidan) & wrong belief are 8 stings in this world.
शल्य का अर्थ पीड़ा देने वाली वस्तु है। अर्थात् शरीर और मन संबंधी पीड़ा का कारण, कर्मोदय जनित विकार या दोष। इसके आठ भेद हैं- क्रोध, मान, माया, लोभ, प्रेम, पिपासा, निदान और मिथ्यात्व ।

शल्य रहित – *Śalya Rahita.*
One without any worries and attachment.
व्रती; जो शल्य रहित होता है ।

शवशय्यासन तप – *Śavaśyyāsana Tapa.*
A kind of austerity, to lie like a corspe.
कायक्लेश तप का एक भेद; शव की तरह निश्चेष्ट सोना ।

शशांक – *Śaśāṁka.*
The Moon.
चंद्रमा ।

शशि – *Śaśi.*
The Moon, A king of *Ikshvaku* dynasty.
चंद्रमा, इक्ष्वाकुवंशी एक राजा जो रवितेज का पुत्र था ।

शहद – *Śahada.*
Honey, which is not edible according to Jaina philosophy.
मधु; एक अभक्ष्य पदार्थ ।

शांत कषाय – *Śāṁta Kaṣāya.*
Subsided passion.
उपशांत कषाय ।

शांति – *Śāṁti.*
Peace, Calmness, Pacification, Tranquillity, The 51st planet.
माध्यस्थ्य, समता, वैराग्य, प्रशम, शांति ये सब एकार्थवाची हैं, 51 वें ग्रह का नाम ।

शांतिकीर्ति – *Śāṁtikīrti.*
The disciple of Meghchandra of *Nandi* group, Name of a Kannad poet, the writer of Shantinath.
नंदिसंघ बलात्कारगण, मेघचन्द्र के शिष्य मेरुकीर्ति के गुरु, समय - ई. 705-720। शांतिनाथ पुराण के रचयिता एक कन्नड़ कवि, समय ई. 1519 ।

शांतिचक्र पूजा – *Śāṁticakra Pūjā.*
A worshipping composition composed by *Acharya* Indranandi.
आचार्य इन्द्रनंदि कृत पूजा। आचार्य इन्द्रनंदि आचार्य नेमिचंद्र सिद्धांत चक्रवर्ती के शिक्षा गुरु थे ।

शांतिनाथ – *Śāṁtināṭha.*
Name of the 16th *Tirthankar* (Jaina-Lord), the 5th *Chakravarti* (emperor).
16वें तीर्थंकर, 5वें चक्रवर्ती। हस्तिनापुर के कुरुवंशी राजा विश्वसेन एवं रानी ऐरावती देवी के पुत्र जिनकी आयु एक लाख वर्ष, ऊंचाई 160 हाथ (40 धनुष) और वर्ण तप्त स्वर्ण के समान था एवं इनका चिन्ह हिरण है ।

शांतिनाथ चारित्र – *Śāṁtināṭha Cāritra.*
Name of a book written in Sanskrit language.
संस्कृत भाषा बद्ध एक ग्रंथ ।

शांतिनाथ पुराण – *Śāṁtināṭha Purāṇa.*
Many narrative books of this title written by 1)

Poet Asag 2) *Acharya* Shreedhar 3) Sakalkirti 4) Shubhkirti.
कवि असग द्वारा (ई. 988) रचित हिन्दी महाकाव्य, आचार्य श्रीधर (ई. 1132) कृत अपभ्रंश काव्य, सकलकीर्ति (ई. 1406-1442) कृत 3475 संस्कृत पद्य प्रमाण ग्रंथ, शुभकीर्ति (ई.श. 15 पूर्वार्ध) कृत अपभ्रंश काव्य ।

शांतिभक्ति – *Śāṁtibhakti.*
A great spiritual hymn written by Acharya Pujyapad.
आचार्य पूज्यपाद द्वारा संस्कृत में रचित एक भक्ति पाठ, जिसमें 8 शार्दूल विक्रीड़ित छंद हैं एवं उसके बाद शांतिजिनं.....इत्यादि शांतिपाठ एवं अंचलिका है। इसके विधिवत् अनुष्ठान से खोई हुई नेत्र ज्योति पुनः प्राप्त हो जाती है ।

शांतिसागर – *Śāṁtisāgara.*
Name of the first great Jain *Acharya* of 20th century also the disciple of Acharya Shri Kalyansagar Maharaj.
बीसवीं सदी के प्रथम आचार्य-आप दक्षिण देश के भोज ग्राम (येळगुळ) के रहने वाले क्षत्रिय वंशीय भीमगौड़ा-सत्यवती के पुत्र थे। आपका जन्म आषाढ़ कृ.6, वि. सं. 1929 को हुआ एवं 9 वर्ष की आयु में विवाह हो गया, परन्तु 6 माह पश्चात् ही आपकी पत्नी का देहांत हो गया। पुनः आपने विवाह न कराया और वि.सं. 1972 में देवेन्द्रकीर्ति मुनि से क्षुल्लक एवं सं. 1976 में उन्हीं से 47 वर्ष की आयु में मुनि दीक्षा ली। वि. सं. 1984 में जब आप सम्मेदशिखर जी पधारे तब आपके संघ में सात मुनि एवं क्षुल्लक व ब्रह्मचारी आदि थे। इस कलिकाल में भी आपने आदर्श रूप से 12 वर्ष की समाधि धारण की एवं वि.सं.2000 (ई. 1943) में भक्तप्रत्याख्यान व्रत धारण करके 14 अगस्त सन् 1955 में कुंथलगिरि क्षेत्र पर इंगिनी मरण व्रत धारण किया एवं 18 सितम्बर सन् 1955, रविवार, प्रातः 7 बजकर 10 मिनट पर आप इस नश्वर देह को त्याग कर स्वर्ग सिधार गये। आपने 24 अगस्त 1955 को ही अपने सुयोग्य शिष्य वीरसागर जी महाराज को आचार्य पद का भार सौंप दिया था। वर्तमान में चल रही चतुर्विध संघ परम्परा आपके ही कृपाप्रसाद का फल है। वर्तमान में आपकी परम्परा की छठीं शृंखला में षष्ठम् पट्टाचार्य आचार्य श्री अभिनंदन सागर जी महाराज हैं ।

शांतिसागर परम्परा – *Śāṁtisāgara Paramparā.*
The tradition of first Digambar Jain Acharya Charitra Chakravarti Shri Shantisagarji Maharaj of 20th century, the renovator of Jaina asceticism of new age.
बीसवीं सदी के प्रथम दिगम्बर जैनाचार्य चारित्र चक्रवर्ती श्री शांतिसागर जी महाराज ने चूँकि इस युग में मुनिपरम्परा को पुनः जीवंत कर चतुर्विध संघ परम्परा को वृद्धिंगत किया, इसीलिए सम्पूर्ण दिगम्बर जैन समाज उन्हें निर्विवाद रूप से प्रथम चारित्र चक्रवर्ती के रूप में पहचानती है तथा उनकी परम्परा को बीसवीं सदी की मूल परम्परा के रूप में माना जाता है। उनके पश्चात् ही अनेक प्रकार की आचार्य परम्परा का भेद पड़ा है (जैसे-अंकलीकर, छाणी इत्यादि)। इस परम्परा के आचार्यों के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं-आचार्य शांतिसागर जी, आचार्य वीरसागर जी, आचार्य शिवसागर जी, आचार्य धर्मसागर जी, आचार्य अजितसागर जी, आचार्य श्रेयांससागर जी एवं वर्तमान आचार्य अभिनंदन सागर जी । इस नाम से आचार्यश्री कल्याणसागर महाराज के एक प्रसिद्ध शिष्य (ई.श. 20-21) भी हुए हैं ।

शांत्यष्टक – *Śāṁtyaṣṭaka.*
A spiritual hymn written by *Acharya* Pujyapad.
आचार्य पूज्यपाद (ई.श.5) द्वारा रचित संस्कृत शांतिभक्ति के प्रारंभिक 8 श्लोक ।

शार्ंग – *Śāṁrga.*
Name of a bow of Lakshman (a Narayan), it is one of his 7 jewels.
नारायण लक्ष्मण के धनुष का नाम, जो 7 रत्नों में एक रत्न था।

शाकटायन न्यास – *Śākaṭāyana Nyāsa.*
Name of a judicial composition written by *Acharya* Prabhachandra.
आचार्य प्रभाचन्द्र (ई. 950-1020) द्वारा संस्कृत भाषा में रचित न्याय विषयक ग्रंथ ।

शाकल्य – *Śākalya.*
A doctrine of ignorance, An ignorant one.
अज्ञानवाद के 67 भेदों में एक भेद या एक अज्ञानवादी ।

शाखा – *Śākhā.*
Branch, Division, Section.
किसी भी विषय संबंधी उपभाग ।

शाप – *Śāpa.*
Curse.
क्रोधवश किसी के लिए अनिष्ट वचन कहकर दुराशीष देना। जैन साधु किसी को शाप नहीं देते हैं ।

शामकुंड – *Śāmakuṁḍa.*
Name of a commentator of first 5 parts of 'Shatkhand'.
षट्खण्ड आगम के प्रथम 5 खण्डों पर पद्धति नामक टीका के रचयिता। समय ई.श. 3 का उत्तरार्ध ।

शारीरिक दुख – *Śārīrika Dukha.*
Physical pain.
दुःख के 4 भेदों में एक भेद; रोगादि से उत्पन्न होने वाला शरीर संबंधी दुख ।

शालवन – *Śālavana.*
The initiation forest of Lord Dharmanath.
तीर्थंकर धर्मनाथ के दीक्षा वन का नाम ।

शालि – *Śāli.*
A special type of rice.
एक विशेष प्रकार का धान्य-चावल ।

शालिसिक्थ मत्स्य – *Śalisiktha Matsya.*
A special type of aquatic being (Tandul Matsya).
तन्दुल मत्स्य; इनका शरीर तण्डुल (चावल) के सिक्थ के

प्रमाण होता है एवं स्वयंभूरमण समुद्र में रहने वाले महामत्स्य के कान का मैल खाकर जीवन निर्वाह करते हैं ।

शाल्मली वृक्ष – *Śālmalī Vṛkṣa.*
The silk-cotton tree, this kind of natural trees are found in the south of Sumeru mountain in each of Jambudvip, Dhatkikhanddvip & Pushkarardhadvip.
सेमल (रुई) का वृक्ष; अकृत्रिम जम्बूद्वीप रचना के अंदर सुमेरु पर्वत की दक्षिण दिशा में देवकुरु भोगभूमि में स्थित पृथ्वीकायिक एक अकृत्रिम वृक्ष। हस्तिनापुर में निर्मित जम्बूद्वीप रचना के अंदर यह वृक्ष यथास्थान धातु से निर्मित किया गया है, जिस पर एक जिनमंदिर है ।

शाश्वत उपादान – *Śāśvata Upādāna.*
Undestroyable properties of a substance.
द्रव्य के दो अंशों में एक अंश-गुण; जो शाश्वत होने के कारण अपने स्वरूप को त्रिकाल में भी नहीं छोड़ते ।

शाश्वत सुख – *Śāśvata Sukha.*
Supreme or eternal bliss.
अनंत सुख। अर्थात् सूक्ष्म लोभ का नाश होने से जो सूक्ष्म परिणाम शेष रह जाते हैं वह सूक्ष्म चारित्र है वह शाश्वत सुख का स्थान है ।

शासन – *Śāsana.*
Regime, Discipline, Rules.
अनुशासन, आज्ञा, जिसके द्वारा समस्त जीवाजीवादिक पदार्थ जाने जाते हैं वह आज्ञा या आगम शासन कहलाता है। वर्तमान में भगवान महावीर का शासनकाल चल रहा है ।

शासन दिवस – *Śāsana Divasa.*
'Veer Shasan Jayanti', celebration of first sermon day of Lord Mahavir.
वीर शासन जयंती अर्थात् श्रावण कृष्ण प्रतिपदा का दिन, जब विपुलाचल पर्वत (राजगृही) पर केवलज्ञान होने के 66 दिन बाद प्रथम बार भगवान महावीर की दिव्य ध्वनि खिरी थी ।

शासन देव – *Śāsana Deva.*
Ruling deities of 24 Tirthankars.
चौबीस तीर्थंकर भगवन्तों के चौबीस शासन देव। तिलोयपण्णत्ति के अनुसार ये सभी शासन देव संबंधित तीर्थंकरों के समवसरण में रहते हैं अतः ये सम्यग्दृष्टि होते हैं। आचार्य पूज्यपाद स्वामी ने इनके लिए अर्घ्य बनाए हैं एवं अनेक प्राचीन ग्रंथों में इनके अर्घ्य के प्रमाण हैं ।

शास्त्र – *Śāstra.*
Scriptures, Religious treatises.
आगम ग्रंथ, जो परम्परा से सर्वज्ञ वीतराग आप्त का कहा हो एवं प्रत्यक्ष व परोक्ष प्रमाण से बाधा रहित हो ।

शास्त्रज्ञान – *Śāstrajñāna.*
Scriptural knowledge.
आगम ज्ञान ।

शास्त्र तात्पर्य – *Śāstra Tātparya.*
Scriptural meanings.
सूत्र के दो भेदों में एक भेद; परमार्थ से साक्षात् मोक्ष के कारणभूत वीतरागपना या भेद ज्ञान ही शास्त्र तात्पर्य है ।

शास्त्रदान – *Śāstradāna.*
A type of donation-providing scriptures or scriptural knowledge.
दान का एक भेद (ज्ञान दान)—सत्पुरुषों का उपकार करने की इच्छा से शास्त्र का व्याख्यान करना या पठन सामग्री देना ।

शास्त्र पठन – *Śāstra Paṭhana.*
The study of scriptures and thinking over it.
स्वाध्याय या आगम शास्त्रों का अध्ययन करना ।

शास्त्रसार समुच्चय – *Śāstrasāra Samuccaya.*
Name of a book written by Maghnandi Yogindra.
माघनंदि योगीन्द्र (ई. श. 12 उत्तरार्द्ध) कृत 196 संस्कृत सूत्र प्रमाण सिद्धांत ग्रंथ ।

शास्त्राध्ययन – *Śāstrādhyayana.*
Study of the scriptures and thinking over it.
जिनागम का अभ्यास, पठन-पाठन करना ।

शास्त्रार्थ – *Śāstrārtha.*
Religious interpretation or a doctrinal debate.
वाद, धर्म प्रभावना के अर्थ में किया जाने वाला वाद ।

शिकार – *Śikāra.*
Hunting, one of the 7 evil habits.
7 व्यसनों में एक व्यसन, आखेट, जंगल के निरपराधी पशुओं को मारना ।

शिक्षक – *Śikṣaka.*
Teacher, Religious preceptor-saints.
गुरु, श्रुताभ्यास कराने वाले मुनि ।

शिक्षा – *Śikṣā.*
Learning, education, Better discrimination, Rationality.
हिताहित का विवेक। शास्त्राध्ययन करना, यह शिक्षा शब्द का अर्थ है ।

शिक्षाकाल – *Śikṣākāla.*
Time period of progressive or higher learning after the initiation of one.
दीक्षा के अनन्तर परमात्म तत्त्व के परिज्ञान के लिए उसके प्रतिपादक शास्त्र की जब शिक्षा ग्रहण की जाती है, वह शिक्षाकाल कहलाता है ।

शिक्षागुरु – *Śikṣāguru.*
Teacher, Spiritual teacher, religious preceptor—saints.
व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करने वाले गुरु—इन्हें विद्यागुरु भी कहते हैं। आगम ग्रंथों का अध्ययन कराने वाले। निर्यापकाचार्य जो संयम (देश या सकल) के छेद की शुद्धि के लिए प्रायश्चित्त देकर संवेग व वैराग्य जनक परमागम के वचनों द्वारा साधु का संवरण करते हैं। उन्हें ही शिक्षागुरु या श्रुतगुरु भी कहते हैं ।

शिक्षाव्रत – *Śikṣāvrata.*
Vows pertaining to religious instructions.

मुनिधर्म के अभ्यास में हेतु रूप ग्रहस्थों के 4 व्रत-भोगोपभोग परिमाण, सामायिक, प्रोषधोपवास, अतिथिसंविभाग ।

शिखंडी – *Śikhaṁḍī.*
Peacock, Lock of unshaved hair, Name of a son of Drupad.
मयूर, बालों की चोटी, द्रुपद राजा का पुत्र—इसके बाणों से ताड़ित होकर भीष्म पितामह ने सन्यास धारण किया था ।

शिखरनी – *Śikharanī.*
A sweet dish *(Shrikhand)* prepared with curd and sugar etc.
विशेष विधिपूर्वक दही में शक्कर, केशर, इलाइची आदि डालने से बना श्रीखंड ।

शिखरी – *Śikharī.*
Having to do with summit or a peak, Name of a mountain of *Jambudvip* (island).
जिसके शिखर अर्थात् कूट हो उसकी शिखरी संज्ञा है, जम्बूद्वीप का छठा कुलाचल, यह पर्वत हेममय है ।

शिखरी (कूट) – *Śikharī (Kūṭa).*
A summit situated at the *Shikhari* mountain.
शिखरी पर्वतस्थ एक कूट ।

शिखा – *Śikhā.*
Peak, Summit, Crest.
चोटी ।

शिखिकंठ – *Śikhikaṁṭha.*
Name of the 6th predestined *Pratinarayan.*
आगामी छठा प्रतिनारायण ।

शिथिल – *Śithila.*
Slack, Relaxed, Loosened, Inactive one.
ढीला, सुस्त, द्रव्यलिंगी साधु; आहारादि सुखों में तल्लीन होकर जो मुनि रत्नत्रय में अपनी प्रवृत्ति शिथिल या ढीली करता है ।

शिथिल श्रद्धानी – *Śithila Śraddhānī.*
Inert one in pursuance of reverential right faith.
वेदक या क्षयोपशम सम्यग्दृष्टि; चल, मलिन और अगाढ़ दोष के कारण तत्त्वार्थ श्रद्धान में जो शिथिलग्राही होता है (वृद्ध की लाठी की तरह) ।

शिथिलाचारी – *Śithilācārī.*
One inactive in observing proper conduct.
अपने योग्य आचरण में शिथिल श्रावक या साधु ।

शिरः कंप – *Śiraḥ Kaṁpa.*
A type of time unit, also called *Shrikalp.*
काल का प्रमाण विशेष। अपरनाम श्रीकल्प ।

शिरा – *Śirā.*
Blood-veins or vessels.
शरीर की नालिकाकार वाहिनी, धमनी, नाड़ी आदि ।

शिरोनति – *Śironati.*
A courteous posture — bowing head with folded & joined hands in reverence.
कृतिकर्म का एक अंग; दोनों हाथ जोड़कर मस्तक झुका कर उसमें जोड़े हुए हाथ लगाकर नम्रीभूत होना ।

शिला – *Śilā.*
The third land of hell, A rock, a cliff.
नरक की तृतीय पृथिवी, पाषाण, पत्थर, चट्टान ।

शिलान्यास विधि – *Śilānyāsa Vidhi.*
Auspicious activity of the laying down of the foundation stone.
मंदिर, मकान आदि को बनाने के प्रारंभ में नींव के अन्दर मंत्रपूर्वक की जाने वाली एक धार्मिक विधि। इसमें भूमि शोधन, पंचकुमार पूजन आदि के साथ-साथ पंचकलश, रजत स्वस्तिक, नवरत्न, सोना-चाँदी की ईंट तथा घृत दीपक आदि स्थापित करके नींव में एक मंत्रित शिला (गुड़ और नमक से सहित) स्थापित की जाती है ।

शिलारेखा – *Śilārekhā.*
Stone line-an illustrative sign of extreme anger.
अनंतानुबंधी क्रोध की शक्ति का दृष्टांत ।

शिल्पकर्म – *Śilpakarma.*
Handicraft, Architecture, Having to do with craft.
भगवान ऋषभदेव द्वारा बताये गये षट् कर्मों में एक; हस्त कौशल से जीविकोपार्जन करना ।

शिल्पकर्मार्य – *Śilpakarmārya.*
A type of *Aryas* having professional job according to caste.
सावद्य कर्मार्य के 6 भेदों मे एक भेद; धोबी, नाई, लुहार, कुम्हार, सुनार आदि शिल्प कर्मार्य हैं ।

शिव – *Śiva.*
Name of the 13th *Tirthankar* (Jaina-Lord) of past time, Name of a door of *Samavsharan* (assembly of Lord).
भूतकालीन तेरहवें तीर्थंकर, समवशरण के तीसरे कोट के दक्षिण द्वार का एक नाम ।

शिवकुमार बेला व्रत – *Śivakumāra Belā Vrata.*
A particular type of vow (fasting).
7-8 व 13-14 तिथि का बेला तथा 9-15 का पारणा। इस प्रकार प्रतिमास 4 बेला व 4 पारणा एवं नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करना ।

शिवकोटि – *Śivakoṭi.*
Name of an *Acharya*, the writer of Bhagvati Aradhana.
प्रभाचन्द्र आचार्य के उत्तरवर्ती आचार्य, भगवती आराधना ग्रंथ के कर्ता ।

शिवगुप्त – *Śivagupta.*
Name of the initiator (an *Acharya*) of *Chakravarti* (emperor) Sanatkumar, Name of the disciple of Gupti-riddhi saint of *Punnat* group.
चक्रवर्ती सनत्कुमार के दीक्षागुरु । पुन्नाट संघी गुप्तिऋद्धि के शिष्य तथा अर्हद्वलि के गुरु, समय- ई.स. 33 ।

शिवतत्त्व – *Śivatattva.*
Soul, Supreme element.
आत्मा ।

शिवतिय – *Śivatiya.*
Absolute state of salvation.
मुक्तिरूपी कन्या अर्थात् मोक्ष लक्ष्मी ।

शिवदत्त – *Śivadatta.*
Name of a great *Acharya.*
भगवान महावीर की आचार्य परम्परा में लोहाचार्य के पश्चात् हुए चार आचार्यों में तीसरे आचार्य। समय- ई. 38-58 ।

शिवनंदि – *Śivanaṁdi.*
Name of a *Bhattarak* of *Nandi* group.
नंदिसंघ बलात्कारगण वारां (राजस्थान) की गद्दी के एक भट्टारक। समय- वि. 1148 ।

शिवभूति – *Śivabhūti.*
A Digambar Jaina saint, who got omniscience ultimately on knowning the principle of separateness of soul & body.
शिवभूति ने जिनकल्प (दिगम्बरता) को स्वीकार किया था और ज्ञानावरणी कर्म के उदय से इन्हें कुछ याद नहीं रहता था पुनः 'तुषमाष भिन्नं' इस सूत्र का चिन्तन करते हुए आत्मा और शरीर को भिन्न जानकर शुक्लध्यान के बल से केवली हो गये ।

शिवसागर – *Śivasāgara.*
Name of the 2nd Patta*charya* in the tradition of great *Acharya* Charitra Chakravarti Shri Shantisagarji, who was the disciple of *Acharya* Virsagar.
चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी की परम्परा के द्वितीय पट्टाचार्य एवं प्रथम पट्टाचार्य श्री वीरसागर जी महाराज के प्रमुख शिष्य। सन् 1957 में ये आचार्यपट्ट पर आसीन हुए एवं सन् 1969 में समाधिस्थ हुए ।

शिवादेवी – *Śivādevī.*
Mother's name of Lord Neminath.
भगवान नेमिनाथ की माता, महाराज समुद्रविजय की महारानी का नाम ।

शिविका – *Śivikā.*
A palanquin.
पालकी; जो मनुष्यों के द्वारा उठाकर ले जायी जाती है वह शिविका कहलाती है, तीर्थंकरों के दीक्षावन जाने के लिए देवों द्वारा स्वर्ग से पालकी लायी जाती है ।

शिशुपाल – *Śiśupāla.*
Name of a famous king who was killed by Krishna according to Jaina scriptures.
राजा मेषज एवं रानी मद्री का पुत्र, इसके तीन नेत्र थे। किसी निमित्तज्ञानी ने बताया था कि जिसके देखने से इसका तीसरा नेत्र नष्ट होगा वही इसका हन्ता होगा। माता-पिता उसे एक बार कृष्ण के पास लेकर गये, वहां कृष्ण के प्रभाव से इसका तीसरा नेत्र अदृश्य हो गया। माता-पिता ने कृष्ण से पुत्रभिक्षा मांगी कृष्ण ने सौ अपराध होने पर ही इसे मारने का वचन दिया। कृष्ण के विरुद्ध 100 अपराध होने पर युद्ध में कृष्ण द्वारा मारा गया ।

शिष्य – *Śiṣya.*
Disciple, Follower, A pupil.
चेला, विद्यार्थी ।

शीत – *Śīta.*
Cold, The 2nd *Patal* (layer) of the 3rd hell.
जाड़ा, सर्दी, तीसरे नरक का दूसरा पटल ।

शीतपरीषह – *Śītaparīṣaha.*
Affliction of cold (to be endured by the saints).
मुनियों के 22 परीषहों में एक परीषह, शीत वेदना को समतापूर्वक सहन करना शीत परिषहजय है ।

शीतयोग – *Śītayoga.*
A type of austerity - meditation at the bank of a river in cold season.
कायक्लेश तप का एक भेद; शीतकाल में नदी किनारे ध्यान लगाना ।

शीतलनाथ – *Śītalanātha.*
Name of the 10th *Tirthankar* (Jaina- Lord).
वर्तमान चौबीसी के 10वें तीर्थंकर। इक्ष्वाकुवंशी राजा दृढ़रथ रानी सुनंदा के पुत्र। इनका जन्म तीर्थंकर पुष्पदंत के मुक्त होने के बाद 9 करोड़ सागर बीत जाने पर हुआ था। वर्ण तप्त स्वर्ण के समान ऊंचाई 90 धनुष (360 हाथ) एवं आयु एक लाख पूर्व वर्ष की थी। इनकी जन्मनगरी भद्रिकापुरी (भद्दिलपुर) है ।

शीतलप्रसाद – *Śītalaprasāda.*
Name of a great celibate, the commentator of great treatise, Samaysar.
समयसार की भाषा टीका के कर्ता एक आध्यात्मिक विद्वान (ब्रह्मचारी)। समय - ई. 1878-1948 ।

शीतल वायु – *Śītala Vāyu.*
One of the 14 divinely excellences of Lord Arihant- gentle breeze (wind).
अरहंत के देवकृत 14 अतिशयों में एक अतिशय; वायु कुमार देव द्वारा शीतल पवन चलाना ।

शीतोपचार – *Śītopacāra.*
Treatment with cold means in prickly hot days.
अपवाद मार्ग, उष्णकाल में शीतक्रिया द्वारा वेदना का उपशमन करना ।

शीतोष्ण – *Śītoṣṇa.*
A kind of female genital organ (having to do with cold and hot).
योनि के 9 भेदों में एक भेद; जो योनि शीत एवं उष्ण दोनों स्पर्श रूप होती है ।

शीर्ष प्रकंपित – *Śīrṣa Prakaṁpita.*
A type of time unit.
काल का एक प्रमाण; शीर्षप्रहेलिकांग, शीर्ष प्रकंपित एकार्थवाची हैं ।

शीर्ष प्रहेलिका – *Śirṣa Prahelikā.*
A type of time unit.
काल का एक प्रमाण; लता, प्रयुत, महाऊह या शीर्षप्रहेलिका।

शील – *Śīla.*
Virtuous and moral conduct.
दान, पूजा, शील, उपवास गृहस्थों के इन 4 धर्मों में से एक। दया, व्रतों की रक्षा, ब्रम्हचर्य एवं सद्गुणों का पालन करना शील कहलाता है। अथवा व्रतों की रक्षा करने वाले 3 गुणव्रत एवं 4 शिक्षाव्रत को शील कहते हैं ।

शीलकथा – *Śīlakathā.*
Name of a religious story written by poet Bharamal.
कवि भारमल (ई. 1756) रचित हिन्दी भाषाबद्ध कथा ।

शीलचंद – *Śīlacaṁda.*
Name of a *Bhattarak* of *Nandi* group.
नंदिसंघ बलात्कारगण उज्जयनी गद्दी के एक भट्टारक। समय - वि. 735 ।

शीलपताका – *Śīlapatākā.*
Name of a treatise written by Mahichandra in Marathi language reg. *Agnipariksha* (fire test) of Sitaji.
महीचन्द्र कृत (ई.सन् 1696) सीता की अग्नि परीक्षा विषयक मराठी भाषाबद्ध एक ग्रंथ ।

शीलपाहुड़ – *Śīlapāhuṛa.*
Name of a great treatise written by *Acharya* Kundkund.
आचार्य कुन्दकुन्द (ई. 127-179) कृत ज्ञान व चारित्र का समवन्यात्मक 40 प्राकृत गाथा निबद्ध ग्रंथ ।

शीलव्रत – *Śīlavrata.*
A particular vow (fasting) to be observed with particular procedure.
वैशाख शुक्ला 6 के दिन (भगवान अभिनंदन का मोक्ष कल्याणक दिवस) 5 वर्ष पर्यंत उपवास करना एवं 'ओं ह्रीं अभिनंदनजिनाय नमः' का त्रिकाल जाप करना ।

शीलव्रतेष्वनतिचार – *Śīlavrateṣvanaticāra.*
Strictly following of virtuous & moral conduct (one of the 16 particular volitions causing *Tirthankar Prakriti*).
तीर्थंकर प्रकृति के बंध में कारणभूत 16 कारण भावनाओं में तीसरी भावना; शीलव्रतों का निरतिचार पालन करना ।

शीलवृद्ध – *Śīlavṛddha.*
One possessing virtuous & moral conduct.
जो शील गुणों में बड़े हैं। धर्मवृद्धि से तरुण मनुष्य भी वृद्ध बनता है ।

शीलसप्तमी व्रत – *Śīlasaptamī Vrata.*
A kind of fasting for 7 years with specific procedure.
सात वर्ष तक प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ल 7 को उपवास तथा णमोकार मंत्र का त्रिकाल जाप करना ।

शुकसम श्रोता – *Śukasama Śrotā.*
A kind of listener having less grasping capacity as parrot.
तोते के समान श्रोता अर्थात् जो दूसरों के समझाने पर कुछ शब्द मात्र ग्रहण कर पाते हैं। ये मध्यम श्रोता कहलाते हैं ।

शुक्ति – *Śukti.*
Name of a city of *Bharat Kshetra* (region).
भरत क्षेत्र में शुक्तिमती नदी पर स्थित एक नगर ।

शुक्र – *Śukra.*
Name of the 87th planet, the 9th heaven and the first *Indrak* (layer) of *Shukra* heaven.
87 वां ग्रह, 9वां स्वर्ग, शुक्र स्वर्ग का प्रथम इन्द्रक ।

शुक्र (देव) – *Śukra (Deva).*
An *Indra* of *Shukra-Mahashukra* heavens.
शुक्र - महाशुक्र कल्प युगल का इन्द्र ।

शुक्र (स्वर्ग) – *Śukra (Svarga).*
The 9th *Kalp* (heaven) among all 16.
16 कल्पों में 9 वां कल्प या स्वर्ग। यहां के देवों की उत्कृष्ट आयु 16 सागर है ।

शुक्लध्यान – *Śukladhyāna.*
Supreme and absolute meditation.
निर्मल आत्मध्यान; रागादि विकल्प नष्ट हो जाने पर आत्मा में जो निर्विकल्प ध्यान की प्राप्ति होती है, उसे शुक्लध्यान कहते हैं। यह ध्यान साक्षात् मोक्ष का कारण होता है ।

शुक्लपक्ष – *Śuklapakṣa.*
The bright half of a lunar month (from new to full moon day).
चंद्रमास का उज्ज्वल या सुदी पक्ष। अथवा प्रतिपदा से राहू के गमन विशेष से चंद्रमंडल या चंद्रमा की एक-एक कला खुलती चली जाती है, 16 कला पूर्ण होने पर पूर्णिमा होती है ऐसे कलावृद्धि पक्ष को शुक्लपक्ष कहते हैं ।

शुक्ल लेश्या – *Śukla Leśyā.*
Purest or stainless volitional colouration (white) i.e. disattachment or aversion from worldly life.
6 लेश्याओं में अंतिम लेश्या; वैराग्य से समन्वित अतिमंद कषायरूप भाव ।

शुचि – *Śuci.*
Purity (reg. worldly or spiritual), A type of peripatetic deity.
पवित्रता; लौकिक और लोकोत्तर के भेद से ये दो प्रकार की होती है। पिशाच व्यंतरों का 8 वां भेद ।

शुचिदत्त – *Śucidatta.*
The 4th chief disciple of Lord Mahavira.
तीर्थंकर महावीर के चौथे गणधर ।

शुचिशाल – *Śuciśāla.*
The 67th chief disciple of Lord Rishabhdev.
भगवान ऋषभदेव के 67 वें गणधर ।

शुद्ध – *Śuddha.*
Pure, Free from faults, i.e. sins or errors.
विशुद्ध, निर्दोष, विमल। द्रव्य, स्वभाव, परमभाव, परमार्थ तत्त्व, शुद्ध, परम ये सब एकार्थवाची हैं ।

शुद्ध आहार – *Śuddha Āhāra.*
Pure food to be taken by the saints.
9 कोटि से विशुद्ध आहार; जो मुनियों के संयम की रक्षा में कारण होता है ।

शुद्ध उपयोग – *Śuddha Upayoga.*
Right conduct or reflections.
राग द्वेषादि रहित आत्मा के सन्मुख उपयोग, स्वानुभवरूप भाव।

शुद्ध उपलब्धि – *Śuddha Upalabdhi.*
Attainment of pure spiritual knowledge.
निश्चयरूप ज्ञान की प्राप्ति या अन्तरात्मा का प्रत्यक्ष अनुभव।

शुद्ध चारित्र – *Śuddha Cāritra.*
Absolute right conduct.
निश्चय मोक्षमार्ग का एक अपरनाम। वीतराग चारित्र ।

शुद्ध चेतना – *Śuddha Cetanā.*
Right consciousness.
ज्ञान अनुभूति स्वरूप या केवलज्ञानरूप चेतना ।

शुद्धता – *Śuddhatā.*
Purity, Sacredness.
पवित्रता या निर्मलता; कर्मोदय का अभाव होने पर जीव में शुद्धता आती है ।

शुद्धद्रव्य – *Śuddhadravya.*
The pure substances (*Dharma*- medium of motion , *Adharma*- medium of rest, *Akash*-sky & *Kal*-time).
6 द्रव्यों में धर्म, अधर्म, आकाश, कालशुद्ध द्रव्य हैं इनमें कभी विभाव परिणमन नहीं होता ।

शुद्धद्रव्य नैगम नय – *Śuddhadravya Naigama Naya.*
A standpoint pertaining to pure matters.
शुद्धद्रव्य को विषय करने वाले संग्रह व व्यवहार नय ।

शुद्ध द्रव्य व्यंजनपर्याय नैगमनय – *Śuddha Dravya Vyaṁjana Paryāya Naigama Naya.*
A standpoint related to distinct & indistinct description of a pure matter (*Pudgal*) & one of its Vyanjan Paryay.
शुद्धद्रव्य व उसकी किसी एक व्यंजनपर्याय को गौण-मुख्यरूप से विषय करने वाला नय ।

शुद्धद्रव्यार्थपर्याय नैगमनय – *Śuddha Dravyārthaparyāya Naigama Naya.*
A standpoint related to the distinct & indistinct description of pure matter (*Jiva*) and one of its *Artha Paryay.*
शुद्धद्रव्य व उसकी किसी एक अर्थपर्याय को गौण-मुख्यरूप से विषय करने वाला नय ।

शुद्धद्रव्यार्थिक नय – *Śuddhadravyārthika Naya.*
A viewpoint related to real entity or realness of matters.
जो शुद्ध द्रव्य के अर्थरूप से आचरण करता है वह शुद्ध द्रव्यार्थिक नय है। जैसे शुद्ध नय की अपेक्षा से जीव एक तथा शुद्ध है ।

शुद्ध ध्यान – *Śuddha Dhyāna.*
The supreme & absolute meditation.
रागादि की सत्ता के क्षीण होने पर अंतरंग आत्मा के प्रसन्न होने से जो अपने स्वरूप का अवलम्बन है, वह शुद्ध ध्यान है ।

शुद्ध नय – *Śuddha Naya.*
Standpoint related to purity believing soul as a supreme one.
जो नय आत्मद्रव्य को निरुपाधि स्वभाववाला (ब्रह्मरूप) ग्रहण करता है ।

शुद्ध निश्चयनय – *Śuddha Niścayanaya.*
A viewpoint believing the pure soul.
शुद्ध आत्म द्रव्य को ग्रहण करने वाला नय ।

शुद्ध परिणाम – *Śuddha Pariṇāma.*
Passionless (pure) sentiments, Volition of disattachment from the world.
रागद्वेष रहित वीतराग भाव ।

शुद्धपर्यायार्थिक नय – *Śuddhaparyāyārthika Naya.*
A standpoint accepting the present form or mode of a substance.
सूक्ष्म ऋजुसूत्र नय शुद्ध पर्यायार्थिक नय है, यह अर्थपर्याय को ग्रहण करता है ।

शुद्ध पारिणामिक भाव – *Śuddha Pāriṇāmika Bhāva.*
Eternal nature of a matter.
अनादिकालीन पारिणामिक स्वभाव; उसका व्यय और उदय नहीं होता किन्तु वह स्थिर रहता है जिसे ध्रौव्य कहते हैं ।

शुद्ध भाव – *Śuddha Bhāva.*
See - *Śuddha Pariṇāma.*
देखें - शुद्ध परिणाम ।

शुद्धमति – *Śuddhamati.*
Name of the 22nd *Tirthankar* (Jaina-Lord) of past era.
भूतकालीन 22 वें तीर्थंकर ।

शुद्ध सद्भूत नय – *Śuddha Sadbhūta Naya.*
A standpoint related to the distinction between pure matter and its pure virtues.
शुद्धगुण व शुद्धगुणी में अथवा शुद्धपर्याय व शुद्धपर्यायी में भेद का कथन करना शुद्ध सद्भूत व्यवहार नय है। जैसे- सिद्ध भगवान में केवलज्ञान ।

शुद्धात्मज्ञान – *Śuddhātmajñāna.*
Right knowledge of pure soul, A synonym word for *Mokshmarg* (path of salvation).
शुद्ध आत्मा का ज्ञान होना, मोक्षमार्ग या निर्विकल्प समाधि का एक अपरनाम ।

शुद्धात्म दर्शन – *Śuddhātma Darśana.*
Right faith (in supreme being), A synonym word for *Mokshmarga* (path of salvation).
देखें - शुद्धात्म ज्ञान ।

शुद्धात्म द्रव्य – *Śuddhātma Dravya.*
The supreme element, A synonym word for *Mokshmarg* (path of salvation).
निश्चय मोक्षमार्ग का एक अपरनाम ।

शुद्धात्मसंवित्ति – *Śuddhātmasaṁvitti.*
Perception of right knowledge, A synonym word for *Mokshmarga* (path of salvation).
आत्मज्ञान होना, मोक्षमार्ग या निर्विकल्प समाधि का अपरनाम।

शुद्धात्मस्वरूप – *Śuddhātmasvarūpa.*
The absolute form of soul, A synonym word for *Mokshmarg* (path of salvation).
शुद्ध आत्मा का स्वरूप, मोक्षमार्ग या निर्विकल्प समाधि का अपरनाम ।

शुद्धात्मा – *Śuddhātmā.*
The passionless supreme soul.
राग-द्वेषादि रहित वीतरागी शुद्ध आत्मा ।

शुद्धात्मानुभव – *Śuddhātmānubhava.*
The supreme experience, A synonym word for *Mokshmarg* (path of salvation.).
शुद्ध आत्मा का अनुभव या संवेदन होना, मोक्षमार्ग या निर्विकल्प समाधि का अपरनाम ।

शुद्धात्मानुभूति – *Śuddhātmānubhūti.*
The supreme experience or intuition.
विशुद्ध आत्मा का ज्ञान अर्थात् आत्मज्ञान। देखें-शुद्धात्मज्ञान।

शुद्धात्माभिमुख परिणाम – *Śuddhātmābhimukha Pariṇāma.*
Results of attention and devotion towards pure soul.
शुद्ध आत्मा की ओर उन्मुख परिणाम या स्वानुभव रूप भाव ।

शुद्धाशन – *Śuddhāśana.*
A type of conduct related to food-taking of saints (an austerity).
आहार हेतु प्रवृत्ति में निमित्त तीन भेदों सर्वाशन, विद्धाशन और शुद्धाशन में से एक अशन ।

शुद्धाशुद्धोपयोग – *Śuddhāśuddhopayoga.*
Passionless and passionful conduct.
शुद्ध व अशुद्ध उपयोग का मिश्ररूप ।

शुद्धि – *Śuddhi.*
Purity (reg. matter, region, time, food etc), Repentance.
द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, भोजनादि रूप अनेक प्रकार की शुद्धि, दोष होने पर प्रायश्चित्त लेकर विशुद्धि करना शुद्धि कहलाती है ।

शुद्धोदन – *Śuddhodana.*
The father of Mahatma Buddha.
महात्मा बुद्ध के पिता ।

शुद्धोपयोग – *Śuddhopayoga.*
Passionless right conductful inclination.
रागद्वेषादि रहित आत्मा के सन्मुख उपयोग, स्वानुभवरूप भाव।

शुद्धोपयोगी – *Śuddhopayogī.*
A saint engrossed in pure soul i.e. in absolute meditation.
शुद्धोपयोग सहित साधु या वीतराग स्वसंवेदन सहित जीव। निश्चय रत्नत्रय से युक्त वीतरागी श्रमण ।

शुभ – *Śubha.*
Auspicious, Prosperous, Lucky, A type of physique making *Karma* causing attractive body.
मांगलिक, समृद्धशाली, नामकर्म का एक भेद जिसके उदय से शरीर रमणीय होता है ।

शुभ आस्त्रव – *Śubha Āsrava.*
Flow of auspicious *Karmas.*
पुण्यकर्म के आने योग्य मन, वचन, काय की शुभ प्रवृत्ति ।

शुभ उपयोग – *Śubha Upayoga.*
Auspicious and right conduct.
दया, दान, पूजा, व्रत, शील आदि रूप राग और चित्त-प्रसाद रूप परिणाम होना शुभोपयोग है ।

शुभ उपशम – *Śubha Upaśama.*
Right subsidence.
प्रशस्त उपशम ।

शुभकरण चिन्ह – *Śubhakaraṇa Cinha.*
Virtuous symbols (marks) on the body.
सम्यक्त्व या अवधिज्ञानी के नाभि के ऊपर शंख आदि शुभ आकार वाले चिन्ह ।

शुभकर्म – *Śubha Karma.*
Auspicious or virtuous *Karmas* or activities.
पुण्य लाने वाले कार्य, पुण्य फल देने वाले साता वेदनीय आदि कर्म ।

शुभ काययोग – *Śubha Kāyayoga.*
Bodily virtuous activities.
पूजा भक्ति, व्रतादि रूप काय की चेष्टा ।

शुभचंद्र – *Śubhacaṁdra.*
Name of a great Acharya, the writer of Gyanarnav Granth, The 8th *Balbhadra* of predestined *Utsarpini Kal.*
एक महान आचार्य-राजा भर्तृहरि के भाई, ज्ञानार्णव ग्रंथ के रचयिता (ई. सं. 1003-1068)। भरतक्षेत्र के आगामी उत्सर्पिणी काल के 8वें बलभद्र ।

शुभ तैजस शरीर – *Śubha Taijasa Śarīra.*
Auspicious lustrous body possessed by super saints.
ऋद्धिधारी मुनियों के औदारिक शरीर से उत्पन्न होने वाला तेज और प्रभागुण से युक्त शरीर ।

शुभ तैजस समुद्घात – *Śubha Taijasa Samudghāta*
Emanation of auspicious radiant effigy like body (spiritual form) from a super saint causing prosperity all around.
ऋद्धिधारी मुनि को दया अनुकंपा आने पर दाहिने कंधे से हंस और शंख के वर्ण वाला शरीर निकलकर जो दुर्भिक्ष आदि सर्व बाधा को नष्ट कर सुख उत्पन्न करता है ।

शुभध्यान – *Śubhadhyāna.*
Auspicious involvement.
धर्मध्यान और शुक्लध्यान जो मोक्ष के कारण हैं ।

शुभनंदि – *Śubhanaṁdi.*
A great saint well-versed in 'Shat Khandagam', the spiritual teacher of Bappdev.
बप्पदेव के शिक्षा गुरु तथा षट्खण्डागम के ज्ञाता, रविनंदि के सहचर। समय - ई.श. 1 ।

शुभ नामकर्म प्रकृति – *Śubhanāmakarma Prakṛti.*
A physique making *Karma* causing attractive body.
जिसके उदय से शरीर के अवयव सुंदर होते हैं ।

शुभ परिणाम – *Śubha Pariṇāma.*
Auspicious & meritorious results (of beings).
दान पूजा आदि षट् आवश्यक रूप जीवों के शुभ परिणाम, इसे ही भावपुण्य कहते हैं ।

शुभ भावना – *Śubha Bhāvanā.*
Meritorious sentiments.
धर्मध्यान के योग्य परिणाम। या 12 भावना या 10 धर्म आदि का चिंतवन करना ।

शुभ योग – *Śubha Yoga.*
Auspicious & meritorious attitudes.
मन वचन काय की शुभ या पुण्यरूप प्रवृत्ति। अथवा योगों की विषयविरक्ति कषायनिग्रहरूप प्रवृत्ति ।

शुभ लेश्या – *Śubha Leśyā.*
Auspicious mental colouration.
शुभभावरूप, मंदकषायरूप पीत, पद्म, शुक्ल ये तीन लेश्या।

शुभ वचनयोग – *Śubha Vacanayoga.*
Auspicious saying or speech.
सत्य, हित, मित, प्रिय वचन बोलना आदि शुभ वचन योग है।

शुभ विचार – *Śubha Vicāra.*
Auspicious & healthy thoughts or thinking.
संयम आदि के उत्तम विचार रखना एवं आर्त-रौद्र ध्यान का त्याग करना ।

शुभ स्वप्न – *Śubha Svapna.*
Auspicious dreams.
वात, पित्तादि के प्रकोप से रहित सूर्य चन्द्रमा आदि को देखना।

शुभा – *Śubhā.*
The capital city of *Ramaniya* country of *Videh Kshetra* (region).
विदेह क्षेत्र के रमणीय देश की राजधानी ।

शुभानुबंधा निर्जरा – *Śubhānubaṁdhā Nirjarā.*
Dissociation of immature *Karmas* causing auspicious temperament.
मिथ्यादृष्टियों की अविपाक निर्जरा—इच्छा निरोध न होने के कारण यह शुभानुबंधा निर्जरा कहलाती है ।

शुभोपयोगी – *Śubhopayogī .*
One involved in auspicious conduct.
जो देशचारित्र अथवा सकलचारित्र का पालन करते हुए धर्म क्रियाओं में लीन रहते हैं, वे शुभोपयोगी श्रावक या मुनि कहलाते हैं ।

शुभ्र – *Śubhra.*
Name of a city of *Bharat Kshetra* (region).
भरतक्षेत्र का एक नगर; इसे राजा सूर्य ने बसाया था ।

शूकर – *Śūkara.*
A boar, the significant symbol of Lord Vimalnath.
एक पशु, तीर्थंकर विमलनाथ का चिन्ह ।

शूद्र – *Śūdra.*
A member of the fourth and lowest division of early Indo-aryan society, whose work is to serve others for livelihood.
शिल्प, सेवा, शुश्रुषा से आजीविका करने वाले। इनके कारु-अकारु दो भेद हैं ।

शूद्र (कारू) – *Śūdra (Kārū).*
See - *Śūdra.*
धोबी आदि शूद्र कारू कहलाते हैं। स्पृश्य तथा अस्पृश्य इसके दो भेद हैं ।

शूद्र वंश – *Śūdra Vaṁśa.*
The lineage of *Shudras* (see - *Śūdra*).
भगवान ऋषभदेव द्वारा स्थापित क्षत्रिय, वैश्य व शूद्र इन तीन वर्णों में एक वर्ण ।

शूद्रवर्ण – *Śūdravarṇa.*
See - *Śūdra Vaṁśa.*
देखें - शूद्रवंश । शिल्प आदि से सम्बन्ध रखने वाला वर्ण ।

शून्य – *Śūnya.*
Blank, Empty, Void, Zero, Cipher.
रिक्त, खाली, सर्व द्रव्यों का अभाव शून्य दोष कहलाता है ।

शून्यघर – *Śūnyaghara.*
Peaceful and solitude-place like caves etc. (for saints' staying).
वसतिका; साधु के ठहरने के लिए एकांत गुफा, वृक्ष की कोटर आदि शून्य स्थान ।

शून्य वर्गणा – *Śūnya Vargaṇā.*
A type of *Karmic* aggregates.
वर्गणाओं का एक प्रकार ।

शून्यवाद – *Śūnyavāda.*
A Bauddha philosophy believing zero as the supreme element.
बौद्धदर्शन, जो सभी तत्त्व शून्य के गर्भ में विलीन हो जाते हैं एवं शून्य ही एक मात्र परम तत्त्व है, ऐसा मानता है ।

शून्यागारावास – *Śūnyāgārāvāsa.*
One of the 5 temperaments of the vow of non-stealing (staying in peaceful & solitude place like caves etc.).
अचौर्यव्रत की 5 भावनाओं में पहली भावना; सूने घर व स्वभाव से शून्य पर्वत की गुफा व वृक्ष की कोटर आदि में निवास करना शून्यागारावास कहलाता है।

शूर – *Śūra.*
One conqueror of all passions & afflictions, Name of a country of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region), The grand father of Lord Neminath .
परीषहों, कषायों और काम, मोह आदि के विजेता शूर कहलाते हैं, भरतक्षेत्र आर्यखण्ड का एक देश, भगवान नेमिनाथ के बाबा ।

शृंखलित – *Śṛṁkhalita.*
Fettered like standing, an infracting of posture of meditative relaxation.
कायोत्सर्ग का एक दोष; बेड़ी से जकड़े मनुष्य की भांति खड़े होना।

शृंगारमंजरी – *Śṛṁgāramaṁjarī.*
Name of a poetic composition composed by Ajitsen.
छंद अलंकार विषयक अजितसेन कृत एक संस्कृत भाषाबद्ध रचना । समय - ई. 1250-60 ।

शृंगारार्णवचंद्रिका – *Śṛṁgārārṇavacaṁdrikā.*
Name of a poetic composition composed by Vijayavarni.
विजयवर्णी कृत काव्य शिक्षा छंद अलंकार विषयक संस्कृत भाषाबद्ध एक कृति ।

शेषवत् अनुमान – *Śeṣavat Anumāna.*
Right anticipation of something by only partial observation of it.
एक अवयव को देखने पर भी शेष अनेक अवयवों सहित सम्पूर्ण वस्तु का ज्ञान होना ।

शेषवती – *Śeṣavatī.*
Name of a female divinity of *Ruchak* mountain.
रुचक पर्वत निवासिनी दिक्कुमारी देवी ।

शैक्ष – *Śaikṣa.*
New disciple-saint under the process of learning.
नवीन दीक्षित मुनि जो श्रुत का अभ्यास करते हैं।

शैल – *Śaila.*
A rock, a crag (mountainous), Another name of *Sumeru* mountain.
चट्टान, घातिया कर्मों की चतुस्थानीय अनुभाग शक्ति का उदाहरण, सुमेरुपर्वत का अपरनाम।

शैलकर्म – *Śailakarma.*
Pertaining to sculpture.
शैल का अर्थ पत्थर है, उससे निर्मित प्रतिमाओं का नाम शैलकर्म है।

शैलघन श्रोता – *Śailaghana Śrotā.*
A type of unwise or imprudent listener.
14 प्रकार के श्रोताओं में एक भेद; जिनके परिणाम हमेशा कठोर रहते हैं तथा जिनके हृदय में समझाये जाने पर भी जिनवाणी रूप जल का प्रवेश नहीं होता है।

शैलभद्र – *Śailabhadra.*
A kind of peripatetic deity.
यक्ष जाति के व्यंतर देवों का एक भेद ।

शैलराज – *Śailarāja.*
Another name of Sumeru mountain.
सुमेरु पर्वत का अपरनाम।

शैला – *Śailā.*
Name of the 16th earth of the Khar division of Ratnaprabha earth.
पहली रत्नप्रभा पृथ्वी के खरभाग में 16 वीं पृथ्वी जो 1000 योजन मोटी है।

शैलेशी अवस्था – *Śaileśī Avasthā.*
Motionless state, State of absolute meditation.
पत्थर की मूर्ति के समान निश्चल ध्यानावस्था। वन में इस प्रकार के ध्यानी मुनियों के शरीर से हिरण आदि पशु उन्हें पत्थर समझकर उनसे अपने शरीर को रगड़कर अपनी खाज मिटाते हैं। अंतिम शुक्लध्यान की अवस्था ।

शैवदर्शन – *Śaivadarśana.*
Another name of *Shuddhadvait,* a doctrine of monism.
शुद्धाद्वैत का अपरनाम ।

शोक – *Śoka.*
Sorrow, Regret, Grief.
विकलता, अफसोस, रंज ।

शोक (कर्मप्रकृति) – *Śoka (Karmaprakṛti).*
Karmic nature causing grief or sorrow.
नोकषाय के 9 भेदों में एक भेद; जिसके उदय से शोक भाव होता है।

शोक वेदनीय – *Śoka Vedanīya.*
Karma causing sorrow or grief.
मोहनीय कर्म के नोकषाय वेदनीय कर्म का एक भेद जिसके उदय से जीव शोक का वेदन (अनुभव) करता है।

शोका – *Śokā.*
Name of the main city of *Kumuda Kshetra* (region) of *Videh Kshetra* (region).
विदेह क्षेत्र के कुमुदा क्षेत्र की मुख्य नगरी ।

शोधन – *Śodhana.*
The act of cleansing or purifying.
संशोधन, शुद्ध करना।

शोधित – *Śodhita.*
Purified, Refined, Paying off debt .
शुद्ध किया हुआ, ऋण परिशोध किया हुआ, चुकाया हुआ।

शौच – *Śauca.*
Purification, greedlessness, Satisfaction.
पवित्रता, लोभ का अभाव, संतोष भाव ।

शौचधर्म – *Śaucadharma.*
Observance of purity or greedlessness (victory over greed).
10 धर्मों में चौथा धर्म। लोभ पर विजय पाना ही शौचधर्म है, इससे सातावेदनीय कर्म का आस्रव होता है ।

शौचोपकरण – *Śaucopakaraṇa.*
An essential article (Kamandalu) of purification (special wooden water container with nozzle used by ascetics. It is specially made by the use of African coconut).
कमंडलु, जिसमें पानी भरकर शौच आदि रूप शुद्धि के लिए मुनिजन अपने पास रखते हैं ।

शौरीपुर – *Śaurīpura.*
The birth place of Lord Neminath situated near Agra in U.P.
22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ की जन्मभूमि, उत्तरप्रदेश में आगरा से 75 किमी. दूर यह तीर्थ अवस्थित है। यह शौरीपुर-बटेश्वर के नाम से जाना जाता है। यहाँ बटेश्वर में भी प्राचीन मंदिर व धर्मशाला हैं ।

शौर्यपुर – *Śauryapura.*
Another name of Shauripur (*Śauripura*).
शौरीपुर का अपरनाम ।

श्मशान-निलय – *Śmaśāna-Nilaya.*
A type of *Vidyadhars* of *Matanga Jati* (a descendant).
मातंग जाति विद्याधरों के 7 उत्तर भेदों में दूसरा भेद; ये धूलि धूसरित तथा श्मशान की हड्डियों से निर्मित आभूषणों से युक्त होते हैं ।

श्मशान-भूमि – *Śamśāna-Bhūmi.*
Cremation ground, Burial place.
शरीर के दाह संस्कार करने का स्थल, मरघट ।

श्यामकुमार – *Śyāmakumāra.*
A type of residential deities (*Asurkumar*).
असुरकुमार भवनवासी देव ।

श्याम द्वीप व सागर – *Śyāma Dvīpa Va Sāgara.*
Name of an island and an ocean of middle universe.
मध्यलोक का एक द्वीप व सागर ।

श्रद्धा – *Śraddhā.*
Faith, Reverence, Reverential belief.
दृष्टि, श्रद्धा, आस्था, रूचि और प्रत्यय ये पर्यायवाची नाम हैं। दाता के सात गुणों में एक गुण, पात्र के प्रति आदर भाव ।

श्रद्धान – *Śraddhāna.*
Reverential belief, Veneration.
प्रतीति, श्रद्धा, अनुभव ।

श्रद्धान प्रायश्चित – *Śraddhāna Prāyaścitta.*
Repentance over false belief with acceptance of right belief.
मिथ्यात्व को प्राप्त होकर स्थित हुए जीव के महाव्रतों को स्वीकार कर आप्त, आगम और पदार्थों का श्रद्धान करने पर श्रद्धान नाम का प्रायश्चित्त होता है ।

श्रद्धानवाद – *Śraddhānavāda.*
A philosophical doctrine.
एक एकांत मत दर्शनवाद का नाम ।

श्रद्धानांश – *Śraddhānāṁśa.*
An element of right knowledge or belief.
मिश्र गुणस्थान में जो श्रद्धा का अंश है वह सम्यक्त्व का अवयव है ।

श्रद्धानाश्रद्धान – *Śraddhānāśraddhāna.*
Right belief and disbelief (caused due to the fruition of *Samyagmithyatva Karma*).
सम्यग्मिथ्यात्व कर्म के उदय होने पर मिश्र गुणस्थान में पाये जाने वाले मिश्र परिणाम ।

श्रद्धावती – *Śraddhāvatī.*
Name of a mountain in *Haimvat Kshetra* (region) and its protecting deity.
हैमवत क्षेत्र के नाभिगिरि पर्वत का नाम, इसका रक्षक देव स्वाति है ।

श्रद्धावान (कूट) – *Śraddhāvāna (Kūṭa).*
A summit of *Vakshar* mountain of western *Videh* (region).
अपर विदेह के वक्षार का एक कूट ।

श्रद्धावान् – *Śraddhāvān.*
One possessing right faith or reverential belief.
जो जिनवचनों में श्रद्धान करता है अर्थात् सम्यग्दृष्टि ।

श्रमण – *Śramaṇa.*
The Jaina saints involved in austerities.
निर्ग्रन्थ मुनि। तपश्चर्यारूप श्रम के कारण मुनिराज को श्रमण कहते हैं ।

श्रवण – *Śravaṇa.*
Name of the 80th planet and the 21st lunar.
88 ग्रहों में 80 वां ग्रह, 28 नक्षत्रों में 21 वां नक्षत्र जो मृदंगाकार है। तीर्थंकर श्रेयांसनाथ व मुनिसुव्रतनाथ इसी नक्षत्र में जन्मे थे ।

श्रवणबेलगोला (तीर्थ) –

Śravaṇabelgolā (Tīrtha).

A world famous Digambar Jain place of pilgrimage of south India, where Senapati Chamundrai got the 57 feet high standing postured idol of Lord Bahubali constructed & consecrated in 981 A.D. on the inpiration of his mother and in the auspicious presence of his preceptor Shri Nemichandra Siddhanta Chakravarti.

दक्षिण भारत में कर्नाटक का एक प्रसिद्ध तीर्थ; जहाँ 1000 वर्ष पूर्व सिद्धांत चक्रवर्ती श्री नेमिचन्द्र आचार्य जी के मंगल सानिध्य में सेनापति चामुण्डराय ने अपनी माँ की प्रेरणा पर भगवान बाहुबली की 57 फुट उत्तुंग खड्गासन प्रतिमा ई. सन् 981 में विराजमान करायी। समस्त विश्व को दिगम्बरत्व का महान संदेश प्रदान करने वाली यह प्रतिमा विश्व में अद्भुत आश्चर्य मानी जाती है ।

श्रामण्य – *Śrāmaṇya.*

See - *Śramaṇa.*

देखें - श्रमण। निरुपराग ही श्रामण्य होता है ।

श्रावक – *Śrāvaka.*

A householder who follows religious instructions with reverence, Lay followers in the Jaina order.

विवेकवान विरक्तचित्त अणुव्रती ग्रहस्थ। इसके पाक्षिक, नैष्ठिक व साधक तीन भेद हैं ।

श्रावक सूत्र – *Śrāvaka Sūtra.*

A sacred thread possessed by lay followers.

यज्ञोपवीत; यह तीन धागे का होता है जो रत्नत्रय का प्रतीक होता है। अष्टमूलगुणधारी श्रावकों के द्वारा यह विवाह के पूर्व तीन धागों का और विवाह के बाद छह धागों का धारण किया जाता है ।

श्रावकाचार – *Śrāvakācāra.*

Conduct of householders or lay followers.

एकदेश चारित्र; 5 अणुव्रत, 3 गुणव्रत, 4 शिक्षाव्रत का पालन।

श्रावकाचार सारोद्धार – *Śrāvakācāra Sāroddhāra.*

Name of a book written in Sanskrit language.

संस्कृत भाषाबद्ध एक ग्रंथ ।

श्रावणद्वादशी व्रत – *Śrāvaṇadvādaśī Vrata.*

A particular type of vow (fasting).

12 वर्ष पर्यंत प्रतिवर्ष भाद्रपद शु. 12 का उपवास तथा नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य ।

श्रावस्ती (तीर्थ) – *Śrāvastī (Tīrtha).*

Name of a place of pilgrimage, the birth place of Lord Sambhavanath, situated near Baharaich (U.P.).

उत्तरप्रदेश में बहराईच के निकट स्थित तीर्थंकर संभवनाथ की जन्मनगरी ।

श्राविका – *Śrāvikā.*

A female lay follower of Jaina instructions.

जो गृहस्थ महिला श्रद्धावान, विवेकवान व सदाचारी हो एवं धर्म का अनुसरण करती हो ।

श्रिति – *Śriti.*

Dependence, support, approach, Multiplicative increase in virtues.

अवलम्ब, सहारा, पहुंच। सम्यग्दर्शन आदि शुद्ध गुणों की गुणित रूप उत्तरोत्तर उन्नत अवस्था को प्राप्त कर लेना यह भाव श्रिति है, एवं सोपान पंक्तिक्रम से चढ़ना यह द्रव्य श्रिति है। भक्त प्रत्याख्यान सल्लेखना विधि के 40 अधिकारों में 9वां अधिकार, शुभ परिणामों की उत्तरोत्तर उन्नति ।

श्री – *Śrī.*

Prosperity, glory, Brilliance, A mark of respect, Name of a city in the south of *Vijayardh* mountain, A female deity of *Padma* hrid, a large pond of *Himvan* mountain, A mountain of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region).

ऐश्वर्य, कीर्ति, यश, सरस्वती, प्रभा, आदर-सूचक शब्द जो नाम के आगे लिखा जाता है, विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर, हिमवान पर्वतस्थ पद्मह्रद की स्वामिनी देवी, भरत क्षेत्र के आर्य खण्डस्थ एक पर्वत ।

श्रीकल्प – *Śrīkalpa.*

A time unit.

काल का प्रमाण। देखें - शीर्ष प्रहेलिका ।

श्रीकांत – *Śrīkāṁta.*

Name of the 7th predestined *Chakravarti* (emperor).

आगामी 7वें चक्रवर्ती ।

श्रीकांता – *Śrīkāṁtā.*

Mother's name of Jaina-Lord Kunthunath, The *Vapis* (like large lakes) in the forest (*Nandan* etc.) of *Sumeru* mountain.

तीर्थंकर कुंथुनाथ की माता राजा शूरसेन की रानी, सुमेरु पर्वत के नंदन आदि वनों में स्थित वापियां ।

श्रीकूट – *Śrīkūṭa.*

The 6th summit of *Himvan Kulachal* (mountain), Name of the 33rd city in the south of *Vijayardh* mountain.

हिमवान कुलाचल का छठा कूट, विजयार्ध की दक्षिणश्रेणी का 33 वां नगर ।

श्रीचंद्र – *Śrīcaṁdra.*

Name of a poet and a *Bhattarak.*

पुराणसार संग्रह तथा दंसणकहारयणकरंड के कर्ता अपभ्रंश कवि, ग्रंथ रचनाकाल ई. 1066 ।

श्रीचंद्र – *Śrīcaṁdra.*

Name of a king of *Kuru* dynasty, The 6th predestined *Balbhadra.*

कुरुवंशी एक राजा, मंदर का पुत्र एवं सुप्रतिष्ठ राजा का पिता जो अंत में समुंदर यति से दीक्षा ले मुक्ति गये। आगामी छठा बलभद्र, महापुराण में इन्हें 9 वां बलभद्र कहा है ।

श्रीदत्त – *Śrīdatta.*

Name of a great *Acharya* of the basic lineage of Lord Mahavira, Name of another *Acharya,* the writer of 'Jalp Nirnay Granth'.

भगवान महावीर की मूल परम्परा में लोहाचार्य के बाद हुए एक अंगधारी आचार्य (समय ई. 38-58)। एक प्रसिद्ध तार्किक दिगम्बराचार्य, जल्प निर्णय ग्रंथ के रचयिता (समय- ई.श. 4 का उत्तरार्ध) ।

श्रीधर – *Śrīdhara.*

Name of a great *Acharya*, the learned one in Mathematics and Astrology, Name of a poet.

गणित तथा ज्योतिष विद्या के विद्वान दिगम्बराचार्य। गणितसार संग्रह, ज्योतिर्ज्ञानविधि, जातक तिलक, लीलावती (कन्नड़) के रचयिता (समय- ई. 799-865)। एक अपभ्रंश कवि सुकुमाल चरिउ के रचयिता। (समय- ई. 1151) ।

श्रीधर्म – *Śrīdharma.*

Past-birth soul of Lord Munisuvrat.

तीर्थंकर मुनिसुव्रत के पूर्वभव का जीव ।

श्रीनंदन – *Śrīnaṁdana.*

The father of *Saptrishi* (particular 7 saints).

श्रीमन्यु आदि सप्तऋषियों के पिता। प्रीतिंकर मुनि के केवलज्ञान के समय एक मास के पौत्र को राज्य देकर सातों पुत्रों सहित दीक्षा ग्रहण की अंत में मुक्ति प्राप्त की ।

श्रीनंदि – *Śrīnaṁdi.*

The disciple of Sakalchandra of *Nandi* group.

नंदिसंघ देशीयगण में सकलचन्द्र के शिष्य तथा नयनंदि के गुरु। आपके लिए ही श्री पद्मनंदि ने जम्बूद्वीप पण्णत्ति लिखी थी। अपरनाम रामनंदि, समय- ई. 968-1023 ।

श्रीनिचय – *Śrīnicaya.*

Name of a summit situated in *Padmahrida* (large pond), Name of the 3rd *Rishi* (saint) among a group of particular 7 *Rishies* (saints).

पद्मह्रद में स्थित एक कूट, सप्त ऋषियों में से तीसरे ऋषि ।

श्रीपर्वत – *Śrīparvata.*

Name of a mountain of *Bharat Kshetra* (region).

भरतक्षेत्र का एक पर्वत। लंका को जीतकर राम ने यहां का साम्राज्य हनुमान को दिया था ।

श्रीपाल – *Śrīpāla.*

One who was got married with Mainasundari and was cured from leprosy by religious treatment, Name of king caused to Nemichandra Saidhantikdev to write Dravya Sangrah.

चम्पापुर नगर के राजा अरिदमन का पुत्र। मैना सुन्दरी से विवाहा गया। कोढ़ी होने पर मैना सुन्दरी कृत सिद्धचक्र विधान के गन्धोदक से कुष्ठ रोग दूर हुआ। अंत में दीक्षा ग्रहणकर मोक्ष प्राप्त किया। एक राजा जिनके निमित्त से नेमिचन्द्र सैद्धांतिकदेव ने द्रव्य संग्रह की रचना की थी (समय- ई. 1043-1083)।

श्रीपाल आख्यान – *Śrīpāla Ākhyāna.*

Name of a treatise written by Vadichandra.

वादिचन्द्र कृत संस्कृत भाषाबद्ध एक रचना। समय- 1580-1607 ।

श्रीपाल चरित – *Śrīpāla Carita.*

Name of many books written by different writers.

सकलकीर्तिकृत संस्कृत छंदोबद्ध (ई. 1406-1442), भट्टारक श्रुतसागर कृत संस्कृत गद्य रचना (ई. 1487-1499), कवि परिमल्ल (ई. 1594) कृत, ब्र. नेमिदत्त (ई. 1428), वादिचन्द्र (वि. 1637-1664) कृत हिन्दी गीत काव्य, पं. दौलतराम (ई. 1720-1772) कृत भाषा ग्रंथ ।

श्रीपुर पार्श्वनाथस्तोत्र –

Śrīpura Pārśvanāthastotra.

An eulogical religious hymn of Lord Parshvanath.

संस्कृत भाषाबद्ध अंतरिक्ष पार्श्वनाथ स्तोत्र विषयक रचना ।

श्रीभद्र – *Śrībhadra.*

Name of the 22nd *Tirthankar* (Jaina-Lord) of past time.

भूतकालीन 22वें तीर्थंकर ।

श्रीभूषण – *Śrībhūṣaṇa.*

Name of a *Bhattarak*, the writer of many books like Shantinath Puran, Pandav Puran etc.

शांतिनाथ पुराण, पांडव पुराण, द्वादशांग पूजा तथा प्रबोध चिंतामणि के कर्ता एक भट्टारक। समय- वि. 1636-1676।

श्रीमंडप भूमि – *Śrīmaṁḍapa Bhūmi.*

Name of the last Land of *Samavasharan* having great construction with jewels.

समवशरण की 8वीं भूमि। जो चतुर्थ कोट के आगे रत्न स्तम्भों पर आधारित समवशरण की अंतिम भूमि है। इस भूमि में स्फटिक मणिमय 16 दीवारों से विभाजित 12 कोठे होते हैं। इन कोठों में ही 12 सभाएं होती हैं। मिथ्यादृष्टि अभव्य जन इस भूमि के भीतर नहीं जाते ।

श्रीमती – *Śrīmatī.*

A respectable addressing word for a woman, The grand mother of Lord Mahavira.

स्त्रियों के लिए आदर-सूचक शब्द, राजा सर्वार्थ की रानी भगवान महावीर की दादी ।

श्रीमन्यु – *Śrīmanyu.*

Name of a saint of the group of 7 particular saints (*Saptrishies*).

सप्तऋषियों में एक मुनि ।

श्रीराधावल्लभ – *Śrī Rādhāvallabha.*

Name of a sect of *Vaishnav* philosophy.

वैष्णव दर्शन के शक्तिसंग तंत्र के अनुसार 10 भेदों में दूसरा भेद। इस सम्प्रदाय के आदिप्रर्वतक 1503 ई. में हरिवंश गोस्वामी हुए। ये लोग जप, तप आदि में संलग्न रहते हैं ।

श्रीवत्स – *Śrīvatsa.*

A particular type of mark on the chest of meritorious persons, Name of a propounder of *Vaisheshik* literature.

तीर्थंकर आदि पुण्यात्माओं का एक शारीरिक लक्षण जो वक्षःस्थल पर होता है। पार्श्वनाथ चरित्र के अनुसार उनके नवमें भव पूर्व में पोदनपुर के राजा अरविंद की मुनिअवस्था में उनके वक्षस्थल का श्रीवत्स चिन्ह देखकर मरुभूति की पर्याय से बने हाथी को जातिस्मरण हुआ था। एक वैशेषिक साहित्य प्रवर्तक, लीलावती कृति के रचयिता ।

श्रीवर्द्धन – *Śrīvarddhana.*

The past-birth soul of omniscient Sanjayant.

संजयंत केवली के पूर्वभव का जीव। यह कुमुदावती नगरी का राजा था ।

श्रीशैल – *Śrīśaila.*

The another name of Hanumanji.

हनुमान का अपरनाम। यह नाम हनुमान के शैल-पर्वत में जन्म लेने तथा विमान से गिरकर शिला को खण्ड-खण्ड करने से उनका नाम श्रीशैल रखा गया। इन्होंने मांगीतुंगी से मोक्ष प्राप्त किया। मांगीतुंगी के पहाड़ पर इनकी अतिप्राचीन मूर्ति विराजमान है एवं तलहटी में स्थित नवनिर्मित मंदिर में 11 फुट उत्तुंग प्रतिमा विराजमान है। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा सन् 1996 में गणिनीप्रमुख आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी के सानिध्य में हुई।

श्रीष – *Śrīṣa.*

The initiation & omniscience tree of Lord Suparshvanath.

तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ का दीक्षा एवं केवलज्ञान वृक्ष। अपरनाम शिरीष वृक्ष ।

श्रीषेण – *Śrīṣeṇa.*

The past-birth (11th) soul of Lord Shantinath, Name of the 5th predestined *Chakravarti* (emperor).

शांतिनाथ भगवान के पूर्व का 11वां भव, यह मगध देश का राजा था। आगामी 5वें चक्रवर्ती का नाम ।

श्रीसंप्रदाय – *Śrīsaṁpradāya.*

The first sect of *Vaishnava* philosophy in all 4.

वैष्णव दर्शन के 4 सम्प्रदायों में प्रथम संप्रदाय। इस संप्रदाय में विशिष्टाद्वैतवादी हैं जो रामानंदी भी कहलाते हैं ।

श्रुत – *Śruta.*

The scriptural knowledge, Something listened.

द्वादशांग, सुना हुआ ।

श्रुतकीर्ति – *Śrutakīrti.*

Name of two different saints of *Nandi* group.

नंदिसंघ बलात्कार गण त्रिभुवन कीर्ति के शिष्य जिन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की। नंदिसंघ देशीयगण, माघनंदि कोल्हापुरीय के शिष्य एक महावादी। कृति- काव्य राघव पाण्डवीय (समय- ई.1133- 1163) ।

श्रुतकेवली – *Śrutakevalī.*

Great saints, well versed in whole scriptural knowledge.

द्वादशांग श्रुत अर्थात् सकल श्रुत को जानने वाले मुनि ।

श्रुतगुरु – *Śrutaguru.*

Spiritual preceptor.

जो प्रायश्चित्त देकर संवेग व वैराग्य जनक परमागम के वचनों द्वारा साधु का संवरण करते हैं वे निर्यापक हैं। उन्हें ही शिक्षा गुरु या श्रुत गुरु भी कहते हैं ।

श्रुतज्ञान – *Śrutajñāna.*

The sensory cognitive knowledge, Scriptural knowledge.

इन्द्रियों द्वारा विवक्षित पदार्थ को ग्रहण करके उससे सम्बन्धित अन्य पदार्थ को जानना। अथवा मतिज्ञान से जाने हुये पदार्थ के अवलम्बन से तत्सम्बंधी दूसरे पदार्थ का जो ज्ञान होता है उसे श्रुतज्ञान कहते हैं। इसके अक्षरात्मक व अनक्षरात्मक दो भेद हैं। अक्षरात्मक श्रुतज्ञान के पर्याय, पर्यायसमास, अक्षर, अक्षरसमास आदि बीस भेद हैं एवं अनक्षरात्मक श्रुतज्ञान के असंख्यात भेद हैं ।

श्रुतज्ञान व्रत – *Śrutajñāna Vrata.*

A particular type of vow (fasting) to be observed with specific procedure.

विधिपूर्वक 158 उपवास एवं इतनी ही पारणा करना तथा 'ओं ह्रीं द्वादशांगश्रुतज्ञानाय नमः' का त्रिकाल जाप करना ।

श्रुतज्ञानावरण – *Śrutajñāvaraṇa.*

Karmas obscuring the *Shrutgyan* (scriptural knowledge).

ज्ञानावरण कर्म का एक भेद; जो कर्म श्रुतज्ञान को आवरण करे ।

श्रुतज्ञानी – *Śrutajñānī.*

One well versed in scriptural knowledge.

वस्तुस्वरूप को जानने वाला; श्रुतज्ञान अर्थात् शास्त्रज्ञान में पारंगत ।

श्रुतग्रंथकृति – *Śrutagraṁthakṛti.*

The treatises with appropriate meanings.

शब्द संदर्भ रूप अक्षरकाव्यों द्वारा प्रतिपाद्य अर्थ को विषय करने वाली जो ग्रंथरचना की जाती है ।

श्रुततीर्थ – *Śrutatīrtha.*

An auspicious event (Vira Shasan Jayanti) related to the first resonant preaching of Lord Mahavira.

श्रावण कृष्णा प्रतिपदा (वीर शासन जयंती) को श्रुततीर्थ दिवस कहते हैं क्योंकि इसी दिन सुबह अभिजित नक्षत्र में तीर्थ (वीर शासन) की उत्पत्ति हुई थी। अर्थात् राजगृही के विपुलाचल पर्वत पर भगवान महावीर की प्रथम दिव्य ध्वनि खिरी थी ।

श्रुतधर आम्नाय – *Śrutadhara Āmnāya.*

The tradition of great saints possessing scriptural knowledge (*Shrutgyan*).

श्रुत को धारण करने वाले आचार्यों की परम्परा, मूलसंघ की पट्टावली में अंतिम श्रुतकेवली भद्रबाहु हैं ।

श्रुतपंचमी क्रिया – *Śrutapaṁcamī Kriyā.*

A kind of religious devotional procedure of eulogy.

ज्येष्ठ शु. 5 को श्रुतपंचमी कहते हैं। इस दिन सभी साधु बृहत् सिद्ध भक्ति और बृहत् श्रुत भक्ति पढ़कर श्रुतस्कंध की स्थापना करके श्री इन्द्रनंदि आचार्य विरचित श्रुतावतार का उपदेश देने के अनन्तर बृहत् श्रुत भक्ति व बृहत् आचार्य भक्ति पढ़कर स्वाध्याय करते हैं पुनः बृहत् श्रुतभक्ति पढ़कर स्वाध्याय समापन करके शांति भक्ति पढ़ी जाती है। यह ही श्रुतपंचमी क्रिया (कृतिकर्म) है ।

श्रुतपंचमी पर्व– *Śrutapaṁcamī Parva.*

Auspicious day of Jyeshtha Shukla Panchmi of worshipping scriptures.

ज्येष्ठ शुक्ला पंचमी। इस दिन आचार्य पुष्पदंत-भूतबलि द्वारा षट्खंडागम ग्रंथ की पूर्णता की गयी थी, तदुपरांत चतुर्विध संघ एवं देवों के द्वारा ग्रंथराज की पूजा की गई थी, तभी से यह पर्व ज्येष्ठ सुदी पंचमी को मनाया जाता है और सर्वत्र षट्खंडागम आदि ग्रंथ की पूजा की जाती है ।

श्रुतपंचमी व्रत – *Śrutapaṁcamī Vrata.*

A particular type of vow (fasting), to be observed with specified procedure.

5 वर्ष तक प्रतिवर्ष ज्येष्ठ शुक्ल 5 को श्रुतावतार के उपलक्ष्य में उपवास करना। 'ओं ह्रीं द्वादशांग श्रुतज्ञानाय नमः' मंत्र की त्रिकाल जाप करना ।

श्रुतभावना – *Śrutabhāvanā.*

A kind of auspicious reflection.

5 उत्तम भावना में एक भावना; श्रुतभावना करना अर्थात् तद्विषयक ज्ञान में बारम्बार प्रवृत्ति करना ।

श्रुतमुनि – *Śrutamuni.*

The disciple of saint Abhayachandra Suri.

त्रिभंगीसार टीका एवं परमागमसार ग्रंथ के रचयिता, जो अभयचंद्र सूरि के शिष्य थे। समय ई. श. 13-अंतिम पाद ।

श्रुतवाद – *Śrutavāda.*

Scriptural speech.

अंग प्रविष्ट और अंगबाह्य श्रुत का कथन जिस वचन कलाप के द्वारा किया जाता है वह द्रव्यश्रुत श्रुतवाद कहलाता है, श्रुतज्ञान का एक पर्यायवाची नाम ।

श्रुतवीर – *Śrutavīra.*

Name of a *Bhattarak* of *Sen* group.

सेनसंघ या वृषभ संघ की पट्टावली के एक भट्टारक ।

श्रुतसागर – *Śrutasāgara.*

Name of a saint in the group of Akampanacharya, Name of a *Bhattarak* of *Nandi* group, also name of the disciple of Acharya Shri Kunthusagar Maharaj.

अकम्पनाचार्य के संघस्थ एक मुनि; इन्होंने राजा श्रीधर्मा के मंत्रियों से शास्त्रार्थ कर उन्हें पराजित किया था। नंदीसंघ बलात्कार गण में भट्टारक विद्यानंदि-2 के शिष्य तथा श्रीचन्द्र के गुरु यशस्तिलक चम्पू की टीका यशस्तिलकचन्द्रिका, तत्त्वार्थवृत्ति (श्रुतसागरी), तत्त्वत्रय प्रकाशिका, प्राकृत व्याकरण, जिनसहस्रनाम टीका, वृहत् कथा कोश आदि अनेक कृतियों के रचयिता । समय- ई.1487-1533। इस नाम से आचार्यश्री कुंथुसागर महाराज से दीक्षित एक मुनि (ई.श. 20-21) भी हुए हैं। इन्होंने आचार्यश्री विद्यानंद महाराज के द्वारा उपाध्याय पद प्राप्त किया।

श्रुतसागरी – *Śrutasāgarī.*

Name of a commentary book on Tattvarthvritti written by *Bhattarak* Shrutsagar.

श्रुतसागर भट्टारक कृत तत्त्वार्थवृत्ति की टीका का नाम ।

श्रुतस्कंध – *Śrutaskaṁdha.*

The *Dvadshang Shrut* (12 specified parts of scriptural knowledge).

जिनभाषित और गणधर द्वारा रचित द्वादशांग श्रुत ।

श्रुतस्कंध पूजा – *Śrutaskaṁdha Pūjā.*

Name of a worshipping hymn written by Gangadas.

गंगादास (ई. 1690-1693) कृत पूजा ।

श्रुतस्कंध व्रत – *Śrutaskaṁdha Vrata.*

A particular type of vow (fasting) to be observed with specified procedure.

भाद्रपद माह में विशेष प्रकार की विधि से किया जाने वाला एक व्रत, इसे करने की तीन विधियाँ हैं- उत्तम विधि, मध्यम विधि, लघु विधि। इसका विस्तार व्रत विधान संग्रह से पढ़ें ।

श्रुताज्ञान – *Śrutājñāna.*

False scriptural knowledge.

मिथ्याश्रुतज्ञान; चौरशास्त्र, हिंसा शास्त्र तथा महाभारत, रामायण आदि के परमार्थ शून्य होने से साधन करने के अयोग्य उपदेश।

श्रुतावतार – *Śrutāvatāra.*

The basic tradition of omniscients & Shrutkevalis (having complete scriptural knowledge) after Lord Mahavira.

भगवान महावीर के पश्चात् केवली व श्रुतकेवलियों की मूल परम्परा को ही श्रुतावतार नाम से कहा जाता है ।

श्रुतावतार (ग्रंथ) – *Śrutāvatāra (Graṁtha).*

Name of two different treatises written by *Acharya* Indranandi & by *Acharya* Shridhar.

आचार्य इन्द्रनंदि (ई.श.10-11) द्वारा रचित प्राकृत गाथाबद्ध भगवान महावीर के निर्वाण से 683 वर्ष पर्यन्त की मूलसंघ की पट्टावली, आचार्य श्रीधर (ई.श.14) द्वारा रचित प्राकृतंछदबद्ध ग्रंथ ।

श्रुति – *Śruti.*

Hearing, something heard, Revelation, The first *Agradevi* (a female divinity) of *Surya* (the Sun) among all 4.

सुनना या कोई सुनी हुई बात, उद्भासित होना, सूर्य की 4 अग्रदेवियों में पहली अग्र देवी, अपरनाम द्युति है ।

श्रुतिगम्य – *Śrutigamya.*
Knowledge acquired by something heard.
अनपेक्षित रूप से प्रवृत्ति में कारण व श्रुतिमात्र से बोधित श्रुतिगम्य है ।

श्रेणिक – *Śreṇika.*
A Buddha king of Magadh country, who became Jaina later on, and ultimately became chief listener in the *Samavsharan* of Lord Mahavira, and He will be the first *Tirthankar* (Jaina-Lord) of future time.
राजा उपश्रेणिक के पुत्र का नाम; मगधदेश का राजा। पहले बौद्ध थे बाद में अपनी रानी चेलना के उपदेश से जैन हो गये और भगवान महावीर के समवशरण में मुख्य श्रोता बने तथा तीर्थंकर प्रकृति का बंध कर आगामी प्रथम तीर्थंकर (महापद्म) होंगे। समय - ई. पू. 546-516 ।

श्रेणिमार्ग – Sreṇimārga.
Two particular stages (Upasham Shreni & Kshapak Shreni) in the path of salvation.
उपशम और क्षपक श्रेणी दो श्रेणीमार्ग हैं जिन पर निर्ग्रंथलिंग वाले मुनि चढ़ते हैं ।

श्रेणी – *Śreṇī.*
Arithmatical and Geometrical progression, Series.
संकलन व्यवहार श्रेणी और गुणन व्यवहार श्रेणी ।

श्रेणी – *Śreṇī.*
Series, Class, Division.
पंक्ति, क्रम, इस शब्द का प्रयोग अनेक प्रकरणों में आता है, जैसे आकाश प्रदेशों की श्रेणी, राजसेना की 18 श्रेणियाँ, स्वर्गों के श्रेणीबद्ध विमान, शुक्लध्यानगत साधु की उपशम व क्षपक श्रेणी आदि ।

श्रेणीचारण ऋद्धि – *Śreṇīcāraṇa Ṛddhi.*
A type of super natural power related to the careful walking over smoke, fire etc.
एक चारण ऋद्धि जिसके प्रभाव से धूम, अग्नि, पर्वत और वृक्ष के तन्तु समूह पर से ऊपर चढ़ने की शक्ति प्राप्त होती है।

श्रेणीबद्ध – *Śreṇībaddha.*
Sequential; the dwelling & aboding places of hell & heaven (i.e. *Bil* & *Viman* respectively).
स्वर्ग व नरक के श्रेणीबद्ध विमान व बिल, चारों दिशाओं व विदिशाओं में पंक्ति रूप जो विमान व बिल हैं उनकी श्रेणीबद्ध संज्ञा है ।

श्रेयस्कर – *Śreyaskara.*
Meritorious, Auspicious, A type of heavenly deities.
लाभप्रद, मंगलकारी, लौकांतिक देवों का एक भेद ।

श्रेयांस – *Śreyāṁsa.*
Name of a king, a great personality of Jaina history who gave sugarcane juice to Lord Rishabhdev, initiating the food-offering to the Jaina saints.
हस्तिनापुर के कुरुवंशीय राजा सोमप्रभ के भाई। वृषभदेव को देखकर पूर्वभव में अपने द्वारा दिये गये आहार दान का स्मरण हो आया था। इससे विधिपूर्वक वृषभदेव को इक्षुरस का प्रथम आहार दे सके। आहारदान देने की प्रवृत्ति इन्हीं से शुरू हुई, अतः इन्हें दानतीर्थ प्रवर्तक कहा जाता है। अंत में दीक्षा लेकर ये वृषभदेव के गणधर हुये और मोक्षप्राप्त किया ।

श्रेयांसनाथ – *Śreyāṁsanātha.*
Name of the 11th *Tirthankar* (Jaina-Lord).
वर्तमान भरत क्षेत्र के 11वें तीर्थंकर, सिंहपुरी (वर्तमान में सारनाथ नाम से प्रसिद्ध) के इक्ष्वाकुवंशी राजा विष्णुमित्र एवं महारानी नंदादेवी के पुत्र, आयु 84 लाख वर्ष, वर्ण तप्तस्वर्ण सदृश था। दो उपवास से फाल्गुन कृष्णा एकादशी के दिन श्रवण-नक्षत्र में 1000 राजाओं के साथ दीक्षा ली। इनका चिन्ह गैंडा है ।

श्रेयांससागर – *Śreyāṁsasāgara.*
Name of a great Acharya in the disciple tradition of Acharya Shri Shantisagarji Maharaj.
20वीं सदी के प्रथम आचार्य चारित्रचक्रवर्ती श्री शांतिसागर जी महाराज की परम्परा में हुए पंचम पट्टाचार्य। इनकी प्रेरणा से मांगीतुंगी सिद्धक्षेत्र पर 24 तीर्थंकर प्रतिमाओं का नूतन जिनमंदिर निर्मित किया गया है। ये एक महान तपस्वी आचार्य थे ।

श्रेयोविधा – *Śreyovidā.*
Name of a treatise written by Acharya Abhayanandi of *Nandi* group.
नंदिसंघ देशीयगण के आचार्य अभयनंदि द्वारा रचित अनेक कृतियों में एक कृति, समय - ई. 930-950 ।

श्रोता – *Śrotā.*
Listeners.
धर्म को सुनने वाले पुरुष। गुण-दोषों की अपेक्षा इनके 14 भेद हैं ।

श्रोत्र (इंद्रिय) – *Śrotra (Iṁdriya).*
Ears, the hearing organ of the body.
कर्ण इन्द्रिय ।

श्रोत्रज मतिज्ञान – *Śrotraja Matijñāna.*
Sensory knowledge acquired through speech.
सुनकर प्राप्त किया गया ज्ञान ।

श्रोत्रिय – *Śrotriya.*
One who has thoroughly studied the scriptures.
श्रुत शास्त्र के जानने वाले श्रोत्रिय कहलाते हैं ।

श्लेष – *Śleṣa.*
A union, an association, A figure of speech containing two or more meanings of a word .
संयोग, मिलान, वह अलंकार जिसमें दो या अनेक अर्थों वाले शब्द हों अथवा वे अनेक अर्थों में प्रयुक्त हुए हों ।

श्लेष संबंध – *Śleṣa Saṁbaṁdha.*
Close relation (togetherness).
संश्लेष संबंध, परस्पर संबंध को प्राप्त होना, जैसे काष्ठ और लाख का संबंध, दूध और जल का संबंध ।

श्लेष्मा – *Śleṣmā.*
Phlegm, Mucus.
कफ। औदारिक शरीर में 6 अंगुलिप्रमाण श्लेष्मा होता है ।

श्लोकवार्तिक – *Ślokavārtika.*
Name of a commentary book on 'Tattvarthsutra' written by *Acharya* Vidyanandi.
आचार्य उमास्वामी कृत तत्त्वार्थसूत्र पर आचार्य विद्यानंद (ई. 775-840) कृत विस्तृत टीका ।

श्लोहित – *Ślohita.*
Name of a planet.
एक ग्रह ।

श्वासोच्छ्वास – *Śvāsocchvāsa.*
Breathing (exhaling & inhaling air).
प्राणापान। जो पवन भीतर से बाहर आती है वह उच्छ्वास या प्राण है व जो बाहर की वायु भीतर ली जाय वह श्वास या अपान है ।

श्वेत – *Śveta.*
The initiation & omniscience forest of Lord Mallinath.
तीर्थंकर मल्लिनाथ का दीक्षा एवं केवलज्ञान वन ।

श्वेतपंचमी व्रत – *Śvetapaṁcamī Vrata.*
A particular & procedural vow (fasting).
ऐसा व्रत जिसमें आषाढ़, कार्तिक व फाल्गुन तीनों में से किसी भी मास में प्रारम्भ करके 65 महीनों तक प्रत्येक मास शु. 5 का उपवास किया जाता है व त्रिकाल नमस्कार मंत्र का जाप किया जाता है ।

श्वेतरुधिर – *Śvetarudhira.*
Blood having milk colour, one of the 10 excellences of the birth of Lord Arihant.
अरहंतों के जन्म के 10 अतिशयों में एक अतिशय, दूध के समान धवल (सफेद) रुधिर होना ।

श्वेतवर्ण – *Śvetavarṇa.*
White colour, as a sign of meritoriousness.
एक लौकिक मंगल, यह अरहंत भगवान के शुक्लध्यान, शुक्ल लेश्या का प्रतीक होने से मंगल कहलाता है ।

श्वेतवस्त्र – *Śvetavastra.*
White cloths.
सफेद वस्त्र ।

श्वेतवाहन – *Śvetavāhana.*
A king of Champanagari (a city) who got omniscience.
चम्पानगरी का राजा, दीक्षा धारण कर केवलज्ञान प्राप्त किया ।

श्वेताम्बर – *Śvetāmbara.*
A Jaina sect originated from the division of Moolsangh (Digambar).
दिगम्बर मान्यतानुसार भगवान महावीर के पश्चात् मूलसंघ दिगम्बर ही था। बाद में (आज से लगभग दो हजार वर्ष पूर्व) उत्तर भारत में दुर्भिक्ष अकाल पड़ने के कारण कुछ शिथिलाचारी साधुओं ने श्वेताम्बर संघ की स्थापना की ।

श्वेताम्बर पराजय – *Śvetāmbara Parājaya.*
Name of a book written by *Pandit* Jagannath.
पंडित जगन्नाथ (ई.सन् 1646) कृत केवलि भुक्ति निराकृति विषयक एक रचना ।

श्वेताम्बर संघ – *Śvetāmbara Saṁgha.*
Group of Shvetambar Jain saints.
गोपुच्छक, श्वेताम्बर, द्रविड़, यापनीय, निष्पिच्छ इन 5 जैनाभासी संघों में एक संघ ।

श्वेताम्बराभास – *Śvetāmbarābhāsa.*
A sub-sect of Shvetambar Jain group.
श्वेताम्बर संघ से उत्पन्न हुआ एक मत, अपरनाम ढूंढिया मत या स्थानकवासी मत ।

ष

ष – *Ṣa*
The 31st consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का इकतीसवाँ व्यंजन अक्षर, इसका उच्चारण स्थान मूर्धा है ।

षंड वन – *Ṣaṁḍa Vana.*
The initiation forest of Lord Mahavira.
तीर्थंकर महावीर का दीक्षा वन । इसके अन्य नाम ज्ञातृ वन व मनोहर वन भी मिलते हैं ।

षट् – *Ṣaṭ.*
Six.
छह ।

षट् अनायतन – *Ṣaṭ Anāyatana.*
Six reasons of false belief.
मिथ्यात्वादि के कारणभूत 6 स्थान; कुदेव, कुगुरु, कुशास्त्र व इन तीनों के भक्त ।

षट् आवश्यक – *Ṣaṭ Āvaśyaka.*
Six essential duties of Jaina saints.
मुनियों के 6 आवश्यक कर्त्तव्य; सामायिक, वंदना, स्तुति, प्रतिक्रमण, स्वाध्याय और कायोत्सर्ग ।

षट् आवश्यक (श्रावक) – *Ṣaṭ Āvaśyaka (Śrāvaka).*
Six essential duties of Jaina followers.
श्रावक के 6 आवश्यक कर्त्तव्य- दान, पूजा, गुरु की सेवा, स्वाध्याय, संयम और तप ।

षट् कर्म – *Ṣaṭ Karma.*
Six occupations for livelihood instructed by Lord Rishabhadev.
भगवान ऋषभदेव द्वारा प्रजा की आजीविका के लिए बताये गये 6 कार्य; असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य और शिल्प ।

षट्काय – *Ṣaṭkāya.*
Six kinds of body forms of living beings.
त्रस तथा पृथिवी, जल, वायु, अग्नि और वनस्पतिकाय के जीव ।

षट्कारक – *Ṣaṭkāraka.*
Six kinds of cases (of grammar).
कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान और अधिकरण ।

षट्खंड – *Ṣaṭkhaṁḍa.*
Six parts of Bharat Kshetra (region) etc.
जंबूद्वीप के भरतक्षेत्र आदि के एक आर्य व 5 म्लेच्छ खंड। इन्हीं षट् खण्डों को चक्रवर्ती जीतता है ।

षट्खंडागम – *Ṣaṭkhaṁḍāgama.*
Six parts of the great Jaina philosophical literature containing *Karmic* theory.
कर्म सिद्धांत विषयक ग्रंथ; इसकी उत्पत्ति मूल द्वादशांग श्रुतस्कंध से हुई है। इसके 6 खंड हैं (देखें- षट्खंड टीका)। पहले खण्ड के सूत्र पुष्पदंत आचार्य (ई. 106-136) के बनाये हुए हैं, उनका शरीरान्त हो जाने के कारण शेष 4 खण्डों के पूरे सूत्र आचार्य भूतबलि (ई. 136-156) ने बनाये थे। छठा खण्ड सविस्तार रूप से आचार्य भूतबलि द्वारा (महाबंध के रूप में) बनाया गया है ।

षट्खंडागम टीका – *Ṣaṭkhaṁḍāgama Ṭīkā.*
The commentary books written on *Shatkhandagam* - 6 great scriptural parts.
षट्खण्डागम ग्रंथ के जीवट्ठाण, खुद्दाबंध, बंधस्वामित्व विचय, वेदना, वर्गणा, महाबंध इन 6 खंडों में आदि के 5 खण्डों पर उपलब्ध अनेक टीकाएं। छठे खण्ड पर वीरसेन स्वामी ने संक्षिप्त व्याख्या के अतिरिक्त और कोई टीका नहीं की है। सर्वप्रथम परिकर्म नामक टीका आचार्य कुन्दकुन्द (ई. 127-179) द्वारा प्रथम तीन खण्डों पर, दूसरी टीका आचार्य समन्तभद्र (ई. श.2) द्वारा प्रथम 5 खंडों पर, तीसरी टीका आचार्य शामकुण्ड (ई. शु. 3) द्वारा प्रथम पांच खंडों पर एवं चौथी टीका आचार्य वीरसेन स्वामी (ई. 770-827) द्वारा की गई है। इनके अतिरिक्त 20वीं शताब्दी की प्रथम बालब्रह्मचारिणी आर्यिका गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा षट्खंडागम के चार खंडों पर सिद्धान्तचिन्तामणि नामक संस्कृत टीका लिखी जा चुकी है, पाँचवे खंड पर टीका लेखन कार्य पूज्य माताजी द्वारा जारी है। इसकी हिन्दी टीका प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चंदनामती माताजी द्वारा की जा रही है ।

षट्गुण हानि वृद्धि – *Ṣaṭguṇa Hāni Vr̥ddhi.*
Finite or infinite increase & decrease in indivisible particles (of 6 kinds).
अविभाग प्रतिच्छेदों में हानि वृद्धि का नाम ही षट्गुण हानि वृद्धि है। ये 6-6 प्रकार से होती है। (देखें - षड्गुण हानि वृद्धि) ।

षट्चत्वारिंशत – *Ṣaṭcatvāriṁśata.*
Forty six (46 virtues of Lord Arihant etc).
46 (अर्हंत भगवान के 46 गुण, आहार के 46 दोष, वसतिका सम्बंधी 46 दोष आदि) ।

षट्त्रिंशत – *Ṣaṭtriṁśata.*
Thirty six (basic restraints of *Acharya* etc).
36, आचार्य के 36 मूलगुण; 12 तप, 10 धर्म, 6 आवश्यक, 5 आचार, 3 गुप्ति ।

षट्पर्याप्ति – *Ṣaṭparyāpti.*
Six kinds of basic development of beings.
आहार, शरीर, इन्द्रिय, श्वासोच्छ्वास, भाषा और मनः पर्याप्ति।

षट्प्राभृत टीका – *Ṣaṭprābhr̥ta Ṭīkā.*
The Sanskrit commentary book on 'Shatprabhrit' treatise.
कुन्दकुन्द आचार्य के षट्प्राभृत की आचार्य श्रुतसागर (ई. सन् 1487-1533) कृत संस्कृत टीका ।

षडंशता – *Ṣaḍaṁśatā.*
Defining a matter into 6 parts.
किसी द्रव्य को 6 अंशों में मानना ।

षडनायतन – *Ṣaḍanāyatana.*
See - *Ṣaṭ Anāyatana.*
देखें - षट् अनायतन ।

षडावश्यक – *Ṣaḍāvaśyaka.*
See - *Ṣaṭ Āvaśyaka.*
देखें - षट् आवश्यक ।

षड्गुण हानि वृद्धि – *Ṣaḍguṇa Hāni Vr̥ddhi.*
Finite or infinite increase and decrease (related to indivisible particles etc.).
अनंत भागवृद्धि, असंख्यात भाग वृद्धि, संख्यात भागवृद्धि, संख्यात गुण वृद्धि, असंख्यात गुणवृद्धि, अनंत गुण वृद्धि। अनंत भाग हानि, असंख्यात भाग हानि, संख्यात भाग हानि, संख्यात गुण हानि, असंख्यात गुण हानि, अंनत गुण हानि। (देखें - षट्गुण- हानि वृद्धि) ।

षड्ज – *Ṣaḍja.*
One of the 7 notes or tons of music.
संगीत के सप्त स्वरों में एक स्वर ।

षड्दर्शन – *Ṣaḍdarśana.*
Six particular kinds of philosophies (*Bauddha, Naiyayik, Sankhya, Jaina,Vaisheshik* & *Jaminiy*).
6 दर्शन- बौद्ध, नैयायिक, सांख्य, जैन, वैशेषिक तथा जैमिनीय।

षड्दिक् गति – *Ṣaḍdika Gati.*
Six directional motion of beings, binded with *Karmas.*
कर्मबद्ध जीवों का कर्मनिमित्तक षट्दिक अर्थात् 6 दिशाओं में गमन होना ।

षड्द्रव्य – *Ṣaḍdravya.*
Six universal entities (*Jiva*-soul, *Pudgal* -matter, *Dharma* - medium of motion, *Adharma*-medium of rest, *Akash* -sky, *Kal* -time).
छः द्रव्य - जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश, काल ।

षड्रस – *Ṣaḍrasa.*
Six particular kinds of delicacies (milk, curd, ghee, oil, salt, sugar).
6 रस- दूध, दही, घी, तेल, नमक, मीठा ।

षड्रसी व्रत – *Ṣaḍrasī Vrata.*
A particular & procedural vow (fasting) pertaining to renouncement of 6 kinds of particular delicacies.
उत्कृष्ट 24 वर्ष, मध्यम 12 वर्ष व जघन्य 1 वर्ष में ज्येष्ठ कृ. 1 से ज्येष्ठ पूर्णिमा तक- कृ.1 को उपवास, 2-15 तक एकाशन शु.1 को उपवास, 2-15 तक एकाशन करना एवं 'ओं ह्रीं श्री वृषभजिनाय नमः' मंत्र का त्रिकाल जाप करना ।

षड्विध आहार – *Ṣaḍvidha Āhāra.*
Six kinds of intakes.
कर्माहार, नोकर्माहार, कवलाहार, लेप्याहार, ओजाहार, मानसाहार।

षड्विंशति – *Ṣaḍviṁśati.*
Twenty six (26 delusive *Karmic* nature of false believers etc.).
26, नियम से मिथ्यादृष्टि जीव मोह की 26 प्रकृतियों का स्वामी होता है ।

षण्णवति प्रकरण – *Ṣaṇṇavati Prakaraṇa.*
Name of a book written by *Acharya* Somsen.
आचार्य सोमसेन (ई. 943-968) कृत न्याय विषयक एक ग्रंथ ।

षण्मुख– *Saṇmukha.*
Name of the demigod of Lord Vasupujya.
तीर्थंकर वासुपूज्य के शासन देव का नाम ।

षष्ठ अणुव्रत – *Ṣaṣṭha Aṇuvrata.*
A vow-renouncement of food taking after sun set.
रात्रिभोजन त्याग छठा अणुव्रत है ।

षष्ठ बेला – *Ṣaṣṭha Belā.*
See - *Ṣaṣṭha* Bhakta.
देखें - षष्ठ भक्त ।

षष्ठ भक्त – *Ṣaṣṭha Bhakta.*
A particular & procedural vow (fasting) to be observed for two days.
दो उपवास की चार भुक्ति एवं एक दिन पूर्व व एक दिन बाद की एक-एक भुक्तियाँ, इस प्रकार कुल 6 भुक्तियों का त्याग षष्ठ भक्त कहलाता है, इसी को षष्ठ बेला भी कहते हैं ।

षष्ठीव्रत – *Ṣaṣṭhīvrata.*
A particular & procedural vow (fasting) to be observed for six years.
6 वर्ष तक प्रतिवर्ष श्रावण शु.6 के दिन उपवास करना एवं 'ओं ह्रीं श्री नेमिनाथाय नमः' मंत्र का त्रिकाल जाप करना ।

षोडशकारणधर्म चक्रोद्धारयंत्र – *Ṣoḍaśakāraṇadharma Cakroddhārayaṁtra.*
A type of metallic plate engraved with some auspicious mystical diagrams & words.
षोडशकारण धर्म सम्बन्धित अक्षर-मंत्रों से एवं विभिन्न रेखाकृतियों से चित्रित यंत्र ।

षोडशकारण भावना – *Ṣoḍaśakāraṇa Bhāvanā.*
Sixteen spiritual reflections (sentiments causing to be *Tirthankar* (Jaina-Lord).
तीर्थंकर प्रकृति की कारणभूत दर्शनविशुद्धि आदि 16 भावनाएं। दर्शन विशुद्धि, विनय संपन्नता, शीलव्रतों में अनतिचार (शीलव्रतेष्वनतिचार), अभीक्ष्णज्ञानोपयोग, संवेग, शक्तिस्तप, शक्तितस्त्याग, साधु समाधि, वैयावृत्यकरण, अर्हंत भक्ति, आचार्यभक्ति, बहुश्रुत भक्ति, प्रवचन भक्ति, आवश्यक अपरिहाणि, मार्ग प्रभावना एवं प्रवचन वत्सलत्व ।

षोडशकारण भावना व्रत – *Ṣoḍaśakāraṇa Bhāvanā Vrata.*
A particular & procedural vow (fasting).
उत्कृष्ट 16 वर्ष, मध्यम 5 वर्ष, जघन्य 1 वर्ष तक प्रतिवर्ष भाद्रपद, माघ, व चैत्र इन 3 महीनों में कृ. 1 से लेकर अगले महीने की कृ. 1 तक 32 दिन तक 16 उपवास, 16 पारणा करना एवं "दर्शनविशुद्धयादि- षोडशकारणेभ्यो नमः" मंत्र का

त्रिकाल जाप करना ।

षोडश स्वप्न – *Ṣoḍaśa Svapna.*

Sixteen auspicious meaningful dreams seen by *Tirthankar's* (Jaina Lord's) mother.

तीर्थंकर माता को दिखने वाले 16 स्वप्न; ऐरावत हाथी, बैल, सिंह, दो माला, लक्ष्मी, पूर्ण चन्द्रमा, सूर्य, दो कलश, मछली युगल, सरोवर, समुद्र, सिंहासन, देवों का विमान, नागेन्द्र भवन, रत्न राशि, निर्धूम अग्नि ।

षोडश स्वप्न (चक्रवर्ती) –

Ṣoḍaśa Svapna (Cakravartī) .

Sixteen different symbolic dreams seen by Bharat Chakravarti (an emperor).

भरतचक्रवर्ती के 16 स्वप्न- पर्वत पर 23 सिंह, सिंह के साथ हिरणों का समूह, बोझ से झुकी पीठ वाला घोड़ा, शुष्क पत्ते खाने वाले बकरों का समूह, हाथी के ऊपर बैठा बंदर, अन्य पक्षियों द्वारा त्रसित उल्लू, आनंद करते भूत, मध्यभाग में सूखा तालाब, मलिन रत्नराशि, कुत्ते का नैवेद्य आदि से सत्कार, जवान बैल, मण्डल से युक्त चन्द्रमा, शोभा नष्ट दो बैल, मेघों से आवृत सूर्य, छाया रहित सूखा वृक्ष, जीर्ण पत्तों का समूह । महापुराण ग्रंथ में निहित इन समस्त स्वप्नों के फलों के अनुसार पंचमकाल में अनेक विकृतियाँ उत्पन्न होंगी, जो प्रत्यक्ष रूप से वर्तमान में देखीं जा रही हैं ।

स

स – *Sa.*

The 32nd consonant of the *Devanagari* syllabary.

देवनागरी वर्णमाला का बत्तीसवाँ व्यंजन अक्षर, इसका उच्चारण स्थान दन्त है ।

संकटहरण व्रत – *Saṁkaṭaharaṇa Vrata.*

A particular & procedural vow (fasting) related to releasing one from misfortune.

3 वर्ष तक प्रतिवर्ष भाद्रपद, माघ व चैत्र मास में शु. 13 से शु. 15 तक उपवास तथा 'ओं ह्राँ ह्रीँ ह्रूँ ह्रौँ ह्रः असि आ उसा नमः सर्व शान्तिं कुरु कुरु स्वाहा' मंत्र का त्रिकाल जाप करना ।

संकर – *Saṁkara.*

Hybrid, Cross-breed, Something mixed.

सम्मिश्रण, मिलावट ।

संकर दोष – *Saṁkara Doṣa.*

Hybridisation—a fault .

किसी धान्य, फल, पुष्प अथवा जाति में दो भिन्न-भिन्न प्रकार की वस्तु या जाति के सम्मिश्रण से संकर दोष होता है। जैसे दो प्रकार की गुलाब की कलम का मिश्रण कर लगाने से तीसरे रंग का पैदा हुआ गुलाब संकर कहलाता है ।

संकलन – *Saṁkalana.*

Compilation, Integration.

जमा करना, परस्पर राशियों को जोड़ना ।

संकलन व्यवहार – *Saṁkalana Vyavahāra.*

A mathematical operation, integration.

श्रेणी व्यवहार गणित; दो चार राशियों तक सीमित न रखकर धारावाही रूप से जोड़ना अर्थात् समान वृद्धि को लिये अनेक अंकों की लम्बी धारा या श्रेणी में यह गणित काम आता है ।

संकलन श्रेणी व्यवहार –

Saṁkalana Śreṇī Vyavahāra.

Integral series of numbers.

गणित विषयक एक संकलन व्यवहार की श्रेणी = 4+8+12+16+20+24+28+32=144 ।

संकल्प – *Saṁkalpa.*

Resolution, Determination, Will.

प्रतिज्ञा, कामनाशक्ति, चेतन-अचेतन आदि पदार्थों में 'ये मेरे हैं' ऐसी कल्पना करना संकल्प है ।

संकल्पी हिंसा – *Saṁkalpī Hiṁsā.*

Determined violence.

संकल्प सहित की जाने वाली हिंसा अर्थात् 'मैं इस जीव को मारूं'- इस प्रकार के विचार से जो हिंसा की जाती है ।

संकुट – *Saṁkuṭa.*

Contracted, Limited.

जीव अति सूक्ष्म देह मिलने से संकुचित होता है, इसलिए उसे

संकुट कहा गया है ।

संकेत – *Saṁketa.*

Indication, Symbol, Notation, Sign.

इंगित परक चिन्ह, प्रतीक ।

संकोच – *Saṁkoca.*

Narrowness, Contraction.

सिकुड़ना, संक्षेपण, सहमना ।

संकोच विस्तार – *Saṁkoca Vistāra.*

The state of contraction & expansion of soul points of beings.

जीव के प्रदेशों का संहार व विसर्पण। दीप के प्रकाश के समान जीव के प्रदेशों का संकोच-विस्तार होता है ।

संक्रमण – *Saṁkramaṇa.*

Transition of *Karmic* nature.

कर्म प्रकृतियों का बदलकर अन्य प्रकृति रूप हो जाना ।

संक्रांति – *Saṁkrāṁti.*

Transition, Change.

संचार, गमन, परिवर्तन। इसके अर्थ, व्यंजन, योग संक्राति तीन भेद हैं। यह परिवर्तन प्रथम शुक्लध्यान पृथक्त्ववितर्क वीचार में होता है। प्रत्येक मास में सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में संचार करना भी संक्रांति कहलाता है ।

संक्लिष्ट हस्तकर्म – *Saṁkliṣṭa Hastakarma.*

Hard manual work.

छेदन भेदन करना, पीसना, गूंथना, चित्र बनाना, खोदना आदि कार्य को संक्लिष्ट हस्तकर्म कहते हैं ।

संक्लेश – *Saṁkleśa.*

Passionate or painful thoughts.

असाता वेदनीय कर्म के बंध योग्य परिणाम या तीव्र कषाय रूप परिणाम का नाम संक्लेश है ।

संक्षेप दर्शनार्य – *Saṁkṣepa Darśanārya.*

A kind of noble persons having ability to apprehend right perception by brief exposition only.

दर्शनार्य के 10 भेदों में एक भेद; पदार्थों के संक्षिप्त कथन से ही सम्यग्दर्शन को प्राप्त होने वाले जीव ।

संक्षेप रुचि – *Saṁkṣepa Ruci.*

To have interest in understanding by summarized exposition.

संक्षेप कथन से समझने की रुचि होना ।

संक्षेप सम्यक्त्वार्य – *Saṁkṣepa Samyaktvārya.*

See - *Saṁkṣepa Darśanārya.*

देखें - संक्षेप दर्शनार्य ।

संक्षेप सम्यग्दर्शन – *Saṁkṣepa Samyagdarśana.*

Right faith gained through brief description of scriptures.

जिनागम में कहे गये जीवादि पदार्थों को संक्षेप से सुनकर या जानकर जो सम्यग्दर्शन होता है ।

संख्या – *Saṁkhyā.*

Numbers or meaningful numbers, One of the eight *Anuyogdvars* (disquisition doors).

गिनती, सत् प्ररूपणा में जो पदार्थों का अस्तित्व कहा गया है उनके प्रमाण का वर्णन करने वाली संख्या हैं। जीवादि पदार्थों के भेदों की गणना, यह 8 अनुयोग द्वारों में दूसरा अनुयोग द्वार है ।

संख्यात – *Saṁkhyāta.*

Finite counting.

दो को आदि लेकर गणना (गिनने योग्य संख्या) ।

संख्यात गुणवृद्धि – *Saṁkhyāta Guṇavṛddhi.*

Multiplicative increase in numbers.

किसी संख्या का संख्यात गुणा किसी में बढ़ाना ।

संख्यात भागवृद्धि – *Saṁkhyāta Bhāgavṛddhi.*

Finite increase in any number.

किसी संख्या का संख्यात भाग किसी में बढ़ाना ।

संख्यात गुणहानि – *Saṁkhyāta Guṇahāni.*

Multiplicative decrease in numbers.

किसी संख्या का संख्यात गुणा किसी में घटाना ।

संख्याताणुवर्गणा – *Saṁkhyātāṇuvargaṇā.*

A kind of aggregates of *Karmic* molecules.

23 प्रकार की वर्गणाओं में एक वर्गणा ।

संख्याधिकार – *Saṁkhyādhikāra.*

One of the 8 *Anuyogadvars* (disquisition doors).

8 अनुयोगद्वारों में एक अनुयोगद्वार। जीव किस-किस गुणस्थान व मार्गणा स्थान आदि में कितने-कितने हैं इसका निरूपण इस अधिकार में किया जाता है ।

संख्या व्यभिचार – *Saṁkhyā Vyabhicāra.*

Wrong interpretation of numbers.

एकवचन की जगह द्विवचन आदि का कथन करना ।

संगति – *Saṁgati.*

Mutual relation, company, Association.

संसर्ग, पारस्परिक मेलजोल। गुणाधिक लोगों की संगति (साथ) हितकारी होती है ।

संगीत समयसार – *Saṁgīta Samayasāra.*

Name of a book written by Parshvadev on music.

पार्श्वदेव द्वारा (ई.श. 12 अंतपाद) संगीत शास्त्र विषयक संस्कृत भाषाबद्ध रचना ।

संग्रह – *Saṁgraha.*

Collection, Compilation, Storing.

एकत्र करना, जमा करना ।

संग्रहकृष्टि – *Saṁgraha Kṛṣṭi.*

A kind of gradual destruction of passions.

कृष्टियों के अनेक भेदों में एक भेद। क्रोधादि संज्वलन कषायों की जो 12,9,6 और 3 कृष्टियां होती हैं वे ही संग्रह कृष्टियां हैं। पुनः इस एक-एक संग्रह कृष्टि की अंतर कृष्टियां अनंत होती हैं। क्योंकि अनंत कृष्टियों के समूह का नाम ही संग्रह कृष्टि है। (क्षपणासार-21) ।

संग्रहनय – *Saṁgrahanaya.*

A standpoint related to collection of matters.

अभेद रूप से अर्थात् अपनी जाति का विरोध न करके जो

समस्त वस्तुओं को संग्रह करके कथन करता है ।

संघ – *Saṁgha.*
The group of Jaina saints.
रत्नत्रय से युक्त श्रमणों का समुदाय। ऋषि, मुनि, यति और अनगार के समुदाय का नाम संघ है ।

संघात – *Saṁghāta.*
Aggregate, Collection, A type of *Shrutgyan* (scriptural knowledge) related to wholesome increase of knowledge.
समूह, जमाव, श्रुतज्ञान के 20 भेदों में 7वां भेद; एक-एक पद के ऊपर एक-एक अक्षर की वृद्धि के क्रम से संख्यात हजार पदों के बढ़ जाने पर यह संघात श्रुतज्ञान होता है ।

संघात (नामकर्म) – *Saṁghāta (Nāmakarma).*
Physique making *Karmic* nature causing association of body molecules.
जिसके उदय से औदारिक आदि 5 शरीर योग्य परमाणु परस्पर छिद्र रहित मिल जावें ।

संघातन – *Saṁghātana.*
Association, Collection.
संचय, मिलना ।

संघातन कृति – *Saṁghātana Kṛti.*
Assimilation of molecules of body.
पांचों शरीरों में से विवक्षित शरीर के परमाणुओं का निर्जरा के बिना जो संचय होता है उसे संघातन कृति कहते हैं ।

संघातन-परिशातन कृति –
Saṁghātana-Pariśātana Kṛti.
Assimilation and dissociation of the molecules of body.
पांचों शरीरों में से विवक्षित शरीर के पुद्गल स्कंधों का आगमन और निर्जरा का एक साथ होना संघातन-परिशातन कृति कही जाती है ।

संघात समास ज्ञान – *Saṁghāta Samāsa Jñāna.*
The 8th division of Shrutgyan (scriptural knowledge) among all 20 divisions.
श्रुतज्ञान के 20 भेदों में 8वां भेद ।

संघातिम – *Saṁghātima.*
Artificial structures constructed with mixed materials.
काष्ठ, ईंट और पत्थर आदि की संघातन क्रिया से सिद्ध हुए कृत्रिम जिनभवन, गृह, प्राकार और स्तूप आदि द्रव्य संघातिम कहलाते हैं ।

संचया – *Saṁcayā.*
Name of a main city of *Mangalavati* region of eastern *Videh* (region).
पूर्व विदेहस्थ मंगलावती क्षेत्र की मुख्य नगरी ।

संचरण – *Saṁcaraṇa.*
Movement (of body particles etc.).
गमन, हलन-चलन, योग के कारण जीवप्रदेशों का परिस्पंदन होना ।

संचार – *Saṁcāra.*
Movement, Transmission.
घूमना, एक अक्ष या भंग को अनेक भंगों में क्रम से पलटना।

संचारगति – *Saṁcāragati.*
Speed transmission or movement.
गति के अनेक भेदों में एक ।

संचालन – *Saṁcālana.*
Conduction, Directing, Managing.
जिन जीव प्रदेशों का चलन-भ्रमण होता है ।

संचेतन – *Saṁcetana.*
Consciousness.
किसी के प्रति एकाग्र होकर ही अनुभवरूप स्वाद लेना उसका संचेतन कहलाता है ।

संचेतना – *Saṁcetanā.*
Absolute consciousness.
ज्ञानरूप शुद्ध आत्मा या ज्ञान चेतना ।

संजम – *Saṁjama.*
Restraints, Abstinence.
संयम ।

संजय – *Saṁjaya.*
Name of a super saint who called Lord Varddhaman by a new name 'Sanmati'.
एक चारण ऋद्धिधारी मुनि; इनके साथ विहार करने वाले द्वितीय चारणऋद्धिधारीमुनि का नाम विजय था। एक बार कुण्डलपुर के नंद्यावर्त महल में पालने में झूलते तीर्थंकर बालक वर्द्धमान के दर्शन मात्र से इन मुनियों का संदेह दूर हो गया था। प्रभावित होकर इन्होंने वर्द्धमान को 'सन्मति' नाम से संबोधित किया था ।

संजात – *Saṁjāta.*
Name of the 5th *Tirthankar* (Jaina Lord) of *Videh Kshetra* (region).
विदेह क्षेत्रस्थ 5 वें तीर्थंकर इनका चिन्ह सूर्य एवं जन्म नगरी अलकापुरी है ।

संज्ञ – *Saṁjña.*
Mind, mental power.
मन। जो भली प्रकार जानता है उसको संज्ञ अर्थात् मन कहते हैं ।

संज्ञा – *Saṁjñā.*
Instinctive consciousness, it is of four kinds—food, fear, sex, possessions.
आहार आदि विषयों की अभिलाषा को संज्ञा कहते हैं। इसके आहार, भय, मैथुन व परिग्रह 4 भेद हैं ।

संज्ञी – *Saṁjñī.*
Beings with consciousness.
पंचेन्द्रिय सैनी अर्थात् मन सहित पंचेन्द्रिय जीव; जो शिक्षा उपदेश आदि ग्रहण करते हैं ।

संज्ञी मार्गणा – *Saṁjñī Mārgaṇā.*
A type of investigation related to beings.

14 मार्गणाओं में एक मार्गणा; इसमें संज्ञी, असंज्ञी जीवों की खोज की जाती है ।

संज्वलन – *Saṁjvalana.*
A passion, which disturbs perfect conduct.
एक कषाय; जो यथाख्यात चारित्र का घात करती है ।

संज्वलन चतुष्क – *Saṁjvalana Catuṣka.*
The quartet of slights passions i.e. anger, proud, illusion, greed.
संज्वलन क्रोध मान माया लोभरूप चतुष्क जिसके सद्भाव में भी संयम ज्वलित अर्थात् चमकता रहता है अथवा समीचीन निर्मल यथाख्यात चारित्र का जो ज्वलन-दहन करता है ।

संततता – *Saṁtatatā.*
Continuance, Iteration, Tradition.
निरंतर, सतत, परम्परा ।

संतति - *Saṁtati.*
Continued succession, offspring, descendants, lineage.
परम्परा ।

संतलाल – *Saṁtalāla.*
Name of a Jain poet, the writer of 'Siddhachakra Vidhan'.
सिद्धचक्र विधान के कर्ता एक जैन कवि। समय-ई. श. 17-18।

संतान – *Saṁtāna.*
Offsprings, descendants, Name of the 50th planet.
गोत्र, कुल, वंश और संतान ये सब एकार्थवाचक नाम हैं, 88 ग्रहों में 50 वां ग्रह ।

संतिणाहचरिउ – *Saṁtiṇāhacariu.*
Name of a treatise written by Shubhkirti *Bhattarak.*
शुभकीर्ति भट्टारक (ई. 1437) कृत अपभ्रंश भाषाबद्ध ग्रंथ ।

संतोष – *Saṁtoṣa.*
Satisfaction, Contentment.
शांति, परितुष्टि। अर्थात् लोभ-तृष्णा का अभाव ।

संतोषतिलक जयमाल – *Saṁtoṣatilaka Jayamāla.*
A drama script written by Buchiraj.
संतोष द्वारा लोभ को जीतना विषयक अपभ्रंश भाषाबद्ध बूचिराज कृत एक रूपक ।

संतोष भावना – *Saṁtoṣa Bhāvanā.*
Attitude of equanimity or satisfaction.
मान अपमान में समता रखना, अशन पान आदि के यथायोग्य लाभ में समता रखना संतोष भावना है ।

संदिग्ध – *Saṁdigdha.*
Doubtful, suspicious, scrupulous.
भ्रामक, संदेहात्मक ।

संदिग्ध अन्न – *Saṁdigdha Anna.*
Doubtful edible material infected with bacteria or insects.
ऐसे खाद्य पदार्थ जिनमें त्रस जीवों के रहने का संदेह हो ।

संदृष्टि – *Saṁdṛṣṭi.*
Symbol, A chart related to any subjective description.
प्रतीक चिन्ह, किसी विषय वस्तु से संबंधित सारिणी ।

संदेह – *Saṁdeha.*
Doubt, Suspicion.
शंका। सम्यग्दृष्टि जीव स्वभावतः निर्भय होने से समस्त शंकाओं से रहित होता है ।

संधान – *Saṁdhāna.*
Pickles, Jam (non-edible according to Jain philosophy).
अचार व मुरब्बा। त्रस जीवों से संसिक्त होने से ये अभक्ष्य हैं।

संधानक – *Saṁdhānaka.*
See - *Saṁdhāna.*
देखें - संधान ।

संधि – *Saṁdhi.*
Alliance, union, Reconciliation, A treaty, Name of a planet, Joint of the body.
संयोग, आपस का मेल, एक राजा का दूसरे राजा के साथ विशिष्ट शर्तों पर मैत्री भाव स्थापित करना, 88 ग्रहों में 33वां ग्रह (अपरनाम शांति), औदारिक शरीर में 300 संधि हैं ।

संध्या – *Saṁdhyā.*
Evening, Joining period of night-morning, morning-afternoon & evening-night (i.e. dawn, mid-joining & dusk).
शाम। प्रातः, मध्यान्ह, सायंकाल के संधिकालों को संध्या कहते हैं। इन संधिकालों में वंदना एवं सामायिक की जाती है।

सन्यास आश्रम – *Sanyāsa Āśrama.*
The fourth stage of life, period of asceticism.
धर्म क्रियाओं के भेद से ब्रम्हचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ व सन्यास इन 4 आश्रमों में एक आश्रम ।

सन्यास मरण – *Sanyāsa Maraṇa.*
The holy death of an ascetic.
मुनि व्रत धारण कर पंडित मरण करना ।

संपराय – *Saṁparāya.*
Passionful influx.
संपराय कषाय व संसार को कहते हैं ।

संप्रति – *Saṁprati.*
Present time, Another name of king Chandragupt-II.
वर्तमान, मगधराज अशोक का पौत्र, अपरनाम चन्द्रगुप्त द्वितीय। समय - ई.पू. 220-211 ।

संप्रदान कारक – *Saṁpradāna Kāraka.*
The dative case in grammar.
षट्कारकों में चतुर्थ कारक; कर्म जिसको देने में आवे अर्थात् जिसके लिए करने में आवे। (के लिए, के अर्थ, के वास्ते) ।

संप्रदाय विरोध – *Saṁpradāya Virodha.*
Castewise mutual contradictions.
भिन्न-भिन्न जातियों में पारस्परिक विरोध ।

संबंध – *Saṁbaṁdha.*
Alliance, Relation, Connection.
संयोग, मिलाप, साहचर्य। जहां पर अभेद प्रधान और भेद गौण होता है वहां पर संबंध समझना चाहिए ।

संबंधाहार (सचित्त) – *Saṁbaṁdhāhāra (Sacitta).*
A kind of food; as cooked hot vegetable mixed with the raw one etc. It is non-edible according to Jaina philosophy.
सचित्त से चेतना द्रव्य लिया जाता है। इससे सम्बंध को प्राप्त हुआ द्रव्य सचित्त सम्बंधाहार है। व्रतियों के लिए ऐसा आहार त्याज्य है ।

संभव – *Saṁbhava.*
Possible, Probable, Name of a planet, A type of deities.
88 ग्रहों में 52 वां ग्रह। आकाशोपपन्न देवों के 12 भेदों में अंतिम भेद ।

संभवचरिउ – *Saṁbhavacariu.*
Name of a treatise written by poet Tejapal.
कवि तेजपाल द्वारा (ई. 1443) रचित यथानाम विषयक अपभ्रंश ग्रंथ ।

संभवदल कर्म – *Saṁbhavadala Karma.*
Cutting of wood.
लकड़ी के आवश्यकतानुसार भाग कर दिये जाना संभवदल कर्म है ।

संभवनाथ – *Saṁbhavanātha.*
Name of the 3rd *Tirthankar* (Jaina-Lord).
तीसरे तीर्थंकर। श्रावस्ती नगर के राजा दृढ़राज एवं रानी सुषेणा के पुत्र। इनकी आयु 60 लाख वर्ष पूर्व थी, ऊंचाई 400 धनुष (1600 हाथ), देहवर्ण-तप्तस्वर्ण सदृश, 14 वर्ष तपस्या के बाद केवलज्ञान प्राप्त हुआ। चारुषेण आदि इनके 105 गणधर थे। इनका चिन्ह घोड़ा है ।

संभावना सत्य – *Saṁbhāvanā Satya.*
Truth pertaining to probability or possibility.
वस्तु के स्वभाव को कहने वाला वचन या जैसी इच्छा रखे वैसा कर सके यह संभावना सत्य है। जैसे- इच्छा करे तो इन्द्र जम्बूद्वीप को पलट सकता है ।

संभाषण – *Saṁbhāṣaṇa.*
Conversation, Dialogue.
कथोपकथन, बातचीत ।

संभिन्नमति – *Saṁbhinnamati.*
Name of a minister or counsellor of king Mahabal (the 10th past birth soul of Lord Rishabhdev).
तीर्थंकर ऋषभदेव के 10वें पूर्वभव के जीव राजा महाबल का एक मंत्री। इसने राज्यसभा में नास्तिक मत की सिद्धि की थी अंत में मरकर निगोद में उत्पन्न हुआ ।

संभिन्नश्रोत ऋद्धि – *Saṁbhinnaśrotra Ṛddhi.*
A super power of replying at once the queries of all beings present in all 10 directions.
बुद्धि ऋद्धि के 18 भेदों में एक भेद; जिस ऋद्धि के प्रभाव से साधु श्रोत्र-इन्द्रिय के उत्कृष्ट क्षेत्र से बाहर दशों दिशाओं में संख्यात योजन प्रमाण क्षेत्र में स्थित मनुष्य और तिर्यंचों के बहुत प्रकार के शब्दों को सुनकर उनका एक साथ प्रत्युत्तर देने में समर्थ होता है ।

संभूत – *Saṁbhūta.*
Born from or originated from.
बनाया हुआ या उत्पन्न किया हुआ ।

संभ्रांत – *Saṁbhrāṁta.*
Confused, Agitated, Honoured, Respected, A dwelling place in the first land of hell.
उद्विग्न, भ्रमित, सम्माननीय, आदरणीय, पहली घर्मा नरक पृथिवी के 13 प्रस्तारों में छठे प्रस्तार का छठा इन्द्रक बिल।

संमिश्र – *Saṁmiśra.*
Mixed food; as cooked food mixed with raw one. It is non-edible accroding to Jaina philosophy
सचित्त या जीव सहित द्रव्य से मिश्रित द्रव्य अर्थात् आहार। भोगोपभोग परिमाण व्रत का एक अतिचार; सचित्त से मिली वस्तु को खाना ।

संमूर्च्छन – *Saṁmūrcchana.*
Spontaneous generation (formation of body organs or limbs by surrounding matter).
जो जीव स्त्री-पुरुष के संयोग के बिना ही वातावरण में बिखरे हुए परमाणुओं के योग से उत्पन्न होते हैं वे सम्मूर्छन कहलाते हैं। सभी प्रकार के पेड़-पौधे, शेष एक इन्द्रिय तथा दो इन्द्रियादि कीड़े-मकोड़े आदि ।

संमूर्च्छन जन्म – *Saṁmūrcchana Janma.*
Spontaneous birth (formation of body organs or limbs by surrounding matter).
जन्म के तीन भेदों में एक भेद; तीनों लोकों में सर्वत्र बिना माता-पिता के सम्बंध से सब ओर से पुद्गलों को ग्रहण करके जो शरीर की रचना हो जाती है उसे सम्मूर्छन जन्म कहते हैं। देखें-सम्मूर्छन ।

संमूर्च्छन मनुष्य – *Saṁmūrcchana Manuṣya.*
Human beings caused birth by spontaneous generation (not by womb).
वीर्य, नाक का मल, कफ, कान, दांतों का मल और अत्यंत अपवित्र अंगों में जो जीव तत्काल उत्पन्न होते हैं एवं जिनका शरीर अंगुल के असंख्यात भाग का रहता है और जन्म लेने के बाद ये शीघ्र नष्ट होते हैं ये लब्ध्यपर्याप्तक होते हैं ।

संमूर्च्छिम – *Saṁmūrcchima.*
Beings caused by spontaneous birth (not by womb or germination).
गर्भज और उपपादज जन्म वालों के अतिरिक्त शेष जीव ।

संमूर्च्छिम तिर्यंच – *Saṁmūrcchima Tiryaṁca.*
Animals & plants etc., those caused birth by spontaneous generation (not by womb).
गर्भ जन्म के अतिरिक्त संमूर्च्छिम जन्म से उत्पन्न होने वाले तिर्यंच ।

संमेदाचल महात्म्य – *Saṁmedācala Mahātmya.*
Name of a composition written by *Pandit* Manaranglal.
पंडित मनरंगलाल (ई. 1793-1843) द्वारा विरचित भाषा छंदबद्ध कृति ।

संमोह (देव) – *Saṁmoha (Deva).*
A type of peripatetic deities.
पिशाच जाति के व्यंतर देवों के 14 भेदों में एक भेद ।

संमोही भावना – *Saṁmohī Bhāvanā.*
Hypocratic mentality (deceitful intention).
5 कुत्सित भावनाओं में एक भावना इसका नाम कुटुम्ब मोहनी भी है ।

संयत – *Saṁyata.*
One with control & restraints, Another name of Digambar Jaina saint.
महाव्रती श्रमण संयत कहलाता है। संयत जीव छठे से चौदहवें गुणस्थान तक 9 गुणस्थानों में पाये जाते हैं। दिगम्बर मुनि का अपरनाम ।

संयतासंयत – *Saṁyatāsaṁyata.*
One having control and restraints with minor vows.
एकदेश रूप व्रतों के या अणुव्रत के धारक जीव। व्रती श्रावक, क्षुल्लक व ऐलक ये संयतासंयत कहलाते हैं ।

संयतिका - Saṁyatikā.
Synonym word for Aryika (Digambar Jain female ascetic).
आर्यिका का पर्यायवाची नाम ।

संयम – *Saṁyama.*
Abstinence, Restraints, Mortification.
व्रत समिति गुप्ति आदि रूप से प्रवर्तना अथवा विशुद्धात्मध्यान में प्रवर्तना संयम है। 5 इन्द्रिय और मन का वशीकरण तथा षट्काय के जीवों की रक्षा करना ।

संयमचरण चारित्र – *Saṁyamacaraṇa Cāritra.*
Restraintful pure conduct of saints.
चारित्र के 4 भेदों में एक भेद, सकल चारित्र। मुनियों के व्रत को सकल चारित्र कहते हैं ।

संयमभाव – *Saṁyamabhāva.*
Restraintful temperament.
उपशम भाव से धारण किये गये व्रतादि संयम भाव को प्राप्त हो जाते हैं ।

संयमरक्षा – *Saṁyama Rakṣā.*
Strictly observing of restraints by Jaina saints.
जैन साधु-संत द्वारा अपने संयम की रक्षा करना ।

संयमलब्धि – *Saṁyamalabdhi.*
Attainment of restraints (after destruction of passions).
क्षीण या अक्षीण अनंतानुबंधि कषायों का उदयाभावी क्षय होने पर तथा प्रत्याख्यानावरण कषायों का उदयाभावी क्षय या सदवस्था उपशम होने पर और संज्वलन तथा नोकषायों का उदय होने पर संयम लब्धि होती है ।

संयमलब्धि – स्थान – *Saṁyamalabdhi - Sthāna.*
The stage for the attainment of restraints.
जिस अवस्था विशेष में संयम लब्धि ठहरती है ।

संयमस्वरूप प्रतिमा – *Saṁyamasvarūpa Pratimā.*
The passionless saints just like an idol (without worldly attachments).
दर्शन ज्ञान प्राप्त करके शुद्ध है आचरण जिनका ऐसे वीतराग निर्ग्रंथ साधु संयमस्वरूप प्रतिमा हैं। इन्हें चेतन प्रतिमा भी जानना चाहिए ।

संयमासंयम – *Saṁyamāsaṁyama.*
A type of minor vow related to restraintful & non-restraintful violence. It is made by peacock-feathers which are turhed down naturally while davcing of peacock.
अणुव्रत; त्रस हिंसा से विरति तथा स्थावर हिंसा से अविरति ।

संयमोपकरण – *Saṁyamopakaraṇa.*
Restraint indicating article (Pichchhi) possessed by Digambar Jaina saint. It is made by peacock-feathers which are turned down naturally while dancing of peacock.
जैन साधु के योग्य संयम का पालन करने में सहायक पिच्छिका को संयमोपकरण कहते हैं। यह प्राकृतिकरूप से गिरे हुए मोर के पंखों से बनायी जाती है ।

संयोग – *Saṁyoga.*
Coincidence, Combination, joining together.
मेल-मिलाप ।

संयोगगति – *Saṁyogagati.*
Motion with support (like motion of chariot by elephant etc.).
मेघ, रथ, मूसल आदि की क्रमशः वायु, हाथी तथा हाथ के संयोग से होने वाली गति ।

संयोग द्रव्य – *Saṁyoga Dravya.*
Compound form of matter (a combination of two different matters).
अलग-अलग सत्ता रखने वाले द्रव्यों के मेल से जो पैदा हो जाये उसे संयोग द्रव्य कहते हैं ।

संयोगवाद – *Saṁyogavāda.*
A doctrine believing the accomplishment of everything by alliance of matters.
वस्तुओं के संयोग से ही सर्वकार्य की सिद्धि मानने वाला एकांत मत ।

संयोगसम्बन्ध – *Saṁyoga Sambandha.*
A synthetical relation.
पृथक् सिद्ध पदार्थों के मेल को संयोग संबंध कहते हैं ।

संयोगाक्षर – *Saṁyogākṣara.*
Combination of syllables i.e. formation of words.
अक्षरों के संयोग से बना शब्द ।

संयोगाधिकरण – *Saṁyogādhikaraṇa.*
A type of *Ajivadhikaran*-non- living substratum related to mixing of substances .
अजीवाधिकरण का एक भेद। इसके भी उपकरण संयोग और भक्तपान संयोग दो भेद हैं ।

संयोगी भाव – *Saṁyogī Bhāva.*
Passionful sentiments caused by synthetical relation with substances.
रागादि भाव जो पुद्गल के संयोग से उत्पन्न होते हैं ।

संयोजन – *Saṁyojana.*
The act of joining or mixing, A fault related to saint-food.
मिलाना, आहार सम्बन्धी एक दोष ।

संयोजना सत्य – *Saṁyojanā Satya.*
A type of truth misinterpretation of any similar subjects or objects.
सत्य वचन के 10 भेदों में एक भेद; चेतन- अचेतन द्रव्यों का विभाजन नहीं करने वाले वचन द्वारा चेतन पदार्थों की विवक्षा न कर केवल चक्र के आकार में रची हुई सेना को चक्रव्यूह कहना ।

संरंभ – *Saṁraṁbha.*
Resolution for some activity.
जीवाधिकरण का एक भेद; कार्य करने का संकल्प करना ।

संरक्षणानंद – *Saṁrakṣaṇānaṁda.*
To worry for prosperity.
रौद्रध्यान का एक भेद; धन के उपार्जन एवं संरक्षण आदि का चिंतन करना ।

संवत्सर– *Saṁvatsara.*
Subtitle of different eras.
जैनागम में मुख्यतः 4 संवतों का प्रयोग पाया जाता है; वीर निर्वाण संवत्, विक्रम संवत्, ईसवी संवत्, शक संवत् । वीर निर्वाण से विक्रम संवत् में 470 वर्ष, ईसवी सं. में 527 वर्ष एवं शक संवत् में 605 वर्ष का अंतर आता है। इसी प्रकार विक्रम संवत् से ईसवी संवत् में 57 वर्ष का अंतर आता है। इनके अतिरिक्त भी गुप्त संवत्, हिजरी संवत्, मघा संवत् आदि अन्य संवतों का भी व्यवहार होता है ।

संवर – *Saṁvara.*
Stoppage or cessation of Karmas.
कर्म आस्रव का निरोध संवर है ।

संवर्तक वायु – *Saṁvartaka Vāyu.*
Stormy air causing demolition of mountain etc. (at the time of catestrophe).
प्रलयकाल के समय पर्वत व शिलादि को चूर्ण कर देने वाली वायु, यह 7 दिन तक चलती है ।

संवाद – *Saṁvāda.*
Dialogue, Conversation.
बातचीत, वार्तालाप, सहमति ।

संवाह – *Saṁvāha.*
A type of township; prosperous place.
नगरों का एक प्रकार। जहां मस्तक तक ऊंचे-ऊंचे धान्य के ढेर लगे रहते हैं वह संवाह नगर कहलाता है। समुद्र की बेला से वेष्टित स्थान ।

संवाहन – *Saṁvāhava.*
Mountaineous dwelling place surrounded with forest.
बहुत प्रकार के अरण्यों से युक्त महापर्वत के शिखर पर स्थित नगर ।

संविद् – *Saṁvid.*
Knowledge obtained by right method, the perceptive knowledge.
जिससे यथार्थ रीति से वस्तु का ज्ञान हो उस ज्ञान को संविद् कहते हैं ।

संवित्ति – *Saṁvitti.*
Consciousness, Intuition.
ज्ञान, चेतना, अनुभव ।

संवृत्त – *Saṁvṛtta.*
Covered, Concealed, Hidden, A type of female genital organ.
जो ढका हुआ हो उसे संवृत्त कहते हैं। या ऐसा स्थान जो देखने में न आये, योनि का एक भेद ।

संवृत्त-विवृत्त – *Saṁvṛtta-Vivṛtta.*
A type of female genital organ with having some hidden & some opened portion.
योनि के 9 भेदों में एक भेद; जो योनि स्थान कुछ ढका हुआ और कुछ खुला हुआ हो ।

संवृति सत्य – *Saṁvṛti Satya.*
A type of true speech, denoting one prominent among many objects.
सत्य वचन के 10 भेदों में एक भेद। समुदाय को एक देश की मुख्यता से एक रूप कहना। जैसे-जहां अनेक वाद्यों का शब्द एक समूह में हो रहा है वहां भेरी आदि की मुख्यता से भेरी आदि का शब्द कहना ।

संवेग – *Saṁvega.*
Mental agitation, Instinct, To have fear with the sufferings of worldly life.
मन में उठने वाली भावना, अन्तःप्रेरणा, सम्यग्दर्शन के चार गुणों में से एक—संसार के दुःखों से नित्य डरते रहना अथवा पंचपरिवर्तन रूप संसार से भय उत्पन्न होना ।

संवेदन – *Saṁvedana.*
Experiencing, Feeling.
अनुभूति, ज्ञान ।

संवेदनी कथा – *Saṁvedanī Kathā.*
Tale creating religious sentiments.
पुण्य के फल का कथन करने वाली अर्थात् धर्मानुराग बढ़ाने वाली कथा ।

संव्यवहरण दोष – *Saṁvyavaharaṇa Doṣa.*
A fault related to saint food, careless activities in offering food to saint.
श्रावक के निमित्त से होने वाला जैन साधुओं के आहार का एक दोष। साधु को आहार देने के लिए बर्तन आदि को शीघ्रता से बिना देखे उठाना संव्यवहरण दोष है ।

संशय – *Saṁśaya.*
Doubt, Suspicion, Confusion.
वस्तु के विषय में विरुद्ध अनेक धर्मों में से किसी एक का निश्चय नहीं कर पाना और संदेह में पड़ जाना। जैसे- यह सीप है या चांदी है ऐसा संदेह होना ।

संशय मिथ्यात्व – *Saṁśaya Mithyātva.*
A doubtful state or confusion, a kind of wrong belief.
5 प्रकार के मिथ्यात्वों में एक मिथ्यात्व। मिथ्यात्व कर्म के उदय से तत्त्वों के स्वरूप में यह है या नहीं ऐसा संदेह होना। अथवा देव और धर्म के स्वरूप में यह ठीक है या नहीं ऐसा निर्णय नहीं होना ।

संशय मिथ्यादृष्टि – *Saṁśaya Mithyādṛṣṭi.*
One with unstable or wrong religious belief.
संशय मिथ्यात्व से सहित व्यक्ति ।

संशुद्ध - Saṁśuddha.
Spiritually pure saint after repentance & self-criticism.
आलोचना और प्रायश्चित्त से विशुद्ध ।

संश्लेष – *Saṁśleṣa.*
Act of synthesising or combining.
मिलना। स्निग्धत्व और रूक्षत्व गुण से अणु आदि का बंध होना ।

संश्लेष बंध – *Saṁśleṣa Baṁdha.*
Something combined or synthesised.
जो परस्पर संश्लेष को प्राप्त हुए काष्ठ और लाख का बंध होता है वह संश्लेष बंध है ।

संसक्त साधु – *Saṁsakta Sādhu.*
Saints involved in occupational or professional activities.
जो मंत्र, वैद्यक या ज्योतिष शास्त्र से अपनी जीविका करते हैं और राजा आदिकों की सेवा करते हैं वे संसक्त साधु हैं। ये सदोष साधु होते हैं ।

संसक्त द्रव्यसेवा – *Saṁsakta Dravyasevā.*
An activity of non-celibacy, using the used articles of a woman.
10 प्रकार के अब्रह्म में एक; स्त्री का स्पर्श अथवा उसकी शय्या आदि पदार्थों का सेवन करना ।

संसरण – *Saṁsaraṇa.*
Movement, Worldly wandering, birth & death cycle of beings.
गमन, संसार में जन्म मरण करने का नाम संसरण है ।

संसर्ग – *Saṁsarga.*
Contact, touch, association (cohabitation).
संगति, साथ होना। सज्जन या दुर्जनों के साथ किया जाने वाला मिलाप ।

संसार – *Saṁsāra.*
World, Worldly wandering through birth & death cycle.
कर्म के विपाक के वश से आत्मा को भवांतर की प्राप्ति होना संसार है (चारों गतियों में भ्रमण होना)।

संसारभीरु – *Saṁsārabhīru.*
One aware & frightened of worldly troubles. .
सम्यग्दृष्टि जीव जो संसार के दुःखों से भयभीत होकर वैराग्य को स्वीकार करते हैं ।

संसार विचय– *Saṁsāra Vicaya.*
Contemplation about the transformable nature of the matter, region, time, realm of the life and emotions.
द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव एवं भावरूप पंचपरावर्तन के स्वरूप का चिंतन करना ।

संसारानुप्रेक्षा – *Saṁsārānuprekṣā.*
Contemplation about the worldly troubles.
12 भावनाओं में एक भावना; संसार के स्वभाव एवं संसार परिभ्रमण का अर्थात् दुःखमय स्वरूप का चिंतन करना ।

संसारी – *Saṁsārī.*
Worldly beings.
आठों कर्मों से लिप्त जीव अर्थात् जिन्होंने स्व स्वभाव को प्राप्त नहीं किया है ।

संसारी जीव – *Saṁsārī Jīva.*
See - *Saṁsārī.*
देखें - संसारी ।

संसिद्धि – *Saṁsiddhi.*
Completion of any work.
किसी कार्य का निष्पन्न या पूर्ण होना। सिद्ध, साधित, आराधित और संसिद्धि शब्द एकार्थवाची हैं ।

संस्कार – *Saṁskāra.*
Meritorious & demeritorious instincts (inborn and self-developed), Sanctifying or purificatory rites.
जिनके आरोपण से द्रव्य की गुणवत्ता हीनाधिक अथवा शुभ-अशुभ रूप से प्रकट होती है। इन संस्कारों का संबंध जन्म जन्मांतरों से होता है, जैसे कमठ के जीव में वैर के संस्कार एवं पार्श्वनाथ भगवान के जीव में क्षमा के संस्कार 10 भव तक रहे हैं। गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा लिखित संस्कार पुस्तक में इस कथानक का मार्मिक चित्रण किया गया है ।

संस्कारमालारोपण – *Saṁskāra Mālāropaṇa.*
A particular kind of ritual procedure of attributing virtues to the idol of Jaina-Lord, to be observed by Saudharma Indra.
पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में केवलज्ञान कल्याणक के दिन प्रतिमा के ऊपर सौधर्म इन्द्र द्वारा की जाने वाली एक विशेष विधि, जिसमें प्रतिमा के ऊपर विविध संस्कारों का आरोपण किया जाता है ।

संस्तवक – *Saṁstavaka.*
The 2nd *Patal* (layer) of the 2nd hell.
दूसरे नरक का दूसरा पटल ।

संस्तर – *Saṁstara.*
Bed, Dry grass bed.
शय्या। दिगम्बर जैन साधुओं का संस्तर तृण, चटाई आदि का होता है ।

संस्तव – *Saṁstava.*
Eulogy, Praise.
स्तुति, प्रशंसा ।

संस्थान – *Saṁsthāna.*
The figure of beings etc., An institute.
आकृति को संस्थान कहते हैं (जीवों का गोल, त्रिकोण आदि आकार), संस्था ।

संस्थान नामकर्म प्रकृति – *Saṁsthāna Nāmakarma Prakṛti.*
Physique making *Karma* causing figure of the body.
जिस कर्म के उदय से 6 प्रकार के संस्थानों में से कोई एक रूप शरीर का आकार हो ।

संस्थान विचय – *Saṁsthāna Vicaya.*
A type of religious contemplation about different dimensions of *Teen Lok-* three worlds.
धर्मध्यान का चौथा भेद। तीन लोक के संस्थान प्रमाण, भेद आदि का चिंतन करना। इसके पिंडस्थ, पदस्थ, रूपस्थ और रूपातीत ये 4 भेद हैं ।

संहनन – *Saṁhanana.*
Strength of bodily structure or skeleton.
हड्डियों के संचय या दृढ़ता को संहनन कहते हैं ।

संहनन नामकर्म – *Saṁhanana Nāmakarma.*
Physique making *Karmaic* nature causing joints of bones in the body (of 6 kinds - strong, weak etc.).
जिस कर्म के उदय से हड्डियों का बंधन विशेष होता है। वज्रऋषभनाराच, वज्रनाराच, नाराच, अर्धनाराच, कीलक और असंप्राप्तसृपाटिका ये संहनन के 6 भेद हैं ।

संहार – *Saṁhāra.*
Drawing together or contraction of soul points, Destruction.
संकोच; जीव के प्रदेशों का शरीर के अनुसार संकुचित होना। नाश, ध्वंस ।

सकल – *Sakala.*
The whole, complete, entire, With body.
पूर्ण, सर्व, शरीर सहित ।

सकलकीर्ति – *Sakalakīrti.*
The disciple of saint Padmanandi-9 of *Nandi* group who was the writer of many great treatises.
नंदीसंघ बलात्कार गण की ईडर गद्दी पर यह पद्मनंदि नं. 9 के शिष्य तथा भुवनकीर्ति के गुरु थे। मूलाचार प्रदीप, प्रश्नोत्तर श्रावकाचार, तत्त्वार्थसार सुकुमाल-धन्यकुमार चरित्र आदि अनेक कृतियों के रचयिता। समय ई. 1422-1442 ।

सकल-जिन – *Sakala - Jina.*
The supreme one, destroyer of all 4 Karmas.
जो घातिया कर्मों का क्षय कर चुके हैं, ऐसे सशरीरी सकल परमात्मा अर्थात् अरिहंत भगवान ।

सकलचारित्र – *Sakalacāritra.*
Conduct devoid of all attachments & possessions.
समस्त प्रकार के परिग्रह से रहित होकर 5 महाव्रतों को धारण करना सकल चारित्र है, यह मुनियों के होता है ।

सकल त्याग – *Sakala Tyāga.*
Renunciation of all 5 specified kinds of sins.
हिंसा आदि 5 पापों का सर्वदेश त्याग अर्थात् महाव्रत को पालन करना ।

सकलदत्ति – *Sakaladatti.*
Entrusting all responsibilities and wealth to the descendant or heir.
दत्ति के 4 भेदों में एक भेद। अपने वंश की प्रतिष्ठा के लिए पुत्र को कुलपद्धति तथा धन के साथ अपना कुटुम्ब सौंपना सकलदत्ति कहलाता है ।

सकल परमात्मा – *Sakala Parmātmā.*
The supreme soul with body (devoid of all *Karmas*).
घातिया कर्मों से रहित परमौदारिक शरीर में स्थित अर्हन्त परमात्मा ।

सकल प्रत्यक्ष – *Sakala Pratyakṣa.*
The supreme knowledge or omniscience.
पारमार्थिक प्रत्यक्ष के दो भेदों में एक भेद; केवलज्ञान सकल प्रत्यक्ष है क्योंकि वह त्रिकाल विषयक समस्त पदार्थों को विषय करने वाला है ।

सकलभूषण – *Sakalabhūṣaṇa.*
Name of a *Bhattark* of *Nandi* group, the disciple of Shubhchandra.
नंदिसंघ बलात्कारगण शुभचन्द्र के शिष्य एक भट्टारक (वि. 1613-1630) उपदेश रत्नमाला कृति के लेखक ।

सकलादेश – *Sakalādeśa.*
Other name of Samyaggyan (right knowledge).
प्रमाण अर्थात् सम्यग्ज्ञान को सकलादेश कहते हैं ।

सकलेन्द्रिय – *Sakalendriya.*
All five sensed beings.
पंचेन्द्रिय जीव सकलेन्द्रिय कहलाता है अर्थात् जिसके पांचों इन्द्रिय है ।

सक्तनिभ – *Saktanibha.*
Name of a planet.
एक ग्रह का नाम ।

सक्रिय – *Sakriya.*
Active.
क्रियाशील या गतिशील, परिस्पंदन ।

सगर – *Sagara.*
Name of the 2nd *Chakravarti* (emperor), who was the main listener in the assembly of Lord Ajitnath.
द्वितीय चक्रवर्ती; तीर्थंकर अजितनाथ का मुख्य श्रोता ।

सचित्त – *Sacitta.*
Animate beings, conscious one.
जीव सहित पदार्थों को सचित्त कहते हैं ।

सचित्त त्याग प्रतिमा – *Sacitta Tyāga Pratimā.*
The 5th model stage of spiritual development of lay follower related to the renunciation of raw vegetation (without making pieces of it) etc.
श्रावक की 11 प्रतिमाओं में 5 वीं प्रतिमा; कच्चे फल-फूल, बीज, पत्ते, आदि नहीं खाना, इन्हें छिन्न-भिन्न करके, लवण आदि मिलाकर या गरम आदि करके प्रासुक बनाकर खाना, पानी भी प्रासुक करके पीना सचित्तत्याग प्रतिमा कहलाती है ।

सचित्त द्रव्य शल्य – *Sacitta Draya Śalya.*
A type of material sting; servants etc. animate objects.
द्रव्य शल्य के तीन भेदों में एक भेद; दास आदि सचित्त द्रव्य शल्य हैं ।

सचित्त निक्षेप – *Sacitta Nikṣepa.*
Food offering on green leaves, an infraction of vow of hospitality.
हरे पत्तों पर रखकर आहार देना; अतिथिसंविभाग व्रत का एक अतिचार ।

सचित्त नोकर्म द्रव्य बंधक – *Sacitta Nokarma Dravya Baṁdhaka.*
Those who fasten animals.
बंधक का एक भेद; जैसे हाथी बांधने वाले, घोड़े बांधने वाले इत्यादि ।

सचित्त पाहुड़ – *Sacitta Pāhuṛa.*
Animate gifts (pertaining to living objects).
निक्षेप रूप पाहुड़ का एक भेद; उपहार रूप से भेजे गये हाथी, घोड़ा और स्त्री आदि सचित्त पाहुड़ हैं ।

सचित्त पूजा – *Sacitta Pūjā.*
A type of worshipping of Lord Jinendra (in Samavasaran), *Acharya* (saints) etc.
द्रव्यपूजा के 3 भेदों में एक भेद; प्रत्यक्ष उपस्थित जिनेन्द्र भगवान (समवसरण में) और गुरु आदि का यथायोग्य पूजन करना सचित्त पूजा है ।

सचित्त भाव – *Sacitta Bhāva.*
Animate beings.
निक्षेप रूप भाव का एक भेद। जीव द्रव्य सचित्त भाव है बाकी 5 द्रव्य अचित्त भाव हैं ।

सचित्त योनि – *Sacitta Yoni.*
Female genital organ.
गुण योनि के 9 भेदों में एक भेद; जीव की उत्पत्ति का सचित्त स्थान ।

सचित्त वर्गणा – *Sacitta Vargaṇā.*
A type of aggregate of *Karmic* molecules.
23 वर्गणाओं में एक वर्गणा। 5 शरीर के योग्य वर्गणायें ।

सचित्त संबंध आहार – *Sacitta Saṁbaṁdha Āhāra.*
Taking food mixed with other food articles having life.
भोगोपभोगपरिमाण व्रत का एक अतिचार; सचित्त वस्तुओं से सम्बन्ध रखने वाले आहारपान का सेवन करना ।

सचित्ताचित्त योनि – *Sacittācitta Yoni.*
A type of female genital organ.
गुण योनि के 9 भेदों में एक भेद; जीव की उत्पत्ति का सचित्त-अचित्त अर्थात् मिश्र रूप स्थान ।

सचित्तापिधान – *Sacittāpidhāna.*
Covering food with leaf etc. (objects having life), an infraction of vow of hospitality.
सचित्त वस्तुओं अर्थात् पत्ते आदि से आहार ढांकना; अतिथि-संविभाग व्रत का एक अतिचार ।

सचेलता – *Sacelatā.*
To be clothed or covered with cloth.
वस्त्र सहित होना अर्थात् सावरण होना ।

सज्जन – *Sajjana.*
A noble person.
संस्कारित कुलीन पुरुष ।

सज्जनचित्तवल्लभ – *Sajjanacittavallabha.*
Name of a treatise written by *Acharya* Mallishen.
आचार्य मल्लिषेण (ई.1047) द्वारा रचित अध्यात्म उपदेश रूप संस्कृत छंदबद्ध ग्रंथ। इसमें 25 श्लोक हैं ।

सज्जाति – *Sajjāti.*
The first of the supreme 7 stages-Birth with the purity of paternal & maternal sides.
सप्त परम स्थानों में प्रथम स्थान; पितृ पक्ष अर्थात् कुल एवं मातृ पक्ष अर्थात् जाति की शुद्धि सज्जाति है। प्राचीन आगम परम्परानुसार सज्जाति में जन्म लेने वाले श्रावक ही दीक्षा लेने के अधिकारी होते हैं ।

सतालक – *Satālaka.*
A type of peripatetic deities.

पिशाच जाति व्यंतरों के 14 भेदों में एक भेद ।

सत् – *Sat.*
Truth, Reality, Existence, Essence.
पदार्थों का स्वतः सिद्ध अस्तित्व। या उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य से युक्त द्रव्य। सत्ता, सत्त्व, सामान्य, द्रव्य, वस्तु, अर्थ, विधि, सत् ये सर्व एकार्थवाची शब्द हैं ।

सत्कथा – *Satkathā.*
Religious tale.
जिसमें धर्म का विशेष निरुपण होता है उसे सत्कथा कहते हैं ।

सत्कर्म – *Satkarma.*
Good deeds, A composition composed by *Acharya* Virsen on Shatkhandagam treatise.
अच्छे कर्म, आचार्य वीरसेन (ई. 770-827) द्वारा रचित प्राकृत षट्खण्डागम का अतिरिक्त अधिकार ।

सत्कर्म पंजिका – *Satkarma Pañjikā.*
Name of a Sanskrit composition.
ई. सन् 827 के पश्चात् लिखा गया संस्कृत भाषाबद्ध ग्रंथ। इसके लेखक अज्ञात हैं ।

सत्कार – *Satkāra.*
Respect, Reverence, Honour, Reception.
आदर, सम्मान, विनय, पूजा-प्रशंसा ।

सत्कार पुरस्कार परिषह –
Satkāra Puraskāra Pariṣaha.
Affliction of dishonour to a saint.
22 परिषहों में एक परिषह। सत्कार का अर्थ पूजा-प्रशंसा है तथा पुरस्कार का अर्थ निमंत्रण है। चिरकाल से दीक्षित होते हुए भी आदर-सत्कार, प्रशंसा, आमंत्रण आदि न मिलने पर जो साधु मन को कलुषित नहीं होने देता और समतापूर्वक अनादर को सहन करता है। उसके यह परिषहजय होता है ।

सत्कीर्ति – *Satkīrti.*
Good fame or reputation.
सुयश ।

सत्क्रिया – *Satkriyā.*
Right observances, Virtuous activities.
शुभ परिणाम रूप कार्य ।

सत्ता – *Sattā.*
See - *Sat.*
देखें - सत् । अस्तित्व को सत्ता कहते हैं ।

सत्ता-गौण उत्पाद-व्यय ग्राहक नय –
Sattā-Gauṇa Utpāda-Vyaya Grāhaka Naya.
A standpoint emphasizing the property of production & destruction of matters rather than their permanence.
पदार्थ में विद्यमान गुणों की अपेक्षा को मुख्य न करके उत्पाद व्यय ध्रौव्य के आधीनपने रूप से द्रव्य को विनाश व उत्पत्ति स्वरूप माननेवाला सत्तानिरपेक्ष या सत्ता-गौण उत्पाद व्यय ग्राहक नय है ।

सत्ता ग्राहक शुद्ध द्रव्यार्थिक नय –
Sattā Grāhaka Śuddha Dravyārthika Naya.
A standpoint emphasizing to the existence of matters.
जो नय उत्पाद और व्यय को गौण करके मुख्य रूप से केवल सत्ता को ग्रहण करता है ।

सत्परिणाम – *Satpariṇāma.*
Auspicious temperaments or involvement.
द्रव्य का परिणमन । शुभ उपयोग रूप जीव का परिणाम अर्थात् भाव ।

सत्पात्र – *Satpātra.*
Reverential persons (perfect to get donation).
जिनको दान दिया जाता है, ऐसे सत्पात्र, कुपात्र, अपात्र रूप तीन पात्रों में से एक। सत्पात्र के तीन भेद हैं-1. उत्तम सत्पात्र-नग्न दिगम्बर साधु, 2. मध्यम सत्पात्र-आर्यिका, क्षुल्लक, ऐलक तथा प्रतिमाधारी श्रावक, 3. जघन्य सत्पात्र-व्रत रहित सम्यग्दृष्टि श्रावक ।

सत्पुरुष – *Satpuruṣa.*
Noble persons, A type of peripatetic deities.
महापुरुष, किम्पुरुष जाति के व्यंतर देवों के 10 भेदों में एक भेद ।

सत्प्रतिषेध – *Satpratiṣedha.*
A type of false speech, to deny the existence of something existing.
अस्तित्व रूप पदार्थ का निषेध करना। यह असत्य वचन का एक भेद है ।

सत्य – *Satya.*
Truth, Real, Genuine, Pure.
विद्यमान या अविद्यमान वस्तु का निरूपण करने वाला प्राणी हितैषी वचन, ये वचन 10 प्रकार के होते हैं। उत्तम क्षमादि 10 धर्मों में एक धर्म ।

सत्य अणुव्रत – *Satya Aṇuvrata.*
Vow of right & true speech.
हित मित प्रिय वचन, सब जीवों को संतोषकारक वचन या धर्म का प्रकाशन करने वाले वचन ।

सत्यकिपुत्र – *Satyakiputra.*
Name of the 11th *Rudra.*
वर्तमान कालीन 11 वां रूद्र ।

सत्यदत्त – *Satyadatta.*
One of the 32 principles of modesty or courtesy, Name of the main listener in the assembly of Lord Dharmnath.
एक विनयवादी, विनयवादियों के 32 भेदों में एक भेद, तीर्थंकर धर्मनाथ का मुख्य श्रोता या प्रश्नकर्ता ।

सत्यदेव – *Satyadeva.*
Name of the 39th chief disciple of Lord Rishabhdev.
भगवान ऋषभदेव के 39 वें गणधर ।

सत्यधर्म – *Satyadharma.*
One of the 10 particular religious observances-to speak truly.
दशलक्षण धर्मों में एक धर्म। जो मुनि दूसरे को क्लेश पहुंचाने वाले वचनों को छोड़कर अपने और दूसरे का हित करने वाले वचन कहता है उसके सत्यधर्म होता है। अथवा सज्जन पुरुषों के साथ श्रेष्ठ वचन बोलना सत्यधर्म है ।

सत्यप्रवाद – *Satyapravāda.*
A part of early canons (the 6th part of *Purvagat Shrut*) containing description of 12 types of languages & 10 types of speeches.
पूर्वगत श्रुत का छठवां भेद। इसमें एक करोड़ पद हैं, जिसमें 12 प्रकार की भाषाएँ तथा 10 प्रकार के वचनों का कथन किया गया है ।

सत्यभामा – *Satyabhāmā.*
The daughter of *Vidyadhar* king Suketu, she was married to Shrikrishna.
विद्याधर राजा सुकेतु एवं रानी स्वयंप्रभा की पुत्री। इसका विवाह श्रीकृष्ण से हुआ, सुभानु इसका पुत्र था। अंत में दीक्षा धारण की ।

सत्यमनोयोग – *Satyamanoyoga.*
Vibration in soul points for having right knowledge.
मनोयोग के 4 भेदों में एक भेद। यथार्थ पदार्थों के ज्ञान उत्पन्न करने की शक्ति लिये भाव मन की चेष्टा रूप योग से आत्मप्रदेशों का सकम्प होना सत्य मनोयोग है ।

सत्यमित्र – *Satyamitra.*
Name of the 41st chief disciple of Lord Rishabhdev.
भगवान ऋषभदेव के 41 वें गणधर ।

सत्यवचन योग – *Satyavacana Yoga.*
Vibration in soul points caused by true speech.
सत्यवचन के 4 भेदों में एक भेद। सत्यवचन की प्रवृत्ति से आत्मा के प्रदेशों का सकम्प होना ।

सत्य महाव्रत – *Satya Mahāvrata.*
Great vow of true speech (right speaking according to texts).
राग द्वेष या मोह से प्रेरित जैन साधुओं द्वारा सब प्रकार के झूठ वचनों का त्याग करना और आगम के अनुरूप बोलना सत्य महाव्रत है ।

सत्यशासनपरीक्षा – *Satyaśāsanaparīkṣā.*
Name of a treatise written by *Acharya* Vidyanandi.
आचार्य विद्यानंदि (ई. 775-840) द्वारा रचित संस्कृत भाषा बद्ध न्यायविषयक ग्रन्थ। इसमें न्याय पूर्वक जिनशासन की स्थापना की गयी है ।

सत्त्व – Sattva.
Earth, water, fire & air are called Sattva.
पृथ्वी, जल,अग्नि, वायु इन चार को सत्त्व कहते हैं ।

सत्त्व – *Sattva.*
Existence, Essence, Vital energy.
इसका सामान्य अर्थ अस्तित्व है। पर आगम में इसका प्रयोग जीवों में यथायोग्य कर्म प्रकृतियों के अस्तित्व में किया जाता है। कर्म बंधने के बाद जब तक उदय में आकर विवक्षित कर्म के निषेक पूर्णरूपेण झड़ नहीं जाते तब तक उस कर्म की सत्ता कही जाती है ।

सत्त्व त्रिभंगी – *Sattva Tribhaṁgī.*
Name of a treatise written by *Acharya* Kanaknandi.
आचार्य कनकनंदि (ई.339) कृत 50 गाथा प्रमाण कर्म विषयक ग्रंथ ।

सत्वापसरण – *Satvāpasaraṇa.*
Regression of *Karmic* nature.
कर्म प्रकृतियों का सत्ता में घटना या अपसरण होना ।

सत्संगति – *Satsaṁgati.*
Company of noble persons.
सज्जन पुरुषों की संगति। मनुष्य सज्जन के सहवास से सज्जन एवं दुर्जन के सहवास से दुष्ट बनता है ।

सदर चउक – *Sadara Cauka.*
Quartet of particular 4 types of *Karmic* nature (*Tiryanch Gati, Tiryanchgatyanupurvi, Tiryanch Ayu, Udyot*).
तिर्यंचगति, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, तिर्यंचायु और उद्योत इन 4 कर्म प्रकृतियों को सदर चउक कहते हैं ।

सदवस्था रूप उपशम –
Sadavasthā Rūpa Upaśama.
Karmas to be matured in future.
वर्तमान काल को छोड़कर आगामी काल में उदय में आने वाले कर्मों का सत्ता में रहना ।

सदार्चन – *Sadārcana.*
Regular worshipping.
पूजा के 4 भेदों में एक भेद। अपरनाम नित्यमह है, प्रतिदिन की जाने वाली पूजन ।

सदासुखदास – *Sadāsukhadāsa.*
Name of a writer (a *Pandit*) who has written commentary of many great Jaina books.
जयपुर निवासी एक पंडित। भगवती आराधना की भाषा वचनिका, समयसार नाटक टीका, तत्त्वार्थ सूत्र की लघु टीका, रत्नकरण्ड श्रावकाचार की टीका, अकलंक स्तोत्र, मृत्यु महोत्सव संस्कृत टीका आदि के कर्ता। समय- 1795-1866 ।

सदृश – *Sadṛśa.*
Similar, The same, One of the 88 planets.
समान, एक जाति के, 88 ग्रहों में 32 वां ग्रह ।

सदृश उत्पाद – *Sadṛśa Utpāda.*
Unchangeable properties of any matter (even in any kind of production).
जैसे परिणमन करती हुई अग्नि उष्ण की उष्ण ही रहती है यह सदृश उत्पाद है। और आम का फल हरितवर्ण से पीतवर्ण रूप

हो जाता है यह असदृश उत्पाद है। अथवा जीव का ज्ञानरूप परिणाम परिणमन करता हुआ प्रतिसमय ज्ञानरूप ही रहता है यही ज्ञानत्वरूप जाति का उल्लंघन नहीं करने से सदृश्य का उदाहरण है ।

सदृश एकत्व उपचार – *Sadṛśa Ekatva Upacāra.*

A type of conventional or figurative usage of sameness for the matters having similarities.

एक प्रकार का उपचार। यह भी गौ है वह भी गौ थी। यहां धर्म में एकत्व के कारण धर्मियों में एकत्व का उपचार किया है ।

सदृश तद् उपचार – *Sadṛśa Tad Upacāra.*

A type of wrong interpretation for one or addressing one wrongly (a type of conventional or figurative usage).

तद्वान में तत् का उपचार। गाड़ी वाले पुरुष को गाड़ी कहना या लाठी वाले पुरुष को लाठिया कहना ।

सद्गृहित्व क्रिया – *Sadgṛhitva Kriyā.*

A type of auspicious activity, performing religious observances for spirituality.

कर्त्रन्वयादि 7 क्रियाओं में एक क्रिया। सज्जातिपरम स्थान को प्राप्त करने के पश्चात् सद्गृहस्थ रूप द्वितीय परम स्थान की प्राप्ति हेतु गृहस्थ का देव पूजा आदि छः कर्मों का करना, सत्य, शौच, शांति, दम आदि गुणों से युक्त होना तथा न्यायमार्ग से अपने आत्मा के गुणों का उत्कर्ष प्रगट करना ।

सद्धर्म कथा – *Saddharma Kathā.*

Religious tales for moral & spiritual development.

जिससे जीवों को स्वर्गादि अभ्युदय तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है, वास्तव में वही धर्म कहलाता है। उससे सम्बन्ध रखने वाली जो कथा है उसे सद्धर्म कथा कहते हैं ।

सद्धर्माविसंवाद – *Saddharmāvisaṁvāda.*

Not keeping harmony with fellow brothers.

साधर्मी भाइयों से लड़ाई झगड़ा; ऐसा नहीं करना अचौर्य व्रत की 5 भावनाओं में अंतिम भावना है ।

सद्भाव – *Sadbhāva.*

Good or virtuous disposition or good feelings.

अच्छा भाव, मैत्री, मेलजोल ।

सद्भाव स्थापना – *Sadbhāva Sthāpanā.*

Installing right imagination of something in an artificial form.

तदाकार स्थापना, जिसका जैसा आकार अथवा रूप हो वैसा ही उसकी मूर्ति में संकल्प अथवा संकल्पना करना ।

सद्भूत व्यवहार नय – *Sadbhūta Vyavahāra Naya.*

A standpoint describing something with differentiation in virtues and virtuous one.

गुण और गुणी में भेद करके कथन करने वाला सद्भूत व्यवहार नय है ।

सद्म – *Sadma.*

House, palace, home.

भवन, मकान ।

सद्यजात – *Sadyajāta.*

Immediately produced or prepared.

तत्काल उत्पन्न ।

सद्रूप – *Sadrūpa.*

Property of sameness or similarity.

वस्तु में पाये जाने वाले अनेक धर्मों में एक धर्म-सदृशधर्म ।

सद्वेद्य – *Sadvedya.*

Karmas causing pleasure.

साता वेदनीय कर्म ।

सनक – *Sanaka.*

Craze, A whim, eccentricity, Name of a *Sankhya* thinker.

उन्माद, किसी बात की धुन, एक सांख्य विचारक ।

सनत्कुमार चक्रवर्ती – *Sanatkumāra Cakravartī.*

Name of the 4th *Chakravarti* (emperor) among all 12.

12 चक्रवर्तियों में चौथे चक्रवर्ती। राजा अनंतवीर्य रानी सहदेवी का पुत्र, आयु तीन लाख वर्ष की थी, शिवगुप्त मुनि से दीक्षा ले इन्होंने मोक्ष प्राप्त किया ।

सनत्कुमार देव – *Sanatkumāra Deva.*

Name of the Indra of third heaven (Sanatkumar).

तीसरे सनत्कुमार स्वर्ग के इन्द्र ये भगवान के जन्मकल्याणक में माहेन्द्र इन्द्र के साथ चंवर ढुराते हैं ।

सनातन – *Sanātana.*

A *Sankhya* thinker, Immemorial or eternal.

एक सांख्य विचारक, प्राचीन काल से चला आता हुआ क्रम।

सन्नासन्न – *Sannāsanna.*

A unit of area measurement.

क्षेत्र का एक प्रमाण विशेष, 8 अवसन्नासन्न =1 सन्नासन्न ।

सन्निकर्ष – *Sannikarṣa.*

Drawing near, close together, Another name of Dvadshang Shrutgyan (12 parts of scriptural knowledge).

इन्द्रिय का विषय से संबंध, समीप लाना-सामीप्य, प्रवचन सन्निकर्ष, श्रुतज्ञान का अपरनाम। जिसमें वचन सन्निकृष्ट होते हैं, वह प्रवचन सन्निकर्ष रूप से प्रसिद्ध द्वादशांग श्रुतज्ञान है। जघन्य व उत्कृष्ट भेद रूप द्रव्य, क्षेत्र, काल एवं भावों में से किसी एक को विवक्षित करके उसमें शेष पद क्या उत्कृष्ट है, क्या अनुत्कृष्ट है, क्या जघन्य है और क्या अजघन्य है, इस प्रकार की जो परीक्षा की जाती है वह सन्निकर्ष है ।

सन्निधिकरण – *Sannidhikaraṇa.*

Drawing near, visionary installation of Lord in heart while worshipping.

सम्मुख या निकट होना सन्निधिकरण है। पूजा करते समय उपास्य को अपने हृदय में बिठाना सन्निधिकरण कहलाता है। पूजा के 5 अंगों में तीसरा अंग ।

सन्निपातिक भाव – *Sannipātika Bhāva.*

Assembling, collection, combining (reg. temperaments).

मिलना, सम्मिश्रण, विविध संचय। एक ही गुणस्थान या जीवसमास में जो बहुत से भाव आकर एकत्रित होते हैं, उन भावों की सन्निपातिक संज्ञा है ।

सन्निवेश – *Sanniveśa.*

Assembling, sitting together, Assembling place.

एकत्व होना, एक साथ बैठना, स्थान, देश के स्वामी के रहने के स्थान का नाम सन्निवेश है ।

सन्मति – *Sanmati.*

The other name of Lord Mahavira, Name of the 2nd *Kulkar* (ethical founder).

भगवान महावीर का अपरनाम, यह नाम पालने में झूलते बालक वर्द्धमान को देखकर संजय और विजय नामक चारण ऋद्धिधारियों ने अपना संदेह दूर होने पर रखा था। प्रतिश्रुति कुलकर का पुत्र दूसरा कुलकर। इन्होंने प्रजा को ज्योतिष विद्या की मूल बातें बतायीं थी ।

सन्मतिकीर्ति – *Sanmatikīrti.*

Name of a *Bhattarak* of *Nandi* group.

सुमतिकीर्ति, नंदि संघ बलात्कारगण ईडर गद्दी के भट्टारक का अपरनाम ।

सन्मतिसागर (आचार्य) – *Sanmatisāgara (Ācārya).*

Name of the chief disciple of Acharya Mahavirkirti of Anklikar tradition.

आचार्य श्री आदिसागर अंकलीकर की परम्परा में हुए आचार्य श्री महावीरकीर्ति महाराज जी के पट्टाचार्य (समय-ई.20वीं शताब्दी) ।

सपर्या – *Saparyā.*

Ritual activity.

याग, यज्ञ, पूजा, सपर्या, इज्या, क्रतु, अध्वर, मख, मह यह सब पूजा के पर्यायवाची नाम हैं ।

सपादलक्ष – *Sapādalakṣa.*

Name of a country where *Pandit* Ashadhar was born at Mandalgarh city.

एक देश जिसके माण्डलगढ़ नगर में पं. आशाधर जी का जन्म (वि. सं. 1230 में) हुआ था ।

सप्त ऋषि – *Sapta Ṛṣi.*

Group of 7 particular saints, who were real brothers.

चारण ऋद्धिधारी 7 विशेष मुनि- सुरमन्यु, श्रीमन्यु, श्रीनिचय, सर्वसुन्दर, जयवान् , विनयलालस और जयमित्र। उत्तम तप के कारण सातों भाई सप्त ऋषि कहलाये। इनके प्रभाव से मथुरा नगरी में चमरेन्द्र यक्ष द्वारा प्रसारित महामारी रोग नष्ट हुआ था।

सप्त ऋषि पूजा – *Sapta Ṛṣi Pūjā.*

A reverential worshipping book written by Manaranglal.

मनरंगलाल (ई. सं. 1850-1890) द्वारा रचित पूजा ।

सप्तकरण – *Saptakaraṇa.*

Seven types of *Karan* (conducts, disposition, operations).

सात करण- अधःकरण, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, क्रमकरण, अन्तरकरण, देशघातीकरण, आयुक्तकरण ।

सप्तकुम्भ – *Saptakumbha.*

A particular procedural vow (fasting).

एक व्रत । इसमें उत्तम विधि में 496, मध्यम विधि में 153 एवं जघन्य विधि में 45 उपवास विधिपूर्वक किये जाते हैं तथा तीनों विधियों में णमोकार मंत्र का त्रिकाल जाप किया जाता है।

सप्तक्षेत्र – *Saptakṣetra.*

Seven regions of *Jambudvip* (island) - *Bharat, Haimvat, Hari, Videh, Ramyak, Hairanyavat* & *Eravat Kshetra.*

जम्बूद्वीप के भरत, हैमवत, हरि, विदेह, रम्यक्, हैरण्यवत एवं ऐरावत क्षेत्र ।

सप्तच्छद – *Saptacchada.*

Name of the initiation & omniscience tree of Lord Ajitnath & Dharmanath.

7 पत्रों के स्तंबकों से युक्त एक वृक्ष, सप्तपर्ण का अपरनाम। तीर्थंकर अजितनाथ एवं धर्मनाथ ने इसी वृक्ष के नीचे दीक्षा ली थी और केवलज्ञान प्राप्त किया था ।

सप्त तत्त्व – *Sapta Tattva.*

Seven universal entities (*Jiva, Ajiva, Asrava, Bandh, Samvar, Nirjara* & *Moksh*).

जीव, अजीव, आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा और मोक्ष ये सात तत्त्व हैं ।

सप्तद्वीपिक भूगोल – *Saptadvīpika Bhūgola.*

Geography of seven particular islands on the earth which are interrelated to one another (according to Vedic geography).

वैदिक भूगोल जिसके अनुसार पृथिवी पर जम्बू, प्लक्ष, शाल्मल, कुश, क्रौंच, शाक और पुष्कर ये 7 द्वीप हैं तथा लवणोद, इक्षुरस, सुरोद, सर्पिस्सलिल, दधितोय, क्षीरोध और स्वादुसलिल ये 7 समुद्र जो चूड़ी के आकार रूप से एक दूसरे को वेष्टित करके स्थित हैं ।

सप्त नय – *Sapta Naya.*

Seven kinds of standpoints.

नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ़ व एवंभूत। इन सात नयों में प्रारंभिक तीन द्रव्यार्थिक नय तथा अंतिम चार पर्यायार्थिक नय कहलाते हैं ।

सप्त पदार्थ – *Sapta Padārtha.*

See - *Sapta Tattva.*

सप्त तत्त्व ही सात पदार्थ कहलाते हैं। देखें-सप्त तत्त्व ।

सप्तपरमस्थान – *Sapta Parama Sthāna.*

Seven super stages in three Loks (worlds), A type of vow (fasting).

तीन लोकों में मान्य सात उत्कृष्ट स्थान; सज्जाति, सद्गृहस्थ, पारिव्राज्य, सुरेन्द्रता, साम्राज्य, परमार्हन्त्य और परम निर्वाण।

एक व्रत जो श्रावण शु. एकम से सप्तमी तक लगातार सात वर्षों तक किया जाता है ।

सप्तपर्ण – *Saptaparṇa.*

See - Saptacchada.
देखें - सप्तच्छद ।

सप्तभंगी – *Saptabhaṁgī.*

The theory of seven fold predication consisting in various way of affirmation and negation regarding any substance.
प्रश्न के अनुसार एक ही वस्तु में जो बिना किसी विरोध के सत् असत् आदि धर्मों का कथन किया जाता है। उसे सप्तभंगी कहते हैं। इसी का दूसरा नाम स्याद्वाद शैली है ।

सप्तभंगी तरंगिणी – *Saptabhaṁgī Taraṁgiṇī.*

Name of a treatise written by Vimaldas on Nyaya philosophy.
विमलदास (श्रावक) (ई.श. 14-15) कृत संस्कृत भाषा का न्याय विषयक ग्रंथ ।

सप्त भय – *Sapta Bhaya.*

Seven particular kinds of fear.
इह लोक भय, परलोक भय, वेदना भय, मरण भय, अरक्षा भय, अगुप्ति भय, अकस्मात् भय। ये सात भय हैं जो सम्यग्दृष्टि को नहीं होते हैं ।

सप्तविंशति – *Saptaviṁśati.*

Twenty seven.
27 ।

सप्तविध संसार – Saptavidha Saṁsāra.

Seven modes of involvement of beings in the wordly cycle.
एकेन्द्रिय जीव के सूक्ष्म बादर, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पंचेन्द्रिय के संज्ञी और असंज्ञी ये संसारी जीव के सात भेद हैं, इनमें भ्रमण करना ही सात प्रकार का संसार है ।

सप्तव्यसन कथा – *Saptavyasana Kathā.*

Name of a book written by Somkirti.
सोमकीर्ति (ई. 1461-1483) द्वारा रचित एक ग्रंथ ।

सप्तव्यसन चारित्र – *Saptavyasana Cāritra.*

Name of a book written by *Pandit* Manranglal.
पंडित मनरंगलाल (ई. 1850-1890) द्वारा रचित भाषा छंदबद्ध कथा ।

सप्तांक – *Saptāṁka.*

Infinite multiplicative increase.
असंख्यात गुणवृद्धि की सप्तांक संज्ञा है ।

सप्रतिपक्षी – *Sapratipakṣī.*

Something with opposite property or nature.
विरोधी धर्म, सत् सदा अपने प्रतिपक्षी की अपेक्षा रखता है ।

सप्रतिपक्षी प्रकृति – *Sapratipakṣī Prakṛti.*

Karmic nature with their opposite nature.
जिन कर्म प्रकृतियों की प्रतिपक्षी कर्म प्रकृति मौजूद हो- साता वेदनीय, असाता वेदनीय, तीनों वेद, हास्यादि चार, एकेन्द्रियादि 5 जातियां, 6 संस्थान, 6 संहनन, 4 आनुपूर्वी, 4 गति, औदारिक-वैक्रियिक दो शरीर तथा दोनों के दो अंगोपांग, दो गोत्र, त्रसादि 10 युगल और दो विहायोगति ये 62 सप्रतिपक्ष अध्रुवबंधी प्रकृतियां हैं ।

सप्रदेशी द्रव्य – *Sapradeśī Dravya.*

Matters (5 dravyas except kal (time) Dravya) occupying space points.
कालद्रव्य को छोड़कर शेष 5 द्रव्य सप्रदेशी हैं। कालद्रव्य अप्रदेशी है, क्योंकि वह प्रदेशों के बंध या समूह से रहित है। अर्थात् कालद्रव्य के कालाणु भिन्न-भिन्न ही रहते हैं ।

सभाभवन – *Sabhābhavana.*

Assembly hall, Auditorium.
कक्ष जिसमें सभा आयोजित की जाती है, व्यंतर आदि देवों के चैत्यालयों में सभा मण्डप ।

सभामण्डप – *Sabhāmaṇḍapa.*

Assembly hall, Auditorium.
देखें - सभाभवन ।

समंतभद्र – *Samaṁtabhadra.*

Name of a great *Acharya*, the writer of Svayambhu Stotra, Tattvanushasan, Ratnakarandashravakachar etc. many great treatises.
आचार्य सिद्धसेन के उत्तरवर्ती एक आचार्य। स्वयम्भू स्तोत्र, स्तुति विद्या, देवागम स्तोत्र (आप्त मीमांसा), युक्त्यानुशासन, तत्वानुशासन, जीवसिद्धि, प्राकृत व्याकरण, रत्नकरण्डश्रावकाचार आदि अनेक ग्रंथों के रचयिता संस्कृत कवि, वादी, वाग्मी, गमक, तार्किक आदि उपाधियों से समन्वित एक प्रसिद्ध आचार्य।

समन्तानुपात क्रिया – *Samantānupāta Kriyā.*

Excreting excreta at the customary usable places.
साम्परायिक आस्रव की 25 क्रियाओं में एक क्रिया। स्त्री-पुरुषों और पशुओं के मिलने-जुलने, उठने-बैठने आदि के योग्य स्थान पर मल-मूत्रादि करना ।

सम – *Sama.*

Equanimous, Harmonious.
एकत्व रूप से अर्थात् एकीभाव से होना ।

समकित चौबीसी व्रत – *Samakita Caubīsī Vrata.*

A particular procedural vow (fasting).
एक वर्ष तक प्रत्येक चतुर्दशी को उपवास करना तथा 'ओं ह्रीं वृषभादि चतुर्विंशतिजिनाय नमः' मंत्र का त्रिकाल जाप करना ।

समकेन्द्रिय – *Samakendriya.*

Those having same central point, concentric.
एक ही केन्द्र हो जिनका ।

समगुण – *Samaguṇa.*

Similar virtues or properties.
सदृश या समान गुण ।

समचतुरस्र संस्थान – *Samacaturasra Saṁsthāna.*

Balanced formation of the body organs.
6 संस्थानों में एक संस्थान; ऊपर नीचे मध्य में कुशल शिल्पी

के द्वारा बनाये गये समचक्र की तरह समान रूप से शरीर के अवयवों की रचना अर्थात् शरीर की लम्बाई-चौड़ाई और ऊंचाई हीनाधिक न होकर समविभक्त होना ।

समचतुरस्र संस्थान (नामकर्म) –

Samacaturasra Saṁsthāna(Nāmakarma).
Physique making *Karma* causing formation of properly proportionate body.
जिस कर्म के उदय से जीव का शरीर सुडौल होता है उसे समचतुरस्र संस्थान नामकर्म कहते हैं ।

समच्छेद – *Samaccheda.*

A mathematical operation of making equal denominators.
गणित की भिन्न परिकर्माष्टक विधि में अंशों और हरों को यथायोग्य गुणा करके सब राशियों के हर समान करना ।

समता – *Samatā.*

Equanimity, Harmony (of views or temperaments).
शत्रु-मित्र में, सुख-दुख में, लाभ-अलाभ और जय-पराजय में हर्ष- विषाद नहीं करना या साम्य भाव रखना समता है ।

समता परिणाम – *Samatā Pariṇāma.*

Harmonious or equanimous, temperaments.
माध्यस्थ भाव। अपने आत्मा में तथा सर्व जीवों में समभाव अर्थात् समता परिणाम होना ।

समता रहित – *Samatā Rahita.*

Devoid of equanimity.
साम्य भाव बिना; वनवास, कायक्लेश आदि तप, अध्ययन, मौन आदि ये सब समता रहित श्रमण के निष्फल हैं ।

समदत्ति – *Samadatti.*

Donation of something to those having same status with equanimity.
समानदत्ति; क्रिया, मंत्र और व्रत आदि से जो अपने समान हैं उन्हें पृथिवी, सुवर्ण, कन्या आदि देना अथवा मध्यम पात्र को समान बुद्धि से श्रद्धा के साथ जो दान दिया जाता है। वह समानदत्ति कहलाता है ।

समधारा – *Samadhārā.*

Mathematical sequence or series increasing by even number '2'.
श्रेणी व्यवहार गणित की एक धारा। दो दो की संख्या से केवलज्ञान के अविभाग प्रतिच्छेदों तक बढ़ती हुई संख्या की धारा। जैसे - 2, 4, 6, 8 आदि ।

समधी– *Samadhī.*

Father of a son or daughter-in-law, the relationship between two persons.
वर-वधू के पिता आपस में एक-दूसरे के समधी कहे जाते हैं। इस शब्द का अर्थ 'समान बुद्धि वाले' होने के कारण दोनों पक्षों में आपसी ऊँच-नीच का भाव नहीं होना चाहिए ।

समनस्क – *Samanaska.*

Conscious one, talented.
संज्ञी। मन वाले जीव जो शिक्षा संकेत आदि ग्रहण कर सकें ।

समन्वय – *Samanvaya.*

Mutual relations.
पारस्परिक सम्बन्ध। भिन्न-भिन्न विषयों के अनेकों विकल्पों का परस्पर समन्वय ।

समपर्यंकासन तप – *Samaparyaṁkāsana Tapa.*

A meditational posture (as austerity).
कायक्लेश तप का एक भेद। आसन—जिसमें पिंडलियाँ और स्फिक बराबर मिल जायें वह समपर्यंकासन है ।

समपाद तप – *Samapāda Tapa.*

A type of physical mortification, standing on feet keeping them straight.
कायक्लेश तप का एक भेद; जिसमें दोनों पैर समान रखे जायें।

समभिरूढ़ नय – *Samabhirūṛha Naya.*

Standpoint grasping the specific traditional meaning of something leaving others.
जो शब्द के अनेक अर्थों को छोड़कर प्रधानता से एक ही रूढ़ अर्थ को ग्रहण करता है उसे समभिरूढ़ नय कहते हैं ।

समय – *Samaya.*

Time period, A very small time unit—moment (time taken by an atom of a matter in passing from one point of space to the next).
काल, समय और अद्धा ये एकार्थवाची हैं। जघन्यगति से एक परमाणु सटे हुए द्वितीय परमाणु तक जितने काल में जाता है उसे समय कहते हैं ।

समय (आगम) – *Samaya (Āgama)*

Literature describing right knowledge of all matters (*Jiva, Ajiva,* etc.).
जिससे जीव अजीव आदि पदार्थों का भले प्रकार से ज्ञान हो या जिसमें जीव आदि पदार्थों का ठीक-ठीक वर्णन हो ऐसा आगम या सिद्धांत समय है ।

समयप्रबद्ध – *Samayaprabaddha.*

Binding of *Karmic* molecules with the soul in one *Samay* (a time unit).
एक समय में जितने कर्म व नोकर्म वर्गणाएं आत्मा से बंधती हैं उसे समय प्रबद्ध कहते हैं। इसका जघन्य प्रमाण अभव्य राशि से अनंतगुणा व उत्कृष्ट प्रमाण सिद्ध राशि से अनंतवां भाग है।

समय भूषण – *Samaya Bhūṣaṇa.*

Name of a composition composed by *Acharya* Indranandi.
आचार्य इन्द्रनंदि (ई.श. 10-11) की एक रचना ।

समयमूढ़ता – *Samayamūṛhatā.*

Inclination towards false beliefs because of magnificence of wrong philosophy.
आश्चर्य उत्पन्न करने वाले ज्योतिष, मंत्रवाद आदि को देखकर सर्वज्ञ कथित धर्म को छोड़कर मिथ्या देव-शास्त्र और खोटा तप करने वाले कुलिंगियों एवं कुधर्म को भय, वांछा और लोभ से प्रणाम, विनय, पूजा, सत्कार आदि करना समयमूढ़ता है ।

समयसत्य – *Samayasatya.*

Preaching, revealing the reality of all 6 matters

(*Jiva, Ajiva*, etc.).
जो वचन आगमगम्य प्रतिनियत 6 द्रव्य व उनकी पर्यायों की यथार्थता को प्रगट करने वाला है वह समयसत्य है ।

समयसार – *Samayasāra.*
The essence of the soul, the essential nature of the soul.
शुद्धात्म का सार, विशुद्ध आत्मतत्त्व। सामान्य, परिणामी, जीवस्वभाव, परमस्वभाव, ध्येय, गुह्य, परम तथा तत्त्व ये सब समयसार के अपरनाम हैं ।

समयसार (शास्त्र) – *Samayasāra (Śāstra).*
Name of a great metaphysical treatise written by *Acharya* Kundkund.
आचार्य कुन्दकुन्द (ई. 127-179) कृत आध्यात्मिक कृति। अमृतचंद्रसूरि के अनुसार इसमें 415 प्राकृत गाथा निबद्ध हैं एवं श्री जयसेनाचार्य के अनुसार 437 गाथाएं हैं ।

समयसार (टीका) – *Samayasāra (Ṭīkā).*
The commentary books on Samayasar treatise written by 1) *Acharya* Amritchandra 2) *Acharya* Jaisen etc.
आचार्य अमृतचन्द्र (ई. 905-955) द्वारा कृत आत्मख्याति संस्कृत टीका, आचार्य जयसेन (ई. श. 12-13) द्वारा कृत तात्पर्यवृत्ति संस्कृत टीका, पं. जयचंद छाबड़ा (ई. 1807) कृत आत्मख्याति वचनिका हिन्दी टीका, आचार्य श्री ज्ञानसागर (आचार्य श्री शिवसागर के शिष्य) द्वारा तात्पर्य वृत्ति की हिन्दी टीका, गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा रचित दोनों संस्कृत टीकाओं आत्मख्याति एवं तात्पर्य वृत्ति पर ज्ञानज्योति नामक हिन्दी टीका, क्षुल्लक श्री मनोहरलाल वर्णी कृत हिन्दी सप्तदशांगी टीका डा. पं. मोतीलाल जैन कोठारी-फल्टण (महाराष्ट्र) कृत स्वतंत्र संस्कृत एवं हिन्दी टीका इत्यादि ।

समयसार कलश – *Samayasāra Kalaśa.*
Name of a specific composition by *Acharya* Amritchandra.
आचार्य अमृतचन्द्र द्वारा समयसार की आत्मख्याति टीका में प्रयुक्त किये गये विशेष छंद कलश नाम से कहे गये हैं। समय- ई. 905-955 ।

समयसार नाटक – *Samayasāra Nāṭaka.*
Name of a composition composed by *Pandit* Banarsidas.
पं. बनारसीदास (ई. 1636) की आध्यात्मिक रचना, इसमें 15 अधिकार और 616 पद हैं। यह ग्रंथ समयसार की आत्मख्याति टीका के कलशों के आधार पर लिखा गया है ।

समयसार नाटक टीका – *Samayasāra Nāṭaka Ṭīkā.*
Name of a commentary book written by *Pandit* Sadasukh.
पं. सदासुख (ई. 1795-1867) कृत समयसार नाटक पर लिखी गई टीका ।

समरस – *Samarasa.*
Equanimous nature.
समतारूपी रस अर्थात् अनुभवन, ध्यानलीन मुनि समरस का आस्वाद प्राप्त करते हैं ।

समरसी भाव – *Samarasī Bhāva.*
Supreme temperament .
ध्येय और ध्याता का एकीकरण समरसीभाव माना गया है, यही एकीकरण समाधिरूप ध्यान है ।

समवसरण – *Samavasaraṇa.*
Assembly of Lord Arihant, the place of resonant preaching of Lord Arihant.
तीर्थंकर की धर्मसभा को समवसरण कहते हैं। जहां समस्त स्त्री-पुरुष, पशु-पक्षी और देवी-देवता समान भाव से भगवान का उपदेश सुनते हैं अथवा जहां सभी भव्य जीव तीर्थंकर की दिव्यध्वनि के अवसर की प्रतीक्षा करते हैं वह समवसरण है। सौधर्म इन्द्र की आज्ञा से कुबेर के द्वारा तीर्थंकरों के योग्य समवसरण की रचना की जाती है ।

समवसरण व्रत – *Samavasaraṇa Vrata.*
A type of vow (fasting) to be observed for different 24 days in regard to the different auspicious objects of Samavasaran (the holy assembly of Lord Arihant).
तीर्थंकर के समवसरण में मानस्तंभ, आठ भूमियां, तीन कटनी, अतिशय, प्रातिहार्य, अनंतचतुष्टय तथा मुनि, आर्यिका, देव, देवी, मनुष्य एवं तिर्यंच आदि द्वारा वंदित होने की अपेक्षा 24 व्रत किये जाते हैं। इन्हें उपवास, अल्पाहार या एकासन आदि से करना चाहिए। विधि एवं मंत्र 'व्रतविधि एवं पूजा' भाग 2 में देखना चाहिए ।
समुच्चय मंत्र—ॐ ह्रीं समवसरणपद्मसूर्यवृषभादिवर्धमानान्तेभ्यो नमः ।

समवाय – *Samavāya.*
An assemblage, a collection, a multitude (inseparable).
सम्मिश्रण, संयोग, समूह, तादात्म्य, न छूटने वाला, अपृथक्पना और अयुतसिद्धपना ।

समवाय संबंध – *Samavāya Saṁbaṁdha.*
Relation of inseparability.
अयुत सिद्ध (एक दूसरे के बिना न रहने वाले) आधार्य (पट) और आधार (तंतु) पदार्थों का इह प्रत्यय हेतु (इन तन्तुओं में पट है) सम्बंध (वैशेषिक मान्य) समवाय सम्बंध है ।

समवायांग – *Samavāyāṁga.*
The 4th part in all 12 parts of *Shrut* (early canons).
द्वादशांग श्रुत का चौथा अंग; इसमें द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की अपेक्षा समानता का कथन है अर्थात् जिसमें पदार्थों की समानता के आधार पर समवाय का विचार किया गया है वह समवायांग है। इसमें एक लाख 64 हजार पद हैं ।

समवृत्ति – *Samavṛtti.*
Tendency of inseparability between virtues & virtuous one.
सहवृत्ति अर्थात् गुण-गुणी का एकत्व रूप से अनादि तादात्म्य सम्बंध समवृत्ति है ।

समान्तर श्रेणी – *Samāntara Śreṇī.*
Arithmetical progression, a mathematical series of numbers having common difference.
संख्याओं की एक गणितीय श्रेणी जो समान अन्तर से बढ़ती या घटती हो ।

समाचार – *Samācāra.*
Asking well beings of one another, News, Equanimous conduct of Jaina saint .
एक-दूसरे का कुशल क्षेम पूछना, देश-विदेश की गतिविधियों से अवगत होना। समताभाव अथवा सम्यक् अर्थात् अतिचार रहित मूलगुणों का आचरण अथवा सभी दिगम्बर जैन साधुओं की नित्य-नैमित्तिक क्रियाओं को समाचार कहते हैं इसे समाचारी विधि कहा गया है ।

समाचार काल – *Samācāra Kāla.*
Reverence paying period (of Jaina saints).
वंदना काल, नियमकाल, स्वाध्यायकाल व ध्यान काल आदि जैन साधुओं के समाचार काल हैं ।

समादान क्रिया – *Samādāna Kriyā.*
A kind of passionful influx, to be restraintless or to violate the vows etc.
साम्परायिक आस्रव की 25 क्रियाओं में एक क्रिया; संयमी पुरुष का असंयम के अभिमुख होना। यह प्रमादवर्धक क्रिया होती है ।

समाधान – *Samādhāna.*
Solution (of a problem), Deep meditation or contemplation.
किसी समस्या का उपाय या हल, उत्तम परिणामों में चित्त को स्थिर रखना समाधान है ।

समाधि – *Samādhi.*
Profound or deep meditation (esp. with the concentration upon the soul).
वीतराग भाव से आत्मा का ध्यान करना समाधि है अथवा समस्त विकल्पों का नष्ट हो जाना समाधि है ।

समाधिगुप्त – *Samādhigupta.*
The predestined 18th *Tirthankar* (Jaina-Lord).
भाविकालीन 18 वें तीर्थंकर ।

समाधितंत्र – *Samādhitaṁtra.*
Name of a treatise written by *Acharya* Pujyapad.
आचार्य पूज्यपाद (ई.श. 5) कृत अध्यात्म विषयक 105 संस्कृत श्लोकों में निबद्ध ग्रंथ। अपरनाम समाधिशतक है ।

समाधितंत्र टीका – *Samādhitaṁtra Ṭīkā.*
Name of a commentary book written by *Acharya* Prabhachandra.
आचार्य प्रभाचन्द्र (ई. 950-1020) कृत संस्कृत टीका ।

समाधिमरण – *Samādhimaraṇa.*
The holy death of saints .
सल्लेखना, इसमें शरीर से ममत्व छोड़कर देह का विसर्जन किया जाता है ।

समाधिरस्तु – *Samādhirastu.*
Auspicious blessing for the religious progress.
आशीर्वाद वाचक शब्द, अर्थात् समीचीन धर्मध्यान बना रहे। यह आशीर्वाद व्रतियों के लिए साधुजन देते हैं ।

समाधि संधारणता – *Samādhi Saṁdhāraṇatā.*
Engrossment into deep meditation for holy death.
सम्यक् प्रकार से समाधि धारण करने की भावना का नाम समाधि संधारणता है। इससे तीर्थंकर नामकर्म का बंध होता है। षट्खण्डागम सूत्र में सोलहकारण भावनाओं में यह एक भावना कही है ।

समान खंड – *Samāna Khaṁḍa.*
Equal parts or divisions.
तुल्य या सदृश भाग ।

समानता – *Samānatā.*
Similarity, Parity.
एकरूपता। ऋजुसूत्र नय की दृष्टि में कोई किसी के समान नहीं है, क्योंकि दो को सर्वथा समान मान लेने पर, उन दोनों में एकत्व की आपत्ति प्राप्त होती है ।

समानदत्ति – *Samānadatti.*
A type of donation with equality (in virtues etc.) or donation to equals.
चतुर्विधदत्ति का एक भेद। क्रिया, मंत्र, व्रत आदि में जो अपने समान हैं उन्हें पृथिवी, कन्या, स्वर्ण आदि देना समानदत्ति है। अपरनाम-समदत्ति ।

समानाधिकरण – *Samānādhikaraṇa.*
Syntactic relation, co-ordinate status (of words etc.).
भिन्न प्रवृत्ति में जो निमित्त हैं ऐसे विभिन्न शब्दों की एक ही अर्थ में वृत्ति होना सामान्याधिकरण है ।

समाय – *Samāya.*
Involvement of soul in passionless equanimous status.
'सम' का अर्थ राग द्वेष रहित मध्यस्थ आत्मा है। उसमें आय अर्थात् उपयोग की प्रवृत्ति यह समाय है। वह समाय ही जिसका प्रयोजन है, उसे सामायिक कहते हैं ।

समारंभ – *Samāraṁbha.*
Preparation (of means).
कार्य साध्य के लिये साधनों का इकट्ठा करना समारंभ है। या साधनों का जुटाना समारम्भ है ।

समारोप – *Samāropa.*
Superimposition.
उपचार या आरोपित करना। या निमित्ताश्रित व्यवहार, जैसे - घी का घड़ा कहना ।

समास – *Samāsa.*
A compound word.
संग्रह, दो या अधिक पदों का मिलकर एक पद बन जाना ।

समाहार – *Samāhāra.*
A collection, an aggregate, Name of a female divinity of *Ruchak* mountain.
समूह, रुचक पर्वत निवासिनी दिक्कुमारी देवी ।

समिति – *Samiti.*
Carefulness, Discipline, To keep vigilance in activities.
प्राणियों को पीड़ा न पहुंचे ऐसा विचार कर दया-भाव से सावधानी पूर्वक सभी प्रवृत्ति करना समिति कहलाती है। यह 5 प्रकार की होती है- ईर्या, भाषा, एषणा, आदान-निक्षेपण और प्रतिष्ठापन ।

समीकरण – *Samīkaraṇa.*
Equation.
तुल्य या बराबर करने की क्रिया ।

समुच्छिन्न क्रिया निवृत्ति – *Samucchinna Kriyā Nivṛtti.*
Absolute meditation, devoid of all activities or vibrations of soul points.
चतुर्थ शुक्लध्यान। इसमें आत्म-प्रदेशों के परिस्पन्दन रूप योगों का तथा काय बल आदि प्राणों का समुच्छिन्न (उच्छेद) हो जाता है। इस ध्यान में किसी प्रकार का आस्रव नहीं होता। यह अन्तर्मुहूर्त समय के लिए होता है इतने ही समय में इससे निर्वाण प्राप्त हो जाता है ।

समुत्कीर्तना – *Samutkīrtanā.*
A disquisition door (*Anuyogdvar*), expressing existence of all *Karmic* nature.
एक अनुयोगद्वार इसमें कर्म प्रकृतियों का अस्तित्व बतलाया जाता है ।

समुत्पत्ति – *Samutpatti.*
Birth, origin, creation.
मूल, पैदावार ।

समुत्पत्तिक कषाय – *Samutpattika Kaṣāya.*
Something passion generating.
जो जीव से भिन्न होकर कषाय को उत्पन्न करता है वह समुत्पत्तिक कषाय है ।

समुद्घात – *Samudghāta.*
Extrication of soul-points from the body without leaving the body, there are 7 kinds of it.
वेदना आदि के निमित्त से मूल शरीर को नहीं छोड़ते हुए जो जीव के कुछ आत्मप्रदेश शरीर से बाहर निकलते हैं उसे समुद्घात कहते हैं। इसके 7 भेद हैं। वेदना, कषाय, मारणान्तिक, वैक्रियिक, तैजस, आहारक और केवली ।

समुद्र – *Samudra.*
Ocean, Sea (one of the dreams of Lord's & Bharat chakralvatis mother).
सागर। तीर्थंकरों की माता एवं भरत चक्रवर्ती की माता (यशस्वती) के स्वप्नों में एक स्वप्न ।

समुद्रविजय – *Samudravijaya.*
Father's name of the 22nd *Tirthankar* (Jaina Lord) Neminath.
22 वें तीर्थंकर नेमिनाथ के पिता। शौरीपुर के राजा अन्धकवृष्णि और सुभद्रा के 10 पुत्रों में प्रथम पुत्र ।

सम्मइजिण चरिउ – *Sammaijiṇa Cariu.*
Name of a treatise in *Apabhransh* language written by poet Raedhu on the conduct of Lord Mahavira.
भगवान महावीर के चरित्र विषयक अपभ्रंश भाषाबद्ध कवि रइधू कृत ग्रंथ। समय - ई. 1400-1479 ।

सम्मत्तगुणविहाण कव्व – *Sammattaguṇavihāṇa Kavva.*
Name of a book written in *Apabhransh* language by Shubhkirti.
शुभकीर्ति द्वारा (ई. 1442) रचित अपभ्रंश भाषाबद्ध काव्य ।

सम्मत सत्य – *Sammata Satya.*
Something unanimously accepted or approved.
बहुत जनों के द्वारा माना गया जो नाम वह सम्मतसत्य है। जैसे-लोक में राजा की स्त्री को रानी कहना ।

सम्मद – *Sammada.*
Name of the 2nd predestined *Rudra.*
भावि दूसरा रुद्र ।

सम्मान – *Sammāna.*
Respect, reverence, honour.
आदर, विनय। व्रतादि से युक्त साधु, आर्यिका एवं बड़े जनों का यथायोग्य विनय-सम्मान करना ।

सम्मिश्र – *Sammiśra.*
Mixed, An infraction of vow of limiting consumables & re-consumables i.e. eating of cooked food mixed with raw one etc.
भोगोपभोग परिमाण व्रत का एक अतिचार; सचित्त से मिली हुई वस्तु को खाना ।

सम्मेदशिखर – *Sammedaśikhara.*
The eternal & great reverential place of pilgrimage of Jains, which is the salvation place of 20 *Tirthankars* (Jaina Lords) of the present era.
शाश्वत तीर्थराज; अनादिकाल से अनंत तीर्थंकरों की निर्वाणभूमि एवं वर्तमान चौबीसी में भगवान आदिनाथ, वासुपूज्य, नेमिनाथ और महावीर को छोड़कर शेष बीस तीर्थंकरों की निर्वाणभूमि। इस महान तीर्थ के बारे में आचार्यों ने कहा है 'एक बार वंदे जो कोई। ताहिं नरक पशु गति नहीं होई।।' इसलिए जैन धर्म के सभी अनुयायी इसकी 27 किलोमीटर की पर्वतीय वंदना बड़ी श्रद्धापूर्वक करते हैं। यह वर्तमान में झारखंड प्रदेश में पारसनाथ हिल के नाम से प्रसिद्ध है ।

सम्मेदशिखर महात्म्य – *Sammedaśikhara Mahātmya.*
A composition composed by Shrimad Yativar Devdatta.
श्रीमद् यतिवर देवदत्त (श्री लोहाचार्य) द्वारा तीर्थराज सम्मेदशिखरजी की महत्ता पर संस्कृत में रचित 21 अधिकारों में निबद्ध एक

रचना ।

सम्यक् – *Samyak*
Real, True, Right, Just.
समीचीन, यथार्थ ।

सम्यक्चारित्र – *Samyakcāritra.*
Right conduct – involving into spiritual development.
सम्यग्दर्शन सहित शुभ क्रियाओं में प्रवृत्ति। रागद्वेष को दूरकर समता भाव में रमना। इसके महाव्रत (सकलचारित्र) व अणुव्रत (देशचारित्र) ये दो भेद हैं ।

सम्यक्त्व – *Samyaktva.*
Right faith or right belief.
प्रमाण के द्वारा जाने हुए तत्त्वों का श्रद्धान। देखें - सम्यग्दर्शन।

सम्यक्त्व उद्योतन – *Samyaktva Udyotana.*
Right enlightenment.
सम्यक्त्वाराधना। शंकादि दोषों से रहित निर्दोष सम्यग्दर्शन की प्राप्ति होना ।

सम्यक्त्वकौमुदी – *Samyaktvakaumudī.*
Name of a treatise written by *Acharya* Shubhchandra.
आचार्य शुभचन्द्र (ई. 1516-1556) द्वारा रचित एक आध्यात्मिक ग्रंथ ।

सम्यक्त्व क्रिया – *Samyaktva Kriyā.*
Worshipping the Jaina Lord, scriptures & saints.
साम्परायिक आस्रव की 25 क्रियाओं में पहली क्रिया। सच्चे देव शास्त्र गुरु की पूजा-भक्ति आदि करना। इससे सम्यक्त्व की प्राप्ति और पुण्यबंध होता है ।

सम्यक्त्व पचीसी व्रत– *Samyaktva Pacīsī Vrata.*
A type of procedural vow (fasting)
सम्यक्त्व के पच्चीस मल दोषों से रहित शुद्ध सम्यक्त्व की प्राप्ति हेतु किया जाने वाला एक विशेष व्रत इसमें पच्चीस उपवास किये जाते हैं। विशेष विधि 'व्रत तिथि निर्णय' पुस्तक से देखें ।

सम्यक्त्व प्रकृति – *Samyaktva Prakṛti.*
A *Karmic* nature causing obstacle in right faith (faith deluding *Karma*).
दर्शन मोह की तीसरी प्रकृति, जिसके उदय से क्षयोपशम सम्यक्दर्शन में चल, मलिन, अगाढ़ दोष उत्पन्न हों अर्थात् निर्मल न रहे ।

सम्यक्त्वाचरण – *Samyaktvācaraṇa.*
Right faith with auspicious activities.
सच्चे देव, शास्त्र व गुरु की पूजा भक्ति आदि करना । सम्यक्त्व के साथ पुण्यमयी आचरण को चारित्रपाहुड़ में सम्यक्त्वाचरण के नाम से कहा है। इसको देशसंयम रूप चारित्र नहीं समझना चाहिए ।

सम्यक्त्वाराधना – *Samyaktvārādhanā.*
Enlightenment of right faith.
आराधना के दो भेद (सम्यक्त्वाराधना और चारित्राराधना) में प्रथम भेद; सम्यग्दर्शन का यथायोग्य रीति से उद्योतन करना ।

सम्यक् नय – *Samyak Naya.*
A standpoint believing in righteousness.
सुनय। सम्यक् एकांत को सम्यक् नय और मिथ्या एकांत को नयाभास या मिथ्यानय कहते हैं ।

सम्यगनेकांत – *Samyaganekāṁta.*
Right philosophy of manifold religious aspects.
युक्ति व आगम से अविरुद्ध एक ही स्थान पर प्रतिपक्षी द्वारा अनेक धर्मों के स्वरूप का निरूपण करना सम्यगनेकान्त है ।

सम्यगेकांत – *Samyagekāṁta.*
Philosophy of believing a part of something with righteousness.
एकांत के दो भेदों में एक भेद। हेतु विशेष की सामर्थ्य से अर्थात् सुयुक्तियुक्त रूप से प्रमाण द्वारा प्ररूपित वस्तु के एकदेश को ग्रहण करने वाला सम्यगेकान्त है ।

सम्यगवधिज्ञान – *Samyagavadhijñāna.*
Right clairvoyance.
जो ज्ञान द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा अवधि अर्थात् सीमा से युक्त अपने विषय भूत पदार्थ को सम्यक् रूप से जाने, उसे सम्यक् अवधिज्ञान कहते हैं ।

सम्यग्ज्ञान – *Samayagjñāna.*
Right knowledge with right perception.
जो ज्ञान वस्तु के स्वरूप को न्यूनता रहित, अधिकता रहित, विपरीतता रहित, सन्देह रहित, जैसा का तैसा जानता है उसे सम्यग्ज्ञान कहते हैं। अथवा वस्तु स्वरूप को यथार्थ रूप से जानना ।

सम्यग्ज्ञानचंद्रिका – *Samyagjñānacaṁdrikā.*
Name of a great book written by *Pandit* Todarmal.
पं. टोडरमल जी (ई. सन् 1761) कृत अध्यात्म विषयक ग्रंथ।

सम्यग्दर्शन – *Samyagdarśana.*
Right perception or faith.
हिंसादि रहित धर्म - अठारह दोष रहित देव - निर्ग्रन्थ प्रवचन अर्थात् मोक्षमार्ग व गुरु में श्रद्धा होना अर्थात् मोक्षोपयोगी तत्त्वों के प्रति दृढ़ विश्वास करना सम्यग्दर्शन है ।

सम्यग्दर्शन वाक् – *Samyagdarśana Vāk.*
Right spiritual speech.
वचन के 12 भेदों में एक भेद; सम्यक् मार्गप्रवर्तक उपदेश सम्यग्दर्शनवाक् है ।

सम्यग्दर्शनार्य – *Samyagdarśanārya.*
A type of *Aryas* (noble persons).
ऋद्धि रहित आर्य के 5 भेदों में एक भेद। आज्ञा, मार्ग, उपदेश, सूत्र, बीज, संक्षेप, विस्तार, अर्थ, अवगाढ़, परमावगाढ़ रुचि के भेद से दर्शनार्य के 10 भेद हैं ।

सम्यग्दृष्टि – *Samyagdṛṣṭi.*
One with right perception or faith.
जो जीव सम्यग्दर्शन सहित हो ।

सम्यग्मिथ्याचारित्र – *Samyagmithyācāritra.*
Right-cum-wrong conduct.
चारित्र मोह की एक प्रकृति जिसके उदय से यथार्थ व मिथ्या दोनों प्रकार का मिश्रित आचरण हो ।

सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृति – *Samyagmithyātva Prakṛti.*
Right-cum-wrong *Karmic* nature related to faith.
दर्शन मोह की दूसरी प्रकृति जिसके उदय से यथार्थ व मिथ्या दोनों प्रकार का मिश्रित श्रद्धान हो ।

सम्यग्मिथ्यादृष्टि – *Samyagmithyādṛṣṭi.*
One with right & wrong faith.
जो जीव सम्यग्मिथ्यात्व सहित हो ।

सम्यक्त्व भावना – *Samyaktva Bhāvanā.*
Seven particular right reflections or volitions.
संवेग, प्रशम, स्थैर्य, असंमूढ़ता, अस्मय, आस्तिक्य और अनुकम्पा ये 7 सम्यक्त्व की भावनाएँ हैं ।

सयलविहिविहाण – *Sayalavihivihāṇa.*
Name of a book in *Apabhransh* language written by Naynandi.
नयनंदि द्वारा (ई. 1043) कृत अपभ्रंश भाषाबद्ध श्रावकाचार।

सयोग – *Sayoga.*
With vibrations.
योग सहित ।

सयोगकेवली – *Sayogakevalī.*
An omniscient possessing physical presence.
सशरीरी परमात्मा। 13 वें गुणस्थान में अरहंत परमात्मा जो अनंत चतुष्टय सहित परमौदारिक देह सहित हैं, जिनका उपदेश व विहार होता है ।

सयोगी जिन – *Sayogī Jina.*
See - *Sayogakevalī.*
An omniscient possessing physical presence.
योग सहित अरहंत सकल परमात्मा। देखें - सयोगकेवली ।

सर – *Sara.*
Pond.
तालाब ।

सरणी – *Saraṇī.*
Stairs, Ladder.
सीढ़ी ।

सरल – *Sarala.*
Simple, Easy, straight, Honest, Name of the initiation tree of Lord Abhinandannath.
सीधा, ईमानदार, तीर्थंकर अभिनंदन नाथ का दीक्षा वृक्ष, (अपरनाम असन वृक्ष) ।

सरलता – *Saralatā.*
Simplicity, straightness.
कुटिलता, मायाचारी का अभाव अर्थात् आर्जव ।

सरस – *Sarasa.*
Juicy, tasty, charming, Name of the 2nd *Patal* (layer) & *Indrak* of *Brahma* heaven.
रसयुक्त, स्वादिष्ट, मनोहर, भावपूर्ण, ब्रह्म स्वर्ग का द्वितीय पटल व इन्द्रक ।

सरस्वती – *Sarasvatī.*
Goddess of Learning, Resonant preaching of *Tirthankars* (Jaina-Lords), Mother's name of the 11th Jaina-Lord of *Videh* (region), The female beloved divinity of an Indra in peripatetic deities of Gandharva type.
विद्या की देवी, द्वादशांग जिनवाणी के प्रतीक रूप में देवी के आकार की सरस्वती की मूर्ति जैन आगम में मान्य है। अकृत्रिम जिनप्रतिमाओं के आजू-बाजू श्रीदेवी (लक्ष्मी) एवं श्रुतदेवी (सरस्वती) की प्रतिमा विराजमान रहने का आगम में वर्णन है। तीर्थंकरों की दिव्यध्वनि, विदेहक्षेत्रस्थ 11वें तीर्थंकर की माता, गंधर्व व्यंतरों के इन्द्र की वल्लभिका देवी ।

सरस्वतीमंत्रकल्प – *Sarasvatīmaṁtrakalpa.*
Name of a book written by *Acharya* Mallishen.
आचार्य मल्लिषेण कृत तंत्र-मंत्र विषयक संस्कृत भाषाबद्ध रचना।

सरस्वतीयंत्र – *Sarasvatī Yaṁtra.*
A metallic plate engraved with some auspicious mystic words & diagrams & related to the power of learning.
विभिन्न रेखाकृतियों में चित्रित सरस्वती मंत्र के विशिष्ट अक्षर—शब्दों से बना यंत्र ।

सरागचारित्र – *Sarāgacāritra.*
Right conduct including passion or delusion.
राग सहित चारित्र इसे अपवाद, व्यवहार, अपहृतसंयम, शुभोपयोग इन नामों से जाना जाता है। पंचमकाल के मुनियों का सरागचारित्र होता है ।

सराग छद्मस्थ – *Sarāga Chadmastha.*
Souls at the 4th to 10th stage of spiritual development.
छद्मस्थ के दो भेदों में एक भेद। चौथे से दसवें गुणस्थान वाले जीव सराग छद्मस्थ कहलाते हैं ।

सराग श्रमण – *Sarāga Śramaṇa.*
Saints with auspicious attachments.
अशुभ राग से रहित, व्रत आदि के शुभ राग से सहित मुनि सराग श्रमण कहलाते हैं ।

सराग संयम – *Sarāga Saṁyama.*
Self control with slight attachment (reg. Jaina-saints).
सातावेदनीय कर्म एवं देवायु के आस्रव का एक कारण; राग सहित मुनियों का चारित्र। यह छठे से दसवें गुणस्थान तक होता है। इसे क्षायोपशमिक चारित्र भी कहते हैं। जहां संज्वलन कषाय व नोकषाय का यथासंभव उदय होता है ।

सराग सम्यग्दर्शन – *Sarāga Samyagdarśana.*
Right perception with auspicious attachments.
प्रशम, संवेग, अनुकम्पा और आस्तिक्य आदि गुणों की अभिव्यक्ति लक्षणवाला सराग सम्यग्दर्शन है। प्रशस्त (शुभ) राग सहित

जीवों का सम्यक्त्व सराग सम्यग्दर्शन है ।

सराग सम्यग्दृष्टि – *Sarāga Samyagdṛṣṭi.*
One having right perception with auspicious attachments.
शुद्धात्म भावना से च्युत होकर शुभराग के योग से सहित सराग सम्यग्दृष्टि होते हैं। इसे व्यवहार सम्यक्त्व कहते हैं ।

सरित् – *Sarit.*
A region of western *Videh* (region) & a summit of *Sukhavah Vakshar* (mountain).
अपर विदेह का एक क्षेत्र तथा सुखावह वक्षार का एक कूट ।

सरीसृप – *Sarīsṛpa.*
A reptile, crawling beings.
पानी में रहने वाला एक प्रकार का सर्प; एक तिर्यंच जीव। इसकी उत्कृष्ट आयु 9 पूर्वांग की है एवं जघन्य आयु अन्तर्मुहूर्त की है ।

सरोरुह – *Saroruha.*
Lotus flower.
कमल ।

सरोवर – *Sarovara.*
A water reservoir, A large tank, pond (one of the 16 dreams of *Tirthankar's* mother).
ह्रद, तालाब। तीर्थंकर की माता के 16 स्वप्नों में 10वां स्वप्न, इसका फल है—'होने वाला पुत्र अनेक लक्षणों से शोभित होगा' ।

सर्जकषाय – *Sarja Kaṣāya.*
Bitter or pungent passions.
सर्ज 'साल' नाम के वृक्ष को कहते हैं। उसके कषैले रस के समान जीव की कषायरूप परिणति को सर्जकषाय कहते हैं ।

सर्प – *Sarpa.*
A snake, A serpent, a significant symbol of Lord Parshvanath, The presiding deity of a lunar Ashlesha.
भगवान पार्श्वनाथ का चिन्ह, सातवें नक्षत्र आश्लेषा का अधिपति देवता ।

सर्पसम श्रोता – *Sarpasama Śrotā.*
A mean type of listener (who misuses the right preaching).
अधम श्रोता का एक भेद। जैसे सांप को पिलाया हुआ दूध भी विष रूप हो जाता है, वैसे ही जिनके सामने श्रेष्ठ उपदेश भी खराब असर करता है वे सर्प के समान श्रोता हैं ।

सर्पिःस्रावी ऋद्धि – *Sarpiḥsrāvī Ṛddhi.*
A type of supernatural power (of transforming tasteless food into delicious food).
एक रस ऋद्धि। जिसके प्रभाव से हाथ में आया नीरस एवं सूखा भोजन भी सरस—घृतयुक्त हो जाता है ।

सर्वजय – *Sarvajaya.*
Name of the son of *Vidyadhar* Vinami.
विद्याधर विनमि का पुत्र ।

सर्व – *Sarva.*
All, whole, universal, entire.
संपूर्ण, समग्र, सब, सकल ।

सर्पगंधा – *Sarpagaṁdhā.*
Name of an Ayurvedic medicine.
एक आयुर्वेदिक औषधि,जो बढ़े रक्तचाप के उपचार हेतु प्रयोग की जाती है ।

सर्वगत – *Sarvagata.*
Omnipresent, all-pervading.
सर्वव्याप्त—सभी जगह फैला हुआ। केवलज्ञान के सर्व लोकालोक को जानने के कारण जीव सर्वगत या सर्वव्यापी कहलाता है ।

सर्वगतत्व – *Sarvagatatva.*
State of omnipresence, Pervasion.
सर्वज्ञत्वपना। सर्वव्यापी ।

सर्वगत नय – *Sarvagata Naya.*
A standpoint believing soul as omnipresent.
सर्वगत नय से आत्मद्रव्य खुली हुई आँख की भांति सर्ववर्ती है।

सर्वगुप्त – *Sarvagupta.*
The spiritual teacher or *Acharya* Shivkoti, Name of the 26th chief disciple of Lord Rishabhdev, Name of the spiritual teacher of *Acharya* Mitranandi and an omniscient saint.
भगवती आराधना के रचयिता आचार्य शिवकोटि के गुरु थे। समय- ई.श. 1 का पूर्वपाद, भगवान वृषभदेव के 26 वें गणधर। आचार्य मित्रनंदि के गुरु। एक केवली मुनि, इनसे प्रीतिंकर ने धर्मोपदेश सुना था ।

सर्वज्ञत्व – *Sarvajñatva.*
State of omniscience.
त्रिकालवर्ती गुण पर्यायों से संयुक्त समस्त लोक और अलोक को प्रत्यक्ष जानना ।

सर्वज्ञत्व शक्ति – *Sarvajñatva Śakti.*
Power of omniscience.
समस्त विश्व के विशेष भावों की जानने रूप से परिणमित ऐसी आत्मज्ञानमयी सर्वज्ञत्व शक्ति है ।

सर्वज्ञदेव – *Sarvajñadeva.*
Omniscient (Lord Arihant, Siddha).
केवली आप्त; जो त्रिकालवर्ती गुण पर्यायों से संयुक्त समस्त लोक और अलोक को प्रत्यक्ष जानते हैं वह सर्वज्ञदेव हैं अर्थात् अर्हंत व सिद्ध ।

सर्वज्ञसिद्धि – *Sarvajñasiddhi.*
Name of a book written by a saint Anantkirti.
अनंतकीर्ति द्वारा रचित वृहत् तथा लघु सर्वज्ञसिद्धि ग्रंथ। समय- ई.श. 8 ।

सर्वग्राहकता – *Sarvagrāhakatā.*
The quality of knowing all (of Kevalgyan).
केवलज्ञान का सब कुछ जानने रूप गुण ।

सर्वघाती – *Sarvaghātī.*

Karmic nature causing destruction of soul's attributes.

जिस कर्म के उदय से अनुजीवी गुणों का पूर्णरूप से घात होता है ।

सर्वचंद्र – *Sarvacaṁdra.*

Name of a saint of *Nandi* group, the disciple of Vasunandi.

नंदिसंघ के देशीयगण की गुर्वावली के अनुसार वसुनंदि के शिष्य तथा दामनंदि के गुरु। समय-ई. 918-948 ।

सर्वतंत्र – *Sarvataṁtra.*

Universally or generally accepted or approved principles.

सिद्धांत के 4 भेदों में एक भेद; जो अर्थ सब शास्त्रों में अविरुद्धता से माना गया है उसे सर्वतंत्र सिद्धांत कहते हैं। अर्थात् जिस बात को सर्वशास्त्रकार मानते हैं ।

सर्वतोभद्र – *Sarvatobhadra.*

Heavenly space craft of *Brahmendra*, Name of the palace of Lord Rishabhdev, Name of the cow-pan of Bharat Chakravarti (emperor).

ब्रह्मेन्द्र का यान-विमान, भगवान ऋषभदेव के 84 खन (मंजिल) ऊँचे महल का नाम। भरत चक्रवर्ती की गौशाला का नाम ।

सर्वतोभद्र विधान – *Sarvatobhadra Vidhāna.*

A composition of worshipping hymn composed by Ganini Gyanmati Mataji.

जैन आगम में वर्णित पाँच प्रकार की पूजाओं में से एक; यह सर्वतोभद्र विधान पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा सन् 1987 में लिखित सबसे बड़ा विधान है। इसमें 101 पूजाएँ हैं, इसको लिखने में 40 छंदों का प्रयोग किया गया है। तीन लोक का मंडल बनाकर 8, 11 या 15 दिनों में इस विधान को पूर्ण किया जाता है ।

सर्वतोभद्र व्रत – *Sarvatobhadra Vrata.*

A particular procedural vow (fasting).

विधि पूर्वक लघुविधि में कुल 75 उपवास एवं वृहत् विधि में कुल 196 उपवास और त्रिकाल नमस्कार मंत्र की जाप करना।

सर्वतोभद्रा – *Sarvatobhadrā.*

Name of a *Vapi* (like large lake) situated in the northern *Nandishvar* island.

नंदीश्वर द्वीप की उत्तर दिशा में स्थित एक वापी ।

सर्वथा – *Sarvathā.*

In every way, in every respect, entirely.

पूर्णतः, हर तरह से ।

सर्वदर्शित्व शक्ति – *Sarvadarśitva Śakti.*

One of the powers acquired by the soul, power of all-seeing.

जीव की एक शक्ति। सकल विश्व के सामान्य भाव को देखने रूप से (अर्थात् लोकालोक को सत्तामात्र ग्रहण करने रूप से) परिणमित ऐसी आत्मदर्शनमयी सर्वदर्शित्व शक्ति है ।

सर्वदेव – *Sarvadeva.*

Name of the 28th chief disciple of Lord Rishabhdev.

भगवान वृषभदेव के 28 वें गणधर ।

सर्वदोष त्याग – *Sarvadoṣa Tyāga.*

A great vow, complete renunciation of all 5 sins (violence, stealing etc.).

महाव्रत। हिंसादि 5 पापों का पूर्णतः त्याग करना, इसका पालन मुनि करते हैं ।

सर्वधन – *Sarvadhana.*

All wealth or property of one, Grand total of all results.

किसी की संपूर्ण सम्पत्ति, गणित विषयक रूप से सम्पूर्ण समयों में पाये जाने वाले समस्त परिणामों के समूह को सर्वधन कहते हैं, इसी का दूसरा नाम पदधन भी है। यह 'मुहभूमीजोगदले पदगुणिदे पदधणं होदि'- इस करणसूत्र के अनुसार निकाला जाता है ।

सर्वधारा – *Sarvadhārā.*

A mathematical sequence or series of numbers.

14 धाराओं में एक धारा। 1 से लगाकर केवल ज्ञान पर्यंत के सर्वस्थान। जैसे - 1,2,3,4,5 इत्यादि ।

सर्वपदार्थ – *Sarvapadārtha.*

All matters or substances.

समस्त पदार्थ। परोक्ष प्रमाणभूत श्रुतज्ञान के द्वारा सर्व पदार्थ जाने जाते हैं क्योंकि लोकालोक का परिज्ञान व्याप्ति रूप से छद्मस्थों के भी पाया जाता है ।

सर्वपरित्याग – *Sarvaparityāga.*

Renunciation of all (on the path of salvation).

उत्सर्ग मार्ग; शुद्धात्मा के सिवाय अन्य जो कुछ भी बाह्य-अभ्यन्तर परिग्रह रूप है, उस सर्व का त्याग ही उत्सर्ग है। निश्चय नय, सर्वपरित्याग, परमोपेक्षा संयम, वीतरागचारित्र, शुद्धोपयोग ये सब एकार्थवाची हैं ।

सर्वप्रिय – *Sarvapriya.*

Dear to all, universally popular, Name of the 27th chief disciple of Lord Rishabhdev.

सबको अच्छा लगने वाला, भगवान वृषभदेव के 27वें गणधर।

सर्वभद्र – *Sarvabhadra.*

A noble one, A type of peripatetic deities.

सुशील, यक्ष जाति के व्यंतरों के 12 भेदों में एक भेद ।

सर्वमत – *Sarvamata.*

Something universally accepted.

जो सर्वरूप मान्य हो ।

सर्वयज्ञ – *Sarvayajña.*

Name of the 29th chief disciple of Lord Rishabhdev.

भगवान ऋषभदेव के 29वें गणधर ।

सर्वयश – *Sarvayaśa.*

Name of the 25th chief disciple of Lord Rishabhdev.

भगवान ऋषभदेव के 25 वें गणधर ।

सर्वरक्षित – *Sarvarakṣita.*

Name of a specific heavenly deity-a Laukantik Dev.

एक लौकांतिक देव। यह तुषित और अव्याबाध लौकांतिक देव के मध्य में है ।

सर्वरत्न – *Sarvaratna.*

Name of summits situated at *Manushottar* and *Ruchak* mountain.

मानुषोत्तर व रुचक पर्वत पर स्थित एक-एक कूट ।

सर्वरत्नमयी – *Sarvaratnamayī.*

One of the six circumferences of *Sumeru* mountain.

मेरू की चूलिका से लेकर नीचे तक की 6 पृथिवीकाय रूप परिधियों में तीसरी परिधि। इसका विस्तार 16 हजार 500 योजन है ।

सर्वर्तुक वन – *Sarvartuka Vana.*

Name of the initiation & omniscience forest of Lord Chandraprabhu.

चन्द्रप्रभु भगवान का दीक्षा वन एवं केवलज्ञान वन ।

सर्वविजय – *Sarvavijaya.*

Name of the 30th chief disciple of Lord Rishabhdev.

भगवान ऋषभदेव के 30 वें गणधर ।

सर्वविद्याप्रकर्षिणी – *Sarvavidyāprakarṣiṇī.*

A super power possessed by Nami - Vinami (*Vidyadhars*).

नमि-विनमि विद्याधरों को धरणेन्द्र से प्राप्त एक विद्या ।

सर्वविद्याविराजिता – *Sarvavidyāvirājitā.*

See - *Sarvavidyāprakarṣiṇī.*

देखें - सर्वविद्याप्रकर्षिणी ।

सर्वविपरिणामना – *Sarvaviparināmanā.*

Karmic nature which is destroyed by the destruction of all *Karmas*.

मूल प्रकृति विपरिणामना के दो भेदों में एक भेद; जो प्रकृति सर्व निर्जरा के द्वारा निर्जरा को प्राप्त होती है वह सर्वविपरिणामना कही जाती है ।

सर्वविभक्ति – *Sarvavibhakti.*

Division of all *Karmic* aggregates.

उत्कृष्ट स्थितिबंध होने पर जो प्रथम निषेक से लेकर अंतिम निषेक तक निषेक रचना होती है वह सर्व स्थिति विभक्ति है ।

सर्वव्यापी – *Sarvavyāpī.*

All-pervaded, omniscience.

केवलज्ञान; उसमें समस्त पदार्थ प्रतिभासित होने से वह सर्वगत है ।

सर्वश्यामा – *Sarvaśyāmā.*

Mother's name of Lord Anantnath.

तीर्थंकर अनंतनाथ की माता, अपरनाम जयश्यामा ।

सर्वश्री – *Sarvaśrī.*

Name of an *Aryika* who would get birth in heaven in the last period of *Panchamkal* (the 5th long period of time).

पंचमकाल की अंतिम आर्यिका जो पंचम काल के साढ़े आठ माह शेष रहने पर कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष के अंतिम दिन स्वाति नक्षत्र में देह त्यागकर स्वर्ग में उत्पन्न होंगी ।

सर्वसंक्रमण – *Sarvasaṁkramaṇa.*

All - *Karmic* transition.

अंत की फाली में शेष बचे सर्व प्रदेशों का अन्य प्रकृति रूप होना सर्वसंक्रमण है ।

सर्वसंघ – *Sarvasaṁgha.*

Name of the 58th chief disciple of Lord Rishabhdev.

भगवान ऋषभदेव के 58 वें गणधर ।

सर्वसाधु – *Sarvasādhu.*

Great Digambar Jain saints involved in spirituality.

रत्नत्रय साधना में रत ढाई द्वीप संबंधी समस्त दिगम्बर जैन साधु। णमोकार मंत्र के पाँचवे पद में इन समस्त साधुओं को नमस्कार किया गया है ।

सर्वसावद्य निवृत्ति – *Sarvasāvadya Nivṛtti.*

Abstinence or freeness from all kinds of sinful worldly activities.

सामायिक; समस्त आरंभ परिग्रह से निवृत्त होना ।

सर्वसावद्य योग – *Sarvasāvadya Yoga.*

Sinful worldly activities.

समस्त आरंभ परिग्रह से सहित मन, वचन कायरूप योग। इनकी निवृत्ति सामायिक का लक्षण है ।

सर्वसुंदर – *Sarvasuṁdara.*

Very beautiful or attractive, One of the seven particular saints, See - *Sapta Ṛṣi.*

सबसे सुन्दर, सप्त ऋषियों में से एक। देखें - सप्तऋषि ।

सर्वस्थिति – *Sarvasthiti.*

Karmic aggregate at highest state.

उत्कृष्ट स्थिति में रहने वाले (बद्ध कर्म के) सम्पूर्ण निषेकों का जो समूह है वह सर्वस्थिति है ।

सर्वातिचार प्रतिक्रमण – *Sarvāticāra Pratikramaṇa.*

Purification or repentance of all faults commited in ascetic life.

दीक्षा ग्रहण से लेकर समस्त तपश्चरण के काल तक जो दोष लगे हों उनकी शुद्धि करना ।

सर्वात्मभूत – *Sarvātmabhūta.*

Name of the 5th predestined Jaina-Lord (another name is Sarvayudh).

भाविकालीन 5वें तीर्थंकर, अपरनाम सर्वायुध ।

सर्वानंत – *Sarvānaṁta.*
All infinite.
अनंत का एक भेद। आकाश को धन रूप से देखने पर उसका अंत नहीं पाया जाता इसलिये उसे सर्वानंत कहते हैं ।

सर्वानशन – *Sarvānaśana.*
A type of great austerity pertaining to renunciation of food upto holy death.
अनशन तप के दो भेदों में एक भेद, मरण समय में अर्थात् सन्यास काल में मुनि सर्वानशन तप करते हैं। भक्तप्रत्याख्यान, इंगिनीमरण, प्रायोपगमनमरण अथवा अन्य भी अनेकों प्रकार के मरणों में जो मरण पर्यंत आहार का त्याग करना है, वह अनवधृत या सर्वानशन तप है ।

सर्वानुकंपा – *Sarvānukaṁpā.*
Great feeling of compassion.
अनुकंपा के 3 भेदों में एक भेद। दुःखी प्राणियों को स्वस्थ करना, उनकी पीड़ा का उपशम करना यह सर्वानुकंपा है ।

सर्वायुध – *Sarvāyudha.*
See - *Sarvātmabhūta.*
देखें - सर्वात्मभूत ।

सर्वार्थ – *Sarvārtha.*
The great grand father of Lord Mahavira, One of the 14 earth under *Chitra* earth.
भगवान महावीर के बाबा, चित्रा पृथिवी के नीचे चौदह अन्य पृथिवीयों में 12 वीं पृथिवी ।

सर्वार्थपुर – *Sarvārthapura.*
Name of a city in the north of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर ।

सर्वार्थसिद्धा – *Sarvārthasiddhā.*
A super power possessed by *Vidyadhars* Nami, Vinami.
एक विद्या। परमकल्याण रूप, मंत्रों से परिष्कृत, विद्याबल से युक्त और सभी का हित करने वाली यह विद्या धरणेन्द्र ने नमि और विनमि विद्याधर को दी थी ।

सर्वार्थसिद्धि – *Sarvārthasiddhi.*
One of the 5 *Anuttar Vimans* (space crafts-dwelling place of *Indras*), Name of a palanquin used by Lord Shantinath.
5 अनुत्तर विमानों में एक इन्द्रक विमान, जहाँ जन्म लेने वाले अहमिन्द्र देव मनुष्य का एक भव धारण कर नियम से मोक्ष प्राप्त करते हैं। एक पालकी, तीर्थंकर शांतिनाथ इसी में बैठकर संयम धारण करने सहस्राम्र वन गये थे ।

सर्वार्थसिद्धि (शास्त्र) – *Sarvārthasiddhi (Śāstra).*
Name of a great treatise written by *Acharya* Pujyapad in Sanskrit language.
आचार्य पूज्यपाद (ई.श.5) द्वारा रचित तत्त्वार्थ सूत्र की विशद संस्कृतभाषाबद्ध टीका-ग्रंथ ।

सर्वार्थसिद्धि वचनिका – *Sarvārthasiddhi Vacanikā.*
Hindi translation work of 'Sarvarthsiddhi Granth' written by *Pandit* Jayachandra Chhabra.
पं. जयचंद्र छाबड़ा (ई. 1809) कृत सर्वार्थसिद्धि ग्रंथ की भाषा वचनिका ।

सर्वार्थसिद्धि व्रत – *Sarvārthasiddhi Vrata.*
A particular procedural vow (fasting).
सप्तमी का एकाशना, 8-15 तक 8 उपवास और प्रतिपदा को पारणा एवं णमोकार मंत्र की त्रिकाल जाप करना। इसकी विशेष विधि व्रत विधान संग्रह में देखें ।

सर्वावधि – *Sarvāvadhi.*
Complete clairvoyance.
अवधिज्ञान के तीन भेदों में एक भेद, पूर्ण अवधिज्ञान ।

सर्वानशन – *Sarvānaśana.*
A kind of austerity (fasting).
अनशन तप के दो भेदों में एक—सभी प्रकार के भोजन का त्याग करना सर्वानशन है। मरणकाल अर्थात् समाधिकाल में मुनि सर्वानशन तप करते हैं ।

सर्वासंख्यात – *Sarvāsaṁkhyāta.*
Innumerable (uncountable).
घनलोक सर्वासंख्यात है क्योंकि घनरूप से लोक के देखने पर प्रदेशों की गणना की अपेक्षा वे संख्यातीत हैं ।

सर्वोपशम – *Sarvopaśamana.*
Super subsidence (of Karmas).
मिथ्यत्व आदि तीनों प्रकृतियों के उदयाभाव को सर्वोपशम कहते हैं। प्रथमोपशम सम्यक्त्व का लाभ भी सर्वोपशम से होता है ।

सर्वोपशमन – *Sarvopaśamana.*
Subsidence of all 28 Karmic nature of delusion.
मोहनीय कर्म की 28 प्रकृतियों का उदयाभाव करना। यह धर्मध्यान का फल है ।

सर्वौषध ऋद्धि – *Sarvauṣadha Ṛddhi.*
A type of supernatural medicinal power of curing one from disease.
जिस ऋद्धि के प्रभाव से दुष्कर तप से युक्त मुनियों का स्पर्श किया हुआ जल, वायु, तथा उन के रोम व नखादिक व्याधि के हरने वाले हो जाते हैं ।

सर्षप फल – *Sarṣapa Phala.*
Mustard seeds, a unit of weighing.
सरसों, तोल का एक प्रमाण ।

सल्लेखना – *Sallekhanā.*
Procedure of physical mortification for holy death (reg. saints).
समाधि। अतिवृद्ध, असाध्य रोगग्रस्त हो जाने पर अथवा अप्रतिकार्य उपसर्ग आने पर या दुर्भिक्ष आदि के होने पर साम्य भाव पूर्वक अंतरंग कषायों का सम्यक् प्रकार से दमन करते हुए, भोजन आदि का त्याग करके धीरे-धीरे शरीर को कृश करना। सल्लेखना यम व नियम के भेद से दो प्रकार की होती है ।

सल्लेखना काल – *Sallekhanā Kāla.*
Time duration of *Sallekhana* (holy death of saints).
रागादि विकल्पों के कृश करने रूप भाव सल्लेखना तथा उसी के अर्थ में कायक्लेशादि के अनुष्ठान रूप द्रव्यसल्लेखना है इन दोनों का आचरण करना सल्लेखना काल है ।

सवस्त्र लिंग – *Savastra Liṁga.*
The female Jain ascetic.
अपवाद लिंग अथवा स्त्री (आर्यिका) का लिंग ।

सविकल्प – *Savikalpa.*
With option, Knowledge is called as *Savikalpa.*
विकल्प सहित, ज्ञानोपयोग (ज्ञान) को सविकल्प कहा गया है।

सविचार – *Savicāra.*
Condition related to absolute meditation where unconsciously different attributes of meditation replace on another.
पृथक्त्व वितर्क शुक्लध्यान। अर्थ, व्यंजन और योगों का संक्रम (परिवर्तन) वीचार है। जो ऐसे संक्रम से युक्त हो उसे सूत्र में सविचार कहा है ।

सवितर्क – *Savitarka.*
Unconscious thought activities in absolute meditation.
पृथक्त्ववितर्क एवं एकत्व वितर्क दोनों शुक्लध्यान वितर्क सहित है। विचार करने को वितर्क कहते हैं ।

सविपाक उदय – *Savipāka Udaya.*
Fruition of *Karmas* on maturity.
काल, भव और क्षेत्र का निमित्त पाकर कर्मों का उदय होता है। वह दो प्रकार का है- सविपाक उदय और अविपाक उदय। कर्मों का स्थिति पूर्ण होने पर उदय में आना ।

सविपाक निर्जरा – *Savipāka Nirjarā.*
Shedding off or dissociation of *Karmas* on maturity.
निर्जरा के दो भेदों में एक भेद, कर्मों का अपने समय पर उदय में आकर झड़ना ।

सविश्वरूपत्व – *Saviśvarūpatva.*
Universally vast form, A name of Lord Rishabhdev called by *Saudharma Indra.*
वस्तु में कुछ विरोधी धर्मों में एक धर्म, जैसे-सविश्वरूप-एकरूप इत्यादि। सौधर्मेन्द्र द्वारा स्तुत वृषभदेव का एक नाम ।

सवैडूर्य – *Savaidūrya.*
Another name of *Sumeru* mountain among many.
सुमेरु पर्वत के अनेक अपरनामों में एक नाम ।

सव्यभिचार – *Savabhicāra.*
A fallacy causing both favour & opposition, an inconclusive fallacy.
एक हेत्वाभास। पक्ष व विपक्ष दोनों को स्पर्श करने वाला हेतु। यह साधारण, असाधारण व अनुपसंहारी तीन प्रकार का होता है ।

सशल्य मरण – *Saśalya Maraṇa.*
Death with passionate sting or passionful death.
माया, मिथ्या, निदान इनमें से किसी भी शल्य सहित मरना ।

सहकारी – *Sahakārī.*
A cause related to co-operation.
एक सहयोगी कारण; सभी द्रव्य परस्पर में जो उपकार करते हैं वह सहकारी कारण के रूप में ही करते हैं ।

सहचर – *Sahacara.*
Going or associating with, Associate, companion.
एक हेतु; जो साध्य के साथ रहता है ।

सहज – *Sahaja.*
Natural, simple.
स्वाभाविक ।

सहज दुःख – *Sahaja Duḥkha.*
Natural trouble or pain.
स्वाभाविक क्षुधादि से उत्पन्न होने वाला दुःख ।

सहदेव – *Sahadeva.*
One of the 5 Pandavas.
रानी माद्री व पाण्डु का पुत्र, 5वां पांडव। अंत में दीक्षा धारण की, दुर्योधन के भानजे द्वारा शत्रुञ्जयगिरि पर घोर उपसर्ग होने पर समतापूर्वक देह त्याग कर सर्वार्थसिद्धि स्वर्ग में गये ।

सहदेवी – *Sahadevī.*
The mother of Sukaushal, a saint.
सुकौशल मुनि की माता। सुकौशल के मुनि हो जाने पर पुत्र वियोग से मरकर सिंहनी हुई। पूर्व के क्रोधवश सुकौशल को खा लिया। अंत में सुकौशल के पिता कीर्तिधर (मुनि) से पूर्वभव जानकर पश्चातापपूर्वक देह त्याग कर स्वर्ग गयी ।

सहधर्मिणी – *Sahadharmiṇī.*
The wife, one who is married with ritual ceremony.
धर्मपत्नी। वही उत्तम सहधर्मिणी है जो अपने धर्म और यश की रक्षा करती है तथा प्रेमपूर्वक अपने पतिदेव की आराधना करती है ।

सहनानी – *Sahanānī.*
Symbolism or mathematical symbols.
गणित में किसी प्रक्रिया के लिए कल्पित किया गया कोई चिन्ह, अक्षर, अंक आदि ।

सहभाव – *Sahabhāva.*
Association, Co-existence.
अविनाभाव के दो भेदों में एक भेद। साथ रहने वाले में तथा व्याप्य और व्यापक पदार्थों में सहभाव नियम नाम का अविनाभाव होता है। जैसे - द्रव्य व गुण में ।

सहभावी विशेष – *Sahabhāvī Viśeṣa.*
Co-existing factor-the property of a matter in it.
गुण; जो वस्तु के सर्व प्रदेशों में व उसकी सर्व अवस्थाओं में

साथ-साथ रहता है ।

सहभू – *Sahabhū.*
Co-existing one.
सहभावी, अन्वयी, गुण, सहभू तथा अर्थ ये सब शब्द अर्थ की दृष्टि से एकार्थक होने के कारण एकार्थवाचक हैं ।

सहभूत – *Sahabhūta.*
The properties of a matter (co-existing or associating).
सहकारी, सामान्य विशेष गुण द्रव्यों के सहभूत जानने चाहिए।

सहभोजन – *Sahabhojana.*
Taking food togetherly.
एक साथ भोजन करना ।

सहवर्ती – *Sahavartī.*
Co-existing or co-associating.
द्रव्य में गुण सहवर्ती और पर्यायें क्रमवर्ती होती हैं। देखें - सहभूत ।

सहवा (कवि) – *Sahavā (Kavi).*
Name of a Marathi poet, the writer of Neminath Puran.
नेमिनाथ पुराण के रचयिता (ई. 1717) एक मराठी कवि ।

सहवास – *Sahavāsa.*
Cohabitation.
संगति। साथ-साथ रहना ।

सहवृत्ति – *Sahavṛtti.*
Tendency of co-association or co-inclination.
समवृत्ति अर्थात् गुण और गुणी का साथ-साथ रहना अर्थात् उनका कथंचित् एकत्व - तादात्म्य सम्बंध ।

सहसा – *Sahasā.*
Suddenly, all of a sudden.
अचानक, तत्काल ।

सहसातिचार – *Sahasāticāra.*
Sudden inclination towards inauspicious thoughts & speech.
अशुभवचन और अशुभ विचारों में वचन की और मन की तत्काल अविचार पूर्वक प्रवृत्ति होना, इसको सहसातिचार कहते हैं ।

सहसा निक्षेप – *Sahasā Nikṣepa.*
Sudden installation of something due to some fear etc.
निक्षेपाधिकरण के 4 भेदों में एक भेद। यकायक किसी भय से या किसी अन्य कार्य करने की शीघ्रता से वस्तु को रख देना। यह अजीवाधिकरण आस्रव का एक कारण है ।

सहस्र – *Sahasra.*
One thousand, 1000.
एक हजार, 1000 ।

सहस्रकीर्ति – *Sahasrakīrti.*
Name of the preceptor of Nemichandra *Bhattarak* of *Nandi* group and a saint of *Kashtha* group.
नंदिसंघ बलात्कारगण नागौर गद्दी के एक भट्टारक नेमिचन्द्र के गुरु, काष्ठासंघ पट्टावली के एक आचार्य त्रिभुवनकीर्ति के शिष्य ।

सहस्रनयन – *Sahasranayana.*
The son of Sulochana.
सगर चक्रवर्ती का साला तथा सुलोचना का पुत्र ।

सहस्रनाम स्तव – *Sahasranāma Stava.*
Name of an eulogical treatise written by *Pandit* Ashadhar.
पं. आशाधर (ई. 1173-1243) द्वारा रचित संस्कृत छंदबद्ध ग्रंथ जिसमें 1008 नामों द्वारा भगवान का स्तवन किया गया है। इस पर आचार्य श्रुतसागर (ई.1473-1533) ने टीका लिखी है ।

सहस्रनाम स्तोत्र – *Sahasranāma Stotra.*
Name of an eulogical spiritual hymn written by Jinsenacharya.
श्री जिनसेनाचार्य द्वारा रचित भगवान ऋषभदेव के 1008 नामों का संस्कृत स्तोत्र ।

सहस्रनाम विधान – *Sahasranāma Vidhāna.*
A composition of worshipping hymn composed by Ganini Aryika Shri Gyanmati Mataji.
श्री जिनसेनाचार्य द्वारा रचित सहस्रनाम स्तोत्र के आधार पर गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा सन् 1954 में रचे गये 1008 मंत्रों के अर्थ को छन्दों में निबद्ध करके रचित 1008 अर्घ्यों वाला विधान ।

सहस्रपर्वा – *Sahasraparvā.*
Name of a super power possessed by Nami & Vinami *Vidyadhars.*
धरणेन्द्र द्वारा नमि व विनमि विद्याधरों को प्राप्त विद्या ।

सहस्रबाहु – *Sahasrabāhu.*
Father's name of the 8th *Chakravarti* (emperor) Subhaum.
8वें चक्रवर्ती सुभौम के पिता ।

सहस्रानीक – *Sahasrānīka.*
One of the sons of *Vidyadhar* -Vinami.
विनमि विद्याधर के अनेक पुत्रों में एक पुत्र ।

सहस्राम्र – *Sahasrāmra.*
Forest of mango trees, the initiation & ommiscience forest of Lord Shantinath & Neminath.
आम्रवृक्षों का वन, भगवान शांतिनाथ एवं नेमिनाथ का दीक्षा एवं केवलज्ञान वन ।

सहस्रायुध – *Sahasrāyudha.*
The son of *Chakravarti* (emperor) Vajrayudh.
चक्रवर्ती वज्रायुध का पुत्र। मुनि पिहितास्रव से दीक्षा लेकर सन्यासमरण कर अधोग्रैवेयक में अहमिन्द्र हुआ ।

सहस्रार – *Sahasrāra.*
Name of the 12th heaven.

12 वां स्वर्ग, यहां का इन्द्र शतार है ।

सहानवस्था विरोध – *Sahānavasthā Virodha.*
Mutual opposition in the different states of a matter.
विरोध के 3 भेदों में एक भेद। यह विरोध एक वस्तु की क्रम से होने वाली दो पर्यायों में होता है। नयी पर्याय उत्पन्न होती है तो पूर्व पर्याय नष्ट हो जाती है ।

सहायक कारण – *Sahāyaka Kāraṇa.*
A helping cause.
एक कारण। जो स्वयं कार्यरूप परिणम वह उपादान कारण है तथा उसमें सहायक होने वाले पर द्रव्य व गुण निमित्त सहायक कारण हैं। इसे बलाधान या उदासीन निमित्त भी कहते हैं ।

सहेतुक प्रत्याख्यान – *Sahetuka Pratyākhyāna.*
Causal renunciation—one of the 10 types of renunciations.
प्रत्याख्यान के सामान्य 10 भेदों में एक भेद। किसी निमित्त से किया जाने वाला त्याग जैसे—इस ग्रंथ का अध्ययन आदि पूर्ण होने तक अमुक वस्तु का त्याग करना ।

सहेतुक वन – *Sahetuka Vana.*
Name of initiation & ommiscience forests of 9 *Tirthankars* (Jaina-Lords)—Ajitnath, Sambhavanath, Sumatinath, Suparshvanath, Sheetalnath, Vimalnath, Anantnath, Kunthunath & Arahnath.
तीर्थंकर अजितनाथ, संभवनाथ, सुमतिनाथ, सुपार्श्वनाथ, शीतलनाथ, विमलनाथ, अनंतनाथ, कुंथुनाथ, अरनाथ का दीक्षा एवं केवलज्ञान वन ।

सह्य – *Sahya.*
Name of a mountain situated near Malaygiri.
मलयगिरी के समीप में स्थित एक पर्वत ।

सांख्यदर्शन – *Sāṁkhyadarśana.*
Name of a philosophy, its founder was Maharshi Kapil.
एक एकांत दर्शन इसके मूल प्रणेता महर्षि कपिल थे। इस दर्शन के मूल पदार्थ दो हैं-पुरुष व प्रकृति। पुरुष चेतन तत्त्व है और प्रकृति जड़ है ।

सांतर निरंतर द्रव्य वर्गणा –
Sāṁtara Niraṁtara Dravya Vargaṇā.
A type of *Karmic* aggregates having nature of continuity & discontinuity both.
जो वर्गणा अंतर के साथ निरन्तर जाती है, उसकी सांतर-निरन्तर द्रव्य वर्गणा संज्ञा है। यह अग्रहण वर्गणा ही है, क्योंकि यह आहार, तैजस, भाषा, मन और कर्म के अयोग्य है ।

सांतर बंधी प्रकृति – *Sāṁtara Baṁdhī Prakṛti.*
A *Karmic* nature with having property of its annihilation (to put out of existence of one *Gati* for another).
जिस कर्म प्रकृति का काल के क्षय से बन्ध व्युच्छेद संभव है वह सांतरबंधी प्रकृति है। अर्थात् जहां किसी समय देवगति का बंध हो और किसी समय अन्य गति का बंध हो वह सांतरबंधी प्रकृति है ।

सांतर मार्गणा – *Sāṁtara Mārgaṇā.*
Margana (investigation) with discontinuity or gaps.
अंतर सहित मार्गणा। अर्थात् जिनमें अंतर—विच्छेद नहीं पड़ता उनको निरन्तर मार्गणा और जिनमें विच्छेद पड़ जाता है उनकों सांतर मार्गणा कहते हैं। 14 मार्गणाओं में 8 सान्तर मार्गणाऐं हैं ।

सांतर सिद्ध – *Sāṁtara Siddha.*
Beings to be salvated from *Santar Gati.*
अंतर—विच्छेद सहित होने वाले सिद्ध ।

सांद्र – *Sāṁdra.*
Regular solid, Smooth, Beautiful.
नियमित सान्द्र, घन, ठोस, चिकना, मृदु, सुन्दर ।

सांपरायिक – *Sāṁparāyika.*
Mundane inflow, passionful influx.
कषाय सहित अर्थात् जो कर्म संसार का प्रयोजक है वह साम्परायिक है ।

सांपरायिक आस्रव – *Sāṁparāyika Āsrava.*
Passionful influx.
स्वामी की अपेक्षा आस्रव के दो भेदों में एक भेद। कषाय सहित होने वाले आस्रव को साम्परायिक आस्रव कहते हैं। पहले से दसवें गुणस्थान तक सांपरायिक आस्रव होता है। इसके 57 भेद हैं - 5 मिथ्यात्व, 5 अविरति, 15 प्रमाद, 25 कषाय, 7 योग ।

सांपरायिक बंधक – *Sāṁparāyika Baṁdhaka.*
Those bound with passionful influx.
प्रथम गुणस्थान से लेकर 10वें गुणस्थान तक के जीव कषाय सहित होने से साम्परायिक बंधक कहलाते हैं ।

सांवत्सरिक प्रतिक्रमण –
Sāṁvatsarika Pratikramaṇa.
A type of repentance, carried on annually by Jain saints.
प्रतिक्रमण के 7 भेदों में छठा भेद। देखें-वार्षिक प्रतिक्रमण ।

सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष –
Sāṁvyavahārika Pratyakṣa.
Right sensual apprehension or perception.
प्रत्यक्ष के दो भेदों में एक भेद। जो ज्ञान इन्द्रिय और मन की सहायता से पदार्थ को एकदेश स्पष्ट जानता है। उसे सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष कहते हैं। यद्यपि सैद्धान्तिक दृष्टिकोण से यह परिभाषा परोक्ष ज्ञान में घटित होती है परन्तु न्याय की भाषा में इसे सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष कहा गया है ।

सांसारिक दुःख – *Sāṁsārika Duḥkha.*
Worldly afflictions or troubles.
लौकिक विषयों से उत्पन्न दुःख अर्थात् भोगसाधनात्मक भोगों का वियोग होने से जो दुःख उत्पन्न होता है। संसारी जीवों का इन्द्रिय सुख वासना जनित होने के कारण दुःखरूप ही है क्योंकि आपत्तिकाल में भोग व रोग चित्त में उद्वेग करने

वाले हैं ।

सांसारिक सुख – *Sāṁsārika Sukha.*

Worldly sensual pleasures.

लौकिक या इन्द्रियजन्य सुख। यह सारा इन्द्रिय विषयक माना जाता है, इसलिए यह केवल सुखाभास ही नहीं, किन्तु निःसंदेह दुखरूप ही है ।

साकांक्ष अनशन – *Sākāṁkṣa Anaśana.*

A type of austerity (fasting) to be observed for some specific time periods.

अवधृत काल अनशन तप अर्थात् नियतकालीन उपवास। इसके षष्ठम, अष्टम, दशम, द्वादश, पंद्रह दिन, एक मास, कनकावली, मुरज, सिंहनिष्क्रीडित इत्यादि जो भेद जहां हैं, वह सब साकांक्ष अनशन तप हैं ।

साकार उपयोग – *Sākāra Upayoga.*

Conscious knowledge (sensory, scriptural, clairvoyance, telepathic etc.).

ज्ञानोपयोग; मति, श्रुत, अवधि और मनःपर्ययज्ञान के द्वारा जो अपने-अपने विषय का विशेष ज्ञान होता है उसे साकार उपयोग कहते हैं ।

साकार मंत्रभेद – *Sākāra Maṁtrabheda.*

An infraction of vow of true speech—to expose the secret of others with the intention of their insult.

सत्याणुव्रत का एक अतिचार; चर्चा वार्ता से अथवा मुख की आकृति आदि से दूसरे के मन की बात को जानकर इसलिए प्रकट कर देना कि उसकी बदनामी हो ।

साकार स्थापना – *Sākāra Sthāpanā.*

If the representative and the represented are similar in figure, then, such installation are called Sakar Sthapana.

तदाकार स्थापना निक्षेप; पाषाण या धातु की बनी हुई तदाकार प्रतिबिम्ब में जिनेन्द्र भगवान की या इन्द्र की स्थापना करना तदाकार स्थापना है ।

साकेता – *Sāketā.*

Another name of Ayodhya (birth place of Lord Adinath, Ajitnath, Abhinandannath, Sumatinath & Anantnath).

भरत क्षेत्र की एक नगरी। अपरनाम अयोध्या। तीर्थंकर आदिनाथ, अजितनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ, अनंतनाथ की जन्म नगरी ।

साक्षर शब्द – *Sākṣara Śabda.*

Syllabary language.

मनुष्यों की भाषा साक्षरी तथा पशु-पक्षियों की निरक्षरी होती है।

साक्षात् प्रत्यक्ष हेतु – *Sākṣāt Pratyakṣa Hetu.*

A direct cause causing immediate result as the evolution of knowledge with destruction of ignorance.

प्रत्यक्ष हेतु के दो भेदों में एक भेद। अज्ञान का विनाश, ज्ञानरूपी दिवाकर की उत्पत्ति, देव मनुष्यादिकों के द्वारा निरन्तर की जाने वाली विविध प्रकार की अभ्यर्थना और प्रत्येक समय होने वाली असंख्यात- गुणी कर्मों की निर्जरा, साक्षात प्रत्यक्ष हेतु है ।

सागर – *Sāgara.*

Ocean, Sea, Name of the main questioner in the assembly of Lord Ajitnath.

समुद्र, मध्यलोक में द्वीपों को वेष्टित करते हुए एक के पीछे एक असंख्यात सागर हैं। तीर्थंकर अजितनाथ का मुख्य प्रश्नकर्ता।

सागर (गणित) – *Sāgara (Gaṇita).*

A mathematical measuring unit of Ten Korakori Palya (reg. *Lokottara* Ganit—transcendental mathematics).

लोकोत्तर गणितीय राशि—दस कोड़ाकोड़ी पल्य प्रमाण काल ।

सागर सिद्ध – *Sāgara Siddha.*

Beings to be salvated from ocean.

समुद्र से सिद्ध होने वाले जीव, ये स्तोक होते हैं ।

सागार – *Sāgāra.*

Householders, lay followers.

गृहस्थ। गृह में रहने वाले गृहस्थधर्म पालक। अर्थात् सकल परिग्रह सहित घर में रहने वाले सागार कहलाते हैं ।

सागार धर्मामृत – *Sāgāra Dharmāmṛta.*

Name of a book written by *Pandit* Ashadhar.

पं. आशाधर (ई. 1173-1243) द्वारा रचित संस्कृत श्लोकबद्ध श्रावकाचार विषयक ग्रंथ। इसमें 8 अध्याय और 477 श्लोक हैं ।

सागरोपम – *Sāgaropama.*

A transcendental time unit.

काल का एक प्रमाण। ढाई उद्धार सागर प्रमाण काल का एक सागरोपम काल होता है। एक उद्धार सागर 10 कोड़ाकोड़ी उद्धार पल्यों का कहा गया है ।

सात गारव – *Sāta Gārava.*

Proud of worldly pleasure.

गारव (घमंड) के तीन भेदों शब्द गारव, ऋद्धि गारव, सात गारव में एक भेद। मुझे बहुत सुख साता है, मेरे जैसा कोई पुण्यवान नहीं है- ऐसा अभिमान करना सात गारव है या रसयुक्त भोजन प्राप्त करके उससे उत्पन्न सुख का अभिमान करना सात या रस-गारव है ।

सात नय – *Sāta Naya.*

Seven particular kinds of standpoints.

नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ़ और एवंभूत ये 7 नय हैं ।

सात भय – *Sāta Bhaya.*

Seven kinds of fears.

इहलोक, परलोक, अरक्षा, अगुप्ति, मरण, वेदना और आकस्मिक भय ये सात भय हैं ।

सातवीं पृथिवी – *Sātavīṁ Pṛthivī.*

The 7th hellish earth.

महातमः प्रभा नाम की नरक पृथिवी, यह 8 हजार योजन मोटी है। इस पृथिवी से एक राजु नीचे लोक का अंत है ।

सात व्यसन – *Sāta Vyasana.*

Seven kinds of bad addictions (gambling, non-veg. eating, wine drinks, prostitution, hunting, stealing, licentiousness).

जुआ, मांस, मद्य, वेश्या, शिकार, चोरी और परस्त्री रमण ये सात व्यसन महापाप रूप हैं ।

सात स्वप्न – *Sāta Svapna.*

Seven dreams (seen by Narayan's mother and by king Shreyans).

नारायण की माता के 7 स्वप्न- सूर्य, चन्द्रमा, दिग्गजों द्वारा लक्ष्मी का अभिषेक, आकाश से नीचे आता विमान, दैदीप्यमान अग्नि, रत्न राशि, मुख में प्रवेश करता सिंह। राजा श्रेयांस के 7 स्वप्न- सुमेरू पर्वत, आभूषण से सुशोभित कल्पवृक्ष, किनारा उखाड़ता बैल, सूर्य, चन्द्रमा, रत्नों की लहरों से सुशोभित समुद्र, अष्ट मंगल द्रव्य लिये व्यंतर देवों की मूर्तियाँ।

साता – *Sātā.*

Pleasure, bliss, merriment.

सुख अर्थात् साता रूप आत्मा का परिणाम ।

साता वेदनीय – *Sātā Vedanīya.*

Pleasure giving *Karmas.*

वेदनीय कर्म के दो भेदों में एक भेद। जिस कर्म के उदय से जीव को इन्द्रिय और मन सम्बन्धी सुख की प्राप्ति होती है ।

सातिप्रयोग – *Sātiprayoga.*

A type of illusion, wrong practices of telling lie for money, embezzlement etc.

माया के 5 भेदों में एक भेद; धन के विषय में असत्य बोलना, किसी की धरोहर का कुछ भाग हरण कर लेना, दूषण लगाना अथवा झूठी प्रशंसा करना सातिप्रयोग माया है ।

सातिशय अप्रमत्त – *Sātiśaya Apramatta.*

Saints rising on the 2nd substage of the 7th stage of spiritual development.

अप्रमत्त संयत के दो भेदों में एक भेद। जो साधु उपशम या क्षपक श्रेणी चढ़ने के सम्मुख हैं वे सातिशय अप्रमत्त संयत कहलाते हैं ।

सातिशय केवली – *Sātiśaya Kevalī.*

A type of omniscient one.

तीर्थंकर प्रकृति रहित, 25 अतिशयों (10 केवलज्ञान, 14 देवकृत, 1 वज्रवृषभनाराच संहनन), 4 प्रातिहार्य (छत्र, सिंहासन, भामंडल, दिव्यध्वनि), गन्धकुटी व अनन्त चतुष्टय सहित 'सातिशय केवली' होते हैं। अर्थात् अतिशय युक्त केवली को 'सातिशय केवली' कहते हैं ।

सातिशय मिथ्यादृष्टि – *Sātiśaya Mithyādṛṣṭi.*

Wrong believers who are going to attain right belief.

प्रथमोपशम सम्यक्त्व के अभिमुख जीव सातिशय मिथ्यादृष्टि कहलाते हैं ।

सात्यकिपुत्र – *Sātyakiputra.*

The 11th *Rudra,* the soul of predestined 24th *Tirthankara* (Jaina-Lord).

11 वें रुद्र, भाविकालीन 24 वें तीर्थंकर का जीव ।

सात्विक दान – *Sātvika Dāna.*

Right donation.

जिस दान से अतिथि का हित हो, जिसमें सुपात्र का निरीक्षण स्वयं दाता के द्वारा किया गया हो और दाता में श्रद्धा आदि समस्तगुण हों वह सात्विक-दान है ।

सादि नित्य पर्यायार्थिक नय – *Sādi Nitya Paryāyārthika Naya.*

A standpoint believing the existence of supreme soul.

पर्यायार्थिक नय के 6 भेदों में एक भेद। (परम भाव ग्राहक) शुद्ध निश्चयनय को गौण करके, सम्पूर्ण कर्मों के क्षय से उत्पन्न तथा चरम शरीर के आकार रूप पर्याय से परिणत जो शुद्ध सिद्ध पर्याय है, उसको विषय करने वाला अर्थात् उसको सत् समझने वाला नय ।

सादि बंध – *Sādi Baṁdha.*

Rebinding of *Karmas.*

जिस कर्म के बंध का अभाव होकर फिर वही कर्म बंधे उसे सादि बंध कहते हैं ।

सादिबंधी प्रकृति – *Sādibaṁdhī Prakṛti.*

A type of *Karmic* nature with having property of rebinding.

जिस कर्म प्रकृति के बन्ध का अभाव होकर पुनः बन्ध होता है वह सादिबन्धी प्रकृति कहलाती है ।

सादि मिथ्यादृष्टि – *Sādi Mithyādṛṣṭi.*

One degraded from the right path.

सम्यग्दर्शन को प्राप्त करने के उपरांत जो जीव गिरकर पुनः मिथ्यादृष्टि हो जाता है उसे सादि-मिथ्यादृष्टि कहते हैं ।

सादि स्थिति बंध – *Sādi Sthiti Baṁdha.*

Rebinding of particular *Karmic* duration i.e. rebinding of Karmas in reference to Sthiti Bandh.

विवक्षित कर्म की स्थिति के बंध का अभाव होकर पुनः उसके बंधने को सादि स्थितिबंध कहते हैं ।

सादृश्य – *Sādṛśya.*

Resemblance, similarity.

एकरूपता, समानता, समान धर्म ।

सादृष्य प्रत्यभिज्ञान – *Sādṛśya Pratyabhijñāna.*

Analogical recognition.

स्मृति और प्रत्यक्ष के विषय भूत पदार्थों में सादृश्यता दिखाते हुए जोड़ रूप ज्ञान का होना। जैसे यह गौ गवय के समान है।

साधक श्रावक – *Sādhaka Śrāvaka.*

A type of householder (votary), who renounces all the attachments (from body, food etc.) for holy death (Samadhi).

श्रावक के तीन भेदों में एक भेद। जो श्रावक जीवन के अंत में शरीर, आहार आदि से ममत्व छोड़कर आत्म शुद्धि के लिए समाधिमरण की साधना करता है। उत्कृष्ट श्रावक के व्रतों को (11 प्रतिमा) धारण करने वाले क्षुल्लक भी साधक श्रावक

कहलाते हैं ।

साधन – *Sādhana.*
Means, resources.
कार्य आदि के सम्पादन में निमित्तभूत क्रिया, हेतु, उपाय आदि साधन कहलाते हैं। मरण समय आहार व मन वचन काय के व्यापार का त्याग करके आत्म शुद्धि करना साधन है ।

साधन साध्य भाव – *Sādhana Sādhya Bhāva.*
Relations related to means and goal.
साध्य साधक भाव। व्यवहार सम्यक्त्व से निश्चय सम्यक्त्व सिद्ध किया जाता है अर्थात् व्यवहार सम्यक्त्व साधन या साधक है एवं निश्चय सम्यक्त्व साध्य है ।

साधन हेतु – *Sādhana Hetu.*
Means, resources.
देखें - साधन। स्वपक्ष की सिद्धि के लिए प्रयुक्त हुआ हेतु ।

साधना – *Sādhanā.*
Study (of soul), Striving towards any end or accomplishment.
लौकिक एवं आध्यात्मिक सिद्धि के लिए किया गया प्रयत्न ।

साधर्म्य – *Sādharmya.*
Parallelism, Means showing some existence.
धर्म, गुण आदि की समानता। साध्य के आधार में जिसकी वृत्तिता निश्चित हो उसको साधर्म्य कहते हैं ।

साधर्म्य उदाहरण – *Sādharmya Udāharaṇa.*
Smoke showing existence of fire, an example of means with its relative objects.
जो जो धूमवाला है वह वह अग्नि वाला है जैसे - रसोईघर ।

साधारण – *Sādhāraṇa.*
Ordinary, general, common, usual.
सामान्य, जिसमें कोई विशेषता न हो ।

साधारण कायिक जीव – *Sādhāraṇa Kāyika Jīva.*
Vegetation like common aquatic plant (one sensed beings according to Jaina philosophy).
वनस्पति। जो एक शरीर बहुत जीवों का होता है वह साधारण शरीर कहलाता है। ऐसा साधारण शरीर जिन जीवों का है वे साधारण जीव कहलाते हैं। साधारण शरीर में रहने वाले सभी जीवों का जन्म, मरण, श्वासोच्छ्वास, आहार आदि एक साथ होता है ।

साधारण वनस्पति – *Sādhāraṇa Vanaspati.*
General vegetation.
वनस्पति के दो भेदों में एक भेद। जिस वनस्पति के आश्रित साधारण जीव होते हैं वह साधारण वनस्पति कहलाती है ।

साधारण गुण – *Sādhāraṇa Guṇa.*
General virtues or qualities or properties of all matters.
जो सब द्रव्यों में व्यापता है, उसे सामान्य गुण कहते हैं। इसके अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, प्रमेयत्व, अगुरुलघुत्व, प्रदेशत्व ये 6 भेद हैं ।

साधारण नामकर्म प्रकृति –
Sādhāraṇa Nāmakarma Prakṛti.
Physique making *Karmic* nature causing single body possessed by infinite beings .
नामकर्म की एक प्रकृति, जिसके उदय से ऐसा शरीर प्राप्त हो जिसके अनंत जीव स्वामी हों। जो एक साथ जन्में, श्वास लें व मर जायें ।

साधिक जघन्य – *Sādhika Jaghanya.*
Some more than lowest.
जघन्य से कुछ अधिक ।

साधित – *Sādhita.*
Adored, Achieved, Accomplished.
संसिद्धि, राध, सिद्ध, साधित और आराधित ये शब्द एकार्थक हैं ।

साधु – *Sādhu.*
Digambar Jain saints with 28 basic attributes (Moolgun).
निर्ग्रन्थ मुनि को साधु कहते हैं। साधु के 5 महाव्रत, 5 समिति, 5 इन्द्रिय जय, 6 आवश्यक एवं 7 शेष गुण ये 28 मूलगुण होते हैं ।

साधुधर्म – *Sādhu Dharma.*
Basic restraints, conduct & discipline of Jain saints.
अनगार धर्म। संसार शरीर भोगों से विरक्ति, ज्ञानाचार आदि 5 आचार, 10 धर्म, संयम, मूलगुण और तपरूप उत्तरगुण, मिथ्यात्व मोह आदि का नाश, कषायों का शमन, इन्द्रिय दमन, निर्मल रत्नत्रय तथा अंत में समाधि मरण यह सब मोक्षपद में कारण मुनियों के धर्म हैं ।

साधु पूजा – *Sādhu Pūjā.*
Worshipping of Jaina saints.
श्रावक के षट्कर्तव्यों में गुरुपास्ति नाम का एक कर्तव्य; देव, गुरु, यति की पूजारूप धर्मानुराग इत्यादि ।

साधु प्रासुक परित्यागता –
Sādhu Prāsuka Parityāgatā.
A great & meaningful renouncement (reg. perception, knowledge & faith) done by Jaina saints.
दया बुद्धि से साधुओं के द्वारा किये जाने वाले दर्शन, ज्ञान व चारित्र के परित्याग या दान का नाम प्रासुक परित्यागता है। षट्खंडागम के अनुसार 16 कारण भावनाओं में यह एक भावना है ।

साधु संघ – *Sādhu Saṁgha.*
Group of Jaina saints (with *Muni, Aryika, Shravak* & *Shravika*).
चतुःसंघ; मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका ।

साधु समाधि – *Sādhu Samādhi.*
Protecting the saint - sangh and removal of obstacles that threaten the penance of ascetics (one of the 16 auspicious reflections).

16 कारण भावनाओं में एक भावना। बाह्य व आभ्यंतर कारणों से साधु-संघ के तपश्चरण में विघ्न आने पर संघ की रक्षा करना ।

साधुसेन – *Sādhusena.*
The 38th chief disciple of Lord Rishabhnath.
तीर्थंकर ऋषभनाथ के 38 वें गणधर ।

साध्य – *Sādhya.*
Something attainable or to be achieved.
इष्ट, अबाधित, असिद्ध को साध्य कहते हैं (देखें - परीक्षामुख) ।

सानत्कुमार – *Sānatkumāra.*
See - *Sanatkumāra.*
देखें - सनत्कुमार ।

सापराध – *Sāparādha.*
Offender, guilty, one at fault.
अपराधी ।

सापेक्ष – *Sāpekṣa.*
Relative, comparative.
परस्पर निर्भर, अपेक्षा या विवक्षा ।

सापेक्षता – *Sāpekṣatā.*
Relativity.
अनेकांत। धर्मों को कथंचित परस्पर में सापेक्ष ग्रहण करना ।

सापेक्ष दृष्टि – *Sāpekṣa Dṛṣṭi.*
Relative perception.
स्याद्वाद। जो वस्तु अनेकांत रूप है वही सापेक्ष दृष्टि से एकान्त भी है। श्रुतज्ञान की अपेक्षा अनेकांत रूप है और नय की अपेक्षा एकांत रूप है। बिना अपेक्षा के वस्तु का स्वरूप नहीं देखा जा सकता ।

सापेक्ष धर्म – *Sāpekṣa Dharma.*
Relative properties in matters.
अनेकांत, सप्तभंगी अर्थात् वस्तु में पाये जाने वाले विरोधी धर्म जो एक दूसरे पर निर्भर रहते हैं ।

सापेक्ष नय – *Sāpekṣa Naya.*
A standpoint related to relativity.
सापेक्ष नय वस्तु स्वरूप है जो सम्यक् है एवं स्व व पर के उपकार के लिये होता है ।

सामर्थ्य – *Sāmarthya.*
Capability, competence, capacity.
शक्ति, बल (जीव में मोक्ष को प्राप्त करने की सामर्थ्य है) ।

सामानिक – *Sāmānika.*
Those equal to *Indras* in age, power and enjoyment but lacking in grandeur.
जो देव आयु, शक्ति, परिवार तथा भोगोपभोग में इन्द्र के समान होते हैं, किन्तु आज्ञा और ऐश्वर्य में इन्द्र से हीन होते हैं। ये पिता, गुरु या उपाध्याय के समान माने जाते हैं ।

सामान्य – *Sāmānya.*
General, common, ordinary, normal.
समान अर्थात् एकता का भाव सामान्य है। द्रव्य, सामान्य, उत्सर्ग, अनुवृत्ति, सत्ता, सत्व, सत्, अन्वय, वस्तु, अर्थ, विधि, अविशेष ये सब एकार्थवाचक शब्द हैं ।

सामान्य उपयोग – *Sāmānya Upayoga.*
General perception, Another name of Darshanopyog.
दर्शनोपयोग जो सामान्य अथवा सत्ता स्वभाव का ग्रहण करता है ।

सामान्य काल – *Sāmānya Kāla.*
Common time.
वस्तु का विधि रूप वर्तन सामान्य काल है और निषेध स्वरूप विशेष काल है ।

सामान्य केवली – *Sāmānya Kevalī.*
A type of omniscient.
केवली के 7 भेदों में एक भेद; सामान्य मुनि अवस्था से केवलज्ञान को प्राप्त करने वाले ।

सामान्य गुण – *Sāmānya Guṇa.*
See - *Sādhāraṇa Guṇa.*
देखें - साधारण गुण ।

सामान्य गृह – *Sāmānya Gṛha.*
Home, An aboding palace of deities.
भवनवासी देवों के भवन का एक गृह (देवों के भवन सामान्यगृह, गर्भगृह, आसनगृह, लतागृह इत्यादि गृह विशेषों से सहित होते हैं) ।

सामान्य ज्ञान – *Sāmānya Jñāna.*
General knowledge.
द्रव्य सामान्य मात्र को ग्रहण करने वाला ज्ञान ।

सामान्य छल – *Sāmānya Chala.*
General cheating or deceitful behaviour.
छल के तीन भेद वाक्छल, सामान्य छल व उपचार छल में एक भेद। सम्भावना मात्र से कही गयी बात को सामान्य नियम बनाकर वक्ता के वचनों के निषेध करने को सामान्य छल कहते हैं ।

सामान्यतो दृष्ट – *Sāmānyato Dṛṣṭa.*
General anticipation or apprehension for something.
स्वार्थानुमान के तीन भेदों में एक भेद। जो सामान्य रूप से लिंग को देखकर लिंगी का अनुमान किया जाता है वह सामान्यतो दृष्ट है ।

सामान्य नय – *Sāmānya Naya.*
General standpoint or attitude.
सामान्य विचारधारा, नय के 42 भेदों में एक भेद। आत्मद्रव्य सामान्य नय से हार-माला-कण्ठी के डोरी की भांति व्यापक है।

सामान्य भूमि – *Sāmānya Bhūmi.*
Circular land in the assembly of Lord Arihant (with 20,000 stairs in every direction).
समवसरण के 31 अधिकारों में प्रथम अधिकार। समवशरण में सामान्य भूमि गोल होती है। उसकी प्रत्येक दिशा में आकाश में स्थित 20-20 हजार सीढ़ियाँ हैं ।

सामान्य विधि – *Sāmānya Vidhi.*
General method of explanation.
कथन करने की दो विधियों में एक; सामान्य विषय का बोध कराने वाले वाक्य ।

सामान्य विशेषात्मक – *Sāmānya Viśeṣātmaka.*
Common matter with different forms.
सर्व वस्तुएं सामान्य विशेषात्मक हैं। द्रव्य सामान्य है एवं पर्याय विशेष है ।

सामान्य संग्रह नय – *Sāmānya Saṁgraha Naya.*
A standpoint related to general truth in all the matters.
जो सत् सामान्य की अपेक्षा से सर्व पदार्थों को एकरूप ग्रहण करे। जैसे सर्व द्रव्य सत् हैं ।

सामान्य स्वभाव – *Sāmānya Svabhāva.*
General nature of matter.
स्वभाव के दो भेदों में एक भेद। अस्तित्व, नास्तित्व, नित्य, अनित्य, एक, अनेक, भेद, अभेद, भव्य, अभव्य और परम ये 11 सर्वद्रव्यों के सामान्य स्वभाव हैं ।

सामायिक – *Sāmāyika.*
Attitude of equanimity.
समता भाव रखना सामायिक है अथवा सर्व सावद्य योग से निवृत्त होना सामायिक है ।

सामायिक चारित्र – *Sāmāyika Cāritra.*
Conduct of equanimity (one of the five conducts of saints).
चारित्र के 5 भेदों में एक भेद। सर्व सावद्य योग से निवृत्त होना और सदा समता भाव रखना सामायिक चारित्र है। यह छठे से नौवें गुण स्थान तक होता है ।

सामायिक दंडक – *Sāmāyika Daṁḍaka.*
An eulogical hymn to be pronounced before Chaitya Bhakti etc. in Samayik.
सामायिक का एक कृतिकर्म; सामायिक करने में चैत्यभक्ति एवं पंचगुरु की भक्ति की प्रतिज्ञा के पश्चात् खड़े होकर मुक्ताशुक्ति मुद्रा (दोनों हाथों को चिपकाकर हाथ जोड़ना) के साथ णमोकार मंत्र एवं चत्तारि मंगल पाठ पढ़कर "अड्ढाइज्ज दीवदोसमुद्देसु....." इत्यादि जो पाठ पढ़ा जाता है वह सामायिक दंडक कहा जाता है।

सामायिक पाठ – *Sāmāyika Pāṭha.*
Name of a eulogical hymn written by *Acharya* Amitgati.
आचार्य अमितगति (ई. 983-1023) कृत 32 संस्कृत पद्यबद्ध समता भावरूप पाठ ।

सामायिक प्रतिमा – *Sāmāyika Pratimā.*
The third model stage of spiritual development of householders among all 11.
श्रावक की 11 प्रतिमाओं में तीसरी प्रतिमा। विधिपूर्वक तीनों संध्या कालों में सामायिक करने की प्रतिज्ञा लेना ।

सामायिक व्रत – *Sāmāyika Vrata.*
Vow of equanimity.
दूसरी प्रतिमा के अन्तर्गत एक शिक्षाव्रत; जिसमें प्रातः एवं सायं दोनों समय सामायिक करना आवश्यक होता है ।

सामायिक शुद्धि संयम – *Sāmāyika Śuddhi Saṁyama.*
Renunciation of sinful activities (restraint with equanimous purity).
द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा सकल सावद्ययोग के त्याग को सामायिक शुद्धि संयम कहते हैं ।

सामायिक संयम – *Sāmāyika Saṁyama.*
See - *Sāmāyika Cāritra.*
देखें - सामायिक चारित्र ।

सामीप्य – *Sāmīpya.*
Proximity, vicinity.
समीप होने का भाव, निकटता, तुल्य जातियों के बीच में दूसरे पदार्थों का न आना सामीप्य है ।

साम्य – *Sāmya.*
Equanimity.
माध्यस्थ्य, समता, उपेक्षा, वैराग्य, साम्य, निष्पृहता, परमशांति ये सब एकार्थवाची नाम हैं ।

साम्राज्य क्रिया – *Sāmrājya Kriyā.*
An auspicious activity, right sovereignty.
53 क्रियाओं में 47 वीं क्रिया- शिष्टों का पालन व दुष्टों का निग्रह करने का तथा प्रेम व न्याय पूर्वक राज्य करने का उपदेश अपने आधीन राजाओं को देकर सुख पूर्वक राज्य करना। कर्त्रन्वयादि 7 क्रियाओं में 5 वीं क्रिया - चक्रवर्ती का वैभव व राज्य की प्राप्ति अथवा सप्त परमस्थानों में पाँचवाँ परमस्थान साम्राज्य पद है ।

सार – *Sāra.*
Extraction, Conclusion, Essence.
निष्कर्ष, अभिप्राय ।

सारखी – *Sārakhī.*
Like, similar, equal.
समान, सदृश जैसे जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमा जिन-सारखी अर्थात् साक्षात् जिन के समान ही फल देने वाली होती है ।

सारसंग्रह – *Sārasaṁgraha.*
Name of a composition composed by *Acharya* Pujyapad.
आचार्य पूज्यपाद (ई.श. 5) की एक संस्कृत छंदबद्ध रचना ।

सारसमुच्चय – *Sārasamuccaya.*
Name of a treatise written by *Acharya* Kulbhadra.
आचार्य कुलभद्र (ई. 937) द्वारा रचित 328 श्लोकबद्ध एक तत्त्व प्रतिपादक ग्रंथ ।

सारस्वत – *Sārasvata.*
A type of specific heavenly deities (Laukantik Devas) , Name of a country of west *Arya Khand* of *Bharat Kshetra* (region).

लौकांतिक देवों के 8 भेदों में प्रथम भेद, भरतक्षेत्र के पश्चिम आर्यखण्ड का एक देश ।

सारस्वत यंत्र – *Sārasvata Yaṁtra.*
A type of metallic plate engraved with some auspicious mystic words & diagrams.
विशिष्ट सारस्वत मंत्रों एवं रेखाकृतियों से निर्मित एक यंत्र ।

सार्द्धद्वय द्वीप प्रज्ञप्ति – *Sārddhadvaya Dvīpa Prajñapti.*
Name of a book written by *Acharya* Amitgati.
माधवसेन के शिष्य आचार्य अमितगति द्वारा रचित एक ग्रंथ। समय - ई. 983-1023 ।

सार्वभौम – *Sārvabhauma.*
Having to do with the whole world, universal (as Jain religion), Name of a chief interrrogator in the assembly of Lord Mallinath.
सारे संसार से संबंधित, जैनधर्म सार्वभौम कहलाता है क्योंकि इसके सिद्धांत संसार के समस्त प्राणियों के लिए हितकारी है। तीर्थंकर मल्लिनाथ के मुख्य श्रोता अर्थात् प्रश्नकर्ता ।

सालंबन ध्यान – *Sālaṁbana Dhyāna.*
Religious contemplation.
धर्मध्यान या आलम्बन सहित ध्यान ।

सालवृक्ष – *Sālavṛkṣa.*
Name of the initiation & omniscience tree of Lord Mahavira.
तीर्थंकर महावीर का दीक्षा एवं केवलज्ञान वृक्ष ।

सावद्य (कर्म) – *Sāvadya (Karma).*
Sinful activities of mind, speech & body.
हिंसाजनक मन वचन काय के व्यापार को सावद्य कहते हैं ।

सावद्य कर्मार्य – *Sāvadya Karmārya.*
A type of noble persons who remain engaged in occupational activities for their livlihood.
असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य, शिल्प षट्कार्य द्वारा आजीविका करने वाले सावद्य कर्मार्य हैं ।

सावद्य निवृत्ति – *Sāvadya Nivṛtti.*
To be devoid of all sinful activities.
सामायिक का लक्षण, सर्व सावद्य योग की निवृत्ति होना। अर्थात् जो सर्व सावद्य से विरत है, तीन गुप्ति वाला है उसकी सामायिक स्थायी है ।

सावद्य परिहार – *Sāvadya Parihāra.*
Non-violence.
अहिंसा। प्रयत्नरूप परिणाम के बिना सावद्य परिहार नहीं होता।

सावद्य वचन – *Sāvadya Vacana.*
Speech containing sinful meanings.
बिना विचारे बोले गये प्राणियों की हिंसा के कारणभूत वचन सावद्य वचन हैं ।

सावयव – *Sāvayava.*
With particles or molecules.
अवयव सहित। परमाणुओं में कथंचित् सावयव एवं निरवयवपना है ।

सावाजी – *Sāvājī.*
A Marathi poet, the writer of the tale of Sugandh Dashmi.
एक मराठी कवि (ई. 1965), सुंगध दशमी कथा के रचयिता।

सासादन (गुणस्थान) – *Sāsādana (Guṇasthāna).*
The 2nd spiritual stage of development (with a type of downfall).
प्रथमोपशम सम्यक्त्व के काल में अधिक से अधिक 6 आवली और कम से कम एक समय शेष रहे उस समय किसी एक अनंतानुबंधी कषाय के उदय से सम्यक्त्व की विराधना होने पर अव्यक्त अतत्त्व श्रद्धान रूप परिणति। अर्थात् जीव सम्यक्त्व से तो गिर गया किन्तु मिथ्यात्व में अभी तक नहीं पहुँचा है ।

सासादन सम्यग्दृष्टि – *Sāsādana Samyagdṛṣṭi.*
Right believer in the 2nd stage of spiritual development.
उपशम-सम्यक्त्व से पतित होकर जीव जब तक मिथ्यात्व में नहीं आता तब तक उसे सासादन-सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए। यह सासादन (सम्यक्त्व) नामक दूसरा गुणस्थान है ।

साहसगति – *Sāhasagati.*
The son of king Chakrank, who wished to get the wife of Sugriv.
राजा चक्रांक का पुत्र-एक विद्याधर। सुग्रीव की स्त्री को प्राप्त करने के अर्थ से इसने विद्या सिद्ध की थी ।

साहसी – *Sāhasī.*
Courageous, bold, brave.
आगे आने वाले कष्टों को विचारे बिना ही जो सहसा किसी भी कार्य को करने के लिए प्रवृत्त हो उसको साहसी कहते हैं ।

सिंदूर द्वीप सागर – *Siṁdūra Dvīpa Sāgara.*
Name of an island & an ocean of middle universe.
मध्य लोक का एक द्वीप व सागर ।

सिंधु कुण्ड – *Siṁdhu Kuṇḍa.*
A water reservoir situated in *Bharat Kshetra* (region) from where *Sindhu* river flows.
भरतक्षेत्रस्थ एक कुण्ड इसमें से होकर सिन्धु नदी बहती है ।

सिंधु नदी – *Siṁdhu Nadī.*
One of the 14 famous rivers of *Bharat Kshetra* (region).
भरतक्षेत्र की 14 प्रसिद्ध नदियों में एक नदी। जो हिमवान् पर्वत से निकलती है ।

सिंधु कूट – *Siṁdhu Kūṭa.*
Name of the summit of Sindhu Kund.
सिंधु कुण्ड में स्थित एक कूट का नाम ।

सिंधु (देश) – *Siṁdhu (Deśa).*
A country of *Bharat Kshetra* north *Arya Khand* (region), the maternal place (Nanihal) of Lord Mahavira.
भरतक्षेत्र उत्तर आर्य खण्ड का एक देश। प्राचीन आगम ग्रंथों

के अनुसार वैशाली इस देश की राजधानी थी, जो भगवान महावीर की ननिहाल थी ।

सिंह – *Simha.*
Lion, One of the 12 Zodiac signs (Leo), One of the 88 planets, the 43rd planet.
जंगल का राजा शेर, 12 राशियों में एकराशि, 88 ग्रहों में 43 वां ग्रह ।

सिंहचंद्र – *Simhacamdra.*
Name of the 5th predestined *Balbhadra.*
आगामी पांचवां बलभद्र ।

सिंहनंदि – *Simhanamdi.*
Name of many *Bhattaraks.*
नंदिसंघ बलात्कार गण में भानुनंदि के शिष्य वसुनंदि के गुरु (समय-586-613), सर्वनंदि कृत 'लोक विभाग' के संस्कृत रूपान्तर के कर्ता। इसके अलावा भी इस नाम के अनेक भट्टारक हुए हैं ।

सिंहनादपुर – *Simhanādapura.*
Another name of Sinhapuri which is the birth place of Lord Shreyansanath.
तीर्थंकर श्रेयांसनाथ की जन्म नगरी, सिंहपुरी का अपरनाम ।

सिंहनिष्क्रीडित व्रत – *Simhaniṣkrīḍita Vrata.*
A type of particular and procedural vow.
यह व्रत जघन्य, मध्यम व उत्कृष्ट के भेद से तीन प्रकार का है। विधि पूर्वक जघन्य तप में 60, मध्यम तप में 153 उपवास एवं उत्कृष्ट तप में 496 उपवास किये जाते हैं ।

सिंहपुरी – *Simhapurī.*
The birth place of Lord Shreyansnath.
भगवान श्रेयांसनाथ की जन्मभूमि बनारस (उ.प्र.) से 6 किमी. दूर यह तीर्थ स्थली स्थित है। यहाँ एक प्राचीन दिगम्बर जैन मंदिर है और भगवान श्रेयांसनाथ की 11 फुट ऊँची पद्मासन प्रतिमा भी एक जैन धर्मशाला परिसर के उद्यान में विराजमान है। वर्तमान में यह तीर्थ बौद्धों का पर्यटन स्थल सारनाथ के नाम से प्रसिद्ध है ।

सिंहबल – *Simhabala.*
Name of a great *Acharya.*
लोहाचार्य के पश्चात् हुए आचार्यों में एक आचार्य ।

सिंहवाहिनी – *Simhavāhinī.*
Name of the bed, a dominion of Bharat Chakravarti.
भरत चक्रवर्ती की एक विभूति शय्या का नाम ।

सिंहसेन – *Simhasena.*
Father's name of Jaina-Lord Anantnath, The prime chief disciple of Lord Ajitnath.
तीर्थंकर अनंतनाथ के पिता, तीर्थंकर अजितनाथ के प्रथम गणधर का नाम ।

सिंहासन – *Simhāsana.*
A throne, The 12th dream-mark of *Tirthankar's* (Jaina-Lord's) mother among all 16 dream - marks, One of the eight auspicious emblems of Lord Arihant.
तीर्थंकर की माता के 16 स्वप्नों में 12 वां स्वप्न, अर्हंत के 8 प्रातिहार्यों में एक प्रातिहार्य ।

सिकंदर – *Sikamdara.*
A great warrior, the son of emperor Philips Yunan & disciple of Arastu.
यूनान के बादशाह फिलिप्स का पुत्र। अरस्तू का शिष्य, ई. पू. 356 में इसका जन्म हुआ एवं ई. पू. 323 में मृत्यु हुई।

सिद्ध – *Siddha.*
The salvated soul, the supreme one.
5 परमेष्ठी में दूसरे परमेष्ठी; शुद्ध चेतना रूप लक्षण से युक्त, अष्टकर्मों से रहित एवं 8 गुणों से सहित लोक के अग्रभाग में स्थित मुक्त आत्मा ।

सिद्धकेवली – *Siddhakevalī.*
The salvated soul, the salvated omniscient.
सिद्ध जीवों को सिद्ध केवली कहते हैं ।

सिद्धगति – *Siddhagati.*
State of salvation free from birth-death cycle and all passions.
जहां पर जन्म, जरा, मरण, भय, संयोग, वियोग, दुख, संज्ञा और रोगादि नहीं होते हैं वह सिद्धगति कहलाती है। उसे उपचार से पंचमगति भी कहा गया है जो कभी नष्ट नहीं होती।

सिद्धचक्क कहा – *Siddhacakka Kahā.*
Name of an *Apabhransh* treatise written by Narsen on Shripal, Maina-Sundari.
श्रीपाल, मैना-सुंदरी विषयक अपभ्रंश भाषा बद्ध नरसेन द्वारा रचित एक कृति ।

सिद्धचक्रयंत्र वृहत् – *Siddhacakra Yamtra Vṛhat.*
A metallic plate engraved with some auspicious mystic words & diagrams.
सिद्धचक्र के विशिष्ट मंत्रों द्वारा विभिन्न रेखाकृतियों में चित्रित यंत्र ।

सिद्धचक्र यंत्र (लघु) – *Siddhacakra Yamtra (Laghu).*
See - *Siddhacakra Yamtra Vṛhat.*
देखें - सिद्धचक्र यंत्र वृहत् ।

सिद्धचक्र विधान – *Siddhacakra Vidhāna.*
A great auspicious specific methodical worshipping of Lord Siddha composed by *Pandit* Santlal & Ganini Shri Gyanmati Mataji.
सिद्धों के गुणों का वर्णन करने वाला एक पूजा विधान जिसे करके मैना सुंदरी ने अपने पति श्रीपाल का कुष्ठ रोग दूर किया था, पंडित संतलाल (ई.श. 17-18) द्वारा भाषा छंदों में रचित विधान। गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा भी ई.स. 1992 में सिद्धचक्र विधान की रचना की गई है ।

सिद्धचक्राष्टक पूजा – *Siddhacakrāṣṭaka Pūjā.*
Name of a worshipping composition composed by Shrutsagar.

आचार्य श्रुतसागर (ई. 1487-1533) कृत पूजा ।

सिद्धजीव – *Siddhajīva.*
The salvated soul, supreme one.
मुक्त जीव। देखें - सिद्ध ।

सिद्धत्व – *Siddhatva.*
Supremacy, stage of salvation.
अष्ट कर्मों से रहित और सम्यक्त्व आदि अष्ट गुणों से सहित आत्मा का शुद्ध स्वरूप ।

सिद्धप्रतिमा क्रिया – *Siddhapratimā Kriyā.*
A type of devotional methodical prayer of saints.
मुनियों का एक कृतिकर्म; सिद्धों की प्रतिमा की वंदना के समय सिद्धभक्ति पूर्वक यह विधि की जाती है ।

सिद्ध भक्ति – *Siddha Bhakti.*
A type of devotional prayer (eulogical hymn) written by *Acharya* Kund Kund in Prakrit & by *Acharya* Pujyapad in Sanskrit.
10 भक्तियों में एक भक्ति। इसे प्राकृत में आचार्य कुन्दकुन्द एवं संस्कृत में आचार्य पूज्यपाद ने लिखा है ।

सिद्ध भगवान – *Siddha Bhagavāna.*
See - *Siddha.*
देखें - सिद्ध ।

सिद्धवरकूट (तीर्थ) – Siddhavarakūṭa (Tīrtha).
Name of a Jaina place of pilgrimage near Sanavad (M.P.), situated at the bank of Rewa river. It is the salvation place of 2 Chakravarties, 10 Kamdevs & three & a half crores of Munis (saints).
मध्यप्रदेश में सनावद शहर के नजदीक एक सिद्धक्षेत्र जो रेवा नदी के तट पर स्थित है और यहाँ से दो चक्री, दस कामदेव तथा साढ़े तीन करोड़ मुनि निर्वाण को प्राप्त हुए हैं ।

सिद्धायिनी – *Siddhāyinī.*
Name of the governing female demigod of Lord Mahavira.
भगवान महावीर की शासन देवी ।

सिद्धलोक – *Siddhaloka.*
The supreme world, place of salvated souls.
सिद्धभूमि, 'ईषत्प्राग्भार' नाम की आठवीं पृथिवी; यह सर्वार्थसिद्धि इन्द्रक विमान के ध्वजदण्ड से 12 योजन ऊपर जाकर स्थित है। इसकी मोटाई 8 योजन है ।

सिद्धसेन दिवाकर (आचार्य) – *Siddhasena Divākara (Ācārya).*
Name of a great writer who is famous in both *Digambar* & *Shvetambar* sects.
सन्मति सूत्र और कुछ द्वात्रिंशकायों के रचयिता। ये दिगम्बर-श्वेताम्बर दोनों आम्नायों में प्रसिद्ध हैं। समय- वि.625। कुछ लोग कल्याणमंदिर स्तोत्र के रचयिता कुमुदचन्द्र आचार्य का अपरनाम भी 'सिद्धसेन' मानते हैं ।

सिद्धहेमशब्दानुशासन – *Siddhahemaśabdānuśāsana.*
Name of a dictionary written by *Shvetambar Acharya* Hemchandrasuri.
श्वेताम्बराचार्य हेमचन्द्रसूरि कृत शब्द कोश (समय- ई. 1088-1173) ।

सिद्धांत – *Siddhāmta.*
Principles, doctrines, theories, philosophies.
शास्त्र के अर्थ की संस्थिति किये गये अर्थ को सिद्धांत या सिद्धांत शास्त्र कहते हैं। प्रमाण द्वारा किसी बात को स्वीकार कर लेना सिद्धांत है ।

सिद्धांत अध्ययन – *Siddhāmta Adhyayana.*
Philosophical study.
सिद्धांतशास्त्रों का अध्ययन करना ।

सिद्धांत ग्रंथ – *Siddhāmta Gramtha.*
The great Jaina texts dealing with the fundamentals of Jaina philosophy.
षट्खंडागम, महाबंध, कषायपाहुड़ आदि सूत्र रूप जिनागम सिद्धांत ग्रंथ हैं। जिन ग्रंथों के अंत में सिद्धपद का वर्णन गर्भित हो वे सिद्धांत ग्रंथ कहलाते हैं। इस व्याख्या अनुसार चारों अनुयोग भी सिद्धांत ग्रंथ कहे जा सकते हैं ।

सिद्धांत चक्रवर्ती – *Siddhāmta Cakravartī.*
The title of great Jain *Acharyas* (for those who are well versed in scriptural knowledge).
षट्खंडरूप आगम पर विजय प्राप्त करने वाले अर्थात् सिद्धांत के परिपूर्ण ज्ञान से समन्वित जैनाचार्यों को सिद्धान्त चक्रवर्ती की पदवी से विभूषित किया जाता था। यह उपाधि आचार्य श्री नेमिचंद्र मुनिराज (गोम्मटसार आदि के कर्ता) को एवं नंदिसंघ देशीयगण के अनुसार आचार्य अभयनंदि को प्राप्त थी ।

सिद्धान्तचिंतामणि टीका –
Siddhāmta Cimtāmaṇi Ṭīkā.
The commentary treatise written by Ganini Aryika Shri Gyanmati Mataji on 'Shatkhandagam Granth' in Sanskrit language.
गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा षट्खण्डागम ग्रंथ के प्राकृत सूत्रों पर रचित संस्कृत टीका (सन् 1995 से प्रारंभ करके वर्तमान सन् 2004 में 13वीं पुस्तक की टीका का कार्य पूज्य माताजी द्वारा किया जा चुका है)। इन ग्रंथों का हिन्दी अनुवाद प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चंदनामती माताजी द्वारा किया जा रहा है ।

सिद्धांत शास्त्र – *Siddhāmta Śāstra.*
See - *Siddhāmta.*
देखें - सिद्धांत ।

सिद्धांतसार – *Siddhāmtasāra.*
Name of a treatise written by Bhavsen Traividya.
भावसेन त्रैविद्य (ई.श. 13 मध्य) कृत 700 श्लोक प्रमाण ग्रंथ, जिस पर प्रभाचंद्र नं. 6 (ई.श. 13 उत्तरार्ध) कृत एक कन्नड़ टीका है ।

सिद्धांतसार दीपक – *Siddhāṁtasāra Dīpaka.*
Name of a treatise.
करणानुयोग विषयक एक ग्रंथ ।

सिद्धांतसार भाष्य – *Siddhāṁtasāra Bhāṣya.*
Name of a book (exposition) written by saint Gyanbhooshan.
जिनचन्द्र (वि. 1507-1571) कृत 79 गाथा प्रमाण जीवकाण्ड पर ज्ञानभूषण (वि. 1534-1561) कृत भाष्य ।

सिद्धांतसार संग्रह – *Siddhāṁtasāra Saṁgraha.*
Name of a book written by *Acharya* Narendrasena.
आचार्य नरेन्द्रसेन (ई.1098) द्वारा रचित तत्त्वार्थ प्ररूपक संस्कृत छंद बद्ध ग्रंथ। इसमें 12 अधिकार व कुल 1924 श्लोक हैं ।

सिद्धांतसेन – *Siddhāṁtasena.*
Name of a saint, the spiritual teacher of Gonsen.
द्रविड़संघ की गुर्वावली के अनुसार गोणसेन के गुरु तथा अनंतवीर्य के दादागुरु (समय- ई. 940-1000) ।

सिद्धांताचार वाचन क्रिया –
Siddhāṁtācāra Vācana Kriyā.
A procedural observance of religious eulogical prayers.
सिद्धांत एवं आचार ग्रंथों के स्वाध्याय के समय किया जाने वाला एक कृतिकर्म ; सर्वप्रथम सिद्ध-श्रुत भक्ति करके सिद्धांत ग्रंथ की स्थापना करना, फिर श्रुत भक्ति व आचार्य भक्ति करके स्वाध्याय करना तथा अंत में श्रुत व शांति भक्ति पढ़कर स्वाध्याय समापन करना ।

सिद्धायतन कूट – *Siddhāyatana Kūṭa.*
Name of particular summits (having Jaina temples) situated at *Varshadhar, Gajdant* etc. mountains.
मध्यलोक के 458 अकृत्रिम जिनालय या चैत्यालय सिद्धायतन कूट कहे जाते हैं। षट् कुलाचलों (पर्वतों), गजदन्त, वक्षारगिरि आदि पर्वतों में प्रत्येक पर एक-एक सिद्धायतन कूट है, जिन पर स्वयं सिद्ध जिनप्रतिमाएं विराजमान हैं ।

सिद्धार्थ (राजा) – *Siddhārtha (Rājā).*
Name of the father of Lord Mahavira, the king of Kundalpur .
भगवान महावीर के पिता (नाथवंशी) जो कि कुण्डलपुर के राजा थे। इनके पिता का नाम सर्वार्थ एवं माता का नाम श्रीमती था ।

सिद्धार्थ – *Siddhārtha.*
Name of a great *Acharya* possessing the knowledge of 11 *Angas* & 10 *Purvas,* Name of a Kshullak who taught Lav & Kush.
श्रुतावतार पट्टावली के अनुसार नागसेन के शिष्य और धृतिषेण के गुरु, 11 अंग तथा 10 पूर्वधारी एक आचार्य। (समय - वी.नि. 247-264), एक क्षुल्लक जिन्होंने लव-कुश को विद्याध्ययन कराया था ।

सिद्धार्थक – *Siddhārthaka.*
Name of a city in the north of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर ।

सिद्धार्थ मंगल – *Siddhārtha Maṁgala.*
Yellow mustard seeds, an auspicious article.
लौकिक मंगलों में एक मंगल, पीली सरसों ।

सिद्धार्था – *Siddhārthā.*
Mother's name of Lord Abhinandannath, A super auspicious power.
तीर्थंकर अभिनंदननाथ की माता, एक विद्या; यह कल्याणरूप तथा मंत्रों से परिष्कृत विद्याबलों से युक्त लोगों का हित करने वाली है ।

सिद्धि – *Siddhi.*
Accomplishment, achievement of super power.
प्राप्ति, उपलब्धि मात्र को सिद्धि कहते हैं ।

सिद्धिप्रिय स्तोत्र – *Siddhipriya Stotra.*
Name of a composition composed by *Acharya* Pujyapad.
आचार्य पूज्यपाद (ई.श.5) कृत 26 संस्कृत पद्यबद्ध चतुर्विंशतिस्तव ।

सिद्धिविनिश्चय – *Siddhiviniścaya.*
Name of a book written by *Acharya* Akalank Bhatta.
आचार्य अकलंक भट्ट (ई. 620-680) कृत न्यायविषयक संस्कृत पद्यबद्ध ग्रंथ। इस पर रचयिता कृत ही स्वोपज्ञ वृत्ति है एवं आचार्य अनंतवीर्य (ई. 975-1025) कृत एक संस्कृत टीका है ।

सिरिवालचरिउ – *Sirivālacariu.*
The tale of Shripal- Maina-Sundri written by poet Raidhu, Name of an *Apabhransh* book written by poet Brahma Damodar.
कवि रइधु (वि. 1457-1556) कृत श्रीपाल-मैना सुंदरी आख्यान, कवि ब्रह्म दामोदर (वि.श. 16 उत्तरार्ध) कृत अपभ्रंश काव्य ।

सीता – *Sītā.*
The daughter of king Janak, the wife of Ram.
राजा जनक की पुत्री, राम की पत्नी। वनवास में राम के संग गयी। रावण इसे हरकर ले गया, रावण द्वारा अनेक प्रलोभन एवं भय दिखाने पर भी अपने शील में अडिग रहीं। अंत में राम के द्वारा अग्निपरीक्षा लेने पर विरक्त हो उसमें सफल हुई और आर्यिका पृथिवीमती माताजी से दीक्षित हो गई और 62 वर्ष पर्यंत तप कर समाधिमरण किया तथा 16 वें स्वर्ग में प्रतीन्द्र हुई ।

सीताकुण्ड – *Sītākuṇḍa.*
Name of a water reservoir situated in *Videh Kshetra* (region) where *Sita* river is falls.
विदेहक्षेत्रस्थ एक कुण्ड जिसमें सीता नदी गिरती है ।

सीता नदी – *Sītā Nadī.*
One of the 14 great rivers, the chief river of *Videh Kshetra* (region).
14 महानदियों में 7 वीं नदी एवं विदेह क्षेत्र की प्रधान नदी ।

सीतोदा कुण्ड – *Sītodā Kuṇḍa.*
Name of a water reservoir of *Videh Kshetra* (region) where *Sitoda* river is falls.
विदेह क्षेत्रस्थ एक कुण्ड जिसमें सीतोदा नदी गिरती है ।

सीतोदा कूट – *Sītodā Kūṭa.*
Name of the summits - the 8th summit of *Vidyutprabh Vijayardh* mountain, the 7th of *Nishadhachal* mountain and the 4th of *Neel* mountain.
विद्युत्प्रभ विजयार्ध का 8वां कूट, निषधाचल का सातवां कूट, नील पर्वत का चौथा कूट ।

सीतोदा देवी – *Sītodā Devī.*
Name of female divinity of *Sitoda* summit & *Sitoda* reservoir.
सीतोदा कूट व सीतोदा कुण्ड की स्वामिनी देवी ।

सीतोदा नदी – *Sītodā Nadī.*
Name of the 8th river among 14 great rivers of *Videh Kshetra* (region).
14 महानदियों में 8वीं नदी। पश्चिम विदेह की तरफ बहने वाली निषध पर्वत के तिगिंच्छ द्रह से निकलकर पश्चिम समुद्र में गिरी है ।

सीमंकर – *Sīmaṁkara.*
Name of the 5th Kulkar (ethical founder), Name of the 62nd planet among all 88.
पांचवें कुलकर, चौथे क्षेमंकर कुलकर के पुत्र, इन्होंने प्रजा के लिए कल्पवृक्षों की सीमा निर्धारित की थी जिससे ये इस नाम से प्रसिद्ध हुए। 88 ग्रहों में 62 वां ग्रह ।

सीमंतक – *Sīmaṁtaka.*
The first *Patal* (layer) of the first hell.
प्रथम नरक का प्रथम पटल। इसकी चारों दिशाओं में 49-49 और प्रत्येक विदिशाओं में 48-48 श्रेणीबद्ध बिल हैं ।

सीमंधर – *Sīmaṁdhara.*
Name of the 6th *Kulkar* (ethical founder), The chief listener in the assembly of Lord Sheetalnath, Name of the first *Tirthankar* of *Videh Kshetra* (region).
छठे कुलकर - ये 5 वें सीमंकर कुलकर के पुत्र थे, तीर्थंकर शीतलनाथ के मुख्य श्रोता, विदेह क्षेत्रस्थ विद्यमान 20 तीर्थंकरों में प्रथम तीर्थंकर ।

सीमा – *Sīmā.*
Boundary, Limitation.
हद या सीमा (मर्यादा) रेखा ।

सुंदरी – *Suṁdarī.*
The daughter of Lord Rishabhdev who was tought numeral study by the Lord.
भगवान ऋषभदेव की पुत्री, ऋषभदेव ने इन्हें अंक विद्या सिखायी थी। इन्होंने भगवान् ऋषभदेव के समवसरण में आर्यिका दीक्षा ली थी ।

सुअंधदहमी कहा – *Suaṁdhadahamī Kahā.*
Name of a tale written by an *Apabhransh* poet Udayachandra.
अपभ्रंश कवि उदयचन्द्र द्वारा (ई. 1150-1196) रचित सुगंधदशमी व्रत की कथा ।

सुकच्छ – *Sukaccha.*
A region of eastern *Videh* (region), The 74th chief disciple of Lord Rishabhdev.
पूर्व विदेह का एक क्षेत्र, तीर्थंकर वृषभदेव के 74 वें गणधर का नाम ।

सुकक्ष – *Sukakṣa.*
Name of the 31st city in the south of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का 31वां नगर ।

सुकच्छ विजय – *Sukaccha Vijaya.*
Name of a summit of *Vakshargiri* (mountain) & its presiding deity of east *Videh* (region).
पूर्व विदेहस्थ चित्रकूट वक्षारगिरि का एक कूट व उसका स्वामी देव ।

सुकच्छा – *Sukacchā.*
Name of a country situated in the western *Videh Kshetra* (region).
पश्चिम विदेह क्षेत्र का एक देश ।

सुकुमाल चरिउ – *Sukumāla Cariu.*
Name of a book written by Shridhar-3 in *Apabhransh* language.
श्रीधर-3 (ई. 1151) द्वारा अपभ्रंश भाषाबद्ध ग्रंथ ।

सुकुमाल चरित्र – *Sukumāla Caritra.*
Name of a composition composed by *Acharya* Sakalkirti.
आचार्य सकलकीर्ति (ई. 1406-1442) कृत संस्कृत पद्यबद्ध ग्रंथ ।

सुक्कोसल चरिउ – *Sukkosala Cariu.*
Name of an *Apabhransh* book written by *Acharya* Shubhkirti.
आचार्य शुभकीर्ति कृत श्री सुकौशल मुनि के जीवन से संबंधित अपभ्रंश भाषाबद्ध ग्रंथ ।

सुख – *Sukha.*
Bliss, joy, enjoyment, beatitude.
मन की संतुष्टि। सुख दो प्रकार का होता है-लौकिक सुख, पारमार्थिक सुख ।

सुखकारण व्रत – *Sukhakāraṇa Vrata.*
A particular & procedural type of vow.
किसी भी मास से शुरू कर साढ़े चार मास तक लगातार एक उपवास एवं एक एकासन करना। इसमें कुल उपवास 68 होते हैं एवं त्रिकाल णमोकार मंत्र का जाप किया जाता है। विशेष विधि व्रत विधान संग्रह में देखें ।

सुखद वायु – *Sukhada Vāyu.*
Pleasant breeze, one of the 34 excellences of

Lord Arihant.
अर्हंतों के 34 अतिशयों में देवकृत एक अतिशय; कंटक और रेती आदि को दूर करती हुई सुखदायक वायु का चलना ।

सुखनिधान – *Sukhanidhāna.*
Name of a book written by Pandit Jagannath related to Shripal Katha (a tale).
पं. जगन्नाथ (ई. 1643) द्वारा संस्कृत भाषाबद्ध श्रीपाल कथा विषयक कृति ।

सुखबोध – *Sukhabodha.*
Name of a book written by Pandit Yogdev *Bhattarak.*
पं. योगदेव भट्टारक (वि.श. 16-17) कृत तत्त्वार्थसूत्र वृत्ति, जो सर्वार्थसिद्धि का संक्षिप्तीकरण है ।

सुखबोधवृत्ति – *Sukhabodhavṛtti.*
See - *Sukhabodha.*
देखें - सुखबोध ।

सुखशक्ति – *Sukhaśakti.*
Bliss, enjoyment, joy.
आकुलता से रहितपना जिसका लक्षण है, ऐसी सुख शक्ति है।

सुखसम्पत्ति व्रत – *Sukhasampatti Vrata.*
A particular & procedural vow related to prosperity.
एक व्रत इसकी उत्तम, मध्यम, जघन्य तीन विधियां हैं। उत्तमविधि में विधिपूर्वक 15 महीने तक कुल 135 दिनों में 135 उपवास, मध्यम विधि में 120 उपवास, जघन्य विधि में किसी भी मास की कृ. 1 से शु. 1 तक 16 उपवास लगातार करना एवं णमोकार मंत्र का त्रिकाल जाप करना ।

सुखानुबंध – *Sukhānubaṁdha.*
To remember the past pleasures of life (an infraction of the vow of holy death).
सल्लेखना व्रत के 5 अतिचारों में एक अतिचार, पहले भोगे हुए सुखों का स्मरण करना ।

सुखानुभूति – *Sukhānubhūti.*
Feeling of joy.
सुख का अनुभव होना, समस्त रागादि विकल्पोपाधि रहित निश्चय मोक्षमार्ग के अनेक पर्यायवाची नामों में एक नाम ।

सुखाभाव – *Sukhābhāva.*
Lack of pleasure or comfort.
सुख का अभाव होना ।

सुखाभास – *Sukhābhāsa.*
Fallacious pleasure.
लौकिक या इन्द्रिय विषयों के सेवन से उत्पन्न सुख, यह वेदना का प्रतिकार मात्र होने से वास्तविक सुख न होकर सुखाभास है ।

सुखासन – *Sukhāsana.*
Comfortable seating.
ध्यान के योग्य एक आसन, न अधिक अकड़ कर और न झुककर बैठना ।

सुखास्वादन – *Sukhāsvādana.*
The supreme conduct, purity of soul.
वीतराग चारित्र। शुद्धात्मा में रागादि विकल्परूप उपाधि से रहित स्वाभाविक सुख के आस्वादन से निश्चल चित्त होना ।

सुखेंद्रकीर्ति – *Sukheṁdrakīrti.*
Name of a *Bhattarak* of *Nandi* group.
नंदिसंघ बलात्कारगण चित्तौड़ गद्दी के एक भट्टारक (समय-वि. 1859), सुरेन्द्रकीर्ति के शिष्य ।

सुखोदय क्रिया – *Sukhodaya Kriyā.*
One of the 53 auspicious activities (related to obtaining heavenly state of *Indra*).
गर्भान्वय की 53 क्रियाओं में इन्द्र पद की प्राप्ति कराने वाली 36वीं क्रिया। इस क्रिया से पुण्यात्मा श्रावक इन्द्र के समान योग्य सुख भोगते हुए देवलोक में रहता है ।

सुगंध – *Sugaṁdha.*
Sweet smelling, fragrance, aroma, Name of a protecting deity of southern *Arunabhas* island, Name of a protecting peripatetic deity of *Arun* ocean.
खुशबू, दक्षिण अरुणाभास द्वीप का रक्षक देव, अरुण समुद्र का रक्षक व्यन्तर देव ।

सुगंधदशमी व्रत – *Sugaṁdha Daśamī Vrata.*
A type of particular & procedural vow to be observed for ten years.
10 वर्षों तक भाद्रपद शु. 10 (सुगंधदशमी) को उपवास तथा शीतलनाथ भगवान के मंत्र का त्रिकाल जाप करना ।

सुगंधा – *Sugaṁdhā.*
Name of a region situated at western *Videh* (region).
अपर विदेहस्थ एक क्षेत्र। अपरनाम वल्गु ।

सुगंधिनी – *Sugaṁdhinī.*
Name of a city situated in the north of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर ।

सुगत – *Sugata.*
One who has got absolute state.
जिसका ज्ञान शोभा को प्राप्त हुआ है वह सुगत है अथवा जो उत्तम मोक्ष गति को प्राप्त हुआ है अथवा जिसको अनंत चतुष्टय प्राप्त हुए हैं वह सुगत है ।

सुग्रीव – *Sugrīva.*
The son of Suryaraj, the king of Kishkindhpur.
किष्किन्धपुर के राजा सूर्यराज का पुत्र तथा बाली का छोटा भाई। अंत में जिन दीक्षा ली और मांगीतुंगी पर्वत से मोक्ष प्राप्त किया ।

सुचंद्र – *Sucaṁdra.*
Name of the 8th predestined *Balbhadra.*
आगामी 8वां बलभद्र ।

सुचक्षु – *Sucakṣu.*
Name of protecting peripatetic deities of northern *Manushottar* mountain & *Bahya* (outer) *Pushkarardh.*
उत्तर मानुषोत्तर पर्वत का रक्षक व्यन्तर देव, बाह्य पुष्करार्ध का रक्षक व्यन्तर देव ।

सुचरित मिश्र – *Sucarita Miśra.*
Name of a commentator of *Mimansa* philosophy.
मीमांसा दर्शन के टीकाकार। इन्होंने श्लोकवार्तिक की टीका लिखी है ।

सुतारा – *Sutārā.*
The wife of Sugreev.
सुग्रीव की पत्नी। साहसगति विद्याधर इस पर मुग्ध था, किन्तु इसे अल्पायु बताये जाने से इसका विवाह साहसगति से न कर सुग्रीव से किया गया था ।

सुत्तपाहुड़ – *Suttapāhuṛa.*
One of the great particular eight treatises written by Acharya Kund- Kund.
सूत्रपाहुड़। आचार्य कुन्दकुन्द द्वारा रचित 8 पाहुड़ों में एक पाहुड़। समय- ई. 127-179 ।

सुदंसण चरिउ – *Sudaṁsaṇa Cariu.*
Name of an *Apabhransh* book written by Nayanandi.
नयनन्दि (ई. 1043) द्वारा रचित अपभ्रंश भाषाबद्ध सुदर्शन चरित्र ।

सुदर्शन – *Sudarśana.*
Name of a city in the north of *Vijayardh* mountain, Name of the son of Seth Rishabhdas (a rich person) of *Champa* city.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर। चम्पा नगरी के सेठ वृषभदास का पुत्र, महारानी अभयमती इनके ऊपर मोहित हो गयी, परन्तु ये ब्रह्मचर्य में दृढ़ रहे। रानी ने क्रुद्ध होकर सूली की सजा दिलायी, परन्तु इनके शील के प्रभाव से सूली सिंहासन बन गयी। विरक्त होकर दीक्षा ग्रहण कर ली। बिहार प्रान्त का पटना शहर इनका निर्वाण स्थल है वहाँ गुलजारबाग क्षेत्र उसी स्मृति में एक तीर्थ के रूप में मान्य है ।

सुदर्शन (पर्वत व कूट) – *Sudarśana (Parvata & Kūṭa).*
Another name of *Sumeru* mountain, Name of a summit situated at *Ruchak* mountain .
सुमेरु का अपरनाम, रुचक पर्वतस्थ एक कूट ।

सुदर्शन (स्वर्ग) – *Sudarśana (Svarga).*
The first of the nine *Graiveyaks* (heavenly places).
नव ग्रैवेयक में प्रथम ग्रैवेयक ।

सुदर्शन (चक्र) – *Sudarśana (Cakra).*
A great wheel of Bharat Chakravarti.
भरत चक्रवर्ती के चक्र का नाम ।

सुदर्शन चरित्र – *Sudarśana Caritra.*
Name of religious compositions separately written by Acharya Nayanandi in *Apabhransh* language & by Sakalkirti in *Sanskrit* & by *Bhattarak* Vidyanandi.
आचार्य नयनंदि (ई. 993-1043) कृत अपभ्रंश काव्य, सकलकीर्ति (ई. 1406-1442) कृत 900 श्लोक प्रमाण संस्कृत ग्रंथ, भट्टारक विद्यानंदि (वि. 1538) कृत संस्कृत ग्रंथ ।

सुदर्शना – *Sudarśanā.*
Name of the palanquin of Lord Rishabhdev, Name of a *Vapi* (like large lake) situated in northern *Anjangiri* of *Nandishvar* island.
तीर्थंकर वृषभदेव की पालकी, नंदीश्वर द्वीप सम्बन्धी अंजनगिरि की उत्तरदिशा स्थित वापी ।

सुधर्मसागर (आचार्य) – **Sudharmasāgara (Ācārya).**
Name of a Digambar Jain Acharya, the disciple of Charitra Chakravarti Acharya Shri Shantisagar Maharaj.
चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के प्रमुख ७ मुनि शिष्यों में से एक विशिष्ट ज्ञानी आचार्य। इन्होंने सुधर्म श्रावकाचार आदि ग्रंथों की रचना की है। समय-ई. श. २०।

सुधर्मसेन – *Sudharmasena.*
Name of a spiritual saint, the disciple of saint Dharsena.
पुन्नाट संघ की गुर्वावली के अनुसार धरसेन के शिष्य तथा सिंहसेन के गुरु ।

सुधर्माचार्य – *Sudharmācārya.*
Name of a great *Acharya* (omniscient) after Lord Mahavira.
श्रुतावतार की पट्टावली के अनुसार भगवान महावीर के पश्चात् तीन अनुबद्ध केवलियों में दूसरे अनुबद्ध केवली, जिस दिन गौतम स्वामी को मोक्ष प्राप्त हुआ था उसी दिन सुधर्माचार्य को केवलज्ञान प्राप्त हुआ था। इनका अपरनाम लोहार्य था। समय-ई.पू. 515-503 ।

सुधर्मा सभा – *Sudharmā Sabhā.*
The assembly of *Saudharma Indra.*
सौधर्म इन्द्र की सभा का नाम ।

सुधानिवास – *Sudhānivāsa.*
The Moon.
चन्द्रमा ।

सुधासागर (मुनि) - **Sudhāsāgara (Muni).**
Name of a saint, the disciple of Acharya Shri Vidyasagar Maharaj.
आचार्यश्री विद्यासागर महाराज से दीक्षित एक प्रसिद्ध मुनि ।

सुनंद – *Sunaṁda.*
Name of a demigod, A jewel of Lord Arahnath, The soul of predestined 10th *Tirthankar* (Jaina-Lord).
एक यक्ष; लक्ष्मण ने कोटिशिला उठाकर इसे वश में किया था, १८ वें तीर्थंकर अरनाथ चक्रवर्ती का एक असिरत्न, आगामी

१० वें तीर्थंकर का जीव ।

सुनंदा – *Sunaṁdā.*
The wife of 3rd *Kulkar* (ethical founder) Kshemankar, The mother of Lord Sheetalnath, Name of the 2nd queen of Lord Rishabhdev, the mother of Bahubali & Sundari.
तीसरे कुलकर क्षेमंकर की पटरानी, भद्रिकापुरी के राजा दृढ़रथ की रानी जो तीर्थंकर शीतलनाथ की जननी थी, तीर्थंकर ऋषभदेव की दूसरी रानी-बाहुबली एवं सुन्दरी की माता ।

सुनंदिषेण – *Sunaṁdiṣeṇa.*
Name of a great *Acharya* (omniscient) , the disciple of *Acharya* Sinhsen, Name of another *Acharya* of *Punnat* group.
एक आचार्य। लाहोचार्य के पश्चात् हुए अनेक आचार्यों में आचार्य सिंहसेन के शिष्य व ईश्वरसेन के गुरु, पुन्नाट संघ की गुर्वावली के अनुसार ईश्वरसेन के शिष्य तथा अभयसेन के गुरु ।

सुनक्षत्र – *Sunakṣatra.*
One of the 10 great saints in the era of Lord Mahavira.
भगवान महावीर के तीर्थ में हुए १० अनुत्तरोपपादकों में तीसरे अनुत्तरोपपादक ।

सुनय – *Sunaya.*
Right viewpoint.
सम्यक् नय। परस्पर सापेक्ष नय सुनय कहलाते हैं।

सुनेमि – *Sunemi.*
One of the sons of king Samudravijay.
राजा समुद्रविजय के अनेक पुत्रों में एक पुत्र।

सुपत्नी – *Supatnī.*
Faithful & devoted wife.
सहधर्मिणी स्त्री अर्थात् जो अपने धर्म और यश की रक्षा करती है तथा प्रेमपूर्वक अपने पतिदेव की सेवा करती है।

सुपद्म – *Supadma.*
Name of a king of *Kuru* dynasty.
कुरुवंशी एक राजा। राजापद्म का पुत्र तथा पद्मदेव के पिता।

सुपद्मा – *Supadmā.*
Name of a country of western *Videh* (region).
अपर विदेहस्थ एक देश।

सुपर्ण कुमार – *Suparṇa Kumāra.*
A type of residential deities.
भवनवासी देवों के 10 भेदों में एक भेद।

सुपार्श्वनाथ – *Supārśvanātha.*
Name of the 7th *Tirthankar* (Jaina- Lord).
वर्तमान चौबीसी के 7 वें तीर्थंकर। वाराणसी नगरी के राजा सुप्रतिष्ठ एवं रानी पृथिवीषेणा के पुत्र। इनकी आयु 20 लाख वर्ष पूर्व, शरीर 200 धनुष ऊँचा था। 9 वर्ष की तपस्या के बाद केवलज्ञान हुआ। वर्तमान में वाराणसी में भदैनी क्षेत्र में भगवान सुपार्श्वनाथ के जन्मस्थल के प्रतीक में गंगा नदी के घाट पर सुंदर मंदिर बना हुआ है।

सुपार्श्वनाथ स्तोत्र – *Supārśvanātha Stotra.*
Name of a spiritual hymn written by *Acharya* Vidyanandi.
आचार्य विद्यानंदि (ई. 775-840) द्वारा रचित छंदबद्ध स्तोत्र। इसमें 30 श्लोक हैं।

सुपार्श्वमती (आर्यिका) – *Supārśvamatī (Āryikā).*
Name of a Ganini Aryika, the disciple of Acharya Shri Veersagar Maharaj of the tradition of Charitra Chakravarti Acharya Shantisagar Maharaj.
चारित्र चक्रवर्ती आचार्यश्री शांतिसागर जी महाराज की परम्परा में प्रथम पट्टाधीश आचार्यश्री वीरसागर जी महाराज की शिष्या (दीक्षित-सन् १९५७), एक गणिनी आर्यिका। इन्होंने आचारसार, राजवार्तिक आदि अनेक ग्रंथों की हिन्दी टीकाएं लिखी हैं। इनकी प्रेरणा से सम्मेदशिखर में मध्यलोक शोध संस्थान का निर्माण हुआ है।

सुप्रतिष्ठ – *Supratiṣṭha.*
One of the eight auspicious articles i.e. Swastik, Name of a summit of *Ruchak* mountain, Past-birth soul of Lord Neminath, Name of the 5th *Rudra*, Father's name of Lord Suparshvanath.
आठ मंगल द्रव्यों में एक (स्वस्तिक), रुचक पर्वतस्थ एक कूट, नेमिनाथ भगवान का पूर्व का दूसरा भव, 5वाँ रूद्र, भगवान सुपार्श्वनाथ के पिता।

सुप्रबन्ध – *Suprabandha.*
Well arrangement.
अच्छी व्यवस्था।

सुप्रबुद्ध – *Suprabuddha.*
Name of a summit of *Manushottar* mountain & its protecting deity , Name of a heavenly aboding place.
मानुषोत्तर पर्वतस्थ प्रवाल कूट व उसका स्वामी भवनवासी सुपर्णकुमार देव, 9 ग्रैवेयक का तृतीय इन्द्रक विमान।

सुप्रबुद्धा – *Suprabuddhā.*
Name of a female deity of *Mandar* summit situated at *Ruchakgiri* (mountain).
रुचकगिरि के मंदार कूट की रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी।

सुप्रभ – *Suprabha.*
Name of a summit of *Kundalvar* island, A protecting deity of *Ghritvar* island, Name of the 4th *Baldev.*
कुण्डलवर द्वीप का एक कूट, घृतवर द्वीप का रक्षक देव, वर्तमान के चौथे बलदेव।

सुप्रभा – *Suprabhā.*
Name of a *Vapi* (like large lake) of *Amra* forest in the *Samavasharan* (assembly of Lord), A palanquin used by deities for Lord Ajitnath, Mother's name of the 5th Balbhadra, A queen of king Dashrath.
समवशरण के आम्रवन की एक वापी, एक शिविका-तीर्थंकर

अजितनाथ इसी पर बैठकर दीक्षा वन गये थे, 5 वें बलभद्र सुदर्शन की माता, राजा दशरथ की एक रानी जो शत्रुघ्न की माता थी।

सुप्रयोगा – *Suprayogā.*
Name of a river of *Bharat Kshetra* (region).
भरतक्षेत्र की एक नदी।

सुप्रीति क्रिया – *Suprīti Kriyā.*
An auspicious activity of worshipping of Lord Arihant in the 5th month of pregnancy.
गर्भान्वय की ५३ क्रियाओं में तीसरी क्रिया। यह क्रिया गर्भाधान के ५ वें महीने में भगवान अर्हंत की पूजा आदि करके की जाती है।

सुफल्गु – *Suphalgu.*
One of the sons of king Samudravijay.
राजा समुद्रविजय के अनेक पुत्रों में एक पुत्र।

सुबाला – *Subālā.*
Mother's name of the 2nd *Chakravarti* (emperor) Sagar & the 8th *Balbhadra* Ram.
दूसरे चक्रवर्ती सगर की माता, 8 वें बलभद्र राम की माँ, अपरनाम अपराजिता-कौशल्या।

सुबाहु – *Subāhu.*
Name of the 11th chief disciple of Lord Rishabhdev, The son of king Dhritrashtra, Name of the third *Tirthankar* (Jaina-Lord) of *Videh* (region).
भगवान ऋषभदेव के 11 वें गणधर, राजा धृतराष्ट्र एवं रानी गान्धारी का एक पुत्र, विदेह क्षेत्रस्थ 20 तीर्थंकरों में तीसरे तीर्थंकर।

सुभगत्रिक – *Subhagatrika.*
A triplet of physique making *Karmic* natures.
नामकर्म की तीन प्रकृतियाँ-सुभग, आदेय, सुस्वर।

सुभग नामकर्म प्रकृति – *Subhaga Nāmakarma Prakṛti.*
A physique making *Karmic* nature causing amiability (or causing others to be delighted with one).
जिसके उदय से दूसरे जीव अपने से प्रीति करते हैं।

सुभग सुलोचना चरित्र – *Subhaga Sulocanā Caritra.*
Name of a treatise written by Vadichandra.
वादिचन्द्र कृत एक ग्रन्थ।

सुभद्र – *Subhadra.*
A heavenly aboding place of middle *Graiveyak*, A type of peripatetic deities, Name of a protecting peripatetic deity of *Arunivar* & *Nandishvar* islands.
मध्यम ग्रैवेयक का एक इन्द्रक विमान, यक्ष जाति के व्यंतर देवों का एक भेद, अरुणीवर द्वीप व नंदीश्वर द्वीप का रक्षक व्यन्तर देव।

सुभद्र नाटिका – *Subhadra Nāṭikā.*
A composition composed in Sanskrit by Hastimal (reg. story of Bharat & Subhadra).
भरत-सुभद्रा प्रेम विषयक संस्कृत भाषाबद्ध हस्तिमल कृत एक रचना। समय ई. 1161-1181 ।

सुभद्रा – *Subhadrā.*
The wife of Arjun The queen of Bharatesh *Chakravarti* (emperor), Mother of the 2nd *Balbhadra* Vijay.
कृष्ण की बहन; अर्जुन ने हरण कर इसके साथ विवाह किया था जो अभिमन्यु की माँ हुई और अंत में दीक्षा ली। भरतेश चक्रवर्ती की रानी। दूसरे बलभद्र की जननी।

सुभद्राचार्य – *Subhadrācārya.*
One of the 4 great saints after the salvation of Lord Mahavira.
तीर्थंकर महावीर के निर्वाण होने के पश्चात् आचारांग के ज्ञाता 4 मुनियों में प्रथम मुनि।

सुभाषित तंत्र – *Subhāṣita Taṁtra.*
Name of a spiritual treatise written by *Acharya* Yogendudev.
आचार्य योगेन्दुदेव कृत अध्यात्म विषयक अपभ्रंश भाषाबद्ध एक ग्रन्थ। समय - ई.श. 6 ।

सुभाषित रत्नसंदोह – *Subhāṣita Ratnasaṁdoha.*
Name of a spiritual treatise written by *Acharya* Amitgati.
आचार्य अमितगति (ई. 993) द्वारा लिखा गया 922 संस्कृत श्लोक प्रमाण एक आध्यात्मिक ग्रन्थ।

सुभाषित रत्नावली – *Subhāṣita Ratnāvalī.*
Name of a spiritual treatise written by *Acharya* Shubhchandra.
आचार्य शुभचन्द्र (ई. 1516-1556) द्वारा रचित एक आध्यात्मिक ग्रन्थ।

सुभाषितार्णव – *Subhāṣitārṇava.*
A spiritual book written by *Acharya* Shubhchandra.
आचार्य शुभचन्द्र (ई. 1516-1556) द्वारा रचित एक आध्यात्मिक ग्रन्थ।

सुभीम – *Subhīma.*
Name of an *Indra* of *Rakshas* type peripatetic deities.
राक्षस व्यंतर देवों का इन्द्र, इसने सगर चक्रवर्ती के प्रतिद्वन्दी मेघवाहन को तीर्थंकर अजितनाथ के समवशरण में अभयदान देकर लंका का राज्य दिया था।

सुभोग भूमि – *Subhoga Bhūmi.*
Prosperous land having wish fulfilling trees (*Kalpavrikshas*).
जहाँ कल्पवृक्षों के द्वारा प्राप्त वस्तुओं से ही मनुष्य अपना जीवन सानंद निर्वाह करते हैं। प्राकृतिक साम्यवाद का सुख सभी भोगते हैं। ढाई द्वीप में 5 मेरु सम्बन्धी, (5 हैमवत, ५

हरिवर्ष, 5 रम्यक, 5 हैरण्यवत, 5 देवकुरु और 5 उत्तरकुरु) 30 भोगभूमियाँ हैं।

सुभोगा – *Subhogā.*
Name of a female deity of *Gajdant* summit.
गजदंत कूट की दिक्कुमारी देवी।

सुभौम – *Subhauma.*
Name of the 8th *Chakravarti* (emperor).
8 वें चक्रवर्ती, जो णमोकार मंत्र का अपमान करने के कारण मरकर 7 वें नरक में गये।

सुमंगला – *Sumaṁgalā.*
Mother's name of Lord Sumatinath & the 2nd *Chakravarti* Sagar.
तीर्थंकर सुमतिनाथ की माता जो अयोध्या के राजा मेघप्रभ की रानी थी, दूसरे चक्रवर्ती सगर की जननी।

सुमंदर – *Sumaṁdara.*
Name of a mountain of *Bharat Kshetra* (region).
भरत क्षेत्र का एक पर्वत।

सुमति – *Sumati.*
Good understanding or judgement.
अच्छी वृद्धि।

सुमतिकीर्ति – *Sumatikīrti.*
Name of a *Bhattarak* of *Nandi* group.
नंदिसंघ बलात्कार गण ईडर गद्दी के एक भट्टारक। कृतियाँ - पंचसंग्रह की संस्कृत वृत्ति, ज्ञानभूषण के साथ मिलकर 'कर्म प्रकृति' की टीका लिखी।

सुमतिदेव – *Sumatideva.*
Name of a great *Acharya*, the writer of *'Sanmati Tark Tika'*.
मूलसंघ में कुन्दकुन्द आचार्य परम्परा के एक आचार्य। सन्मति तर्क टीका ग्रन्थ के रचयिता। समय - ई. श. 7-8।

सुमतिनाथ – *Sumatināth.*
Name of the 5th Tirthankar (Jaina-Lord).
५वें तीर्थंकर- अयोध्या नगरी के राजा मेघरथ और रानी सुमंगला के पुत्र इनकी आयु ४० लाख वर्ष पूर्व, शरीर ३०० धनुष ऊँचा और स्वर्ण के समान कांति वाला था। २० वर्ष की तपस्या के बाद इन्हें केवलज्ञान हुआ एवं इनके ११६ गणधर थे। वर्तमान में अयोध्या के कटरा मंदिर परिसर में इनके जन्मस्थल के प्रतीक रूप में एक टोंक बनी हुई है।

सुमतिसागर (आचार्य) – *Sumatisāgara (Ācārya).*
Name of Digambar Acharya of 20th century of the tradition of Acharya Shantisagar (Chhani).
आचार्य श्री शांतिसागर जी छाणी (राज.) की परम्परा में हुए एक आचार्य (समय-ई. २०वीं शताब्दी)। ये तेरहपंथ आम्नाय के कट्टर समर्थक हुए हैं।

सुमनस – *Sumanasa.*
The first heavenly aboding place of *Urddhva Graiveyak*.
ऊर्ध्व ग्रैवेयक का प्रथम इन्द्रक विमान।

सुमना – *Sumanā.*
Name of a *Vapi* (like large lake) of *Nandishvar* island.
नंदीश्वर द्वीप की एक वापी रमणीया का अपरनाम।

सुमागधी – *Sumāgadhī.*
Name of a river of eastern middle *Arya Khand* (region).
पूर्वी मध्य आर्य खण्ड की एक नदी।

सुमाली – *Sumālī.*
Name of the grand father of Ravan.
रावण के दादा। इन्द्र नामक विद्याधर से हारकर पाताल लंका में रहने लगे थे।

सुमित्रा – *Sumitrā.*
Name of female divinity of *Kanchan* summit of *Saumnas Gajdant* mountain, Mother's name of Lakshaman.
सौमनस गजदंत के कांचन कूट की देवी, लक्ष्मण की माता।

सुमुखी – *Sumukhī.*
A beautiful lady, Name of the 49th city in the south of *Vijayardha* mountain.
सुन्दर मुख वाली स्त्री, विजयार्ध पर्वत की दक्षिण श्रेणी की 49 वीं नगरी।

सुमेरू – *Sumeru.*
The chief mountain with gold shine of middle universe.
मध्यलोक का सर्वप्रधान पर्वत। यह स्वर्ण वर्ण व कूटाकार है। जम्बूद्वीप के बीचोंबीच में स्थित यह पर्वत १ लाख ४० योजन ऊँचा है इसे सुदर्शनमेरु के नाम से जाना जाता है।

सुयश – *Suyaśa.*
Good reputation or fame, Name of a residential deity of *Saugandhik* summit of *Manushottar* mountain.
प्रसिद्धि, कीर्ति, मानुषोत्तर पर्वतस्थ सौगन्धिक कूट का स्वामी भवनवासी सुपर्णकुमार देव।

सुरंग – *Suraṁga.*
Tunnel.
जमीन के अन्दर से बनाया गया एक गुप्त मार्ग।

सुर – *Sura.*
Tone (of the voice or musical instrument), a tune, A type of deities involved in good deeds.
सुरीली ध्वनि। देव, जिनकी अहिंसा आदि के अनुष्ठान में रति है वे सुर कहलाते हैं। इसके विपरीत असुर कहलाते हैं।

सुरगंगा – *Suragaṁgā.*
Milkyway, (the galaxy, a luminous band of heavenly stars), The heavenly Ganges.
आकाशगंगा।

सुरगिरि – *Suragiri.*
Another name of *Sumeru* mountain.

सुमेरू पर्वत का अपरनाम।

सुरदेव – *Suradeva.*
Name of the 2nd predestined *Tirthankar* (Jaina-Lord).
भाविकालीन दूसरे तीर्थंकर।

सुरपतिकांत – *Surapatikāṁta.*
Name of a city in the north of *Vijayardha* mountain.
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का एक नगर।

सुरपादप – *Surapādapa.*
Kalpavriksh (wishfulfilling trees) of heaven.
स्वर्गों में होने वाले कल्पवृक्ष।

सुरमन्यु – *Suramanyu.*
One of the particular seven saints, 'Saptrishi' (Sapta *Ṛṣi*).
सप्त ऋषियों में एक। देखें-सप्तऋषि।

सुरम्या – *Suramyā.*
One of the 32 countries of *Videh Kshetra* (region).
विदेह क्षेत्र के 32 देशों में एक देश। अपरनाम रम्यक्, इसकी प्रधान नगरी पद्मावती है।

सुरश्रेष्ठ – *Suraśreṣṭha.*
The past birth soul of the 21st *Tirthankar* (Jaina-Lord) Naminath.
21 वें तीर्थंकर नमिनाथ के एक पूर्व भव का नाम।

सुरस – *Surasa.*
Name of a heavenly aboding place of *Brahma-Brahmottar* heaven.
ब्रह्म-ब्रह्मोत्तर स्वर्ग का एक इन्द्रक विमान। अपरनाम सुरसमिति।

सुरसमिति – *Surasamiti.*
See - *Surasa.*
देखें - सुरस।

सुरसा – *Surasā.*
Name of the female divinity of a peripatetic deity *'Mahakal'*.
व्यंतरेन्द्र महाकाल की देवी।

सुरा – *Surā.*
Wine, Name of female divinities of a summit of *Himvan* mountain & of *Ruchak* mountain.
मदिरा, हिमवान पर्वत पर स्थित एक कूट व उसकी स्वामिनी देवी। रूचक पर्वतवासिनी दिक्कुमारी देवी।

सुरारि – *Surāri.*
Name of a king of Lanka.
भानुप्रभ राजा के पश्चात् हुआ लंका का एक राजा।

सुरालय – *Surālaya.*
Another name of *Sumeru* mountain.
सुमेरू पर्वत का एक अपरनाम।

सुराष्ट्र – *Surāṣṭra.*
A country of western *Arya Khand* (region) in Gujarat state.
पश्चिम आर्यखण्ड का एक देश (गुजरात प्रांत का एक भाग) अपरनाम सोरठ।

सुरेन्द्रकान्त – *Surendrakānta.*
Name of the 21st city in the north of *Vijayardha* mountain.
भरत क्षेत्र में स्थित विजयार्ध पर्वत की उत्तर श्रेणी का 21 वाँ नगर। अपरनाम सुरेन्द्रकान्तार।

सुरेन्द्रकीर्ति – *Surendrakīrti.*
Name of a *Bhattarak* of *Nandi* group.
नंदिसंघ बलात्कारगण चित्तौड़ गद्दी के एक भट्टारक नरेन्द्रकीर्ति के शिष्य। समय - वि. सं. 1722।

सुरेन्द्र चक्र यंत्र – *Surendra Cakra Yaṁtra.*
A type of metallic plate engraved with some auspicious mystic words.
विभिन्न रेखाकृतियों एवं विशिष्ट सुरेन्द्रचक्र मंत्रों से बना एक यंत्र।

सुरेन्द्रता क्रिया – *Surendratā Kriyā.*
A type of auspicious activity (reg. to encrown one with *Surendra Pad*, a title.
कर्त्रन्वयादि 7 क्रियाओं में एक क्रिया, परिव्रज्या के फलस्वरूप सुरेन्द्र पद की प्राप्ति। सप्तपरम स्थानों में चतुर्थ परमस्थान को सुरेन्द्रता कहते हैं।

सुरेन्द्रभूषण – *Surendrabhūṣaṇa.*
Name of a *Bhattarak*, the writer of *'Rishipanchami Katha'* (a tale).
देवेन्द्रभूषण के शिष्य ऋषिपंचमी कथा के रचयिता एक भट्टारक। समय - ई. स.1703 - 1734।

सुरेश्वर – *Sureśvara.*
The disciple of *Shankaracarya*, the writer of *'Naishkarmya Siddhi'* and other treatises.
शंकराचार्य के शिष्य (समय - ई. 820), इन्होंने नैष्कर्म्य सिद्धि, वृहदारण्यक उपनिषद् भाष्य ग्रंथ लिखे हैं।

सुलस – *Sulasa.*
Name of the two lakes of *Devkuru.*
देवकुरु के 10 द्रहों में से दो का नाम।

सुलोचन – *Sulocana.*
One with attracting eyes, The 20th son of king Dhritrashtra.
सुन्दर नेत्रों वाला, राजा धृतराष्ट्र एवं रानी गांधारी का 20 वाँ पुत्र।

सुलोचना – *Sulocanā.*
Name of the chief *Aryika* (Ganini) in the *Samavsharan* (assembly) of Lord Parshvanath, The daughter of king Akampan.
भगवान पार्श्वनाथ के समवशरण की मुख्य आर्यिका (गणिनी)। अपरनाम सुलोका। राजा अकम्पन की पुत्री, स्वयंवर में भरत

चक्रवर्ती के सेनापति जयकुमार ने इसका वरण किया था।

सुलोयणाचरिउ – *Suloyaṇācariu.*
Name of a book written in *Apabhransh* language by saint Devasen.
देवसेन मुनि द्वारा (ई. सन् 1075) कृत अपभ्रंश भाषाबद्ध ग्रन्थ।

सुवक्त्र – *Suvaktra.*
One with beautiful face, Name of a *Vidyadhar* king.
सुन्दर मुखवाला, एक विद्याधर। यह विनमि का वंशज था। विद्युन्मुख का पुत्र और विद्युद्दंष्ट्र का पिता।

सुवज्र – *Suvajra.*
Name of a *Vidyadhar* king.
एक विद्याधर, राजा व्रज का पुत्र और वज्रभृत का पिता।

सुवत्सा (देवी) – *Suvatsā (Devī).*
Name of a female divinity of *Kanak* summit of *Saumnas Gajdant* mountain.
सौमनस गजदंत के कनक कूट की स्वामिनी दिक्कुमारी देवी।

सुवत्सा – *Suvatsā.*
Name of a country and name of a summit & its governing deity of *Trikut Vakshar* situated in eastern *Videh* (region).
पूर्व विदेह क्षेत्र का एक देश, कुण्डला नगरी यहाँ की राजधानी है, पूर्व विदेहस्थ त्रिकूट वक्षार का एक कूट व उसका स्वामी देव।

सुवप्रा – *Suvaprā.*
Name of a country of the western *Videh* (region).
पश्चिमी विदेहस्थ एक देश, वैजयन्ती यहाँ की राजधानी है।

सुवर्ण – *Suvarṇa.*
A good colour, Golden, Gold, Name of a summit and a deity of *Shikhri* mountain.
अच्छा वर्ण, सुनहरा, सोना, तौल का एक प्रमाण, 2.5 धरण = 1 सुवर्ण या 1 कंस, शिखरी पर्वत का एक कूट तथा देव, अपरनाम कांचन।

सुवर्ण कुंभ – *Suvarṇa Kumbha.*
Gold pitcher, Name of the initiation spiritual teacher of the first *Baldev* - Vijay.
सोने का कलश, प्रथम बलदेव विजय के दीक्षा गुरु।

सुवर्णप्रभ – *Suvarṇaprabha.*
Name of a northern place of *Saumnas* forest.
सौमनस वन का उत्तर दिशावर्ती भवन। यह 15 योजन चौड़ा, 25 योजन ऊँचा तथा 45 योजन की परिधि वाला है।

सुवर्णवती – *Suvarṇavatī.*
Name of a river of *Bharat Kshetra* (region).
भरत क्षेत्र की एक नदी।

सुवल्गु – *Suvalgu.*
Name of a region of westren *Videh*, Name of a summit of *Naggiri Vakshar* (mountain) & its governing deity.
अपर विदेहस्थ एक क्षेत्र (अपरनाम सुगन्धा)। नागगिरि वक्षार का एक कूट व उसका स्वामी देव।

सुवसु – *Suvasu.*
Name of a king of *Kuru* dynasty.
कुरुवंशी एक राजा। यह राजा वसु का 9 वाँ पुत्र था।

सुविधि – *Suvidhi.*
The 4th past-birth soul of Lord Rishabhdev, The another name of the 9th Tirthankar (Jaina-Lord) Pushpadantnath.
भगवान ऋषभदेव का पूर्व का चौथा भव। यह विदेह क्षेत्र के महावत्स देश के सदृष्टि राजा का पुत्र था। पुत्र केशव के मोह से दीक्षा न लेकर श्रावक के उत्कृष्ट व्रत ले कठिन तप किया। अंत में दिगम्बर हो समाधिमरण करके अच्युत स्वर्ग में देव हुआ। ९वें तीर्थंकर पुष्पदंतनाथ भगवान का अपरनाम सुविधिनाथ है।

सुविशाल – *Suviśāla.*
Name of the third heavenly aboding place of middle *Graiveyak*, Name of the 67th chief disciple of Lord Rishabhdev, Name of a heavenly aboding place of *Saudharma* heaven.
मध्यम ग्रैवेयक का तीसरा इन्द्रक विमान, वृषभदेव के 67वें गणधर, सौधर्म स्वर्ग का एक विमान।

सुवीर्य – *Suvīrya.*
Name of a king of *Ikshvaku* dynasty, The 46th son of king Dhritrashtra.
इक्ष्वाकुवंशी एक राजा। अतिवीर्य का पुत्र, उदितपराक्रम का पिता, राजा धृतराष्ट्र तथा रानी गांधारी का 46 वाँ पुत्र।

सुवेषा – *Suveṣā.*
Mother's name of the third *Balbhadra* 'Dharma'.
धर्म नामक तीसरे बलभद्र की माता।

सुव्रत – *Suvrata.*
Faultless vow, Name of a king of *Kuru* dynasty, The son of Lord Munisuvratnath.
शोभनव्रत-निरतिचार व्रत, कुरुवंशी एक राजा। धृतिक्षेम का पुत्र व व्रात का पिता, तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ का पुत्र, दक्ष का पिता, अंत में अपने पिता से दीक्षा ले मुक्ति प्राप्त की।

सुव्रता – *Suvratā.*
Mother's name of Lord Dharmanath ultimately who became chief Aryika (Ganini) in the Samavasharan of Lord Dharmanath.
तीर्थंकर धर्मनाथ की माता सुप्रभा का अपरनाम, जो इन्हीं के समवसरण में मुख्य आर्यिका (गणिनी) हुई।

सुशांति – *Suśāṁti.*
Name of a king of *Kuru* dynasty.
कुरुवंशी एक राजा, यह द्वीपायन का पुत्र और शांतिप्रिय का पिता था।

सुशील – *Suśīla.*
Of good character or disposition, amiable, modest, courteous.
नैतिक या धार्मिक गुण अथवा अच्छे शील (चरित्र) वाला।

सुषमा काल – *Suṣamā Kāla.*
Pleasant period of worldly cycle (the 2nd of *Avasarpini Kal* & the 5th of *Utsarpini Kal* - according to Jaina philosophy).
अवसर्पिणी के द्वितीय काल और उत्सर्पिणी के पंचम काल का नाम। इसमें मध्यम भोग भूमि रहती है एवं इसका समय 3 कोड़ाकोड़ी सागर का है। इस काल में मनुष्य 4 हजार धनुष ऊँचे होते हैं व आयु 2 पल्य की होती है।

सुषमादुषमा काल – *Suṣamā-Duṣamā Kāla.*
Pleasant & sorrowful long period of worldly cycle (the 3rd of *Avasarpini Kal* & the 4th of *Utsarpini Kal* - according to Jaina philosophy).
अवसर्पिणी के तृतीय काल और उत्सर्पिणी के चतुर्थ काल का नाम। इसका काल 2 कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण है। इस समय जघन्य भोगभूमि रहती है, इस समय मनुष्यों की ऊँचाई 500 धनुष एवं आयु एक कोटि वर्ष पूर्व की होती है।

सुषमा सुषमा काल – *Suṣamā Suṣamā Kāla.*
Extremely pleasant period of worldly cycle (the 1st of *Avasarpini Kal* & the 6th of *Utsarpini Kal* - according to Jaina philosophy).
अवसर्पिणी के प्रथम काल और उत्सर्पिणी के छठे काल का नाम। इसमें उत्तम भोग भूमि रहती है एवं इसका समय ४ कोड़ाकोड़ी सागर का है। इस काल में मनुष्य ६ हजार धनुष ऊँचे होते हैं व आयु ३ पल्य की होती है।

सुषेणा – *Suṣeṇā.*
Mother's name of Lord Sambhavnath.
श्रावस्ती नगरी के राजा दृढ़राज की रानी एवं तीर्थंकर संभवनाथ की माता।

सुसिद्धार्थ – *Susiddhārtha.*
The spiritual teacher of the 9th *Balbhadra* Balram.
९ वें बलभद्र बलराम के गुरु।

सुसीमा – *Susīmā.*
Mother's name of Lord Padmaprabhu.
कौशाम्बी नगरी के राजा धरण की रानी एवं तीर्थंकर पद्मप्रभु की माता।

सुसीमा (नगरी) – *Susīmā (Nagarī).*
Name of the main city of *Vatsa* country situated in the eastern *Videh* region.
पूर्व विदेहस्थ वत्सदेश की मुख्य नगरी।

सुस्थित – *Susthita.*
Name of a protecting peripatetic deity of *Lavan* ocean.
लवण समुद्र का रक्षक व्यन्तर देव।

सुस्थिता – *Susthitā.*
Name of a female deity of *Ruchak* mountain.
रूचक पर्वत वासिनी दिक्कुमारी देवी।

सुस्वर नामकर्म प्रकृति – *Susvara Nāmakarma Prakṛti.*
A physique making *Karmic* nature causing melodious tone.
जिस कर्म के उदय से मधुर आवाज या सुरीला कंठ प्राप्त होता है उसे सुस्वर नामकर्म प्रकृति कहते हैं।

सुस्वरा – *Susvarā.*
Name of a female deity of a peripatetic *Indra* Gitaras.
गीतरस व्यंतर इन्द्र की देवी।

सुहस्ति – *Suhasti.*
Name of a governing deity of *Swastik* summit of *Ruchak* mountain.
रुचक पर्वतस्थ स्वस्तिक कूट का स्वामी देव।

सुह्य – *Suhya.*
Name of a country of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region).
भरत क्षेत्र आर्यखण्ड का एक देश।

सूक्ष्म – *Sūkṣma.*
Micro particles or organism (invisible).
जो इन्द्रियों के गोचर न हो ऐसे स्कंध जैसे कार्मण वर्गणा आदि, एकेन्द्रिय जीवों के सूक्ष्म और बादर इन दो भेदों में प्रथम भेद।

सूक्ष्म आलोचना – *Sūkṣma Ālocanā.*
An infraction of self criticism, hiding big faults (but exposing little faults).
आलोचना का एक अतिचार। छोटे-छोटे दोष कहकर भय, मद, कपट आदि के कारण बड़े दोष छिपाना।

सूक्ष्म ऋजुसूत्र नय – *Sūkṣama Ṛjusutra Naya.*
A standpoint related to the minute acceptance of something.
ऋजुसूत्र नय के दो भेदों में एक भेद। जो नय एक समयवर्ती सूक्ष्म अर्थ पर्याय (अवस्थायी पर्याय) को ग्रहण करे।

सूक्ष्म कषाय – *Sūkṣma Kaṣāya.*
Minute passion.
सूक्ष्म सांपराय अर्थात् संज्वलन लोभ रूप कषाय। ये कषाय दसवें गुणस्थान में पायी जाती है।

सूक्ष्मकायिक जीव – *Sūkṣmakāyika Jīva.*
Micro organism, one-sensed beings etc..
वे एकेन्द्रिय जीव जो सर्व लोक में व्याप्त हैं एवं जिनकी गति का जल-स्थल आदि के द्वारा प्रतिघात नहीं होता है अर्थात् जो न किसी को रोकते हैं और न किसी से रूकते (बाधित) हैं।

सूक्ष्म कृष्टि – *Sūkṣma Kṛṣṭi.*
Gradual destruction of Karmas.
कर्मों के अनुभाग को घटाकर सूक्ष्म कर देना।

सूक्ष्म क्रियाप्रतिपाती – *Sūkṣma Kriyāpratipātī.*
The third absolute meditational state achieved at the end of the 13th stage of spiritual

development.
तीसरा शुक्लध्यान - यह ध्यान तेरहवें गुणस्थान के अंत में होता है। जिन्होंने द्वितीय शुक्लध्यान के द्वारा ४ घातिया कर्मों का क्षय करके केवलज्ञान प्राप्त कर लिया है तब सब प्रकार के मन वचन योग और बादर काययोग का निरोध करके सूक्ष्म काययोग का आलम्बन लेकर जो ध्यान करते हैं वह सूक्ष्म क्रियाप्रतिपाती ध्यान है।

सूक्ष्म जीव – *Sūkṣma Jīva.*
See - *Sukṣmakāyika Jīva.*
देखें - सूक्ष्मकायिक जीव।

सूक्ष्मत्व गुण – *Sūkṣmatva Guṇa.*
One of the 8 virtues of salvated soul obtained by the destruction of physique making *Karmas* (extremely subtle form).
सिद्धों के 8 गुणों में एक गुण, यह नामकर्म के क्षय होने से प्रगट होता है। इन्द्रिय गोचर न होना।

सूक्ष्म निगोद – *Sūkṣma Nigoda.*
See - *Nigoda Sūkṣma.*
देखें - निगोद सूक्ष्म।

सूक्ष्म निगोद वर्गणा – *Sūkṣma Nigoda Vargaṇā.*
A type of aggregate of *Karmic* molecules.
23 प्रकार की वर्गणाओं का एक भेद।

सूक्ष्म पदार्थ – *Sūkṣma Padārtha.*
Non-perceptible matters (invisible particles etc.).
सूक्ष्म अर्थात् इन्द्रिय के द्वारा न जानने योग्य पदार्थ।

सूक्ष्म परिधि – *Sūkṣma Paridhi.*
Micro circumference.
सूक्ष्म परिधि = (व्यास^2 x 10)$^{1/2}$ अर्थात् 2 (pi)r।

सूक्ष्म बादर स्कन्ध – *Sūkṣma Bādara Skandha.*
Invisible existing matters like air, words etc.
स्कन्धों के 6 भेदों में एक भेद। जो स्कन्ध दिखाई न दे परन्तु उनका कार्य प्रगट हो जैसे हवा, शब्द आदि।

सूक्ष्म राग – *Sūkṣma Rāga.*
Slight attachments.
7 वें से 10 वें गुणस्थान तक होने वाला अबुद्धिपूर्वक राग सूक्ष्म राग कहलाता है।

सूक्ष्म लोभ – *Sūkṣma Lobha.*
Minute greediness.
सूक्ष्म साम्पराय को सूक्ष्म लोभ कहते हैं अथवा १० वें गुणस्थान में पाया जाने वाला लोभ।

सूक्ष्म शरीर नामकर्म प्रकृति – *Sūkṣma Śarīra Nāmakarma Prakṛti.*
Physique making *Karmic* nature causing micro body or one-sensed beings.
जिसके उदय से सूक्ष्म एकेन्द्रियों में जन्म होता है।

सूक्ष्म साम्पराय – *Sūkṣma Sāmparāya.*
Minute passions, spiritual stage of slight delusion.
सूक्ष्म कषाय को सूक्ष्म साम्पराय अर्थात् १० वां गुणस्थान कहते हैं जहाँ मात्र सूक्ष्म लोभ का उदय रह जाता है।

सूक्ष्म साम्पराय चारित्र – *Sūkṣma Sāmparāya Cāritra.*
Conduct with minute passions (reg. purity of soul).
दसवें गुणस्थान में होने वाला चारित्र, इस चारित्र में कषाय अति सूक्ष्म हो जाती है।

सूक्ष्मसाम्पराय शुद्धि संयत – *Sūkṣmasāmparāya Śuddhi Saṁyata.*
One with minute passions (towards purity).
मोहकर्म का उपशमन या क्षपण करने वाले जिस साधु के मात्र संज्वलन लोभ रूप सूक्ष्म कषाय शेष रह जाती है वह सूक्ष्म सांपराय संयत कहलाता है।

सूक्ष्मसाम्पराय संयम – *Sūkṣmasāmparāya Saṁyama.*
Restraints with minute greediness.
मोहकर्म का उपशमन या क्षपण करते हुए सूक्ष्म लोभ का वेदन करना सूक्ष्मसांपराय संयम है और उसके धारक महामुनि सूक्ष्मसांपराय संयत कहलाते हैं।

सूक्ष्म सूक्ष्म स्कंध – *Sūkṣma Sūkṣma Skaṁdha.*
Aggregate of two particles of a matter.
पुद्गल के मात्र दो परमाणु रूप स्कन्ध को सूक्ष्म सूक्ष्म स्कन्ध कहते हैं।

सूक्ष्म स्कंध – *Sūkṣma Skaṁdha.*
A type of aggregate of *Karmic* molecules.
स्कंधों के ६ भेदों में एक भेद, कर्म वर्गणा के योग्य स्कंध को सूक्ष्म स्कंध कहते हैं।

सूक्ष्म स्थूल स्कंध – *Sūkṣma Sthūla Skaṁdha.*
Invisible perceptible matters.
स्कंधों के ६ भेदों में चौथा भेद। जो आंखों से दिखाई नहीं देते किन्तु शेष ४ इन्द्रियों से ग्रहण किये जा सकते हैं ऐसे स्कंधों को सूक्ष्म स्थूल कहते हैं। जैसे - वायु, शब्द, गंध आदि।

सूक्ष्म भाषा – *Sūkṣma Bhāṣā.*
Internal speech (inner voice).
शब्दाद्वैतवादी द्वारा मानी गई ४ प्रकार की वाणी में एक भेद। क्षयोपशम से प्रगटी आत्मा की अक्षर को ग्रहण करने की तथा कहने की शक्ति रूप लब्धि। जैन मतानुसार इसे लब्धि रूप भाव वचन स्वीकारा गया है।

सूची – *Sūcī.*
Width, Diameter or radius pertaining to island or ocean.
व्यास या बाण, किसी द्वीप या समुद्र की परिधि (गोलाई) के एक तट से दूसरे तट की चौड़ाई को सूची कहते हैं।

सूचीकर्म – *Sūcīkarma.*
Outlining of something or needlework.
अनुयोग की निरूक्ति के 5 दृष्टांतों में एक दृष्टांत। लकड़ी से किसी वस्तु को तैयार करने के लिये पहिले लकड़ी के निरूपयोगी भाग को निकालने के लिये उसके ऊपर एक रेखा में जो डोरा डाला जाता है, वह सूचीकर्म है।

सूच्यंगुल– *Sūcyaṁgula.*
A large quantity as a unit of area measurement.
क्षेत्रप्रमाण का एक भेद। अद्धापल्य के अर्द्धच्छेदों का विरलन कर प्रत्येक एक के ऊपर अद्धापल्य रखकर परस्पर गुणा करने से जो राशि उत्पन्न हो उसे सूच्यंगुल कहते हैं।

सूतक – *Sūtaka.*
Impurity caused due to the birth or death of one.
लोक व्यवहार में जन्म-मरण के निमित्त से हुई अशुद्धि को सूतक कहते हैं। सूतक काल में देव पूजा, आहार दान आदि कार्य नहीं किया जाता।

सूत्र – *Sūtra.*
Origin, formulae, a source (of information), a precept, A type of code regulating conduct & behaviour, A type of scriptural knowledge.
जो अल्प अक्षरों से संयुक्त है, सन्देह से रहित है, परमार्थ सहित है एवं जो ग्रन्थ, तन्तु और व्यवस्था इन तीन अर्थों को भले प्रकार से सूचित करता है उस बहुअर्थ गर्भित रचना को सूत्र कहते हैं। दृष्टिवाद अंग के 5 भेदों में दूसरा भेद, इसमें 88 लाख पद हैं, इनमें मिथ्यादर्शन के भेद व 363 एकांतवाद के पूर्वपक्ष का कथन है।

सूत्रकृतांग – *Sūtrakṛtāṁga.*
A part of scriptural knowledge containing 36,000 stanzas reg. description of soul.
द्वादशांग श्रुत का दूसरा भेद। इसमें 36 हजार पद हैं, जिनमें स्वसमय और परसमय का वर्णन किया गया है।

सूत्रदर्शनार्य – *Sūtra Darśanārya.*
A type of noble persons.
दर्शनार्य के 10 भेदों में एक भेद। मुनियों के दीक्षादि का वर्णन करने वाले आचारांग आदि आचार सूत्र को सुनकर जो सम्यग्दर्शन को प्राप्त होते हैं वे सूत्र दर्शनार्य हैं।

सूत्रपाहुड़ – *Sūtrapāhuṛa.*
Name of a great early canon written by *Acharya* Kundkund.
आचार्य कुन्दकुन्द (ई. 127-179) कृत शास्त्रज्ञान या सम्यग्ज्ञान विषयक 27 प्राकृत गाथाबद्ध ग्रन्थ। इस पर आचार्य श्रुतसागर (ई. 1473-1533) कृत संस्कृत टीका और पं. जयचन्द छाबड़ा (ई. 1867) कृत भाषा वचनिका उपलब्ध है।

सूत्रमणि – *Sūtramaṇi.*
Name of a female deity of *Nityodyot* summit of *Ruchak* mountain.
रूचक पर्वत के नित्योद्योत कूट पर रहने वाली विद्युत्कुमारी देवी।

सूत्ररुचि – *Sūtra Ruci.*
Right perception generated through the scripture listening.
सूत्रसम्यग्दर्शन, मुनि के चारित्रानुष्ठान को सूचित करने वाले आचार सूत्र को सुनकर जो तत्त्वार्थश्रद्धान होता है, उसे सूत्र रूचि सम्यग्दर्शन कहा जाता है।

सूत्र वचन – *Sūtra Vacana.*
Scriptural facts.
आगम वचन या आगम प्रमाण।

सूत्रविरुद्ध – *Sūtra Viruddha.*
Contrary to scriptural facts.
जिनवचन या आगम (श्रुत) वचन से विपरीत अथवा अप्रमाण।

सूत्रसम – *Sūtrasama.*
Scriptural knowledge possessed by the *Gandhardev*, the chief disiple of *Tirthankar* (Jaina-Lord).
तीर्थंकर के मुख से निकला बीजपद सूत्र कहलाता है और जो उस सूत्र से उत्पन्न होता है वह गणधरदेव में स्थित श्रुतज्ञान 'सूत्रसम' कहा गया है।

सूत्र सम्यक्त्वार्य – *Sūtra Samyaktvārya.*
See - *Sūtra Darśanārya.*
देखें - सूत्र दर्शनार्य।

सूत्र सम्यग्दर्शन – *Sūtra Samyagdarśana.*
See - *Sūtra Ruci.*
देखें - सूत्ररुचि।

सूर – *Sūra.*
A great warrior, Name of a country of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region), Name of a king of *Hari* dynasty.
शौर्य गुण से सहित अर्थात् समर्थ को सूर कहते हैं, भरत क्षेत्र के आर्य खण्ड का एक देश, हरिवंशी एक राजा, जिसकी रानी सुरसुन्दरी थी तथा इनके पुत्र राजा अन्धकवृष्टि थे।

सूरकीर्ति – *Sūrakīrti.*
Name of a *Bhattarak* of *Nandi* group.
नंदिसंघ बलात्कारगण वारां गद्दी के एक भट्टारक भावनंदि के शिष्य, विद्याचन्द्र के गुरु। समय वि.सं. 1167।

सूरदत्त – *Sūradatta.*
Name of the 9th chief disciple of Lord Rishabhdev.
भगवान ऋषभदेव के 84 गणधरों में 9 वें गणधर।

सूरसेन – *Sūrasena.*
Father's name of Lord Kunthunath.
तीर्थंकर कुन्थुनाथ के पिता, इनकी रानी श्रीकान्ता थी।

सूरिप्रभ – *Sūriprabha.*
The 9th *Tirthankar* (Jaina-Lord) of *Videh Kshetra* (region).
विदेह क्षेत्रस्थ 20 तीर्थंकरों में 9 वें तीर्थंकर।

सूर्य (ज्योतिष देव) – *Sūrya (Jyotiṣa Deva).*
A type of astral deity.
ज्योतिष देवों के 5 भेदों में प्रथम भेद। यह प्रतीन्द्र कहलाता है, इसका निवास सूर्य विमान में है। यह विमान चित्रा पृथिवी से ८०० योजन (३२००००० मील) ऊपर स्थित है। जंबूद्वीप में दो सूर्य हैं जो १८४ गलियों में निरंतर सुमेरु की प्रदक्षिणा करते हैं। इस प्रदक्षिणा के निमित्त से ही दिन और रात होते हैं।

सूर्य विमान – *Sūrya Vimāna.*
The Sun, Name of a radiant moving planet.
महाकांतिमान आकाश में नित्य गतिशील एक ग्रह। सूर्यगति निमित्तक व्यवहार काल मनुष्य क्षेत्र में ही चलता है क्योंकि मनुष्य लोक के बाहर ज्यातिर्देव अवस्थित हैं।

सूर्यगिरि – *Sūryagiri.*
Name of a Vakshar mountain of western *Videh* (region).
अपरविदेहस्थ एक वक्षार पर्वत।

सूर्यग्रहण – *Sūryagrahaṇa.*
Solar eclipse.
जैन भूगोल के अनुसार सूर्य और पृथिवी के बीच में केतु ग्रह का विमान आ जाने पर सूर्य का ढँक जाना सूर्यग्रहण कहलाता है। यह प्रत्येक छह महीने में अमावस्या के दिन होता है। सूर्य ग्रहण के समय कोई शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं।

सूर्यतप – *Sūryatapa.*
A type of austerity (pertaining to sunlight).
कायक्लेश तप का एक भेद; इसके अनुसूर्य, प्रतिसूर्य, ऊर्ध्वसूर्य, तिर्यक्सूर्य 4 भेद हैं।

सूर्य द्वीप – *Sūrya Dvīpa.*
Particular types of 8 islands in Lavan ocean.
तिलोय पण्णत्ति के अनुसार लवण समुद्र की अभ्यन्तर वेदी से 42000 योजन भीतर जाने पर 4 पर्वतों के पार्श्व भागों (विदिशाओं) में प्रत्येक में दो-दो करके कुल 8 सूर्यद्वीप हैं।

सूर्यपत्तन – *Sūryapattana.*
Old name of present Surat city.
वर्तमान सूरत शहर।

सूर्यपुर – *Sūryapura.*
Name of the 44th city in the south of *Vijayardh* mountain, Residential place of Vasudev & 6th *Pratinarayan* Bali.
विजयार्ध पर्वत की दक्षिण श्रेणी का 44 वां नगर। वसुदेव की निवास भूमिएवं छठें प्रतिनारायण बलि की नगरी।

सूर्यप्रज्ञप्ति – *Sūryaprajñapti.*
A part of scriptural knowledge containing description about the Sun (reg. its age, movement, family etc.).
अंगश्रुत का एक भेद। दृष्टिवाद के प्रथम भेद परिकर्म में 5 प्रज्ञप्तियों का वर्णन है, उसमें यह दूसरी प्रज्ञप्ति है। इसमें 5 लाख 3 हजार पदों के द्वारा सूर्य की आयु, परिवार, वैभव, गति आदि का वर्णन किया गया है।

सूर्यप्रभ – *Sūryaprabha.*
Name of the parasol of *Chakravarti* (emperor) Bharatesh.
चक्रवर्ती भरतेश के रत्ननिर्मित एक छत्र का नाम।

सूर्यप्रभा – *Sūryaprabhā.*
Name of the 4th female divinity of the *Surya*, Name of the palanquin used for Lord Pushpadantnath.
सूर्य की 4 अग्रदेवियों (पट्ट देवियों) में चौथी देवी, तीर्थंकर पुष्पदंतनाथ की दीक्षा शिविका, इसी में बैठकर ये दीक्षा लेने पुष्पक वन गये थे।

सूर्यमाल – *Sūryamāla.*
Name of the 14th *Vakshar* mountain among all 16.
16 वक्षार पर्वतों में 14 वां वक्षार पर्वत। यह पश्चिम विदेह क्षेत्र में नील पर्वत और सीतोदा नदी के मध्य स्थित है।

सूर्यरज – *Sūryaraja.*
Father's name of Bali & Sugreev.
बाली व सुग्रीव के पिता। बाली को राज्य दे तथा सुग्रीव को युवराज बनाकर पिहितमोह मुनि से दीक्षा ग्रहण की।

सूर्यवंश – *Sūryavaṁśa.*
One of the branch of *Ikshvaku* dynasty initiated from Arkkirti.
इक्ष्वाकु वंश की दो शाखाओं में एक शाखा। सूर्यवंश की शाखा भरत चक्रवर्ती के पुत्र अर्ककीर्ति से प्रारम्भ हुई क्योंकि अर्क नाम सूर्य का है।

सूर्यह्रद – *Sūryahrada.*
Name of two lakes of *Devkuru* among all 10 lakes.
देवकुरु के 10 द्रहों में दो का नाम।

सूर्याचरण – *Sūryācaraṇa.*
Another name of *Sumeru* mountain.
सुमेरु पर्वत का एक अपरनाम।

सूर्याभ – *Sūryābha.*
A type of special heavenly deities (Laukantik) deities, Name of the 36th city in the south of *Vijayardh* mountain.
लौकांतिक देवों का एक भेद, विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का 36 वां नगर।

सूर्यावर्त – *Sūryāvarta.*
Another name of *Sumeru* mountain, Name of the bow of Ram.
सुमेरु पर्वत का अपरनाम, राम का एक धनुष।

सूवा – *Sūvā.*
See - *Sūtaka.*
देखें - सूतक।

सृष्टि – *Sṛṣṭi.*
Creation of the world or universe.

संसार की रचना, प्रकृति, प्राकृतिक संपत्ति। वैदिक मतावलम्बी इसे मायावच्छिन्न ईश्वर की रचना मानते हैं। जबकि जैन धर्म के अनुसार सृष्टि की व्यवस्था स्वसंचालित अनादिनिधन है इसका कर्ता, हर्ता कोई भी नहीं है।

सेज्जाधर – *Sejjādhara.*
One having rights related to hermitage for saints.
जो वसतिका को बनाता है वह, बनायी हुई वसतिका का संस्कार करता है अथवा गिरी हुई वसतिका को सुधारता है वह, एवं जो बनवाता नहीं है, संस्कार भी नहीं करता परन्तु यहाँ आप निवास करो ऐसा कहता है वह, ऐसे तीनों को सेज्जाधर कहते हैं।

सेन – *Sena.*
Name of the chief disciple of Lord Dharmanath.
तीर्थंकर धर्मनाथ के मुख्य गणधर अरिष्टसेन का अपरनाम।

सेनसंघ – *Sensaṁgha.*
Name of an ancient branch of *Digambar* Jain saints.
दिगम्बर जैन साधुओं का एक प्राचीन सम्प्रदाय। पद्मपुराण के कर्ता आचार्य रविषेण को इस संघ का आचार्य माना गया है। इसके अतिरिक्त इस संघ के भट्टारकों की भी एक पट्टावली प्रसिद्ध है।

सेना – *Senā.*
Army, Mother's name of Lord Sambhavanath, Name of the chief *Aryika* (Ganini) in the assembly of Lord Vasupujyanath.
हाथी, घोड़ा, रथ और प्यादे ये सेना के 4 अंग कहे गये हैं, तीर्थंकर संभवनाथ की जननी सुषेणा का अपरनाम, तीर्थंकर वासुपूज्यनाथ की मुख्य आर्यिका (गणिनी) सेनार्या का अपरनाम।

सेनापति – *Senāpati.*
The chief of the army, one of the 14 jewels of *Chakravarti* (emperor).
सेना का नायक, चक्रवर्ती के 14 रत्नों में से एक रत्न।

सेनामुख – *Senāmukha.*
A specific form of army.
सेना गणना के 8 भेदों में तीसरा भेद। इसमें 9 रथ, 9 हाथी, 27 घोड़े और 45 पदाति सैनिक होते हैं।

सेमर – *Semara.*
A type of hellish tree.
नरक में होने वाला वृक्ष। जिसके पैने पत्ते नारकियों के शरीर को विदीर्ण कर देते हैं।

सेवन – *Sevana.*
Consumption or enjoyment.
उपभोग, सुखोपभोग या विषयोपभोग करना। राग के अभाव में यह उपभोग परिग्रह भाव को प्राप्त नहीं होता।

सेवा – *Sevā.*
Service, worship, homage.
परिचर्या, पूजा, सम्मान, दासता। शुद्धात्म भावना की सहकारीकारण उपासना सेवा है।

सेही – *Sehī.*
Porcupine, the significant symbol of Lord Anantnath.
तीर्थंकर अनन्तनाथ का चिन्ह।

सैंधव – *Saiṁdhava.*
Salt, Name of a country of *Bharat Kshetra* (region).
नमक, भरत क्षेत्र का एक देश, अपरनाम सिन्धु।

सैतव – *Saitava.*
Name of a country of *Bharat Kshetra* middle *Arya Khand* (region).
भरत क्षेत्र के मध्य आर्य खण्ड का एक देश।

सैद्धांतिक देव – *Saiddhāṁtika Deva.*
Name of a saint of *Nandi* group, the disciple of Subhchandra-II.
नंदिसंघ देशीयगण नं. 2 की गुर्वावलीनुसार शुभचन्द्र नं. 2 के शिष्य। समय - ई. 1015-1045।

सोगंधिक – *Sogaṁdhika.*
Symbolic name for a great number $(10,000,000)^{13}$.
संख्या का एक प्रमाण $(10,000,000)^{13}$।

सोतांतर वाहिनी – *Sotāṁtara Vāhinī.*
Name of a *Vibhanga* river of the southern western *Videh* (region).
दक्षिणी अपर विदेह में पूर्व से पश्चिम की ओर बहने वाली एक विभंगा नदी। अपरनाम औषध वाहिनी।

सोनागिरि (तीर्थ) – Sonagiri (Tīrtha).
Name a great Jaina moutaineous place of pilgrimage of M.P., from where crores of Munis (saints) including Nang & Anang got salvation.
मध्यप्रदेश के दतिया जिले में पर्वत पर स्थित एक परम पावन सिद्धक्षेत्र जहां से नंग-अनंग कुमार साढ़े पाँच करोड़ मुनियों सहित मोक्ष पधारे। इस पर्वत की वंदना लोग बड़ी श्रद्धा से करते हैं।

सोपक्रम आयुष्क – *Sopakrama Āyuṣka.*
Those having untimely death due to poison etc.
जीव के दो भेदों में एक भेद। जिनका विष भक्षण आदि निमित्त के द्वारा मरण संभव है अर्थात् जिनका कदलीघात मरण या अकाल मृत्यु हो। जिनका आयुकर्म स्थिति से पहले ही उदीरणारूप हो जावे, वह सोपक्रम आयुष्क कहलाते हैं।

सोपक्रम काल – *Sopakrama Kāla.*
A constantly productive period of time.
उत्पत्ति सहित काल को सोपक्रम काल कहते हैं अर्थात् लगातार उत्पत्ति होने का समय। 10,000 वर्ष की जघन्य आयु वाले अनेकों व्यन्तर लगातार आवली के असंख्यात भाग मात्र कालपर्यन्त उत्पन्न होते ही रहें व कोई समय अन्तर न पड़े वह सोपक्रम काल है।

सोपाधिक अनुमान – *Sopādhika Anumāna.*
An inferable imagination (reg. any title).

साधन के साथ अव्यापक और साध्य के साथ व्यापक हेतु को उपाधि कहा जाता है। जैसे गर्भ में स्थित मैत्र का पुत्र श्याम वर्ण का है, क्योंकि मैत्र के अन्य पुत्र भी श्यामवर्ण के हैं इस तरह यह अनुमान सोपाधिक है।

सोम – *Soma.*
A day - Monday, Name of a governing deity of *Diggajendra* mountain situated in *Bhadrashal* forest.
सप्ताह के एक वार अथवा दिन का नाम, भद्रशाल वनस्थ पद्मोत्तर दिग्गजेन्द्र का स्वामी देव।

सोम (लोकपाल) – *Soma (Lokapāla).*
A type of protecting deity.
प्रत्येक इन्द्र के पूर्वादि दिशाओं के रक्षक लोकपालों में प्रथम पूर्व दिशा का लोकपाल देव।

सोमक – *Somaka.*
Name of the first chief disciple of Lord Naminath.
तीर्थंकर नमिनाथ के प्रथम गणधर। अपरनाम-सुप्रभ, सुप्रभार्य।

सोमकायिक – *Somakāyika.*
A type of deities.
आकाशोपपन्न देवों के 12 भेदों में 5 वां भेद।

सोमकीर्ति – *Somakīrti.*
Name of a saint of *Kashtha* group, the disciple of Bhimsen.
काष्ठासंघ की पट्टावली के अनुसार भीमसेन के शिष्य। प्रद्युम्न चरित्र, चारूदत्त चरित्र, यशोधर चरित्र, सप्तव्यसन कथा कृतियों के रचयिता। समय - ई. 1461-1483।

सोमदत्त – *Somadatta.*
Name of the 8th chief disciple of Lord Rishabhnath, Name of a particular person of Jaina History.
तीर्थंकर वृषभनाथ के 8वें गणधर। एक सेठ जिन्होंने जिनदत्त सेठ से आकाशगामिनी विद्या को सिद्ध करने का उपाय सीखा, परन्तु अस्थिर चित्त के कारण सिद्ध न कर सके, उसको विद्युच्चर चोर ने सिद्ध किया।

सोमदेव – *Somadeva .*
Name of a great logical philosopher.
महातार्किक तथा राजनैतिक धर्माचार्य। नीति वाक्यामृत, यशस्तिलक चम्पू, अध्यात्म तरंगिनी, युक्तिचिन्तामणिस्तव आदि कृतियों के कर्ता। समय - ई. 943-968।

सोमदेव (भट्टारक) – *Somadeva (Bhaṭṭāraka).*
Name of a *Bhattarak*, the writer of *'Vrihad Katha Sarit Sagar'*.
वृहद् कथा सरित सागर के रचयिता एक भट्टारक। समय - ई. 1061-1081।

सोमनाथ – *Somanatha.*
The writer of *Kalyankarak*, the learned one in *Ayurved*.
कल्याणकारक के रचयिता एक कन्नड़ आयुर्वेदिक विद्वान। समय- ई. 1150।

सोमप्रभ – *Somaprabha.*
The brother of king Shreyans, who first offered food to Lord Rishabhdev.
हस्तिनापुर के एक कुरुवंशी राजा जिन्होंने अपने छोटे भाई श्रेयांस के साथ भगवान ऋषभदेव को इक्षुरस का प्रथम आहार दिया था। अंत में दीक्षा ग्रहणकर भगवान के समवशरण में उनके गणधर हुए।

सोमयश – *Somayaśa*
The grandson of Lord Rishabhdev, the son of Lord Bahubali.
भगवान वृषभदेव का पौत्र एवं बाहुबलि का पुत्र, सोमवंश अर्थात चन्द्रवंश की स्थापना इसी के नाम पर हुई थी।

सोमवंश – *Somavaṁsa.*
Another name of *Chandravansh* (a dynasty) initiated from the son of Lord Bahubali.
चन्द्रवंश। देखें - सोमयश। सोमवंश को ऋषिवंश भी कहते हैं।

सोमशर्मा – *Somaśarmā.*
Name of a *Brahmin* character of a Jaina tale.
एक ब्राह्मण, इसने अपनी कन्या सोमश्री का विवाह गजकुमार से करने का निश्चय किया ही था कि गजकुमार विरक्त होकर दीक्षित हो गये। गजकुमार के ऐसा करने से क्रोध में आकर इसने उनके सिर पर अग्नि जलाई थी। उपसर्ग जीतकर गजकुमार मोक्ष गये।

सोमा – *Somā.*
The mother of Lord Munisuvratnath, A great female character in Jaina history.
राजगृह नगर के राजा सुमित्र की रानी जो तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ की जननी थी। एक सती जिसने अपने शील के प्रभाव से नाग को भी हार बना दिया था।

सोमिल – *Somila.*
Name of an omniscient who was in the period of Lord Mahavira.
तीर्थंकर महावीर के तीर्थ में हुए 10 अन्तकृतकेवलियों में एक केवली।

सोरठ – *Soratha.*
Name of a country of *Bharat Kshetra* (region).
भरत क्षेत्र का एक देश, अपरनाम सौराष्ट्र।

सौक्ष्म्य – *Saukṣmya.*
Subtleness.
सूक्ष्म; पुद्गल द्रव्य की एक पर्याय। सूक्ष्मपना।

सौधर्म इन्द्र – *Saudharma Indra.*
Name of an *Indra* of *Saudharma* heaven.
सौधर्म स्वर्ग का इन्द्र। यह जिन शिशु को सुमेरूपर्वत पर ले जाकर एक हजार आठ कलशों से उनका अभिषेक करता है।

सौधर्म स्वर्ग – *Saudharma Svarga.*
Name of the first heaven among 16.

16 कल्पों (स्वर्गों) में प्रथम कल्प।

सौनंदक – *Saunaṁdaka.*
Name of a dominion 'sword' of *Chakravarti* Bhartesh.
चक्रवर्ती भरतेश के असि रत्न का नाम।

सौभाग्य – *Saubhāgya.*
Fortune, good luck, prosperity.
अच्छा भाग्य, समृद्धि।

सौभाग्यदसमी व्रत – *Saubhāgyadasamī Vrata.*
A particular type of vow (fasting).
भादों सुदी दशमी को किया जाने वाला व्रत। इसे सुगंधदशमी व्रत भी कहते हैं।

सौमनस – *Saumanasa.*
Name of the 8th city in the north of *Vijayardh* mountain, Name of a city of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region).
विजयार्ध की उत्तर श्रेणी का 8वां नगर, भरत क्षेत्र के आर्यखण्ड का एक नगर, यहाँ तीर्थंकर सुमतिनाथ का प्रथम पारणा हुआ था।

सौमनस वन – *Saumanasa Vana.*
Name of the third forest of *Sumeru* mountain.
सुमेरू पर्वत का तीसरा वन, यह नंदनवन से साढ़े 62 हजार योजन ऊपर स्थित है, इसमें चार दिशाओं में चार अकृत्रिम चैत्यालय हैं।

सौम्य चर्चा – *Saumya Carcā.*
Polite & interesting dialogues or discussions.
प्रिय, मृदुल, रूचिकर, गुरु-शिष्य आदि की चर्चा या संवाद।

सौम्या वाचना – *Saumyā Vācanā.*
A type of explanation or exposition.
सिद्धांत वाचना के 4 भेदों में एक भेद।

सौराष्ट्र – *Saurāṣṭra.*
Name of a country of *Bharat Kshetra Arya Khand* (region), A region of Gujarat state (presently) .
भरतक्षेत्र आर्यखण्ड का एक देश। वर्तमान गुजरात प्रांत का एक भाग।

सौवीर भुक्ति व्रत – *Sauvīra Bhukti Vrata.*
A specified procedural vow (fasting).
प्रारम्भ करने के दिन से पहिले दिन एक बार परोसा भोजन करना, अगले दिन उपवास करना। पश्चात् एक ग्रास वृद्धि क्रम से एक ग्रास से १० ग्रास पर्यन्त १० दिन तक भात व इमली का भोजन करना। पुन: उससे अगले दिन से एक हानि क्रम से १० वें दिन १ ग्रास ग्रहण करना। अंतिम दिन उपरोक्त एक बार परोसा भोजन (एकलठाना) करना। चारित्रसार में इसी को आचाम्लवर्धन कहा गया है।

सौषिर शब्द – *Sauṣira Śabda.*
Non-verbal sound.
अभाषात्मक शब्द का एक भेद। बांसुरी, शंख आदि से उत्पन्न शब्द सौषिर कहलाते हैं।

स्कंध – *Skaṁdha.*
Aggregate of particles, A part of *Agrayani Purva* (an scriptural part).
परमाणुओं के संघात (मेल) से उत्पन्न पुद्गल का भेद। यह स्निग्ध और रूक्ष परमाणुओं का समुदाय है। इसके सूक्ष्म-सूक्ष्म, सूक्ष्म, सूक्ष्म-स्थूल, स्थूल-सूक्ष्म, स्थूल और स्थूल-स्थूल ये 6 भेद हैं। अग्रायणी पूर्व के चौथे प्राभृत का 24 वां अनुयोगद्वार।

स्कंध देश – *Skaṁdha Deśa.*
The half of the aggregates of infinite particles.
स्कंध के तीन भेदों में एक भेद। अनंतानंत परमाणुओं का बंध विशेष स्कंध है, उसके आधे को स्कंध देश कहते हैं।

स्कंध प्रदेश – *Skaṁdha Pradeśa.*
The half of the *Skandh Desh* (See-*Skaṁdha Deśa).*
स्कंध देश से आधे स्कंध को स्कंध प्रदेश कहते हैं। (देखें - स्कंध देश)।

स्तंभन – *Staṁbhana.*
To stop, A super miraculous power to be used in stopping an army.
रोकना, एक विद्या एवं मंत्र, इससे विद्याधर, सेना आदि को रोका जाता है।

स्तंभावष्टंभ – *Staṁbhāvaṣṭaṁbha.*
Standing with support of something, an infraction of meditative relaxation.
कायोत्सर्ग सम्बन्धी एक अतिचार। खम्बे के आश्रय से खड़े होना।

स्तनदृष्टि – *Stanadṛṣṭi.*
Standing with down - bent neck, an infraction of meditative relaxation.
कायोत्सर्ग सम्बन्धी 18 दोषों में एक दोष। स्तन की ओर दृष्टि देकर खड़े होना।

स्तनित – *Stanita.*
A type of residential deities.
भवनवासी देवों के 10 भेदों में सातवां भेद। इनके इन्द्र हरिषेण व हरिकांत हैं। इनके 76 लाख भवन होते हैं और मुकुट में वज्र का चिन्ह होता है।

स्तनित कुमार – *Stanita Kumāra.*
A type of residential deities.
देखें - स्तनित।

स्तनोन्नोति – *Stanonnoti.*
Standing with the chest stuck out, an infraction of meditative relaxation.
कायोत्सर्ग सम्बन्धी एक दोष। वक्षस्थल के स्तनभाग को ऊपर उठा कर खड़े होना।

स्तब्धत्व – *Stabdhatva.*
Stunnedness, astonishment, Pride.
भौंचक्का रह जाना, मान, गर्व और स्तब्धत्व ये एकार्थवाची हैं।

स्तव – *Stava.*
Hymning or praising (of 24 *Tirthankars*, Jaina-Lords).
24 तीर्थंकरों के गुणों का कीर्तन करना स्तव कहलाता है। इसे स्तवन या स्तुति भी कहते हैं।

स्तवन – *Stavana.*
See - *Stava.*
देखें - स्तव।

स्तिमितसागर – *Stimitasāgara.*
Name of the third son of king Andhakvrishni.
राजा अन्धकवृष्णि एवं रानी सुभद्रा का तीसरा पुत्र।

स्तिबुक संक्रमण – *Stibuka Saṁkramaṇa.*
Simultaneous fruition of non-rising *Karmic* nature with another rising one.
गति, जाति आदि पिंड प्रकृतियों में से जिस किसी विवक्षित प्रकृति के उदय आने पर अनुदय प्राप्त शेष प्रकृतियों का जो उसी प्रकृति में संक्रमण होकर उदय आता है, उसे स्तिबुक संक्रमण कहते हैं। जैसे एकेन्द्रिय जीवों के उदय प्राप्त एकेन्द्रिय जाति नामकर्म में अनुदय प्राप्त द्वीन्द्रिय जाति आदि का संक्रमण होकर उदय में आना।

स्तुति – *Stuti.*
Praising, hymning.
देखें- स्तव।

स्तुति विद्या – *Stuti Vidyā.*
Name of a treatise written by *Acharya* Samantbhadra.
आचार्य समन्तभद्र द्वारा संस्कृत भक्ति विषयक ग्रन्थ, जिनशतक। समय - ई. १२०-१८५।

स्तूप – *Stūpa.*
A dome shaped structure (a type of creation in the *Samavasharana*, the assembly of Lord).
समवशरण रचना का एक अंग। ये समवशरण की वीथियों के मध्यभाग में बनाये जाते हैं। अर्हंत और सिद्ध परमेष्ठियों की प्रतिमायें इनके चारों ओर स्थापित की जाती हैं।

स्तेन प्रयोग – *Stena Prayoga.*
Inspiring one for stealing, an infraction of the vow of non-stealing.
अचौर्य अणुव्रत का एक अतिचार। कृत, कारित, अनुमोदना से चोर को चोरी के लिये प्रेरित करना।

स्तेनित – *Stenita.*
Paying reverence latently - an infraction.
वन्दना सम्बन्धी एक दोष। गुरुजनों से छिपाकर वंदना करना।

स्तेय – *Steya.*
Stealing.
चोरी। बिना दी हुई वस्तु को लेना।

स्तेयानंद – *Steyānaṁda.*
To feel pleasure in theft.
रौद्रध्यान के ४ भेदों में एक भेद, चौर्यानंद। प्रमादपूर्वक दूसरे के धन को बलात् हरने का अभिप्राय रखना या उसमें हर्षित होना।

स्तोक – *Stoka.*
A small unit of time period required in 14 breathing cycle.
काल का प्रमाण विशेष, १४ उच्छ्वास-निश्वासों में लगने वाला समय। इसे लव या नालिका भी कहते हैं।

स्तोत्र – *Stotra.*
Spiritual and religious hymn.
कविता के रूप में किसी इष्ट देव का वर्णन करना। प्रशंसा, स्तुति, स्तोत्र एकार्थवाची हैं। भिन्न-भिन्न आचार्यों ने अनेक स्तोत्र लिखे हैं।

स्त्यानगृद्धि – *Styānagrddhi.*
To commit abnormal activity in the state of somnambulism (walking habit in the sleeping state).
५ निद्राओं में एक निद्रा, स्वप्न में उठकर व्यक्ति कोई भयानक (असाधारण) कार्य करके पुन: सो जाये।

स्त्यानगृद्धि कर्म प्रकृति – *Styānagṛddhi Karma Prakṛti.*
A *Karmic* nature causing power of committing abnormal activity in the state of somnambulism.
दर्शनावरण कर्म की उत्तर प्रकृतियों में एक प्रकृति, जिसके निमित्त से स्वप्न अवस्था में विशेष शक्ति प्रकट होती है और जीव सोता हुआ भी भयानक (असाधारण) कार्य करता है उसे स्त्यानगृद्धि निद्रा कहते हैं।

स्त्यानत्रिक – *Styānatrika.*
A triplet of *Karmic* nature related to sleepiness.
स्त्यानगृद्धि, निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला ये तीन कर्म प्रकृतियाँ स्त्यानत्रिक कहलाती हैं।

स्त्रीकथा – *Strīkathā.*
Passionate tale or romantic gossip.
विकथा के ४ भेदों में एक भेद। स्त्रियों की रागोत्पादक कथाओं को सुनना या करना अथवा कामीजनों द्वारा की जाने वाली स्त्रियों की संयोग-वियोग जनित विविध वचन रचना।

स्त्री परिषह जय – *Strī Pariṣaha Jaya.*
Victory over the woman - affliction causing sexual troubles.
एकांत उद्यान या भवन आदि स्थानों में यौवन से उन्मत्त स्त्रियों के द्वारा बाधा पहुंचाये जाने पर भी कामविकार से विचलित नहीं होना।

स्त्रीप्रवज्या – *Strīpravajyā.*
Initiation of a woman for asceticism.
स्त्री द्वारा संपूर्ण परिग्रह त्याग करके दीक्षा धारण करना (उपचार से महाव्रती होते हुए भी सावरण होने से स्त्रियों को मुक्ति नहीं होती है)।

स्त्रीमुक्ति – *Strīmukti.*
Salvation of female Jaina saints (which is not possible according to Digambar Jaina philosophy).
स्त्री मुक्ति का आगम में निषेध है। पुरुष, स्त्री एवं नपुंसक तीनों ही भाव लिंगों से मोक्ष सम्भव है लेकिन द्रव्य से केवल पुरुषवेद से ही मोक्ष होता है।

स्त्रीवेद – *Strīveda.*
Femininity (pertaining to sex).
जिसके उदय से जीव स्त्री सम्बन्धी भावों को प्राप्त होता है वह स्त्री वेद है, अथवा जिन कर्म स्कन्धों के उदय से पुरुष में आकांक्षा उत्पन्न होती है, उन कर्म स्कन्धों को 'स्त्रीवेद' यह संज्ञा है। अथवा जिसके उदय से पुरुष में रमने के भाव हो वह स्त्रीवेद है।

स्त्रीवेद कर्म प्रकृति – *Strīveda Karma Prakṛti.*
Karmic nature causing sexual desire in woman.
देखें - स्त्रीवेद। नो कषाय का एक भेद जिसके उदय से पुरुष से संयोग की चाह हो।

स्त्री संसर्ग – *Strī Saṁsarga.*
Sexual intercourse.
पुरुष का स्त्री के साथ संभोग करना।

स्थंडिल – *Sthaṁḍila.*
Sterilized (place etc.).
सूक्ष्म जीवों की आशंका से रहित प्रासुक स्थान आदि।

स्थपति – *Sthapati.*
Architect, one of the 14 jewels of *Chakravarti* (emperor).
भवन निर्माण कला में निपुण वास्तुकार, चक्रवर्ती के १४ रत्नों में एक रत्न। जो वास्तुविद्या का पारगामी होता है।

स्थलगता चूलिका – *Sthalagatā Cūlikā.*
A great scriptural part of *Drishtivad Anga (Dṛṣṭivāda Aṁga).*
दृष्टिवाद अंग के अन्तर्गत चूलिका के 5 भेदों में एक भेद। इसमें दो करोड़ 9 लाख 89 हजार दो सौ पद हैं। इसमें पृथिवी के भीतर गमन करने के कारणभूत मंत्र तंत्र और तपश्चरण व वास्तुविद्या तथा भूमि सम्बन्धी अन्य शुभाशुभ लक्षणों का वर्णन किया गया है।

स्थविर कल्प – *Sthavira Kalpa.*
Code of conduct of a Jaina saint.
समस्त वस्त्र आदि परिग्रह का त्याग करके दिगम्बर होना। १३ प्रकार के चारित्र व २८ मूलगुणों को धारण करना, हीन संहनन होने के कारण नगर आदि में विहार करना, चारित्र भंग न हो ऐसे उपकरणों को रखना, शिष्यों का पालन करना यह सब हीन संहनन वाले साधुओं के योग्य स्थविर कल्प हैं।

स्थविर कल्पी – *Sthavira Kalpī.*
One observing asceticism under the guidance of senior *Acharya* (saint).
जो साधु एकलविहारी नहीं हो सकते हैं एवं स्थविर कल्प में स्थिर रहते हैं वे स्थविर कल्पी कहलाते हैं। उत्तम संहनन वाला, परिषह विजयी, सिद्धान्त का ज्ञाता तपस्वी ही एकलविहारी अर्थात् जिनकल्पी होता है।

स्थविरवादी मत – *Sthaviravādī Mata.*
Name of a Bauddha sect.
एक बौद्ध सम्प्रदाय, यह 11 संघों में विभक्त हुआ। इन शाखाओं का कोई विशेष उल्लेख अब नहीं मिलता है।

स्थविर मुनि – *Sthavira Muni.*
Senior saint guiding own saint - tradition.
चतुर्विध संघ के पाँच आधारों (आचार्य, उपाध्याय, गणधर, प्रवर्तक और स्थविर) में एक, जो मुनि संघ में संघ की रीति व प्राचीन परम्परा बताये वह स्थविर मुनि होते हैं।

स्थान – *Sthāna.*
Place, position.
जगह। जिसमें संख्या अथवा जिस अवस्था विशेष में प्रकृतियाँ ठहरती हैं उसे स्थान कहते हैं। स्थान, स्थिति और अवस्थान तीनों एकार्थक हैं। अविभाग प्रतिच्छेदों का समूह वर्ग, वर्ग का समूह वर्गणा, वर्गणा का समूह स्पर्धक, स्पर्धक का समूह गुणहानि और गुणहानि का समूह स्थान है।

स्थानकवासी – *Sthānakavāsī.*
Name of a sect of *Shvetambar* Jains.
श्वेताम्बरों में वह आम्नाय जो मूर्ति नहीं पूजते हैं, जिसके साधु मुँह पर पट्टी रखते हैं।

स्थान लाभ क्रिया – *Sthāna Lābha Kriyā.*
An auspicious procedural activity of initiation of one as a Shravak.
दीक्षान्वय की 48 क्रियाओं में तीसरी क्रिया। इसमें किसी पवित्र स्थान में अष्टदल कमल अथवा समवशरण की रचना करके उपवासी को प्रतिमा के सम्मुख बैठाकर आचार्य उसके मस्तक का स्पर्श करता है और पंच नमस्कार मंत्र के उच्चारण के साथ उसे श्रावक की दीक्षा देता है।

स्थानांग – *Sthānāṁga.*
A part of scriptural knowledge (*Dvadshang Shrut*).
द्वादशांग श्रुत स्कंध का तीसरा अंग। इसमें 42000 पदों में जीव के 10 स्थानों का वर्णन है।

स्थानांतर गमन – *Sthānāṁtara Gamana.*
The activity of going from one place to another (by saints on getting obstacle at one food taking place).
एक स्थान से उठकर अन्यत्र चले जाने योग्य अवसर, भोजन के स्थान पर यदि कीड़ा आदि तुच्छ जीव-जन्तु चलते फिरते नजर आ जायें या ऐसा ही कोई दूसरा निमित्त उपस्थित हो जाये तो संयमियों का वहाँ से कोई दूसरी जगह आहारार्थ मौनपूर्वक चले जाना।

स्थापना – *Sthāpanā.*
Installation, establishment, positioning, representation.
धारणा, स्थापना, कोष्ठा, प्रतिष्ठा एकार्थवाची हैं। जिसके द्वारा निर्णीत रूप से अर्थ स्थापित किया जाता है वह स्थापना है।

स्थापना पूजा – *Sthāpanā Pūjā.*
Consecrational worship.
वीतराग प्रतिमा में अर्हन्त आदि की स्थापना करके जो पूजा की जाती है वह स्थापना पूजा है।

स्थापना निक्षेप – *Sthāpanā Nikṣepa.*
Installation of a real form into its artificial one.
धातु, काष्ठ, पाषाण आदि की प्रतिमा तथा अन्य पदार्थों में यह वह है इस प्रकार की कल्पना करना स्थापना निक्षेप है।

स्थापना मंगल – *Sthāpanā Maṁgala.*
Idols of Lord Arihant (artificial & natural form).
जिन भगवान के जो अकृत्रिम और कृत्रिम प्रतिबिम्ब हैं, वे सब स्थापना मंगल हैं।

स्थापना सत्य – *Sthāpanā Satya.*
Ritual installation of Lord Arihant in artificial idols.
जो अर्हन्त आदि पंच परमेष्ठी की पाषाण या धातु आदि की प्रतिमा में स्थापना की जाती है वह स्थापना सत्य है।

स्थापना स्तव – *Sthāpanā Stava.*
Hymning the idols of Lord Arihant.
जिनेन्द्र भगवान के गुणों को धारण करने वाली जिन-प्रतिमाओं के स्वरूप का कीर्तन करना स्थापना स्तव है।

स्थावर – *Sthāvara.*
Immobile or static beings like earth, water, air, fire & plants (one-sensed).
स्थावर नामकर्म के उदय से जीव स्थावर कहलाते हैं। स्थावर जीव एक स्पर्शन इन्द्रिय के द्वारा ही जानता, देखता, खाता है इसलिये उसे एकेन्द्रिय स्थावर जीव कहा है। इनके पाँच भेद हैं-पृथिवीकाय, जलकाय, अग्निकाय, वायुकाय और वनस्पति काय।

स्थावर जीव – *Sthāvara Jiva.*
Transmigratory state of soul (reg. immobile or static beings like earth, water, fire, air & plants).
5 स्थावरों के 4 भेदों में एक भेद। जो जीव पहले शरीर को छोड़कर स्थावरों में जन्म लेने के लिये जा रहा है, जब तक वह स्थावरों को अपने शरीर रूप से ग्रहण नहीं कर लेता, तब तक उसी जीव को स्थावर जीव कहते हैं।

स्थावर दशक – *Sthāvara Daśaka.*
Particular ten types of *Karmic* natures related to immobile beings.
स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दु:स्वर, अनादेय, अयश:कीर्ति ये नामकर्म की 10 प्रकृतियाँ स्थावर दशक कहलाती हैं।

स्थावर शरीर नामकर्म प्रकृति–
Sthāvara Śarīra Nāmakarma Prakṛti.
Physique making *Karmic* nature causing birth as one-sensed being.
जिसके उदय से एकेन्द्रियों में उत्पत्ति होती है वह स्थावर नामकर्म प्रकृति है।

स्थिति – *Sthiti.*
Situation, Circumstances, *Karmic* state (reg. duration of Karmas).
ठहरना, कर्मों के अवस्थान काल का नाम स्थिति है।

स्थिति अपसरण – *Sthiti Apasaraṇa.*
Reduction in duration of bound Karmas.
कर्मों की स्थिति का क्रम से घटना।

स्थितिकरण – *Sthitikaraṇa.*
Re-steadiness of one in religion (a part of right perception).
सम्यग्दर्शन के 8 अंगों में एक अंग। धर्म से विचलित होते हुए जीवों को या स्वयं को धर्म में पुन: दृढ़ करना स्थितिकरण अंग है।

स्थितिकल्प – *Sthitikalpa.*
Ten types of code of conduct for a saint.
व्यवहार साधु के 10 स्थितिकल्प हैं। अचेलकत्व, उद्दिष्ट भोजन का त्याग, शय्याधरपिंडत्याग, वसतिका बनवाने या सुधरवाने वाले के द्वारा दिये जाने वाले आहार एवं उपकरण का त्याग, राजपिंड का त्याग, कृतिकर्म अर्थात् साधुओं की विनय शुश्रूसा आदि करना, व्रत का जिसे स्वरूप मालूम है उसे ही व्रत देना, ज्येष्ठ का विनय करना, प्रतिक्र मण, मासैकवासता, योग (वर्षाकाल में चातुर्मास)।

स्थिति कांडक घात – *Sthiti Kāṁḍaka Ghāta.*
A type of destruction of *Karmic* states.
विवक्षित स्थिति समूह का घात करना स्थिति काण्डकघात है। यह एक अन्तर्मुहूर्त में निष्पन्न होता है।

स्थिति क्षय – *Sthiti Kṣaya.*
Destruction of *Karmic* states.
कर्मों की स्थिति का घात होना।

स्थिति खंड – *Sthiti Khaṁḍa.*
Destruction of *Karmic* binding with soul.
ऊपर के कर्म निषेकों को नीचे के निषेकरूप परिणमा कर स्थिति को घटाना।

स्थिति घात – *Sthiti Ghāta.*
Destruction of *Karmic* time duration.
अपकर्षण। आयु को छोड़कर शेष कर्मों का अनुभाग के बिना भी स्थितिघात होता है और आयु को छोड़कर शेष कर्मों का स्थितिघात के बिना भी अनुभागघात होता है।

स्थिति तप – *Sthiti Tapa.*
A type of austerity.
कायक्लेश तप का एक भेद।

स्थिति बंध – *Sthiti Baṁdha.*
Binding period of *Karmas* with soul.
कर्मबंध के 4 भेदों में एक भेद। कर्मों में कषायों के अनुसार मर्यादा का पड़ना। अर्थात् अपने स्वभाव को नहीं छोड़ते हुए जितने काल तक कर्म आत्मा के साथ बंधे रहते हैं उसे स्थितिबंध कहते हैं।

स्थिति बंध अध्यवसाय स्थान –
Sthiti Baṁdha Adhyavasāya Sthāna.
Passionful thoughts causing binding of *Karmas* with the soul.
स्थितिबंध के लिये कारणभूत आत्मा के कषाय युक्त परिमाण। इनको कषाय अध्यवसाय स्थान भी कहते हैं।

स्थिति बंध स्थान – *Sthiti Baṁdha Sthāna.*
Position of thoughts causing Karmic binding.
जिन परिणामों के द्वारा स्थितियाँ बांधी जाती हैं उन परिणामों का नाम स्थिति बन्ध है, उनके स्थानों को (अवस्था विशेषों को) स्थिति बन्ध स्थान कहते हैं।

स्थिति बंधापसरण – *Sthiti Baṁdhāpasaraṇa.*
Reduction of *Karmic* binding with soul.
स्थिति बंध का क्रम से घटना।

स्थिति भोजन – *Sthiti Bhojana.*
One of the 28 basic restraints of Jaina saints, procedural taking food by standing without any support.
साधु का एक मूलगुण। दीवाल आदि का सहारा न लेकर स्वयं स्थिर खड़े रहकर अपनी अंजली में आहार ग्रहण करना स्थिति भोजन कहलाता है।

स्थिति शक्ति – *Sthiti Śakti.*
Strength of *Karmic* binding.
प्रथम आदि निषेकों की सर्व ही स्थिति शक्ति स्थिति है।

स्थिति संक्रमण – *Sthiti Saṁkramaṇa.*
Transition of *Karmic* states.
मूल व उत्तर प्रकृतियों की जो स्थिति उद्वर्तित या अपवर्तित की जाती है अथवा अन्य प्रकृति को प्राप्त कराई जाती है उसे स्थिति संक्रमण कहते हैं।

स्थिति सत्त्व – *Sthiti Sattva.*
Existing states of *Karmic* binding with soul.
जीव से सम्बद्ध हुए या संचित कर्म स्कंध दूसरे समय से लेकर फल देने से पहले समय तक सत्त्व संज्ञा को प्राप्त होते हैं। अथवा सत्ता में स्थित अनेक समयों में बँधी प्रकृतियों की स्थिति के सत्त्व को स्थिति सत्त्व कहते हैं।

स्थिति सत्त्व स्थान – *Sthiti Sattva Sthāna.*
Existing places of *Karmic* states.
अविचल, कर्मों की स्थिति के सत्ता रूप विविध स्थान।

स्थिर – *Sthira .*
Stable, Constant, Name of a governing deity of *Anka* summit situated at *Kundal* mountain.
अविचल, कुण्डल पर्वतस्थ अंक कूट का स्वामी देव।

स्थिर आसन – *Sthira Āsana.*
A stable posture of deep meditation.
ध्याता का एक लक्षण। शरीर व ध्यान योग्य आसन की स्थिरता। या चंचलता रहित आसन।

स्थिर चित्त – *Sthira Citta.*
Concentration of mind.
चित्त की एकाग्रता, इसी का नाम ध्यान है।

स्थिर नामकर्म प्रकृति –
Sthira Nāmakarma Prakṛti.
Physique making *Karmic* nature causing physical stability & strength while fasting or observing any austerity.
जिस कर्म के उदय से उपवास आदि तप करने पर शरीर में वात, पित्त व कफ की स्थिरता बनी रहती है और शरीर कमजोर या अशक्त नहीं होता है उसे स्थिर नामकर्म प्रकृति कहते हैं।

स्थिर भाव – *Sthira Bhāva .*
Stable emotions or temperaments, stability of mental state.
चित्त को निश्चल रखना अर्थात् आत्मस्थिरता या समता भाव, सामायिक।

स्थिर हृदय – *Sthira Hṛdaya .*
Stable mind, Name of a deity resident of *Ank* summit of western *Kundalgiri.*
अविचल मन, कुण्डलगिरि के पश्चिम दिशा में स्थित अंककूट का निवासी एक देव।

स्थूल – *Sthūla .*
State of grossness.
मोटा, बड़ा, स्कंध के 6 भेदों में प्रथम भेद-जो छेदन भेदन करने पर स्वयं जुड़ जाते हैं ऐसे घी, तेल, पानी आदि स्थूल स्कंध कहलाते हैं।

स्थूल अब्रह्म – *Sthūla Abrahma .*
Licentiousness, bad conduct.
अपनी स्त्री के अलावा अन्य स्त्रियों के प्रति बुरी दृष्टि रखना या कुदृष्टि से उन्हें देखना। श्रावक इससे विरक्त होते हैं।

स्थूल ऋजुसूत्र नय – *Sthūla Ṛjusūtra Naya .*
A view point related to the gross momentary state of something (body etc.).
अनेक समयवर्ती स्थूल पर्याय को जो ग्रहण करे वह नय, जैसे - मनुष्यादि पर्याय।

स्थूल चोरी – *Sthūla Corī .*
Stealing-to take something without permission.
किसी की रखी हुई, भूली हुई या गिरी हुई वस्तु को लेना स्थूल चोरी है, श्रावक इसका त्यागी होता है।

स्थूल जीव – *Sthūla Jīva .*
One sensed beings having gross body.
एकेन्द्रिय जीव के दो भेदों में एक भेद। बादर जीव।

स्थूल परिग्रह – *Sthūla Parigraha .*
Ten types of external possessions of householders.
10 प्रकार के बहिरंग परिग्रह को स्थूल परिग्रह कहते हैं।

स्थूल भद्र – *Sthūla Bhadra .*
Name of a *Shvetambaracharya.*
एक श्वेताम्बराचार्य का नाम।

स्थूल व्रत – *Sthūla Vrata* .
To desist from killing, telling lie, stealing etc. (a vow).
अणुव्रत। अर्थात् लोक प्रसिद्ध हिंसादि को स्थूल कहते हैं, उनका त्याग ही स्थूल व्रत है।

स्थूल सूक्ष्म – *Sthūla Sūkṣma* .
Disappearable bulky image of something which can only be seen (like shadow, smoke, sunlight etc.).
स्कंध के 6 भेदों में एक भेद। जो स्कंध चक्षु इन्द्रिय के द्वारा ग्राह्य होकर भी अन्य इन्द्रियों से ग्रहण नहीं किये जा सकते हैं। जैसे- छाया, धूप, चांदनी, आदि।

स्थूल – स्थूल – *Sthūla-Sthūla* .
Solid materials (which can not be rejoined on breaking).
स्कंध के 6 भेदों में अंतिम भेद। जो स्कंध टूटने पर स्वत: नहीं जुड़ सकते ऐसे काष्ठ, पत्थर आदि।

स्थैर्य – *Sthairya* .
Stability, continuity, steadiness.
ध्रौव्य, स्थिर।

स्थौल्य – *Sthaulya* .
Grossness, bulkiness.
स्थूल का भाव या कर्म स्थौल्य है।

स्नात – *Snāta* .
One who has taken a bath.
स्नान किया हुआ।

स्नातक – *Snātaka* .
Omniscients (those who have destroyed all 4 destructive *Karmas*).
निर्ग्रन्थ साधुओं के 5 भेदों में एक भेद। जिन्होंने 4 घातिया कर्मों का नाश कर दिया है उन केवलियों (१३वें एवं १४वें गुणस्थानवर्ती) को स्नातक कहते हैं।

स्नान – *Snāna* .
To take bath (it is restricted for Jaina saints - as a basic restraint).
शरीर की शुद्धि के लिए जल से नहाना। साधुओं का अस्नान नामक मूलगुण होता है।

स्नायु – *Snāyu* .
Ligament, sinew, Fibrous tissue which unites muscles to bone.
मांस-पेशियों को अस्थियों से जोड़ने वाला ऊतक, औदारिक शरीर में स्नायु का प्रमाण 900 है।

स्निग्ध – *Snigdha* .
Greasy, Oily, Lubricous.
चिकना या चिक्कणपना।

स्निग्ध गुण – *Snigdha Guṇa* .
Greasiness, Smoothness.
पुद्गलों के स्नेह और रूक्ष दो गुणों में एक गुण। चिकण्णपना अर्थात् चिकनाई, जिसके कारण परमाणुओं में बंध होता है।

स्निग्धत्व – *Snigdhatva* .
Greasiness, lubricity, smoothness.
परमाणु बंध का एक कारण। देखें - स्निग्ध गुण।

स्नेह – *Sneha* .
Affection, love, liking.
वात्सल्य, प्रेम।

स्पंदन – *Spaṁdana* .
Vibration, pulsation.
कम्पन। देखें-परिस्पंदन।

स्पंदरहित नेत्र – *Spaṁdarahita Netra* .
Eyes devoid of blinking (non-blinking).
अर्हंत भगवान के केवलज्ञान के दस अतिशयों में एक, स्पंद रहित (टिमकार रहित) दृष्टि।

स्पर्धक – *Spardhaka.*
Group of aggregates of *Karmic* molecules.
वर्गणाओं के समूह को स्पर्धक कहते हैं।

स्पर्श – *Sparśa* .
Touch, contact.
छूना। स्पर्शन इन्द्रिय का विषय, यह 8 प्रकार का होता है - उष्ण, शीत, रूक्ष, स्निग्ध, कोमल, कठोर, लघु और गुरु।

स्पर्श अंतर विधान – *Sparśa Aṁtara Vidhāna* .
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door).
अनुयोगद्वार के 8 भेदों में 'स्पर्शन' अनुयोगद्वार के 16 उपभेदों में एक उपभेद।

स्पर्श काल विधान – *Sparśa Kāla Vidhāna* .
A type of *Anuyogadwar* (disquisition door), Association of 'time' with other matters.
देखें-स्पर्श अंतर विधान, कालद्रव्य का जो अन्य द्रव्यों के साथ संयोग है उसका नाम काल स्पर्शन है।

स्पर्श क्षेत्र विधान – *Sparśa Kṣetra Vidhāna.*
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door), Contact of matters with atmosphere.
देखें-स्पर्श अंतर विधान, जो द्रव्य एक क्षेत्र के साथ स्पर्श करता है वह सब एक क्षेत्र स्पर्श है।

स्पर्श गति विधान – *Sparśa Gati Vidhāna* .
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door).
देखें - स्पर्श अंतर विधान।

स्पर्श द्रव्य विधान – *Sparśa Dravya Vidhāna* .
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door), Contact of one matter with other.
देखें-स्पर्श अंतर विधान, एक द्रव्य दूसरे द्रव्य से स्पर्श को प्राप्त होता है वह सब द्रव्य स्पर्श है।

स्पर्द्धक वर्ग शलाका – *Sparddhaka Varga Śalākā.*
Number of *Karmic* aggregates in a group.
एक स्पर्धक में जितनी वर्गणाएं हों उनकी संख्या।

स्पर्शन – *Sparśana* .
Touching, The sense of touch.

5 इन्द्रियों में प्रथम इन्द्रिय। शीत, उष्ण आदि का ज्ञान इसी से होता है।

स्पर्शन इन्द्रिय – *Sparśana Indriya.*
The sense organ of touch.
जिसके द्वारा स्पर्श किया जाता है उसे स्पर्शन इन्द्रिय कहते हैं।

स्पर्शन क्रिया – *Sparśana Kriyā.*
Touching activity, tangibility.
साम्परायिक आस्रव की 25 क्रियाओं में कर्मबंध की कारणभूत एक क्रिया। अत्यधिक प्रमादी होकर स्पर्श योग्य पदार्थ का बार-बार चिंतन करना अथवा प्रमाद से आलिंगन करने की भावना स्पर्शन क्रिया है।

स्पर्शनानुगम – *Sparśanānugama* .
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door).
अनुयोगद्वार का एक भेद।

स्पर्शनानुयोगद्वार – *Sparśanānuyogadvāra* .
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door) pertaining to the description of past & present of a matter (reg. touching).
जो भूतकाल में स्पर्श किया है और वर्तमान में स्पर्श किया जा रहा है वह स्पर्शन कहलाता है। सत्, संख्या और क्षेत्र रूप द्रव्यों के अतीतकाल, विशिष्ट वर्तमान स्पर्श का स्पर्शनानुयोग वर्णन करता है।

स्पर्श नाम कर्म प्रकृति –
Sparśa Nāma Karma Prakṛti .
Physique making *Karmic* nature causing sense of touch in the body.
जिस कर्म के उदय से शरीर में ठंडा, गरम आदि स्पर्श का ज्ञान उत्पन्न होता है उसे स्पर्श नाम कर्म प्रकृति कहते हैं। इसके स्निग्ध, रूक्ष, मृदु, कठोर, शीत, उष्ण, हल्का और भारी 8 भेद हैं।

स्पर्श नाम विधान – *Sparśa Nāma Vidhāna.*
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door).
देखें-स्पर्श अंतर विधान।

स्पर्श नाम विभीषणता –
Sparśa Nāma Vibhīṣaṇatā.
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door).
देखें-स्पर्श अंतर विधान।

स्पर्श निक्षेप – *Sparśa Nikṣepa.*
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door).
देखें-स्पर्श अंतर विधान।

स्पर्श परिणाम विधान –
Sparśa Pariṇāma Vidhāna.
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door).
देखें-स्पर्श अंतर विधान।

स्पर्श प्रत्यय विधान – *Sparśa Pratyaya Vidhāna.*
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door).
देखें - स्पर्श अंतर विधान।

स्पर्श भागाभाग विधान –
Sparśa Bhāgābhāga Vidhāna.
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door).
देखें-स्पर्श अंतर विधान।

स्पर्श भाव विधान – *Sparśa Bhāva Vidhāna.*
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door).
देखें-स्पर्श अंतर विधान।

स्पर्श सन्निकर्ष विधान –
Sparśa Sannikarṣa Vidhāna.
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door).
देखें-स्पर्श अंतर विधान।

स्पर्श स्पर्श विधान – *Sparśa Sparśa Vidhāna.*
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door).
देखें-स्पर्श अंतर विधान।

स्पर्श स्वामित्व विधान –
Sparśa Svāmitva Vidhāna.
A type of *Anuyogdwar* (disquisition door).
देखें-स्पर्श अंतर विधान।

स्पष्ट – *Spaṣṭa.*
Clear, unambiguous, obvious.
जिसके समझने या देखने में कोई कठिनता न हो, व्यक्त।

स्पष्टता – *Spaṣṭatā.*
Clearness, unambiguity, obviousness.
निर्मलता, विशदता, स्पष्टता एकार्थवाची हैं।

स्पृश्य – *Spṛśya.*
Something touchable.
छूने योग्य।

स्पृष्ट – *Spṛaṣṭa.*
Touched.
स्पर्श किया हुआ, प्राप्यकारी या छूकर-भिड़कर जाना हुआ (चक्षु इन्द्रिय अप्राप्यकारी है, क्योंकि वह स्पृष्ट रूप से पदार्थ को ग्रहण नहीं करती, शेष 4 इन्द्रिय प्राप्यकारी हैं)।

स्पृहा – *Spṛhā.*
Longing, intention, desire.
वांछा, इच्छा, कामना, अभिलाषा।

स्फटिक – *Sphaṭika.*
A crystal, quartz, Name of the 18th *Indrak* of *Saudharma* heaven, a summit of *Gandhmadan Vijayardh* mountain, the summits of *Manushottar & Ruchak* mountains.
एक प्रकार की कांच के समान पारदर्शी मणि, सौधर्म स्वर्ग का १८ वां इन्द्रक, गंधमादन विजयार्ध का एक कूट, मानुषोत्तर पर्वतस्थ व रूचक पर्वतस्थ एक-एक कूट।

स्फोट – *Sphoṭa.*
A bursting up, an explosion, An element causing intensive expression of some meaning.
किसी वस्तु का फूटना, विदारण, मीमांसक मान्य एक व्यापक तत्त्व जिसके द्वारा ध्वन्यात्मक शब्द में अर्थ प्रकाशन की सामर्थ्य

अभिव्यक्त होती है। स्फोटवाद का जैनाचार्यों ने निराकरण किया है।

स्मरण – *Smaraṇa.*
Rememberance, memorization.
मतिज्ञान का एक नामान्तर, स्मृति। पहले जानी हुई वस्तु को कालान्तर में याद किया जाना।

स्मरणाभास – *Smaraṇābhāsa.*
False rememberance or memory.
देखे व सुने पदार्थ को कालान्तर में उसका स्मरण न होकर उसकी जगह दूसरे का स्मरण होना स्मरणाभास है।

स्मितगिरि – *Smitagiri.*
Name of a mountain of *Bharat Kshetra* (region).
भरत क्षेत्रस्थ एक पर्वत।

स्मितयश – *Smitayaśa.*
The grand son of Bharat *Chakravarti* & the son of Arkkirti.
इक्ष्वाकुवंशी भरत चक्रवर्ती के पुत्र अर्ककीर्ति का पुत्र। अपने पुत्र को राज्य देकर दीक्षा ग्रहण कर मोक्ष प्राप्त किया।

स्मृति – *Smṛti.*
Memory, rememberance, recollection.
मति, स्मृति, चिंता, संज्ञा, अभिनिबोध ये एकार्थवाची हैं। दृष्ट, श्रुत और अनुभूत अर्थ को विषय करने वाले ज्ञान को स्मृति कहते हैं। देखें - स्मरण।

स्मृत्यनुपस्थान – *Smṛtyanupasthāna.*
Non-concentration of mind.
सामायिक व्रत का एक अतिचार। चित्त की चंचलता से पाठ आदि को भूल जाना अर्थात् चित्त की एकाग्रता न होना व मन में समाधिरूपता का न होना।

स्मृत्यंतराधान – *Smṛtyaṁtarādhāna.*
Forgetfulness (an infraction).
दिग्व्रत का एक अतिचार। निश्चित की हुई मर्यादा का स्मरण न रखना अथवा उसका भूल जाना।

स्यंदन – *Syaṁdana.*
Splendourous chariots of *Chakravarties* (emperors).
रथ- चक्रवर्ती बलदेवों के चढने योग्य जो होते हैं एवं सर्व आयुधों से परिपूर्ण पवन के समान वेग वाले, धुर के टूट जाने पर भी जिनके चक्कों की रचना इस प्रकार की होती है कि गमनागमन में बाधा नहीं पड़ती वे स्यंदन कहलाते हैं।

स्याच्चेतन – *Syāccetana.*
Exposition of soul in the aspect of consiousness.
चेतन स्वभाव प्रधानता की अपेक्षा जीव का कथन।

स्याच्छुद्ध – *Syācchuddha.*
Exposition of soul in the aspect of omniscience.
केवलज्ञान अर्थात् स्वभाव प्राप्ति की अपेक्षा जीव का कथन।

स्यात् – *Syāt.*
Possibly, perhaps.
कथंचित्-किसी अपेक्षा से।

स्यात्कार – *Syātkāra.*
Words having different meanings.
अनेकान्तार्थक वाचक शब्द।

स्यात्परम – *Syātparama.*
Exposition of soul in the aspect of steadiness.
पारिणामिक भाव अर्थात् स्वभाव में अचलवृत्ति की अपेक्षा जीव का कथन।

स्यादचेतन – *Syādacetana.*
Exposition of soul as inanimate because of its relationship with Karmas, which are inanimate.
कर्म अचेतन हैं एवं जीव से सम्बद्ध हैं, इस दृष्टि से जीव को अचेतन कह देना।

स्यादनेकत्व – *Syādanekatva.*
To have different characteristics in a matter (in some aspect).
एक ही द्रव्य में अनेक स्वभावों की उपलब्धि होना इससे द्रव्य कथंचित् अनेक स्वभावी कहलाता है।

स्यादनेक प्रदेशत्व – *Syādaneka Pradeśatva.*
A matter with different dispositions (in some aspect).
भेद कल्पना सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा से एक ही द्रव्य में अनेक प्रदेशों की उपलब्धि होना। धर्म, अधर्म, आकाश और जीवद्रव्य के अनेक या नाना प्रदेश स्वभाव हैं।

स्यादपरम – *Syādaparama.*
Characteristic unstability of a matter.
द्रव्य के सामान्य 11 स्वभावों में एक स्वभाव, कथंचित् अपने स्वभाव में अचलवृत्ति न होना।

स्यादभेदत्व – *Syādabhetatva.*
Uni-expression of virtuous-one & virtues like to say fire & its heat both are the same.
किसी दृष्टि से गुणी और गुण में भेद न होना, जैसे-अग्नि की उष्णता अग्नि से अभिन्न है।

स्यादमूर्त – *Syādamūrta.*
Non-physical nature (in some aspect) .
परमभाव ग्राहक द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा पुद्गल के अतिरिक्त जीव, धर्म, अधर्म, आकाश और काल द्रव्य कथंचित् अमूर्तस्वभाव वाले हैं।

स्यादवक्तव्य – *Syādavaktavya.*
The 4th Bhang of Saptbhangi—exposition of the nature of the substance in the aspect of indescribability.
सप्तभंगी का चौथा भंग, द्रव्य स्वद्रव्य क्षेत्र काल भाव से और परद्रव्य क्षेत्र काल भाव से युगपद् कथन न किया जाने से कथंचित् अवक्तव्य है।

स्यादशुद्धत्व – *Syādaśuddhatva.*
Nature related to impurity of matters in some aspect.
द्रव्य का एक सामान्य स्वभाव। शुद्ध के विपरीत अर्थात् कथंचित्

अशुद्ध स्वभाव है।

स्यादस्ति नास्ति – *Syādasti Nāsti.*
The third Bhang of Saptbhangi-exposition of the nature of substance in the aspect of affirmation & negation, eg. the nature of fire is hot and is not cold.
सप्तभंगी का तीसरा भंग-किसी अपेक्षा से है, किसी अपेक्षा से नहीं है (पदार्थ के धर्म से सम्बन्धित कथन) अर्थात् स्वचतुष्टय (द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव) की अपेक्षा द्रव्य कथंचित् अस्ति रूप है और वही द्रव्य परचतुष्टय की अपेक्षा कथंचित् नास्ति रूप है। जैसे- अग्नि का स्वभाव गर्म है ठंडा नहीं।

स्यादस्ति अवक्तव्य – *Syādasti Avaktavya.*
The 5th Bhang of Saptabhangi—exposition of the nature of the substance in the aspects of affirmation & indescribability.
सप्तभंगी का 5 वां भंग-किसी अपेक्षा से है और किसी अपेक्षा से अवक्तव्य है अर्थात् स्वचतुष्टय (द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव) की अपेक्षा द्रव्य कथंचित् अस्ति रूप है और वही द्रव्य स्व एवं परचतुष्टय की अपेक्षा युगपद् कथन न किए जाने से कथंचित् अवक्तव्य है।

स्यादस्ति – *Syādasti.*
The first Bhang of Saptbhangi—exposition of the nature of the substance in the aspect of affirmation.
सप्तभंगी के 7 भंगों में प्रथम भंग - स्वद्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की अपेक्षा द्रव्य कथंचित् अस्ति रूप है।

स्यादस्ति नास्ति अवक्तव्य – *Syādasti Nāsti Avaktavya.*
The 7th Bhang of Saptbhangi—expostion of the nature of the substance in the aspects of affirmation, negation & indescribability.
सप्तभंगी में 7वां भंग। स्वद्रव्य चतुष्टय (द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव) की अपेक्षा से द्रव्य कथंचित् अस्तिरूप है, परद्रव्य चतुष्टय की अपेक्षा से वही द्रव्य कथंचित् नास्तिरूप है और दोनों की अपेक्षा से कथंचित् अवक्तव्य है।

स्यादेकत्व – *Syādekatva.*
Oneness in nature (in some aspect).
द्रव्य के सामान्य 11 स्वभावों में एक स्वभाव। सम्पूर्ण स्वभावों का एक आधार होने से कथंचित एक स्वभाव होना।

स्यादेकप्रदेशत्व – *Syādekapradeśatva.*
Uni-dimensional nature of matter (in some aspect).
द्रव्य का एक सामान्य स्वभाव - भेद कल्पना निरपेक्ष निश्चय नय की अपेक्षा एकत्व होने से कथंचित एक प्रदेशत्व स्वभाव है।

स्याद् नास्ति – *Syād Nāsti.*
The 2nd Bhang of Saptbhangi—exposition of the nature of the substance in the aspect of negation.
सप्तभंगी का दूसरा भंग-द्रव्य परचतुष्टय (द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव) की अपेक्षा से कथंचित् नास्ति रूप है।

स्याद् नास्ति अवक्तव्य – *Syād Nāsti Avaktavya.*
The 6th Bhang of Saptbhangi—exposition of the nature of the substance in the aspect of negation & indescribability.
सप्तभंगी में छठवां भंग-द्रव्य परचतुष्टय की अपेक्षा कथंचित् नास्तिरूप है और वही द्रव्य स्वचतुष्टय व परचतुष्टय की अपेक्षा युगपद् कथन न किए जाने से कथंचित् अवक्तव्य है।

स्याद्भव्यत्व – *Syādbhavyatva.*
Separate or different entities of matter.
द्रव्य के सामान्य 11 स्वभावों में एक स्वभाव। एक द्रव्य दूसरे द्रव्य रूप नहीं होता, यह अभव्य स्वभाव है, अत: द्रव्य अपने स्वभाव को नहीं छोड़ता।

स्याद्वाद – *Syādvāda.*
A doctrine of many fold standpoints or possibilities in describing a matter.
अनेकान्तमयी वस्तु का कथन करने की पद्धति स्याद्वाद है अथवा स्यात् का अर्थ है सापेक्ष या कथंचित एवं वाद का अर्थ है कथन, अत: अनेक धर्मात्मक वस्तु के प्रत्येक धर्म का सापेक्ष रूप से कथन करने की शैली का नाम स्याद्वाद है।

स्याद्वादचंद्रिका टीका – *Syādvāda Caṁdrikā Ṭīkā.*
See - *Niyamasāra Prābhṛta.*
देखें - नियमसार प्राभृत।

स्याद्वाद चिंतामणि टीका – *Syādvāda Ciṁtāmaṇi Ṭīkā.*
Name of a commentary book on 'Ashtsahastri treatise' written by Ganini Gyanmati Mataji.
गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा रचित अष्टसहस्री ग्रंथ की हिंदी टीका (ई. सन् १९६८-६९)।

स्याद्वादभूषण – *Syādvādabhūṣaṇa.*
Name of a commentary book written by *Acharya* Abhaychandra.
आचार्य अकलंक (ई. ६२०-६८०) कृत लघीयस्त्रय पर आचार्य अभयचन्द्र (ई.श. १३) कृत इस नाम की तात्पर्यवृत्ति।

स्याद्वादवदन विदारण – *Syādvādavadana Vidāraṇa.*
Name of a treatise written by *Acharya* Shubh-chandra.
आचार्य शुभचन्द्र (ई. 1516-1556) द्वारा रचित न्याय विषयक ग्रन्थ।

स्याद्वादसिद्धि – *Syādvādasiddhi.*
Name of a treatise written by *Acharya* Vadibhsingh.
आचार्य वादीभसिंह (ई. 1103) द्वारा रचित संस्कृत भाषाबद्ध न्याय विषयक ग्रन्थ।

स्याद्वादोपनिषद् – *Syādvādopaniṣad.*
Name of a book written by *Acharya* Somsen.

आचार्य सोमसेन (ई. 943-968) कृत स्याद्वाद न्याय का प्ररूपक संस्कृत भाषाबद्ध ग्रंथ।

स्यान्नित्यत्व – *Syānnityatva.*
Eternity of some particular characteristic in matter.
द्रव्य के सामान्य 11 स्वभावों में एक स्वभाव। अपनी अपनी नाना पर्यायों में 'यह वही है' इस प्रकार द्रव्य की प्राप्ति कथंचित नित्य स्वभाव है।

स्रष्टा – *Sraṣṭā.*
The creator.
बनाने वाला, विधि, स्रष्टा, विधाता, दैव, पुराकृत, कर्म और ईश्वर ये सब कर्मरूपी ईश्वर के पर्यायवाचक शब्द हैं।

स्रोतस्विनी – *Srotasvinī.*
River.
नदी।

स्व – *Sva.*
Self, personal, own.
अपना, निजी, आत्मपरक या अपनी जाति से संबंध रखने वाला।

स्व-अहिंसा – *Sva - Ahiṁsā.*
Pure nature of soul.
जीव का शुद्ध स्वभाव ही स्वअहिंसा है।

स्व-उपकार – *Sva - Upakāra.*
Benefitting self (reg. soul).
आत्महित।

स्वकाल निर्जरा – *Svakāla Nirjarā.*
Destruction of *Karmas* on their maturation.
निर्जरा के दो भेदों में एक भेद, सविपाक निर्जरा जो स्वकाल पक्व होकर चारों गति वाले जीवों की होती है।

स्वक्षेत्र – *Svakṣetra.*
Occupied space of matters.
एक द्रव्य जितने क्षेत्र को रोक करके रहता है वह उस द्रव्य का स्वक्षेत्र है और अन्य क्षेत्र उसका पर क्षेत्र है।

स्वगुरु – स्थापनावाप्ति क्रिया – *Svaguru - Sthāpanāvāpti Kriyā.*
A type of auspicious activity, entrusting the responsibility of group by the chief saint to other suceeding saint.
गर्भान्वय की 53 क्रियाओं में 23 वीं क्रिया। गुरु की भांति स्वयं भी अवस्था विशेष को प्राप्त हो जाने पर संघ से योग्य शिष्य को छांटकर उसे गुरु पद का भार प्रदान करना।

स्वचतुष्टय – *Svacatuṣṭaya.*
A quartet related to the nature of matter.
द्रव्य के स्वभाव भूत द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव स्वचतुष्टय हैं।

स्वचारित्र – *Svacāritra.*
Super right conduct.
स्वरूपाचरण चारित्र अथवा वीतराग चारित्र का अपरनाम। ७वें गुणस्थान के अंत से इस चारित्र का प्रारम्भीकरण होता है।

स्वच्छंद – *Svacchaṁda.*
Self-willed, unrestrained.
अपनी इच्छा के अनुसार कार्य करने वाला।

स्वच्छंद वृत्ति – *Svacchaṁda Vṛtti.*
Restraintless conduct.
स्वेच्छानुसार आचरण करना।

स्वच्छंद श्रोता – *Svacchaṁda Śrotā.*
Unworthy or restraintless listeners.
कुपात्र श्रोता। स्वच्छंद श्रोताओं को विद्या देना संसार और भय को ही बढ़ाने वाला है।

स्वच्छाहार – *Svacchāhāra.*
Pure food.
शुद्ध सात्विक आहार।

स्वत: सिद्ध – *Svataḥ Siddha.*
Self proved or evident.
जो स्वभाव से ही सिद्ध हो उसे स्वत: सिद्ध कहते हैं अथवा सत्, द्रव्य का स्वभाव जो स्वभाव से ही सिद्ध है, इसलिये वह अनादि अनंत है।

स्वतंत्र – *Svataṁtra.*
Independent, Free, restrictionless.
जो पर की अपेक्षा नहीं करता।

स्वतत्त्व – *Svatattva.*
Real nature of the soul.
जीव के निज भाव-औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक, औदयिक और पारिणामिक भाव।

स्वदार संतोष – *Svadāra Saṁtoṣa.*
Satisfaction with own wife.
अपनी विवाहित स्त्री में ही संतुष्ट रहना और शेष स्त्रियों के प्रति माता, बहिन, पुत्रीवत् निर्मल भाव रखना। इसे ब्रह्मचर्याणुव्रत भी कहते हैं।

स्वद्रव्य – *Svadravya.*
The soul.
आत्मद्रव्य अर्थात् अविनाशी, विकार रहित केवलज्ञानमयी आत्मा स्वद्रव्य है।

स्वद्रव्य रति – *Svadravya Rati.*
Devotion in one-self.
आत्मद्रव्य में प्रेम या तल्लीनता होना (स्वद्रव्य रति ही सुगति का कारण है)।

स्वनिंदा – *Svaniṁdā.*
Self-criticism.
आत्म निंदा। उच्च गोत्र के आस्रव का एक कारण।

स्वनिमित्तक उत्पाद – *Svanimittaka Utpāda.*
Modification or change due to own causes (reg. any matter).
स्व के निमित्त से होने वाला परिणमन; प्रत्येक द्रव्य में अगुरुलघु गुण का छह स्थान पतित हानि और वृद्धि के द्वारा वर्तन होता

रहता है। अत: इनका उत्पाद और व्यय स्वभाव से होता है।

स्वपक्षसाधक हेतु – *Svapakṣa Sādhaka Hetu.*
A motive for one's own fulfilment.
हेतु स्वपक्ष का साधक और पर पक्ष का दूषक होना चाहिये अर्थात् अपने अभीष्ट अर्थ की सिद्धि करने वाला हेतु।

स्वपर अवभासक – *Svapara Avabhāsaka.*
Something (soul etc.) possessing the knowledge of self and other matters also.
स्व और पर को जानने वाला स्व-पर अवभासक कहा जाता है। जैसे दीपक स्वयं को भी प्रकाशित करता है एवं अन्य को भी। अथवा दर्शन के द्वारा आत्मा का ग्रहण होता है, तब स्वत: ज्ञान का तथा उसमें प्रतिबिम्बित पर पदार्थों का भी ग्रहण होता है अत: आत्मा ही स्व-पर अवभासक है।

स्वपर चतुष्टय – *Svapara Catuṣṭaya.*
Quartet of the properties of matter (in relation to Dravya, Kshetra, Kal, Bhav) related to self & others.
द्रव्य का अपना द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव 'स्वचतुष्टय' एवं इतर द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव 'परचतुष्टय' कहलाता है। इसकी अपेक्षा ही वस्तु में अस्तिनास्ति, भेदाभेदपना पाया जाता है।

स्वपर चारित्र – *Svapara Cāritra.*
Perfect and imperfect right conduct.
निश्चय-व्यवहार चारित्र। निज शुद्धात्मा के संवेदन में अनुचरण करना अर्थात् समता भाव स्वचारित्र तथा शुद्धात्म रूप से रहित होकर रागभाव रूप परिणमन अर्थात् शुद्धोपयोग से विपरीत परद्रव्यों में शुभ अशुभ भाव रूप परचारित्र है।

स्वपर तत्त्व – *Svapara Tattva.*
Right element pertaining to the path of salvation.
भेदाभेदात्मक अर्थात् निश्चय व्यवहार मोक्षमार्ग। आत्मनिष्ठता 'स्वतत्व' (या निश्चय मोक्षमार्ग) तथा पर्याय प्रधान व्यवहार नय से सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र व्यवहार मोक्षमार्ग अर्थात् 'परतत्त्व' हैं।

स्वपर प्रकाशक – *Svapara Prakāśaka.*
Omniscience (causing enlightenment of self & others).
ज्ञान। केवलज्ञान जो निश्चय नय से स्व को और व्यवहार नय से पर को जानता है।

स्वपर भेद विज्ञान – *Svapara Bheda Vijñāna.*
Pertaining to great spiritual knowledge (descriminating self & others).
भेद ज्ञान। आत्मतत्त्व का ज्ञान तथा आत्मद्रव्य से विपरीत तत्त्वों का ज्ञान।

स्वपर विवेक – *Svapara Viveka.*
Right & real knowledge (descriminating self & others).
सम्यग्दर्शन, जीव-अजीव की पहचान अर्थात् वस्तु स्वरूप का ज्ञान।

स्वपर्याय – *Svaparyāya.*
The absolute pure form of soul.
शुद्ध पर्याय। केवलज्ञान के द्वारा निष्पन्न जो अनंत अन्तर्तेज है वही 'निज पर्याय' है और क्षयोपशम के द्वारा व ज्ञेयों के द्वारा चित्र-विचित्र 'परपर्याय' है।

स्वपाक – *Svapāka.*
Name of a super power possessed by Nami & Vinami *Vidyadhars.*
धरणेन्द्र की दिति देवी के द्वारा नमि और विनमि विद्याधरों को दिया गया एक विद्या निकाय।

स्वप्न – *Svapna.*
Dream, one of the 8 parts of causative knowledge (*Nimittagyan*).
कल्याणवाद पूर्व में वर्णित निमित्तज्ञान के 8 अंगों में प्रथम अंग। स्वप्न दो प्रकार के माने गये हैं-स्वस्थ स्वप्न और अस्वस्थ स्वप्न।

स्वप्न निमित्त ज्ञान – *Svapna Nimitta Jñāna.*
Knowledge caused due to dreams.
स्वप्न के माध्यम से शुभाशुभ को जान लेना स्वप्न निमित्त ज्ञान कहलाता है।

स्वप्न (सत्य-असत्य) – *Svapna (Satya-Asatya).*
Right & false dreams.
स्वस्थ अवस्था में दिखने वाले तथा दैव से उत्पन्न होने वाले स्वप्न सत्य होते हैं एवं अस्वस्थ अवस्था में तथा दोष से उत्पन्न होने वाले स्वप्न असत्य होते हैं।

स्वप्नातिचार – *Svapnāticāra.*
An infraction, use of unusable matters in dreams.
अतिचार का एक भेद, स्वप्न में अयोग्य पदार्थ का सेवन होना।

स्व प्रकाशक – *Sva Prakāśaka.*
Self revealing knowledge.
ज्ञान। निश्चय नय से ज्ञान स्वप्रकाशक है।

स्वप्रतिभास – *Svapratibhāsa.*
Self apprehension.
स्वप्रतिभास को केवल दर्शन कहते हैं।

स्वप्रत्यय उत्पाद – *Svapratyaya Utpāda.*
Self origination caused due to increase & decrease in the property of non-gravity-levity.
आत्मा में अगुरुलघु गुणों की वृद्धि और हानि के निमित्त से होने वाला उत्पाद स्वप्रत्यय उत्पाद है।

स्वभाव – *Svabhāva.*
Nature, property, characteristic.
वस्तु का असाधारण और शाश्वत धर्म ही उसका स्वभाव कहलाता है। जैसे- जीव का स्वभाव चेतना या जानना, देखना है।

स्वभाव अनित्य नय – *Svabhāva Anitya Naya.*
A standpoint related to non-eternity in pure nature.

सत्तागौण उत्पादव्ययग्राहक स्वभाव अनित्य शुद्ध पर्यायार्थिक नय है ।

स्वभाव क्रिया – *Svabhāva Kriyā.*

Natural activities (of all matters).

गतिरूप क्रिया के 10 भेदों में एक भेद। जीवों की स्वभाव क्रिया सिद्धि गमन और पुद्गलों की स्वभाव क्रिया परमाणु की गति है।

स्वभाव गति – *Svabhāva Gati.*

Movement of salvated soul.

ऊर्ध्वगति जीव की स्वभाव गति है ।

स्वभाव गुणपर्याय – *Svabhāva Guṇaparyāya.*

Different natural forms of a matter.

द्रव्यों के अगुरुलघु गुण के अनंत अविभाग प्रतिच्छेदों की समय-समय में उत्पन्न होने वाली जो पर्यायें हैं वह द्रव्यों की स्वभाव गुणपर्याय कही गयी हैं ।

स्वभाव गुण व्यंजन पर्याय –

Svabhāva Guṇa Vyaṁjana Paryāya.

Natural momentary states of omniscients & different states of matters etc.

केवलज्ञानादि अनंत चतुष्टय स्वरूप जीव की स्वभाव गुण व्यंजन पर्याय है तथा परमाणु में रहने वाले एक वर्ण, गंध, रस तथा अविरूद्ध दो स्पर्श पुद्गल द्रव्य की स्वभाव गुण व्यंजन पर्याय है।

स्वभाव ज्ञान – *Svabhāva Jñāna.*

Self revealing knowledge, natural knowledge.

जो इन्द्रिय रहित असहाय केवलज्ञान है वह स्वभाव ज्ञान है ।

स्वभाव दर्शन – *Svabhāva Darśana.*

Self revealing perception.

जो इन्द्रिय रहित और असहाय केवलदर्शन है वह स्वभाव दर्शन है ।

स्वभाव द्रव्य पर्याय – *Svabhāva Dravya Paryāya.*

Natural states of matters.

कर्मोपाधि रहित पर्यायें स्वभाव द्रव्य पर्यायें कही जाती हैं। सब द्रव्यों की जो अपने अपने प्रदेशों की स्वाभाविक स्थिति है वही द्रव्यों की स्वभाव पर्याय है ।

स्वभाव द्रव्य व्यंजन पर्याय –

Svabhāva Dravya Vyaṁjana Paryāya.

Natural state of soul points in the salvated form.

बिना दूसरे के निमित्त से जो व्यंजन पर्याय होती है वह स्वभाव द्रव्य व्यंजन पर्याय है। जीव का सिद्धपने का आकार या जीव की सिद्धपर्याय ।

स्वभाव नय – *Svabhāva Naya.*

A standpoint expressing the real nature of matter.

द्रव्यार्थिक नय, द्रव्य के वास्तविक स्वभाव का कथन करता है।

स्वभाव पुद्गल – *Svabhāva Pudgala.*

A pure particle of a Pudgal.

पुद्गल द्रव्य के दो भेदों में एक भेद। पुद्गल का एक शुद्ध परमाणु 'स्वभाव पुद्गल' और स्कंध 'विभाव पुद्गल' कहलाते हैं।

स्वभाववाद – *Svabhāvavāda.*

A doctrine related to the nature of a matter.

काँटे आदि में तीक्ष्णता एवं पशु-पक्षी आदि में अनेकपना उनमें स्वभाव से ही है ऐसा एकांत से स्वभाव को मानना एवं ज्ञान वास्तव में जीव का स्वरूप है, उस हेतु से जो अखण्ड अद्वैत स्वभाव में लीन है ऐसा निश्चय स्वभाव वाद है ।

स्वभावविरुद्धानुपलब्धि हेतु –

Svabhāvaviruddhānupalabdhi Hetu.

A type of cause reg. absence of some counter property (opposite to the real one) in a matter.

अनुपलब्धि हेतु के प्रतिषेध रूप विरुद्धानुपलब्धि के तीन भेदों में एक भेद। हर एक पदार्थ नित्य, अनित्य आदि अनेक धर्मवाला है, क्योंकि नित्यत्व आदि एक धर्म का अभाव है ।

स्वद्रव्यादि ग्राहक द्रव्यार्थिक नय –

Svadravyādi Grāhaka Dravyārthika Naya.

A standpoint accepting the real nature of a matter.

जो नय स्वद्रव्यादि चतुष्टय की अपेक्षा से द्रव्य का सत् स्वरूप ग्रहण करे ।

स्वभाव सिद्ध – *Svabhāva Siddha.*

Self proved or identified matter.

अहेतुक या स्वत: सिद्ध । जैसे - वास्तव में द्रव्यों में द्रव्यान्तर की उत्पत्ति नहीं होती, क्योंकि सर्व द्रव्य स्वभाव सिद्ध हैं उनकी स्वभाव सिद्धता अनादि से है ।

स्वभाव स्थिति – *Svabhāva Sthiti.*

State of absolute engrossment in soul.

निश्चय रत्नत्रय। स्वरूप में लीनता या निश्चल अवस्थान ।

स्वभावाराधना – *Svabhāvārādhanā.*

Engrossment in self.

समता, माध्यस्थता, शुद्ध भाव, वीतरागता, धर्म, स्वभाव की आराधना ये एकार्थवाची शब्द हैं एवं इन सबको ही स्वभाव की आराधना कहा गया है ।

स्वमुख उदय – *Svamukha Udaya.*

Natural fruition of *Karmas.*

कर्म प्रकृतियों का आपरूप होकर ही उदय में आना स्वमुख उदय है एवं अन्य प्रकृति रूप होकर उदय में आना परमुख उदय है ।

स्वयंप्रभ – *Svayaṁprabha.*

Name of the 4th predestined *Tirthankar* (Jaina Lord), Name of a summit of *Ruchak* mountain.

भावीकालीन चौथे तीर्थंकर, रूचक पर्वतस्थ एक कूट ।

स्वयंप्रभ पर्वत – *Svayaṁprabha Parvata.*

Another name of *Sumeru* mountain.

सुमेरू पर्वत का अपरनाम ।

स्वयंबुद्ध – *Svayaṁbuddha.*

Self enlightened one (on the path of salvation), One of the 1008 names of Lord Rishabhdev, Name of a Mantri of king Mahabal (the 10th past birth's state of Lord Rishabhdev) who strengthened the Mahabal about Jain religion.

जो जीव परोपदेश के बिना स्वयं ही मोक्षमार्ग को प्राप्त कर लेते हैं उन्हें स्वयंभू या स्वयंबुद्ध कहते हैं। भगवान ऋषभदेव के १००८ नामों में एक नाम। भगवान ऋषभदेव के १०वें पूर्वभव की राजा महाबल की पर्याय में जिस मंत्री ने उन्हें सम्यक्त्व रूप जैनधर्म में दृढ़ किया था ।

स्वयंभू – *Svayaṁbhū.*

Name of the 19th predestined Jaina Lord, The first chief disciple of Lord Kunthunath, Lord Parshvanath, The main listener in the assembly of Lord Vasupujya.

भावीकालीन 19 वें तीर्थंकर, तीर्थंकर कुंथुनाथ व पार्श्वनाथ के प्रथम गणधर, तीर्थंकर वासुपूज्य के मुख्य श्रोता ।

स्वयंभू (कवि) – *Svayaṁbhū (Kavi).*

Name of a great ancient poet.

अपभ्रंश के प्रथम कवि। कृतियाँ-पउम चरिउ, रिट्ठणेमि चरिउ, स्वयंभू छंद, स्वयंभू व्याकरण, पंचमि चरिउ, हरिवंश पुराण। समय - ई. 734-840 ।

स्वयंभू छंद – *Svayaṁbhū Chaṁda.*

Name of an *Apbhransh* poetics written by poet Svayambhu.

कवि स्वयंभू (ई. 734-840) कृत 8 अध्यायों वाला अपभ्रंश छंद शास्त्र ।

स्वयंभूरमण – *Svayaṁbhūramaṇa.*

Name of the last island & the last ocean of middle universe.

मध्य लोक का अंतिम द्वीप एवं अंतिम सागर जिनका जल सामान्य जल जैसा होता है ।

स्वयंभूस्तोत्र – *Svayaṁbhūstotra.*

Name of a famous eulogical composition composed by *Acharya* Samantbhadra.

आचार्य समन्तभद्र (ई.श. 2) कृत संस्कृत छंदबद्ध ग्रंथ। इसमें 24 तीर्थंकरों का स्तवन न्यायपूर्वक अनेकांत की स्थापना करते हुए किया गया है। कुल श्लोक 143 हैं ।

स्वयंवर – *Svayaṁvara.*

An ancient tradition of choosing a bridegroom by a bride, Father's name of the 4th Jaina Lord Abhinandannath.

एक प्राचीन प्रथा - एक राजकुमारी द्वारा अपने पति का चुनाव करना, अयोध्या नगरी के राजा, इनकी रानी सिद्धार्था थी और चौथे तीर्थंकर अभिनन्दननाथ भगवान के पिता थे ।

स्वयंशोधक – *Svayaṁśodhaka.*

One who repents himself for his faults, not before the preceptor (it is an infraction).

प्रायश्चित्त देने से पूर्व ही स्वयं प्रायश्चित्त लेने वाला स्वयं शोधक कहलाता है (यह एक अतिचार है) ।

स्वर – *Svara.*

Voice, tone, tune, musical notes.

शब्द। अष्टांग निमित्तज्ञान का एक भेद, यह दो प्रकार का होता है-दु:स्वर और सुस्वर। इनसे इष्ट और अनिष्ट पदार्थ के प्राप्त होने का संकेत प्राप्त होता है। संगीत कला से सम्बन्धित मध्यम,ऋषभ, गांधार, षड्ज, पंचम, धैवत और निषात 7 स्वर। ये आरोही और अवरोही दोनों होते हैं ।

स्वरकीर्ति – *Svarakīrti.*

Name of a *Bhattarak* of *Nandi* group.

नंदिसंघ बलात्कार गण की भट्टारक आम्नाय वारां की गद्दी के भट्टारक (समय - वि.सं. 1167), अपरनाम सूरकीर्ति। ये भावनंदि के शिष्य तथा विद्याचन्द्र के गुरु थे ।

स्वरक्षा – *Svarakṣā.*

To have right or pure conduct, self defence.

शुद्ध भाव रखना ही स्वरक्षा अर्थात् आत्मरक्षा है, अहिंसा का सिद्धान्त स्वात्म रक्षा के लिये ही है ।

स्वर नाम कर्म – *Svara Nāma Karma.*

Physique making *Karmic* nature causing voice.

जिस कर्म के उदय से मनोज्ञ स्वर की रचना होती है वह सुस्वर नामकर्म है, इससे विपरीत दु:स्वर नामकर्म है ।

स्वर निमित्त ज्ञान – *Svara Nimitta Jñāna.*

Inferential knowledge caused due to the voice of beings.

मनुष्य व तिर्यंचों के विचित्र शब्दों को सुनकर शुभाशुभ को जान लेना स्वर निमित्त ज्ञान कहलाता है। देखें-स्वर ।

स्वराज्य क्रिया – *Svarājya Kriyā.*

An auspicious activity of enthronement.

गृहस्थ की 53 क्रियाओं में 43 वीं क्रिया। राजाओं के द्वारा राजाधिराज के पद पर अभिषिक्त करना अत: सम्राट् पद पर अभिषिक्त होना स्वराज्य प्राप्त क्रिया कहलाती है ।

स्वरूप – *Svarūpa.*

Own form or shape, Nature .

आकृति, आकार, लक्षण ।

स्वरूप (देव) – *Svarūpa (Deva).*

A type of peripatetic deities of Yaksh type, Name of an *Indra* of some peripatetic deities of *Bhoot* types.

यक्ष जाति के व्यंतर देवों के १२ भेदों में १० वां भेद, भूत जाति के व्यंतर देवों का इन्द्र ।

स्वरूपलय – *Svarūpalaya.*

Engrossment into self.

कल्पना जाल को दूर करके चैतन्य आनंदमय स्वरूप में तल्लीनता।

स्वरूप विपर्यास – *Svarūpa Viparyāsa.*

A contrary viewpoint regarding the form of a matter.

मिथ्यात्व। जिस पदार्थ का जो लक्षण है उससे विपरीत उसका स्वरूप समझना ।

स्वरूप संबोधन – *Svarūpa Saṁbodhana.*

Name of a composition composed by *Acharya*

Akalank Bhatta.
आचार्य अकलंक भट्ट (ई. 620-680) कृत 25 श्लोक प्रमाण आध्यात्मिक कृति ।

स्वरूप संवेदन – *Svarūpa Saṁvedana.*
Spiritual consciousness.
आत्म विषयक उपयोग ।

स्वरूपाचरण चारित्र – *Svarūpācaraṇa Cāritra.*
Conduct of spiritual engrossment.
स्वरूपाचरण चारित्र अर्थात् मुनियों द्वारा समस्त राग द्वेष से रहित अपने आत्मस्वरूप में लीनता रूप चारित्र ।

स्वरूपाभाव – *Svarūpābhāva.*
Absence of similarity in nature between the two or lack of the characteristic nature of a matter in the other.
जो द्रव्य है वह गुण नहीं है और जो गुण है वह द्रव्य नहीं है अर्थात् एक दूसरे में जो उसका अभाव अर्थात् तद्रूप होने का अभाव है वह तद्भाव लक्षण अतद्भाव है ।

स्वरूपासिद्ध हेत्वाभास –
Svarūpāsiddha Hetvābhāsa.
A type of fallacy (eg. considering existence of words only due to their visionary effect).
शब्द परिणामी है, क्योंकि यह आँख से देखा जाता है (यह सही हेतु न होकर गलत हेतु है)। यह अविद्यमान सत्ता वाला अर्थात् स्वरूपासिद्ध हेत्वाभास है ।

स्वरूपास्तित्व – *Svarūpāstitva.*
A type of existence; power to show existence of each & every matter separately.
अस्तित्व के दो भेदों में एक भेद। अवान्तर सत्ता-प्रतिनियत वस्तुवर्ती तथा स्वरूपास्तित्व की सूचना देने वाली (अर्थात् पृथक्-पृथक् पदार्थ का पृथक्-पृथक् स्वतंत्र अस्तित्व बताने वाली) अवान्तरसत्ता है ।

स्वर्ग – *Svarga.*
The heaven, aboding place of deities.
इसका अपरनाम कल्प है ये ऊर्ध्वलोक में स्थित है। स्वर्ग के दो विभाग हैं -कल्प व कल्पातीत। यहाँ वैमानिक देव रहते हैं अथवा कल्पोपपन्न व कल्पातीत देवों के रहने के स्थान ।

स्वर्गवासी देव – *Svargavāsī Deva.*
Heavenly deities.
कल्पवासी देव-वैमानिक देव अर्थात् 16 स्वर्ग, 9 ग्रैवेयक, 9 अनुदिश, ५ अनुत्तर के निवासी देव ।

स्वर्ण – *Svarṇa.*
Gold, Name of a city in the south of *Vijayardh* mountain.
सोना, एक धातु, विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का एक नगर ।

स्वर्ण कमल – *Svarṇa Kamala.*
Gold lotus, One of the 14 transcendental creations of Lord Arihant (natural creation of gold/golden lotuses in all directions).
सोने के कमल, अर्हंत भगवान के 14 देवकृत अतिशयों में एक अतिशय; तीर्थंकरों के श्रीविहार में चरणों के नीचे एवं चारों दिशाओं में व विदिशाओं में स्वर्ण कमल की रचना होना ।

स्वर्णकूला कुंड – *Svarṇakūlā Kuṁḍa.*
Name of a pond situated in *Hairanyavat* region.
हैरण्यवत क्षेत्रस्थ एक कुंड ।

स्वर्णकूला कूट – *Svarṇakūlā Kūṭa.*
Name of the 7th summit of *Shikhri* mountain.
शिखरी पर्वतस्थ 7वां कूट ।

स्वर्णकूला देवी – *Svarṇakūlā Devī.*
Name of the governing deity of *Svarnakula Kund* (a pond).
स्वर्णकूला कुण्ड की स्वामिनी देवी ।

स्वर्णकूला नदी – *Svarṇakūlā Nadī.*
Name of a river of *Hairanyavata* region.
हैरण्यवत क्षेत्र की एक नदी। यह 14 महानदियों में 11 वीं महानदी है एवं पुण्डरीक सरोवर से निकली है ।

स्वर्णनाभ – *Svarṇanābha.*
Name of the 17th city in the south of *Vijayardha* mountain, Name of a king of Arishtapur.
विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी का 17वां नगर, अरिष्टपुर नगर का राजा। कृष्ण की रानी पद्मावती का पिता ।

स्वर्णभद्र – *Svarṇabhadra.*
Name of the Tonk (salvation point) of Lord Parshvanath at Sammedshikhar mountain, Name of a summit of *Vijayardh* mountain and its protecting deity.
सम्मेदशिखर में पर्वत पर भगवान पार्श्वनाथ की टोंक का नाम, विजयार्ध पर्वत का एक कूट व उसका रक्षक देव ।

स्वर्णमध्य – *Svarṇamadhya.*
Another name of *Sumeru* mountain.
सुमेरु पर्वत का अपरनाम ।

स्वर्णमयी – *Svarṇamayī.*
The 7th circumference of *Sumeru* mountain.
सुमेरु पर्वत की सातवीं परिधि जो सुवर्णमयी है ।

स्वर्णरेखा – *Svarṇarekhā.*
A line of gold originated from Girnar mountain of Saurashtra.
सौराष्ट्र देश में गिरनार पर्वत से निकली है। इसके रेत में सोने का सूक्ष्म अंश अब भी पाया जाता है। यह सुवरणा नाम से प्रसिद्ध है ।

स्वर्ण सुहागिनी – *Svarṇa Suhāginī.*
A special fortunate married woman, whose parents, in-laws, husband & son all are alive. She gets the golden chance to prepare Kalkachurna (liquified powdered compound of sandal etc.) for Tilakdaan in Panchkalyanak Pratishtha.
एक विशेष सौभाग्यवती महिला, जिसके माता-पिता, सास-ससुर, पति-पुत्र जीवित हों। इनके द्वारा पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में तिलकदान आदि विधि करने हेतु कल्कचूर्ण पीसकर तैयार कराया जाता है ।

स्ववचनबाधित – *Svavacanabādhita.*
Self obstructive speech.
बाधित विषय हेत्वाभास के 4 भेदों में अंतिम भेद। जिसके साध्य में अपने वचन से ही बाधा आती है। जैसे - मेरी माता बन्ध्या है क्योंकि पुरुष का संयोग होने पर भी उसके गर्भ नहीं ठहरता ।

स्ववश – *Svavaśa.*
Own control or self controlled.
आत्मवश, जो परभाव को त्यागकर निर्मल स्वभाव वाले आत्मा को ध्याता है वह स्ववश है ।

स्ववात्सल्य – *Svavātsalya.*
Self affection.
वात्सल्य के दो भेदों में एक भेद। स्वद्रव्य में रति अर्थात् अपनी आत्मा से सम्बन्ध रखने वाला वात्सल्य प्रधान है ।

स्ववृत्ति – *Svavṛtti.*
Contemplation about self.
आत्मा में प्रवृत्ति रूप ध्यान अर्थात् बाह्य चिंताओं से निवृत्ति होना।

स्वसंयोगी – *Svasaṁyogī.*
Something self correlative.
भंग का एक भेद। जहाँ निज भाव के भेद का संग रूप ही भंग हो वह स्वसंयोगी भंग है। जैसे-क्षायिक सम्यक्त्व एवं क्षायिक चारित्र वाला द्विसंयोगी क्षायिक भाव ।

स्वसंवेदन – *Svasaṁvedana.*
Self experience or intuition.
आत्मानुभव, आत्मज्ञान ।

स्वसंवेदन ज्ञान – *Svasaṁvedana Jñāna.*
The right knowledge about self, Another name of Nishchay Mokshmarg (path of salvation).
आत्मज्ञान, निश्चय मोक्षमार्ग का अपरनाम ।

स्वसंवेद्य सुख – *Svasaṁvedya Sukha.*
Spiritual bliss.
अतीन्द्रिय या आत्मिक सुख। निर्विकल्प ध्यान में स्थित परम योगियों के रागादि के अभाव से उत्पन्न स्वसंवेद्य आत्मिक सुख है ।

स्वसमय – *Svasamaya.*
Jaina philosophy, Jaina spiritual treatises, Engrossment into self, self absorption.
जैन सिद्धांत, आध्यात्मिक ग्रंथ, स्वपक्ष प्रतिपादन करने वाले न्याय ग्रंथ। समयसार के अनुसार पर पदार्थों से छूटकर अपने उपयोग को अपने आत्मा में रमण कराना, स्वचारित्र। अथवा जो दर्शन, ज्ञान और चारित्र में स्थित होकर (तद्रूप होकर) रहता है वह स्वसमय (मुक्त जीव) है ।

स्वसमय प्रवृत्ति – *Svasamaya Pravṛtti.*
Engrossment into self.
स्वरूप में चरण करना चारित्र है, स्वसमय में प्रवृत्ति करना इसका अर्थ है। देखें - स्वसमय ।

स्वसमय वक्तव्यता – *Svasamaya Vaktavyatā.*
Pertaining to spiritual meanings.
वक्तव्यता के तीन भेदों में एक भेद। जिस शास्त्र में स्वसमय का ही वर्णन किया जाता है उसे स्वसमय वक्तव्य कहते हैं और उसके भाव को अर्थात् उसमें रहने वाली विशेषता को स्वसमय वक्तव्यता कहते हैं ।

स्वसहाय – *Svasahāya.*
Absolutely independent.
सत्। जो स्वभाव से ही सिद्ध है, इसलिये वह अनादि अनंत है, स्वसहाय है, निर्विकल्प है ।

स्वस्तिक – *Svastika.*
Name of a *Diggajendra* mountain in *Bhadrashal* forest situated in *Videh Kshetra* (region), Name of summits situated at *Vidyutprabh Gajdant & Ruchak* mountains, Name of a governing deity of *Maniprabh* summit of *Kundal* mountain.
विदेह क्षेत्र में स्थित भद्रशाल में एक दिग्गजेन्द्र पर्वत, विद्युत्प्रभ गजदन्तस्थ व रूचक पर्वतस्थ एक-एक कूट, कुण्डल पर्वतस्थ मणिप्रभ कूट का स्वामी नागेन्द्र ।

स्वस्तिक – *Svastika.*
An auspicious emblem, a fylfot, it is also the significant symbol of Lord Suparshvanath & one of the 8 auspicious articles.
यह पवित्र और कल्याणकारी चिन्ह है, इसका उपयोग मंगल कार्यों में होता है। यह सुपार्श्वनाथ भगवान का चिन्ह भी है। अष्टमंगल द्रव्यों में से एक। इसका अपरनाम सुप्रतिष्ठ है ।

स्वस्त्री – *Svastrī.*
Own wife accepted with social customs & rituals.
देव शास्त्र गुरु को नमस्कार कर तथा अपने भाई बन्धुओं की साक्षी पूर्वक जिस कन्या के साथ विवाह किया जाता है वह विवाहिता स्त्री स्वस्त्री कहलाती है ।

स्वस्थान अप्रमत्त – *Svasthāna Apramatta.*
The first phase of the 7th spiritual stage of development-unstable stage of meditation.
सातवें गुणस्थान के दो भेदों में प्रथम भेद। जब तक चारित्रमोहनीय की 21 प्रकृतियों के उपशमन तथा क्षपण के कार्य का प्रारम्भ नहीं होता, किन्तु संज्वलन के मंदोदय के कारण प्रमाद भी नहीं होता , केवल सामान्य ध्यानावस्था रहती है, तब तक यह अवस्था निरतिशय या स्वस्थानाप्रमत्त कहलाती है ।

स्वस्थान गुणकार – *Svasthāna Guṇakāra.*
Multiple results of *Karmas* related to the span of *Krishtie*s.
प्रत्येक संग्रहकृष्टि के अन्तर्गत प्रथम अंतरकृष्टि से अंतिम अंतरकृष्टि पर्यन्त अनुभाग अनंत-अनंतगुणा है परन्तु सर्वत्र इस अनन्त गुणकार का प्रमाण समान है, इसे स्वस्थान गुणकार कहते हैं ।

स्वस्थान गोपुच्छा – *Svasthāna Gopucchā.*
Reducing sequence of *Karmic* results (related to *Krishties*).
विवक्षित एक संग्रह कृष्टि में जो अंतरकृष्टियों के विशेष (चय) घटता क्रम पाया जाता है उसे स्वस्थान गोपुच्छा कहते हैं।

स्वस्थान संक्रमण – *Svasthāna Saṁkramaṇa.*
A type of *Karmic* transition.
संक्रमण के दो भेदों में एक भेद। स्वस्थान में अर्थात् अपने ही अन्य संग्रहकृष्टियों में संक्रमण करना अर्थात् तद्रूप परिणमन करना।

स्वस्थान संयत – *Svasthāna Saṁyata.*
See - *Svasthāna Apramatta.*
देखें - स्वस्थान अप्रमत्त। मूल व उत्तर गुणों से मण्डित, व्यक्त व अव्यक्त परिणाम से रहित कषायों का अनुपशामक व अक्षपक होते हुए भी ध्यान में लीन अप्रमत्तसंयत स्वस्थान अप्रमत्त कहलाता है।

स्वस्थान सन्निकर्ष – *Svasthāna Sannikarṣa.*
Relativity of *Karmas* with matter, region, time etc.
सन्निकर्ष के दो भेदों में एक भेद। किसी विवक्षित एक कर्म का जो द्रव्य, क्षेत्र, काल एवं भाव विषयक सन्निकर्ष होता है वह स्वस्थानसन्निकर्ष कहलाता है।

स्वस्थान-स्वस्थान-अवस्थान – *Svasthāna-Svasthāna-Avasthāna.*
Activities done by one in own birth place.
अपने उत्पन्न होने के ग्राम, नगर अथवा अरण्य में सोना, बैठना, चलना आदि व्यापार से युक्त रहने का नाम स्वस्थान-स्वस्थान-अवस्थान है।

स्वहस्त क्रिया – *Svahasta Kriyā.*
Doing some work by oneself .
साम्परायिक आस्रव सम्बन्धी 25 क्रियाओं में एक क्रिया, दूसरे के द्वारा करने योग्य कार्य को स्वयं संपादित करना।

स्वहिंसा – *Svahiṁsā.*
Passionate feelings as volitional violence.
भावहिंसा - प्रमाद से युक्त आत्मा पहिले स्वयं अपने द्वारा ही अपना घात करता है अर्थात् रागादि प्रमाण भाव ही स्वहिंसा है।

स्वहित – *Svahita.*
One's own benefit, benefitting self.
हित के दो भेदों में प्रथम भेद - आत्महित।

स्वाजाति – *Svājāti.*
One of the 4 noble casts.
चार उत्तम जातियों (दिव्या, विजयाश्रिता, परमा, स्वा) में एक जाति जो मुक्त जीवों के होती है।

स्वाति – *Svāti.*
Name of the 11th lunar among all 28 in which Lord Mahavira got salvation, Name of the governing deity of *Tapniyak* summit of *Manushottar* mountain, Name of a peripatetic deity of *Shraddhavan* mountain situated in *Haimvat* region.
28 नक्षत्रों में 11 वां नक्षत्र इसी नक्षत्र में भगवान महावीर स्वामी को निर्वाण प्राप्त हुआ था। इसका अधिपति देवता अनिल है। मानुषोत्तर पर्वत की आग्नेय दिशा के तपनीयक कूट का स्वामी देव, हैमवत् क्षेत्र के श्रद्धावान पर्वत (नाभिगिरि) का निवासी एक व्यंतर देव।

स्वात्म रक्षा – *Svātma Rakṣā.*
Self defence, the principle of non-violence.
शुद्ध भाव या आत्म रक्षा। आगम में स्व और अन्य प्राणियों की अहिंसा का सिद्धान्त स्वात्म रक्षा के लिये ही है।

स्वात्मा – *Svātmā.*
The own soul.
आत्म द्रव्य, निज स्वरूप।

स्वाद्य – *Svādya.*
Worth tasting, appetising.
आहार के 4 भेदों में एक भेद। मुख का स्वाद बदलने के लिये खाने वाले लौंग, इलायची आदि पदार्थ स्वाद्य कहलाते हैं।

स्वाधीन – *Svādhīna.*
Self dependent.
स्वतंत्र, आत्माधीन। सिद्धों का सुख संसार के विषयों से अतीत स्वाधीन अव्यय होता है।

स्वाधीन सुख – *Svādhīna Sukha.*
Supreme bliss.
संसार के समस्त विषय-कषायों की रहितता से प्राप्त सुख। यह सुख सिद्धों में पूर्णत: प्रगट होता है।

स्वाध्याय – *Svādhyāya.*
Thorough spiritual study & contemplation.
आत्महित की भावना से सत्-शास्त्र का वाचन, मनन या उपदेश आदि देना स्वाध्याय है अथवा आलस्य छोड़कर ज्ञान की आराधना में तत्पर रहना स्वाध्याय नाम का तप है। इसके वाचना, पृच्छना, अनुप्रेक्षा, आम्नाय, धर्मोपदेश 5 भेद हैं।

स्वानुभव – *Svānubhava.*
Spiritual realization or intuition.
आत्मानुभव। आत्मसुख का वेदन ही स्वानुभव है।

स्वानुभव दर्पण – *Svānubhava Darpaṇa.*
Name of a treatise written by *Acharya* Yogendudev.
आचार्य योगेन्दुदेव (ई.श. 6) द्वारा विरचित अध्यात्म विषयक प्राकृत गाथाबद्ध ग्रंथ। इसमें 109 गाथाएँ हैं।

स्वानुभूति – *Svānubhūti.*
Self realization or intuition.
आत्मानुभूति। आत्मा का अनुभव या ज्ञान जो सम्यक्त्व स्वरूप है।

स्वानुभूत्यावरण – *Svānubhūtyāvaraṇa.*
An obscurring *Karma* of self realization.
स्वानुभूति (सम्यक्त्व) पर आवरण करने वाला अर्थात् नहीं प्रकट होने देने वाला कर्म।

स्वाभाविक आनंद – *Svābhāvika Ānaṁda.*
Supreme natural bliss, supreme pleasure.
निश्चय मोक्षमार्ग के अनेक नामों में एक नाम, समस्त विकल्पों से रहित परम समाधि से उत्पन्न होने वाला सुख।

स्वाभाविक क्रिया – *Svābhāvika Kriyā.*
Natural activities of matter.

स्वत: अनादिसिद्ध सत् (द्रव्य में) परिणमनशीलता के कारण होने वाली दो क्रियाओं में एक क्रिया। शुद्ध या बंध रहित जीव व पुद्गल द्रव्य की क्रिया स्वाभाविक क्रिया है।

स्वाभाविक दुख – *Svābhāvika Dukha.*
Natural pain or troubles (according to Karmic nature).
दु:ख के 4 भेदों में एक भेद। क्षुधादि से उत्पन्न होने वाला दुख स्वाभाविक दु:ख है।

स्वाभाविक विमान – *Svābhāvika Vimāna.*
Natural aboding places of heavenly deities.
विमान के दो भेदों में एक भेद-एक विक्रिया से उत्पन्न हुए और दूसरे स्वभाव से। विक्रिया से उत्पन्न हुए विमान विनश्वर होते हैं व स्वभाव से उत्पन्न हुए विमान रम्य, नित्य व अविनश्वर होते हैं।

स्वाभाविक स्वभाव – *Svābhāvika Svabhāva.*
Natural nature instinct (of Siddhas).
उपचरित स्वभाव का एक भेद। सिद्धों का पर को देखना व जानना स्वाभाविक स्वभाव हैं।

स्वाभाविक शक्ति – *Svābhāvika Śakti.*
Natural power or strength in the nature of matter.
द्रव्य के स्वभावों में स्वाभाविकी शक्ति होती है। देखें-स्वाभाविक क्रिया।

स्वामित्व – *Svāmitva.*
Ownership, governance.
किसी वस्तु पर स्वामी का अधिकारपना।

स्वार्थ – *Svārtha.*
Spiritual upliftment of own soul.
परोपकार की अपेक्षा न करके स्व-अर्थ अर्थात् आत्मकल्याण करना।

स्वार्थ प्रमाण – *Svārtha Pramāṇa.*
Authority (Praman) of self knowledge.
प्रमाण के दो भेदों में एक भेद, ज्ञानात्मक प्रमाण को स्वार्थ प्रमाण कहते हैं। श्रुतज्ञान को छोड़कर शेष 4 ज्ञान स्वार्थ प्रमाण हैं, परन्तु श्रुतज्ञान स्वार्थ और परार्थ दोनों प्रकार का है। वचनात्मक प्रमाण परार्थ प्रमाण कहलाता है।

स्वार्थाधिगम – *Svārthādhigama.*
Self knowledgeable approach.
अधिगम के दो भेदों में एक भेद, यह ज्ञान स्वरूप है जो प्रमाण और नय भेदों वाला है।

स्वार्थानुमान – *Svārthānumāna.*
Subjective inference (caused by perception of some means).
अनुमान के दो भेदों में एक भेद। परोपदेश के अभाव में भी केवल साधन से साध्य को जानकर जो ज्ञान देखने वाले को उत्पन्न हो जाता है उसे स्वार्थानुमान कहते हैं। जैसे धुएँ को देखकर अग्नि का अनुमान लगा लेना।

स्वार्थी – *Svārthī.*
One engrossed in self, Selfish one, One of the 88 planets.
आध्यात्मिक व्याख्या के अनुसार आत्महित में संलग्न रहने वाले को स्वार्थी कहते हैं। क्षुद्र मनुष्य जो अपना कार्य करने में ही तत्पर रहते हैं उन्हें स्वार्थी कहा गया है, जैसे मेघ परोपकारी है और बड़वानल स्वार्थी है। 88 ग्रहों में 53 वां ग्रह।

स्वास्तिक – *Svāstika.*
An auspicious emblem, Name of a summit of *Ruchak* mountain.
एक मंगल चिन्ह (स्वस्तिक), रूचक पर्वतस्थ एक कूट, एक मंगल चिन्ह।

स्वास्थ्य – *Svāsthya.*
A sound state of body, health.
आरोग्य, मानसिक शांति। साम्य, समाधि, योग, चित्तनिरोध, शुद्धोपयोग, स्वास्थ्य ये सब एकार्थवाची हैं।

स्वाहा – *Svāhā.*
An exclamation used in the worshipping of God.
पूजा, मंत्र, हवन आदि में प्रयुक्त होने वाला शांतिवाचक एक विशेष शब्द।

स्वेच्छा – *Svecchā.*
One's own wish or will.
अपनी इच्छा।

स्वेच्छाचारी – *Svecchācārī.*
One free from any restraints, wilful, wayward.
अपनी इच्छा से आचरण करने वाला।

स्वेदज – *Svedaja.*
Beings born by sweat.
पसीने से उत्पन्न होने वाले सम्मूर्छन जीव।

स्वेदराहित्य – *Svedarāhitya.*
One of the 10 birth-excellences of Lord Arihant (to be devoid of sweat).
अर्हंत भगवान के जन्म के 10 अतिशयों में प्रथम अतिशय - पसीना नहीं आना।

स्वोदयबंधी प्रकृति – *Svodayabaṁdhī Prakṛti.*
Karmic natures causing binding with self rising.
स्वयं के उदय के साथ बंधने वाली प्रकृतियाँ। ज्ञानावरणी की 5, अंतराय की 5, दर्शनावरणी की चक्षुदर्शनावरणादि 4, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, निर्माण, स्थिरयुगल, शुभयुगल तथा वर्णचतुष्क, अगुरुलघु और मिथ्यात्व इन 27 प्रकृतियों का स्वोदय से बंध होता है।

स्वोपकार – *Svopakāra.*
Benevolence for self.
उपकार के दो भेदों में एक भेद। अध्यात्म मार्ग में स्वोपकार अर्थात् अपनी आत्मा का उपकार ही इष्ट है परोपकार नहीं।

ह

ह – *Ha.*
The thirty-third consonant of the *Devanagari* syllabary.
देवनागरी वर्णमाला का तैंतीसवाँ व्यंजन, इसका उच्चारण स्थान कण्ठ है ।

हंस – *Haṁsa.*
Goose, gander, swan, another name for soul (a symbol for sacred one), Father's name of Jaina-Lord Simandhar Swami of *Videh Kshetra* (region).
क्षीर नीर का विवेक करने वाला एक पक्षी, मानसरोवर में रहने वाले हंस को राजहंस कहते हैं। अनंतज्ञानादि निर्मल गुण सहित हंस के समान उज्ज्वल परमात्मा हंस है, विदेहस्थ तीर्थंकर सीमंधर स्वामी के पिता ।

हंसगर्भ – *Haṁsagarbha.*
Name of the 10th city situated in the north of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध पर्वत की उत्तर श्रेणी का 10 वां नगर ।

हंसद्वीप – *Haṁsadvīpa.*
Name of an island.
एक द्वीप। यह लंका द्वीप के समीप था। राक्षसवंशी अमररक्ष द्वारा बसाये गये 10 द्वीपों में 5 वां द्वीप ।

हंस संप्रदाय – *Haṁsa Saṁpradāya.*
Name of a sect of *Vaishnav* philosophy.
वैष्णव दर्शन के प्रधान ४ सम्प्रदायों में एक सम्प्रदाय। यह संप्रदाय द्वैताद्वैत या भेदाभेदवादी हैं, इन्हें हरिव्यासी भी कहते हैं ।

हंससम श्रोता – *Haṁsasama Śrotā.*
The right listeners, accepting meaningful thoughts.
श्रोता के 14 भेदों में एक भेद। जो केवल सार वस्तु को ग्रहण करते हैं, वे हंस के समान श्रोता हैं ।

हंस साधु – *Haṁsa Sādhu.*
A type of false saints of *Vedant* philosophy.
एक प्रकार के वेदांती साधु, जो दोषों से युक्त होते हैं, कषाय वस्त्र धारण करते हैं एवं दण्ड रखते हैं ।

हठवाद – *Haṭhavāda.*
A doctrine pertaining to obstinacy.
दुराग्रहपना ।

हतसमुत्पत्तिक – *Hatasamutpattika.*
The *Karmic* places originated after the destruction of the relative *Karmas.*
कर्मों का घात किये जाने पर जिन सत्कर्म अर्थात् सत्ता में विद्यमान कर्म की उत्पत्ति होती है, उन्हें हतसमुत्पत्तिक कहते हैं ।

हतहत समुत्पत्तिक – *Hatahata Samutpattika.*
The *Karmic* places originated after the redestruction of relative destructed *Karmas.*
घाते हुए का पुन: घात किये जाने पर जिन सत्कर्म अर्थात् सत्ता में विद्यमान कर्म की उत्पत्ति होती है उन्हें हतहतसमुत्पत्तिक कहते हैं ।

हनन – *Hanana.*
Mutiplication, Killing, beating.
गणित विधि में दो राशियों को परस्पर गुणा करना, वध, मारण, आघात ।

हनुमंत चारित्र – *Hanumaṁta Cāritra.*
Name of a book written by *Pandit* Raimalla.
पं. रायमल्ल (ई. 1575-1593) कृत भाषा ग्रंथ ।

हनुमान – *Hanumāna.*
Name of the 18th *Kamdev*, the son of Pavananjaya & Anjana, Name of a residential deity of *Vajrakut* (summit) of *Manushottar* mountain.
18 वें कामदेव। पवनंजय एवं अंजना के पुत्र। विमान में से पर्वत की शिला पर गिरने पर शिला चूर-चूर हो गई इसलिये उनका नाम श्रीशैल भी था। उल्कापात देख विरक्त होकर दीक्षा ली, अंत में मांगीतुंगी से मोक्ष प्राप्त किया। मानुषोत्तर पर्वतस्थ वज्रकूट का स्वामी भवनवासी सुपर्णकुमार देव ।

हनुरूह द्वीप – *Hanurūha Dvīpa.*
Name of an island related to which the name of Hanuman was given.
एक द्वीप। यहां हनुमान की माता अंजना के मामा प्रतिसूर्य का राज्य था। हनुमान का यहाँ जन्म संस्कार हुआ था, इसीलिये इस द्वीप के नाम पर उनका हनुमान नामकरण हुआ था ।

हय – *Haya.*
Horse.
घोड़ा ।

हयग्रीव – *Hayagrīva.*
Name of the 8th predestined *Pratinarayan.*
भावीकालीन 8वें प्रतिनारायण का नाम ।

हय राय – *Haya Rāya.*
Destroyed passion, A high breed horse (both are called as auspicious symbols).
हय राय शब्द का अर्थ हत राग भी है और उत्तम घोड़ा भी है, इन दोनों को रागद्वेष रहित सरल चित्त होने से लौकिक मंगल कहा गया है ।

हर – *Hara.*
Denominator (reg. maths), Name of the 7th *Rudra.*
गणित संबंधी भिन्न राशि में नीचे की संख्या, भावीकालीन सातवां रूद्र ।

हरण – *Haraṇa.*
Seizing, Carrying off, Name of a river of *Bharat Kshetra* (region).
छीनना, भरत क्षेत्र की एक नदी ।

हरि– *Hari.*
The son of king Arya of Champapur, on the name of whom *Hari* dynasty was originated.
चम्पापुर के राजा आर्य और रानी मनोरमा का पुत्र। इसी राजा के नाम पर हरि वंश की उत्पत्ति हुई ।

हरि (कुंड व कूट) – *Hari (Kuṁḍa & Kūṭa).*
Name of a pond or pool of *Harit* river, Name of summits of *Nishadhkulachal ,Vidyutprabh Gajdant & Malyavan* mountains.
हरित नदी का कुंड, निषधकुलाचल पर पांचवां कूट, विद्युत्प्रभ गजदंत व माल्यवान पर्वतस्थ एक-एक कूट ।

हरि क्षेत्र – *Hari Kṣetra.*
Name of the third region of *Jambudvip* (island) among all 7.
जम्बूद्वीप के 7 क्षेत्रों में तीसरा क्षेत्र, यहाँ मध्यम भोगभूमि है ।

हरिकंठ – *Harikaṁṭha.*
Name of the 2nd predestined *Pratinarayan.*
आगामी दूसरे प्रतिनारायण ।

हरिकांत – *Harikāṁta.*
Name of an *Indra*, the 6th summit of *Mahahimvan* mountain &, a pond situated in *Harikshetra* (region) where *Harikanta* river falls.
भवनवासी देवों का एक इन्द्र, महाहिमवान पर्वत का छठा कूट, हरि क्षेत्र में स्थित एक कुण्ड जिसमें से हरिकांता नदी गिरती है ।

हरिकांता – *Harikāṁtā.*
Name of the 6th great river of *Harikshetra* (region) among all 14.
हरिक्षेत्र की एक प्रसिद्ध नदी। यह 14 महानदियों में छठी नदी है ।

हरिकेतु – *Hariketu.*
Father's name of *Chakravarti* (emperor) Harishen.
10 वें चक्रवर्ती हरिषेण के पिता, काम्पिल्य नगर का राजा ।

हरिग्रीव – *Harigrīva.*
Name of a great king of *Rakshas* dynasty.
राक्षसवंशी एक यशस्वी राजा। सुग्रीव का पुत्र, श्रीग्रीव का पिता, अंत में मुनि दीक्षा ग्रहण की ।

हरिचन्द्र – *Haricandra.*
Name of the 4th predestined *Balbhadra.*
आगामी चौथे बलभद्र ।

हरिचन्द्र कवि – *Haricandra Kavi.*
Name of a great Jaina poet, the writer of '*Jivandhar Champu*' etc., Name of another *Apabhransh* poet, the writer of '*Anatthamiyakaha*'.
आर्द्रदेव श्रेष्ठी के पुत्र, आचारशास्त्र के वेत्ता जैन कवि, कृति - धर्मशर्माभ्युदय, जीवंधर चम्पू (समय ई.श. १० का मध्य)। अणत्थमियकहा के रचयिता एक अपभ्रंश कवि (समय - वि.श. १५ का मध्य) ।

हरिण – *Hariṇa.*
The deer, significant symbol of the 16th *Tirthankar* (Jaina Lord) Shantinath, the symbolic mark of the third *Tirthankar* of *Videh Kshetra* (region).
१6 वें तीर्थंकर शान्तिनाथ का चिन्ह, विदेह क्षेत्रस्थ तीसरे तीर्थंकर बाहु का चिन्ह ।

हरिजय – *Harijaya.*
One of the sons of *Vidyadhar* Nami.
विद्याधर नमि के अनेक पुत्रों में एक पुत्र ।

हरित – *Harita.*
Name of a famous river of *Haritkshetra* (region) of *Jambudvip* (island).
जम्बूद्वीप के हरितक्षेत्र की प्रसिद्ध नदी। 14 महानदियों में यह 5 वीं नदी है। तिगिंछ सरोवर से निकलती है ।

हरित (स्वर्ग) – *Harita (Svarga).*
Name of the 22nd *Patal* (layer) of *Saudharma* heaven.
सौधर्म स्वर्ग का 22 वां पटल। अपरनाम हारिद्र ।

हरितप्रभ – *Haritaprabha.*
Name of a protecting deity of *Pratishtha Mandap* (auspicious assembly place).
प्रतिष्ठा मंडप का एक द्वारपाल (लोकपाल) ।

हरिताल – *Haritāla.*
Yellow orpiment, A chemical - arsenic sulphide, Name of an island & an ocean of middle universe.
पीतवर्ण की एक उपधातु (हरताल), मध्यलोक का एक द्वीप व सागर ।

हरितालमयी – *Haritālamayī.*
One of the 6 circumferences of *Sumeru* mountain.
सुमेरू पर्वत की 6 परिधियों में प्रथम परिधि, ये 16500 योजन ऊँची है ।

हरितालवर – *Haritālavara.*
Name of an island & an ocean of middle universe.
मध्यलोक का एक द्वीप व सागर ।

हरिदेव (कवि) – *Harideva (Kavi).*
Name of an *Apabhransh* poet, the writer of '*Mayanparajaya Cariu*'.
चंगदेव की सप्तम पीढ़ी में उत्पन्न, मयणपराजय चरिउ के रचयिता एक सद्गृहस्थ अपभ्रंश कवि ।

हरिद्र – *Haridra.*
The residential palace of *Lokpal* in the Panduk forest of *Sumeru* mountain.
सुमेरू के पाण्डुक वन में लोकपाल का भवन ।

हरिनंदि – *Harinaṁdi.*
Name of a *Bhattarak* of *Nandi* group.

नंदिसंघ बलात्कारगण भट्टारक आम्नाय की उज्जयिनी गद्दी के एक भट्टारक महीचन्द्र के गुरु। समय - वि. 948 ।

हरिवंश – *Harivaṁśa.*
Name of a great *Kshatriya* dynasty established by Lord Rishabhdev.
ऋषभदेव द्वारा संस्थापित प्रसिद्ध 4 क्षत्रियवंशों में एक महावंश। ऋषभदेव ने हरि नाम के राजा को बुलाकर उसे महामण्डलीक राजा बनाया था ।

हरिवंश गोस्वामी – *Harivaṁśa Gosavāmī.*
Name of an initiator of *Radhavallabh* sect of *Vaishnav* philosophy.
वैष्णव दर्शन के राधावल्लभ सम्प्रदाय के आद्यप्रवर्तक। समय- ई. 1503 ।

हरिवंश पुराण – *Harivaṁśa Purāṇa.*
Name of a great mythological treatise written by *Acharya* Jinsen.
आचार्य जिनसेन (ई. 783) कृत 66 सर्ग तथा 10,000 श्लोक प्रमाण ग्रंथ ।

हरिवर्मा – *Harivarmā.*
Past-birth name of Lord Munisuvratnath.
मुनिसुव्रतनाथ भगवान के पूर्व के दूसरे भव का जीव, भरत क्षेत्र के अंगदेशस्थ चम्पापुर का राजा। दर्शन विशुद्धि आदि भावनाओं का चिंतवन कर तीर्थंकर प्रकृति का बंध किया ।

हरिवर्ष – *Harivarṣa.*
See - *Hari Kṣetra.*
देखें - हरि क्षेत्र ।

हरिवाहन – *Harivāhana.*
The son of Lord Rishabhnath.
ऋषभनाथ भगवान का पुत्र तथा भरत का छोटा भाई। भरत द्वारा राज्य मांगे जाने पर विरक्त हो दीक्षा धारण की, अंत में मुक्ति प्राप्त की ।

हरिविजय – *Harivijaya.*
Name of a summit of *Nishadh* mountain and its governing deity.
निषध पर्वत का कूट तथा उसका स्वामी देव ।

हरि-व्यासी – *Hari-Vyāsī.*
A sect of *Vaishnav* philosophy (strict devotees of Lord Vishnu).
वैष्णव दर्शन का एक सम्प्रदाय, ये विष्णु भक्त यम-नियम आदि अष्टांग योग का अभ्यास करते हैं। ई. 1510 में हरिराम शुक्ल ने इसकी स्थापना की थी ।

हरिश्मश्रु – *Hariśmaśru.*
The son of *Vidyadhar* Vinami.
विद्याधर विनमि का पुत्र ।

हरिषेण – *Hariṣeṇa.*
Name of a residential celestial deity, Name of the 10th *Chakravarti* (emperor).
भवनवासी देवों का 11 वां इन्द्र। 10 वें चक्रवर्ती, ये तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ के तीर्थ में हुए थे ।

हरिषेण (आचार्य) – *Hariṣeṇa (Ācārya).*
Name of an *Acharya* of *Punnat* group, the writer of Vrihat Katha Kosh, Name of an *Apabhransh* poet.
एक पुन्नाटसंघी आचार्य, वृहत्कथा कोष के रचयिता। समय ई. 931, चित्तौड़वासी एक अपभ्रंश कवि, धम्मपरिक्खा ग्रंथ के रचयिता। समय - ग्रंथ रचनाकाल वि. 1044 ।

हरिषेणा – *Hariṣeṇā.*
Name of the chief *Aryika* (Ganini) in the assembly of Lord Shantinath.
तीर्थंकर शांतिनाथ के संघ की प्रमुख गणिनी आर्यिका ।

हर्ष – *Harṣa.*
Happiness, pleasure, Name of the predestined 3rd *Rudra* (saint tainted from the real path).
प्रसन्नता, भावीकालीन तीसरा रुद्र ।

हर्षवर्धन – *Harṣavardhana.*
Name of a king of *Bhoj* dynasty.
भोजवंशी राजा मुञ्ज के पिता। समय - ई. 940-994 ।

हल – *Hala.*
Plough, a divine weapon possessed by Ram.
कृषि के लिए उपयोग में आने वाला एक यंत्र, देवोपुनीत एक अस्त्र-महालोचन देव ने यह अस्त्र रामचंद्र जी को दिया था ।

हलभृत – *Halabhṛta.*
Name of the 16th chief disciple of Lord Rishabhdev.
भगवान वृषभदेव के 84 गणधरों में 16 वें गणधर ।

हल्दी – *Haldī.*
Turmeric.
एक वनस्पति-इसे सुखाकर भोजन बनाने में एक मसाले के रूप में प्रयोग किया जाता है ।

हस्त – *Hasta.*
Name of the 11th lunar among 28, The forearm (a unit of measurement).
28 नक्षत्रों में 11 वां नक्षत्र, इसका अधिपति देवता दिनकर है, क्षेत्र का एक प्रमाण, 2 विवक्षित वितस्ति = 1 विवक्षित हस्त ।

हस्तकर्म – *Hastakarma.*
Works to be performed by hand.
छेदन, भेदन, पीसना, खोदना, बांधना, फाड़ना, धोना, रंगना आदि हाथ से किये जाने वाले कार्य संक्लिष्ट हस्तकर्म कहलाते हैं ।

हस्त प्रहेलित – *Hasta Prahelita.*
A unit of time.
काल का प्रमाण विशेष - 48 लाख शीर्षप्रकंपित प्रमित काल।

हस्ति – *Hasti.*
An elephant.
हाथी ।

हस्तिनापुर – *Hastināpura.*
Name of the country of king Somprabh & brother Shreyans, where Lord Rishabhdev took first food intake after one year's fasting. The birth place of *Tirthankars* (Jaina Lords) Shantinath, Kunthunath, Arahnath and two Chakravartis (emperors). Presently a great pilgrimage place with the construction of *Jambudvip* constructed on the inspiration of *Ganini Aryika* Shri Gyanmati Mataji.
कुरूजांगल देश की राजधानी। राजा सोमप्रभ एवं उनके भाई श्रेयांस ने यहाँ भगवान वृषभदेव के एक वर्ष निराहार रहने के पश्चात् इक्षु रस के द्वारा प्रथम आहार कराया था। तीर्थंकर शांतिनाथ, कुंथुनाथ, अरहनाथ, चक्रवर्ती सुभौम व सनत्कुमार की जन्म नगरी। वर्तमान में यहाँ पर गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से जम्बूद्वीप नामक भव्य तीर्थ का निर्माण किया गया है जिसमें जंबूद्वीप, कमलमंदिर आदि अनेक सुन्दर रचनाएं निर्मित हैं ।

हानि – *Hāni.*
Loss, damage, harm, destruction, reduction.
ह्रास, पतन, हीन (दो गुणहानि, डेढ़ गुणहानि, षट्गुणहानि) ।

हार – *Hāra.*
Necklace, Garland.
हीरा, मोती, सोना, फूल आदि से निर्मित कंठ का आभूषण ।

हारिद्र – *Hāridra.*
Turmeric, Name of the 22nd *Patal* (layer) of *Saudharm Indra.*
हल्दी, सौधर्म स्वर्ग के 32 पटलों में 22 वां पटल (इन्द्रक) ।

हार्य – *Hārya.*
Dividend, the number to be divided by a divisor.
गणित की भागाहार विधि में जिस राशि का भाग किया जाये वह हार्य है ।

हास्य – *Hāsya.*
Laughing or Laughter.
नोकषाय का एक भेद। हंसने को हास्य कहते हैं ।

हास्य द्विक – *Hāsya Dvika.*
The dyad of *Karmic* nature pertaining to laughing.
हास्य, रति ये दो कर्म प्रकृतियां ।

हास्य वचन – *Hāsya Vacana.*
The ridiculous speech.
हंसी परिहास मिश्रित वचन। सत्पुरुष ऐसे वचनों का प्रयोग नहीं करते ।

हास्य वेदनीय कर्म प्रकृति – *Hāsya Vedanīya Karma Prakṛti.*
The *Karmic* nature causing laughing or ridiculous feelings.
मोहनीय कर्म की एक प्रकृति। जिस कर्म के उदय से जीव के हास्य निमित्तक या हंसी रूप भाव उत्पन्न होते हैं ।

हाहांग – *Hāhāṁga.*
A large unit of time.
काल का एक प्रमाण। 84 अमम = 1 हाहांग। अथवा अंतिम काल में 84 से गुणित होने पर प्राप्त संख्या ।

हाहा – *Hāhā.*
A type of peripatetic deity, A large unit of time.
गंधर्व नामा व्यंतर जाति का एक भेद। काल का एक प्रमाण, 84 लाख हाहांग =1 हाहा ।

हिंगुलवर – *Hiṁgulavara.*
Name of an island & an ocean of middle universe.
मध्यलोक का एक सागर व द्वीप ।

हिंसक – *Hiṁsaka.*
Violent or dangerous one.
जो जीव क्रोध आदि कषाय सहित अर्थात् प्रमाद सहित है ।

हिंसा – *Hiṁsā.*
Violence or killing, one of the five sins.
5 पापों में प्रथम पाप। प्रमाद के वशीभूत होकर जीव के प्राणों का वियोग करना या उसे पीड़ा पहुँचाना हिंसा है। रागादि भाव स्वहिंसा या भावहिंसा है तथा षट्काय जीवों को मारना या कष्ट देना, परहिंसा अर्थात् द्रव्य हिंसा है ।

हिंसा अभाव – *Hiṁsā Abhāva*
Non-violence, an excellence of Lord Arihant.
अर्हंत भगवान के केवलज्ञान का एक अतिशय। हिंसा अर्थात् अदया का अभाव ।

हिंसात्व – *Hiṁsātva*
Violenceful or violent sentiments.
हिंसा का भाव ।

हिंसादान – *Hiṁsādāna*
Supply of violent materials.
अनर्थदण्ड का एक भेद। हिंसा के कारणभूत अस्त्र-शस्त्र, अग्नि आदि उपकरणों को देना हिंसादान नामक अनर्थदण्ड है।

हिंसानंद – *Hiṁsānaṁda.*
To enjoy in violent or killing activities.
हिंसा में आनंद मानना ।

हिंसानंदी – *Hiṁsānaṁdī.*
A wicked concentration—to involve in violenceful activities with interest.
रौद्रध्यान के चार भेदों में एक भेद-तीव्र कषाय के वशीभूत होकर जीवसमूह को स्वयं मारने में या दूसरे के द्वारा मारे जाने में हर्षित होना और सदा हिंसा के कार्यों में मन लगाये रखना हिंसानंदी रौद्रध्यान है ।

हिंसा यज्ञ – *Hiṁsā Yajña.*
Violenceful sacrificial rite.
पशु या मनुष्यों की जिसमें आहुति दी जाये ऐसा हिंसक यज्ञ। तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ के तीर्थ में सगर राजा से द्वेष रखने वाला एक महाकाल नाम का असुर हुआ था, उस अज्ञानी ने इस हिंसायज्ञ का उपदेश दिया था ।

हिजरी संवत् – *Hijarī Saṁvat.*
The Muslim era.
इस संवत् का प्रचार मुसलमानों में है, क्योंकि यह उनके पैगम्बर मुहम्मद साहब के मक्का मदीना जाने के समय से उनकी हिजरत में विक्रम संवत् 650 में अर्थात् वीर निर्वाण के 1120 वर्ष पश्चात् स्थापित हुआ था । इसी को मुहर्रम या शाबान सन् भी कहते हैं।

हित – *Hita.*
Benevolence, welfare, well-being.
भला, कल्याण, जो मोक्षपद की प्राप्ति रूप प्रधान या मुख्य फल मिलता है उसको हित कहते हैं ।

हितकारक वचन – *Hitakāraka Vacana.*
Benevolent speech or speech pertaining to well-being.
दूसरों को क्लेश पहुँचाने वाले वचनों को छोड़कर अपने और दूसरे के हित (कल्याण) करने वाले वचन ।

हितोपदेश – *Hitopadeśa.*
Benevolent speech, spiritual preaching.
जिस धर्म उपदेश के द्वारा प्राणीमात्र का हित होता है ।

हिम – *Hima.*
Snow or ice, Name of a summit of *Nandan* forest, Name of the first *Patal* (layer) of the 6th hell.
बर्फ, नंदन वन का एक कूट, षष्ठम नरक का प्रथम पटल ।

हिमगिरि – *Himagiri.*
A mountain covered with ice.
बर्फ से ढँका पर्वत। जैसे-हिमालय पर्वत ।

हिमनाश – *Himanāśa.*
Deformation of ice, cause of asceticism of Lord Shitalnath.
बर्फ का पिघल जाना (यह तीर्थंकर शीतलनाथ की वैराग्य उत्पत्ति का कारण था) ।

हिमवान् (पर्वत) – *Himavān (Parvata).*
Name of the first *Kulachal* mountain among 6 of *Jambudvip* (island).
जम्बूद्वीप के ७ कुलाचलों में प्रथम कुलाचल, इसकी ऊँचाई 100 योजन है ।

हिरण्य – *Hiraṇya.*
Gold.
सोना ।

हिरण्यगर्भ – *Hiraṇyagarbha.*
One of the 1008 names of Lord Rishabhdev.
भगवान ऋषभदेव के १००८ नामों में से एक। जब भगवान गर्भ में थे तभी पृथ्वी सुवर्णमय हो गई थी और आकाश से देवों ने सुवर्ण की वृष्टि की थी, इसीलिए भगवान का नाम 'हिरण्यगर्भ' भी है।

हिरण्योत्कृष्ट जन्मता – *Hiraṇyotkṛṣṭa Janmatā.*
An auspicious activity (gold rain, pertaining to the birth of *Tirthankar*-Jaina Lord.
गर्भान्वयी 53 क्रियाओं में 39 वीं क्रिया - तीर्थंकरों के जन्म संबंधी उत्कृष्टता की सूचक अन्य बातों के साथ-साथ स्वर्ण की वर्षा होना ।

हीनयान– *Hīnayāna.*
Name of a *Bauddha* sect.
एक बौद्ध सम्प्रदाय, अपरनाम स्थविरवादी, ये रूढ़िवादी है एवं इसके वैभाषिक व सौत्रांतिक दो भेद हैं ।

हीनाधिक मानोन्मान – *Hīnādhika Mānonmāna.*
An infraction of vow of non-stealing, dishonesty in measurement (imperfect weighing or measuring matters).
अचौर्यव्रत का एक अतिचार। माप-तौल से कम वस्तु देना और अधिक लेना ।

हीयमान – *Hīyamāna.*
A type of clairvoyance (which reduces due to passionate results).
अवधिज्ञान के ६ भेदों में एक भेद। जो अवधिज्ञान संक्लेश परिणामों से घटता जावे ।

हुंडकसंस्थान – *Huṁḍakasaṁsthāna.*
Misshaped structure of body.
संस्थान के 6 भेदों में एक भेद-विषम या बेडौल शारीरिक आकृति का बनना ।

हुंडकसंस्थान नामकर्म प्रकृति–
Huṁḍakasaṁsthāna Nāmakarma Prakṛti.
Physique making *Karma* causing formation of misshapened body.
जिस कर्म के उदय से जीव का शरीर बेडौल होता है उसे हुंडक शरीर संस्थान नामकर्म कहते हैं ।

हुंडावसर्पिणी – *Huṁḍāvasarpiṇī.*
A period of *Avasarpini Kal (Avasarpiṇi Kāla)* i.e. period of downfall in which extraordinary events take place.
असंख्यात अवसर्पिणी-उत्सर्पिणी काल बीत जाने पर एक हुण्डावसर्पिणी काल आता है। इसमें विशेष बातें होती हैं : जैसे चक्री का अपमान, तृतीय काल में तीर्थंकर का उत्पन्न होना, तीर्थंकर पर उपसर्ग होना आदि ।

हुलास – *Hulāsa.*
Extreme joy, rejoicing, pleasure.
प्रसन्नता ।

हूनवंश– *Hūnavaṁśa.*
Name of a dynasty of *Kalki* kings.
यह कल्की राजाओं का वंश था ।

हूहू– *Hūhū.*
A type of peripatetic deities, A large unit of time.
गंधर्व नाम के व्यंतर देवों का एक भेद। काल का एक प्रमाण, हूहूंग प्रमित काल के 84 लाख से गुणित होने पर प्राप्त काल।

हूहू अंग– *Hūhū Aṁga.*
A large unit of time.
काल का एक प्रमाण-हाहा प्रमित काल के 84 से गुणित होने

पर प्राप्त संख्यात्मक काल ।

हूहूक– *Hūhūka.*
A large unit of time.
काल का एक प्रमाण, 84 लाख महाअडड = 1 हूहूक। इसे नयुतांग, चूलितांग,ऊहांग भी कहते हैं ।

हूहूकांग – *Hūhūkāṁga.*
A large unit of time.
84 लाख महाकमल प्रमाण काल। इसे नलिनांग, पद्मांग, कुमुदांग भी कहते हैं ।

हृदय कमल – *Hṛdaya Kamala.*
Heart, the place of meditation.
ध्यान के आश्रयभूत 10 स्थानों में एक स्थान। पदस्थ ध्यान में 'उ' बीजाक्षर की स्थापना हृदयकमल में की जाती है ।

हृदयंगम – *Hṛdayaṁgama.*
To absorb or grasp something, A *Kinnar* type of peripatetic deities.
आत्मसात करना, किन्नर नाम के व्यंतर जाति के देवों के 10 भेदों में एक भेद ।

हृदिनंदि – *Hṛdinaṁdi.*
Name of a *Bhattarak* of *Nandi* group.
नंदिसंघ बलात्कारगण भट्टारक आम्नाय वारां गद्दी के एक भट्टारक विश्वचन्द्र के शिष्य। समय - वि. 1156 ।

हेतु – *Hetu.*
Cause, purpose, intention.
जो साध्य के साथ अविनाभाविपने से निश्चित हो अर्थात् साध्य के बिना न रहे उसको हेतु कहते हैं ।

हेतुत्व – *Hetutva.*
Causative base.
कारणपना, जैसे धर्म द्रव्य का लक्षण गमन हेतुत्व है और जीव व पुद्गल के गमन में धर्म द्रव्य सहकारी होता है ।

हेतुमत – *Hetumata.*
A causative principle.
जिस मत में प्रमाण व नय के द्वारा वस्तु की सिद्धि की जाये वह मत हेतुमत कहलाता है ।

हेतुवाद – *Hetuvāda.*
See - *Hetumata.*
देखें - हेतुमत ।

हेतुविचय – *Hetuvicaya.*
Right contemplation or acceptance of religious path.
धर्मध्यान के 10 भेदों में अंतिम भेद। तर्क का अनुसरण करना और स्याद्वाद का आश्रय लेकर समीचीन मार्ग को ग्रहण करना अथवा उसका चिंतन करना ।

हेत्वंतर निग्रहस्थान – *Hetvaṁtara Nigrahasthāna.*
Amendment of the reason or restriction in argumentation.
विशेषों का लक्ष्य नहीं करके सामान्य रूप से हेतु के कह चुकने पर पुनः प्रतिवादी द्वारा हेतु के प्रतिषेध हो जाने पर विशेष अंश को विवक्षित कर रहे वादी का हेत्वन्तर निग्रह स्थान हो जाता है ।

हेत्वाभास – *Hetvābhāsa.*
Fallacy, a false cause.
जो हेतु सदोष हो वह हेत्वाभास है। इसके असिद्ध, विरुद्ध, अनैकांतिक, अकिंचित्कर 4 भेद हैं ।

हेमकीर्ति भट्टारक – *Hemakīrti Bhaṭṭāraka.*
Name of a *Bhattarak* of *Nandi* group.
नंदिसंघ बलात्कारगण ग्वालियर गद्दी के एक भट्टारक। समय - वि. 1209 ।

हेमकूट – *Hemakūṭa.*
Name of the 40th city in the south of *Vijayardh* mountain.
विजयार्ध पर्वत की दक्षिण श्रेणी का 40 वां नगर ।

हेमराज पांडे – *Hemarāja Pāṁḍe.*
The disciple of *Pandit* Rupchand, who wrote *'Pravachansar Tika'* etc. great books.
पंडित रूपचन्द के शिष्य। कृतियाँ-प्रवचनसार टीका, पंचास्तिकाय टीका, भाष्य भक्तामर, गोम्मटसार वचनिका, नयचक्र वचनिका। समय-वि.श. 17-18 ।

हेय – *Heya.*
Non-acceptable matters, insignificant, worthless.
जो पदार्थ छोड़ने योग्य हैं वे हेय कहलाते हैं। 7 तत्त्वों में आस्रव, बंध तत्त्व हेय है ।

हेयउपादेयबुद्धि – *Heyaupādeyabuddhi.*
Mentality of acceptance & non-acceptance of matters in a Samyagdrishti.
सम्यग्दृष्टि द्वारा तत्वों में हेय (छोड़ने) और उपादेय (ग्रहण करने योग्य) रूप मान्यता या रुचि ।

हेलित – *Helita.*
Pushing & jostling and mocking at others while paying reverence (an infraction).
वंदना का एक दोष-वंदना के समय दूसरों को धक्का आदि देना या उनकी हंसी आदि करना ।

हैमवत् क्षेत्र – *Haimavat Kṣetra.*
Name of the 2nd great region in all 7 regions of *Jambudvip* (island).
जम्बूद्वीप के 7 क्षेत्रों में दूसरा क्षेत्र । यहाँ जघन्य भोगभूमि है ।

हैरण्यवत् – *Hairaṇyavat.*
Name of the summits of *Ruchak* & *Shikhari* mountains and of their deities.
रूक्मि पर्वतस्थ एक कूट व उसका स्वामी देव, शिखरी पर्वतस्थ एक कूट व उसका स्वामी देव ।

हैरण्यवत् (क्षेत्र) – *Hairaṇyavat (Kṣetra).*
Name of the 6th region in all the 7 regions of *Jambudvip* (island).
जम्बूद्वीप के 7 क्षेत्रों में छठा क्षेत्र, यहाँ जघन्य भोगभूमि है ।

ह्यूनसांग – *Hyūnasāṁga.*

Name of a Chinese visitor, who visited India in the time of king Harshavardhana.

एक चीनी यात्री। राजा हर्षवर्धन के समय भारत आया था। समय - ई. 630 - 645।

ह्रद – *Hrada.*

A large pond, large lake, water reservoir.

तालाब, कुण्ड (6 वर्षधर पर्वतों पर स्थित हैं, इनमें से गंगा आदि 14 नदियां निकलती हैं)।

ह्रस्व – *Hrasva.*

A short vowel.

एक मात्रा वाला वर्ण ह्रस्व होता है। अ, इ, उ, ऋ, ऌ ये पाँच ह्रस्व अक्षर पाँच लघ्वक्षर के रूप में प्रसिद्ध हैं।

ह्रीँ – *Hrīṁ .*

One syllabic Mantra (a mystic word), the existence of all twenty four Tirthankars (Jaina Lords) is considered in it. The meditation over it provides the spiritual energy & physical strength.

एक अक्षर वाला बीजाक्षर मंत्र। इस मंत्र में चौबीसों तीर्थंकर का अस्तित्व माना गया है। इस मंत्र के ध्यान से शारीरिक शक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है।

ह्री (देवी) – *Hrī (Devī).*

Name of a female divinity of Mahapadma Hrid at Mahahimvan mountain, One of the 8 Dikkumari Devis (divinities).

महाहिमवान पर्वतस्थ महापद्म ह्रद में स्थित कमल निवासिनी देवी, अष्ट दिक्कुमारी देवियों में दूसरी देवी, इसकी आयु एक पल्य की है। ये जिनमाता की सेवा में आती हैं।

ह्रीँ – *Hrīṁ .*

An auspicious mystic word.

एक पवित्र एकाक्षरी मंत्र। यह २४ तीर्थंकर का वाचक बीज पद है, पदस्थ ध्यान में इसका उपयोग होता है। ऋषिमंडल स्तोत्र के अनुसार ह्रीँ को पंचवर्णी माना गया है। इसका नाद (ँ)-श्वेत वर्ण का, बिन्दु (ं)-नील वर्ण की, कला-रेखा (-)-लाल वर्ण की, 'ह्र'-पीत वर्ण का एवं ईकार की मात्रा (ी) हरित वर्ण की होती है। इन सभी में उन-उन (संबंधित) वर्ण के तीर्थंकर अर्थात् 'नाद' में श्वेतवर्णी चन्द्रप्रभ एवं पुष्पदंत भगवान, 'बिंदु' में नीलवर्णी मुनिसुव्रत एवं नेमिनाथ भगवान, 'रेखा' में लालवर्णी पद्मप्रभ एवं वासुपूज्य भगवान और 'ईकार' (ी) में हरितवर्णी सुपार्श्वनाथ एवं पार्श्वनाथ भगवान तथा 'ह्र' में स्वर्ण वर्ण वाले शेष सोलह तीर्थंकर-ऋषभदेव, अजितनाथ, संभवनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ, शीतलनाथ, श्रेयांसनाथ, विमलनाथ, अनंतनाथ, धर्मनाथ, शांतिनाथ, कुंथुनाथ, अरहनाथ, मल्लिनाथ, नमिनाथ एवं महावीर स्वामी को विराजमान करके इस पंचवर्णी ह्रीँ का ध्यान किया जाता है। हस्तिनापुर में जंबूद्वीप स्थल पर निर्मित ध्यान मंदिर में २४ तीर्थंकरों से समन्वित सवा पाँच फुट की ह्रीँ की प्रतिमा विराजमान है। पूज्य श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से 'ह्रीँ' की ऐसी अनेक प्रतिमा विभिन्न स्थानों पर विराजमान की गई हैं।